Amnesia - आँम् - नी' - ज़िया - *n.* loss of memory. स्मृति-शक्ति का लोप, स्मृति-हीनता।

Amnesty - आँम्' - नेस् - टि - *n.* act of oblivion general pardon of political offenders. विस्मृति, राजनीतिक अपराधियों को क्षमा दान, सर्वक्षमा।

Amoeba - आँ - मी' - बा - *n.* (-*pl.* **Amoebae**) a microscopic one-celled animal. एक सेल् का जन्तु; **Amoebiform** (-बि-फ़ॉर्म्) - *adj.* of the form of an amoeba. अमीबा की आकृतिवाला।



Amoeba.

Amoebean - अम् - ई - बी' - अन् - *adj.* alternately answering. पारी-पारी से उत्तर देनेवाला।

Among - अ - मङ्ग्', (**Amongst** - अ-मङ्ग्स्ट्') - *preps.* in the assemblage of, surrounded by, in comparison with. बीच में, मध्य में, तुलना में।

Amoral - आँम् - ऑर' - अल् - *adj.* out of the sphere of morals. अधर्मी, धर्मशून्य।

Amorist - आँम्' - ऑर् - इस्ट् - *n.* a lover, a gallant. प्रेम करनेवाला, कामुक।

Amorosa - ऑम् - ऑ - रो' - सा - *n.* a wanton woman. पुंश्चली, छिनार स्त्री।

Amorous - ऑमॅ - अर् - अस् - *adj.* inclined to love, inspired by love. कामी (रसिक), शृङ्गारप्रिय; **Amorously** (-लि) - *adv.* in an amorous manner. रसिकवत्, कामी-सदृश; **Amorousness** (-नेस्) - *n.* the state of being amorous. कामुकता।

Amorphous - आँ - मॉर्' - फ़स् - *adj.* shapeless. बिना किसी विशिष्ट आकृति का, अमणिभ।

Amort - ऑ - मॉर्ट्' - *adj.* in a half-dead condition, dejected. अधमरी अवस्था का, उदास।

Amortize - ऑ - मॉर्' - टाइ - ज़् - *v. t.* to remove debt. ऋण चुकाना।

Amount - ऍ - माउन्ट्' - *v. i.* to result in, to be equivalent to. परिणाम होना, बराबर होना; - *n.* full value, total significance. पूरा मूल्य, (जोड़) कुल जोड़।

Amour - आँ - मूर्' - *n.* a love affair, illicit love. प्रेम का मामला, अवैध या अनुचित प्रेम।

Amourette - ऑम् - ऊर्' - ऍट् - *n.* a petty love affair or lover. छोटा प्रेम विषय या प्रेमी।

Amove - आँ - मूव्' - *v. t.* to remove. हटाना।

Ampere - ऑम्' - पिअर् - *n.* unit of electrical current. बिजली की धारा की नाप का एक विशेष परिमाण।

Ampersand - ऑम्पर' - सॉन्ड् - *n.* the sign '&'. इस चिह्न का नाम जिसका अर्थ 'और' है।

Amphi - ऑम्' - फ़ि - *pref.* in the sense of "of both kinds, around, on both sides." उपसर्ग जो 'दोनों प्रकार का, दोनों ओर, चारों ओर के' अर्थ में प्रयुक्त होता है।

Amphibia - ऑम् - फ़िब्' - इ - आ - *n. pl.* animals living both in water and on earth. पृथ्वी तथा जल में रहनेवाले मण्डूक श्रेणी के जन्तु; **Amphibian** (-इ-अन्) - *n. & adj.* animal living both on land and in water. जल तथा स्थल में रहनेवाला प्राणी, जल-स्थलचर, उभयचर जन्तु; **Amphibian aircraft** (one that lands on land as well as on water.) थल-जल दोनों ही पर उतरने वाला वायुयान।

Amphibious - ऑम् - फ़िब्' - इ - अस् - *adj.* able to live in air and water. द्विधा गतिवाला, स्थल तथा जल में रहने योग्य, उभयचर, जल-थलीय।

Amphibology - ऑम् - फ़िब् - ऑल्' - ॲ - जि - *n.* a quibble, use of ambiguous words. दो अर्थवाले शब्द, ऐसे शब्दों का प्रयोग।

Amphibolous - ऑम्' - फि - बॅ - लस् - *adj.* quibbling. द्व्यर्थक, संदिग्ध अर्थ का।

Amphigory - ऑम् - फ़िग्' - अर् - इ - *n.* nonsense. निरर्थक शब्द।

Amphistomous - ऑम् - फ़िस्ट्' - ॲ - मस् - *adj.* having mouths at both ends. दोनों ओर मुँहवाला, दुमुँहा।

Amphitheatre - ऑम् - फ़ि - थि' - ऍ - टर् - *n.* an edifice round an arena with seats one over the other, a part of a theater. रङ्गभूमि, अखाड़ा; **Amphitheatrical** (-थि'-ऍ-ट्रि-कल्) - *adj.* relating to an amphitheatre. रङ्गभूमि सम्बन्धी।

Amphitryon - ऑम् - फ़िट्' - रि - ऑन् - *n.* a host or entertainer. यजमान, सत्कार करनेवाला, आतिथेय।

Amphora - ऑम्' - फ़ॅ - रा - *n.* a two handled jar. दोहरी मुठिये का लम्बा घड़ा या गगरा; **Amphoric** (-फ़ॅर्-इक्) - *adj.* similar to the sound produced by blowing into a hollow jar. घड़े में बोलने के शब्द के समान।


Amphora.

Ample - ऑम्' - प्ल् - *adj.* abundant, spacious, sufficient, quite enough. विशाल, विस्तृत, पर्याप्त, यथेष्ट; **Ampleness** (-नेस्) - *n.* spaciousness. विपुलता।

Amplification - ऑम्' - प्लि - फ़ि - कें' - शन् - *n.* enlargement. विस्तार, वृद्धि; **Amplificative** (-कॅट्'-इव्) - *adj.* adding something to a primary idea. विस्तृत करनेवाला; **Amplifier** (-फ़ाइ'-अर्) - *n.* anything that enlarges. प्रबन्धक, जो विस्तार करे; **Amplify** (ऑम्'-प्लि-फ़ाइ) - *v. t.* to enhance, to enlarge. बढ़ाना, विस्तार करना।

Amplitude - ऑम्' - प्लि - ट्यूड् - *n.* abundance, extent, dignity. अधिकता, विस्तार (लम्बाई-चौड़ाई), आयाम, ऐश्वर्य।

Amply -ऑम्' - प्लि - *adv.* sufficiently. पर्याप्त रूप से।

Ampule - ऑम्' - प्यूल्' - *n.* a small phial. दवा रखने की नन्हीं सी शीशी।

Ampulla - ऑम्' - प्यूला' - *n.* a two-handled flask for holding liquids. दोहरी मुठिये की सुराही या झंझर।


Ampulla.

Amputate - ऑम्' - प्यू -टेट्' - *v. t.* to cut off the limb of a creature. अङ्ग विच्छेद करना, किसी अङ्ग को काटना; **Amputation** (-टे'-शन्) - *n.* the act of amputating. अङ्ग-विच्छेद; **Amputator** (-अर्) - *n.* one who amputates. अङ्ग-विच्छेद करनेवाला।

Amuck - आँ - मक्' - *adv.* madly, in a frenzied manner. पागल की भाँति।

Amulet - ऑम्' - यू - लेट्' - *n.* a thing worn as a charm against evil. रक्षा के लिये पहना हुआ यन्त्र (जन्त्र), ताबीज़।

Amusable - *adj.* see **Amuse.**

Amuse - ऍ - म्यूज़्' - *v. t.* to divert attention from serious business, to occupy pleasantly. विनोद करना, मन बहलाना; **Amusable** (-ऍ-बल्) - *adj.* capable of being amused. विनोद के योग्य; **Amusement** (-मेन्ट्) - *n.* pastime. मनोविनोद (दिलबहलाव); **Amusing** (-इङ्ग्) - *adj.* entertaining. रम्य, चित्त बहलानेवाला, मनोरंजक।

Amylaceous - ऑम् - इल् - ऍ' - शस् - *adj.* containing starch. माड़ी युक्त।

An - ऑन् - *adj.* one, the indefinite article used before vowel sound. एक, कोई, यह शब्द स्वर से आरम्भ होनेवाले शब्दों के पहिले प्रयुक्त होता है।

Anabaptism - ऑन् - ऑ - बॉप्' - टिज़्म् - *n.* rebaptism. दुबारा नामकरण।

Anabasis - ऑ - नॉब्' - ऍ - सिस् - *n.* a military advance. फौज का आगे बढ़ना।

Anacathartic - ऑन् - ऑ - कॉ - थार्' - टिक् - *n.* a medicine for vomiting or expectoration. उल्टी (क़य) लानेवाली अथवा कफ निकालनेवाली औषधि।

Anachronism - ऑन्' - ऑक्रॅ - नि - ज़्म् - *n.* error in regard to time. काल-गणना का भ्रम; **Anachronous** (-अस्) - *adj.* wrongly dated. काल-गणना के भ्रम से पूर्ण।

Anaclastic - ऑन् - ऑ - क्लास्' - टिक् - *adj.* pertaining to refraction. किरण के तिरछेपन से सम्बन्ध रखनेवाला।

Anaclisis - ऑन् - ऑक्' - लाइ - सिस् - *n.* bed sore. चारपाई पर निरन्तर पड़े रहने से उत्पन्न फोड़ा।

Anadem - ऑन्' - ऑ -डॅम् - *n.* a garland. माला।

Anaemia - ऑ - नी' - मि - या' - *n.* bloodlessness, unhealthy paleness of body. रक्तहीनता, शरीर का पीलापन।

Anaemic - ऑ - नी' - मिक् - *adj.* suffering from anaemia. रक्तहीनता से पीड़ित।

Anaesthesia - ऑन्' - इस - थें - जि - आ - *n.* insensibility of a part of the body. शरीर के किसी अङ्ग की चेतनाशून्यता; **Anaesthetic** (-थेट्-इक्) - *adj. & n.* producing insensibility, insensible. संवेदनहारी, चेतनाशून्य करनेवाली औषधि; **Anaesthetist** (-टिस्ट्) -an expert in the administration of anaesthesia.निश्चेतक; **Anaesthetize** (-आइज़्) - *v. t.* to make insensible. चेतनाशून्य करना।

Anagram - ऑन्' - ऑ - ग्रॅम् - *n.* the transposition of the letters of a word or phrase to form a new word or sentence. किसी शब्द अथवा वाक्य के अक्षर या शब्दों को इस प्रकार बदलना कि नये शब्द या वाक्य बन जायँ; **Anagrammatical** (-मॉट्'-इक्-अल्) - *adj.* making an anagram. इस प्रकार की रचना करनेवाला; **Anagrammatically** (-लि) - *adv.* after the manner of an anagram. इस प्रकार की रचना करते हुए; **Anagrammatize** (-मॉ-टाइज़्) - *v. i.* to make an anagram. इस प्रकार के शब्द या वाक्य की रचना करना।

Anal - ऐ - नल् - *adj.* pertaining to or near anus, under the tail. गुदा सम्बन्धी या गुदा के समीप का, पूँछ के नीचे का।

Analeptic - ऑन् - ऑ - लेप्' - टिक् - *n. & adj.* a restorative medicine, pertaining to such a medicine. पुष्टिकर औषधि, शक्तिवर्धक औषधि सम्बन्धी।

Analgesia - ऑन् - ऑल् - जी' - ज़िआ - *n.* absence of pain. व्यथा का अभाव; **Analgesic** (-ज़स्-इक्) - *adj.* removing pain. पीड़ा हटानेवाला, पीड़ाहर।

Analogical - ऑन् - ऑ - लॉज्' - इक् - अल् - *adj.* implying analogy. सदृश, तुल्यरूप, समान; **Analogist** (ऑ-नॉल्'-ऑ-जिस्ट्) - *n.* one who employs analogy. समानता का व्यवहार करनेवाला; **Analogize** (-ऑ-जाइज़्) - *v. t.* to explain in analogy, to be in harmony with. सादृश्य दिखलाना, लय में होना; **Analogous** (-गस्) - *adj.* resembling, similar. अनुरूप, सदृश; **Analogously** (-लि) - *adv.* in an analogous way. समानता से ; **Analogue** (ऑन् -ऑ - लॉग्) - *n.* similarity. सादृश्य।

Analogy - ऑ - नॉल् - ॲ - जि - *n.* likeness, similarity. समानता, तुल्यता।

Analysable - *adj.* see **Analyse.**

Analyse (ze) - ऑन्' - ऑल् - आइज़् - *v. t.* to examine closely, to resolve into grammatical elements. सूक्ष्म परीक्षा करना, खण्ड करना, वाक्य-विश्लेषण करना; **Analysable** (-लाइज़्'-ऍ-बल्) - *adj.* able to be analysed. परिच्छेद या विभाग करने योग्य।

Analysis - ऑ' - नॉलि - सिस् - *n.* (*pl.* **Analyses**) resolution of a compound into its constituent parts. विघटन, विभाजन, वाक्य-विश्लेषण; **Analyser** (-लाइ - जर), **Analyst** (ऑन्'- ऑ - लिस्ट्) - *n. s.* one who is skilled in chemical analysis. रासायनिक विभाजन में निपुण, विश्लेषक।

Analytical - ऑन्' - ऑ - लिट्' - इक् - अल् - *adj.* of analysis. विभाजन या विश्लेषण-सम्बन्धी, वैश्लेषिक।

Anamnesis - ऑन् - ऑम्' - नी - सिस् - *n.* recollection of previous existence. पूर्व जन्म का स्मरण।

Anamorphosis - ऑन्' - ऑ - मॉर्फ़्' - ओ - सिस् - *n.* a distorted drawing which when viewed from a certain point appears. regular. टेढ़ा-मेढ़ा चित्र जो किसी विशिष्ट स्थान से देखने पर सीधा देख पड़ता है।

Anamorphous - ऑन्' - ऑ - मॉर्फ़्' - अस् - *adj.* abnormally developed. विकृत अंगवाला।

Anaphora - ऑ - नॉफ़्' - ॲ - रा - *n.* repetition of the same word or words in a sentence. वाक्य में एक ही शब्द या शब्दों की पुनरावृत्ति।

Anarchic - ऑन् - ऑर्क्' - इक्, **Anarchical** - (-इक्-अल्) - *adjs.* without civic rules, lawless. नियम प्रतिकूल (अशासक); **Anarchism** (-इज़्म्) - *n.* anarchy. राज-विप्लव, अराजकता; **Anarchist** (-इस्ट्) - *n.* one who excites or promotes anarchy. अराजकता का प्रचार करनेवाला।

Anarchy - ऑन् - आर्क्' - इ - *n.* absence of government, confusion, disorder. अराजकता, राजविप्लव, अशासन, बलवा।

Anasarca - ऑन् - आ - सॉर् - का - *n.* dropsy of the larger region of body. शरीर के बृहत् क्षेत्र का शोथ।

Anathema - ऑ - नॉ - थि - मा - *n.* a curse of God. ईश्वर का शाप; **Anathematize** (-टाइज़्) - *v. t.* to curse. शाप देना।

Anatomic, Anatomical - ऑन् - ऑ - टॉम्' - इक्, (-अल्) - *adjs.* pertaining to anatomy. शरीर-रचना-सम्बन्धी; **Anatomically** (-लि) - *adv.* शरीर-रचना-रीति से; **Anatomize** (-आइज़्) - *v. t.* to dissect. चीरफाड़ करना।

Anatomist - ऑ - नॉट्' - ऑ - मिस्ट् - *n.* a dissector of bodies. शरीर-व्यवच्छेदक, शरीर-रचना-विशेषज्ञ।

Anatomy - ऑ - नॉट्' - ॲ - मि - *n.* the science of bodily structure, dissection of an

organised body. शरीर-रचना-शास्त्र, शरीर की शल्य-क्रिया (चीड़फाड़), शारीर।

Anbury - ऑन्' - ब - रि - *n.* a tumourous disease of horses and oxen. बैलों और घोड़ों की गिल्टी का एक रोग।

Ancestor - ऑन् - सेस्' - टर् - *n.* (*fem.* **Ancestress** - ट्रेस्) forefather. पुरखा, पूर्वपुरुष, पितर; (*pl.*) forefathers. पितर लोग; **Ancestral** (-सेस्'-ट्रल्) *-adj.* relating to ancestors. पैतृक, बपौती का; **Ancestry** (-ट्रि) - *n.* a line of ancestors, lineage. पितृश्रेणी, वंश-परम्परा, पुरखे लोग।

Anchor - ऑङ्' - कर् - *n.* a heavy iron plunged in water to which boats and ships are fastened, a source of confidence. लंगर, विश्वास का स्थान (सहारा); **To cast anchor** (to drop it.) लंगर डालना; **To weigh anchor** (to raise it.) लंगर उठाना; **Anchorage** (-एज्) - *n.* lying at anchor. लंगर पर रुकना या ठहरना।


Anchor.

Anchoress - *n. fem.* female ascetic. संन्यासिनी।

Anchoretic - *adj.* pertaining to an ascetic. संन्यासी-सम्बन्धी।

Anchorite - ऑङ्क - राइट् - *n.* (*fem.* **Anchoress**) a hermit, a recluse. संन्यासी (वनवासी), विरक्त (त्यागी); **Anchoretic** (-एँट्'-इक्) - *adj.* pertaining to a hermit or mode of his life. संन्यासी-सम्बन्धी।

Anchylose - ऑङ्क्' - कि - लोज़्' - *v. t. & i.* to stiffen, to unite. कड़ा करना, जोड़ना; **Anchylosis** (-लो'-सिस्) - *n.* immovable stiffening of joints. जोड़ों का पूर्ण कड़ापन।

Ancient - एन्' - शेन्ट् - *adj.* belonging to past times, former. प्राचीन, पुराना; **To ancients** (civilized nations of old.) प्राचीन सभ्य जातियाँ; **Anciently** (-लि) - *adv.* in ancient times. प्राचीन काल में; **Ancientry** (-रि) - *n.* antiquity. प्राचीन विधि या रीति।

Ancillary - ऑन्' - सिल् - लॉ - रि - *adj.* subordinate, auxiliary. अधीनस्थ, सहायक।

Ancon - ऑङ्क्' - आन् - *n.* elbow. केहुनी।

And - ऑन्ड् - *conj.* connecting words, clauses and sentences. और, तथा; **And so forth** (and so on.) इत्यादि; **And then**. तब तो; **And yet**. तथापि, तो भी।

Andion - ऑन्' - डि - अन् - *n.* an instrument for amplifying sound. शब्द तीव्र करने का एक यन्त्र।

Andiron - ऑन्ड्' - आइरन् - *n.* an iron frame for supporting fire on hearth. अँगीठी में के लोहे के सीकचे।


Andiron.

Androphagi - ऑन् - ड्रॉफ्' - ऍ - जि - *n. pl.* cannibals. नर-भक्षक लोग।


Anear - ऍ - नियर्' - *prep.* near. निकट।

Anecdote - ऑन्' - इक् - डोट् - *n.* narrative, story. कथा (छोटी कहानी), उपाख्यान; **Anecdotal** (-अल्) - *adj.* pertaining to anecdote. कथा-सम्बन्धी; **Anecdotist** (इस्ट्) - *n.* one who tells an anecdote. कथा कहनेवाला मनुष्य।

Anemograph - ऑ - नेम्' - ओ - ग्रॉफ् - *n.* an instrument for recording the force of wind. वायु का वेग अङ्कित करने का यंत्र।

Anemology - ऑनी - मॉल् - आजी- *n.* the study of winds. वायु का अध्ययन।

Anemometer - ऑन् - ऍ - मॉम्' - इट् - अर् - *n.* an instrument for measuring the force of wind. वायु की शक्ति नापने का यंत्र, पवन-वेग मापी।


Anemometer.

Aneroid - ऑन्' - ऍ - रॉ - इड् - *n.* a kind of box barometer. एक प्रकार का वायु-भार-मापक यन्त्र।

Anethol - ऑन्' - इ - थॉल् - *n.* oil of anise. सौंफ का तेल।

Anew - ऍन्यू' - *adv.* newly, again, once more, in a different way. पुनः, फिर से, नई तरह से, भिन्न प्रकार से।

Anfractuous - ऑन् - फ्रॉक्' - ट्यु - अस् - *adj.* intricate, circuitous. पेंचीला, चक्करदार।

Angaria - ऑङ्ग्' - गेअर्' - इ - आ - *n.* the destruction or seizure by a belligerant state of property belonging to a neutral state. तटस्थ राज्य की सम्पत्ति का युद्ध-निरत राज्य द्वारा अपहरण या विनष्टीकरण।


Angel - एन्' - जूल् - *n.* a divine messenger, a lovely or innocent person. देवदूत (अप्सरा), सुन्दर या अबोध मनुष्य; **To entertain an angel unawares.** (serving one who proves to be an important person.) अनजान में किसी बड़े महान् व्यक्ति की सेवा करना; **Angel of death** (messenger of death.) यमदूत; **Angelic** (-इक्), **Angelical** (-अल्) - *adjs.* resembling or of the nature of an angel. देवदूत सदृश, दिव्य; **Angelically** (-अल्-लि) - *adv.* like an angel. देवदूत की भाँति; **Angelolatry** (ओ-ल-ट्रि) - *n.* the worship of an angel. देवदूत-पूजन।

Anger - ऑङ्ग् - गर् - *v. t.* to make angry. कुपित करना, क्रुद्ध करना; - *n.* rage, wrath. कोप, क्रोध; **To be flushed with anger** (to be red hot with extreme anger.) क्रोध से लाल-पीला होना।

Angina - ऑन् - जि' - ना - *n.* quinsy. गला सूजने का रोग, गण्डमाला।

Angle - ऑङ्ग्' - गल् - *n.* a point where two lines meet, a corner. कोण, कोना; **Angled** (-ड्) - *adj.* having angles. कोणयुक्त, कोणवाला; **Anglewise** (angularly.) कोण के अनुरूप।

Angle - ऑङ्ग्' - अल् - *n. & v. t.* a fishhook, to fish with a hook. मछली पकड़ने की बंसी, बंसी से मछली फँसाना।


Angles.

Angler - ऑङ्ग्' - ग्लर् - *n.* one who fishes with an angle. मछली पकड़नेवाला; **Angling** (-ग्लि - इङ्ग्) - *n.*

fishing with a rod and line. मछली पकड़ने की क्रिया।

Anglican - ऑङ्ग् - ग्लिक्' - अन् - *adj.* English. अँगरेजी; **Anglicism** (-ग्लिस्-इज़्म्) - *n.* an English idiom. अँगरेजी भाषा का मुहावरा; **Anglicize** (-ग्लिस्-आइज़्) - *v. t.* to render in English form. आकृति में अँगरेजी ढंग का बनाना।

Angling - आङ्ग्' - ग्लिङ्ग्' - *n.* see **Angler.**

Anglo - ऑङ्' - ग्लो - *pref.* meaning English. उपसर्ग जो "अँगरेजी" अर्थ में प्रयुक्त होता है; *e.g.* - **Anglo-Indian** (an Englishman born or living in India) हिन्दुस्तान में उत्पन्न अँगरेज।

Anglomania - ऑङ्' - ग्लो - में - नि - या - *n.* great admiration of English manners and customs. अँगरेजी आचरण तथा व्यवहार की अति प्रशंसा।

Anglo-Saxon - ऑङ्' - ग्लो - सॉक्स् - अन् - *n.* & *adj.* an Englishman, old English. अँगरेज, प्राचीन अँगरेजी जाति का।

Angrily - ऑङ्ग्' - ग्रि - लि - *adv.* in an angry manner. क्रोध से।

Angriness - ऑङ्ग्' - ग्रि - नेंस् - *n.* the state of being annoyed. क्रोधावस्था।

Angry - ऑङ्ग्' - ग्रि - *adj.* wrathful, enraged. क्रुद्ध, कुपित।

Anguine - ऑङ्ग्' - ग्विन् - *adj.* pertaining to or like a serpent. सर्प के सदृश।

Anguish - ऑङ्ग्' - ग्विश् - *n.* extreme mental or physical pain. शारीरिक अथवा मानसिक तीव्र वेदना (दुःख, सन्ताप)।

Angular - ऑङ्ग्' - ग्यु - लर् - *adj.* having angles or corners. कोणवाला; **Angularity** (-लॉर्-इ-टि) - *n.* the state of being angular. कोण की स्थिति।

Angulate - ऑङ्ग्' - ग्यु - लेंट् - *adj.* formed with angles. कोण से बना हुआ; - *v. t.* to make angular. नोकदार बनाना; **Angulated** (-ऍड्) - *adj.* with angles. नोकदार।

Anigh - ऍ - नाइ' - *adv.* & *prep.* near to, at hand. समीप, पास में।

Anil - ऑन् - इल्' - *n.* indigo shrub and dye. नील का पौधा और इसका रङ्ग।

Anile - ऑन्' - आइल् - *adj.* doting from age like an old woman. बुढ़िया के समान।

Aniline - ऑन्' - इल् - इन् - *n.* the source of chemical dyes. रङ्गों का रासायनिक आधार।

Anility - ऑ - निल्' - इ - टि - *n.* imbecility, dotage. वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

Animadversion - ऑन्' - इ - मॉड् - व़र् - शन् - *n.* criticism, censure or reproof. गुण-दोष-निरूपण, निन्दा।

Animadvert - ऑन्' - इ - मॉड् - व़र्ट् - *v. t.* to criticise, censure or reprove. दोष निकालना, तिरस्कार करना।

Animal - ऑन्' - इ - मल् - *n.* & *adj.* an organised being endowed with life and voluntary movement, a quadruped, belonging to animals. जन्तु (प्राणी, पशु, जीवधारी), पशु-सम्बन्धी; **Animal food** (non-vegetarian food.) मांसाहार; **Animal kingdom** (the world of animals.) प्राणिवर्ग; **Animal passion** (strong feeling of sense). इन्द्रियों का उद्वेग; **Animal pleasures** (pleasures of the senses.) विषय-सुख।

Animalcule - ऑन् - इ - मल्' - क्यूल् - *n.* an animal seen only with a microscope. अति सूक्ष्म जन्तु या प्राणी जो सूक्ष्म-दर्शक यन्त्र से ही देख पड़ता हो।

Animalism - ऑन्' - इ - मल्' - इज़्म् - *n.* brutishness, animal activity, sensuality. पाशविक चरित्र, इन्द्रिय-लोलुपता।

Animality - ऑन्' - इम् - अल्' - इ - टि - *n.* the qualities distinctive of an animal nature. पाशविक प्रकृति; **Animalize** (-आइज़्) - *v. t.* to convert into animal substance. पशुवत् बनाना।

Animate - ऑन्' - इ - मेंट् - *v. t.* to give life to, to inspirit. जीवित करना, उत्तेजित करना, सचेत करना, ढाढ़स देना; **Animating** (-इङ्ग्) - *adj.* life-giving. जीवन देनेवाला; **Animated** (-ऍड्) - *adj.* possessing life, vigorous, lively. जीवित, चेतन, प्रफुल्ल।

Animation - ऑन् - इ - में' - शन् - *n.* act of animating, enlivenment. जीव-प्रदान, प्रोत्साहन (हुलास); **Animator** (-टर्) - *n.* something that animates, vivacity. प्रोत्साहक, उत्साह देनेवाला।

Animism - ऑन्' - इ - मिज़्म् - *n.* spiritualism as opposed to materialism. ब्रह्मवाद।

Animosity - ऑन् - इ - मॉस्' - इ - टि - *n.* bitter hatred, enmity. अति घृणा, शत्रुता।

Animus - ऑन्' - इ - मस् - *n.* hostile spirit or intention. द्वेष, विरोधपूर्ण भावना या इच्छा।

Anise - ऑन्' - इस् - *n.* a plant with aromatic seeds. सौंफ का पौधा।

Aniseed - ऑन्' - इ - सीड् - *n.* the seeds of anise plant. सौंफ के बीज।

Ankle (Ancle) - ऑङ्' - कल् - *ns.* the joint which connects the foot with the leg. नली।

Anklet - ऑङ्क्' - लेंट् - *n.* an ornament for the ankle. नूपुर, पायज़ेब।

Anna - ऑन्' - नॉ - *n.* a coin worth one sixteenth of a rupee. एक आना।

Annals - ऑन्' - नॉल्स् - *n. pl.* yearly narrative, historical records generally. वार्षिक वृत्तान्त, पूर्वकथा (इतिहास)।

Annalist - ऑन्' - नॉल् - इस्ट् - *n.* a writer of annals. इतिहास-लेखक।

Anneal - ऑन् - नील्' - *v. t.* to toughen by heat, to temper. अग्नि द्वारा पक्का करना (कड़ा करना), पानी रखना (ताव देना); **Annealing** (-इङ्ग्) - *n.* the art of tempering metals. धातु पर पानी चढ़ाने की कला।

Annectant - ऑ - नेंक्ट्' - ऑन्ट् - *adj.* connecting. जोड़नेवाला, संयोजक।

Annex - अन् - नेंक्स् - *v. t.* to connect, to append, to attach, to affix. जोड़ना, संयुक्त करना, मिलाना, लगाना; **Annexable** (-ॲ-ब्ल्) - *adj.* able to be annexed. संयुक्त करने या मिलाने योग्य।

Annex (-e) - अन् - नेंक्स्' (-इ) - *n.* an addition, subsidiary building. किसी लेख का अनुबंध, उपभवन; **Annexation** (-ए'-शन्) - *n.* union, act of taking possession of a territory. संयोजन, किसी देश के भाग को अधिकार में लेने का कार्य, लगाव; **Annexure** (- नेक्स -अर्) - *n.* additional papers. अनुलग्नक।

Annihilate -ऑन्' - इ - हिल - एट् - *v. t.* to put out of existence, to abrogate. लोप करना, उन्मूलन करना, मिटा देना; **Annihilation** (-ए'-शन्) - *n.* total destruction. पूर्ण क्षय या विनाश।

Anniversary - ऑन्' - नि - वर्स् - अ - रि' - *n.* an yearly celebration of an event. वार्षिकोत्सव; - *adj.* annual. वार्षिक; **Anniversary of birth** (birth date.) जन्म-गाँठ; **Anniversary of death** (the annual observance of death.) मृत्यु का वार्षिकोत्सव।

Anno Domini - ऑन् - नो' - डॉम् - इ - नि - *n.* in the year of our Lord. (*abbr.* A.D.) ईसा मसीह के जन्म के पश्चात् का समय।

Annotate - ऑन् - नो -टेट् - *v. i. & t.* to furnish with explanations, to make notes on. व्याख्या करना (भाष्य लिखना), टीका करना; **Annotation** (-टे'-शन्) - *n.* a note in explanation, comment. टीका, टिप्पणी, व्याख्या, भाष्य; **Annotator** (-टे'-टर्) - *n.* one who writes a commentary. टीकाकार, भाष्यकार।

Announce -ऑन् - नाउन्स्' - *v. t.* to proclaim, to make known. घोषणा करना, प्रकट करना, प्रकाशित करना; **Announcement** (-मेंन्ट्) - *n.* proclamation. घोषणा, निवेदन, विज्ञापन; **Announcer** (-अर्) -*n.* one who announces. घोषणा करनेवाला, आख्यापक, उद्घोषक, प्रकाशक।

Annoy - ऑन् - नॉय' - *v. t.* to harass, to injure, to irritate. दुःख देना, कष्ट देना, चिढ़ाना, तंग करना; **Annoyance** (-ऑन्स्) - *n.* act of harassing or irritating. दुःख, छेड़छाड़; **Annoyer** (-अर्) - *n.* one who annoys. कष्ट देनेवाला, चिढ़ानेवाला; **Annoying** (-इङ्ग्) - *adj.* causing vexation. दुःखप्रद, कष्टकर।

Annual - ऑ' - न्यू - अल् - *adj. & n.* yearly, lasting for one year, a book published every year. वार्षिक, एक वर्ष रहनेवाली, वर्ष में एक बार छपनेवाली पुस्तक या पत्रिका; **Annually** (-लि) - *adv.* every year. वर्ष में एक बार, प्रतिवर्ष।

Annuitant - ऑन् - न्यु' - इ -टॉन्ट् - *n.* one who receives an annuity. वार्षिक वेतन या वृत्ति पानेवाला मनुष्य।

Annuity - ऑन् - न्यु' - इ - टि - *n.* an yearly grant. वार्षिक वेतन या भत्ता; **Perpetual annuity** (annuity ceasing at the death of the investor.) वार्षिक पुरस्कार जो देनेवाले की मृत्यु होने पर बन्द हो जाता है।

Annul - ऑन् - नल्' - *v. t.* to abolish, to cancel, to annihilate. अन्त करना, मिटा देना, काट देना; **Annulment** (-मेंन्ट्) - *n.* annihilation. लोप।

Annular - ऑन्' - न्यु - लर् - *adj.* round like a ring. गोल; **Annularly** (-लि) - *adv.* in the manner of a ring. चक्र की भाँति से; **Annulated** (-लेट्'-एड्) - *adj.* divided into rings. चक्र-चिह्नित।

Annulet - ऑ ' - न्यु - लेट् - *n.* a small ring. छोटी अँगूठी या मुँदरी।

Annunciate - ऑन् - अन्' - शि - एट् - *v. t.* to proclaim. घोषणा करना, सूचित करना; **Annunciation** (-ए'-शन्) - *n.* the act of announcing. घोषणा; **Annunciator** (-ए'-टर्) - *n.* announcer. घोषणा करनेवाला मनुष्य।

Anode - ऑन्' - ओड् - *n.* the positive pole in an electric cell. बिजली की बैटरी में का वह छोर जिसमें से निकलकर बिजली दूसरे छोर पर जाती है।

Anodyne - ऑन्' - ओ - डाइन् - *n. & adj.* a soothing medicine, allaying pain. शूल हटानेवाली औषधि, पीड़ानाशक।

Anoint - ऑ - नॉयन्ट्' - *v. t.* to apply or rub oil to, to consecrate. तेल लगाना, राज्याभिषेक करना; **Anointing** (-इङ्ग्) - *n.* anointment. अभिषेक; **Anointer** (-अर्) - *n.* one who anoints. अभिषेक करनेवाला।

Anomalism - ऑ - नॉम्' - ऑ - लिज़्म् - *n.* irregularity. अव्यवस्था, व्यतिक्रम।

Anomalous - *adj.* see **Anomaly.**

Anomaly - ऑ - नॉम्' - ऑ - लि - *n.* (*pl.* **Anomalies**) irregularity, uneveness. अनियमितता, अव्यवस्था; **Anomalous** (-लस्) - *adj.* irregular. अनियमित; **Anomalously** (-लस्-लि) - *adv.* irregularly. अनियमित रूप से।

Anon - ऑ - नॉन्' - *adv.* quickly, soon, presently, then again. शीघ्र, अभी (तुरत), फिर से; **Ever and anon** (every now and then.) कभी-कभी।

Anonym - ऑन्' - ऑ - निम् - *n.* one whose name is unknown, a nameless person. जिस मनुष्य का नाम ज्ञात न हो।

Anonymity - ऑ - नॉन - इम्' - इट् - इ - *n.* the condition of being anonymous. अज्ञात होने की अवस्था।

Anonymous - ऑ - नॉन्' - इ - मस् - *adj.* of name unknown. नामरहित, गुमनाम; **Anonymously** (-मस्-लि) - *adv.* without a name. नाम न बतलाते हुए।

Anosmia - ऑन् - ऑस्' - मि - या - *n.* loss of the sense of smell. घ्राणशक्ति का नाश, सूँघने की शक्ति का अभाव।

Another - ऑन् - अद्' - अर् - (*pl.* **Others**) *pron.* an additional one. दूसरा पदार्थ या व्यक्ति; - *adj.* not the same, one more, any other. अन्य, दूसरा, दूसरा कोई।

Anourous - ऑनू' - रस् - *adj.* tailless. पुच्छहीन, बिना पूँछ का।

Anoxia - ऑन् - आक्स्' - इ - आ - *adj.* lack of oxygen. प्राणवायु का अभाव।

Anserine - ऑन्' - सेर् - आइन् - *adj.* gooselike, foolish. बतख से सदृश, मूर्ख।

Answer - आन्' - सर् - *n.* anything done in return, reply, a solution. बदले में किया गया कार्य, उत्तर, समाधान; - *v. t.* to make a reply, to respond to, to refute. उत्तर देना, प्रतिपादन करना, खंडन करना; **To answer for** (to be responsible for.) उत्तरदायी होना; **To answer to** (to accord.) समान होना; **Answerable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* what may be replied to, responsible, accountable. उत्तर देने योग्य, उत्तरदायी, विवरण देने योग्य।

Ant - ऑन्ट् - *n.* a small insect. चींटी, पिपीलिका; **Ant-hill** (a little tumulus thrown up by ants.) वल्मीक, बाँबी; **White ant** (insect which eats up wood.) दीमक।

Ant - ऑन्ट् - *pref.* same as **Anti.**

Antacid - ऑन्ट् - ऑस्' - इड् - *adj. & n.* removing acidity. खट्टापन हटानेवाला, अम्लत्व-नाशक पदार्थ।

Antagonism - ऑन् - टागॅ' - अॅ - निज़्म् - *n.* opposition. विरोध, बैर, शत्रुता; **Antagonist** (-ॲन्-इस्ट्) - *n.* an enemy, a foe. शत्रु, बैरी, प्रतिपक्षी; **Antagonistic** (-निस्ट्-इक्) - *adj.* contending against. विपक्षी, विरोधी; **Antagonistically** (-अल्-लि) - *adv.* in an antagonistic manner. विरोधभाव से; **Antagonize** (-आइज़्) - *v. t.* to contend with. विरोध करना, शत्रुता करना।

Antalkali - ऑन्ट् - ऑल्' - का - लि - *n.* a substance that neutralizes the action of alkalies. क्षारत्व (खारापन) दूर करनेवाला पदार्थ या औषधि।

Antaphrodisiac - ऑन्ट् - ऑफ् - रो - डिज़्' - इ - ऑक् - *n.* a medicine which is preventive of sexual desire. कामशक्ति को रोकनेवाली औषधि।

Antarctic - ऑन्ट् - आर्क्' - टिक् - *adj.* southern, pertaining to the South Pole. दक्षिणी, दक्षिणी ध्रुववाली।

Ante - ऑन्' - टि - *pref.* in the sense of 'before'. 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग।

Antecede - ऑन्' - टि - सीड्' - *v. t.* to go before or happen before time. समय से पूर्व घटित होना।

Antecedence - ऑन् - टि - सीड्' - एॅन्स् - *n.* precedence, priority. अगलापन, पूर्वत्व।

Antecedent - ऑन् - टि - सीड्' - एॅन्ट्- *adj.* previous, preceding. पूर्वगामी, पहिले का; - *n.* that which goes before. पूर्वगामी शब्द; (*pl.*) past history. पूर्व चरित्र या वृत्तांत; **Antecedently** (-एॅन्ट्-लि) - *adv.* previously. पूर्व स्थिति से।

Antechamber - ऑन्' - टि - चेंम् - बर् - *n.* an outer room, a room leading to the inner chamber. बाहरी दालान (डेवढ़ी), घर के भीतर जाने की कोठरी।

Antedate - ऑन्' - टि -डेट् - *n.* a date before the exact time. स्थिर काल से पूर्व का समय; - *v. t.* to assign an earlier date to an event or document, to anticipate, to precede in time. किसी घटना या लेख पर पूर्व की मिति डालना, पूर्व विचार करना, समय से पूर्व घटित होना।

Antediluvian - ऑन् - टि - डि - ल्यू' - वि - यन् - *adj.* happening before the great flood; - *n.* an old-fashioned person, a very old man. विश्व प्रलय के पूर्व का, पुरानी चाल-ढाल का मनुष्य, अति वृद्ध व्यक्ति।

Antelope - ऑन्' - टि - लोप् - *n.* a genus of deerlike ruminant. एक प्रकार का हिरन या मृग।

Antelucan - ऑन्' - टि - ल्यू' - कॉन् - *adj.* before daylight. सूर्योदय के पूर्व का।

Antemeridian - ऑन्' - टि - मि - रिड्' - इ - अन् - *adj.* time between midnight and noon. आधी रात से दोपहर तक का समय।

Antemundane - ऑन्' - टि - मन्' -डेन् - *adj.* existing before the creation of the world. सृष्टि होने से पूर्व का।

Antenatal - ऑन्' - टि - नें'-टॉल् - *adj.* previous to birth. उत्पत्ति के पूर्व का।

Antenna - ऑन्' -टेंन्' - ना (*pl.* **Antennae** - नी) - *n.* feelers of insects. कीड़े-फ़तिंगों के स्पर्शज्ञान करानेवाले बाल, शृंगिका, आकाशतीर।

Antenuptial - ऑन्' - टि - नप्' - शल् - *adj.* before nuptials, occurring before marriage. विवाह से पूर्व होनेवाला।

Anteprandial - ऑन्' - टि - प्रॉन्' - डि - अल् - *adj.* before dinner. प्रधान भोजन के पूर्व का।

Anterior - ऑन् - टीरि - अर् - *adj.* former, prior. पूर्वकाल का, पहिले का, अग्र; **Anteriority** (-इ-टि) - *n.* the state of being anterior. पूर्वत्व; **Anteriorly** (-लि) - *adv.* previously. पूर्व से।

Anteroom - ऑन्' - टि - रूम् - *n.* room leading to a chief apartment, an entrance room. गलियारा, कोठरी में का मार्ग, उपकक्ष।

Anthelion - ऑन्ट्' - ही - ली - अन् - *n.* a luminous ring on clouds. बादलों के चारों ओर प्रकाश का मण्डल।

Anthelmintic - ऑन् - थेल् - मिन्' - टिक् - *n. & adj.* medicine used to extricate worms from intestines. आँत के कीड़े निकालने की औषधि, ऐसी औषधि-सम्बन्धी।

Anthem - ऑन्' - थेंम् - *n.* a hymn or song, sacred song sung in praise of God. ईश्वर-स्तुति, स्तुतिरूप गायन, भजन।

Anther - ऑन्' - थर् - *n.* part of a flower containing pollen. परागकेशर रखनेवाला फूल का भाग।

Ant-hill - *n.* see **Ant.**

Anthoid - ऑन्' - थॉएड् - *adj.* flower-like. पुष्प-सदृश, फूल के समान।

Anthologist - *n.* see **Anthology.**

Anthology - आॅन् - थॉल्' - अॅ - जि - *n.* a collection of literary extracts or choice poems. गद्यावली या पद्यावली; **Anthologist** (-जिस्ट्) - *n.* one who collects choice poems. कविता संग्रहकर्ता।

Anthropoid - आॅन्' - थ्रो - पॉयड् - *adj.* resembling man in form only. केवल आकार में मनुष्य के सदृश; **Anthropology** (-पॉल्-ऑज्-इ) - *n.* science of mankind studied as an animal. मनुष्य-शरीर-रचना-शास्त्र, मानव-विज्ञान; **Anthropomorphism** (-पो-मॉर्फ़िज़्म) - *n.* ascribing human form to deity. ईश्वर को मनुष्य के आकार का मानने का सिद्धान्त।

Anti - आॅन्' - टि - *pref.* in the sense of "against, in place of." उपसर्ग जिसका अर्थ "विपरीत स्थान में" होता है।

Anti-air-craft - आॅन् - टि - एॅअर् - क्रॉफ़्ट् - *n.* contrivance to destroy the airships of the enemy. शत्रु के वायुयान को नष्ट करने का यन्त्र; **Anti-air-craft Barrage** (obstruction to protect the attack of air crafts.) हवाई हमले से बचने का अवरोध; **Anti-air-craft gun** (gun to knock down aircrafts.) विमानभेदी तोप; **Anti-air-craft ship** (a ship in which a gun is fitted to drop down the aeroplane.) वह जहाज जिस पर उपर्युक्त प्रकार की तोप लगी होती है।

Antibiotic - आॅन्- टी' - बाइ - आट् - इक् - *n.* any substance that is effective in destroying micro-organisms. जीवाणुदोषी पदार्थ।

Antic - आॅन्' - टिक् - *adj.* odd, grotesque. विलक्षण, अद्‌भुत; - *n.* a clown, buffoon. भाँड़, हँसानेवाला, ठिठोलिया।

Anticardium - आॅन् - टि - कार् - डि - अम् - *n.* the pit of the stomach. नाभि, ढोढ़ी।

Antichrist - आॅन्' - टि - क्राइस्ट् - *n.* the enemy of Jesus Christ. ईसा मसीह का शत्रु; **Antichristian** (-क्रिस्ट्'-यन्) - *adj.* opposing Christian faith. क्रिस्तानी (मत या) धर्म के विरुद्ध।

Anticipate - आॅन् - टिस्' - इ - पेट् - *v. t.* to see or know beforehand, to expect. पूर्व से देख लेना या जानना, आशा करना; **Anticipation** (-सि-पे'-शन्) - *n.* expectation, knowing beforehand. पूर्वज्ञान; **Anticipator** (-टिस्'-इ-पे-टर्) - *n.* one who anticipates. पहिले से जाननेवाला।

Anticlimax - आॅन्' - टि - क्लाइ - मॉक्स् - *n.* addition of adjunct which weakens the effect, bathos. (साहित्य में) प्रभाव को न्यून करनेवाला विशेषण का प्रयोग।

Anticyclone - आॅन् - टि - साइ' - क्लोन् - *n.* rotatory outward flow of wind. वायु का बाहरी ओर का झोंका, प्रति चक्रवात वायु।

Antidotal - *adj.* see **Antidote.**

Antidote - आॅन्' - टि - डोट् - *n.* a medicine that counteracts poison. विषघ्न, विषहर; **Antidotal** (-डो-टल्) - *adj.* pertaining to an antidote. विष-नाशक, विषहर; **Antifebrile** (-फ़ेब्राइल्) - *adj.* allaying fever. ज्वरनाशक।

Anti-fact - आॅन्' - टि -फ़ॉक्ट् - *n.* a thing shaped by man not by nature. प्रकृति द्वारा नहीं मनुष्य द्वारा निर्मित वस्तु।

Anti-gas mask - आॅन्' - टि - गॉस् - मास्क् - *n.* a mask used for protection against poisonous gas. विषैली गैस से बचने के लिये सिर पर पहना हुआ कवच (बुरका)।

Anti-magnetic belt - आॅन्'-टि-मॉग्-ने-टिक् बेल्ट्-*n.* a coil of electric wires fitted in the bottom of a ship to defend it against magnetic mines. चुम्बकीय समुद्री सुरंग से बचने के लिये जहाज की पेंदी के चारों ओर लपेटी हुई बिजली के तार की पेटी; **Anti-personnel bomb** (पर्'-सो-नेॅल-बाम्) -*n.* a bomb which explodes unexpectedly. अनजान में फूटने वाला बम।

Antigen - आन्'-टी- जन् -*n.* anything that, when in the body produces an antibody. कोई भी वस्तु जो शरीर में प्रविष्ट करने पर रोग-नाशक वस्तु उत्पन्न करता है।

Antilogous - आॅन् - टिल्' - ऑ - गस् - *adj.* contradictory. विपरीत, भिन्न।

Antilogy - आॅन्- टिल्' - अॅज् - इ - *n.* a contradiction in terms. विरोधाभास।

Antimonarchical - आॅन् - टि - मॉन् - आर्क' - इक् - अल् - *adj.* opposed to monarchy. राजा के शासन के प्रतिकूल या विरुद्ध।

Antimony - आॅन्' - टि - मॅन् - इ - *n.* a brittle metallic substance. स्रोतोञ्जन, सुरमा।

Anti-national - आॅन्' - टि - नॉश् - अन् - अल् - *adj.* hostile to one's nation. देशद्रोही।

Antinomy - आॅन्' - टि - नॉ - मि - *n.* a conflict of authority. अधिकार-विरोध।

Antipathetic -आॅन्' - टि - पॉ - थेटॅ' - इक् - *adj.* opposed in nature. विरुद्ध स्वभाव का।

Antipathic - आॅन् - टि - पॉथ्' - इक् - *adj.* contrary in effect, opposite. विभिन्न प्रभाव की; विपरीत, विरुद्ध।

Antipathy - आॅन् - टिप्' - अॉ - थि - *n.* aversion, natural dislike. घृणा, अनिच्छा, विद्वेष।

Antiphlogistic - आॅन्' - टि - फ़्लॉ - जिस्' - टिक् - *adj.* reducing or counteracting inflammation. सूजन घटानेवाली (दवा)।

Antiphonal - आॅन्' - टि - फ़ोन् - अल् - *adj.* sung alternately. पारी-पारी से गाया हुआ।

Antiphony - आॅन् - टि - फ़ॅ - नि - *n.* echo, response. प्रतिध्वनि, प्रतिगान।

Antipodal - *adj.* see **Antipodes.**

Antipodes - आॅन् - टिप् -आड् - एज़् - *n. pl.* those who live on opposite sides of the globe. भूमण्डल के विपरीत सिरों पर रहनेवाले, व्यसात, प्रतिलोम; **Antipodal** (-डल्) - *adj.* pertaining to antipodes. प्रतिलोम-सम्बन्धी।

Antipyretic - आॅन् - टि - पाइ - रेटॅ' - इक् - *adj.* preventing fever. ज्वरनाशक; - *n.* a febrifuge.

ज्वरघ्न, ज्वर हटानेवाली औषधि।

Antiquarian - आँन् - टि - क्वें - रि - अन् - *n.* one who collects ancient things. प्राचीन पदार्थों का संग्रह करनेवाला, पुरातनिक; - *adj.* pertaining to antiquities. पौराणिक।

Antiquary - आँन्' - टी - क्वेंर् - इ - *n.* one who studies old things. प्राचीन पदार्थों का अध्ययन करनेवाला।

Antiquate - आँन्' - टि - क्वेट् - *v. t.* to make obsolete or old. प्राचीन बनाना; **Antiquated** (-ऍड्) - *adj.* old fashioned, obsolete. प्राचीन, अप्रचलित।

Antique - आँन्' - टीक् - *adj.* ancient, old fashioned. पुराना, प्राचीन ढंग का।

Antiquities - *n. pl.* see **Antiquity.**

Antiquity - आँन् - टि - क्' - वि - टि - *n.* old times, the ancients. प्राचीन समय, पुरातन पुरुष; **Antiquities** (-टीज़्) - *n. pl.* customs or relics of ancient times. पुरानी रीति, पुराने समय का पदार्थ।

Antiseptic - आँन् - टि - सेप्' - टिक् - *adj.* preventing decay. अपवित्रता-नाशक, गंदगी हटानेवाली तथा सड़ना रोकनेवाली, प्रतिरोधी।

Antisocial - आँन् - टि - सो' - शल् - *adj.* opposed to the principles of society. सामाजिक सिद्धांतों के विरुद्ध।

Anti-tank gun - आँन् - टि - टॉङ्क - गन् - *n.* a gun used to destroy tanks. टैंक को नष्ट करने के लिये प्रयोग में आने वाली तोप; **Anti-tank mines** (-माइन्स्) - *n.* underground mines which explode through the load of tanks and destroys them. भूमि में गड़ी हुई सुरंगे जो उस पर से जाने वाले टैंक के बोझ से विस्फोट उत्पन्न करती है और उसे नष्ट करती है।

Antitheist - आँन् - टि - थीं' - इस्ट् - *n.* one who does not believe in God's existence. नास्तिक, अनीश्वरवादी; **Antitheism** (-इज़्म्) - *n.* disbelief in the existence of God. नास्तिकता।

Antithesis - आँन् - टिथ्' - इस् - इस् - *n.* (*pl.* **Antitheses**) an opposition or contrast between two things. विरुद्ध अलंकार, अर्थ की विपरीतता; **Antithetic** (-टि-थिट्'-इक्) - *adj.* contrasted. विपरीत भाव किया हुआ; **Antithetically** (-अल्-लि) - *adv.* with antithesis. विपरीत भाव से।

Antitoxin - आँन् - टि - टॉक्' - सिन् - *n.* serum which neutralizes the action of bacterial poisons. रोग के विष को हटानेवाला रुधिर का एक तत्त्व।

Antitype - आँन्' - टि - टाइप् - *n.* (*adj.* **Antitypical** -इक्-अल्) that which a symbol represents. मूल मूर्त्ति, आदर्श।

Antler - आँन्ट्' - लर् - *n.* branched born of a stag. बारहसिंगे की शाखादार सींग।

Antonym - आँन्' - टॉन् - इम् - *n.* a word having its meaning contrary to another (*as high-low.*) विपरीत अर्थ का शब्द।

Antrum - आँन्' - ट्रम् - *n.* a cave, a den, a large cavity. गुहा, कन्दरा।

Anuresis - एन् - यू - रे' - सिस् - *n.* inability to urinale. मंत्रोच्चार न करने योग्य।

Anuria - ए-न्यूर'-इ-या - *n.* failure of kidneys to produce urine. गुर्दों का मूत्र न उत्पन्न कर सकना।

Anus - एं' - नस् - *n.* the lower opening of the bowels. गुदा, अपान, मलद्वार।

Anvil - आँन्' - विल् - *n.* an iron block on which smith works. निहाई, स्थूणा; **To be on the anvil** (to be in a state or preparation or formation.) निर्माण की अवस्था में, बनता हुआ।



Anvil.

Anxiety - आँङ्क्' - ज़ा - इ - टि - *n.* uneasiness of mind, solicitous desire for a thing. चिन्ता (व्यग्रता), आकुलता।

Anxious - आँङ्क्' - शस् - *adj.* troubled, disturbed, uneasy. व्याकुल, उद्विग्न, चिन्तित; **Anxiously** (-लि) - *adv.* with painful uncertainty. उद्वेग से।

Any - ऍन्' - नि - *pron. & adj.* one, some. कोई, किसी, कैसा ही; - *adv.* at all. किंचित्, थोड़ा, कुछ; **At any time** (perhaps.) कदाचित्; **Anybody** (any person.) कोई मनुष्य; **Anyhow** (in any way.) किसी प्रकार से, जैसे-तैसे; **Any one** (any body.) कोई व्यक्ति; **Anything** (a thing of any kind.) कोई भी वस्तु; **Anyway** (anyhow.) किसी न किसी प्रकार से; **Anywhere** (at any place.) किसी न किसी स्थान में; **Anywise** (in any manner.) किसी भाँति; **At any rate** (at all events.) किसी भी स्थिति में।

Aorist - ए - ओ' - रिस्ट् - *n.* an indefinite past tense (with no limitation.) अनिश्चित काल-सूचक भूतकालिक क्रिया।

Aorta - एं' - ऑर् - टा - *n.* the great artery of the heart. हृदय की सबसे बड़ी धमनी, महा धमनी; **Aortal** (-अल्) - *adj.* of the aorta. महा धमनी का।

Apace - आ - पेंस्' - *adv.* swiftly, hastily, quickly. शीघ्रता से, जल्दी से।

Apanage (Appanage) - ऑप्' - आँन् - एंज् - *n.* provision for younger sons of kings. राजा के युवराज से छोटे पुत्रों के पोषण की व्यवस्था।

Apart - एँ' - पार्ट्- *adv.* independently, separately. पृथक् (अलग), भिन्न; **To set apart** (to separate, to reserve.) अलगाना, बचा रखना।

Apartment - एँ - पार्ट्' - मेन्ट् - *n.* a room of a house. मकान का एक कमरा; **Inner apartment** (harem.) अन्तःपुर।

Apathetic - आँप्' - आँथ् - एट्' - इक् - *adj.* indifferent. उदासीन, निरुत्साह।

Apathy - आँप्' - आँ - थि - *n.* insensibility, men-

tal indolence, want of feeling. जड़ता, अनुभव-शून्यता, उदासीनता, रुचिशून्यता।

Ape - ऐप् - *n.* a tailless monkey, an imitator. पुच्छहीन या छोटी पूँछवाला बन्दर, अनुकरण करनेवाला; - *v. i.* to imitate. अनुकरण करना; **Apish** (-ऐप्-इश्) - *adj.* servilely imitative. दास की तरह अनुकरण करनेवाला; **Apishly** (-इश्'-लि) - *adv.* like a ape. बन्दर की भाँति; **Apishness** (-इश्'-नेस्) - *n.* the state of being apish. बन्दरपन, मूर्खता; **Apery** (-अर्-इ) - *n.* mimicry, apish performance, apehouse. अनुकरण, बन्दर-सा कार्य, बन्दर का पिंजड़ा।

Apeak - ऍ - पीक्' - *adv.* vertically, on peak. सीधा (खड़ा), शिखर पर।

Apepsy - आॅ - पेप्' - सि, **Apepsia** (-सि-आ) - *ns.* weakness of digestion. पाचन-शक्ति की दुर्बलता या न्यूनता।

Aperient - आॅ - पीर्' - इ - ऍन्ट् - *n. & adj.* a laxative medicine. मल को ढीला करनेवाली (रेचक) औषधि; **Aperitive** (-पर्-इट्'-इव्) - *adj.* laxative. मल लानेवाली।

Aperture - आॅप्' - अर् - चर् - *n.* an opening or gap, a hole. छेद, मोखा, रन्ध्र, झरी द्वारक।

Apery - ऐप् - अर् - इ - *n.* see **Ape.**

Apetalous - आॅ - पेट्' - आॅ - लस् - *adj.* without petals. दलहीन, निष्पत्र।

Apex - एं' - पेक्स् - *n.* [*pls.* **Apices** - आॅप्'-ऍ-सीज़् or **Apexes** (- ऍज़्)] a peak, vertix, summit. (पर्वत आदि की) चोटी, शिखर, शीर्ष, शिखाग्र, अग्रक, नोक (मस्तक)।

Aphasia - आॅ - फ़े' - ज़ि - या - *n.* loss of speech. बोली बन्द होना, वाग्रोध।

Aphelion - आॅ - फ़ी' - लिअन् - *n.* (*pl.* **Aphelia**) a planet's point farthest from the sun. किसी ग्रह का सूर्य से सबसे दूर का स्थान।

Aphonia - आॅ - फ़ो' - नि - या - *n.* complete loss of the voice. वाग्रोध।

Aphorism - आॅफ़्' - आॅ - रिज़्म् - *n.* adage, maxim, definition. कहावत (सूत्र), बचत, परिभाषा; **Aphoristic** (-रिस्'-टिक्) - *adj.* full of aphorisms. सूत्र रूप का; **Aphoristically** (-अल्-लि) - *adv.* like a maxim. सूत्रवत्।

Aphrodisiac - आॅफ़्' - ऍर् - डिज़्' - इ - आॅक् - *n. & adj.* a medicine producing sexual desire. कामोद्दीपक औषधि।

Aphthae - आॅप्' - थे - *n.* a disease of the mouth. मुखपाक।

Apiarist - आॅ' - पि - आ - रिस्ट् - *n.* one who keeps bees. मधुमक्खी पालक।

Apiary - एं' - पिय - रि - *n.* a place for keeping bees. मधुमक्खियों के पालने का स्थान।

Apical - आॅप्' - इक् - अल् - *adj.* belonging to apex. शिखर-सम्बन्धी।

Apiculture - ऍं' - पि - कल्' - चर् - *n.* bee-keeping. मधुमक्खियों को पोसना।

Apiece - ऍ - पीस्' - *adv.* individually, each. पृथक्-पृथक्, एक-एक करके।

Apish, Apishly - see **Ape.**

Apnoea - आॅप्' - नीया - *n.* stoppage of breathing. साँस की रुकावट, श्वासावरोध।

Apocryphal - आॅप् - आॅक्' - रिफल् - *adj.* doubtful, sham, false. शङ्कायुक्त (सन्देहजनक), झूठा, असत्य।

Apogee - आॅप्' - ओ - जी - *n.* the point in the orbit of a planet farthest from earth. किसी ग्रह के ग्रह-पथ में पृथ्वी से सबसे दूर का स्थान।

Apollo - आॅ - पो' - लो - *n.* the Greek sun-god. यूनान के सूर्यनारायण या सूर्य देवता।

Apologia - आॅ - पॉल्' - ओ - जि - आ - *n.* a formal defence. नियमानुरूप प्रतिवाद।

Apollyon - आॅ' - पॉल् - इ - अन् - *n.* Satan, the devil. दैत्य, राक्षस।

Apologetic - आॅ - पॉल् - ऑ - जेट्' - इक् - *adj.* excusing. क्षमा योग्य, प्रार्थना योग्य; **Apologetical** (-अल्) - *adj.* said or written in defence. क्षमाशील; **Apologetically** (-अल्-लि) - *adv.* in an apologetic manner. क्षमापूर्वक, क्षमा की भावना से।

Apologist - आॅ - पॉल्' - ऑ - जिस्ट् - *n.* one who pleads in apology or defence. क्षमा की प्रार्थना करनेवाला।

Apologize - आॅ - पॉल्' - ऑ - जाइज़् - *v. t.* to beg to be excused, to make apology. अपना दोष मानकर क्षमा माँगना।

Apologue - आॅप्' - ॲ - लॉग् - *n.* fable, parable or a moral story, a tale. उपदेशपूर्ण कहानी, उपाख्यान।

Apology - आॅ - पॉल्' - ॲ - जि - *n.* (*pl.* **Apologies**) regretful acknowledgment of offence. खेदसूचक क्षमा-प्रार्थना।

Apophthegm - आॅप्' - ओ - थेम् - *n.* a terse pithy maxim. सूत्र, नीतिवचन।

Apoplectic - *adj.* see **Apoplexy.**

Apoplexy - आॅप्' - ओ - प्लेक्स्' - इ - *n.* a disease in which powers of sense and motion are stopped. मूर्छा, मिरगी का रोग; **Apoplectic**- (-प्लेक्-टिक्) - *adj.* pertaining to apoplexy. मूर्छा रोग-सम्बन्धी।

Apostacy (-sy) - आॅ - पॉस्' - टॉ - सि - *n.* abandonment of one's faith. स्वधर्मत्याग।

Apostate - आॅ - पॉस्' -टेट् - *n.* one who abandons his religious faith. स्वधर्म-त्यागी; - *adj.* false. विधर्मी।

Apostatize - आॅ - पॉस्' - टॉ - टाइज़् - *v. t.* to forsake one's faith or principles. अपना धर्म त्यागना, परधर्म ग्रहण करना।

Aposteriori - ए - पॉस्' - टी - रि - ओ - राइ - *adj.* reasoning from effect to cause. कार्य से कारण का अनुमान करना।

Apostle - आॅ - पॉस्' - स्ल् - *n.* a messenger sent to teach the Gospel, a devoted person. धर्म की शिक्षा देने के लिए ईश्वर का भेजा हुआ दूत, भक्त।

Apostolic - ऑप् - ऑस् - टॉल्' - इक् - *adj.* pertaining to apostles. देवदूत-सम्बन्धी।

Apostrophe - आॅ - पॉस्' - ट्रॅ - फ़ि - *n.* sign of omission of a letter or letters ('), an exclamatory address in poems or speech. सम्बन्ध कारक का चिह्न, कविता में या भाषण में किसी व्यक्ति-विशेष की ओर सम्बोधन का वाक्य।

Apostrophiz (s)e - आॅ - पॉस्' - ट्रॉ - फ़ाइज़् - *v. t.* to deliver an exclamatory address. किसी व्यक्ति-विशेष की ओर इङ्गित करके व्याख्यान देना।

Apothecary - आॅ - पॉथ्' - इक् - अरि - *n.* one who sells medicines, a druggist. दवा बेचनेवाला, औषधि-विक्रेता, अत्तार।

Apotheosis - ऑप् - ओ - थि - ओ' - सिस् - *n.* making god-like. देवता-तुल्य निर्माण।

Appal - ऑप् - पॉल् - *v. t.* to dismay, to terrify. व्याकुल करना, डराना; **Appalling** (-इङ्ग्) - *adj.* shocking. भय उत्पन्न करनेवाला; **Appallingly** (-इङ्ग्-लि) - *adv.* with dismay. भय या व्याकुलता से।

Apparatus - ऑप् - पॉ - रे' - टस् - *n.* mechanical appliance, instruments or requisites. प्रयोग करने का यन्त्र या साधन।

Apparel - ऑप्' - पॅर् - र्ल् - *n.* dress, clothing. वस्त्र (पोशाक), कपड़ा; - *v. t.* to dress, to attire, to adorn. वस्त्र धारण कराना, कपड़ा पहिनाना, सजाना।

Apparent - ऑप्' - पॅर्' - रॅन्ट् - *adj.* obvious, visible, clear, seeming. प्रकट, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, दिखौवा; **Heir apparent** (one who is entitled to succeed to the throne by right.) राज्य का उत्तराधिकारी; **Apparently** (-लि) - *adv.* evidently, clearly. प्रत्यक्ष या स्पष्ट रूप से।

Apparition - ऑप्' - पॉ - रिश्' - अन् - *n.* a phantom or ghost. पिशाच, प्रेत।

Appeal - ऑप्' - पील् - *v. t.* to call for decision to a higher judge, to call attention, to make an earnest request. उच्चतर न्यायालय से पुनर्विचार की प्रार्थना करना (अपील करना), चित्त आकर्षित करना, सच्ची प्रार्थना करना; - *n.* the act or right of appealing. पुनर्विचार की प्रार्थना का कार्य या अधिकार; **Appealable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* which can be appealed to. पुनर्विचार के योग्य; **Appealing** (-इङ्ग्) - *adj.* attractive, imploring. चित्ताकर्षक।

Appear - ऑप्' - पियर्' - *v. i.* to be visible, to seem, to be manifest. दृष्टिगोचर होना, प्रकाशित होना, जान पड़ना, देख पड़ना, स्पष्ट होना; **Appearance** (-ऑन्स्) - *n.* the thing seen, semblance, aspect. दृष्टिगोचर पदार्थ, आकार (आकृति, रूप), सम्भावना, दिखावट।

Appeasable - *adj.* see **Appease.**

Appease - ऑप्' - पीज़्' - *v. t.* to soothe, to satisfy, to quiet. सान्त्वना देना, मनाना, शान्त करना; **Appeasable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* able to be soothed. मनाने के योग्य।

Appellant - ऑप्' - पेल्' - लॉन्ट् - *n.* one who appeals. पुनर्विचार की प्रार्थना करनेवाला; **Appellate** (-लेट्) - *adj.* pertaining to appeals. पुनर्विचार की प्रार्थना सम्बन्धी।

Appellation - ऑप्' - पल्' - ले - शन् - *n.* name, title, specific name. नाम, विशिष्ट नाम, पदवी, अभिधान; **Appellative** (-ले-टिव्) - *adj.* common, general. सामान्य।

Append - ऑप् - पेन्ड्' - *v. t.* to add, to annex, to attach. जोड़ना, मिलाना, लगाना; **Appendage** (-एज्) - *n.* anything attached, accompaniment. जोड़ा हुआ पदार्थ, अनुलग्नी, उपांग, उपकरण; **Appendant** (-ऑन्ट्) - *adj.* annexed, attached, consequent. मिलाया हुआ, जोड़ा हुआ, अनुवर्ती।

Appendix - ऑप्' - पेन्ड् - इक्स् - *n.* (*pl.* **Appendices** - इ-सीज़्) anything added in the end. परिशिष्ट, परिशेषिका, शेष संग्रह।

Appendicitis - ऑ - पेन्' - डि - साइ' - टिस् - *n.* a disease of the intestines. आँत में एक प्रकार का फोड़ा।

Apperception - ऑप्' - पर् - सेप्' - शन् - *n.* the mind's perception of itself, mental perception. चित्त का आत्मज्ञान।

Appertain - ऑप्' - पर् - टेन्' - *v. i.* to belong to, to relate, to be appropriate to. सम्बन्ध होना, समान होना, वर्णन करना।

Appetence - ऑप्'- पि -टेन्स् - *n.* desire, longing. अभिलाषा, इच्छा; **Appetent** (-टेन्ट्) - *adj.* desiring. अति उत्सुक।

Appetite - ऑप्' - इ - टाइट् - *n.* desire, inclination, hunger or craving. अभिलाषा, इच्छा (रुचि), भूख।

Appetize - ऑप् - पिट् - आइज़्' - *v. t.* to create appetite. बुभुक्षित करना, भूख जगाना; **Appetizer** (-अर्) - *n.* something creating appetite. भूख लगानेवाला पदार्थ।

Applaud - ऑप् - प्लॉड्' - *v. i. & t.* to express approbation or praise by clapping hands, to praise. प्रशंसा करना, ताली बजाना, स्तुति करना या सराहना।

Applause - ऑप् - प्लॉज़्' - *n.* approval, praise. प्रशंसा, स्तुति; **Applausive** (-प्लॉज़्'-इव्) - *adj.* full of applause. स्तुतिमय।

Apple - ऑप्' - प्ल् - *n.* a fleshy fruit. सेब; **Apple of the eye** (the pupil.) आँखों का तारा या पुतली; **Adam's apple** (outer protruding part of throat.) कण्ठ का उभाड़, टेंटुआ।

Appliance - ऑप् - प्लाऍन्स् - *n.* act of applying, thing applied. उपाय, तदबीर, सामग्री (नियुक्त पदार्थ)।

Applicability - *n.* see **Applicable.**

Applicable - ऑप्' - प्लि - कें' - ब्ल् - *adj.* suit-

able, appropriate. उचित (अनुकूल), सम्बद्ध; **Applicability** (-बिल्-इट्-इ) - *n.* suitability. अनुकूलता।

Applicant - आँप्' - प्लि - कॉन्ट् - *n.* one who applies. प्रार्थी, प्रार्थना करनेवाला, आवेदक।

Application -आँप्' - प्लि - कें' - शन् - *n.* petition or request, use. प्रार्थनापत्र, अनुप्रयोग।

Apply - आँप् - प्लाइ' - *v. t.* to lay or put on, to employ, to address to, to devote. लगाना, नियुक्त करना, आरूढ़ होना, सूचित करना।

Appoint - आँप्' - पॉयन्ट्' - *v. t.* to fix time or place, to employ, to nominate. समय या स्थान निर्धारित करना, नियुक्त करना, मनोनीत करना, स्थापित करना; **Appointment** (-मेन्ट्) - *n.* settlement, engagement, ordinance, designation to office. निर्णय, मिलने का नियुक्त समय, नियम, आज्ञा, नियुक्ति (स्थापना); **To break an appointment** (to fail to appear at fixed place or time.) नियत समय या स्थान पर उपस्थित न होना।

Apportion - आँप्' - पोर - शन् - *v. t.* to portion out, to distribute. भाग करना, बाँटना; **Apportionment** (-मेन्ट्) - *n.* a division into just shares. उचित भागों में बँटवारा, बाँट (फाँट)।

Apposite - आँप्' - पो - ज़िट् - *adj.* proper, well put, suitable, appropriate. योग्य, सङ्गत (यथार्थ); **Appositely** (-लि) - *adv.* suitably. उचित रीति से।

Apposition - आँप् - आँज् - इश्' - अन् - *n.* placing side by side, a public examination. समानाधिकरण, एकान्वय, सार्वजनिक परीक्षा; **Appositional** (-अल्) - *adj.* placed in apposition. समानाधिकृत।

Appraisal - आँ - प्रेंज़ल्' - *n.* the fixing of a price. मूल्य निर्धारण।

Appraise - आँप्' - प्रेज़्' - *v. t.* to fix the price of. मूल्य ठहराना; **Appraiser** (-अर्) - *n.* one who fixes the value of goods. वस्तुओं का मूल्य आँकनेवाला, मूल्यावधारक।

Appreciable - आप् - प्री' - शि - ऍ - बुल् - *adj.* noticeable, perceptible. जानने योग्य, प्रशंसा करने योग्य।

Appreciate - आँप्' - प्री - शि - ऍट्' - *v. t. & i.* to estimate, to esteem highly, to rise in value. गुण जानना, मान करना, दाम बढ़ना; **Appreciation** (-ऍ'-शन्) - *n.* recognition, estimation, judgment. गुणागुणज्ञान, मूल्यांकन, अवबोध, गुणग्रहण; **Appreciative** (-टिव़्) - *adj.* recognizing merit. गुणग्राही; **Appreciator** (-ऍ'-टर्) - *n.* one who appreciates. गुणग्राहक।

Apprehend -आँप्रि - हेंन्ड्' - *v. t.* to perceive, to understand, to fear. विचारना, सोचना, शङ्का करना।

Carve - कॉर्व़ - *v. t.* to cut, to cover, to adorn, to cut up meat, to sculpture. काटना, ढाँकना, सजाना, मांस काटना, मूर्ति बनाना; **To carve out** (to cut into parts.) विभाग करना; **Carver** (-अर्) - *n.* one who carves. खोदकर मूर्ति बनानेवाला; **Carvers** (-अर्स्) - *n. pl.* carving knife. भोजन के समय प्रयुक्त होनेवाली छुरी।

Carving - कार्व़्' - इङ्ग् - *n.* the act or art of cutting figures. नकाशी का कार्य या कला।

Cascade - कॉस् - केड् - *n.* a small waterfall. वारि-प्रवाह, छोटा झरना।

Case - केस् - *n.* occurrence, position, condition, suit, (*gram.*) inflexion of nouns &c., box, outer covering, receptacle with compartments. घटना, स्थान, स्थिति, प्रकरण, मुकदमा, (व्या.) विषय, संज्ञा के कारक, बक्स, बाहरी ढकना, गिलाफ़, खानेदार डिब्बा; **If such be the case** (if it happens.) यदि ऐसा हो; **In any case** (whatever may happen.) हर हालत में; **In case if** (lest.) ऐसा न हो कि, यदि; **In case of** (in the event of.) अवस्था में; **In the present case** (in existing circumstances.) प्रस्तुत विषय में; **This being the case** (in that circumstance.) ऐसा होते हुए; **Upper case** (English typecase for capital letters.) टाइप के बड़े अक्षर रखने का खाना।

Casein - कें' - सि - इन् - *n.* the cheesy substance of milk. दूध में का ठोस भाग, पनीर।

Casement - केंस्' - मेन्ट् - *n.* a hinged frame to hold windows. खिड़की का कब्जेदार पल्ला।

Caseous - कॉस्' - इ - अस् - *adj.* having the qualities of cheese. पनीर के सदृश।

Cash - कॉश् - *n.* (*no plural*) ready money. species or bank notes. रोकड़, नगदी धन, कोष या बैंक के नोट; **Cash-book** (account-book.) रोकड़ बही; **Cash payment** (payment in ready money.) नगद चुकौता; **Cash price** (ready money.) नगद दाम; **Cash-register** (an automatic machine that records the amount that is put into it.) एक यन्त्र जिसके द्वारा मुद्रा रक्खे जाने की संख्या का पता लगता है।

Cashier - कॉश्' - इ - अर् - *n.* one who keeps accounts. रोकड़िया, खजाञ्ची; - *v. t.* to dismiss. नौकरी से हटाना।

Cashmere - कॉश्' - मिअर् - *n.* fine woollen shawl. पशमीने का दुशाला।

Casing - केंस्' - इङ्ग् - *n.* a covering. ढप्पन, ढकना।

Casino - कॉ - सी' - नो - *n.* a public music or dancing room. नाचघर।

Cask - कास्क्' - *n.* a wooden vessel for holding liquors. पीपा, कठवत।

Casket - कास्क्' - इट् - *n.* a small box used for keeping jewels, letter or cremated ashes. जवाहिरात, पत्र या शव की राख रखने का बक्स।

Casque - कास्क्' - *n.* a helmet. फ़ौजी टोपी।

Cassia - कॉश् - या' - *n.* a coarser kind of cinnamon. मोटी दालचीनी, तेजपात।

Cassock - कॉस' - ओक् - *n.* a long close tunic. गाउन के नीचे पहिनने का वस्त्र, गंजी।

Cast - कास्ट् - *n.* direction, a throw of dice,

motion of the eye, guidance, chance, shape, mould, inclination. दिशा, पासे का फेंकना, आँख की चाल, निर्देश, अक्सर, आकृति, साँचा, रुचि, रुझान; - *v. t.* to throw, to fling, to give, to deposit, to mould, to calculate. फेंकना, देना, रखना, ढालना, गणना करना; **To cast a horoscope** (to prepare a horoscope.) जन्मपत्री बनाना; **To cast an eye** (to glance.) नज़र डालना; **To cast aside** (to abandon.) त्याग देना; **To cast spell** (to mystify.) जादू डालना; **To cast into prison** (to put into prison.) क़ैद करना; **To cast in one's teeth** (to upbraid.) गाली देना; **To cast lots** (to decide by lots.) चिट्ठी डालकर निर्णय करना; **With cast look** (with drooping eyes.) मुँह नीचा किये हुए; **To cast sloughs** (to give up sloughs of snabes.) (सर्प का) केंचुली छोड़ना।

Castaway - कास्ट्' - अ - वे - *n.* a ship-wrecked person. जहाज़ डूब जाने पर बचा हुआ मनुष्य; - *adj.* useless. निरर्थक।

Caste - कास्ट् - *n.* hereditary fixed class of society. वर्ण, जाति, कुल; **High caste** (high social status.) उच्च कुल; **Low caste** (low social status.) हीन जाति; **Mixed caste** (hybrid.) वर्णसंकर, दोगला।

Castellan - कॉस्ट्' - एल् - अन् - *n.* the governor of a castle. दुर्ग का अधिपति।

Castigate - कॉस्ट्' - इ - गेट् - *v. t.* to chastise, to punish, to correct. ताड़ना देना, दण्ड देना; **Castigation** (-एँ'-शन्) - *n.* chastisement. ताड़ना, दण्ड; **Castigator** (-एट्-अर्) - *n.* a chastiser. दण्ड देनेवाला।

Casting - कास्ट्' - इङ्ग् - *n.* a moulding. धातु को गलाकर ढलाई; **Casting vote** (the vote of a president in case the votes are equal.) बराबर राय होने पर निर्णय के लिये सभापति के निजी मत (वोट) का प्रयोग।

Cast-iron - कास्ट्' - आयरन् - *n.* iron melted and cast in moulds. कान्ती लोहा, ढला हुआ लोहा।

Castle - कॉस्' - ल् - *n.* a stronghold, a piece in chess, a large ship of war. किला (गढ़, कोट), शतरञ्ज के खेल का हाथी, बड़ा जंगी जहाज़; - *v. t.* to enclose with a castle, to cover the king with a castle in chess. किलेबन्दी करना, (शतरञ्ज में) फ़ील को बादशाह के सामने लाकर शह देना; **To build castles in the air** (to form a visionary project.) हवा में पुल बाँधना, मन के लड्डू खाना।

Castor - कॉस्ट्' - अँर् - *n.* a substance obtained from beaver, condiment bottle, small wheel on legs of chair or table, an oil-seed. ऊदबिलाव से प्राप्त एक पदार्थ, मसाले की बोतल, कुरसी या टेबुल के पाये में लगा हुआ पहिया, रेंडी।



Castor.

Castor-oil - कॉस्ट्' - अँर् - ऑयल् - *n.* oil extracted from castor. रेंड़ी का तेल।

Castral - कॉस्ट्' - रल् - *adj.* pertaining or belonging to a camp. खेमे का।

Castrate - कॉस्ट्' - रेट् - *v. t.* to geld, to remove testicles. अण्डकोष निकाल देना, बधिया करना; Castrated (-एँड्) - *adj.* gelded. बधिया किया हुआ; **Castration** (-ट्रें'-शन्) - *n.* the act of castrating. पुंसत्व-हरण, बधिया करना।

Casual - कॉज़्' - यू - अल् - *adj.* accidental, occasional, happening by chance, irregular, careless. आकस्मिक, सामयिक, अकस्मात् होनेवाला, नियमविरुद्ध, लापरवाह; **Casual labourer** (one who works periodically.) समय-समय पर काम करनेवाला, अनियत श्रमिक; **Casually** (-लि) - *adv.* accidentally. दैवयोग से; **Casualty** (-टि) - *n.* accident, mishap. दुर्घटना, आपत्ति; **Casualties** (-टीज़्) - *pl.* list of men killed or wounded. युद्ध में मरे हुए या घायल मनुष्यों की संख्या।

Casuality list - कॉज़्' - यु - ऑल्' - टि - लिस्ट् - *n.* the list of soldiers killed or wounded in battle. युद्ध में घायल या मरे हुए सिपाहियों की सूची।

Casuist - कॉज़्' - यू - इस्ट् - *n.* a sophist, a quibbler. धर्माधर्म-विचारक, प्रलाप।

Cat - कॅट् - *n.* a small carnivorous domestic animal, a spiteful woman. मार्जार, बिड़ाल, बिल्ली, ईर्ष्यालु स्त्री; **Cat-burglar** - *n.* a burglar who steals into a house. मकान पर चढ़कर चोरी करनेवाला; **Cat and dog life** (quarrelsome life.) कलहपूर्ण जीवन; **Cat's eye** (a kind of gem.) लहसुनिया (रत्न); **Cat's whisker** (a thin wire used in radio sets.) रेडियों के यन्त्र में लगा हुआ महीन तार; **See which away the cat jumps** (see what comes next.) देखो अब क्या परिवर्तन होता है; **To bell the cat** (trying something impossible.) असम्भव को सम्भव करने का उद्योग; **Tom-cat** (male cat.) नर बिल्ली; **To rain cats and dogs** (to rain in heavy showers.) मूसलाधार वृष्टि होना; **To turn cat in pan** (to change sides.) रुख बदलना।

Cata - कॅट्' -ऑ - *pref.* signifying 'back, against'. 'पीछे, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग।

Cataclysm - कॅट्' - ऑ - क्लिज़्म् - *n.* a great flood, deluge. प्रलय।

Catacomb - कॅट्' - ऑ - कोम् - *n.* a subterranean place for burying the dead, a wine-cellar, मुर्दा रखने का तहखाना, शराब रखने का तहखाना।

Catalepsy - कॅट्' -ऑ -लेप् - सि - *n.* a disease in which trances occur. अपस्मार, मिरगी रोग; **Cataleptic** (- लेंप्ट्'-इक्) - *adj.* pertaining to catalepsy. अपस्मार रोग (मिरगी) सम्बन्धी।

Catalogue - कॅट्' -ऑ - लॉग् - *n.* an alphabetical list. वर्णक्रमानुसार सूचीपत्र; - *v. t.* to enumerate, to enter in a list. गणना करना, सूची में दर्ज करना।

Catamaran - कॅट्' - मॉ - ऑ - रॉन् - *n.* a raft or float of logs. लट्ठों का बेड़ा।

Cataplasm - कॉट्' - ऑ - प्लॉज़्म् - *n.* a poultice. फोड़े आदि पर बाँधने की पुलटिस।

Catapult - कॉट् - ऑ - पल्ट् - *n.* a contrivance for discharging darts, stones &c. तीर, ढेला आदि को फेंकने का एक यन्त्र, ढेलवाँस।

Cataract - कॉट्' - ऑ - रॉक्ट् - *n.* a great fall of water, an eye-complaint. जल का बड़ा प्रपात, मोतियाबिन्द नामक आँख का रोग।

Catarrh - कॉट् - टार्' - *n.* inflammation of mucous membrane, cold. श्लेष्मा, सर्दी, जुकाम; **Catarrhal** (-अल्) - *adj.* pertaining to catarrh. कफ़ या जुकाम-सम्बन्धी।

Catastrophe - कॉ - टॉस्ट्' - रॉ - 'फी - *n.* disastrous ruin. बड़ी आपत्ति, दुर्गति; **Catastrophic** (-रॉफ्'-इक्) - *adj.* pertaining to a sudden calamity. अकस्मात् आ जानेवाली विपत्ति सम्बन्धी।

Catch - कॉच् - *v. t. & i.* to capture, to ensnare, to overtake, to take hold, to be entangled. पकड़ना, फँसाना, दौड़ाकर पकड़ लेना, फँसना; - *n.* act of seizing, advantage, deception, a doorlatch. पकड़, सुविधा, छल, चटखनी (बिलैया); **Catch me** (surprise.) आश्चर्य! **Catchpenny** (a worthless thing.) भ्रष्ट पदार्थ; To catch ball (in a way that it may not touch earth.) पृथ्वी पर गिरे बिना गेंद को पकड़ लेना; **To catch cold** (to be affected with cold.) सर्दी लग जाना; **To catch fire** (to ignite, to be passionate or zealous.) आग लगना, कामुक होना, जोश से भर जाना; **To catch a glimpse of** (to have a momentary view of.) झलक पाना; **To catch one's breath** (to interrupt.) एकाएक रोकना; **To catch red-handed** (to catch hold of a person while committing a crime.) अपराध करते हुए पकड़ लेना; **To catch train** (to be in time for train.) रेलगाड़ी के समय से स्टेशन पर पहुँचना।

Catchable - कॉच्' - एँ - ब्ल् - *adj.* able to be caught. पकड़ने योग्य; **Catcher** (-अर्) - *n.* one who catches. पकड़नेवाला।

Catching - कॉच्' - इङ्ग् - *adj.* infectious, charming. संक्रामक (रोग), आकर्षक।

Catch-word - कॉच् - वर्ड् - *n.* a word to catch attention, a cue. ध्यान आकर्षित करने के लिये (लिखे हुए) शब्द (जैसे इस कोश में पृष्ठ के ऊपर छपे हैं), नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द।

Catchy - कॉच्' - इ - *adj.* attractive, deceptive. आकर्षक, छलनेवाली।

Catechism - कॉट्' - इ - किज़्म्' - *n.* instruction by question and answer. प्रश्नोत्तर रूप में शिक्षा; **Catechismal** (-अल्) - *adj.* pertaining, to catechism. प्रश्नोत्तर-सम्बन्धी, प्रश्नोत्तर रूप का।

Catechize - काट्'- इ - काइज़् - *v. t.* to instruct by question and answer. प्रश्नोत्तर विधि से शिक्षा देने की प्रणाली।

Catechu - कॉट् - इ - चू - *n.* a substance extracted from a certain bark. खदिरसार, कत्था, खैर।


Categorical - कॉट्' - इ - गो' - रिक् - अल् - *adj.* absolute, explicit, positive, direct. पूर्ण, स्पष्टार्थ, नियत, सीधा; **Categorically** (-लि) - *adv.* in a categorical manner. स्पष्ट रूप से।

Category - कॉट्' - इ - गर् - इ - *n.* equal class or rank, definite notion. समान वर्ग, (श्रेणी, पद) निश्चित विचार।

Catenate - कॉट्' - इन - एट् - *v. t.* to connect like links. शृङ्खला (सिकड़ी) के समान बाँधना; **Catenation** (-एँ'-शन्) - *n.* mutual connexion. परस्पर सम्बन्ध।

Cater - कें - टर् - *v. i.* to provide food or amusement. भोजन या मनोरंजन का प्रबन्ध करना; **Caterer** (-अर्) - *n.* a person who caters. भण्डारी; **Cater- cousin** (-कज़िन्) - *n.* a remote relation. दूर का सम्बन्ध।

Caterpillar - कॉट्' - अर् - पिल् - लर् - *n.* the larva of a moth or insect, a rapacious person. कीड़ा, झिनगा, लोभी आदमी।



Caterpillar.

Cates - केंट्स् - *n. pl.* delicious food, dainties. स्वादिष्ठ भोजन।

Catgut - कॉट्' - गट् - *n.* twisted intestines of certain animals used as a string for instrument &c. ताँत, स्नायु।

Cathartic - कॉथ्' - आर्क् - टिक् - *adj.* purgative. रेचक, दस्तावर (औषध)।

Cathedra - कॉ - थी' - ड्रा - *n.* throne of a bishop, a professor's chair. पादरी का सिंहासन, प्राध्यापक का आसन।

Cathedral - कॉ - थी' - ड्रल् - *n.* the principal church. बड़ा गिरजाघर।

Catherine-wheel - कॉथ्' - एर् - इन् - व्हील् - *n.* firework rotating like a wheel. आतिशबाज़ी की चरखी।

Catheter - कॉथ् - इट्' - अर् - *n.* a tubular instrument for passing into bladder. पेशाब कराने की सलाई।

Cathode - कॉथ्' - ओड् - *n.* the negative pole of an electric battery. बिजली की धारा का जस्ते के डंडे से निकला हुआ ऋणात्मक छोर।

Catholic - कॉथ्' - अ - लिक् - *adj.* universal, broad-minded, liberal, tolerant. सर्व साधारण, सार्वभौमिक, उदारचित्त, सहिष्णु; **Catholicity** (-लिस्-इ-टि) - *n.* freedom from prejudice. निष्पक्षपात।

Catling - कॉट्' - लिङ्ग् - *n.* a small cat, a surgeon's dismembering knife. छोटी बिल्ली, जर्राही छुरी।

Catoptric - कॉट् - ऑप' - ट्रिक् - *adj.* pertaining to mirror or reflected image. दर्पण या प्रतिबिम्ब सम्बन्धी।

Cat's eye - कॉट्स्' - आइ - *n.* an opalescent

quartz. लहसुनिया रत्न।

Cattle - कॉट् - ट्ल् - *n.* livestock, beasts of pasture. गाय, बैल, चौपाया; **Cattle-keeper** - *n.* one who looks after cattle. पशु-पालक; **Cattle-pound** (an enclosure for stryed animals.) काँजीहौस्।

Caucus - कॉ' - कस् - *n.* a small committee of decide product. नीति निर्धारण करने की छोटी समिति।

Caudal - कॉड्' - अल् - *adj.* pertaining to or like tail. पूँछ का, पूँछ के सदृश।

Caudle - कॉडल् - *n.* warm gruel for invalids or for women in childbed. अछवानी, हरीरा, गर्भिणी का पथ्य।

Caught - कॉट् - *p. t. & p.p.* of Catch. पकड़ा।

Caul - कॉल् - *n.* the membrane enclosing foetus, a kind of cap. खेड़ी, टोपी।

Cauldron - कॉल्' - ड्रन् - *n.* a large boiling vessel. कड़ाही, डेगची।

Cauliflower - कॉल्' - लि - फ्लावर् - *n.* cabbage with large fleshy flowerhead. फूलगोभी।

Cauliform - कॉल्' - इ - फ़ॉर्म् - *adj.* having the form of a stalk. डंठल के आकार का।

Caulk - कॉक् - *v. t.* to stop up seams of a ship. जहाज़ की झरी या दरार बन्द करना।

Causal - कॉ' - ज़ल् - *adj.* expressing cause. हेतुक, कारण बतलानेवाला।

Causality - कॉज़्' - ऑल् - इट् - इ - *n.* the agency of a cause, relation of cause and effect. कारणत्व, कारण और परिणाम का परस्पर सम्बन्ध।

Causation - कॉज़् - ए' - शन् - *n.* act of causing, relation between cause and effect. कारण उपस्थित करने का कार्य, कारण तथा परिणाम या कार्य का सम्बन्ध।

Causative - कॉज़् - आ - टिव् - *adj.* expressing cause, productive of cause, (*gram.*) acting as cause. कारण सूचित करनेवाला, उत्पादक, व्याकरण में णिच् प्रयोग।

Cause - कॉज़् - *v. t.* to bring about, to produce. कोई कार्य कराना; - *n.* what produces an effect, ground, reason, motive for an action, lawsuit, occasion. कारण, हेतु, निमित्त, मूल (प्रयोजन), मुक़दमा, अवसर; **Cause of action,** reason for action. वाद का कारण; **Cause list** (list of cases under decision.) विचाराधीन मुक़दमों की सूची; **Efficient cause** (cause which produces a thing.) मूल कारण; **Final cause** (the aim or purpose.) निमित्त; **First cause** (the Creator.) ब्रह्मा; **Formal cause** (definition.) परिभाषा; **Material cause** (cause out of which some matter is formed.) वह कारण जिससे कोई वस्तु पैदा होती है।

Causeless - कॉज़्' - लेस् - *adj.* without a cause. अकारण, निष्कारण; **Causelessly** (-लेस्'-लि) - *adv.* without reason. निष्प्रयोजन, बिना कारण के।

Causerie - कॉज् - अ - री - *n.* a short informal essay in a newspaper. समाचारपत्रों में विनोद के लेख का कॉलम या स्तम्भ।

Causeway - कॉज़्' -वे - *n.* a raised road over water or through a marsh. बाँध, पुल; - *v. t.* to pave. फर्श लगाना, रास्ता बनाना।

Caustic - कॉस्ट्' - इक् - *adj.* burning, biting, corroding, sarcastic. जलानेवाली, काटनेवाली, ताना मारनेवाली।

Cauterisation - कॉ - टर्' - आइज़् -ए' - शन् - *n.* act of burning or searing. दागने की क्रिया।

Cauterise - कॉ - टर्' - आइज़् - *v. t.* to sear with hot iron. तपे लोहे से दागना।

Caution - कॉ' - शन् - *n.* prudence, warning, avoidance of rashness. दक्षता, सावधानी, चौकसी; **Caution money** (money which is paid as security.) अवधान राशि, जमानत का रुपया।

Cautionary - कॉ'-शन्-अ-रि - *adj.* given as a pledge. पण के रूप में दिया हुआ।

Cautious - कॉ'-शस् - *adj.* careful. सचेत, सावधान; **Cautiously** (-शस्'-लि) - *adv.* carefully. सावधानी से; **Cautiousness** (-शस्- नेस्) - *n.* watchfulness, prudence. सावधानी, दक्षता।

Cavalcade - कॅव् - ऑल् - केड्' - *n.* a company of persons on horseback. घुड़सवारों की पंक्ति या बारात।

Cavalier - कॅव्' - ऑ - लिअर्' - *n.* a horseman, a gallant. अश्वारोही, घुड़सवार; - *adj.* brave, haughty. वीर, अभिमानी।

Cavalry - कॅव्' - ऑल् - रि - *n.* horse-soldiers. अश्वारोही सेना, घुड़सवार लोग।

Cavation - कॉ - वे' - शन् - *n.* digging of earth for the foundation of a building. इमारत बनाने के लिये नींव खोदना।

Cave -केव् - *n.* an underground place in earth, a den. गुफा, कन्दरा, खोह; - *v. t.* to hollow out, to withdraw opposition, to submit. पोला करना, विरोध छोड़ देना, आत्मसमर्पण करना।

Cavern - कॅव्' - अर्न् - *n.* an underground hollow. कन्दरा; **Caverned** (-ड्) - *adj.* inhabiting a cavern. गुहा-निवासी; **Cavernous** (-अस्) - *adj.* ful of caverns, hollow. गुहाओं से परिपूर्ण, खोखला।

Cavil - कॅव् - इल् - *v.t.* to raise captious objection. झूठी निन्दा करना, दोष निकालना, झूठा झगड़ा करना; -*n.* a frivolous objection. झूठा आक्षेप।

Cavity - कॅव्' - इट् - इ - *n.* (*pl.* **Cavities.**) a hollow or empty space within a solid body. छेद, बिल, खोह।

Caw - कॉ - *n. & v. i.* the cry of a crow or raven, to cry like a rook. कौवे का शब्द, काँव-काँव करना।

Cayenne - कें - येन्' - *n.* a very pungent red,

pepper. बहुत तीता लाल मिरचा।

Cease - सीस् - *v. i. & t.* to stop, to desist from, to come or bring to an end. रुकना, समाप्त होना या करना, रोकना; **To cease fire** (to stop firing.) बन्दूक चलाना बन्द करना।

Ceaseless - सीस्'. - लेंस् - *adj.* continuous. निरन्तर, लगातार; **Ceaselessly** (-लेंस्-लि) *-adv.* continuously. नित्य, निरन्तर; **Ceaselessness** (-लेंस्-नेंस्) *-n.* continuity. नित्यता।

Ceasing - सीस्' - इङ्ग् - *n.* pause. रुकावट।

Cecity - सीस्' - इट् - इ - *n.* loss of sight, blindness. अन्धता, अन्धापन।

Cedar - सी' - डर् - *n.* a kind of tree. देवदार का वृक्ष; **Cedarn**-*adj.* made of cedar. देवदार की लकड़ी का बना हुआ।

Cede - सीड् - *v. t.* to give up, to submit, to yield, to surrender. परित्याग करना, वश में लाना, सौंपना, आत्मसमर्पण करना।

Ceil - सील् - *v. t.* to cover the roof of a room. कमरे की ऊपरी छत बनाना।

Ceiling - सील्' - इङ्ग् - *n.* the inner roof of a house highest limit. घर की भीतरी छत, अन्तरछद, उच्चतम सीमा।

Celebrate - सेंल्' - इ - ब्रेट् - *v. t.* to praise, to publish, to make famous, to perform religious ceremony. प्रशंसा करना, प्रचलित करना, प्रसिद्ध 'करना, उत्सव मनाना; **Celebrated** (-एड्) - *adj.* famous. प्रसिद्ध, **Celebration** (-ब्रे'-शन्) - *n.* festivity, praise. कीर्तन, अनुष्ठान, प्रशंसा।

Celebrity - सि - लेंब्' - रिट् - इ - *n.* fame, renown. कीर्ति, प्रसिद्धि, प्रशंसा, यश।

Celerity - सि - लेंर्' - इट् - इ - *n.* speed, quickness. वेग (तीव्र गति), शीघ्रता।

Celeste - सि - लेंस्ट्' - *adj.* sky-blue. आकाश के समान नीले रंग का।

Celestial - सि - लेंस्ट्' - यॉल् - *adj.* heavenly, divine, beautiful. दिव्य, स्वर्गीय, सुन्दर; *-n.* an inhabitant of heaven. स्वर्गवासी; **Celestial body** (heavenly body.) खगोलीय पिण्ड; **Celestial damsel** (a nymph.) अप्सरा, परी; **Celestial world** (heaven.) सुरलोक, स्वर्ग।

Celibacy - सेंल् - इब्' - ऑस् - सि - *n.* unmarried life. अविवाहित जीवन, कुँआरापन, ब्रह्मचर्य।

Celibate - सेंल्' - इब् - एट् - *n. & adj.* an unmarried person, unmarried. अविवाहित व्यक्ति, कुँवारा, ब्रह्मचारी।

Cell - सेंल् - *n.* a small room in a monastery or prison, compartment in a bee's comb, an electrical apparatus, enclosed cavity in an organism, underground room. मठ या कैदखाने की कोठरी, मधुमक्खी के छत्ते में का खाना, बिजली उत्पन्न करने का यन्त्र, जीवित पदार्थ का सूक्ष्म भाग, कोशिका, कोष्ठिका, तहखाना।

Cellar - सेंल्' - अर् - *n.* an underground room. भूमि के भीतर का घर, तहखाना।

Cellular - सेंल्' - ल्यू - लर् - *adj.* having small cavities. छोटे छिद्रवाला, जालीदार।

Celluloid - सेंल्' - ल्यु - लॉइड् - *n.* an artificial substance like ivory. कचकड़ा।

Cellulose - सेंल्' - ल्यु - लोस् - *adj.* containing cells. सेल (सूक्ष्म छिद्र) पूर्ण, कोशमय।

Celsius - सेल् -सि' - अस् - *adj.* pertaining to temperature scale that registers the freezing point of water to 0'C and the boiling point 100'C. तापमान का मापक जिसमें जल का ठंडा होने का तापक्रम 0'C तथा उबलने का तापक्रम 100'C होता है।

Cement - सि - मेन्ट्' - *n.* strong mortar of calcinated lime and clay, anything used for sticking things. सिलमिट, चिपकाने का पदार्थ; - *v. t.* to unite with cement. सिलमिट से जोड़ना, साटना; **Cementation** (-एँ'-शन्) - *n.* the act of cementing. संयोग, जुटाव।

Cemetery - सेंम् - इट् - अर् - इ - *n.* a place for burials. श्मशान, प्रेतभूमि, क़ब्रिस्तान।

Cenotaph - सेंन्' - ओ - टॉफ् *-n.* a monument erected in memory of a person who is buried elsewhere. अन्य स्थान पर मरे हुए व्यक्ति के स्मरणार्थ स्तम्भ इत्यादि का निर्माण।

Cense - सेंन्स् - *v. t.* to perfume with burning incense. धूप देना।

Censor - सेंन् - सर् - *n.* a vessel in which incense is burnt. धूपदानी, धूपपात्र।

Censor - सेंन् - सर् - *n.* a licensing officer, a harsh critic, an official licensing in opportune news or military intelligence. दोष - निरीक्षक, गुण-दोष-विवेचक, आपत्तिजनक समाचार या सैनिक सूचना का निरीक्षण करनेवाला अफसर; - *v. t.* to exercise such control. ऐसा निरीक्षण करना।

Censorial - सेंन् - सोर' - इ - यल् - *adj.* critical, full of censure. निरीक्षक सम्बन्धी, निन्दायुक्त।

Censorious - सेंन् - सोर' - इ - अस् - *adj.* fault-finding. दोष निकालनेवाला।

Censorship - सेंन् - सर्' - शिप् - *n.* the office of a censor. लाइसेन्स देनेवाले का पद।

Censual - सेंन् - सु - अल् - *adj.* pertaining to census. मनुष्य-गणना सम्बन्धी।

Censurable - सेंन्' - शर् - एँ - ब्ल् - *adj.* deserving of censure. निन्दनीय।

Censure - सेंन्' - शर् - *n.* expression of disapproval, reproof, reprimand. निन्दा, झिड़की, कलङ्क; *-v. t.* to blame, to reprove, to criticize. दोष लगाना, झिड़कना, निन्दा करना।

Census - सेंन्' - सस् - *n.* an official numbering of population. जनगणना।

Cent - सेंन्ट् - *n.* a hundred, a coin which is the

hundredth part of a dollar. सौ, एक सिक्का; **Per cent** (rate by the hundred.) प्रति सैकड़ा।

Centaur - सेंन् - टॉर् - *n.* a mythological figure half-man and half-horse. एक पौराणिक प्राणी जिसका कमर से नीचे का भाग घोड़े का तथा ऊपरी भाग मनुष्य के समान माना जाता था।

Centenarian - सेन्ट' - आन् - इअर् - इ - यन् - *n.* a man who is hundred years old. सौ वर्ष का वृद्ध पुरुष।

Centenary - सेंन् - टेंन्' अ-रि - *n.* commemoration after one hundred years. शतवर्षीय समारोह, शतवार्षिकी, सौ सालाना जल्सा।

Centennial - सेंन् - टेंन्' - इ - यल् - *adj. & n.* occurring once in a hundred years, a hundredth anniversary. सौ वर्ष में एक बार आने या होनेवाला, सौवीं वर्षगाँठ।


Center -सेंन्' - टर् -*n.* a waist-belt. कमरबन्द, कमर की पेटी।

Centesimal - सेंन् - टिस्' - इम् -अल् - *adj.* reckoned by hundredths. सौ सौ करके गिना हुआ; -*n.* hundredth part. सौवाँ हिस्सा।

Centigrade - सेंन्ट' - इ - ग्रेड् - *adj.* divided into a hundred degrees. सौ अंशों या भागों में विभाजित।

Centigramme - सेंन्' - टी - ग्राम - *n.* weight which is the hundredth part of a gramme. एक ग्राम का सौवाँ भाग।

Centillion - सेंन्' - टि - लियन् - *n.* the hundredth power of a million. एक अरब की संख्या, एक के आगे ६०० शून्य।



Centipede - सेन्ट्' - इ - पीड् - *n.* a many-footed crawling insect. गोजर, कनखजूरा।

Centipede.

Central - सेंण्ट् - ट्रल् - *adj.* leading, principal. मध्य, केन्द्रीय, प्रधान; **Central Intelligence Bureau** (main intelligence agency.) केन्द्रीय गुप्त वार्ता विभाग; **Centralization** (-आइज़्-ए-शन्) - *n.* act of bringing to the centre. केन्द्रीकरण।

Centralize -सेंन्' - ट्रल् - आइज़् - *v. t.* to draw to a centre. केन्द्र में करना।

Centre (Center) सेंन् - टर् - *n.* the middle point, pivot, axis, source, organizer, leader. मध्य भाग, केन्द्र, धुरा, बीच, उद्‌गम, प्रचारक, नेता; - *v. t.* to place on a centre. केन्द्र पर रखना; **Centre bit** (a boring tool.) बरमे की डाँस; **Centre of attraction** (the point to which bodies tend by force of gravity.) आकर्षण-केन्द्र; **Centrepiece** (ornament for the middle of a table.) टेबुल के मध्यभाग की सजावट।

Centreless - सेंन्' - टर् - लेस् - *adj.* without centre. बिना मध्य या केन्द्र का।

Centrifugal - सेंन् - ट्रिफ्' - यू - गॉल् - *adj.* tending to fly off from centre. केन्द्र से हट जानेवाली (प्रवृत्ति)।

Centripetal - सेंन् - ट्रिप्' - इट् - अल् - *adj.* tending towards centre (*opp.* of centrifugal). केन्द्र की ओर जानेवाली।

Centuple - सेंन्' - ट्यू - प्ल् - *n. & adj.* hundredfold. सौगुना।

Century - सेंन्' - चु - रि - *n.* a hundred of something, one hundred successive years. सौ वर्ष, शताब्दी।

Cephalic - सें - फ़ॉल्' - इक् - *adj.* pertaining to the head. मस्तक सम्बन्धी; - *n.* a medicine for headache. सरदर्द की दवा।

Ceramics - सेंर् - ऑम्' - इक्स् -*n.* the art of pottery, objects made of clay. कुम्हारी विद्या, मिट्टी के पात्र।

Cerated - सीर् - एट् - ऍड् - *adj.* covered with wax. मोम से ढँका हुआ।

Cereal - सिर्' - इ - अल् - *adj.* of corn. अन्न सम्बन्धी; **Cereals**-*n. pl.* grains used as food. मनुष्य के खाने योग्य अन्न।

Cerebellum - सेंरि - बेंल्' - लम् - *n.* the little brain. अनु मस्तिष्क, छोटा मस्तिष्क (दिमाग)।

Cerebral - सेंर् - रि - ब्रल् - *adj.* pertaining to cerebrum. प्रधान मस्तिष्क सम्बन्धी।

Cerebration -सेंर् - रि - ब्रे' - शन् - *n.* the action of cerebrum, working of the brain. प्रधान मस्तिष्क का कार्यक्रम।

Cerebrum -सें' - रिब् - रम् - *n.* the brain proper. मस्तिष्क का प्रधान भाग।

Ceremonial -सेंर् - रि - मोन्' - इ - अल् - *adj.* with ceremony or ritual, formal. विधिपूर्वक, शिष्टाचार सहित, दिखौवा; - *n.* formality. रीति, विधि, चाल, शिष्टाचार, दिखाव।

Ceremonious -सेंर्' - रि - मोन्' - इ - अस् - *adj.* according to prescribed from, punctilious. व्यावहारिक, अति सभ्य; **Ceremoniously** (-लि) -*adv.* with formality. शिष्टाचार (आदर) से; **Ceremoniousness** (-नि - अस् - नेंस्) -*n.* formality. शिष्टाचार, अति सौजन्य।

Ceremony - सें' - रिम् - अन् - इ - *n.* (*pl.* **Ceremonies**) a religious or solemn observance, formality. धार्मिक रीति, शिष्टाचार; **Occasional ceremony** (ordinary formality.) सामान्य शिष्टाचार; **Without ceremony** (without formality.) बिना शिष्टाचार के।

Ceres - सीर्' - ईज़् - *n.* the Roman goddess of growth. रोम की उपज की देवी।

Cerography - सें - रॉग्'-रॉफ् - इ - *n.* the art of engraving on wax. मोम पर खुदाई का काम करना।

Certain - सर्' -टेन् - *adj.* settled, assured, reliable, sure, indisputable. स्थिर, निश्चित,

विश्वस्त, अचूक, निर्विवाद; **A certain person** (any person.) कोई मनुष्य; **For certain** (certainly.) अवश्य, निश्चितरूप से।

Certainly - सर्'-टेन् - लि - *adv.* confidently, admittedly. अवश्य, निःसन्देह।

Certainty - सर्' टेंन् -टि - *n.* undoubted fact, assurance. असंशय, निश्चय।

Certificate - सर् - टिफ्' - इक - एट् - *n.* testimony in writing, voucher, acquirement. प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र; - *v. t.* to give a certificate. प्रमाण पत्र देना।

Certifier - सर्' - टि - फ़ाइ' - अर् -*n.* one who certifies. प्रमाणित करनेवाला मनुष्य।

Certify - सर्' - टिफ़् - आइ - *v. t. (p. t.* **Certified**) to attest formally, to assure. प्रमाण देना, प्रमाण सहित कहना।

Certiorari - सर्' - टी - ओ - रें - राइ - *n.* a writ to remove a case from the lower court to a high court. उत्प्रेषण-आदेश, छोटी अदालत से ऊँची अदालत में मुकदमा हटाने का आदेश।

Certitude - सर्' - टि - ट्यूड् - *n.* assurance, certainty. दृढ़ निश्चय।

Cerumen - सि - रू' - मेंन् - *n.* wax secreted by the ear. कान का खूँट।

Ceruse - सी' - रूज़् - *n.* white lead, carbonate of lead. सफेदा।

Cervical - सर्' - विक् - अल् - *adj.* pertaining to the neck. ग्रीवा (गरदन) सम्बन्धी।

Cervine - सर्' - वाइन - *adj.* relating to or like deer. हरिण के समान।

Cess - सेंस् - *n.* a local rate. उपकर, चुङ्गी; - *v. t.* to lay tax on. कर लगाना।

Cessation - सेंस् - सें' - शन् - *n.* ceasing, rest, pause. रुकावट (अवरोध), ठहराव।

Cession - सेंश्' - अन् - *n.* giving up, yielding. परित्याग, समर्पण।

Cesspool - सेंस् -पूल् - *n.* a well sunk for drainage. चहबच्चा, नाबदान।

Cestoid - सेंश' - टॉएड् - *n.* a ribbon-like worm. चिपटा केंचुआ।

Cetelogy - सी - टॉल् - अ - जी - *n.* the study of wholes and related acquatic mammals. व्हेल तथा अन्य जलचरों का अध्ययन।

Chafe - चेंफ् - *v. t. & i.* to rub, to irritate, to make angry, to fret. रगड़ना, रगड़ जाना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना, क्रुद्ध होना; - *n.* friction, state of irritation. रगड़, क्रोध।

Chaff - चाफ़् - *n. & v. t.* grain-husk, worthless stuff, to befool, to joke. भूसा (चोकर, छिलका), निरर्थक पदार्थ, मूर्ख बनाना, हँसी उड़ाना; **Caught with chaff** (one who is easily deceived.) सहज में धोखा खानेवाला; **Chaff-cutter or chaff-engine** (a machine for cutting chaff.) भूसा काटने की कल; **Chaffy** (-इ) - *adj.* full of chaff. भूसा भरा हुआ।

Chaffer - चॉफ़्'-अर् - *v. i. & t.* to haggle about price, to bargain. मोल चाल करना, सौदा करना; **Chafferer** (-अर्) - *n.* one who makes a bargain. सौदा करनेवाला।

Chaffing-dish -चेंफ' - इङ्ग् - डिश् - *n.* a vessel for cooking by burning coal. कोयले की अँगीठी पर पकाने की देगची।


Chagrin -शॉ - ग्रिन् -*n.* vexation, acute disappointment. क्लेश, तीव्र निराशा; - *v. t.* to vex. खिजलाना, क्लेश देना।

Chain - चेंन् - *n.* a connected series of links, fetters, necklace, a length of 66 feet. जंजीर (शृङ्खला), सिकड़ी, बेड़ी या हथकड़ी, गले की सिकड़ी, ६६ फ़ीट की नाप; -*v. t.* to connect to enslave. बाँधना, जकड़ना, दास बनाना; **Chain-armour** (armour made of iron chains.) लोहे की जंजीर का बना हुआ कवच; **Chain-stitch** (a simple method of sewing.) सामान्य सिलाई।

Chainless - चेंन् - लेंस् - *adj.* without chain, free. जंजीर रहित, स्वतन्त्र।

Chainlet -चेंन् - लेंट् - *n.* a small chain. छोटी जंजीर या सिकड़ी।

Chain-wheel -चेंन् - ह्वील् - *n.* a toothed wheel on which a chain runs. दाँतेदार पहिया जिस पर जंजीर चलती हो।



Chain-wheel.

Chair - चेंअर् - *n.* a portable seet for one, professorship, office, a chairman. कुर्सी, अध्यापक का पद, सभापति; - *v. t.* to install in chair. पदाधिकारी बनाना; **Appeal to the chair** (protest against disorder.) व्यतिक्रम के लिए सभापति से प्रार्थना; **Easy-chair** (a soft arm-chair.) आराम कुरसी; **Take a chair** (asking to sit down.) बैठ जाइये; **To leave the chair** (to finish work.) कार्यक्रम समाप्त करना।

Chairman - चेंअर' - मॉन् - *n.* one who controls a committee सभापति; **Chairmanship**-*n.* the office of a chairman. सभापति का पद।

Chaise - शेंज् - *n.* a pleasure-carriage. आनन्द की सवारी, गाड़ी।

Chalice - चॉल्' - इस् - *n.* goblet, a cup or bowl. प्याला, पात्र।

Chalk - चॉक् - *n.* a soft white earthy substance used for writing and drawing. खड़िया मिट्टी, सेतखली; - *v. t.* to mark, to draw, to write. चिन्ह करना, तसवीर खींचना, लिखना; **To chalk out** (to sketch, to plan.) खाका खींचना, योजना बनाना।

Chalky - चॉक्' - इ - *adj.* similar to or like chalk. खड़िया के समान।

Challenge - चॉल्' - एन्ज् - *n.* summons to fight a duel, calling to account, demand for some-

thing. लड़ने के लिये ललकार, माँग, दावा; - *v. t.* to call to fight, to put a claim. ललकारना, दावा करना; **Challengeable** (- एँ - बल्)-*adj.* that may be defied. ललकारने (सामना) के योग्य; **Challenger** (-अर्) -*n.* one who challenges to a combat. ललकारनेवाला, भिड़नेवाला।

Chamber - चेंम्' - बर् - *n.* a room, judge's private room, bedroom, one of the houses of Parliament, enclosed space. कमरा, कक्ष, जज का गुप्त कमरा, शयनगृह, पार्लियामेण्ट का घर, बन्द स्थान; **Chambered** (-बर्ड) -*adj.* having chambers. कोठरियोंवाला; **Chamber-fellow** (one who sleeps in the same apartment.) एक ही कमरे में सोनेवाला; **Chamber-maid** (an inn-keeper.) भठियारिन; **Chamber-music** (music in a room of the house.) घर के कमरे में गायन; **Chamber of Commerce** (an assembly of traders.) व्यापारियों की सभा; **Chamber-counsellor** (a lawyer who only gives advice but does not appear in a case.) वह वकील जो घर पर ही कानूनी सलाह देता है, कचहरी में जाकर वकालत नहीं करता; **Chamber-pot** (urinal.) पेशाब करने का बर्तन; **Chambers** (-बर्स्) - *n. pl.* a row of rooms. घर में कमरों की पंक्ति।

Chamberlain - चेंम्' - बर् - लिन् - *n.* a high officer in a king's court. राजमहल का एक प्रधान कर्मचारी।

Chameleon - कॉ - मी' - लि - यन् - *n.* a kind of long lizard, an inconstant person. गिरगिट, अस्थिर प्रकृति का पुरुष।

Chamfer - चॉम्' - फ़र् - *v. t.* to bevel or slope in a symmetrical manner. क्रम से तिरछा करना।

Chamois - शॉम्' - वा - *n.* a wild mountain antelope. जङ्गली पहाड़ी हिरन, साबर; -*n. pl.* **Shammy.** (शॉम्'-मि) leather made from chamois skin. साबर का चमड़ा।

Champ - चॉम्प् - *v. t.* to munch in a noisy manner. मुँह बोलाकर चबाना; -*n.* field, munching sound. खेत, मैदान, चबाकर खाने का शब्द।

Champagne - शॉम् - पेंन्' - *n.* a kind of French wine. फ्रान्स देश की शराब।

Champion - चॉम्' - पि - अन् - *n.* one who fights for another or for a cause, a hero. वीर, योद्धा; - *v. t.* to challenge, to defend, to support. ललकारना, रक्षा करना, सहारा देना, समर्थन करना; **Championship** (-शिप्') -*n.* the rank of a champion. अभिनेता का पद। (*also* **Championness.**)

Chance - चॉन्स् - *n.* fortune, opportunity, possibility, accident, risk, absence of design, course of events. दैवयोग, भाग्य, अवसर, सम्भावना, क्रमहीनता, घटनाक्रम; -*v. i. & t.* to happen. होना; **By chance** (accidentally.) संयोग से, अकस्मात्; **Chancecomer** (one who comes by chance.) संयोग से आया हुआ अतिथि; **On the chance** (on the possibility of.) सम्भावना से; **To stand a chance** (to hope.) आशा रखना; **To take one's chance** (to risk an undertaking.) प्रारब्ध जाँचना; **It chanced that** (it so happened.) ऐसा संयोग हुआ कि।

Chancel - चान्' - स्ल् - *n.* the eastern part of a church. गिरजाघर का पूर्वी भाग।

Chancellor - चान्' - सेंलर् - *n.* state or law official, head of a university. प्रधान धर्माधिकारी, विश्वविद्यालय का प्रधान अध्यक्ष, कुलपति; **Vice-chancellor**-*n.* officer of a university next in rank to chancellor. विश्वविद्यालय का उपाध्यक्ष, उपकुलपति; **Chancellorship** (-शिप्) -*n.* the office of a chancellor. कुलपति का पद।

Chancery - चॉन् - सर् - इ - *n.* the highest court of justice. प्रधान न्यायालय, दीवानी की बड़ी अदालत।

Chancy - चान्'-सि - *adj.* uncertain dubious. सन्दिग्ध, सन्देहजनक।

Chandelier - शॉन् - डि - लिअर्' - *n.* a kind of branched support for holding several lights. दीपवृक्ष, झाड़फानूस।


Chandelier.

Chandler - चॉन्ड्' - लर् -*n.* a candle-maker, a dealer in candles, soap, paint &c. मोमबत्ती बनानेवाला, साबुन, मोमबत्ती इत्यादि का बेचनेवाला।

Change - चेंञ्ज् - *n.* alteration, variation, variety, small coins given for a higher one. परिवर्तन, रूपान्तर, रेज़गी; - *v. t. & i.* to resign, to get rid of, to alter, to get smaller coins, to go from one place to another, to become new. त्यागना, पलटना, छुटकारा पाना, रेज़गी भजाना, स्थान-परिवर्तन करना, नया होना; **To change colour** (to turn pale, to blush.) पीला पड़ जाना, शर्मा जाना; **To change hands** (to pass to a different owner.) मालिक बदलना; **To change one's condition** (to marry.) विवाह करना; **To change one's mind** (to adopt a new method.) नई विधि ग्रहण करना; **To change places** (to be different, to change positions.) भिन्न होना, स्थान अदल-बदल करना; **To ring the changes** (to finish in every way.) कार्यक्रम का सब प्रकार से अन्त करना।

Changeable -चेंन्ज्' - एँ - ब्ल् - *adj.* variable, fickle, unstable, inconstant. परिवर्तनशील, चपल, अधीर, अस्थिर; **Changeableness** (- नेंस्) -*n.* the quality of being changeable. अस्थिरता।

Changeful -चेन्ज्' - फुल् - *adj.* fickle, inconstant. चञ्चल, चपल, अस्थिर।

Changeless -चेन्ज्' - लेस् - *adj.* without change, constant. बिना परिवर्तन का, चपलता-रहित, स्थिर।

Changelling -चेंन्ज्'-लिङ्ग् - *n.* a child substituted for another, one apt to change. कृत्रिम पुत्र, परिवर्तनशील वस्तु।

Changing -चेंञ्जिङ्ग् - *adj.* altering. बदलनेवाला।

Channel - चॉ' - न्ल् - *n.* a bed of running water,

passage for liquids, a narrow sea between two continents, a groove or furrow, course, direction, agency. स्रोत, नाला, वाहिका, समुद्रस्रोत, परनाला, तरल पदार्थ का मार्ग, दिशा, द्वार; - *v. t.* (*p. t.* **Channelled**) to form a groove in. नाली बनाना।

Chant - चॉन्ट् - *n.* song. गीत, स्तोत्र, भजन; - *v. t. & i.* to sing musically. गाना, स्तोत्र पढ़ना; **To chant horse** (to sell by deception.) धोखा देकर बेचना।

Chanter - चॉन्ट्' - अर् -*n.* a male singer. गानेवाला पुरुष; -*fem.* **Chantress** (- रॅस्)-a female singer. गानेवाली स्त्री।

Chanticleer - चॉन्' - टिक् - लिअर्' - *n.* a domestic cock. पाला हुआ मुर्गा।

Chanty - शॉन्' - टि - *n.* a sailor's song while hauling. बोझ उठाने के समय मल्लाहों का गाना।

Chaos - कें' - ऑस् - *n.* formless void, utter confusion, disorder. विप्लव, उपद्रव (गोल-माल); **Chaotic** (-कें-ऑट्'-इक्) -*adj.* confused. सङ्कीर्ण, अस्त-व्यस्त।

Chap - चॉप् - *n.* a boy, a man, a crack, the jaw. छोकरा, मनुष्य, दरार (फटन), जबड़ा; - *pl.* jaws of beasts. पशुओं का दाढ़; - *v. i. & t.* to crack. फटना, फाड़ना, तड़काना; **Fat chaps** (a man with plump cheeks.) फूले गालों का मनुष्य।

Chape - चेंप् - *n.* metal cap of scabbard, sliding loop or catch of a belt. मियान की टोपी, टोपी में का बन्द।

Chapel - चॉप्' - एल् - *n.* a place of Christian worship. ईसाइयों का गिरजाघर।

Chaperon - शॉ ' - पेंरोन् - *n.* an elderly woman in charge of a girl, a kind of cap. कुँवारी कन्या की रक्षा करनेवाली स्त्री, एक प्रकार की टोपी।

Chaplain -चॉप्' - लिन् - *n.* a clergyman in charge of a chapel. पादरी, पुरोहित; **Chaplainship** (-शिप्) - *n.* the office of a chaplain. पादरी का पद; (also **Chaplaincy** or **Chaplainry.**)।

Chaplet - चॉप्' - लिट् - *n.* a garland or wreath of flowers, a string of beads for counting prayers. फूलों की माला, जप करने की सुमिरनी।

Chapman - चॉप्' - मॉन् - *n.* a pedlar. घूम-घूमकर बेचनेवाला व्यापारी (फेरीवाला)।

Chappy - चॉप्' - पि - *adj.* full of chaps or clefts. दरारदार।

Chapter - चॉप्' - टर् - *n.* the main division of a book, body of clergymen. अध्याय (स्कन्ध खण्ड), पादरियों का संघ; - *v. t.* to put into chapters, to take to task. अध्यायों में बाँटना, डाँट-डपट करना, विवरण माँगना।

Char - चॉर् - *v. t.* to burn until reduced to charcoal, to scorch, to do odd jobs, to accomplish, to do house-cleaning. जलाकर कोयला बनाना (झुलसाना), जलाना, छोटा-मोटा काम करना, काम पूरा करना, घर की सफाई करना।

Character - कॉर्' - अक् - टर् - *n.* a distinctive mark, characteristics, a person's handwriting, style, moral strength, reputation, an actor. प्रकृति (प्रभाव), लक्षण (स्वभाव), हस्ताक्षर, ढङ्ग, चरित्र, कीर्ति (यश), नाटक का पात्र।

Characterisation - कॉर् - अक्' - टर् - आइज़ - ऍ - शन् - *n.* act of characterising. नाम निर्धारण।

Characterise - कॉर् - अक्' - टर् - आइज़् - *v. t.* to describe the character of. गुण-दोष बतलाना।

Characteristic - कॉर्' - अक् - टर् - इस्ट्' - इक् - *adj. & n.* typical, exhibiting peculiar qualities, that which distinguishes one person or thing from another. विलक्षण, विचित्र, अनोखा, विशेषता, विशिष्ट गुण; **Characteristically** (-अल्-लि) - *adv.* in a distinguishing manner. विलक्षण रूप से।

Characterless - कॉर्' - अक् - टर् - लेंस् - *adj.* ordinary, without character. सामान्य, चरित्रहीन।

Charade - शॉर् - राड्' - *n.* a game of guessing word from written clue, a riddle. शब्द अनुमान करने की पहेली।

Charcoal - चार्' - कोल् - *n.* black residue of burnt wood. लकड़ी का कोयला।

Charge - चार्ज् - *n* load, weight, right quantity put into a thing, expense, duty, care, custody, thing entrusted, injunction duty, accusation, signal for attack. भार, उचित परिमाण, व्यय, कर्तव्य, प्रभार, रक्षण (अधिकार), अभियोग, दोषारोपण, आक्रमण की आशंका, सूचना या संकेत; -*v. t.* to load, to fill, to enjoin, to entrust, to command to do, to accuse, to attack. बारूद भरना, पूर्ण करना, सौंपना, काम करने की आज्ञा देना, दोष लगाना, आक्रमण करना; **Chargeable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* accusable, imputable. आरोपण करने योग्य, दोषी ठहराने योग्य; **Charge-sheet** (a list of offenders and their offences.) अपराधियों की नामावली तथा उनके पृथक् अपराधों के नाम, आरोप पत्र।

Charger - चार्ज्'- अर् - *n.* the horse of a military officer, a large strong dish. फ़ौजी अफ़सर का घोड़ा, बड़ी रकाबी।

Chariot - चॉर्' - रि - अट् - *n.* a triumphal or state car. रथ; **Charioteer** (-इअर्') -*n.* the driver of a chariot. सारथी।

Charitable - चॉर्' - रिट् - ऍ - ब्ल् - *adj.* bountiful, liberal in giving to the poor. धर्मात्मा, दयालु (कृपालु); **Charitableness** (- नेंस्) -*n.* disposition to be charitable. उदारता; **Charitably** (-ऍब्-लि) -*adv.* in a charitable manner. दयालुता या उदारता से।

Charity - चॉर् - रिट्' - इ - *n.* kindness, natural affection, leniency, beneficence, alms. कृपा, करुणा, दयालुता, (दया, दान), उदारता, भिक्षा; **Charity-boy** (a boy who is brought up in a poor house.) यतीम, अनाथ बालक।

Charivari - शार्' - इ - व़ार् - इ - *n.* a confused sound, an uproar. शोर गुल।

Charlatan - शार् - लाट् - एन् - *n.* an impostor in medicine, a quack. मिथ्या चिकित्सक (नीम हकीम), मायावी, छली; **Charlatanish** (-इश्) -*adj.* quackish. छली, कपटी; **Charlatanism** (-इज़्म्) -*n.* quackery. कपट-व्यवहार; **Charlatanry** (-रि) -*n.* imposture, quackery. छल, माया।

Charles's Wain - चार्ल्स' - इज़ - वेंन् - *n.* Ursa Major. सप्तऋषि के तारे।

Charm - चार्म् - *n.* words or characters acting as a spell, amulet, attractiveness. मन्त्र, रक्षा-जन्त्र, आकर्षण; - *v. t.* to bewitch, to endow with magic power, to delight. मन्त्र से वश में करना, मोहित करना, प्रसन्न करना; **Charmer** (-अर्) - *n.* a magician, one who fascinates. जादूगर, ओझा, मोहित करनेवाला।

Charming - चार्म्' - इङ्ग् - *adj.* delightful. रमणीय (मनोहर, सुहावना); **Charmingly** (-लि) - *adv.* with fascination. रमणीयता या मनोहरता से।

Charnel-house - चार - नेल् -हाउस् - *n.* a mortuary, a sepulchre. कब्रिस्तान।

Chart - चार्ट् - *n.* a navigator's map, a tabulated sheet. समुद्र के आसपास के स्थान का नकशा, कोष्ठक; - *v. t.* to make a chart. नकशा बनाना।

Charter - चार्ट्' - अर् - *n.* a written grant of privileges and rights by a sovereign. शासनपत्र, राजपत्र; - *v. t.* to give privilege. अधिकार देना; **Chartered** (-ड्) -*adj.* granted by charter. शासनपत्र द्वारा दिया हुआ; **Charterhouse** (an almshouse in London.) लन्दन नगर का दानालय; **Charter-party** (contract made between ship-owner and merchant for the hire of a ship &c.) जहाज़ के मालिक और व्यापारी का प्रतिज्ञापत्र।

Chartography - कॉर - टॉग्' - सफ् - इ - *n.* the art or business of map-making, cartography. नकशा बनाने की विद्या।

Charwoman - चार्' - वोमन् -*n.* a woman hired by the day for house-work. गृहस्थी की दासी।

Chary - चॉर्' - इ - *adj.* careful, cautious, frugal. सावधान, मितव्ययी।

Chase -चेंस् - *n.* pursuit, an open park, a hunted animal, an iron frame for holding composed types, part of a gun. अनुसरण, खुला बगीचा, शिकार, कम्पोज किये हुए टाइप कसने का फ्रेम, बन्दूक का कुन्दा; - *v. t.* to pursue, to engrave. अनुसरण करना, नकाशी करना।

Chaser-plane - चेंस्' - अर् - प्लेन् -*n.* an aeroplane used to chase an enemy's plane. शत्रु के वायुयान का पीछा करके आक्रमण करनेवाला हवाई जहाज।

Chasing -चेंस्' - इङ्ग् -*n.* the art of engraving. नक़ाशी करने की कला।

Chasm - कॉज़्म् - *n.* a gap, a cleft, a void space, difference of feeling. दरार (फाँक), बिल (विवर), खाली स्थान, मनोवृत्ति का भेद।

Chassis - शॉ'-सी - *n.* the base frame of gun-carriage or motor car. मोटर गाड़ी या तोप की गाड़ी के नीचे का ढाँचा, न्याधार।

Chaste - चेंस्ट् - *adj.* virgin, pure, simple unadorned. सती, पवित्र, सादा, आडम्बर-रहित।

Chasten - चेंस्' - न् - *v. t.* to correct, to purify. परिशोधित करना, पवित्र या स्वच्छ करना।

Chastise - चॉस् -टाइज़्' - *v. t.* to punish, to beat. दण्ड देना, पीटना; **Chastiser** (-अर्) -*n.* one who punishes. दण्ड देनेवाला; **Chastisement** (-टिज़्-मेंन्ट्) -*n.* punishment, correction. दण्ड, सुधार।

Chastity - चॉस्' - टिट् - इ -*n.* virginity, purity of conduct. सतीत्व, शुद्धता।

Chat - चॉट् - *v. i.* to indulge in easy talk. आलाप करना, बकवाद करना; -*n.* an idle talk, a species of small birds. वृथा की बकवाद, गप, छोटे पक्षियों का एक वर्ग; **Chatty** (-इ) - *adj.* talkative. बकवादी।

Chateau - शॉ - टो -*n.* (*pl.* **Chateaux** - ज़्) a foreign country-house, a country seat. विदेश का घर, देहात का मकान।

Chattel - चॉट् - ट्ल् - *n.* (usu. *pl.)* movable possession, goods. चल संपत्ति, सामग्री (माल-असबाब)।

Chatter - चॉट्' - ट्र् - *n.* an idle talk. कड़-कड़ का शब्द, वृथा की बकवाद; - *v. i.* to utter short notes, to talk quickly. टें-टें करना, बकबक करना; **Chatterbox** (- बॉक्स्) -*n.* an incessant talker. निरन्तर बकवादी; **Chatter of teeth** (rattling of teeth.) दाँतों का कटकटाना; **Chatterer** (-अर्) -*n.* one who chatters. बकवादी, बकबक करनेवाला मनुष्य।

Chatty - चॉट्' - टि - *adj.* very talkative. बड़ा बकवादी।

Chauffer - चॉफ़र् - *n.* a small portable furnace. छोटा उठौआ चूल्हा।

Chauffeur - शो' - फ़र् - *n.* a motor-car driver. मोटर हाँकनेवाला।

Cheap - चीप् - *adj.* inexpensive, low in price, worthless. अल्प मूल्य का, सस्ता; **To hold cheap** (to discard.) तिरस्कार करना।

Cheapen - चीप्' - एँन् -*v. t.* to lessen the value of. सस्ता करना, भाव कम करना।

Cheaply - चीप्' - लि - *adj.* at a small price. सस्ते दाम में; **Cheapness** (चीप्'- नेंस्) -*n.* inexpensiveness. सस्तापन।

Cheat - चीट् - *n.* trick, fraud, a deceiver. छल (कपट), धूर्त (कपटी, ठग, वंचक); - *v. t.* to deceive and defraud. धोखा देना, छल करना; **Cheatery** (-अर्-इ) - *n.* fraud. छल, कपट; **Cheating** (-इङ्ग्) - *adj.* deceptive, fraudulent. धोखा देनेवाला, ठगनेवाला।

Check - चेंक् -*n.* a sudden arrest, pause, rebuff, stoppage, cross-lined pattern. निग्रह, संयम, अवरोध, रुकावट, (शतरंज के खेल में) शह, चारखाना; -*v.*

t. to stop or restrain, to rebuke, to revise and correct to verify. रोकना, झिड़की देना, दोहराकर संशोधन करना, यथार्थता प्रमाणित करना; **To keep in check** (to keep under control.) अधिकार में रखना।

Check-book - चेंक्' - बुक् - *n.* a cheque-book containing blank cheques. सादे (बिना लिखे) चेकों की पुस्तक।

Checker - चेंक्' - अर् - *n.* a chess-board. शतरंज खेलने की बिसात।

Checkmate - चेंक्' - मेंट् - *n.* final defeat in the game of chess. शतरंज के खेल की अन्तिम चाल जिससे हार होती है।

Check-nut - चेंक्' - नट् - *n.* an appliance which is used for securing a nut. ढिबरी न गिर जाने का रुकाव; **Check-string** *-n.* a string for signalling the driver to stop. गाड़ी हाँकनेवाले को रोकने का संकेत देने की रस्सी।

Cheek - चीक् - *n.* side of face below the eye. गाल; - *v. i.* to be insolent. धृष्ट होना; **Cheek-bone** (bone of the cheek.) गाल की हड्डी; **Cheek-tooth** (a molar tooth.) चर्वण दन्त।

Cheekiness - चीक्' - इ - नेंस् *-n.* cool confidence. शान्तिपूर्वक विश्वास।

Cheep - चीप् - *v. i.* to chirp or pipe like a young bird. चिड़िया के बच्चे की तरह चीं-चीं करना या सीटी बजाना।

Cheer - चिअर् - *n.* entertainment, shout of joy or applause. भोजन, हर्ष दिखलाने का शब्द, जयध्वनि; *-v. t. & i.* to comfort, to gladden, to applaud, to encourage, to grow cheerful. ढाढ़स देना, प्रसन्न करना, प्रसन्न होना; **What cheer** (how are you.) आपकी तबीयत कैसी है; **To be of good cheer** (to be happy.) प्रसन्नवदन होना; **To cheer up** (to make cheerful.) प्रसन्न करना।

Cheerful - चिअर्' - फुल् - *adj.* pleasant, hopeful, gay, lively. प्रफुल्ल, प्रसन्न, आनन्दित; **Cheerfully** (-फुल्-लि) *-adv.* in good spirits. आनन्द से; **Cheerfulness** (- नेंस्) *-n.* pleasure. आनन्द; **Cheeriness** (-इ-नेंस्) *-n.* state of being cheerful. आनन्द की अवस्था।

Cheerless - चिअर्' -लेंस् - *adj.* dull, sad, miserable. मन्द, दुःखी, उदास।

Cheerly - चिअर्' - लि - *adv.* heartily, in a cheery manner. प्रसन्नता से, खुशी से, सहृदयता से।

Cheery - चिअर्' - इ - *adj.* cheerful, promoting cheerfulness. प्रसन्न, मगन।

Cheese - चीज़् - *n.* food made of pressed curds, दही से बनी हुई मिठाई, पनीर, छेना; **Cheese-monger** - *n.* a seller of cheese. पनीर बेचनेवाला; **Cheese-plate** (the big button of a coat.) कोट का बड़ा बटन; **Green cheese** (undried cheese.) बिना सुखाई हुई पनीर; **The cheese** (correct thing.) सही बात।

Cheesy - चीज़्' - इ - *adj.* having taste like cheese. पनीर के स्वाद की।

Cheliform - केंल्' - इ -फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of a claw. पंजे के आकार का।

Chemical - केंम् - इक् - अल् - *adj.* relating to chemistry. रासायनिक; **Chemically** (-लि) - *adv.* by chemical process. रासायनिक रीति से; **Chemical war fare** (use of poisonous gas in war fare.) युद्ध में विषैली गैसों का प्रयोग; **Chemicals** (-स्) - *n. pl.* chemical preparations. रसायन के पदार्थ।

Chemise - शेंम्'- इज़् - *n.* a woman's shirt or undergarment. स्त्री की भीतरी पोशाक, जनानी कुर्ती।

Chemist - केंम्' - इस्ट् - *n.* a dealer in medical drugs, a person who is skilled in chemistry. दवा बेचनेवाला, रसायनज्ञ, रसायन शास्त्र जाननेवाला।

Chemistry - केंम्' - इस्ट् - रि - *n.* the science which treats of the elements and their laws. रसायन शास्त्र।

Chenille - शेंन् - इल्' - *n.* a velvety cord used in dress. रेशमी डोरी।

Cheque - चेंक् - *n.* a written order to banker for payment of money. हुंडी (रुक्का), चेक्; **Cheque-book** (book containing stamped bank cheques.) मुहर की हुई सादे चेकों की पुस्तक; **Chequer** (- चेंक्'-अर्), (**Checker**) - *ns.* a pattern made of squares, a treasury. चारखाना, खजाना; - *v. t.* to mark with squares of different colours, to deposit in a treasury. रङ्ग-बिरङ्गा चारखाना बनाना, खजाने में जमा करना।

Cherish - चें' - रिश् - *v. t.* to foster, to nurse, to hold as dear. लालन-पालन करना, पोषण करना, प्रिय मानना; **Cherisher** (-अर्) - *n.* one who fosters. पोषक; **Cherishing** (-इङ्ग्) - *adj.* fostering, nursing. पालन-पोषण करनेवाला।

Cheroot - शेरं'-उट्-*n.* a kind of cigar not pointed at either end, root of the shaya tree grown in Madras. चुरुट, मद्रास के शाया नामक वृक्ष की जड़।

Cherry - चेंर्' - रि - *n.* a small tree, its fruit. एक प्रकार का पहाड़ी वृक्ष, उसके फल; **To make two bites at a cherry** (to stop enterprise.) साहसिक काम करना रोक देना; **Cherry-ripe** (the cry of a fruit-seller.) मेवा विक्रेता की चिल्लाहट।

Cherub - चेंर्' - रब् - *n.* (*pl.* **Cherubs, Cherubim.**) a celestial being, a beautiful child. देवदूत, सुन्दर बालक।

Chess - चेंस् - *n.* a game for two players played on board divided into sixty-four squares with pieces called 'chessmen'. चतुरंग, शतरंज का खेल जो ३२ मोहरों से खेला जाता है; **Chess-board** - *n.* board used in chess. शतरंज की बिसात; **Chessmen** - *n. pl.* pieces used in playing chess. शतरंज के मोहरें।

Chessel - चेंस्' - सल् - *n.* a mould for making cheese. पनीर बनाने का साँचा।

Chest - चेंस्ट् - *n.* a large box, the thorax. सन्दूक (पिटारा), वक्षःस्थल (छाती); - *v. t.* to deposit in a chest. बक्स में बन्द करना।

Chesterfield - चेंस्ट्' - अर् - फ़ील्ड् - *n.* a kind of long overcoat, a long sofa. एक प्रकार का लम्बा लबादा, लंबी गद्दीदार चारपाई।

Chestnut - चेंस्' - नट् - *n.* a tree or its edible fruit. अखरोट का फल या वृक्ष।

Chest-protector - चेंस्ट् - प्रोटे - क्टर् - *n.* an inner garment of flannel. फ़लालीन की भीतरी पोशाक।

Chevalier - शेंव्' - अ - लिअर् - *n.* a knight, a gallant. महावीर, अश्वारोही।

Chevy - चेंव्' - वि - *n.* a cry, shout. शोर-गुल, कोलाहल, चिल्लाहट।

Chew - चू - *v. t. & i.* to grind with teeth. दाँतों से चबाना; **Chewer** (-अर्) - *n.* one who chews or ponders. चबानेवाला, विचारनेवाला; **Chewing-gum** (-गम्) - *n.* a sweetened preparation for masticating. एक प्रकार की चूसने की मिठाई; **To chew the cud** (to masticate a second time the food already swallowed and passed into the first stomach, to ruminate in thought, to think over a subject.) पागुर करना, किसी विषय पर विचार करना या मनन करना।

Coalition - कों - अल् - इश्' - अन् - *n.* union, alliance. संयोग, मेल।

Coarse - कोर्स - *adj.* common, inferior, rough, unrefined, vulgar, large in texture. सामान्य, घटिया, भद्दा, असभ्य, अशिष्ट, मोटा; **Coarsely** (लि) *adv.* roughly, vulgarly. रूक्षता से, भद्देपन से; **Coarseness** (- नेंस्) - *n.* rough nature, vulgarity. रूखी प्रकृति, भद्दापन, असभ्यता, अशिष्टता।

Coast - कोस्ट् - *n.* the border of land on sea-coast, exterior limit of country. सीमा, समुद्रतट, देश की बाह्य सीमा; - *v. i.* to trade between ports on the same coast, to sail near the coast. एक ही किनारे के बन्दरगाहों पर व्यापार करना, समुद्र के किनारे पर जहाज़ चलाना; **Coastal** (-अल्) - *adj.* relating to coast. किनारे का; **Coastwards** - *adv.* towards the coast. किनारे की ओर।

Coat - कोट् - *n.* a man's upper garment, a covering, skin, rind, a layer. मर्दाना कोट, ढपना, खाल, छिलका, तह; - *v. t.* to cover, to spread with a layer of something. ढाँकना, तह चढ़ाना; **Coat of mail** (armour.) जिरहबख्तर; **Red-coat** (a British soldier.) अंग्रेज सिपाही; **To dust one's coat** (to beat.) पीटना; **To turn one's coat** (to abandon.) त्यागना; **To wear the king's coat** (to be a soldier.) सिपाही बनना; **Petticoat** (a loose under-skirt worn by females and little boys, a woman.) अंगिया, चोली, स्त्री।

Coating - कोट्'-इग्ड् -*n.* a layer of paint, cloth for coats. रंग की तह, कोट बनाने का कपड़ा।

Coax - कोक्स् - *v. t.* to entice, to practise wheedling. फुसलाना, बहलाना; **Coaxer** (-अर्) - *n.* a flatterer, a wheedler. चापलूस, बहलानेवाला।

Cob - कॉब् - *n.* a stout short-legged horse, a round-headed loaf, a spider, a big man, a miser, a leader, a round heap or mass of any thing, the seeding head of corn, a black-backed sea-bird, a male swan, a basket for carrying arms, clay mixed with straw for making walls. टट्टू, गोल माथे की रोटी, मकड़ा, बड़ा आदमी, कंजूस, नेता, नायक, किसी वस्तु का गोल ढोंका या जमाव, अनाज का बीज पैदा करनेवाला गोल सिरा,

काली पीठवाली समुद्री चिड़िया, नर हंस, गोला-बारूद ढोने की टोकरी, कच्ची दीवाल बनाने के लिये फूस और मिट्टी का मिश्रण।

Cobalt - को' - बॉल्ट् - *n.* a metal like nickel. गिलट के समान एक सफेद धातु।

Cobble - कॉ' - बूल् - *v. t. & i.* to patch up, to work clumsily, to pave with round stone. चकती लगाना, भद्दे ढंग से काम करना, गोल पटिया का फर्श लगाना; **Cobbler** (-ब्लर्) - *n.* mender of old shoes. फटे जूतों की मरम्मत करनेवाला मोची।

Cobby - कॉब्' - बि - *adj.* stout, brisk. पुष्ट, तीव्र।

Cobra - को' - ब्रा - *n.* a venomous hooded snake. नाग, विषैला सर्फ, गेहुँवन साँप।


Cobra.

Cobweb - कॉब्' - वेब् - *n.* spider's network, mesh. मकड़े का जाला, महीन जाली।

Cocaine - को - केन्' - *n.* a drug producing local insensibility. कोकीन।

Coccyx - कॉक्' - सिक्स् - *n.* the triangular bone ending in spinal column. रीढ़ की सबसे नीचे की तिकोनी हड्डी।

Cochlea - कॉक्' - लि - आ - *n.* the spiral cavity in the inner part of ear. कान के भीतर का घोंघे के समान कोष्ठ।

Cock - कॉक् - *n.* (*fem.* **Hen.**) a male bird, male of a domestic fowl, tapped spout lever in gun. नर चिड़िया, मुर्गा, टोंटी, बंदूक का घोड़ा; - *adj.* turning up. ऊपर को उठा हुआ; - *v. t.* to set erect. खड़े बल में रखना; - *v. i.* to strut. गर्व करना; **Cock-a-doodle-doo** (cry of a cock.) कुकुहूँकू; **Cock and bull story** (an exaggerated story.) अतिरंजित कथा; **That cock won't fight** (that plan will not do.) इस उपाय से काम न चलेगा; **Cock of the walk** (an eminent person.) प्रधान पुरुष; **To cock one's eye** (to wink.) आँख मारना; **To cock one's hat** (to put on hat in a slanting way.) टेढ़ी टोपी पहिनना; **To raise cock** (to lift the lever of a gun.) बन्दूक का घोड़ा चढ़ाना।

Cockade - कॉक् - एँड्' - *n.* a rosette worn in hat. झब्बा, टोपी में लगाने का फ़ीता।

Cockatoo - कॉक्' - आ - टू' - *n.* a kind of parrot with crest. काकातुआ।


Cockatoo.

Cockboat - कॉक्' - बोट् - *n.* a small boat. छोटी नाव।

Cockcrow - कॉक् - क्रो - *n.* the early morning, dawn. प्रातःकाल, अरुणोदय।

Cocker - कॉक्' - अर् - *v. t.* to pamper, to coddle. लाड़ करना, दुलार करना।

Cockerel - कॉक्' - एँर् - एँल् - *n.* a young cock. छोटा मुर्गा।

Cock-eyed - कॉक्' - आइड् - *adj.* having a squint eye. ऐंची आँखवाला।

Cockle - कॉ' - कूल् - *v. i.* to bulge, to pucker or wrinkle. फूलना, झुर्री पड़ना; - *n.* a radiating stove, a cornfield weed, a mollusc, wrinkle. अँगीठी, अनाज के खेत की बेकार घास, घोंघा या सीपी, झुर्री।

Cockney - कॉक्' - नी - *n.* a contemptuous word, for a resident of London. लण्डन नगरवासी (मूर्ख) मनुष्य।

Cockpit - कॉक्' - पिट् - *n.* a pit where game-cocks fight, the part of an aeroplane in which the pilot sits. मुर्गा लड़ने का अखाड़ा, हवाई जहाज में चालक के बैठने का स्थान।

Cockroach - कॉक्' - रोच् - *n.* the black beetle. झींगुर, कनखजूरा, चपड़ा, तेलचट्टा।

Cockscomb - कॉक्स्' - कोम् - *n.* the comb of a cock, fop, a dandy. मुर्गे की कलँगी, छैला, बाँका।

Cocksure - कॉक्' - श्यूर् - *adj.* confidently certain. पूर्ण निश्चित।

Cocky - कॉक्' - इ, - **Cocksy (Coxy)** - *adjs.* conceited. धृष्ट, घमंडी।

Coco - को' - को - *n.* (also **coco-nut palm, coco-palm, coco-tree.**) the cocoanut tree. नारियल का पेड़; **Coconut, Cocoanut** (-नट्) - *n.* the fruit of the tropical palm. नारियल का फल।

Cocoa - को' - को -*n.* a powder from the seeds of the cacaoplant. कोको।

Cocoon - कॉ - कून्' - *n.* the silky case spun by a silk-worm. रेशम का कोवा; **Cocoonery** (-अर्-इ) - *n.* the place where silkworms are reared. रेशम के कीड़ों को पालने का स्थान।

Coction - कॉक्' - शन् - *n.* the act of boiling or cooking. उबालने की क्रिया।

Cod - कॉड् - *n.* a large sea-fish. कॉड् नाम की समुद्री मछली; **Codling** (-लिङ्ग्) - *n.* a small cod. छोटी कॉड् मछली; **Codliver oil** - *n.* oil of cod's liver. कॉड् मछली के जिगर का तेल।

Coddle - कॉ - ड्ल्' - *v. t.* to nurse as an invalid, to treat tenderly, to fondle. रोगी की तरह परिचर्या करना, कोमलता से व्यवहार करना, दुलार करना।

Code - कोड् - *n.* a systematic collection of laws, a secret language. धर्म संहिता, कानून की किताब, गुप्त भाषा।

Codger - कॉज्' - अर् - *n.* an eccentric old person. झक्की वृद्ध पुरुष।

Codicil - कॉड्' - इस् - इल् - *n.* a supplementary addition to a will. वसीयतनामे को तोड़ने या बदलने का लेख।

Codifier - कॉड्' - इ - फाइ - अर् - *n.* a codist, one who codifies. कानून बनानेवाला।

Codify - कोड्' - इफ् - आइ - *v. t.* (*p.t.* **Codified.**) to reduce to a code or digest, to

systematise. कानून बनाना; **Codification** (-इफ़ि-कें-शन्) - *n.* the process of codifying. संहिताकरण, कानून बनाने की क्रिया।

Co-education - को' - एंड् - यु - कें - शन् - *n.* the education of boys and girls together. लड़के-लड़कियों को साथ पढ़ाने की व्यवस्था या क्रम, सहशिक्षा।

Coefficient - को - एंफ़् - इश्' - अन्ट् - *n.* a joint factor, a number or quantity that multiplies another number. गुणक, गुणा करनेवाली संख्या।

Co-equal - को' - ई - क्वल् - *adj.* of the same rank or dignity. बराबरीवाला।

Coerce - को - अर्स्' - *v. t.* to constrain or compel. रोकना, विवश करना; **Coercion** (-अर्-शन्) - *n.* controlling by force. बलपूर्वक अधीन करना; **Coercive** (-अर्स्-इव्) - *adj.* compulsory. अनिवार्य; **Coercive measures** - (strong steps.) क्रूर उपाय।

Coeval - को - ई' - व़ल् - *adj.* of the same age or duration. समकालीन (समवयस्क), एक अवस्था या समय का; - *n.* one of equal or same age. समकालीन या समवयस्क व्यक्ति।

Co-executor - को' - एग्ज़् - इक्' - यू - टर् - *n.* an executor with another person. दूसरे के साथ नियम इत्यादि बनानेवाला व्यक्ति।

Co-exist - को' - एग्ज् - इस्ट्' - *v. t.* to exist at the same time. एक ही काल में होना; **Co-existence** (-एँन्स्) - *n.* existence at the same time. एक ही काल का जीवन; **Co-existent** (-एँन्ट्) - *adj.* existing at the same times. एक ही समय होनेवाला।

Co-extensive - को - एंक्स् - टेंन्' - सिव् - *adj.* extending over the same space or time. एक ही स्थान या समय में व्यापक।

Coffee - कॉफ़् - फ़ि - *n.* a drink made from the seeds of a shrub. कहवा, काफ़ी।

Coffer - कॉफ़्' - अर् - *n.* a box for valuables, (*pl.*) treasury. पेटी, कोष, (ब.व.) तिजोरी।

Coffin - कॉफ़्' - इन् - *n.* a chest in which a dead body is enclosed. बक्स जिसमें शव (मुरदा) रक्खा जाता है; **To drive a nail into one's coffin** (to hasten death.) मृत्यु बुलाना।

Cog - कॉग् - *n.* the catch or tooth of a wheel by which it drives another wheel. पहिये का दाँता; **Cogged** (-ग्ड्) - *adj.* toothed. दाँतेदार।

Cogence - को' - जन्स् - *n.* (also **Cogency**) convincing power. विश्वस्त या निश्चित शक्ति।

Cogent - को' - जन्ट् - *adj.* forcible, convincing, powerful. प्रबल, निश्चित, विश्वस्त, बलवान्; **Cogently** (-लि) - *adv.* in a convincing manner. विश्वस्त या निश्चित रूप से।

Coggery - कॉग् - अर् - इ - *n.* trickery, cheating. छल, कपट।

Cogitable - कॉज्' - इट् - एब्ल् - *adj.* thinkable, conceivable. विचारणीय।

Cogitate - कॉज्' - इट् - एंट्- *v. i.* to ponder, to meditate. ध्यान देना, विचार करना; **Cogitative** (-इव्) - *adj.* meditative. विचार-मग्न, ध्यानावस्थित।

Cogitation - कॉज्' - इट् - एं - शन् - *n.* deep thought, meditation. गम्भीर चिन्ता या विचार।

Cognate - कॉग्' - नेंट् - *adj.* akin in origin, related or allied to. सजात, सगोत्री, सम्बन्धी।

Cognation - कॉग् - नें' - शन् - *n.* affinity, kindredness. बन्धुता, सम्बन्ध।

Cognition - कॉग् - निश्'- अन् - *n.* perception, sensation, knowledge. बोध, अनुभव, ज्ञान; **Cognitive** (-निट्'-इव्) - *adj.* pertaining to cognition. ज्ञान या अनुभव सम्बन्धी।

Cognizable - कॉग्' - निज़् - एब्ल् - *adj.* perceptible, recognizable. विचार के योग्य, जानने योग्य; **Cognizably** (-ब्-लि) - *adv.* in a cognizable manner. जानने योग्य ढंग से।

Cognizance - कॉग्' - निज़् -अन्स् - *n.* knowledge, sphere of observation. ज्ञान, चेतना; **To have cognizance of** (to have knowledge of.) जानकारी प्राप्त करना।

Cognizant - कॉग्' - निज़् - अन्ट् - *adj.* having knowledge of. ज्ञानवान्, सचेत।

Cohabit - को - हॅब्' - इट् - *v. i.* to dwell together as husband and wife. पति-पत्नी के समान सहवास करना; **Cohabitation** (-एं'-शन्) coition. सहवास, मैथुन।

Coheir - को' - एँअर् - *n.* (*fem.* **Coheiress.**) a joint heir. हिस्सेदार, पट्टीदार।

Cohere - को - हिअर्' - *v. i.* to stick together, to remain united, to be consistent. चिपटना, संयुक्त (संबद्ध) होना; **Coherence** (-एँन्स्) - *n.* consistency. संयोग, सन्दर्भ; **Coherent** (-एँन्ट्) - *adj.* connected, consistent. संबद्ध, अनुरूप।

Cohesion - को - ही' - ज़न् - *n.* the act of sticking together, connection. संयोग, लगाव।

Cohesive - को - ही' - सिव् - *adj.* producing union. एकता लानेवाला, संयुक्त होनेवाला।

Cohibit - को - हिब्' - इट् - *v. t.* (*p. t.* **Cohibited.**) to restrain. अवरोध करना, रुकावट करना या रुकावट डालना।

Coil - कॉइफ़् - *n.* a cap or covering for the head. टोपी, टोप।

Coign - कॉइन् - *n.* a place affording a good view, a wedge. अच्छा दृश्य दिखानेवाला स्थान, फन्नी।

Coil - कॉइल् - *n.* arrangement in concentric circles. चक्कर, गेंडुरी; - *v. t.* to twist in a circular shape. लपेटना, गेंडुरी बनाना; **Mortal coil** (the human body.) नश्वर शरीर।

Coin - कॉइन् - *n.* metal money. मुद्रा, सिक्का, रुपया-पैसा; - *v. t.* to make money by stamping metal, to invent. सिक्का बनाना या गढ़ना, नई कल्पना करना; **False coin** (counterfeit coin.) जाली या खोटा सिक्का; **The coin of one's own brain** (fabrication, invention.) मनगढ़न्त कल्पना; **To pay one in his own coin** (to retaliate.)

बदला चुकाना; **Coinage** (-एज्) - *n.* the act of coining, pieces coined, fabrication. मुद्रा ढलाई, सिक्के, कल्पना; **Coiner** (-अर्) - *n.* one who coins money. सिक्का बनानेवाला।

Coincide - को' - इन् - साइड्' - *v. i.* to occupy the same position in space, to agree. समान या अनुरूप होना, ठीक-ठीक बैठना, सहमत होना; **Coincidence** (-इन्-सिड्-ऍन्स्) - *n.* agreement. अनुरूपता, मेल; **Coincident** (-ऍन्ट्) - *adj.* coinciding. अनुरूप; **Coincidental** (-अल्) - *adj.* agreeing. एक साथ होनेवाला; **Coincidently** (-ऍन्ट्-लि) - *adv.* with coincidence. अनुरूपता से।

Co-inhere - को' - इन् - हिअर्' - *v. i.* to exist or inhere together. एक साथ होना।

Co-inheritance - को' - इन् - हेर्' - रिट् - ऑन्स् - *n.* joint inheritance. संयुक्त उत्तराधिकार।

Co-interest - को - इन्' - टर् - ऍस्ट् - *n.* mutual interest. समानाधिकार।

Coir - कॉइर् - *n.* coconut fibre which is used for making ropes, matting &c. नारियल की जटा जो रस्सी, चटाई आदि बनाने के लिये काम में लाई जाती है।

Coition - को - इश्' - अन्' - *n.* sexual intercourse, cohabitation. मैथुन, रति।

Coke - कोक् - *v. t.* to convert coal into solid substance. पत्थर के कोयले को ठोस बनाना; - *n.* a kind of coal. बुझा हुआ पत्थर का कोयला।

Colander - कॉल्'-इन्-डर् - *v. t.* to pass through a perforated vessel. चलनी में चालना; - *n.* a sieve. चलनी।

Colcothar - कॉल्' - को - थार् - *n.* red eroxide of iron. लाल रंग की कौसीस।

Cold - कोल्ड् - *n.* catarrh. जुकाम, सर्दी; - *adj.* of low temperature, chill, wanting zeal or ardour, indifferent, reserved, spiritless, not violent. कम तापक्रम का, ठंढा, उत्साहहीन, उदासीन, अतीव्र; **Cold colours** (blue, grey &c.) भूरा, नीला इत्यादि रंग; **Coldcream** (a cooling ointment for skin.) चमड़े को ठंढा करनेवाला लेप; **Cold-hearted** (cruel, indifferent.) निर्दय, उदासीन; **Coldly** (-लि) - *adv.* indifferently. उदासीनता से; **Coldness** (- नेस्) - *n.* chilliness, indifference. ठंढक, रुखाई, उदासीनता; **Cold-steel** (sword.) तलवार; **In cold blood** (without excitement.) बिना उत्तेजना के; **Cold-storage** (preserving perishable food-stuffs in ice.) सड़ने वाले खाद्य पदार्थों का बरफ में रखकर सुरक्षण, शीतागार; **To throw cold water** (to discourage.) उत्साहहीन करना।

Colic - कॉल्' - इक् - *n.* griping pain in belly. उदर-शूल, उदर-पीड़ा।

Colitis - कॉल्' - आइ - टिस् - *n.* inflammation of larger intestine or colon. बड़ी अंतड़ी का शोथ।

Collaborate - कॉल् - आब्' - अर् - एट् - *v. i.* to work conjointly. साथ-साथ काम करना; **Collaboration** (-ए-शन्) - *n.* joint labour. सहकार्यता; **Collaborator** (-अर्) - *n.* an associate in labour. साथ काम करनेवाला मनुष्य।

Collapsible - कॉल्' - आप्स् - इ - ब्ल् - *adj.* able to be pressed down. सिकुड़ने या दबने योग्य।

Collapse - को - लॉप्स्' - *n.* a breakdown, loss of courage. क्षय, सन्निपात, शक्ति का ह्रास; -*v. i.* to break down. क्षय को प्राप्त होना, शक्तिहीन होना।

Collar - कॉलर् - *n.* a neckband, a connecting band. माला, कण्ठा, गले का पट्टा, बन्धन की पट्टी; - *v. t.* to seize by collar. गरदन पकड़ना; **Collar-bone** (clavicle) हँसिया, हँसुली।

Collate - कॉल् - लेट्' - *v. t.* to compare in detail. विस्तारपूर्वक तुलना करना या मिलाना; **Collation** (-ले'-शन्) - *n.* the process of examination. संशोधन, परीक्षा, मिलान।

Collateral - कॉल् - लाट्' - अर् - अल् - *adj.* side by side, contributory, of common descent, corresponding. समानान्तर, समानोदक, सपिण्ड, एक ही पुरखों का; **Collateral security** (security for payment of money besides the principal security.) जमानत के अतिरिक्त जमानत; **Collaterally** (-लि) - *adv.* side by side, indirectly. पास-पास, अप्रधान रूप से।

Collation - *n.* see **Collate**. संशोधन, परीक्षा।

Colleague - कॅल्' - लीग् - *n.* a co-worker, an associate, a partner of joint office. सहाय, साथी, समान व्यापार का।

Collect - कल्'-एक्ट् - *v. t. & i.* to assemble, to accumulate, to secure, to concentrate, to recover, to infer. संग्रह करना, एकत्र करना, केन्द्रीभूत करना, प्राप्त करना, अनुमान करना; - *n.* a short prayer. छोटी प्रार्थना; **To collect oneself** (to compose oneself.) सचेत होना, होश में होना।

Collectable (-ible) - कॉल् - एक्ट्' - एब्ल् (-इ-ब्ल्) - *adj.* able to be collected. संग्रह करने योग्य।

Collected - कॉल्-एक्ट्'-एड् - *adj.* composed, cool, firm. शान्त, दृढ़; **Collectedly** (-एंड्-लि) - *adv.* in a collected manner. संग्रह रूप में।

Collection - कॉल् - एक्' - शन् - *n.* accumulation, heap, mass, assemblage. समूह, समुदाय, संग्रह (चन्दा), संग्रहण।

Collective - कॉल् - एक्ट्' - इव् - *adj.* aggregate, common. एकीकृत, इकट्ठा किया हुआ, सामान्य; **Collectively** (-इव्-लि) - *adv.* in a mass. एकत्र, एक साथ; **Collective noun**. (a noun singular in form but plural in meaning.) समुदायवाचक संज्ञा।

Collector - कॉल् - एक्ट्' - आर् - *n.* one who collector, the chief officer of a district. संग्राहक, इकट्ठा करनेवाला, जिलाधीश; **Collectorate** (-अरेंट्) - *n.* a collector's office. कलक्टर का दफ्तर; **Collectorship** (-शिप्) - *n.* (the office of a collector.) जिलाधीश का पद।

College - कॉल् - इज़् - *n.* the institution for higher education affiliated to a university. उच्च विद्यालय, कालिज; **Collegian** (-लीज़्-इ-अन्) - *n.* the member of a college. विद्यार्थी, कालिज का छात्र; **Collegiate** (-लीज़्'-इ-एॅट) - *adj.* of a college. विद्यालय सम्बन्धी।

Collet - कॉल्' - इट् - *n.* a band or socket for jewel. नगीने की बैठकी।

Collide - कॅल् - लाइड्' - *v. i.* to be in conflict, to strike or dash against each other. भिड़ना, टक्कर खाना।

Collier - कॉल्' - इअर् - *n.* a coal-miner. कोयला खोदने या ले जानेवाला; **Colliery** (-इ) - *n.* a coal-mine, a coal-ship. कोयले की खान, कोयला ले जानेवाला जहाज़।

Colligate - कॉल्' - इ - गेट्- *v. t.* to bind together. संबद्ध करना।

Collinear - कॉल् - लिन्' - इ - अर् - *adj.* in the same straight line. एक ही रेखा में, एक रैखिक।

Collision - कॅल् - लि' - ज़न् - *n.* conflict, opposition. विरोध, टक्कर, मुठभेड़।

Collitis - को - लाइट्' - इस् - *n.* inflammation of the membrane of colon. मलाशय की सूजन।

Collocate - कॉल्' - लो - केंट् - *v. t.* to place together, to arrange. इकट्ठा करना, क्रम में रखना; **Collocation** (-कें-शन्) - *n.* position, arrangement. स्थान, प्रबन्ध।

Collocution - कॉल्' - ओ - क्यू' - शन् - *n.* a conference. सभा।

Collocutor - कॉल्' -लॉक्' - यू - टर् - *n.* a partaker in talks. साथ में बोलनेवाला।

Collodion - कॉल्' - आड्' - इ - आन् - *n.* a gluey solution of gun-cotton. तेज़ाबी रूई का चिपचिपा घोल।

Collop - कॉल्' - अप् - *n.* a slice of meat (fried or unbaked.) मांस का बिना भूना या भूना हुआ टुकड़ा।

Colloquial - कॉल् - ओ' - क्वि - अल् - *adj.* conversational. बोलचाल का; **Colloquialism** (-इज़्म) - *n.* a colloquial expression. बोलचाल का प्रयोग; **Colloquially** (-लि) - *adv.* in a colloquial manner. बोलचाल की रीति से।

Colloquy - कॉल्' - आक् - वि - *n.* conversation, dialogue. संभाषण, बातचीत।

Collotype - कॉल् - ओ - टाइप्' - *n.* a process of printing in photography. फ़ोटो का चित्र छापने की एक विधि।

Collude - कॉ - ल्यूड्' - *v. i.* to conspire in fraud. जाल रचना, ठगना।

Collusion - कॉ - ल्यू' - ज़न् - *n.* a secret agreement for a fraudulent purpose, deceit. जाल, कपट, दलबन्दी।

Collyrium - कॉल्' - इ - रि - अम् - *n.* a salve for eyes. आँखों का आँजन, काजल, सुरमा।

Colocynth - कॉल्' - ओ - सिन्थ् - *n.* a kind of bitter apple. एक प्रकार का कड़ुआ सेव, इन्द्रायण।

Colon - को - लन् - *n.* the large intestine, a punctuation mark (:). बृहदन्त्र, बड़ी आँत, विसर्ग चिह्न (:)।

Colonel - कर् - नेल्' - *n.* the highest regimental officer. सैन्यदल का अध्यक्ष, पलटन का कर्नल; **Colonelship** (-शिप्) - *n.* colonelcy. कर्नल का पद।

Colonial - कॉल् - ओ' - नि - अल् - *adj.* pertaining to a colony. उपनिवेश सम्बन्धी, नई बस्ती का।

Colonist - कॉल्'- आन् - इस्ट् - *n.* a settler in a colony. नई बस्ती में रहनेवाला।

Colonization - कॉल्'-आन्-इज्-ए'-शन् - *n.* the act or practice of colonizing. नई बस्ती बसाने का कार्य, उपनिवेशन।

Colonize - कॉल्'-आन्-इज् - *v. t.* to establish a colony. नई बस्ती बसाना; **Colonizer** (-अर्) - *n.* one who establishes a colony. नई बस्ती बसाने वाला व्यक्ति।

Colonnade - कॉल्' - आन् - एड्' - *n.* a series or range of columns, a row of trees. खम्भों या वृक्षों की पंक्ति।

Colony - कॉल्' - आन् - इ - *n.* (*pl.* **Colonies**) an independent city or state founded by emigrants, settlers in a new country. वासित प्रदेश, उपनिवेश, नई बस्ती।

Colophony - कॉल्'-आफ्'-आन्-इ - *n.* dark coloured resin. रजन, राल।

Coloration -कल्'-अर्-ए'-शन् - *n.* the art of colouring. रँगने की कला या कार्य।

Colorific - कल्'-अर्-इफ्'-इक - *adj.* able to give colour or tint to other, bodies. दूसरे पदार्थों में रंग लाने योग्य।

Colossal - कॉल् - आस्' - अल् - *adj.* huge, very large, gigantic. बड़ा, दीर्घकाय।

Colossus - कॉल् - आस्' - अस् - *n.* a gigantic statue. दीर्घकाय या बड़ी मूर्ति।

Colour - कल्'-अर् - *n.* a particular hue, appearance, pretence. (वर्ण) रङ्ग, आकृति, बहाना; **Colours** (*pl.*) a flag or standard. (ब.व.) झंडा, पताका; - *v. t.* to paint, to disguise. रँगना, छिपाना; **Complementary colours** (colours which when combined make white.) वे रंग जिनको मिलाने से सफेद रंग बन जाता है; **Primary or simple colours** (those that cannot make up white.) लाल, हरा तथा बैंगनी इत्यादि रङ्ग जो मिलकर सफेद रङ्ग नहीं बनाते; **Secondary colours** (mixture of two primary colours.) उक्त एक या अनेक रङ्गों का मेल; **To change colour** (to turn pale.) पीला पड़ जाना; **To come off with flying colours** (to become victorious.) विजयी होकर आना; **Under colour of** (on pretext of.) बहाने से; **Coloured** (-ड्) - *adj.* (having colour, of deep colour.) रँगा हुआ, गहरे रंग का।

Colour-bar - कलर् - बार् - *n.* a social distinc-

tion existing between people of different colours. गोरे और काले मनुष्यों का सामाजिक भेद; **Colour-blind** (-ब्लाइन्ड्) - *adj.* having an imperfect sense of distinguishing colour. आँख का रोगी जिसे रङ्ग स्पष्ट नहीं देख पड़ते।

Colouring - कल्'-अर्-इङ्ग् - *n.* a beautiful appearance, any thing used to give colour, manner of applying colours. सुन्दर आकृति, रङ्ग देने का सामान, रँगने का ढंग।

Colourist - कल्'-अर्-इस्ट् - *n.* a painter, one who colours. रङ्गसाज।

Colourless - कल्-अर्'-लेंस् - *adj.* without colour, transparent, impartial. बिना रङ्ग का, पारदर्शक, निष्पक्ष।

Colt - कोल्ट् - *n.* (*fem.* **Filly**.) the young of a horse, an inexperienced person, an automatic pistol. बछेड़ा, अनुभवहीन मनुष्य, अनेक गोलियों की अपने आप छूटनेवाली पिस्तौल।

Colter - कोल्ट्'-अर् - *n.* the cutting iron of a plough. हल का फार।

Column - कॉल् - अम् - *n.* a cylindrical pillar, support, mass, vertical division of a page, body of troops. स्तम्भ, खम्भा, आश्रय, परिमाण, पृष्ठ (पन्ने) का स्तम्भ, सेना की टुकड़ी; **Columnar** (नॉर्) - *adj.* like a column. स्तम्भ (खम्भे) के सदृश।

Coma - को' - मा - *n.* stupor, unnatural heavy sleep, lethargy, a tuft of soft silken hair over some seeds, the head of tree, the nebulous envelope round a comet. शिथिलता (सुस्ती), अप्राकृतिक निद्रा, आलस्य, कुछ बीजों के ऊपर के मुलायम रेशमी रेशों या बालों की चोटी, वृक्ष का सिरा, धूम्रकेतु के चतुर्दिक् धुँधला घेरा।

Co-mate - को' - मेंट् - *n.* a fellow mate or companion. साथी, सहचर।

Comb - कोम् - *n.* an instrument for arranging and cleaning hair, fleshy crest of fowl. कंघी, मुर्गे की चोटी; - *v. t.* to dress hair. कंघी करना, बाल सँवारना; **To comb out** (to separate.) अलग करना, अलगाना।

Combat - कम्' - बॉट् - *v. t.* to struggle, to contest, to fight. भिड़ना, लड़ाई करना; - *n.* a battle. युद्ध, समाघात, संग्राम; **Combatant** (-अन्ट्) - *n.* a fighter. लड़नेवाला, योद्धा।

Comber - कोम्' - अर् - *n.* one who combs, one who combs wool, a kind of fish. बाल सँवारनेवाला, ऊन को कंघे से साफ करनेवाला, एक प्रकार की मछली।

Combination - कॉम्'-बिन्-ए-शन् - *n.* union, collection. सन्धि (संयोग, संसर्ग), संचय, जुटाव; - *pl.* close-fitting undergarments reaching from shoulders to knees. (ब.व.) शरीर के ऊपरी तथा निचले भाग को ढँकने का एक वस्त्र।

Combine - कॉम्'-बाइन् - *v. t.* to join together, to unite. मिलाना, एक करना; - *v. i.* to co-operate. मिलना, जुट जाना।

Combiner - कॉम् - बिन् - अर् - *n.* he, who or that which combines. मिलानेवाला व्यक्ति या पदार्थ।

Combustible - कॉम्'-बस् - टी - बल् - *adj.* capable of being burnt, excitable. ज्वलनशील, उत्तेजक।

Combustion - कॉम् - बस् - चन् - *n.* destruction by fire. दाह, ज्वलन, दहन।

Come - कम् - *v. i.* (*p.t.* **Came**, *p.p.* **Come**.) to arrive to a point, to happen, to arrive at a certain state or condition, to appear. आना, होना, प्रकट होना, पहुँचना; **Come along** (make haste.) जल्दी करो; **Light come, light go** (what is easily won is easily lost.) सहज में मिला, सहज में गया; **To come about** (to happen.) घटना होना; **To come across** (to meet with.) भेंट करना; **To come at** (to arrive, to reach.) पहुँचना; **To come back** (to return.) वापस आना; **To come by** (to acquire.) प्राप्त करना; **To come down upon** (to punish.) दण्ड देना; **To come home to** (to affect deeply.) अधिक प्रभाव डालना; **To come in** (to enter.) प्रवेश करना; **To come in one's way** (to interrupt) विघ्न डालना; **To come into** (to acquire.) प्राप्त करना; **To come into sight** (to be visible.) दृष्टिगोचर होना; **To come off** (to be detached.) अलग होना; **To come out** (to be successful) सफल होना; **To come round** (to regain health.) चंगा होना; **To come short** (to fail.) असफल होना; **To come to a point** (to taper.) नोकीला होना; **To come to an end** (to terminate.) समाप्त होना; **To come to blows** (to quarrel.) लड़ जाना; **To come to light** (to be revealed.) प्रत्यक्ष होना; **To come to pass** (to happen.) घटना होना; **To come up** (to ascend) चढ़ना; **To come upon** (to make a sudden attack.) एकाएक आक्रमण करना; **Come what may** (whatever may happen.) जो चाहे सो हो; **Coming** (-इङ्ग्) - *adj.* of future. भविष्य का, आगामी।

Comedian - कॉम् - ए' - डी - अन्, **Comedist** (-डिस्ट्) - *ns.* the writer of a comedy. सुखान्त नाटक लिखनेवाला, हँसानेवाला।

Comedy - कॉम्' - इड् - इ - *n.* (*pl.* **Comedies** - डीज़्) a stage play with happy ending. सुखान्त नाटक।

Comeliness - कम्' - लि - नेंस् - *n.* attractiveness. सुन्दरता, खूबसूरती।

Comely - कम्' - लि - *adj.* pleasant to look at, graceful. सुन्दर, स्वरूपवान्।

Comer - कम्' - अर् - *n.* one who comes. आनेवाला।

Comet - कॉम्'-एट् - *n.* a heavenly body with a tail of light moving round the sun in eliptical course. पुच्छल तारा; **Cometary** (-अ-रि), **Cometic** (-एँ-टिक्) - *adjs.* pertaining to a comet. पुच्छल तारा सम्बन्धी।

Comfit - कम्' - फ़िट् - *n.* a sweetmeat, sugar-

plum, confection. मिठाई, लायचीदाना, मेवों की मिठाई।

Comfort - कम्'-फ़र्ट् - *n.* satisfaction, content, relief in a affliction, consolation. सन्तोष, सुख, आश्वासन; - *v. t.* to cheer, to soothe, to console. आनन्द देना, सान्त्वना देना, सुख देना; **Comfortable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* free from hardship, at ease. आनन्द या सुख देनेवाला, सुखी; **Comfortably** (-ऍब्-लि) - *adv.* in a comfortable manner. सुख से; **Comforter** (-अर्) - *adj. & n.* a woollen wrapper for the neck, one who comforts. ऊनी गुलूबन्द, सुखदायी, सन्तोष देनेवाला व्यक्ति; **Comfortless** (-लेंस्) - *adj.* without comfort. आनन्द रहित।

Comic - कॉम्' - इक् - *adj.* of a comedy, producing mirth, funny. हास्यकर, हँसी लानेवाला; **Comical** (-अल्) - *adj.* laughable, odd. हास्यजनक, ठिठोलिया; **Comically** (-अल्-लि) - *adv.* in a comical manner. हँसी से।

Coming - कम्' - इङ्ग् - *n.* approach. पहुँच; - *adj.* expected to come. आगामी।

Comity - कॉम्' - इट् - इ - *n.* courtesy, civility. शिष्टाचार, भलमनसी।

Comma - कॉम्'-आ - *n.* a punctuation mark (,). अंग्रेजी में छोटे विराम का चिह्न (,); **Inverted commas** (" ") (commas placed above the line to enclose a quotation.) दोहरे चिह्न जो किसी उक्ति के आरंभ और अन्त में लगाये जाते हैं (" ")।

Command - कॉम्' - आन्ड् - *v. t. & i.* to order, to have control over, to be supreme, to restrain, to have at disposal. आज्ञा देना, अधिकार रखना, शासन करना, अधिकार में लाना, अधीन करना; - *n.* order, bidding, exercise of authority, control. आज्ञा, अधिकार, शक्ति, प्रभुत्व; **At command** (available for use.) प्रयोग के लिए प्राप्त।

Commandant - कम्' - आण्ड् - ऑन्ट्' - *n.* the commanding officer of a fortress. किले का अधिकारी।

Commander - कम् - माण्ड्' - अर् - *n.* the commanding officer. आज्ञा देनेवाला अध्यक्ष, नायक; **Commander-in-chief** (one who has supreme command in the army.) सेना का सबसे बड़ा अफ़सर, जंगी लाट; **Commandership** (-अर्-शिप्) - *n.* office of a commander. जंगी लाट का पद।

Commandeer - कम् - ऑन्ड्' - इअर् - *n.* demand of a movable or immovable property for military purposes. युद्ध काल में फौजी काम के लिये किसी चल या अचल सम्पत्ति की माँग।

Commanding - कम् - आण्ड्' - इङ्ग् - *adj.* exalted, dignified. रोबदार।

Commandment - कम् - माण्ड्' - मेंन्ट् - *n.* command, precept. आज्ञा, उपदेश।

Commemorate - कम् - एम्' - ऑर - एट् - *v. t.* to celebrate, to preserve in memory. स्मरणार्थ उत्सव मनाना; **Commemoration** (-ए'-शन्) - *n.* celebration. स्मरणोत्सव; **In commemoration of** (in remembrance of.) स्मरणार्थ; **Commemorative.** (-टिव्) - *adj.* serving to commemorate. स्मरण दिलानेवाला।

Commence - कम्-एन्स्' - *v. t. & i.* to begin, to set up. आरम्भ करना, प्रवृत्त होना; **Commencement** (-मेंन्ट्) -*n.* beginning, origin. आरम्भ, उत्पत्ति।

Commend - कम्-एण्ड्' - *v. t.* to entrust, to praise. (अर्पण करना) सौंपना, प्रशंसा करना, स्तुति करना; **Commend me to** (remember me to.) कृपापूर्वक मेरी याद दिलाना।

Commendable - कम्'-एन्ड्-एब्ल् - *adj.* praiseworthy. प्रशंसनीय, स्तुति के योग्य; **Commendably** (-ऍब्-लि) - *adv.* in a commendable manner. प्रशंसापूर्वक; **Commendableness** (- नेंस्) - *n.* the state of being commendable. स्तुति की योग्यता; **Commendation** (-ए-शन्) - *n.* praise. स्तुति, प्रशंसा, सिफ़ारिश।

Commensal - कम्-एन्'-शल् - *adj. & n.* one who eats at the same table. एक ही पंगत (पंक्ति) में भोजन करनेवाला, सहभोजी।

Commensurable - कम्-एन्'-सर्-एब्ल् - *adj.* having a common measure, proportionate to. सपरिमाण, अनुरूप (तुल्य), सदृश; **Commensurableness** (- नेंस्) - *n.* proportion. अनुरूपता; **Commensurably** (-ऍब्-लि) - *adv.* in a common measure. एक ही परिमाण से।

Commensurate - कम्-एन्'-शर्-एट् - *adj.* coextensive. समान, तुल्य, बराबर; **Commensurately** (-लि) - *adv.* proportionately. समानानुपात से।

Comment - कम्' - एन्ट् - *n.* explanatory remarks, criticism, observation, illustration. टीका, व्याख्या, समालोचना, उदाहरण; - *v. t.* (-कम्-मेंन्ट्') to write explanatory notes. टीका लिखना, व्याख्या करना, आलोचना करना; **Commentary** (-अरि) - *n.* set of running comments on a book. टीका, टिप्पणी, भाष्य; **Commentation** (-ए'-शन्) - *n.* the making of comments. टिप्पणी करने की क्रिया; **Commentator** (-एट्'-अर्) - *n.* an annotator. टीका लिखनेवाला, भाष्यकार, विवरणकार।

Commerce - कॉम्' - मर्स् - *n.* exchange of merchandise. वाणिज्य, व्यवसाय, क्रय-विक्रय; **Commercial** (-मर्-शल्) - *adj.* pertaining to trade, mercantile. वाणिज्य सम्बन्धी; **Commercialist** (-इस्ट्) - *n.* one engaged in commerce. व्यवसायी; **Commercially** (-शॉल्-लि) - *adv.* in a commercial manner. व्यवसायिक रूप से।

Commingle - कॉम्-इन्'-गल् - *v. t. & i.* to mix or mingle together. मिश्रित करना, एकीभूत होना, मिलना।

Comminute - कॉम्' - मिन् - यूट् - *v. t.* to reduce to powder. बुकनी करना।

Commiserate - कम् - मिज़्' - अर् - एट् - *v. t.* to feel or show pity for. दया करना, करुणा दिखाना;

Commiseration (-ए'-शन्) - *n.* compassion. दया, कृपा; **Commiserative** (-एट्'-इव्) - *adj.* compassionate. दयालु।

Commissariat - कॉम्'-इस् - अर्' - इ - एट् - *n.* the department for the supply of provisions &c. to army. सेना को रसद पहुँचाने का दफ्तर, कमसरियट्।

Commissary - कॉम्' - इस् - अर् - इ - *n.* a deputy, an officer charged to supply provisions. डिपटी, रसद भेजनेवाला अफ़सर।

Commission - कॉम् - इश् - अन् - *n.* command, authority, warrant, conferring authority, percentage on an amount, a committee of enquiry. आज्ञा, अधिकार, आज्ञा-पत्र, दस्तूरी, आयुक्त; - *v. t.* to authorize. अधिकार देना, नियुक्त करना; **Commission-agent** - *n.* a merchant who buys or sells on a commission basis. अढतिया; **Commissioned** (-ड्) - *adj.* authorized. अधिकार दिया हुआ; **Commissioned officer** - *n.* an officer appointed by a commission. राजा से नियुक्त अधिकारी; **Commissioner** (-अर्) - *n.* one who is appointed by commission, supreme authority in a district. किसी कार्य सम्पादन के लिये नियुक्त किया हुआ अफ़सर, कई जिलों का हाकिम (कमिश्नर), आयुक्त।

Commissure - कॉम् - मि' - श्योर् - *n.* a place where two bodies unite. दो पदार्थों का मिलन-स्थल।

Commit - कम्'-इट् - *v. t.* (*p.t.* **Committed**) to entrust, to consign, to perpetrate a crime. समर्पण करना, सौंपना, अपराध करना; **To commit to memory** (to learn by heart.) रटना; **To commit to prison** (to send to jail.) जेलखाने भेजना; **Commitment** (- मेंन्ट्) - *n.* pledging, imprisonment. सौंपना, जेलखाने भेजना; **Committal** (-टल्) - *n.* act of committing. आत्मसमर्पण, जेलखाने जाना।

Committee - कम्-एट्'-इ - *n.* body of persons appointed to manage any business. समिति, नियुक्त पुरुष, सभा, पंचायत; **Select Committee.** प्रवर-समिति; **Standing Committee.** स्थायी समिति।

Commix - कॉम्'-इक्स् - *v. t. & i.* to mix together. साथ मिलाना या मिलना।

Commode - कॉम्-ओड्' - *n.* a chest of drawers, a night-stool, a tall head-dress for ladies, a procuress. दराजदार बक्स, मल-मूत्र त्याग करने का पात्र, औरतों की ऊँची टोपी, कुटनी।

Commodious - कॉम्-आड्-इ-अस् - *adj.* suitable, convenient. उपयुक्त, सुविधा का; **Commodiously** (-लि) - *adv.* conveniently. सुविधा से; **Commodiousness** (- नेस्) - *n.* suitableness. सुविधा।

Commodity - कॉम् - आड्' - इ - टि - *n.* (*pl.* **Commodities.**) an useful thing, an article of trade. उपयोगी वस्तु (सामग्री), द्रव्य (जिन्स), पण्य।

Common - कॉम् - अन् - *adj.* belonging equally to, general, public, of ordinary occurrence, vulgar. साधारण, सामान्य, सार्वलौकिक, ग्राम्य; - *n.* a land for public use. सर्वसामान्य का मैदान; **Common divisor** (the number which divides two or more numbers without a remainder.) समापवर्तक; **Common gender** (*i.e.* masculine or feminine.) उभयलिंग; **Common good** (public welfare.) सार्वजनिक कल्याण; **Common noun** (name applied to any one of a class) जातिवाचक संज्ञा; **Commonplace** - *adj.* (ordinary, trite.) सामान्य, तुच्छ; - *n.* (everyday subject.) प्रतिदिन का विषय; **Commonplace-book** - *n.* (a book in which things to be remembered are recorded.) याद करने योग्य बातें लिखने की पुस्तक; **Common seal** - सामान्य मुद्रा, सामान्य मुहर; **Common sense** (sound practical judgment.) व्यावहारिक ज्ञान, सामान्य बुद्धि; **Commonweal** (the public good.) सार्वजनिक कल्याण; **In common** (in joint use.) साझे का; **In common with** (in the same way as.) एक ही प्रकार से; **Out of the common** (uncommon, peculiar.) असामान्य।

Commonalty - कॉम्' - अन् - एल् - टी - *n.* body corporate, the common people. सर्वसामान्य, प्रजा लोग।

Commoner - कॉम् - अन् - अर् - *n.* one of the common people. सामान्य मनुष्य।

Commonly - कॉम्' - अन् - लि - *adv.* usually. साधारण रीति से, बहुधा, प्रायः।

Commons - कॉमन्ज़् -' *n.* (*pl.*) the common people. सर्वसामान्य; **House of Commons** (the Lower House in English Parliament.) अंग्रेज़ी संसद की सामान्य जनता की सभा।

Commonwealth - कॉम्' - अन् - वेॅल्थ् - *n.* the whole body of people in a state. किसी देश की सम्पूर्ण प्रजा, राष्ट्रमण्डल।

Commotion - कम्-ओ'-शन् - *n.* confusion, tumult, agitation, disturbance. क्षोभ, विप्लव, कलह, हलचल।

Commove - कॉम् - यूव्' - *v. t.* to excite, to agitate. उत्तेजित करना।

Communal - कॉम्' - यून् - अल् - *adj.* public, of the community. सर्वसाधारण, जातीय, जातिगत; **Communalism** (-इज़्म्) - *n.* government by local autonomy. सर्वसामान्य-शासित राज्यक्रम; **Communalist** (-इस्ट्) - *n.* a believer in communalism. इस सिद्धान्त का प्रचारक; **Communalize** (-आइज़्) - *v. t.* to make the property of local community. सम्पत्ति पर सबका समान अधिकार स्थिर करना।

Commune - कॉम्' - यून् - *v. t.* to hold intimate intercourse with. सम्भाषण करना, बातचीत करना; - *n.* a corporation, a small territorial district in France. संस्था, फ्रान्स का एक विभाग।

Communicable - कॉम् - यून' - इक् - एबल् - *adj.*

that can be communicated. प्रकाशित करने योग्य।

Communicant - कॉम् - यून' - इक् - ऑन्ट् - *n.* one who imparts or gives information. समाचार देनेवाला।

Communicate - कम् - यून' - इक् - एट् - *v. t. & i.* to impart, to transmit, to reveal, to hold intercourse with. कहना, देना, फैलाना, संचार करना, बातचीत करना।

Communication - कॉम्' - यून - इक् - ए' - शन् - *n.* act of imparting news &c., intercourse, information given, correspondence. कथन, व्यवहार, सन्देश (बातचीत), पत्र-व्यवहार, सूचना।

Communicative - कम् - यून' - इक् - आट् - इव - *adj.* open, not reserved, talkative. स्फुट, बकवादी; **Means of Communication** (ways of correspondence.) सन्देश-साधन; **Communicativeness** (- नेंस्) - *n.* talkativeness. बातूनीपन।

Communicator - कॉम्-यून'-इक्-ए-टर् - *n.* that which communicates, part of a telegraphic transmitter. सूचना देनेवाला, तारबर्की का एक यन्त्र।

Communion - कॉम्-यून'-इ-आन् - *n.* sharing, fellowship, participation in Lord's Supper. सम्पर्क, साथ, ईसा मसीह के स्मरणार्थ भोज; **Communionist** (-इस्ट्) - *n.* member of the same communion. एक संघ का सभासद।

Communique - कॉम्-यून'-इक्-ए - *n.* an official statement which is given to the press. सरकारी विज्ञप्ति।

Communism - कॉम्'-यून-इज़्म् - *n.* vesting of property in the community. सम्पत्ति का समाजीकरण, साम्यवाद।

Community - कॉम्-यून'-इ-टी - *n.* (*pl.* **Communities**) society, association, joint ownership, communion, fellowship. समुदाय, मण्डली, बिरादरी, जाति, लोकसमाज।

Commutable - कॉम्-यूट'-एबल् - *adj.* able to be exchanged. बदलने योग्य।

Commutation - कॉम्'-यू-टे'-शन् - *n.* exchange of one thing for another. परिवर्तन, विपर्यय, अदल-बदल, हेर-फेर।

Commutative - कॉम्-यू'-टाट्-इव - *adj.* relating to exchange, interchangeable. विनिमय संबंधी, परिवर्तन योग्य।

Commutator - कॉम्'-यू-टे'-टर् - *n.* an instrument for changing the course of an electrical current. बिजली की धारा का क्रम बदलने का यन्त्र।

Commute - कॉम्-यूट्' - *v. t.* to interchange or exchange. अदल-बदल करना।

Commutor - कम्-म्यूट्'-अर् - *n.* a season ticket holder. मौसम भर का टिकट रखनेवाला व्यक्ति।

Comose - को' - मोस् - *adj.* hairy. रोवेंदार।

Compact - कॉम्'-पेक्ट् - *n.* an agreement between parties, a treaty. सट्टा, सन्धि; - *v. t.* to join firmly. कसकर बाँधना, दृढ़ करना; - *adj.* condensed, dense, terse. अविरल, घना, ठोस; **Compactly** (-लि) - *adv.* in a compact manner. दृढ़ता से; **Compactness** (- नेंस्) - *n.* the state of being compact. घनता, दृढ़ता।

Compages - कॉम् - पां' - जेज़् - *n.* a framework or structure. ढाँचा।

Companion - कम् - पॉन्' - यन् - *n.* comrade, an associate or partner. सहचर, मित्र, सङ्गी, साथी; - *v. t.* to accompany. साथ देना; **Companion-in-arms** (fellow soldier.) साथी सिपाही; **Companionable** (-ऍ-ब्‌ल्) - *adj.* sociable. मित्रवत्, मिलनसार; **Companionship** (-शिप्) - *n.* fellowship. सङ्गति, संसर्ग।

Company - कम्' - पन् - इ - *n.* (*pl.* **Companies.**) companionship, number of persons assembled, a society, party of players. समागम, संसर्ग, जन-समूह, समवाय, सभा, मण्डल, खेलाड़ियों की टोली; **To bear (keep) company** (to accompany.) साथ देना।

Comparative - कम् - पा' - रेंट् - इव् - *adj.* estimated by comparison. तुलनात्मक।

Compare - कम् - पेंअर्' - *v. t. & i.* to liken, to estimate similarity of, to be like or equal. तुलना करना, उपमा करना, मिलाना, समान होना; - *n.* similitude, comparison. समानता।

Comparison - कम्-पा'-रिज़्-अन् - *n.* act of comparing, a simile, an illustration. तुलना, उपमा, सादृश्य।

Compart - कम्'-पार्ट् - *v. t.* to divide into compartments. भाग करना, टुकड़े करना; **Compartment** (- मेंन्ट्) - *n.* a separate part, partition of a railway carriage. विभाग, रेल का डब्बा।

Compass - कम्' - पस् - *n.* circuit, limit, range, an instrument consisting of a magnetised needle. परिधि, हद, विस्तार, दिक्सूचक, कुतुबनुमा; **Compasses** (-एँज़्) - *pl.* an instrument for describing a circle. परकाल; - *v. t.* to go round, to accomplish. घेरना, पूर्ण करना।



Mariner's Compass.

Compassion - कॉम्-पाश्'-अन् - *n.* pity. दया, (कृपा, करुणा); **Compassionate** (-इट्) - *adj.* sympathetic, merciful. कृपालु, दयालु, दयावान्; **Compassionately** (-इट्-लि) - *adv.* mercifully. दयालुता से।

Compatible - कॉम्- पॅट्'-इबल् - *adj.* consistent, able to co-exist, suitable, congruous. अविरुद्ध, योग्य; **Compatibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) - *n.* suitableness. योग्यता, अनुरूपता; **Compatibly** (-इब्-लि) - *adv.* suitably. अनुरूपता से।

Compatriot - कम्-पॅट्'-रि-अट् - *n.* a fellow countryman. एक ही देश का निवासी; **Compatriotic** (-इक्) - *adj.* pertaining to fellow-countrymen. एक ही देश के निवासियों (के रहनेवालों) का।

Compeer - कॉम्-पिअर्' - *n.* equal, comrade. समान, साथी, मेली (मित्र)।

Compel - कम्-पेल' - *v. t.* (*p.t.* **Compelled**) to constrain, to bring about by force, to oblige, to overpower. बलपूर्वक कोई कार्य करवाना, दबाव डालना, विवश करना, लाचार करना।

Compendious - कॉम् - पेंन्ड्' - इ - अस् - *adj.* concise, brief. संक्षिप्त (सारभूत), परिमित; **Compendiously** (-इ-अस्-लि) - *adv.* in brief, concisely. संक्षेप में; **Compendiousness** (-इ-अस्-नेस्) - *n.* conciseness. संक्षेप।

Compendium - कॉम् - पेंन्ड्' - इ - अम् - *n.* summary, abstract. संक्षेप (संग्रह), सार।

Compensate - कम्' - पेंन् - सेंट् - *v. i. & t.* to make up for, to make amends for, to recompense. पूरा करना, बदला देना, हरजाना देना (बराबर करना)।

Compensation - कॉम्' - पेंन् - सें - शन् - *n.* recompense, amends. पारितोषिक (शुल्क, प्रतिफल), प्रतिकर, क्षतिपूर्ति, हरजाना; **Compensation balance** (an appliance for neutralizing effects of temperature.) शीतोष्ण का प्रभाव न डालनेवाली जेबी घड़ी की फिरकी; **Compensational** (-अल्) - *adj.* pertaining to compensation. शुल्क सम्बन्धी।

Compensative - कॉम्' - पेंन् - से' - टिव्, **Compensatory** (-अर्-इ) - *adjs.* giving compensation. क्षतिपूरक।

Compensator - कॉम्' - पेंन् - सें - टर् - *n.* one who compensates. बदला देनेवाला, क्षति चुकानेवाला।

Compete - कम्'-पीट् - *v. t.* to rival, to vie with. स्पर्धा करना, बराबरी करना।

Competence - कॉम्' - पीट् - एन्स्, **Competency** (-टन्-सि) - *ns.* capacity, ability, fitness, suitableness, suifficiency. योग्यता, सामर्थ्य, शक्ति, गुण।

Competent - कॉम्' - पिट् - एन्ट् - *adj.* adequate, suitable, properly qualified, permissible. योग्य (उचित, पर्याप्त) निपुण; **Competently** (-लि) - *adv.* properly. योग्यता से।

Competition - कॉम्'-पिट्-इश्'-अन् - *n.* the act of competing. स्पर्धा, बराबरी, प्रतियोगिता।

Competitive - कॉम्-पिट्-इट्-इव् - *adj.* relating to or characterised by competition. बराबरी या स्पर्धा करने के कार्य से सम्बन्धित।

Competitor - कॉम्-पेट्'-इट्-आर् - *n.* (*fem.* **Competitrix** -रिक्स्) one who competes, a rival. प्रतिस्पर्धा या बराबरी करनेवाला।

Compilation - कॉम्'-पिल्-ए'-शन् - *n.* the act of compiling. संग्रह, सङ्कलन।

Compile - कॉम्'-पाइल् - *v. t.* to collect materials from various authors, to amass. सङ्कलित करना, संग्रह करना; **Compiler** (-अर्) - *n.* one who compiles. ग्रन्थ संग्रह करनेवाला, संकलनकर्ता।

Complacence (-cy) - कॉम् - प्लास'- एन्स् (-सि) - *ns.* pleasure, self-satisfaction, civility. आनन्द, सन्तोष, सज्जनता।

Complacent - कम् - प्लास' - एन्ट् - *adj.* self-satisfied. सन्तुष्ट; **Complacently** (-सेन्ट्-लि) - *adv.* in a complacent manner. आनन्दपूर्वक, सन्तोषपूर्वक।

Complain - कॉम्-प्लान्' - *v. i.* to express dissatisfaction, to state a grievance. असन्तोष प्रकट करना, शिकायत करना; **Complainant** (-आन्ट्) - *n.* a complainer, a sufferer, a plaintiff. प्रार्थी, अभियोगी, वादी (दावा करनेवाला)।

Complaint - कॉम्-प्लेण्ट' - *n.* expression of grief, formal accusation, a disease. दुःख का उद्गार, फरियाद, अभियोग, रोग।

Complaisance - कॉम्-प्लास्'-आन्स् - *n.* politeness, civility. शिष्टाचार, भलमन्सी।

Complaisant - कॉम् - प्लास्'-आन्ट् - *adj.* desirous or pleasing, obliging. अनुरोधी, आज्ञानुकूल; **Complaisantly** (-ज़ॉन्ट्-लि) - *adv.* obligingly. अनुरोध-सहित।

Complement - कॉम्'-प्लिम्-एन्ट् - *n.* that which completes, fullness. परिपूरक, सम्पूर्णता; (कॉम्-प्लि-मेन्ट्) - *v. t.* to complete. पूर्ण करना; **Complementary** (- मेंण्टरि) - *adj.* supplying a deficiency. कमी पूर्ण करनेवाला।

Complete - कॉम्-प्लीट्' - *adj.* entire, finished. पूर्ण, समाप्त; - *v. t.* to finish, to make whole, to accomplish. समाप्त करना, पूर्ण करना; **Completely** (-लि) - *adv.* entirely. पूर्ण रूप से; **Completeness** (- नेंस्) - *n.* the state of being complete. सम्पूर्णता, समाप्ति।

Completion - कम्-प्ली'-शन् - *n.* act of completing, fulfilment, accomplishment. सिद्धि, समाप्ति, पूर्ण परिणाम।

Complex - कॉम्' - प्लेक्स् - *adj.* consisting of parts, complicated, intricate. मिश्रित, संयुक्त, पेंचीला।

Complexion - कम्'-प्लेक्-शन् - *n.* natural colour, appearance of the face, character, temperament. रङ्ग-रूप, मुखराग, प्रकृति, स्वभाव।

Complexity - कॉम् - प्लेक्' - सि - टि - *n.* intricacy, complication. जटिलता, पेंचीलापन; **Complexly** - *adv.* in a complex manner. पेंचीलेपन से।

Compliance - कम् - प्लाइ' -ऑन्स् - *n.* consent, submission. स्वीकृति, आज्ञानुकूलता, आज्ञाकारिता, अनुपालन।

Compliant - कम् - प्लाइ' -ऑन्ट् - *adj.* yielding, obliging. सरल प्रकृति का, आज्ञाकारी, संकोची।

Complicacy - कम्'-प्लिक्-ए-सी - *n.* quality or state of being complicated, a complicated structure. जटिलता, पेंचीली बनावट।

Complicate - कॉम्'-प्लिक् - एट् - *v. t.* to mix up, to make complex or intricate. उलझाना, फँसाना।

Complicated - कॉम्' - प्लिक् - एट्' - एड् - *adj.* intricate, complex. गहन, जटिल, पेंचीला।

Complication - कॉम्' - प्लिक्' - ए - शन् - *n.* entangled condition. उलझन।

Compliment - कॉम् - प्लि - मेंन्ट् - *n.* polite expression of praise, praise, favour. अभिनन्दन के वचन (नमस्कार), प्रशंसा; - *v. t.* (- मेंन्ट्) to address with respect, to praise, to congratulate. नमस्कार करना, सराहना, बधाई देना; **Complimentary** (- मेंन्ट्-अर्-इ) - *adj.* expressive of praise. प्रशंसनीय।

Comply - कम् - प्लाइ' - *v. i.* (*p.t.* **Complied.**) to consent, to act in accordance with. स्वीकार करना, अनुरोध करना (मानना)।

Component - कॉम्'-पो-नेन्ट् - *adj.* forming part of a whole. साधक, अङ्गभूत, घटक, संघटक; **Component part** (constituent part.) अङ्ग, भाग।

Comport - कम्'-पोर्ट् - *v. i. & t.* to conduct, to agree, to behave, to accord. व्यवहार करना, सहमत होना; **To comport with** (to suit.) योग्य होना।

Compose - कम्-पोज़्' - *v. t.* to constitute, to construct in words, to set up types, to arrange, to tranquilize, to calm, to adjust. निर्माण करना (बनाना), रचना करना, टाइप बैठाना, शान्त करना, लिखना; **Composed** (-ड्) calm. शान्त; **Composedly** (-ड्-लि) - *adv.* in a composed manner. शान्त भाव से; **Composedness** (-ड् - नेंस्) - *n.* capability of being calm and quiet. शान्ति; **Composer** (-अर्) - *n.* one who composes, an author. टाइप बैठानेवाला, लेखक; **Composing** (-इङ्ग्) - *n.* the act of placing together. बैठाने की क्रिया; **Composing-stick** (a frame for setting types.) टाइप बैठाने का फ़र्मा।

Composite - कॉम्'-पोज़्-इट् - *adj.* made up of various parts. पृथक् विभागों से निर्मित; **Composite carriage** (a carriage with compartments of different classes.) एक ही गाड़ी में लगे हुए भिन्न दरजे के रेल के डिब्बे; **Compositeness** (- नेंस्) - *n.* the state of being composite. समष्टि, जुटाव।

Composition - कॉम् - पो - ज़िशन् - *n.* construction, literary production. बनावट, साहित्यिक रचना, लेख।

Compost - कॉम्' - पोस्ट् - *n.* a compound, manure, a mixture. यौगिक, खाद, मिलावट।

Composure - कॉम्-पो'-ज़र् - *n.* calmness, tranquillity. शान्ति।

Compote - कॉम्' - पोट् - *n.* fruit preserved in syrup. शर्बत में रक्षित फल।

Compound - कम्'-पाउण्ड् - *v. t. & i.* to mix, to combine, to settle, to come to terms. मिश्रित करना, मिलाना, सन्धि करना, सुलह कर लेना; - *n. & adj.* (कॉम्'-पाउण्ड) a mixture, an enclosure, combined. collective. मिलावट, बाड़ा, मिश्रित, समस्त; **Compound addition** (calculation of quantities of different denominations.) मिश्र जोड़; **Compound fracture** (breakage of a bone causing wounds in flesh.) हड्डी का ऐसा टूटना जब टूटी हड्डी की नोक दूसरा घाव कर देती है; **Compound interest** (interest added to the principal and bearing interest.) चक्रवृद्धि ब्याज; **Compound word** (two or more words joined together to form a single word.) संयुक्त पद।

Compoundable - कम-पाउन्ड्'-एबल् - *adj.* capable of being compounded or settled. सुलह करने योग्य।

Compounder - कम-पाउन्ड्'-अर् - *n.* one who compounds or mixes things. पदार्थों को मिलानेवाला, औषधि बनानेवाला।

Comprehend - कॉम्' - प्रि - हेंन्ड्' - *v. t.* to understand, to grasp mentally, to include. समझना, ग्रहण करना।

Comprehensible - कॉम् - प्रि - हेंन्स्' - इ - बल् - *adj.* capable of being understood. ग्राह्य, समझने योग्य; **Comprehensibility** (-बिल्-इट्-इ) - *n.* the state of being comprehended. ग्राह्यता।

Comprehension - कॉम् - प्रि - हेंन्' - शन् - *n.* faculty of understanding. ज्ञान, बुद्धि।

Comprehensive - कॉम् - प्रि - हेंन्स्' - इव् - *adj.* of understanding, extensive. समझने योग्य, विस्तृत; **Comprehensively** (-लि) - *adv.* in a comprehensive manner. समझ से, विस्तृत रूप में।

Compress - कॉम्-प्रेस्' - *v. t.* to press together, to squeeze. निचोड़ना, दबाना; - *n.* (कॉम्'-प्रेस्) a soft pad for compressing artery. खून बहना बन्द करने के लिये बाँधने की गद्दी; **Compressed** (-ड्) - *adj.* condensed into a small space. दबाया हुआ; **Compressible** (-इ-ब्ल्) - *adj.* squeezable. दबाने योग्य; **Compression** (- प्रेशन्) - *n.* state of being compressed. दबाव; **Compressive** (-इव्) - *adj.* having power to compress. दबाने योग्य; **Compressor** (-अर्) - *n.* that which compresses. दबानेवाला।

Comprise (-ze) - कॅम - प्राइज़्' - *v. t.* to include, to contain, to sum up. सम्मिलित करना (व्याप्त करना), मिलाना।

Compromise - कॉम्' - प्रो - माइज़् - *n.* mutual settlement of differences, adjustment. आपस का निबटारा, समझौता; - *v. t.* (-माइज़्') to settle dispute by mutual agreement. आपस में मिलकर झगड़ा तय करना।

Comprovincial - काम् - प्रॉ - विन्' - शल् - *adj.* of the same province. एक ही प्रदेश का।

Comptroller - कम्प् - ट्रोल्' - अर् - *n.* one who checks the accounts of a state by counterrolls. हिसाब-नियंत्रक; **Comptroller and Auditor-General** (the highest officer who checks accounts.) महालेखा परीक्षक, नियंत्रक।

Compulsion - कम्-पल्'-शन् - *n.* obligation, constraint. अनुरोध, दबाव।

Compulsive - कम्-पल्'-सिव् - *adj.* tending to compel. दबाव डालने योग्य; **Compulsively** (-लि) -*adj.* in a compulsive manner. दबाव से।

Compulsorily - कम्-पल्'-सर्-इ-ली - *adv.* in a compulsory or obligatory manner. अनुरोध से, बलात्, हठ से।

Compulsory - कम्-पल्-सर्-इ - *adv.* enforced, compelling. बाध्यकारी, अनिवार्य।

Compunction - कम्-पक्'-शन् - *n.* the pricking of conscience, regret. मनोव्यथा, पश्चात्ताप (खेद); **Compunctious** (-शस्) - *adj.* remorseful, repentant. अनुतापी, पश्चात्ताप करनेवाला।

Compurgation - काम् - पर् - 'गे' - शन् - *n.* the clearing from a charge, vindication. किसी दोष से मुक्त होना।

Computable - कम्-प्यूट्'-एब्ल् - *adj.* that may be calculated or reckoned. गणना करने योग्य।

Computation - कम्'-प्यू-टे'-शन् - *n.* estimate, reckoning. गणना, गिनती।

Computative - कम्' - प्यु -टेट्' - इव् - *adj.* capable of being reckoned or numbered. गणना करने योग्य।

Compute - कम् - प्यूट्' - *n.* to reckon, to number, to calculate. गणना करना, गिनना, लेखा करना; **Computer** (-अर्) -*n.* an electronic machine that performs high-speed mathematical calculations. संगणक (जटिल गणित समस्याओं को हल करनेवाला यंत्र)।

Comrade - कॉम्'-रेड् - *n.* a companion, an intimate associate. मित्र, साथी (सङ्गी); **Comradeship** (-शिप्) - *n.* friendship. मैत्री, दोस्ती।

Con - कॉन् - *v. t.* (*p.t.* **Conned**) to study carefully, to learn by heart. अच्छी तरह अध्ययन करना, कण्ठस्थ करना।

Conation - को - नें' - शन् - *n.* the effort of will-power. इच्छाशक्ति का प्रयत्न।

Conative - को - नां - टिव् - *adj.* pertaining to conation. क्रियात्मक।

Concatenate - कन्' - कॉट् - इन्' - एट् - *v. t.* to link together. संयुक्त करना, जोड़ना; **Concatenation** (-ए'-शन्) - *n.* series of links which are united together. जुड़ी हुई कड़ियों की जंजीर।

Concave - कॉन्' - केव् - *adj.* curved, hollow, vaulted or arched. नतोदर, खोखला; **Concavely** (-केव्-लि) - *adv.* in a concave manner. नतोदर रूप में; **Concavity** (-काव्-इट्-इ) - *n.* hollowness. खोखलापन, नतोदरता।

Concavo - कॉन् - कें - व्रो - *adv. in comb.* concavely. नतोदर रूप में; **Concavo-concave** (what is concave on both sides.) दोनों ओर नतोदर; **Concavo-convex** (concave on one side and convex on the other.) एक ओर उन्नतोदर तथा दूसरी ओर नतोदर।

Conceal - कन्-सील्' - *v. t.* to keep secred, to hide. छिपाना, गुप्त रखना; **Concealed** (-ड्) -*adj.* kept secret. गुप्त, गूढ़; **Concealment** (- मेंन्ट्) - *n.* secrecy, disguise. गोपन, छिपाव।

Concede - कन्-सीड्' - *v. t.* to allow, to admit. स्वीकार करना, अङ्गीकार करना।

Conceit - कन्-सीट्' - *n.* personal vanity, fanciful notion. अहङ्कार (घमण्ड), मिथ्या विचार; -*v. t.* to imagine. अनुमान करना; **Conceited** (-एँड्) - *adj.* vain, proud. घमण्डी, अभिमानी; **Conceitedly** (-एँड्-लि) - *adv.* in a conceited manner. अभिमान से, अहङ्कार से।

Conceivable - कन्-सीव्'-एबल् - *adj.* imaginable. विचारणीय।

Conceive - कन्-सीव्' - *v. t. & i.* to become pregnant, to imagine, to fancy, to think. गर्भ धारण करना, विचारना, अनुमान करना, ध्यान में लाना।

Concentrate - कॉन्' - सेन् - ट्रेट् - *v. t & i.* to bring to a common point or centre, to think intensely. एक केन्द्र में लाना, चित्त में एकाग्र करना; **Concentration** (-ट्रे'-शन्) - *n.* act of concentrating. चित्त की एकाग्रता, संकेन्द्रण, समाधि; **Concentrative** (-इव्) - *adj.* tending to concentrate. एकाग्रचित्त होनेवाला।

Concentre - कॉन्'-सेन्-टर् - *v. t. & i.* to come or bring to a common centre, to coincide. एक केन्द्र में होना या करना, ठीक बैठना।

Concentric - कॉन्-सेन्'-ट्रिक - *adj.* having a common centre. संकेन्द्र, एक केन्द्र का; **Concentrically** (-ट्रिक-अल्-लि) - *adv.* in concentric manner. एक केन्द्रीभूत होकर।

Concept - कॉन्' - सेप्ट् - *n.* general notion. सामान्य विचार, संकल्पना; **Conception** (-सेंप्-शन्) - *n.* formation of foetus, act of conceiving, idea. गर्भधारण (गर्भाधान), विचार, धारणा; Conceptive (-इव्) - *adj.* mentally conceiving. मन में धारण करनेवाला; **Conceptual** (-यू-अल्) - *adj.* pertaining to mental conception. मन की भावना सम्बन्धी।

Concern - कॉन् - सर्न - *n.* business, interest, anxiety, an object. व्यापार, अभिरुचि, चिन्ता, विषय; - *v. t.* to relate to, to affect, to interest oneself with. सम्बन्ध रखना, प्रभाव होना, रुचि होना; **Concerned** (-ड्) - *adj.* anxious. चिन्तित; **Concerning** (-इङ्ग्) - *prep.* about, in regard to. लिये, विषय में; **Concernment** (- मेंन्ट्) - *n.* affair, interest, importance. विषय, रुचि, महत्त्व।

Concert - कॉन् - सर्ट' - *n.* agreement, union, combination of sounds, musical entertainment. मेल, योग, एक ताल, संगीत; - *v. t.* (-सर्ट्') to arrange together, to adjust. क्रम में रखना; **Concert hall** (a hall for musical entertainment.) सङ्गीतशाला।

Concession - कॉन्-सेस'-अन् - *n.* act of conceding, a grant. सुविधा प्रदान, छूट, रियायत, अनुदान।

Concessive - कॉन् - सेस्' - इव - *adj.* expressing

or implying concession. अनुमोदन-सूचक, रियायती।

Conch - कॉङ्क् - *n.* the shell-fish, shell-trumpet, external ear. शंख (घोंघा, कौड़ी), कान का बाहरी भाग।

Conciliate - कॉन्-सिल्'-इ-एट् - *v. t.* to pacify, to win over, to reconcile. शान्त करना, सान्त्वना देना, मनाना; **Conciliation** (-एँ'-शन्) - *n.* act of conciliating. सान्त्वना, अनुरंजन; **Conciliative** (-इव्) - *adj.* reconciling. आराधना करने या मनाने योग्य; **Conciliatory** (-टरि) - *adj.* tending to conciliate. आराधक; **Conciliator** (-एँ'-टर्) -*n.* a person who conciliates. सान्त्वना देनेवाला, अनुरंजक।

Concinnity - कॉन्'-सिन्'-इ-टि - *n.* elegance, neatness. सुन्दरता, स्वच्छता, सफाई।

Concise - कॉन्-साइज्' - *adj.* brief or cut short in speech or style. संक्षिप्त, अल्प; **Concisely** (-लि) - *adv.* in a brief manner. संक्षेप में; **Conciseness** (- नेस्) - *n.* quality of being brief, terseness. अविस्तार, संक्षेप।

Concision - कॉन्-सिज़्'-अन् - *n.* same as Circumcision. मुसल्मानी, खतना।

Conclamation - कॉन् - क्लॅम् - एँ' - शन् - *n.* shouting of several persons together. एक साथ बहुत से मनुष्यों का चिल्लाना।

Conclave - कॉन्' - क्लेव् - *n.* meeting place, a private meeting or assembly. सभा-स्थान या भवन, गुप्त बैठक या सभा।

Conclude - कन् - क्लूड्' - *v. t. & i.* to bring to an end, to infer, to arrange, to resolve, to determine. समाप्त करना, अनुमान करना, क्रम में करना, निर्णय करना।

Concluding - कन्-क्लूड'-इङ्ग् - *adj.* final. अन्तिम, आखिरी।

Conclusion - कन् - क्लू' - ज़न् - *n.* termination, final result. समाप्ति (सिद्धि), परिणाम (अन्त); **In conclusion** (finally, in the end.) अन्ततोगत्वा, अन्त में।

Conclusive - कन् - क्लू' - सिव् - *adj.* decisive, convincing. निश्चित्, समर्थक; **Conclusively** (-सिव्-लि) - *adv.* in a convincing manner. निश्चय के साथ।

Concoct - कन् - कॉक्ट्' - *v. t.* to devise, to plot, to plan, to make up of mixed ingredients. रचना करना, षड्यंत्र रचना, काढ़ा (क्वाथ) बनाना; **Concoction** (-कॉक्'-शन्) - *n.* devising. रचना, पाक, काढ़ा।

Concolorous - कन् - कल'-रस् - *adj.* of uniform colour. समान (एकसा) रङ्ग का।

Concomitance (-cy) - कन् - कॉम्' - इट् - ऑन्स् (-सि) - *ns.* co-existence. समन्वय, समयोग; **Concomitant** (-ऑन्ट्) - *adj.* going together. सहगामी; **Concomitantly** (- ऑन्ट्-लि) - *adv.* in a co-existing manner. एक साथ।

Concord - कॉन्' - कॉर्ड् - *n.* agreement, harmony, treaty. एकता, संयोग, मेल; **Concordance** (- ऑन्स्) - *n.* agreement. एकता, सादृश्य; **Concordant** (- ऑन्ट्) - *adj.* suitable, harmonious. अनुरूप (सदृश), सुरीला; **Concordantly** (-ऑन्ट्-लि) - *adv.* harmoniously. एक सुर में।

Concourse - कॉन्' - कोर्स - *n.* a confluence, a crowd, an assembly. सङ्गम (समूह), भीड़-भाड़, मण्डली, संघ।

Concrescence - कन् - क्रस्' - इन्स् - *n.* a growing together. एक साथ उगना या बढ़ना, सह वृद्धि।

Concrete - कन् - क्रीट्' - *adj.* existing in material form, real. राशिभूत, साकार (इन्द्रियों से जानने योग्य); - *n.* a composition of gravel, cement &c. बरी चूने से बना हुआ मसाला; - *v. i. & t.* to unite into a mass, to solidify. राशिभूत होना, ठोस करना; **Concretely** (-लि) - *adv.* in a concrete manner. पदार्थ रूप में, साकार।

Concretion - कॉन् - क्री' - शन् - *n.* the state of being concrete, a mass of solid particles. संग्रंथन, ठोस पदार्थ।

Concubinage - कॉन् - क्यु' - बिन् - एज् - *n.* the state of being a concubine. वेश्यापन; **Concubinary** (-अ-रि) - *adj.* living in concubinage. वेश्या-गमन करनेवाला।

Concubine - कॉन्' - क्यु - बाइन् - *n.* a woman living with a man without marriage, a woman who cohabits without marriage. बिना विवाह के ही दूसरे पुरुष के साथ रहने तथा मैथुन करनेवाली स्त्री।

Conculcate - कॉन्' - कल् - केट्' - *v. t.* to trample under feet. पैरों से कुचलना।

Concur - कॉन् - कर्' - *v. i.* (*p.t.* **Concurred**.) to coincide, to meet at a point, to agree. एकत्र होना, समागम करना, मिलना; **Concurrence** (-एॅन्स्) - *n.* joint action, union, assent. संयुक्त कार्य, मेल, संगमन, सहमति; **Concurrent** (-रेन्ट्) -*adj.* existing together, agreeing. एकीभूत, सहमत; **Concurrently** (-रेन्ट्-लि) - *adv.* with concurrence. संयुक्त रूप में, एक साथ।

Concuss - कॉन् - कस्' - *v. t.* to shake violently. वेग से हिलाना; **Concussion** (-कशन्) - *n.* effect of a shock, agitation. धक्का, संक्षोभ (झटका)।

Condemn - कन्-डेम्' - *v. t.* to blame, to give judgement against, to doom. निन्दा करना, विरुद्ध निर्णय देना, अपराधी ठहराना; **To condemn to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड देना; **Condemnable** (- नें-बल्) - *adj.* blamable. दोषी ठहराने योग्य, दण्डनीय; **Condemnation** (- नें-शन्) - *n.* judicial conviction, the state of being condemned. अपराध का अदालती निर्णय, दण्ड; **Condemnatory** (- नें-टर्-इ) - *adj.* expressing condemnation. (वध योग्य), अपवादजनक; **Condemned** (-ड्) - *adj.* guilty. अपराधी।

Condensation - कन्'-डेन्-से -शन् - *n.* concen-

tration. संघनन, जमाव, गाढ़ापन।

Condense - कण्डेंन्स् - *v. t.* to compress, to concentrate, to reduce into a denser form. घना करना, गाढ़ा करना, जमाना; - *v. i.* to become dense. गाढ़ा होना; **Condensed** (-ड्) - *adj.* close, compressed. घना, संक्षिप्त; **Condenser** (-अर्) - *n.* an apparatus to condense vapour into liquid. भाप को द्रव में बदलने का यन्त्र, संघनक।

Condescend - कॉन्' - डि - सेंन्ड्' - *v. i.* to be kind, to stoop, to waive one's rank. कृपा करना, झुकना, पद कम करना; **Condescending** (-इङ्ग्) - *adj.* marked by condescension. अभिमान त्यागे हुए (विनीत); **Condescension** (-सेन्'-शन्) - *n.* patronizing manner. परिपोषकता, कृपा; **Condescendingly** (-इ-ङ्ग्-लि) - *adv.* in a condescending manner. कृपापूर्वक।

Condign - कॉन्-डिन्' - *adj.* adequate, merited, deserved. उचित (अनुरूप), योग्य; **Condignly** (-लि) - *adv.* according to dessert. योग्यतानुसार; **Condignness** (- नेंस्) - *n.* agreeableness, fitness. अनुरूपता, योग्यता।

Condiment - कॉन्' - डि - मेंन्ट् - *n.* seasoning used to give flavour to food, sauce. मसाला, छौंकनी, चटनी।

Condite - कॉन्' - डाइट्' - *v. t.* to preserve, to pickle. अचार, मुरब्बा इत्यादि बनाना।

Condition - कन्-डिश्'-अन् - *n.* state, position, attribute. अवस्था, स्थिति, गुण; - *v. t.* to make terms, to stipulate. शर्त लगाना; **Conditional** (-अल्) -*adj.* dependent. सप्रतिबन्ध, अधीन (आश्रित); **Conditionally** (-अलि) - *adv.* with certain limitations. कुछ शर्तों के अन्तर्गत; **Conditioned** (-ड्) - *adj.* having specified disposition, circumstanced. स्थिर अवस्था का, घटित; **Conditions of service** (conditions on which a man is employed.) सेवा की शर्तें।

Condolatory - कॉन्'-डाल्-ए'-टर-इ - *adj.* expressing grief for others. समवेदना प्रकट करनेवाला।

Condole - कन्'-डोल् - *v. i.* to express sympathy for. दुःख में सहानुभूति प्रकट करना; **Condolence** (एॅन्स) - *n.* expression of grief. शोक-प्रकाश, विलाप।

Condonation - कॉन् - डोन् - ए' - शन् - *n.* act of for giving, forgiveness. अपराध क्षमा करने का कार्य, क्षमा-प्रदान।

Condon - कन्-डोन्' - *v. t.* to forgive to pardon, to overlook. क्षमा करना।

Conduce - कन्-ड्यूस्' - *v. i.* to lead, to contribute. प्रवृत्त करना, उत्पादन करना; **Conducible** (-इ-ब्ल्), **Conducive** (-ड्यूस्-इव्) - *adjs.* promoting. बढ़ानेवाला (सहायक, उत्पादक); **Conduciveness** (-इव्- नेंस्) - *n.* the quality of conducing. उत्पादन, बढ़ती, प्रेरणा।


Conduct - कन्'-डक्ट् - *n.* guidance, behaviour, mode of action. निर्वाह, व्यवहार, चरित्र, आचरण; - *v. t.* (कॉन्-डक्ट्') to lead, to guide, to direct, to manage, to govern, to behave. मार्ग दिखाना, आचरण करना, प्रबन्ध करना, शासन करना, व्यवहार करना; **Conductibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) - *n.* capability of being conducted. प्रवाहकत्व, संचरणीयता।

Conductible - कन्-डक्ट्'-इ-ब्ल् - *adj.* what may be conducted. प्रवाह के योग्य; **Conduction** (-डक्'-शन्) - *n.* transmission. प्रवाहकत्व, संचालन; **Conductive** (-इव्) - *adj.* having transmitting power. प्रवाहक शक्ति का; **Conductivity** (-इव्-इट्-इ) - *n.* power of conducting. प्रवाहक या संचालक शक्ति।

Conductor - कन्-डक्'-टर् - (*fem.* **Conductress** -ट्रेंस्) - *n.* one who guides, medium for the transmission of electricity. नायक, नेता, प्रबन्धकर्त्ता, बिजली का संचालक; **Conductor of heat** (that which transmits heat.) उष्णता का प्रवाहक या संचालक।

Conduit - कॉन्' - डिट् - *n.* a pipe or channel for conveying liquids. जल-प्रणाली, पानी की मोरी।

Cone - कोन् - *n.* a solid circular figure tapering to a point. शंकु, नोकदार आकृति।


Cone.

Coney - कोनी - *n.* a kind of hare. एक प्रकार का खरगोश।

Confabulate - कॉन् - फ़ॉब - यु - लेंट्' - *v. i.* to chat. बकबक करना; **Confabulation** (- लें '-शन्) - *n.* a familiar talk. सामान्य बातचीत।

Confection - कॉन् - फ़ेंक्' - शन् - *n.* preserved sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा; **Confectioner** (-अर्) - *n.* one who makes or sells sweetmeats. हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला; **Confectionery** (-अ-रि) - *n.* sweetmeats in general. मिठाइयाँ।

Confederacy - कॉन्-फेड्'-अर्-ए-सि - *n.* alliance, conspiracy, a league. सन्धि, षड्यंत्र, मेल।

Confederate - कॉन्-फ़ेड्'-अर-एंट् - *n. & adj.* an ally allied. मित्र (सहायक, सहकारी), संयुक्त; - *v. t.* to bring into alliance. एकत्र करना, संघटन करना, संयुक्त करना; **Confederation** (-एं'-शन्) - *n.* an alliance, a league or compact. संघटन, मण्डल।

Confer - कॅन् - फ़र्' - *v. t. & i.* (*p.t.* **Conferred**) to grant, to bestow, to converse. देना (प्रतिपादन करना), सलाह करना, बात करना; **Conferrable** (-एॅ-ब्ल्) - *adj.* able to be conferred. देने योग्य; **Conferment** (मेंन्ट्) - *n.* bestowal. प्रतिपादन।

Conference - कॉन् - फ़र् - एॅन्स - *n.* consultation, assembly. संवाद (सम्भाषण, बातचीत), सम्मेलन; **Conferential** (-एॅन्-शल्), **Conferrable** (-एॅ-ब्ल्) - *adjs.* relating to a conference. सम्मेलन सम्बन्धी।

Conferring - कॉन् - फ़र्' - इङ्ग् - *n.* consultation, bestowal. विचार, प्रतिपादन।

Confess - कन् - फ़ेंस्' - *v. t. & i.* to acknowl-

edge, to declare one's sins. स्वीकार (अंगीकार) करना, पापों को कह देना; **Confessedly** (-स्ड्-लि) - *adv.* admittedly. स्वीकार करते हुए; **Confession** (- फ़ेशन्) - *n.* acknowledgement. स्वीकार (अंगीकार, प्रकाशन); **Confessor** (-सर्) - *n.* one who confesses. दोष स्वीकार करनेवाला।

Confetto - क़ॉन् - फ़ेंट्' - ओ - *n.* (*pl.* **Confetti**-टि) coloured paper thrown at wedding. विवाह के समय फेंके हुए रङ्गीन कागज के छोटे-छोटे टुकड़े।

Confidant - कॉन्'-फिड्-आन्ट्' - *n.* one who is entrusted with secrets. विश्वासपात्र, विश्वासी पुरुष।

Confide - कॉन्' - फ़ाइड् - *v. i. & t.* to trust, to impart secret to. विश्वास करना, श्रद्धा करना, प्रतीति करना, रहस्य कहना।

Confidence - कॉन्' - फ़िड् - ऍन्स् - *n.* firm belief, faith, expectation, boldness. दृढ़ विश्वास (निश्चय), आशा, साहस; **Want of confidence** (lack of confidence.) विश्वास का अभाव।

Confident - कॉन्' - फ़िड् - ऍन्ट् - *adj.* fully trusting, positive, bold. पूरा विश्वस्त, स्थिर, साहसी; **Confidently** (-लि) - *adv.* in a confident manner. निश्चय करके, निश्चित ढंग से।

Confiding - कॉन्'-फिड्'इङ्ग् -*adj.* credulous. विश्वस्त।

Confidential - कॉन् - फ़िड्' - ऍन् - शल् - *adj.* private, trustworthy. अन्तरंग, गुप्त, विश्वस्त; **Confidentially** (-लि) -*adv.* privately. गुप्त रूप से; **Confidently** (-लि) - *adv.* in a confident manner. निश्चय या विश्वासपूर्वक।

Configuration - कॅन् - फ़िग्' - यू - रें' - शन् - *n.* mode of arrangement, outline. आकार, रूप, मूर्ति, खाका, ढाँचा।

Configure - कॉन् - फ़िग्' - अर् - *v. t.* to give shape to. रूप या आकृति देना।

Confine - कॅन्' - फ़ाइन् - *n.* border-land. सीमा-प्रान्त; - *v. t. & i.* (-कॉन्-फ़ाइन्') to keep within limits, to imprison, to be in child-bed. सीमा प्रान्त में रहना, बन्द करना, क़ैद करना, सौरी में होना; **Confinement** (- मेंन्ट्) - *n.* imprisonment, restraint. बन्दीकरन, रोक।

Confirm - कन्-फर्म' - *v. t.* to ratify, to corroborate, to establish. दृढ़ करना (स्थिर करना), प्रमाणित करना, स्थापित करना; **Confirmation** (-ऍ-शन्) - *n.* corroboration, rite administered to a baptized person. प्रमाणीकरण, नामकरण संस्कार; **Confirmative** (-ऍट्-इव्) - *adj.* serving to confirm. दृढ़ करनेवाला; **Confirmatively** (-लि) - *adv.* in a confirming manner. दृढ़तापूर्वक; **Confermatory** (- ऍ-टरि) -*adj.* confirming, serving to confirm. स्थिर करनेवाला; **Confirmed** (-ड्) - *adj.* established, fixed. स्थिर।

Confiscable - कॉन्' - फ़िस् - के - बल् - *adj.* liable to forfeiture. अपहरण के योग्य।

Confiscate - कॉन्' - फ़िस् - केट् - *v. t.* to seize by authority. जब्त करना, राज्याधिकार में करना; **Confiscation** (-कें-शन्) - *n.* forfeiture. सर्वस्व अपहरण।

Conflagration - कॉन्' - फ़्लाग् - रे' - शन् - *n.* a great burning or destructive fire. बड़ी (प्रचण्ड) आग; **Forest conflagration** (burning of forest.) दावानल।

Conflation - कॉन्'- फ्लें - शन् - *n.* fusing together of two different readings or metals. भिन्न पाठान्तरों को मिलाना या धातुओं को एक साथ गलाना, सम्मिश्रण, संयोजन।

Conflict - कॉन्' - फ़्लिक्ट् - *n.* fight, struggle, contest. युद्ध, विरोध (कलह), झगड़ा; - *v. i.* (-फ़्लिक्ट्') to struggle. युद्ध करना, झगड़ना; **Conflicting** (-इङ्ग्) - *adj.* contradictory. विरुद्ध, परस्पर विरोधी; **Confliction** (-फ़्लिक्-शन्) - *n.* struggle. विवाद, कलह।

Confluence - कॉन्' - फ़्लू - अन्स् - *n.* a stream uniting with another, concourse. नदी का संगम।

Confluent - कॉन्' - फ़्लू - अन्ट् - *adj.* flowing together. एक साथ बहता हुआ।

Conflux - कॉन्' - फ़्लक्स् - *n.* a confluence, a crowd. सङ्गम, भीड़।

Conform - कॉन् - फार्म' - *v. t. & i.* to make similar, to adapt, to comply with, to obey. अनुरूप करना, समान करना, सहमत होना, आज्ञा मानना; **Conformability** (-ऍ-बि-लिटि) - *n.* condition of being adapted. समानता।

Conformable - कन्-फार्म'-ए-बल् -*adj.* agreeable, similar to, adopted. अनुरूप, समान, सदृश; **Conformably** (-एब्-लि) - *adv.* in a conformable manner. अनुसार, अनुरूपता से; **Conformation** (-ऍ'-शन्) - *n.* form, structure. आकार, रचना, बनावट।

Conformist - कॉन् - फ़ॉर्म्' - इस्ट् - *n.* one who conforms or complies with usages of the Church of England. इङ्गलैण्ड के गिरजाघर का अनुयायी।

Conformity - कॉन् - फ़ॉर्म्' - इट् - इ - *n.* likeness, congruity, compliance. अनुरूपता, समानता, आज्ञा पालन; **In conformity with** (according to.) अनुसार, अनुरूप।

Confound - कन्'-फ़ाउन्ड्' - *v. t.* to defeat, to put to perplexity, to mix up, to confuse, to throw into disorder. हराना, व्याकुल करना, मिलाना, घबड़ाना; **To confound by argument** (to put to silence in argument.) वाद-विवाद में मुँह बन्द कर देना; **Confounded** (-ऍड्) - *adj.* astonished. व्याकुल, चकित; **Confounding** (-इङ्ग्) - *adj.* doubtful. सन्देहजनक।

Confraternity - कॉन्' - फ्राट् - अर्न' - इ - टि - *n.* brotherhood. बन्धुत्व, भाईचारा।

Confront - कॉन्-फ्रन्ट्' - *v. t.* to meet face to face, to oppose, to compare. सम्मुख होना, सामना करना, मिलाना; **Confrontation** (-ऍ'-शन्) - *n.* act of bringing face to face. सम्मुख आगमन।

Confusable - कन्-फ्यूज़'-एबल् - *adj.* able to be confused. व्यग्र करने योग्य।

Confuse - कन्-फ़्यूज़्' - *v. t.* to throw into disor-

der, to disconcert, to abash, to perplex. व्याकुल करना (घबड़ाना), लज्जित करना, गड़बड़ करना।

Confused - कन् - फ़्यूज़्ड्' - *adj.* perplexed. सम्भ्रान्त, व्याकुल; **Confusedly** (-लि) - *adv.* in a confused manner. भ्रमपूर्वक, व्याकुलता से; **Confusedness** (- नेंस्) - *n.* perplexity. व्याकुलता, घबड़ाहट।

Confusion - कन्-फ्यू'-ज़न् - *n.* disorder, tumult. व्याकुलता, व्यग्रता (गड़बड़ी)।

Confutation - कन्'-फ्यू-टे'-शन् - *n.* act of confusing, refutation. खण्डन।

Confute - कन्-फ़्यू'ट् - *v. t.* to prove to be false, to disprove. झूठा सिद्ध करना, असिद्ध करना।

Conge - कॉन्-जे' -*n.* farewell. विदाई।

Congeal - कन् - जील्' - *v. t.* to freeze, to coagulate, to solidify. गाढ़ा करना, जमाना, **Congealable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* able to be congealed. जमाने योग्य; **Congealment** (- मेन्ट्) - *n.* quality of being congealed. जमाने की क्रिया।

Congelation - कॉन्-जेल्-ए'-शन् - *n.* congealed state. जमी हुई स्थिति।

Congener - कॉन्'-जेन-अर् - *adj.* akin, allied. सजाति, समान।

Congeneric - कॉन्'-जेन-इ'-रिक् - *adj.* of the same genus, origin or kind. एक ही जाति या प्रकार का।

Congenerous - कॅन् - जेंन्' - अर् - अस् - *adj.* of the same genus, kind or family. एक ही जाति या वंश का।

Congenial - कन् - जीन्' - इ - अल् - *adj.* of the same nature, kindred, sympathetic. समान प्रकृति का, सधर्मी (सदृश), सहानुभूति रखनेवाला; **Congenial to health** (agreeable to health.) स्वास्थ्यकर; **Congeniality** (-अल्-इट्-इ) - *n.* the state of being congenial. सधर्मता, अनुरूपता।

Congenital - कन् - जेंन्' - इट् - अल् - *adj.* existing from birth. साथ उत्पन्न हुआ, जन्मजात।

Congest - कन्-जेस्ट' - *v. i.* to accumulate to excess. अधिक परिमाण में सञ्चित (इकट्ठा) होना; **Congestion** (-जें-शन्) - *n.* abnormal accumulation of blood in any part of body. किसी अंग में रुधिर का अधिक सञ्चय।

Conglobate - कॉन् - ग्लोब् - ऍट् - *v. t.* to collect or form into a ball. गोली बनाना, एक पिण्ड करना।

Conglomerate - कन् - ग्लॉम्' - अर् - ऍट् - *adj.* gathered into a ball or mass. एक पिण्ड; **Conglomeration** (-ऍ'-शन्) - *n.* accumulation. पिण्ड भवन, एकीकरण।

Conglutinate - कॅन् - ग्लू' - टिन् - ऍट् - *v. t.* to stick together with glue. सरेस से चिपकाना या बैठाना; **Conglutination** (-ऍ'-शन्) - *n.* union. संयोग, संधि।

Congratulate - कॅन् - ग्रॉट्' - यू - लेंट् - *v. t.* to address with sympathetic joy. अभिनन्दन करना, धन्यवाद देना, बधाई देना; **Congratulation** (-लें'-शन्) - *n.* the act of rejoicing. अभिनन्दन, बधाई; **Congratulatory** (- लेंटरि) - *adj.* concerning congratulation. बधाई सूचक; **Congratulator** (- लें'-टर्) - *n.* one who expresses congratulation. बधाई देनेवाला।

Congregate - कॉङ्ग्' - ग्रि - गेट् - *v. t. & i.* to collect or gather together, to come together, to assemble. इकट्ठा करना, एकत्रित होना; **Congregation** (-गें-शन्) - *n.* a general assembly, an assemblage, a body assembled for religious worship. सभा (समाज), समुदाय, धार्मिक परिषद्; **Congregational** (-अल्) - *adj.* pertaining to an assembly. समुदाय-सम्बन्धी।

Congress - कॉङ्ग्' - ग्रेसं - *n.* assembly, national council. सभा (समाज), राजनीतिक संघ; **Congressite, Congressman** - *ns.* member of a congress. कांग्रेस का सभासद।

Congruence - कॉङ्ग्'-ग्रू-एन्स् - *adj.* agreement. अनुरूपता, सर्वांगसमता, सादृश्य।

Congruent - कॉङ्ग्-ग्रू-एन्ट् - *adj.* suitable,fit, agreeing. योग्य, अनुरूप।

Congruity - कॉङ्ग् - ग्रू' - इट् - इ - *n.* fitness, agreement. अनुकूलता, सादृश्य, अनुरूपता।

Congruous - कॉङ्ग्' - ग्रू - अस् - *adj.* suitable, fitting. अनुरूप, सदृश, योग्य; **Congruously** (-लि) - *adv.* in a consistent manner. अनुरूपता से।

Conic - कॉन्' - इक्, **Conical** -कॉन्'-इक्-अल् - *adjs.* of the shape of a cone. सूच्याकार, शंकव, गावदुम; **Conically** (-अल्-लि) - *adv.* like a cone. गावदुम की तरह, शंक्वाकार।

Coniferous - कॉन्-इफ्'-अर्-अस् - *adj.* cone-bearing. शंकुधारी।

Conjecturable - कॉन्'-ज़ेक्'-चर्-एब्ल् - *adj.* that may be guessed. कल्पनीय, तर्क के योग्य।

Conjectural - कॉन्-जेक्'-चर्-अल् - *adj.* imaginary. अनुमान योग्य; **Conjecturally** (-लि) - *adv.* in a conjectural manner. अनुमान से।

Conjecture - कन्'-जेक्'-चर - *n.* a guess, a surmise. तर्क, अनुमान (कल्पना), अटकल; - *v. i.* to surmise, to guess. तर्क से विचार करना, अनुमान करना, अटकल लगाना।

Conjoin - कन् - जॉइन्' - *v. t. & i.* to join together, to combine, to unite. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Conjoint** (-जॉइन्ट्) - *adj.* united, associated. जुटा हुआ; **Conjointly** (-लि) - *adv.* in a conjoint manner. परस्पर मिलकर, संयुक्त रूप में।

Conjugal - कॉन्' - जू - गल् - *adj.* pertaining to marriage. विवाह-सम्बन्धी; **Conjugal love** (affection of husband and wife.) दाम्पत्य प्रेम; **Conjugal fidelity** (strict morality among husband and wife.) सतीत्व, पतिव्रत-धर्म।

Conjugate - कॉन्' - जू - गेटें - *v. t. & i.* to inflect

verbs, to marry, to unite sexually. क्रियापद के रूप चलाना, विवाह करना, संभोग करना; - *adj.* joined together, derived from the same root. जुटा हुआ, एक ही क्रियापद से निकला हुआ; **Conjugation** (-गे'-शन्) - *n.* joining together, a verbal inflexion. परस्पर मिलन, संयोग, क्रियापद के रूप; **Conjugational** (-गे'-शनल्) - *adj.* relating to conjugation. क्रियापद के रूप से सम्बन्धित।

Conjunct - कॉन्' - जङ्क्ट् - *adj.* joined together, associated. संयुक्त, मिला हुआ; **Conjunctly** (-लि) - *adv.* in a conjunct manner. मिलाव से।

Conjunction - कन् - जङ्क्' - शन् - *n.* union, connection, assembly, (*gram.*) a joining word. योग, संसर्ग (सङ्गम), सभा, (व्या.) समुच्चय-बोधक अव्यय; **Conjunctional** (-अल्) - *adj.* relating to a conjunction. समुच्चय-बोधक अव्यय सम्बन्धी।

Conjunctiva - कॉन् - जङ्क् - टि-वा - *n.* the membrane which connects the inner eye-ball with the eyelid. आँख के भीतरी भाग की झिल्ली।

Conjunctive - कन्-जङ्क्-टि-व् - *adj.* serving to join. जोड़नेवाला; **Conjunctively** (-लि) - *adv.* in a conjunctive manner. जोड़ते हुए।

Conjuncture - कन् - जङ्क्ट्' - चर् - *n.* a combination of events, occasion, a crisis. संयोग, घटना, अवसर।

Conjuration - कन् - जूर् - ए - शन् - *n.* incantation, solemn appeal, magic spell. मन्त्र, शपथपूर्वक वचन, इन्द्रजाल।

Conjure - कन्'-जूर - *v. t.* to appeal solemnly. निष्ठापूर्वक अनुरोध करना।

Conjure - कन्'-जूर - *v. i.* to act by magical influence. जादू करना, मन्त्रवश करना; **Conjurer, Conjuror** (-अर्) - *ns.* a juggler, a magician. जादूगर, ओझा, मदारी, इन्द्रजाली।

Connate - कॉन्' - नेट् - *adj.* innate, born together. स्वाभाविक, एक साथ उत्पन्न, सहजात।

Connatural - कॉन् - नॉच् - अर् - अल् - *adj.* innate, of like nature, inherent. सहज, एक स्वभाव का, वंशगत।

Connect - कन्'-एक्ट् - *v. i. & t.* to join, to unite, to fasten together. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Connected** (-एँड्) - *adj.* joined together. सम्बद्ध, जुटा हुआ; **Connectedly** (-एँड्-लि) - *adv.* in a connected manner. जुटे हुए ढंग से; **Connectedness** (- एँड् - नेंस्) - *n.* unity. जुटाव, मेल; **Connecter, Connector** (-अर्) - *ns.* that which connects. जोड़नेवाला; **Connectible** (-इ-ब्ल्) - *adj.* able to be united. जोड़ने योग्य; **Connecting** (-इङ्ग्), **Connective** (-इव्) - *adjs.* tending to connect. जोड़नेवाला।

Connection, Connexion - कन् -एक'-शन् - *ns.* relation, union, intimacy. संयोजन, मेल, मिलाप; **To cut the connexion (to separate.)** पृथक् करना; **Hot water connexions** (personal connexions of someone.) व्यक्तिगत सम्बन्ध।

Conning tower - कॉन्'-इङ्ग्-टा-वर - *n.* an observation tower in a warship. युद्धपोत के निरीक्षण की बुर्जी।

Connivance - कॉन्-इव्'-ऑन्स् - *n.* act of winking at a fault, collusion. उपेक्षा, आनाकानी।

Connive - कनाइव्' - *v. t.* to wink at. आँख मारना, आनाकानी करना।

Connotate - कॉन्' - नो - टेंट् - *v. t.* to include in the meaning, to imply as a consequence. अर्थ सूचित करना, विशेषण को ध्यान में लाना; **Connotation** (-टे'-शन्) - *n.* inference. अनुमान **Connotative** (-एँटिव्) - *adj.* implying an addition. आधिक्य-सूचक; **Connotatively** (-लि) - *adv.* by way of connotation. अनुमान से।

Connote - कॉन् - ओट्' - *v. t.* to connotate, to imply. अर्थ सूचित करना।

Connubial - कॉन् - यू' - बि - अल् - *adj.* of marriage, conjugal. वैवाहिक, दम्पति-संबंधी; **Connubially** (-लि) - *adv.* conjugally. वैवाहिक रीति से।

Conquer - कॉङ्क्' - अर् - *v. t. & i.* to gain by conquest, to overcome, to subjugate. विजय करना, जीतना, पराजित करना, वश में करना; **Conquerable** (-एँ-ब्ल्) - *adj.* that may be overcome. जीतने योग्य; **Conqueror** (-अर्) - *n.* (*fem.* **Conqueress**) one who conquers, a victor. विजेता, विजयी, जीतनेवाला।

Conquest - कॉङ्' - क्वेस्ट् - *n.* subjugation of a country by arms, victory. बलपूर्वक किसी देश को अधीन करना, विजय।

Consanguine - कॉन् - सॉङ्ग् - ग्विन्' - *adj.* of the same blood. सगोत्र, सपिण्ड; **Consanguinity** (-इट्-इ) - *n.* relationship by blood. सगोत्रता।

Conscience - कॉन्' - शन्स् - *n.* moral sense of right and wrong. सद्विचार, बुद्धि, अन्तःकरण, सद्विवेक।

Conscientious - कॉन्'-शि-एन्'-शस् - *adj.* obedient to conscience, scrupulous. अन्तरात्मा के आदेशों को माननेवाला, शुद्धमति (न्यायवर्ती), पुण्यात्मा; **Conscientiously** (-लि) - *adv.* according to the dictates of conscience. शुद्ध अन्तःकरण से; **Conscientiousness** (- नेंस्) - *n.* scrupulous with regard to the dictates of conscience. पुण्यशीलता, अन्तःकरण की शुद्धता।

Conscious - कॉन्'-शस् - *adj.* aware, knowing. अभिज्ञ, सचेत; **Consciously** (लि) - *adv.* in a sensible manner. ज्ञानपूर्वक; **Consciousness** (- नेंस्) - *n.* awareness. ज्ञान, चेतना, बोध।

Conscribe - कान्-स्क्राब्' - *v. t.* to enlist for naval or military service by force. बलपूर्वक सेना में भरती करना।

Conscript - कॉन्'-स्क्रिप्ट - *n.* enrolled by conscription. सेना में बलपूर्वक भरती किया हुआ मनुष्य,

नई भरती; **Conscription** (-स्क्रिप्'-शन्) - *n.* compulsory enrolment for naval or military service. सेना में बलपूर्वक भरती करना।

Consecrate - कॉन्सि - क्रेट् - *v. t.* to set apart as sacred, to hallow, to sanctify. धार्मिक कार्य के लिए उत्सर्ग कर देना, पवित्र करना (संस्कार करना), प्रतिष्ठा करना; **Consecration** (-क्रे'-शन्) - *n.* dedication, sanctification. उत्सर्ग, पवित्रीकरण संस्कार; **Consecrator** (-अर्) - *n.* one who dedicates, one who sanctifies. उत्सर्ग करनेवाला, पवित्र करनेवाला।

Consecution - कॉन्'-सिक्-यू'-शन् - *n.* sequence of events. परम्परा, घटनाक्रम।

Consecutive - कॉन्-सेक'-यू-टिव् - *adj.* following in order. निरन्तर (लगातार), क्रमागत; **Consecutively** (-टिव्-लि) - *adv.* in a consecutive manner. यथाक्रम, क्रम से; **Consecutiveness** (- नेंस्) - *n.* the state of being consecutive. अनुपूर्वता।

Consensus - कॉन्-सेन'-शस् - *n.* agreement, unanimity. अनुकूलता, एकमत।

Consent - कॉन्-सेन्ट्' - *v. i.* to agree, to yield, to comply. सहमत होना, मान लेना, स्वीकार करना; - *n.* (-कॉन्'-सेन्ट्) compliance, permission. सम्मति, इच्छा; **Previous consent** (approval beforehand.) पूर्वसम्मति; **Silence gives consent.** चुप रहना स्वीकृति का चिह्न होता है; **With one consent** (unanimously.) एकमत होकर।

Consentient - कॉन्-सेन्'-शेन्ट् - *adj.* agreeing, concurrent. एकमत, एकचित्त।

Consentingly - कॉन्-सेन्ट्'-इङ्ग्-ली - *adv.* with consent. सम्मतिपूर्वक।

Consequence - कॉन्'सिक्-वेन्स् - *n.* result, importance, rank. फल, परिणाम, महिमा, प्रभाव; **In consequence of** (as a result of.) इस कारण से, इस हेतु से; **Of no consequence** (useless, of no avail.) निष्फल, निरर्थक, व्यर्थ।

Consequent - कॉन्' - सि - क्वेन्ट् - *n. & adj.* event that follows another, following as a natural effect. घटना-फल, अनुवर्ती, आनुषंगिक, अनुगामी; **Consequential** (-क्वेन्'-श्यल्) - *adj.* following as the effect. आनुषंगिक, अनुवर्ती; **Consequentiality** (-श्य-लिटि) - *n.* inference. अनुगमन; **Consequently** (-लि) - *adv.* as a result, in consequence. इस हेतु से, तदनुसार, अतः।

Conservancy -कन्-सर्व'-आन्-सि - *n.* official preservation. अधिकारिक संरक्षण, पालन।

Conservation - कन्'-सर्व-ए'-शन् - *n.* preservation. संरक्षण, सुरक्षित रखने का कार्य।

Conservative - कन्-सर्व-एट्-इव - *adj. & n.* preservative, moderate, disposed to maintain existing institutions. स्थितिपालक, परिवर्तन का विरोधी (नवविद्वेषी, सनातनी), लकीर का फकीर, रुढ़िवादी, नियम के बदलने का विरोध करनेवाला।

Conservator - कन्'-सर्-आट्'-अर् - *n.* one who preserves from injury. रक्षक, संरक्षक, पालक; **Conservatory** (-एट्-अरि) - *n.* a green-house. कोमल वनस्पतियों के रखने का रक्षागृह।

Conserve - कन्-सर्व' - *n.* a preserve of fruits, a jam. अचार, मुरब्बा; - *v. t.* to preserve. सुरक्षित रखना।

Consider - कन्-सिड्'-अर् - *v. t.* to contemplate, to reflect, to reckon, to be of opinion, to regard. समझना, तर्क करना, निरूपण करना, विचार करना, जानना; **Considerable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* notable, important, great. मान्य, अधिक, पूज्य, बड़ा; **Considerably** (-ऍब्'-लि) - *adv.* to a great extent. अति, अत्यन्त, बहुत, विशेष रूप से; **Considerate** (-एट्) - *adj.* thoughtful, regardful. विचारवान्, दूरदर्शी; **Considerately** (-एट्-ली) - *adv.* with consideration, thoughtfully, seriously. दूरदर्शिता से, विचारपूर्वक, गम्भीरता से; **Considerateness** (-एट् - नेंस्) - *n.* thoughtfulness. दूरदर्शिता।

Consideration - कन्-सिड्'-अर्-ए'-शन् - *n.* deliberation, meditation, compensation, reward, thoughtfulness for others. विचार-विमर्श, ध्यान, क्षति-पूर्ति, पुरस्कार, दूसरों के लिये विचार; **In consideration of** (in return of.) बदले में; **To take into consideration** (to consider.) विचार करना।

Considering -कन्-सिड्'-अर्-इङ्ग् - *prep.* in view of. विचार करते हुए, समझते हुए।

Consign - कन्-साइन्' - *v. t.* to hand over, to deliver, to transmit. सौंपना, देना (अर्पण करना), भेजना; **Consignable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* capable of being consigned. भेजने योग्य; **Consignation** (-सिग्-नें-शन्) - *n.* payment of money to authorized person. नियुक्त मनुष्य को रुपया देना; **Consignee** (-साइन-इ) - *n.* one to whom goods are sent. जिसके पास माल भेजा जाता है; **Consigner** (-साइन-अर्) (also **Consignor.**) - *ns.* sender. माल भेजनेवाला; **Consignment** (मेंन्ट्) - *n.* goods consigned. भेजा हुआ माल।

Consilient - कन्-सिल्'-इ-अन्ट - *adj.* accordant, agreeing. अनुरूप।

Consist - कन्-सिस्ट्' - *v. t.* to be composed of, to be comprised in. रहना, होना, मिलना; **Consistence** (-ऍन्स्), **Consistency** (-ऍन्'-सि) - *ns.* firmness, uniformity, solidity. दृढ़ता, अनुकूलता, घनता (गाढापन, स्थिरता); **Consistent** (-ऍन्ट्) - *adj.* compatible, firm. संगत, योग्य (अनुरूप), दृढ़; **Consistently** (-ऍन्ट्-लि) - *adv.* in a consistent manner. स्थिरता से, योग्यतानुसार।

Consociate - कॉन्' - सो - शि - ऍट् - *v. t.* to associate together. परस्पर मिलना; - *adj.* associated. मिला हुआ; **Consociation** (-ऍ'-शन्) - *n.* fellow ship. मिलाप, मित्रता।

Consolable - कन्-सोल्'-एब्ल् - *adj.* capable of being consoled. ढाढ़स देने योग्य।

Consolation - कन्'-साल्-ए'-शन् - *n.* act of con-

soling, comfort, solace. आश्वासन, धीरज, ढाढ़स।

Consolatory -कन्'-साल्-आट्-अर-इ - *adj.* tending to console. सान्त्वना देने की प्रवृत्ति वाला।

Console - कन्'-सोल्' - *v. t.* to comfort, to soothe, to cheer in distress. आश्वासन देना, ढाढ़स देना, शान्ति देना।

Consolidate - कन्-साल'-इड्-एट् - *v. i & t.* (*p.t.* **Consolidated**) to solidify, to strengthen, to combine into one. ठोस होना या करना, पुष्ट करना या होना, एक करना; **Consolidation** (-ऍ'-शन्) - *n.* uniting of several things into one. एकीकरण, चकबन्दी; **Consolidator** (-टर्) - *n.* one who consolidates. एकीकरण करनेवाला; **Consolidated Fund** (all revenue collected in one place.) संचित कोष।

Consonance - कॉन्'- सॉन्-एन्स् - *n.* agreement, harmony, concord. अविरोध, अनुरूपता, एकलय, मेल।

Consonant -कॉन्'- सॉन्'-एन्ट् - *adj.* harmonious agreeing in sound. अनुरूप, एक सुरवाला; - *n.* a letter which cannot be sounded without the help of a vowel. व्यंजन अक्षर; **Consonantal** (-अल्) - *adj.* of a consonant. व्यंजन अक्षर सम्बन्धी।

Consort - कॉन्'-सर्ट - *n.* husband or wife, companion. पति या पत्नी, संगी, साथी; - *v. t. & i.* to bring together, to associate, to join, to agree, to harmonize. संयुक्त करना, संगम करना, एकमत होना, एकलय में करना; **Prince-Consort** (husband of a reigning queen.) राज्य करनेवाली रानी का पति; **Queen-Consort** (king's wife.) रानी।

Conspecific - कॉन् - स्पेस् - इफ़्' - इक् - *adj.* of the same species. एक जाति का।

Conspectus - कॉन् - स्पेक्ट्' - अस् - *n.* general view, synopsis. सामान्य दृश्य, सारांश, रूपरेखा।

Conspicuity - कॉन् - स्पिक् - यू' - इट् - इ - *n.* clearness, prominence. स्पष्टता, विशिष्टता।

Conspicuous - कन् - स्पिक्' - यु - अस् - *adj.* clearly visible, remarkable. प्रत्यक्ष (स्पष्ट), उत्कृष्ट; **Conspicuously** (-लि) - *adv.* in a conspicuous manner. विशिष्ट रूप से, उत्कृष्टता से; **Conspicuousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being conspicuous. स्पष्टता, उत्कृष्टता।

Conspiracy - कॉन्-स्पी'-रे-सी - *n.* a plot. कपट-प्रबन्ध, षड्यन्त्र, बलवाइयों का गुट्ट।

Conspirator - कॉन्-स्पी'-रे-टर् - *n.* (*fem.* **Conspiratress.**) one who conspires. राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी।

Conspire - कॉन्-स्पाअर' - *v. t. & i.* to plot, to devise. कपट-प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना, योजना बनाना।

Conspue - कॉन् - स्प्यू' - *v. i.* to express hatred. घृणा दिखलाना।

Constable - कॉन्' - स्टे - बल् - *n.* a police officer, a policeman. पुलिस का सिपाही; **To outrun the constable** (to run into debt.) ऋणी होना।

Constabulary - कॉन् - स्टॅब' - यु - लॉ - रि - *n.* the organized body of constables. पुलिस के सिपाहियों का व्यवस्थित समूह।

Constancy - कॉन्'-स्टॅन्-स्-इ - *n.* firmness, endurance, unchangingness, faithfulness. दृढ़ता, सहिष्णुता, निश्चलता, निष्ठा।

Constant - कॉन्' - स्टॅन्ट् - *adj.* firm, resolute, faithful, permanent. स्थिर, अविरत, अचर, सतत, अचल, दृढ़, निश्चल (नित्य, निरन्तर)।

Constellate - कॉन्'-स्टिल-एट् - *v. t.* to form stars into fixed groups, to cluster together. तारा-समूह रचना, झुण्ड बनाना।

Constellation - कॉन्-स्टल्-ए-शन् - *n.* a number of fixed stars grouped together. नक्षत्रों का समूह, नक्षत्रमण्डल, तारामण्डल।

Consternate - कॉन् - स्टर् - नेट्' - *v. t.* to dismay. घबड़ा देना, विस्मित करना; **Consternation** (-नें'-शन्) - *n.* terror, astonishment. भय, व्याकुलता।

Constipate - कॉन्' - स्टिप् - एट् - *v. t.* to confine bowels, to make costive. अवरोध करना, कोष्ठबद्ध करना; **Constipation** (-ऍ-शन्) - *n.* costiveness. मल का अवरोध, कोष्ठबद्धता (कब्ज़)।

Constituency - कॉन् - स्टिट्' - यू - ऍन् - सि - *n.* a body of voters who elect a representative, an electorate. चुननेवालों का संघ, निर्वाचन - क्षेत्र; **Territorial Constituency** (regional electorate.) प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्र।

Constituent - कॉन् - स्टिट्' - यू - ऍन्ट् - *adj.* & *n.* composing, appointing, a component part, a voter. रचनेवाला, नियुक्त करनेवाला, मौलिक अंश, निर्वाचक।

Constitute - कॉन्' - स्टिट् - यूट् - *v. t.* to appoint, to establish, to make up. नियुक्त करना, स्थापित करना, निर्माण करना।

Constituted - कॉन् - स्टिट् - यूट्' - ऍड् - *adj.* appointed, intended. नियुक्त किया हुआ, वाञ्छित।

Constitution - कॉन्' - स्टिट् - यू - शन् - *n.* act of constituting, mental character, character of body, established form of government in a state, body of fundamental principles according to which a state is government. रचना (निर्माण, व्यवस्था), मानसिक अथवा शारीरिक प्रकृति, शासनक्रम, संविधान; **Constitutional** (-शन्-अल्) - *adj.* essential, of bodily or mental constitution. आवश्यक, प्रकृति या स्वभाव-सम्बन्धी; **Constitutionalism** (-इज़्म्) - *n.* the principles of constitution. व्यवस्थित शासन-पद्धति; **Constitutionalist** (-अल्-इस्ट्) - *n.* a supporter of a constitution. व्यवस्थित शासन-पद्धति का अनुयायी; **Constitutionally** (-अल्-लि) - *adv.* according to the constitution. व्यवस्थित शासनक्रम के अनुसार; **Constitutionalize** (-अल्-आइज़्) - *v. t.* to make constitutional. व्यवस्थित बनाना।

Constitutive - कॉन्' - स्टिट् - यूट् - इव् - *adj.*

essential formative. आवश्यक, संगठन सम्बन्धी; **Constitutively** (-लि) - *adv.* in a constitutive manner. संगठित रूप से; **Constitutor** (-टर्) - *n.* person who constitutes. व्यवस्थापक।

Constrain - कॉन्-स्ट्रेन' - *v. t.* to compel, to imprison. परवश करना, क़ैद करना; **Constrained** (-ड्) - *adj.* restrained, compelled. विवश, दबाया हुआ; **Constraint** (-ट्) - *n.* restraint, compulsion. रुकावट, विवशता।

Constrict - कॉन्-स्ट्रीक्ट्' - *v. t.* to compress, to contract. दबाना, सिकोड़ना; **Constriction** (-स्ट्रिक्'-शन्) - *n.* contraction. संकुचन, खिंचाव (दबाव); **Constrictive** (-इव्) - *adj.* tending to constrict. सिकोड़ने योग्य; **Constrictor** (-अर्) - *n.* a muscle that contracts. शरीर की वह पेशी जो किसी भाग को सिकोड़ती है।

Constringe - कॉन्-स्ट्रीन्ज्' - *v. t.* to draw together, to contract, to constrict. खींचना, सिकोड़ना; **Constringency** (-ऍन्'-सि) - *n.* contraction. सिकुड़न; **Constringent** (-ऍन्ट्) - *adj.* contractive. सिकोड़ने योग्य।

Construct - कॉन्-स्ट्रक्ट्' - *v. t.* to frame, to build, to draw. निर्माण करना, रचना करना (बनाना), खींचना; **Construction** (-स्ट्रक्'-शन्) - *n.* act of constructing, thing constructed. रचना (निर्माण, विधान), संरचना, बनावट; **Constructional** (-अल्) - *adj.* structural. रचना सम्बन्धी; **Constructive** (-इव्) - *adj.* formative, belonging to a building, virtual. बनानेवाली, बनावट (इमारत) सम्बन्धी, आवश्यक; **Constructively** (-इव्-लि) - *adv.* in a constructive manner. रचना-क्रम से; **Constructor** (-अर्) - *n.* one who constructs. बनानेवाला।

Construe - कॉन्-स्ट्रू' - *v. t.* to analyse, to translate, to explain, to interpret. परिच्छेद करना, व्याख्या करना, अर्थ करना, आशय कहना, अन्वय करना।

Consubstantial - कॉन्' - सब् - स्टॉन्-शल् - *adj.* of the same substance or essence. एक ही पदार्थ का, एक मूर्ति (शरीर); **Consubstantiality** (-इट्-इ) - *n.* sameness of nature. प्रकृति की समानता; **Consubstantiate** (-शि-एंट्) - *v. t.* to unite in one. एक मेल करना।

Consul - कॉन्' - सल् - *n.* the title of magistrates in Roman Republic, a state agent. रोम देश का मजिस्ट्रेट, एलची, वाणिज्य-दूत।

Consular - कॉन् - स्यूल' - अर् - *adj.* relating to consuls. एलची सम्बन्धी; **Consulate** (-एट्) - *n.* the office of a Consul. एलची का दफ़्तर।

Consult - कन्-सल्ट्' - *v. t. & i.* to seek information, to take into consideration, to ask advice of. सूचना प्राप्त करना, विचार करना, सम्मति लेना; **To consult one's pillow** (to reflect throughout the night.) रातभर विचार करना; **Consultable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* that may be consulted. विचारणीय; **Consultant** (-एन्ट्) - *n.* a person who gives expert advice. विशेषज्ञ, सलाह देनेवाला व्यक्ति, **Consulting** (-इङ्ग्) - *adj.* giving advice. सलाह देनेवाला; **Consultation** (-ए'-शन्) - *n.* act of consulting, conference. परामर्श, विचार, पञ्चायत; **Consultative** (-एट्-इव्) - *adj.* deliberative. चिन्तन योग्य।

Consume - कन्-ज्यूम' - *v. t. & i.* to make away with, to spend, to waste away. हटाना, व्यय करना, नष्ट करना; **Consumedly** (-ऍड्-लि) - *adv.* excessively. बहुतायत से; **Consumer** (-अर्) - *n.* one who consumes, a user. नियोजक, उपभोग करनेवाला, उपभोक्ता।

Consummate - कॉन्' - सम् - एंट् - *adj.* perfect, complete. पूर्ण, परम (उत्कृष्ट); - *v. t.* to perfect, to finish. पूर्ण करना, समाप्त करना; **Consummately** (-मेंट्-लि) - *adv.* perfectly. पूर्ण रीति से; **Consummation** (-में'-शन्) - *n.* perfection, goal, end. सिद्धि, समाप्ति, पूर्णता, लक्ष्य, अन्त; **Consummative** (-इव्) - *adj.* completing. पूर्ण करनेवाला।

Consumption - कन् - सम्प्' - शन् - *n.* act of using up, destruction, waste, a wasting disease. उपभोग, क्षय, नाश, यक्ष्मा (क्षय रोग); **Consumptive** (-सम्प्ट्'-इव्) - *adj.* affected with consumption, wasting. क्षय रोग से ग्रस्त, नाश करनेवाला।

Contact - कॉन्' - टॉक्ट् - *n.* condition of touching, close union. संस्पर्श, सम्पर्क, संयोग, लगाव; **To come into contact with** (to meet.) मिलना, टकराना; **To break contact** (to interrupt the current of electricity.) बिजली की धारा में रुकावट डालना।

Contact lens - कॉन्-टेक्ट्-लेन्स् - *n.* a thin lens fixed in the eye to correct visual defects. आँख में दृष्टि संशोधन के निमित्त लगा पतला ताल।

Contagion - कन्-टे'-जियन् - *n.* communication of a disease from one body to another. छूत का रोग, स्पर्श-संचारक व्याधि।

Contagious - कन्-टे'-जस् - *adj.* infectious. स्पर्श से रोग फैलानेवाली; **Contagiously** (-लि) - *adv.* in an infectious manner. स्पर्श से रोग फैलाते हुए; **Contagiousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being infectious. स्पर्श से रोग का फैलाव।

Contain - कन्-टेन' - *v. t.* to comprise, to include, to be equal to, to enclose, to keep from moving. रखना, धरना, बराबर होना, लपेटना, गति रोकना; **Containable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* that may be contained. धरने योग्य।

Container - कन-टेन्-अर् - *n.* receptacle. धारक।

Contaminate - कन् - टॉम्' - इन - एट् - *v. t.* to pollute, to corrupt. दूषित करना (भ्रष्ट करना), अपवित्र या कलङ्कित करना; **Contamination** (-ए-शन्) - *n.* pollution, defilement. भ्रष्टता, अपवित्रता।

Contemn - कॉन्'-टेम् - *v. t.* to despise, to disregard. घृणा करना, अनादर करना (उपेक्षा करना); **Contemner** (-नर्) - *n.* a despiser. घृणा या तिरस्कार

करनेवाला।

Contemplate - कॉन् - टॅम् - प्लेट् - *v. t. & i.* to anticipate, to intend, to meditate. मनन करना, चिन्तन करना, विचार करना; **Contemplation** (-प्लें'-शन्) - *n.* meditation. ध्यान, चिन्ता, भावना, आलोचना; **Contemplative** (-टिव्) - *adj.* thoughtful, meditative. ध्यान में लीन, चिन्ता में लगा हुआ; **Contemplatively** (-टिव् - लि) - *adv.* meditatively. ध्यानपूर्वक; **Contemplativeness** (-टिव् - नॅस्) - *n.* the quality of being contemplative. ध्यानावस्था; **Contemplator** (-प्लें - टर्) - *n.* one who contemplates or meditates. विचार या चिन्ता करनेवाला।

Contemporaneity -कन्-टेम्'-पोर-आन्-इ'-अ-टि - *n.* contemporariness. समकालीनता, एक ही समय का होना, समसामयिकता।

Contemporaneous - कन्-टेम्'-पर्-ए'-नि-अस् - *adj.* existing, happening or being at the same time. समकालीन, एक ही समय का; **Contemporaneously** (-लि) - *adv.* at the same time with other events. एक ही समय में होते हुए; **Contemporaneousness** (-ऍन्'-इ-अस्- नॅस्) - *n.* state of being contemporary. समकालीनता।

Contemporary - कन्-टेम्'-पर-अर्-इ - *adj. & n.* belonging to or living at the same time, equal in age. समकालिक (एक काल का), समवयस्क; **Contemporize** (-आइज़्) - *v. t.* to cause to agree in time. समकालीन बनाना।

Contempt - कॉन् - टेम्प्ट्' - *n.* case of despising, disdain, scorn. तिरस्कार, अनादर, अपमान, घृणा, उपेक्षा; **Contemptibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) - *n.* state of being contemptible. अनादरत्व; **Contemptible** (-इ-ब्ल्) - *adj.* worthy of contempt, despicable. घृणा के योग्य; **Contemptibleness** (-इ-ब्ल्-नॅस्) - *n.* disdain. तिरस्कार; **Contemptibly** (-इब्-लि) - *adv.* in a contemptible manner. तिरस्कार से।

Contemptuous - कन् - टॅम्प्ट्' - यू - अस् - *adj.* scornful, insolent. घृणित, तिरस्कार-युक्त; **Contemptuously** (-लि) - *adv.* with contempt. तिरस्कार या घृणा से; **Contemptuousness** (- नॅस्) - *n.* scornfulness. तिरस्कार, घृणा।

Contend - कॉन्'-टेन्ड् - *v. i. & t.* to strive, to compete, to argue, to maintain. विवाद करना, स्पर्धा करना, तर्क करना, हठ करना; **Contender** (-अर्) - *n.* a combatant, a champion. विवाद करनेवाला, योद्धा; **Contending** (-इङ्ग्) - *adj.* opposing, struggling. विरोध करनेवाला, संघर्ष करनेवाला।

Content - कन्-टेन्ट्' - *adj.* satisfied. सन्तुष्ट, प्रसन्न; - *v. t. & i.* to satisfy, to be satisfied. सन्तुष्ट करना, सन्तुष्ट या प्रसन्न होना; (-कॉन्'-टॅन्ट्) - *n.* satisfaction, capacity or volume. सन्तोष, तृप्ति, समाई, घन परिमाण; - *n. pl.* the summary or subject matter of a book. किसी पुस्तक की विषय-सूची; **Contentation** (-ए'-शन्) - *n.* satisfaction. सन्तोष; **Contented** (-ऍड्) - *adj.* satisfied. सन्तुष्ट; **Contentedly** (-ऍड्-लि) - *adv.* in a contented manner. सन्तोष से; **Contentedness** (-ऍड्- नॅस्) - *n.* satisfaction. सन्तोष; **Contentment** (- मॅन्ट्) - *n.* gratification, acquiescence. सन्तोष, तृप्ति।

Contention - कॉन्-टेन'-शन् - *n.* dispute, strife, quarrel, controversy. विवाद, कलह, वाग्युद्ध; **Bone of contention** (object of quarrel.) विवाद का विषय, विवाद की वस्तु।

Contentious - कॉन्-टेन'-शस् - *adj.* quarrelsome, given to strife. विरोधी, कलहप्रिय; **Contentiously** (-लि) - *adv.* in a contentious manner. विरोध से; **Contentiousness** (- नॅस्) - *n.* quarrelsomeness. विरोध, झगड़ा।

Conterminal - कॉन्-टर्'-मिन्-अल्, **Conterminous** (अस्) (also **conterminate**.) - *adjs.* having a common boundary. एक ही सीमावाला।

Contest - कॉन्'-टेस्ट् - *n.* debate, strife, controversy. कलह, विवाद, वाग्युद्ध; - *v. t. & i.*.(कॉन्'-टेस्ट्) to debate, to dispute. विवाद करना, झगड़ना; **Contestable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* controversial. विवाद योग्य; **Contestant** (-ऑन्ट्) - *n.* one who debates or contests. प्रतियोगी, विवाद करनेवाला; **Contestation** (-ए'-शन्) - *n.* strife, dispute. विवाद, झगड़ा।

Context - कॉन्' - टॅक्स्ट् - *n.* the parts that precede or follow a passage and fix its meaning. सन्दर्भ, प्रकरण, प्रसङ्ग; **Contexture** (- टॅक्स्ट्'-यूर्) - *n.* structure, composition. रचना, बनावट।

Contiguity - कन् - टिग् - यू - इट् - इ - *n.* contact, nearness. सम्पर्क, समीपता; **Contiguous** (-अस्) - *adj.* neighbouring, adjoining. पास या पड़ोस का, मिला हुआ; **Contiguously** (-अस्-लि) - *adv.* in a manner so as to adjoin. समीप रहते या मिलाते हुए।

Continence - कॉन्' - टिन् - ऍन्स् - *n.* restraint of passions, self-command, temperateness, chastity. संयम, आत्मनियंत्रण, इन्द्रिय-दमन, अव्यभिचार।

Continency - कॉन्' - टिन् - ऍन्स् - इ - *n.* restraint upon desires. आत्मसंयम।

Continent - कॉन्' - टिन् - ऍन्ट् - *n.* a mainland, main continuous body of land. महाद्वीप; - *adj.* temperate, chaste. जितेन्द्रिय, संयमी; **Continental** (-अल्) - *adj.* pertaining to a continent. महाद्वीप सम्बन्धी।

Continently - कॉन्' - टिन् - ऍन्ट् - लि - *adv.* moderately, temperately, chastely. संयम से, नियम से।

Contingency - कन् - टिन्' - जेंन् - सि - *n.* a fortuitous event. आकस्मिक घटना।

Contingent - कन् - टिन्' - जेंन्ट् - *adj.* accidental, non-essential. संदिग्ध, अनिश्चित; - *n.* force

contributed to form part of army. सेना-दल; **Contingently** (-लि) - *adv.* in a contingent manner. अनिश्चित रूप से।

Continual - कन्-टिन्'-यू-अल् - *adj.* without interruption, incessant. सतत, निरन्तर; **Continually** (-लि) - *adv.* without cessation, uninterruptedly. निरन्तर।

Continuance - कन्-टिन्'-यू-आन्स् - *n.* persistence, duration, continuity. स्थिरता, नित्यता, निरन्तरता।

Continuation - कन्-टिन्'-यू-ए'-शन् - *n.* carrying on, extension. क्रम, विस्तार।

Continuator - कन्-टिन्'-यू-आट्-अर् - *adj.* one who writes in continuation of another's work. दूसरे की लिखी किसी अपूर्ण पुस्तक को समाप्त करनेवाला।

Continue - कन् - टिन्' - यू - *v. i & t.* to last, to persevere, to prolong, to let remain. ठहरना, दृढ़ होना, जारी करना, प्रवृत्त होना; **Continued** (-ड्) extended. विस्तृत; **Continuing** (-इङ्ग्) - *adj.* permanent. स्थायी।

Continuity - कन्-टिन्'-इयु'-टि - *n.* state of being continuous, cohesion. निरन्तर होने की अवस्था, निरन्तरता, अविच्छिन्नता।

Continuous - कन्-टिन्-यू-अस् - *adj.* frequent, uninterrupted. प्रायः, सतत (निरन्तर), अप्रतिहत, अद्यतन, लगातार; **Continuously** (-अस्-लि) - *adv.* incessantly, in a continuous way or manner. नित्य, सर्वदा, अनवरत, निरन्तर।

Contort - कन्- टॉर्ट् - *v. t.* to twist, to distort. ऐंठना, टेढ़ा करना; **Contortion** (-टॉर्शन्) - *n.* distortion. ऐंठन, मरोड़।

Contour - कॉन्' - टूर् - *n.* an outline of coast, mountain &c. पर्वत, समुद्र-तट इत्यादि की परिधि की रेखा, समोच्च रेखा।

Contra - कॉन्' - ट्रा - *pref.* in the sense of 'against'. 'विमुख, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग।

Contraband - कॉन्'-ट्रा- बॉन्ड् - *adj.* prohibited, smuggled, forbidden to be exported or imported. प्रतिषिद्ध, देश से बाहर भेजने या देश में मँगाने का निषेध, प्रतिषिद्ध वस्तु।

Contraception - कॉन्-ट्रा-सेप्'-शन् - *n.* prevention of conception. गर्भ धारण न करना, गर्भ अवरोध।

Contraceptive - कॉन्'- ट्रा - सेप्ट' - इव् - *adj.* preventive of or hindering conception. गर्भ न धारण करने का, गर्भनिरोधी।

Covering - कव्' - अर् - इङ्ग् - *n.* anything which covers, a cover. ढकना, ओढ़ना, चदरा।

Coverlet - कव् - अर् - लिट् - *n.* a covering, a bedcover. ओढ़ना, चदरा।

Covert - कव्'-अर्ट - *adj.* covered, secret, disguised. ढँका हुआ, गूढ़, गुप्त (प्रच्छन्न); - *n.* a shelter, a thicket, a hiding-place. आश्रयस्थान, झाड़ी, छिपने का स्थान; **Coverture** (-अर्-चर्) - *n.* a cover, a shelter, a defence. आच्छादन, शरणस्थान।

Covet - कव्' - इट्' - *v. t.* to desire eagerly. लोभ करना, लालच करना; **Covetable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* that may be coveted. लालच के योग्य; **Coveted** (-ऍड्) - *adj.* earnestly desired. अति उत्सुक; **Cov-**

etous (अस्) - *adj.* very desirous, greedy. लोलुप, लालची; **Covetously** (-अस्-लि) - *adv.* greedily. लालच से; **Covetousness** (-अस् - नेंस्) - *n.* greed, cupidity. लालच (लोभ), लालसा, कामुकता।

Covey - कव्'-इ - *n.* a brood or hatch of partridges. तीतरों का झुण्ड।

Cow - काउ - *n.* (*mas.* **Bull**, *pl.* **Cows** or **Kine.**) the female of a bull. गाय, धेनु, गौ; **Cow-dung**. गोमय, गोबर; **Cow-herd** (one who tends cows.) अहीर, चरवाहा; **Cow-pen**. गोशाला।

Cow - काउ - *v. t.* to subdue, to impress with fear. त्रस्त करना, डराना।

Coward - कॉव्-अर्ड् - *adj.* timid, faint-hearted. भीरु (कातर), डरपोक; **Cowardice** (-इस्) - *n.* want of courage. भीरुता, कातरता; **Cowardliness** (-लि - नेंस्) - *n.* the state of being cowardly. भीरुता; **Cowardly** (-लि) - *adj. & adv.* without courage, timidly. कातर, भीरुता से।

Cow-catcher - काउ' - कॉच् - अर् - *n.* a triangular grating fitted in front of a locomotive to prevent an object passing under the wheels. रेल के इंजिन के आगे लगा हुआ साधन जो किसी वस्तु को उसके पहियों के नीचे जाने से रोकता है।

Cowed - काउड् - *adj.* intimidated. त्रस्त।

Cower - काउ'-अर् -*v. i.* to stand in a bent position, to crouch from fear. दबकना, भय से सिकुड़ना।

Cowl - काउल् - *n.* a monk's hooded garment, hood-shaped covering, a tub for water. वैरागी का टोप, फन की आकृति का ढपना, पानी की कठवत; **Cowled** (-ड्) - *adj.* hooded. ढकनेदार।

Cow-pox - काउ' - पॉक्स् - *n.* a disease which appears on the udder of cows. गौ के थन पर निकलनेवाली शीतला।

Co-worker - को - वर्क्' - अर् - *n.* one who works with another. दूसरे के साथ काम करनेवाला, सहकर्मी।

Cowrie - काउ' - रि - *n.* a shell used as money. कपर्दिका, कौड़ी।

Cowslip - काउ' - स्लिप् - *n.* a wild plant which bears fragrant yellow flowers. पीले सुगन्धित पुष्प का पौधा, सेवती।

Coxcomb - कॉक्स्' - कोम् - *n.* a conceited showy person, a fop. दम्भी, आत्माभिमानी मनुष्य; **Coxcombry** (-रि) - *n.* vain show. दर्प, गर्व, घमण्ड।

Coy - कॉय् - *adj.* modest, bashful, shy, retiring. विनीत, लज्जावान् (संकोची), अल्पभाषी; - *v. t. & i.* to caress, to disdain, to affect coyness. लाड़ प्यार करना, घृणा करना, लज्जा का बहाना करना या लज्जा दिखाना; **Coyly** (-लि) - *adv.* in a shy manner. लज्जासहित; **Coyness** (- नेंस्) - modesty. लज्जा।

Coze - कोज़् - *v. i.* to have a chat. बकबक करना, बकवाद करना।

Cozen - कज़्' - न् - *v. i.* to cheat, to defraud. धोखा देना (छलना), ठगना।

Cozy - को - ज़ि - *adj.* comfortable. सुखकर।

Crab - क्रॅब् - *n.* a kind of ten-footed crustacean, a zodiacal constellation, a machine for hoisting heavy weights, a wild bitter apple. (कर्कट) केकड़ा, कर्क राशि, भारी बोझ उठाने का यन्त्र, कड़ुआ, जंगली सेब; **Crabbed** (-ड्) - *adj.* perverse, irritable, difficult, intricate. निष्ठुर (दुःशील), चिड़चिड़ा, कठिन, गूढ़ार्थ (दुर्ज्ञेय); **Crabbedly** (-बिड्'-लि) - *adv.* perversely. निष्ठुरता से; **Crabbedness** (-बिड्'- नेंस्) - *n.* perversity. निष्ठुरता, दुःशीलता; **Crabby** (-बि) - *adj.* peevish, perplexing. निष्ठुर, घबड़ानेवाला।

Crack - क्रॅक् - *n.* a sharp sudden noise, a sharp blow, a partial fracture; (*pl.*) news. कड़क, तेज़ धक्का, दर्रा या दरार, (ब.व.) समाचार; - *v. t.* to make a sharp noise, to split. कड़ाके का शब्द करना, फाड़ना; **To crack a bottle** (to drink out a bottle.) पीकर बोतल खाली करना; **To crack a joke** (to make a joke.) परिहास करना, दिल्लगी करना; **To crack up** (to go to pieces, to praise.) चूर-चूर हो जाना, प्रशंसा करना; **Cracked** (-ड्) - *adj.* rent, damaged, insane. नष्ट, फटा हुआ, पागल, झक्की; **Cracked sound.** कर्कश शब्द; **Cracker** (-क्रॅ-कर्) - *n.* a firework, exploding with a sharp sound. पटाखा; **Cracky** (-इ) - *adj.* having cracks. दरारदार।

Crackle - क्रॅक्' - कल् - *v. t.* to make a cracking sound. कड़ाके का शब्द करना; - *n.* cracking sound. कड़ाके का शब्द।

Cracknel - क्रॅक्' - नेंल् - *n.* a kind of crisp biscuit. कुरकुरा बिसकुट।

Cracksman - क्रॅक्स्' - मॅन् - *n.* a thief, a burglar. चोर, ठग, सेंध लगानेवाला।

Cradle - क्रेड्'ल् - *n.* a rocking bed or cot for infants. हिंडोला, झूला, पालना; - *v. t.* to rock in a cradle. झूला में झुलाना; **Cradled** (-ड्ल्ड्') - *adj.* पालने पर झूलता हुआ; **From the cradle** (from childhood.) बचपन से; **A child in cradle** (an infant.) दूध पीता हुआ बच्चा।

Cradling - क्रेड्ल्'-इङ्ग् - *n.* a framework of wood or iron. लकड़ी या लोहे का ढाँचा।

Craft - क्रॉफ़्ट् - *n.* skill, cunning, art, trade, a boat, vessel. कौशल, धूर्तता, कला (शिल्प), व्यापार, नाव, जहाज; **Craftily** (-इल्'-इ) - *adv.* in a crafty manner. कपट से; **Craftiness** (-इ - नेंस्) - *n.* cunning. धूर्तता; **Craftsman** (an artisan.) कारीगर; **Craftsmanship** (-शिप्) - *n.* finished art of a craftsman. दस्तकारी।

Crafty - क्रॉफ़्' - टि - *adj.* cunning, artful, deceitful. धूर्त, कपटी, दगाबाज।

Crag - क्रॉग् - *n.* a steep or rugged rock. करारा

दर्रा; **Cragged** (-क्रॅग्-इ), **Craggedness** (-गड्-नेंस्), **Cragginess** (-गि - नेंस्) - *ns.* ruggedness. ऊँचा-नीचापन; **Craggy** (-गि) - *adj.* rugged, rough. विषम, ऊँचा-नीचा।

Cram - क्रॅम् - *v. t. & i.* (*p.t.* **Crammed.**) to fill overfull, to learn, to get by heart, to stuff. मुँह तक भरना, ठूँसना, सीखना, कण्ठस्थ करना, ठूँसकर भोजन करना; - *n.* a crowd. भीड़; **Crammer** (-मर्) - *n.* one who crams. रटनेवाला; **Cramming** (-मिङ्ग्) - *n.* a learning by heart. रटना, कण्ठस्थ करना।

Crambo - क्रॅम्' - बो - *n.* a game of rhyming. तुकबन्दी का खेल।

Cramp - क्रॅम्प् - *n.* a contraction of muscles from chill, strain &c., a bent bar for fastening walls &c. सिकुड़न (ऐंठन), दीवार पुष्ट करने का लोहे का छड़; - *adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ; - *v. t.* to affect with cramp, to confine. ऐंठन का रोग होना, सिकोड़ना, बाँधना; **Crampfish** (the electric ray.) बिजली की किरण।

Crampon - क्रॅम्प' - ऑन् - *n.* an iron plate which is used for walking on ice. बरफ पर चलने की लोहे की खड़ाऊँ।

Crane - क्रेन् - *n.* a large wading bird with long legs, a machine for lifting heavy weights. सारस, भारी बोझ उठाने का यन्त्र; - *v. t.* to raise or remove with a crane. यन्त्र द्वारा भारी बोझ उठाना या हटाना; **Water-crane** (a tube for supplying water to locomotives.) इञ्जिन में पानी देने की नली।

Cranium - क्रे' - नि - अम् - *n.* (*pl.* **Crania.**) the bones of the head, the skull. खोपड़ी की हड्डियाँ, मस्तक, कपाल।

Crank - क्रॅङ्क् - *n.* the part of an axle bent at right angles for converting reciprocal into circular motion, a fanciful speech, an eccentric idea. धुरे का मुड़ा हुआ भाग, वक्रोक्ति, झक; - *v. t.* to bend in the shape of a crank. इस आकार में मोड़ना; - *adj.* weak, shaky. कमजोर, हिलनेवाला; **Cranky** (-इ) - *adj.* slightly deranged. कुछ झक्की।

Crankle - क्रॅङ्क्' - कल् - *v. t.* to twist, to turn. ऐंठना, घुमाना; - *n.* a winding. ऐंठन।

Crannied - क्रॅन्' - इड् - *adj.* full of chinks or fissures. दरारदार।

Cranny - क्रॅन्' - नि - *n.* a chink, a crevice. a fissure. छिद्र, रन्ध्र, दरार।

Crape - क्रेप् - *n.* a gauze-like fine fabric (usually black) used for mourning dress. महीन काला कपड़ा जिसका प्रयोग मातम में होता है; - *v. t.* to cover with crape. ऐसे वस्त्र की पट्टी बाँधना।

Crapulence - क्रॅप्' - यू - लेंन्स् - *n.* sickness caused by an overdose of drink, intemperance. अधिक शराब पीने से उत्पन्न रोग, अमिताचार।

Crapulent - क्रॅप्' - यू - लेंन्ट् - *adj.* suffering or sick from intemperance. अमिताचार की खुमारी से पीड़ित।

Crash - क्रॅश् - *v. i.* to make a loud noise, to move with a loud noise, to fall to the earth. धड़ाका करना, धड़ाके से हिलना, पृथ्वी पर गिरना; - *n.* a violent sound as of thunder. बिजली की तरह की गड़गड़ाहट।

Crashing - क्रॅश' - इङ्ग् - *n.* a violent sound. प्रचण्ड शब्द।

Crass - क्रॅस् - *adj.* thick, gross, stupid. घना, मूर्ख, अनाड़ी; **Crassitude** (-इ-ट्यूड्) - *n.* gross. stupidity. पूरा गँवारपन; **Crassly** (-लि) - *adv.* foolishly. मूर्खता से; **Crassness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being stupid. अनाड़ीपन।

Cratch - क्रॅच् - *n.* a rack for feeding beasts, a manger, a disease in the feet of horses and sheep, a form of itch. गवादनी, चरनी, घोड़े और भेंड़ के पैर की बीमारी, एक प्रकार की खुजली।

Crate - क्रेट् - *n.* a large framework, a case or basket for carrying glass, fruit &c. ढाँचा, झाँप, टोकरी।

Crater - क्रेट्'-अर् - *n.* the mouth of a volcano. ज्वालामुखी पर्वत का मुख; **Crateriform** (-इ-फॉर्म्) - *adj.* cup-shaped. प्यालानुमा, प्याले के आकारवाला।

Crave - क्रेव् - *v. t.* to beg earnestly, to long for. याचना करना, माँगना।

Craven - क्रेव्' - न्' - *adj.* cowardly, abject. भीरु, कातर; - *n.* a coward. डरपोक; **To cry craven** (to yield oneself.) आत्मसमर्पण करना; **Cravenly** (-लि) - *adv.* cowardly. कातरता से।

Craving - क्रेव्' - इङ्ग् - *n.* an earnest desire, longing. उत्कण्ठा, लालसा।

Craw - क्रॉ - *n.* the crop or throat or stomach of insects or birds. पक्षियों या कीड़ों का सिर या गला या पेट।

Crawl - क्रॉल् - *v. i.* to move or walk slowly along the ground, to creep. भूमि पर धीरे-धीरे चलना (घिसकना), रेंगना; **Crawler** (-अर्) - *n.* one who crawls, a slowly-moving cab, a louse. घिसकनेवाला, धीरे-धीरे चलनेवाली गाड़ी, जुवाँ; **Crawling** (-इङ्ग्) - *n.* slow motion. सरकन, घिसकन।

Crayfish - क्रे' - फ़िश् - *n.* a small lobsterlike fish. केकड़े की आकृति की छोटी मछली।

Crayon - क्रे' - अन् - *n.* a stick or pencil made of coloured chalk, used for drawing. रँगने की पेंसिल या रंगीन खड़िया; - *v. t.* to sketch with crayons. रङ्गीन खड़िया से तसवीर बनाना।

Craze - क्रेज़् - *v. t.* to render insane, to produce small cracks. पागल बनाना, छोटे दरार बनाना; - *n.* insanity, fancy, mania. पागलपन, झक, सनक; **Crazed** (-ड्) - *adj.* insane. सनकी, झक्की; **Crazily** (-इल्-इ) - *adj.* in a crazy manner. पागलपन से; **Craziness** (-इ-नेंस्) -*n.* crazy condition. पागलपन; **Crazy** (-इ) - *adj.* unsound, insane, mad. जीर्ण (जर्जर), पागल, उन्मत्त।

Creak - क्रीक् - *n.* a harsh grating sound. कर्कश शब्द, चरचराहट; - *v. t.* to make a sharp grating sound. चरचर शब्द करना; **Creaky** (-इ) - *adj.* having a creaking sound. चरचराहट के शब्दवाला।

Cream - क्रीम् - *n.* the fatty part of milk which gathers on the top, the best part of anything. साढ़ी, मलाई, सार (तत्त्व); - *v. t.* to take cream from milk. दूध में से साढ़ी निकालना; **Cold-cream** (a cooling unguent.) शीतल विलेपन; **Cream-coloured** (yellowish white.) पीलापन लिये सफ़ेद; **Creamfaced** - *adj.* of a cowardly look. भीरु आकृतिवाला; **Creamlaid** - *adj.* soft like cream. मलाई के समान (चिकना); **Cream-separator** (a machine for separating cream from milk.) दूध से मलाई निकालने की मशीन (यन्त्र)।

Creamer - क्रीम्' - अर् - *n.* a machine for separating cream from milk. मलाई अलगाने का यन्त्र।

Creamery - क्रीम्' - अर् - इ - *n.* a butter-factory. दूध से मलाई बनाने का कारखाना।

Creamy - क्रीम्' - इ - *adj.* full of or like cream. मलाई से पूर्ण या मलाई के समान।

Crease - क्रीस् - *n.* a fold, a wrinkle. सिकुड़न, तह का निशान, चुनन; - *v. t.* to make a crease. चुनना, सिकुड़न बनाना; **Creasy** (-इ) - *adj.* marked by creases or wrinkles. सिकुड़नदार।

Create - क्रि - एंट्' - *v. t.* to bring into existence, to originate, to beget. सृष्टि रचना, निर्माण करना, उत्पन्न करना।

Creation - क्रि - एं' - शन् - *n.* the act of creating investing with a title, created things, a production of human intelligence. सृष्टि निर्माण, उपाधि प्रदान, निर्माण की हुई वस्तु, भावना।

Creative - क्रि - एंट्' - इव् - *adj.* having power to create, that creates. उत्पन्न करने की शक्तिवाला, उत्पादक; **Creatively** (-लि) - *adv.* by way of creation. उत्पादन से; **Creativeness** (- नेंस्) - *n.* the state of being creative. उत्पादक होने की स्थिति।

Creator - क्रि - एंट्' - अर् - *n.* (*fem.* **Creatress**) the Supreme Being, God. उत्पादक, ब्रह्म, विधाता।

Creature - क्री'-चर् - *n.* an animate being, an animal, one who owes his fortune to another, a mere instrument, a puppet. प्राणधारी जीव, प्राणी, आश्रित (उपजीवी), साधन मात्र, कठपुतली; **Creaturely** (-लि) - *adj.* belonging to a creature. पशु का।

Creche - क्रेंश् - *n.* a day-nursery for children when their parents are at work. दिन में बच्चों को सँभालने का स्थान जब इनके माँ-बाप काम में लगे हों।

Credence - क्रीड्' - ऍन्स् - *n.* belief, credit, trust. विश्वास, प्रमाण; **A letter of credence** (a letter of introduction.) परिचय के लिये दिया हुआ पत्र।

Credent - क्रेंड्'-एन्ट् - *adj.* having credit. विश्वासी, विश्वास के योग्य।

Credential - क्रेंड्'-एन्'-शल् - *n.* (*usu. pl.*) letters of introduction. विश्वासपत्र, प्रमाणपत्र, परिचयपत्र।

Credible - क्रेंड्' - इ - बल् - *adj.* worthy of belief, believable. विश्वसनीय, प्रामाणिक; **Credibility** (-इब्-इल्-इट्-इ), **Credibleness** (- नेंस्) - *ns.* the state of being credible. विश्वसनीयता, प्रामाण्य; **Credibly** (-इब्-लि) - *adv.* in a manner deserving of belief. प्रमाण सहित, विश्वासपूर्वक।

Credit - क्रेंड् - इट् - *n.* belief, trust, good reputation, esteem, source of honour, confidence in a man's solvency. प्रतीति, विश्वास, प्रसिद्धि, कीर्ति, मान, मान्यता, साख, धाक; - *v. t.* to believe, to carry to the credit side of an account. विश्वास करना, प्रमाणित करना, रकम नाम लिखना; **Creditable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* worthy of honour. कीर्ति योग्य, सराहने योग्य; **Creditably** (-ऍब्'-लि) - *adv.* in a creditable manner. सराहनीय ढंग से, सम्मान पूर्वक।

Creditor - क्रेड् - इट्-अर् - *n.* (*fem.* **Creditrix**) one to whom a debt is due. ऋणदाता, महाजन।

Credulity - क्रेंड् - युल्' - इट् - इ - *n.* (*pl.* **Credulities**) easiness of belief. विश्वासशीलता या सहजता।

Credulous - क्रेंड्'-यु-लस् -*adj.* too ready to believe, unsuspecting. सहज में विश्वास करने योग्य, सन्देह शून्य; **Credulously** (-लि) - *adv.* in a credulous manner. विश्वासपूर्वक; **Credulousness** (- नेंस्) -*n.* a credulous temper of mind. विश्वासशीलता।

Creed - क्रीड् - *n.* a religious belief, a set opinion on any subject. धर्म, स्वीकृत मत; **Creedless** (- लेंस्) - *adj.* without creed or faith. मतरहित।

Creek - क्रीक् - *n.* a small inlet on the sea-coast, a small harbour. खाड़ी, बन्दरगाह; **Creeky** (-इ) - *adj.* full of creeks, winding. घुमौवा।

Creel - क्रील् - *n.* an angler's fishing basket. मछुवे की मछली रखने की टोकरी।

Creep - क्रीप् - *v. i.* (*p.t. & p.p.* **Crept**) to crawl, to move slowly, to grow along ground. रेंगना, धीरे-धीरे चलना, जड़ फेंकते हुए बढ़ना; **Creeper** (-अर्) - *n.* that which creeps, a plant that clings by rootlets. रेंगनेवाला, लता; **Creepingly** (-इङ्ग्-लि) - *adv.* by creeping. रेंगते हुए।

Cremate - क्रि - मेंट्' - *v. t.* to consume by fire. दाह करना, मुर्दा जलाना; **Cremation** (- में -शन्) - *n.* burning of the dead. दाहक्रिया; **Cremator** (-एं'-टर्) - *n.* one who cremates. दाह करनेवाला; **Crematorium** (-इ-अम्) - *n.* a place for cremating. श्मशान, मुर्दा जलाने का स्थान।

Crenature - क्रेन्'-एच्-अर् - *n.* a rounded teeth on the edge of a leaf. पत्ती के चतुर्दिक दाँतेदार गोल किनारा।

Crenel (Crenelle) - क्रेंन्' - ल् - *n.* an open space in a parapet for shooting. गोली मारने के लिए मुँड़ेरे में खुला स्थान; **Crenellate** (-एट्) - *v. t.*

to furnish with loopholes. छिद्र बनाना।

Creosote - क्री' - ऑस् - एट् - *n.* an oily colourless fluid which is distilled from wood-tar. लोहबान का तेल।

Crepe - क्रेप् - *n.* a gauze-like fabric. बारीक कपड़ा, क्रेप (कपड़ा); **Crepe-rubber** (a durable rubber-sole for shoes.) जूते का रबड़ का मजबूत तल्ला।

Crepitate - क्रेप्'-इट्-एट् - *v. i.* to crackle. कड़कड़ शब्द करना।

Crept - क्रेप्ट् - *p.t. & p.p.* of **Creep.** रेंगा।

Crepuscular - क्रेप्-अस्'-क्यू-लर् - *adj.* (also **Crepusculous**) pertaining to twilight. गोधूलि बेला सम्बन्धी।

Crescent - क्रे' - सन्ट् - *n.* the increasing moon, the Turkish power. अर्धचन्द्र, तुर्कराज्य; - *adj.* shaped like the new moon, increasing. अर्धचन्द्राकार, बढ़नेवाला।

Cresset - क्रेस्' - इट् - *n.* an iron basket for combustibles, light mounted on a pole, beacon. विस्फोटक पदार्थों के लिये लोहे की टोकरी, आकाश-दीपक।

Crest - क्रेस्ट् - *n.* a tuft on animal's head, apex of helmet. mane, head of mountain. मुकुट (चोटी), कलँगी (तुर्रा), शिखा (जूड़ा), पहाड़ की चोटी; **Crest-fallen** (dejected, dispirited) अभिमान टूटा हुआ, मन्द, उदासी; **Crestjewel** (a kind of jewel.) शिखामणि।

Cretonne - क्रेट्' - ऑन् - *n.* a printed unglazed cloth. छींट, छापा हुआ सूती कपड़ा।

Crevet - क्रेव्' - एॅट् - *n.* melting pot used by goldsmiths. सोना-चाँदी गलाने की सुनार की घरिया।

Crevice - क्रेव्' - इस् - *n.* a chink, a small fissure. छिद्र (सन्धि, बिल), विदरिका, दरज, दरार।

Crew - क्रू - *n.* a ship's company, set, gang, mob. मल्लाहों का जत्था, जत्था, संघ, जनसमूह, भीड़; (*p.t.* of **Crow.**)

Crib - क्रिब् - *n.* a receptacle for fodder, a hut, a small bed for children, situation. चरनी, झोपड़ी, पालना, स्थिति; - *v. t.* to confine in a small space, to pilfer. छोटे स्थान में बन्द करना, चोरी करना।

Cribbage - क्रिब्' - इज् - *n.* a game at cards. ताश का एक प्रकार का खेल।

Cribble - क्रिब्' - बल् - *n.* a coarse sieve. मोटी चलनी।

Crick - क्रिक् - *n.* stiffness of neck and back. गर्दन और पीठ का कड़ापन।

Cricket - क्रिक्' - इट् - *n.* a jumping and chirping insect like a grass-hopper, an open-air game played with ball, bat and wickets. झींगुर, गेंद बल्ले का एक खेल; - *v. t.* to play at cricket. क्रिकेट खेलना; **Cricketer** (-अर्) - *n.* one who plays cricket. क्रिकेट का खिलाड़ी।

Cricoid - क्रिक्' - ऑइड् - *adj.* of the form of a ring. वर्तुल, गोलाकार।

Crier - क्राइ' - अर् - *n.* one who cries, an officer's peon for shouting out public announcements. पुकारनेवाला, चिल्लानेवाला, अदालतों में पुकारनेवाला अर्दली।

Crime - क्राइम् - *n.* a punishable act, sin. अपराध पाप (पातक); **Crimeless** (- लेॅस्) - *adj.* innocent. निरपराध, बेकसूर।

Criminal - क्रिम्'-इन्-अल् - *adj.* guilty of a crime, opposed to civil. अपराधी (दोषी, पापी), फ़ौजदारी; **Criminal law** (law of crimes.) दण्ड विधान; **Criminality** (-अल्-इट्-इ) - *n.* criminalness, guiltiness. अपराधिता, सदोषत्व; **Criminally** (-लि) - *adv.* wickedly. अपराध-सहित, दोष-सहित।

Criminate - क्रिम्' - इन् - एट् - *v. t.* to charge with a crime, to censure. अपराधी बनाना (दोषी ठहराना), निन्दित करना; **Crimination** (-ए'-शन्) - *n.* a charge. अभियोग, दोषारोपण; **Criminative** (-टिव्) - *adj.* tending to criminate. दोषारोपण करने की प्रवृत्तिवाला।

Criminology - क्रिम्'-इन-ऑल्'-ओ-जी - *n.* the science of crimes. अपराधविज्ञान।

Crimp - क्रिम्प् - *n.* an agent who entraps men for soldiers. सिपाहियों की भरती करानेवाला; - *adj.* brittle. शीघ्र टूटनेवाला; - *v. t.* to corrugate, to contract. तह बनाना, सिकोड़ना, मोड़ना।

Crimple - क्रिम्' - पल् - *v. t.* to contract or shrink, to curl. सिकोड़ना, मोड़ना।

Crimson - क्रिम्' - ज़न् - *adj.* of a deep red colour. लोहितवर्ण का, गहरे लाल रंग का; - *v. i.* to turn crimson. लाल होना।

Crinal - क्राइ' - नल् - *adj.* belonging to the hair. बालों का, केश-सम्बन्धी।

Crinated - क्रिन् - एट्' - एॅड् - *adj.* hairy. रोवेंदार।

Cringe - क्रिन्ज् - *v. i.* to bow servilely. साष्टांग प्रणाम करना; - *n.* fawning obeisance. ठकुर-सुहाती, चापलूसी।

Cringing - क्रिन्ज्' - इङ्ग् - *adj.* servile. चापलूस।

Crinite - क्रिन्' - इट् - *adj.* hairy. रोवेंदार।

Crinkle - क्रिङ्क्' - कल् - *v. t.* to twist, to wrinkle. ऐंठना, झुर्री डालना; - *n.* a winding or turn. बलि, झुर्री; **Crinkly** (-क्लि) - *adj.* in wrinkles. झुर्रीदार।

Crinoid - क्रिन्' - ऑइड् - *n. & adj.* a featherstar, lily-shaped. कुमुदिनी का पौधा, कुमुदिनी (कोईं) के आकार का।

Cripple - क्रिप्' - पल् - *n.* a lame person. पंगु, लँगड़ा मनुष्य; - *v. t.* to hobble, to walk lamely. लँगड़ाकर या भचककर चलना; - *v. t.* to lame, to disable. लँगड़ा करना, अयोग्य करना।

Crisis - क्राइ' - सिस् - *n.* (*pl.* **Crises** क्राइ-सीज़्) a turning point, a moment of danger or suspense. शुभाशुभ वेला, सन्देह या संकट का समय।

Crisp - क्रिस्प् - *adj.* fragile, brittle, brisk, curly. भंगुर, कुड़कीला, कुरकुरा, फुसफुसा, घुँघराला; **Crispation** (-ए'-शन्) - *n.* a contraction. सिकुड़न;

Crisped (-क्रिस्प्ड्) - *adj.* frizzled. कुरकुरा; **Crisply** (-लि) - *adv.* in a crisp manner. कुरकुरेपन से; **Crispness** (- नेंस्) - *n.* brittleness. कुरकुरापन; **Crispy** (-इ) - *adj.* curly, brittle. झुर्रीदार, कुड़कीला।

Criterion - क्राइ-टिअर'-इ-ऑन् - (*pl.* **Criteria** - क्राइ-टिर्'-इ-आ) - *n.* principle, standard or canon. सिद्धान्त, प्रमाण।

Critic - क्रिट्' - इक् - *n.* one who pronounces judgment, a judge of literary or artistic works. गुणदोष-निरूपक, समालोचक (गुणग्राही); **Critical** (-अल्) - *adj.* skilful, fault-finding, involving risk, belonging to criticism. चतुर, दोषदर्शी, दोषग्राही, शोचनीय, गुणदोष-विवेचक; **Critically** (-अल्-लि) - *adv.* in a critical way. सूक्ष्म रूप से।

Criticism - क्रिट्' - इस् - इज़्म् - *n.* a critical judgment or observation. गुणदोष-विवेचन, समालोचना।

Criticizable - क्रिट्' - इ - साइज़्' - ऍ - बल् - *adj.* capable of being criticized or censured. समालोचना करने योग्य।

Criticize - क्रिट्' - इ - साइज़् - *v. t.* to discuss critically, to censure. समालोचना करना, दोष लगाना; **Criticizer** (-अर्) - *n.* a critic. समालोचक।

Critique - क्रिट् - इक्' - *n.* a critical essay, art of criticism, a review. गुणदोष दिखलानेवाला लेख, समालोचना।

Croak - क्रोक् - *n.* a deep hoarse sound of a frog or crow. कौवे के काँव-काँव या मेढक के टरटों का शब्द; - *v. i.* to utter such a sound, to grumble. टर्र-टर्र करना, गुर्राना; **Croaker** (-अर्) - *n.* a prophet of evil. अशुभ वक्ता; **Croaking** (-इङ्ग्) - *n.* grumbling. गुर्राने का शब्द; **Croaky** (-इ) - *adj.* croaking. काकरव पूर्ण।

Croceate - क्रो' - शि - एट्, **Croceous** (-अस) - *adjs.* saffron-coloured. केसरिया रंग का।

Crochet - क्रो' - शे - *n.* a knitting work done with the help of a hooked needle. बिना हुआ जाली का काम।

Crock - क्रॉक् - *n.* an earthen pot or jar. मिट्टी का बर्तन; **Crockery** (-अर्-इ) - *n.* earthen ware. मिट्टी के बर्तन।

Crocodile - क्रॉक्' - ॲ - डाइल् - *n.* a large amphibious reptile. मगर, नक्र, घड़ियाल; **Crocodile tears** (hypocritical or affected behaviour.) झूठी रुलाई, मिथ्या विलाप।

Croesus - क्रो' - सस् - *n.* a wealthy or rich person. धनी, अमीर आदमी।

Croft - क्रॉफ़्ट् - *n.* an enclosed piece of land, a kind of small holding. छोटा बगीचा, छोटी खेती; **Crofter** (-अर्) - *n.* one who farms a croft. थोड़ी सी ज़मीन जोतने-बोनेवाला।

Crone - क्रोन् - *n.* a withered old woman, an old ewe. जर्जर बुड्ढी, बुड्ढी भेंड़।

Crony - क्रो'-नि - *n.* an intimate friend. परम मित्र।

Crook - क्रुक् - *n.* a hook, bend, curve, a shepherd's hooked staff, a criminal. झुकाव, घुमाव, कमान, गड़ेरिया की लग्गी, अपराधी मनुष्य; **Crookbacked** - *adj.* (hunchbacked.) कुबड़ा; **By hook or by crook** (by fair means or foul.) सच्चाई या छल से।

Crooked - क्रुक्'-एड् - *adj.* bent, not straight, twisted, deformed. टेढ़ा, कुटिल, बदसूरत; **Crookedly** (-एँड्'-लि) - *adj.* in a crooked manner. कुटिलता से, तिर्छेपन से; **Crookedness** (-एँड्'- नेंस्) - *n.* the state of being crooked. कुटिलता, वक्रता।

Croon - क्रून् - *n.* a low undertone. महीन आवाज; - *v. t.* to hum. भनभनाना।

Crop - क्रॉप् - *n.* the top of any thing, the gullet of birds, stock or handle of a whip, produce of cultivated plants, a season's total yield, closely cut hair. किसी वस्तु का सिरा, पक्षियों का घेघा, चाबुक की मुठिया, कृषि की उपज, फ़सल, महीन छँटे हुए बाल; - *v. t. & i.* to cut grains, to gather, to reap, to mow, to cut short, to bear clipped hair, to turn up unexpectedly. फ़सल काटना, इकट्ठा करना, लवना, छोटा करना, छँटे हुए बाल रखना, एकाएक प्रकट होना; **To crop out, To crop forth** (to come out at the surface.) प्रत्यक्ष होना, सतह पर आ जाना (उभड़ आना); **Cropful** (-फुल्) - *adj.* fully satisfied. अति तृप्त।

Croquet - क्रो' - कें - *n.* an out-door game played with wooden balls and mallets. लकड़ी के गेंद और हथौड़ी से खेला जानेवाला एक प्रकार का खेल।

Croquette - क्रोक्' - एट् - *n.* a fried ball of rice, potato, meat &c. भात, पकाये हुए आलू, मांस इत्यादि का भुना हुआ लड्डू।

Crore - क्रोर् - *n.* one hundred lakhs or ten millions. एक करोड़ की संख्या।

Crosier (Crozier) - क्रो'-सि-अर् - *n.* a bishop's or abbot's pastoral staff. पादरी की देहाती (ग्रामीण) छड़ी।

Cross - क्रॉस् - *n.* an upright stake with a transverse bar, the cross on which Christ was crucified, the Christian religion, affliction, intermixture. खड़ी लकड़ी के सिरे पर बेंड़ी लकड़ी, टिकठी जिस पर ईसा-मसीह फाँसी लटकाये गये थे, ईसाई धर्म, कष्ट, भिन्न जाति से उत्पत्ति; -*adj.* transverse, interchanged, opposite, peevish. विपरीत, पलटा हुआ, उलटा, चिड़चिड़ा; - *v. t.* to cancel, to move from side to side. काटना, एक ओर से दूसरी ओर हटाना, पार करना; **Victoria Cross** (the highest British military or naval award for bravery.) एक प्रकार का सबसे बड़े महत्व का पदक जो वीरता के लिए दिया जाता है; **Cross-breed** (a breed-produced from the male and female of different breeds.) दो भिन्न जाति के नर-मादा से उत्पन्न जन्तु; **Crosscut** - *v. t.* to cut across. एक छोर से दूसरे छोर तक काटना; **Crossed** - *adj.* cancelled, thwarted. काटा हुआ, विह्वल; **Cross-examination** (a close and rigid examination of a witness by the opposing counsel.) जिरह; **Cross-ex-**

amine - *v. t.* जिरह करना; **Cross-grained** - *adj.* with the grain or fibres across. विरुद्ध ओर के (रेशे के) दानेवाला; **Cross-heading** (the heading of a newspaper column.) समाचार-पत्र का सिरनामा; **Crossing** - *n.* (intersection of two roads, cross breeding.) दो सड़कों या लाइनों का जोड़, एक वर्ग के नर का दूसरे वर्ग के मादा से संयोग; **Cross-legged** - *adj.* (with one leg resting on another.) पैर के ऊपर पैर रक्खे हुए; **Crossness** (- नेंस्) - *n.* (state of being cross in temper.) हठ, चिड़चिड़ापन; **Cross-patch** - *n.* (a disagreeable person.) उजड्ड मनुष्य; **Cross-purpose** - *n.* (contradiction.) विपर्यय; **Cross-question** - *n.* (cross-examination.) जिरह के प्रश्न; **Cross-reference** - *n.* (reference from one subject to another.) एक सन्दर्भ से दूसरे का मिलान; **Cross-section** - *n.* (a cutting through any thing at right angles to its length.) किसी पदार्थ का लम्बे बल समकोण में कटाव; **Cross-way** (a byway, a cross-road.) पगडण्डी; **Cross-wise** - *adv.* (in the form of a cross.) बेंड़ेबल; **Cross-word** - *n.* (a puzzle in which words written vertically and horizontally on chequered paper have to fit each other.) कोष्ठ में लिखे खड़ेबल और बेंडेबल के अपूर्ण शब्दों को पूर्ण करने की शब्द पहेली।

Crotchet - क्रॉच्'-एट् - *n.* a musical note, half of a minim, a whimsical fancy. संगीत विद्या का चिह्न, झक; **Crotchety** (-इ) - *adj.* whimsical. झक्की।

Croton - क्रो'-टन् - *n.* a genus of plants. एक प्रकार का पौधा, क्रोटन।

Crouch - क्राउच् - *v. t.* to stoop, to bend timidly, to cringe, to fawn. झुकना, नम्रतापूर्वक पाँव पड़ना, विनय करना, चापलूसी करना।

Croup (Croupe) - क्रूप् - *ns.* the rump, the hind quarters of a horse, an inflammatory disease of throat. पुट्ठा, घोड़े का चूतड़, गले की सूजन का एक रोग।

Crow - क्रो - *n.* a large black bird, the crowing of the cock. कौवा, मुर्गे का शब्द; - *v. i.* to utter a shrill cry as a cock, to exult loudly. मुर्गे का शब्द करना, आनन्द का शब्द करना; **As the crow flies** (in a straight line.) सीधे सीध, सीधी रेखा में; **Crowbar** (a large bar of iron bent at one end used as lever.) लोहे का डंडा, खनती, रंभा; **Crow's nest** (a lookout station on a mast.) मस्तूल के ऊपर लगा हुआ पिंजड़ा जिस पर बैठकर दूर देखा जाता है; **To have a crow to pluck** (to find fault with.) दोष निकालना।

Crowd - क्राउड् - *n.* a throng, a dense multitude, a company, a large number. समूह, गण, संघ, भीड़भाड़; - *v. t. & i.* to collect in a crowd, to occupy, to cram, to compress. संकुलित होना, भीड़ लगाना, जमा होना, दबाना; **Crowded** (-ऍड्) - *adj.* thronged. भीड़भाड़वाला।

Crown - क्राउन् - *n.* a monarch's head covering, regal power, dignity, a crown-shaped ornament, top of head, skull, five shillings, part of tooth projecting from gum. मुकुट, राज्यपद, मुकुट के समान आभूषण, शिखर, मस्तक, ५ शिलिंग का सिक्का, दाँत का ऊपरी भाग; - *v. t.* to place a crown on the head, to invest with regal dignity, to reward. मुकुट पहिनाना, राज्याभिषेक करना, पारितोषिक देना; **Crown-paper** - २० इंच लम्बा १५ इंच चौड़ा कागज; **Crown-prince** (the prince who succeeds to the throne.) युवराज; **To crown all** (to bring to a happy end.) सुखपूर्वक समाप्त करना; **The efforts were crowned with success.** सब प्रयत्न फलीभूत (सफल) हुए।

Crow-quill - क्रो' - क्विल् - *n.* a fine steel pen used in sketching. महीन निब की कलम।

Croydon - क्रॉय्' - डॉन् - *n.* a two-wheeled carriage like a gig. एक प्रकार की दोपहिया गाड़ी।

Crucial - क्रू' - शल् - *adj.* searching, critical. छानबीन करनेवाला, प्रामाणिक।

Crucible - क्रूस्' - इ - बल् - *n.* a melting pot. धातु गलाने की घरिया।

Cruciferous - क्रू - सिफ़्'-अर् - अस् - *adj.* adorned with a cross. क्रॉस से आभूषित।

Crucifix - क्रू' - सिफ् - इक्स् - *n.* image of Christ on the cross. क्रॉस पर ईसा मसीह की मूर्ति।

Crucifixion - क्रू' - सिफ् - इक् - शन- *n.* the field punishment of tying the offender to the wheel of a carriage. फौजी दण्ड जिसमें अपराधी को तोप के पहिये में बाँध देते हैं।

Cruciform - क्रू' - सि - फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of a cross. क्रॉस के आकार का।

Crucify - क्रू' - सि - फ़ाइ - *v. t.* (*p.t.* **Crucified**) to put to death by fastening to a cross, to mortify. शूली पर चढ़ाना, इन्द्रियों को वश में करना।

Crude - क्रूड् - *adj.* in a raw state, unripe, not matured, rude, unpolished. अपक्व, अपरिष्कृत, कच्चा, अप्रौढ़, रूक्ष, असभ्य; **Crudely** (-लि) - *adv.* in a crude manner. रूक्षता से; **Crudeness** (-नेंस्), **Crudity** (-इट्-इ) - *ns.* the state of being crude. रूक्षता, असभ्यता, कचाई।

Cruel - क्रू' - ऍल् - *adj.* painful, distressing, hardhearted, savage. क्रूर (निर्दय), निष्ठुर (कठोर), दयाहीन; **Cruelty** (-टि) - *n.* inhumanity. क्रूरता, निष्ठुरता, कठोरता; **Cruelly** (-लि) - *adv.* in a cruel manner. कठोरता से, निर्दयता से।

Cruet - क्रू' - इट् - *n.* a small glass-bottle for vinegar or oil &c. सिरका या तेल इत्यादि रखने की ढकनेदार शीशी।

Cruise - क्रूज़् - *v. i.* to sail to and fro making no particular port. समुद्र में इधर-उधर यात्रा करना; - *n.* a cruising voyage. समुद्री यात्रा; **Cruiser** (-क्रूज़्'-अर्) - *n.* a warship which is adapted for cruising. शत्रु की खोज में या जहाज़ों की रक्षा के लिये घूमनेवाला जंगी जहाज।

Crumb - क्रम् - *n.* a small fragment of bread, inner part of bread, atom, particle. रोटी का छोटा टुकड़ा, रोटी का कोमल भाग, परमाणु, खंड; - *v.t.* to cover with crumbs. रोटी के टुकड़ों से ढाँकना।

Crumble - क्रम्' - बल् - *v. t. & i.* to break, to fall into fragments. तोड़ना (चूर्ण करना), टुकड़े-टुकड़े होना; **Crumbly** (-ब्लि) - *adj.* apt to crumble. टुकड़े-टुकड़े होने लायक।

Crump - क्रम्प् - *adj.* crooked. ऐंठा, टेढ़ा; *-n.* sound made by a high explosive. तेज बारूद के धड़ाके का शब्द।

Crumpet - क्रम्प्' - ऍट् - *n.* a soft spongy cake of flour. रोटी, लिट्टी, बाटी।

Crumple - क्रम्प्' - पल् - *v. t. & i.* to crush together, to become creased, to shrink. पीसना, तह पड़ना या मुड़ जाना, सिकुड़ना।

Crunch - क्रन्श् - *v. t.* to crush noisily with teeth. शब्द करते हुए चबाना, कटर कटर करना।

Crupper - क्रप्' - पर् - *n.* the strap of leather passing under a horse's tail. घोड़े के साज की दुमची।

Crusade - क्रू - सेड्' - *n.* Christian expedition to recover Holy Land. ईसाइयों का धर्मयुद्ध; - *v. i.* to engage in crusade. धर्मयुद्ध में लगना; **Crusader** (-अर्) - *n.* one engaged in a crusade. धर्मयुद्ध में लगा हुआ व्यक्ति।

Cruse - क्रूज़् - *n.* an earthenware pot or bottle. मिट्टी का बर्तन।

Crush - क्रश् - *v. t.* to squeeze, to ruin, to crumple, to subdue, to overwhelm. निचोड़ना, नष्ट करना, कुचलना, चूर्ण करना, दबाना, अधीन करना; - *n.* a crowded mass. भीड़भाड़; **Crushed** (-क्रश्ड्) - *adj.* crumpled. कुचला हुआ; **To crush out** (to extinguish.) मिटाना, बुझाना।

Crust - क्रस्ट् - *n.* a hard outer covering. बाहरी कड़ा हिस्सा, छिलका या परत; - *v. t.* to cover with crust. छिलके से ढाँकना, पपड़ी पड़ना; **Crustaceous** (-क्रस्-टे-शस्) - *adj.* crust-like. छिलकेदार; **Crusted** (-ऍड्) - *adv.* having a crust. छिलकेदार; **Crustily** (-इ-लि) - *adv.* in a crusty manner. रूक्षता से; **Crustiness** (-इ - नॅस्) - *n.* quality of being crusty. रूखापन; **Crusty** (-इ) - *adj.* hard, irritable. कड़ा, निष्ठुर, चिड़चिड़ा।

Crutch - क्रच् - *n.* the staff with a cross-piece on the head used by lame persons. लँगड़े मनुष्य के सहारे की लकड़ी, बैसाखी; **Crutched** (-ड्) - *adj.* supported with crutches. बैसाखी लगाये हुए।

Crux - क्रक्स् - *n.* a difficult matter, a puzzle. कठिन विषय, पहेली।

Cry - क्राइ - *n.* (*pl.* **Cries**) a loud utterance of pain or grief, appeal, entreaty, rumour, weeping, a pack of dogs. दर्द या दुःख की चिल्लाहट, विलाप, प्रार्थना, चर्चा, रुलाई, कुत्तों का समुदाय; - *v. t. & i.* (*p.t.* **Cried**) to utter loudly, to weep, to proclaim. चिल्लाना, रोना, घोषणा करना; **At a far cry** (at a distance.) बहुत दूर; **Cry baby** (crying like a baby.) बच्चों की तरह चिल्लानेवाली; **Much cry and little wool** (aimless disturbance.) व्यर्थ का उपद्रव या चिल्लाहट; **To cry down** (to censure, to condemn.) निन्दा करना, दोष निकालना; **To cry halves** (to demand one's share.) हिस्सा माँगना; **To cry over spilt milk** (to regret for nothing.) वृथा पश्चाताप करना; **To cry up** (to praise.) प्रशंसा करना; **To cry shame upon** (to oppose.) विरुद्ध कहना।

Crying - क्राइ' - इङ्ग् - *adj. & n.* notorious, clamorous, drawing notice, an outcry. कुख्यात, चिल्लानेवाला, ध्यान आकर्षक, चिल्लाहट।

Cryogen - क्राइ' - ऑ - जेन् - *n.* a freezing mixture. बरफ़ जमाने का एक प्रकार का घोल, हिम मिश्रण।

Crypt - क्रिप्ट् - *n.* an underground cell. गुफा, तहखाना, सुरङ्ग; **Cryptic** (-इक्) - *adj.* secret, hidden. गुप्त, छिपा हुआ।

Cryptogram, Cryptograph - क्रिप्' - टो - ग्राम् (- ग्राफ्) - *ns.* a thing written in cipher. सांकेतिक भाषा में लिखा हुआ लेख।

Cryptography - क्रिप्ट्-आग्'-रा-फि - *n.* the art of writing in secret characters. गुप्त (सांकेतिक) लेखन की विद्या।

Crystal - क्रिस्' - टल् - *n. & adj.* a clear transparent mineral, consisting of or like a crystal. स्फटिक, बिल्लौर, बिल्लौर का बना हुआ अथवा इसके सदृश कोई पदार्थ; **Crystal glass** (clear transparent glass.) स्वच्छ बिना रंग का काँच; **Crystal-set** (an apparatus in radiography.) बिना तार का समाचार, गायन इत्यादि सुनने का सामान्य यन्त्र।

Crystalline - क्रिस् - टल् - आइन् - *adj.* clear like crystal, like a crystal. बिल्लौर के समान स्वच्छ, रवेदार।

Crystallizable - क्रिस् - टल् - लाइज़्' - ऍ - बल् - *adj.* that may be formed into crystals. दाने (रवे) बनाने लायक; **Crystallization** (-ऍ'-शन्) - *n.* the act of solidifying. ठोस करना, घना करना; **Crystallize** (-लाइज़्) - *v. t. & i.* to reduce to or take the form of a crystal. रवा बनाना या बनना, दाने जमाना।

Cub - कब् - *n.* the young of a fox, bear, lion or other wild animal. लोमड़ी, भालू या शेर तथा अन्य जंगली पशुओं का बच्चा; - *v. t.* (*p.t.* **Cubbed**) to bring forth cubs. बच्चा जनना; **Cubbing** (-बिङ्ग्) - *n.* cub-hunting. जंगली पशुओं के बच्चों का शिकार; **Cubbish** (-बिश्) - *adj.* ill-mannered. कुचाली।

Cube - क्यूब् - *n.* a solid body having six square faces, the product of a number multiplied by its square. ठोस घन, त्रिघात; - *v. t.* to find the cube of a number. त्रिघात करना; **Cube root.** घनमूल।

Cubeb - क्यू' - बॅब् - *n.* a pungent shrub used in medicine. कवाबचीनी।

Cubic (Cubical) - क्यूब्' - इक् (-अल्) - *adjs.* cube-shaped, of three dimensions, solid. घनाकार, त्रिघातीय, ठोस; **Cubically** (-अल्-लि) - *adv.* in the form of a cube. घन रूप में।

Cubicle - क्यू' - बिक् - क्ल् - *n.* a small sleeping compartment, a bed-room. छोटा शयनगृह।

Cubiform - क्यूब्' - इ - फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of a cube. घनाकार।

Cubit - क्यू' - बिट् - *n.* a measure of length 18 to 22 inches. हाथ भर, आध गज की नाप; **Cubital** (-अल्) - *adj.* a cubit long. हाथ भर का।

Cuckold - कक्' - ओल्ड् - *n.* the husband of an unfaithful wife. व्यभिचारिणी स्त्री का पति; **Cuckoldom** (-अम्) - *n.* the act of adultery. व्यभिचार।

Cuckoo - कक्' - ऊ - *n.* a migratory bird, a simpleton. कोकिला (कोयल), मूर्ख; **Cuckoo-clock** - *n.* a clock in which instead of ringing of bells the hours are registered by the appearance of a cuckoo which calls its note and shows the hours. घड़ी जो घण्टे-घण्टे पर कोयल की तरह शब्द करती है।

Cucullate - क्यू' - कुल्' - लेट् - *adj.* of the form of a hood. फन के आकार का।

Cucumber - क्यू - कम्' - बर् - *n.* a creeping plant with large oblong sweet fruits. खीरा, ककड़ी।

Cucurbit - क्यू - कर्' - बिट् - *n.* the gourd. कोंहड़ा, कद्दू।

Cud - कड् - *n.* the food which a ruminating animal brings back from first stomach into the mouth and chews at leisure. पागुर, जुगाली; **To chew the cud** (to ruminate, to reflect.) पागुर करना, विचार करना।

Cuddle - कड्' - ड्ल् - *v. t. & i.* to embrace, to fondle, to nestle together, to lie close. आलिङ्गन करना, लाड़ करना, प्रेम से दबाना, एक होना, सटकर सोना।

Cuddy - कड्' - डि - *n.* a cabin on a boat, a donkey, a fool, an ass. नाव की कोठरी, खच्चर (गदहा), मूर्ख मनुष्य।

Cudgel - कज्' - एल् - *n.* a short thick stick, a club. गदे का डण्डा, सोंटा; - *v. t.* to beat with a cudgel. डण्डे से मारना; **Cudgel-play** (playing with a cudgel.) गदायुद्ध; **To cudgel one's brains for** (to try to recollect.) याद करना, स्मरण करने का प्रयत्न करना; **To take up the cudgels** (to engage in contest.) झगड़ा करना; **Cudgeller** (-अर्) - *n.* one who fights with a cudgel. डण्डेबाज।

Cue - क्यू - *n.* the last word of a speech in a play, serving as a hint, a guide, a leather-tipped rod used in billiard. नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द, संकेत का शब्द, सूचना, अंटे के खेल का डण्डा।

Cuff - कफ़' - *n.* the bottom part of a sleeve. आस्तीन का अगला भाग; - *v. t. & i.* to strike with fist or hand, to scuffle. मुक्की मारना, लड़ना, झगड़ना।

Cuirass - क्वी' - रॉस् - *n.* the breast-plate of leather or iron. वक्षःस्थल का कवच।

Cuisine - क्वी - ज़ीन्' - *n.* style of cooking, cookery. पकाने की विधि।

Culinary - क्यू - लिन्' - अर् - इ - *adj.* pertaining to cooking or kitchen. पकाने के सम्बन्ध का, पाकशाला-सम्बन्धी।

Cull - कल्' - *v. t.* to pick out, to select. तोड़ना, चुनना (एकत्र करना)।

Cullet - कल्' - लिट् - *n.* refuse glass for remelting. दुबारा गलाने के लिये काँच के टुकड़े।

Culm - कल्म् - *n.* the stalk or stem of a plant or grass, coal dust, dust of anthracite. घास या पौधे का तना, कोयले का चूर, तारकोल बनानेवाला कोयले का चूरा।

Culminant - कल्' - मिन् - ऑन्ट् - *adj.* at its highest point. उच्चतम स्थान पर।

Culminate - कल्' - मिन् - एट् - *v. i.* to reach the highest point. उच्चतम स्थान पर पहुँचना, परम कोटि को प्राप्त करना; **Culmination** (-ऐ-शन्) - *n.* the highest point. परमकोटि, शिखर।

Culpable - कल्प्'-आब्ल् - *adj.* faulty, criminal, censurable. दोषी, दण्डयोग्य; **Culpability** (-बिल्'-इट्-इ) - *n.* liability to blame, guilt. दोष, अपराध; **Culpableness** (- नेंस्) - *n.* guilt. सदोषता; **Culpably** (-ब्लि) - *adv.* in a culpable manner. अपराध से।

Culprit - कल्' - प्रिट् - *n.* an offender, a criminal, a prisoner. अपराधी, क़ैदी।

Cult - कल्ट् - *n.* a system of religious belief or worship. धार्मिक विश्वास या उपासना की विधि।

Cultivate - कल्' - टिव् - एट् - *v. t.* to till, to raise by tillage, to study, to improve or develop, to civilize. खेत जोतना, अभ्यास करना, उन्नति करना, सभ्य बनाना; **Cultivation** (-ए-शन्) - *n.* the act of cultivating. कृषिकर्म, वृद्धि, उन्नति; **Cultivator** (-ए'-टर्) - *n.* one who cultivates, a harrow. किसान, खेतिहर, हेंगी।

Cultrate - कल्' - ट्रेट् - *adj.* shaped like the edge of a knife. छुरी की धार के समान बना हुआ।

Culture - कल्'-चर् - *n.* tillage, production, civilization, development. जोताई, उत्पत्ति, सभ्यता, उत्कर्ष; - *v. t.* to improve, to cultivate. उन्नति करना, उत्पन्न करना; **Culture of mind** (mental training.) मस्तिष्क की उन्नति, ज्ञानोन्नति।

Culver - कल्' - व़र् - *n.* a wood-pigeon, a pigeon. जंगली कबूतर, कबूतर।

Culverin - कल्' - व़र् - इन् - *n.* a large cannon of great strength. शक्तिशाली बड़ी तोप।

Culvert - कल्' - व़र्ट् - *n.* an arched channel

carrying water under or over a road. सड़क के नीचे से या ऊपर से पानी के जाने की मेहराबदार नाली या पुलिया।

Cumber - कम्ब् - अर् - *v. t.* to hinder, to hamper, to burden. विघ्न डालना, रोकना, लादना; **Cumbersome** (-सम्) - *adj.* clumsy, unwieldy. भद्दा, भारी।

Cumbrous - कम्' - ब्रस् - *adj.* cumbersome. कष्टकारक, भारी; **Cumbrously** (-लि) - *adv.* in a cumbrous manner. फूहरपन से; **Cumbrousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being cumbrous. भारीपन की स्थिति।

Cumin (Cummin) - क्युम्' - इन् - *ns.* an aromatic seed. जीरा।

Cumulate - क्यू' - म्यू - लेंट् - *adj.* heaped up, amassed. ढेर किया हुआ, लादा हुआ; - *v. t.* to accumulate, to heap together. इकट्ठा करना, सञ्चित करना; **Cumulative** (-इव्) - *adj.* accumulative, increased by additions. इकट्ठा होनेवाली, जोड़नेवाली; **Cumulatively** (-लि) - *adv.* in a cumulative manner. एकत्रित करने की रीति से।

Cumulus - क्यू' - म्यू - लस् - *n.* (*pl.* **Cumuli** -लि) a heap. ढेर, गट्ठा।

Cuneal - क्यू'-नि-अल् - *adj.* of the shape of a wedge. फन्नी के आकार का।

Cuneate - क्यू' - नि - एंट् - *adj.* wedge-shaped. फन्नी के आकार का; (also **Cuneatic or Cuneiform** - क्यू'-नि'- इ -फ़ॉर्म्।)

Cunning - कन्' - इङ्ग् - *n.* skill, art, ability, dexterity. चातुरी, निपुणता, छल, कपट; - *adj.* artful, skilful, crafty. धूर्त, कपटी, चतुर।

Cup - कप् - *n.* a drinking vessel, rounded cavity of anything, portion, experience, fate. प्याला (कटोरा), पोला भाग, अंश, अनुभव, भाग्य; **A bitter cup** (state of misery.) विपत्ति की अवस्था; **Cup-bearer** - *n.* (one who serves wine.) मदिरा पिलानेवाला; **Cupfuls** (-फुल्स्) - *n.* the full contents of a cup. पूरा भरा हुआ प्याला; **In one's cups** (drunk, intoxicated.) शराब पिये हुए, मतवाला, नशे में।

Cup-board - कब्'-अर्ड् - *n.* an almirah. आलमारी।

Cupel - क्यू' - पेंल् - *n.* a circular dish used by goldsmiths in assaying gold. सोना छानने का प्याला।

Cupid - क्यू' - पिड् - *n.* the Roman God of Love. मदन, कामदेव, मन्मथ।

Cupidity - क्यू' - पिड्' - इट् - इ - *n.* greed of gain. लाभ की लालसा, अति लोभ, कामुकता।

Cupola - क्यू' - पो - ला - *n.* a rounded vault over a roof, a dome. गुम्बद; **Cupola furnace** (furnace for melting iron.) लोहा गलाने की भट्ठी।

Cupreous - क्यू' - प्रि - अस् (**Cupric** - क्यू'-प्रिक्) - *adjs.* pertaining to copper, containing copper. ताँबे का, ताँबे से पूर्ण।

Cur - कर् - *n.* a worthless dog, an ill-bred or cowardly fellow. लेंड़ी कुत्ता, नीच या भीरु मनुष्य; **Currish** (-इश्) - *adj.* like a cur. लेंड़ी कुत्ते के समान।

Curable - क्यू'-रें-ब्ल् - *adj.* able to be cured. आरोग्य होने योग्य।

Curacy - क्यू'-रॉस्-इ - *n.* the office of a curate. पादरी का पद।

Curate - क्यू'-रेंट् - *n.* an assistant to a parish priest in English Church. पादरी का सहायक, पुरोहित का प्रतिनिधि।

Curative - क्यू'-रॉट्-इव् - *adj.* tending to cure, curing. साध्य, आरोग्य होने योग्य।

Curator - क्यू - रें' - टर् - *n.* the manager of a museum, the member superintending a university. संग्रहालय-अध्यक्ष, विश्वविद्यालय का प्रबन्धकर्ता।

Curb - कर्ब् - *n.* a chain or strap passing under the lower jaw of a horse, check, restraint. दहाने की जंजीर, अवरोध, रुकावट; **Curb-roof** (a roof having two slopes.) दो ओर ढालुवाँ छत।

Curcuma - कर्'-क्यू-मा - *n.* turmeric. हल्दी।

Curd - कर्ड् - *n.* milk thickened or coagulated. जमाया हुआ दूध, दही।

Curdle - कर्ड्ल् - *v. t.* to form into curd, to thicken. दही जमाना, थक्का बनाना, घना करना।

Cure - क्योर् - *n.* the act of healing, that which heals, a remedy. चिकित्सा, औषध; - *v. t.* to restore to health, to heal, to preserve. आरोग्य करना, सुरक्षित करना; **Cureless** (-लेंस्) - *adj.* without cure, incurable. असाध्य (रोग)।

Curette - क्यू - रेंट्' - *n.* a scoop-like surgeon's scraping instrument. जर्राह का खुरचने का शस्त्र।

Curfew - कर्' - फ़्यू - *n.* the ringing of a bell at fixed evening hours after which inhabitants are not allowed to stir abroad. सन्ध्या के निश्चित समय की घंटी जिसके बाद पुरवासियों को घर के बाहर रहने का आदेश नहीं होता है; **Curfew order** (order to remain inside the house after certain hours.) निश्चित समय के बाद घर से बाहर न निकलने की सरकारी आज्ञा।

Curio - क्यू - रि' - ओ - (*pl.* **Curios** - ओज़्) - *n.* a curious object of art, a rare object. कला की विलक्षण वस्तु।

Curiosity - क्यू - रि - ऑस्' - सिट् - टि - *n.* (*pl.* **Curiosities**) strangeness, rarity, inquisitiveness. अनोखापन, विलक्षणता, कौतूहल।

Curioso - क्यू' - रि - ओ' - ज़ो - *n.* a curious person. विलक्षण मनुष्य।

Curious - क्यू' - रि - अस् - *adj.* singular, strange, surprising, odd, eager to learn. अनोखा, विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, जानने की इच्छा रखनेवाला (जिज्ञासु); **Curiously** (-लि) - *adj.* in a curious manner. विलक्षणता से; **Curiousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being curious. विलक्षणता, विचित्रता।

Curl - कर्ल् - *n.* a spiral lock of hair, act of

curling. घुँघुराला बाल, ऐंठन; - *v. t. & i.* to bend or coil. ऐंठना, घुँघुराला बनाना; **Curliness** (- इ -नेंस्) - *n.* the state of being curly. ऐंठन; **Curling-irons** (an appliance for curling hairs.) बाल घुँघुराला करने की सँड़सी; **Curly** (-इ) - *adj.* having curls. घुँघुराला।

Curmudgeon - कर-मज्'-अन् - *n.* a miserly fellow, an avaricious person. कृपण, कंजूस आदमी, लालची आदमी।

Currant - कर्' - रॉन्ट् - *n.* dried fruit of grape. सूखा अंगूर, दाख, मुनक्का, किसमिस।

Currency - कर्' - रेंन्' - सि - *n.* circulation, current money, prevalence. प्रचार, प्रचलित सिक्का, बाजार भाव।

Current - कर् - रेंन्ट् - *adj.* in general use, now passing, common, present. प्रचलित (सर्वसम्मत), सामयिक, सामान्य, वर्तमान; - *n.* a running stream, course, tendency, electric force running through a body. स्रोत (प्रवाह), धारा, प्रकृति, विद्युत्-शक्ति का प्रवाह।

Curricle - कर् - रिक्' - कल् - *n.* a light two-wheeled carriage. टमटम।

Curriculum - कर् - रिक्' - यु - लम् - *n.* (*pl.* **Curricula** - ला) a course of study. पाठ्यपुस्तकों की सूची।

Currier - कर्' - रि - अर् - *n.* one who dresses and colours leather. चर्मकार, चमड़ा कमानेवाला मोची।

Curry - क' - रि - *n.* a dish of meat cooked and seasoned with spices. कढ़ी, शोरबा; - *v. t.* (*p.t.* **Curried.**) to prepare such a dish, to dress leather, to flatter to win favour. कढ़ी बनाना, चमड़ा कमाना, अनुग्रह प्राप्त करने के लिये खुशामद करना।

Currycomb - कर्' - रि - कोम् - *n.* an iron instrument for rubbing a horse's body. घोड़े को मलने का खरहरा।

Curse - कर्स् - *n.* an utterance of destruction, divine vengeance. शाप (कोस), दैवी प्रकोप; - *v. t. & i.* to utter curse upon, to excommunicate, to blaspheme. शाप देना, जाति से बाहर निकालना, निन्दा करना; **A curse to the family** (a blot for the family.) कुलाङ्गार; **Cursed** (-ड्) - *adj.* damnable, detestable. शाप दिया हुआ, अभागा, विपद्ग्रस्त।

Cursive - कर्' - सिव् - *adj.* written with a running or flowing hand. तेज़ी से लिखा हुआ, घसीट लिखा हुआ।

Cursory - कर्'-सर्-इ - *adj.* hasty, hurried, careless. शीघ्रता का, जल्दी से लिखा हुआ (घसीट), लापरवाह (चलता), अधूरा; **Cursorily** (-इल्-लि) - *adv.* in a cursory manner. शीघ्रता से, स्थूल दृष्टि से।

Curt - कर्ट् - *adj.* brief, terse, concise. संक्षेप, स्थूल, अल्प; **Curtly** (-लि) - *adv.* briefly. संक्षेप में; **Curtness** (- नेंस्) - *n.* brevity. संक्षेप।

Curtail - कर्'-टेल् - *v. t.* to cut short. संक्षेप करना, छोटा करना; **Curtailment** (- मेंन्ट्) - *n.* the act of curtailing. संक्षेप करने का कार्य; **Curtailstep** (the lowest step of a staircase.) सीढ़ी का सबसे नीचे का डंडा।

Curtain - कर्'-टेन् - *n.* a suspended screen, a screen of a theatre. पर्दा (चिक), नाटक का पर्दा; - *v. t.* to cover with a curtain. पर्दे से ढाँपना; **Curtain lecture** (reproof administered in private by a wife to her husband.) पत्नी की पति को एकान्त में डाँट फटकार।

Curtilage - कर्'-टिल्-एज् - *n.* a field, garden &c. attached to a dwelling-house. घर से बाहर का मैदान, बाग इत्यादि।

Curtsy (Curtsey) - कर्ट्'-सि - *n.* feminine salutation. स्त्रियों को अभिवादन करने की विधि; - *v. t.* to salute. अभिवादन करना।

Curvated - क़र्व्' - एट् - ऍड् - *adj.* bent. मुड़ा हुआ, घूमा हुआ।

Curvature - क़र्व्'-एच्-अर् - *n.* a curved form or bend. वक्रता, घुमाव।

Curve - क़र्व्' - *v. t. & i.* to bend, to turn, to form into a bend. झुकाना, घुमाना, मोड़ना; - *n.* curved form of anything. वक्र रेखा, टेढ़ी लकीर; - *adj.* bent, turned. झुका हुआ, घूमा हुआ, वक्र।

Curvet - कर्' - व़ेंट् - *n.* a frolic, a kind of horse's leap. उछाल, घोड़े की कुदान।

Curvilinear - कर्व़'-इ-लिन-इ-अर - *adj.* (a figure) consisting of curved lines. टेढ़ी रेखाओं से बनी हुई (आकृति)।

Cushion - कुश्'-अन् - *n.* a stuffed bag for sitting, reclining or sleeping. गद्दा, मसनद; - *v. t.* to furnish with cushions, to suppress quietly. गद्दी लगाना, शान्तिपूर्वक दबाना; **Cushiontyre** (solid tyre.) गाड़ी के पहियों पर की ठोस रबर की हाल; **Pin-cushion** (a pad for fixing pins.) आलपीन खोंसने की गद्दी।

Cusp - कस्प् - *n.* apex or peak. शिखा, चोटी।

Custard - कस्ट्'-अर्ड् - *n.* a mixture of milk and eggs sweetened or boiled and baked. पका हुआ अंडा और दूध; **Custardapple** (a kind of fruit.) शरीफा, सीताफल।

Custodial - कस्-टो'-डि-अल् - *adj.* pertaining to guardianship. संरक्षकता-सम्बन्धी; - *n.* a vessel for keeping sacred objects. पवित्र पदार्थों के रखने का पात्र।

Custodian - कस्-टो'-डि-अन् **Custodier** (-अर्) - *ns.* a keeper, guardian of a public building. रखवाला, अभिरक्षक, जनता के भवन का रक्षक।

Custody - कस्'-टो-डि - (*pl.* **Custodies**) - *n.* guardianship, care, imprisonment. तत्वावधान, संरक्षता, अभिरक्षा, बन्धन (कारावास)।

Custom - कस्' - टम् - *n.* usual practice, established usage. आचार (रीति, सम्प्रदाय, चाल), व्यवहार; - *n. pl.* duty levied on import. चुङ्गी; **Custom-duties** (taxes laid on imported and

exported goods.) विदेश से आये हुए तथा देश से बाहर जानेवाले माल पर चुङ्गी, आयात-निर्यात-कर; **Custom-house** (an establishment to collect custom revenue.) चुंगीघर।

Customable - कस्' - टम् - एँ - ब्ल् - *adj.* common, dutiable. सामान्य, चुंगी लगने योग्य।

Customary - कस्'-टम्-अर-इ - *adj.* usual, according to custom. व्यावहारिक, प्रचलित, लौकिक; **Customarily** (-अ-रिलि) - *adv.* in a customary manner. प्रचलित रीति से; **Customariness** (- नेंस्) - *n.* frequency. व्यावहारिक रीति।

Customer - कस्' - टम् - अर् - *n.* a buyer, a purchaser. ग्राहक, खरीदनेवाला।

Detail - डि -टेल्' - *n.* a minute account, item. हिसाब का ब्योरा, विस्तार, अंग, अंश, विवरण; *-v. t.* to give particulars of, to relate. सविस्तार वर्णन करना, विवरण देना; **Detailed** (- ड्) - *adj.* minutely related. विस्तृत रूप में वर्णन किया हुआ; **In detail** (part by part.) सविस्तार, पृथक् - पृथक्।

Detain - डि -टेन्'- *v. t.* to keep in confinement, to withhold. निरोध (बन्द) करना, रोकना; **Detainer** (- अर्) *-n.* one who detains. रोकनेवाला।

Detainment - डि - टेन्' - मेन्ट् - *-n.* same as **Detention.**

Detect - डि -टेक्ट्' - *v. t.* to discover, to find out. अनुसन्धान करना, पता लगाना; **Detectable** (- ऍ - ब्ल्), **Detectible** (- इ - ब्ल्) *-adjs.* that may be detected. पता लगाने योग्य; **Detecter, Detector** (- अर्) *-ns.* a discoverer. अनुसन्धान करनेवाला; **Detection** (-टेक् - शन्)*-n.* act of detecting discovery. अनुसन्धान, खोज; **Detective** (- इव्) *-adj. & n.* employed in detecting criminals, a policeman so employed. जासूस (पता लगानेवाला मनुष्य), भेदिया, (गुप्तचर)।

Detent - डि -टेन्ट् - *n.* a catch in a machine to regulate motion. किसी यन्त्र की गति स्थिर करने का खटका।

Detente - डे -टेन्ट्' - *n.* a relaxing of tension between nations. राष्ट्रों के वैमनस्य का अंत।

Detention - डि - टेन्' - शन् - *n.* a check, restraint, delay. रुकावट, निरोध, अवरोध, देर।

Detenu -डेट् - इ - न्यू - *n.* a state prisoner. राजबन्दी।

Deter - डि - टर् - *v. t.* (*p. t.* **Deterred.**) to hinder, to frighten from acting. निवारण करना; डराकर रोकना; **Determent** (-मेन्ट्), **Deterrence** (- रेन्स्) *-ns.* act of deterring. निवारण, अवरोध, रुकावट; **Deterrent** (- रेन्ट्) *-adj.* that which deters. रोकनेवाला।

Deterge - डि - टर्ज्' - *v. t.* to wipe off, to cleanse. पोंछना, साफ़ करना; **Detergent** (- टर् -जेन्ट्) *-adj. & n.* cleansing matter. शोधक, शुद्ध करनेवाला पदार्थ।

Deteriorate - डि - टिअर्' - इ - अर - एट् - *v. i. & t.* to become or make worse. क्षय होना (दूषित होना), भ्रष्ट करना; **Deteriorative** (- ऐ - टिव्) *-adj.* causing deterioration. भ्रष्ट करनेवाला; **Deterioration** (- ऍ' - शन्) *-n.* state of being or growing worse. क्षय, ह्रास, भ्रष्टता, दूषण।

Deteriority - डि - टिअर्' - इ - ऑर - इ - टी - *n.* worse condition. बुरी अवस्था।

Determent - *n.* see **Deter.** ।

Determinable - डि - टर्' - मिनें - ब्ल् - *adj.* capable of being determined. निर्धारण करने योग्य।

Determinant - डि - टर्' - मिन् - ऑन्ट् - *adj.* decisive. स्थिर, निश्चित, सिद्ध।

Determinate - डि - टर्' - मिन् - एट् - *adj.* definite, limited. निर्धारित, सीमित; **Determination** (- ऍ - शन्) *-n.* ascertainment, fixed attention, resoluteness. निश्चय, संकल्प, विचार, निर्धारण; **Determinative** (- ऐ - टिव्) - *adj.* that which defines. निर्धारक।

Determine - डि - टर्' - मिन् - *v. i. & t.* to come to an end, to define, to fix beforehand, to settle, to decide. समाप्त होना, निश्चित करना, पहिले से निर्धारित करना, स्थिर करना, निर्णय करना; **Determined** (- ड्) - *adj.* definite, resolute. निश्चित, स्थिर; **Determinism** (- इज़्म्) *-n.* the theory that human action is not free. यह सिद्धान्त कि मनुष्य के कार्य स्वतन्त्र नहीं होते।

Deterrent - डि - टर्' - रेंन्ट्, **Deterring** (- रिङ्ग्) -*adjs.* discouraging. हतोत्साह करनेवाला।

Detersion - डि - टर्' - शन् - *n.* act of cleansing a wound. घाव को साफ करने का काम।

Detersive - डि - टर्'- सिव् - *adj.* having power to cleanse. साफ करनेवाला।

Detest - डि - टेंस्ट्' - *v. t.* to dislike extremely, to abhor. अति घृणा करना, तिरस्कार करना; **Detestable** (- ऍ - ब्ल्) -*adj.* abominable. घृणा या तिरस्कार करने योग्य; **Detestableness** (- नेंस्) - *n.* extreme hatefulness. अतिशय घृणा; **Detestably** (- ऍं - ब्लि) -*adv.* very hatefully. अति घृणापूर्वक; **Detestation** (- ऍ - शन्) -*n.* extreme hate. अतिशय घृणा; **Detested** (- ऍड्) -*adj.* much hated. अति घृणित; **Detester** (- अर्) -*n.* one who hates. घृणा करनेवाला मनुष्य।

Dethrone - डि - थ्रोन्' - *v. t.* to remove from a throne, to depose. राजगद्दी से उतारना; **Dethronement** (- मेंन्ट्) - *n.* deposition of a king or ruler. किसी राजा या शासक का राजगद्दी से उतारा जाना, सिंहासन च्युति।

Detonate - डेट्'- ऑन् - एट् - *v. i. & t.* to explode with a loud report, to cause to explode. धड़ाके के साथ फूटना, धड़ाका करना; **Detonation** (- नें '- शन्) - *n.* an explosion. विस्फोट-ध्वनि; **Detonative** (- नें - टिव्) -*adj.* causing a detonation. धड़ाका करनेवाला; **Detonator** (- टर्) -*n.* an explosive. धड़ाका करनेवाला, अधिस्फोटक, विस्फोट प्रेरक, बारूद भरा हुआ पटाखा।

Detort - डि - टॉर्ट्'- *v. t.* to wrest. ऐंठना; **Detortion** (- टॉर् - शन्) -*n.* a wresting, percussion. ऐंठन, उलट-पलट।

Detour - डि - टूर्' - *n.* a circuitous or round about way. चक्करदार मार्ग।

Detract - डि -ट्रॉक्ट्' - *v. t.* to take away, to defame. घटाना, अपमानित करना; **Detraction** (-ट्रॉक् - शन्) -*n.* calumny. निन्दा, कलंक; **Detractor** (- अर्) -*n.* a slanderer. निन्दा करनेवाला; **Detractive** (- इव्) -*adj.* having tendency to lessen. घटानेवाला।

Detrain - डी -ट्रेन्' - *v. t. & i.* to remove or alight from a railway-train रेलगाड़ी से उतारना या उतरना।

Detriment -डेट्' - रि -मेन्ट् - *n.* harm, mischief, damage. हानि, अपकार; **Detrimental** (- अल्) -*adj.* harmful. हानिकारक; **Detrimentally** (- अल् - लि) -*adv.* in an injurious manner. हानिकर रूप में या ढंग से।

Detrition - डि - ट्रिश' - अन् - *n.* a wearing away by rubbing. घर्षण द्वारा क्षय; **Detritus** (- ट्राइ - टस्)-*n.* matter produced by detrition. घिसने से निकला हुआ पदार्थ।

Detrude - डि - ट्रूड्' - *v. t.* to thrust or force down. ढकेल देना।

Deuce - ड्यूस् - *n.* the two at cards or dice, the devil, mischief. ताश या पासे की दुक्की, पिशाच, उपद्रव; **Deuced** (- ड्) -*adj.* confounded, devilish. घबड़ाया हुआ, दुष्ट।

Deuteronomist - ड्यू - टर - ऑन्' - आम् - इस्ट - *n.* one of the joint authors of a book. किसी पुस्तक के संयुक्त लेखकों में से एक।

Devastate - डेंव्' - ऑस् -टेंट् - *v. t.* to lay waste, to ravage. निर्जन करना, भ्रष्ट करना; **Devastation** (-टें '- शन्) *n.* desolation, waste. विनाश, विप्लव; **Devastator** (-टें '- टर्) -*n.* one who lays waste or ravages. नाश करनेवाला।

Develop - डि -वेंल्' - अॅप् - *v. i. & t.* (*p. t.* **Developed**) to advance in structure, to unfold, to reveal, to make picture in photography visible, to exhibit. पुष्ट करना, प्रकाशित करना, फोटो के शीशे को साफ करना, दिखलाना; **Developer** (- अर्) *n.* he who or that which develops. स्थिर करनेवाला; **Development** (-मेंन्ट्) -*n.* growth, product, advancement. परिवर्धन, वृद्धि, विस्तार, उन्नति।

Deviate - डी' - वि - ऍट् - *v. i.* to turn from the way, to diverge. घूम जाना, हटना; **Deviation** (- ऍ' - शन्) - *n.* deflection, error. विचलन, विसामान्यता, अतिक्रम, भूल; **Deviator** (- ऍ' - टर्) -*n.* one who deviates. अतिक्रम करनेवाला।

Device - डि - व़ाइस्' - *n.* a contrivance, plan, scheme, invention, faculty of designing, a design. उपाय, प्रयोग, विधि, आविष्कार, कल्पना (साधन)।

Devil - डेंव्' - इल् - *n.* the supreme spirit of evil, a very wicked person, an enemy of God. दानव, पिशाच, अति दुष्ट मनुष्य, असुर; **Devil's bones** (dice.) पासा; **Devil's books** (playing-cards.) ताश के पत्ते; **Devil's dozen** (the number thirteen.) तेरह की संख्या; **Devil's dung** (asafoetida.) हींग; **The devil and all** (all bad things.) सब बुरी वस्तुयें; **The devil to pay** (trouble before one.) सामने आपत्ति का होना; **To go to the devil** (to come to ruin, to harm.) नाश को प्राप्त होना, नाश करना; **To play the devil with** (to harm and worry.) कष्ट और व्यग्रता उत्पन्न करना।

Devilish - डेंव्' - इल् - इश् - *adj.* very mischievous. अति दुष्ट या उपद्रवी; **Devilishly** (- इश् - लि) -*adv.* like a devil. प्रेत की तरह; **Devilishness** (- इश् - नेंस्) -*n.* quality of being a devil. पिशाचपन; **Devilism** (- इज़्म्) -*n.* great wickedness. पिशाचत्व।

Devious - डी' - वि - अस् - *adj.* winding. rambling, circuitous erring. कुटिल (टेढ़ा), चक्करदार, दोषी; **Deviously** (- लि) -*adv.* in an erring manner. कुटिलता से; **Deviousness** (-नेंस्) -*n.* departure from the main course, error. कुमार्ग, अशुद्धि।

Devise - डि - व़ाइज़्' - *v. t.* to consider, to scheme, to contrive a plan. विचार करना, चिन्तन करना, उपाय करना; **Deviser** (- व़ाइ' - ज़र्) *-n.* a one who contrives. (प्रयोजक), उपाय करनेवाला।

Devitalize - डी - व़ाइ' - टल् - आइज़् - *v. t.* to make lifeless. निर्जीव करना।

Devocalize - डी - व़ो' - कल् - आइज़् - *v. t.* to make voiceless. गूँगा करना।

Devoid - डि - व़ॉइड्' - *adj.* destitute, empty, vacant. रहित, शून्य, खाली।

Devoir - डेव़्' - व़ार् - *n.* duty, respect due. कर्तव्य (धर्म), आदर (सम्मान)।

Devolute - डे' - वॉल् - यूट - *v. t.* to depute, to transfer. सौंपना, हटाना।

Devolution - डे' - वॉल् - यू - शन् - *n.* a passing through a series of changes, degradation. निक्षेपण, अवनति।

Devolve - डि - व़ॉल्व़्' - *v. i. & t.* to fall by succession, to descend, to deliver over. गिरना, उतरना, सौंपना।

Devote - डि - व़ोट्' - *v. t.* to dedicate, to give up exclusively. समर्पण करना (भेंट करना), त्याग देना; **Devoted** (- व़ो - टेंड्) *-adj.* ardent, zealous. तत्पर (परायण), अनुरक्त; **Devotedly** (- एँड् - लि) *-adv.* in an ardent manner. भक्तिपूर्वक: **Devotee** (- डिव़् - व़ो - टी) *-n.* a votary, a bigot. धार्मिक मनुष्य (योगी, तपस्वी)।

Devotion - डि - व़ो - शन्' - *n.* divine or religious worship devoutness. धर्मनिष्ठा, भक्ति; **Devotional** (- अल्) *-adj.* pertaining to piety. धार्मिक; **Devotionally** (- अल् - लि) *-adv.* in a pious manner. भक्तिपूर्वक; **Devotionalist** (- अल् - इस्ट्) *-n.* one who is superstitiously devout. अनन्य ईश्वर-भक्त।

Devour - डि - वॉय - अर् - *v. t.* to eat ravenously, to consume, to destroy, to kill. भकोसना, भस्म करना, नष्ट करना, हत्या करना; **Devourer** (- अर्) *-n.* one who devours. भक्षण करनेवाला; **Devouringly** (-इङ्ग् - लि) *-adv.* in a devouring manner. भकोसते हुए।

Devout - डि - व़ाउट्' - *adj.* pious, religious, reverential. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्त, पुण्यात्मा; **Devoutlly** (- लि) *-adv.* in a devout manner. भक्तिपूर्वक; **Devoutness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being devout. धार्मिकता, भक्ति।

Dew - ड्यू - *n.* moisture from air condensed in small drops. तुषार, ओस; **Dewdrop** (drop of dew.) ओस की बूँद; **Dewfall** (evening.) सन्ध्या समय; **Dewless** (-लेंस्) *-adj.* without dew. बिना ओस का; **Dewy** (- इ) *-adj.* moist with dew. ओस से गीला।

Dewlap - ड्यू - लॉप् - *n.* a fold of loose skin hanging from the throat of cattle. गाय-बैल के गले के नीचे का लटकता हुआ झालरदार मांस।

Dexter - डेंक्स्' - टर् - *adj.* on the right-hand side. दाहिने हाथ की ओर का।

Dexterity - डेंक्स्' - टेंर् - रि - टि - *n.* adroitness, cleverness, right-handedness. दक्षता, हस्त-कौशल; **Dext (e) rous** (- टर्' - अस् या ट्रस) *-adj.* adroit, skilful. कुशल (पटु), निपुण; **Dexterousness** (- अस् - नेंस्) *-n.* dexterity, adroitness. निपुणता; **Dexterously** (- अस् - लि) *-adv.* in an adroit manner. दक्षतापूर्वक।

Dextral - डेंक्स्' - ट्रल् - *adj.* right as opposed to left. दाहिना।

Dextrin - डेंक्स्' - ट्रिन् - *n.* a gummy substance obtained from starch, gum. गेहूँ या जव के सत्त्व से निकला हुआ चिपकानेवाला पदार्थ, गोंद।

Dextrous - डेंक्स्'- ट्रस् - same as **Dexterous** (टर्' - अस्)

Dhow, Dow - डाउ - *n.* an Arabian ship. अरब का छोटा जहाज़।

Diabetes - डाइ' - अ - बी - टीज़् - *n.* a disease marked with excessive sugar in the urine. मधुमेह, बहुमूत्र रोग; **Diabetic** (- बेंट् - इक्) *-adj.* pertaining to diabetes. मधुमेह-सम्बन्धी।

Diablery - डी - ऑ - ब्लर - इ - *n.* magic, sorcery. जादू, टोना।

Diabolic (Diabolical) - डाइ - अ - बॉल्' - इक् (- अल्) - *adj.* devilish, fiendish. पैशाची, पापिष्ठ; **Diabolically** (- अल् - लि) *-adv.* in a devilish manner. पिशाचवत्; **Diabolism** (- अब् - ऑ - लिज़्म्) *-n.* sorcery. जादू की विद्या; **Diabolize** (- लाइज़्) *-v. t.* to make into a devil. पिशाच बनाना।

Diacritic - डाइ' - अ - क्रिट्' - इक्, **Diacritical** (- अल्) *-adjs.* distinguishing. भेद बतलानेवाला (स्वरों का विशिष्ट चिह्न)।

Diactinic - डाइ' - ऑक्' - टिन्' - इक् - *adj.* transmitting the rays of the sun. सूर्य की किरणों को स्थानान्तरित करनेवाला।

Diadem - डाइ' - अ - डेंम् - *n.* the arch of a crown, a headband worn as a badge of royalty. मुकुट, किरीट; **Diademed** (-ड्) *-adj.* wearing a diadem. मुकुट (किरीट) पहने हुए।

Diaglyph - डाइ' - अ - ग्लिफ़् - *n.* a sinking into the general surface. समतल में डूबकर बनाई हुई खोदाई या रचना।

Diagnose - डॉइ' - ऑग् - नोज़् - *v. t.* to ascertain disease by symptoms. लक्षण देखकर रोग का निर्णय करना; **Diagnosis** (- नो - सिस्) *-n.* (*pl.* **Diagnoses.**) identification of a disease by its distinctive marks. रोग-निर्णय, रोग-निदान; **Diagnostic** (- नॉस्'- टिक्) *-adj. & n.* distinguishing symptoms. रोग-लक्षण सम्बन्धी, निदान।


Diagonal - डाय् - आग्' - अ - नल् - *n.* a line joining two opposipe angles of any rectilineal figure. कर्ण, विकर्ण, चतुर्भुज में एक

कोण से दूसरे कोण तक की रेखा; **Diagonally** (- लि) *-adv.* in a diagonal manner. कर्ण रेखावत्।

Diagram - डाइ - ऑ - ग्राम् - *n.* a figure made of lines, symbolic representation of a figure. आरेख, आकृति, मानचित्र; **Diagrammatic** (-मॉट् - इक्) *-adj.* reresented by a diagram. आकृतिवाला; **Diagrammatically** (- कॉल् - लि) *adv.* by means of a diagram. आकृति द्वारा; **Diagrammatize** (- ऑ - टाइज़्) *-v. t.* to put as a diagram. चित्ररूप में रखना।

Diagraph - डाइ' - ए - ग्राफ्' - *n.* an instrument to make copies of drawings and maps. मानचित्रों की प्रतिकृति बनाने का यन्त्र।

Dial - डायल् - *n.* the face of a clock or watch, a circular plate on which an index finger indicates degrees &c. घड़ी का मुख ; **Sundial** (an instrument showing time by the sun's shadow.) सूर्यघड़ी, धूपघड़ी।


Dial.

Dialect - डाई - ए - लेक्ट् - *n.* the form of a language peculiar to a district. प्राकृत भाषा, प्रान्तीय भाषा; **Dialectal** (-लेक् - ट्ल्)- *adj.* pertaining to dialects. प्रान्तीय भाषा सम्बन्धी; **Dialectally** (- टल् - लि) *-adv.* from a dialectic point of view. प्रान्तीय भाषा के रूप में; **Dialectic** (-लेक् - टिक्) *-n.* (often in *pl.*) logical disputation. तर्कविद्या, न्याय; **Dialectician** (-लेक् - टिश्यन्) *-n.* a logician. नैयायिक, तत्त्वदर्शी।

Dialogic -डायॉ - लॉज्' - इक् - *adj.* pertaining to a dialogue. वार्तालाप-सम्बन्धी; **Dialogist** (- ॲल् - ऑ - जिस्ट्) *-n.* a writer of dialogues. वार्तालाप-लेखक।

Dialogue - डाय' - लॉग् - *n.* conversation. प्रश्नोत्तर, (संवाद), बातचीत।

Dialysis - डाइ - एल्' - ए - सिस् - *n.* the separation of crystallised particles from colloidal particles. परिपृथक्करण।

Diamantiferous - डाइ' - ऑ - मॉन् - टिफ़ - रस् - *adj.* diamond-yielding or bearing. हीरा उत्पन्न करनेवाली।

Diameter - डाइ - ऑम् - इट - अर् - *n.* the straight line passing through the centre of a circle terminating at the circumference and dividing it into two equal parts. व्यास; **Diametrical** (-में - ट्रि - कल्) - *adj.* in the direction of a diameter. व्यास सम्बन्धी; **Diametrically** (- मेंट् - रिक् - अल् - लि) *-adv.* in direct opposition. विपरीत रूप में।

Diamond - डाय' - मन्ड् - *n.* a colourless precious gem, a lozenge-shaped figure (*geom.*), one of the four suits of cards. (हीरक) हीरा, रेखागणित में बर्फ़ी का आकार, ताश में ईंट के पत्ते; **Diamond-cut** (with glittering points.) चमकते हुए अनेक कोणोंवाला; **Diamond edtion** (a miniature edition of a work.) किसी ग्रन्थ का अति सूक्ष्म संस्करण; **Diamond-field** (a tract yielding diamonds.) हीरे की खान; **Diamond Jubilee** (the sixtieth anniversary.) साठवीं वर्षगाँठ (हीरक जयन्ती)।

Diana - डाइ - ऑन - ऑ - *n.* a hunting woman, the moon. शिकारी स्त्री, चन्द्रमा।

Diapason - डाय में' - ज़न् - *n.* a volume of concord sounds. लय में अनेक ध्वनि।

Diaper - डाइ'- अ - पर् - *n.* an ornamental design woven in linen. बेलबूटा कढा हुआ कपड़ा (कामदानी)।


Diaper.

Diaphanous - डाय -फॉनस् - *adj.* transparent, clear. पारदर्शक, आरपार दिखलाने वाला, स्पष्ट।

Diaphoretic - डाइ' - ऑ - फॉर - एट्' - इक् - *adj.* & *n.* promoting perspiration. स्वेदजनक, पसीना लानेवाली (औषध)।

Diaphragm - डाय' - फ्राम् - *n.* the muscle separating the chest from the abdomen. शरीर-मध्यप्रदेश, उदर को वक्षःस्थल से अलगानेवाली पेशी, तनुपत, उरःप्राचीर।

Diarchy - डॉइ' - ऑर्क - इ - *n.* a government by two independent authorities. द्वैध शासन, दो व्यक्तियों से शासित राज्य।

Diarist - डॉइ' - अर - इस्ट् - *n.* one who keeps a diary. रोजनामचा रखनेवाला।

Diarrhoea - डॉई - अर - इ - आ - *n.* persistent looseness of bowels. अतिसार, पेट चलने का रोग; **Diarrhoeal** (-अल्), **Diarrhoeic** (-इक्) *-adj.* pertaining to or producing diarrhoea. अतिसार-सम्बन्धी।

Diary - डॉइ - अर - इ - *n.* a daily record of events, a journal. (दैनन्दिनी), दैनिक वृत्त की पुस्तक, रोज़नामचा; **Diarian** (-यरि -अन्) - *adj.* belonging to a diary. रोज़नामचे का; **Diarize** (-आइज़्) *-v. t.* to enter or write in a diary. दिन-पंजी में लिख देना।

Diathesis - डॉइ' - यथि - सिस् - *n.* a particular habit of body. शरीर के हिलाने या फड़काने का विशेष अभ्यास।

Diatomic - डाइ' -ऑ - टॅम् - इक् - *adj.* consisting of two atoms. दो परमाणुओंवाला।

Dibble - डिब्' - ब्ल् - *n.* an instrument for making holes in the ground for sowing seeds. खोंसनी, फाली; - *v. t.* to prepare soil for dibbling. बोने के लिए इस प्रकार से भूमि तैयार करना।

Dicacity - डि - कॉस्' - इ - टि - *n.* raillery, pertness of speech. आक्षेप, ताना।

Dice - डाइस् - *n.* (*pl.* **Die.**) a game with dice. पासे का खेल; - *v. i.* to play with dice. पासा खेलना; **Dice-box** (a glass-shaped box from which dice are thrown in gaming. पासा खेलने

का गिलास; **Dicer** (- अर्) *-n.* one who plays at dice. पासा खेलनेवाला।

Dicephalous - डाइ -सेॅफ्' - ऑल् - अस् - *adj*. having two heads. दो मस्तकोंवाला।

Dichotomy - डाइ'- कॉट्' - ॲम् - मि - *n.* a continuous division into pairs (*logic*). तर्क में किसी पदार्थ के दो विभाग।

Dicing - डाइस्' - इङ्ग् - *n.* a gaming with dice. पासे का खेल।

Dicky - डिक्' - इ - *n.* a leathern covering for a gig, a bird. फ़िटिन गाड़ी का चमड़े का टप, चिड़िया।

Dicta - डिक्'- टा *-n. pl., sing.* (**Dictum**) sayings. कहावतें।

Dictaphone - डिक्ट् - आँ' - फ़ोन् *-n.* a machine reproducing in types what is spoken into it. बोले हुए शब्दों को टाइप में लिखने का यंत्र।

Dictate - डिक् -टेॅट्' - *v. t.* to read aloud words to be taken down, to communicate with authority, to command. लिखाना, आज्ञापूर्वक कहना, आज्ञा देना; **Dictation** (-टे ' - शन्) *-n.* practice of dictating. श्रुति लेखन, श्रुतिलेख, इमला; **Dictator** (- अर्) *-n.* (*fem.* **Dictatress, Dictatrix.**) an absolute ruler, one who dictates to a writer. अनन्य शासक, लिखानेवाला; **Dictatorial** (- टो - रि -अल्) *-adj.* over-bearing. अनन्य, उद्धत, ढीठ; **Dictatorship** (- शिप्) *-n.* the office of a dictator. अनन्य शासक का पद।

Diction - डिक्' - शन् - *n.* choice of words, style, manner of speaking. वाक्य-विन्यास, मुहावरा, लहजा, कथन शैली, बोलचाल का ढंग।

Dictionary - डिक्' - श - नरि - *n.* (*pl.* **Dictionaries.**) a book containing the words of a language alphabetically arranged with their meanings &c. a lexicon. शब्दकोश, शब्द-संग्रह; **Walking dictionary** (one who is well informed.) सब विषय का ज्ञान रखनेवाला पुरुष।

Dictograph - डिक्ट - ओ - ग्राफ - *n.* a form of telephone capable of recording sounds. टेलिफोन के निकले शब्दों को अंकित करने का यन्त्र।

Dictum - डिक्' - टम् - *n.* (*pl.* **Dicta** - डिक्' - टा) a formal saying, a maxim. आदेश, कहावत।

Did - डिड् - *p. t.* of **Do.** किया।

Didactic - डि -डॉक्ट्' - इक् - *adj.* intended to teach, instructive. उपदेशक, प्रबोधक; **Didactically** (- अ - लि) *-adv.* in a didactic manner. उपदेशक की रीति से; **Didactics** (- इक्स्) *-n. pl.* the science of teaching or instruction. पाठन-युक्ति, पढ़ाने की पद्धति।

Didactyl - डाइ -डॉक्ट्' - इल् - *adj.* having two fingers or two toes. हाथ या पैर की दो अँगुलियोंवाला।

Didder - डिड्' - डर् - *v. i.* to shiver with cold. ठंढ से काँपना।

Diddle - डिड्' - ड्ल् - *v. t. & i.* mislead, to totter. बहकाना, लुढ़कना।

Didst. - डिड्स्ट् - *second person singular of.* '**Do**'.

Didymous - डिड्' - इम् - अस् - *adj.* twin, growing in pairs. यमज, जुड़वाँ।

Die - डाइ - *n.* (*pl.* **Dice.** डाइस्) a small cube used in gaming, plinth. पासा, मकान का बन्द; **The die is cast** (the course is fully decided.) विधि स्थिर हो गई; **Upon the die** (at stake.) दाँव लगाकर।

Die - डाइ - *n.* (*pl.* **Dies.**) a stamp used for coining money. मुद्रा बनाने का ठप्पा या साँचा; **Die-sinker** (an engraver.) ठप्पा या साँचा बनानेवाला।

Die - डाइ - *v. i.* to cease to live, to expire. मरना, दम निकलना; **To die in harness** (to die while still at work). काम करते हुए मृत्यु को प्राप्त करना; **To die in shoes** (to be slaughtered.) हत्या किये जाकर मरना; **To die for** (to have earnest desire for a thing.) किसी पदार्थ के लिए उत्कट इच्छा करना; **To die of laughing** (to laugh to exhaustion.) हँसते-हँसते थक जाना।

Diehard - डाइ' - हार्ड् - *n.* one who resists to the end. अन्त तक विरोध करनेवाला।

Dielectric - डाइ'- इ -लेॅक् - ट्रिक् - *adj. & n.* insulating, non-conductive of electricity. ढाँकता हुआ, बिजली के धाराप्रवाह को रोकनेवाला (पदार्थ)।

Diet - डा'- ऍट् - *n.* a national assembly for legislature. राज्य परिषद्।

Diet - डा' - यट् - *n.* food, food prescribed by a physician. आहार, भोजन, पथ्य; *- v. t. & i.* to take food or feed on special food prescribed by a physician. पथ्य भोजन कराना या करना; **Dietarian** (- ऍर् - इ - अन्) *-n.* one who strictly conforms to his dietary. पथ्य से भोजन करनेवाला; **Dietary** (- अर् - इ) *-n.* rules of diet. पथ्य के नियम; **Dietetic** (- ऍट्' - इक्) *-adj.* of diet. पथ्य-सम्बन्धी; **Dietetics** (- ऍट् - इक्स्)*- n. pl.* rules for diet. पथ्य के नियम।

Differ - डिफ़्' - फ़र् - *v. i.* (*p. t.* **Differed**) to be unlike, to be distinct, to be at variance, to disagree. भिन्न होना, विपरीत होना, असम्मत होना।

Difference - डिफ़् - फ़र् - ऍन्स् - *n.* dissimilarity, distinction, the remainder after subtraction, contention. भेद, अवशेष, विवाद, कलह; **To split the difference** (to remove a controversy.) मतभेद हटा देना।

Different - डिफ़्' - फ़र् - ऍन्ट् - *adj.* distinct, separate, various, unlike. पृथक्, विभिन्न, असमान; **Differential** (- ऍन्' - शि - अल्) *-adj.* creating a difference. भेदकर, विशेषक; **Differently** (- ऍन्ट् - लि) *-adv.* in a different manner. भिन्न प्रकार से।

Differentia - डि'- फ़र् - ऍन् - शि - या - *n.* a distinguishing mark. भेद का चिह्न।

Differentiate - डिफ़् - फ़र् - ऍन्' - शि - एट् - *v. t. & i.* to constitute the difference between, to discriminate, to make different. भेद जान लेना, अलगाना।

Differentiation - डिफ़् - फ़र् - ऍन्' - शि - ए -

शन् - *n.* the act of differentiating. विभेदीकरण।

Difficult - डिफ़्' - फ़िक् - अल्ट् - *adj.* hard to do, troublesome, not easy, perplexing. कठिन, दुष्कर, विषम (गूढ़, दुःसाध्य); **Difficulty** (- इ) *-n.* something obscure, obstacle, hindrance, reluctance, perplexity. कठिनता (दुःख, क्लेश), बाधा, संकट, विघ्न।

Diffidence - डिफ़्' - फ़िड् - ऍन्स् - *n.* self-distrust, shyness, modesty, reserve. संशय, अविश्वास, लज्जा, विनय, झिझक।

Diffident - डिफ़्' - फ़िड् - ऍन्ट् - *adj.* distrustful, reserved, bashful. अविश्वस्त, शंकायुक्त, लज्जाशील, आत्मसंशयी; **Diffidently** (- लि) *-adv.* in a diffident manner. लज्जा सहित, अविश्वास से।

Diffluence - डिफ़ - फ्लू - ऍन्स् - *n.* flowing away of a fluid. तरल पदार्थ का बहाव।

Diffluent - डिफ़् - फ़्लु - ऍन्ट् - *adj.* flowing on all sides. चारों और बहता हुआ।

Diffract - डिफ़् - फ्रॉक्ट्' - *v.t.* to break into parts. विश्लेषण करना, टुकड़े करना; **Diffraction** (फ्रॉक्' - शन्) *-n.* spreading of light. प्रकाश का विश्लेषण।

Diffuse - डिफ़् - फ़्यूज़्' - *v. t.* to spread out, to scatter. फैलाना, छितराना; **Diffused** (- ड्) *-adj.* spread, loose, extended. विस्तृत फैला हुआ; **Diffusedly** (- ड् - लि) *-adv.* in a diffused manner. विस्तीर्ण रूप में; **Diffuser** (- अर्) *-n.* that which or he who diffuses. फैलानेवाला, छितरानेवाला।

Diffuse - डिफ़् - फ़्यूस्' - *adj.* widely spread. फैलाया, छितराया हुआ; **Diffusible** (- इ - बल्) *-adj.* that may be dispersed. फैलाने योग्य; **Diffusion** (- अन्) *-n.* dispersion. विसरण, विस्तार, फैलाव; **Diffusive** (- इव़्) *-adj.* extending. फैलानेवाला; **Diffusively** (- इव़् - लि) - *adv.* in a diffusive manner. विस्तार से; **Diffusiveness** (- नेस्) *-n.* extensiveness. फैलावट।

Dig - डिग् - *v. t.* (*p. t. & p. p.* **Dug.**) to excavate, to hollow out by digging, to make a research. खोदना, गड्ढा करना, अन्वेषण करना; *-n.* a digging. खोदाई; **Diggable** (- ऍ - बल्) *-adj.* that may be dug. खोदने योग्य; **Digger** (- अर्) *-n.* one who digs. खोदनेवाला; **Digging** (- इङ्ग्) *-n.* the act of excavating. खोदाई का काम।

Digamist - डिग्' - गॉम् - इस्ट् - *n.* one who marries a second time. दूसरी बार विवाह करनेवला मनुष्य।

Digamy - डिग्' - गॉम् - इ - *n.* a second marriage. द्वितीय विवाह, पुनर्विवाह।

Digest - डाइ -जेंस्ट् - *n.* a methodical summary of laws. नीति-संग्रह, कानूनों का क्रमिक संग्रह; (- डि -जेंस्ट्) *-v. t.* to arrange systematically, to summarize, to think over, to assimilate in stomach. क्रमबद्ध करना, संग्रह करना, विचार करना, पचाना; **Digester** (- अर्) *-n.* one who digests the food, that which strengthens digestive power, a kind of vessel for boiling chemicals. भोजन पचानेवाला, एक प्रकार का रासायनिक पाकपात्र; **Digestibility** (- इब् - इल् - इट् - इ) *-n.* digestibleness. पाचन योग्यता या शक्ति; **Digestible** (- इ - बल्) *-adj.* capable of being digested. पाचन योग्य; **Digestion** (-जें - शन्) *-n.* dissolving of food in stomach. पाचन; **Digestive** (- इव़्) *-adj.* promoting digestion. पाचक, पचानेवाला।

Dight - डाइट् - *v. t.* to adorn, to make ready. आभूषित करना, सजाना, तैयार करना; *adj.* adorned. सजाया हुआ।

Digit - डिज्' - इट् - *n.* a finger or toe, a finger's breadth, any integer from 0 to 9. अँगुली, अंगुल भर, 0 से 9 तक इकाई के अंक; **Digital** (- अल्) *-adj.* pertaining to the digits. अँगुली-सम्बन्धी; **Digitated** (- ऍट्' - ऍड्)*-adj.* consisting of several finger-like sections. अँगुलियों के समान जोड़ोंवाला; **Digitiform** (- इ- फ़ॉर्म्) *-adj.* finger-shaped. अँगुली के आकार का।

Diglot - डाइ' - ग्लॉट् - *adj.* in two languages. दो भाषाओं का, द्विभाषिक।

Diglyph - डाइ' - ग्लिफ़् - *n.* a projecting face with two grooves. उभड़ा भाग जिसमें दो नालियाँ बनी हों।

Dignify - डिग्' - नि - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Dignified**). to honour, to speak, highly of. प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना; **Dignified** (- आइड्)*-adj.* marked with dignity, stately. महाप्रतापी, महान्, उच्च।

Dignitary - डिग्' - निट् - अ - रि - *n.* a person holding a high ecclesiastical rank or office. उच्च पद का पादरी।

Dignity - डिग्' - निट् - इ - *n.* excellence, honourable rank, stateliness, grandeur. महत्त्व, प्रताप, गौरव, प्रतिष्ठा।

Digraph - डाइ' - ग्राफ़् - *n.* a group of two letters expressing one sound. (*e. g.* ae, ph & c.) एक उच्चारण प्रकट करनेवाला दो अक्षरों का समुदाय।

Digress - डि (डाइ) -ग्रेस् - *v. i.* to stray, to depart from the main subject. भटकना, विषयान्तर बोलना; **Digression** (- ग्रे - शन्)*-n.* a departure from logical discourse. विषयान्तर गमन; **Digressive** (- इव़्)*-adj.* digressing. असंगत, (असम्बद्ध); **Digressively** (- इव़् - लि)*-adv.* by way of digression. असंबद्ध रूप से।

Dihexagonal - डाइ' - हेंक्स् -ऑग्' - ॲन् - अल् - *adj.* having twelve sides. (*geom.*) बारह भुज या पहल का।

Dike, Dyke - डाइक् - *n.* a ditch, a dam, an obstacle, an embankment. खाई, बाँध, अवरोध, सेतु।

Dilacerate - डि -लॉस्' - अर् - ऍट् - *v. i.* to tear or rend asunder. फाड़ डालना।

Dilapidate - डि - लॉप्' - इड् - ऍट् - *v. t. & i.* to bring or come to decay. नाश करना (ध्वंस करना), छिन्न-भिन्न होने देना; **Dilapidated** (- ऍड्)*-adj.*

wasted, ruined. छिन्न-भिन्न, नष्ट; **Dilapidation** (- ऐ - शन्)-*n.* squandering, decay. क्षय, नाश।

Dilatability - डाइ - लेंट्' - ऍब् - इल्' - इट् - इ - *n.* the quality of being dilatable. फैलावट; **Dilatable** (- ऍ - ब्ल्)-*adj.* capable of expansion, फैलाने योग्य।

Dilation - डाय - लें' - शन् - *n.* distention, expansion, विस्तार, फैलाव।

Dilate - डाय' - लेंट्' - *v. t. & i.* to expand, to extend, to widen, to enlarge. फैलाना, चौड़ा करना; **Dilated** (- ऍड्)-*adj.* expanded. फैला हुआ; **Dilator** (- अर्)-*n.* a muscle that expands. फैलनेवाली पेशी।

Dilatorily - डिल्'- एट् - अर - लि - *adv.* with delay. विलम्ब से; **Dilatoriness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being dilatory. विलम्बिता, दीर्घसूत्रता; **Dilatory** (- टर् - इ)- *adj.* slow, loitering, designed to delay. दीर्घसूत्री, विलंब करनेवाला, आलसी, धीमा।

Dilemma - डि - लेम् - ऑ - *n.* a from of argument (in logic) forcing the opponent to accept one of two alternatives (called its *horns*), both of which are undesirable to him, a perplexing situation. उभयसम्भव तर्क, संकट की स्थिति; **Dilemmatic** (- मॉट्' - इक्)-*adj.* pertaining to dilemmas. संकट की स्थिति का।

Dilettante - डिल् - इट् - एन्ट् - इ - *n.* (*pl.* **Dilettanti**) a lover of fine arts, an amateur. कलानुरागी, नवसिखुआ।

Diligence - डिल्' - इज् - ऍन्स् - *n.* industrious nature, उद्यम, उद्योग, परिश्रम।

Diligent - डिल्' - इज् - ऍन्ट् - *adj.* hardworking industrious. उद्योगी, परिश्रमी; **Diligently** (-लि) -*adv.* in a diligent manner. परिश्रम से।

Dill - डिल् - *n.* an umbelliferous medicinal plant. मधुरिका लता।

Dilly-dally - डिल्' - लि - डॉल्' - लि - *v. i.* to delay, to loiter. टालमटोल करना।

Dilogy - डाइल्' - ऑज् - इ - *n.* a phrase with two meanings. दो अर्थोंवाला शब्द समूह।

Dilute - डाइ - ल्यूट्' - *v. t.* to make a fluid thinner by adding water. जल मिलाकर घने द्रव को पतला बनाना; *adj.* weakened by water. पानी मिलाकर पतला किया हुआ; **Dilution** (- ल्यू - शन्)-*n.* the act of diluting. पतला करने या हलका करने की क्रिया।

Diluvialist - डि - ल्यूव्' - इ -ऑल् - इस्ट् - *n.* an expert on diluvial deposits. भूगर्भवेत्ता जो जल के बाढ़ के संचयन का ज्ञान रखता है।

Diluvian - डि - ल्यूव्' - इ - अन् - *adj.* pertaining to flood. बाढ़ सम्बन्धी।

Diluvium - डि - ल्यूव्' - इ - अम् - *n.* a deposit of sand, gravel & c. made by a current of water, flood. बाढ़ से छोड़ी हुई मिट्टी, बाढ़।

Dim - डिम् - *adj.* (*comp.* **Dimmer,** *sup.* **Dimmest**) faintly visible, tarnished, indistinct, obscure. अस्पष्ट (धुँधला), निस्तेज; **Dimly** (- लि) -*adv.* in a dim manner. धुधलेपन से; **Dimness** (- नेंस्)-*n.* the quality of being dim. धुँधलापन।

Dime - डाइम् - *n.* the tenth part of an American dollar. अमेरिका का 10 सेन्ट का निकल धातु का सिक्का।

Dimension - डाइ - मेंन्श्' - अन् - *n.* extent, magnitude, degree. परिमाण, मात्रा, विभा, अंश; *pl.* length, breadth and thickness. लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई; **Dimensional** (- नल्)- *adj.* concerning magnitude. परिमाण सम्बन्धी।

Dimidiate - डि - मिड्' - इ - ऍट् - *adj.* divided into two parts. दो भागों में विभक्त।

Diminish - डि - मिन्' - इश् - *v. t. & i.* to make less, to abate, to decrease, न्यून करना, घटाना, कम होना; **Diminishable** (- ऍ - ब्ल्)-*adj.* capable of being diminished. घटने योग्य; **Diminished** (- ड्)-*adj.* decreased. घटाया हुआ; **Diminishingly** (- इङ्ग् - लि)-*adv.* in a decreasing manner. घटाते हुए।

Diminution - डि - मिन् - यु' - शन् - *n.* a lessening, degradation. ह्रास, कमी, अवनति।

Diminutive - डि - मिन्' - यू - टिव् - *adj.* small, tiny, narrow. अल्प, सूक्ष्म, सकीर्ण; -*n.* a word used to express a little thing of the kind. अल्पार्थक शब्द; **Diminutiveness** (-नेंस्)-*n.* littleness. लघुत्व, छोटापन।

Dimity - डिम्' - इट् - इ - *n.* a kind of printed stout cotton fabric. (पर्दे का) मोटा छपा हुआ सूती कपड़ा।

Dimple - डिम्प्' - ल् - *n.* a small hollow in cheek or chin. गाल या ठुड्डी का गड्ढा; *v. i.* to produce dimples. गड्ढा पड़ना; **Dimpled** (- ड्)-*adj.* having dimples. गड्ढेदार।

Din - डिन् - *n.* continued confused noise, a clatter. कोलाहल, कलकल; -*v. t.* (*p. t.* **Dinned.**) to harass with clamour. कोलाहल से कष्ट देना।

Dine - डाइन् - *v. t.* to take dinner. मध्याह्न का भोजन करना; **To dine out** (to take dinner out of the house.) घर के बाहर भोजन करना; **To dine with Duke Humphrey** (to remain hungry.) भूखे रह जाना; **Dining-hall (room)**. भोजन करने के लिये पंगत बैठने का स्थान।

Ding - डिङ्ग् - *v. t.* to ring. शब्द करना; **Ding-dong** (डिङ्ग्'- डॉङ्ग्) -*n.* the sound of a bell. घण्टे का शब्द।

Dinghy, Dingey - डिङ्ग् - गि - *ns.* a ship's small boat. छोटी नाव, डोंगी।

Dingle - डिङ्ग् - गल् - *n.* a small dale, a narrow valley. घाटी, दर्रा।

Dingy - डिन्ज्' - इ - *adj.* dull coloured, dark brown. धुँधला, काला भूरा।

Dinner - डिन्' - नर् - *n.* the chief meal of the day, taken at mid day or in evening, a public feast. दिन का प्रधान भोजन, जो दोपहर या

सन्ध्या को ग्रहण किया जाता है, ज्योनार; **Dinner-bell** (a bell rung when dinner is ready.) भोजन की तैयारी पर बजाने की घण्टी; **Dinner-set** (plates &c. used at dinner.) तश्तरी, थाली इत्यादि; **Dinner-wagon** (a set of shelves on castors in the dining-room.) भोजन की सामग्री का घिसकाने योग्य टेबुल।

Dint - डिन्ट् - *n.* a blow, stroke, effort. प्रहार, आघात, प्रयत्न; **By dint of** (by force of.) प्रहार या बल से।

Diocese - डाइ' - ओ - सिस् - *n.* a bishop's jurisdiction. पादरी का प्रदेश।

Dioptric - डाइ - ऑप् - ट्रिक - *adj. & n.* helping sight by refraction. प्रकाश की वक्रगति द्वारा दृष्टि को सहायता देनेवाला या सहायक।

Dioxide - डाइ - ऑक्स्' - आइड् - *n.* an oxide containing two parts of oxygen and one of metal. दो भाग ओषजन (ऑक्सिजन) तथा एक भाग धातु का मेल।

Dip - डिप् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Dipped**) to immerse into a liquid, to plunge. गोता लगाना, डुबाना; *-n.* the act of dipping, depression, inclination. निमज्जन, डुबाव, झुकाव; **Dip-net** (a small net for catching fish.) मछली पकड़ने का छोटा जाल।

Diphtheria - डिफ्' - थी - रि - आ - *n.* an infectious disease in the back of the throat. कण्ठ का एक संक्रामक रोग।

Diphthong - डिफ्' - थॉङ्ग् - *n.* a union of two vowels pronounced as one in a syllable. संयुक्त स्वर, दो स्वरों का एक उच्चारण यथा ae, oe.

Diploma - डिप् - लोम्' - आ - *n.* a certificate conferring honour or authority. पदवीदायक पत्र, अधिकारपत्र (सनद); **Diplomate** (- मेंट्)-*adj.* having received a certificate. अधिकारपत्र प्राप्त; **Diplomaless** (- लेंस्)-*adj.* without certificate. बिना अधिकार पत्र का।

Diplomacy - डिप्' - लोम्' - ऑस् - इ - *n.* management of international relations, tact. राजनैतिक कौशल, राजनय, कूटनीति।

Diplomat - डि - प्लोम्' - ऑट् - *n.* one skilled in diplomacy. राजनीति-कुशल; **Diplomatic** (-ऑट्' -इक्)-*adj.* skilful in negotiations, tactful. दूतकार्य में चतुर, कूट-नीतिज्ञ; **Diplomatically** (- मॉट्' - इ - कलि) -*adv.* according to the rules of diplomacy. नीति-निपुणता से; **Diplomatist** (-ऑट्-इस्ट्) -*n.* a diplomat. नीति-कुशल मनुष्य; **Diplomatize** (-टाइज़्)-*v. t. & i.* to act as a diplomatist. नीतिज्ञ के सदृश कार्य करना।

Dipper - डिप्' - पर् - *n.* one who dips, a ladle. डुबानेवाला, कल्छुल।

Dipterous - डिप्' - टर् - अस् - *adj.* having two wings only. केवल दो पंखों या परोंवाला।

Dire - डाइ - अर् - *adj.* horrible, calamitous. भयानक, क्रूर; **Direful** (- फुल्)-*adv.* dreadful. भयंकर, उग्र; **Direfully** (- फुल्-लि)-*adv.* in a direful manner. क्रूरता से; **Direfulness** (- फुल् -नेंस्)-*n.* the quality of being direful. उग्रता, क्रूरता।

Direct - डाइ - रेंक्ट्' - *v. t. & i.* to order, to address, to control, to guide. आज्ञा देना, पता लिखना, नियंत्रित करना, पथ दिखाना; *-adj. & adv.* straight, not crooked, immediate uninterrupted. सीधी, अवक्र, तुरन्त, अविघ्न; **Directly** (-लि) *-adv.* immediately. तुरन्त, सीधे; **Direct speech** (words actually spoken.) वक्ता के ठीक-ठीक शब्द; **Directness** (- नेंस्) *-n.* quality of being direct, straightness. सीधापन।

Direction - डि - रेंक् - शन् - *n.* instruction, order, aim, address. निर्देश, निर्देशन, आज्ञा, लक्ष्य, पता।

Director - डि - (डाइ-) रेंक्ट् - अर् - *n.* a superintendent, one who directs, manager. अध्यक्ष, संचालक, अधिकारी; (*fem.* **Directress** ट्रेंस्); **Directorate** (- अर् - एंट्) *-n.* the office of a director. निर्देशालय; **Directory** (- अ - रि) - *adj. & n.* guiding, a book of reference. निर्देशक, नाम-धाम-सूचक पुस्तक।

Directrix - डि - रेंक्ट्' - रिक्स् - *n.* (*pl.* **Directrices** - ट्राइसीज़्) a fixed line used in describing a curve. वक्र रेखा खींचने की स्थिर रेखा।

Dirge - डर्ज् - *n.* a song sung at burial. शोकगीत, मर्सिया।

Dirigible - डिर्' - रिज् - इ - ब्ल् - *n. & adj.* an aircraft which is able to be guided. वायुयान (गुब्बारा) जो इच्छानुसार जिधर चाहे उधर उड़ाया जा सकता है।

Dirk - डर्क् - *n.* a kind of dagger or poniard. एक प्रकार की कटार।

Dirt - डर्ट् - *n.* an unclean substance, mud, dust. कीचड़, मिट्टी, धूल; **Dirt-cheap** (very cheap.) बहुत ही सस्ता; **To fling dirt** (to rebuke.) गाली देना; **To eat dirt** (to censure.) निन्दा करना; **Dirtily** (- इ - लि)-*adv.* in a dirty manner. गन्देपन से; **Dirtiness** (- इ - नेंस्)-*n.* the state of being dirty. गन्दापन; **Dirty** (- इ)-*adj.* soiled, foul, filthy, unclean, mean. धूलयुक्त, गन्दा, मैला, नीच; *-v. t.* (*p. t.* **Dirtied**) to soil, to make foul. गन्दा करना।

Disability - डिस् - ऍब् - इल्' - इट् - इ - *n.* unfitness, inability, incapacity. अयोग्यता, अशक्तता, अपंगता, असमर्थता।

Disable - डिस्' - ए - ब्ल् - *v. t.* to weaken, to cripple, to incapacitate, to deprive of power, to disqualify. दुर्बल करना, लँगड़ा बनाना, अशक्त करना, अयोग्य बनाना; **Disabled infirm.** विकलांग, अपाहिज; **Disablement** (- मेंण्ट) - *n.* disability. अशक्तता, अयोग्यता।

Disabuse - डिस्'- ऑब् - युज्' - *v. t.* to undeceive, to set right. भ्रम दूर करना, ठीक करना।

Disaccord - डिस्' -ऑक् - कॉर्ड् - *n.* disagreement. विरोध।

Disadvantage - डिस् -ऑड् - व़ान्ट्' - इज़् - *n.* unfavourable condition, loss. असुविधा हानि;

Disadvantageous (- एंज् - अस्)-*adj.* unfavourable. अहितकारी (हानिकारक); **Disadvantageously** (- अस् - लि)-*adv.* in a disadvantageous manner. क्षतिकारक ढंग से।

Disaffect - डिस्' - अफ़् - फेक्ट् - *v. t.* to take away affection, to make unfriendly. स्नेह खींच लेना, प्रतिकूल बनाना; **Disaffected** (- एँड्)-*adj.* unfriendly, disloyal. प्रतिकूल, विद्रोही।

Disaffection - डिस् - अफ़ - फेंक्' - शन् - *n.* want of affection, dislike. प्रेम का अभाव, घृणा।

Disaffirm - डिस्' - अफ़् - फ़र्म' - *v. t.* to deny, to contradict. अस्वीकार करना, विरोध करना; **Disaffirmation** (- एँ - शन्) - *n.* denial. अस्वीकृति।

Disagree - डिस् - अ - ग्री' - *v. i.* to differ, to dissent in opinion, to prove unsuitable. भिन्न होना, सहमत न होना, अनुपयुक्त सिद्ध करना; **Disagreeable** (- एँ - बल्)-*adj.* unpleasant, offensive; अरुचिकर, अप्रिय; **Disagreeableness** (- ए - बल् - नेंस्) -*n.* the state of being disagreeable. अरुचि; **Disagreeably** (- एँब् - लि)-*adv.* in a disagreeable manner. अरुचिकर ढंग से; **Disagreement** (-मेंन्ट्)-*n.* discord, dissension. विरोध, विवाद।

Disallow - डिस् - अल् - लाउ' - *v. t.* to refuse to accept as reasonable, to reject, to prohibit. अस्वीकार करना, निषेध करना, रोकना; **Disallowable** (- एँ- ब्ल्)-*adj.* not allowable. निषेधयुक्त, अननुमोदनीय; **Disallowance** (-ऑन्स्) -*n.* prohibition, rejection. निषेध, अस्वीकृति।

Disanimate - डिस् -ऑन्' - इम् - एंट् - *v. t.* to dishearten. हतोत्साह करना।

Disannul - डिस्' - ऑन् - अल् - *v. t.* to abolish, to cancel. हटाना, काटना, लोप करना।

Disappear - डिस् -ऑप् - पिअर्' - *v. t.* to die away from sight, to vanish, to be lost. अन्तर्धान होना, अदृश्य होना, खो जाना; **Disappearance** (- ऑन्स्) - *n.* withdrawal from sight. अन्तर्धान।

Disappoint - डिस् -ऑप् - पॉइन्ट्' - *v. t.* not to fulfil desire or expectaion, to break appointment, to frustrate. आशा या इच्छा भंग करना, नियुक्ति तोड़ना, निराश करना; **Disappointed** (- एँड्) -*adj.* frustrated. आशाभग्न, निराश; **Disappointing** (- इङ्ग्)-*adj.* frustrating. आशा तोड़नेवाला; **Disappointedly** (- एँड् - लि)-*adv.* in a disappointed manner. निराश ढंग से; **Disappointment** (- मेंन्ट्)- *n.* failure of expectation. निराश।

Disapprobation - डिस् - ऑप्' - सॅब् - ए' - शन् - *n.* disapproval. अस्वीकृति; **Disapprobative** (- टिव्) - *adj.* disapproving. निन्दा अथवा तिरस्कार सूचक; **Disapprobatory** (-बें - ट - रि)- *adj.* tending to disapprove. अप्रतीतियुक्त।

Disapproval - डिस् -ऑप् - प्रूव्' - अल् - *n.* disapprobation, dislike. अस्वीकृति, घृणा।

Disapprove - डिस् - ऑ - प्रूव्' - *v. t & i.* to express unfavourable opinion of, to reject. असम्मति प्रकट करना, अस्वीकार करना; **Disapprovingly** (- प्रू - विङ्ग् - लि)-*adv.* by disapprobation. असम्मति से।

Disarm - डिस् - आर्म्' - *v. t.* to deprive of arms, to render defenceless. शस्त्र छीन लेना, फौजी प्रबन्ध हटा लेना; **Disarmament** (-ऑ -मेंन्ट्)-*n.* the act of disarming. शस्त्रापहरण, निरस्त्रीकरण।

Disarrange - डिस्' - अरेन्ज् - *v. t.* to put to disorder. क्रम हटाना, उलट-पुलट करना; **Disarrangement** (- मेंन्ट) - *n.* confusion. क्रमभंग, (गड़बड़ी)।

Disarray - डिस् - अरे' - *n.* want of order, disorder. व्यूहभंग, उलट-पलट; - *v. t.* (*p. t.* **Disarrayed**) to unclothe. वस्त्र उतारना।

Disarticulate - डिस् -ऑर् - टिक् - यू - लेंट् - *v. t.* to separate the joints. जोड़-जोड़ अलग करना।

Disaster - डिज़् -ऑस्' - टर् - *n.* misery. विपत्ति, उपद्रव, अभाग्य।

Disastrous - डिज़् - ऑस्' - ट्रस् - *adj.* calamitous, gloomy, ruinous. विपत्तिग्रस्त, अभागा, नाशकारी; **Disastrously** (- ट्रस्' - लि)- *adv.* in a disastrous manner. नाशकारी ढंग से।

Disattach - डिस्'- ऑ - टॉच्' -*v. t.* to undo what is attached. बँधे हुए को खोलना।

Disavow - डिस् - अ - व़ाउ' - *v. t.* to disown, to repudiate, to disclaim. नहीं करना, अस्वीकार करना; **Disavowal** (- अल्)-*n.* repudiation. अस्वीकृति।

Disband - डिस् - बॉन्ड्' - *v. t. & i.* to break up and dismiss, to disperse a troop. सेना भंग करना या तोड़ना; **Disbandment** (- मेंन्ट्)-*n.* act of disbanding. सेना का भंगीकरण।

Disbar - डिस् - बार्' - *v. t.* to expel a barrister from the bar. बैरिस्टर को वकालत करने से वंचित करना।

Disbelief - डिस् - बि - लीफ़्' - *n.* a refusal to believe, want of belief. अविश्वास; **Disbelieve** (- लीव्)-*v. t.* to have no faith in. अविश्वास करना; **Disbeliever** (- अर्)-*n.* one who refuses belief, a sceptic. अविश्वासकारी, नास्तिक।

Disbowel - डिस् - बॉव्' - एल् - *v. i.* to take out the intestines. आँतों को बाहर निकालना।

Disbud - डिस् - बड्' - *v. t.* (*p. t.* **Disbudded**) to remove the buds or shoot of. कली हटाना।

Disburden - डिस् - बर् -डेंन् - *v. t & i.* to relieve of burden, to get rid of. बोझ उतारना या हटाना, हलका करना, मुक्त होना।

Disburse - डिस् - बर्स्' - *v. t.* to pay money, to expend. धन देना, व्यय करना; **Disbursement** (- मेंन्ट) - *n.* a paying out, that which is paid. भुगतान, संवितरण, चुकौती, दिया गया धन।

Disc, Disk - डिस्क् - *n.* the face of a round plate, the face of a celestial body. किसी गोल पदार्थ का ऊपरी भाग, चक्रिका, टिकली, नक्षत्र-मंडल।

Discage - डिस् - केज्' - *v. t.* to take out of a cage. पिंजड़े के बाहर निकालना।

Discard - डिस् - कार्ड' - *v. t.* to cast aside, to give up, to dismiss. अलग करना, छोड़ना, हटाना।

Discern - डिस् - अर्न' - *v. t.* to distinguish difference, to judge, to perceive clearly. प्रभेद करना, निर्णय करना, विचार करना; **Discerner** (- अर्) *-n.* one who discerns. विवेचक; **Discernible** (- इ - बल्) *-adj.* perceptible, प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर; **Discernibly** (- इब् -लि) *-adv.* in a discernible manner. विचार सहित; **Discerning** (- इङ्ग्) *-adj.* sharp-sighted, acute. दूरदर्शी, विचारशील, विवेकी; **Discernment** (- मेन्ट्)*-n.* discrimination. प्रभेद, विचार, दूरदृष्टि।

Discerp - डिस् - सर्प' - *v. t.* to separate, to tear off or to pluck asunder. पृथक् करना, फाड़ना या अलगाना; **Discerptible** (- टि - ब्ल्)*-adj.* capable of being disunited. पृथक् करने योग्य; **Discerption** (- शन्)*-n.* the act of pulling to pieces. पृथक् करने या फाड़ने का कार्य।

Discharge - डिस् - चार्ज्' - *v. t. & i.* to disburden, to withdraw electricity from, to release, to dismiss, to acquit, to perform. भार हटाना, बिजली निकाल लेना, छोड़ना, नौकरी से हटाना, मुक्त करना, निर्वाह करना; *-n.* unloading a shot of gun or arrows, release, acquittal, emission. भार-मोचन, गोली या तीर फेंकना, मोक्ष, रिहाई, विसर्जन, प्रस्राव; **Discharger** (- अर्)*-n.* an instrument which is used for producing electric discharge. बिजली उत्पन्न करने का यन्त्र।

Discharm - डिस् - चार्म्' - *v. t.* to remove charm from. जादू का प्रभाव हटाना।

Disciple - डिस् - साइ' - प्ल् - *n.* one who gets instruction from another, a learner, a follower, शिष्य, चेला; **Discipleship** (- शिप्)*-n.* the state of being a disciple. चेलापन।

Disciplinarian - डिस' - इप - लिन् - अर - इ - अन् - *n.* one who maintains or enforces discipline. नियम स्थापित करनेवाला या पालन करनेवाला, अनुशास्ता।

Disciplinary - डिस - इप - लिन्'- अर - इ - *adj.* pertaining to discipline. अनुशासन सम्बन्धी।

Discipline - डिस् - इप् - लिन् - *n.* military training, drill, order maintained among scholars, subjugation to chastisement. सैनिक शिक्षा, कवायद, शिक्षा शाखा, अनुशासन, दण्ड; - *v. t.* to bring under control. अधीन करना, अनुशासित करना।

Disclaim - डिस् - क्लेम्' - *v. t.* renounce claim, to disown or disavow. अधिकार छोड़ना, अस्वीकार करना; **Disclaimer** (- अर्)*-n.* renunciation, disavowal. अधिकार त्याग, अस्वीकृति।

Disclose - डिस् - क्लोज़्' - *v. t.* to uncover, to expose to view. उन्मुक्त करना, प्रकट करना; **To disclose secrets** (to reveal secrets.) रहस्य खोल देना; **Disclosure** (-ज़र्)*-n.* act of revealing. भेद प्रकाशन।

Disco - डिस् - को - *n.* club where people dance to recorded music. नृत्य करने का क्लब।

Discoid - डिस्क्' - ऑइड् - *adj.* of the shape of a disk. थाली के आकार का; **Discoidal** (- अल्) *-adj.* circular. मण्डलाकार।

Discolour - डिस् - कल्' - अर् - *v. t.* to stain, to tarnish. मलिन करना, रङ्ग बिगाड़ना; **Discolo(u)ration** (- ऐ - शन्)*-n.* the act of staining. मलिनीकरण।

Discomfit - डिस् - कम्' - फिट् - *v. t.* (*p. t.* **Discomfited**) to defeat in battle, to vanquish. लड़ाई में हराना, पराजित करना; **Discomfiture** (- चर्)*-n.* defeat, overthrow, frustration. पराजय, पराभव, हार।

Discomfort - डिस् - कम' - फर्ट - *n. & v. t.* mental or bodily uneasiness, distress, grief, to make uneasy. पीड़ा, व्यथा, क्लेश, पीड़ा देना; **Discomfortable** (- ऐ - ब्ल्) *-adj.* uncomfortable. क्लेशकर, पीड़ाकर, व्यथाकर।

Discommode - डिस्' - कम् - ओड्' - *v. t.* to put to inconvenience, to annoy. असुविधा में डालना, कष्ट देना।

Discompose - डिस् - कम् - पोज़्' - *v. t.* to disturb, to agitate, to ruffle. क्षुब्ध या व्याकुल या अस्त-व्यस्त करना; **Discomposedly** (- ड् - लि), **Discomposingly** (- इङ्ग् - लि)*-advs.* in a disturbing manner. व्यग्रता से; **Discomposure** (-ज़र्)*-n.* agitation, perturbation. व्याकुलता, उद्वेग।

Disconcert - डिस्कन्सर्ट् - *v. t.* to spoil, to upset, to disturb. नष्ट करना, उलट-पलट करना, घबराना; - *n.* disunion. अलगाव; **Disconcertment** (- मेन्ट) *-n.* discomposure. घबड़ाहट।

Discongruity - डिस् - कॉङ्' - ग्रु - इटि - *n.* disagreement असम्मति।

Disconnect - डिस्' - कान् - एक्ट् - *v. t.* to separate the connection of, to disunite. अलगाना, पृथक् करना; **Disconnected** (- एँड्) *-adj.* separated, incoherent. अलगाया हुआ; **Disconnectedly** (- एँड् - लि)*-adv.* in a disconnected way. पृथक् रूप से; **Disconnectedness** (- एँड् -नेंस्) *-n.* incoherence. पृथकत्व, अलगाव।

Disconnection, Disconnexion - डिस - कॉन् - एक' - शन् - *ns.* want of union. वियोग, पृथकत्व, अलगाव।

Disconsent - डिस् - कन् -सेंन्ट् - *v. t.* to disagree, to differ. असम्मत होना, भिन्न होना।

Disconsolate - डिस् - कॉन्' - सोल् - एट् - *adj.* unhappy, disappointed. दुःखी, निराश; **Disconsolately** (- लि) *-adv.* in a dejected manner. निराश ढंग से।

Discontent - डिस्' - कन् -टेन्ट्' - *n. & adj.* dissatisfaction, want of content, not content. असंतोष, असन्तुष्ट; *v. t.* to make dissatisfied. असन्तुष्ट करना;

Discontented (- एँड्) *-adj.* dissatisfied. असन्तुष्ट; **Discontentedly** (- एँड् - लि)*-adv.* in a dissatisfied manner. असंतोष से; **Discontentedness** (- एँड् - नेंस्), **Discontentment** (- मेंन्ट्) *-ns.* state of being dissafisfied. असन्तुष्टता।

Discontiguous - डिस्' - कॉन् - टिग्' - यू - अस् - *adj.* not in contact. असंलग्न, पृथक्।

Discontinuance - डिस् - कॉन् - टिन् - यू - ऑन्स् - *n.* interruption, want of continuity. बाधा, विराम, विरति, अनिरन्तरता।

Discontinue - डिस् - कॉन् - टिन् - यू - *v. t.* to cause to cease, to leave off. बन्द कर देना, छोड़ देना; **Discontinuity** (- इट् - इ)*-n.* want of continuity. अलगाव; **Discontinuous** (- अस्)*-adj.* wanting continuity. अविरल, अलग; **Discontinuously** (- अस् - लि) *-adv.* interruptedly. अलग-अलग होकर।

Discord - डिस् - कॉर्ड - *n.* disagreement, variance, strife. विरोध, कलह, फूट; *- v. i.* to disagree, to quarrel. विरोध करना, झगड़ना; **Discordance** (- ऑन्स्) - *n.* discordancy. भय, विभिन्नता; **Discordant** (- अन्ट्)*-adj.* opposite, incongruous. प्रतिकूल, विरुद्ध; **Discordant sound** (harsh noise.) कर्कश ध्वनि, अपस्वर; **Discordantly** (- ऑन्ट् - लि) *-adv.* in a discordant manner. विरुद्ध भाव से।

Discount - डिस्' - काउन्ट् - *n.* a deduction from the amount due, allowance. बट्टा, छूट; *- v. t.* (डिस् - काउन्ट्) -to deduct, to allow discount, कमी करना, बट्टा काटना; **Discountable** (- एँ - ब्ल्)- *adj.* that may be discounted. छूट या बट्टा देने के योग्य।

Discountenance - डिस् - काउन्टें '- नन्स् - *v. t.* to discourage, to show disapproval of. निरुत्साह करना, असम्मति दिखाना; *n.* disapprobation. उत्साहहीनता, असम्मति।

Discourage - डिस् - कर्' - रिज् - *v. t.* to deprive of courage, to dishearten. उत्साह भङ्ग करना, निरुत्साह करना; **Discouraged** (- ड्)- *adj.* depressed. हताश (उदास); **Discouraging** (- इङ्ग्) *-ad.* depressing. उत्साह भङ्ग करनेवाला; **Discouragingly** (- इङ्ग्' - लि)*-adv.* in a discouraging manner. उत्साहभङ्गता से; **Discouragement** (- मेंन्ट्)*-n.* the act of discouraging, dissuasion. उत्साह भङ्ग करने का कार्य, निवर्तन।

Discourse - डिस् - कोर्स्' - *n.* a talk, conversation, sermon, सम्भाषण, वार्तालाप, उपदेश; *v. i.* to talk, to converse. सम्भाषण करना, बातचीत करना; **Discourser** (- अर्) - *n.* a speaker. वक्ता; **Discoursive** (- इव्) - *adj.* pertaining to discourse, talkative. सम्भाषण सम्बन्धी, बकवादी।

Discourteous - डिस् - कर् - टि - अस् - *adj.* rude, uncivil. असभ्य, अशिष्ट; **Discourteously** (- लि) *-adv.* in a rude manner, rudely. अशिष्टता से; **Discourtesy** (- कर् -टेंस् - इ) - *n.* incivility, rudeness. असभ्यता, अशिष्ट व्यवहार।

Discover - डिस् - कव्' - अर् - *v. t.* to expose to view, to reveal, to find out. प्रकाश करना, प्रकट करना, आविष्कार करना; **Discoverable** (- एँ - ब्ल्) *-adj.* that may be discovered. ढूँढने योग्य; **Discoverer** (- अर्-)*-n.* one who discovers. आविष्कार करनेवाला।

Discovert - डिस् - कव्' - अर्ट् - *n.* an unmarried woman or a widow. अविवाहित या विधवा स्त्री।

Discovery - डिस् - कव्' - अर्' - इ - *n.* a finding out, revealing. आविष्कार, प्रकाशन।

Fish - फ़िश् - *(pl.* **Fish** for kind, for number **Fishes)** a vertebrate animal that lives in water. मत्स्य, मछली; - *v. i.* to catch fishes. मछली पकड़ना; **Fisher** (-अर्) *-n.* one who fishes. मछुआ; **Fisherman** (-अर् - मॉन्) - *n.* one whose occupation is to catch fishes. मत्स्यजीवी, मछुआ; **Fishery** (-अर्-इ) - *n.* the occupation of fishing. धीवर कर्म; **Fish-glue** (glue obtained from fishes.) मछली का सरेस; **Fish-hook** (barbed hook for catching fishes.) मछली फँसाने की बंसी; **Fishing** (-इङ्ग्) *-n.* the act of catching fishes. मछली पकड़ने का कार्य; **Fishing-line** - *n.* a line for catching fishes. मछली फँसाने की डोरी; **Fish out of water** (what is beyond one's control.) अपने अधिकार से बाहर का; **Fishy** (-इ) - *adj. & n.* full of fishes, the place where fishes are caught. मछली से पूर्ण, मछली पकड़ने का स्थान; **Other fish to try** (to do some other important work.) दूसरा आवश्यक कार्य करना; **To drink like a fish** (to drink too much.) अधिक पीना।

Fish-plate - फिश्' - प्लेट् - *n.* the steelplate by which rails are joined together. रेल की पटरियों को जोड़ने की पट्टी।


Fish-plate.

Fissile - फ़िस्' - सिल् - *adj.* capable of being split. फाड़ने या चीरने योग्य; **Fissility** (-सिल्' - इट् - इ) - *n.* the quality of being fissile. फटने की योग्यता, टुटहा या फटहापन।

Fission - फ़िश्'-अन् - *n.* division of cells. जीव कोशाओं का विभाजन, विखंडन।

Fissure - फ़िश्'-अर् - *n.* a cleft, a narrow opening in an organ. दरार, फटन, विदर, किसी अंग में की पतली फाँक; **Fissured** (-ड्) - *adj.* cleft. फटा हुआ।

Fist - फ़िस्ट् - *n.* the clenched hand. मुट्ठी, घूँसा; - *v. t.* to beat with the clenched hand or fist. घूँसा मारना।

Fisticuffs - फ़िस्ट्' - इ - कफ़्स् - *n.* boxing, a combat with fists. मुक्के बाजी, घूँसे बाजी।

Fistula - फ़िस्' - ट्यू - ला - *n.* a cylindrical-ulcer with a narrow mouth. नाड़ीव्रण, नासूर; **Fistula of anus** (a disease of the anus.) भगन्दर।

Fistulate - फ़िस्' - ट्यु - लेट् - *v. i. & t.* to become a pipe, to make hollow like a pipe. नली बन जाना, नली की तरह पोला बनाना।

Fit - फ़िट् - *n.* a sudden attack of illness, sudden unconsciousness, paroxysm, sudden transitory condition, adaptation. बीमारी का दौरा, एकाएकी बेहोशी, त्वरित आवेश, उपयोज्यता; - *v. t. & i. (P. t.* **Fitted.**) to be in harmony with, to prepare, to qualify, to correspond to, to suit, to be proper or suitable. अनुकूल होना, प्रस्तुत करना, योग्य बनना, ठीक करना, योग्य होना (सजना); *-adj.* qualified, well-suited, proper, worthy, healthy. गुणी, उपयुक्त, उचित, योग्य, स्वस्थ; **Fit of anger** (a sudden impulse of anger.) क्रोध का आवेश; **To fit out** (to equip.) सुसज्जित करना; **To fit up** (to furnish.) सजाना।

Fitful - फ़िट्' - फुल् - *adj.* suddenly changeable. चपल, चंचल; **Fitfully** (-फुल् -लि) - *adv.* in a fitful manner, by fits. आवेश में, चंचलता से, **Fitfulness** (-फुल्-नेस्) - *n.* spasm. हटात् आवेश; **Fitly** (-लि) - *adv.* in a fit manner. योग्य ढङ्ग से।

Fitness - फ़िट्' - नेस् - *n.* the state of being fit. योग्यता, अनुकूलता, उपयुक्तता।

Fitter - फ़िट्' - अर् - *n.* one who adjusts or puts together parts of a machine. यन्त्रों के अवयवों को यथास्थान बैठानेवाला व्यक्ति।

Fittings - फ़िट्' - टिङग् - स् - *n. pl.* necessary apparatus. आवश्यक यन्त्र; - *adj.* appropriate, fit. योग्य, युक्त; **Fitting out** (equipment.) तैयारी।

Five - फ़ाइव् - *n. & adj.* one more than four. पाँच, पाँचवाँ; **Fivefold** (-फ़ोल्ड्) - *adj.* (five times repeated.) पाँचगुना।

Fix - फ़िक्स् - *v. t.* to make firm, to establish, to fasten, to secure. स्थिर करना, दृढ़ करना, जोड़ना, जड़ना; - *n.* a dilemma, difficulty. भँवरजाल, जंजाल; **To fix upon** (to determine on.) स्थिर करना।

Fixable - फ़िक्से - बल् - *adj.* able to be fixed. स्थिर करने योग्य।

Fixation - फ़िक्स् - एं' - शन् - *n.* the act or state of fixing. स्थिरीकरण या स्थिरता।

Fixative - फ़िक्स्'-एट्-इव् - *adj.* tending to fix. स्थिर करनेवाला।

Fixed - फ़िक्स्ड् - *adj.* settled, firm, established. स्थिर किया हुआ, दृढ़, स्थापित; **Fixedly** (-लि) *-adv.* firmly. स्थिरता या दृढ़तापूर्वक; **Fixedness** (-नेस्) - *n.* state of being fixed. स्थिरता, दृढ़ता।

Fixity - फ़िक्स् - इ' - टि - *n.* fixedness, permanence. स्थिरता, दृढ़ता, स्थायित्व।

Fixture - फ़िक्स्' - चर् *-n.* fixing, fixedness. दृढ़ी या स्थिरीकरण, स्थिरता, दृढ़ता।

Fizzle - फ़िज़्ल् - *v. i.* to make a hissing sound. फूत्कार शब्द करना; - *n.* a hiss. फूत्कार का शब्द, सुरसुराहट।

Fizzle - फ़िज़्ल् - *v. i.* to hiss feebly. धीरे-धीरे फुफकारना।

Flabbiness - फ़्लाब्' - बि - नेस् - *n.* see **Flabby.**

Flabby - फ़्लाब्' - बि - *adj.* soft, limp, loose, feeble. मृदु, कोमल, पिलपिला, ढीला; **Flabbiness** (-नेस्) - *n.* the state of being flabby. चिपचिपाहट, कोमलता, ढीलापन।

Flaccid - फ़्लाक्' - सिड् - *adj.* hanging loose or drooping, flabby. झूलता या लटकता हुआ, नरम; **Flaccidity** (-इ-टि) - *n.* flaccidness. कोमलता; **Flaccidly** (-लि) - *adv.* in a flaccid manner. कोमलता से।

Flag - फ़्लाग् - *n.* a kind of plant growing on moist ground, a flat slab for paving, the ensign of a ship, a banner. दलदल का एक प्रकार का पौधा, पत्थर की चौरस पटिया, ध्वजा, झण्डा, पताका; - *v. t. & i. (p. t.* **Flagged.**) to cause to droop, to become dull, to beckon with flags, to hang down, to lose vigour. झुकाना, मन्द होना, झण्डी से संकेत करना, लटकना, उत्साह खोना; **Black flag** (sign of plunderers.) लुटेरों का चिह्न; **White flag** (flag of truce.) संधि का पताका; **Yellow flag** (sign of quarantine.) रोगियों से पूर्ण जहाज़ का झण्डा।

Flagellate - फ़्लाज़्' - एॅल् -लेट् - *v. t.* to whip or scourge. बेंत मारना, चमोटी मारना; **Flagellation** (-लें-शन्) *-n.* the act of scourging or whipping. कोड़ेबाजी।

Flagellum - फ्लाॅज्'-एल्-अम् - *n.* a whip, a creeping shoot. कोड़ा, वृक्ष या लता की भूमि पर रेंगनेवाली प्रांकुर शाखा।

Flageolet - फ़्लाज्' - ओ - लेट्' - *n.* a small wind-instrument. एक प्रकार की अंग्रेजी बाँसुरी, शहनाई।

Flaggy - फ़्लाग्' - गि *-adj.* flexible, insipid. लचीला, बेस्वाद।

Flagitious - फ़्लाॅज्-इश्'-अस् *-adj.* grossly wicked, deeply criminal. अतिदुष्ट, घोर अपराधी; **Flagitiousness** (- नेंस्) - *n.* extreme wickedness or crime. अति दुष्टता या घोर अपराध।

Flagon - फ़्लाग्'-अन् *-n.* a large vessel with handle to hold liqour. तरल पदार्थ रखने का मूठदार झंझर या सुराही।

Flagrancy - फ़्लाॅ'-ग्रॉन्-सि - *n.* the quality of being flagrant, excess. दुष्टता, अधिकता।

Flagrant - फ़्ले' - ग्रन्ट् - *adj.* glaring, notorious. ज्वलन्त, दुष्ट, कुख्यात; **Flagrantly** (-लि) - *adv.* in a flagrant manner. दुष्टता से, नीचता से।

Flail - फ़्लेल् *-n.* a wooden corn-thrashing instrument. मूसल (कंडनी)।

Flair - फ़्ले' - अर् - *n.* aptitude. प्रवृत्ति, स्वभाव।

Flake - फ़्लेक्' *-n.* layer, stratum, fleecy tuft of snow. परत, तह, बरफ़ का टुकड़ा; - *v. i.* to separate in flakes, to peel off. परत करना; **Flaky** (-इ) *-adj.* consisting of flakes. परतदार।

Flam - फ़्लाम् - *n.* trick, deception, falsehood. छल, कपट, असत्यता।

Flambeau - फ़्लाम्' - बो - *n. (pl.* **Flambeaus,**

Flambeaux) a lighted torch. जलती हुई मशाल।

Flame - फ़्लेम् *-n.* blaze of a fire, rage, warmth of affection. अग्नि की ज्वाला, क्रोध, स्नेहाधिक्य; *- v. i.* to blaze, to be in a rage. जलना, क्रुद्ध होना; **Flameless** (- लेस्) *-adj.* without flames. बिना ज्वाला का; **Flaming** (-इङ्ग्) *-adj.* burning hot. अति उष्ण; **Flamingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* most brightly. प्रज्वलित रूप से; **Flammable** (-एँ-बल्) *-adj.* inflammable. प्रज्वल्य, ज्वलनशील **Flame-thrower** (a tank which when it moves emits fire.) चलने पर अग्नि बरसानेवाला टैंक; **Flamy** (-इ) *-adj.* of the nature of flame. ज्वालामय।

Flamingo - फ़्लेम् -इङ्ग् - गो *- n. (pl.* **Flamingoes)** a large long-legged bird. राजहंस, मराल।

Flange - फ़्लान्ज् *-n.* a projecting edge or rim. निकला (उभड़ा) हुआ किनारा।

Flank - फ़्लाङ्क् *-n.* fleshy part of the side of an animal or man, belly, side of a building, side of an army, a wing. जन्तु या मनुष्य का मांसल पार्श्व, पेट, मकान का किनारा, फ़ौज का बगली हिस्सा; *-v. t.* to strengthen the flank of an army, to attack the side of. फ़ौज का किनारा मज़बूत करना, किनारे की ओर आक्रमण करना; **Flank-guard** (body of troops on either side of an army stationed to guard it.) प्रधान सेना के दोनों ओर शत्रु के आक्रमण से बचनेवाली फौज।

Flanker - फ़्लाङ्क्' - अर् *- n.* a protecting fortification. गढ़, किला।

Flannel - फ़्लॉन्' - एल् *-n.* a soft woollen cloth. फ़लालीन।

Flannelette - फ़्लॉन्' - एल् - एट् *- n.* very soft flannel. imitation flannel. बहुत नरम फ़लालीन, नकली फ़लालीन।

Flap - फ़्लॉप् *-n.* anything broad and hanging, the tail of a coat. लोलक, लटकती हुई वस्तु, कोट का लटकता हुआ भाग; *-v. t. (p. t.* **Flapped.)** to strike with something broad, to move wings. किसी चौड़ी वस्तु से मारना, पर फड़फड़ाना; **Flapper** - फ़्लॉप्' - अर् *- n.* that which flaps. फड़फड़ानेवाला पदार्थ।

Flare - फ़्ले' - अर् *- v. i.* to glitter or burn with a bright unsteady flame, to widen out. हिलती ज्वाला से चमकना या जलना, झुलमुलाना, फूलना; *-n.* an unsteady light. झुलमुलाती हुई चमक (या प्रकाश), लुका, भभकी; **Flare up** (excitement of anger.) क्रोध का उद्वेग।

Flaring - फ़्लेअर्'-इङ्ग् *-adj.* glaring. जगमगाता हुआ।

Flash - फ़्लाश् *- v. t. & i.* to break into flame suddenly, to pass like a flash. सहसा प्रकाशित होना (चौंधाना, चमकाना); *- n.* a sudden blaze, transient condition. चमक, दीप्ति, क्षणिक अवस्था, आकस्मिक प्रवाह, क्षणक्षिप्ति; **Flash light** (an intermittent light.) ठहर-ठहरकर चमकनेवाला प्रकाश; **Flash of hope** (ray of hope.) थोड़ी सी आशा; **In a flash** (suddenly.) सहसा, एकाएक; **To flash up** (to gleam.) चमक उठना, उद्वेग दिखलाना।

Flashy - फ़्लाश्' - इ *-adj.* dazzling, gaudy, brilliant, attractive. चमकीला, चित्ताकर्षक।

Flask - फ़्लॉस्क् *-n.* a narrow-necked bottle. पतली गर्दन की बोतल, कुप्पी; **Flasket** (-एँट्) *-n.* a long shallow basket. लम्बी छिछली दौरी।

Flat - फ़्लॉट् *-n.* a storey, a level plain, room on one floor. खण्ड (मंजिल), समतल भूमि, एक खण्ड के कमरे।

Flat - फ़्लॉट् *-adj. (comp.* **Flatter,** *sup.* **Flattest)** level, insipid, dull, dejected, slow-witted, wanting relief. समभूमि (समतल), नीरस, मन्दबुद्धि, बिना उभाड़ का; **Flat denial** (total refusal.) पूरी अस्वीकृति; **Flat-iron** (a plate used for ironing.) इस्त्री करने का लोहा; **Flatly** (-लि) *-adv.* in a flat manner, plainly, positively. चौरस रूप में, पूरी तरह से; **Flatness** (- नेस्) *-n.* state of being flat. समतलता; **Flat of hand** (the palm of the hand.) हथेली; **Flatten** (-न्) *-v. t.* to make flat, to depress. चौरस करना, मन्द करना; **Flatten out** (to change flight of an aeroplane horizontally.) हवाई जहाज की उड़ान का रुख खड़े बल करना; **To fall flat** (to be unsuccessful.) असफल होना।

Flatter - फ़्लॉट्' - अर् *-v. t.* to overpraise, to compliment falsely, to inspire false hope, to exaggerate. अत्यधिक प्रशंसा करना, मिथ्या प्रशंसा करना, चापलूसी करना, झूठी आशा उत्पन्न करना, किसी बात को बहुत बढ़ाकर कहना; **Flatterer** (-अर्) *-n.* one who flatters. मिथ्या प्रशंसक, चापलूस; **Flattery** (-इ) *-n.* false praise. मिथ्या प्रशंसा, चापलूसी; **Flattering** (-इङ्ग्) *-adj.* pleasing to pride. प्रशंसापूर्ण, चापलूसी करनेवाला; **Flatteringly** (-इङ्ग्-लि). *-adv.* in a flattering manner. अति प्रशंसा से, चापलूसी करते हुए।

Flattish - फ़्लॉट्' - टिश् *-adj.* somewhat flat. कुछ चिपटा।

Flatulence - फ़्लॉट्' - यू - लेन्स् *-n.* filling of wind in the bowels, vanity. उदर-स्फीति, पेट फूलना, अहंकार।

Flatulent - फ़्लॉट्'-यू-लेन्ट् *- adj.* inflated, attended with wind. फूला हुआ, वायुपूर्ण; **Flatulently** (-लि) *-adv.* in a flatulent manner. वायुपूर्ण रूप में।

Flatus - फ़्ले' - टस् *-n.* wind in the stomach. पेट में उत्पन्न होनेवाली वायु, अधोवायु।

Flaunt - फ़्लॉन्ट् *-v. t.* to show off oneself, to flatter, to display oneself. तड़क भड़क दिखलाना, मिथ्या प्रशंसा करना, अकड़ना; *-n.* a boast. श्लाघा, शेखी; **Flaunter** (-अर्) *-n.* one who flaunts. शेखी मार, **Flaunting** (-इङ्ग्) *-adj.* making ostentatious display. अकड़नेवाला; **Flauntingly** (-लि) *-adv.* in a flaunting manner. शेखी मारते हुए।

Flavescent - फ़्लॉ - व़स्' - सेन्ट् *-adj.* yellowish, turning yellow. कुछ पीला, पीला होता हुआ।

Flavorous - फ़्लें' - वर् - अस् *-adj.* of pleasant flavour. स्वादिष्ट, सुरस, जायकेदार।

Flavour - फ़्लें' - वर् *-n.* aroma, relish, distinctive taste, savour. सुगन्ध, स्वाद, रस, सुरस; *-v. t.* to season. स्वादिष्ट बनाना, मसालेदार बनाना; **Flavoured** (-ड्) *-adj.* having a distinct flavour. स्वादिष्ट या सुगन्धित किया हुआ; **Flavouring** (-इङ्ग्) *-n.* any substance used to give a flavour. स्वादिष्ट बनाने का मसाला; **Flavourless** (-लेस्) *-adj.* without relish. बेस्वाद, नीरस; **Flavoursome** (-सम्) *-adj.* full of relish. ज़ायकेदार, स्वाद-पूर्ण।

Flaw - फ़्लॉ *-n.* a crack, imperfection, blemish, defect. दरार, न्यूनता, धब्बा, दोष; *-v. t.* to break, to crack. छेदना, नष्ट करना, दरार बनाना; **Flawless** (-लेस्) *-adj.* without flaw or defect. निर्दोष; **Flawlessly** (-लि) *-adv.* not in a defective manner. निर्दोष ढंग से या रूप में; **Flawlessness** (-नेस्) *-n.* the quality of being flawless. निर्दोषता।

Flax - फ़्लॉक्स् *-n.* a blue-flowered plant from the fibres of which linen is made. पटुआ, सन; **Flaxen** (-ऍन्) *-adj.* made of flax, pale yellow. पटुआ या सन का बना हुआ, पीले रंग का।

Flay - फ़्ले *-v. t.* to strip off the skin or hide, to plunder. चमड़ा या खाल उतारना, लूटना।

Flay-flint - फ़्ले' - फ़्लिन्ट् *-n.* a very niggardly person. पिशाच, लालची व्यक्ति।

Flea - फ़्ली *-n.* a kind of small jumping insect. देहिका, पिस; **Flea-bite** (a trifling trouble.) थोड़ी-सी असुविधा; **Flea-wort** (-वर्ट्) *-n.* a kind of plant. इसबगोल।

Fleam - फ़्लीम् *-n.* a lancet for bleeding horses. घोड़े को नश्तर लगाने का यन्त्र।

Fleck - फ़्लेक् *-v. t.* to mark with spots. चित्रित करना, चित्ती डालना; *-n.* a spot on skin. धब्बा, दाग़; **Flecker** (-अर्) *-v. t.* to variegate. चितकबरा करना; **Fleckless** (-लेस्) *-adj.* unspotted. बिना दाग़ या धब्बे का।

Fled - फ़्लेड् *-p. t. & p. p.* of **Flee.**

Fledge - फ़्लेज् *-v. t.* to provide or furnish with feathers. परदार करना (उड़ने योग्य बनाना); **Fledged** (-ड्) *-adj.* with feathers. पक्षयुक्त; **Fledgling** (-लिङ्ग्) *-n.* a young bird, an inexperienced person. पक्षी का छोटा बच्चा, अनुभवहीन मनुष्य।

Flee - फ़्ली *-v. i. & t. (p. t. & P. P.* **Fled)** to run away, to leave abruptly, to hasten, to shun. भाग जाना, एकाएक त्यागना, जल्दी करना, घृणा करना।

Fleece - फ़्लीस् *-n.* wool of sheep, thin fibre. भेड़ का रोवाँ, पतला रेशा; *-v. t.* to shear wool from sheep. भेड़ का बाल काटना।

Fleecy - फ़्ली' - सि *-adj.* covered with soft wool, woolly. रोवेंदार।

Fleer - फ़्लि - अर् *-v. t. & i.* to laugh mockingly, to sneer, to float. उपहास करना, ताना मारना; *-n.* mockery. उपहास; **Fleering** (-इङ्ग्) *-adj.* mocking. ताना मारनेवाला; **Fleeringly** (-लि) *-adv.* in a mocking way. ताना मारते हुए।

Fleet - फ़्लीट् *-n.* a number of warships or boats, an inlet. नौका-समुदाय, जहाज़ों का बेड़ा, खाड़ी; *-adj.* swift, nimble. शीघ्रगामी, चंचल; *-v. i.* to fly swiftly, to flit. जल्दी से भागना, चम्पत होना; *-v. t.* to pass in joy. आनन्द से बिताना; **Fleeting** (-इङ्ग्) *-adj.* transient, passing quickly. क्षणिक, क्षणभंगुर; **Fleetingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* in a fleeting manner. शीघ्रता से; **Fleetness** (-नेस्) *-n.* swiftness. शीघ्रता।

Flench - फ़्लेन्श् *-v. t.* to cut up a whale. ह्वेल मछली को काटना।

Flesh - फ़्लेश् *-n.* the muscular part of animal body, animal food. शरीर का मांसल भाग, मांस; **Flesh and blood** (near relatives.) समीप के सम्बन्धी, नज़दीकी रिश्तेदार; **Fleshings** (-इङ्ग्ज़) *-n. pl.* clothes of flesh-colour. चमड़े के रंग के वस्त्र; **Fleshmonger** (-मङ्ग्-गर्) *-n.* one who sells meat. मांस बेचनेवाला; **Fleshless** (-लेस्) *-adj.* without flesh. मांसहीन; **Fleshy** (-इ) *-adj.* stout, pulpy. पुष्ट (मोटा), मांसल; **In flesh** (fat.) मोटा; **In the flesh** (in corporeal form.) शरीर के रूप में।

Fletch - फ़्लेच् *-v. t.* to put feathers on an arrow. तीर में पर लगाना।

Fletcher - फ़्लेच्' - अर् *-n.* an arrow-maker. तीर बनानेवाला।



Fleur-de-lis - फ़्लर्' - डि - लि - (-लीस्) *-n.* the royal badge of old France, iris flower, the flower of the lily. फ्रांस का प्राचीन राजचिन्ह, कुमुदिनी का फूल।

Fleurettee - फ्लर्'-इट्-ए *-n.* an Fleur-de-lis. ornament like a small flower. छोटे फूल के आकार का आभूषण।

Flew - फ़्लू *-p. t.* of **Fly.**

Flex - फ़्लेक्स् *-v. t.* to bend. झुकाना; *-n.* flexible or insulated wire. लचीला या रेशम लपेटा हुआ तार।

Flexible - फ़्लेक्स्' - इ - बल् *-adj.* pliant, easily bent. मुलायम, लचीला; **Flexibility** (-इट्-इ) *-n.* the quality of being flexible, pliability. लचक, नम्यता, लचीलापन; **Flexibly** (-इब्-लि) *-adv.* in a flexible or pliant manner. लचीलेपन से।

Flexile - फ़्लें - क्स्' - इल् *-adj.* pliant, pliable. मुलायम, लचीला।

Flexion - फ़्लेक्'-शन् *-n.* bending. घुमाव।

Flexor - फ़्लेक्स्'-अर् *-n.* a muscle that bends a joint. अंग के जोड़ को मोड़नेवाली मांसपेशी।

Flexuous - फ़्लेक्स्' - यु - अस् *-adj.* bending. घुमौवा (मोड़ों से भरी हुई); **Flexure** (-शर्) *-n.* a bend or turning. मोड़, मुड़ान।

Fley, Flay - फ़्ले´ -*v. t.* to cause to fly, to terrify. उड़वाना, डराना।

Flick - फ़्लिक् -*n.* a light blow or jerk. धक्का, झटका; -*v. t.* to jerk, to strike with a whip. झटका देना, चाबुक से पीटना।

Flicker - फ़्लिक् - अर् -*v. t.* to quiver, to flutter, to burn unsteadily, to twinkle. झिलमिलाना, फड़फड़ाना, हिलते हुए जलना, जगमगाना; *n.* fitful gleam of light. स्फुरण; **Flickering** (-इङ्ग्) -*adj.* unsteady. चंचल, अस्थिर।

Flier - फ़्लाइ' - अर् -*n.* one who flees or flies. भागने या उड़नेवाला।

Flight - फ़्लाइट् -*n.* act of flying through air, flock of birds or insects, swift passage, hasty departure, distance that a bird can fly, a series of steps, suddenly running away. उड्डयन, उड़ान, पक्षियों अथवा कीड़ों का झुंड, शीघ्र गति, पक्षी के उड़ने की दूरी, सीढ़ियों का डंडा, भगदड़; **Flight Commander** -*n.* an officer of the Air Force. हवाई सेना का सेनापति; **Flighty** (-इ) -*adj.* fickle, crazy. चंचल, चपल; **Flight-lieutenant** (a high officer of the Air Force.) हवाई सेना का एक उच्च अधिकारी।

Flim-flam - फ़्लिम्' - फ़्लॉम् -*n.* an idle talk, nonsense. गल्प, व्यर्थ की बकवाद।

Flimsily - फ़्लिम्ज़्' - इ - लि -*adv.* in a frail or flimsy manner. दुर्बलता से; **Flimsiness** (-इ-नेस्) -*n.* the quality of being frail. दुर्बलता।

Flimsy - फ़्लिम्' - ज़ि -*adj.* frail, trivial, weak. निबल, असार, शक्तिहीन।

Flinch - फ़्लिन्च् -*v. i.* to give way, to shrink. विमुख होना, ठमकना।

Flinders - फ़्लिन्' - डर्ज़् -*n. pl.* fragments, splinters. टुकड़े, खमाचियाँ।

Fling - फ़्लिङ्ग् -*v. t. & i. (p. t.* **Flung.**) to rush violently, to throw, to hurl, to spread arms, to send, to throw on ground, to scatter, to baffle. टूट पड़ना, फेंकना, हाथ बढ़ाना, भेजना, पृथ्वी पर पटक देना, छितराना, घबड़ाना; -*n.* a throw. फेंकान; **To fling away** (to reject, to discard.) टालना, हटाना; **To fling down** (to ruin.) नाश करना; **To fling in** (to throw in.) फेंकना; **To fling out** (to utter). बोलना; **To fling up** (to abandon.) त्यागना; **To have a fling at** (to endeavour.) प्रयत्न करना।

Flint - फ़्लिन्ट् -*n.* a kind of red hard stone. चकमक पत्थर; **Flint-hearted**-*adj.* (hard-hearted.) कठोर हृदय; **Flinty** (-इ) -*adj.* like flint. चकमक पत्थर के समान।

Flip - फ़्लिप् -*v. t. (p. t.* **Flipped**) to jerk, to move, to strike. झटका देना, हटाना, मारना, पीटना।

Flip-flap - फ़्लिप्' - फ़्लॉप् -*adv. & n.* with repeated flapping, a cracker, a somersault. बार-बार फटफटाते हुए, पटाका, कलैया।

Flippancy - फ़्लिप्'-एन्-सि -*n.* fluency of speech. वाक्-चपलता।

Flippant - फ़्लिप्'-एन्ट् -*adj.* trivial, talkative, disrespectful. क्षुद्र, बकवादी, अविनीत; **Flippantly** (-लि) -*adv.* in a flippant or talkative manner. बकवाद करते हुए।

Flipper - फ़्लिप्' - पर् -*n.* a moving limb, the hand. हिलनेवाला अंग, हाथ।

Flirt - फ़्लर्ट् -*v. t. & i.* to send with a jerk, to move briskly, to jeer. झटके से फेंकना, वेग से हिलना या उछालना, हँसी उड़ाना; -*n.* a sudden jerk, a coquette. तेज़ झटका, चोंचला करनेवाला पुरुष या स्त्री; **Flirtation** (-ऍ-शन्) -*n.* a quick motion, playing at courtship. स्फुरण (कम्प), चोंचला; **Flirtatious** (-ऍ-शस्) -*adj.* given to flirting. कम्पमान।

Flit - फ़्लिट् -*v. i.* to depart, to fly lightly. भाग जाना, उड़ जाना।

Flitch - फ़्लिच् -*n.* the side of a hog salted and cured, a slice. सुअर का नमक-मसाला लगाया हुआ बगल का मांस, टुकड़ा।

Flitter - फ़्लिट्' - टर् -*v. i.* to flutter. फड़फड़ाना; -*n.* a fatter. फड़फड़ाहट।

Float - फ़्लोट् -*n.* a raft, something that swims, a tool for smoothing plaster. डोंगा, तैरनेवाला पदार्थ, पलस्तर चिकनाने का औजार; -*v. i. & t.* to be suspended in a liquid or air, to launch a company, to hover. जल या वायु इत्यादि पर तैरना, व्यावसायिक संघ स्थापित करना, घूमना; **Floatable** (-ऍ - बल्) -*adj.* capable of being floated. तैरने योग्य; **Floatation** (-ऍ-शन्) -*n.* act of floating. तैरने की क्रिया।

Floating - फ़्लोट्' - इङ्ग् -*n.* the act of being conveyed by a stream. तैरान; -*adj.* resting buoyant on water, circulating, not fixed. तैरता हुआ, चलायमान; **Floating bridge**-*n.* (a pontoon bridge.) पीपे का पुल; **Floatingly** (-इङ्ग्-लि) -*adj.* in a floating manner. तैरते हुए।

Floccule - फ़्लॉक्' - यूल् -*n.* small tuft of wool. ऊन का छोटा झब्बा; **Flocculent** (-ऍन्ट्) -*adj.* woolly. ऊनदार; **Flocculose** (-लोस्) -*adj.* woolly, tufty ऊनदान, जटादार।

Flock - फ़्लॉक् -*n.* a number of animals, birds & c. family of children, number of pupils. पशु-पक्षी इत्यादि का समूह (झुण्ड), बच्चों या विद्यार्थियों का समुदाय; -*v. i.* to flock together in crowds. झुण्ड लगाना, भीड़ मचाना।

Floe - फ़्लो -*n.* a sheet of floating ice. जल पर तैरता हुआ बरफ़ का टुकड़ा।

Flog - फ़्लॉग् -*v. t. (p. t.* **Flogged**) to beat with a whip or cane, to lash. बेंत या चमोटी से मारना; **Flogging** (-गिङ्ग्) -*n.* a whipping for punishment. दण्ड रूप में बेंत की मार।

Flood - फ़्लड् -*n.* an overflow of tide, river, inundation, outpouring of water, deluge. ज्वार, नदी, बाढ़, अजस्र जल-प्रवाह, प्रलय; -*v. t.* to

overflow. जल से पूरित करना; **Flood-gate** (a sluice for letting water run.) जलद्वार; **Floodmark** (high watermark.) बाढ़ के सबसे ऊँचे पानी का चिह्न; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुपात; **Flood-tide** (tide when rising.) ज्वार; **Universal-flood** (the final destruction of the universe.) महाप्रलय।

Floor - फ़्लोर्' -*n.* bottom surface of a room & c., a storey in a building. भूतल (गृहमूल), घर का खण्ड; -*v. t.* to furnish with floors. छत बनाना, पटिया जमाना; **Ground-floor** (ground level.) पृथ्वीतल; **Floor-cloth** (material for covering floors.) जाजिम, दरी, गलीचा; **To bring to the floor** (to perplex.) व्यग्र करना, घबड़ा देना।

Flooring - फ़्लोर् - इङ्ग् -*n.* materials for floors, floor of a room. फर्श बनाने का सामान, कमरे का फर्श।

Flop - फ़्लॉप् -*v. i. (p. t.* **Flopped.)** to make a dull sound by striking. फड़फड़ाना, फटफटाना; -*n.* the act of flopping. फड़फड़ाहट; **Floppy** (-पि) -*adj.* flaccid. पिलपिला।

Flora - फ्लोरा -*n. (pl.* **Florae, Floras)** plants of a particular region. किसी प्रदेश की वनस्पतियाँ, वनस्पति जात।

Floral - फ़्लॉ-रल् -*adj.* pertaining to flowers. पुष्प संबन्धी; **Florally** (-लि) -*adv.* with flowers. फूलों के साथ।

Florescence - फ़्लोर्-एस्'-एन्स् -*n.* flowering season or condition, blossoming. फूलने की ऋतु या अवस्था, पुष्पन।

Floret - फ़्लॉ - रेट् -*n.* one of the small flowers composing a bunch. गुच्छे में का एक छोटा फूल।

Floriage - फ़्लो' - रि - एंज् -*n.* blossom. फूल।

Floriate - फ़्लोर्' - इ - एट् -*v. t.* to decorate with flowers. फूलों से सजाना; **Floriated** (-एड्) -*adj.* ornamented with floral designs. फूलों के चित्र से सजाया हुआ।

Floricultural - फ़्लो'-रि-कल्-चर्-अल् -*adj.* pertaining to floriculture. फूलों की खेती से सम्बन्धित।

Floriculture - फ्लो'-रि-कल्'-चर् -*n.* the cultivation of flowers. फूलों की खेती; **Floriculturist** (-इस्ट्) -*n.* a cultivator of flowers. फूलों की खेती करनेवाला मनुष्य, पुष्प-विज्ञानी।

Florid - फ़्लॉ' - रिड् -*adj.* adorned with flowers, showy, high-coloured, brilliant, ruddy. फूलों से अलंकृत, दिखौवा, गहरे रंग का, चमकीला, लाल; **Floridness** (-नेस्) -*n.* the quality of being florid. लाली।

Floridity - फ़्लॉ - रिडि - टि -*n.* the quality of being florid. फूलों की लाली, फूलों की सजावट।

Floriferous - फ़्लॉ - रिफ़्' - अर् - अस् -*adj.* producing many flowers. अनेक फूलों को उत्पन्न करनेवाला।

Floriform - फ़्लो' - रि - फ़ॉर्म् -*adj.* of the form of a flower. फूल के आकार का।

Florin - फ़्लॉर्' - रिन् -*n.* an English coin worth two shillings. दो शिलिंग के मूल्य का अंग्रेज़ी सिक्का।

Florist - फ़्लो' - र् - इस्ट् -*n.* one who cultivates or deals in flowers. फूलों की खेती करनेवाला, फूल बेचनेवाला।

Floss - फ़्लॉस् -*n.* a silky substance found in the husks of certain plants. पौधों की बोड़ियों में के महीन रेशम के समान तन्तु।

Flotant - फ़्लो' - टान्ट् -*adj.* floating in air. हवा में तैरने (उड़ने) वाला।

Flotation - फ़्लो' -टे - शन् -*n.* act of floating. प्लवनशीलता।

Flotilla - फ़्लॉ - टिल्' - ला -*n.* a fleet of small ships or boats. छोटे जहाज़ों या नावों का बेड़ा **Flotilla leader** (a big destroyer.) बड़े आकार का टार्पीडो-विध्वंसक जहाज।

Flounce - फ़्लाउन्स् -*v. i.* to struggle with violent motion, to flop. फड़फड़ाना, अकड़ना; -*v. t.* to deck with fringes. झालर लगाना; -*n.* jerk of body, loose gathered edge sewn round a woman's skirt. शरीर का झटका, वस्त्र में लगाई हुई झालर, मगजी।

Flounder - फ़्लाउन्' - डर् -*n.* a small flat fish. एक प्रकार की छोटी चिपटी मछली; -*v. t.* to struggle in mud, to make mistakes, to manage a business badly. कीचड़ में तड़फड़ाना, अशुद्धि करना, व्यवसाय का बुरा प्रबन्ध करना।

Flour - फ़्ला' - वर् -*n.* wheatmeal, finer part of meal obtained by grinding. आटा, पिसान; **Flourmill** (a mill for reducing grains to flour.) आटे की चक्की।

Flourish - फ़्लर्' - रिश् -*v. i.* to prosper, to be successful, to show ostentatiously. भाग्यवान् होना, सफल होना (महत्त्व दिखलाना), आडम्बर दिखाना; -*v. t.* to wave about, to brandish. हिलाना, घुमाना; -*n.* prosperity, embellishment, musical prelude. ऐश्वर्य, शोभा (अलङ्कार), बाजे का बजना।

Flout - फ़्लाउट् - *v. t.* to mock at or insult. ताना मारना (चिढ़ाना), अपमान करना; -*n.* a mocking action or speech. बोली-ठिठोली, ताना; **Flouter** (-अर्) -*n.* a mocker. ताना मारनेवाला; **Floutingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* mockingly. ठिठोली करते हुए।

Flow - फ़्लो -*v. t. (p. t.* **Flew,** *p. p.* **Flown.)** to run as a stream, to move easily, to circulate, to result from, to be in flood. बहना, धीरे से सरकना, चक्कर लगाना, परिणाम होना, बाढ़ में होना; -*n.* a stream, a current or rise of water, abundance. बहाव, जल की धारा, अधिकता; **Flow of spirit** (natural pleasure.) स्वाभाविक आनन्द।

Flower - फ़्लाउ' - अर् -*n.* blossom of a plant, the choice part, essence. पुष्प (फूल), श्रेष्ठ भाग, सार; -*v. t. & i.* to blossom, to cause to

flower, to flourish. फूलों से सुशोभित करना, **Flowered** (-अर्ड्) *-adj.* expanded into flowers. पुष्पित, कुसुमित; **Floweret** (-एँट्) *-n.* a small flower. छोटा फूल; **Flowering** (-अर् - इङ्ग्) *-adj.* having flowers. पुष्पित; **Flowerless** (-अर्-लेसें) *-adj.* devoid of flowers. कुसुमहीन।

Flowery - फ़्लाउ' - अर् - इ *-adj.* abounding with flowers, figurative. पुष्पमय, फूलों से पूर्ण, आलङ्कारिक।

Flowing - फ्लो' - इङ्ग् *-adj.* moving as a fluid, smooth or fluent. तरल पदार्थ की तरह बहता हुआ, चिकना; **Flowingly** (-लि) *-adv.* in a flowing manner. बहते हुए; **Flowingness** (-नेस्स्) *-n.* बहाव।

Flown - फ़्लोन् *-adj.* puffed up. फूला हुआ; *p. p.* of **Fly.**

Fluctuate - फ़्लक्' - ट्यु - एट् *-v. t.* to move like waves, to waver, to rise and fall. लहराना, झूलना, घटना बढ़ना; **Fluctuating** (-इङ्ग्) *-adj.* wavering, fickle. चंचल, अस्थिर; **Fluctuation** (-ऐ-शन्) *-n.* fickleness, unsteadiness. चंचलता, अस्थिरता, विपर्यय, उच्चावचन।

Flue - फ़्लू *-n.* fluff, smoke channel, hot air passage. फुजा, धुयें का मार्ग, गरम वायु का मार्ग, धुवाँकश।

Fluency - फ़्लू' - एँन् - सि *-n.* flowing ready speech. बिना रुकावट की बोलचाल, अबाध भाषण।

Fluent - फ़्लू' - एँन्ट् *-adj.* flowing, changing, easy. धारावाही, धारा प्रवाह, अस्खलित, सहज; **Fluentlly** (-लि) *-adv.* with fluency. बेधड़क, बिना रुकावट के (तेजी के साथ)।

Fluff - फ़्लफ़् *-n.* soft feathery stuff. पर के समान रोवाँ, फुज्जी; **Fluffiness** (-इ - नेंस्) *-n.* the state of being fluffy. फुज्जीपन; **Fluffy** (-फि) *-adj.* consisting of fluff. फुज्जीदार।

Fluid - फ़्ल्यू' - इड् *-n.* anything that moves rapidly, a liquid substance. द्रव पदार्थ, तरल पदार्थ; **Fluidity** (-इ-टि) *-n.* the state of being fluid. द्रवता।

Fluke - फ़्लूक् *-n.* the triangular arm of an anchor लङ्गर का तिकोना नुकीला भाग; *-v. t.* to make an accidental hit. अचानक चोट करना या मारना।

Flume - फ़्लूम् *-n.* a ravine with stream, an artificial channel. नदी-युक्त घाटी, कृत्रिम जल प्रणाली।

Fluminous - फ़्लू' - मिन् - अस् *-adj.* abounding in rivers. नदियों से पूर्ण।

Flummery - फ़्लम्'-अरि *-n.* a kind of jelly prepared from flour, empty compliments. लपसी (हलुआ), निःसार अभिवादन।

Flump - फ़्लम्प् *-v. i.* to fall with a dull sound. धड़ाके से गिरना।

Flung - फ़्लङ्ग् *-p. t. & p. p.* of **Fling.**

Flunkey - फ़्लङ्क'-इ *-n.* a liveried servant. वर्दीधारी चपरासी।

Fluorine - फ्लो'-अर्-इन् *-n.* a non-metallic element. एक अधातु तत्त्व।

Flurry - फ़्लर्' - रि *-n.* sudden gust, agitation, excitement. हड़बड़ी, घबराहट, उत्तेजना; *-v. t.* (*p. t.* **Flurried**) to agitate. घबड़ाना।

Flush - फ़्लश् *-n.* a number of birds caught at once, a flow of water, glow of light, rush of emotion, a flow of blood to the face causing redness. एक साथ पकड़े हुए पक्षी, पानी का बहाव, लालिमा, प्रफुल्लता, कपोल-राग या गालों पर लाली; -v. t. & i. to fly away, to turn red, to rush out, to come in haste, to grow to blush, to encourage, to cleanse with water. उड़ जाना, लाल होना, झपटना, फुर्ती से आना, चमकना, लज्जित होना, उत्साहित करना, जल से धोना; *-adj.* abundant, full. पर्याप्त, परिपूर्ण; **Flush of cards** (cards of the same suit.) एक रंग के ताशों का जोड़।

Fluster - फ़्लस्' - टर् - *v. t. & i.* to excite with drink, to be agitated. शराब पिलाकर उन्मत्त करना, घबड़ाना; *-n.* agitation, heat from drinking. घबड़ाहट, शराब की गरमी।

Flute - फ़्लूट् *-n.* a musical instrument. मुरली, बंशी, बाँसुरी।

Flutter - फ़्लट्' - टर् *-v. t. & i.* to flap wings, to quiver, to vibrate, to tremble, to agitate. पर फड़फड़ाना, कँपाना, काँपना, व्याकुल करना; *-n.* vibration, agitation of mind. कंपन, व्यग्रता; **Flutterer** (-अर्) *-n.* one who flutters. फड़फड़ानेवाला; **Flutteringly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* in a fluttering manner. फड़फड़ाते हुए।

Fluvial - फ़्लू' - वि - अल् *-adj.* pertaining to or living in rivers. नदी-सम्बन्धी या नदी-वासी।

Flux - फ़्लक्स् *-n.* copious flow, excrement, प्रचुर प्रवाह (बहाव), विष्ठा; *-v. t.* to flow copiously. अधिक परिमाण में बहना; **Fluxible** (-इ-ब्‌ल्) *-adj.* capable of being melted. द्राव्य, गलने योग्य; **Fluxion** (-शन्) *-n.* the act of flowing or passing away. बहाव, निकाल।

Fly - फ़्लाइ *-n.* (*pl.* **Flies**) a small two-winged insect. मक्खी; *-v. i. & t.* (*p. t.* **Flew,** *p.p.* **Flown**) to move on wings, to rise in air, to move swiftly, to jump clear over fence &c., to cause to float in air. परों पर या हवा में उड़ना, तेजी से चलना, बेलाग कूदना; **Fly-blow** (the egg of a fly.) मक्खी का अण्डा, **Fly-leaf** (the blank paper at the beginning of a book.) पुस्तक का पहिला सादा पत्रा, कोरा पत्रा; **To fly a kite** (to find out which way the wind blows). वायु की दिशा का पता लगाना; **To fly at** (to make a rush at.) झपटना; **To fly in the face of** (to attack.) आक्रमण करना; **To fly off** (to depart.) बिदा होना; **To fly out** (to abuse.) गाली-गलौज करना; **To fly to arms** (to equip with arms.) तुरत शस्त्र धारण करना।

Flying - फ़्ला' - इङ्ग् *-n.* moving in air or on wings. उड़ान; **Flying boat** (a kind of boat shaped aeroplane which can fly in the air

as well as swim on water.) नौका के आकार का बड़ा हवाई जहाज़ जो पानी पर भी चल सकता है; **Flying Bombs** (bombs constructed in the form of an aeroplane which are set in motion from a high parapet and fall down and explode when their full supply is exhausted.) हवाई जहाज के आकार का बम जो बड़ी ऊँची मीनार पर से उड़ा दिये जाते हैं और जब इनमें का पेट्रोल समाप्त हो जाता है तो गिरकर फूटते हैं; **Flying-colours** (sign of victory.) विजय-चिह्न; **Flying-fox** (a big bat.) बड़ा चमगादड़; **Flying-machine** (an aircraft.) वायुयान; **Fly-net** (a net to protect from flies.) मसहरी **Flying-squad** (a batch of air-ships under an air officer.) हवाई सेना नायक के अधीन हवाई जहाजों का जत्था।

Fly-wheel - फ़्लाइ' - ह्वील् *-n.* the heavy wheel in a machine that equalizes its motion. किसी यन्त्र का संतुलन स्थापन करनेवाला भारी पहिया, गतिपालक चक्र।

Foal - फ़ोल् *-n.* the young of a horse or ass. घोड़े या गदहे का बच्चा।

Foam - फ़ोम् *-n.* collection of small bubbles, froth. फेन, झाग; *-v. i.* to be filled with froth. फेन से भर जाना; **Foamless** (-लेस्) *-adj.* destitute of foam. फेनरहित; **Foamlessness** (-नेस्) *-n.* the state of being without foam. बिना फेन की स्थिति; **Foamy** (-इ) *-adj.* full of foam. फेनयुक्त, झागदार।

Fob - फ़ॉब् *-n.* a small pocket for a watch. घड़ी रखने की छोटी जेब; *-v. t.* to cheat. धोखा देना, ठगना।

Focal - फ़ो' - कल् *-adj.* pertaining to or of a focus. केन्द्र-सम्बन्धी, केन्द्रीय; **Focal distance** (the distance between the centre & focus.) ताल के मध्य से उसके केन्द्र तक की दूरी।

Focalize - फ़ो'-कल्-आइज़् *-v. t.* to collect in focus. केन्द्रीभूत करना।

Focus - फ़ो' - कस् *-n.* (*pl.* **Focuses, Foci**) the point at which rays of light meet. किरणों का केन्द्र या संगम; *-v. t.* (*p. t.* **Focused.**) to converge to a point, to bring to a point. केन्द्रीभूत होना।

Fodder - फ़ॉड्' - ड्र् *-n.* dried food for horses or cattle. पशुभोजन, चारा, भूसा; **Fodderless** (-लेस्) *-n.* deprived of fodder. भूसा-रहित, बिना भूसे का।

Fodient - फ़ो' - डि - ऍन्ट् *-adj. & n.* digging. खोदनेवाला, खोदाई।

Foe - फ़ो *-n.* an enemy, an opponent, an adversary. शत्रु, रिपु, बैरी; **Foeman** (an enemy in war.) युद्ध में का शत्रु।

Foetal - फ़ी' - टल् *-adj.* pertaining to foetus. भ्रूण-सम्बन्धी।

Foeticide - फ़ी' - टि - साइड् *-n.* criminal abortion. भ्रूणहत्या।

Foetus, Fetus - फ़ी' - टस् *-ns.* fully developed embryo in the womb. गर्भ, भ्रूण, गर्भस्थ शिशु।

Fog - फ़ॉग् *-n.* thick mist, watery vapour, an obscured state of the atmosphere due to this, perplexity. तुषार, कुहरा, कुहरे से छिपा वायुमण्डल; *-v. t.* (*p. t.* **Fogged**) to envelop with fog, to obscure. कुहरे से ढाँकना, अँधेरा करना; **Foggily** (-गि-लि) *-adv.* cloudily. कुहरे से; **Fogginess** (-गि-नेस्) *-n.* the state of being foggy. कुहरापन; **In a fog** (perplexed.) घबड़ाया हुआ।

Foggy - फ़ॉग्' - गि *-adj.* thick, dull, confused, dark, dim. घना, धूमिल, व्याकुल, अन्धकारमय, धुँधला।

Fogy, Fogey - फ़ो - गि *-ns.* an antiquated or old-fashioned person. पुराने विचार या ढंग का मनुष्य।

Foh - फ़ॉ *-interj.* exclamation of contempt. तिरस्कारसूचक अव्यय, छिः।

Foible - फ़ॉइ' - ब्ल् *-n.* weak point, moral weakness. छिद्र, चरित्र की दुर्बलता।

Foil - फ़ॉइल् *-v. t.* to baffle, to defeat, to dull, to frustrate. व्यग्र करना, परास्त करना, मन्द करना, विफल करना; *-n.* track of a hunted animal, a blunt-edged sword, a very thin leaf of metal, defeat. शिकार किये पशुओं का मार्ग, भुथरी तलवार, धातु का महीन पत्तर, हार; **Foilable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* what may be foiled. हराने योग्य; **Foiler** (-अर्) *-n.* one who frustrates another. दूसरे को घबड़ानेवाला।

Foin - फ़ोयन् *-v. i.* to thrust with a sword or spear. बर्छी या तलवार भोंकना।

Foison - फ़ॉइ' - ज़न् *-n.* plenty, abundance. अधिकता, प्रचुरता।

Foist - फ़ॉइस्ट् *-v. t.* to bring by stealth, to pass off as genuine. चोरी से लाना, प्रामाणिक की तरह चालू करना; **Foister** (-अर्) *-n.* a cheat. छली मनुष्य।

Fold - फ़ोल्ड् *-n.* an enclosure for cattle, doubling of a substance. पशुओं को बन्द करने का बाड़ा, वलन, परत (तह); *-v. t.* to double, to clasp, to envelop, to embrace. दुहराना, चपकाना, ढाँकना, आलिङ्गन करना; **Folded** (-ऍड्) *-adj.* doubled. तह किया हुआ; *-suf.* प्रत्यय, यथा–**Threefold** (made in three folds.) तिगुना।

Folder - फ़ोल्ड्' - अर् *-n.* a machine for folding, shepherd. मोड़ने या परत करने का यन्त्र, गँडेरिया।

Folderol - फ़ोल्ड्' - रल् *-n.* silly, trifle, nonsense. मूर्खता, निरर्थक बात।

Folding - फ़ोल्ड्' - इङ्ग् *-n.* the operation of doubling. परत या तह करने का काम।

Foldless - फ़ोल्ड्' - लेस् *-adj.* without folds. बिना तह या परत का।

Foliage - फ़ोल्' - इ - ऍज् *-n.* leaves, cluster of leaves. पत्ते, पर्णसमूह, पत्तों का गुच्छा; **Foliaged** (-ऍज्ड्) *-adj.* furnished with foliage. पत्तों के गुच्छे से परिपूर्ण।

Foliate - फ़ोल्' - इ - एट् *-adj.* furnished with leaves. पत्तियों से पूर्ण; *-v. t.* to beat into a thin plate. पीटकर महीन पत्तर (या) वर्क बनाना।

Folio - फ़ोल्' - इ - ओ *-n.* a book formed by

sheets of paper which are folded once, both the right and left hand pages of an account-book. कागज के ताव को एक बार मोड़कर बनाई हुई पुस्तक, हिसाब की बही के दाहिने और बायें पत्र।

Folk - फ़ोक् *-n.* people in general, nation. जनसमूह, जनता, लोक; **Folklore** (legendary traditions.) पौराणिक कथा, घरेलू कथा-कहानी; **Old folk** (old people.) वृद्ध जन, बुड्ढे लोग।

Follow - फ़ॉल्' - लो *-v. t.* to go or come after, to imitate, to pursue, to accompany, to adhere to, to obey, to strive after. अनुगमन करना, अनुकरण करना, पीछा करना, साथ जाना या लगना, आज्ञा मानना, प्रयत्न करना; **To follow out** (to follow up to the end.) अन्त तक पीछा करना; **To follow suit** (to do anything on the same lines as another.) दूसरे का अनुसरण करना; **To follow up** (to be near, to help.) समीप होना, सहायता करना।

Follower - फ़ॉल्' - लो - अर् *-n.* one who follows, a disciple, an attendant. अनुचर, अनुसरण करनेवाला शिष्य।

Following - फ़ॉल्' - लो - इङ्ग् *-adj.* succeeding. निम्नलिखित (अगला)।

Folly - फ़ॉल्' - लि *-n.* (*pl.* **Follies**) want of sense, a foolish act, an unwise conduct. मूर्खता, अज्ञानता।

Foment - फ़ो - मेन्ट्' *-v. i.* to bathe with warm medicated lotion, to foster, to encourage. गरम जल से सेंकना, उत्तेजित करना, उत्साहित करना; **To foment disputes** (to form intrigues.) झगड़ा बढ़ाना, जाल रचना; **Fomenter** (फ़ो - मेन्ट्' - अर्) *-n.* one who foments. सेंकनेवाला, झगड़ा लगानेवाला।

Fomentation - फ़ो - मेन्ट् - एं' - शन् *-n.* the act of fomenting, instigation. गरम जल से सेंक, उत्तेजना।

Fond - फ़ॉन्ड्' *-adj.* doting, loving, foolish, silly. अनुरक्त (मुग्ध), आसक्त, मूर्ख; **Fondly** (-लि) *-adv.* in a fond manner. सप्रेम, अनुराग सहित; **Fondness** (-नेस्) *-n.* the state of being fond. अनुराग, प्रीति, स्नेह (चाव)।

Fondle - फ़ॉन्' - ड्ल् *-v. t.* to caress, to play with. आलिङ्गन करना, लाड़ करना; **Fondler** (-अर्) *-n.* one who fondles. लाड़ करनेवाला; **Fondling** (-लिङ्ग्) *-n.* person or thing fondled. प्रियतम वस्तु या व्यक्ति।

Font - फ़ॉन्ट् *-n.* a receptacle for holy water, assortment of types of one sort. पवित्र जल रखने का पात्र, एक प्रकार के टाइप के अक्षर।

Fontal - फ़ॉन्'-टल् *-adj.* original, primary. आदि, प्राथमिक।

Fontanel, Fontanelle - फ़ॉन्ट् - नेल्' *-ns.* a gap between the bones of the skull of a young animal or infant. बच्चे के कपाल की हड्डी की दरार (जो जुड़ी नहीं होती), चाँदी।

Food - फ़ूड् *-n.* a nourishing material, provision, अन्न (आहार, भोजन), खाने का पदार्थ; **Food card** (a card entitling the holder to stipulated food rations.) नियमित परिमाण में भोजन सामग्री मिलने के लिये दिया हुआ कार्ड; **Food-controller** (an officer appointed by the government to regulate food supplies in times of war.) युद्ध काल में खाद्य पदार्थों का नियोजन करने के लिये नियुक्त अधिकारी; **Food-rationing** (fixing the daily allowance of food provisions for a single individual.) प्रत्येक व्यक्ति के लिये प्रतिदिन की भोजन-सामग्री की मात्रा का निर्धारण; **Food-stuff** (stuff which is used as food.) भोजन के उपयोग में लाया जाने वाला पदार्थ।

Fool - फ़ूल् *-n.* a silly person, one destitute of intellect, a jester. मूर्ख, निर्बुद्धि, अल्पमति, विदूषक; *-v. t. & i.* to deceive, to cheat, to trifle. मूर्ख बनाना, ठगना, धोखा देना, हँसी करना; **To play the fool** (to make blunders, to act the buffoon.) अशुद्धि करना, विदूषक का कार्य करना; **To make a fool of** (to bring a person into ridicule, to disappoint.) किसी को मूर्ख बनाना, विफल करना; **To go on a fool's errand** (to be engaged in useless enterprise.) व्यर्थ के कार्य में प्रवृत्त होना; **Fool's paradise** (imaginary pleasure.) काल्पनिक आनन्द।

Foolery - फ़ूल्'-अर्-इ *-n.* habitual folly, absurdity. विडम्बना, मूर्खता।

Foolhardy - फ़ूल्' - हॉर्ड्-इ *-adj.* rash, foolishly bold. प्रमत्त, उजड्ड।

Foolish - फ़ूल्'-इश् *-adj.* weak in intellect, ridiculous. निर्बुद्धि (मूढ़), बुद्धिहीन; **Foolishly** (-इश्-लि) *-adj.* in a foolish manner. अज्ञानता से, मूर्खता से; **Foolishness** (-नेस्) *-n.* act of being foolish, folly. दुर्बुद्धि, मूर्खता; **Fool's errand** (fruitless enterprise.) अलभ्य वस्तु की प्राप्ति के लिए प्रयत्न।

Fools-cap - फ़ूल्स्' - कॉप् *-n.* a size of paper which is 17 x 13½ inches. १७ x १३॥ इञ्च के नाप का काग़ज़।

Foot - फ़ुट् *-n.* (*pl.* **Feet.**) the lower part of the leg, step, pace, infantry, lower end of bed, metrical unit, lineal measure of twelve inches, bottom. टाँग, पग, पैदल सवार, चारपाई का पैताना, कविता का चरण, बारह इञ्च का नाप, तक, अधोभाग; *-v. i.* to dance. नाचना; *-v. t.* to kick, to spurn. लत्ती मारना, तिरस्कार करना; **At one's foot** (to be one's disciple.) चेला होना; **Football** (a ball played by foot.) पैर से खेलने का गेंद; **Footboy** (-बॉय्) *-n.* a menial. नौकर-चाकर; **Foothold** (anything that sustains feet.) पैर रखने का आश्रय, पदाधार; **Footless** (-लेस्) *-adj.* without feet. बिना पैर का; **Footlights** (a row of lights along the front of a stage.) नाट्यशाला के आगे की दीपक की पंक्ति; **Footman** (-मॉन्) *-n.* a servant in livery. वरदी पहिने नौकर; **Foot-note** (the note at the foot of a page.) पृष्ठ के नीचे की टीका या टिप्पणी; पाद-टिप्पणी; **Foot-mark** (the mark made by a foot.) पैर का चिह्न; **Foot of page** (the bottom line of a page.) पृष्ठ की अन्तिम पंक्ति; **Foot pas-**

senger) a pedestrian. पैदल चलनेवाला; **Foot-path** (a narrow path.) पगडंडी, **Footrule** (a measure 12 inches long.) एक फुट नापने की पटरी; **Foot-soldier** (a soldier that serves on foot.) पैदल सिपाही; **Footstep** (vestige track.) कदम, पद, पंक्ति; **Footstool** (a stool for placing foot on.) चरण-पीठ; **Footwear** (shoes and boots.) विभिन्न प्रकार के जूते; **To set on foot** (to begin a work.) कार्य आरम्भ करना।

Footing - फ़ुट्' - इङ्ग् *-n.* foundation, basis, condition. नीव, आधार, स्थिति।

Footle - फ़ूटल *-v. t.* to talk nonsense. वृथा बकवाद करना।

Fop - फ़ॉप् *-n.* a vain showy person, a dandy. दम्भी, छैला, बाँका; **Foppery** (-परि) *-n.* idle affection. छैलापन; **Foppish** (-पिश्) *-adj.* affectedly fine. दम्भी; **Foppishly** (-पिश्'-लि) *-adv.* in a foppish manner. छैलेपन से; **Foppishness** (-नेस्) *-n.* the quality of being foppish or conceited. छैलापन।

For - फ़ॉर् *-prep. & conj.* in place of, instead of, in support of, with a view to, because of, as regards, concerning. वास्ते, लिए, बदले में, समर्थन में, उद्देश्य से, क्योंकि, विषय में; सम्बन्ध में; **As for** (in regard to.) विषय में; **For all the world** (in reality.) वस्तुतः, सचमुच; **For instance** (as an instance.) उदाहरणार्थ; **For life** (throughout life.) जीवन-पर्यन्त; **For long** (for a long time.) बहुत दिनों तक; **For once** (only once.) केवल एक बार; **Take my word for it** (be sure of it.) निश्चय जानो; **To send for** (to call for.) मँगाना; **To take for granted** (to accept.) मान लेना।

For - फॉर् *-pref.* in the sense of away, neglect, excess & c. 'अधिक दूर, वृथा' इत्यादि अर्थ में उपसर्ग की तरह प्रयुक्त होता है, यथा - **Forasmuch.**

Forage - फ़ो' - रिज् *-n.* food for horses and cattle. घोड़े या मवेशियों का भोजन, चारा; *-v. i. & t.* to go in search of food, to ravage. भोजन के लिए घूमना, नष्ट करना।

Foramen - फ़ोरे' - मेन् *-n.* (*pl.* **Foramina.**) an orifice or passage. छिद्र या मार्ग।

Forasmuch - फ़ॉर्' - आज़् - मच् *-conj.* because, since, that. चूँकि, इसलिए, कि।

Foray - फ़ॉ - रे *-n.* raid, incursion. चढ़ाई, आक्रमण, धावा; *-v. t.* to plunder. लूटना।

Forbade - फ़ॉर् - बॉड् *-v. t.* (*p. t.*) checked. रोका।

Forbear - फ़ॉर् - बेअर्' *-v. t. & i.* (*p. t.* **Forbore,** *p. p.* **Forborne**) to abstain from, to treat with patience, to be patient. विरत होना, रोकना, धैर्य रखना, सहन करना; **Forbearance** (-आन्स्) *-n.* the act of forbearing. क्षमा, सहनशीलता; **Forbearing** (-इङ्ग्) *-adj.* enduring. सहनशील।

Forbid - फ़ॉर् - बिड्' *-v. t.* (*p. t.* **Forbade** - बॉड्, *p. p.* **Forbidden**) to order not to do, to prohibit, to exclude, to hinder, to prevent. निषेध या मना करना, पृथक् करना, बाधा देना, रोकना; **God forbid** (may it never happen.) ईश्वर न करे ऐसा हो; **Forbiddance** (-ऑन्स्) *-n.* prohibition. निवारण, बाधा; **Forbidding** (-डिङ्ग्) *-adj.* repulsive, raising dislike. अनिष्ट, घृणा उत्पन्न करनेवाला।

Forbore - फ़ॉर्' - बोर् *-p. t.* of **Forbear.**

Force - फ़ोर्स् *-n.* strength, energy, power, intense effort, an army or navy, influence, vitality. बल, शक्ति, सामर्थ्य, गहन प्रयास, जल या स्थल सेना, प्रभाव, ओज; *-v. i. & t.* to use violence, to violate, to extort, to compel. बल प्रयोग करना, बलात्कार करना, बलपूर्वक ले लेना, विवश करना; **By force of** (by dint of.) किसी प्रभाव द्वारा; **Force-pump** (a pump by which water is forced up.) पानी चढ़ाने का पम्प; **To force a smile** (to smile without cause.) अकारण हँसाना; **To force one's way** (to make way by force.) ज़बरदस्ती राह बनाना।

Forced - फ़ोर्स्ड् *-adj.* over-strained, unnatural, compulsory. घोर यत्नपूर्वक, कृत्रिम, बाध्यकारी; **Forcedly** (-लि) *-adv.* in a forced manner. बलपूर्वक; **Forced labour** (labour without remuneration.) बेगारी; **Forced-landing** (-लॉन्ड्-इङ्ग्) *-n.* descending of an aeroplane on the ground owing to unfavourable conditions. प्रतिकूल अवस्थाओं के कारण विवश होकर वायुयान का भूमि पर उतरना; **Forced meat** (crushed meat.) कुचला हुआ मांस; **Forceful** (-फुल्) *-adj.* full of force, violent. शक्तियुक्त, उग्र; **Forceless** (-लेस्) *-adj.* without force. बिना शक्ति का, अशक्त।

Forceps - फ़ॉर्' - सेप्स् *-n. pl.* (sing.) a pair of surgical pincers. चिमटा, जर्राही सँड़सी।

Forcible - फ़ोर्स' - इ - बल् *-adj.* that may be inforced, powerful, involving force, strong, efficacious, convincing, vivid. दबाने योग्य, प्रबल, प्रभावयुक्त, पुष्ट, बलकारी, प्रामाणिक, स्पष्ट; **Forcibleness** (-नेस्) *-n.* the quality of being forcible. प्रबलता; **Forcibly** (-इब्-लि) *-adv.* in a forcible manner. बल (हठ)-पूर्वक।

Forcing - फ़ोर्स' - इङ्ग् *-n.* the act of raising plants &c. at an earlier season by artificial heat. कृत्रिम रीति से ऋतु से पूर्व पौधों का उत्पादन।

Ford - फ़ोर्ड् *-n.* the shallow part of a river which can be crossed by wading. नदी का छिछला भाग जो हेलकर पार किया जा सके; *-v. t.* to cross a river by wading. हेलकर नदी पार करना; **Fordable** (-ऍ-बल्) *-adj.* that may be crossed by wading. हेलकर पार करने योग्य; **Fordless** (-लेस्) *-adj.* devoid of fords. बिना घाट का।

Fordo - फॉ' - डू' *-v. t.* (*p. t.* **Fordid**) to kill, to destroy. मारना, नाश करना।

Fore - फ़ोर् *-adj. (comp.* **Former,** *sup.* **Foremost, First**) situated in front, former. सामने का, पहले का; *-adv. & prep.* in front, in the presence of. आगे, सामने, सम्मुख; a prefix signifying priority. 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग; **To the fore** (living, existing.) जीवित (हाल का), प्रस्तुत; **Forearm** (the arm from elbow to the waist.) बाँह की कलाई; **Forebow** (-बो) *-n.* the fore-part of a saddle. काठी का अगला भाग; **Foreman** (-मॉन्) *-n.* principal workman. प्रधान कर्मचारी।

Forebode - फ़ोर् - बोड्' *-v. t.* to predict, to foretell, to portend. भविष्य बतलाना, शकुन कहना; **Foreboder** (-अर्) *-n.* one who predicts. भविष्यवक्ता; **Foreboding** (-इङ्ग्) *-n.* act of predicting. भविष्य-ज्ञान; **Forebodingly** (-लि) *-adv.* in a foreboding manner. भविष्य बताते हुए।

Forecast - फ़ोर् - कास्ट्' *-v. i & t.* to conjecture. अनुमान करना, पहले ही से कल्पना करना, अन्दाज़ लेना; *-n.* foresight, prudence, prevision. पूर्वविचार, दूरदर्शिता।

Foreclose - फ़ोर् - क्लोज़्' *-v. t.* to preclude, to prevent, to stop. प्रतिबन्ध करना, मना करना, रोकना; **Foreclosure** (-अर्) *-n.* the act of foreclosing. प्रतिबन्ध, निषेध, रुकावट।

Foredo - फ़ोर् - डू *-v. t. (p. t.* **Foredid,** *p. p.* **Foredone.**) to destroy. नष्ट करना।

Forefather - फ़ोर्' - फ़ा - दर् *-n.* an ancestor. पूर्वज़, पुरखा, *(pl.)* पितर लोग।

Forefinger - फ़ोर्' - फ़िङ्ग् - अर् *-n.* the finger next to the thumb. अँगूठे के पास की अँगुली, तर्जनी अँगुली।

Forefront - फ़ोर्' - फ़्रन्ट् *-n.* the foremost part. सबसे अगला भाग।

Forego - फ़ोर्' - गों' *-v. t. & i. (p. t.* **Forewent,** *p. p.* **Foregone.**) to precede in place of time, to give up. आगे होना, त्यागना (छोड़ना); **Foregoer** (-अर्) *-n.* one who goes before another. पूर्वगामी।

Foreground - फ़ोर्'-ग्राउन्ड् *-n.* the part of a picture or scene nearest to the observer. चित्र में का वह भाग जो दर्शक के अति समीप हो।

Forehead - फ़ोर्'-हेड् *-n.* the front part of the face above the eyes, modesty, shamefulness, a leader. ललाट, मस्तक, नम्रता, लज्जा, नायक।

Foreign - फ़ॉ'-रेन् *-adj.* belonging to others, alien, remote, dissimilar, inappropriate. परदेशी, विदेशी, भिन्न, अयोग्य; **Foreignness** (-नेस्) *-n.* the quality of being foreign. भिन्नता।

Foreigner - फ़ॉ-रेन्-अर् *-n.* a native of a foreign country. विदेशी, अन्यदेशीय।

Fore-imagine - फ़ोर्' - इ - माजिन् *-v. t.* to think beforehand. पहिले से मन में विचार कर लेना।

Forejudge - फोर् - जज्' *-v. t.* to judge before. पहिले ही से निर्णय कर लेना; **Forejudgment** (-मेन्ट्) *-n.* a judgment previously formed. पूर्वनिर्णय।

Foreknow - फ़ोर् - नों' *-v. t. (p. t.* **Foreknew,** *p. p.* **Foreknown.**) to foresee, to know beforehand. पहले से अनुमान कर लेना या जान लेना; **Foreknowable** (-एँ-ब्ल्) *-adj.* that may be foreknown. पहिले से जानने योग्य; **Foreknowledge** (-नॉलेज़्) *-n.* previous knowledge of a thing, prescience. पूर्वज्ञान, भविष्य-ज्ञान।

Foreland - फ़ोर्' - लॉन्ड् *-n.* a cape or headland. अन्तरीप, खाड़ी।

Forelay - फ़ोर् - लें'*-v. t. (p. t.* **Forelaid,** *p.p.* **Forelain**) to lie in wait for. प्रतीक्षा करना, राह देखना।

Foreleg - फ़ोर्' - लेग् *-n.* the front leg of an animal. पशु का अगला पैर।

Forelock - फ़ोर्' - लॉक् *-n.* the lock of hair that grows on the forehead. माथे के सामने के बाल; **To take time by the forelock** (not to abandon an opportunity.) अवसर न चूकना।

Foreman - फ़ोर्' - मॅन् *-n.* the spokesman of a jury, the chief man, principal workman. पञ्चों का सरदार, चौधरी, प्रधान कर्मचारी।

Foremast - फ़ोर्' - मास्ट् *-n.* the forward lower mast (near the bow of a ship.) जहाज़ का अगला निचला मस्तूल।

Foremost - फ़ोर्' - मोस्ट् *-adj. & adv. (sup. degree.)* best, chief, first in time, place, &c., in the first place. सर्वोत्तम, प्रधान, प्रथम, श्रेष्ठ, सबसे आगे।

Homy - होम्' - इ *-adj.* home-like. गृहवत्, घर के समान।

Hone - होन् *-n.* a whetstone. सान, सिल्ली; *-v.t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर हथियार तेज करना।

Honest - ऑन्' - एस्ट् *-adj.* fair and upright in dealings, sincere, faithful. निष्कपट, ईमानदार, सच्चरित्र, सच्चा; **Honestly** (-लि) *-adv.* in an honest manner. ईमानदारी से, सच्चाई से।

Honesty - ऑन्' - एस्ट् - इ - *n.* uprightness, integrity. सत्यता, खरापन, ईमानदारी; **Honesty is the best policy** (maxim of self-interested morality.) सत्यता या ईमानदारी ही सबसे उत्तम मार्ग है।

Honey - हन्' - इ *-n.* the sweet fluid collected by bees, sweetness. मधु (शहद), मधुरता; **Honey bee** (a bee that gathers honey.) मधुमक्खी।

Honeycomb - हन्' - इ - कोम् - *n.* the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs. मधुकोष, शहद की मक्खी का छत्ता।



Honeycomb.

Honeymoon - हन् - इ - मून् *-n.* a month's holiday spent by newly married couple after marriage. विवाह के बाद दम्पति का आनन्दपूर्ण मिलन-मास।

Honeysuckle - इन्' - इ - सक् - कल् *-n.* name of sweet-scented flower of clover. तिनपतिया के सुगन्धित फूल का नाम।

Honk - हॉङ्क् *-n.* the cry of a wild goose, sound of a motor-horn. जंगली बतख का शब्द, मोटर के भोंपे का शब्द।

Honorarium - ऑन् - अर् - एअर्' - इ - अम् *- n.* the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क या पारिश्रमिक, शुकराना।

Honorary - ऑन् - अर् - अर्' - इ - *adj.* conferred as an honour, serving without pay, holding a title without performing any services. सम्मानार्थ प्रदत्त, अवैतनिक, बिना वेतन का, बिना किसी सेवा के ही पदवी धारण करनेवाला।

Honorific - ऑन् - अर् - इफ्' - इक् - *adj.* implying or conferring respect. मान या प्रतिष्ठा सूचक।

Honour - ऑन्' - अर् - *n.* dignity, high respect, good name, reverence, nobleness of mind, chastity. सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता; - *v. t.* to venerate, to respect, to accept and pay (draft &c.) when due, to confer honour. प्रतिष्ठा करना, हुन्डी आदि सकारना, उपाधि देना।

Honourable - ऑन् - अर् - एबल् - *adj.* worthy of honour, illustrious, upright. माननीय, आदरणीय, सच्चरित्र; **Honourably** (- एॅब् - लि) - *adv.* in an honourable manner. मानपूर्वक, न्यायपूर्वक, सम्मान के साथ।

Hood - हुड् - *n.* a covering for the head, cowl, a badge worn over a university gown. सिर ढाँकने का वस्त्र (कंटोप), विश्वविद्यालय के उपाधि-सूचक महावस्त्र के ऊपर का विशेष अलङ्कार; - *v. t.* to cover with a hood. ढकना लगाना, ढाँकना; **Hooded** (- एॅड्) - *adj.* covered with a hood. ढँकना लगा हुआ।

Hoodwink - हुड् - विङ्क्' - *v. t.* to blind by covering the eyes, to deceive. आँखों को वस्त्र से ढाँकना, धोखा देना।

Hoof - हूफ़् - *n.* (*pl.* **Hoofs, Hooves.**) the horny part of a beast's foot. खुर; - *v. i.* to walk as cattle. खुर मारना, पशु की तरह चलना; **Hoofpad** (a pad for the hoof of horses.) घोड़े के पैर में बाँधने की गद्दी।

Hook - हुक् - *n.* a bent piece of metal, bent wire used for catching fishes, a snare. कुलाबा, काँटा, मछली फँसाने की बंसी, जाल; - *v. t. & i.* to catch with a hook, to bend. कँटिया में फँसाना (मछली पकड़ना), झुकाना; **Hook worm** (a parasitic worm infesting the intestines.) अंकुश कृमि; **By hook or by crook** (by right or wrong means.) किसी भी उपाय से; **To hook on** (to draw as with a hook.) कँटिया से फँसाना; **Hook-up** (- अप्) *n.* a system of electric circuits for linking television or radio stations. विद्युत् प्रणाली से दूरदर्शन या रेडियो का अन्तर्मिलन।

Hooked - हुकड्, **Hookt** - हुक्ट् - *adj.* shaped like a hook. ऐंठा, टेढ़ा।

Hooker - हुक्' - अर् - *n.* a kind of sailing ship. एक प्रकार का छोटा जहाज़।

Hooligan - हू' - लि - गन् - *n.* a cruel ruffian. गुण्डा, बदमाश।

Hoop - हूप् *-n.* a circular band of metal, a wooden or iron circle. चक्कर, घेरा, गोल पट्टा; *-v. t.* to encircle. ऐसे पट्टे से बाँधना।

Hoop - हूप् *-v. i. & n.* to utter a hooping sound. हू-हू का शब्द करना, ऐसा शब्द; **Hooping cough** (a kind of cough in which the patient whoops.) कुक्कुरखाँसी, सूखी खाँसी।

Hoot - हूट् *-v. i.* to make a loud sound especially in contempt. to drive away by hooting. घृणा से धिक्कारना, छी-छी करना; *-n.* a sharp cry, a shout in contempt. कर्कश शब्द, असन्तोष का शब्द।

Hooter - हूट्' - अर् *-n.* one who hoots, a steam whistle. चिल्लानेवाला, भाफ़ से बजनेवाली सीटी (जो कारखानों में काम आरम्भ या समाप्त करने के लिए बजाई जाती है)।

Hop - हॉप् *-n.* a kind of perennial creeper, hopping, spring, dance. एक प्रकार की चिरस्थायी लता, कूद-फाँद, उछाल, नाच; *-v. i.* (*p. t.* **Hopped.**) to spring on one leg, to spring on all fours, to depart suddenly. एक पैर के बल या चारों पैरों से कूदना, तुरत प्रस्थान करना; **Hop-o'my-thumb** (a man of small stature.) नाटा, छोटा मनुष्य, बौना।

Hope - होप् *-n.* a desire combined with expectation. anticipation. आशा (इच्छा), मनोरथ (भरोसा); *-v. t & i.* to look with expectation, to expect and desire. आशा करना, भरोसा करना।

Hopeful - होप्' - फुल् *-adj.* full of hope, encouraging. आशायुक्त, आशाजनक (होनहार); **Hopefully** (-फु-लि) *-adv.* in an encouraging manner. आशा से; **Hopefulness** (-फुल् - नेस्) *-n.* the quality of being hopeful. आशापूर्णता।

Hopeless - होप्' - लेस् - *adj.* devoid of hope. आशाहीन; **Hopelessly** (- लि) - *adv.* without hope. निराशा से; **Hopelessness** (- नेस्) - *n.* despair. निराशा, लाचारी।

Hopper - हॉप्' - अर् *-n.* a funnel through which grain passes into a mill. खाद्यधानी।

Hopple - हॉप्ल् *-v. t.* to tie together the legs of a horse. घोड़े के पैरों को एक साथ बाँधना।

Horary - होर्' - ऑर् - इ - *adj.* hourly, occurring, every hour. प्रति घण्टे का, घण्टे-घण्ठे पर होनेवाला।

Horde - होर्ड् - *n.* a band of nomads, a gang, multitude. घुमक्कड़ों का जत्था, संघ, झुण्ड।

Horizon - हो - राई' - जन् - *n.* the line at which the earth and the sky seem to meet, experience, limit. क्षितिज, अनुभव, परिधि।

Horizontal - हो' - रिज़् - ऑन् - टल् - *adj.* parallel to the horizon, at right angles to the vertical level. क्षितिज के समानान्तर, समतल; **Horizontally** (-लि) - *adv.* in a horizontal direction. क्षितिज की दिशा में, पड़े बल से।

Hormone - हॉर्'' - मोन् *-n.* a chemical secretion from certain glands of the body. शरीर के भीतर का एक पुष्टिकर रासायनिक तत्त्व, न्यासर्ग।

Horn - हॉर्न् *-n.* a hard and pointed substance on the head of cattle usually in pairs, a drinking vessel, a powder flask,a kind of wind instrument antennae of insects. सींग प्याला, बारूद रखने का डिब्बा, सिंगा (भोंपा), फतिंगों की मूँछ; *-v. t.* to furnish with horns. सींग लगाना।

Horner - हार्न्' - अर् *-n.* one who deals in horns. सींग के पदार्थ बनाने और बेचनेवाला।

Hornet - हार्न्' - एंट् - *n.* a large wasp. बर्रे की जाति का एक कीड़ा, हड्डा।

Hornless - हार्न्' - लेस् - *adj.* destitute of horns. बिना सींग का।

Horny - हार्न् '- इ - *adj.* hard as horn. सींग की तरह कड़ा।

Hologe - हो' - रो - लॉज् - *n.* a timepiece or clock. छोटी या बड़ी घड़ी।

Horology - हो - रॉल्' - ओ - जि - *n.* the art of making clocks. घड़ी बनाने की विद्या।

Horoscope - हो' - रो - स्कोप् - *n.* observation of planets at a person's birth. जन्मपत्रिका; **To cast a horoscope** (to prepare a horoscope.) जन्मपत्रिका बनाना।

Horoscopical - हो' - रो - स्कोप्' - इक् - अल्'- *adj.* pertaining to a horoscope. जन्मपत्री सम्बन्धी।

Horrible - हॉ' - रि - बल् - *adj.* fit to excite horror, dreadful, unpleasant, hideous. भयानक, विकराल, डरावना।

Horribly - हॉ - रिब्' - लि - *adv.* in a dreadful manner. भयङ्कर रूप से।

Horribleness - हॉ' - रि - बल् - नेस् - *n.* the state of being horrible, dreadfulness. भयंकरता, डरावनापन।

Horrid - हॉ' - रिड् *-adj.* terrible, horrible, frightful. भयङ्कर, विकट, डरावना; **Horridly** (-लि) *-adv.* in a terrible manner. विकट रूप से; **Horridness** (-नेस्) *-n.* the quality of being horrible, frightfulness. भयङ्कर रूप।

Horrific - हॉ - रिफ़्' - इक् *-adj.* causing horror. भयङ्कर, डरानेवाला।

Horrify - हॉ - रि' - फ़ाइ *-v. t.* (*p.t.* **Horrified**) to excite terror. डराना।

Horripilation - हॉ' - रिप् - इ - ले' - शन् - *n.* a bristling of the hairs of the body. शरीर भर के रेवें खड़े होना, रोचाञ्च।

Horror - हॉ' - रर् - *n.* a dreadful shivering, shuddering, great dislike. कँपकँपी (भय), अति घृणा।

Horse - हॉर्स् *-n.* a solid-hoofed quadruped used as a beast of burden or for riding, cavalry. अश्व, घोड़ा, घुड़सवार; *-v. i.* to mount on a horse. घोड़े पर सवार होना; **Horse-breaker** (one who trains a horse.) अश्व-शिक्षक, घोड़ा फेरनेवाला; **Horsechestnut** (a kind of tree.) एक प्रकार का अखरोट; **Horse-cloth** (a cloth for covering a horse.) घोड़े का ओहार; **Horse-fly** (a fly that stings horses.) किलनी; **Horse-laugh** (a loud boisterous laugh.) ठट्ठा, ठहाके की हँसी; **Light horse** (artillery with light guns.) हलके शस्त्र धारण किये हुए घुड़सवार; **Pack-horse** (a horse of burden.) लद्दू घोड़ा; **To horse** (to ride on a horse.) घोड़े पर सवारी करना।

Hortative - हॉर्ट' - ऑट् - इव् - *adj.* serving to exhort. उत्साह दिलानेवाला।

Horticultural - हॉर्ट' - इ - कल्' - चर् - अल् - *adj.* pertaining to the culture of gardens. उद्यानविद्या (बाग़बानी) सम्बन्धी।

Horticulture - हॉर्ट' - इ - कल् - चर् - *n.* the art of cultivating gardens. उद्यानविद्या, बाग़वानी; **Horticulturist** (- इस्ट्) - *n.* one skilled in the art of horticulture. बाग़वानी में निपुण।

Hose - होज़् - *n.* (*pl.* **Hose**) stockings, a flexible tube for watering plants. मोज़ा, पौधों पर पानी छिड़कने की नली।

Hosier - होज़्' - यर् - *n.* one who deals in hosiery. मोज़े का व्यापारी; **Hosiery** (-इ) - *n.* a manufactory of hoses &c. सूई से बीने हुए वस्त्र।

Hospice - हॉस्' - पिस् - *n.* a home for the sick, a house of rest for travellers. बीमारों के रहने का स्थान, सराय।

Hospitable - हॉस्' - पिट् - एबल् - *adj.* disposed to entertain strangers. आतिथ्यकारी, अतिथिसत्कार करनेवाला; **Hospitably** (- ब्लि) - *adv.* with kindness to strangers. आदर-सहित, सत्कार-सहित।

Hospital - हॉस्' - पिट् - अल् - *n.* an institution for the care of the sick and wounded, an almshouse. आरोग्यशाला, चिकित्सालय, अस्पताल।

Hospitality - हॉस्'- पिट् - ऑल्' - इ - टि - *n.* kindness to strangers, a friendly reception of strangers and guests. आतिथ्य, अतिथि-सत्कार।

Host - होस्ट् *-n.* a large number, an army, one who entertains or lodges another, an innkeeper. समुदाय, सेना, आतिथ्य करनेवाला, यजमान, आतिथेय, मेज़बान।

Hostage - होस्ट्' - एंज् *-n.* a person delivered as a pledge to the enemy. प्रतिभू (ज़मानत) के रूप में शत्रु को प्रदत्त व्यक्ति।

Hostel - हॉस्' - टल् - *n.* an inn, a house for the residence of students. सराय, विद्यार्थियों के रहने का स्थान, छात्रावास; **Hostelry** (- रि) - *n.* an inn. धर्मशाला, सराय।

Hostess - होस्ट्'- एॅस् - *n. fem.* a female host. अतिथि-सत्कार करनेवाली स्त्री।

Hostile - हॉस्' - टाइल् *-adj.* unfriendly, opposed, adverse. विरुद्ध, वैरी, विपरीत; **Hostilely** (- लि) *-adv.* in a hostile manner, adversely. विरुद्धता से।

Hostility - हॉस् - टिल्' - इ - टि - *n.* enmity, opposition. शत्रुता, विरोध।

Hostler - ऑस्' - लर् - same as **Ostler.**

Hot - हॉट् - *adj.* (*comp.* **Hotter,** *sup.* **Hottest.**) very warm feeling heat, eager, pungent, passionate, violent, angry, exciting. उत्तप्त (बहुत गरम), गरमी का अनुभव करनेवाला, उत्सुक, तीता, कामातुर, उग्र, क्रुद्ध, उत्तेजक; - *adv.* eagerly, angrily. उत्साहपूर्वक, क्रोध से; **Give it him hot** (to punish.) दण्ड देना; **Hot-bed** (a manured field.) खाद डालकर तैयार की हुई ज़मीन; **Hot-blooded** (excitable.) प्रचंड, साहसी; **Hot-house** (a glass-house for sheltering tender plants.) कोमल वनस्पतियों को गरम रखने का शीशे का मकान; **Hetpress** (a machine for pressing paper.) काग़ज इत्यादि को दबाने का चौंप कल।

Hotchpot - हॉच्' - पॉट् *-n.* a mixture of ingredients. मिलाव, मिश्रण।

Hotchpotch - हॉच्' - पॉच् *-n.* a confused mass of ingredients mixed together. खिचड़ी, गड़बड़झाला।

Hotel - हो- टेॅल्' - *n.* an inn, a house for travellers. सराय (धर्मशाला), भोजनालय, होटल।

Hotly - हॉट्' - लि - *adv.* in a hot manner. प्रचंडता से, क्रोध से।

Hotness - हॉट्' - नेस् - *n.* the quality of being hot. उष्णता, उग्रता, तीक्ष्णता।

Hottentot - हॉट्' - एन् - टॉट् - *n.* one of a native race of South Africa. दक्षिणी अफ्रिका की एक जाति।

Hough - हॉक् - *n.* the joint of the hind leg of an animal, the ham. पशु की जंघास्थि।

Hound - हाउन्ड् - *n.* a dog of chase. शिकारी कुत्ता; *-v. t.* to hunt. शिकार करना।

Hour - ऑ' - अर् - *n.* a duration of 60 minutes, a short time, an occasion. घंटा, घड़ी, अवसर; **At all hours** (always.) सर्वदा; **At the eleventh hour** (at the last stage.) अन्तिम क्षण में; **Hour-glass** (an instrument for measuring intervals of time by running sand through a narrow neck.) बालूघड़ी; **Hour-hand** (the hand which shows the hour on a clock or watch.) घड़ी की घंटा दिखाने वाली छोटी सूई; **In a good hour** (on a good occasion.) सुअवसर में; **In an evil hour** (in bad time.) अशुभ काल में; **The question of the hour** (the question of the time.) इस समय का प्रश्न, प्रस्तुत विषय।

Houri - हू' - रि *-n.* a nymph, an extremely beautiful woman. स्वर्ग कन्या (अप्सरा), दिव्य स्त्री।

Hourly - आवर्' - लि *-adv.* every hour. प्रति घण्टे।

House - हाउस् *-n.* a dwelling-place, a building, an assembly, a household, a family or race, dynasty. घर, भवन, समुदाय, गृहस्थी, परिवार या जाति, वंश; *-v. t.* (हाउज़्) to shelter. आश्रय देना; **House-breaker** (one who breaks into a house.) सेंध मारकर चोरी करनेवाला; **Housekeeper** (the head of a household.) गृह-स्वामी; **House-maid** (a maid-servant.) दासी, दाई; **House of God** (a church.) गिरजाघर; **House-surgeon** (a physician resident in a hospital.) अस्पताल में सर्वदा रहनेवाला चिकित्सक या डाक्टर; **To keep open house** (to arrange for the reception of all guests.) सभी पाहुनों के स्वागत का प्रबन्ध करना।

Household - हाउस्' - होल्ड् *-n.* the persons who dwell under the same roof and form a family. कुटुम्ब, परिवार, कुनबा; **Household gods** (family gods.) कुलदेवता; **Householder** (the head of a household.) गृहस्वामी।

Houseless - हाउस्' - लेस् *-adj.* destitute of house or dwelling. गृहहीन।

Housewife - हाउस् - वाइफ़्' *-n.* the mistress of a family. गृहिणी, घरनी, मालकिन।

Housing - हाउज़्' - इङ्ग् *-n.* a horse's covering for protection, a saddle-cloth. घोड़े का ओहार, काठी के नीचे का नमदा।

Hove - होव़ *-p. t.* of **Heave.**

Hovel - हॉव़्' - एॅल् *-n.* an open shed for sheltering cattle, an out-house, a cottage. पर्णशाला, छप्पर, कुटी।

Hover - हॉव़्' - अर् *-v. i.* to hang in or float in the air, to loiter. हवा में घूमना, बहकना; - *n.* a walk. परिभ्रमण, टहलान; **Hovering** (- इङ्ग्) - *n.* a loitering. चक्कर मारना।

How - हाउ *-adv.* in what manner or way, to what extent? किस रूप से, किस प्रकार से, कैसे? **Howbeit** (however.) तथापि; **How do you do?** (how do you fare?) आपका क्या हाल-चाल है? **Howelse** (otherwish how.) नहीं तो कैसे; **However** (in whatever manner, nevertheless.) किसी प्रकार, किन्तु; **How is corn?** (what is the price of corn?) अन्न का क्या भाव है? **How long?** (up to what time?) कब तक? **How much?** (to what extent?) कितना; **How now?** (why is this so?) ऐसा क्यों है? **Howsoever** (although, however.) कैसे ही, किसी प्रकार से।

Howitzer - हाउ' - इट्ज़् - अर् *-n.* a kind of short gun. एक प्रकार की छोटी बन्दूक।

Howl - हाउल्' *-v. i.* to roar, to utter a loud doleful cry, to cry like a dog or wolf. गर्जना, गुर्राना, जोर से चिल्लाना; *-n.* the cry of a dog or wolf. कुत्ते या भेड़िये की गुर्राहट।

Howler - हाउल्' - अर् *-n.* one who roars, a kind of American monkey. गुर्रानेवाला, एक प्रकार का अमेरिका का बन्दर।

Howling - हाउल्' - इङ्ग् *-n.* a roaring cry. चिल्लाहट, गरजने का शब्द।

Hoy - हॉय् *-n.*a kind of small boat. एक प्रकार की छोटी नाव; *-inerj.* ho ! अहो! अरे! हो!

Hoyden - हॉय्' - डन् -*n.* a boisterous woman. वाचाल स्त्री।
Hub - हब् - *n.* the central part or nave of a wheel. पहिये की नाभि, धुरा।
Hubble-bubble - हब्'- बल्'- बब् - बल् - *n.* an Indian tobacco-pipe, a confused talk. हुक्का, अस्पष्ट वार्ता।
Hubbub - हब्' - बब् -*n.* a confused cry, an uproar. कोलाहल, कलकल शब्द।.
Huckaback - हक्' - अ - बॉक् -*n.* a coarse cloth of rough surface for towels & c. तौलिया इत्यादि बनाने का एक प्रकार का मोटा रूखा कपड़ा।
Huckle - हक्' - कल् - *n.* the hip, hunch. पुट्ठा, जाँघ, चूतड़; **Huckle-backed** - *adj.* (hunch-backed.) कुबड़ा।
Huckster - हक्'- स्टर् - *n.* a pedlar or hawker. फेरीवाला, बिसाती; - *v. t. & i.* to sell in small quantities. फुटकर माल बेचना; **Hucksterer** (- अर्) - *n.* a retailer of small articles. फुटकर माल बेचनेवाला।
Huddle - हड् - ड्ल् -*v. t.* to amass in a confused manner, to hurry over. ढेर लगाना (भीड़ लगा देना), शीघ्रता करना; -*n.* a crowd, tumult, confusion. भीड़, गड़बड़ी, शोर-गुल।
Hue - ह्यू -*n.* colour, tint. रङ्ग, छवि; **Hue and cry** (confusion, outcry.) कोलाहल, शोरगुल।
Huff - हफ़्' -*v. t. & i.* to offend, to bully. चिढ़ाना, क्रोध करना, शेखी करना; -*n.* anger. क्रोध, रोष।
Huffer - हफ़्' - अर् - *n.* a blusterer. शेखीबाज़।
Huffish - हफ़्'- इश् - *adj.* petulant. क्रोधी, धृष्ट।
Hug - हग् - *v. t.* (*p. t.* **Hugged**) to embrace closely, to delight in, to hold fast, to cling to. आलिङ्गन करना, चपकाना, आनन्द लेना; - *n.* a close embrace. गाढ़ आलिङ्गन।
Huggery - हग्' - अर् - इ - *n.* action of hugging आलिङ्गन।
Huge - ह्यूज् -adj. very large, immense, enormous. बहुत बड़ा, विशाल, बहुत भारी; **Hugely** (-लि) -*adv.* enormously. विशालता से; **Hugeness** (-नेस्) -*n.* bigness, enormous bulk. विशालता, भारीपन।
Hugeous - ह्यूज' - इअस् - *adj.* huge, enormous. विशाल, बड़ा भारी।
Hugger-mugger - हग्' - गर् - मग् - गर् - *n.* secrecy, confusion. रहस्य (गुप्त बात), गड़बड़ी; -*v. t.* to conceal, to suppress. छिपाना, दबा देना।
Hulk - हल्क् - *n.* the body of a dismantled ship. टूटे हुए जहाज़ का ढाँचा।
Hulking - हल्क्' - इङ्ग् - *adj.* bulky, clumsy. भारी, भद्दा।
Hull - हल् - *n.* the outer covering of a fruit, the frame of a ship. फल का छिलका, जहाज़ का पेटा; -*v. t.* (*p. t.* **Hulled**) to strip off covering, to pierce the hull of a ship. छिलका हटाना, जहाज़ के पेटे में गोला मारना।
Hullabaloo - हल् - अ - बलू' -*n.* an uproar. कोलाहल, शोर-गुल।
Hullo (-loa) - ह - लो, - (- लो - आ) - *interj.* denoting confusion. ओहो! अरे!
Hum - हम् -*v. i.* (*p. t.* **Hummed.**) to make murmuring sound. भनभनाना, गुनगुनाना; -*n.* a murmuring sound. भनभनाहट, गुनगुनाहट; -*interj.* denoting surprise. सन्देह-सूचक अव्यय।
Human - ह्यू' - मन् -*adj.* pertaining to man, of man as opposed to God. मनुष्य-जाति का, मानवी; **Human being** (mankind.) मनुष्य जाति, मनुष्य, मानव।
Humane - ह्यू' - मेन् - *adj.* kind, tender. दयालु, कोमल।
Humanism - ह्यू' - मॉन् - इज़्म् - *n.* the service of humantly. मनुष्य-जाति की सेवा, मानवतावाद।
Humanist - ह्यू' - मॉन् - इस्ट् - *n.* a student of human nature. मनुष्य की प्रकृति का अध्ययन करनेवाला।
Humanitarian - ह्यू'- मॉन् - इट् - एअर' - इ - ऑन् - *n.* a philanthropist. मनुष्य-जाति से प्रेम करनेवाला।
Humanity - ह्यू' - मॉन् - इ - टि - *n.* the quality of being human, mankind, a kind feeling, benevolence. मानवता, मनुष्य जाति, दया, कृपालुता।
Humanize - ह्यू' - मन् - आइज़् - *v. t.* to show humanity. शिष्टाचार करना, दयालु बनाना।
Humanness - ह्यू' - मन् - नेस् -*n.* benevolence. मनुष्यत्व, कृपालुता।
Humble - हम् - ब्ल् - *adj.* of lowly condition, modest, meek, submissive. निम्न, नीच, विनीत, नम्र (गर्वरहित), दीन; - *v. t.* to lower, to abase. नीचा दिखाना (घमण्ड तोड़ना), नम्र करना; **Humble-bee** (the humming bee.) भौंरा; **Humbled** (- ड्) -*adj.* conquered. जीता हुआ; **Humbleness** (-नेस्) - *n.* the quality of being humble. नम्रता।
Humbling - हम्' - ब्लिङ्ग् -*n.* victory. विजय।
Humbly - हम्ब्' - लि -*adv.* modestly, in a humble manner, submissively. दीनता से, नम्रतापूर्वक; **In humble day** (in times of adversity.) आपत्ति के समय में।
Humbug - हम्' - बग् - *n.* a fraud, deception, nonsense. छल (कपट), धोखा, पाखण्ड; - *v. t.* (*p.t.* **Humbugged**) to deceive, to hoax. धोखा देना, ठगना।
Humdrum - हम्'- ड्रम् - *adj. & n.* trite, commonplace, dull, a stupid fellow. सामान्य, साधारण, नीरस, मन्द, मूर्ख मनुष्य; **Humdrumness** (-नेस्) - *n.* the quality of being stupid. मूर्खता, सिड़ीपन।
Humeral - ह्यू'- मर् - ल् -*adj.* belonging to the shoulder. स्कन्ध-सम्बन्धी।
Humerus - ह्यू' - मर् - अस् -*n.* the round bone

of the upper arm. प्रगण्डास्थि, भुजा की गोल हड्डी।

Humid - ह्यू'- मिड् - *n.* damp, moist. गीला, तर।

Humidity - ह्यू' - मिड्' - इ - टि - *n.* moisture. आर्द्रता, तरी।

Humiliate - ह्यू - मिल्' - इ - एट् - *v. t.* to lower the dignity of, to mortify, to depress. गर्व तोड़ना, नीचा करना, दबाना; **Humiliation** (- ए'- शन्) *-n.* the act of humiliating. दर्प-दमन, दीनता।

Humility - ह्यू - मिल्' - इ - टि - *n.* meekness, modesty, humbleness. विनय, नम्रता, दीनता।

Humming - हम्' - इङ्ग् - *adj.* murmuring. भनभनाता हुआ; *-n.* act of humming. भिनभिनाहट।

Hummock - हम्' - ऑक् - *n.* a small hill, a rishing ground. छोटी पहाड़ी, टीला।

Humoral - ह्यू'- मर् - अल् - *adj.* pertaining to humours. त्रिदोष-सम्बन्धी।

Humorist - ह्यू' - मर् - इस्ट् - *n.* a man of playful fancy. हँसी करनेवाला मनुष्य (ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़)।

Humorous - ह्यू'- मर् - अस् - *adj.* full of humour. विनोदी, रसिक, हँसी का; **Humorously** (- लि) - *adv.* in a humorous manner. विनोद के रूप में या ढंग से; **Humoursome** ह्यू'- मर - सम् - *adj.* humorous, whimsical. रसिक, विनोदी।

Humour - ह्यू' - मर् *-n.* a turn of mind, inclination, comicality, wit, an animal fiuid. मन की भावना, प्रकृति (प्रवृत्ति), रसिकता, चित्ततरंग (लहर), शरीर के त्रिदोष (वात, पित्त, कफ); *-v. t.* to comply, to gratify. अनुरोध करना, सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना; **Good humour** (humour neatly expressed.) सुशीलता; **Joyous humour** (pleasing wit.) आनन्दवृत्ति; **Out of humour** (out of temper.) अप्रसन्न, क्रुद्ध।

Hump - हम्प् *-n.* the protuberance on the back of an animal, hunch. ककुद्, कूबड़; *-v. t.* to depress, to annoy. कुढ़ाना, चिढ़ाना; **Humpbacked** (with a hump on the back.) कुबड़ा; **Humpless** (-लेस्) *-adj.* without humps. बिना कूबड़ का; **Humpy** (-इ) *-adj.* with many humps. अनेक कूबड़ोंवाला।

Humph - हम्फ़्' *-interj.* denoting doubt or dissatisfaction. सन्देह अथवा असन्तोष सूचक अव्यय।

Humpty-dumpty - हम्' - टि - डम्' - टि - *n.* a puny person. नाटा छोटा मनुष्य।

Humpy - हम्प्' - इ *-n.* a kind of Australian hut. आस्ट्रेलिया की एक प्रकार की झोपड़ी।

Hunch - हन्च् *-n.* a hump. कूबड़; *-v. t.* to bend. मोड़ना; **Hunchbacked**-*adj.* having a hump-back. कुबड़ा।

Hundred - हन्'-ड्रेड् *-n.* ten times ten. सौ; **Hundredth** (-थ्) *-adj.* one of a hundred equal parts. सौवाँ; **Long (great) hundred** (one hundred and twenty.) एक सौ बीस।

Hundredfold - हन् - ड्रेड्' - फ़ोल्ड् *-adj.* a hundred times. सौगुना।

Hundredweight - हन्' -ड्रेड् - वेट् *-n.* a weight of 112 lbs. एक सौ बारह पाउंड (५६ सेर) का वज़न।

Hung - हङ्ग् *-p. t. & p. p.* of **Hang.** 'हॉङ्ग्' धातु का लटकाने के अर्थ में भूतकाल का रूप।

Hunger - हङ्ग्'- गर् *-n.* an uneasy sensation caused by want of food, an earnest desire. क्षुधा, भूख, तीव्र अभिलाषा; - *v. t.* to have a keen appetite. भूख लगना; *-v. t.* to long for. इच्छा करना; **Hunger-strike** (refusal to take food.) अनशन-व्रत, भूख हड़ताल।

Hungrily - हङ्ग्' - ग्रि - लि *-adv.* in a hungry state. भूख की अवस्था में; **Hungriness** (-नेस्) *-n.* the state of being hungry. क्षुधा, भूख।

Hungry - हङ्ग्' - ग्रि *-adj.* having hunger, lean, greedy. क्षुधा-पीड़ित, भूखा, दुबला, लोभी।

Hunk - हङ्क् *-n.* a clumsy piece. भद्दा टुकड़ा; - *(pl.)* a miser. कृपण, कंजूस।

Hunt - हन्ट् - *v. i. & t.* to chase a wild animal, to chase for food, to seek after, to pursue. मृगया करना, शिकार करना, भोजन के लिये पीछा करना, खोजना, पीछा करना; - *n.* a chase of wild animals. मृगया, शिकार; **To hunt out** (to search for.) पता लगाना; **To hunt up** (to seek.) अन्वेषण करना, खोजना।

Hunter - हन्ट्' - अर् *-n.* (*fem.* **Huntress** - रेंस्) - one who hunts. शिकारी, शिकार करनेवाला मनुष्य।

Hunting - हन्ट्' - इङ्ग् *-n.* the act of chasing wild animals. आखेट, मृगया।

Huntsman - हन्ट्स्' - मॉन् *-n.* a hunter, a man in charge of hounds. शिकारी, शिकारी कुत्तों का निरीक्षक।

Hurdle - हर्ड्ल् *-n.* wooden sticks woven together for temporary frame. टट्टी, टट्टर; *-v. t.* to cover with hurdles. टट्टी में बन्द करना, **Hurdler** (-अर्) *-n.* a maker of hurdles, a runner of hurdle races. टट्टी बनानेवाला, टट्टी-फाँद दौड़नेवाला।

Hurdy-gurdy - हर्ड' - इ - गर्ड' - इ - *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Hurl - हर्ल् *-v. t.* to throw violently, to dash with force, to whirl. वेग से फेंकना, उछालना, चक्कर देना; - *n.* a violent throw, tumult. झटके की फेंकान, उपद्रव; **Hurling** (- इङ्ग्) - *n.* the act of throwing. उछाल (फेंकान)।

Hurley - हर्ल' - इ - *n.* a hockey-stick. हॉकी की छड़ी।

Hurlyburly - हर्' - लि - बर्' - लि - *n.* a tumult, an uproar, a bustle. कलकल शब्द, कोलाहल।

Hurrah - हुर्' - र् - आ *-interj.* expressing exultation. आनन्दसूचक अव्यय, वाह-वाह! शाबाश!

Hurricane - हरि' - केन् - *n.* cyclone, a violent wind. प्रचंड वात, चक्रवात; **Hurricane-lamp** (a lamp which a wind cannot extinguish.) आँधी में न बुझनेवाला लम्प।

Hurry - ह' - रि *-n.* a great haste, eagerness, confusion. शीघ्रता (जल्दी), आकुलता; *-v. i. & t.* (*p.*

t. **Hurried.**) to hasten, to remove. जल्दी से जाना या हटाना; **Hurry up** (be quick.) जल्दी करो।

Hurry-skurry - हरि - स्क्’- रि -*n.* confusion. घबड़ाहट।

Hurst - हर्स्ट् -*n.* a hillock, a sandbank. पहाड़ी, बलुआ किनारा।

Hurt - हर्ट् - *n.* an injury, a wound, harm. आघात, घाव, चोट, क्षति, अपकार; - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Hurt.**) to give pain, to damage. दुःख देना, चोट पहुँचाना, नष्ट करना।

Hurtful - हर्ट्’ - फुल् - *adj.* injurious, mischievous. पीड़ाकर, घातक, दुष्ट; **Hurtfully** (- लि) - *adv.* in an injurious manner. क्षति या चोट पहुँचाते हुए।

Hurtle - हर्ट्ल् -*v. t.* to strike against, to hurl swiftly. टकराना, वेग से घुमाना।

Hurtless - हर्ट्’ - लेस् -*adj.* receiving on injury. बिना घाव का।

Husband - हज़्’ - बन्ड् -*n.* (*fem.* **Wife.**) a man to whom a woman is betrothed, a married man. पति, दुलहा, शौहर, विवाहित पुरुष; -*v. t.* to manage economically. कम खर्च में प्रबन्ध करना (किफ़ायत करना); **Brother of husband.** देवर; **Husbandhood** (-हुड्) -*n.* the state of being a husband. पतित्व; **Husbandlike** (-लाइक़्) - *adj.* like a husband. पति के समान; **Husband's sister.** ननद; **Husbandry** (-रि) -*n.* the occupation of a farmer. कृषिकर्म, किसानी।

Hush - हश् -*n.* silence, stillness. शान्ति, चुप्पी; -*v. t.* to calm, to silence. शान्त करना, चुप करना; - *interj.* चुप! शान्त; **Hush boat** (an armed ship disguised as a peace ful one.) रूप बदले हुए सशस्त्र जहाज; **Hush-money** (bribe given for hiding a crime.) किसी अपराध को छिपाने के लिये दिया हुआ घूस; **To hush up** (to suppress.) दबा देना।

Husk - हस्क् -*n.* the dry outer covering of seeds or fruit, the worthless part of a thing. छिलका, भूसा, निरर्थक अंश; -*v. t.* to strip husk from. छिलका या भूसी हटाना; **Husked** (ड्) -*adj.* stripped of husks. भूसा हटाया हुआ।

Huskily - हस्क्’ - इ - लि -*adv.* roughly. रूक्षता से; **Huskiness** (-नेस्) -*n.* the state of being husky. भूसापन।

Husky - हस्क्’ - इ - *adj.* abounding with husks. भूसा भरा हुआ।

Hussar - हूज़्’ - अर् - *n.* a soldier of light cavalry. घुड़सवार सिपाही।

Hussy, Huzzy - हसि, - हज़ि - *ns.* a woman of worthless character. पापिनी, दुष्टा स्त्री।

Hustings - हस्’ - टिङ्ग्ज् - *n. pl.* the proceedings of an election. चुनाव का कार्यक्रम।

Hustle - हस्ल् - *v. t. & i.* to thrust hastily, to push roughly. ढकेलना, धक्का देना; - *n.* bustle. शोर-गुल।

Hut - हट् - *n.* a small house, a cottage. कुटी, झोपड़ी; - *v. t. & i.* to place or lodge in huts. झोपड़ी में रखना या बसना।

Hutch - हच् -*n.* a small hut. an enclosure for rabbits &c., a coop. कुटी, खरहे का घेरा या बाड़ा।

Huzza - हु (इ) - ज़् - ज़ा -*interj.* of applause or encouragement. हर्षनाद, जय जय की ध्वनि।

Hyacinth - हाइ’ - अ - सिन्थ् -*n.* a bulbous plant with bell-shaped flowers. एक प्रकार का फूलदार पौधा; **Hyacinthine** (-आइन्) -*n.* a kind of gem. एक प्रकार का रत्न।

Hyades - हाइ’ - अ - डीज़् -*n.* a cluster of five stars. (वर्षासूचक) पाँच तारों का समुदाय।

Hyaena - हाइ’ - ईना - *n.* a carnivorous animal. लकड़बग्घा; see **Hyena.**

Hyaline - हाइ’ - अ - लिन्, **Hyaloid** - हाइ - अ - लॉ - इड् - *adjs.* glassy, transparent. काँच की तरह का, पारदर्शक।

Hybrid - हाइ’- ब्रिड् - *n. & adj.* an offspring of two different species or varieties, heterogeneous. दो भिन्न जाति की सन्तति, वर्णसङ्कर, दोगला; **Hybridism**(- इज़्म्) - *n.* the state of being hybrid. वर्णसंकरत्व; **Hybridization** (- आइज़् - एँ - शन्) - *n.* the act of hybridizing. वर्णसंकरीकरण, वर्णसंकर बनाना।

Hybridize - हाइ’ - ब्रिड् - आइज़् -*v. t.* to procreate by hybrids. दो जातियों के योग से एक नई जाति उत्पन्न करना, वर्णसंकर पैदा करना।

Hybridous - हाइ’ - ब्रिड् - अस् -*adj.* produced from different species. विभिन्न जातियों से उत्पन्न।

Hydra - हाइ’ - ड्रा -*n.* serpent with many heads, a water-snake, a tubular branched water animal. अनेक फनवाला सर्प, जलसर्प, बहुशाखी नलाकार जलजन्तु।

Hydrant - हाइ’ - ड्रॉन्ट् -*n.* a pipe with a nozzle for drawing water. पानी निकालने की पाइप।

Hydrate - हाइ’ - ड्रेट् - *n.* a compound of water with another element. किसी पदार्थ का पानी में घोल; - *v. t.* to combine with water. जलयुक्त करना; **Hydration** (- ड्रे - शन्) - *n.* the act of combining with water. घोल की क्रिया।

Hydraulic - हाइ - ड्रॉ - लिक् -*adj.* worked by the pressure of water. जलचाप या भार से चालित; **Hydraulician** (- इ - श्यन्) - *n.* one versed in hydraulics. जलचाप विद्या में प्रवीण; **Hydraulics** (- ड्रॉल्’ - इक्स्) -*n.* the science of converting fluids into motion. जलगति शास्त्र।

Hydric - हाइ’- ड्रिक् - *adj.* pertaining to or containing hydrogen. जलीय वायु या उदजन-सम्बन्धी, इस वायु से पूर्ण।

Hydro - हाइ’ - ड्रो - *pref.* for 'water' 'जल' अर्थ का उपसर्ग।

Hydrocele - हाइ'- ड्रो - सील् - *n.* a morbid collection of fluid in the testicle. अण्डकोष में पानी उतरने का रोग, अण्डवृद्धि।

Hydrochloric (acid.) - हाइड्रो - क्लोर् - इक् (ऑसिड्) -*n.* a mixture of chlorine and hydrogen. नमक का तेज़ाब, लवणाम्ल।

Hydroelectric - हाइ' - ड्रो - इ -लेंक्' -ट्रिक्'- *adj.* electricity generated by a strong current of water. जल की धारा से उत्पन्न बिजली, जल-विद्युत्।

Hydrogen - हाइ' - ड्रो - जन् -*n.* the lightest colourless gas. सबसे हलका वायुरूप तत्त्व, उदजन; **Hydrogenate** (- एंट्') - *v. t.* to combine with hydrogen. इस वायुरूप तत्त्व से मिश्रित करना।

Hydrography - हाइ - ड्राग्'- रे - फि - *n.* the scientific study of water. जल सर्वेक्षण।

Hydrolysis - हाइ - ड्रॉल - इस - इस् - *n.* decomposition by water. जल-अपघटन।

Hydromel - हाइ' - ड्रॉ - मेंल् -*n* a mixture of honey and water. जल और मधु का घोल।

Hydrometer - हाइ - ड्रोम्'- इट् - अर् - *n.* an instrument for measuring the density of liquids. तरल पदार्थों का घनत्व (भारीपन या हलकापन) नापने का यन्त्र।

Hydropathic -see **Hydropathy.**

Hydropathy - हाइ - ड्रॉप्' - ए - थि - *n.* a treatment of diseases with cold water. जल-चिकित्सा, ठण्डे जल से रोग हटाने की विधि; **Hydropathic** (- इक्) - *adj.* pertaining to hydropathy. जल-चिकित्सा-सम्बन्धी।

Hydrophobia - हाइ - ड्रो - फ़ो' - बि - आ -*n.* aversion to water, rabies, canine madness. जलत्रास, जलातङ्क, वह रोग जिसमें जल से डर लगता है, पागल कुत्ते के काटने पर होनेवाला रोग।

Hydrophone - हाइ' - ड्रो - फ़ोन् - *n.* an instrument used for the detection of sound by water. जल द्वारा शब्द का अनुसन्धान करने का यन्त्र।

Hydroplane - हाइ' - ड्रो - प्लेन् -*n.* a kind of aeroplane which makes its start on water. एक प्रकार का हवाई जहाज़ जो जल पर दौड़कर हवा में उड़ता है।

Hydrostatic - हाइ' - ड्रॅ - स्टॉ - टि - क् -*adj.* pertaining to the equilibrium of liquids. तरल पदार्थों की समतलता-संबन्धी।

Hydrostatics - हाइ' - ड्रो - स्टॉ - टिक्स् -*n.* (*pl.*) the science of the pressure and equilibrium of liquids at rest. स्थिर तरल पदार्थों के दबाव तथा समतलता या संतुलन का विज्ञान, द्रवस्थैतिकी।

Hydrotic - हाइ' - ड्रॉ - टि - क् - *adj.* producing phlegm. कफ उत्पन्न करनेवाला।

Hydrous - हाइ' - ड्रस् -*adj.* containing water. जलपूर्ण।

Hydrus - हाइ' - ड्रस् -*n.* a water-snake. जलसर्प।

Hyemal - हाइ' - इ - मल् -*adj.* pertaining to winter. शीत-ऋतु सम्बन्धी।

Hyeno (Hyaena) - हाइ' - ईना -*n* a carnivorous quadruped. तरक्ष, लकड़बघा।


Hyeno.

Hyeto - हाइ' - एँ - टो -*pref.* in sense of 'rain.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'वर्षा' है।

Hyetography - हाइ - इट् - ऑग्' - रॉ - फि - *n.* the science of rainfall in different regions. भिन्न प्रदेशों की वर्षा का परिमाण जानने की विद्या।

Hygeia - हाइ - जी' - आ -*n.* the goddess of health. स्वास्थ्य की देवी; **Hygeian** (-अन्) -*adj.* relating to health. आरोग्य या स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Hygiene - हाइ' - जीन् -*n.* the science of health, principles of health. आरोग्य शास्त्र, स्वास्थ्य-विद्या, स्वास्थ्य के सिद्धान्त।

Hygienic - हाइ' - जीन् - इक्, **Hygienical** (- इक् - अल्) - *adjs.* pertaining to hygiene. आरोग्य-विद्या-सम्बन्धी; **Hygienically** (- अलि) - *adv.* in a hygienic manner. आरोग्य शास्त्र की दृष्टि से।

Hygrometer - हाइ - ग्राम्' - इट् - अर् - *n.* an instrument for measuring moisture in air. वायु में जल की मात्रा नापने का यन्त्र।

Hymen - हाइ'- मेंन् - *n.* the god of marriage, विवाह के देवता; **Hymeneal** (- इ - अल्) - *adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह-संबंधी।

Hymn - हिम् - *n.* a song of praise to God. स्तोत्र (स्तुतिगीत), भजन; - *v. t.* to praise in song. ईश्वर का भजन करना; **Hymnal** (- नल्) -*adj.* pertaining to hymns. स्तोत्र-सम्बन्धी; **Hymnist** (- निस्ट्) -*n.* a composer of hymns. भजन बनानेवाला; **Hymnodist** (- न - डिस्ट्) - *n.* a writer of hymns. स्तोत्र-लेखक; **Hymnody** (- नडि) - *n.* a singing of hymns. स्तोत्र-गायन; **Hymnographer** (- ग्रॅाफ् - अर्) - *n.* a composer of hymns. भजनों का रचयिता; **Hymnology** (- नॉल् - ओ - जि) - *n.* the study of hymns. स्तोत्र का अध्ययन।

Hyp - हिप् - same as **Hip.**

Hypaethral - हि - पे' - थ्रल् - *adj.* roofless, without a roof, open. बिना छत का, आकाश की ओर खुला हुआ।

Hypallage - हि - पॉल्' - आ - जि - *n.* reverting the natural relations in a proposition, a rhetoric figure. किसी कथन में प्राकृतिक सम्बन्ध को बिना अर्थ बदले हुए उलट देना, वाक्यालङ्कार विशेष।

Hyper - हाइ' - पर् - *pref.* in sense of "over, above, in excess." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

Hyperaemia - हाइ' - परें - ए - मि - आ - *n.* accumulation of blood in blood vessels. अतिरिक्तता।

Hyperbola - हाइ - पर्' - बोल - ऑ - *n.* one of the conic sections. एक विशिष्ट प्रकार का चाप (रेखागणित में), अतिपरवलय; **Hyperbolic** (- इक्) - *adj.* per-

taining to a hyperbola. अतिपरवलीय।

Hyperbole - हाइ - पर्' - बोल् - *n.* an exaggerated statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति।

Hyperbolic - हाइ - पर्' - बोल - इक्, **Hyperbolical** (- इ - कल्) - *adjs.* of the nature of a hyperbole. अतिशयोक्ति से पूर्ण; **Hyperbolically** (- इ - कलि) - *adv.* with exaggeration. अत्युक्ति से।

Hyperbolize - हाइ - पर्' - बोल - आइज् - *v. t.* to speak with exaggeration. अत्युक्ति या अतिशयोक्ति-पूर्वक वर्णन करना।

Hyperborean - हाइ' - पर् - बो - रि - अन् - *n. & adj.* an inhabitant of the extreme north of the earth. पृथ्वी के उत्तरी छोर पर रहनेवाला मनुष्य।

Hypercritic - हाइ' - पर् - क्रिट्' - इक् - *n.* an overcritical person. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी मनुष्य; **Hypercritical** (- अल्) - *adj.* overcritical. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी; **Hypercritically** (- अ - लि) -*adv.* in a hypercritical manner. सूक्ष्म छिद्रान्वेषण द्वारा; **Hypercriticism** (- इस् - इज़्म) - *n.* excessive criticism. अति छिद्रान्वेषण (नुक्ताचीनी); **Hypercriticize** (- साइज़्) - *v. t.* to overcriticize. अत्यधिक छिद्रान्वेषण करना।

Hypermetropia - हाइ' - पर् - मि - ट्रोप्' - इया - *n.* longsightedness. दूर दृष्टि (केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट देख पड़ना, समीप का अस्पष्ट देख पड़ना); **Hypermetropic** (- ट्रॅप् - इक्) - *adj.* very longsighted. दूरदृष्टिवाला।

Hypertrophy - हाइ - पर्' - ट्रॉ - फ़ि -*n.* the excessive enlargement of an organ. किसी अंग की अधिक वृद्धि (बढ़ जाना), अति वृद्धि।

Hyphen - हाइ' - फेन् - *n.* the sign (-) used for joining words or syllables. चिह्न (-) जो शब्दों या शब्द्खण्डों के बीच में प्रयुक्त होता है।

Hypnosis - हिप् - नो' - सिस् -*n.* an artificial sleep. कृत्रिम निद्रा।

Hypnotic - हिप् - नॉट्' - इक् - *adj.* pertaining to hypnotism, one under the influence of hypnotism. कृत्रिम निद्रा-सम्बन्धी, मोहावस्था; **Hypnotism** (- इज़्म) - *n.* an artificially induced sleep. मोहनिद्रा; **Hypnotist** (- इस्ट्) - *n.* one who induces artificial sleep. निद्रा-प्रेरक; **Hypnotize** (- आइज़्) - *v. t.* to induce artificial sleep. कृत्रिम निद्रा बुलाना।

Hypochondria - हॉइ - पो - कॉन्' - ड्रि - आ - *n.* a kind of nervous malady. पित्तोन्माद; **Hypochondriac** (- अक्), **Hypochondriacal** (- क्ल्) - *adj.* pertaining to hypochondria. पित्तोन्मादी।

Hypocrisy - हिप' - ऑक् - रॉ - सि - *n.* (*pl.* **Hypocrisies.**) a false pretension, concealment of true character. छल, पाखण्ड, मिथ्या-चरित्र, दम्भ।

Hypocrite - हिप - ओ - क्रिट् - *n.* a pretender. छली, कपटी, पाखण्डी; **Hypocritical** (- इ - कल्) - *adj.* concealing one's real motive. दम्भी, छली; **Hypocritically** (- इक - लि) - *adv.* in a hypocritical manner. छल से, कपट से, पाखण्ड रूप में।

Hypodermic - हाइ' - पॅ - डर्म - इक् -*adj.* subcutaneous, introduced beneath the skin. अन्तर्त्वचा का, त्वचा की भीतरी तह में डाला हुआ या प्रवेश किया हुआ।

Hypostrophe - हाइ - पॉस्' - ट्रो - फि - *n.* a relapse of illness. रोग का दुबारा होना (पुनराक्रमण)।

Hypotenuse - हाइ - पॉट् - एन् - यूस् - *n.* the side opposite to the right angle of a triangle. त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा, कर्ण।

Hypothecate - हाई - पॉथ्' - इक् - एट् - *v. t.* to pledge, to mortgage. बन्धक रखना, रेहन करना।

Hypothecation - हाइ - पॉथ्' - इक - ए' - शन् - *n.* the act of pledging. रेहन की क्रिया।

Hypothecator - हाइ - पॉथ् - इक् - एट् - अर् - *n.* one who pledges. रेहन रखनेवाला मनुष्य।

Hypothesis - हाइ (-हि) - पॉ - थिसिस् -*n.* (*pl.* **Hypotheses-** (एं - सिज्) a supposition, that which is used as a basis of reasoning, assumption. अनुमान, प्रतिज्ञा, कल्पना।

Hypothetic - हाइ' - पॉथ् - एट्' - इक्, **Hypothetical** (- अल्) -*adjs.* (founded on hypothesis. कल्पित, माना हुआ; **Hypothetically** (- अ - लि) - *adv.* by way of hypothesis. कल्पित रूप से, कल्पना द्वारा।

Hypothesize - हाइ - पॉ' - थि - साइज़् -*v. i.* to form assumptions. कल्पना करना।

Hysteria - हिस - टिअर' - इ - आ - *n.* a nervous disorder characterized by anaesthesia, a convulsion &c. वातोन्माद, मूर्च्छा, बदहोशी।

Hysteric - हिस - टे' - रिक्, **Hysterical** (- इक् - अल्) - *adjs.* pertaining to hysteria. मूर्च्छा-सम्बन्धी; **Hysterically** (- इक - लि) - *adv.* in a hysterical manner. मूर्च्छा के रूप में या ढंग से।

***

I - आइ -the ninth letter of the English alphabet, it is sounded as short or long *'i'* or like the sound of the letter itself. In Roman numerals I represents 'one'; in Chemistry I represents iodine. अंग्रेज़ी वर्णमाला का नवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'इ' 'ई' तथा 'आइ' होता है; रोम की संख्या-माला में यह 'एक' का सूचक होता है; रसायनशास्त्र में यह 'आयडिन' के लिये प्रयुक्त होता है; *-adv.* ay, yea, yes, indeed. हाँ, अवश्य, यथार्थ में, सचमुच; *-prep.* a form of 'in'. 'में' 'अन्दर' के अर्थ में प्रयुक्त; - आइ *-pron.* first person *sing.* मैं।

Iambic - आइ - ऑम्' - बिक् - *adj.* pertaining to iambus, a metrical foot in a verse. पद्य में एक लघु तथा एक गुरु अक्षरवाले पद से संबन्धित।

Ibex - आइ' - बेंक्स् - *n.* the wild goat of Alps. आल्पस् पर्वत का जंगली बकरा।


Ibex.

Ibid - इब्' - इड् - *adv. abbr.* **of ibidem** आइ - बिड् - एँम् - in the same place. उसी स्थान पर, उसी स्थान में।

Ibis - आइ' - बिस् *-n.* a bird like stork. सारस के प्रकार का एक पक्षी।

Ice - आइस् - *n.* frozen water. जमा हुआ पानी, बरफ़; *-v. t.* to cover with ice, to chill. बरफ़ से ढाँकना, ठण्ढा करना; **Ice-berg** (a mass of floating ice.) बहता हुआ हिमखंड; **Ice-cream** (flavoured congealed cream.) मलाई बरफ़; **Iceman** (a walker on ice, a dealer in ice, an attendant of skaters.) बरफ़ पर चलनेवाला मनुष्य, बरफ़ का व्यापारी, स्केटिङ्ग करनेवालों का नौकर; **To break the ice** (to make the first attempt.) नया काम आरम्भ करना।

Ichneumon - इक् - न्यू' - मन् *-n.* a small quadruped allied to mongoose. एक प्रकार का नेवला।

Ichor - आइ' - कॉर् *-n.* a watery humour. मवाद, रस; **Ichorous** (-अस्) *-adj.* thin, serous. पतला, द्रवयुक्त।

Ichthyoid - इक्' - थि - आयड् - *adj.* having the form of a fish. मछली के आकार का।

Ichyology - इक्' - थि - आल' - ओज - इ - *n.* the study of fishes. मत्स्य विज्ञान।

Icicle - इस्' - इकुल् - *n.* a tapering mass of ice. बरफ़ की लटकती हुई नुकीली चट्टान।

Icon - आइ' - कॉन् *-n.* an image, a statue. मूर्ति, प्रतिमा।

Iconic - आइ - कॉन्' - इक् *-adj.* pertaining to an image. मूर्ति-सम्बन्धी।

Iconoclast - आइ - कॉनो' - ओ - क्लास्ट् - *n.* a breaker of images. मूर्ति तोड़नेवाला।

Icosahedron - आइ' - कॉस - ही - ड्रन् *-n.* a solid of twenty faces. बीस पहल की ठोस आकृति।

Icy - आइस्' - इ *-adj.* abounding or covered with ice, very cold. बरफ़ से पूर्ण या ढँका हुआ, बहुत ठण्डा।

Ide - आइड् *-n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Idea - आइ - डी' - आ *-n.* a conception, plan, a notion, fancy, a vague thought, impression, opinion. आश्रय, अभिप्राय, भावना, कल्पना, प्रभाव, विचार।

Ideal - आइ - डी' - अल् *-adj.* mental, visionary, phenomenal. मानसिक, मनःकल्पित, भावनात्मक; *-n.* a perfect type. आदर्श, ध्येय; **Idealism** (- इज़्म्) - *n.* theory of ideals denying the existence of matter. माया या कल्पनावाद।

Idealist - आइ - डी' - एल् - इस्ट् - *n.* one who acts on the basis of an ideal. आदर्शवादी।

Idealistic - आइ - डी - ऑल् - इस्ट्' - इक् - *adj.* pertaining to idealists or to idealism. मायावाद सम्बन्धी।

Ideality - आइ - डी - ऑल् - इ - टि - *n.* an ideal state or quality. आदर्श चरित्र की स्थिति या उसका गुण।

Idealize - आइ - डी - अल्' - आइज़् - *v. t.* to give ideal character to. आदर्श बनना।

Ideally - आइ - डी' - ऑल् - लि - *adv.* in an ideal manner. आदर्श रूप में या ढंग से।

Ideate - आइ - डी' - एट् - *v. t.* to form a conception or idea. कल्पना करना।

Ideation - आइ - डी - एँ' - शन् - *n.* the power of forming ideas. कल्पना-शक्ति, विचार-शक्ति।

Idem - आइ' - डेंम् (*abbr.* **id.**) in the same. उसी में।

Identical - आइ - डेन्ट्' - इक् - अल् - *adj.* the very same, not different. अभिन्न, अनुरूप, समान (तत्सम); **Identically** (-लि) - *adv.* in the same manner. समान रूप में; **Identicalness** (- नेंस्) *-n.* the state of being identical. समानता, अनुरूपता, एकरूपता।

Identifiable - आइ - डेन्ट्' - इ - फॉइ' - एबल् - *adj.* that may be identified. पहिचानने योग्य।

Identification - आइ - डेन्ट्' - इ - फी - के' - शन् - *n.* the act of making identical. समीकरण, एकरूपता, अभिनिर्धारण, पहचान।

Identify - आइ - डेन्ट्' - इ - फाइ - *v. t.* (*p. t.* **Identified.**) to treat a thing as identical with, to prove to the same, to recognize. समीकरण करना, तुल्य सिद्ध करना, पहिचानना।

Identity - आइ - डेंन्ट्' - इ - टि - (*pl.* **Identities.**) sameness, individuality, equality. ऐक्य, एकरूपता, समानता; **Identity of thoughts** (sameness of thoughts.) एकचित्तता।

Ideograph - इड्' - इ (-आइडि) - ओ - ग्राफ़् *-n.* a symbol for an idea. किसी आशय या कल्पना के लिये विशिष्ट संकेत।

Idiocy - इड्' - इ - ओ - सि - *n.* perfect imbecility, madness. पूर्ण अज्ञानता, पागलपन।

Idiom - इड्' - इ - अम् - *n.* a specific form of expression of a language. भाषागत विशेषत्व, मुहावरा।

Idiomatic - इड्' - इ - ओ - मॉट्' - इक् - *adj.* of a peculiar mode of expression in a language. भाषागत विशेषोक्ति का, मुहावरेदार; **Idiomatically**

(- अ - लि) - *adv.* in an idiomatic manner. वाग्विशेषोक्तिक के रूप में।

Idiosyncrasy - इडि - ओ - सिङ्क्र - रॉस् - इ - *n.* (*pl.* **Idiosyncrasies.**) peculiarity of mental constitution. मानसिक गठन या प्रवृत्ति की विशेषावस्था।

Idiosyncratic - इड्' - इ - ओ - सिङ् - क्रॉट्' - इक् -*adj.* of temper peculiar to an individual. विशेष जाति, स्वभाव या प्रकृति का।

Idiot - इड्' - इ - ऑट् - *n.* one who is deficient or weak in intellect, a perfect fool. पूर्ण मूर्ख व्यक्ति, निर्बुद्धि (पागल)।

Idiotic - इड्' - इ - ऑट् - इक् - *adj.* foolish. मूर्ख; **Idiotically** (- इक - लि) - *adv.* in an idiotic manner. मूर्खता या पागलपन से।

Idle - आइ' - ड्ल् - *adj.* lazy, indolent, useless, worthless, trifling. आलसी, निरुद्योगी, निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा, तुच्छ; -*v. i. & t.* to spend time in inaction. आलस्य में समय गँवाना; **Idle talk** (useless gossip.) व्यर्थ की बकवाद।

Idleness - आइ - ड्ल्'- नेस् - *n.* absence of work, inaction. आलस्य, बेकारी, कार्य-हीनता।

Idler - आइड्' - लर् - *n.* one who spends his time in idleness. निर्व्यापार, बेकार समय बितानेवाला।

Idly - आइड्' - लि -*adv.* in an idle manner. आलस्य से।

Idol - आइ' - ड्ल् -*n.* an image of a deity used for worship, the object of devotion or worship. प्रतिमा (मूर्ति), आराध्य वस्तु।

Idolater - आइ - डॉल् - ऑट् - अर् - *n.* a worshipper of idols. मूर्तिपूजक।

Idolatress - आइ - डॉल्' - एट् - रेस् - *n. fem.* a female idolater. मूर्ति-पूजा करनेवाली, मूर्ति-पुजारिन।

Idolatrous - आइ - डॉल्'- एट् - रस् - *adj.* of the nature of idolatry. मूर्ति-पूजन के समान।

Idolatry - आइ - डॉल्' - ऑट् - रि - *n.* the worship of idols. मूर्ति-पूजा।

Idolize - आइ' - डाल् - इज़् - *v. t.* to make an idol of, to adore. मूर्ति बनाना, पूजा करना।

Idolum - आइ - डो' - लम् - *n.* (*pl.* **Idola** - ला) a mental image, an idea or conception. मानसिक अनुमान, कल्पना।

Idyl, Idyll - आइ' - डिल् -*ns.* a short description of rustic life in prose or verse. गद्य या पद्य में ग्रामीण जीवन का संक्षिप्त वर्णन।

If - इफ् -*conj.* on condition that, whether, supposing that. मानो; **If not** (otherwise.) नहीं तो; **If so** (in case that.) यदि ऐसा है तो।

Igloo - इग्' - लू -*n.* an Eskimo hut. टुण्ड्रा-वासी एस्किमो की झोपड़ी।

Igneous - इग्' - नि - अस् -*adj.* pertaining to or containing fire. अग्नि सम्बन्धी या अग्निमय।

Ignis Fatuus - इग्' - निस् - फॉट्' - यु - अस् - *n.* (*pl.* **Ignes fatui.**) will-o'-the wisp, a delusive hope, a light often seen over marshes which misleads travellers. मिथ्या प्रकाश, लूक, मायापूर्ण आशा, पिशाचदीपिका।

Ignitable - इग् - नाइट्' -ए- ब्ल् - *adj.* see **Ignite.**

Ignite - इग् - नाइट्' - *v. t. & i.* to make extremely hot, to set fire to, to take fire. बहुत गरम करना, आग लगाना, सुलगना; **Ignitable** (- एँ - ब्ल्) - *adj.* able to be ignited. सुलगाने योग्य।

Ignition - इग् - निश्' - अन् -*n.* the act of igniting. ज्वलन, सुलगाने का कार्य।

Ignoble - इग् - नो' - ब्ल् -*adj.* of low birth, base, worthless, dishonourable. अकुलीन, नीच, अधम, अप्रतिष्ठित; **Ignobleness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being ignoble, baseness. नीचता; **Ignobly** (-ब्लि) - *adv.* in an ignoble manner, नीचता से।

Ignominious - इग् - नो - मिन्' - इ - अस् -*adj.* despicable. निन्द्य, कलङ्की; **Ignominiously** (-लि) -*adv.* meanly. कलङ्कपूर्वक।

Ignominy - इग्' - नो - मिन् - इ -*n.* dishonour, public disgrace, infamy. अपमान, कलङ्क, तिरस्कार।

Ignoramus - इग् - नो - रें' - मस् -*n.* an ignorant person. मूर्ख पुरुष।

Ignorance - इग्' - नॅर - एन्स् - *n.* want of knowledge. अज्ञानता, अविद्या, मोह।

Ignorant - इग्' - नॅर - न्ट् - *adj.* without knowledge. अज्ञानी, निर्बुद्धि; **Ignorantly** (- लि) - *adv.* unskilfully. अज्ञान (अबोध) पूर्वक।

Ignore - इग् - नोर्' -*v. t.* to set aside, to reject, to discard. हटा रखना, प्रत्याख्यान करना, स्वीकार न करना, न मानना, तुच्छ जानना।

Iguana - इग् - वा' - ना -*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Iliac - इल्'- इ - अक् - *adj.* pertaining to the lower intestines. आँतों के नीचे के भाग से सम्बन्धित।

Iliad - इल्' - इ - अड् - *n.* an epic poem written by Homer. होमर कवि का इस नाम का महाकाव्य।

Ilium - इल्' - इ - अम् - *n.* hip bone. कूल्हे की हड्डी।

Ilk - इल्क् - *adj.* of the same. उसी का; - *n.* the same. वही, एक।

Ill - इल् - *adj.* (*comp.* **Worse,** *sup.* **Worst.**) diseased, sick, unsound, bad. अस्वस्थ, रोगी, कुत्सित, बुरा; - *n.* wickedness, misfortune, disease. दुष्टता, दुर्भाग्य, रोग; **Ill at ease** (perplexed.) घबड़ाया हुआ; **Ill-blood** (enmity.) शत्रुता; **Ill-bred** (uncivil.) अशिष्ट, असभ्य; **Ill-fame** - *n.* (disrepute.) अयश; **Ill-fated** (- फ़ेट्'- एँड) - *adj.* unfortunate. अभागा; **Ill-favoured**-*adj.* ugly. कुरूप; **Ill-got**-*adj.* not honestly gained. छल या बेईमानी से प्राप्त; **Ill-natured**-*adj.* peevish. बुरी प्रकृतिवाला; **Ill-off** (in bad condition.) बुरी अवस्था में; **Ill-starred** (unfortunate.) अभागा; **Ill-temper** (anger.) रोष, क्रोध; **Ill-turn** - *n.* unkind act. दयाहीन कार्य; **Ill-will** (enmity.) ईर्ष्या, डाह; **To do an ill** (to do mischief.) बुराई करना; **To speak**

ill (to defame.) बदनाम करना; **To take ill** (to be offended.) बुरा मानना।

Illation - इ - लें' - शन् - *n.* conclusion, deduction, inference. परिणाम, अनुमान।

Illative - इ - लेट्' - इव् - *adj.* that may be inferred. अनुमान करने योग्य।

Illaudable - इ - लॉड्'- एब्ल् - *adj.* blame-worthy. निन्द्य, गर्हणीय; **Illaudably** (- लि) - *adv.* in a blaming manner. निन्दा करते हुए।

Illegal - इ - ली' - गल् -*adj.* contrary to law. नियम (न्याय) विरुद्ध, अवैध, गैरकानूनी।

Illegality - इल् - इ - गॉल्'- इ - टि - *n.* unlawfulness. अन्याय, अव्यवस्था।

Illegally - इ - ली - गल् - इ - *adv.* unlawfully. अन्याय से, अवैध (गैरकानूनी) ढंग से।

Illegibility - इल् - लेजें' - इब्' - इल्' - इटि - *n.* see **Illegible.**

Illegible - इल् -लेज्'- इ - बल् -*adj.* indistinct, not legible, that cannot be read. अस्पष्ट, गिचपिच, न पढ़े जाने योग्य; **Illegibility** (- इट् - इ) - *n.* illegibleness. अस्पष्टता; **Illegibly** (- लि) - *adv.* in an illegible manner. अस्पष्टता से।

Illegitimacy - इल् - लें - जिट्' - इम् - आँस् - इ -*n.* the state of being a bastard. हरामीपन, दोगलापन।

Illegitimate - इल् -लें - जिट्' - इम् - एट् -*adj.* not genuine, unlawful, improper, bastard, abnormal, wrongly inferred. खोटा, अवैध, अनुचित, दोगला, विलक्षण, मिथ्या अनुमान का; -*v. t.* to render illegitimate. दोगला बनाना; **Illegitimately** (-लि) -*adv.* unauthorizingly. नीतिविरुद्धता से।

Illiberal - इल् - लिब्'- अर - अल् - *adj.* vulgar, narrowminded, stingy. फूहर, अनुदार, कंजूस, सूमड़ा; **Illiberality** (-अल् - इट् - इ) - *n.* narrowness of mind. कृपणता, अनुदारता; **Illiberally** (- लि) - *adv.* ungenerously. कंजूसी से, अनुदारता से।

Illicit - इल् - लिस्' - इट् - *adj.* unlawful, forbidden. नियम या व्यवहार विरुद्ध, अवैध; **Illicitly** (- लि) - *adv.* in an illicit manner, unlawfully. नियम-विरोध से, अवैध रूप में या ढंग से।

Illimitable - इल् - लिम्' - इट् - एबल् - *adj.* infinite, boundless. अनन्त, असीम; **Illimitableness** (- नेस) - *n.* boundlessness. अनन्तता; **Illimitability** (- बि - लिटि) - *n.* infiniteness. असीमता; **Illimitably** (- ऍब् - लि) - *adv.* in an infinite manner. असीमता से।

Illision - इ - लिज्' - अन् - *n.* a dashing against. टक्कर, धक्का।

Illiteracy - इ - लिट्' - अर् - ऑस् - इ - *n.* ignorance. निरक्षरता, मूढ़ता।

Illiterate - इल् - लिट् - अर् - एट् - *adj. & n.* not learned, one unable to read and write. अशिक्षित, अपढ़; **Illiterateness** (- नेस्) - *n.* want of learning. विद्याहीनता, निरक्षरता, अनपढ़ होने की अवस्था।

Lurch - लर्च् - *n.* a sudden leaning to one side, a forlorn state. जहाज़ की एक ओर को यकायक झुकाव, आपत्ति की दशा; **To leave in the lurch** (to leave in difficulty.) आपत्ति में छोड़ना।

Lurcher - लर्च' - अर् - *n.* a swindler, a kind of dog. चोर, एक प्रकार का कुत्ता।

Lure - ल्योर् - *n.* anything used as an enticement. प्रलोभन, ललचाने का पदार्थ; *-v. t.* to attract. लुभाना, फुसलाना।

Lurid- ल्योर' - इड् - *adj.* ghastly, gloomy, unnatural, terrible. घोररूप, अन्धकारमय, अप्राकृतिक, भयङ्कर; **Luridly** (- लि) *-adv.* in a lurid manner. भयङ्करता से; **Luridness** (- नेंस्)-*n.* fearfulness. भयङ्करता।

Lurk - लर्क् - *v. i.* to be hidden in, to escape notice, to lie in wait. छिपे रहना, दबकना, घात में रहना; *-n.* a swindle, a gross fraud. धोखा, दगा, कपट, छल; **To be on the lurk** (to be on the alert.) सँभले रहना, सावधान रहना।

Lurker - लर्क्' - अर् - *n.* one who hides himself. अपने को छिपानेवाला मनुष्य।

Lurking - लर्क' - इङ्ग् - *n. & adj.* hiding. छिपा रहना, छिपे हुए; **Lurking place** (a hiding place.) छिपने का स्थान।

Luscious - लश्' - अस् - *adj.* richly sweet, delicious. अति मधुर, स्वादिष्ट; **Lusciously** (- लि) - *adv.* in a luscious manner. मधुरता से, **Lusciousness** (- नेंस) *-n.* deliciousness. माधुर्य, मधुरता।

Lush - लश् - *adj.* luxuriant, juicy. रसीला, रस भरा हुआ; *-n.* liquor, drink. मदिरा, शराब; *-v. t.* to drink. शराब पीना; **Lushy** (- इ) *-adj.* intoxicated. मदिरा पिये हुए।

Lust - लस्ट् - *n.* desire for sexual indulgence, eager desire. स्त्री संभोग की इच्छा, तीव्र लालसा; *-v. t.* to have carnal desire. मैथुन की इच्छा करना।

Lustful - लस्ट्' - फुल् - *adj.* having lust. कामातुर; **Lustfully** (- फुल् - लि) *-adv.* in a lustful manner. कामुक की तरह; **Lustfulness** (- नेंस)*-n.* the state of being lustful. कामातुरता।

Lustihood - लस्ट्' - इ - हुड् - *n.* vigour of body. शरीर का बल, दृढ़ता।

Lustily - लस्ट्' - इ - लि - *adv.* in a lusty manner. बल से, लालसा से, कामुकता से।

Lustiness - लस्ट्' - इ - नेंस् - *n.* pleasure, delight, vigour, lustfulness. सुख, सन्तोष, आनन्द, शक्ति, कामुकता।

Lustral - लस्ट्' - रल् - *adj.* purifying. शुद्धिकर।

Lustrate - लस्' - ट्रेट्' - *v. t.* to purify by sacrifices &c. यज्ञ, होम इत्यादि से शुद्ध करना।

Lustration - लस् - ट्रे' - शन् - *n.* the act of purifying. होम आदि से शुद्धिकरण।

Lustre - लस्ट्' - अर् - *n.* gloss, brightness, brilliance, fame, radiant beauty, splendour. चमक, प्रकाश, प्रभा, यश, शोभा, कान्ति; **Lustreless** (-लेंस) -*adj.* devoid of lustre. प्रकाशहीन।

Lustrous - लस् - ट्रस् - *adj.* luminous, shining, bright. दीप्तिमान्, चमकीला, प्रभापूर्ण।

Lute - ल्यूट् - *n.* a musical instrument like guitar. सितार, वीणा; -*v. i.* to play on a lute, to sound like a lute. सितार बजाना, सितार के समान स्वर निकालना।


Lute.

Lutenist - लूट्' - ऑन् - इस्ट् - *n.* (also **Lutanist.**) one who plays on the lute. वीणा या सितार बजानेवाला मनुष्य।

Luteous - लूट्' - इ - अस् - *adj.* of deep orange colour. गहरे नारङ्गी रङ्ग का।

Lutestring - ल्यूट्' - स्ट्रिङ्ग् - *n.* a string of a lute, a kind of glossy silk. वीणा का तार, एक प्रकार का चमकीला रेशमी कपड़ा।

Lutose - लूट्' - ऑस् - *adj.* covered with mud. कीचड़ से ढका हुआ।

Luxate - लक्स' - एट् - *v. t.* to dislocate a joint, to displace. जोड़ या सन्धि हटाना, स्थान से हटाना।

Luxation - लक्स् - ए' - शन् - *n.* dislocation. सन्धि-च्युति, स्थान-च्युति।

Luxuriance - लक् - ज्यूर्' - इ - अन्स् - *n.* exuberance. समृद्धि, बहुतायत।

Luxuriant - लक् - ज़ू' - रि - अन्ट् - *adj.* profuse, abundant, exuberant. अत्यन्त, प्रचुर, अति समृद्ध।

Luxuriate - लक् - ज्यूर्' - इ - एट् - *v. i.* to feed or live luxuriously. आनन्द मचाना, चैन करना।

Luxurious - लक् - ज्यूर'- इ - अस् - *adj.* indulging in luxury. सुखभोगी, विलासी; **Luxuriously** (-लि) - *adv.* in a luxurious manner. अति सुख से, विलासपूर्वक; **Luxuriousness** (- नेंस्) - *n.* the state or quality of being luxurious. विलासिता।

Luxurist - लक्' - सर - इस्ट् - *n.* one given to luxury. विलासी मनुष्य।

Luxury - लक्'- सर - इ - *n.* (*pl.* **Luxuries**) habitual use of rich food, dress &c., delicacy. विशिष्ट भोजन, वस्त्र इ0 का प्रयोग, विलास, विषय-सुख।

Lycanthropy - लाइ - कॉन्' - थ्राप् - इ - *n.* madness in which the patient thinks himself to be a wolf. पागलपन जिसमें रोगी अपने को भेड़िया समझता है।

Lychnis - लिक्' - निस् - *n.* a genus of plants. एक प्रकार के पौधे।

Lycopod, Lycopodium - लाइ' - को - पॉड्, (- पो - डि - अम्) -*ns.* a kind of clubmoss. एक प्रकार का सेवार।

Lydian - लिड् - इ - अन् - *adj.* soft, effiminate. मृदुल, कोमल, ज़नाने ढंग का।

Lye - लाइ - *n.* a mixture of vegetable ashes and water. क्षारपूर्ण जल, सज्जीखार का घोल।

Lying - लाइङ्ग् - *n.* telling lies, *present participle* of "lie." झूठ बोलना, पड़े हुए; **Lyingly** (- लि) -*adv.* falsely, without truth. झूठ बोलते हुए।

Lyke-wake - लाइक्' - वेक् - *n.* watching a dead body at night. शव को रात्रि में अगोरना।

Lymph - लिम्फ़ - *n.* a colourless fluid in the tissues of animal body. लसीका, शरीर में का पंछा।

Lymphatic - लिम्फ् - ऑट् - इक् - *adj.* pertaining to lymph. शरीर के पंछे से सम्बन्धित; **Lymphatic system** (the system by which lymph is circulated throughout the body.) लसीका तंत्र।

Lyncean - लिन् - सि - अन् - *adj.* keen-sighted. तीव्र दृष्टिवाला।

Lynch - लिन्च - *v. t.* to inflict punishment illegally. अन्याय युक्त दंड देना; -*n.* mob rule. मनमाना राज्य।

Lynx - लिङ्क्स् - *n.* a wild quadruped of the cat family. बिल्ली के कुल का एक जङ्गली पशु।

Lyrate - लायर्' - एट् - *adj.* of the from of a lyre. वीणा के आकार का।

Lyre - लायर् - *n.* a stringed musical instrument. वीणा, बीन।

Lyric - लि' - रिक् - *adj.* of the lyre, meant to be sung. वीणा का, गायन-सम्बन्धी; **Lyrically** (- अ - लि) -*adv.* in a lyric manner. गाने के रूप में; **Lyricism** (- रि - सिज़्म्)-*n.* a lyric composition. गायनरूप की कविता।

***

M - ऍम् - the thirteenth letter of the English alphabet, in Roman notation used for 1000. अंग्रेज़ी भाषा का तेरहवाँ अक्षर, रोमन अंड्कमाला में 1000 के लिए प्रयुक्त अङ्क।

Ma - मा - *n.* childish contraction for **'Mamma'** 'Mamma' का छोटा रूप, मा, अम्मा।

Ma'am - मॉम् (मम्) - *n.* a contracted form of **'Madam.'** मॉडम् का छोटा रूप, महोदया।

Mab - मॉब् - *n.* the queen of the fairies. परियों की रानी।

Mac - मॉक् - *pref.* used in names meaning 'son of.' नामों में "पुत्र" अर्थ का उपसर्ग।

Macabre - मॉ - कॉ' - बर् - *adj.* horrible. भयंकर।

Macadamize - मॉ - कॉड्' - आम् - इज् - *v. t.* to cover a road with small pieces of broken granite. पत्थर के टुकड़ों को पीटकर सड़क बनाना; **Macadamization** (- ए' - शन्) -*n.* preparing road by this method. गिट्टी से सड़क बनाने का कार्य।

Macaque - मॉ - कॉक्' - *n.* an African ape. अफ्रीका का लंगूर।

Macaroni - मॉक्-अर्-ओ'-नि - *n.* (*pl.* **Macaronies**) a wheaten paste in long tubes dried for food. खाने के लिए मैदे की लेई की सुखाई गई बत्ती, सेवई।

Macaronic - मॉक्-अर्-ओ'-निक् - *n. pl.* a mixture of languages. अनेक भाषाओं का मिश्रण।

Macaroon - मॉक्-अर्-ऊन' - *n.* a sweet cake of almond, egg and sugar. बादाम, अण्डा तथा चीनी की एक प्रकार की मिठाई।

Macassar-oil - मॉ-कॉस्'-अर्- आयल् - *n.* a kind of scented hair-oil from Macassar town in Celebes Island. सिलिबीज द्वीप के मकासर नगर का एक प्रसिद्ध सुगन्धित तैल।

Macaw - मॉ-कॉ' - *n.* a kind of parrot, a kind of palm. एक प्रकार का तोता, एक प्रकार का नारियल।

Mace - मेस् - *n.* a heavy club, the outer covering nutmeg. भारी गदा, जावित्री; **Macebearer** (one who carries a mace.) गदाधारी।

Macerate - मॉस'-अर्-एट् - *v. t. & i.* to soften by steeping in water, to be reduced by fasting. भिगोकर मुलायम करना, व्रत करके दुर्बल होना; **Maceration** (- ए' - शन्)-*n.* act of softening by steeping in water. जल में भिगोकर मुलायम करने का कार्य।

Machiavel - मॉक्'-इ-वेल् - *n.* a cunning statesman. धूर्त राजनीतिज्ञ; **Machiavellism** (- इज़्म्) -*n.* cunning statesmanship. कूटनीति।

Machinal - मॉ-शेन्'-अल् - *adj.* pertaining to machines. यन्त्र सम्बन्धी।

Machinate -मॉक्'-इन्-एट् - *v. t.* to form an intrigue, to lay plots. कपट प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना।

Machination - मॉक्-इन्-ऐ'-शन् - *n.* the act of scheming. कूट प्रबन्ध; **Machinator** (- ए - टर्) - *n.* one who plans a scheme. कपट-प्रबन्ध रचनेवाला, षड्यन्त्र करनेवाला मनुष्य।

Machine - मॉ - शीन्' - *n.* an apparatus for applying mechanical energy, one who acts without intelligence. यन्त्र, साधन, बिना बुद्धि के काम करनेवाला; -*v. t.* to work with a machine. यन्त्र द्वारा काम करना; **Machine-gun** (gun which keeps up continuous firing.) लगातार गोला छोड़नेवाली बन्दूक; **Simple machine** (a machine composed of a few simple parts.) यन्त्र जिसमें कम भाग या पुरजे हों।

Machiner - मॉ-शेन्'-अर् - *n.* a horse that drives a machine, one who works a machine. यन्त्र (मशीन) को चलानेवाला घोड़ा, यन्त्र को चलानेवाला मनुष्य।

Machinery - मॉ - शेन्'- अर् - इ - *n.* (*pl.* **Machineries**) the work of a machine, machines in general. यन्त्र का कार्य, यन्त्रों का समूह।

Machinist - मॉ-शेन्'-इस्ट् - *n.* one who prepares or operates a machine. यन्त्र बनाने या चलाने वाला व्यक्ति।

Mackerel - मॉक्'-अर-अल् - *n.* a kind of seafish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Mackintosh - मॉक्'-इन्-टोश - *n.* a waterproof cloth. बरसाती कपड़ा।

Macle - मॉकल् - *n.* a twin crystal. जुड़वाँ बिल्लौर का टुकड़ा।

Macrame - मॉ-क्रा'-मि - *n.* a fringe of knotted thread. गाँठ दी हुई झालर।

Macrocosm - मॉक्' - रो' - कॉज़्म' - *n.* the entire universe. सम्पूर्ण संसार, त्रिभुवन।

Macrology - मॉ - क्राल्' - ओ - जि - *n.* verbosity. वाचालता, बड़बड़ाहट।

Macron - मेंक् - रॉन् - *n.* a mark over a vowel to show that it is long. अंग्रेजी स्वर पर दीर्घ का चिह्न यथाः -á, ê, î, ô, û.

Macrurous - मॉ-क्रूर'-अस् - *adj.* having a long tail. लम्बी पूँछवाला।

Macula - मॉक्' - यू - ला - (*pl.* **Maculae**) *n.* the dark spot in the Sun, permanent mark on skin. सूर्य का कलङ्क, धब्बा, लाञ्छन; **Macular** (-लर्) -*adj.* spotted. कलङ्क-युक्त, धब्बेदार।

Maculate - मॉक्' - यू - लेट् - *v. i.* to spot, to stain. धब्बा लगाना, कलंङ्कित करना; -*adj.* spotted, stained. धब्बेदार।

Maculation - मॉक्'-यू-ले'-शन् - *n.* spotting. लाञ्छन।

Mad - मॉड् - *adj.* (*comp.* **Maddar**, *sup.* **Maddest**) insane, crazed, wildly excited, disordered in intellect. उन्मत्त, भ्रान्तचित, पागल, विकृत बुद्धिवाला; -v. t. & i. to make or become mad. पागल करना या होना; **To go mad** (to turn insane) उन्मत्त होना।

Madam - मॉड्'-अम् - *n.* a polite form of address for a mistress or lady. महाशया, साहिबा, बीबी।

Madcap - मॉड्' - कॅप् - *n.* an eccentric person. झक्की मनुष्य।

Madden - मॉड्' - एन् - *v. t. & i.* to make or become mad. उन्मत्त करना या पागल होना; **Maddening** (- इङ्ग)-*adj.* causing madness, raging. पागलपन लानेवाला, भयङ्कर।

Madder - मॉड्' - अर् - *n.* a climbing plant. कालमेशी, मजीठ, छबीला।

Made - मेंड् - *p. t. & p. p.* of **Make.**

Mademoiselle - मॉ'-डेम्-वाज़्-एल् - *n.* an unmarried woman. कुमारी कन्या।

Madhouse - मॉड्' - हाउस् - *n.* a lunatic asylum. पागलखाना।

Madia - मॉ' - डि - आ - *n.* a plant similar to sun flower. सूरजमुखी के प्रकार का पौधा।

Madly - मॉड्' - लि - *adv.* in a mad way. उन्मत्तता से, पागलपन से।

Madness - मॉड्' - नेंस् - *n.* the quality of being mad. पागलपन।

Madrigal - मॉड्'-रिग्-अल् - *n.* a pastoral song. देहाती गीत (कजली, आल्हा); **Madrigalian** (- अन्) *adj* pertaining to a pastoral song. ग्रामीण (देहाती) गायन-सम्बन्धी।

Maffick - मॉफ्' - इक् - *v. i.* to exult or rejoice in a riotous manner. उन्मत्त की तरह आनन्द मचाना।

Mag - मॉग् - *n.* a half penny. अधेला।

Magazine - मॉग्'-आ-ज़ेन् - *n.* a place for storing arms, ammunition, provisions &c. a periodical publication. बारूदघर, सामान इत्यादि का गोदाम, नाना विषय की पुस्तक या पत्रिका; **Magazine-gun** (a rifle which contains a supply of cartridges.) बन्दूक जिसमें अनेक-कारतूस भरे होते हैं और पारी-पारी छूटते जाते हैं।

Mage - मेज् - *n.* a magician, a learned man. जादूगर, पण्डित।

Maggot - मॉग्'-आट् - *n.* larva of a worm, whimsical fancy, whim. कृमि (कीड़ा), मौज (झक)।

Maggoty - मॉग्' - ऑट्-इ - *adj.* full of maggots (कीटपूर्ण) कीड़ों से भरा हुआ।

Magi - मॉ'-जि - *n. pl.* of **Magus.** a magician or a wise man of the East. प्राच्य (पूर्व) देशों का जादूगर या विद्वान्।

Magic - मॉज्'-इक् - *n.* witchcraft, sorcery, enchantment. मन्त्र, इन्द्रजाल, जादूगरी; **Magic lantern** (see under **Lantern.**)

Magic square - मॉज्'-इक् - स्क्वेंअर् - *n.* a big square divded into smaller ones, each square contains a number and they are so placed that the sums of them vertically, horizontally and diagonally are the same. अङ्कयंत्र।

8	1	6
3	5	7
4	9	2

Magic square.

Magical - मॉज्'-इक्-अल् - *adj.* pertaining to magic. ऐन्द्रजालिक, जादू का; **Magically** (- लि)-*adv.* in a magical way. जादूगरी से।

Magician - मॉ'-जिश्'-अन् - *n.* a wizard, one skilled in magic. जादूगर।

Maginot line - मॉ - जी' - नो - लाइन - *n.* a strong fortification on the eastern border of France against germany. फ्रान्स की पूर्वी सीमा पर जर्मनी के आक्रमण से बचने के लिये पुष्ट किलेबन्दी।

Magisterial - मॉज्'- इस्- टिअर्'-इ-अल् -*adj.* pertaining to a magistrate. मैजिस्ट्रेट-सम्बन्धी, शासन का; **Magisterially** (- लि)-*adv.* in a magisterial manner. शासन के रूप से या में।

Magistracy - मॉज्'-इस्-ट्रा-सि - *n.* the office or dignity of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद।

Magistrate - मॉज्'-इस्-ट्रेट् - *n.* a civil officer of the government invested with executive power. जनपदाधीश, न्यायाध्यक्ष, मैजिस्ट्रेट; **Magistrateship** (- शिप्) -*n.* the office of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद।

Magna Charta - मॉग्'-ना-कार'-टा - *n.* the Great English Charter of 1215. सन् १२१५ का इङ्गलैण्ड देश का प्रसिद्ध राजकीय आज्ञापत्र।

Magnanimity - मॉग्'-नॉन-इम्'-इ-टि - *n.* greatness of mind, nobility. उदारता, महानुभावता।


Magnanimous - मॉग्-नॉन्'-इम्-अस् - *adj.* having greatness of mind, highsouled, high minded. महानुभाव, उदारचरित; **Magnanimously** (- लि) -*adv.* in a magnanimous manner. दानशीलता या महिमा से।

Magnate - मॉग्' - नेट् - *n.* a wealthy or eminent personage. उच्चपदाधिकारी मनुष्य, रईस।

Magnesia - मॉग् - नी' - शि - आ - *n.* a white alkaline earth used in medicines. एक प्रकार की दवा में पड़नेवाली क्षार-युक्त सफेद मिट्टी।

Magnesium - मॉग् - नी'-ज़ि - अम् - *n.* a metallic element. एक विशेष धातु जो जलाने से तीव्र प्रकाश देती है।

Magnet - मॉग् - नेंट् - *n.* a piece of iron which has the property of attracting small bits of iron. लोहकान्तमणि, चुम्बक।


Magnet.

Magnetic - मॉग्-नेट्'-इक् - *adj.* having the properties of a magnet produced by magnetism. आकर्षक, खींचने की शक्तिवाला; -*n. pl.* science of magnetism. आकर्षणविद्या; **Magnetic mine** (a mine that remains floating under the surface of the sea and when the iron bottom of a warship attracts it towards her, it explodes and makes a big hole in the keel of a ship.) समुद्री चुम्बकीय सुरंग जो किसी जहाज के समीप पहुँचने पर उसकी ओर खिच जाती है और अपने विस्फोट द्वारा जहाज की पेंदी में बड़ा सा छेद कर देती है; **Magnetic needle** (the light bar in mariner's compass which, being magnetised, points always to the north.) कुतुबनुमा की चुम्बकीय सूई जो

उत्तर की दिशा दिखाती है; **Magnetically** (- अलि) - *adv.* by magnetism. चुम्बकीय आकर्षण द्वारा।

Magnetism - माग्-नेट्'-इज़्म् - *n.* the natural agency producing attraction. आकर्षणशक्ति; **Terrestrial magnetism** (attractive force of the earth.) पृथ्वी की आकर्षणशक्ति।

Magnetization - मॅग्'-नेट् - इज़् - ए'- शन् - *n.* the act of magnetizing, the state of being magnetized. आकर्षण संस्कार।

Magnetize - मॅग्'-नेट्-आइज़् - *v. t.* to turn iron into a magnet. लोहे में आकर्षण-शक्ति उत्पन्न करना।

Magneto - माग् - नी' - टॅ - *n.* a generator of electric current. बिजली की शक्ति उत्पन्न करने का यंत्र।

Magnifiable - मॅग्-नि-फाइ'-एब्ल् - *adj.* able to be magnified, worthy of being extolled. बढ़ाने योग्य।

Magnification - मॅग्'-निफ्-इक्-ए'-शन् - *n.* the act of magnifying. बृहत्तकरण।

Magnificence - मॅग्' - निफ - इस् - एन्स् - *n.* grandeur or splendour of appearance. तेज, महिमा, प्रताप, ऐश्वर्य।

Magnificent - मॅग्' - निफ़ - इस् - एन्ट् - *adj.* splendid, pompous, stately, excellent. शोभमान, तेजस्वी, महाप्रतापी, देदीप्यमान; **Magnificently** (- लि) -*adv.* in a stately or magnificent manner. प्रताप (ऐश्वर्य) के साथ।

Magnifico - मॅग्-निफ्'-इक्-ओ - *n.* grandee. यशस्वी, रईस।

Magnifier - मॅग्' - नि - फाइ-अर् - *n.* one who magnifies. बढ़ाकर दिखलानेवाला।

Magnify - मॅग' - नि - फाइ - *v. t.* (*p. t.* **Magnified**) to exaggerate, to increase the size of, to extol. बढ़ाना, अधिक करना, अतिशय वर्णन करना।

Magnifying glass - मॅग्-नि-फाइ'-इङ्ग् - ग्लास् - *n.* a convex lens, the objects seen through which have their apparent dimensions increased. वृहणयन्त्र, आतशी शीशा, ताल।



Magnifying glass.

Magniloquence - मॅग-निल्' - क्वेन्स् - *n.* a pompous speech. प्रौढ़ भाषण।

Magniloquent - मॅग् - निल्' - ओ - क्वेन्ट् - *adj.* bragging, speaking pompously, boastful. धृष्ट वाक्यबाला, शेखीबाज; **Magniloquently** (- लि) -*adv.* in a boastful manner. प्रगल्भ वाणी से।

Magnitude - मॅग्' - नि - ट्यूड् - *n.* largeness, bulk, size, importance. परिमाण, मात्रा, आकार, महत्त्व; **Of the first magnitude** (of the greatest importance.) सबसे अधिक महत्त्व का।

Magnolia - मॅग् - नो' - लि - आ - *n.* a kind of large flowering tree. बड़े फूलवाला एक प्रकार का वृक्ष।

Magnum - मॅग्' - नम् - *n.* a bottle containing about eighty ounces of liquid. अस्सी आउन्स तरल पदार्थ रखने का बोतल।

Magnum bonum - मॅग् - नम् - बो' - नम् - *n.* a kind of large plum or potato. एक प्रकार की बड़ी बेर या आलू।

Magpie - मॅग्' - पाइ - *n.* a chattering bird with long tail and black and white plumes. नीलकण्ठ पक्षी।

Magus - मे' - गस् - *n.* an Eastern magician or wise man. पूर्वी देशों का जादूगर या विद्वान्।

Mahlstick - माल्' - स्टिक् - *n.* a painter's handrest. चित्रकार की हाथ टेकने की तख्ती।

Mahogany - मॉ-हॉग्'-ए-नि - *n.* an American tree much used of furniture. महोगनी वृक्ष।

Maid - मेड् - *n.* (*mas.* **Bachelor**) a young unmarried woman, a girl, a female servant. कन्या, कुमारी, अविवाहिता युवती, दासी; **Maid of Honour** (a female attendant upon a queen.) रानी या राजकुमारी की सेविका या दासी।

Maiden -मेड् - इन् - *n. & adj.* a virgin, a maid, unused, fresh, new. युवती, बालिका, कुमारी, कन्या, ताज़ी, नई, **Maidenhead** (virginity.) तारुण्य; **Maiden-hood** (- हुड्)-*n.* virginity. तरुणता; **Maidenly** (- लि) -*adj.* like a maid, modest, gentle. कुमारी के समान, विनीत, नम्र; **Maiden name** (surname of a girl before marriage) स्त्री का विवाह के पहिले का नाम; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) वक्ता का पहिला व्याख्यान।

Mail - मेॅल् - *n.* an armour of chainwork, a bag for the conveyance of letters, the postal system, rent, payment, a protective covering of an animal, a spot caused by ironing cloth, a tribute paid to free booters, a person or carriage carrying letters. शरीरत्राण, कवच, डाक का थैला, डाक विभाग, किराया, भुगतान, पशुओं का रक्षा आवरण, कपड़े पर इस्त्री का दाग, डाकुओं को घूस या कर, डाकिया या डाकगाड़ी; -*v. t.* to send letters &c. by post. डाक द्वारा चिट्ठी इत्यादि भेजना।

Mailable - मेल'-एब्ल् - *adj.* able to be mailed. डाक से भेजने योग्य।

Mailcoach - मेॅल्' - कोच्' - *n.* (also **Mail-drag** or **gig** or **Van.**) a coach for carrying mail. डाक ले जाने की गाड़ी।

Mail-train - मेॅल्'- ट्रेन् - *n.* a train that carries the mail. डाकगाड़ी।

Maim - मेम् - *v. t.* to cripple, to mutilate. अङ्गहीन करना, काटना; -*n.* mutilation. हीनाङ्गता; **Maimed** (- ड) -*adj.* crippled. हीनाङ्ग।

Main - मेॅन् - *n.* physical force, the ocean, a chief gas or water pipe or cable of electric current. शारीरिक बल, महासागर, गैस या पानी की प्रधान नली या बिजली की धारा ले जानेवाला प्रधान तार; -*adj.* principal, chief, most important. मुख्य, प्रधान, सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण; **In the main** (chiefly.) प्रधान रूप से; **Mainland** (principal land.) महाद्वीप, महादेश; **Mainly** (- लि) -*adv.* principally, chiefly. प्रधान रूप से, विशेष करके;

Main mast (the principal mast of a ship.) जहाज़ का प्रधान मस्तूल; **Main spring** (the principal spring of a watch or clock.) घड़ी की बड़ी कमानी; **Mainstay** (the principal support.) प्रधान आश्रय; **Main stock** (capital.) मूलधन; **With might and main** (with full force.) सम्पूर्ण बल से।

Maintain - मेंन् - टेन्' - *v. t.* to keep up, to hold, to support, to continue, to furnish, to uphold, to defend, to assert as true. अवलम्बन करना, प्रतिपादन करना, निर्वाह करना, सँभालना, धारण करना, रक्षा करना, किसी सिद्धान्त को स्वीकार करना।

Maintainable - मेंन् - टेन्' - एबल् - *adj.* that may be supported. प्रतिपादन करने (सँभालने) योग्य।

Maintenance - मेन्' - टेन् - एन्स् - *n.* subsistence, means of support. जीविका, रखरखाव, अनुरक्षण, रक्षा, निर्वाह।

Maize - मेंज़् - *n.* Indian corn. मक्का, भुट्टा।

Maizena - मेंज़-इ'-नॉ - *n.* maize starch. भुट्टे का आटा।

Majestic - मॉ - जेस्ट् - इक्, **Majestical** (- अल्) - *adj.* splendid, sublime, stately. प्रभावशाली, ऐश्वर्यपूर्ण; **Majestically** (- अ - लि) *-adv.* in a majestic manner. गौरव के साथ, ऐश्वर्य से।

Majesty - मॉज्'- एस-टि- (*pl.* **Majesties**) stateliness, sovereign power, greatness, grandeur, dignity. वैभव, राजप्रताप, गौरव, महिमा; **Your Majesty.** महाराज।

Major - मेंजर् - *n.* an officer in rank above a captain, a chief, a person of full age. सैन्यदल का अध्यक्ष, प्रमुख, प्राप्तव्य, वयस्क (बालिग); *-adj.* greater, more important. अधिक बड़ा या आवश्यक।

Majority - में - जॉ' - रि - टि - *n.* greater number, full age. अधिक संख्या, बहुमत, बहुसंख्यक, वयस्कता।

Majuscular -see **Majuscule.**

Majuscule - मॉ - जस्'- क्यूल् - *n.* a capital letter. बड़ा अक्षर; **Majuscular** (- लर्)*-adj.* pertaining to majuscule. बड़े अक्षर से संबंधित।

Make - मेंक् - *v. t.* (*p. t. & p. p.* **Made.**) to construct, to frame, to draw up, to perform, to compose, to execute, to establish, to collect, to prepare, to compel, to reach. बनाना, गढ़ना, मसौदा बनाना, सम्पन्न करना, रचना करना, सम्पादन करना, स्थापित करना, इकट्ठा करना, तैयार करना, बाध्य करना, पहुँचना; *-n.* shape, structure. आकार, बनावट; **A selfmade man** (a person who has risen by his own exertions.) अपने बाहुबल से धन उपार्जन करनेवाला मनुष्य; **To make account of** (to esteem.) प्रतिष्ठा करना; **To make after** (to follow.) अनुकरण करना; **To make amends** (to compensate.) घाटा पूरा करना; **To make anything of** (to find a meaning of.) मतलब निकालना; **To make away** (to run away). भाग जाना; **To make fire** (to light fire.) आग सुलगाना; **To make for** (to be fit for.) योग्य होना; **To make friends** (to form friendship.) मित्रता करना; **To make fun of** (to trifle with.) दिल्लगी करना; **To make light of** (to think of no importance.) तुच्छ समझना; **To make merry** (to feast.) उत्सव मनाना; **To make off** (to run away.) भाग जाना; **To make out** (to understand clearly.) समझना, पता लगाना; **To make over** (to transfer title of.) सौंपना; **To make room** (to give place.) जगह करना; **To make up** (to reconcile.) पूरा करना; **To make up one's mind** (to determine.) संकल्प करना; **To make way** (to improve.) उन्नति करना।

Make-believe - मेंक्' - बि - लीव्' - *n.* a pretence. बहाना; *adj.* sham. बनावटी, झूठा।

Make-peace - मेंक्' - पीस् - *n.* a peacemaker. शांति स्थापन करनेवाला।

Maker - मेंक्' - अर् - *n.* one who makes. रचनेवाला, बनानेवाला, कर्त्ता; **Maker of pots** (a potter.) कुम्हार।

Makeshift - मेंक्' - शिफ़्ट - *adj.* temporary, expedient. क्षणिक, आवश्यक।

Make-up - मेंक्' - अप् - *n.* the part out of which a thing is made, arrangement of galleys of types into pages, one's character, temperament, mental qualities, painting and dressing of an actor or actress, outer appearance of a book. टुकड़ा जिससे कोई पूरी वस्तु बनती है, गेली के टाइप को यथास्थान रकखर पेज बाँधना, मनुष्य का चरित्र, प्रकृति, मानसिक योग्यता, अभिनेता या अभिनेत्री का साज, पुस्तक की बाहरी आकृति।

Makeweight - मेंक्' - वेट् - *n.* that which is kept in the pan of a scale to make up the weight. पसँधा, धड़ा।

Making - मेक्' - इङ्ग् - *n.* workmanship, material. विधान, रचना, बनवाट।

Mal - मॉल् - *pref.* in sense of 'bad' उपसर्ग जिसका अर्थ 'बुरा' है, यथा - **Maladdress, Maltreatment.** इत्यादि।

Malacca - मलाका - *n.* a town in Malaya Peninsula, dark brown cane of Malacca palm. मलाया प्रदेश का एक नगर, इस नगर की बेंत।

Maladjustment - मॉल्' - ऑड् - जस्ट्' - मेंन्ट् - *n.* a faulty adjustment. पुरा प्रबन्ध।

Maladministration - मॉल्' -ऑड् - मिन्' - इस् - ट्रे' - शन् - *n.* a bad management. कुशासन, बुरा प्रबन्ध।

Maladroit - मॉल्' - ऑ - ड्रॉइट् - *adj.* clumsy. भद्दा, फूहड़; **Maladroitly** (- लि) *-adv.* clumsily. भद्देपन से; **Maladroitness** (- नेंस्)*-n.* भद्दापन।

Malady - मॉल्-ऑ-डि - (*pl.* **Maladies.**) sickness, disease. रोग, व्याधि।

Malaise - मॉल् - एंज्' - *n.* bodily discomfort. शारीरिक क्लेश।

Malapert - मॉल्' - ऑ - पर्ट् - *adj.* impudent, saucy. अविनीत, ढीठ; **Malapertly** (- लि) *-adv.* impudently. ढिठाई से; **Malapertness** (- नेंस्)-*n.* impudence. धृष्टता।

Malaprop, Malapropism - मॉल् -ऑ - प्रॉप,

(- इज़्म्) - *ns.* misusing a word in a ludicrous manner. भद्दी तरह से शब्द का प्रयोग करना; **Malapropian** (- इ - अन्) *n.* one who uses a word in a ludicrous manner. ऐसा प्रयोग करनेवाला मनुष्य।

Malapropos - मॉल्' - ऑ - प्राप् - ओ - *adv.* inopportunately, out of place. बुरे अवसर में, असमय में।

Malar - मॉल् - अर् - *adj.* pertaining to the cheek. गाल (की हड्डी) सम्बन्धी।

Malaria - मॉल् - एअर्' - इ - आ - *n.* a kind of fever caused by the bite of certain mosquitoes. एक प्रकार का ज्वर जो विषैले मच्छड़ों के काटने से उत्पन्न होता है; **Malarial** (- अल्), **Malarious** (- अस्)-*adj.* pertaining to malaria. मलेरिया सम्बन्धी।

Malcontent - मॉल्' - कॉन् - टेन्ट् - *n. & adj.* a discontented person, rebellious. असन्तुष्ट मनुष्य, विद्रोही, अतृप्त; **Malcontentedly** (- एंड् - लि)-*adv.* with discontent. असन्तोष से।

Male - मेल् - *n.* (*fem.* **Female.**) a male animal or plant. नर पशु या वनस्पति; *adj.* pertaining to men or male animals, masculine. पुरुष सम्बन्धी, पुंलिंग; **Male child** (a boy.) बालक, पुत्र; **Male species** (species of masculine sex.) पुरुष जाति।

Malediction - मॉल्'-इ-डिक्'-शन् - *n.* a curse, evil-speaking. शाप, दुर्वचन; **Maledictory** (- टरि)-*adj.* of evil speaking. अभिशापक, दुर्वचन का।

Malefaction - मॉल'-इ-फाक्-शन् - *n.* a curse. शाप, पाप।

Malefactor - मॉल्'-इ-फाक्ट्'-अर् - *n.* (*fem.* **Malefactress**) an evil-doer, a criminal. पापी, अपराधी, कुकर्मी।

Malefic - मॉल् - इफ्' - इक - *adj.* harmful. हानिकर, नुकसान पहुँचानेवाला।

Maleficence - मॉल् - इफ' - इस - एन्स् - *n.* evil-doing, ill-will. अपकार।

Maleficent - मॉल् - इफ्' - इस् - एन्ट् - *adj.* harmful, injurious. अपकारी।

Malevolence - मॉल् - इव्' - ऑल् - एन्स् - *n.* ill-will, spite fulness. द्रोह, दुष्ट भाव।

Malevolent - मॉल्-इव्'-ऑल्-एन्ट् - *adj.* spiteful, envious. द्रोही, कुबुद्धि; **Malevolently** (- लि)-*adv.* spitefully. अहित की इच्छा से।

Malformation - मॉल् - फ़ॉर्म् - ऐ' - शन् - *n.* bad formation. भ्रष्ट रचना, बुरी बनावट; **Malformed** (-ड्)-*adj.* badly formed. भद्दी बनावट का।

Malice - मॉल्' - इस् - *n.* ill-will, wrongful intention, spite. द्वेष, ईर्ष्या, डाह।

Malicious - मॉल् - इश्' - अस् - *adj.* spiteful. द्रोही, पापात्मा; **Maliciously** (- लि) - *adv.* with ill-will. ईर्ष्या से, द्रोह से; **Maliciousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being malicious. ईर्ष्या, द्वेष।

Malign - मॉ - लिन्' - *v. t.* to speak ill of, to defame, to regard with hatred. कलङ्कित करना, बदनाम करना, दूषित करना, घृणा करना; -*adj.* injurious, malicious. घातक, ईर्ष्यालु।

Malignancy - मॉ-लिग्'-नॉन्-सि - *n.* unfavourableness. द्रोह, कपट।

Malignant - मॉ-लिग्'-नान्ट् - *adj.* harmful to life, malicious, showing ill will. दुराशय, द्रोही, कपटी; **Malignantly** (- लि) -*adv.* द्रोह से, कपट से।

Malignity - मॉ-लिग्'-नि-टि - *n.* extreme ill will or malice. बहुत बड़ा द्वेष या ईर्ष्या।

Malignly - मॅा - लिन् - लि - *adv.* with malic or ill-will. ईर्ष्या से, द्रोह से।

Malingerer - मॉ-लिंग्'-गर्-अर् - *n.* one who pretends illness to escape from duty. काम से भागने के लिये रोग का बहाना करनेवाला।

Malism - मॉ'-लिज़्म् - *n.* the belief that there is more evil than good in this world. यह विश्वास कि संसार में भलाई की अपेक्षा बुराई अधिक है।

Mall - मॉल् - *n.* a sheltered walk. टहलने का छायादार मार्ग, ठण्डी सड़क।

Mallard - मॉल्'-अर्ड् - *n.* the common wild duck. जंगली बत्तख।

Malleability - मॉल्'-इ-ए-बिल्'-इ-टि, **Malleableness** (- नेंस्)-*ns.* the quality of being malleable. बढ़ने की योग्यता, आघात, वर्द्धनीयता, लचीलापन।

Malleable - मॉल्'-इ-एब्ल् - *adj.* that can be extended by hammering without returning to its previous condition. पीटकर बढ़ाने योग्य, लचीला, आघात वर्द्धनीय।

Malleate - मॉल्'-इ-एट् - *v. t.* to extend a plate by hammering. हथौड़े से पीटकर चद्दर को बढ़ाना।

Mallet - मॉल् - एट् - *n.* a wooden hammer. लकड़ी का हथौड़ा, मुँगरी।


Mallet.

Malleus - मॉल्' - इ - अस् - *n.* the bone of the ear. कान में की हड्डी।

Mallow - मॉल्' - ओ - *n.* a wild plant. एक प्रकार का जङ्गली पौधा।

Malm - माम् - *n.* soft chalky rock. मुलायम खड़िया मिट्टी की चट्टान।

Malnutrition - मॉल्' - न्यू - ट्रिश्-अन् - *n.* insufficient or unsuitable feeding or diet. अपर्याप्त पोषण।

Malodorous - मॉल् - ओ' - डर् - अस् - *adj.* foulsmelling. दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार।

Malpractice - मॉल् - प्राक्'-टिस् - *n.* evil practice, wrong doing illegal practice. दुराचार, कुचरित्र, बुरी चाल।

Malt - मॉल्ट् - *n.* steeped barley or other grain prepared for brewing. भिगाया हुआ जव या दूसरा अन्न जो मदिरा बनाने के लिये तैयार किया जाता है; -*v. t.* to make

into malt. जव का सत्व बनाना; **Malt-liquor** (liquor prepared from fermented malt.) जव की मदिरा।

Maltha - मॉल्था - *n.* a kind of cement. एक प्रकार का जोड़ने का मसाला।

Maltose - मॉल्ट्' - ओस् - *n.* sugar which is obtained from starch. स्टार्च से निकाली हुई चीनी।

Maltreat - मॉल् - ट्रीट्' - *v. t.* to treat badly, to abuse. बुरा व्यवहार करना, गाली देना; **Maltreatment** (- मेंन्ट्)-*n.* ill-treatment. अपकार, दुराचार, दुर्व्यवहार।

Malversation - मॉल्'-वर् - से' - शन् - *n.* fraudulent artifice, corrupt behaviour. दुष्ट व्यवहार, शठता, खोटा कार्य।

Mamma - मम्' - ऑ - *n.* (also **Mama**) a familiar name for mother. माता, अम्मा; (मॉम्' - अ)-*n.* milkgland, breast. स्तन।

Mammal - मॉम्'- अल् - *n.* animal that sukles its young. अपने बच्चों को दूध पिलानेवाला प्राणी, स्तनीयजन्तु।

Mammalia - मॉ-मॉ'-लि-आ - *n. pl.* the highest form of vertebrates. अपने बच्चों के दूध पिलानेवाले पशुओं में श्रेष्ठ प्राणी।

Mammary - मॉम्'-अर्-इ - *adj.* pertaining to the breast. स्तन-सम्बन्धी; **Mammary gland** (a milk producing organ).स्तनग्रंथि।

Mammilla - मॉ - मिला - *n.* the nipple of female breast. चूचुक, चूची; **Mammillary** (- रि)-*adj.* pertaining to the nipples. चू चुक सम्बन्धी; **Mammillated** (- लें - टॅड्)-*adj.* of the form of a nipple, endowed with breast. चूचुकवत्, चूचुक-युक्त।

Mammon - मॉम्'-अन् - *n.* riches, wealth, god of wealth. धन, लक्ष्मी, कुबेर; **Mammonish** (-इश्)-*adj.* absorbed in the pursuit of riches. धनपरायण; **Mammonism** (- इज़्म्)-*n.* the pursuit of wealth. धनपरायणता।

Mammoth - माम्' - ओथ् - *adj.* huge, very large. बहुत बड़ा महान्।

Man - मॉन् - *n.* (*pl.* **Men,** *fem.* **Woman**) a human being, male person, human race, male sex, male servant, adult, male individual, husband. मनुष्य, पुरुष, मनुष्यजाति, पुँलिङ्ग, नौकर, प्रौढ़, नर, पति; *-v. t.* (*p. t.* **Manned**) to furnish with men, to fill, to fortify. सेना से भरना, पूरित करना, पुष्ट करना; **All to a man** (every individual.) प्रत्येक व्यक्ति; **Little man** (a small boy.) छोटा लड़का; **Man and wife** (husband and wife.) पति और पत्नी; **Man-at-arms** (a soldier.) योद्धा, सिपाही; **Man-hole** (a hole through which a man may enter a drain.) नाली में मनुष्यों के उतरने का छिद्र; **Manpower** (unit of energy equal to man's power, number of men available for any specific purpose.) अकेले एक मनुष्य की शक्ति, मनुष्यगण जो किसी निश्चित कार्य के सम्पादन के लिये नियुक्त किये जाते है; **Man in the street** (the average man.) सामान्य मनुष्य; **Man of letters** (a scholar.) विद्वान् मनुष्य; **Man of straw** (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; **Man-of-war** (a ship of war.) लड़ाई का जहाज़।

Manacle - मॉन् - आक्ल् - *n.* a shackle for the hands, fetters. हथकड़ी; *-v. t.* to shackle. हथकड़ी पहिनाना।

Manage - मॉन्' - ऍज् - *v. t. & i.* to guide by the hand, to conduct carefully, to handle, to contrive. प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना, चलाना, साधना।

Manageability - मॉन्' - एज्-ए-बिल्'- इ-टि - *n.* the quality of being manageable. शासनीयता, व्यवस्था, प्रबन्ध।

Manageable - मॉन्' - एज्-एबल् - *adj.* easy to be managed. प्रबन्ध करने योग्य; **Manageableness** (- नेंस्) -*n.* the quality of being manageable. प्रबन्ध करने की योग्यता।

Mmanagement - मॉन्' - ऍज्' - मेंन्ट् - *n.* dealing, administration. अनुंशासन, प्रबन्ध।

Manager - मॉन्' - एज् - अर् - *n.* one who manages. प्रबन्धकर्ता, प्रबन्धक, कारिन्दा।

Manageress - मॉन्'-एज्-अर-एस् - *n. fem.* a female manager. प्रबन्धकर्त्री।

Managerial - मान्'-एज्-इअर्'-इ-अल् - *adj.* pertaining to management. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

Manciple - मॉन्' - सि - प्ल् - *n.* one who buys provisions for an inn. धर्मशाला या सराय के लिये सामान खरीदनेवाला।

Mandamus - मॉन् - डेमस् - *n.pl.* an order by a higher court instructing a public official to perform a specific duty. न्यायालय का विशिष्ट कार्य के निमित्त अधिकारी का परमादेश।

Mandarin, Mandarine - मॉन्' - डर् - इन्,- रीन् - *n.* a small flat orange, orange-colour, a civil or military Chinese officer. एक प्रकार की छोटी चिपटी नारंगी, नारंगी रंग, चीन का दीवानी हाकिम या सेनाधिकारी।

Mandatary - मॉन्'- डेट्-अर-इ - *n.* one to whom mandate is given. वह जिसे आज्ञापत्र दिया जाय।

Mandate - मॉन्' - डेंट् - *n.* a judicial command or order. अधिदेश, आदेश, आज्ञापत्र।

Mandatory - मॉन् - डेट्-अर-इ - *adj.* conveying a command. आज्ञा-सूचक, आदेशात्मक।

Mandible - मॉन्' - डि - बल् - *n.* the lower jaw in mammals. दूध पिलानेवाले जानवरों का नीचे का जबड़ा।

Mandola, Mandoline - मॉन्' - डो -लॉं, (- लिन्) - *ns.* a kind of stringed musical instrument. सारङ्गी की तरह का एक बाजा।

Mandragora - मॉन्'- ड्रा - गोरा - *n.* a kind of poisonous plant. एक प्रकार का विषैला पौधा।

Mandrake - मॉन्' - ड्रेक् - *n.* a poisonous plant. एक विषैला पौधा।

Mandrel, mandrill - मॉन्'-ड्रेल्, (- ड्रिल्) - *ns.* the axis in a lathe to which work is fixed.

खराद का धुरा।

Mane - मेंन् - *n.* the long hair on the neck of certain animals. पशुओं की गर्दन पर के लम्बे बाल, अयाल; **Maned** (-ड्) -*adj.* having a mane. अयालदार; **Maneless** (-लेंस्) -*adj.* devoid of mane. बिना अयाल का।

Manege - मॉन् - ऑज़' - *n.* art of training horses, a riding school. घोड़ों को सिखाने की कला, अश्वारोहण-शिक्षालय, घुड़सवारी का स्कूल।

Manes - में' - नीज़् - *n. p.l.* souls of the departed ancestors. पितरों की आत्मायें।

Manganese - मॉङ्ग्' - गॉन् - एज् - *n.* a black minerals. सुरमे के प्रकार की एक धातु।

Mange - मेन्ज् - *n.* a skin disease of animals. पशुओं का खुजली का रोग।

Manger - मॉन्-जर् - *n.* a trough to feed horses or cattle. घोड़े या चौपायों को खिलाने की नाँद।

Mangle - मॉङ्ग्ल् - *v. t.* to cut and hack, to mutilate. खण्ड-खण्ड करना, नष्ट करना, वध करना (बोटी-बोटी करना); **Mangler** (- ग्लर्) -*n.* one who mangles. वध करनेवाला।

Mango - मॉङ्ग्' - गो - *n.* (*pl.* **Mangoes.**)an Indian tree with sweet fleshy fruit. आम्र, आम।

Mangy - मेंन्' - जि -*adj.* shabby, squalid. रूक्ष, रूखा।

Manhole - मॉन्' - होल् - *n.* a circular hole of sufficient size to admit a man. नर विवर।

Mania - में' - नि-आ - *n.* mental derangement, unreasonable or vehement desire for a thing. उन्माद, सनक, पागलपन, झक।

Maniac - में' - नि - अक् - *n.* a mad man. पागल मनुष्य; **Maniacal** (- अल्)-*adj.* affected with madness. उन्मत्त, झक्की; **Maniacally** (- अलि) -*adv.* with mania. झक में।

Manicure - मॉन्' - इ - क्योर् - *n.* the treatment of hands and finger nails. हाथ तथा नखों की चिकित्सा; -*v. t.* to treat the finger-nails and hands. हाथ तथा नखों की चिकित्सा करना।

Manifest - मॉन्'-इ- फेंस्ट् - *adj.* clear or evident, obvious, plain. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट; -*n.* the list of a ship's cargo. जहाज़ के माल की सूची; -*v. t. & i.* to show plainly, to reveal. प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रकट करना; **Manifestable** (-एँ - ब्ल्) -*adj.* able to be made evident. स्पष्ट (प्रकट) करने योग्य; **Manifestation** (- एँ' - शन्)-*n.* revelation, disclosing. प्रकाशन, स्पष्टता; **Manifestative** (- एँ' - टिव्) -*adj.* revealing. प्रकाशन करनेवाला; **Manifestly** (- लि) -*adj.* in an obvious manner. स्पष्ट रूप से।

Manifesto - मॉन्-इ-फेस्ट्'-ओ - *n.* (*pl.* **Manifestos**) a public declaration by a sovereign or a state. राजा या राज्य की सार्वजनिक घोषणा।

Manifold - मॉन्-इ - फ़ोल्ड् - *adj.* of various forms or kinds, complicated. अनेक रूप तथा आकार का, पेचीला; **Manifold writer** (a contrivance for taking several copies of a letter &c.) अनेक प्रतिलिपि करने का साधन या यन्त्र; -*v. t.* to make several copies of letters etc. पत्र इत्यादि की अनेक प्रतिलिपि बनाना।

Manifoldly - मॉन्'-इ-फ़ोल्ड् - लि - *adv.* in a manifold manner. पेचीदगी से; **Manifoldness** (- नेंस्) - *n.* the state of being manifold, multiplicity. पेचीदगी।

Manikin - मॉन्' - इ - किन् - *n.* a little man, a pigmy, a dwarf, anatomical model of the human body. छोटा मनुष्य, नाटा आदमी, बौना, मनुष्य की छोटी मूर्ति।

Manila, Manilla - मॉ-निल्'-आ - *n.* a kind of fibrous material of which ropes, mats &c. are made. एक प्रकार का सन जिसके रस्से, टाट इत्यादि बनाये जाते हैं।

Manipulate - मॉनिप्यूलेंट् - *v. t.* to handle with skill, to manage skilfully. कुशलता से हाथ से करना, चालाकी से करना।

Manipulation - मॉन्-इप्'-यू-ले'-शन् - *n.* the act of manipulating, skilful use of the hands. हस्तव्यापार, दस्तकारी।

Manipulative - मॉन्-इप्-यू-लेट्-इव् - *adj.* tending to manipulate. दक्षता से करने की प्रवृत्तिवाला।

Manipulator - मॉन्-इप्'-यू-लेट्-अर - *n.* one who manipulates. कुशलता से कार्य करनेवाला।

Manna - मॉन्'-आ - *n.* spiritual food, a purgative medicine. देवताओं का भोजन, एक प्रकार की मधुर रेचक औषधि।

Mannequin - मॉन्'-इ-किन् - *n.* a person who is employed to wear costumes. वस्त्र पहिनानेवाला नौकर।

Manner - मॉन्' - अर् - *n.* form, mode of life method, style, outward bearing. प्रकार, रीति, ढंग, चाल, बाह्य आचरण; **Manners** (- अर्स्) - *n. pl.* modes of life, outward bearing, behaviour, morals, character. आचार, व्यवहार, चरित्र, नैतिक रीतियाँ; **Mannered** (- ड्) - *adj.* having good manners. भले आचरण का; **Mannerism** (- इज़्म्) -*n.* a trick of style. व्यवहारशीलता; **Mannerless** (- लेंस्)-*adj.* without manners, rude. अशिष्ट; **Mannerliness** (- लि - नेंस्) - *n.* the quality of being mannerly. शिष्टाचार; **Mannerly** (- लि) -*adj.* polite, respectful. शिष्ट, सुशील।

Mannikin - same as **Manikin.**

Manoeuvre - मॉन्'-ऊव-अर् - *n.* dexterous movement of troops, ships &c., skilful plan, stratagem. युद्धरीति, कुशलता, कपट प्रयोग; -*v. i. & t.* to move the position of troops or of ships, to manage with art, to employ artifice. सेना अथवा जहाजों का स्थान बदलना, चतुराई के साथ प्रबन्ध करना, छल करना; **Manoeuvrer** (- अर्)- *n.* one who manoeuvres. कपट प्रयोग करनेवाला।

Manometer - मॉन्-ऑम्'-इट्-अर् - *n.* an instrument for estimating the elastic force of gases. वायुरूप पदार्थों का लचीलापन नापने का यन्त्र।

Manor - मॉन्' - अर् - *n.* the territory of a lord. जागीर, ज़मींदारी; **Lord of the manor** (a person having rights of manor.) ग्रामपति; **Manor-house** (the mansion of a manor.) ज़ागीरदार का घर।

Manorial - मॉन्-आ'-रि-अल् - *adj.* pertaining to a manor. ज़मींदारी के सम्बन्ध का।

Manse - मॉन्स् - *n.* a parsonage. पादरियों का घर।

Mansion - मॉन्'-शन् - *n.* a large residential house, a manor house, a large house. भवन, गृह, महल।

Mansuetude - मॉन्' - स्वी - ट्यूड् - *n.* meekness, gentleness, tameness. विनीतता, भलमनसी, सीधापन।

Mantel - मॉन्'-टेल् - *n.* a structure around a fireplace (now *mantel-piece.*) अग्निपिधान, अँगीठी के चारों ओर की लकड़ी इत्यादि की बनावट; **Mantelpiece** (- पीस्)-*n.* ornamental shelf over a fireplace. अँगीठी के ऊपर की सजावटी टाँड़; **Mantelshelf** (the shelf in a mantel.) ऐसी बनावट में लगी हुई टाँड़।

Mantelet - मॉन्ट्'-लेट् - *n.* a shelf for defence. बन्दूक की गोली न लगने योग्य पर्दा।

Mantilla - मॉन्-टिल्'-आ - *n.* a large veil, a small mantle. बड़ी ओढ़नी, बुरका, छोटा लबाद।

Mantis - मॉन्'-टिस् - *n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।

Mantissa - मॉन्-टिस्-आ - *n.* the decimal part of a logarithm. लघुगणक का दशमांश।

Mantle - मॉन्' - ट्ल् - *n.* a covering, a woman's cloak, a covering fixed round a gas jet, a cover. ढकना, ओढ़नी, गैसबत्ती के ऊपर की जाली; -*v. t. & i.* to disguise, to be coated to be suffused. छिपाना, ढकना लगाना, ढाँकना, ओढ़ाना; **Mantlet** (- ऍट्) -*n.* a small mantle. छोटी ओढ़नी।

Manual - मॉन्' - यु - अल् - *adj.* pertaining to or done with the hands. हस्त-सम्बन्धी, हाथ से किया हुआ; -*n.* a small handy book. संक्षिप्त ग्रन्थ छोटी पुस्तक; **Manual art.** कला, कौशल; **Manual dexterity** (skill of hands.) हस्तकला; **Manual exercise** (exercise of the body and arms.) व्यायाम, कसरत; **Sign-manual** (signature of person.) स्वहस्ताक्षर।

Manually - मॉन्'-यू-अल्-इ - *adv.* doing with the hand. हाथ से करते हुए।

Manufactory - मॉन्'-यू-फॉक्ट्'-अर्-इ - *n.* a factory. निर्माणशाला, कारखाना।

Manufacture - मॉन्'-यू-फॉक्-चर् - *n.* preparation of things by hand or machinery on a large scale. शिल्पकर्म, दस्तकारी, कारीगरी; -*v. t.* to make from raw materials. दस्तकारी करना, विनिर्माण, शिल्प से बनाना।

Manufacturer - मॉन्'-यू-फॉक्'-चर्-अर् - *n.* one who manufactures. शिल्पकार, कारीगर।

Manumission - मॉन्' - यु - मिश् - अन् - *n.* liberation of a slave. गुलाम का मोक्ष, गुलामी से छुटकारा।

Manumit - मॉन्' - यु - मिट् - *v. t.* to set a slave free. दास को स्वतन्त्र करना।

Manure - मॉन्-योर् - *n.* anything spread over soil for fertilizing it. खाद; -*v. t.* to fertilize by manuring. खाद देकर उपजाऊ बनाना।

Manurial - मॉन्'-योर्-इ-अल् - *adj.* pertaining to manure. खाद-सम्बन्धी।

Manuscript - मान्' - यु - स्क्रिप्ट् - *n.* (*abbr.* **Mss.**) a book or document written by hand. हस्तलेख, हाथ से लिखी हुई पुस्तक, हस्तलिपि।

Many - मेन्'-इ - *adj.* (*comp.* **More,** *sup.* **Most.**) numerous. बहुत, अनेक; -*n.* many people. बहुजन; **A good many** (a large number.) अधिक संख्या; कितने? **In many places** (in several places.) अनेक स्थानों में; **Many a time and oft** (often.) बहुधा; **Many-sided** (of different qualities.) नाना प्रकार का, अनेक गुणों का; **Of many kinds** (of different kinds.) नाना प्रकार के; **The many** (several) बहुतेरे।

Map - मॉप् - *n.* a drawing or representation of the earth's surface or part of it. आलेख्य-पत्र, नक़शा (खाका); -*v. t.* (*p. t.* **Mapped**) to draw on a map. नक़शा बनाना, खाका बनाना; **To map out** (to describe in detail.) विस्तार-पूर्वक प्रकट करना।

Maple - मे'-प्ल् - *n.* a kind of shady tree. एक प्रकार का छायादार वृक्ष।

Mapping - मॉप' - इङ्ग् - *n.* drawing a sketch. प्रतिचित्रण।

Mar - मार् - *v. t.* (*p. t.* **Marred.**) to impair, to injure, to blemish, to ruin. न करना, दूषित करना, हानि करना, बिगाड़ना।

Marasmic - मॉ-राज़्म्'-इक् - *adj.* pertaining to marasmus शरीरक्षय-सम्बन्धी।

Marasmus - मॉ-राज़्'-मस् - *n.* wasting away of the body, emaciation. शरीर का क्षय होना।

Maraud - मा-रॉड्' - *v. i. & t.* to make plundering attacks, to plunder. लूटने के निमित्त आक्रमण करना, लूटना; **Marauder** (- अर्) -*n.* a plunderer. लुटेरा।

Marble - मार्बल् - *n.* any compact hard limestone capable of taking polish, a small ball of clay, glass &c. used by children in play. सङ्गमरमर, लड़कों के खेलने की गोली; **Marble-hearted** (hard-hearted.) निर्दय, क्रूर, कठोर हृदय।

Marcel - मार्' -सेॅल् - *n.* the artifical curling of hairs. कृत्रिम रूप से बालों को घुँगराला करने का कार्य।

Marcescence - मार्' -सें -सेॅन्स् - *n.* withering. मुर्झाना।

Marcescent - मार् - सेस्' - एन्ट् - *adj.* withering (of plants.) मुर्झानेवाला।

March - मार्च - *n.* the third month of the English year. अंग्रेजी साल का तीसरा महीना, मार्च; the

movement of troops in order. सेना की नियमित गति; *-v. i.* to walk away. प्रस्थान करना, कूच करना; **Marches** (- एंज़)*-n. pl.* boundary between two countries. दो देशों के बीच की सीमा; **To march against** to go against.) विमुख जाना।

Marchioness - मॉर'-शान्-एस् - *n. fem.* the wife of a marquis. मार्क्विस् (अंग्रेजी नवाब) की पत्नी।

Marchpane - मार्च' - पेन् - *n.* sweet paste of pounded almond. बादाम का मीठा हलुआ।

Marconigram - मॉर-को'-नि-ग्राम् - *n.* a message sent by wireless on Marconi's system. बिना तार के समाचार भेजने की विधि।

Mare - मेंअर् - *n.* the female of a horse. घोड़ी।

Margarine - मॉर्'-गर्-इन् - *n.* imitation butter. वनावटी या नकली मक्खन।

Margay - मार्' - गें - *n.* tiger-cat. एक प्रकार की जङ्गली बिल्ली।

Margin - मार्' - जिन् - *n.* border, the space on a page between the edge & written matter, reserved amount. किनारा, पृष्ठ का अलिखित अंश, हाशिया, सुरक्षित अंश; *-v. t.* to furnish with a margin. किनारा या हाशिया बनाना।

Marginal - मार्' - जिन्' - अल् - *adj.* pertaining to the margin. हाशिये या किनारे पर लिखा हुआ; **Marginalia** (नें - लिआ) *-n. pl.* marginal notes. पुस्तक के पत्र के किनारे पर लिखी हुई टीका-टिप्पणी।

Marginally - मार्' - जिन् - अल् - इ - *adv.* in the margin. किनारे या हाशिये पर।

Marginate - मार्' - जिन् - एट्, - **Marginated** (- एंड) *-adj.* having a margin. सीमा-युक्त, हाशियेदार।

Margosa - मार-गो'-सा - *n.* the Indian Neem tree. नीम का वृक्ष।

Margrave - मार्' - ग्रेव् - *n.* a German governor. जर्मनी का शासक।

Margravine - मार्' - ग्राव - एन् - *n. fem.* the wife of a Margrave. मारग्रेव की पत्नी।

Marigold - में' - रि - गोल्ड् - *n.* a plant with golden flowers. गेंदा, गेंदे का फूल।

Marinade - मॉ-रिन्-एड्' - *n.* a kind of pickle. एक प्रकार का आचार।

Marine - मॉ-रेन् - *adj.* pertaining to the sea, naval. समुद्रीय, जहाजी; **Marine fight** (sea-fight.) जल युद्ध।

Mariner - मॉ - रिन - अर् - *n.* a sailor. नाविक, जहाज़ी मल्लाह।

Marinorama - मॉ-रिन्-ओ-रा'-मा - *n.* seaview. समुद्र का दृश्य।

Marionette - मॉ'-रि-ऑन्-एट्' - *n.* a puppet woked by string. तागे से हिलने-डोलनेवाली कठपुतली।

Marital - मॉ'-रि-टल् - *adj.* pertaining to a husband, of marriage. पतिविषयक, विवाह सम्बन्धी; **Maritally** (- लि)*-adv.* in a marital manner. वैवाहिक रूप में या से।

Maritime - मॉ'-रि-टाइम् - *adj.* connected with the sea, situated near the sea. समुद्रीय, समुद्र तट पर स्थित।

Marjoram - मॉर्'-जर-अम् - *n.* a kind of aromatic, herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति, कुठरा।

Mark - मार्क् - *n.* a target, a desired object, token, sign, seal, a written symbol, distinction, indication, numerical award assigned in an examination, conspicuous character. निशाना, लक्ष्य, लक्षण, चिह्न, मोहर, रेखा, अङ्क; *-v. t.* to make marks on, to note or observe. मोहर करना, निशान लगाना, लक्ष्य करना; **Beyond the mark** (not to the point.) अप्रस्तुत; **Person of mark** (an illustrious person.) प्रसिद्ध मनुष्य; **To mark off** (to separate.) अलगाना; **To mark out** (to trace out boundaries.) सीमा निश्चित करना; **Up to the mark** (up to the standard.) आदर्श के अनुकूल।

Marked - मार्क्ड् - *adj.* distinguished. चिह्नित, लक्ष्य किया हुआ; **Markedly** (- लि)*-adv.* in an unmistakable manner. विशेष रूप से; **Markedness** (- नेंस्)*-n.* peculiarity. विशिष्टता।

Marker - मार्क'-अर् - *n.* one who marks. चिह्न लगानेवाला, गिननेवाला।

Market - मॉर्'-केट् - *n.* a place for purchase and sale. क्रय-विक्रय-स्थान, हाट, बाजार; *-v. t. & i.* to trade in a market. हाट में बिक्री-बट्टा करना; **Market-day** (a day of public market.) हाट का दिन; **Market-place** (a place where goods are sold.) बाज़ार; **Market-price** (current price.) बाज़ार दर; **To put on the market** (to put for sale.) बिक्री के लिए सामग्री रखना।

Marketable - मार्' - केट् - एबल् - *adj.* saleable. बिक्री के योग्य; **Marketably** (- ब्लि) *-adv.* saleably. बिक्री में।

Marketing - मॉर्' - केट् - इङ्ग् - *n.* the buying of goods in a market. विपणन।

Marking - मार्क्' - इङ्ग् - *n.* colouring of feathers. परों की रँगाई; **Marking-ink** (ink for marking clothes.) कपड़ों पर पक्का निशान लगाने की रोशनाई।

Marksman - मार्क्स्' - मॅन् - *n.* one skilled in shooting. लक्ष्यभेदी, निशानेबाज; **Marksmanship** (- शिप्) *-n.* skill in shooting. निशानेबाजी।

Marl - मार्ल् - *n.* a kind of soil. चिकनी मिट्टी; **Marlite** (- आइट) - *n.* a variety of marl. चिकनी मिट्टी जिस पर वायु का प्रभाव नहीं पड़ता।

Marmalade - मॉर्' - मॉल् - एड् - *n.* a preserve of oranges and other fruits. नारंगी या अन्य फलों का मुरब्बा।

Marmoreal - मॉर'-मॉ-रि-अल् - *adj.* made of marble, like marble. संगमरमर का बना हुआ, इसके सदृश।

Marmot - मॉर'-मॉट् - *n.* a kind of squirrel. एक प्रकार की गिलहरी।

Maroon - मॉ - रून्' - *n.* crimson colour, firework. लाल रंग, पटाखा, आतिशबाजी; *-v. t.* to leave a person on a desolate shore. (जहाज़ पर से उतारकर) मनुष्य को निर्जन स्थान में छोड़ देना।

Marplot - मार्' - प्लॉट् - *n.* one who destroys a design or plot. कार्यघातक, विघ्न उत्पन्न करनेवाला।

Marquee - मॉर-कें - *n.* a kind of large tent. एक प्रकार का बड़ा खेमा।

Marquis - मॉर'-क्विस् - *n.* (*fem.* **Marchioness**-शि- ऑन् - ऍस्) a title of nobility. इंग्लैंड के अमीरों की एक पदवी।

Marquois - मार्' - क्वॉ - इज़् - *n.* (**Mathematical scale**) an apparatus for drawing equidistant parallel lines.) समानान्तर रेखाओं के खींचने का एक प्रकार का यन्त्र।

Marriage - मॉ'-रिज् - *n.* the ceremony by which a man and woman become husband and wife, matrimony, wedlock. पति पत्नी सम्बन्ध, पाणिग्रहण, विवाह; **Civil marriage** (a marriage without religious rites.) बिना शास्त्रीय विधि का विवाह।

Marriageable - मॉ'-रिज्-एब्ल् - *adj.* fit to be married. विवाह करने योग्य।

Marrow - मॉ - रो - *n.* the soft fatty substance in the cavity of bones, essential part. (मज्जा) हड्डी के भीतर का गुद्दा, सार, तत्त्व; **Vegetable marrow** (a kind of cucumber.) एक प्रकार की ककड़ी या खीरा।

Marrowless - मॉ - रो - लेस् - *adj.* devoid of marrow. मज्जाहीन; **Marrowy** (- इ) *-adj.* full of marrow. सारपूर्ण।

Marry - मॉ - रि - *v. t. & i.* (*p. t.* **Married.**) to join persons in wedlock, to enter into the connubial state. विवाह करना, पाणिग्रहण करना।

Mars - मार्ज़् - *n.* the god of war, a planet. लड़ाई का देवता, मंगल ग्रह।

Marsh - मार्श् - *n.* a tract of low wet land, a swamp. कच्छ भूमि, दलदल।

Marshiness - मार्श्' - इ - नेंस् - *n.* swampiness. दलदली स्थिति।

Marshy - मार्श्' - इ - *adj.* boggy. दलदली।

Marshal - मॉर' -शल्- *n.* an officer of the highest military rank. सेना का प्रधान अधिकारी; *-v. t.* (*p. t.* **Marshalled**) to arrange in a suitable manner. सजाना, क्रम में रखना; **Knight-marshal** (an officer of royal house-hold.) राजा की गृहस्थी का सबसे बड़ा अफसर; **Marshal of the air** (an officer of air force.) हवाई सेना का प्रधान अध्यक्ष; **Marshalship** (- शिप)*-n.* the rank of a marshal. सेनापति का पद।

Mart - मार्ट् - *n.* a market-place, a place of trade. हाट, बाजार।

Marten - मॉर-टिन् - *n.* a kind of weasel. एक प्रकार का नेवला।

Metathesis - मेट् - आथ्'-इस - इस - *n.* transformation of the sounds of letters in a word. अक्षर विपर्याप्त, शब्द में अक्षरों के उच्चारण का अदल-बदल।

Mete - मीट् - *n.* limit, boundary. सीमा, परिधि; *-v. t.* to measure. नापना; **By metes and bounds** (limited in boundary.) सीमा घेरे हुए।

Metempiric - मेट्'-इम्-पिर्'-इक् - *n.* philosophy of things beyond human experience. मनुष्य के अनुभव के बाहर के पदार्थों का तत्वज्ञान; **Metempirical** (- अल्) *-adj.* pertaining to metempircism. ऐसे तत्वज्ञान से सम्बन्धित।

Metempsychosis - मेंट्-ऍम्'-सिक्-ओ-सिस् - *n.* transmigration of soul after death. पुनर्जन्म।

Meteor - मी' - टि-अर् - *n.* a shooting star, luminous body in the sky. उल्कापात, टूटता तारा; **Meteoric** (- अरि - क्) *-adj.* pertaining to meteors. उल्का से उत्पन्न।

Meteorite - मी'-टे-ऑर-इट् - *n.* an aerolite. टूटा हुआ तारा।

Meteorograph - मी-टे-आर्'-ओ-ग्राफ् - *n.* an instrument for recording shooting of meteor. उल्कापात चित्रित करने का यंत्र।

Meteoroid - मी'-टे-ऑर्-आएड् - *n.* particle of matter which forms a meteor. उल्का के परमाणु।

Meteorolite - मी'-टे-ऑर-ओ-लिट् - *n.* a meteoric stone. उल्का।

Meteorological - मी-टे-ऑर्-ऑल्-ऑज्'-इक-अल् - *adj.* pertaining to meteorology. अन्तरिक्ष विद्या-सम्बन्धी; **Meteorologically** (- लि) *-adv.* with reference to meteorology अन्तरिक्ष विद्या के सम्बन्ध में।

Meteorologist - मी'-टे-ऑर-ऑल्-ऑज्-इस्ट् - *n.* one who is skilled in meteorology. अन्तरिक्ष विद्या का पण्डित।

Meteorology - मी'-टे-ऑर-ऑल्'-ओ-जि - *n.* the science of the motions and phenomena of atmosphere. अन्तरिक्ष विद्या, वायु तथा आकाश-विषयक विद्या, मौसम विज्ञान।

Meter - मी' - टर् - *n.* an instrument for measuring, a measurer. पैमाना नापने का यंत्र या साधन, नापनेवाला।

Methinks - मि - थिङ्क्स्' - *v. i.* (*pt.* **Methought.**) it seems to me. मुझे जान पड़ता है, मैं समझता हूँ।

Method - मेथ्-ऑड्' - *n.* orderly or regular arrangement, system, scheme. रीति (प्रकार), विधि, ढंग।

Methodical - मिथ्-ऑड्'-इक्-अल् - *adj.* systematic. विधिपूर्वक, यथाक्रम; **Methodically** (- लि) - *adv.* in systematical manner. क्रम से, नियम से।

Methodist - मेथ्'-ऑड्'-इस्ट् - *n.* a strict observer of method. नियम के अनुसार सर्वदा कार्य करनेवाला।

Methodize - मेथ्'-आड्-आइज़् - *v. t.* to arrange properly. क्रम में करना, व्यवस्था करना।

Methyl - मेथ्'-इल् - *n.* base of woodspirit. वनस्पति जिसका मद्य बनता है; **Methylate** (- एंट) - *v. t.* to mix with methyl. मद्य को न पीने योग्य बनाना; **Methylated spirit** (rectified spirit mixed with naphtha.) जलानेवाला मद्यसार जिसमें यह पदार्थ मिला रहता है।

Meticulous - मेट-इक्'-यू-लस् - *adj.* scrupulously careful. अति सावधान।

Metonymical - मेंट् - आम् - इम्' - इक् - अल् - *adj.* pertaining to metonymy. किसी पदार्थ के लिये नाम तथा गुण कहने के अलङ्कार का; **Metonymically** (- लि) *-adv.* in a metonymical manner. इस अलंकार के रूप में।

Metonymy - मेट् - आन्' - इ - मि - *n.* substitution of a name or an attribute for the thing itself. अलङ्कार जिसमें किसी पदार्थ के लिए उनका नाम या गुण ही कहा जाता है।

Metre - मी' - टर् - *n.* poetic rhythm, measure of a verse. छन्द, वृत्त; *-n.* length of about 39½ inches. प्रायः ३९।। इञ्च की नाप।

Metric - मेंट्' - रिक् - *adj.* pertaining to the decimal measuring system. दशमलव मापन विधि के अनुसार।

Metrical - मेट्'-रिकल् - *adj.* involving poetic mea-sure. छन्दोबद्ध, छन्दःरूप; **Metrically** (- लि) *-adv.* in a metrical manner. छन्दःरूप में।

Metrify - मेट्'-रि-फाइ - *v. i.* (*p. t.* **Metrified**) to versify. कविता बनाना।

Metrological - मेट्' - रो - लॉज्'-इक्-कल् - *adj.* relating to metrology. माप-विद्या-सम्बन्धी।

Metrology - मेट्-रो'-लॉ-जी *-n.* the science of weights. माप-विद्या।

Metronome - मेट्'-रो - नॉम् - *n.* an instrument for measuring time in music. ताल-मापनी, गाने में ताल (का समय) नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

Metropolis - मि-ट्रॉप्'-ओ-लिस् - *n.* (*pl.* **Metropolises**) chief city, capital. किसी देश का मुख्य नगर, राजधानी।

Metropolitan - मेट्-रो-पॉल्'-इट्-अन् - *adj.* of a capital. राजधानी-सम्बन्धी; *-n.* a bishop, inhabitant of the chief city. प्रधान पादरी, मुख्य नगर या राजधानी का निवासी।

Mettle - मेंटल् - *n.* natural ardour, spirit, disposition. तेज, उत्साह, प्रकृति; **Mettled** (- ड्), **Mettlesome** (- सम्) *-adjs.* high-spirited. साहसी, वीर।

Mew - म्यू - *n.* the sound of a cat, a hawk, a cage for hawks. बिल्ली की बोली, बाज पक्षी, बाज का पिंजड़ा; *-v. t.* to cry as a cat. म्यों-म्यों करना, बिल्ली की तरह बोलना।

Mewl - म्यूल् - *v. t.* to cry feebly. बच्चे की तरह रोना; **Mewier** (- अर्) *-n.* a crying child. रोता हुआ बच्चा।

Mews - म्यूज़् - *n.* a horse-stable. अश्वशाला,

घुड़साल।

Mezzanine - मेज़'-एन्-इन् - *n.* the floor beneath a stage. (नाटकगृह के) रङ्गभूमि के नीचे की छत।

Mi - मी - *n.* the third note. तीसरा स्वर "ग"।

Miasma - मि (माइ) - ऑज़्-मॉ - *n.* (*pl.* **Miasmata, Miasmas**) an infectious exhalation. रोगकर दूषित वाष्प; **Miasmal** (- ल्) **Miasmatic** (- टिक्) *-adjs.* Pertaining to miasmata. रोगकर दूषित वाष्प-सम्बन्धी।

Mica - माइ'-का - *n.* a glittering mineral. अभ्रक, अबरक।

Mice - *n. pl.* of Mouse. चूहे, चूहियाँ।

Mickle - मिक्‌ल् - *adj. & n.* much, great, large amount. बहुत, बड़ा, अधिक मात्रा; **Many a little (pickle) makes a mickle** (a collection of small things which makes something great.) बूँद-बूँद करके घड़ा भर जाता है।

Micro - माइ' - क्रो - *pref.* in sense of 'small or millionth part.' अल्पार्थक अथवा दस लाखवाँ भाग' सूचक उपसर्ग।

Microbe - माइ' - क्रोब् - *n.* a minute living organism. सूक्ष्म जीव, रोगाणु, जीवाणु; **Microbial** (- इ - अल्) *-adj.* relating to microbes. सूक्ष्म जीवधारी सम्बन्धी; **Microbiology** (- बॉइ - ऑल् - ओ - जी) *-n.* a description of the microbes. सुक्ष्म जीव विज्ञान, जीवाणु-विषयक शास्त्र।

Microcosm - माइ' - क्रो - कॉज़्म् - *n.* miniature representation of man or the universe. संसार या मनुष्य का सूक्ष्म दर्शन; **Microcosmic** (- क्रॉज़्म - इक्) *-adj.* pertaining to the microcosm. सूक्ष्म जगत् - सम्बन्धी।

Microphone - माइ' - क्रो - फ़ोन् - *n.* an instrument for intensifying feeble sounds. ध्वनिगति, धीमे स्वर को तीव्र करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Microscope - माइ' - क्रो - स्कोप् - *n.* an optical instrument for magnifying objects. सूक्ष्म-दर्शक (अणुवीक्षण) यन्त्र, छोटी वस्तु को बड़ी देखने का यन्त्र, खुर्दबीन।


Microscope.

Microscopic - माइ' - क्रो - स्कोप्' - इक्, **Microscopical** (- अल्) - *adjs.* pertaining to a microscope. अणुवीक्षण यन्त्र सम्बन्धी; **Microscopically** (- लि) *-adv.* in a magnifying manner. छोटी वस्तु को बड़ी दिखाते हुए।

Microscopist - माइ' - क्रॉस् - कॅप् - इस्ट् - *n.* one who is skilled in microscopy. सूक्ष्मदर्शक यन्त्र का भली भाँति व्यवहार करनेवाला।

Microscopy - माइ' - क्रॉस् - कॉप् - इ - *n.* the use of a microscope. अनुवीक्षण यन्त्र (खुर्दबीन) का प्रयोग।

Micturition - मिक्' - ट्यू - रि - शन् - *n.* frequent desire to make water. बारम्बार पेशाब करने की इच्छा।

Mid - मिड् - *adj.* middle, medium, intervening. मध्य का, बिचला, बीच का; **Midcourse** (the middle course.) मध्यभाग; **Midday** (noon.) मध्याह्न; **Midland** (land in the interior of a country.) मध्यदेश; **Midnight** (middle of night.) आधी रात; **Midsummer** (middle of summer.) ग्रीष्मऋतु का मध्य; **Midway** (half way.) आधे रास्ते में; **Midwife** (a woman who assists in childbirth.) प्रसाविका, प्रसवकारिणी, सेविका, दाई; **Midwifery** (the art of assisting a woman in childbirth.) प्रसव विद्या।

Middle - मिड्‌ल् - *adj.* equidistant from two extremities, intermediate. मध्य भाग का, बिचला; *-n.* the centre. मध्य, बीच; **Middle age** (the period between youth and old age.) मध्य (जवानी और बुढ़ापे के बीच की) अवस्था; **Middle-aged** (of such age.) अधेड़ अवस्था का; **Middle-ages** (time between 1000-1400 A. D.) मध्य युग (प्रायः १००० ईस्वी से १४०० ईस्वी तक का समय); **Middle class** (the class of society between upper and lower.) मध्यम श्रेणी के लोग; **Middleman**-*n.* an intermediary. मध्यस्थ, पञ्च; **Middlemost** (- मोस्ट्) *-adj.* the extreme middle. सबसे बिचला।

Middling - मिड्' - लिङ्ग् - *adj.* of the middle rank. मध्य गुण या स्थिति का।

Midge - मिज्- *n.* a small insect or person. छोटा कीड़ा या मनुष्य।

Midget - मिजेट् - *n.* a miniature photograph, dwarf. बहुत छोटा चित्र, बहुत छोटा मनुष्य, बौना।

Midst - मिड्स्ट् - *adv.* in the middle. बीच में; **In the midst of the talk** (during a conversation.) बात करते हुए, बातचीत में।

Mien - मीन् - *n.* aspect, bearing, deportment. आकृति, ढङ्ग, छवि।

Miff - मिफ़् - *n.* a petty quarrel. मुँहाचाही; *-v. t.* to quarrel. झगड़ा करना।

Might - माइट् - *v. aux.* (*p.t.* of **May**) सका; *-n.* bodily strength, force, power. शक्ति, बल, पराक्रम, सामर्थ्य; **Mightily** (- इ - लि) *-adv.* vigorously. पराक्रम से, बल से; **Mightiness** (- नेस्) *-n.* power, greatness. प्रभाव, सामर्थ्य; **Mighty** (- इ)*-adj.* powerful. प्रबल, शक्तिमान; **With all his might** (as far as possible.) यथाशक्ति; **With might and main** (with full vigour.) पूरी शक्ति या बल से।

Mignonette - मिन्यन्'-एट् - *n.* a plant with sweet smelling flowers. सुगन्धित फूलोंवाला एक पौधा।

Migrant - माइ' - ग्रॉन्ट् - *n.* a migratory animal. स्थान बदलकर रहनेवाला पशु।

Migrate - माइ' - ग्रेट् - *v. i.* to move from one place to the other. देशान्तर गमन करना, एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना।

Migration - माइ - ग्रे '- शन् - *n.* the act of migrating. देशान्तरगमन, प्रव्रजन।

Migratory - माइ - ग्रे ' - टरि - *adj.* wandering from one place to another, wandering. एक देश से दूसरे देश में जानेवाला, घूमनेवाला, भ्रमणकारी।

Mikado - मि - का' - डो - *n.* the title of the

Emperor of Japan. जापान के सम्राट की उपाधि।

Mike - माइक् - *v. i.* to shrink from work. काम से ठिठकना; *-n.* short form of microphone & microscope. 'माइक्रोफोन' या 'माइक्रोस्कोप' का छोटा रूप।

Milch - मिल्श् - *adj.* giving milk. दूध देनेवाली; **Milch cow** (milk-yielding cow.) दुधार गाय।

Mild - माइल्ड् - *adj.* gentle, placid, moderate, not strong, tame, feeble. कोमल, मृदु, दयालु, सुकुमार; **Mildly** (- लि) - *adv.* in a mild manner. कोमलता से; **Mildness** (- नेंस्) *-n.* gentleness, softness. दयालुता, कोमलता।

Mildew - मिल्' - ड्यू - *n.* a destructive growth on plants &c. वृक्षों का एक रोग, गेरुई; *-v. t. & i.* to taint or to be affected by mildew. ऐसा रोग लगना; **Mildewy** (- इ) *-adj.* resembling mildew. ऐसे रोग का।

Mile - माइल् - *n.* a lineal measure of 1760 yards. मील, आधा कोस।

Mileage - माइल्' - ऍज् - *n.* distance travelled, expenses per mile. चली हुई दूरी, प्रति मील खर्च।

Milestone - माइल्' - स्टोन् - *n.* stone which is fixed to mark miles. सड़क पर लगा हुआ मील सूचित करने का पत्थर।

Milfoil - मिल्' - फ़ॉइल् - *n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Milinite - मिल्' - इ - नाइट् - *n.* high explosive. एक प्रकार की तेज बारूद।

Militancy - मिलि' - टॉन्सि - *n.* militarism. लड़ाकापन।

Militant - मिलि' - टॉन्ट् - *adj.* engaged in warfare. युद्ध में लगा हुआ।

Militantly - मिलि'-टॉन्ट्-लि - *adv.* in a militant manner. युद्धरत अवस्था में।

Militarism - मिलि'-टॉर-इज़्म् - *n.* an excess of military spirit, military government. सैनिक प्रवृत्ति, सैनिक शासन।

Militarist - मिलि'-टॉर-इस्ट् - *n.* student of war-like policy. सैनिक, युद्ध-विद्या का अध्ययन करनेवाला।

Militarize - मिलि'-टॉर-आइज़् - *v. t.* to make one of military spirit. (किसी को) सैनिक प्रवृत्ति का बनाना।

Military - मिलि'-टरि - *adj.* befitting soldiers, martial. संग्रामिक, युद्ध-सम्बन्धी, फ़ौजी; *-n.* the army, soldiery. सेना, फ़ौज; **Military army** (army left to hold an occupied region till the setting of a regular government.) व्यवस्थित राज्य स्थापित होने तक जीते हुए देश में छोड़ी गई सेना; **Military caste** (martial race.) सैनिक जाति; **Military duty** (duty of a soldier.) सैनिक कर्तव्य; **Military man** (a soldier.) सैनिक, योद्धा; **Military objective** (the point towards which advance of a troop is aimed at.) वह निर्धारित केन्द्र जिस ओर सेना शत्रु का विध्वंस करने के लिये बढ़ाई जाती है; **Military occupation** (taking possession of a country by military force.) सेना की सहायता से किसी देश पर अधिकार; **Military preparations** (preparations of war.) युद्ध की तैयारी **Military profession** (the profession of a warrior.) सैनिक का व्यवसाय; **Military science** (the science of war.) युद्धशास्त्र।

Militate - मिलि'-टेट् - *v. i.* to fight in war. युद्ध में भाग लेना या लड़ना।

Militia - मिल्' - एशिया - *n.* body of men enrolled and drilled as soldiers. देशरक्षक सेना, रक्षक योद्धा; **Militiaman** (soldier of a militia.) देश रक्षक सेना का सिपाही।

Milk - मिल्क् - *n.* a white fluid secreted by female mammals for nourishing their young ones. दूध; *-v. t.* to draw milk from cow &c. दूध दुहना ; **Coagulated milk** (curd.) दही; **Milk and Honey** (abundant means of enjoyments.) सुख के प्रचुर साधन; **Milker** (- अर्) *-n.* a man who milks. दूध दुहनेवाला; **Milk-livered** (cowardly.) कायर; **Milkmaid** (a woman who milks, a dairy-maid.) अहीरिन; **Milkman** (one who sells milk.) अहीर, दूधवाला; **Milk of human kindness** (goodness of heart.) प्राकृतिक दयालुता; **Milk pan** (a pot for keeping milk.) दूध रखने का पात्र; **Milk-porridge** (meal baked with milk.) दूध का हलुआ; **Milksop** (a piece of bread soaked in milk, a feeble-minded person.) दूध में भिगोई रोटी का टुकड़ा, दुर्बल मन का मनुष्य; **To milk the ram** (to do useless work.) निष्प्रयोजन कार्य करना।

Milkiness - मिल्क्' - इ - नेंस् - *n.* softness. दूधियापन, मृदुता, कोमलता।

Milky - मिल्कि - *adj.* of or like milk. दूध का बना हुआ, दुधिया; **Milky way** (the galaxy, a luminous band of heavenly stars.) आकाश गङ्गा, असंख्य तारों की चमकती हुई पंक्ति।

Mill - मिल् - *n.* an apparatus for grinding, fitted with machinery, a manufactory. चक्की, जाँता, कारखाना; *-v. t.* (*p. t.* **Milled.**) to full as cloth, to grind, to stamp, to make raised edges of a coin. कपड़े में माँड़ी लगाना, चक्की में पीसना, ठप्पा करना, सिक्के के किनारे पर धारी बनाना; **Mill-board** (board for book binding.) कागज़ की मज़बूत दफ्ती; **Mill-bomb** (a kind of bomb shell.) एक प्रकार का बम; **Mill-hand** (a factory worker.) शिल्प-शाला का कर्मचारी; **Millstone** (a stone used for grinding grain.) चक्की का पाट; **Millwright** (one who constructs a mill.) चक्की या कारखाना बनानेवाला।

Millenarian - मिल्-इन्'-ए-रि-अन्, **Millenial** (- अल्) - *adjs.* of the age of a thousand years. हजार वर्ष का; **Millenary** (- इन् - अरि) *-n.* a thousand years, a thousandth anniversary. हजार वर्ष, सहस्त्र वर्षी जन्म गाँठ।

Millennium - मिल्'-लेन्-नि-अम् - *n.* a period of a thousand years. एक हजार वर्ष का काल।

Millepede - मिल्' - लि - पीड् - *n.* an insect with numerous legs. अनेक पैरों का कीड़ा, गोजर।

Miller - मिल् - लर् - *n.* the owner of a mill. चक्की या कारखाने का मालिक।

Millesimal - मिल्'-एस्-इम्-अल् - *adj. & n.* a thousandth (part). हजारवाँ (भाग)।

Millet - मिल्' -लेंट् - *n.* an indian plant which bears grains. जोंधरी, बाजरा, जुआर।

Milliner - मिल्'-लिन्-अर् - *n.* one who makes up women's hats. मेमों की टोपी बनानेवाला; **Millinery** (- इ) -*n.* articles made and sold by a milliner. मेमो की टोपी या इनकी पोशाक।

Million - मिल्'-लि-अन् - *n.* a thousand thousands. दस लाख; **Millionfold** (- फोल्ड्)-*adj.* a million times. दस लाख गुना; **Millionth** (- थ्) - *adj.* one of a million parts. दस लाखवाँ।

Millionaire - मिल्'-लि-अन्-एअर् - *n.* a very rich person. लक्षाधीश, लखपति।

Milt - मिल्ट् - *n.* an organ like spleen in fishes. मछली का पित्ता।

Milter - मिल्ट्' - अर् - *n.* (*fem.* **Spawner**) a male fish. मच्छ।

Miltonic, Miltonican - मिल् - टॅन्' - इक्, (- अन्) - *adjs.* of the style of Milton. इङ्गलैंड के प्रसिद्ध कवि मिल्टन की कविता के सदृश।

Mimeograph - मिम् - इ - ओ - ग्राफ् - *n.* duplicating machine that makes copies of written material from a stencil. प्रतिलिपि करने का यन्त्र जो लिखित सामग्री का कटे हुए अक्षर की सहायता से बनाता है।

Mimesis - माइ' - मी - सिस् - *n.* imitation of the voice or gestures of another person. किसी मनुष्य की आकृति या शब्द का अनुकरण।

Mimetic - माइ' - मेटॅ-इक् - *adj.* imitative. अनुकरण करनेवाली; **Mimetically** (- अलि) -*adv.* in an imitative manner. अनुकरण रूप में।

Mimic - मिमिक् - *n. & adj.* one who is apt to imitate, a buffoon. अनुकरण करनेवाला; हँसानेवाला, भाँड़, बहुरूपिया; -*v. t.* to imitate like a fool. अनुकरण करना, विडम्बना करना।

Mimicry - मिमिक्'-रि - *n.* a ludicrous imitation. उपहास-सहित अनुकरण, विडम्बना, स्वाँग, भँड़ई।

Mimosa - मिम्'-ओज़ा - *n.* a sensitive plant. लजाधुर या छूई मूई का पौधा।

Minacious - मि' - नें - शस् - *adj.* threatening. डराने वाला; **Minaciously** (- लि) -*adv.* in a threatening manner. डराते हुए।

Minaret - मिन्' - ऑ - रेंट् - *n.* a mosque tower. मसजिद की मीनार, धरहरा।


Minaret.

Minatory - मिन्' - ऑ - टरि - *adj.* threatening. भय उत्पन्न करनेवाला।

Mince - मिन्स् - *v. t.* to cut or chop into small pieces, to speak in an affected manner. छोटे-छोटे टुकड़े या बोटी-बोटी करना (कतरना), बनाकर बोलना; -*n.* minced meat. टुकड़ा किया हुआ मांस; **To mince matters** (to minimize the unpleasantness of things.) विषय खंडित करना (स्पष्ट रूप से न कहना); **Mincingly** (- इङ्ग् - लि) -*adv.* in a mincing manner. भिन्न गति से, भिन्न स्वर से।

Mind - माइन्ड् - *n.* memory, thought, intellect, commemoration, disposition, opinion, purpose. स्मरण शक्ति, विचार, बुद्धि, अभिप्राय, स्मृति-उत्सव, मन, मत, लक्ष्य, ध्येय; - *v. t. & i.* to give heed to, to attend, to take care of, to remember, to mark. चित्त लगाना, ध्यान देना, यत्न करना, याद करना, लक्ष्य रखना; **According to one's mind** (according to one's desire.) इच्छानुसार; **Mind your own business** (leave other people alone.) अपना काम देखो; **Mind's eye** (mental view.) मानसिक विचार; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं; **Of low mind** (mean.) नीच बुद्धि का; **To be of one mind** (to be of one opinion, to agree.) एक राय होना; **To call to mind** (to remember.) स्मरण करना; **To give mind to** (to be attentive to.) चित्त लगाना; **To go out of one's mind** (to forget.) भूल जाना; **To keep in mind** (to remember.) ध्यान में रखना; **To make up one's mind** (to resolve.) दृढ़ निश्चय करना; **To my mind** (to my thinking.) मेरे विचार में।

Minded - माइन्ड्ऍड् - *adj.* inclined. प्रवृत्त, लीन; **Worldly-minded** -*n.* (worldly wise.) संसारी, लौकिक, दुनियादार।

Mindful - माइन्ड्-फुल् - *adj.* attentive. सावधान, सचेत; **Mindfully** (- फु - लि) -*adv.* attentively. सावधानी से; **Mindfulness** (- नेंस्) -*n.* attentiveness, heedfulness. सावधानी।

Mine - माइन् - *poss. pron.* used after a noun. अपना, मेरा, यथा - this book is *mine,* friend of *mine.* इत्यादि।

Mine - माइन् - *n.* an excavation in the earth from which coal, salt, metals &c. are taken out, great source, a subterranean passage, subterranean gallery in which explosive is placed for being blown up. खान, सुरङ्ग, आकर, खाईं, सुरंग जो विस्फोटक पदार्थों से भरे हुए पात्र के रूप में होती है तथा पृथ्वी के नीचे रख दी जाती है और किसी पदार्थ के टकराने से फूट जाती है; -*v. t.* to dig a mine in the earth, to undermine. सुरङ्ग या खान खोदना, पता लगाना; **Mine barrage** (a group of mines.) शत्रु के जहाज़ों को नष्ट करने के लिये समुद्र में बिछाई हुई सुरंगों की पंक्ति; **Mine-field area** (area in which mines have been laid.) वह स्थान जहाँ सुरंगों की पंक्ति फैलायी जाती है; **Minelaying** (method of spreading mines.) सुरंगों को बिछाने की रीति; **Mine listening** (detection of the presence of mines & their distance etc. by means of sound.) ध्वनि की सहायता से सुरंगों की अस्तित्व, दूरी

इत्यादि का अनुसन्धान करनाँ **Mine sower** (an aircraft that drops mines into the sea.) ,समुद्र में सुरंगों को गिराने का वायुयान; **Mine sweeping** (removing the mines laid by an enemy.) शत्रु की बिछाई सुरंगों के जाल को हटाने का कार्य; **Miner** (-अर्) *-n.* one who works in a mine. खान में काम करनेवाला; **To lay mine** (to dig mines.) सुरङ्ग बनाना या खोदना।

Mineral - मिन्' - अर् - अल् - *n.* an inorganic substance. खनिज पदार्थ धातु; *-adj.* pertaining to minerals. धातु-सम्बन्धी; **Mineralization** (-आइज़् - ऐ' - शन्) *-n.* the act of mineralizing. धातु का रूप देने की क्रिया; **Mineralize** (- आइज़्) *-v. t.* to convert into a mineral. धातु के रूप में बदलना; **Mineralogical** (- ऑज् - इ - कल्) *-adj.* pertaining to menerals. धातु-सम्बन्धी; **Mineralogist** (-ऑ -ज़िस्ट्) *-n.* one versed in the study of minerals. खनिज विज्ञान, धातु विद्या में निपुण; **Mineralogy** (- ऑज़ि) *-n.* the study of minerals. धातुपरीक्षण शास्त्र, धातु विद्या; **Mineral water** (water impregnated with minerals.) धातु कण मिश्रित जल, सोडा वाटर इत्यादि।

Minerva - मिनर्वा *- n.* the goddess of Wisdom. सरस्वती, विद्या की देवी।

Mingle - मिङ्ग् - ल् - *v. t. & i.* to mix, to unite, to blend, to be united. संयुक्त होना (मिलना), आपस में मिलना, एकत्र होना; **Mingled** (- ड) *-adj.* mixed. मिश्रित; **Mingler** (- ग्लर्) *-n.* one who mingles. मिश्रण करनेवाला।

Mini - मि - नी - indicates something distinctly smaller. किसी वस्तु का छोटा आकार सूचक प्रत्यय।

Miniate - मिनि - एँट् - *v. t.* to paint with vermilion. सिन्दूर से रँगना।

Miniature - मिनिएँचर् - *n.* a small sized picture or portrait. सूक्ष्म आकार का चित्र; *-v. t.* to make a miniature picture. सूक्ष्म रूप का चित्र बनाना; **In miniature** (in a very small size.) सूक्ष्म रूप में; **Miniaturist** (- इस्ट्)*-n.* a painter of miniatures. छोटे-छोटे चित्र बनानेवाला।

Minify - मिनिफ़ाइ - *v. t.* (*p.t.* **Minified.**) to make small in size, to lessen in importance, to diminish. छोटा करना, न्यून करना, महत्त्व घटाना।

Minim - मिनिम् - *n.* a creature of the smallest size, the sixtieth part of a dram.अत्यल्प आकार का प्राणी, एक ड्राम का साठवाँ भाग (एक बूँद)।

Minimal - मिनिमल् - *adj.* extremely small. अति सूक्ष्म।

Minimalist - मिनिमलिस्ट् - *n.* one who is ready to accept the minimum salary. न्यूनतम वेतन स्वीकार करनेवाला मनुष्य।

Minimization - see **Minimize.**

Minimize - मिनि'-माइज़् - *v. t.* to reduce to the smallest amount or degree. छोटा से छोटा बनाना; **Minimization** (- ऐ - शन्) *-n.* the act of minimizing. अल्पीकरण, छोटा करने का कार्य।

Minimum - मिनि'-मम् - *n.* (*pl.* **Minima.**) the least quantity or amount. न्यूनतम परिमाण या संख्या।

Minimus - मिनि'-मस् - *n.* the youngest of the same name. एक ही नाम के अनेक विद्यार्थियों में सबसे छोटा।

Minion - मिन'-इअन् - *n.* a favourite, a servant, a small printing type. प्रिय (प्यारा), भृत्य, छोटा टाइप।

Minister - मिन्'-इस-टर् - *n.* (*fem.* **Ministress**) a person administering state affairs, political agent, a clergyman. मन्त्री (अधिकारी), राजदूत, पुरोहित; *-v. i & t.* to afford supplies, to render help, to contribute, to perform. पूर्ति करना, सहायता देना, चन्दा या दान देना, प्रबन्ध करना; **Prime Minister** (the chief minister of a nation.) प्रधान मन्त्री।

Ministerial - मिन्'-इस्-टर-इ-अल् - *adj.* pertaining to a minister, official. मन्त्री-सम्बन्धी, लिपिक वर्गीय, राजकीय; **Ministerially** (- लि) *-adv.* in a ministerial manner. मन्त्री के ढंग से या रूप में।

Ministration - मिन्'-इस्-ट्रे-शन् - *n.* ministering of matters. कार्य सम्पादन, कर्त्तव्य कर्म साधन।

Ministrative - मिन्-इस-ट्रे'-टिव् - *adj.* ministering. प्रबन्ध करनेवाला।

Ministress - मिन्'-इस-ट्रेस - *n. fem.* a woman who ministers. प्रबन्धकर्त्री।

Ministry - मिन्'-इस-ट्रि - *n.* (*pl.* **Ministries**) agency, body of ministers. मन्त्रित्व, मन्त्रिगण, मन्त्रिमण्डल।

Mink - मिङ्क् - *n.* a kind of furred animal. एक प्रकार का ऊदबिलाव।

Minnow - मिन्' - नो - *n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली।

Minor - माइ'-नर् - *adj. & n.* lesser, unimportant, of under age. छोटा, अमुख्य, अल्पवयस्क, नाबालिग; **Minor consideration** (unimportant consideration.) क्षुद्र या महत्त्वहीन विचार।

Minority - माइ-नॉर'-इटि - *n.* (*pl.* **Minorities.**) of under age, of small party. अल्पवयस्कता, अल्प पक्ष या संख्या।

Minotaur - मिन्ओ'-टार् - *n.* a fabled monster half man and half bull. नरवृषभ, एक कल्पित प्राणी जो आधा मनुष्य तथा आधा बैल हो।

Minster - मिन्'-स्टर् - *n.* a cathedral, a large church. बड़ा गिरजाघर।

Minstrel - मिन्'-स्ट्रल् - *n.* a singer or musician. गवैया, बन्दी, भाट; **Celestial minstrel** (heavenly muse.) गन्धर्व; **Minstrelsy** (-सि) *-n.* the occupation of a minstrel, a collection of songs. गन्धर्ववृत्ति, गायन संग्रह।

Mint - मिन्ट् - *n.* the place where money is coined, an aromatic plant. टकसाल, रुपया बनाने का कारखाना, पुदीना; *-v. t.* to make coins, to imagine. सिक्का ढालना, अनुमान करना।

Mintage - मिन्ट् - एज्' - *n.* that which is coined.

मुद्रित द्रव्य या सिक्का।

Minuet - मिन्' - यू - ऍट्' - *n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Minus - माइ' - नस् - *n.* deduction, the sign of subtraction. (–) कमी, न्यूनता, घटाव, ऋण का चिह्न (–)।

Minute - मिन्'-इट् - *n.* the sixtieth part of an hour, the sixtieth part of a degree, instant, memorandum. मिनट, एक डिग्री (अंश) का साठवाँ भाग, क्षण, स्मरणार्थ लेख; -*v. t.* to draft. स्मरणार्थ लिखना; **Minutes** (- स्) -*n. pl.* a short summary of the proceedings of a committee, assembly &c. किसी सभा की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण; **Minute-book** (the book in which proceeding of a meeting are recorded.) सभा की कार्यवाही के विवरण की पुस्तक; **Minutehand** (the long hand of a clock or watch.) घड़ी की बड़ी सुई; **Minutely** (- लि) -*adj.* happening once a minute. मिनट में एक बार होनेवाला।

Minute - माइ - न्यूट्' - *adj.* very small, trifling, exact, accurate. सूक्ष्म, क्षुद्र, ब्योरेवार; **Minutely** (- लि) -*adv.* in a minute manner. सूक्ष्म विचार से; **Minuteness** (- नेंस्) -*n.* extreme smallness. सूक्ष्मता, छोटापन।

Minutia - मि - न्यू' - शि - आ - *n.* (*pl.* **Minutiae** - ई) precise detail. सूक्ष्म विवेचन या विचार।

Minx - मिङ्क्स् - *n.* a pert girl, a firt. ढीठ लड़की, अविनीत स्त्री।

Miotic - माइ - ओ - टिक् - *n.* a medicine that causes contraction of the pupil of the eye. पुतली संकोचन औषधि।

Miracle - मिर्-ऑक्ल् - *n.* a supernatural event, a remarkable occurrence, a wonder. अद्भुत कार्य, चमत्कार, आश्चर्य; **To a miracle** (surprisingly well.) आश्चर्यरूप में, सुन्दरता से किया हुआ।

Miraculous - मिर् - ऑक्' - यु - लस् - *adj.* supernatural, wonderful extraordinaly. अद्भुत, चमत्कारी; **Miraculously** (- लि) -*adv.* by a miracle. दिव्य शक्ति से; **Miraculousness** (- नेंस्)-*n.* the state of being miraculous. अद्भुतता, अलौकिकता।

Mirage - मि' - राज़् - *n.* an illusive atmosphereic appearance of water in a sandy desert. मृगतृष्ण, मरुस्थल में जल का आभास।

Mire - मायर् - *n.* swamp, deep mud-bog. कीचड़, दलदल (चहला); **Miry** (- इ) -*adj.* boggy कीचड़-युक्त, गँदला; **To get into the mire.** (to fall into difficulty.) कठिनाई में पड़ जाना।

Mirk - मर्क - *adj.* dark, gloomy. अँधेरा; -*n.* gloom. अन्धकार।

Mirror - मिर'-रर् - *n.* a looking glass. दर्पण, आइना; -*v. t.* to reflect as in a mirror. दर्पण में प्रतिबिम्बित होना।

Mirth - मर्थ् - *n.* merriment, glee, gladness. आनन्द, प्रमोद (हँसी)।

Mirthful - मर्थ्' - फुल् - *adj.* joyial. आनन्दित; **Mirthfulness** (- नेंस्) -*n.* mirth. आनन्द; **Mirthfully** (- लि) -*adv.* in a merry manner. आनन्द से।

Mirthless - मर्थ्' -लेंस् - *adj.* without mirth. आनन्दरहित; **Mirthlessly** (- लि) -*adv.* in a mirthless manner. बिना आनन्द के।

Mis - मिस् - *pref.* in sense of 'badly' 'wrongly'. 'बुरी तरह से', 'अशुद्धता से' अर्थ का उपसर्ग।

Misadventure - मिस्-ऑड्-वेन'-चर् - *n.* misfortune, mischance. अभाग्य, दुर्गति; **Misadventurous** (- अस्) -*adj.* disastrous. दुर्गतियुक्त, अभाग्यपूर्ण।

Misadvised - मिस्' - ऑड् - वाइज़्ड् - *adj.* illdirected. बुरी सलाह पाया हुआ, असदुपदिष्ट।

Misalliance - मिस्'-ऑल्'-यन्स् - *n.* an improper marriage. अयोग्य वैवाहिक सम्बन्ध।

Misanthrope - मिस्' - ऑन् - थ्रोप् - *n.* a hater of mankind. मनुष्यद्रोही, विश्ववैरी, लोकशत्रु; **Misanthropic** (- थ्रॉप्' - इक्), **Misanthropical** (- इक् - अल्) -*adjs.* hating mankind. नरद्रोही; **Misanthropist** (- थ्रॉपिस्ट्) -*n.* a hater of mankind. विश्वशत्रु।

Misapplication - मिस्' - ऑप्-प्लि-के'-शन् - *n.* a wrong application. कुप्रयोग, बुरा प्रयोग।

Misapply - मिस्' - ऑप्लाइ - *v. t.* (*p. t.* **Misapplied.**) to apply wrongly. मिथ्या प्रयोग करना, अनुचित कार्य में लगाना।

Misapprehend - मिस् - ऑप् - प्रि - हेन्ड् - *v. t.* to misunderstand. मिथ्या ग्रहण करना, उलटा समझना।

Misapprehension - मिस्' - ऑप् - प्रि - हेन्'- शन् - *n.* misconception. मिथ्या-ग्रहण, भ्रम।

Misapprehensive - मिस्'- ऑप् - प्रि - हेन्'- सिव् - *adj.* misconceiving भ्रमपूर्ण; **Mis-apprehensiveness** (- नेंस्) -*n.* misconception. विभ्रमता।

Misappropriate - मिस्' - ऑप् - प्रो' - प्रि - एंट् - *v. t.* to put to wrong use, to take dishonestly. दुरुपयोग करना, दूसरे का माल खा जाना; **Misappropriation** (- एं - शन्) -*n.* a wrong or dishonest use. दुरुपयोग, गबन।

Misarrange - मिस्' - अरेन्ज् - *v. t.* to arrange in a wrong order. व्यतिक्रम से रखना, बेसिलसिले रखना; **Misarrangement** (- मेंन्ट्) -*n.* bad arrangement. व्यतिक्रम, बुरा प्रबन्ध।

Misascribe - मिस्' - ऑस् - क्राइब्' - *v. t.* to ascribe wrongly. मिथ्यारोपण करना।

Misbecome - मिस्' - बिकम्' - *v. t.* to be unbecoming. अयोग्य (अनुपयुक्त) होना।

Misbegotten - मिस् - बि - गॉट् - टेन् - *adj.* illbegotten, bastard. जारज, दोगला।

Misbehave - मिस् - बि - हेव्' - *v. t.* to behave in an improper way. अयुक्त आचरण करना, दुराचार करना।

Misbehaviour - मिस् - बि - हें वि' - यर् - *n.* improper behaviour, misconduct. दुष्ट वृत्ति, दुराचार।

Misbelief - मिस् - बि - लीफ्' - *n.* a false or erronecus belief. मिथ्या विश्वास।

Misbelieve - मिस् - बि - लीव्' - *v. t.* to hold a wrong religious belief, to have a false opinion. मिथ्या

विश्वास करना, अधर्म मानना; मिथ्या **Misbeliever** (- अर्) *-n.* one who falsey believes. मिथ्या विश्वास करनेवाला।

Misbelieving - मिस् - वि - लीव्' - इङ्ग् - *n.* a false belief. मिथ्या विश्वास।

Miscalculate - मिस् - कॉल्' - क्यू - लेंट् - *v. t.* to calculate wrongly. मिथ्या गणना, करना; **Miscalculation** (- लें - शन्)*-n.* wrong calculation. मिथ्य गणना।

Miscall - मिस् - कॉल्' - *v. t.* to call by a wrong name. झूठे नाम से पुकारना।

Miscarriage - मिस् - कॅर' - रेज् - *n.* misbehaviour, mismanagement, premature birth, abortion, failure. असदाचरण, कुप्रबन्ध, अकाल प्रसव, गर्भपात।

Miscarry - मिस् - कॅ - रि - *v. i.* (*p.t.* **Miscarried.**) to be unsuccessful, to deliver a child prematurely. विफल होना, अकाल प्रसव करना।

Miscasting - मिस् - कास्ट' - इङ्ग् - *n.* a wrong addition. अशुद्ध योग-करण।

Miscellanea - मिस् - सेल् - ले - इ - आ - *n. pl.* literary jumbling. अनेक वस्तुओं का संग्रह, अनेक विषयों की खिचड़ी।

Miscellaneous - मिस् - एल् - ए' - नि - अस् - *adj.* of mixed character, of several kinds, mingled. मिश्रित ढंग का, अनेक जाति, पँचमेल; **Miscallaneously** (- लि) *-adv.* with mixed character. मिश्रण युक्त, मिलावट सहित; Miscallaneousness (- नेंस्) - *n.* mixture. मिलावट।

Miscellany - मिस्-सेल्-एनि - *n.* a mixture, a collection of different subjects in one volume. मिश्रण, नाना विषय संग्रह।

Mischance - मिस् - चान्स्' - *n.* bad luck, misfortune. दुर्भाग्य, अभाग्य।

Mischief - मिस्' - चिफ़् - *n.* (*pl.* **Mischiefs.**) harm, injury, damage, distress, evil. अपकार, अनिष्ट, हानि, क्षति, संकट, बुराई; **Mischief-maker** (one who sets people to a quarrel.) दुर्जन, उपद्रवी; **Mischief-making** (exciting enmity.) शत्रुता उत्पन्न करना; **To make mischief** (to create discord.) विवाद या विरोध उत्पन्न करना।

Mischievous - मिस्' - चिव् - अस् - *adj.* inclined to mischief. अपकारी, दुष्ट, उपद्रवी; **Mischievously** (- लि) *-adv.* with evil intentions. दुष्ट बुद्धि से; **Mischievousness** (- नेंस्) *-n.* harmfulness. अपकारशीलता, दुष्ट-बुद्धि।

Miscibility - see **Miscible.**

Miscible - मिस' - इबल् - *adj.* able to be mixed. मिलाने योग्य; **Miscibility** (- बिल - इ - टि) - *n.* the state of being mixed. मिलावट।

Miscite - मिस् - साइट्' - *v. t.* to quote erroneously or wrongly. मिथ्या उद्धरण देना।

Misclaim - मिस् - क्लेमें' - *n.* a mistaken claim. अनुचित अधिकार।

Miscompute - मिस्' - कॉम् - प्यूट् - *v. t.* to reckon wrongly. मिथ्या गणना करना।

Misconceive - मिस्'-कॉन्-सीव् - *v. i. & t.* to have a wrong notion of, to misunderstand. मिथ्या विचार करना, उलटा समझना।

Misconception - मिस्'-कॉन्-सेप्'-शन् - *n.* misapprehension. मिथ्या बुद्धि, भ्रम।

Misconduct - मिस्-कॉन्'-डक्ट् - *n.* improper conduct, ill-behaviour. दुराचार, अभद्रता; *-v. t.* (- डक्ट्') - to conduct badly. बुरा आचरण करना।

Misconjecture - मिस्'-कॉन्-जेक्-चर् - *n.* a wrong guess or conjecture. मिथ्या तर्क, झूठा अनुमान; *-v.t.* to make a wrong guess. मिथ्या अनुमान करना।

Misconstruction - मिस्'-कॉन्-स्ट्रक'-शन् - *n.* a wrong interpretation of words. शब्दों का विपरीत बोध।

Misconstrue - मिस् - कॉन् - स्ट्रू - *v. t.* to make a mistake to interpret wrongly. भूल करना, अशुद्ध अर्थ करना, अर्थ ठीक न लगाना।

Miscounsel - मिस् - काउन्' - सैल् - *v. t.* to advise wrongly. बुरी सलाह देना।

Miscount - मिस् - काउन्ट्' - *v. t.* to count wrongly. अशुद्ध गिनती करना।

Miscreant - मिस्' - क्रि - एन्ट् - *n. & adj.* a vile, wretch, an infidel, depraved. दुरात्मा, दुष्ट, पापी, नास्तिक, कुकर्मी।

Miscreated - मिस् - क्रि - एट्' - एँड् - *adj.* improperly formed, mis-shapen. कु-गठित; **Miscreation** (- एं - शन्) *-n.* unnatural creation. अप्राकृतिक उत्पत्ति या रचना।

Misdate - मिस् - डेट्' - *v. t.* to date wrongly. अशुद्ध तिथि (तारीख) डालना।

Misdeal - मिस् - डील्' - *v. t.* (*p. t.* **Misdealt.**) to make a mistake in dealing cards. ताश बाँटने में गलती करना।

Misdeed - मिस् - डीड' - *n.* an evil deed, a crime. कुकर्म, दुराचार, पाप।

Misdeem - मिस्' - डीम् - *v. t. & i.* to have a wrong opinion, to judge wrongly. अशुद्ध विचार करना, झूठा अनुमान करना।

Misdemean - मिस्' - डि - मीन्' - *v. t.* to behave badly. बुरा व्यवहार करना।

Misdemeanant - मिस्' - डि - मेंन् - एन्ट् - *n.* a person guilty of misconduct. दुर्व्यवहार करने का अपराधी।

Misdemeanour - मिस्'-डि-मेंन-अर् - *n.* offence, evil conduct. दुष्कर्म, अपराध, दुराचार।

Misdirect - मिस्' - डि - रेक्ट्' - *v. t.* to direct in a wrong way. बुरा मार्ग दिखलाना, अशुद्ध पता देना; **Misdirection** (- डि-रेक्-शन्)- *n.* wrong direction. मिथ्या अथवा अशुद्ध उपदेश।

Misdo - मिस् - डू' - *v. t.* (*p. t.* **Misdid,** *p.p.* **Misdone.**) to commit a crime. अपराध करना। **misdoing** (- इङ्ग्) *-n.* a wrong deed, a fault. दुराचार, कुकर्म; **Misdoer** (- अर्) *-n.* one who does wrong. पापात्मा, दुष्ट।

Misdoubt - मिस् - डाउट्' - *v. t.* to suspect. शंका करना, सन्देह करना; *-n.* suspicion, irresolution. आशङ्का, सन्देह।

Misemploy - मिस् - ऍम् - प्लॉय्' - *v. t.* to employ in a wrong manner or for a wrong pupose. अशुद्ध रूप से प्रयोग करना; **Misemployment** (- मॅन्ट्) *-n.* an act of misemploying. दुरुपयोग।

Miser - माइ' - ज़र् - *n.* a greedy person. लोभी व्यक्ति, कृपण, कंजूस।

Miserable - मिज़्'-अर्-एबल् - *adj.* unhappy, wretched despicable, worthless contemptible. दुःखी अभागा, तुच्छ, घृणास्पद; **Miserably** (-ऍब् - लि) *-adv.* wretchedly. अभाग्य से।

Miserliness - मॉइज्' - अर् - लि - नॅस् - *n.*the state of being miserly. कृपणता, कंजूसी।

Miserly - मॉइज्' - अर् - लि - *adj.* greedy, close-fisted, like a miser. लालची, कृपण, कंजूस के सदृश।

Misery - मिज़्'-अर्-इ - *n.* (*pl.* **Miseries**) wretchedness, calamity. दुर्गति (दुःख, कष्ट), अभाग्य।

Misfire - मिस् - फ़ायर्' - *v. i.* to fail to ignite. आग न पकड़ना; - *n.* failure to explode. (बन्दूक इत्यादि का) न दगना।

Misfit - मिस् - फ़िट्' - *n.* a garment not fitting the person for whom it is made. बने हुए वस्त्र का शरीर पर ठीक न बैठना; *-v. t.* (*p.t.* **Misfitted.**) to make a garment of a wrong size, to supply with something that does not fit. गलत नाप का वस्त्र बनाना, ठीक न बैठनेवाली वस्तु से पूर्ति करना।

Misform - मिस् - फॉर्म्' - *v. t.* to put into a bad shape. कुरूप बनाना; **Misformation** (- एं' - शन्)-*n.* bad formation. बुरी रचना या बनावट।

Misfortune - मिस् - फ़ॉर्' - चून् - *n.* ill fortune, bad luck, mishap. अभाग्य, दुर्गति; **Misfortunes never come singly** (calamities attack in heaps.) आपत्तियाँ अकेले कभी नहीं आती हैं, गरीबी में आटा गीला।

Misgive - मिस् - गिव्' - *v. t. & i.* (*p.t.* **Misgave,** *p.p.* **Misgiven.**) to feel mistrust, to fill with doubt. सन्देह करना। (अविश्वास करना), धोखा देना।

Misgiving - मिस् - गिव्' - इङ्ग् - *n.* disbelief, mistrust. अविश्वास, सन्देह।

Misgovern - मिस् - गव्' - अर्न् - *v. t.* to govern or manage badly. अन्यायपूर्वक राज्य करना; **Misgovernment** (- मॅन्ट्) *-n.* disorder, bad government. बुरा शासन।

Misguide - मिस् - गाइड्' - *v. t.* to mislead, to lead into an error. कुपथ में ले जाना, बहकाना; **Misguided** (- ऍड्) *-adj.* led astray. मार्गभ्रष्ट, कुमार्ग में ले जाया गया; **Misguidedly** (- ऍड् - लि) *-adv.* in a misguided manner. कुमार्ग में।

Mishandle - मिस् - हॅन्ड्ल् - *v. t.* to handle roughly, to ill treat. रूक्षता से व्यवहार करा, बुरा व्यवहार करना।

Mishap - मिस् -हॅप्' - *n.* an unlucky chance or accident, misfortune. अभाग्य, आपत्ति, दुर्दैव।

Mishappen - मिस्' - हॅप्' - एन् - *v. t.* to happen ill. बुरा होना।

Mishear - मिस् - हीअर्' - *v. t.* (*p. t.* **Misheard.**) to hear wrongly. ठीक-ठीक (पूरी तरह से) न सुनना।

Mishmash - मिश्' - मॉश् - *n.* confusion, medley. गड़बड़ी, उपद्रव।

Misinfer - मिस्' - इन् - फ़र्' - *v. t.* to draw a wrong inference. असत्य अनुमान करना।

Misinform - मिस्' - इन् - फ़ॉर्म्' - *v. t.* to give wrong information. झूठा समाचार देना; **Misinformation** (- ए' - शन्) *-n.* a wrong information. झूठा समाचार, झूठी खबर।

Misinterpret - मिस् - इन् - टर्' - प्रेट् - *v. t.* to interpret in a wrong manner. झूठा अर्थ लगाना; **Misinterpretaion** (- ए' - शन्) *-n.* wrong interpretation. अशुद्ध अर्थ, अनुमान।

Misjudge - मिस् - जज्' - *v. t. & i.* to judge wrongly or erroneously, to have a wrong opinion of. अन्याय करना, मिथ्या विचार करना।

Mislay - मिस् -ले' - *v. t.* (*p. t.* **Mislaid**) to put something in a wrong place. किसी वस्तु को बे ठेकाने रखना।

Mislead - मिस् - लीड्'- *v. t.* (*p. t.* **Misled.**) to lead astray, to cause to go wrong, to deceive. कुमार्ग में ले जाना, धोखा देना, बहकाना।

Mislike - मिस् - लाइक्' - *v. t.* to dislike. अप्रिय होना, अच्छा न लगना।

Mismanage - मिस् -मॉन्' - ऍज् - *v. t.* to manage badly, to conduct badly. बुरा प्रबन्ध करना, अशुद्ध व्यवहार करना; **Mismanagement** (- मॅन्ट्) *-n.* bad management. अव्यवस्था, कुप्रबन्ध।

Misname - मिस् - नेम्' - *v. t.* to call by a wrong name. मिथ्या नाम (दूसरे नाम) से पुकारना।

Misnomer - मिस् - नो' - मर् - *n.* a wrong use of a name or term. मिथ्या नाम या संज्ञा का प्रयोग।

Misogamist - मिस्-ऑग्'-ऑम्-इस्ट् - *n.* a hater of marriage. विवाह का द्वेष करनेवाला।

Misogamy - मिस्-ऑग्'-आ-मि - *n.* hatred of marriage. विवाह-निन्दा, विवाह करने से द्वेष।

Misogynist - मिस-ऑज्'-इन-इस्ट् - *n.* a hater of women. स्त्री जाति से द्वेष करनेवाला।

Misplace - मिस् - प्लेस्' - *v. t.* to put in a wrong place. अस्थान (कुठौर) में रखना; **Misplacement** (- मॅन्ट्) *-n.* the act of misplacing. बे ठेकाने स्थापन।

Misplead - मिस् - प्लीड्' - *v. t.* to make an error in pleading. बहस में अशुद्धि करना।

Misprint - मिस् - प्रिन्ट्' - *n.* a mistake in printing. छापने की अशुद्धि; *-v. t.* to make a mistake in printing. छापने में अशुद्धि करना।

Misprise - मिस् - प्राइज़्' - *v. t.* to make a mistake. अशुद्धि करना।

Misprize - मिस् - प्राइज़्' - *v.t.* to undervalue, to scorn, to slight. मूल्य कम आँकना, घृणा करना, नीचा समझना।

Mispronounce - मिस् - प्रो - नाउन्स्' - *v. t.* to pronounce worngly. अशुद्ध उच्चारण करना।

Mispronunciation - मिस्'-प्रो-नन्'-सि-ए'-शन् - *n.* wrong pronunciation. अशुद्ध उच्चारण।

Misquotation - मिस् - को-टे'- शन् - *n.* a wrong quotation. अशुद्ध उद्धरण।

Misquote - मिस् - क्वोट्' - *v. t.* to quote wrongly. अशुद्ध उद्धरण देना।

Misread - मिस् - रीड्' - *v. t.* (*p.t.* **Misread.** मिस् - रेंड्)- to read something wrongly. अशुद्ध पढ़ना।

Misreckon - मिस् - रेंक्' - ऑन् - *v. t.* to reckon wrongly. अशुद्ध गणना करना।

Misrelate - मिस्' - रि - लेंट्' - *v. t.* to relate wrongly. अशुद्ध वर्णन करना।

Misrelation - मिस्'-रि-ले-शन् - *n.* a wrong relation अशुद्ध वर्णन।

Misremember - मिस्'-रि-मेम्'-बर् - *v. t.* to make a mistake in remebering. स्मरण करने में भूल करना।

Misreport - मिस्'-रि-पोर्ट - *v. t.* to report erroneously. मिथ्या समाचार देना; *-n.* an erroneous report. झूठा संवाद।

Misrepresent - मिस् - रेप्'-रि-ज़ेन्ट् - *v. t.* to represent wrongly, to give a wrong account of. असत्य निवेदन करना, मिथ्या वर्णन करना; **Misrepresentation** (- एं' - शन्) *-n.* wrong representation. असत्य कथन, मिथ्या वर्णन।

Misrule - मिस् - रूल्' - *n.* bad government. कुशासन, बुरा राज्य; *-v. t.* to rule badly. बुरा शासन करना।

Miss - मिस् - *n.* an unmarried girl, lack, loss, failure to attain. कुमारी कन्या, कमी, क्षति, पाने में असफलता; *-v. t. & i.* to fail to hit or obtain, to feel the want of, to omit, to go without. निशाना चुकना, विफल होना, कमी अनुभव करना, छोड़ना, अभाव में रहना; **Missing** (- इङ्ग्) *-adj.* absent. अनुपस्थित, लुप्त; **To miss one's way** (to deviate from the right path.) रास्ता भूल जाना।

Missel - मि -सेंल् - *n.* a kind of thrush. एक प्रकार का भुजङ्गा पक्षी।

Mis-shapen - मिस् - शेंप्' - एन् - *adj.* deformed, ill shapen. कुरूप, भद्दा।

Missile - मिस्' - इल् - *n.* a weapon to be thrown, a machine. फेंककर मारने का अस्त्र, यन्त्र।

Mission - मिश्'-अन् - *n.* the act of sending forth, commission, errand, embassy. दूत-कर्म, प्रेरित जन-समुदाय, नियोग, नियुक्त व्यक्ति।

Missionary - मिश'-अन्-अर्-इ - *n. & adj.* a person sent to propagate religion, pertaining to a mission. धर्म प्रचार के निमित्त भेजा हुआ मनुष्य, धर्मार्थ कार्य सम्बन्धी।

Missis, Missus - मिसिज़् (- सस्) - *ns.* corrupt forms of mistress. मिस्ट्रेंस्' शब्द का अशुद्ध रूप, मालकिन।

Mis-spell - मिस् - स्पेंल्' - *v. t.* (*p. t.* **Mis-spelt.**) to spell wrongly. अशुद्ध अक्षर-विन्यास बतलाना, गलत हिज्जे करना; **Misspelling** (- लिङ्ग्) *-n.* wrong spelling. गलत हिज्जे, अशुद्ध वर्ण-विन्यास।

Mis-spend - मिस् - स्पेन्ड्' - *v. t.* to squander, to waste. अपव्यय करना, बुरी तरह से खर्च करना।

Mis-state - मिस् - स्टेंट्' - *v. t.* to state falsely. मिथ्या (अशुद्ध) वर्णन करना; **Misstatement** (- मेंन्ट्) *-n.* an incorrect statement. झूठा वर्णन।

Missy - मिसि - *n.* a pet name for 'Miss'. दुलारी, प्यारी बेटी।

Mist - मिस्ट् - *n.* rain in very fine drops, filmy appearance before eyes. कुहरा, आँखों के सामने धुन्ध; **Mistful** (- फुल्) *-adj.* full of mist. कुहरे से भरा हुआ; **Mistlike** (- लाइक्)*-adj.* like mist. कुहरे के समान; **Misty** (- इ) *-adj.* gloomy, obscure. अस्पष्ट, (धूमिल) धुँधला।

Mistakable - मिस् - टेकैं' - एबल् - *adj.* able to be mistaken. अशुद्ध होने योग्य।

Mistake - मिस् - टेंक्' - *n.* misconception, error, fault. भ्रम, प्रमाद, दोष, भूल; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Mistook,** *p.p.* **Mistaken.**) to misunderstand, to make error. अशुद्धि करना, भ्रम होना, सन्देह में पड़ना।

Mistaken - मिस् - टेंक्' - एन् - *adj.* wrong. भ्रान्त अशुद्ध; **Mistakenly** (- लि) - *adj.* erroneously. अशुद्धि से, भूल से; **Mistakenness** (- नेंस्) *-n.* error. अशुद्धि।

Mister - मिस्टर् - *n.* (*abbr.* **Mr.**) a title of courtesy prefixed to a man's name. महाशय।

Mistime - मिस् - टाइम्' - *v. t.* to do something out of time. कुसमय कोई व्यापार करना या बोलना।

Mistletoe - मिसिल्' - टो - *n.* parasitic plant growing on some fruit trees. तरुरोहिणी, बण्डा।

Mistranslate - मिस्' - ट्रॉन्स् - लेंट्' - *v. t.* to translate incorrectly. अशुद्ध अनुवाद करना; **Mistranslation** (- लें - शन्) *-n.* a wrong translation. अशुद्ध अनुवाद।

Mistress - मिस्' - ट्रेंस् - *n. fem.* (*mas.* **Mister.**) the female head of a household, a woman loved by, a concubine, the female teacher of a school. गृहिणी (स्वामिनी), प्रेमिका, रखनी, अध्यापिका (गुरुआइन)।

Mistrust - मिस् - ट्रस्ट्' - *v. t.* to suspect, to have no confidence in. अविश्वास करना, शंका करना; *-n.* want of trust or confidence. अविश्वास, सन्देह; **Mistrustful** (- फुल्) *-adj.* doubting. अविश्वासी; **Mistrustfully** (- फुल् - लि) *-adv.* with want of confidence. अविश्वास से; **Mistrustfulness** (- नेंस्) *-n.* want of trust. विश्वास का अभाव, आशंका, सन्देह।

Mistune - मिस् - ट्यून्' - *v. t.* to tune wrongly. बेसुरा बनाना।

Misturn - मिस् - टर्न्' - *v. t.* to pervert. उलट देना,

विपरीत करना।

Misunderstand - मिस्'-अन् - डर् - स्टॉन्ड्' - *v. t.* (*p. t.* **Misunderstood.**) to misinterpret, to be taken in a wrong sense. गलत या भूल समझना, मिथ्या जानना; **Misunderstanding** (- इङ्ग्)-*n.* misconception. मिथ्याबोध, भ्रम।

Misusage - मिस्-यूस'- एज़् - *n.* ill-usage. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण।

Misuse - मिस् - यूस्' - *n.* bad treatment, wrong use. दुर्व्यवहार, कुप्रयोग; -*v. t.* (-यूज़्') to treat badly, to misapply. अनुचित व्यवहार करना, बुरी तरह काम में लाना।

Mite - माइट् - *n.* a small insect, a small coin, anything very small. धुन, छोटा सिक्का, अल्पमात्रा।

Mithridate - मिथ्'-रि- डेट् - *n.* an antidote for poison. विषनाशक पदार्थ, जहरमोहरा; **Mithridatic** (-रि- डॉट्'-इक्) -*adj.* pertaining to mithridate विषहर; **Mithridatize** (-आइज़्) -*v. t.* to use antidote for poison. विषनाशक औषधि का प्रयोग करना।

Mitigable - मिट्'-इग्-एब्ल् - *adj.* able to be mitigated or appreased. शान्त करने योग्य।

Mitigant - मिट्'-इग्-एन्ट् - *adj.* softening. मृदु करनेवाला।

Mitigate - मिट्'-इग्-एट् - *v. t.* to soothe, to appease, to alleviate. शान्त करना, कम करना, धीमा करना।

Mitigation - मिट्'-इग्-ए'-शन् - *n.* abatement. शमन, शान्ति।

Mitigatory - मिट्'-इग्-एट्-अर्-इ - *adj.* one who abates. शान्त करनेवाला।

Mitral - माइ' - ट्रल् - *adj.* like a mitre. पादरी की टोपी के आकार का।

Mitre - माइ' - टर् - *n.* a bishop's cap. पादरी की टोपी; -*v. t.* to wear a mitre, to join an angle of 45^0 पादरी की टोपी पहिनना, कोनिया जोड़ना; **Mitred** (-टर्ड्) - *adj.* cut or joined. कटा या जुटा हुआ।

Mitten, Mitt - मिट्' - एन्, (मिट्) - *ns.* a kind of glove. एक प्रकार का दस्ताना (हाथ का मोजा); **Get the mitten** (dismiss a lover.) प्रेमी को त्यागना।

Mix - मिक्स् - *v. t. & i.* to put together, to mingle, to join or be mixed, to associate. मिलाना, मिलना, संयुक्त करना, एक करना, परस्पर संसर्ग करना; **Mixable** (- एँ - ब्ल्) -*adj.* able to be mixed. मिलने या मिलाने योग्य; **Mixed** (- ड्) -*adj.* mingled. संयुक्त, मिश्रित; **Mixedness** (- ड् - नेस्) -*n.* the state of being mixed. मेल, सम्बद्धता।

Mixture - मिक्स्' - चर् - *n.* a mixed mass, the act of mixing. अनेक द्रव्यों का समुदाय, मिश्रण, मिलाव, मिश्रीकरण।

Mizen, Mizzen - मिज़्'-एन् - *ns.* the lowest mast in a ship. जहाज़ में सबसे नीचे का मस्तूल।

Mizzle - मिज़्ल् - *n.* a fine shower. तुषारवर्षा, पानी की फूही।

Mnemonic - नि-मॉन्'-इक् - *adj.* designed to aid the memory. स्मृति सहायक, स्मरणशक्ति बढ़ानेवाली; **Mnemonics** (- स्) -*n. pl.* the art of memory. स्मृति विज्ञान; **Mnemonist** (- मॉ - निस्ट्) -*n.* one who is proficient in mnemonics. स्मृति-विज्ञान में कुशल।

Moan - मोन् - *n.* a low murmur of suffering, lamentation. विलाप, सिसकन; -*v. i. & t.* to lament. विलाप करना, कराहना।

Moanful - मोन्' - फुल् - *adj.* expressing sorrow. शोकयुक्त; **Moanfully** (- फुल् - लि) -*adv.* sorrowfully. विलाप से।

Moat - मोट् - *n.* a deep ditch round a castle or fort. परिखा, खाईं; -*v. t.* to surround with a ditch. खाईं से घेरना।

Mob - मॉब् - *n.* the low people, a disorderly crowd. नीच मनुष्य लोग, कोलाहल करनेवालों की भीड़; -*v. t.* (*p. t.* **Mobbed.**) to make a disorderly attack. कोलाहल करना, आक्रमण करना।

Mobile - मो' - बिल् - *adj.* movable, changing. अस्थिर, चंचल, चलनशील, हिलने-डोलनेवाली।

Mobility - मो - बिल् - इ - टि - *n.* fickleness, change- ability, the populace. अस्थिरता, गतिशीलता, चंचलता, परिवर्तनीयता, सर्वसामान्य जनता।

Mobilizable - मो - बिल - इज़् - ए - बल् - *adj.* capable of mobilization. युद्ध-कार्य के योग्य; **Mobilization** (- ए - शन्) -*n.* the act of mobilizing. युद्ध-कार्य में प्रवृत्ति-करण।

Mobilize - मो'-बिल्-आइज़् - *v. t.* to bring into circulation, to prepare for active service in war. गतिमान् करना, सेना को युद्ध के काम में प्रवृत्त करना या लगाना।

Mocha - मो' - का - *n.* a kind of good coffee. एक प्रकार का सुन्दर कहवा।

Mock - मॉक् - *n.* imitation, derision. अनुकरण, तिरस्कार (विडम्बना); *adj.* false, counterfeit. बनावटी, झूठा; -*v. t.* to ridicule, to treat with contempt. विडम्बना करना, हँसी उड़ाना (चिढ़ाना); **Mocker** (- अर्) - *n.* one who mocks, an impostor. विडम्बना (हँसी) करनेवाला, ठिठोलिया; **Mockery** (- अर् - इ) -*n.* derision, ridicule. विडम्बना, तिरस्कार (हँसी, नकल)।

Modal - मोड' - ल् - *adj.* of mode or form. रूप-विषयक।

Mode - मोड् - *n.* way, manner, custom, style. रीति, प्रकार, अवस्था, प्रणाली, विधि, क्रम।

Model - मॉड्' - एल् - *n.* a representation, a plan or design, a pattern, a figure in clay & c., a perfect ideal. प्रतिरूप, प्रतिमा, आदर्श, नमूना; -*v. t.* to work after a model. नमूने के अनुसार बनाना; **Modeller** (- लर्) -*n.* one who models. नमूना बनानेवाला; **Modelling** (- लिङ्ग्) -*n.* a model. नमूने की बनावट।

Modena - मॉ-डे'-ना - *n.* a deep purple colour. गहरा लाल और नीला (मिश्रित) रङ्ग।

Moderate - माड्'-अर्-एट् - *adj.* not excessive, temperate, avoiding extremes. परिमित, मध्य श्रेणी का, थोड़ा (हलका); -*v. t. &. i.* (- एट्') to

restrain, to render less intense. रोकना, कम करना, हलका करना; **Moderate in desires** (satisfied with moderate things.) अल्प वस्तु से सन्तुष्ट होनेवाला; **Moderate in eating** (eating in small quantity.) स्वल्पाहारी; **Moderate in speech** (not speaking too much.) थोड़ा बोलनेवाला।

Moderately - मॉड्' - अर् - एट् - लि - *adv.* in a moderate manner. परिमित रूप से।

Moderateness - मॉड्'-अर्-एट्-नेंस् - *n.* quality of being moderate. हलकापन।

Moderation - मॉड्' - अर् - ए' - शन् - *n.* the act of moderating, temperance. परिमार्जन, संयम, समभाव, क्षमा, किफायत।

Moderator - मॉड्' - अर् - एट् - अर् - *n.* a mediator, a presiding officer. परिमार्जक, मध्यस्थ, सभापति; **Moderatorship** (- शिप्) *-n.* the office of a moderator. मध्यस्थ अथवा सभापति का पद।

Modern - मॉड्'-अर्न - *adj.* of the present times, not ancient. आधुनिक (अर्वाचीन), नवीन (नया); *-n. pl.* people of modern times. आजकल के लोग; **Modernity** (- इट् - इ), **Modernness** (- नेंस्) *-ns.* newness. नवीनता।

Modernism - मॉड्' - अर्न - इज्म् - *n.* something of modern manner. आधुनिक प्रथा या व्यवहार या ढङ्ग।

Modernist - मॉड्' - अर्न - इस्ट् - *n.* a supporter of modernism आधुनिक रीति का समर्थक।

Modernization - मॉड्' - अर्न् - आइज़् - ए' - शन् - *n.* act of modernizing. नवीनीकरण; **Modernize** (- आइज़्)- *v. t.* to make modern. आधुनिक समय के अनुसार बनाना, नवीनीकरण करना।

Modernly - मो' - डर्न - लि - *adv.* according to modern times. आधुनिक समय (आजकल) के अनुसार।

Modest - मॉड्' - एस्ट् - *adj.* bashful, humble, net excessive, chaste, unstylish. लज्जावान् विनीत, परिमित, साध्वी, शुद्ध, आडम्बरहीन; **Modestly** (- लि) *-adv.* in a modest manner. विनय से, लज्जा या संकोच से, नम्रता से।

Modesty - मॉड्' - एस्ट् - इ - *n.* chastity, moderation. विशुद्धता, विनय, नम्रता, मर्यादा, परिमितता।

Modicum - मॉड्'-इक्-अम् - *n.* a small quantity of food. भोजन की थोड़ी मात्रा।

Modifiable - मॉड्' - इ - फ़ाइ - ऐब्ल् - *adj.* able to be modified. रूप बदलने योग्य, परिवर्तनीय।

Modificatory - मॉड्'-इफ-इक्-एट्'-अर्-इ - *adj.* modifying. रूपान्तर करनेवाला।

Nicknacks - निक्' - नॉक्स् - *n. pl.* trifles, small wares. तुच्छ पदार्थ।

Nickname - निक्' - नेंम् - *n.* an added name, a by-name. उपनाम, कल्पित नाम, चिढ़ाने का नाम।

Nicotian - निक् - ओ'- शन् - *adj. &. n.* of tobacco, a smoker. तमाखू का, तमाखू पीनेवाला।

Nicotine - निक्'- ओ - टिन् - *n.* an extract of tobacco. तमाखू का सत्त्व।

Nictate, Nictitate - निक्' - टेंट्, (- टि - टेंट्) - *v. t.* to wink. पलक मारना, आँख झपाना।

Nictation - निक्'- टें '- शन् - *n.* (also **Nictita-**

tion.) the act of winking. निमेष, निमीलन, झपकी।

Niddle-noddle - नि'- ड्ल् - नॉ'- ड्ल् - *adj.* quivering, nodding. हिलता हुआ, काँपता हुआ।

Nidificate - निड् - इफ़' - इक् - एट्' - **Nidify** (- इ - फ़ाइ) -*v. t.* to build nests. घोंसला बनाना।

Nidification - - निड्' - इफ् - इक् - ए' - शन् - *n.* building of a nest. घोंसला बनाने का कार्य।

Nid-nod - निड्'- नॉड् - *v. t.* to go on nodding. सिर हिलाते या कँपाते रहना।

Nidor - नाइ'- डॅर् - *n.* the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध।

Nidorous - नाइ'- डॅर् - अस् - *adj.* resembling the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध के समान।

Nidus - नाइ'- डस् - *n.* (*pl.* **Nidi.**) the place of origin of a disease, a nest. जिस स्थान पर रोग के अंकुर जमते हैं, घोंसला।

Niece - नीस् - *n.* (*mas.* **Nephew**) daughter of a brother or sister. भतीजी, भानजी।

Nifty - निफ्ट्'- इ - *adj.* stylish. ठाटदार।

Niggard - निग्'- अर्ड - *n. & adj.* a stingy person, a miser, meanly, covetous. कृपण मनुष्य, सूम, कंजूस।

Niggardliness - निग्' - अर्ड - लि -नेंस् - stinginess, miserliness. कृपणता, सूमड़ापन।

Niggardly - निग् - अर्ड - लि - *adj. & adv.* meanly avaitcious, in a miserly manner. लालची, कंजूसी से।

Nigger - निग्' - अर् - *n.* a negro. हबशी।

Niggle - निग् - अल् - *v. t.* to spend time in trifles. तुच्छ बातों में समय नष्ट करना।

Niggling - निग्' - लिड्ग् - *adj.* trifling, petty. क्षुद्र, तुच्छ।

Nigh - नाइ - *adj. & adv.* (*comp.* **Nigher,** *sup.* **Nighest**) next, near, almost. समीपवर्ती, पास का, प्रायः, लगभग।

Nighness - नाइ' - नेंस् - *n.* nearness. समीपता, निकटता।

Night - नाइट् - *n.* the time from sunset to sunrise. रात्रि, रात; **At night** (during the night.) रात्रि में; **Beginning of night** (time near sunset.) सन्ध्याकाल, गोधूलि वेला; **Had a good night** (had a sound sleep.) अच्छी निद्रा आई; **Day and night** (always, ever.) सर्वदा, रात-दिन।

Night-bird - नाइट्' - बर्ड् - *n.* the owl. उल्लू।

Night-blindness - नाइट्' - ब्लाइन्ड् - नेंस् - *n.* nyctalopia. रतौंधी।

Night-cap - नाइट्'- कॅाप् - *n.* a cap worn in bed. सोते समय पहनने की टोप।

Night-fall - नाइट्'- फ़ॉल् - *n.* close of day. सन्ध्याकाल।

Night-hag - नाइट्' -हॅाग् - *n.* a female demon. राक्षसी, निशाचरी, चुड़ैल।

Night-hawk - नाइट्'- हॉक् - *n.* a thief. चोर।

Nightingale - नाइट्'- इड्ग् - गेल् - *n.* a small migratory bird that sings melodiously at night, a flannel scarf with sleeves worn by sickmen sitting up in bed. बुलबुल, चारपाई पर बैठे रहनेवाले रोगियों की गलेबन्द या ऊनी पोशाक।

Nightlong - नाइट्'- लॉङ्ग् - *adv.* throughout the night. रातभर।

Nightman - नाइट्'- मॅन् - *n.* one who empties closets. मल हटानेवाला भंगी।

Nightmare - नाइट्'- मेंयर् - *n.* a bad horrible dream. दुःस्वप्न, बुरा सपना।

Nightshade - नाइट् - शेड् - *n.* a kind of poisonous berry. धतुरा।

Nightsoil - नाइट्'- सॉएॅल् - *n.* contents of privies & cesspools carried at night. मल, विष्ठा।

Night-wanderer - नाइट्'- वॉन्डर् - अर् - *n.* a demon. निशाचर, राक्षस।

Night-watch - नाइट्'- वॉच् - *n.* a guard at night. रात का पहरा; **Sitting up at night** (vigil during the night.) रात का जागरण।

Nigrescence - निग् - रेस् - एन्स्' - *n.* blackishness. झाँवरपन, कुछ कालापन।

Nigrescent - - निग् - रेस्' - एन्ट् - *adj.* growing black. काला होनेवाला।

Nihil - नाइ' - हिल् - *n.* nothing. शून्य, अभाव; **Nihilism** (-इज़्म) -*n.* nothingness, negative doctrine. शून्यता, शून्यवाद; **Nihilist** (-इस्ट्) -*n.* an upholder of nihilism. शून्यवादी; **Nihilistic** (- इस्ट्'- इक्) -*adj.* relating to nihilism. शून्यवाद-सम्बन्धी; **Nihility** (इट्'- इ) - *n.* nothingness. शून्यता।

Nil - निल् - *n.* nothing having no number. कोई संख्या नहीं, नहीं, नदारद।

Nill - निल् - *v. i.* not to like. इच्छा न होना; **Willy-nilly** (whether he wills or not.) चाहे उसकी इच्छा हो या न हो।

Nimble - निम्ब्ल् - *adj.* agile, active, quick of movement, clever. चपल, क्षिप्र गति, फुर्तीला, चालाक; **Nimble-fingered** -*adj.* expert at stealing. चोरी करने में निपुण।

Nimbleness - निम्'- ब्ल् - नेंस् - *n.* fickleness, briskness. चपलता, फुर्तीलापन।

Nimbly - निम्'- ब्लि - *adv.* with agility. चपलता से।

Nimbus - निम्'- बस् - *n.* (*pl.* **Nimbi.**) halo of bright light round the head of a saint, a bright cloud. प्रभामण्डल, प्रकाशपूर्ण या चमकदार बादल; **Nimbused** (- ड) - *adj.* surrounded with a halo. प्रभामण्डल-युक्त।

Nimrod - निम्' - रॉड् - *n.* a sportsman, a hunter. शिकारी।

Nincompoop - निन्' - कॅम् - पूप्' - *n.* a simpletion, a fool or blockhead. मूर्ख, लण्ठ, बुद्धिहीन मनुष्य।

Nine - नाइन् - *adj.* eight and one. नौ; **A nine day's wonder** (a novelty that attracts much attention.) चित्त को आकर्षित करनेवाला एक

आश्चर्यजनक पदार्थ।

Ninefold - नाइन्'- फ़ोल्ड् - *adj.* nine times as much. नौगुना।

Nineteen - नाइन्' - टीन् - *n.* nine and ten united. उन्नीस; **Nineteenth** (- टीन्थ्) *-adj.* the number after eighteenth. क्रम में उन्नीसवाँ।

Ninety - नाइन्'- टि - *n.* nine times ten. नब्बे।

Ninny - निन्' - इ - *n.* a fool, a man of weak mind. मूर्ख मनुष्य, जड़बुद्धि।

Ninth - नाइन्थ् - *adj. & n.* next after eighth. नवाँ; **Ninthly** (- लि) *-adv.* in the ninth place. नवीं स्थिति में; **Ninth part** (one of nine equal parts.) नवाँ भाग।

Niobium - नाइ' - ओ' - बि - अम् - *n.* a metallic element. एक प्रकार की धातु।

Nip - निप् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Nipped.**) to pinch, to bite, to check the growth of, to vex. कतरना, काटना, वृद्धि रोकना; *-n.* a pinch with nails or teeth, a biting, a small quantity of wine. नाखून या दाँत का कटाव, थोड़ी-सी मदिरा; **Nipped** (- ड्) *-adj.* cut off. कतरा हुआ; **To nip in the bud** (to destroy in the undeveloped state.) कली की अवस्था में काट लेना, अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

Nippers - निप्' - अर्ज़् - *n. pl.* pincers, pliers. सँड़सी, कतरनी।


Nippers.

Nipping - निप्'- इङ्ग् - *adj.* that which nips. काटनेवाला; **Nippingly** (- लि) *-adv.* so as to nip. काटते हुए।

Nipple - निप्ल् - *n.* the teat on a woman's breast, teat of a feeding bottle. स्तन का अगला भाग, चूचुक, दूध पिलाने की बोतल का अगला भाग।

Nisi - नि'- सि - *conj.* unless before. अन्यथा, व्यर्थ का, पहिले का।

Nit - निट् - *n.* the egg of a louse or small insect. छोटे कीड़ों का अण्डा, लीख, ढील।

Nitrate - नाइ' - ट्रेट् - *n.* a compound made of nitric acid and alcohol. शोरे के अम्ल तथा मद्यसार का घोल; *-v. t.* to impregnate with nitric acid. इस प्रकार का घोल तैयार करना।

Nitre - नाइ'- टर् - *n.* saltpetre. शोरा।

Nitric - नाइ'- ट्रिक् - *adj.* impregnated with nitre. शोरे का।

Nitrify - नाइ' - ट्रि - फाइ - *v. t.* to form into nitre. शोरा बनाना।

Nitro - नाइट्रो - *pref.* for combinations of nitric acid. उपसर्ग जिसका अर्थ "शोरे का अम्ल संबंधी" होता है।

Nitrogen - नाइ' - ट्रो - जन् - *n.* a kind of gas. नाइट्रोजन नामक वायुरूप तत्त्व विशेष, नत्रजन; **Nitrogenous** (- जनस्) *-adj.* pertaining to nitrogen. नाइट्रोजन तत्व-सम्बन्धी।

Nitrous - नाइ - ट्रस् - *adj.* relating to nitrogen in its lower valency. यव क्षारमय।

Nix - निक्स् - *n.* a water spirit. जल की परी।

No - नो - *adj.* not any कोई भी नहीं *-adv.* not at all. कुछ भी नहीं, अधिक नहीं; *-n.* (*pl.* **Noes**) a word of denial, a saying no. नहीं का शब्द, अस्वीकार; **He did it in no time** (he did it immediately.) उसने शीघ्र ही यह किया; **He is no more** (he died.) वह मृत्यु को प्राप्त हुआ; **Nobody** (- बॅडि) *-n.* no person, no one. कोई नहीं, तुच्छ व्यक्ति; **No doubt** (certainly.) निःसन्देह; **No less than** (almost the same.) उतना ही; **No less than five men.** पाँच मनुष्य से कम नहीं; **No more** (nothing further.) अधिक नहीं; **No one** (none.) कोई भी नहीं; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Tell me whether or no** (declare affirmation or denial.) हाँ या नहीं कहो; **Two noes make a yes** (two negatives make one affirmative.) दो नहीं मिलकर एक हाँ बनाते हैं।

Nob - नॉब् - *n.* the head. सिर, मस्तक।

Nobble - नॉबल् - *v. t.* to obtain by dishonesty. बेईमानी से छीन लेना।

Nobility - नो - बिल्'- इ - टि - *n.* noblesness, dignity of mind, excellence, the person holding the rank of nobles. कुलीनता, महत्त्व, महिमा (प्रताप), कुलीन लोग।

Noble - नोब्ल् - *adj.* of high title or birth, splendid, magnificent, excellent, admirable. कुलीन, महानुभाव, सुप्रतिष्ठित, उत्तम (श्रेष्ठ), तेजस्वी; **Noble man** (a peer.) कुलीन पुरुष, शिष्ट मनुष्य; **Noble-minded** *-adj.* of lofty ideas. उच्च विचार का; **Noble-mindedness** (magnanimity.) उच्च विचार (बड़ी शिष्टता); **Nobleness** (- नेंस्) *-n.* greatness, stateliness. महत्त्व, श्रेष्ठता।

Nobly - नोब्'- लि - *adv.* in a noble manner. कुलीनता से।

Noblesse - नो' - ब्लेस् - *n.* persons of noble rank, the nobility. कुलीन लोग।

Nocent - नो' - सन्ट् - *adj.* hurtful, mischievous. कष्टकारक, पाजी।

Nock - नॉक् - *v. t.* to set an arrow on the string of a bow. धनुष पर तीर चढ़ाना; *-n.* the notch of an arrow, the forward upper corner of a sail. तीर के कोने का खण्ड, पाल का ऊपरी कोना।

Noctambulant - नॉक्ट्' -ऑम् - ब्यू'- लॉन्ट् - *n.* one who walks in sleep. निद्रा में चलने-फिरनेवाला।

Noctambulation - नॉक्ट्'- ऑम् - ब्यू - लें '- शन् - *n.* walking in sleep. निद्रा में गमन (चलना)।

Noctiflorous - नॉक्ट्'- इ - फ़्लॉ' - रस् - *adj.* flowering at night. रात को फूलनेवाला (पौधा आदि)।

Nocturnal - नॉक् - टर्न्' - अल् - *adj.* pertaining to or done in the night. रात्रि सम्बन्धी, रात में किया हुआ।

Nocturne - नॉक्' - टर्न् - *n.* a picture or song of the night scene. रात्रि का दृश्य या गीत।

Nod - नॉड् - *v. i. & t.* (*p. t.* **Nodded.**) to bend the

head slightly and quickly, to be drowsy, to signify by a nod. सिर हिलाना, ऊँघना, सिर हिलाकर संकेत करना; *-n.* a moving of a head, command, sign of absolute power. सिर की गति, आज्ञा, सर्व अधिकार का चिह्न; **Nodder** (- डर्) *-n.* one who nods. सिर हिलानेवाला; **Nodding acquaintance** (slight knowledge of a person.) सामान्य परिचय, केवल साहब-सलामत।

Noddle - नॉड्ल् - *n.* the head, back of head. मस्तक, मस्तक का पिछला भाग; *-v. t.* to move the head. सिर हिलाना।

Noddy - नॉड्'- इ - *n.* a noodle, a simpleton, a tropical sea-bird. मूर्ख, गँवार, एक समुद्री चिड़िया।

Node - नोड् - *n.* a knob or knot, a hard tumour. गाँठ, गिल्टी, गुल्म; **Nodical** (- इ - कल्) *-adj.* pertaining to node. ग्रन्थि-सम्बन्धी।

Nodose - नोड्'- ओस् - *adj.* knotty. गाँठदार, ग्रन्थियुक्त; **Nodulated** (- यु - लें -टेंड्) - *adj.* knotty. ग्रन्थियुक्त।

Nodule - नॉड्' - यूल् - *n.* a small knot. छोटी ग्रन्थि या गुल्म।

Nodus - नॉड्' - अस् - *n.* complication, a point of difficulty. पेचीदगी, आपत्ति।

Nog - नॉग्' - *n.* a block or piece of wood, stump of a tree. लकड़ी का कुन्दा, वृक्ष की थूनी।

Noggin - नॉग्'- इन् - *n.* a small mug or pot. छोटा घड़ा या पात्र।

Noise - नॉइज़् - *n.* clamour, shouting, loud sound, din of voices. ध्वनि, शब्द, रव, शोरगुल; *- v. t. & i.* to make a loud sound, to spread by rumour or report. शब्द करना, समाचार फैलाना; **Loud noise** (clamour.) कोलाहल; **To make a noise** (to shout.) कोलाहल करना।

Noiseless - नॉइज़्'-लेंस् - *adj.* having no noise. निःशब्द, मौन; **Noiselessly** (- लि) *-adv.* without noise. चुपचाप; **Noiselessness** (- नेंस्) *-n.* the state of being noiseless. निःशब्दता।

Noisily - नॉयज्' - इ - लि - *adv.* with noise. उच्च स्वर से, बड़े शब्द से।

Noisiness - नॉयज़ - इ -नेंस् - *n.* clamour. कलरव, कोलाहल।

Noisome - नॉइ'- सम् - *adj.* ill-smelling, hurtful, noxious to health, offensive, unwholesome. दुर्गन्धयुक्त, अपकारी, नीच, क्षयकर; **Noisomeness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being noisome. दुर्गन्ध, उग्रगन्धता।

Noisy - नॉयज़्' - इ - *adj.* (*comp.* **Noisier,** *sup.* **Noisiest.**) full of noise, clamorous, loud, violent. कोलाहल करनेवाला, सरव, कोलाहलपूर्ण, उग्र।

Nomad - नो' -मॉड्'- *adj. & n.* wandering, roaming from place to place. घूमनेवाला, बञ्जारा।

Nomadic - नो' - मॉड् - इक् - *adj.* wandering. अस्थिर, भ्रमणकारी; **Nomadically** (- अ - लि) *-adv.* in a nomadic manner. विचरते हुए।

Nomadize - नो' - मॉड - इज़् - *v. i.* to wander. इधर-उधर भ्रमण करना।

Nom - de - plume - नॉम्' - डि - प्लूम् - *n.* a writer's borrowed name. लेखक का कृत्रिम (बनावटी) नाम।

Nomenclative - नो' - मेंन्' - क्लें - टिव् - *adj.* pertaining to nomenclature. परिभाषा सम्बन्धी।

Nomenclature - नो - मेंन्' - क्लें'- चर् - *n.* a vocabulary of names, system of names, terminology of a science. शब्दों की सूची, नामकरण, नाम पद्धति, परिभाषा।

Nominal - नॉम्'- इन् - अल् - *adj.* of a noun, existing in names only. नाम सम्बन्धी, नाम मात्र का; **Nominal ruler** (a ruler in name only.) नाम मात्र का राजा; **Nominal verb** (a verb formed from nouns.) नाम धातु (संज्ञा से बनी हुई धातु)।

Nominalism - नॉम्' - इन् - अल् - इज्म् - *n.* the doctrine that general notions exist merely in names. यह सिद्धान्त कि गुण केवल नाम में ही रहते हैं; **Nominalist** (- इस्ट्) *-n.* one who upholds nominalism. ऐसे सिद्धान्त को माननेवाला।

Nominally - नॉम्'- इन् - ए - लि - *adv.* by name only. नाम मात्र से।

Nominate - नॉम्'- इन् - एट् - *v. t.* to call by the name of, to propose for office, to appoint. नाम लेना, किसी पद के लिये निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना; **Nomination** (- शन्) *-n.* the act of nominating. नियोजन, मनोनयन, प्रतिष्ठापन, नियुक्ति।

Nominative - नॉम्' - इन् - ए - टिव् - *n. & adj.* the case of the subject of a finite verb, of this case. कर्त्ता कारक, इस कारक का।

Nominator - नॉम्' - इन् - एट्'- अर् - *n.* one who nominates. नियुक्त करनेवाला।

Nominee - नॉम्'- इन् - इ' - *n.* a person named or designated. नियुक्त पुरुष।

Non - नॉन् - *pref.* added to nouns and adjectives in sense of "not". "अभाव" अर्थ का उपसर्ग; **Nonage** - नोनज़् *-n.* early stage, minority. बाल्यावस्था, लड़कपन।

Nonagenarian - नॉनें - जि - नें - रिअन् - *n.* a person from 90 to 100 years of age. नब्बे से सौ वर्ष तक की वय का मनुष्य।

Nonagon - नॉन्'- ऑग् - अन् - *n.* a nine-angled polygon (*geom.*) रेखागणित में नव कोण की आकृति।

Non-aggression pact - नॉन् - आग् - ग्रश - अन् - पाक्ट् - *n.* an agreement made between two or more states binding them not to wage war with each other. दो या अधिक राष्ट्रों में परस्पर युद्ध न करने का इकरारनामा।

Nonary - नॉन्'- अर् - इ - *n.* a group of nine. नौ का समुदाय।

Nonce - नॉन्स् - *n.* the present time. वर्तमान काल, यह अवसर।

Nonchalance - नॉन्' - शयाल् - एन्स् - *n.* indifference. उदासीनता, शान्ति।

Nonchalant - नॉन्' - शयाल् - एन्ट् - *adj.* indifferent unmoved. उदासीन, शान्त; **Nonchalantly** (- लि) *-adv.* with indifference. उदासीनता से।

Non-commissioned - नॉन्' - कम् - इश्' - एन्ड् - *adj.* not appointed for any special work. अनधिकारी, बिना किसी विशिष्ट अधिकार का।

Noncompos - नॉन्' - कॅम् - पॉस् - *adj.* an idiot. मूर्ख, पागल, झक्की।

Nonconductor - नॉन्' - कॉन् - डक्ट्'- अर् - *n.* a substance that obstructs the flow of heat or electricity. बिजली या उष्णता के प्रभाव को रोकनेवाला पदार्थ, अपरिचालक पदार्थ।

Nonconformist - नॉन्' - कॉन् - फर्म - इस्ट् - *n.* one who does not conform to the doctrine of the established church. प्रचलित ईसाई मत को न माननेवाला।

Nonconformity - नॉन्'- कॉन् - फर्म'- इ - टि - *n.* failure to conform. विरोध, विरुद्धता।

Non-co-operation - नॉन्' - को - ऑप् - अर् - ए' - शन् - *n.* the act of not co-operating with the established government. असहयोग।

Non-co-operator - नॉन्' - को - ऑप् - रे - टर् - *n.* one who non-co-operates. असहयोगी, सहयोग न करनेवाला मनुष्य।

Nondescript - नॉन्' - डिस् - क्रिप्ट् - *adj.* not able to be classified, strange. क्रम में न रखने योग्य, विलक्षण, अपूर्व।

None - नन् - *pron., adj. & adv.* not any. कोई नहीं; **None-the-less** (nevertheless.) तथापि, तो भी।

Nonentity - नॉन्'- इन् - टि - टि - *n.* non-existence. अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता।

Non-existence - नॉन्'- एग्ज़् - इस्ट्'- एन्स् - *n.* a thing having no existence. अस्तित्व-हीनता, सत्ता का न होना।

Non-intervention - नॉन्'- इन् - टर् - वेन् - शन् - *n.* the policy of not interfering with the affairs of others. दूसरों के झगड़े में न पड़ने (तटस्थ रहने) की नीति।

Nonpareil - नॉन्' - पे - रेंल्'- *adj. & n.* unique, peerless, a kind of printing type. अद्वितीय, अनुपम, एक प्रकार के छापे के टाइप।

Non-plus - नॉन् - प्लस् - *v. t.* (*p.t.* **Non-plussed**) to confound, to reduce to perplexity. व्याकुल करना, निरुत्तर करना; *-n.* perplexity. व्याकुलता; **Non-plussed** (- ड्) *-adj.* confounded, perplexed. व्याकुल, निरुत्तर।

Non-resident - नॉन्'- रेज्'- इड् - एन्ट् - *adj. & n.* not residing where his duties require him to reside. अपने स्थान पर न रहनेवाला; **Non-residence** (- डेंन्स्) *-n.* the state of being non-resident. अपने स्थान पर न रहने की स्थिति।

Nonsense - नॉन्' -सेंन्स् - *n.* absurd, foolish or meaningless words. अनर्थक (असम्बद्ध) वचन, प्रलाप, असंगत वार्ता।

Nonsensical - नॉन् - सेन्'- सिक् - अल् - *adj.* unmeaning. अनर्थक; **Nonsensically** (- लि) *-adv.* in a nonsensical manner. असंगत रूप में।

Non-sequitur - नॉन्'- सेक्'- विट् - अर् - *n.* a conclusion that does not follow from the premises. निष्कर्ष या परिणाम जो अनुमान से नहीं निकलता है।

Nonsuch, Nonesuch - नॅन्' - सच् (- नन्' - सच्) *-ns.* an unrivalled or unique person. अद्वितीय अथवा अनुपम पुरुष।

Nonsuit - नॉन्' - सूट्' - *n.* the stoppage of a law suit. किसी मुकदमे का खारिजा; *-v. t.* to drop a suit. मुकदमा खारिज करना या उठा लेना; **Nonsuited** (- एँड्) *-adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ।

Noodle - नूड्ल् - *n.* a simpleton, paste made of flour, water and eggs. मूर्ख, मूढ़, अंडा, आटा तथा जल में बना हुआ पिष्टक; **Noodledom** (- डम्) *-n.* foolishness. मूर्खता, मूढ़ता।

Nook - नूक् - *n.* a corner, a secluded place. कोना, निर्जन स्थान।

Noon - नून् - *n.* midday, twelve o'clock in the day. मध्याह्न, मध्यकाल; *-adj.* pertaining to noon. मध्याह्न का; **Noon-day** (- डे) *-n.* midday. मध्याह्न काल।

Noose - नूज़् (- स्) - *n.* a loop with a running knot. सरकनेवाला फन्दा; *-v. t.* to ensnare, to catch in a noose. फन्दा लगाना, जाल में फँसाना।

Nor - नॉर् - *conj. & adv.* not either. न, न तो।

Norm - नॉर्म् - *n.* pattern, type, model. मानक, नमूना, आदेश (नियम), सिद्धान्त।

Normal - नॉर्म'- अल् - *adj.* according to a standard, usual, perpendicular. यथाक्रम, प्राकृत, साधारण, प्राकृतिक, लम्बरूप; *-n.* natural condition. प्राकृतिक स्थिति; **Normal school** (a school for training teachers.) शिक्षकों को अध्यापन सिखलाने की पाठशाला।

Normalcy - नॉर्म्' - अल् - सि - *n.* normal state. प्राकृतिक दशा।

Normality - नॉर्म् - अल्' - इ - टि - *n.* perpendicular state. लम्बरूपता।

Normalization - नॉर्म'- अल् - इज् - ए'- शन् - *n.* standardization. सुव्यवस्थितिकरण।

Normalize - नॉर्म'- अल् - आइज् - *v. t.* to render normal. नियम बाँधना, नियमबद्ध करना।

Normally - नॉर्म'- अल् - इ - *adv.* in a normal manner. विधिवत्।

Norman - नार्म' - अन् - *n.* an inhabitant of Normandy. नार्मन्डी देश का निवासी।

Norse - नॉर्स् - *n.* the Norwegian language. नॉर्वे देश की भाषा।

North - नॉर्थ् - *n.* the direction opposite to the south. उत्तर, उत्तर दिशा; **North-east** (the point between north and east.) पूर्वोत्तर का कोण, ईशान दिशा; **Northernmost** (- अर्न् - मोस्ट्) *-adj.* (also **Northernmost or Northmost.**) most north-

erly. सबसे उत्तर का।

Northing - नोर्थ्'- इङ्ग् - *n.* northward progress of a ship. उत्तर की ओर जहाज़ की गति।

North-pole - नॉर्थ्' - पोल् - *n.* the point in the heavens or beneath it on the earth's surface ninety degrees north of the equator. उत्तरी ध्रुव।

North-star - नॉर्थ्'- स्टार् - *n.* the Polar star. ध्रुवतारा।

Northward(-s) - नॉर्थ्'- वर्ड् (- स्) - *adv.* towards the north. उत्तर की ओर।

North-west - नॉर्थ्'- वेंस्ट् - *n.* (also **Norwest.**) the point between north and west. पश्चिमोत्तर, वायव्य दिशा।

Norwegian - नॅर् - वी' - ज्यन् - *adj. & n.* native of Norway, belonging to Norway. नॉर्वे देश के निवासी, नॉर्वे देश का।

Nose - नोज़् - *n.* prominent part of the face, the organ of smell, sense of smell, the projecting part of anything. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, सुगन्ध, नाक, किसी वस्तु का उभड़ा हुआ भाग; *-v. t.* to smell, to know by smelling. गन्ध का अनुभव करना (सूँघना), सूँघकर पता लगाना; **Aquiline nose** (pointed nose.) सुग्गे की ठोर के सदृश नाक; **Nose of wax** (an over-pliable person.) सहज में डिग जाने वाला मनुष्य; **To follow one's nose** (to go forward in a straight line.) नाक के सीधे जाना; **To lead by the nose** (to lead blindly.) नकेल पकड़कर ले चलना; **To nose about** (to investigate.) पता लगाना; **To poke one's nose** (to make interruption in other's work.) दूसरे के काम में दखल देना; **To speak through the nose.** (to speak with nasal accent.) नकियाकर बोलना।

Nose-bag - नोज़्'- बॅग् - *n.* a bag tied to a horse's nose. तोबड़ा।

Nosed - नोज़्ड् - *adj.* having a nose. नाकदार।

Nose-dive - नोज़्' - डाइव़् - *n.* the plunging of an aeroplane towards the ground. हवाई जहाज़ का नीचे की ओर (भूमि पर) एकाएक उतरना।

Nose-flute - नोज़्' - फ्लूट् - *n.* a musical instrument operated by the nose. नाक से बजाने का बाजा।

Nosegay - नोज़्'- गें - *n.* a bunch of sweet scented flowers. सुगन्धित फूलों का गुच्छा।

Nose-less - नोज़्'-लॅस् - *adj.* without a nose. बिना नाक का।

Nose-pin - नोज़्' - पिन् - *n.* a pin for the nose. नाक में पहिनने की कील, नकफूल।

Nose-ring - नोज़्'- रिङ्ग् - *n.* an ornament for the nose. नथुनी।

Nosing - नोज़्'- इङ्ग् - *n.* the rounded edge of a step. सीढ़ी के डण्डे का गोल किनारा।

Nostalgia - नॉस् - टॅल्' - जि - आ - *n.* home sickness. घर पर पड़े रहने की बीमारी।

Nostradamus - नॉस् -ट्रा -डे' - मस् - *n.* one who makes predictions. भविष्यवक्ता।

Nostril - नॅास्'- ट्रिल् - *n.* either of the apertures or openings in a nose. नासिका-छिद्र, नथुना।

Nostrum - नॉस्'- ट्रम् - *n.* a secret remedy or prescription. गुप्त औषध।

Nosy - नोजि - *adj.* having a big nose, inquisitive. बड़ी नाकवाला, कुतूहली।

Not - नॉट् - *adv.* a word expressing denial or negation. नहीं, न, मत; **Not a few** (many.) बहुतेरे; **Not seldom** (often.) प्रायः, कभी-कभी।

Nota-bene - नो' - टा - बी' - नी - *v. imp. mood,* (*abbr.* **N. B.**) note what follows. नीचे लिखे विषय पर ध्यान दो।

Notability - नॉट्' - ए - बिल् - इ - टि - *n.* notableness. प्रसिद्धि, ख्याति।

Notable - नॉट्' - एब्ल् - *adj.* remarkable, worthy of notice, striking, conspicuous, capable. स्मरणीय, प्रसिद्ध, उत्कृष्ट, योग्य; *-n.* a person or thing worthy of note, an eminent person. प्रसिद्ध पुरुष या पदार्थ।

Notably - नॉट्'- एब् - लि - *adj.* in a notable manner. प्रसिद्धि से।

Notarial - नॉट् - एअर्'- इ - अल् - *adj.* pertaining to a notary. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाले अधिकारी से सम्बन्धित।

Notary - नॉट्' - अर - इ - *n.* a public officer authorized to attest contracts &c. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाला अधिकारी।

Notation - नॉट् - ए'- शन् - *n.* the act or practice of representing numbers by symbols. अंक-विद्या, गणना।

Notch - नॉच् - *n.* a cut, a nick. दाँता, कटाव; *-v. t.* to cut hollows in. दाँतेदार बनाना; **Notched** (- ड्), **Notchy** (- इ) *-adjs.* indented. दाँतेदार।

Note - नोट् - *n.* a distinctive mark, token or sign, a short letter, a mark of censure, a brief record of facts, annotations to a book, observation, character in music, formal communication, written promise for payment, a comment, memorandum, receipt, written acknowledgement of a debt, notice, attention, importance, consequence, notability, intimation. विशिष्ट चिह्न, संकेत, छोटा वर्ण, लांछन, संक्षिप्त लेख, पुस्तक की टीका, संगीत का स्वर, औपचारिक बात-चीत या लिखा-पढ़ी, चुकती की लिखित प्रतिज्ञा, व्याख्या, स्मृतिपत्र, रसीद, ऋण की लिखित स्वीकृति, सूचना, ध्यान, महत्त्व, परिणाम, ख्याति, जानकारी; *-v. t.* to annotate, to attend to, to set down in writing, to take notes, to observe, to mention, to set to music, to indicate. आलोचना करना, ध्यान देना, लिखना, विचारना, बताना, गाना प्रारम्भ

करना, इशारा करना; **Noted** (-ऍड्) *-adj.* renowned, marked, recorded, put in mind. प्रसिद्ध, अंकित, लिखित, ध्यान में रखा गया; **Hand-note** (a written promise to pay.) रुक्का, पुर्जा; **High note** (elevated voice.) ऊँचा स्वर।

Note-book - नोट्'- बुक् - *n.* a book in which notes are written. स्मरणार्थ विषय लिखने की छोटी पुस्तक।

Noteless - नोट्' - लेस् - *adj.* not attracting notice. अप्रसिद्ध, अनाकर्षक।

Notelet - नोट्' -लेट् - *n.* a short note. पुस्तिका, छोटी स्मरणार्थ पुस्तक।

Notepaper- नोट्' - पे - पर् - *n.* a small-sized writing paper. चिट्ठी लिखने का कागज़।

Noteworthy - नोट्' - वर - दि - *adj.* worthy of observation. विचार करने योग्य; **Worthy of note** (very famous, illustrious.) अति प्रसिद्ध, विख्यात।

Nothing - नथ्'- इङ्ग् - *n.* not anything, non-existence, a trifle, a cipher. अभाव, असत्त्व (कुछ भी नहीं), तुच्छ वस्तु, शून्य; *-adv.* in no degree. किसी भी रूप में नहीं; **Can make nothing of** (cannot understand.) नहीं समझ सकता; **For nothing** (uselessly.) अकारण, वृथा; **That is nothing to you** (it is of no concern to you.) आपसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है; **To come to nothing** (to turn useless.) निष्फल होना; **To dance on nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To make nothing of** (to treat as a trifle.) तुच्छ जानना।

Nothingness - नथ्'- इङ्ग् - नेंस् - *n.* non-existence. अभाव, शून्यता, अस्तित्वहीनता।

Notice - नोट्'- इस् - *n.* intimation, information, remark, warning, announcement, attention, consideration, treatment of respect. जानकारी, सूचना, चेतावनी, घोषणा, ध्यान, विचार, सत्कार; *-v. t.* to observe, to treat with attention, to mention. ध्यान देना, विचार करना, वर्णन करना; **Notice-board** (a board for pasting notices on.) सूचना-पट; **Take notice** (be careful.) सावधान हो जाओ; **To come to notice** (to attract attention.) ध्यान आकर्षित करना; **Written notice** (a notice in writing.) लिखित सूचना।

Noticeable - नोट्'- इस् - एबल् - *adj.* worthy of notice, remarkable. विचारणीय।

Noticably - नोट्'- इस् - आब् - ली - *adv.* remarkably. विचारपूर्वक।

Notifiable - नोट्'- इ - फाइ - एबल् - *adv.* worthy of notice. सूचना देने योग्य।

Notification - नोट्'- इफ् - इक - ए' - शन् - *n.* the act of giving notice. सूचना, विज्ञापन।

Notify - नोट्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Notified.**) to make known, to give notice to, to inform. सूचना देना, प्रकाशित करना, घोषणा करना, जताना।

Notion - नो'- शन् - *n.* idea, conception, view thought, opinion. कल्पना, भाव, अभिप्राय, विचार, मत; **Under the notion** (with the idea.) इस अभिप्राय या विचार से।

Notional - नो' - शन् - अल् - *adj.* imaginary, fanciful. मन से गढ़ा हुआ, मनःकल्पित; **Notionally** (- अ -लि) *-adv.* fancifully. कल्पना से।

Notoriety - नो'- टो - रि'- इ - टि - *n.* notoriousness. प्रसिद्धि, दुर्नाम।

Notorious - नो - टो'- रि - अस् - *adj.* badly known, infamous. कुख्यात, दुर्नाम; **Notoriously** (- लि) *-adv.* in a notorious manner. कुख्यात रूप से, कुप्रसिद्धि से; **Notoriousness** (- नेंस्) - *n* the state of being notorious. कुप्रसिद्धि।

Notwithstanding - नॉट्' - विद् - स्टॅान्ड्'- इङ्ग् - *prep., adv. & conj.* in spite of. तथापि, तो भी, ऐसा होते हुए भी, यद्यपि।

Nought - नॉट् - *n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य (0); **To set at nought** (to despise.) तिरस्कार करना।

Noumenal, Noumenally -see **Noumenon.**

Noumenon - नाउ'-मेन्-अन् - *n.* (*pl.* **Noumena.**) an unknown or unknowable subject. अज्ञात अथवा ज्ञात न होने योग्य विषय; **Noumenal** (- अल्) *-adj.* pertaining to noumenon. अज्ञात; **Noumenally** (- अलि) *-adv.* in an unknown manner. अज्ञात रूप से।

Noun - नाउन् - *n.* a word used as the name of a person, place or thing. नाम, संज्ञा।

Nourish - न'- रिश् - *v. t.* to nurture, to support, to sustain with food, to cherish, to promote growth. पालन-पोषण करना, पालना, बढ़ाना।

Nourisher - न'- रिश् - अर् - *n.* he who or that which nourishes. पालन करनेवाला।

Nourishing - न्'- रिश् - इङ्ग् - *adj.* promoting growth, giving nourishment. बलबर्द्धक, पौष्टिक।

Nourishment - न'- रिश् - मेन्ट् - *n.* nutriment, food. पोषण, भोजन।

Noval - नव्'- एल् - *n.* a fictitious tale. कल्पित कथा, उपन्यास; *-adj.* strange, unusual, unknown before. अपूर्व, विलक्षण, अनोखा, अनूठा।

Novelette - नव्'- एल् - एट् - *n.* a small novel. छोटा उपन्यास, छोटी कहानी।

Novelist - - नव्'- एल् - इस्ट् - *n.* a writer of novels. उपन्यास-लेखक; **Novelistic** (- इक्) - *adj.* of the nature of a novel. उपन्यास रीति का।

Novelize - नव्'-एल् - इज़् - *v. t.* to relate in the form of a novel. (नाटक इत्यादि को) उपन्यास रूप में लिखना।

Novelty -नव्'- इल् - टि - *n.* (*pl.* **Novelties.**) a new strangeness, occurrences, newness. नवीन घटना, कौतुक।

November - न्'- वेम्' - बर् - *n.* the eleventh month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का ग्यारहवाँ

महीना, नवम्बर।

Novennial - नो - वेन्' - इ - अल् - *adj.* performed every ninth year. नववर्षीय, नौ-नौ वर्ष पर होनेवाला।

Novercal - नो - व़र्क्' - अल् - *adj.* relating to or like a step-mother. सौतेली माता के समान, विमाता-सम्बन्धी।

Novice - नोव्' - इस् - *n.* a beginner, an inexperienced person, a probationer, a tiro. नवछात्र, अनभ्यस्त, नवसिखुआ।

Novitiate - नो - विश्' - इ - ऍट् - *n.* the period of apprenticeship. विद्यारम्भ-काल।

Novocaine - नो' - व़ो - कॅन् - *n.* local anaesthesia. शरीर के किसी भाग की चेतनाशून्यता (सून्न अवस्था)।

Now - नाउ - *adv. & n.* at the present time, the present time. अभी, अब, वर्तमान काल; **Just now** (at the present time, at once.) अभी, तुरन्त; **Now-a-days** (during these days.) आजकल, इन दिनों; **Now and then** (at one time or another.) कदाचित्, कभी-कभी; **Till now** (even now.) अब तक।

Nowhere - नो' - व्हेअर् - *adj.* in no place, not anywhere. कहीं नहीं।

Noxious - नॉक्' - शस् - *adj.* harmful, injurious, pernicious. हानिकारक, अहितकारी; **Noxiously** (-लि) *-adv.* perniciously, hurtfully, दुःख से, हानि से; **Noxiousness** (- नॅस्) *-n.* the quality of being noxious. अपकार, हानि।

Nozzle - नॉ - ज़ल् - *n.* the end piece of a hose, the nose. फौवारे का अग्रभाग, नाक का अगला भाग।

Nuance - न्यू' - आन्स् - *n.* nice or subtle difference. भाव तथा अर्थ इत्यादि में का सूक्ष्म अन्तर।

Nub - नब्, **Nubble** - न' - बल् - *ns.* a small knob. छोटी गाँठ; **Nubbly** (- ब्लि) - *adj.* (also **Nubby.**) in small lumps. ग्रन्थिमय, गाँठदार।

Nubile - न्यू' - बिल् - *adj.* marriageable. विवाह करने योग्य।

Nubility - न्यू' - बिल् - इ - टि - *n.* marriageable state. विवाह-योग्यता।

Nucleal, Nuclear, Nucleole -see **Nucleus.**

Nucleus - न्यू' - क्लि - अस् - *n.* (*pl.* **Nuclei.**) the central part of a thing, kernel. नाभिक, गर्भ (बीज), गुद्दा (गरी); **Nucleal** (- अल्), **Nuclear** (- अर्) - *adjs.* pertaining to a nucleus. आणविक, बीज सम्बन्धी; **Nucleole** (- ओल्) *-n.* nucleolus. गर्भ (बीज) के भीतर का गर्भ (बीज)।

Nude - न्यूड् - *adj.* unclothed, naked. बिना वस्त्र का, नंगा; *-n.* the naked figure. नंगी मूर्ति; **Nudely** (- लि) *-adv.* in a nude manner. नग्नता से।

Nudge - नज् - *v. t.* to push gently with the elbow. केहुनियाकर संकेत करना।

Nudity - न्यूड्' - इ - टि - *n.* nakedness. नङ्गापन।

Nugatory - न्यू' - गेट् - अर - इ - *adj.* useless, trifling, futile, worthless. व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल।

Nuggar - नग्' - अर् - *n.* a kind of broad boat. एक प्रकार की चौड़ी नाव।

Nugget - नग्' - एट् - *n.* a lump of unrefined gold. बिना स्वच्छ किये हुए सोने का पिण्ड।

Nuisance - न्यू'- सॅन्स् - *n.* anything offensive or injurious, annoying action, something disagreeable. उत्पात (कण्टक), बाधा (पीड़ा), क्लेशकारक पदार्थ; **Commit no nuisance** (do not defile a place.) (मल-मूत्र इत्यादि से) स्थान अशुद्ध मत करो; **Family nuisance** (a disturbance in the family.) गृह-कलह; **Public nuisance** (anything injurious to the community.) लोक-कण्टक।

Null - नल् - *adj.* invalid, useless, amounting to nothing. अप्रमाणित, निष्फल, व्यर्थ।

Nullification - नल्' - इफ् - इक् - ए' - शन् - *n.* the act of nullifying. निष्फलीकरण।

Nullify - नल्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p.t.* **Nullified.**) to render void, to annul, to neutralize. विफल करना, निरर्थक करना।

Numb - नम् - *adj.* deprived of feeling, stupefied, without motion. स्तब्ध, चेतना-शून्य, गति-शून्य; *-v. t.* to deaden. चेतना-शून्य करना।

Numbly - नम्' - लि - *adv.* in a numb manner. स्तब्धता या चेतना-शून्यता से।

Number - नम्'-बर् - *n.* unit, sum, multitude, aggregate, verse figure, grammatical inflexion.इकाई, संख्या, समूह, योग, कविता, गणना, गिनती, (व्याकरण में) वचन; *-v. t.* to mark with a number, to count, to settle. अंकित करना, गणना करना, निश्चित करना; -(*pl.*) verses, poetry. कविता गीत; **A number of men** (a multitude of men.) बहुत से मनुष्य; **He is not our number** (he does not belong to our society.) वह हमारी मण्डली का नहीं है; **His days are numbered** (he is soon to die.) वह शीघ्र ही मरेगा; **In numbers** (in order.) क्रम से, अनेक; **Numberless** (-लॅस्) *-adj.* countless. असंख्य, अनगिनती; **One's number goes up** (*i.e.* dies.) मर जाता है; **Science of number** (arithmetic.) अंकगणित; **Without number** (innumerable.) असंख्य, अनगिनती।

Numerable - न्यू' - मर् - एबल् - *adj.* that can be numbered. गणना करने योग्य, गिनने योग्य।

Numeral - न्यू' - मर् - अल् - *adj.* pertaining to number, expressing number. अंकीय, अंक या संख्या सम्बन्धी; **Numerally** (- लि) *-adv.* according to number. संख्या के अनुसार।

Numeration - न्यू' - मर् - ए' - शन् - *n.* calculation, the act of numbering. गणना, गिनती।

Numerator - न्यू' - मर् - एट् - अर्' - *n.* a person who numbers, the term in a vulgar fraction showing the parts taken. गिननेवाला, साधारण भिन्न का अंश।

Numeric - न्यू -में '- रिक् - *n.* a number whether

whole or fractional. पूर्ण या अपूर्ण संख्या।

Numerical - न्यू -में - रिक् - अल् - *adj.* denoting number. संख्या-सूचक; **Numerically** (- लि) -*adv.* with respect to number. संख्या रूप में, संख्यानुसार, संख्यात्मक, संख्यातः।

Numerous - न्यू' - मर् - अस् - *adj.* comprising of several units. बहुत, अनेक; **Numerously** (- लि) - *adv.* in great numbers. अनेक संख्या में ; **Numerousness** (- नेंस्) -*n.* the quality of being numerous. बाहुल्य।

Numismatic - न्यू'- मिज - मॉट्' - इक् - *adj.* pertaining to coins. मुद्रा सम्बन्धी; **Numismatically** (- अ - लि) - *adv.* relating to coins. मुद्रा के विषय में; **Numismatics** (- स) - *n.* the science of coins. मुद्राशास्त्र।

Nummet - नम्' - मेंट् - *n.* lunch. सबेरे का भोजन।

Numskull - नम्'- स्कल् - *n.* a blockhead, a foolish person. मूर्ख मनुष्य, लण्ठ।

Nun - नन् - *(mas.* **Monk.**) a woman leading a religious and secluded life. तपस्विनी (मठ-वासिनी), भक्तिन।

Nuncio - नन्' - सि - ओ - *n.* messenger from the Pope. ईसाइयों के धर्माध्यक्ष का दूत।

Nunnery - नन्'- अर् - इ - *n.* house for nuns. वैरागिनियों की कुटी।

Nuptial - नप्' - शल् - *adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी; (*pl.*) Marriage. (ब. व.) विवाह-संस्कार; **Nuptial ceremony.** (marriage ceremony.) विवाह संस्कार।

Nurse - नर्स् - *n.* a woman who tends a child, that which fosters, a woman who takes care of the sick. धाय (उपमाता), परिचारिका, रोगियों की देखरेख करनेवाली स्त्री; -*v. t.* to suckle a child, to foster, to manage with care, to cherish, to keep in good humour. दूध पिलाना, पालना, अच्छा प्रबन्ध करना, प्रसन्न रखना, पौधों को सँभालना; **Dry nurse** (a nurse who does not suckle but simply takes care of a baby.) केवल परिचर्या करनेवाली धाय; **Nurse-balloon** (a balloon used as a gas reservour.) गैस इकट्ठा करने का गुब्बारा; **Nursesong** (a song for children.) शिशुगीत; **Wet nurse** (a nurse who suckles babies.) बच्चे को दूध पिलानेवाली धाय।

Nursery - नर्स्'- अर् - इ - *n.* (*pl.* **Nurseries.**) a room for children and their nurses, a plot of ground for the rearing of plants. धायघर, बच्चों का कमरा, पौधाघर (ज़खीरा)।

Nursling, Nurseling - नर्स्'- लिङ्ग् - *ns.* an infant. स्तनपान करनेवाला बच्चा; -*v. t.* to nourish, to bring up. शिक्षा देना, पालन-पोषण करना।

Nurture - नर्'- चर् - *n.* food training and education. आहार, शिक्षण।

Nut - नट् - *n.* a fruit consisting of an edible kernel with a hard shell, the adjusting screw for a bolt. दृढ़फल, कड़े छिलके का खाने योग्य फल, ढिबरी; **A hard nut to crack** (a difficult undertaking.) कठिन समस्या।

Nut-crackers - नट्'- क्रॉ - कर्स् - *n.* an appliance for breaking nuts. सरौता।

Nutmeg - नट्'- मेग्' - *n.* an aromatic fruit used as a spice. जायफल।

Nutrient - न्यू'- ट्रि- अन्ट् - *adj.* serving as nourishment, promoting growth. पालन-पोषण करनेवाला, बलबर्द्धक।

Nutriment - न्यू' - ट्रि - मेंन्ट् - *n.* a nourishing food. पुष्टि देनेवाला आहार; **Nutrimental** (-मेंन्ट् - अल्) -*adj.* pertaining to nutriment. पुष्टिकर भोजन से सम्बन्धित।

Nutrition - न्यू - ट्रिश्' - अन् - *n.* nutriment. पालन-पोषण, आहार।

Nutritious - न्यू- ट्रिश्' - अस् - *adj.* nourishing. पुष्टिकर, पौष्टिक; **Nutritiously** (- लि) -*adj.* in a nutritious manner. पौष्टिक रूप में; **Nutritiousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being nutritious. पौष्टिकत्व।

Nutritive - न्यू' - ट्रि' - इव् - *adj.* nourishing. पुष्टि कर।

Nutshell - नट्' - शेंल् - *n.* the hard covering of fruits, briefest possible way of expressing something. फल का ऊपरी कड़ा छिलका, किसी बात को संक्षिप्त रूप में कहने का ढंग।

Nutting - नट्'- इङ्ग् - *n.* the gathering of nuts. सुपारी इत्यादि एकत्रीकरण।

Nutty - नट्'- इ - *adj.* full of nuts. कड़े छिलकेवाले फलों से पूर्ण।

Nux vomica - नक्स्'- वाम्'- इक् - आ - *n.* a tree yielding a poisonous fruit. कुचला नामक विष।

Nuzzle - नज़्ल् - *v. t.* to press with the nose, to nestle, to foster. नाक से घिसना, नाक लगाना, पालन-पोषण करना।

Nyctalopia - निक्' - टॉल् - ओ - पि - आ - *n.* night blindness. रतौंधी।

Nymph - निम्फ़् - *n.* a semi-divine being, a lovely young girl. अर्भक, अप्सरा (परी), सुन्दर स्त्री।

Nymphish -निम्फ़्'-इश् - *adj.* relating to nymphs. अप्सरा-सम्बन्धी; **Nymph-like** (- लाइक्) - *adj.* like a nymph. अप्सरा-तुल्य।

Nymphomania - निम्'- फो - मॉ' - नि - आ - *n.* uncontrollable sexual desire in women. स्त्रियों में रति की उत्कट इच्छा।

Nystagmus - निस् - टॉग्' - मस् - *n.* a kind of eye disease. एक प्रकार का चक्षु रोग।



O - ओ - the fifteenth letter of the English alphabet, symbol for oxygen in Chemistry. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पन्द्रहवाँ अक्षर, रसायनशास्त्र प्राणवायु (ऑक्सिजन् या उद्जन) के लिए सांकेतिक अक्षर।

O, Oh - ओ - *interj.* an exclamation of wonder, pain or fear. आश्चर्य, पीड़ा या भय सूचक अव्यय- अरे! अहो! वाह!

O' - ओ - *prep.* short form of **'Of'**. अनेक शब्दों में **'Of'** के छोटे रूप में प्रयुक्त होता है, यथा; o'clock=of clock, **man-o'-war** = man of war. इत्यादि।

Oaf - ओफ् - *n.* a foolish child, an idiot. मूर्ख बच्चा, जड़मति, कूढ़मग्ज।

Oak - ओक् - *n.* a forest-tree and its wood. सिन्दूर वृक्ष, बलूत का पेड़; **Oak-apple** (oak-gall.) माजूफल।

Oaken - ओक्'- ऍन् - *adj.* made of oak. बलूत वृक्ष का बना हुआ।

Oaklet - ओक्' -लेंट् - *n.* a small oak. छोटा बलूत का वृक्ष।

Oakum - ओक्' - अम् - *n.* loose fibres of rope. खण्डित रज्जु, रस्से के टुकड़े या रेशे।

Oar - ओर् - *n.* a long shaft or pole with a blade attached at one end used in propelling boats. नौकादण्ड, नाव का डाँडा; -*v. t.* to impel by rowing. डाँड़े से नाव चलाना; **Pulls a good oar** (is a good sailor.) अच्छा मल्लाह है; **To put in one's oar** (to interrupt, to interfere.) विघ्न डालना; **To rest on one's oars** (to cease to work.) विश्राम करना, सुस्ताना।

Oarage - ओर्'- इज् - *n.* the number of oars. डाँड़ों की संख्या।

Oarless - ओर्' - लेंस् - *adj.* without an oar. बिना डाँड़े का।

Oarsman - ओर्ज़्' -मॉन् - *n.* one who rows with an oar. मल्लाह, नाव खेनेवाला; **Oarsmanship** (skill in rowing.) मल्लाही विद्या।

Oasis - ओ - ऍ' - सिस् - *n.* (*pl.* **Oases** - सीज़्) a fertile spot in a sandy or barren desert. नखलिस्तान, मरूद्यान, मरुदेश में हरियाली भूमि।

Oast - ओस्ट् - *n.* a kiln for drying hops. शराब बनाने में काम आनेवाले 'हॉप' के फल को सुखाने की भट्ठी।

Oat - ओट् - *n.* a hardy cereal. जई; **Oaten** (- ऍन्) -*adj.* of the oat seed. जई का।

Oath - ओथ् - *n.* a solemn appeal to God or a revered person as a testimony to the truthfulness of a statement. शपथ, सौगन्ध; **To take on oath** (to take a solemn promise.) सौगन्ध खाना।

Oatmeal - ओट्'- मील् - *n.* the meal prepared from oats. जई का आटा।

Obduracy - ऑब्'- ड्यू - रस् - इ - *n.* hardness of heart. कठोरहृदयता।

Obdurate - ऑब्' - ड्यू - रेट् - *adj.* impenitent, hard-hearted, stubborn. दुराग्रही, कठिन, कठोर-हृदय, हठी; **Obdurately** (- लि) -*adv.* stubbornly, hard-heartedly. हठपूर्वक, हृदय की कठोरता से; **Obdurateness** (- नेंस्) -*n.* stubbornness, hard-heartedness. हठता, हृदय की कठोरता।

Obeah - ओ' - बि' - आ, **Obi-** ओ' - बि - *ns.* a sorcery of the Negroes. हब्शियों का जादू।

Obedience - ओ - बि' - डि - ऍन्स् - *n.* submitting to another's order, dutifulness. आज्ञापालन, कर्तव्य-पालन।

Obedient - ओ - बि' - डि - ऍन्ट् - *adj.* obeying, dutiful, submissive, आज्ञाकारी, कर्तव्य-परायण, विनयग्राही (वश्य); **Obediently** (- लि) -*adv.* with obedience. आज्ञानुसार।

Obedientiary - ओ - बि' - डि - एन्'- शेर - इ - *n.* the obedient holder of an office in a convent. मठ का आज्ञाकारी सेवक।

Obeisance - ओ - बें '-सॉन्स् - *n.* a bow or courtesy, homage, salutation. नमस्कार, प्रणाम, अभिवादन; **To make an obeisance** (to salute by bowing.) दण्डवत् करना, प्रणाम करना।

Obelisk - ऑब्'- इल् - इस्क् - *n.* a tapering quadrangular pillar with a square or rectangular base. सूच्याकार स्तंभ, चौकोर नोकदार मीनार।

Obelus - ऑब्'- इल् - अस् - *n.* a sign (–) or (÷) used in ancient manuscripts to mark suspected, wrong or useless words or passages, a dagger sign (†) used in printing to refer to footnotes. प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों में (-) या (÷) का संकेत जो सन्दिग्ध, अशुद्ध या अनावश्यक शब्दों या वाक्यों को बताने के लिये प्रयुक्त होता था, छपी पुस्तकों के पृष्ठ के नीचे की टिप्पणी को बताने के लिये प्रयुक्त छुरे का संकेत (†)।

Obese - ओ - बीस्' - *adj.* fat, corpulent. स्थूलकाय, मोटा-ताजा।

Obesity - ओ - बि - सिट् - इ - *n.* fatness, corpulence. स्थूलता, मोटापा।

Obey - ओ - बें '- *v. t.* (*p. t.* **Obeyed.**) to execute a command, to perform the bidding of, to perform as one is bidden. आज्ञापालन करना, कहना मानना, आज्ञानुसार करना; **Obeyer** (- अर्) -*n.* one who obeys. आज्ञापालन करनेवाला; **Obeyingly** (- इङ्ग् - लि) -*adv.* obediently. आज्ञानुसार।

Obfuscate - ऑब्'- फस्क् - एट् - *v. t.* to darken, to obscure. अँधियारा करना, छिपा देना; **Obfuscation** (- कें' - शन्) - *n.* act of darkening. अँधेरा करने का कार्य।

Obi - ओ' - बि - *n.* witch-craft, charm, a Japanese sash. जादू-टोना, तंत्र-मंत्र, जापानी रूमाल।

Obituarist - ऑ - बिट्' - यु - अर् - इस्ट् - *n.* a writer of obituaries. मृत्युलेख लिखनेवाला मनुष्य।

Obituary - ऑ - बिट्'- यु - अर् - इ - *n.* notice of a person's death, an account of a dead person. मृत्यु-समाचार, मरे हुए मनुष्य का वृत्तान्त।

Object - ऑब्' - जेंक्ट् - *n.* anything presented before sense, a pitiable person or thing, end, purpose, (*gram.*) a noun governed by a transitive verb or a preposition. इन्द्रिय-विषय (द्रव्य, वस्तु), दयनीय पदार्थ या व्यक्ति, उद्देश्य, प्रयोजन, व्याकरण में कर्म कारकः -*v. t. & i.* to oppose, to offer reasons against. विरोध करना (खण्डन करना), छेदना, रोकना, तर्क करना; **Direct object** (primary object.) प्रधान कर्म; **Indirect object** (secondary object.) गौण कर्म।

Object-glass - ऑब् -जेंक्ट्'- ग्लास् - *n.* the lens placed at the end of a microscope. अणुवीक्षण यन्त्र का वह ताल जो अणुवीक्षण यंत्र के निचले भाग पर लगा रहता है।

Objectification - ऑब्'-जेंक्ट् - इ - फिक् - एं' - शन् - *n.* expression in concrete form. प्रत्यक्ष उपस्थिति।

Objectify - ऑब् - जेंक्ट्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* to present objectively. प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित करना।

Objection - ऑब् -जेंक्'- शन् - *n.* adverse statement, expression of disapproval, thing objected. विरोध, विरुद्ध हेतु, आक्षेप।

Objectionable - ऑब् - जेक्' - शन् - एब्ल् - *adj.* unpleasant, undesirable, worth objecting. अनुचित, आशंकनीय, आपत्ति के योग्य; **Objectionably** (- एँब् - लि) -*adv.* in an objectionable manner. आपत्ति करते हुए।

Objective - ऑब् -जेंक्ट्' - इव् - *adj. & n.* external to mind, dealing with outward things, symptoms observed by somebody else, not by the patient. मन से बाहर का, बाह्य पदार्थ विषयक, रोग के वे लक्षण जो रोगी स्वयं अनुभव नहीं करता परन्तु वैद्य देख लेता है; **Objectiveness** (- नेंस्) -*n.* the state of being objective. पदार्थ-विषयता, स्थूलदृष्टि।

Objectivity - ऑब् -जेंक्ट्'- इव्' - इट् - इ - *n.* the thing objected, the condition of being objective. कर्म-विषयता, स्थूलता, वस्तुनिष्ठता।

Objectless - ऑब्' -जेंक्ट् -लेंस् - *adj.* without specific aim. निष्प्रयोजन।

Object-lesson - ऑब्' -जेंक्ट् -लेंस्'- सन् - *n.* a lesson taught from a concrete object. प्रत्यक्ष, पदार्थ द्वारा शिक्षा; **Object -teaching** - *n.* teaching by object lesson. प्रत्यक्ष पदार्थों की सहायता से शिक्षण; **Object of confidence** (object of faith.) विश्वासपात्र; **Object of dispute** (subject under discussion.) विवाद-विषय।

Objector - ऑब्-जेंक्ट्' - अँर् - *n.* one who objects. विरोध या खंडन करनेवाला।

Objuration - ऑब् - जूर् - एं'- शन् - *n.* swearing. शपथ, कसम।

Objurgate - ऑब्' - जर् - गेंट् - *v. t.* to scold. झिड़की देना, डाँटना, बिगड़ना।

Objurgation - ऑब् - जर् - गें '- शन् - *n.* chiding or reproof, reprehension, a blaming. तिरस्कार, धिक्कार, झिड़की, डाँट-फटकार।

Objurgatory - ऑब् - जर् - गेंट्' - अर् - इ - *adj.* containing reproof. तिरस्कारपूर्ण।

Oblate - ऑब् -लेंट्'- *n.* one who dedicates his life to religious work. धर्म-कार्य में जीवन अर्पण करनेवाला; - *adj.* flattened and depressed at the poles. ध्रुवों पर चिपटा या दबा हुआ।

Oblation - ऑब्' - ले '- शन् - *n.* anything offered to God. बलि, आहुति, नैवेद्य; **Oblational** (- अल्) -*adj.* pertaining to oblation. बलि-सम्बन्धी।

Obligate - ऑब्'- लिग् - एंट् - *v. t.* to bind a person to do something legally. नियम के अनुसार किसी मनुष्य को कोई कार्य करने के लिये बाध्य करना।

Obligation - ऑब्' - लिग् - एं' - शन् - *n.* binding power, written bond, legal or moral binding, duty, a benefit done or received. बन्धन, लिखित प्रतिज्ञा, वैधानिक या नैतिक बन्धन, कर्तव्य, अनुग्रह या उपकार; **Religious obligation** (devotedness.) व्रत, नियम, धार्मिक बन्धन या कर्तव्य; **Under obligation** (obliged.) अनुगृहीत, कृतज्ञ, अहसानमन्द।

Obligatory - ऑब् - लिग्'- एंट् - अ - रि - *adj.* binding. आवश्यक, बाध्यकारी।

Oblige - ऑब् - लाइज्'- *v. t.* to make indebted to, to bind, to compel, to please. कृतज्ञ करना, नियम अथवा प्रतिज्ञा से बाँधना, विवश करना, प्रसन्न करना।

Obligee - आब्'- लिज् - ई'- *n.* a person to whom another is bound. जिसके प्रति कोई व्यक्ति बद्ध या कृतज्ञ रहता है।

Obliging - ऑब् - लिज्'- इङ्ग् - *adj.* courteous, complaisant. अनुग्रहकारी, उपकारी, दयावान्, सुशील; **Obligingly** (- लि) -*adv.* in an obliging manner. अनुग्रहपूर्वक; **Obligingness** (-नेंस्)-*n.* courteousness. उपकार, सुजनता, सुशीलता।

Obligor -ऑब् - लिज्'- अर् - *n.* one who binds himself to another. अपने को बद्ध करनेवाला।

Oblique - ऑ - ब्लेक्' - *adj.* slanting, diverging from the right line, indirect, not perpendicular. वक्र, कुटिल, तिरछा, झुका हुआ; **Of oblique sight** (squint-eyed.) ऐंचा; **Oblique speech** (indirect speech.) वक्रोक्ति।

Obliquely - ऑ - ब्लेक्'- लि - *adv.* in an indirect manner. कुटिल रीति से, टेढ़ेपन से।

Obliqueness - ऑ - ब्लेक्'- नेंस् - *n.* the state of being oblique. वक्रता, कुटिलता, टेढ़ापन।

Obliquity - ऑ - ब्लेक्' - विट् - इ - *n.* obliqueness. वक्रगति, टेढ़ी चाल।

Obliterate - ऑब् - लिट्' - अर् - एंट्'- *v. t.* to efface, to erase to destroy. पोंछना, मिटाना, नाश करना।

Obliteration - ऑब् - लिट्'- अर् - एं' - शन् - *n.* the act of obliterating. लोप, हटाव, नाश।

Oblivion - ऑब् - लिव्' - इ - अन् - *n.* disregard, forgetfulness. विस्मृति, भूल जाना; **To fall into oblivion** (to be forgotten.) चित्त से हटा दिया जाना, भुला देना।

Oblivious - ऑब् - लिव्'- इ - अस् - *adj.* forgetful, inducing oblivion. भूल जानेवाला, भुलक्कड़, स्मृति हरण करनेवाला, भुलानेवाला; **Obliviously** (- लि) *-adj.* forgetfully. भुलाते हुए; **Obliviousness** (- नेंस्)*-n.* forgetfulness. स्मृति हरण, भूलने की आदत।

Oblong - ऑब्'- लॉङ्ग् - *adj. & n.* rectangular but with adiacent sides unequal, greater in length than breadth. आयताकार; **Oblongness** (- नेंस्) *-n.* the state of being oblong. आयताकार स्थिति।

Obloquy - ऑब्'- लॉक् - वि - *n.* abuse, reproach. गाली, निन्दा (अपवाद)।

Obmutescence - ऑब् - म्यूट् - एँस्' - सेंन्स् - *n.* loss of speech, deliberate silence. गूँगापन, हठपूर्वक मूकता; **Obmutescent** (-सेंन्ट्) *-adj.* silent with obstinacy. हठ-सहित मूक (चुप रहनेवाला)।

Obnoxious - ऑब् - नॉक्'- शस् - *adj.* objectionable, hateful, despised, disliked. आपत्तिजनक, घृणित, अनिष्ट, तिरस्कार योग्य, अप्रिय; **Obnoxiously** (- लि) *-adv.* in a hateful manner. घृणा से, तिरस्कार से; **Obnoxiousness** (- नेंस्) *-n.* the state of being obnoxious. अप्रियता, घृणा।

Obnubilate - ऑब्' - न्यू' - बिल् - एँट् - *v. i.* to obscure, to cloud. छिपाना, ढाँकना, अन्धकार करना।

Obnubilation - ऑब्'- न्यू'- बिल् - एँ'- शन् - *n.* confused condition. व्यग्र अवस्था, घबड़ाई हुई स्थिति।

Oboe - ओ' - बो (- बॉइ) - *n.* a wooden wind-instrument a hautboy. शहनाई।

Obscene - ऑब् - सीन्' - *adj.* indecent, filthy, illomened, loathsome, disgusting, I wd. अश्लील, कुत्सित, अलक्षण, निर्लज्ज, फूहड़; **Obscenely** (- लि) - *adv.* in an obscene manner. अश्लीलता से; **Obsceneness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being obscene, disgust. निर्लज्जता, अश्लीलता, फूहड़पन; **Obscenity** (- इ - टि) - *n.* lewdness. अश्लीलता।

Obscurant - ऑब्'- स्कू - रेंन्ट् - *n.* an opposer of inquiry or reform. अन्वेषण या सुधार का विरोधी; **Obscurantist** (- इस्ट्) - *n.* an obscurant. सुधार-विरोधी; **Obscurantism** (- इज़्म्) - *n.* the principles of an obscurant. सुधार के विरोध का सिद्धान्त।

Obscuration - ऑब्'- स्कू - रें'- शन् - *n.* the act of darkening. अँधेरा करने का कार्य।

Obscure - ऑब् - स्क्यूर्' - *adj.* indistinct, dim, hidden, obscene, unknown to fame, full of doubts. अस्पष्ट, अन्धकारपूर्ण, दुर्बोध, गूढ़, व्याख्या-रहित, अप्रसिद्ध, संदेह युक्त या पूर्ण; *-v. t.* to conceal. छिपाना; **Obscurely** (- लि) *-adv.* in an obscure manner. अस्पष्टता से; **Obscurity** (- इट् - इ), **Obscureness** (- नेंस्) *-ns.* the state of being obscure. अन्धकार की स्थिति।

Obsecrate - ऑब्'- सिक् - रेट् - *v. t.* to entreat, to beseech. प्रार्थना करना; **Obsecration** (- क्रे' - शन्) *-n.* entreaty. विनयपूर्वक प्रार्थना।

Obsequial - ऑब्'- सि - क्वे - अल् - *adj.* pertaining to funeral rites. प्रेत-कर्म सम्बन्धी।

Obsequies - ऑब्' - सिक् - विज़् - *n. pl.* funeral rites. अन्त्येष्टिक्रिया, प्रेत-कर्म।

Obsequious - ऑब् - सि'- क्वि - अस् - *adj.* obedient, dutiful, servile. आज्ञाकारी, विनीत, चापलूस; **Obsequiously** (- लि) *-adv.* in an obedient manner. बड़े अनुरोध से; **Obsequiousness** (- नेंस्) *-n.* the state of being obsequiots अति अनुरोध की स्थिति।

Observable - ऑब् - ज़र्व्'- एँबल् - *adj.* remarkable, worthy of observation दृष्टिगोचर, ध्यान देने योग्य।

Observance - ऑब् - ज़र्व्' - ऑन्स् - *n.* the act of observing, performance of a religious or ceremonial act, a customary rite. पालन, (आचरण) विधान, व्यवहार, रीति; **Observancy** (- ऑन् - सि) *-n.* customary rites. आचार कर्म।

Observant - ऑब् - ज़र्व्'-ऑन्ट् - *adj.* attentive, heedful, diligent, obedient. सावधान, चैतन्य, विवेकी, आज्ञाकारी; **Observantly** (- लि) *-adv.* attentively, heedfully. ध्यान से, सावधानी से।

Observation - ऑब्' - ज़र्व्' - एँ - शन् - *n.* perception, accurate viewing, remark. निरीक्षण, निरूपण (वाक्य), विचार।

Observational - ऑब् - जर्व्' - एँ - शन् - अल् - *adj.* consisting of remarks. निरीक्षण-सम्बन्धी; **Observationally** (- अल् - लि) - *adv.* carefully. विचारपूर्वक।

Observatory - ऑब् - जर्व्' - एँट् - अर् - इ - *n.* (*pl.* **Observatories.**) a building where astronomical observations are made. वेधशाला, ग्रह इत्यादि के भली भाँति निरीक्षण करने का स्थान।

Observe - ऑब् - ज़र्व्' - *v. t. & i.* to adhere to or follow, to perceive, to remark, to examine, to take notice of, to celebrate. मानना या अनुसरण करना, ध्यान देना, मन्तव्य प्रकट करना, परीक्षा करना, उत्सव मनाना।

Observer - ऑब् - ज़र्व्' - अर् - *n.* one who observes, a spectator, a person carried in an aeroplane to note enemy's position &c. प्रेक्षक, माननेवाला, उत्सव मनानेवाला, देखनेवाला, हवाई जहाज़ में उड़कर शत्रु की स्थिति देखनेवाला।

Observing - ऑब् - जर्व्' - इङ्ग् - *adj.* attentive. ध्यान से निरीक्षण करनेवाला; **Observingly** (- लि) *-adv.* attentively. ध्यानपूर्वक।

Obsess - ऑब् -सेंस्'- *v. t.* to harass to trouble. कष्ट देना, पीड़ा देना (सताना)।

Obsession - ऑब् -सेंश्' - अन् - *n.* delusion by an evil spirit. प्रेत-बाधा।

Obsolescence - ऑब्'- सॉल् - एस्'- एन्स् - *n.*

passing into disuse. प्रयोग से हटना, अप्रचलन।

Obsolescent - ऑब' - सॉल् - एस्' - एन्ट् - *adj.* going out of use. प्रयोग से हटनेवाला, अप्रचलित।

Obsolete - ऑब्'- सॉल् - एट् - *adj.* discarded, disused, old fashioned. अव्यवहृत, अप्रचलित, लुप्तप्रयोग, पुरानी रीति का; **Obsoleteness** (- नेंस्) - *n.* the state of being obsolete, indistinctness. अप्रचलितता, अस्पष्टता।

Obstacle - ऑब्'- स्टकल् - *n.* impediment hindrance; obstruction. (प्रतिबन्ध) विघ्न, बाधा, अवरोध (रुकावट)।

Obstetric, Obstetrical - ऑब् - स्टेंट्' - रिक्' (अल्) - *adjs.* pertaining to midwifery or childbirth. प्रसव-सम्बन्धी।

Obstetrics - ऑब् - स्टेंट्' - रिक्स् - *n.* the art of midwifery. गर्भमोचन विद्या, प्रसव-कला।

Obstetrician - ऑब्'- स्टेंट् - रिश्'- अन् - *n.* one who is skilled in midwifery. प्रसव कराने में प्रवीण।

Obstinacy -see **Obstinate.**

Obstinate - ऑब्'- स्टिन् - एट् - *adj.* stubborn, refractory , self-willed. दुर्दम, दुःसाध्य, हठी, स्वेच्छाचारी। **Obstinacy** (- अस् - सि), **Obstinateness** (- नेंस्) -*ns.* stubbornness, resolution. प्रतीपता, हठ; **Obstinately** (- लि) -*adv.* in a refractory manner. हठ से।

Obstreperous - ऑब् - स्ट्रेंप्' - अर् - अस् - *adj.* noisy, clamorous. कोलाहल करनेवाला, झगड़ालू; **Obstreperously** (- लि) - *adv.* in a noisy manner. कोलाहल मचाते हुए; **Obstreperousness** (-नेंस्) - *n.* the act of being clamorous.कोलाहल।

Obstruct - ऑब् - स्ट्रक्ट्' - *v. t. & i.* to block up, to retard, to impede. विघ्न डालना, रोकना, अवरोध करना।

Obstruction - ऑब् - स्ट्रक्' - शन् - *n.* the act of obstructing, an impediment. प्रतिबन्ध, रुकावट; **Obstructionist** (- इस्ट्) -*n.* one who obstructs. विघ्नकारी।

Obstructive - ऑब् - स्ट्रक्ट्' - इव् - *adj.* tending to obstruct. अवरोधी, प्रतिबन्धक; **Obstructively** (- इव् - लि) -*adv.* in an obstructive manner. अवरोध से; **Obstructiveness** (- नेंस्) -*n.* interruption. प्रतिबन्ध, रुकावट।

Obtain - ऑब् -टेंन्' - *v. t. & i.* to get possession of, to acquire, to procure, to get, to continue in use. प्रतिपादन करना, प्राप्त करना, प्रवृत्त होना; **Obtainable** (- एँ - बल्) -*adj.* that may be obtained. पाने योग्य; **Obtainer** (- अर्) -*n.* one who obtains. प्राप्त करनेवाला; **Obtaining** (- इङ्ग्) -*adj.* acquiring. प्रचलित; **Obtainment** (- मेंन्ट्) -*n.* the act of obtaining. लाभ, प्राप्ति।

Obtest - ऑब् -टेंस्ट्' - *v. t. & i.* to supplicate, to protest. प्रार्थना करना, आग्रह करना; **Obtestation** (- एँ - शन्) -*n.* entreaty. विनती, प्रार्थना।

Obtrude - ऑब् - ट्रूड्' - *v. t.* to thrust forward, to urge importunately. हठपूर्वक प्रवेश करना, इच्छा के विरुद्ध करना; **Obtruder** (- अर्) -*n.* one who obtrudes. अवरोध करनेवाला।

Obtruncate - ऑब् - ट्रङ्ग्'- केंट् - *v. t.* to lop off the top, to cut off the head. सिरा छाँटना, मस्तक काटना।

Obtrusion - ऑब् - ट्रू'- ज़न् - *n.* the act of obtruding, entering without being invited. बलपूर्वक प्रवेश, बिना बुलाये जाना।

Obtrusive - ऑब् - ट्रू' - सिव् - *adj.* disposed to obtruding. बलपूर्वक प्रवेश करनेवाला (धृष्ट, ढीठ); **Obtrusively** (- लि) -*adv.* by way of obtrusion. हठ से; **Obtrusiveness** (-नेंस्) -*n.* importunity. धृष्टता, हठ।

Obtund - ऑब् - टन्ड्' - *v. t.* to blunt or deaden sense. मन्दबुद्धि बना देना।

Obturate - ऑब्' - ट्यूर् -रेंट् - *v. t.* to stop up, to seal. रोकना (बन्द करना), मुहर लगाना; **Obturation** (- एँ'- शन्) -*n.* the act of stopping up. बन्धन, मुहर; **Obturator** (- एँ'- टर्) -*n.* that which stops up. बन्द करनेवाला।

Obtuse - ऑब् - ट्यूस्' - *adj.* dull, blunt, stupid, of an angle greater than a right angle. मन्द, भुथरा, मूढ़, अधिक (समकोण से बड़े) कोण का; **Obtusely** (- लि) - *adv.* bluntly. स्थूलता (जड़ता) से; **Obtuseness** -*n.* bluntness. मूढ़ता, मन्दता।

Obtusion - ऑब् - ट्यू'- ज़न् - *n.* the act of making blunt. भुथरा करने का कार्य।

Obverse - ऑब्'- वर्स्- *adj.* having the base narrower than the top, opposite, inverted. शिखर की अपेक्षा सँकरी पेंदीवाला, विपरीत, उलटा हुआ; -*n.* the head of a coin. मुद्रा का अग्रभाग जिस ओर मूर्ति बनी होती है; **Obversely** (- लि) -*adv.* in an obverse form. अग्रभाग की ओर या उलटी ओर।

Obvert - ऑब् - व़र्ट्' - *v. t.* to turn towards the front. अभिमुख करना, सामने की ओर फेरना।

Obversion - ऑब् - वर्'- शन् - *n.* the act of obverting. अभिमुखीकरण, उलटा करने का काम।

Obviate - ऑब्' - व़ि - एट् - *v. t.* to get rid of, to remove, to neutralize. निवृत्त करना, हटाना (टालना), प्रतिरोध करना।

Obvious - ऑब्'- व़ि - अस् - *adj.* clear to the mind clear, palpable, evident. स्पष्ट, स्फुट, प्रत्यक्ष; **Obviously** (- लि) - *adv.* evidently. स्पष्ट रूप से; **Obviousness** (- नेंस्) -*n.* the state of being obvious. स्पष्टता।

Ocarina - ऑक्'- ए - रि'- ना - *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Occasion - ऑक् - ए'- जन् - *n.* opportunity, an incident, ground, need, justification. अवसर, घटना, हेतु (कारण), आवश्यकता, प्रसङ्ग; (*pl.*) business affairs. व्यापार; -*v. t.* to produce, to influ-

ence. उत्पन्न करना, प्रेरणा करना; **According to the occasion** (at a favourable time.) यथा-काल, समयानुसार।

Occasional - ऑक् - ए - जन् - अल् - *adj.* occurring at times. प्रासङ्गिक, समय-समय पर होनेवाला; **Occasionality** (- अल्' - इ - टि) -*n.* probability. सम्भावना; **Occasionally** (- अल् - लि) -*adv.* in an occasional manner, now and then. प्रसङ्गवश, कदाचित्, कभी-कभी।

Occasioned - ऑके'-जन्ड् - *adj.* produced. उत्पन्न।

Occident - ऑक्'- सिड् - ऍन्ट् - *n.* the west. पश्चिम दिशा; **Occidental** (- अल्) -*adj.* western. पाश्चात्य, पश्चिमी; **Occidentalism** (- इज़्म्) -*n.* the life and civilization of the west. पाश्चात्य जीवन तथा सभ्यता; **Occidentally** (- अल् - लि) -*adv.* according to western fashion. पाश्चात्य प्रणाली के अनुसार।

Occipital - ऑक् - सिप्'- इट् - अल् - *adj.* pertaining to the back of the head. मस्तक के पिछले भाग का।

Occiput - ऑक्' - सिप् - उट् - *n.* the back of the head. मस्तक का पिछला भाग।

Occlude - ऑक् - लूड्' - *v. t.* to stop, to obstruct. रोकना, अवरोध करना।

Occlusion - ऑक् - लू' - ज़न् - *n.* a shutting up. रूकावट।

Occlusor - ऑक् - लू'- सर् - *n.* that which shuts up. रोकनेवाला।

Occult - आक् - अल्ट्' - *adj.* secret, mysterious, mystic, supernatural. गुप्त, रहस्यमय, अलौकिक, जादू का; -*v. t.* to conceal from view by passing in front. सामने खड़े होकर दृष्टि से रोकना।

Occultation - ऑक्' - अल्ट् - ऍ' - शन् - *n.* concealment. आच्छादन, रुकावट, छिपाव।

Occultism - ऑक्' - अल्ट् - इज़्म् - *n.* mysticism. गूढ़ता, जादूगरी।

Occultist - ऑक्' - अल्ट् - इस्ट् - *n.* believer in occultism. जादूगर, तांत्रिक।

Occultly - ऑक्' - अल्ट् - लि - *adv.* in an occult manner. छिपी रीति (गुप्तता) से।

Occultness - ऑक् - अल्ट्' - नेंस् - *n.* concealment. भेद, रहस्य।

Occupancy - ऑक्' - यू - पॉन् - सि - *n. & adj.* possession, possessing. भोग (अधिकार), अधिकारी, अधिकार में रखनेवाला; **Occupancy tenant** (a person holding land for more than twelve years.) दखीलकार, काश्तकार।

Occupant - ऑक्' - यू - पॉन्ट् - *n.* a person who holds a property in actual possession, occupier. भोग करनेवाला, अधिकारी, मालिक।

Occupation - ऑक्' - यू - पे'- शन् - *n.* a holding, tenure, possession, an employment, business, vocation, pursuit. वृत्ति, जीवन, उपाय, प्रवृत्ति, अधिकार, व्यवसाय, व्यापार; **Occupation road** (a road open only for occupiers of the land &c.) केवल भूमि के अधिकारियों के लिये सड़क।

Occupied, Occupier -see **Occupy.**

Occupy - ऑक्'- यू - पाइ - *v. t.* (*p.t.* **Occupied.**) to take possession of, to fill, to reside in, to busy, to hold office. अधिकार या भोग करना, भरना, बसना, व्यस्त या काम में लगा होना, पद धारण करना; **Occupied** (- ड्) -*adj.* busy. बसा हुआ, अध्यासित, व्यस्त; **Occupier** (- अर्) -*n.* one who occupies. रहनेवाला, धारण करनेवाला।

Occur - ऑक् - अर्' - *v. i.* (*p. t.* **Occurred.**) to happen, to come into mind, to be found, to appear. घटित होना, मन में आना, पाया जाना, उपस्थित होना।

Occurrence - ऑक् - अर् - रेंन्स् - *n.* incident, event. घटना, वृत्तान्त, व्यापार।

Occurrent - ऑक् - यू' - रेंन्ट् - *adj.* incidental. घटित होनेवाला।

Ocean - ओ'- शन् - *n.* the biggest body of water surrounding the globe. महासागर, बहरे आज़म; **Ocean-lane** (a track for steamers.) जहाज़ का मार्ग; **Oceanwards** (-वर्ड्स्) - *adv.* towards the ocean. महासागर की ओर।

Oceanic - ओ'- शि - आन्'- इक् - *adj.* relating to the ocean. महासागरीय।

Oceanography - ओ - शन् -ऑग् - रॉफ् - इ - *n.* the study of the ocean. समुद्रविज्ञान।

Ocellated - ऑस्' - एल् - एट् - एड् - *adj.* resembling an eye. आँख के सदृश।

Ocellus - ऑ -सेंल् - अस् - *n.* (*pl.* **Ocelli.**) a patch of colour surrounded by a ring of some other colours. दूसरे रंग से घिरा हुआ रंग का पिण्ड।

Ocelot - ओ - सिल् - ऑट् - *n.* a kind of American leopard. अमेरिका देश का एक प्रकार का चीता।

Ochlocracy - ऑक् - लॉक् - रॉस् - इ - *n.* government by the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य।

Ochlocrat - ऑक् - लो - क्रॅाट्' - *n.* a ruler of the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य का अधिनायक; **Ochlocratic** (- क्रॅाट्'- इक्) - *adj.* pertaining to the government by the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य-सम्बन्धी।

Ochlophobia - ऑक्'- लो - फो - बिया - *n.* abnormal dread of crowd. भीड़ का असाधारण भय।

Ochre - ओ'- कर् - *n.* a yellowish orange colour, a kind of clay. गेरुआ या नारङ्गी रंग, गैरिक, एक प्रकार की मिट्टी; **Ochrous** (- अस्) -*adj.* of pale brownish colour. गेरुआ रंग का; **Red ochre** (ruddle.) गेरू।

O'clock - ओ - क्लॉक्' - an *abbr.* for "of the clock"=of the time. घड़ी में।

Octachord - ऑक्'- टा - कॉर्ड् - *n.* a musical instrument with eight strings. आठ तार की वीणा; **Octachordal** (- अल्) -*adj.* of eight strings. आठ तारोंवाली।

Octad - ऑक्'- टॉड् - *n.* a group of eight. आठ का

समुदाय।

Octagon - ऑक्' - टॉग् - अन् - *n.* a plane figure of eight sides. अष्टभुज, अठपहल; **Octagonal** (- अल्) -*adj.* having eight sides. अठपहल; **Octagonally** (- अल् - लि) -*adv.* in an octagonal manner. अठपहल रूप में।

Octahedron - ऑक्'- टा - हि'- ड्रान् - *n.* a solid figure containing eight plane faces or sides. अठपहल ठोस आकृति।

Octangular - ऑक्ट् - ऑड्ग्'- ग्यू - लर् - *adj.* having eight angles. आठ कोणों की आकृतिवाला।

Octant - ऑक्ट्'- आन्ट् - *n.* the eighth part of a circle, an arc of a circle which is 1/8 of the circumference. वृत्त का अष्टमांश, वृत्त का चाप जो परिधि का अष्टमांश हो।

Octarchy - आक्ट्'- अर्क - इ - *n.* an aggregate of eight small kingdoms. आठ छोटे-छोटे राज्यों का समुदाय।

Octave - ऑक्'- टेव़् - *n.* a group of eight, stanza of eight lines, a device which connects the keys of a musical instrument, the eighth day after a church festival. अष्टक, आठ चरणों का पद्य, बाजे का पर्दा, गिरजा के त्योहार के बाद का आठवाँ दिन।

Octavo- ऑक् - टे'- वो - *adj.* having eight sheets. आठ परतों की; -*n.* (*pl.* **Octavos.**) the size of a book in which paper is folded into eight-sheets. पुस्तक का वह आकार जिसमें कागज़ आठ पत्रों में मुड़ा होता है।

Octennial - ऑक् -टॆन्'- इ - अल् - *adj.* recurring every eight years. आठ वर्ष में होनेवाला।

Octillion - ऑक् - टिल्'- यन् -*n.* the eighth power of a million. अड़तालीस शून्य लगी हुई संख्या।

October - ॲक्'- टो'- बर् - *n.* the tenth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का दसवाँ महीना, अक्टूबर।

Octodecimo - ॲक् - टॅ - डॆस्' -इम् - ओ - *n.* the size of a book made by folding paper into eighteen leaves. कागज़ की अठारह परतों में मोड़कर बनाई हुई पुस्तक।

Octodentate - ऑक्- टो -डॆन्ट्'- एंट् - *adj.* having eight teeth. आठ दाँतोंवाला।

Octogenarian - ॲक्' - टॅ - जिन् - ऍअर्'- इ - अन् - *n.* an eighty-year-old person. अस्सी वर्ष की वय का मनुष्य, अस्सी साल की उम्र का आदमी।

Octonarian - ऑक्'- टॉन् - ऐअर्'- इ - अन् - *adj.* a line of poetry having eight feet. कविता का आठ गण का चरण।

Octonocular - ऑक्'- टॉन् - ऑक्'- यू - लर् - *adj.* having eight eyes. आठ आँखोंवाला।

Octopod - ऑक् - टो - पॉड्' - *adj.* having eight feet. आठ पैरों वाला।

Octosyllable - ऑक् - टो - सिल् - एबल् - *adj. & n.* of eight syllables, a word of eight syllables. आठ शब्दखण्ड का (शब्द), अष्टाक्षर।

Octroi - ऑक् - ट्रा' - *n.* duty on goods which enter a town. चुङ्गी, नगर-प्रवेश का कर।

Octuple - ऑक्'- ट्यू - पल् - *adj.* eightfold. अठगुना।

Ocular - ऑक्'- यू - लर् - *adj.* pertaining to the eyes, visual. आँख या दृष्टि सम्बन्धी, चाक्षुश, आँख का, प्रत्यक्ष; **Ocularist** (- इस्ट्) -*n.* one who prepares artificial eyes. कृत्रिम आँख बनानेवाला; **Ocularly** (- लि) -*adv.* by an actual view. प्रत्यक्ष प्रमाण से।

Oculist - ऑक्' - यू - लिस्ट् - *n.* a doctor who is proficient in the diseases of the eye. नेत्रवैद्य; **Oculistic** (- इक्) - *adj.* pertaining to an oculist. नेत्रवैद्य-सम्बन्धी।

Od - ॲड् - *n.* the power pervading in nature which produces chemical action &c. रासायनिक क्रिया इत्यादि की उत्पन्न करनेवाली प्राकृतिक शक्ति।

Odd - ऑड् - *adj.* not even, peculiar, unconected, incalculable, singular, strange, queer. अयुग्म (ताख), अद्भुत, असंबद्ध, असंगत, विचित्र, अनोखा; **Forty thousand odd** (a few hundred more than forty thousand.) चालीस हज़ार से कुछ सौ ऊपर; **Four rupees odd** (a few paise more than four rupees.) चार रुपये से कुछ पैसे अधिक; **He picks up odd jobs** (he takes up unconnected work.) वह फुटकर काम करता है।

Oddish - ऑड्- इश् - *adj.* peculiar. विचित्र।

Oddity - ऑड्'- इ - टि - **Oddness** (- नॆस्) - *ns.* strangeness, singularity, peculiarity. विचित्रता, अपूर्वता।

Oddly - ऑड्'- लि - *adv.* strangely, in an odd manner. विलक्षणता से।

Odds - ऑड्स् - *n. pl.* inequality, strife, probability. विषमता (अधिकता), कलह, सम्भावना; **Odds and ends** (remaining parts.) अवशिष्ट, बचे हुए या फुटकर पदार्थ; **To make odds even** (to make equal.) समता करना; **To take odds** (to accept a favour.) सुविधा स्वीकार करना।

Ode - ओड् - *n.* a poem which is intended to be sung. छोटा गीत, गायन।

Odeum - ओ - डी'- अम् - *n.* a hall or theatre for a musical performance. गाने-बजाने का स्थान, नाटकघर।

Odious - ओ - डि'- अस् - *adj.* hateful, offensive, detestable, repulsive. घृणित (अप्रिय), घिनौना, द्वेषकारी, उदासीन; **Odiously** (- लि) - *adv.* hatefully. घिनौनेपन से; **Odiousnees** (- नॆस्) -*n.* hatefulness, disgust. घिनौनापन।

Odium - ओ' - डि - अम् - *n.* hatred, hatefulness, dislike. द्वेष, घृणा।

Odontalgia - ओ'- डॉन्ट् - आल्'- जि - आँ - *n.* toothache. दाँतों का दर्द; **Odontalgic** (- जिक्) -*adj.* pertaining to toothache. दाँतों का दर्द-सम्बन्धी।

Odontoid - ओ - डान्ट्'- आएड् - *adj.* with serrated edges. दाँतेदार।

Odontology - ओं' - डान्ट् - ऑल्- ओ - जि - *n.* the science which treats of teeth. दन्तशास्त्र, दाँत का शास्त्र।

Odontoloxia - ओं'- डॉन् - टॉल् - ॲक्स्'- इ - ऑ - *n.* irregularity of teeth. दाँतों की विषमता।

Odoriferous - ओं'- डर् - इफ्'- अर् - अस् - *adj.* diffusing perfume, fragrant. सुगन्ध फैलानेवाला, सुगन्धित; **Odoriferously** (- लि) -*adv.* fragrantly. सुगन्ध फैलाते हुए।

Odorous - ओं' - डॅर् - अस् - *adj.* fragrant. सुगन्धित; **Odorously** (- लि) -*adv.* fragrantly. सुगन्धित ढंग से।

Odour - ओं'- डर् - *n.* smell, scent, pleasant or unpleasant fragrance. किसी प्रकार की गन्ध, सुगन्ध; **Bad odour** (foul smell.) दुर्गन्ध; **Fragrant odour** (sweet scent.) सुगन्ध; **Odourless** (-लेॅस्) - *adj.* without odour. गन्धहीन, बिना गन्ध का।

Oecist - इ'- सिस्ट् - *n.* the founder of a colony. किसी उपनिवेश की स्थापना करनेवाला।

Oecology - ईकॅ'- लॅजि - *n.* a branch of biology dealing with the effect of environments on organisms. प्राणिशास्त्र की शाखा जिसमें प्राणियों पर वातावरण के प्रभाव का अध्ययन होता है।

Oedema - ओ - डे'- मा - *n.* local dropsy. किसी अङ्ग का जलीय शोथ; **Oedematic** (- मॅट्'- इक्) -*adj.* pertaining to dropsy. ऐसी शोथ-सम्बन्धी।

Oedipus - ई'- डिप् - अस् - *n.* one who solves riddles. कठिन प्रश्नों को सुलझानेवाला, पहेली बूझनेवाला; **Oedipus complex** (the abnormal attraction between a parent and a child in opposite sexes.) पुत्र का माता पर तथा पुत्री का पिता पर असाधारण प्रेम।

O'er - ओर् - short form of 'over'. 'over' का छोटा रूप।

Oesophagus - इ - सॉफ्'- ऑग् - अस् - *n.* (*pl.* **Oesophagi**) the gullet. गले की नली, हलक।

Of - ऑव् - *prep.* from, by, about, out of. का, में, पर, विषय में, लिये, वास्ते; **A fool of a man** (a simpleton.) मूर्ख व्यक्ति; **Blind of an eye** (one eye being blind.) एक आँख का काना; **For the sake of** (in order to.) वास्ते, लिये; **I never heard of it** (I never heard in regard to this.) इस विषय में मैने कुछ नहीं सुना; **In spite of** (notwithstanding.) ऐसा होते हुए भी, बावजूद इसके; **Man of intelligence** (an intelligent person.) बुद्धिमान् मनुष्य; **Of old** (ancient.) प्राचीन; **On the point of death** (about to die.) मरणासन्न; **Sick of delay** (disgusted with delay.) विलम्ब से परेशान; **Swift of foot** (quick in going.) तीव्र गति का; **To ask of** (to make a request to.) प्रार्थना करना, माँगना; **To bring to bed of** (to give birth to.) सन्तान उत्पन्न करना; **To take ill of** (to think improper about.) बुरा मानना।

Off - ऑफ् - *adv., prep. & adj.* at a distance, away, remote, far, towards, vanished, unfortunate. दूर का, बढ़ा हुआ, दूर, ओर, लुप्त, अभागा; **Badly off** (in bad circumstances.) आपद्ग्रस्त; **Fell off the ladder** (fell at a distance from the ladder. सीढ़ी पर से छटककर दूर गिर पड़ा; **Get off!** (obtain release from.) दूर हटो; **He broke off** (he stopped speaking.) उसने बोलना बन्द कर दिया; **His hat is off** (his hat has dropped down.) उसकी टोपी गिर गई; **Leave off work** (abandon work.) काम छोड़ दो; **Off-hand** (without previous forethought, carelessly.) बिना पूर्वविचार के, असावधानी से; **Off the point** (removed from the main subject.) प्रधान विषय से दूर; **Off with his head** (cut off his head.) उसका सिर काट लो; **The joint was off** (*i. e.* was dislocated.) जोड़ उखड़ गया; **To make off** (to depart.) प्रस्थान करना; **We are off now** (we have just started.) हम लोगों ने अभी प्रस्थान किया है; **Well off** (rich) सम्पन्न, धनी।

Offal - ऑफ्'- अल् - *n.* refuse waste product. कूड़ा, मल, उच्छिट (शेष भाग); - (*pl.*) rubbish. (ब. व.) तलछट।

Offence - ऑफ्- एन्स्' - *n.* an aggressive action, displeasure, annoyance, injury. अपराध (दोष), रोष, असन्तोष, तंग करनेवाली बात, क्षति।

Offenceless - ऑफ् - एन्स्' -लेॅन्स् - *adj.* unoffending. दोष-रहित, निरपराध।

Offend - ऑफ् - एन्ड्'- *v. t. & i.* to displease, to transgress, to make angry. अप्रसन्न करना, कष्ट देना, उल्लंघन करना, क्रोधित करना; **Offended** (- एॅड्) -*adj.* displeased. असन्तुष्ट, क्रुद्ध; **Offender** (-अर्) -*n.* one who offends, annoyer. अपराधी, दोषी, तंग करनेवाला; **Offending** (- इङ्ग्) -*adj.* affronting. कष्ट देनेवाला, पातकी।

Offensive - ऑफ् - एन्' - सिव् - *adj.* injurious, disgusting, repulsive, bad smelling, insulting the aggressive action of an assailant. क्षतिकर, घृणित, हानिकर, दुर्गन्धित, अपमानकारी, शत्रु पर आक्रमण करने की क्रिया; **Offensive to the ear** (displeasing to hear.) सुनने में कटु; **Offensive to taste** (of bad taste, offensive.) नीरस, कुत्सित; **Offensive smell** (bad smell.) दुर्गन्ध; **Offensive weapon** (assailing weapon.) आक्रमण करने का शस्त्र।

Offensively - ऑफ् - एन्स्'- इव् - लि - *adv.* in an offensive manner. तंग करने या चिढ़ाने या क्षति पहुँचाने के ढंग से।

Offensiveness - ऑफ्' - एन्स्'- इव् -नेॅस् - *n.* the quality of being offensive. अनिष्ट, अपकार, असन्तोष, अपराध।

Offer - ऑफ्' - अर् - *n.* a proposal, first advance, bidding of a price. प्रस्ताव, पहिला धावा, दाम लगाना; -*v. t.* to propose, to present to the mind, to bid as a price, to present as a sacrifice. प्रस्ताव

करना, निवेदन करना, दाम लगाना, बलि के लिये उपस्थित करना; *-v. t.* to express willingness, to make an attempt. इच्छा प्रकट करना, प्रयत्न करना; **To offer violence** (to make an attack.) आक्रमण करना।

Offerer - ऑफ़ - अर् - अर् - *n.* one who offers. निवेदक, प्रस्तावक।

Offering - ऑफ़् - अर् - इङ्ग् - *n.* an oblation, a sacrifice. अर्पण, भेंट, बलि-कर्म।

Offertory - ऑफ़्'- अर् - टर् - इ - *n.* a service at the time of offerings. बलिदान करने के समय का गीत।

Office - ऑफ़्' - इस् - *n.* service, employment, attention, post, function, duty, place of business. कार्य, व्यापार, अधिकार, पद, कर्तव्य, कार्यस्थान।

Officer - ऑफ़्' - इस् - अर् - *n.* he who is commissioned to perform a public duty. नियोगी, अधिकारी, अफ़सर।

Official - ऑफ् - इश्' - अल् - *adj. & n.* pertaining to an office, one employed in a public capacity. शासकीय, सरकारी, अधिकृत, अधिकार-सम्बन्धी, अधिकारी (कर्मचारी)।

Officialdom - ऑफ् - इश्'- अल् - डम् - *n.* bureaucracy. अधिकारीवर्ग।

Officially - ऑफ़् - इश्' - अ - लि - *adv.* in an official manner. अधिकारपूर्वक, अधिकारी की तरह।

Officiant - आफ्' - इश्- इ - अन्ट् - *n.* an officiating person. किसी पदाधिकारी के स्थान पर काम करनेवाला।

Officiate - ऑफ़् - इश्' - इ - ऐट्- *v. t.* to perform an office, to act in some official capacity. किसी पदाधिकारी के स्थान पर काम करना; स्थानापन्न होना।

Officinal - ऑफ़् - इस्' - इन् - अल् - *adj.* pertaining to drugs used in medicine. औषधियों की जड़ी-बूटियों से सम्बन्धित; **Officinally** (- लि) *-adv.* in an officinal manner. औषधिरूप में।

Officious - ऑफ़् - इश्'- अस् - *adj.* offering service which is uncalled for, meddlesome. obliging, informal, overkind. बिना अधिकार के चर्चा करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, धृष्ट, अति कृपालु; **Officiously** (- लि) *-adv.* unofficially. अनधिकारिक रूप से; **Officiousness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being officious. बिना अधिकार का हस्तक्षेप।

Offing - ऑफ़्' - इङ्ग् - *n.* the part of the sea seen between the sea and the horizon from the shore. किनारे से देख पड़ता हुआ दूर का समुद्र का भाग।

Offish - ऑफ़्' - इश् - *adj.* inclined to remain separate, distant or stiff in manner. अलग रहनेवाला, रूक्ष प्रकृति का; **Offishness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being offish. रूक्षता।

Offset - ऑफ़्' - सेंट्'- *n.* shoots of plants, an offshoot, compensation, reversed copy of a printed sheet. अंकुर, अँखुआ, क्षति की पूर्ति, मुजरा, छपे हुए कागज़ की उलटी प्रतिलिपि।


Offshoot - ऑफ़्'- शूट् - *n.* a side shoot or branch of a tree or plant. वृक्ष के बगल का अंकुर या शाखा।

Offside - ऑफ़्' - साइड् - *n.* the farthest side. दूर की दिशा।

Offspring - ऑफ़्' - स्प्रिङ्ग् - *n.* a descendant, progeny, result. सन्तान, सन्तति, परिणाम (फल); **Female offspring** (daughter.) कन्या; **Male offspring** (son) पुत्र; **With no offspring** (without children) सन्तानहीन।

Oft - ऑफ़्ट् - *adv.* often, frequently. बहुधा; **Many a time and oft** (repeatedly.) बारम्बार, बहुधा; **Oft-times** (often.) बहुधा, अक्सर।

Often - ऑफ़्' - फ़न् - *adv.* frequently, at short intervals. बहुधा (प्रायः) बारम्बार; **As often** (as many times) जितनी बार; **So often** (so many times.) उतनी बार।


Ogee.

Ogee - ओ - जी' - *n. & adj.* S-shaped double continuous curves. इस आकार की जाली।

Ogival - ओ' - जाइ - वल् - *adj.* pertaining to or resembling a pointed arch. नुकीले मेहराब से सम्बन्धित या उसके समान।

Ogive - ओ'- जाइव् - *n.* a pointed arch. नुकीली कमानी की मेहराब।

Ogle - ओग्ल् - *v. t. & i.* to cast amorous glances. कटाक्ष करना, तिरछी नजर से देखना; *-n.* an amorous glance. कटाक्ष; **Ogler** (- लर्) *-n.* one who ogles. कनखी मारनेवाला; **Ogling** (- इङ्ग्) *-n.* act of casting a side-glance. कनखी मारने का कार्य।

Ogre - ओ'- गर् - *n.* a man-eating giant. मनुष्यभक्षी दैत्य या राक्षस; **Ogress** (- रेस्) *-n. fem.* a female ogre. राक्षसी, चुड़ैल; **Ogreish** (- ईश्) *-adj.* like a giant. राक्षस के समान।

Ogygian - ओ - जिज्'- इ - अन् - *adj.* of prehistoric times. अति प्राचीन समय का।

Oh - ओ - *interj.* an exclamation of surprise or anxiety. ओह! अरे! हाय!

Ohm - ओम् - *n.* the unit of electrical resistance. बिजली की शक्ति की रुकावट की नाप।

Oho - ओ - हो'- *interj.* expressing surprise. आश्चर्यसूचक अव्यय, ओहो! अरे।

-oid - ओ - इड् - *suf.* in the sense of 'resembling' 'having the form of'. प्रत्यय जिसका अर्थ 'सदृश' अथवा 'आकारवाला' होता है, यथा- **Dentoid.**

Oil - आयल् - *n.* an unctuous liquid lighter than water. तेल, फुलेल; *-v. t.* to anoint with oil. तेल पोतना या लगाना; **Oilcake** (the residue after extracting oil from seeds.) खली; **Oil-can** (a can for keeping oil.) तेल रखने की कुप्पी; **Oil-cloth** *-n.* (canvas covered with paint.) पानी न सोखनेवाला कपड़ा, मोमजामा; **Oil colour** *-n.* (colour prepared by grinding a colouring substance

in oil.) तेल मिलाकर बना हुआ रंग; **Oil-Engine**-*n.* (an engine burning oil as fuel.) मिट्टी के तेल से चलने वाला इंजन; **Oiler** (- अर्) -*n.* an oiling can, a ship engaged in carrying oil. यन्त्र में तेल देने की कुप्पी, तेल ढोने वाला जहाज़; **Oil-field** (a mine of paraffin oil.) मिट्टी के तेल की खान; **Oiliness** (- इ - नेंस्) -*n.* quality of being oily. चिकनाहट, स्निग्धता; **Oil-man** (one who deals in oil.) तेली; **Oil-mill** (a mill for extracting oil) तेली का कोल्हू; **Oil painting**-*n.* the art of painting in oil-colours. तैलचित्र; **Oil-press**-*n.* (a press for crushing oil from seeds.) दबाकर तेल निकालने का यन्त्र; **Oilstone** (whetstone.) तेल लगाकर औजार तेज़ करने की सिल्ली; **Oily** (- इ) -*adj.* greasy. तेल लिपटा हुआ; **To burn the midnight oil** (to work long in the night.) रात्रि में देर तक परिश्रम करना; **To pour oil on burning fire** (to increase fire by the help of oil). आग में घी डालना; **To oil one's hands** (to bribe.) घूस देना; **To pour oil on the waters** (to smooth over things.) उपद्रव शान्त करना; **To oil one's tongue** (to speak flattering words.) चिकनी-चुपड़ी बातें करना।

Ointment - ऑइन्ट्'- मेंन्ट् - *n.* an unctuous preparation used to beautify the skin, an unguent. उबटन, लेप, मलहम।

O K abbreviated form of O Kay - ओके - *n.* all right. बिलकुल ठीक।

Okapi - ओ - कें' - पि - *n.* a giraffe-like animal of Central Africa. मध्य अफ्रीका का जिराफ़ के समान लम्बी गर्दनवाला चितकबरा पशु।

Old - ओल्ड् - *adj.* *(comp.* **Older, Elder,** *sup.* **Oldest, Eldest.**) advanced in age, ancient, previous, worn out, long practised, decayed. वृद्ध, प्राचीन, जीर्ण, अनुभवी, सड़ा हुआ; **Eight years old** (eight years of age.) आठ वर्ष की अवस्था का; **Of the old school** (old-fashioned.) पुराने ढंग का; **Old boy** (an old companion.) पुराना साथी; **Old cloth** (ragged cloth.) जीर्ण वस्त्र; **Old fashioned** -*adj.* (antiquated.) पुराने ढंग का; **Old hand** (an experienced worker.) अनुभवी कारीगर; **Old head on young shoulder** (wisdom beyond one's age.) अवस्था से अधिक विद्वान्, **Old Tom** (a kind of gin.) एक प्रकार की मदिरा; **The old** (people of advanced age.) वृद्ध लोग।

Olden - ओल्ड्'- इन् - *adj.* old, ancient पुराने समय का -*v. t.* to make feeble. दुर्बल करना।

Oldish - ओल्ड्'- इश् - *adj.* somewhat old. कुछ पुराना।

Oldness - ओल्ड्' - नेंस् - *n.* old age. बुढ़ापा।

Oldster - ओल्ड्'- स्टर् - *n.* one who is no longer a youngster. युवा अवस्था से अतीत।

Oleaginous - ऑल्' - इ - ऑज्' - इन - अस् - *adj.* oily, greasy. तेल युक्त, चिकना; **Oleaginousness** (-नेंस्) - *n.* oilness. स्निग्धता, चिकनाहट।

Oleander - ऑल्' - इ - ऑन्ड्' - अर् - *n.* a poisonous shrub. एक विषैली वनस्पति, करवीर।

Oleic - ओ - लि'- इक् - *adj.* pertaining or relating to oil. तेल सम्बन्धी।

Oleiferous - ओ'- लि - इफ्'- अर् - अस् - *adj.* producing oil. तेल उत्पन्न करनेवाला।

Olfactory - *adj.* see under **Olfactive.**

Olfaction - ऑल् -फ़ॉक्' - शन् - *n.* the sense of smell. घ्राणेन्द्रिय, नाक।

Olfactive - ऑल् -फ़ॉक्' - टिव्, **Olfactory** (- टर् - इ) - *adjs.* pertaining to the organ of smell. घ्राणीय, घ्राणेन्द्रिय (नाक) सम्बन्धी।

Olibanum - ऑल् - इब् - आन् - अम् - *n.* an aromatic resin. एक सुगन्धित गोंद, सिंहल।

Olid - ऑल्'- इड् - *adj.* of bad smell, foul-smelling. दुर्गन्धवाला।

Oligarch - ऑल्' - इग् - आर्क् - *n.* a member of an oligrachy. अल्पजन राज्य का सदस्य; **Oligarchal** (- अल्) -*adj.* pertaining to oligarchy. अल्पजन राज्य-सम्बन्धी।

Oligarchically - ऑल्'- इग् - आर्क'- इक् - ऑ - लि - *adv.* in an oligarchic manner. अल्पजन राज्य क्रम की रीति से।

Oligarchy - ऑल्' - इग् - आर्क - इ - *n.* government by the few. अल्पजन से शासित राज्य।

Olivary - ऑल्'- इव् - अर् - इ - *adj.* shaped like olives, oval. जैतून के आकार का, अण्डाकार।

Olive - ऑल्'- इव् - *n.* an evergreen tree with small white flowers, its fruit. जैतून का वृक्ष, जलपाई; **Olive crown** (a crown of victory.) विजय-मुकुट; **To hold out the olive branch** (to offer peace.) मेल का प्रस्ताव रखना।

-ology - ऑल्'- ऑ - जि - *suf.* used for 'science.' विज्ञानसूचक प्रत्यय, यथा–**Biology, Theology.** इत्यादि।

Olympian - ऑ - लिम्प्य्' - इ - अन् - *adj.* superior, magnificent. ऐश्वर्ययुक्त, विशिष्ट महत्त्व का।

Omega - ओ'-मेंज्' - आ - *n.* the last letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम अक्षर; **Alpha and Omega** (the first and the last.) आदि और अन्त।

Omen - ओ'- मेंन् - *n.* the occurrence foreboding good or evil, presage. शुभ या अशुभ सूचक घटना, शकुन, चिन्ह, लक्षण; -*v. t.* to foretell. शकुन सूचित करना; **Good omen** (a sign of good fortune.) शुभ लक्षण या शकुन।

Ominous - ऑम्'- इन् - अस् - *adj.* portentous, inauspicious. अशुभ लक्षण का, अपशकुन का; **Ominously** (- लि) -*adv.* in an ominous manner. अशुभ लक्षण से, अपशकुन से।

Omissible - ओ - मिस्' - इब्ल् - *adj.* capable of being omitted. त्याज्य, छोड़ने योग्य।

Omission - ओ - मिश्'- अन् - *n.* a leaving out, failure, neglect. त्याग, लोप, भूल।

Omissive - ओ - मिस्'- सिव़् - *adj.* leaving out. छोड़नेवाला, भूलनेवाला।

Omit - ओ - मिट्' - *v. t.* (*p. t.* **Omitted.**) to leave out, to fail to do. त्यागना, छोड़ना, भूल जाना।

Omni - ऑम्'- नि - *pref.* in sense of 'all', 'in all ways.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'सबका' 'सब प्रकार से' होता है।

Omnibus - ऑम्' - नि - बस् - *n.* (*pl.* **Omnibuses.**) a four-wheeled public vehicle. किराये की मोटरगाड़ी।

Omnifarious - ऑम् - निफ्' - अर् - अस् - *adj.* of all sorts. सब प्रकार का।

Omnific - ऑम् - निफ़्' - इक् - *adj.* all creating. सर्वोत्पादक।

Omniform - ऑम् - नि'- फ़ॉर्म् - *adj.* having every form. सब प्रकार के रूपवाला।

Omnigenous - ऑम् - निज्'- इन् - अस् - *adj.* consisting of all kinds. सब प्रकार का, सब जाति का।

Omnipotence - ऑम् - निप्'- ऑट् - एन्स् - *n.* infinite power. सर्व (अनन्त) शक्ति।

Omnipotent - ऑम् - निप्'- ऑट् - एन्ट् - *adj.* almighty. सर्वशक्तिमान्।

Omnipresence - ऑम्' - नि - प्रेज़्' - ऍन्स् - *n.* presence everywhere. विश्वव्यापकता।

Omnipresent - ऑम् - नि - प्रेज़्' - ऍन्ट् - *adj.* present in all places and at all times. विश्वव्यापी, सर्वव्यापक।

Omniscience - ऑम्'- निस् - इ - एन्स् - *n.* unlimited knowledge. अनन्तज्ञान, सर्वज्ञान।

Omniscient - ऑम् - निस्' - इ - एन्ट् - *adj.* all knowing. त्रिकालदर्शी।

Omnivorous - ऑम्- निव्' - अर् - अस् - *adj.* feeding on plants as well as on animals. सर्वाहारी, सर्वभक्षी, वनस्पति तथा मांस खानेवाला।

Omoplate - ओ'- मो - प्लेट् - *n.* the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी।

On - ऑन् - *prep.* in contact with the upper part of a thing, upon, at, near, in consequence of. किसी पदार्थ के ऊपर, ऊपर, पर, पास, परिणाम में; -*adv.* forward, onward. आगे से; used as *pref.* in sense of 'onward'. उपसर्ग की तरह प्रयोग होने पर 'आगे की ओर' अर्थ में आता है; **From that day on** (commencing from that day.) उस दिन से; **Goes on foot** (is a pedestrian.) पैदल चलता है; **Having clothes on** (wearing clothes.) कपड़ा पहिने हुए; **On account of** (for.) वास्ते, लिए; **On all sides** (on every side.) चारों तरफ; **On one's knees** (submissive.) घुटने के बल; **On the instant** (immediately.) उसी क्षण; **On the morning** (in the morning time.) प्रातःकाल; **On the right** (towards the right side.) दाहिनी ओर; **On the wing** (flying.) लड़ता हुआ; **The city was on fire** (fire enveloped the city.) शहर में आग लगी हुई थी।

Onager - ऑन्' - एज् - अर् - *n.* the wild ass, a medieval machine for throwing stones. जंगली गदहा, गोरखर, पत्थर के ढेले फेंकने का प्राचीन काल का यन्त्र।

Once - वन्स् - *adv.* for one time only, a few times, formerly. एक बार, पहिले; **At once** (immediately.) तुरन्त; **Once for all** (for ever.) सर्वदा के लिए (निश्चित रूप से); **Once upon a time** (on a certain occassion.) एक बार, किसी समय।

Oncoming - ऑन्' - कम्'- इङ्ग् - *n.* approach. पहुँच।

One - वन् - *adj.* single in number, some or any, undivided. एक, कोई, अविभक्त; -*n.* the number one, an individual. एक (संख्या), कोई व्यक्ति; *pron.* a single person. कोई मनुष्य; **All in one** (combined, unanimously.) एक साथ, एक मत से; **At one** (in agreement.) सहमत; **Many a one** (several) बहुतेरे; **Never a one** (none.) कोई भी नहीं; **Of one's own** (belonging to oneself.) अपना निजी; **One another** (conjointly.) परस्पर; **One or the other** (either of the two.) दो में से एक; **Ten to one** (almost impossible.) प्राय; असम्भव; **To be at one** (to be equal.) समान होना; **Were made one** (were married.) विवाह किए गये।

One-eyed - वन्'- आइड् - *adj.* blind of one eye. काना।

Oneirocritic - ऑन् - इअर्' - ओ - क्रिट'- इक् - *n.* one who interprets dreams. स्वप्न का अर्थ बतलानेवाला।

Oneiromancy - ऑन् - इअर्'- ओ - मॉन्'- सि - *n.* the act of divining by dreams. स्वप्नों की सहायता से भविष्य बताने का कार्य।

Oneness - वन्'- नेस् - *n.* singleness, wholeness, being one. एक भाव, अद्वैत भाव, एकता।

Onerous - ऑन्'- अर् - अस् - *adj.* burdensome. दुःसह, कष्टसाध्य, भारी; **Onerously** (- लि) -*adv.* in an onerous manner. भारीपन से; **Onerousness** (- नेस्) -*n.* the state of being onerous. दुःसह्यता, भारीपन, कष्टसाध्यता।

Oneself - वन्' - सेल्फ् - *pron.* reflexive form of 'one'. आप ही, स्वयं।

One-sided - वन्' - साइड्' - ऍड् - *adj.* partial, limited to one side, turned to one side. पक्षपाती, एक ही ओर सीमित, एक ही ओर मुड़ा हुआ; **One-sidedly** (- लि) -*adv.* partially. पक्षपात से; **One-sidedness** (- नेस्) -*n.* having regard to one side only. एकपक्षता।

Onfall - ऑन्' - फ़ॉल् - *n.* an attack, approach of night. आक्रमण, रात्रि का आगमन।

Onflow - ऑन्'- फ़्लो - *n.* a flow onward. आगे की ओर बहाव।

Onion - अन्'- यन् - *n.* an edible bulb with pungent flavour. प्याज़; -*v. t.* to rub the eyes with onion. आँखों में प्याज़ रगड़ना।

Oniony - अन्'- यन् - इ - *adj.* having the smell of onion. प्याज़ के गन्ध का।

Onlooker - ऑन्' - लुक् - अर् - *n.* a spectator. दर्शक, तमाशा देखनेवाला।

Only - ओन्' - लि - *adj.* sole, single, alone. प्रधान, केवल (अकेला, अद्वितीय); -*adv.* solely, exclusively. केवल, सिर्फ; - *conj.* but, except. सिवाय; **Not only but.** न केवल।

Onomatopoeia - ऑन्'- ऑम् - एट्'- ओ - पि - आ' - *n.* a word whose sound resembles the object associated with it. ऐसा शब्द जिसका उच्चारण उसके अर्थ का द्योतक हो; **Onomatopoetic** (- पॅ - ऍट्'- इक्) -*adj.* formed by onomatopoeia. उपर्युक्त शब्द से सम्बन्धित; **Onomatopoetically** (- अ - लि) -*adv.* in the manner of an onomatopoeia. उपर्युक्त शब्द का प्रयोग करते हुए।

Onset - ऑन्'-सेंट् - *n.* an attack, an assault. आक्रमण, चढ़ाई (धावा)।

Onslaught - ऑन्'- स्लॉट् - *n.* a fierce attack, a murderous assault. मारकाट, भयंकर घातक आक्रमण।

Ontological - आन्'- टॉल् - ऑज्'- इक् - अल् - *adj.* metaphysical. सत्त्व-विद्या-सम्बन्धी, दार्शनिक; **Ontologically** (- जि - कल् - लि) -*adv.* in a metaphysical manner. सत्त्व-विद्या के सिद्धान्त से।

Ontologist - ऑन्- टॉल् - ऑज्'- इस्ट् - *n.* one who is versed in ontology. सत्त्व-विद्या का पण्डित।

Ontology - ऑन् - टॉल्'- ओ - जि - *n.* the philosophy concerned with the essence of being. दर्शन या सत्त्व विद्या।

Onus - ओ'- नस् - *n.* (*no plural*) burden, obligation, responsibility. भार, उत्तरदायित्व, जवाबदेही।

Onward - ऑन्' - वर्ड् - *adj.* forward. अग्रगामी; **Onwards** (- वर्ड्ज़) - *adv.* further onward. आगे की ओर।

Onymous - आन्' - इ - मस् - *adj.* not anonymous. गुमनाम नहीं, नाम दिया हुआ।

Onyx - ऑन्'- इक्स् - *n.* a kind of gem. गोमेदक रत्न।

Oof - ऊफ् - *n.* money. धन; **Oofy** (- इ) -*adj.* wealthy. धनिक।

Oogenesis - औ - औ - जेन् - इस् - इस् - *n.* development of the ovum. भ्रूण (गर्भ) का बढ़ना।

Oology - ओ - ओल्' - ओ - जि - *n.* the study of bird's eggs. पक्षी के अण्डों का अध्ययन।

Ooze - ऊज़् - *n.* wet mud, sluggish flow. गीली मिट्टी, कीचड़, स्राव; -*v. t.* to pass gently through pores. रसकर बहना, टपकना।

Oozily - ऊज़्'- इ - लि - *adv.* in an oozing manner. रसते हुए।

Ooziness - ऊज़्'- इ - नेंस् - *n.* the state of being oozy. टपकन।

Oozings - ऊज़्' - इड्ग्ज़् - *n.* flow of a fluid in drops. द्रव का टपकन।

Oozy - ऊज़्'- इ - *adj.* miry, slimy. टपकने या रसनेवाला।

Opacity - ओ - पॉस् - इ - टि - *n.* want of transparency, obscurity, opaqueness. अस्वच्छता, धुंधलापन, अपारदर्शकता।

Opal - ओ'- पल् - *n.* a precious stone. पोलकी, दूधिया पत्थर।

Opalescent - ओ'- पल् - ऍस्'- सेन्ट् - *adj.* pertaining to an opal. पोलकी रत्न का।

Opaline - ओ'- पल् - इन् - *adj.* resembling an opal. पोलकी की तरह का।

Opalize - ओ'- पल् - आइज़् - *v. t.* to make like opal. पोलकी के सदृश बनाना।

Opaque - ओ - पेंक्' - *adj.* not transmitting light, obscure, dull. अपारदर्शक, अन्धकारयुक्त, गँदला; **Opaquely** (- लि) -*adv.* in an opaque manner. गँदलेपन से; **Opaqueness** (- नेंस्) -*n.* want of transparency. अस्वच्छता, अपारदर्शकता।

Ope - ओप् - *v. t .& i.* (poetical form of **'Open'**.) खुलना, खोलना।

Open - ओप्'- प्न् - *adj.* not closed, unsealed, bare, uncovered, unprotected, public, manifest, frank, liberal. उन्मुक्त, बिना मुहर का, नंगा, खुला हुआ, अरक्षित, प्रकाशित, प्रकट, स्पष्ट, सच्चा, उदार; **Open air** (air out of doors.) घर के बाहर की खुली वायु; **Open city** (a city in which no garrison is stationed, neither there are implements of war nor factories for manufacturing them.) ऐसा नगर जिसमें सेना स्थापित न हो, न युद्ध-सामग्री हो और न अस्त्र-शस्त्र बनाने के कारखाने हों; **Open country** (an unenclosed piece of land.) खुला मैदान; **Open-eyed**-*adj.* (watchful.) सचेत, सावधान, चौकसी रखनेवाला; **Open-handed** (generous) उदार, दाता; **Open-hearted** (frank.) निष्कपट, सच्चे हृदय का; **Open-minded** (unprejudiced.) पक्षपातहीन; **Open-minded person** (a man of liberal views.) उदारचरित मनुष्य; **Open-mouthed** (greedy, outspoken.) लालची, स्पष्टवक्ता; **Open to dispute** (debatable.) विवादनीय; **Open weather** (clear weather.) स्वच्छ ऋतु; **To keep doors open** (to receive every one.) सबका आतिथ्य करना; **To lay open** (to uncover.) खोलकर सामने रखना; **To receive with open arms** (to welcome or accept heartily.) सहृदय स्वीकार या स्वागत करना; **With open eyes** (without secrecy.) प्रत्यक्ष में, गुप्त न रखते हुए।

Open - ओ'- पेन् - *v. t. & i.* to begin, to bring into view, to unlock, to enlarge, to establish. आरम्भ करना, प्रकाशित करना, खोलना, विकसित होना, स्थापित करना; **To open bowels** (to loosen bowels.) आँतों को ढीला करना; **To open debate** (to begin a discussion.) शास्त्रार्थ आरम्भ करना; **To open fire** (to begin firing.) गोली चलाना आरम्भ करना; **To open ground** (to prepare land by ploughing.) हल चलाकर मिट्टी तोड़ना; **To open**

one's eyes (to show astonishment.) आश्चर्य दिखलाना; **To open out** (to increase, to expand.) खोलना, फैलाना; **To open the door** (to give opportunity.) अवसर देना; **To open up** (to publish.) प्रकाशित करना।

Openable - ओं'- पेन् - एबल् - *adj.* able to be opened. प्रकाशित करने (खोलने) योग्य।

Opener - ओ'- पेन् - अर् - *n.* he who opens. खोलनेवाला।


Opening - ओ'-पेन् - इङ्ग् - *n.* commencement, opportunity, passage, an aperture. प्रारम्भ, अवसर, मार्ग, छिद्र।

Openly - ओ'- पेन् - लि - *adv.* in an open manner. स्पष्ट रूप में, बिना छिपाये हुए।

Openness - ओ'-पेन् -नेस् - *n.* frankness. स्पष्टता, प्रकाशता।

Opera - ऑप्'- एर् - ऑ - *n.* a dramatic performance accompanied by music. संगीत नाटक; **Comic opera** (an opera of light character.) हास्यपूर्ण नाटक; **Grand opera** (one without spoken language.) स्वाँग।

Opera-glass - ऑप्'- एर् - ऑ - ग्लास्' - *n.* a small binocular glass used at theatres. नाटक देखने की दूरबीन; **Opera-hat**-*n.* a kind of tall hat. मोड़ने के योग्य ऊँची दीवार की अंग्रेज़ी टोपी।


Opera-glass.

Operant - ऑप्'- अर् - अन्ट् - *adj. & n.* operative, active, an operator. कार्य करने की शक्ति रखनेवाला, फुर्तीला, वह व्यक्ति जो किसी यंत्र या कार्य का संचालन करता है।

Operate - ऑप्'- अर् - एट् - *v. i. & t.* to perform, to produce effect, to act, to perform surgical operations, to buy and sell, to manage. कार्य करना, फलीभूत होना, चेष्टा करना, प्रभाव डालना, जर्राही करना, बेचा-बिक्री करना, प्रबन्ध करना; **Operating-room** (theatre) a room where surgical operations are performed. डाक्टर का चीर-फाड़ करने का कमरा।

Operatic - ऑप्'- अर् - एट् - इक् - *adj.* like an opera. सङ्गीत नाटक के सदृश।

Operation - ऑप्'- अर् - ए'- शन् - *n.* action, scope, manipulation, influence, method of working, an active process, discharge of duty, surgical performance, movement of troops. प्रचालन, क्रिया (कार्य), प्रवृत्ति, प्रभाव, उद्यम, व्यापार, कर्तव्यपालन, चीर-फाड़, सेना की गति।

Operative - ऑप्'- अर् - एट् - इव् - *adj. & n.* producing an effect, an artisan or mill-hand. प्रयोजक (प्रबल), गुणकारी, शिल्पकार; **Operatively** (- लि) - *adv.* in an operative manner. प्रबलता से, कार्य-दक्षता से।

Operator - ऑप्'- अर् - एट्' - अर् - *n.* one who operates. प्रवर्तक, कार्य करनेवाला।

Operetta - ऑप्'- अर् - एट्' - ए - *n.* a short opera. छोटा संगीत नाटक।

Operose - ऑप्'- अर् - ओस् - *adj.* taking great pains, industrious. श्रमसाध्य, अति परिश्रमी, बड़ा मेहनती।

Ophidian - ऑफ् - इड्'- इ - अन् - *adj.* pertaining to snakes. सर्प सम्बन्धी।

Ophiolater - ऑफ्' - इ - ऑल् - ऑट् - अर् - *n.* a serpent worshipper. सर्पपूजक।

Ophiology - ऑफ्' - इ - ऑल्'- ओ - जि - *n.* the study of snakes. सर्पविद्या।

Ophiophagous - - ऑफ्' - इ - ऑफ्'- ऑग् - अस् - *adj.* feeding on snakes. सर्पभोजी।

Ophite - ऑफ्' - इट् - *adj.* serpentine. सर्पाकार, साँप के आकार का।

Ophthalmia - ऑफ् -थॉल्' - मि - आ - *n.* inflammation of the eye. आँख आना, आँख फूलने का रोग; **Ophthalmic** (- मिक्) -*adj.* pertaining to the eye. नेत्र-सम्बन्धी, आँख का।

Ophthalmologist - ऑफ् -थॉल् - मॉल् - ऑज् - इस्ट् - *n.* one skilled in the treatment of the eye. नेत्र-विज्ञानी, नेत्र-रोग का चिकित्सक।

Ophthalmology - ऑफ़ -थॉल्-मॉल्' - ओ - जि - *n.* the science which treats of the eye. नेत्र-विज्ञान।

Ophthalmy - ऑफ़ - थॉल्'- मि - *n.* swelling of eyes. आँखों की सूजन।

Opiate - ओ'- पि - एट् - *n.* a drug containing opium used for inducing sleep or alleviating pain. निद्रा लानेवाली तथा पीड़ा हटानेवाली अफ़ीम मिली हुई औषधि; -*v. t.* to mix with opium. अफ़ीम मिलाना।

Opine - ओ - पाइन्' - *v. t.* to hold an opinion, to think, to suppose. विचार करना (मनन करना), तर्क करना।

Opinion - ओ - पिन्'- यॅन् - *n.* a judgement without, proof, belief, probable view, estimation, sentiment. अनुमान, विचार, आशय, बुद्धि अभिप्राय; **I am of opinion** (I think so.) मैं ऐसा विचार करता हूँ; **Difference of opinion** (dissension.) मतभेद।

Opinionated - ऑप् - इन्'- यन् - एट् - इड् - *adj.* obstinate in opinion. अपने विचार का पक्का, हठी; **Opinionatedness** (- नेस) -*n.* obstinacy. हठ।

Opinionative - ऑप्'- इन् - यॅन् - ऍट्'- इव् - *adj.* unduly attached to one's notions. अपने मत का आग्रही।

Opinionist - ऑप्' - इन् - यॅन् - इस्ट् - *n.* one who is attached to his personal opinions. अपने मत पर दृढ़।

Opip - ऑ'- पिप्' - *n.* an advanced position from which the effects of the enemy fire can be watched. शत्रु की गोलियों का आक्रमण दूर से देखने का स्थान।

Opisometer - ओं'-पिस् - आम्'- इट् - अर् - *n.* a mathematical instrument for measuring curved lines. (नकशे पर की) घूमी-फिरी रेखाओं को नापने का यन्त्र।

Opium - ओं'- पि - अम् - *n.* a drug prepared from the juice of poppy. अहिफेन, अफ़ीम; **Opium-eater** (-ईट्'- अर्) *-n.* one who indulges in opium. अफ़ीमची।

Opiumize - ओं' - पि - अम् - आइज़् - *v. t.* to mix opium. अफ़ीम मिलाना।

Opossum - ओ - पॉस्' - अम् - *n.* a kind of American mammal. अमेरिका देश का एक प्रकार का चौपाया।

Oppilate - ऑप्' - पिल् - एट् - *v. t.* to block or obstruct. रुकावट डालना; **Oppilation** (- ए' - शन्) *-n.* stoppage. अवरोध, रुकावट।

Opponency - ऑप् - ऑन्' - एन् - सि - *n.* antagonism, opposition. शत्रुता, विरोध।

Opponent - ऑप् - ऑन्' - एन्ट् - *n.* an adversary, an enemy. वैरी, शत्रु; *-adj.* opposite. विरुद्ध।

Opportune - ऑप्'- अर्' - ट्यून् - *adj.* suitable, convenient well-chosen. अनुकूल, सुगम, उचित समय का; **Opportunely** (- लि) - *adv.* seasonably. (सुगमता से) समय से; **Opportuneness** (-नेंस्) - *n.* seasonableness. समयोचितता।

Opportunism - ऑप्'-अर्-ट्यून्'-इज़्म् - *n.* adopting oneself to circumstances, compromise. समयानुसार अपने को बनाना, सन्धि, सुलह।

Opportunist - ऑप्' - अर् - ट्यून्' - इस्ट् - *n.* one who seizes opportunities. अपने को समयानुसार बनानेवाला, नीतिज्ञ, अवसरग्राही।

Opportunity - ऑप्' - अर् - चुन्' - इट् - इ - *n.* (*pl.* **Opportunities.**) favourable or convenient time, good chance. अवकाश, समय (साधन), सुअवसर; **To wait an opportunity** (to wait for a favourable time.) अवसर की प्रतीक्षा करना।

Opposability - ऑप् - ऑज़्' - आब् - इल् - इ - टि - *n.* capabillty of being placed in opposition. विरोधभाव।

Opposable - ऑप् - ऑज् - एब्ल् - *adj.* what may be opposed. विरोध के योग्य।

Oppose - ऑप् - ओज़् - *v. t.* to antagonize, to resist, to place against, to make an objection to, to obstruct. विरोध करना, बाधा डालना, रोकना, प्रतिरोध करना, विघ्न डालना।

Opposer - ऑप् - ओज़्' - अर् - *n.* one who opposes. विरोधक, सामना करनेवाला।

Opposing - ऑप् - ओज़्'- इङ्ग् - *adj.* acting against. विरुद्ध काम करनेवाला।

Opposite - ऑप्' - पो - ज़िट् - *adj.* contrary to, adverse, facing to, placed in front of. प्रतिकूल, सामने का, अभिमुख; *-n.* that which is opposed. विपरीत, भिन्न; **Of an opposite kind** (of a different kind.) भिन्न प्रकार का; **On the opposite bank** (on the other bank.) उस पार; **The opposite sex** (the female sex.) स्त्री जाति।

Oppositely - ऑप्' - ओज् - इट् - लि - *adv.* adversely. विपरीत या भिन्न भाव से; **Oppositeness** (- नेंस्) *-n.* the state of being opposite. भिन्नता।

Opposition - ऑप् - ओज् - इश्' - अन् - *n.* contrast, resistance, antagonism, contrariety, hostility. प्रतिकूलता, विरोध, बाधा, विमुखता, वैर।

Oppositional - ऑप् - ओज् - इश्' - अन् - अल् - *adj.* pertaining to opposition. द्वेष भाव का, विरोधी; **Oppositionally** (- अ - लि) *-adv.* in a hostile way. प्रतिकूलता से; **Oppositionist** (- इस्ट्) *-n.* obstructionist. विरोधक।

Oppress - ऑप् - रेश'- *v. t.* to weigh down, to govern with tyranny, to keep under subjection. दबाना, सताना, वश में करना (अपकार करना)।

Oppression - ऑप् - रेश्' - अन् - *n.* cruelty, hardship, calamity. निर्दयता, कठोरता, उत्पीड़न।

Oppressive - ऑप् - रेश्'- इव् - *adj.* tyrannical, overwhelming. क्रूर, अत्याचारी, उत्पीड़क, निर्दयी; **Oppressively** (- लि) *-adv.* in an oppressive manner. निर्दयता से; **Oppressiveness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being oppressive. कठोरता, निर्दयता, अत्याचार।

Oppressor - ऑप् - रेश्' - अर् - *n.* one who oppresses. अत्याचारी, क्रूर, निर्दयी।

Opprobrious - ऑप् - रो - ब्रि - अस् - *adj.* abusive, reproachful, deposed. निन्दनीय, कलंकी, घृणित; **Opprobriously** (- लि) *-adv.* in a reproachful manner. तिरस्कार सहित; **Opprobriousness** (- नेंस्) *-n.* reproachfulness, disgracefulness. निन्दनीयता।

Opprobrium - ऑप् - रो'- ब्रि - अम् - *n.* infamy, disgrace. अपयश, तिरस्कार।

Oppugn - ऑप् - यून' - *v. t.* to oppose or call into question. विरोध करना।

Oppugnance - ऑप् - अग्'-नॉन्स् - *n.* resistance, opposition. विरोध; **Oppugnancy** (- पग्' - नॉन् - सि) *-n.* state of opposition. विरोध-भाव।

Oppugnant - ऑप् - अग्'- नेन्ट् - *adj.* resisting. विरोध करनेवाला।

Oppugnation - ऑप्'- अग् - ने ' - शन् - *n.* opposition. विरोध।

Oppugner - ऑप् - यून्'- अर् - *n.* one who opposes or resists. विरोध करनेवाला।

Opsonic - ऑप् - सॉन्'- इक् - *adj.* having an effect on the bacteria in the body. शरीर के भीतर के कृमियों पर प्रभाव डालनेवाला।

Opsonin - ऑप् - सॉन्'- इन् - *n.* the injection of non-living bacteria for curing a disease. किसी रोग के कृमियों को मारकर शरीर में प्रवेश करने की विधि।

Optative - ऑप् - टॉट् - इव् - *adj.* expressing wish or desire. इच्छार्थक, इच्छा-सूचक; **Optatively**

(-लि) - *adv.* in an optative manner. इच्छार्थक रूप में।

Optic - ऑप्'- टिक् - *adj.* pertaining to or relating to the eye or eyesight. नेत्र-सम्बन्धी, दृष्टि-सम्बन्धी।

Optical - ऑप्' - टिक् - अल् - *adj.* pertaining to optics, visual. दृष्टि-सम्बन्धी, चाक्षुषीय, आँख का; **Optically** (- लि) - *adv.* in an optical manner. दृष्टि से सम्बन्ध रखते हुए।

Optician - ऑप् - टिश्' - अन् - *n.* one who is skilled in optics, one who sells optical instruments. चक्षुविद्या में निपुण, उपनेत्र (चश्मा) बेचनेवाला।

Optics - ऑप्'- टिक्स् - *n.* the science of light or sight. प्रकाश या दृष्टि-विज्ञान।

Optimacy - ऑप्'- टिम् -ऑ - सि - *n.* the nobility. कुलीन लोग, शिष्ट जन।

Optimism - ऑप्'- टिम् - इज़्म् - *n.* the doctrine that good ultimatel prevails over evil, a hopeful view of things. उत्तमता का सिद्धान्त, आशावाद।

Optimist - ऑप्'- टिम् - इस्ट् - *n.* one who thinks that all is for the best. उत्तमता के सिद्धान्तवाला, आशावादी।

Optimistic - ऑप्'- टिम् - इस्ट्' - इक् - *adj.* pertaining to optimism. उत्तमता के सिद्धान्त का; **Optimistically** (- अ - लि) - *adv.* in an optimistic manner. 'ईश्वर सब अच्छे के लिए करते हैं' ऐसी धारणा रखते हुए।

Option - ऑप्'- शन् - *n.* choice, choosing, liberty to choose. रुचि, इच्छा, अभिलाषा; **Left to your option** (according to your wishes.) आपके इच्छानुसार, जैसी आपकी इच्छा।

Optional - ऑप्'- शन् - अल् - *adj.* according to your choice. ऐच्छिक, वैकल्पिक; **Optionally** (- अ - लि) - *adv.* in an optional manner. विकल्प से, इच्छानुसार।

Optophone - ऑप्'- टो - फ़ोन् - *n.* an instrument for helping the blind to see objects. अन्धों को पदार्थ दिखलाने में सहायता देने का यन्त्र।

Opulence - ऑप्' - यू - लेन्स् - *n.* wealth, riches. धन, विभव, ऐश्वर्य।

Opulent - ऑप्' - यू - लेन्ट् - *adj.* wealthy, abundant, rich. धनिक, सम्पन्न, बहुधनी; **Opulently** (- लि) -*adv.* richly, abundantly. ऐश्वर्य से, सम्पन्नता से।

Or - ऑर् - *conj. & prep.* used for uniting two alternatives, each of the two, before. अथवा दो में एक, अन्यथा, पहिले; **Or else** (otherwise.) नहीं तो।

Oracle - ऑर्' - एकल् - *n.* a divine revelation, prophecy, mysterious advice, prophetic judgement. आकाशवाणी, भविष्यवाणी, विचित्र, उपदेश, दैवी उपदेश।

Oracular - ऑर् - एक्'- यू - लर् - *adj.* like an oracle. देववाणी तुल्य; **Oracularity** (- इट् - इ)-*n.* the state of being oracular. देववाणीत्व; **Oracularly** (- लि) -*adv.* in the manner of an oracle. आकाशवाणी की रीति से।

Oral - ऑ' - रल् - *adj.* relating to the mouth, spoken, verbal. मुखीय, मुख-सम्बन्धी, बोला हुआ, मौखिक; **Orally** (- लि) -*adv.* by word of mouth. वचन द्वारा, मुख द्वारा।

Orange - ऑर्' - इञ्ज् - *n.* a juicy sweet fruit. नारंगी, सन्तरा।

Orangeade - ऑर्'- इन्ज् - एड् - *n.* a drink made of orange juice. नारंगी का (क्षारीय) शर्बत; **Orange colour** (the colour of oranges.) नारङ्गी रङ्ग।

Orangery - ऑर्' - इन्ज् - अर् - इ - *n.* a garden of orange trees. नारंगी का बगीचा।

Orang-outang - ऑ - रॉङ्ग् - उ - टॉङ्ग् - *n.* (also **Orang-utan**) a kind of large ape. एक प्रकार का बड़ा बन्दर।

Orang-outang.

Orant - ऑ'- रॉन्ट् - *n.* worshipper. पूजक, पूजा करनेवाला।

Orate - ओ'- रेंट् - *v. t.* to make a speech. व्याख्यान देना।

Oration - ओर् - ए' - शन् - *n.* a formal speech, way of speaking. वक्तृता, व्याख्यान देने की विधि।

Orator - ओर्' - ए - टर् - *n.* (*fem.* **Oratress** -ट्रेंस्) -an eloquent speaker, a public speaker. सुवक्ता, व्याख्यान देनेवाला।

Oratorial - ओर्' - एट् - ऑ - रि - अल् - *adj.* pertaining to oratory. व्याख्यान-सम्बन्धी।

Oratorical - ओर्' - एट् - ऑर् - इक् - अल् - *adj.* rhetorical. अलङ्कारयुक्त; **Oratorically** (- अ - लि) - *adv.* in an oratorical manner. आलंकारिक रूप में।

Oratory - ओर्'- एट् - अर् - इ - *n.* the art of speaking. वक्तृत्व-शक्ति।

Orb - ऑर्ब् - *n.* a sphere, heavenly body, the eye, the eye-ball. गोला (चक्र), मण्डल, आँख, आँख का तारा; -*v. t.* to form into a circle. मण्डल बनाना; **Orbed** (- ड्) -*adj.* having an orb. मण्डलाकार।

Orbicular - आर्ब - इक' - यू - लर् - *adj.* circular, in the form of an orb. गोल, (मण्डलाकार) गोलाकार; **Orbicularity** (- इ - टि) -*n.* sphericity. गोलाई; **Orbicularly** (- लि) - *adv.* in a spherical manner. गोलाई से, गोलाकार रूप में।

Orbit - आर्ब'- इट् - *n.* the path in which the heavenly bodies move, the socket of the eye. (कक्षा) ग्रहपथ, नेत्र कोटर, आँख का गड्ढा; **Orbital** (- अल्) -*adj.* pertaining to an orbit. ग्रहपथ सम्बन्धी।

Orchard - ऑर्'- चर्ड् - *n.* a garden of fruit trees. फल-वाटिका, फलों का बाग; **Orchard-house** -*n.* a green-house for the cultivation of fruit trees. फल के वृक्षों को उगाने का आच्छादित गृह; **Orchardman** (one who lays out a fruit garden.) फल-वाटिका लगानेवाला व्यक्ति।

Orchestic - ऑर् - केंस्ट्'- इक् - *adj.* pertaining to dancing. नृत्य-सम्बन्धी; **Orchestics** (- स्) -*n.* the art of dancing. नृत्य विद्या, नाचने की कला।

Orchestra - ऑर्' - केंस् - ट्रा - *n.* the part of a theatre where concert is performed. बजानेवालों का (नाटक में) समूह, वादकवृन्द, थियेटर में उनके बैठने की जगह; **Orchestral** (- केंस् - ट्रेल्) - *adj.* pertaining to an orchestra. वादक वृन्दीय; **Orchestrate** (-स्ट्रेंट्') -*v. t.* to compose for an orchestra. नाटक के लिये गायन बनाना।

Orchid - ऑर्'- किड् - *n.* a beautiful herb with showy flowers of various colours. रङ्ग-बिरङ्गे फूलों वाले विचित्र आकार के पौधे।

Orchitis - ऑर् - कि'- टिस् - *n.* inflammation of the testicles. अंडकोष का शोथ।

Orchotomy - ऑर - कॉट्' - ओ - मि - *n.* castration. बधिया करने का कार्य।

Ordain - ऑर् -डेंन्' - *v. t.* to appoint, to destine. निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना (प्रबन्ध करना)।

Ordainer - ऑर् -डेंन्' - अर् - *n.* one who ordains. संस्थापक।

Ordainment - ऑर् -डेंन्' -मेंन्ट् - *n.* order. आज्ञा।

Ordeal - ऑर्' - डि - अल् - *n.* a trial by fire or water, a severe test. अग्नि अथवा जल द्वारा निर्दोष सिद्ध करने की परीक्षा, कठिन परीक्षा।

Order - ऑर्' - डर् - *n.* class, arrangement, regularity, mandate, social rank, kind, rule, grade. वर्ग, गण, कोटि, व्यवस्था, क्रम, आज्ञा, सामाजिक स्थिति, प्रकार, भेद, नियम, पद; -*v. t.* to arrange, to regulate, to conduct, to command, to manage. क्रम में रखना, व्यवस्था करना, आज्ञा देना, प्रबन्ध करना; **In order that** (so that.) ताकि; **In order to** (for the sake of.) वास्ते, लिये; **Lower orders** (people of lower rank.) नीच जाति के लोग; **Made to order** (prepared according to directions.) आज्ञानुसार बनाई हुई (वस्तु); **Order! Order!** (to conduct, to regulate.) नियम-विरुद्ध करने से रोकना।

Order-book - ऑर्' - डर् - बुक् - *n.* a book for entering the orders of customers. माँग की बही; **Order of battle** (arrangement of an army.) सैन्य-रचना; **Order of the day** (arranged order of business.) कार्य का व्यवस्थित क्रम; **Out of order** (irregular, improper.) अव्यवस्थित, अनुचित; **To order about** (to send on an errand.) सन्देश पर भेजना; **To take order with** (to arrange.) क्रम में रखना।

Orderliness - ऑर्' - डर् - लि - नेंस् - *adj.* regularity. सद्व्यवहार।

Orderless - ऑर्' - डर् -लेंस् - *adj.* irregular. क्रमहीन।

Orderly - ऑर्'- डर् - लि - *adj., adv. & n.* methodical, obedient to discipline, regular, a servant. क्रम के अनुसार, आज्ञाकारी, क्रम से, नियमित, सेवक, अर्दली।

Ordinal - ऑर्'- डिन् - अल् - *adj.* pertaining to the position of a thing in series. क्रमवाचक, क्रमसूचक; **Ordinal numbers** (numbers denoting order.) क्रमवाचक संख्या।

Ordinance - ऑर् - डिन् - ऑन्स् - *n.* decree, law, direction, established religious rites. विधि, नियम, मर्यादा (व्यवहार), धार्मिक अनुष्ठान, अध्यादेश।

Ordinarily - ऑर्' - डिन् - अर् - इ - लि - *adv.* usually, according to established rules, regularly. साधारण रूप से।

Ordinariness - ऑर् - डिन् - अर् - इ - नेंस् - *n.* the state of being ordinary. सामान्यता, साधारण रूप।

Ordinary- ऑर्' - डिन् - अर् - इ - *adj.* regular, usual, normal, common, customary or common- place. प्रचलित, साधारण, सामान्य, यथा-व्यवहार; -*n.* general situation. सामान्य स्थान।

Ordinate - ऑर्'- डिन् - एंट् - *n. & adj.* the chord of a circle, orderly. वृत्त का चाप, कर्ण, यथाक्रम, क्रमानुसार।

Ordination - ऑर्'- डिन् - ए' - शन् - *n.* arrangement, classification, act of appointment of a clergyman. विधान, वर्गीकरण, पादरी की नियुक्ति।

Ordinee - ऑर्'- डिन् - इ - *n.* a newly ordained clergyman. नया नियुक्त पादरी।

Ordnance - ऑर्ड्' - नान्स् - *n.* mounted guns, military stores. तोपखाना, युद्ध-सामग्री, फ़ौजी सामान; **Ordnance department** (the department which looks after the military stores and materials.) सैनिक अस्त्र-शस्त्रों की देखभाल करनेवाला विभाग।

Ordure - ऑर्'- ड्योर् - *n.* dung, excrement, foul language. विष्ठा, मल, गन्दी भाषा, गाली-गलौज।

Ore - ओर् - *n.* native mineral from which precious metals are extracted. बिना संस्कार की हुई (कच्ची) धातु।

Oread - ऑ' - रि - अड् - *n.* a mountain nymph. पहाड़ की अप्सरा या परी।

Orectic - ओ - रेक्'- टिक् - *adj.* pertaining to appetite or desire. भूख या इच्छा-सम्बन्धी।

Orfe - ऑर्फ् - *n.* a kind of golden fish. एक प्रकार की सुनहली मछली।

Organ - ऑर्' - गन् - *n.* a kind of musical instrument, part of the body adapted for special functions. बाजा, इन्द्रिय; शरीर का अंग; **Mouth organ** (a musical instrument played by the mouth.) मुख से बजाने का बाजा।

Organdie - ऑर्'- गन् - डि - *n.* a kind of fine muslin. एक प्रकार का पतला मलमल, अरगन्डी।

Organic - ऑर् - गॉन्'- इक् - *adj.* pertaining to organs, vital, constitutional, systematic. इन्द्रिय-सम्बन्धी, मार्मिक, क्रमिक, चेतनायुक्त; **Organic Chemistry** (Chemistry of living organisms.) जीवित पदार्थों का रसायनशास्त्र।

Organically - ऑर् - गॉन्'- इक् - अल् - लि - *adv.* in

an organic manner, by means of organs. क्रमिक रूप से, इन्द्रियों द्वारा।

Organism - ऑर्'- गॉन् - इज़्म् - *n.* organized structure with independent parts serving for the well-being of the entire life, a living animal or plant. जीवधारी रचना, जीवित प्राणी या पौधा।

Organist - ऑर्'- गॉन् - इस्ट् - *n.* a player on the organ. अर्गन या बाजा बजानेवाला मनुष्य।

Organizable - ऑर् - गॉन् - इज़् - एबल् - *adj.* able to be organized. संगठन करने योग्य।

Organization - ऑर्' - गॉन् - इज् - ए' - शन् - *n.* act of organizing, organic structure. निर्माण, सृष्टि, बनावट, संगठन।

Organize - ऑर्' - गॉन् - आइज् - *v. t.* to make into a living being, to furnish with organs. इन्द्रिययुक्त करना, संगठन करना, बनाना; **Organizer** (- अर्) *-n.* one who organizes. व्यवस्था करनेवाला।

Organless - ऑर्' - गन् - लेंस् - *adj.* destitute of organs. बिना इन्द्रिय या अंग का।

Organon, Organum - ऑर् - गॉन् - अन् (- नम्) - *ns.* an instrument of thought, a treatise on logic. विचारशैली, तर्कविधि।

Orgasm - ऑर् - गाज़्म् - *n.* violent excitement. आवेग (तीव्र उत्साह), क्षोभ।

Orgastic - ऑर्'- गॉस् - टिक् - *adj.* pertaining to orgasm. आवेग-सम्बन्धी।

Orgy - ऑर्' - जि - *n.* (*pl.* **Orgies.**) licentious revelry by night. रात्रि-उत्सव, आमोद-प्रमोद।

Oriel - ऑ' - रि - अल् - *n.* a large projecting window. दीवार से बाहरी ओर बनी हुई बड़ी खिड़की।

Orient - ऑ' - रि - ऍन्ट् - *n.* the eastern part of the sky. पूर्व दिशा; *-adj.* lustrous, precious. (उज्ज्वल) चमकता हुआ, बहुमूल्य।

Oriental - ऑ'- रि - एन्ट्'- अल् - *adj.* pertaining to the east or its people, old. पूर्वदेशीय, प्राचीन; **Orientalism** (- इज़्म्) *-n.* doctrines of the east. प्राचीनता, पूर्वदेशीयता; **Orientalist** (- इस्ट्) *-n.* one who is versed in the eastern languages. पूर्व-देशीय भाषाओं को जाननेवाला; **Orientalize** (- आइज़्) *-v. t.* to render oriental. पूर्वदेशीयत्व लाना।

Orientally - ऑ'- रि - एन्ट् - लि - *adv.* in an oriental manner. प्राचीनता से।

Orientate - ऑ'- रि - एन्ट् - एट् - *v. t.* to turn to the east. (गृह इत्यादि को) पूरब की ओर बनाना; **Orientation** (- ऍ - शन्) *-n.* eastward position. (इस प्रकार) की पूर्वीय स्थिति।

Orifice - आर्'- आफ् - इस् - *n.* an opening or mouth of a tube, an aperture, vent. नली का छिद्र, मुख, रन्ध्र द्वार, द्वार, मार्ग।

Origanum - ऑर्'- इग - एन् - अम् - *n.* a kind of flowering shrub. एक फूलवाला पौधा।

Origin - ऑर्'- इज् - इन् - *n.* beginning, root, source, cause. आरम्भ, उद्गम (उत्पत्ति-स्थान), आदि कारण (हेतु), मूल।

Original - ऑर - इज्'- इन् - अल् - *adj.* primitive, first in order, having power to originate, not copied, inventive. मौलिक, प्रथम, उत्पत्ति करने की शक्ति का, अनुकरण न किया हुआ, काल्पनिक; *-n.* origin, that from which anything is copied. मूल, मूल-लेख।

Originality - ऑर् - इज्' - इन् - अल्'- इ - टि - *n.* the state of being original. अपूर्व रचना-शक्ति, मौलिकता।

Originally - ऑर् - इज्'- इन् - ए - लि - *adv.* in an original manner. पहिले से, मौलिक रूप से।

Originate - ऑर् - इज्'- इन् - एट् - *v. t. & i.* to cause to begin, to bring into existence. उत्पन्न (निर्माण) करना, प्रारम्भ होना।

Origination - ऑर - इज्'- इन् - ऍ - शन् - *n.* first production. प्रारम्भ, आदि रचना।

Originative - ऑर् - इज्'- इन् - एट्- इव् - *adj.* having the power to originate. उत्पन्न करनेवाला।

Originator - ऑर् - इज्'- इन् - एट्' - अर् - *n.* one who originates. उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला।

Oriole - ऑ - रि - ओल् - *n.* a bird with black and yellow plumes. एक प्रकार का काले पीले परों वाला विलायती पक्षी।

Orion - ऑर - इ'- अन् - *n.* a constellation. मृगशिरा नक्षत्र।

Orison - ऑर्'- इ - जन् - *n.* a prayer of supplication. प्रार्थना, स्तुति, उपासना।

Orleans - ऑर - लि'- एन्ज् - *n.* a kind of plum. एक प्रकार का बेर।

Orlop - ऑर्'- लॅप् - *n.* the lowest deck of a ship. जहाज़ की सबसे नीची छत।

Ormolu - ऑर्' - मॉल् - यू - *n.* a gold coloured alloy. ताँबा, जस्ता, राँगा इत्यादि के मेल से सुनहले रंग की बनी हुई धातु।

Ornament - ऑर्न' - ऑ - मेंन्ट् - *n.* a thing used for decoration, embellishment. अलङ्कार, आभूषण, श्रृंगार; *-v. t.* to adorn, to beautify. अलंकृत करना, सुशोभित करना, सजाना।

Ornamental - ऑर्न'- ऑ - मेंन्ट् - अल् - *adj.* serving to adorn. विभूषक, शोभाकर।

Ornamentalism - ऑर्न'- ऑ - मेन्ट् - अल् - इज़्म् - *n.* beautifying. अलंकरण, सुशोधन।

Ornamentalist - ऑर्न'- ऑ - मेन्ट् - अल् - इस्ट् - *n.* one who beautifies. सुशोभित करनेवाला।

Ornamentally - ऑर्न'- ऑ - मेंन्ट् - अल् - इ - *adv.* in a decorative manner. सजाते हुए।

Ornamentation - ऑर्न'- ऑ - मेंन्ट् - ए' - शन् - *n.* that which ornaments, decoration. श्रृंगार, सजावट।

Ornate - ऑर्न - एट्' - *adj.* elaborately adorned, beautified. अलंकारों से विभूषित, सुशोभित; **Ornately**

(- लि) -*adv.* in an ornate style. शोभापूर्वक; **Ornateness** (- नेस्) -*n.* the state of being ornate. शृंगार, शोभा।

Ornithologist - ऑर्'- निथ् - ऑल्'- ओ - जिस्ट् - *n.* one who is skilled in ornithology. पक्षी-विद्या जाननेवाला, इस विद्या में निपुण।

Ornithology - ऑर् - निथ् - ऑल्' - ओ - जि - *n.* the science of birds. पक्षी विद्या।

Orographical -see **Orography.**

Orography - ऑ - रॉग् - राफ् - इ - **Oreography** (अॅ - रिॲ - ग्रॉफ़ि) - *ns.* physical geography which treats of mountains. प्राकृतिक भूगोल विद्या का वह भाग जिसमें पर्वतों का वर्णन होता है; **Orographical** (- इक् - अल्) -*adj.* pertaining to orography. पर्वतों के भूगोल से सम्बन्धित।

Orotund - ओ'- रो - टण्ड् - *adj.* imposing, pompous. प्रभावशाली, रोबदार।

Orphan - ऑर'- फन् - *n.* (*common gender.*) a child bereft of father and mother. मातृ-पितृहीन बालक, अनाथ।

Orphanage - ऑर'- फन् - एज् - *n.* an asylum for orphans. अनाथालय।

Orphanhood - ऑर'- फन् - हुड् - *n.* orphanage. मातृ-पितृहीनता।

Orphanize - ऑर'- फन् - आइज़् - *v. t.* to make an orphan. अनाथ करना।

Orphic -ऑर्'- फ़िक् - *adj.* melodious. सुरीला, मुग्ध करनेवाला।

Orpiment -ऑर्'- पि - मॅन्ट् - *n.* a yellow mineral, trisulphide of arsenic. हरताल।

Orrery - ऑर'- एर् - इ - *n.* a working model of the planetary system. ग्रह-मण्डल की प्रत्यक्ष गति दिखलाने का पेंचदार यन्त्र।

Orris - ऑर्'- रिस् - *n.* a kind of plant. एक प्रकार की वनस्पति; **Orris-root** (a kind of root.) शतपर्णी, बच।

Ort - ऑर्ट् - *n.* refuse, fragment, leavings. उच्छिष्ट, जूठन, अंश, टुकड़ा।

Ortho - ऑर्'- थॅ - *pref.* in sense of "straight." "right", "correct." 'सीधा', 'शुद्ध', 'सही' अर्थसूचक उपसर्ग।

Orthochromatic - ऑर्'- थो - क्रो - मॅट्'- इक् - *adj.* giving correct intensity to colours. (फ़ोटो में) भिन्न-भिन्न रंगों की यथार्थ छाया लानेवाला।

Orthodox - ऑर्'- थो - डॉक्स् - *adj.* holding correct opinions on religious beliefs. शास्त्रानुसारी, सत्यधर्मावलम्बी; **Orthodoxly** (- लि) -*adv.* consistent with orthodoxy. सत्यधर्मानुसार; **Orthodoxy** (- इ) -*n.* accepted doctrines. धर्मपरायणता।

Orthoepy - ऑर्'- थो - इप् - इ - *n.* the science of correct pronunciation. शुद्ध उच्चारण सिखलाने की विद्या; **Orthoepist** (- इस्ट्) -*n.* one skilled in orthoepy. शुद्ध उच्चारण करनेवाला।

Orthogonal - ऑर् - थॉग्' - ऑन् - अल् - *adj.* right-angeled. समकोणाकार।

Orthographical - ऑर्'- थो - ग्रॉफ़्'- इक् - अल् - *adj.* pertaining to orthography. वर्ण-विन्यास-सम्बन्धी; **Orthographically** (-लि) -*adv.* in an orthographical manner. वर्ण-विन्यास सम्बन्ध के अनुसार।

Orthography - ऑर् - थॉग्'- रा - फि - *n.* the part of grammar which treats of letters and the correct way of spelling. व्याकरण का वर्ण विचार भाग।

Orthoptic - ऑर् - थॉप्' - टिक् - *adj.* of correct seeing. ठीक-ठीक देखने के सम्बन्ध का।

Ortolan - ऑर्'- टो - लन् - *n.* a small garden bird. बगीचों में चरनेवाला एक छोटा पक्षी, बगेरी।

Oryx - ऑर' - इक्स् - *n.* a straight-horned African antelope. अफ्रीका देश का सीधे सींग का हिरन।

Osborne - ऑज़्' - बोर्न् - *n.* a kind of sweet biscuit. एक प्रकार का मीठा बिस्कुट।

Oscillate - ऑस्'- इल् - एट् - *v. i. & t.* to swing, to move to and fro, to vibrate. झूलना, इधर-उधर चलना, हिलना या काँपना।

Oscillation - ऑस्'- इल् - ए - शन् - *n.* vibration caused in a wireless receiving apparatus by excessive reaction. आन्दोलन, कम्पन (हलकोरा), बिजली की धारा के अधिक वेग के कारण रेडियो के यन्त्र में स्फुरण।

Oscillating - ऑस्'- इल् - ए - टिङ्ग् - *n.* moving to and fro. इधर-उधर हिलता हुआ।

Oscillator - ऑस्'- इल् - एट्' - अर् - *n.* a machine that produces oscillation. दोलित्र स्फुरण उत्पन्न करनेवाला यन्त्र।

Oscillatory - ऑस्'- इल् - एट्' - अर् - इ - *adj.* vibrating. झकोरा करनेवाला, झूलता हुआ।

Oscitant - ऑस्'- इट् - एन्ट् - *adj.* yawning, sleeping. जँभाई लेता हुआ, निद्रालु।

Oscitate - ऑस्'- इट् - एट् - *v. i.* to yawn. जँभाई लेना।

Oscitation - ऑस्'- इट् - ए' - शन् - *n.* yawning. जँभाई, तन्द्रा, सुस्ती।

Oscular - ऑस्' - क्यु - लर् - *adj.* of the mouth, of kissing. मुख का, चुम्बन का।

Osculate - ऑस्' - क्यु - लेट् - *v. t. & i.* to salute with a kiss. चुम्बन से अभिवादन करना।

Osculation - ऑस्' - क्यु - ले' - शन् - *n.* a kiss. चुम्बन।

Osier - ओ'- ज़ि - अर् - *n.* a kind of water-willow whose twigs are used in basket-making. जलबेंत जो टोकरी बनाने के काम आती है।

-osis - ओ' - सिस् - *suf.* used in names of disease &c. प्रत्यय जो रोगों के नाम में लगाया जाता है।

Osmic - *adj.* see **Osmium.**

Osmium - ऑज् - मि - अम् - *n.* a kind of metal. (प्लैटिनम जाति की) एक धातु; **Osmic** (- मिक्) -*adj.* pertaining to osmium. प्लैटिनम धातु-सम्बन्धी।

Osmose, Osmosis - ऑस्'- मोस् (- इस्) - *ns.* an intermixture of fluids separated by a porous wall. सछिद्र पट द्वारा पृथक् दो तरल पदार्थों का रसकर सम्मिश्रण, रसाकर्षण।

Osprey - ऑस्'- प्रे - *n.* (*pl.* **Ospreys.**) the fishing eagle. कुररी, एक प्रकार का मछली खानेवाला पक्षी।

Osseous - ऑस्' - इ - अस् **Ossiferous** (- सिफ्' - अर् - अस्) - *adjs.* consisting of bones. अस्थिमय, हड्डी-सम्बन्धी।

Ossicle - ऑस्' - इक्‌ल् - *n.* a small bone. अस्थिक, छोटी हड्डी।

Ossific - ऑस् - इफ़्' - इक् - *adj.* having power to ossify. हड्डी बनाने की शक्तिवाला।

Ossification - ऑस्'- इ - फिक् - ए' - शन् - *n.* the process of being changed into bones. हड्डी बनने की क्रिया।

Ossify - ऑस्' - इ - फ़ाइ - *v. i. & t.* (*p. t.* **Ossified.**) to turn to bone, to make rigid. हड्डी बनाना या बन जाना, कड़ा हो जाना।

Ossuary - ऑस्'- यू - अर् - इ - *n.* a place for keeping the bones of the dead. मुर्दे की हड्डी रखने का स्थान।

Ostensible - ऑस् - टेन्' - सिबल् - *adj.* showy, manifest, not concealed. प्रकट, प्रत्यक्ष, प्रसिद्ध, सुप्रकाशित; **Ostensibly** (- सिब् - लि) *-adv.* in a professed manner. प्रकट रूप से।

Ostensive - ऑस् -टेन्' - सिव् - *adj.* showy. स्पष्ट, दिखाऊ।

Ostentation - ऑस्' - टेन्ट् - ए' - शन् - *n.* a pretentious show, display आडम्बर, दिखाव।

Ostentatious - ऑस्' - टेन्ट् - ए' - शस् - *adj.* fond of show. आडम्बरी; **Ostentatiously** (- लि) - *adv.* with vain display. व्यर्थ दिखावे के साथ, आडंबर से।

Osteography - ऑस्'- टि - ऑग्'- रा - फि - *n.* scientific description of the bones. हड्डियों का वैज्ञानिक वर्णन।

Osteology - ऑस्'- टि - ऑल्'- ओ - जि - *n.* anatomy of the bones. हड्डियों की रचना इत्यादि का वर्णन, अस्थि विज्ञान।

Osteopathist - ऑस्'- टि - ऑप्'- ऑथ् - इस्ट् - *n.* a bone-setter. हड्डी बैठानेवाला।

Osteotomy - ऑस्'- टि - ऑट्'- ओ - मि - *n.* a disection of bones. हड्डियों की चीर-फाड़।

Ostitis - ऑस् - टाइ' - टिस् - *n.* inflammation of the bones. हड्डियों की सूजन।

Ostler - ऑस्' - लर् - *n.* a stableman सईस।

Ostracism - ऑस्' - ट्रा - सिज़्म् - *n.* banishment, expulsion from society. देश निकाला, जाति-बहिष्कार।

Ostracize - ऑस्' - ट्रा - साइज़् - *v. t.* to expel from society, to banish by a popular vote. जाति से बाहर करना, बहिष्कृत करना।


Ostrich.

Ostrich - ऑस्'- ट्रिच् - *n.* a large swift running bird whose tail and feathers are valued as ornaments. शुतुरमुर्ग; **Ostrich policy** (self deluding method.) आत्मवञ्चना करनेवाली नीति।

Otalgia - ऑ - टॉल्' - जि - ऑ - *n.* ear-ache. कर्णशूल, कान का दर्द।

Other - अद्' - अर् - *adj. & pron.* not the same, distinct in kind, different from, opposite. अन्य, दूसरा, भिन्न, विपरीत; **Every other day** (on alternate days.) एक-एक दिन का अंतरा देकर; **On the other hand** (in addition to this.) इसके अतिरिक्त; **One or the other** (one of the two.) एक न एक; **Some one or other** (some individual.) कोई न कोई; **Some time or other** (some day.) कभी-कभी; **The other world** (the world after death.) परलोक।

Otherness - अद्'- अर् - नेस् - *n.* the state of being other. परायापन।

Otherwise - अद्' - अर् - वाइज़् - *adv.* in another manner. दूसरे प्रकार से, अन्यथा, नहीं तो।

Otiose - ओ' - टि - ओस् - *adv.* impractical, lazy, futile. अव्यावहारिक, निरर्थक, सुस्त।

Otiosely - ओ' - टि - ओस् - लि - *adv.* lazily, in an idle manner. सुस्ती से।

Otitis - ऑ - टाइ' - टिस् - *n.* inflammation of the ear. कान की सूजन।

Otology - ओ - टॉल्' - ओ - जि - *n.* the science of the ear. कान (के रोगों) का शास्त्र।

Otoscope - ओ'- टो - स्कोप् - *n.* an instrument for examining the ear. कान के भीतरी भाग की परीक्षा करने का यन्त्र।

Otter - ऑट्' - अर् - *n.* a fish-eating mammal. जलमार्जार, ऊदबिलाव **Otter gear** (an apparatus attached to the bottom of a ship below the waterline to clear away fixed mines.) स्थविर सुरंगों को हटाने के लिये जहाज की पेंदी में लगा हुआ यन्त्र।

Otto - ऑट्' - टो - *n.* perfume. इत्र; **Otto of roses.** (rose-scent.) गुलाब का इत्र।

Ottoman - ऑट् - ओ' - मन् - *adj.* pertaining to the Turkish Empire. तुर्की साम्राज्य से सम्बन्धित; - *n.* a Turk of Turkey, a low cushioned bench without a back. टर्की का तुर्क, चीनी गद्दीदार बेंच जिसमें पीठ का सहारा देने का प्रबन्ध नहीं रहता।

Oubliette - उ'- ब्लि - ऍट् - *n.* a secret dungeon. गुप्त गुफा, गुप्त बन्दीगृह (जिसमें ऊपर से आने-जाने का मार्ग हो)।

Ouch - आउच् - *n.* a socket for the setting of gems. नगीने के जड़ाव का छिद्र।

Ought - ऑट् - *v. aux.* used in the force of expressing duty, to be morally necessary, should. चाहिये, योग्य है, उचित होना।

Ounce - आउन्स् - *n.* a weight 1/12th of a pound in Troy weight and 1/16th in Avoirdupois, a mountain panther. आधी छटाँक

(लगभग २८ ग्राम) के लगभग की अंग्रेजी तौल, पहाड़ी तेंदुआ।

Our - ऑव् - अर् - *adj.* belonging to us. हम लोगों का; **Ours** (अवर्ज़्)-*pron.* हम लोगों का; **Ourself** (-सेल्फ़्) -*pron.* (*pl.* **Ourselves**.) हम लोग स्वयं।

-ous - अस् - a *suf.* for forming adjectives. विशेषण के रूप बनाने का प्रत्यय; यथा- Beauteous.

Ousel - ऊ' - ज़ल् - *n.* a black bird. भुजंगा।

Oust - आउस्ट् - *v. t.* to eject, to deprive of possession, to drive out. निकालना (हटाना), अधिकार छीन लेना, बाहर करना।

Ouster - आउस्ट्' - अर् - *n.* dispossession. बहिष्कार, बेदखली।

Out - आउट् - *adv. & prep.* without, away from, not at home, at a distance, not in fashion, in a state of disclosure, no longer in possession, to the end, loudly, in an error. बाहर, दूर, घर में नहीं, दूरी पर, अप्रचलित, प्रकट, अब अधिकार में नहीं, जोर से, अशुद्धि में; **Hear me out** (hear me up to the end.) अन्त तक मेरी बात सुनिये; **Murder will out** (murder will be exposed.) हत्या का पता चल जायगा; **Out and out** (completely, thoroughly.) पूर्णरूप से; **Out of breath** (panting.) हाँफता हुआ; **Out of curiosity** (with astonishment.) आश्चर्य से; **Out of date** (time barred.) गतावधिक; **Out of doors** (in an open place.) खुले मैदान में; **Out of doubt** (certainly.) निःसन्देह; **Out of fashion** (against current usage.) लोकाचार के विरुद्ध; **Out of hand** (immediately.) तुरन्त; **Out of order** (against the rule.) विधि-विरुद्ध; **Out of hope** (hopeless.) निराश; **Out of place** (improper.) अनुचित; **Out of reach** (unattainable.) पहुँच के बाहर; **Out of the road** (leaving off the right path.) ठीक मार्ग त्यागते हुए; **Out of the way** -*adj.* uncommon, unusual. असामान्य; **Out of tune** (not in harmony.) बेसुरा; **Out upon the thief** (remove the thief.) चोर को दूर करो; **Out with** (not in terms of intimacy.) मित्र-भाव न रखता हुआ; **Out with him** (turn him out.) उसको निकाल दो; **The fire is out** (the fire is extinguished.) आग बुझ गई; **The miners are out** (the miners are not doing their work.) खानवाले काम नहीं करते हैं; **The secret is out** (the secret is exposed.) रहस्य खुल गया; **To be out** (to be published.) प्रकाशित होना; **To outnumber** (to exceed in number.) संख्या में अधिक होना।

Outask - आउट्'- आस्क्' - *v. t.* to ask or to proclaim, to be married in church for the last time. गिरिजाघर में विवाह होने की आखिरी घोषणा करना।

Outbalance - आउट् - बॉल्' - ऑन्स् - *v. t.* to exceed in effect, to outweigh. प्रभाव में अधिक होना, तौल में चढ़ना।

Outbargain - आउट्' - बार्' - गेन् - *v. t.* to get better in bargain. बेचा-बिक्री (व्यवसाय) में लाभ उठाना।

Outbid - आउट् - बिड्' - *v. t.* (*p. t.* **Outbid,** *p.p.* **Outbidden.**) to offer a higher price. अधिक मूल्य लगाना।

Outbluster - आउट् - ब्लस्' - टर् - *v. t.* to exceed in blustering. अधिक श्लाघा करना, बड़ी शेखी करना।

Outboard - आउट्'- बोर्ड् - *adj.* beyond the side of a ship. जहाज़ के किनारे से दूर पर का।

Outbound - आउट्' - बाउन्ड् - *adj.* proceeding to a distant port. विदेश जानेवाला।

Outbrag - आउट् -ब्रॉग्' - *v. t.* (*p. t.* **Outbragged.**) to exceed in bragging, to surpass in beauty. अधिक श्लाघा (शेखी) करना, सुन्दरता में बढ़ना।

Outbreak - आउट्'- ब्रेक् - *n.* an eruption, a disturbance of peace. उद्वेग, विस्फोट, हुल्लड़, बलवा।

Outbreaker - आउट्' - ब्रेक् - अर् - *n.* a wave dashing against the shore. किनारे पर टकरानेवाली लहर।

Outbuilding - आउट्' - बिल्ड् - इङ्ग् - *n.* an outhouse. बाहरी घर या मकान।

Outburn - आउट् - बर्न् - *v. t.* to burn with excess. तीव्रता से जलना।

Outburst - आउट्' - बर्स्ट् - *n.* a bursting forth, explosion. धड़ाका, विस्फोट।

Outcast - आउट्' - कास्ट् - *adj.* exiled rejected. निर्वासित, परित्यक्त; -*n. a.* vagabond, an exile. बहेतुआ, निकलुआ, निर्वासित व्यक्ति।

Outcaste - आउट्' - कास्ट् - *adj.* expelled from caste. जाति से बाहर निकाला हुआ, अजाती।

Outclass - आउट् - क्लास्' - *v. t.* to excel. बढ़कर होना, बढ़ जाना।

Outcome - आउट्' - कम् - *n.* consequence, result. परिणाम, फल।

Outcrop - आउट्' - क्रॉप् - *n.* the part of a layer which comes at the surface of the ground. भूमि की वह तह जो ऊपर की ओर से निकल आती है।

Outcry - आउट्' - क्राइ - *n.* a cry of distress, a confused din. कोलाहल, पीड़ा का शब्द।

Outdare - आउट् - डेंअर्' - *v. t.* to surpass in daring, to defy. साहस में बढ़ जाना, ललकारना।

Outdistance - आउट् - डिस्' - टन्स् - *v. t.* to get ahead of. आगे बढ़ जाना।

Outdo - आउट् - डू' - *v. t.* (*p. t.* to **Outdid,** *p. p.* **Outdone.**) to excel, to surpass. अतिक्रम करना, बढ़ना।

Outdoor - आउट्'- डोर् - *adj.* done in the open air, outside the house. घर के बाहर किया हुआ, खुले मैदान का।

Outer - आउट्'- अर् - *adj.* (*comp.* of **Out.**) exterior. बाहरी।

Outermost - आउट्'- अर् - मोस्ट् - *adj.* (*sup.* of **Out.**) farthest out. सबसे बाहरी।

Outface - आउट् - फ़ेस्' - *v. i.* to stare down, to confront boldly. आँखें गड़ाकर नीचा दिखाना, साहस से मुकाबला करना।

Outfall - आउट्'- फ़ॉल् - *n.* the mouth of a river. नदी का मुहाना।

Outfit - आउट्'- फ़िट् - *n.* things required for a journey, equipment. यात्रा-सामग्री, (उपकरण) सामान; *-v. t.* (*p. t.* **Outfitted.**) to equip. तैयारी करना, सजाना।

Outfitter - आउट्' - फ़िट्'- अर् - *n.* one who provides outfits. सामग्री इकट्ठा करनेवाला मनुष्य।

Outflow - आउट्' - फ़्लो - *v. i.* to flow out. बाहर को बहना; *-n.* a flowing out, outlet, efflux, issue. बाहर की ओर बहाव, परिणाम।

Outfly - आउट्'- फ़्लाइ - *v. t.* (*p.t.* **Outflew,** *p.p.* **Outflown.**) to surpass in flying. उड़ने में बढ़ जाना।

Outfool - आउट् - फ़ूल्' - *v. t.* to exceed in foolishness. मूर्खता में बढ़ना।

Outgate - आउट्'- गेट् - *n.* a passage for going out. बाहर जाने का मार्ग।

Outgaze - आउट्'- ग़ेज़् - *v. t.* to gaze farther. अधिक दूर तक देखना।

Outgeneral - आउट् -जेंन्' - रल् - *v. t.* to excel in generalship. सेनापति के कार्य में अधिक कुशल होना।

Outgive - आउट् - गिव्' - *v. t.* (*p.t.* **Outgave,** *p.p* **Outgiven.**) to excel in liberality. उदारता में बढ़ जाना।

Outgo - आउट् - गो' - *v. i. & t.* (*p. t.* **Outwent,** *p.p.* **Outgone.**) to advance before, to surpass. आगे को बढ़ना, उच्च होना, मात करना; *-n.* expenditure. व्यय।

Outgoing - आउट्' - गो - इङ्ग् - *n.* a going out, an expenditure, extreme limit. बाहर जाना, व्यय, अन्तिम सीमा।

Outgrow - आउट् - ग्रो' - *v. t.* (*p. t.* **Outgrew,** *p.p.* **Outgrown.**) to surpass in growing. अधिक बढ़ जाना, फूट पड़ना।

Outgrowth - आउट्' - ग्रोथ् - *n.* that which springs out of some other thing. अतिवृद्धि।

Outguard - आउट्' - गार्ड् - *n.* guarding at a distance. दूर से रक्षा कार्य।

Out-Herod - आउट्' - ह - रड् - *v. t.* to excel (Herod) in cruelty. निर्दयता में (हेरड से) बढ़ जाना।

Outhouse - आउट्' - हाउस् - *n.* a building outside the main house. घर के बाहर का छोटा मकान।

Outing - आउट्' - इङ्ग् - *n.* an excursion. (वायु-सेवन के लिये) घर के बाहर सैर या पर्यटन।

Outland - आउट्' -लॉन्ड् - *n.* land beyond the limits of cultivation. खेती के बाहर की भूमि।

Outlander - आउट् -लॉन्ड्'- अर् - *n.* an alien, परदेशी मनुष्य।

Outlandish - आउट् -लॉन्ड्'- इश् - *adj.* foreign, strange, rustic, rude, vulgar. विदेशी, देहाती, विलक्षण, अशिष्ट, असभ्य।

Outlast - आउट् - लास्ट्' - *v. t.* to last longer than. अधिक काल तक ठहरना या टिकना या चलना।

Outlaw - आउट्' - लॉ - *n.* a person deprived of the protection of law, a bandit. न्याय की रक्षा से बहिष्कृत या वंचित मनुष्य, दस्यु, डाकू; *-v. t.* to deprive of legal benefits. न्यायरक्षा से रहित करना; **Outlawry** (- रि) *-n.* the state of being an outlaw. न्यायविरुद्ध आचरण, कानून की रक्षा से बाहर रहने की स्थिति।

Outlay - आउट् - लें - *n.* expenditure. व्यय, खर्च।

Outleap - आउट् - लीप्' - *v. t.* (*p. t.* **Outleaped,** *p.p.* **Outleapt.**) to leap beyond. आगे को कूदना।

Outlet - आउट्' -लेंट् - *n.* a passage outward, exit. द्वार, निर्गमस्थान, निकास।

Outlie - आउट् - लाइ'- *v. i.* (*p. t.* **Outlay,** *p.p.* **Outlain.**) to live in the open air. खुले मैदान में रहना।

Outline - आउट्' - लाइन् - *n.* the outer line of any figure, a draft, general sketch. बाहरी रूपरेखा, आकारमात्र, (स्थूल वर्णन) रेखाचित्र, खाका; *-v. t.* to make a sketch. खाका या रेखाचित्र बनाना।

Outlive - आउट् - लिव्' - *v. t.* to survive, to live longer than. अधिक जीना या ठहरना; **Outliver** (- अर्) *-n.* a survivor. अधिक काल तक जीनेवाला।

Outlook - आउट्' - लुक् - *n.* a vigilant watch, a prospect, view-point. सावधानी के साथ निरीक्षण, विचार,. दृष्टिकोण, चौकसी, रक्षा; *-v. t.* (-लुक्') to face down. वीरता से सामना करना।

Outlustre - आउट् - लस्' - टर् - *v. t.* to exceed in brightness. चमक में बढ़ाना।

Outlying - आउट्'- ला - इङ्ग् - *adj.* lying at a distance, remote. सीमा के बाहर का, दूरस्थ, बहिर्वर्ती, दूर का।

Outman - आउट् - मॉन्' - *v. t.* to outnumber in men. मनुष्य-संख्या में बढ़ना।

Outmarch - आउट् - मार्च' - *v. t.* to march further. आगे बढ़ना।

Outmeasure - आउट्' -मेंज़् - अर् - *v. t.* to excel or exceed in extent. विस्तार (फैलावट) में बढ़ना।

Outmost - आउट्'- मोस्ट् - *adj.* utmost. सबसे बढ़कर।

Outmove - आउट् - मूव्' - *v. t.* to move faster than. अधिक तेजी से चलना।

Outname - आउट् - नेंम्' - *v. t.* to surpass in reputation. यश में बढ़ जाना।

Outness - आउट्' - नेंस् - *n.* the state of being outside. बाहरीपन।

Outnumber - आउट् - नम्' - बर् - *v. t.* to exceed in number. संख्या में बढ़ना।

Outpace - आउट् -पेंस्' - *v. t.* to walk faster than. तेज़ दौड़ना।

Outpart - आउट्'- पार्ट् - *n.* a part remote from the centre. केन्द्र (मध्यभाग) से दूर पर का हिस्सा।

Out-patient - आउट्'- पे - शेन्ट् - *n.* the patient of hospital who lives outside it. अस्पताल से बाहर रहनेवाला रोगी।

Outplay - आउट् - प्ले' - *v. t.* (*p.t.* **Outplayed**) to beat at a game. खेल में हराना।

Outpost - आउट्'- पोस्ट् - *n.* a post away from the main body of an army. सेना से दूर पर की चौकी, सीमा चौकी।

Outpour - आउट् - पोर्' - *v. t.* to pour in a stream. धार में बहना, बरसना; -*n.* pouring out, a passionate or fluent utterance. उबाल, कामुकता-द्योतक या तीव्र बोली; **Outpourer** (- अर्) -*n.* one who outpours. बहानेवाला; **Outpouring** (- इङ्ग्) -*n.* an abundant effusion. गहरी वर्षा, अधिक बहाव।

Outpower - आउट्'- पॉवर् - *v. t.* to excel in power. शक्ति में बढ़ना।

Output - आउट्'- पुट् - *n.* the quantity prepared at a time, production. उपज, जितना माल एक साथ तैयार हो, घानी।

Outrage - आउट्'- रेज् - *n.* excessive violence, wanton, mischief, indignity, excessive abuse. बलात्कार, अत्याचार, उपद्रव, धिक्कार; -*v. t.* (- आउट् - रेज़्) -to treat with violence, to rape. कलंकित करना, सतीत्व नष्ट करना।

Outrageous - आउट् - रेज्' - अस् - *adj.* furious, violent. निर्लज्ज, उपद्रवी **Outrageously** (- लि) -*adv.* in an outrageous manner. अत्याचार-पूर्वक; **Outrageousness** (- नेंस) -*n.* the quality of being outrageous. दारुणता, अत्याचार।

Outreach - आउट् - रीच्' - *v. t.* to reach beyond limit, to cheat. हद्द से बाहर जाना, छलना (धोखा देना)।

Outride - आउट् - राइड्' - *v. t.* to ride beyond. घुड़सवारी में आगे जाना; **Outrider** (- अर्) -*n.* a servant on horseback. आगे चलनेवाला घुड़सवार।

Outright - आउट्'- राइट् - *adv.* immediately, completely, at once. तत्क्षण, पूर्ण रूप से, सर्वथा, तुरन्त।

Outrival - आउट् - राइ' - वल् - *v. t.* to surpass, to excel. श्रेष्ठ होना, बढ़ जाना।

Outroot - आउट् - रूट्' - *v. t.* to root out. जड़ से निकाल देना।

Outrun - आउट् - रन्' - *v. t.* (*p. t.* **Outran.**) to exceed in running to escape by running. दौड़ने में बढ़ जाना, दौड़कर भाग जाना, निकल भागना।

Outsail - आउट् -सेंल्' - *v. t.* to leave behind in sailing. नाव चलाने में आगे बढ़ जाना।

Outscorn - आउट् - स्कॉर्न्' - *v. t.* to disregard, to despise. घृणा करना, तिरस्कार करना।

Outsell - आउट् - सेंल्'- *v. t.* (*p. t.* **Outsold.**) to sell at a higher price, to exceed in the amount of sales. अधिक मूल्य पर बेचना, बिक्री में बढ़ जाना।

Outset - आउट्'-सेंट् - *n.* the beginning. आरम्भ (उपक्रम)।

Outshine - आउट् - शाइन्' - *v. i.* to shine forth. चमकना; -*v. t.* to excel in shining. प्रकाश में बढ़ जाना।

Outside - आउट् - साइड् - *n.* the outer part. external part, the farthest limit. बाहरी भाग, बाह्य प्रदेश, सीमा; -*adj.* exterior. बाहरी सीमा पर का; -*adv.* on the outside. बाहर की ओर।

Outsider - आउट् - साइड्'- अर् - *n.* an uninitiated person. परदेशी, किसी व्यवसाय या समाज में अप्रविष्ट मनुष्य।

Outsit - आउट् - सिट्' - *v. t.* to sit beyond time. समय के बाद ठहरना।

Outsize - आउट्' - साइज़्' - *n.* beyond normal size. सामान्य नाप से बढ़कर।

Outskirts - आउट्' - स्कर्ट्स् - *n.* border, suburb. सीमाप्रान्त, सरहद।

Outspan - आउट् - स्पॅन्' - *v. t.* to unyoke oxen. बैलों को जुए से निकालना।

Outspeak - आउट् - स्पीक्' - *v. i.* (*p. t.* **Outspoke,** *p. p.* **Outspoken.**) to speak boldly, to say aloud, to speak more than. सही बात कहने का साहस रखना, जोर से बोलना, अधिक बोलना।

Outspoken - आउट् - स्पोक्'- कन् - *adj.* frankly or boldly spoken, frank & bold in speech. स्पष्ट कहा हुआ, साहस के साथ स्पष्ट बोलनेवाला।

Outspent - आउट्' - स्पेन्ट् - *adj.* extremely tired. बहुत थका हुआ।

Outspread - आउट् - स्प्रेंड्' - *v. t.* to spread out, to extend. छितराना, फैलाना।

Outstand - आउट् - स्टॅन्ड्' - *v. t. & i.* (*p. t.* **Outstood.**) to withstand, to remain unpaid. प्रतिरोध करना, बाकी छोड़ रखना।

Outstanding - आउट् - स्टान्ड्'- इङ्ग् - *adj.* unpaid, prominent. अदत्त, न चुकाया हुआ, विशिष्ट, प्रमुख।

Outstep - आउट् - स्टेंप्' - *v. i.* (*p. t.* **Outstepped.**) to step beyond. आगे को बढ़ना।

Outstretch - आउट् - स्ट्रेंच्' - *v. t.* to spread out to extend. फैलाना, बढ़ाना (पसारना)।

Outstrike - आउट् - स्ट्राइक्' - *v. t.* (*p. t.* **Outstruck.**) to overpower by excessive beating. अधिक पीटकर अधीन करना।

Outstrip - आउट् - स्ट्रिप्' - *v. t.* (*p.t.* **Outstripped.**) to leave behind, to outrun. अतिक्रम करना (उल्लंघन करना), आगे बढ़ जाना।

Outswear - आउट् - स्वेंअर्' - *v. t.* (*p.t.* **Outswore.** *p.p.* **Outsworn.**) to excel in swearing. शपथ

लेने में बढ़ना।

Outtalk - आउट् -टॉक्' - *v. t.* to reduce to silence by talking. बातें करके चुप करा देना।

Outtop - आउट् - टॉप्' - *v. t.* (*p.t.* **Outtopped.**) to reach higher than, to excel. शिखर पर पहुँचना, श्रेष्ठता प्राप्त करना।

Outturn - आउट्' - टर्न् - *n.* output. (घानी) तैयार माल।

Outvalue - आउट् -वॉल्' यु - *v. t.* to exceed in value. मूल्य में बढ़ना।

Outvie - आउट् - व़ाइ' - *v. t.* to exceed, to surpass, बढ़ना, श्रेष्ठ होना।

Outvote - आउट्'- व़ोट्' - *v. t.* to defeat by a great number of votes.अधिक वोट (राय) से हराना।

Outwalk - आउट्'- वॉक्' - *v. t.* to walk faster than. अधिक तेज़ चलना।

Outwall - आउट्' - वॉल् - *n.* the exterior wall of a building.घर की बाहरी दीवार।

Outward - आउट्' - वर्ड् - *adj.* external, exterior. बाहरी; *-adv.* towards the exterior, superficially. बाहरी ओर, अधिकतर; **Outwardly** (- लि) *-adv.* in appearance, externally. केवल आकृति में, बाहरी रूप में; **Outwardness** (- नेंस्) *-n.* externality. बाहरीपन।

Outwatch - आउट् - वॉच्' - *v. t.* to watch longer than. अधिक पहरा देना।

Outwear - आउट् - वेंअर्' - *v. t.* (*p. t.* **Outwore,** *p. p.* **Outworn.**) to last longer than, to spend tediously. अधिक समय तक पहिनना, कष्ट से व्यय करना।

Outweary - आउट् - वेंअर्'- इ - *v. t.* to wear out completely. पूर्ण रूप से थका देना।

Outweigh - आउट् - वे' - *v. t.* to exceed in weight or importance. भार या महत्त्व में बढ़ना।

Outwind - आउट् - वाइन्ड्'- *v. t.* (*p. t.* **Outwond.**) to unclose. बन्धन ढीला करना (लपेटना, हटाना)।

Outwit - आउट् - विट्'- *v. t.* (*p. t.* **Outwitted.**) to surpass in wit, to defeat by ingenuity. बुद्धि या चतुराई में बढ़ जाना, बुद्धि द्वारा पराजित करना।

Outwork - आउट्' - वर्क् - *n.* work done out of doors. घर के बाहर किया हुआ कार्य; *-v. t.* to excel in doing work. काम करने में बढ़ जाना।

Ouzel - ऊ' - ज़ल् - *n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

Ova - ओ' - व़ा - *n. pl.* of **Ovum.** eggs. अण्डे।

Oval - ओ' - व़ल् - *adj.* egg-shaped. अण्डाकार, अण्डे की आकृति का; **Ovally** (- लि) *-adv.* so as to be oval. अण्डाकार रूप में ; **Ovalness** (- नेंस्) *-n.* oval shape. अण्डाकार आकृति।

Ovarian - ओ - वेअर्' - इ - अन् - *adj.* belonging to ovary. अण्डाशय का या सम्बन्धी।

Ovarious - ओ - वेअर्' - इ - अस् - *adj.* consisting of eggs. अण्डा धारण करनेवाला, अण्ड-धारी।

Ovary - ओ'- व़र - इ - *n.* (*pl.* **Ovaries.**) the reproductive organ in female bodies. अण्डाशय।

Ovate - ओ'- व़ेट् - *adj.* egg-shaped, oval. अण्डाकार।

Ovation - ओ'- व़े ' - शन् - *n.* demonstration of popular applause. जयध्वनि, जयजयकार।

Oven - अव्न् - *n.* a receptacle for baking bread. चूल्हा, तन्दूर, भट्ठी।

Over - ओ'- व़र् - *prep. & adv.* above, across, outward from brink, beyond, upside down, throughout, in excess, finished. ऊपर, आर-पार, किनारे से बाहर, आगे की ओर, उलटा हुआ, परिपूर्ण, अतिरिक्त, शेष, समाप्त; **All over India** (throughout India.) भारतवर्ष में सर्वत्र; **Over against** (in the opposite situation.) सम्मुख; **Over and above** (moreover, in addition to, besides.) अधिक, और भी, अतिरिक्त; **Over and over again** (repeatedly.) बारम्बार; **Over hand and ears** (completely.) पूर्ण रूप से; **Over our heads** (beyond our conception.) हम लोगों के विचार के बाहर; **The work is over** (the work is finished.) कार्य समाप्त हो गया।

Overact - ओ - व़र् - ऑक्ट्' - *v. t.* to act more than necessary. आवश्यकता से अधिक काम करना।

Overalls - ओ' - व़र् - ऑल्ज़् - *n. pl.* a protective garment worn over ordinary clothes. (कपड़े को मलिनता से बचानेवाला) ऊपरी ओढ़ना या वस्त्र।

Over-anxiety - see **Over-anxious.**

Over-anxious - ओ - व़र् - ऑङ्क्' - शस् - *adj.* anxious beyond limits. आवश्यकता से अधिक चिन्तित; **Over-anxiety** - ओ - व़र् - ऑङ् -ज़ॉ - एँ - टि *-n.* anxiety beyond limits. असीम चिन्ता; **Over-anxiously** (- लि) *-adv.* very anxiously. बड़ी चिन्ता से।

Overarch - ओ - व़र् - आर्च्' - *v. t.* to arch over.ऊपर की ओर मेहराब बनाना (मेहराब से ढाँकना); *-v. i.* to hang over like an arch. मेहराब की तरह लटके रहना।

Overawe - ओ - व़र् - ऑ - *v. t. & i.* to terrify, to restrain by fear. डर दिखाना, डराना।

Overbalance - ओ - व़र् - बॉल्' - ऑन्स् - *v. t.* to exceed in value, to weigh down. मूल्य में अधिक होना, अधिक भारी होना।

Overbear - ओ - व़र् - बेंअर्' - *v. t.* (*p.t.* **Overbore,** *p.p.* **Overborne.**) to subdue, to overwhelm. वश में करना, दबाना।

Overbearing - ओ - व़र् - बेंअर् - इङ्ग् - *adj.* haughty. अहंकारी, दबंग, ढीठ; **Overbearingly** (- लि) - *adv.* in a haughty manner. धृष्टता से; **Overbearingness** (- नेंस्) *-n.* the state of being haughty. उद्धतता, धृष्टता।

Overbid - ओ - वर् - बिड्' - *v. t.* (*p.t.* **Overbade,** *p.p.* **Overbidden.**) to offer more than the value of. अधिक दाम लगाना।

Overblow - ओ - व़र् - ब्लो' - *v. t.* (*p. t.* **Overblew.**) to cover with flowers. फूलों से भरना; **Overblown**

(- न्) *-adj.* fading or withered. मुर्झाया हुआ।

Overboard - ओ' - व़र् - बोर्ड् - *adj.* out of a ship, over the board of a ship. जहाज़ के बाहर, जहाज़ की छत पर; **Thrown overboard** (separated.) बिछुड़ा हुआ।

Overbridge - ओ' - व़र् - ब्रिज् - *n.* a bridge over a road. सड़क के ऊपर का पुल।

Overbuild - ओ - व़र् - बिल्ड्' - *v. t.* to build beyond the demand. आवश्यकता से अधिक निर्माण करना।

Overburden - ओ' - व़र् - बर् - डेन् - *v. t.* to burden to excess. अधिक लाद देना।

Overbusy - ओ' - व़र् - बि - ज़ि - *adj.* too officious. कार्य में अति लीन।

Over-capitalize - ओ - व़र् - कॉप्' - इट् - टल् - आइज़् - *v. t.* to increase the capital of company too much. किसी व्यावसायिक संघ का मूलधन बहुत अधिक बढ़ा देना।

Overcareful - ओ - व़र् - केंअर्' - फुल् - *adj.* exceedingly careful. आवश्यकता से अधिक सावधान।

Overcast - ओ - व़र् - कास्ट्' - *v. t. & i.* to cloud, to become dull. मेघ से आच्छादित करना, सुस्त होना; *adj.* cloudy, dull. अन्धकारयुक्त, सुस्त।

Overcharge - ओ' - व़र् - चार्ज् - *v. t.* to load to excess, to charge a higher price. अधिक बोझ लादना, अधिक मूल्य लेना; *-n.* an excessive load, too great a charge. अधिक भार या महसूल।

Overcloud - ओ - व़र् - क्लाउड्' - *v. t.* to cause gloom or sorrow. अन्धकार या दुःख से आच्छादित करना।

Overcoat - ओ' - व़र् - कोट् - *n.* a coat worn on ordinary dress. वस्त्र के ऊपर पहिनने का बड़ा कोट या लबादा।

Overcold - ओ' - व़र् - कोल्ड् - *adj.* cold to excess. बहुत ही ठण्ढा।

Overcome - ओ' - व़र् - कम्' - *v. t. & i* (*p. t.* **Overcame,** *p.p.* **Overcome.**) to be victorious. विजय प्राप्त करना, जीतना।

Overcostly - ओ - व़र् - कॉस्ट्' - लि - *adj.* very costly. बहुत महँगा।

Overcover - ओ - व़र् - कव्' - अर् - *v. t.* to cover completely. भली-भाँति ढाँकना।

Overcredulous - ओ - व़र् -क्रेड्' - यु - लस् - *adj.* too easily apt to believe. शीघ्र विश्वास करनेवाला।

Overcrowd - ओ - व़र - क्राउड्' - *v. t.* to crowd to excess बड़ी भीड़ मचाना।

Overdate - ओ' - व़र् - डेट्' - *v. t.* to postdate. बाद की तारीख डालना।

Overdated - ओ - व़र् - डेट्' - एँड् - *adj.* postdated. बाद की मिति या तारीख डाला हुआ।

Overdo - ओ' - व़र् - डू' - *v. t.* (*p. t.* **Overdid,** *p.p.* **Overdone.**) to overact, to do much, to carry too far, to harass, to fatigue, to excel. अधिक करना, अधिक दूर ले जाना, कष्ट देना, थका देना, बढ़ जाना।

Overdone - ओ - व़र् - डन्' - *adj.* cooked to excess, overcooked. आवश्यकता से अधिक पकाया हुआ।

Overdose - ओ' - व़र् - डोज़् - *n.* an excessive dose. (औषधि की) अधिक मात्रा; *-v. t.* to administer too big a dose. अधिक मात्रा में औषधि देना।

Overdraft - ओ' - व़र् - ड्राफ़्ट् - *n.* overdrawing a sum of money from the amount at a bank. बैंक में से जमा से अधिक रुपया निकालना।

Overdraw - ओ - व़र् - ड्रॉ' - *v. t.* (*p. t.* **Overdrew,** *p.p.* **Overdrawn.**) to draw beyond one's credit, to exaggerate. जमा से अधिक माँग करना, अतिशयोक्ति करना।

Overdrive - ओ' - व़र् - ड्राइव्' - *v. t.* (*p.t.* **Overdrove,** *p.p.* **Overdriven**) to drive too hard. बड़ी तेजी से हाँकना।

Overdue - ओ' - व़र् - ड्यू - *adj.* not paid at the right time. ठीक समय पर अदा न किया हुआ (मिति बिताया हुआ), विलंबित।

Overeat - ओ - व़र् - ईट्' - *v. t.* (*p. t.* **Overate,** *p.p.* **Overeaten.**) to eat too much. परिमाण से अधिक भोजन करना।

Overestimate - ओ' - व़र् - एँस्' - टि - मेंट् - *v. t.* to estimate highly. अधिक आँकना।

Overestimation - ओ' - व़र् - एँस् - टि - में '- शन् - *n.* higher estimation. अधिक मूल्य निरूपण।

Overfeed - ओ - व़र् - फ़ीड्' - *v. t.* (*p. t. & p.p.* **Overfed.**) to feed immoderately. परिमाण से अधिक खिलाना।

Overfill - ओ - व़र् - फ़िल्' - *v. t.* to fill to excess. परिमाण से अधिक भरना।

Overflow - ओ'- व़र् - फ़्लो - *v. i. & t.* (*p.t.* **Overflew** *p.p.* **Overflown.**) to flood, to flow over. उमड़ उठना, बह निकलना; *-n.* inundation. बाढ़; **Overflowing** (- इङ्ग्) *-adj.* excessive. अति अधिक।

Overfreight - ओ' - व़र् - फ्रेट्' - *v. t.* to load too heavily. अधिक बोझ लादना।

Overglance - ओ'- व़र् - ग्लॉन्स् - *v. t.* to look hastily over. शीघ्रता से देखना।

Overgo - ओ - व़र् - गो' - *v. t.* (*p. t.* **Overwent,** *p.p.* **Overgone.**) to exceed, to cover. बढ़ना, ढाँकना।

Overground - ओ' - व़र् - ग्राउन्ड् - *adj.* above ground. भूमि के ऊपर का।

Overgrow - ओ'- व़र् - ग्रो' - *v. t.* (*p. t.* **Overgrew,** *p.p.* **Overgrown.**) to rise above, to cover with growth. ऊपर को उठना (फैल जाना), अधिक बढ़ना।

Overgrown - ओ' - व़र् - ग्रोन्' - *adj.* grown over. अधिक बढ़ा हुआ।

Overgrowth - ओ - व़र् - ग्रोथ् - *n.* immoderate growth. अधिक उपज।

Overhand - ओ' - व़र् - हॉन्ड्' - *adj.* with hand raised over the elbow. केहुनी के ऊपर हाथ उठा हुआ।

Overhang - ओ' - व़र् - हॉङ्ग्' - *v. t.* (*p. t. & p.p.*

Overhung.) to hang over, to project over. ऊपर लटकना (सिर पर झूलना), आगे निकल आना।

Overhappy - ओ' - वर् - हॉ - पि - *adj.* too happy. बहुत ही प्रसन्न।

Overhardy - ओ' - व़र् - हार्डं' - इ - *adj.* unduly daring. अत्यधिक साहसी।

Overhasty - ओ - व़र् - हेस्' - टि - *adj.* unduly hasty. अधिक शीघ्रता करनेवाला।

Overhaul - ओ' - वर् - हॉल्' - *v. t.* to draw over, to examine. जाँचना, परीक्षा करना; **Overhauling** (- इङ्ग्) *-n.* a cleaning or repairing of machines. यन्त्र इत्यादि की सफाई या मरम्मत।

Overhead - ओ' - व़र् - हेंड् - *adv.* over the head. मस्तक के ऊपर, सिर पर।

Overhear - ओ' - व़र् - हिअर्' - *v. t.* (*p.t.* **Overheard.**) to heat by accident or stealthily. अकस्मात्, चोरी से या छिपकर सुनना।

Overheat - ओ - व़र् - हीट्' - *v. t.* to heat to excess. अधिक गरम करना।

Overissue - ओ - व़र् - इश्' - यु - *v. t.* to issue in excess as bank notes or bills of exchange. चुकाने की शक्ति से अधिक हुण्डी जारी करना।

Overjoy - ओ - व़र् - जॉय्' - *v. t.* (*p.t.* **Overjoyed.**) to fill with great joy. अति आमोदित करना, अति प्रसन्न करना; **Overjoyed** (- ड्) *-adj.* extremely pleased. अति प्रसन्न।

Overkind - ओ' - व़र् - काइन्ड् - *adj.* kind to excess. अति दयालु।

Overlabour - ओ - वर् - लें' - बर् - *v. t.* to cover-work. आवश्यकता से अधिक काम करना।

Overlade - ओ - व़र् - लेंड्' - *v. t.* to burden a ship too much. जहाज़ पर बहुत अधिक बोझ लादना।

Overland - ओ' - व़र् - लॉन्ड्' - *adj.* passing entirely by land. स्थल मार्ग से ही विशेषकर जानेवाला।

Overlap - ओ' - व़र् - लॅप्' - *v. t.* (*p. t.* **Overlapped.**) to lap over. एक के ऊपर दूसरे का किनारा रखना।

Overlavish - ओ' - व़र् - लॅाव्' - इश् - *adj.* lavish to excess. बहुत ही अधिक उदार या व्ययशील।

Overlay - ओ' - व़र् - लें' - *v. t.* (*p. t.* **Overlaid,** *p.p.* **Overlain.**) to cover completely. पूरी तरह से ढाँकना।

Overlaying - ओ' - व़र् - लें' - इङ्ग् - *n.* an artificial covering. कृत्रिम ढक्कन।

Overleaf - ओ' - वर् - लीफ़् - *adv.* on the other side of the leaf. पृष्ठ की दूसरी ओर।

Overleap - ओ' - व़र् - लीप् - *v. t.* (*p.t.* **Overleapt.**) to leap over, to pass unnoticed. उल्लङ्घन करना (फाँदना), निकल भागना।

Overleather - ओ' - व़र् - लेंद् - अर् - *n.* the upper leather of shoes. ज़ूते का ऊपरी चमड़ा।

Overlie - ओ' - व़र् - लाइ' - *v. t.* (*p.t.* **Overlay,** *p.p.* **Overlain.**) to lie upon. ऊपर पड़ना।

Overlive - ओ' - व़र् - लिव्' - *v. i.* to live longer than. अधिक समय तक जीवित रहना।

Overload - ओ' - व़र् - लोड्' - *v. t.* to load to excess. अधिक भार रखना, बहुत लादना।

Overlong - ओ' - वर् - लॉङ्ग् - *adj.* too long. बहुत अधिक लम्बा।

Overlook - ओ - व़र् - लुक्' - *v. t.* to look over, to fail to notice, to veiw carefully to pardon. उपेक्षा करना, देखने में चूक जाना, जाँचना, क्षमा करना।

Overlooker - ओ' - व़र् - लुक्' - अर् - *n.* a superintendent. चौकसी रखनेवाला, अधीक्षक।

Overlord - ओ' - व़र् - लॉर्ड - *n.* a lord over other lords. राजाधिराज।

Overmaster - ओ' - वर् - मॉस्ट्' अर् - *v. t.* to govern, to subdue, to overpower. शासन करना, अधीन करना।

Overmatch - ओ - व़र् - मॉच्' - *v. t.* to be more than a match, to subdue, to conquer. बराबरी से अधिक होना, अधीन करना, जीतना; *-n.* one who is superior in power, one who cannot be overcome. अधिक बलवान्, अजेय मनुष्य, जो मनुष्य जीता नहीं जा सकता।

Overmeasure - ओ' - व़र् - मेंज़र् - *n.* excess of measure. अत्यधिक परिमाण; *-v. t.* to estimate too largely. अधिक (परिमाण या मूल्य) आँकना।

Overmodest - ओ' - वर् - मॉड्' - एस्ट् - *adj.* excessively modest. अत्यधिक विनीत।

Overmuch - ओ' - व़र् - मच् - *adj. & adv.* too much. अत्यन्त, बहुत ज्यादा।

Overnice - ओ' - वर् - नाइस्' - *adj.* too fastidious. अधिक नकसुँघा, नकचढ़ा।

Overnight - ओ' - वर् - नाइट्' - *adj.* on the previous night. अतीत (बीती हुई) रात्रि में।

Overpass - ओ - व़र् - पास्' - *v. t.* to cross, to pass unnoticed. पार करना, आँख छिपाकर निकल जाना।

Overpay - ओ - व़र् - पें' - *v. t.* (*p. t.* **Overpaid.**) to pay too much. अधिक मूल्य देना, परिश्रम से अधिक देना।

Overpeople - ओ' - वर् - पी' - प्ल् - *v. t.* to fill with too many inhabitants. अधिक जनसंख्या से भरना।

Overpersuade - ओ' - व़र् - पर् - स्वेंड्' - *v. t.* to persuade against inclination. इच्छा के विरुद्ध प्रेरित करना।

Overplus - ओ' - व़र् - प्लस् - *n.* surplus. आवश्यकता से अधिक, वेशी।

Overply - ओ - व़र् - प्लाइ' - *v. t.* to exert too much force. अत्यधिक शक्ति लगाना।

Overpoise - ओ' - वर् - पॉ - इज़् - *n.* preponderant weight. समातोलन से अधिक भार।

Overpost - ओ' - व़र् - पोस्ट्' - *v. t.* to hasten too

much. अति शीघ्रता करना।

Overpower - ओ'- व़र् - पॉ - वर् - *v. t.* to subdue, to defeat. पराजित करना, हराना; **Overpowering** (- इङ्ग्) *-adj.* excessive. अत्यधिक।

Overpraise - ओ' - व़र् - प्रेज़् - *v. t.* to praise too highly. अधिक प्रशंसा करना; *-n.* excessive praise. अतिप्रशंसा।

Overprize - ओ' - व़र् - प्राइज़् - *v. t.* to surpass in value. मूल्य में बढ़ जाना।

Overproduce - ओ' - व़र् - प्रो - ड्यूस्' - *v. t.* to produce more goods than necessary. आवश्यकता से अधिक माल तैयार करना।

Overproduction - ओ' - व़र् - प्रो - डक्' - शन् - *n.* a supply in excess of demand. सामग्री की माँग से अधिक पूर्ति।

Overproof - ओ' - व़र् - प्रूफ़्' - *adj.* containing more than a certain amount of alcohol. (मदिरा का) नियमित परिमाण से अधिक तीव्र होना।

Overrate - ओ' - व़र् - रेट्' - *v. t.* to value excessively. अधिक मूल्य लगाना।

Overreach - ओ'- व़र् - रीच्' - *v. t.* to reach beyond limit, to cheat. सीमा से आगे बढ़ जाना, धोखा देना।

Overrent - ओ'- वर् - रेंन्ट्' - *v. t.* to exact excessive rent. बहुत ज्यादा किराया लेना।

Override - ओ' - व़र् - राइड्' - *v. t.* (*p. t.* **Overrode,** *p.p.* **Overridden.**) to ride over, to trample down. चढ़ जाना, कुचलना।

Overrule - ओ - व़र् - रूल्' - *v. t.* to rule over, to set aside by higher verdict. पराजित करना, (अधिकारी की आज्ञा को) रदद् करना।

Overrun - ओ - व़र् - रन्'- *v. t. & i* (*p. t.* **Overran,** *p. p.* **Overrun.**) to run over, to spread over, to ravage, to extend beyond limit. आक्रमण करना, फैलना, लूट करना, सीमा से अधिक बढ़ना।

Prefine - प्री - फ़ाइन्' - *v. t.* to limit beforehand. पहिले से सीमा स्थिर करना।

Prefix - प्रि - फ़िक्स्'- *n.* a particle or word placed before a word, उपसर्ग; -*v. t.* (प्रें - फ़िक्स्') to put or fix before. शब्द के पहिले (उपसर्ग) लगाना, पुस्तक

के पहिले भूमिका लगाना।

Prefixion - प्रि - फ़िक्स्'- अन् - *n.* the act of prefixing. पहिले रखने का कार्य।

Prefixture - प्रि - फ़िक्स्' - चर् - *n.* introduction. भूमिका।

Preform - प्री - फ़ॉर्म्' - *v. t.* to form beforehand. पहिले से बना लेना।

Preformation - प्री - फ़ॉर् - मे '- शन् - *n.* a forming beforehand. पूर्व रचना।

Preformative - प्री - फ़ॉर्म'- एट - इव - *n.* a prefix. पहिले जोड़ा हुआ शब्द, उपसर्ग।

Prefulgency - प्री - फ़ल्'-जेंन् - सि - *n.* superior brightness. बड़ी चमक।

Pregnable - प्रेग्' नेंब्ल् - *adj.* that may be won by force. बल से लेने योग्य।

Pregnancy - प्रेग्' - नान् - सि - *n.* the state of being pregnant. गर्भावस्था।

Pregnant - प्रेग्' - नान्ट् - *adj.* being with child, fruitful, imaginative. गर्भवती, परिपूर्ण, कल्पनायुक्त।

Prehensile - प्रि - हेन्स्'- इल् - *adj.* capable of being grasped. पकड़ने योग्य।

Prehensility - प्रि - हेन्स्'- इल् - इटि - *n.* ability of being grasped. पकड़ने की योग्यता।

Prehension - प्रि - हेंन्'- शन् - *n.* act of apprehending. ध्यान में लाने का काम।

Prehistoric - प्रि' - हिस - टॉर'- इक् - *adj.* relating to the period antecedent to history. लिखित इतिहास के पहिले के समय का; **Prehistorically** (- अलि) - *adv.* in a prehistoric manner. इतिहास के पूर्वकाल में।

Prehistory - प्रि - हिस'- ट्रि - *n.* prehistoric knowledge. इतिहास के पहिले का ज्ञान।

Preinstruct - प्री'- इन् - स्ट्रक्ट्'- *v. t.* to instruct previously. पहिले से शिक्षा देना।

Preintimation - प्रि'- इन् - टिम् - ए'- शन् - *n.* previous suggestion. पूर्व सूचना।

Prejudge - प्री - जज्'- *v. t.* to judge before proper enquiry. जाँच-पड़ताल के बिना पहिले से निश्चय कर लेना; **Prejudg(e)ment** (- मेंन्ट) *-n.* condemnation before trial. पूर्व-निर्णय।

Prejudicate - प्रि - जू'- डिक - एट् - *v. t.* to judge without enquiry or examination. बिना देखभाल के निर्णय करना; **Prejudication** (- कें - शन्) - n. the act of judging before examining. बिना परीक्षा के निर्णय।

Prejudice - प्रेज्'- उड् - इस् - *n.* an opinion formed in the mind beforehand, bias, damage done with such a judgment, an unreasonable prepossession. अविचारपूर्वक निर्णय, पक्षपात, ऐसे निर्णय से हानि, अन्यायपूर्ण धारणा; - *v. t.* to prepossess an opinion, to damage. पक्षपात करना, हानि करना।

Prejudicial - प्रेज्'- उड् - इश्' - अल् - *adj.* detrimental, causing prejudice. हानि- कारक,पक्षपात उत्पन्न करनेवाला; **Prejudicially** (- लि) - *adv.* with prejudice. पक्षपात से।

Preknowledge - प्री - नॉल्'- एज् - *n.* prior knowledge. पूर्वज्ञान।

Prelacy - see **Prelate.**

Prelate - प्रेल्' - एट् - *n.* (*fem.* **Prelatess**) a chief priest. गिर्जाघर का प्रधान अधिकारी या पादरी; **Prelacy** (- एँ - सि) - *n.* office of a prelate. प्रधान पादरी का पद।

Prelatical - प्रिल् - ऑट्'- इकल् - *adj.* pertaining to prelacy. प्रधान पादरी का; **Prelatically** (- लि) *-adv.* in the manner of a prelate. प्रधान पादरी के अधिकार से; **Prelatess** (- टेंस्) *-n. fem.* a female prelate. प्रधान महिला पादरी; **Prelatize** (- टाइज़्) *-v. t.* to make a church episcopal. प्रधान पादरी को अधिकारी बनाना; **Prelature** (- चर्) - *n.* the office of a prelate. प्रधान पादरी का पद।

Prelect - प्रि -लेंक्ट्'- *v. t.* to lecture publicly on a subject. किसी विषय पर व्याख्यान देना; **Prelection** (- शन्)*-n.* a discourse. व्याख्यान, भाषण।

Prelector - प्रि - लेक् - टॉर - *n.* a lecturer. व्याख्यान देनेवाला।

Prelibation - प्रि' - लिब् - ए'- शन् - *n.* foretaste पूर्वस्वाद, पहिले से स्वाद लेने का काम।

Preliminarily - see **Preliminary.**

Preliminary - प्रिल् - इम्' - इन् - अर - इ - *adj.* introductory, preparatory. प्राथमिक, पारिभाषिक; *-n.* (*pl.* **Preliminaries.**) that which precedes introduction. पहिला प्रबन्ध, पूर्व विषय; **Preliminarily** (- लि) - *adv.* in an introductory manner. पहिले से, परिभाषा या भूमिका के रूप में।

Prelude - प्रेल्' - यूड् - *n.* an introductory event or performance. प्रस्तावना (उपक्रम), भूमिका; *-v. t.* to serve as an introduction, to precede. प्रस्तावना करना, आरम्भ करना।

Preludial - प्रेल् - यूड' - इ - अल् - *adj.* introductory. उपक्रम या प्रस्तावना का।

Preludize - प्रें - ल्यू' - डाइज़् - *v. t.* to make an introduction. उपक्रम करना, प्रस्तावना या भूमिका देना।

Prelusion - प्रि - ल्यू' - ज़न् - *n.* a preliminary song. आरम्भ का गायन।

Prelusive - प्रिल् - यूस्'- इव् - *adj.* introductory उपक्रम-सम्बन्धी।

Premature - प्रिम्'- ऑट् - यू - अर् - *adj.* done or occurring before the proper time, untimely. समय से पूर्व होनेवाला, असामयिक, कालपूर्व; **Prematurely** (- लि) - *adv.* too soon, in a hasty manner. अकाल में, असमय में; **Prematureness** (- नेंस्) *-n.* the state of being untimely. असमयता, कुसमयता।

Prematurity - प्रीम् -ऑ - च्योर्' - इट् - इ - *n.* the state of being premature. कुसमयता।

Premeditate - प्री - मेड्'- इट् - एट् - *v. t.* to consider or design beforehand. पहिले से विचार कर लेना, पहिले से ठानना; **Premeditated** (-ऍड्) -*adj.* thought beforehand. पूर्वचिन्तित; **Premeditatedly** (- ऍड् - लि) -*adv.* in a premedited manner. पहिले से ठान करके।

Premeditation - प्री - मेड् - इट - ए'- शन् - *n.* previous deliberation. पूर्व सङ्कल्प।

Premier - प्रेम् - इ - अर् - *adj. & n.* first in position or importance, the Prime Minister of a country. प्रधान, मुख्य, किसी देश का प्रधान मंत्री; **Premiership** (- शिप्)-*n.* the office of the Prime Minister. प्रधानमंत्री का पद।

Premise, Premiss - प्रेम्' - इस् - *n.* each of the two propositions of a syllogism; **Premises**-*n.* (*pl.*) a building with its environs. न्याय में उत्तर पक्ष (प्रतिज्ञा), (ब. व.) घर और उसमें मिली हुई भूमि इत्यादि।

Premise - प्रिम् - आइज़्' - *v. t.* to lay down the first principles, to write something as an introduction. प्रस्तावना के रूप में कहना या लिखना, पूर्वपक्ष कहना।

Premium - प्रेम्' - इ - अम् - *n.* reward, sum paid in addition to interest, bonus &c., charge paid for changing one currency into another, payment made for insurance. पारितोषिक, लाभ, बढ़ोत्तरी, बट्टा, जानबीमा की रकम।

Premonish - प्रि - मॉन् - इश् - *v. t.* to forewarn. पहले से सचेत करना।

Premonition - प्री' - मॉन् - इश'- अन् - *n.* forewarning or previous information. पूर्वसूचना, पहिले से चेतावनी।

Premonitor - प्री - मॉन्'- इट् - अर् - *n.* one who warns beforehand. पहिले से सूचना देनेवाला; **Premonitory** (- टरि) - *adj.* giving previous notice. पूर्वबोधक।

Premorse - प्रि - मॉर्स्'- *adj.* with the end cut off. किनारा कटा हुआ।

Premotion - प्री'- मो - शन् - *n.* previous excitement. पूर्व-उत्तेजना।

Premunition - प्रि'- मॉन् - इश्'- अन् - *n.* objections anticipated beforehand. आपत्ति (एतराज़) या विरोध की पूर्व आशंका।

Prenasal - प्री -नें ' - ज़ल् - *adj.* in front of the nostrils. नाक के सामने का; -*n.* a bone at the tip of a pig's nose. सुअर की नाक के सिरे पर की हड्डी।

Prenatal - प्री - नॉ' - टल् - *adj.* occurring before birth. जन्म के पूर्व का।

Prenominate - प्री - नॉम् - इन - एट - *adj.* named before. पूर्वकथित, पहले से नामजद; -*v. t.* to nominate beforehand. पूर्व-निर्धारित करना, पहले से नामज़द करना।

Prenomination - प्री - नाम् - इन - ए' - शन् - *n.* privilege of being named first. पहले से ही नाम लिया जाने का अधिकार।

Prenotion - प्री - नो - शन् - *n.* a foreknowledge. पूर्वज्ञान, पूर्वविचार।

Preobtain - प्री - ऑब्'- टेंन् - *v. t.* to obtain beforehand. पहिले से प्राप्त करना।

Preoccupation - प्री - ऑक्' - यु - पे'- शन् - *n.* occupation beforehand, prepossession, state of mental absorption. पूर्वग्रहण, पूर्व अधिकार, पूर्व धारणा।

Preoccupied - प्री - ऑक् - यू - पाइड् - *adj.* occupied beforehand. पहिले से लीन; **Preoccupiedly** (- लि) *adv.* in a preoccupied manner. पहिले से स्थिर रूप में।

Preoccupy - प्री - ऑक्'- यु - पाइ - *v.t.* (*p. t.* **Preoccupied.**) to occupy beforehand, to engross the mind beforehand. पहिले से ग्रहण करना, पहिले से मन में स्थिर होना।

Preominate - प्री - ऑम्'- इन - एट् - *v. t.* to prognosticate. भविष्य बतलाना।

Preopinion - प्रि'- ऑप् - इन् - अन् - *n.* previously formed opinion. पूर्व-स्थिर किया हुआ विचार।

Preoption - प्रि - ऑप्' - शन् - *n.* right of first choice. पहले चुनने का अधिकार।

Pre-oral - प्री - ऑर' - अल् - *adj.* in front of the mouth. मुख के सामने का।

Preordain - प्री' - ऑर् -डेंन् - *v. t.* to ordain beforehand, to determine previously. पहिले से निर्दिष्ट करना, पहिले से ठहराना।

Preordinance - प्री - आर्ड' - इन् - ऑन्स् - *n.* previous decree. पूर्वविचार।

Preordinate - प्री - आर्ड'- इन् - एट् - *adj.* ordained beforehand. पूर्वविचारित; **Preordination** (- शन्) - *n.* the act of ordaining before. पूर्वविचार।

Prepaid - प्री - पेंड्' - *adj.* paid beforehand. पूर्वदत्त, पेशगी दिया हुआ।

Preparable - प्रि - पेअर'- एबल् - *adj.* able to be prepared. निर्माण करने या बनोने योग्य।

Preparation - प्रेप् - आर् - ए'- शन् - *n.* previous arrangement, a substance previously prepared. (साधन) रचना, सामग्री (संस्कार), तैयारी; **Preparative** (- टिव्) - *adj.* pertaining to previous arrangement. पूर्व प्रबन्ध या पहले की तैयारी से सम्बन्धित; **Preparatively** (- टिव् - लि) - *adv.* by way of preparation. तैयारी किए हुए या करते हुए ढंग से; **Preparatorily** (- टरिलि) - *adv.* in a preparatory manner. तैयारी से; **Preparatory** (- टरि) - *adj.* previous, introductory, preparing for something. पहिले का, आरम्भ का, तैयार करनेवाला।

Prepare - प्रि - पेंअर्' - *v. t. & i.* to make ready, to provide, to get ready previously, to adapt, to make preparations for. साधन करना, तैयार करना, ठीक करना, सजाना, निर्माण करना; **Preparer** (- अर्) - *n.* one who prepares. निर्माण करनेवाला, बनानेवाला।

Prepay - प्री -पें '- *v. t.* (*p. t.* **Prepaid.**) to pay beforehand. महसूल आदि पहिले देना।

Prepayable - प्री -पें'- एं - ब्ल् - *adj.* payable in advance. पहिले से देने योग्य।

Prepayment - प्री - पें'- मेंन्ट् - *n.* payment in advance. पेशगी अदायगी या भुगतान।

Prepense - प्रि - पेन्स्' - *adj.* preconceived, deliberate. पूर्वचिन्तित, पहिले से सोचा हुआ; **Malice-prepense** (deliberate ill-will.) पहले से सोची गयी या बना ली गई द्रोह या बुराई की भावना, पूर्व-आयोजित।

Prepensely - प्रि - पेंन्स्'- लि - *adj.* preconceivedly. पूर्वचिन्ता या आयोजन से।

Prepollence - प्रि - पॉ -लेंन्स् - *n.* prevalence. प्रबलता, अधिकता; **Prepollent** (- लेंन्ट्) -*adj.* superior in power. प्रबल, अधिक शक्तिमान्।

Preponderance - प्रि - पॉन्ड्'- अर् - एस् - *n.* force, power, excess of weight. गौरव, प्रबलता, भार की अधिकता; **Preponderant** (- रन्ट्) - *adj.* outweighing. प्रभावशाली; **Preponderantly** (- रन्ट् - लि) - *adv.* in a preponderant manner. प्रभाव से।

Preponderate - प्री - पान्ड्' - अर् - एट् - *v. t.* to outweigh, to be heavier than, to have greater sway over others. भार में अधिक होना या बढ़ जाना, दूसरों पर अधिक प्रभाव डालना; **To preponderate over** (to increase in number or quantity.) संख्या या परिमाण में बढ़ना; **Preponderation** (- रें - शन्) -*n.* the act of inclining to one side. एक ओर प्रवृत्त होने या झुकने का कार्य।

Preposition - प्रिप् - ऑज् - इश - अन् - *n.* an indeclinable word put before another to show the relation which one thing bears with another. विभक्ति या सम्बन्ध-सूचक अव्यय (उपसर्ग); **Prepositional** (- शन् -अल्) -*adj.* pertaining to a preposition. उपसर्ग-सम्बन्धी; **Prepositionally** (- शन -लि) -*adv.* in a prepositional manner. सम्बन्ध-सूचक अव्यय द्वारा।

Prepositive - प्रि - पॉज्' - इट - इव् - *adj.* proper to be prefixed. उपसर्ग की तरह जोड़ने योग्य।

Prepossess - प्रि' - पॉज् - एस् -*v. t.* to take possession of beforehand, to prejudice. पहिले ही से दृढ़ करना, पक्षपात करना; **Prepossessed** (- ड्) -*adj.* preoccupied. चित्त आकर्षित किया हुआ; **Prepossessing** (- सिङ्ग्) -*adj.* attractive, चित्ताकर्षक; **Prepossessingly** (- सिंग् - लि) -*adv.* in an attractive manner. चित्ताकर्षण करते हुए; **Prepossessingness** (- सिंग् - नेंस्), **Prepossession** (- शन्) - *ns.* prior possession. पक्षपात, चित्ताकर्षण, पूर्वग्रहण।

Preposterous - प्रि - पोस्ट्'- अर - अस् - *adj.* foolish, absurd, contrary to reason. अनर्थक, असंगत (असम्बद्ध), आयुक्त; **Preposterously** (- लि)- *adv.* in a contrary manner. अयुक्ति से; **Preposterousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being preposterous. असम्बद्धता।

Prepotence - प्रि - पॉट्'- एन्स्, **Prepotency** (- टेंन् - सि) - *ns.* great power. अधिक शक्ति; **Prepotent** (- टेंन्ट्) -*adj.* more powerful than others. दूसरों की अपेक्षा अधिक बलवान्।

Prepuce - प्री' - प्यूस् - *n.* the loose foreskin of the penis. शिश्न के मुख पर की खुली त्वचा।

Preputial - प्रि- प्यू' - शल् - *adj.* pertaining to prepuce. शिश्न की अग्र त्वचा से सम्बन्धित।

Prerequistite - प्रि - रेक'- विज् - इट् - *adj.* required previously. पूर्वाकांक्षित।

Prerogative - प्रि - राग्'- एट् - इव - *n.* unrestricted right of the sovereign. राजा का अबाध (बेरोक-टोक का) अधिकार।

Presage - प्रेस्' - इज् - *n.* an omen, foreboding. पूर्वसूचना, शकुन; *v. t.* (प्रि -सें '- ज्) to portend. भविष्य कहना; **Presageful** (- फुल्) - *adj.* full of presages. शकुनपूर्ण।

Presager - प्रि - सेज' - अर् - *n.* a foreteller. शकुन बतलानेवाला।

Presbyopia - प्रेंज़् - बि - ऑप्' - इ - आ - *n.* longsightedness of old age. बृद्धावस्था की दूर दृष्टिता; **Presbyopic** (ओपिक्) - *adj.* pertaining to longsightedness. बुढ़ापे की दूरदृष्टि-सम्बन्धी।

Presbyter - प्रेज्' - बिट - अर् - *n.* a priest an elder in the church. पुरोहित, प्रधान पादरी; **Presbyteral,** (- रल्), **Presbyterial** (- टीरिअल) -*adj.* pertaining to a presbyter. प्रधान पादरी सम्बन्धी।

Presbyterian - प्रेज्' - बिट् - इअर' - इ - अन् - *adj.* of the church which is governed by the elders. प्रधान पादरी द्वारा शासित गिरजे का; **Presbyterianism** (-इज़्म्) - *n.* the doctrine of presbyterians. प्रधान पादरियों का सिद्धान्त।

Prescience - प्री' (- प्रें' -) - शि - अन्स् -*n.* foreknowledge. पूर्वज्ञान।

Prescient - प्री' (- प्रें' -) - शि - अन्ट् - *adj.* prophetic, having foreknowledge. भविष्यदर्शी, (होनेवाली घटना का) पूर्वज्ञान रखनेवाला; **Presciently** (- लि) - *adv.* in a prescient manner. पूर्वज्ञान रखते हुए रूप में।

Prescind - प्रि - सिन्ड्' - *v. t. & i.* to cut off in an abrupt manner. बुरी तरह से काटना या छाँटना।

Prescribe - प्रि - स्क्राइब्' - *v. t.* to lay down authoritatively as a rule or direction, to assert, to advice the use of a medicine.

निश्चित नियम या निर्देश की आधिकारिक आज्ञा देना, व्यवस्था करना, औषध के उपयोग की सलाह देना।

Prescript - प्रि (- प्री) - स्क्रिप्ट् - *n.* law, precept, command. आदेश, विधि, आज्ञा।

Prescription - प्रे - स्क्रिप्' - शन् - *n.* a physician's recipe, a claim for uninterrupted use or possession, an ancient custom. औषध या डाक्टर का नुस्खा, बहुकाल-बोधक अधिकार, प्राचीन रीति।

Prescriptive - प्रे - स्क्रिप्ट्'- इव् - *adj.* according to custom. नियम या रीति के अनुसार; **Prescriptively** (-लि-) *-adv.* in a prescriptive manner. नियम पालन करते हुए ढंग से।

Presence - प्रेज़्'- ऍन्स् - *n.* the state of being present, a place where a person is, attendance on a person of rank, appearance, deportment. उपस्थिति, समीपता, समक्षता, आकृति, चालढाल; **In the presence of** (being present, in the sight of.) सम्मुख (प्रत्यक्ष), सामने; **Presence of mind** (quickness of decision in emergency.) प्रतिभा शक्ति, समय की सूझ; **Presence-chamber** (the hall for receiving guests.) भेंट करने का स्थान, दर्शनशाला।

Present - प्रेज़्'-ऍन्ट् - *adj. & n.* being in question, existing now, ready at hand, attentive, a gift. प्रस्तुत, विद्यमान, वर्तमान, उपस्थित, उपहार; **Presents** *-n.* (*pl.*) what is written in a deed. लेख-पत्र (दस्तावेज) में जो कुछ लिखा गया हो; *-v. t. & i.* (- ऍन्ट्') to introduce, to recommend, to set forth, to grant, to offer, to suggest, to hold a fire-arm in position for taking aim. उपस्थित करना, अनुमोदन करना, सामने रखना, स्वीकार करना, अर्पण करना, निशाना लगाने के लिए तैयार होना; **At present** (at the present time, now.) इस समय, अभी; **By these presents** (by this document.) इस लेख द्वारा; **In the present case** (in the present circumstance.) इस अवस्था में; **Present tense** (verb representing present time.) वर्तमान काल; **Present to the mind** (impressed in mind.) हृदय में बसा हुआ; **Present worth** (the sum which with compound interest will amount to.) किसी ऋण की व्याज-सहित रकम।

Presentability - प्रिज़् - एन्ट्'- आब - इल' - इ - टि - *n.* the quality of being presentable. दर्शनीयता; **Presentable** (- टेबल्) - *adj.* fit for presentation. दर्शनीय, भेंट करने योग्य; **Presentably** (- टेब्लि) - *adv.* in a presenting manner. उपस्थित करते हुए; **Presentation** (- टे'-शन्) - *n.* a formal introduction, exhibition, representation. भेंट, प्रदर्शन, दिखाव; **Presentational** (- टेश् - नल्) - *adj.* pertaining to presentation. प्रदर्शन का; **Presentative** (- टे - टिव्) - *adj.* having the right of presentation. प्रदर्शन के अधिकार का।

Presentee - प्रेज़्' - ऍन्ट - ई'- *n.* one who is presented to a benefice, one who is recommended for an office. धर्मवृत्ति प्राप्त किया हुआ, किसी पद के लिए संस्तुत व्यक्ति।

Presentiment - प्रिज़् - एन्ट् - इ - मेंन्ट् - *n.* vague apprehension, foreboding. पूर्वकल्पना, पूर्वज्ञान।

Presently - प्रेज़्' - ऍन्ट् - लि - *adv.* instantly, soon. अभी, तुरन्त।

Presentment - प्रिज़् - इन्ट्' - मेंन्ट् - *n.* act of presenting a statement of an oath by jury. उपस्थित करने का कार्य, शपथपूर्वक जूरी का किसी घटना का पूर्वज्ञान कथन।

Preservable - प्रिज़् - अर्व' - एबल् - *adj.* to be kept safe. रक्षा के योग्य।

Preservation - प्रिज़्' - अर्व - ए'- शन् - *n.* the act of preserving. परिरक्षण, रक्षा (पालन), बचाव; **Preservative** (- वें - टिव़्') - *adj. & n.* tending to preserve. रक्षा का साधन (रक्षक), बचाव करने का पदार्थ।

Preserve - प्रिज़् - अर्व़्' - *n.* jam, a secluded place for game. मुरब्बा, रक्षास्थान; **Preserves** (- स्) (*n. pl.*) goggles used as protection from dust &c. (ब. व.) गर्दा बचाने का चश्मा; *- v. t.* to keep safe, to secure, to keep alive, to keep undisturbed, to season. रक्षा करना, बचाना, जीवित रखना, उपद्रव से बचाना, अचार या मुरब्बा डालना; **Preserver** (- अर्) - *adj.* he who or that which preserves. रक्षक।

Preside - प्रेज़् - इड्' - *v. i.* to exercise control over, to occupy the chair of authority. अध्यक्ष होना, अधिकारपद पर बैठना।

Presidency - प्रिज़्' - इड् - एन् - सि - *n.* the term or office of a president, the division of a territory. अध्यक्षपद, देशविभाग (सूबा)।

President - प्रेज़्' - इड् - एन्ट् - *n.* the head of a council, society or institution, chairman अध्यक्ष, अधिकारी, सभापति (मुखिया)।

Presidential - प्रेज़्'- इड - एन्' - शल् - *adj.* pertaining to a president. अध्यक्ष-सम्बन्धी, सभापति का; **Presidentially** (-लि-) *-adv.* in a presidential manner. अध्यक्षता से; **Presidentship** (- शिप्) *-n.* the office of a president. अध्यक्षता; **Presidentess** (- ऍस) *-n. fem.* wife of a president, female president. सभापति की पत्नी, सभानेत्री।

Presidiary - प्रि- सिड्' - इ - अर - इ - *adj.* serving as a garrison. किले की सेना-सम्बन्धी।

Presignify - प्रि - सिग'- नि - फाइ - *v. t.* (*p. t.* **Presignified.**) to intimate beforehand. पहले से सूचित करना।

Press - प्रेंस् - *n.* crowd, throng, hurry, instrument for flattening or squeezing, a printing machine, newspaper literature, journalism. जन-समुदाय, भीड़भाड़, शीघ्रता, चिपटा करने, दबाने या रस निकालने का यन्त्र, छापे का यन्त्र, समाचार पत्र; **Freedom of the press** (the right to print and publish anything without censorship.) बिना किसी प्रकार की सरकारी रुकावट के ग्रन्थ छापने की स्वतंत्रता; **In the press** (in course of printing.) छापने की अवस्था में; **To go to press** (to be sent for being printed.) छापने के लिये भेजना।

Press - प्रेंस् - *v. t. & i.* to exert force against, to squeeze, to distress, to weigh down, to oppress, to demand urgently, to urge, to insist, to force, to crowd, to go on with great speed. दबाना, निचोड़ना, पीड़ा देना, कड़ा तकाज़ा करना, आग्रह करना, हठ करना, जल्दी करना, भीड़ मचाना, वेग से जाना; **To press against** (to exert force against.) टकराना; **To press upon** (to urge.) प्रेरित करना; **To press upon mind** (to demand urgent attention.) तुरन्त ध्यान आकृष्ट करना।

Press-gang - प्रेंस्'- गॉङ्ग् - *n.* detachment of seamen urging for recruitment. भरती होने का आग्रह करनेवाले जहाज़ी लोग।

Pressing - प्रेंस्' - इङ्ग् - *adj.* urgent, persistent. अति आवश्यक, आग्रहयुक्त; **Pressingly** (- इङ्ग् -लि) - *adv.* in a pressing manner. आग्रह से।

Pressman - प्रेंस्' - मॉन् - *n (pl.* **Pressmen.**) an operator of a printing press. मुद्रण-यंत्र में छापनेवाला; **Press-room** (प्रेंस्' - रूम) *-n.* the room where printing work is done. वह कमरा जहाँ छापने का काम होता है।

Pressure - प्रेंश्' - अर् - *n.* exertion of force, oppression, affliction, urgency influence of constraint. बल, प्रभाव, पीड़ा, आवश्यकता, बाधा; **Financial Pressure** (pecuniary restraint.) धन-संकट; **Pressure of business** (urgency of business.) कार्य-भार।

Presswork - प्रेंस्'-वर्क् - *n.* printing. छापे का काम।

Prestige - प्रेंस् - टिज्' - *n.* influence derived from past achievements, fascination, imposture. गौरव (प्रभाव), प्रतिष्ठा, प्राचीन प्रतिष्ठा का प्रभाव।

Prestimony- प्रेस'-टि-मन्-इ- *n.* fund for the support of a priest. पुरोहित के पोषण के लिए दिया धन।

Prest-money -प्रेंस्ट्' - मनि - *n.* sum reserved for petty payments. फुटकर खर्च के लिए बचाया हुआ धन।

Presto - प्रेंस्' - टो - *n. & adv.* quick movement. शीघ्रता से गाना बजाना, हाथ की सफाई।

Prestriction - प्री - स्ट्रिक'- शन् - *n.* dimness of sight. अन्धापन।

Prestudy - प्री - स्टड्'- इ - *v. i.* to study beforehand. पहिले से अध्ययन करना।

Presumable - प्रिज - यूम'- एब्ल् - *adj.* what may be supposed as true. अनुमान करने योग्य; **Presumably** (- ब्लि) - *adv.* by presumption. अनुमान से।

Presume - प्रिज - यूम्' - *v. i.* to infer, to assume, to take for granted. तर्क करना, अनुमान करना, मान लेना; **Presumedly** (- ड् - लि) - *adv.* by way of inference. अनुमान करते हुए। **Presumingly** (- इङ्ग् - लि) *-adv.* assumingly. मान लेते हुए।

Presumption - प्रिज् - अम्प'- शन् - *n.* ground for presuming, opinion, strong probability arrogance, assurance, thing which is assumed. तर्क, कल्पना (अनुमान), साहस, दृढ़ता, सम्भावना; **Presumption of fact** (inferring from known facts.) जानी हुई बात से अनुमान करना; **Presumption of law** (accepting as true unless something is proved to the contrary.) जब तक कोई बात विपरीत सिद्ध न हो तब तक न्याय से स्वीकार कर लेना।

Presumptive - प्रिज़् - अम्प्' - टिव् - *adj.* that may be presumed. अनुमान से सिद्ध, संभव; **Presumptively** (- लि) - *adv.* in a presumptive manner. सम्भावना से।

Presumptuous - प्रिज् - अम्प्' - ट्यू - अस् - *adj.* presuming arrogant. दुःसाहसी, अहंकारी, ढीठ, हठी; **Presumptuously** (- लि) - *adv.* arrogantly. धृष्टता से; **Presumptuousness** (- नेंस्) *-n.* arrogance. धृष्टता।

Presuppose - प्रि - सप् - ओज़्' - *v. t.* to assume or suppose beforehand. पूर्व-कल्पना करना, पहिले से मान लेना; **Presupposition** (- ज़िशन्) - *n.* taking for granted. पूर्व भावना या कल्पना।

Pretence - प्रिट् - एन्स्' - *n.* pretext, assumption, false show. बहाना, मिथ्या हेतु।

Pretend - प्रिट् - एन्ड्' - *v. t. & i.* to profess falsely, to feign, to venture. झूठा अधिकार दिखलाना, बहाना करना, साहस करना; **Pretended** (- ऍड्) - *adj.* hypocritical, false. मिथ्या, कपटी; **Pretendedly** (- ऍड् - लि) - *adv.* by false appearance. छल से, बहाने से; **Pretender** (- अर्) - *n.* one who pretends, one who lays a false claim to. कपटी, झूठा अधिकार माँगनेवाला; **Pretension** (- शन्) assertion of a claim (true or false), pretext, assumed right. अभिमान, छल, कपट, बहाना, महत्त्व की आकांक्षा; **Pretentious** (- शस्) *-adj.* full or pretension, ostentatious. कपटी, धूर्त, अभिमानी; **Pretentiously** (- लि) *-adv.* in a pretentious manner. छल से; **Pretentiousness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being pretentious. कपट, छल।

Preter - प्री' - टर् - *pref.* in the sense of "out-

side the range." "सीमा के बाहर" अर्थ का उपसर्ग; **Preterhuman** (- ह्यू'- मन्) - *adj.* beyond what is human, superhuman. अमानुषी, दैवी; **Preternatural** (- नाट्यूरल्) - *adj.* outside the ordinary course of nature, supernatural. अमानुषी, विलक्षण; **Pretersensual** (- सेन्स्युअल्) - *adj.* more than human, extraordinary, beyond the scope of the senses. विचित्र, दैवी, इन्द्रियजनित ज्ञान से परे।

Preterite - प्रेट् - अर् - इट् - *adj.* of the tense expressing past action. परोक्ष, भूत काल का; **Preteriteness** (- नेंस्) - *n.* past action. परोक्षता।

Preterition - प्रिट्'- अर् - इश'- अन् - *n.* omission. त्याग, अतिक्रमण।

Preterlapsed - प्री'- टर् - लेप्स्ड् - *adj.* gone by, past. व्यतीत, बिता हुआ।

Pretermit - प्री'- टर् - मिट्' - *v. t.* (*p.t.* **Pretermitted.**) to omit, to neglect. त्यागना, छुड़ाना; **Pretermission** (- मिशन्) - *n.* omission. त्याग, छुटकारा।

Preternuptial - प्री'- टर् - नप्' - शल् - *adj.* adulterous. व्यभिचारी, लम्पट।

Pretext - प्री'- टेंक्स्ट् - *n.* excuse, pretence, ostensible reason. छल, बहाना, मिथ्या तर्क; - *v. t.* to give as pretext. बहाना बनाना।

Pretone - प्री' - टोन् - *n.* a vowel sound before a stressed syllable. जोर देकर बोले जानेवाले शब्दांश के पहिले का स्वर; **Pretonic** (- टॉन्'- इक्) - *adj.* belonging to a pretone. ऐसे स्वर का।

Prettify - प्रिट्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Prettified.**) to make beautiful. सुन्दर बनाना।

Prettily - प्रिट्' - इ - लि - *adv.* in a pretty manner. सुन्दरता से, शोभा से।

Prettiness - प्रिट्'- इ - नेंस् - *n.* neatness, pleasing form. शोभा, सुन्दरता।

Pretty - प्रिटि - *adj.* (*comp.* **Prettier,** *sup.* **Prettiest.**) beautiful, fine, attractive, pleasing. सुन्दर, सुखदायक, ललित, शोभायुक्त; -*adv.* moderately. अल्प, थोड़ा; **Pretty clear** (almost clear.) प्रायः शुद्ध; **Pretty warm** (lukewarm.) मन्दोष्ण, गुनगुना।

Prettyish - प्रिट्'- इ - इश् - *adj.* somewhat pretty. कुछ-कुछ सुन्दर।

Prevail - प्रि - वेंल्' - *v. t.* to gain mastery over, to be victorious, to persuade, to be prominent. प्रबल होना, जीतना, बहकाना, प्रचलित होना; **To prevail on (upon) (to persuade.)** प्रवृत्त करना।

Prevailing - प्रि -वेंल्'- इङ्ग् - *adj.* superior in power, prevalent, predominant. प्रचलित; **Prevailingly** (- लि) -*adv.* in a prevailing manner. प्रभाव से, प्रयत्न से।

Prevalence - प्रिव'- आल - एन्स् - *n.* predominance, success. प्रचार, विशिष्टता, सफलता; **Prevalent** (- ऐंन्ट्) - *adj.* powerful, generally accepted. प्रबल, प्रचलित; **Prevalently** (- लि) - *adv.* in a prevalent manner. प्रवृत्त करते हुए।

Prevaricate - प्रि - वा'- रिक् - एट् - *v. i.* to speak in an evasive way, to equivocate. वाक्छल करना, घुमाकर बोलना; **Prevaricating** (- इङ्ग्) - *adj.* false, hypocritical. झूठा, छली; **Prevarication** (- शन्) - *n.* deviation from truth, quibbling. वक्र उक्ति, वाक्छल; **Prevaricator** (- अर्) - *n.* one who shuffles. वाक्छल करने वाला।

Prevenient - प्रि - वेन्'- इ - एन्ट् - *n.* going before, preceding. अग्रगामी, आगे का।

Prevent - प्रि - वेंन्ट्' - *v. t.* to hinder, to impede, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना, रुकावट डालना।

Preventable - प्रि - वेन्ट्'- एबल् - *adj.* that may be prevented. निवारण करने या रोकने योग्य।

Preventer - प्रि - वेन्ट्' - अर् - *n.* one who obstructs. रुकावट डालनेवाला।

Prevention - प्रि - वेन्' - शन् - *n.* obstruction, act of preventing. प्रतिबन्ध, रुकावट।

Preventive - प्रि - वेन्ट्'- इव - *adj.* tending to prevent. प्रतिबन्धक, हटानेवाला।

Previous - प्री' - व्रि - अस् - *adj.* prior to, former, coming before. विगत, पूर्व (गत), पहिले का, अगला; **Previously** (- लि) -*adv.* in a previous time. पूर्व से, पहिले से; **Previousness** (- नेंस्) -*n.* antecedence. अग्रगामी होना।.

Previse - प्रि - वाइज़्' - *v. t.* to foresee. पूर्व-दृष्टि होना, पहिले से देख लेना।

Prevision - प्रि - विज़्'- अन् - *n.* foresight. पूर्व-दृष्टि, पूर्व- ज्ञान; **Previsional** (- अल्) - *adj.* pertaining to prevision. पूर्व-दृष्टि का; **Previsionally** (- लि) - *adv.* in a previsional manner. पूर्व-दृष्टि से।

Prewarn - प्री - वॉर्न्'- *v. t.* to warn beforehand. पहिले से सूचित करना; **Prewarning** (- इङ्ग्) -*n.* a previous warning. पूर्वसूचना।

Prey - प्रें - *n.* an animal hunted, a victim, spoil. शिकार, खाद्य, लूट का माल; -*v. t.* (*p. t.* **Preyed.**) to seize and devour, to spoil or plunder. शिकार करना, नष्ट करना, लूटना; **To prey upon** (to make an attack upon.) आक्रमण करना।

Price - प्राइस् - *n.* money for which a thing is bought, estimation. मूल्य, दाम, भाव; -*v. t.* to fix the cost of a thing. किसी पदार्थ का मूल्य स्थिर करना; **At any price** (at any cost.) हर अवस्था में, किसी मूल्य पर; Fixing the prices of commodities by a government. सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं का मूल्य निर्धारण; **Price current, Price list** (a list of current prices of commodities.) पदार्थों के मूल्य की सूची।; **Without price** (very costly, without anything to pay.) अमूल्य, बिना पैसे का।

Priced - प्राइस्' -ड् - *adj.* with price fixed. मूल्य रियर किया हुआ।

Priceless - प्राइस्' -लेंस् - *adj.* invaluable. अमूल्य, अनमोल।

Prick - प्रिक् - *n.* a puncture, a stinging pain, a mark made by puncturing. छेद, चुभता हुआ दर्द, नुकीली वस्तु से किया हुआ चिह्न; *-v. t. & i.* to pierce with something sharp, to incite, to pain, to ride with spurs. बेधना (छेद करना), उत्तेजित करना, पीड़ा देना, एँड़ लगाना; **To prick up one's ears** (to be on the alert.) सावधान या सचेत होना।

Pricker - प्रिक्' - अर् - *n.* a pricking instrument. खोदने या बेधने का हथियार।

Pricking - प्रिक्' - इङ्ग् - *n.* the act of piercing with something sharp. चुभन, वेध (शूल)।

Prickle - प्रि - कुल् - *n.* a thorn-like projection, the spine of a hedgehog. नुकीला काँटा, साही का काँटा; *-v. t. & i.* to prick. काँटा चुभाना या चुभना।

Prickliness - प्रिक्' - लि - नेंस् - *n.* the state of being prickly. नुकीलापन।

Prickling - प्रिक्' - लिङ्ग् - *adj. & n.* pointed, a sharp point. नुकीला, नोक।

Prickly - प्रिक्' - लि - *adj.* full of sharp points. काँटेदार, नुकीला; **Prickly heat** *-n.* small pimples on the skin due to heat. अम्हौरी, घर्मराजिका, घमौरी; **Prickly pear**-*n.* a thorny plant. नागफनी।

Pride - प्राइड् - *n.* arrogant conduct, haughtiness, consciousness of exalted position, selfesteem, splendid show, obstentation. अभिमान, अहङ्कार, गर्व, धृष्टता; *-v. t. & i.* to take pride in. अभिमान (गर्व) करना; **Pride of one's birth** (pride of one's family.) अपने कुल का अभिमान; **To pride oneself** (to have self-esteem.) आत्मगौरव करना।

Prideful - प्राइड्' - फुल् - *adj.* full of pride. अभिमानयुक्त।

Prideless - प्राइड्'- लेंस् - *adj.* without pride. गर्वरहित।

Priest - प्रीस्ट् - *n.* a clergyman, a religious minister. पुरोहित, पादरी।

Priestcraft - प्रीस्ट्'- क्रॉफ़्ट् - *n.* the policy of a priest. पुरोहिती छल।

Priestess - प्रीस्टेंस् - *n. fem.* a female priest. पुरोहिताइन।

Priesthood - प्रीस्ट्' - हुड् - *n.* the office of a priest. पुरोहित का पद।

Priestliness - प्रीस्ट्' - लि - नेंस् - *n.* manner of a priest. पुरोहितत्व।

Priestling - प्रीस्ट्'- लि - इङ्ग् - *n.* a small priest. छोटा पुरोहित।

Priestly - प्रीस्ट्'- लि - *adj.* pertaining to a priest. पुरोहित-सम्बन्धी।

Priest-ridden - प्रीस्ट्'- रि - ड्न् - *adj.* governed by a priest. पुरोहित से शासित।

Prig - प्रिग् - *n.* a conceited person. दम्भी, अपने रूप का गर्व करनेवाला।

Priggery - प्रिग्' - अर - इ - *n.* conceitedness. अहंकार, दम्भ, शेखी।

Priggish - प्रिग्' - इश् - *adj.* affected, conceited. दम्भी, घमण्डी; **Priggishly** (- लि) - *adv.* in a priggish manner. अभिमान से, घमण्ड से; **Priggishness** *-n.* conceitedness. घमण्ड, अहंकार।

Prim - प्रिम् - *adj.* formal, precise. औपचारिक, अति सूक्ष्म-दर्शी; *-v. t.* (*p.t.* **Primmed.**) to decorate. सजाना; *-v. i.* to assume a prim air. रूप बनाना; **Primly** (- लि) *-adv.* precisely. अति सूक्ष्मदर्शी भाव से; **Primness** (- नेंस्) *-n.* outward show. सजधज, आडम्बर।

Prima - प्राइम्'- आँ - *adv.* chief, first. मुख्य, प्रधान।

Prima-facie - प्राइ - म् -आँ - फ़ें - सि - *n.* at first sight of view. पहिली दृष्टि में, देखते ही।

Primage - प्रि'- मेज़् - *n.* percentage paid in addition to freight. भाड़े के अतिरिक्त दी गई दलाली।

Primal - प्रिम्'- एल् - *adj.* primitive, original, fundamental. प्राथमिक, आदि का, मौलिक, पहले का; **Primally** (- अल् - लि) *-adv.* originally, from the beginning. आदि से, आरम्भ से।

Primarily - प्रिम'- अर - इल - इ - *adv.* in a primary manner. आदि रूप में।

Primary - प्राइम्' - अरि - *adj.* first in order, original, principal, not derived, of the first importance. प्रथम, मौलिक, प्रधान, मुख्य; **Primary cause** (first cause.) पहला कारण; **Primary education** (imparting the rudiments of knowledge.) प्रारम्भिक शिक्षा; **Primary planets** (planets that revolve directly round the sun.) वे ग्रह जो सूर्य के ठीक चारों ओर घूमते हैं; **Primary sense** (original meaning.) मूलार्थ।

Primate - प्रिम'- एट् - *n.* an archbishop. बड़ा पादरी, गिरजाघर का प्रधान अधिकारी।

Primatial - प्रिम् - आ' - शल् - *adj.* pertaining to a primate. बड़े पादरी का।

Prime - प्राइम् - *n.* beginning, first age, best part, youth, state of the highest perfection. आरम्भ, प्रथम अवस्था, प्रौढ़ता, जवानी, उत्तम अंश; *-v. t. & i.* to lay first colour in painting, to put gunpowder on the nipple of a firearm. रङ्ग का अस्तर चढ़ाना, बन्दूक में बारूद भरना; *-adj.* first, most important, excellent. आदि का, प्रधान, मुख्य, अति उत्तम; **Prime cost** (the price of production without profit.) लागत-मूल्य।

Primely - प्राइम्'-लि - *adv.* originally. प्रधान रूप से; **Prime Minister** (the chief minister of a sovereign.) राजा का मुख्य (प्रधान) मन्त्री।

Primeness - प्राइम्' -नेंस् - *n.* excellence. उत्तमता, प्रधानता; **Prime number** (a number which is not exactly divisible by any other number except itself.) अभाज्य या रूढ़ि संख्या; **Prime of life** (youth.) यौवन, युवावस्था।

Primer - प्राइम्' - अर् - *n.* an elementary school book for children. प्रथम पुस्तक, वर्णमाला की पुस्तक; **Great Primer** (18-Point), **Long Primer** (10 Point.) १८ तथा १० परिमाण के छापे के टाइप।

Primeval, Primaeval - प्रिम् - एव्'- अल् - *adjs.* ancient, primitive. पहिला, मौलिक अवस्था का; **Primevally** (- लि) - *adv.* in ancient times. पूर्वकाल में।

Primigenous - प्राइम्'- इज् - इन् - अस् - *adj.* first formed, original. प्रथम निर्मित, आदि का।

Priming - प्राइम्' - इङ्ग् - *n.* cramming, a painter's mixture for first coat. कण्ठ करना (रटना), रङ्गसाज का अस्तर।

Primiparous - प्रिम् - इप्'- अर - अस् - *adj.* bearing progeny for the first time. पहली बार सन्तति उत्पन्न करनेवाला।

Primitive - प्रिम्'- इट् - इव् - *adj.* ancient, rude, original, primary. प्राचीन, आदिम, असभ्य, मौलिक, प्राथमिक; **Primitive colour** (red, yellow and blue.) लाल, पीला तथा नीला रङ्ग; **Primitively** (- लि) -*adv.* in an original manner, originally, primarily. आदिरूप में; **Primitiveness** (- नेंस्) -*n.* the quality of being primitive. प्राचीनता।

Primness - प्रिम्' - नेंस् - *n.* nicety. सुकुमारता (कोमलता)।

Primogenial - प्रिम् - आज्'- इन् - अल् - *adj.* first born, primitive, original. पहिला उत्पन्न, मौलिक।

Primogenital - प्रिम्'- ओ - जि'- निट् - अल् **Primogenitary** (- टरि) - *adjs.* first in order, original. पूर्व-पुरुषों का।

Primogenitor - प्रिम्'- ओ - जेन्' - इट् - अर् - *n.* earliest ancestor, forefather. प्रथम कुलपुरुष, आदिपुरुष, पुरखा।

Primogeniture - प्रिम्'- ओ - जेन्'- इ - चर - *n.* the right of succession belonging to the first born. ज्येष्ठत्व, जेठाई, जेठंशी।

Primordial - प्रिम् - आर्ड' - इ - अल् - *adj.* original, existing from the beginning, fundamental. आदि का, बीजभूत, मौलिक; **Primordiality** (- इटि) -*n.* originality. मौलिकता; **Primordially** (- लि) -*adv.* originally. आदि रूप में।

Primrose - प्रिम्' - रोज़् - *n.* a plant which bears beautiful yellow flowers. बसन्ती गुलाब; **Primrosy** (- रोज़ि) - *adj.* of the colour of a primrose. बसन्ती रङ्ग का।

Primula - प्रिम्'- यू - ला - *n.* a perennial plant with flowers of several colours. अनेक रंग के फूलों का एक बहुवर्षी पौधा।

Primus - प्राइम्' - अस् - *adj.* the first, the eldest. पहिला, सबसे बड़ा।

Prince - प्रिन्स् - *n.* (*fem.* **Princess.**) sovereign, ruler, son or grandson of a king, a nobleman. राजा, शासक, राजकुमार, राजपुत्र, सरदार; **Prince consort** (the husband of a reigning queen.) राज्य करनेवाली रानी का पति; **Prince Imperial** (the eldest son of a sovereign.) राजा का सबसे बड़ा पुत्र; **Prince of Wales** (the eldest son of the English sovereign.) इंग्लैण्ड के सबसे बड़े राजकुमार की पदवी।

Princedom - प्रिन्स्' -डम् - *n.* the rank or estate of a prince. युवराज का पद या राज्य।

Princekin - प्रिन्स्'-किन्, **Princelet** - (लेंट्) - *ns.* a small prince. छोटा राजकुमार।

Princelike - प्रिन्स्'- लाइक् - *adj.* befitting a prince. युवराज के सदृश।

Princeliness - प्रिन्स्'- लि - नेंस् - *n.* the dignity of a prince. राज्यश्री, राजसी गौरव।

Princeling - प्रिन्स्'- लिङ्ग् - *n.* a prince of little importance. सामान्य राजकुमार।

Princely - प्रिन्स्'- लि - *adj.* royal, befitting a prince, magnificent, splendid. राजकीय, राजकुमार के योग्य, श्रेष्ठ।

Princess - प्रिन् - सेंस् - *n. fem.* the daughter of a king. राजकुमारी, राजकन्या।

Principal - प्रिन्' - सिप् - अल् - *adj.* first in importance, chief, most important. प्रधान, प्रमुख (श्रेष्ठ), उत्तम; -*n.* original sum lent, the head of an institution. मूलधन, अध्यक्ष, प्रधानाचार्य।

Principality - प्रिन्'- सिप् - ऑल्'- इट - इ - *n.* a country ruled by a prince. राज्य, प्रदेश।

Principally - प्रिन्'- सिप्'- ऑल - इ - *adv.* chiefly. विशेष रूप से, प्रधानता से।

Principalship - प्रिन - सिप्'- आल - शिप् - *n.* the office of a principal. अध्यक्ष या प्रधानाचार्य का पद।

Principia - प्रिन - सिप्'- इ - आ - *n. pl.* the first principles. (न्याय में) आदि सिद्धान्त।

Principiant - प्रिन् - सिप्'- इ - ऑन्ट् - *adj.* relating to principles. सिद्धान्त-सम्बन्धी।

Principle - प्रिन्' - सिपल् - *n.* primary source, fundamental truth, axiom, code of right conduct, motive. मूल, हेतु (कारण), तत्त्व, सार, नियम (व्यवस्था), सिद्धान्त; **On principle** (according to a principle.) सिद्धान्त के अनुसार; **Principled** (- ड) -*adj.* of high principles. उच्च सिद्धान्त का।

Prink - प्रिङ्क् - *v. t & i.* to dress up in a showy manner, to trim, to strut. आडम्बरी या दिखावटी वस्त्र पहिनना, सँवारना, अकड़कर चलना।

Print - प्रिन्ट् - *n.* the state of being printed, a mark made by printing, an impression. चिह्न, मुद्रा, छाप; -*v. t.* to stamp, to publish a book, to impress with a seal, die &c. अंकित करना, पुस्तक छापना, मोहर लगाना; **Fingerprint** (thumb impression.) अँगूठे का निशान; **Foot-print** (foot impression.) पैर का चिह्न; **Out of print** (when no copies of a book are available.) जो पुस्तक छपती नहीं; **Print-seller** (seller of pictures etc.) चित्र इत्यादि बेचनेवाला; **Print-works** (workshop for printing on fabrics.) कपड़ा छापने का कारखाना।

Printable - प्रिन्ट्'- एबल् - *adj.* able to be printed. छापने योग्य।

Printer - प्रिन्ट्'- अर् - *n.* one who prints. पुस्तक इत्यादि छापनेवाला, छापने का व्यवसायी, मुद्रक।

Printing - प्रिन्ट्'- इङ्ग् - *n.* the art of impressing letters &c. on paper. छपाई, मुद्रण।

Printless - प्रिन्ट्' - लेंस् - *adj.* that leaves no impression. बिना छापे का।

Prior - प्राइ' - अर् - *n.* a superior officer of an abbey. महन्त, मठधारी; -*adj. & adv.* former, previous, earlier in importance, antecedent, previously. प्रधान, आदि का, पूर्वगामी, पहिले।

Prioress - प्राइ'- अर् - एस् - *n. fem.* the lady superior of a nunnery. महन्तिन।

Priority - प्राइ- ओं' - रिट् - इ - *n.* precedence. प्रधानता, अग्रिमता।

Priorship - प्राय - र्‌शिप् - *n.* the office of a prior. महन्त का पद।

Priory - प्राइ - अर् - इ - *n.* (*pl.* **Priories.**) a monastery governed by a prior. मठ, संघ।

Prism - प्रिज़्म् - *n.* a solid figure whose ends are similar, equal and parallel, rectillineal figure whose sides are parallelograms, a transparent figure of this form. क्रकच आयत, छेदित घनक्षेत्र; - (*pl.*) prismatic colours. (बहुवचन) सात रङ्ग जो ऐसे काँच में से देख पड़ते हैं।



Prism.

Prismatic - प्रिज् - माट्'- इक् - *adj.* pertaining to prism. छेदित घनक्षेत्र का; **Prismatically** (- अलि) - *adv.* in the form of a prism. छेदित घनक्षेत्र के रूप में।

Prismoid - प्रिज़्' -मॉइड् - *n.* a body similar to a prism. छेदित घनक्षेत्र के समान आकृति; **Prismoidal** (- अल्) -*adj.* resembling a prism. छेदित घन क्षेत्र के समान।

Prison - प्रिज़्' - अन् - *n.* a jail, a place where a criminal is confined. कारागार, बन्धनगृह; -*v. t.* to confine in a prison. बन्धन में डालना, कैद करना; **Prison bird** (a prisoner.) कारागार का बन्दी; **Prison-breaker** -*n.* a prisoner who escapes from the prison. जेलखाने से निकलकर भागनेवाला क़ैदी।

Prisoner - प्रिज़्' - ऑन् - अर् - *n.* one confined in a prison. बन्दी, बँधुआ, क़ैदी; **Prisoner of war** (confined during war.) युद्ध का बन्दी; **State prisoner** (one imprisoned for political reasons.) राजनैतिक क़ैदी।

Prisonment - प्रिज़्'- अन् - मेंन्ट् - *n.* confinement in a prison. क़ैदखाने में बन्द करने का कार्य।

Pristine - प्रिस्' -टाइन् - *adj.* ancient, original, primitive. प्राचीन, पूर्वकालीन (मौलिक), पुराना, प्राचीन समय का।

Prithee - प्रिथ् - इ - *interj.* pray, please. कृपा करके; **I prithee** (I pray thee.) मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ।

Prittle-prattle - प्रिटल्' - प्रॅाट्ल्' - *n.* useless babbling. बकझक, निरर्थक वार्ता, वृथा की बकवाद।

Privacy - प्रिव - ऑस - इ - *n.* a place of seclusion, solitude, retreat. एकान्त स्थान, गुप्तता, एकान्तता।

Private - प्राइ'- वेंट् - *adj. & n.* one's own, confidential, secret, not public, a person not holding a public office, a common soldier. आत्मीय, अपना निजी, अप्रकट, गुप्त, एकान्त, रहस्यमय, अनधिकारी, सामान्य सिपाही; **In private** (secretly.) गुप्त रीति से; **Private apartments** (rooms allotted to women.) अन्तःपुर, ज़नानखाना; **Private door** (a secret door.) गुप्त द्वार; **Private house** (dwelling house of a person.) किसी व्यक्ति का घर; **Private parts** (genitals.) जननेन्द्रियाँ; **Private profit** (individual gain.) निजी लाभ; **Private property** (individual property.) निजी सम्पत्ति; **Private road** (a road not open to public.) निजी सड़क।

Privateer - प्राइव्'- एट् - इअर - *n.* an armed vessel owned by private persons commissioned to use it in capturing enemy's ships. सामान्य मनुष्य का हथियार बन्द जहाज़ जो शत्रु के जहाज़ों को पकड़ने के लिये नियुक्त होता है।

Privateering - प्राइव'- एट् - इअर - इङ्ग् - *n.* plundering ships of the enemy. शत्रु के जहाज़ को लूटना।

Privately - प्राइव'- एट् - लि - *adv.* in a private manner. गुप्त रीति से।

Privateness - प्राइव'- एट् - नेंस् - *n.* secrecy, privacy. रहस्य, गुप्तता।

Privation - प्राइव - ए'- शन् - *n.* absence of a quality, want of comforts of life. किसी गुण का अभाव, सुख का अभाव।

Privative - प्राइव'- एट् - इव - *adj.* consisting in the absence of some quality. अभावात्मक, अभावरूप; **Privatively** (- लि) *-adv.* in a privative manner. अभावरूप में।

Privet - प्रिव' - इट् - *n.* an evergreen shrub used for hedging. टट्टी बनाने की सदा हरी बनी रहनेवाला झाड़ी।

Privilege - प्रिव्'- इल् - एज् - *n.* special benefit, rights of a person, immunity, peculiar advantage, prerogative, monopoly. विशेष अधिकार, स्वाधिकार, असामान्य अधिकार; *- v. t.* to invest with peculiar rights. विशेष अधिकार देना; **Privileged** (-ड्) - *adj.* enjoying peculiar rights. विशेष अधिकारयुक्त।

Privily - प्रि'- इव - लि - *adv.* secretly. गुप्त रूप से, छिपाकर।

Privity - प्रिव'- इट - इ - *n.* secrecy, private assistance. छिपी अवस्था, भेद, गुप्त रूप से सहायता।

Privy - प्रिव' - इ - *adj.* hidden, private, secluded, clandestine. गूढ़, गुप्त, रहस्यपूर्ण; *-n.* a private place, a latrine. गुप्त स्थान, शौचगृह (पायखाना); **Privy Council** (a private council appointed by the crown.) इंगलैण्ड के राजा की गुप्त सभा; **Privy-purse** (money for a sovereign's private use.) राजा के निजी व्यय का धन; **Privy to** (in the secret of a person's design.) भेद रखनेवाला।

Prize - प्राइज़् - *n.* reward for excellence, anything offered in competitions, property seized in war, any valuable possession. पारितोषिक, उपहार, जयलाभ, युद्ध में लूटा (जीता) हुआ धन, बहुमूल्य वस्तु; *-v. t.* to value highly, to esteem. अधिक दाम लगाना, आदर करना; **Prized** (-ड्) *-adj.* esteemed. आदर किया हुआ।

Prize-fight - प्राइज़्' -फ़ाइट् - *n.* boxing match for money. पारितोषिक के लिये मुक्की युद्ध।

Prizeless - प्राइज़्' - लेंस् - *adj.* devoid of prize. उपहार-रहित।

Prize-money - प्राइज़्' -मनि - *n.* a share of spoils taken in war. युद्ध की लूट का माल।

Prize-poem - प्राइज़्' -पो - ऍम् - *n.* a poem written to secure a prize. पारितोषिक के लिये लिखी हुई कविता।

Prizer - प्राइज़्' - अर् - *n.* one who settles prices. भाव ठहरानेवाला।

Prize-ring - प्राइज़्' -रिङ्ग् - *n.* an enclosure for prize fighting. अखाड़ा।

Pro - प्रो - *prep.* for the sake of. वास्ते, निमित्त, लिये; **Pro-forma** (- फ़ॉर्मा) *-adv.* done for the sake of form. नियमानुसार किया हुआ; *-pref.* in the sense of "before, on account of." "पहिले, वास्ते" अर्थ का उपसर्ग; **Pro-Indian** (for the sake of Indians.) भारतवासियों के निमित्त; **Pros and cons** (for and against.) विधि तथा निषेध दोनों पक्ष का, मुवाफिक और खिलाफ दोनों पहलू।

Probability - प्रॉब् - आब् - इल्'- इट् - इ - *n.* appearance of truth, chance. (*pl.* **Probabilities.**) likelihood, probable event. प्राथयिकता, सम्भावना, अनुमान; **In all probability** (most likely). अधिकतर, सम्भावित रूप में।

Probable - प्रॉब्' - एब्ल् - *adj.* that is likely to happen. सम्भाव्य, प्रायः होनेवाला।

Probably - प्रॉब'- एब् - लि - *adv.* more likely than not. प्रायः।

Probang - प्रो' - बॉङ्ग् - *n.* a surgeon's instrument for inserting into the gullet. कण्ठ में डालने का एक डाक्टरी औजार।

Probate - प्राब'- एट् - *n.* an official proving of a will. मृतलेख का प्रमाण, वसीयतनामे को प्रमाणित करने का आज्ञापत्र।

Probative - प्राब्'- एट् - इव् - *adj.* affording a proof. प्रमाण देनेवाला।

Probation - प्राब् - ए'- शन् - *n.* an act of testing, period of trial. परीक्षा-काल, नये अभ्यास का काल, परिवीक्षा।

Probationer - प्राब् - ए'- शन् - अर् - *n.* one on trial. काम सीखने के लिये नियुक्त पुरुष, परिवीक्षाधीन।

Probationership - प्राब् - ए'- शन् - अर् - शिप् - *n.* the office of a probationer. परीक्ष्यमाण का पद।

Probational - प्राब् - ए' - शनल् - *adj.* serving for a trial. नया अभ्यास-सम्बन्धी।

Probationary - प्राब् - ए'- शन् - अरि - *adj.* probational. परीक्ष्यमाण।

Probator - प्राब् - एट्'- अर - *n.* an examiner. परीक्षक, परीक्षा करनेवाला।

Probe - प्रोब् - *n.* a surgical instrument for exploring a wound. घाव की परीक्षा करने की जर्राही सलाई; *-v. t.* to examine a wound by probe, to scrutinize. सलाई से घाव की परीक्षा करना, किसी विषय की भलीभाँति परीक्षा करना।

Probing - प्रोब्'- इङ्ग् - *n.* examination of a wound. घाव की परीक्षा।

Probity - प्राब्'- इट् - इ - *n.* honesty, uprightness. सत्यता, ईमानदारी।

Problem - प्राब्'- लेम् - *n.* a difficult question to be solved, a thing difficult to understand, a proposition in geometry in which something is to be constructed. विवाद विषय, कठिन प्रश्न, उपपाद्य विषय।

Problematic, problematical - प्राब्'- लेम् - एट्'- इकल् (- अल्) - *adjs.* doubtful, unsettled, questionable. सन्दिग्ध, अनिश्चित, शंका के योग्य।

Problematically - प्राब्'- लेम् - एट्'- इक - अल - इ - *adv.* doubtfully. शंका या सन्देह से।

Problematize - प्राब'- लेम् - एट् - आइज़् - *v. t.* to propose problems. शंका उपस्थित करना।

Problemist - प्रॉब'- लेम् - इस्ट् - *n.* one who solves problems. कठिन प्रश्नों को सुलझानेवाला।

Proboscis - प्राब - आस्' - इस् - सिस् - *n.* an elephant's trunk, the projected portion of mouth in some animals and insects. हाथी का सूँड़, पशुओं तथा कीड़ों के मुख के आगे की ओर बढ़ा हुआ भाग।

Procacious - प्रो - कें'- शस् - *adj.* petulant, saucy. धृष्ट, ढीठ।

Procedure - प्रो - से'- जर् - *n.* manner of conducting business, legal action. कार्य करने की रीति, कानूनी व्यवहार।

Proceed - प्रो - सीड्' - *v. i.* to go on, to advance, to adopt a course of action, to take place, to take legal steps, to come forth. बढ़ना, आगे जाना, प्रवृत्त होना, अभियोग करना, आना; **The play will now proceed** (the play will commence.) अब खेल आरम्भ होगा।

Proceeder - प्रो - सीड्'- अर् - *n.* one who goes forward. आगे जाने या बढ़नेवाला।

Proceeding - प्रो - सीड्' - इङ्ग् - *n.* action, operation, transaction. कृति, कार्य, व्यवहार; **To institute legal proceedings** (to file a suit in a law court.) अदालत में मुकदमा चलाना।

Proceeds. - प्रो - सीड्स्' - *n. pl.* outcome, result, profit. प्राप्ति, लाभ, परिणाम।

Procephalic - प्रो'- सेफ'- अल् - इक् - *adj.* pertaining to the front part of the head. मस्तक के अगले भाग से सम्बन्धित।

Process - प्रो'- सेंस् - *n.* gradual progress, advance, operation, course, proceeding, action of law, summons or writ, outgrowth. क्रमोन्नति, प्रगति, कार्य, प्रक्रिया, विधि, प्रक्रम, कार्यवाही, विधान का कार्य, सम्मन, उभाड़; *-v. t.* to take legal action, to preserve food. अदालत में दावा करना, भोजन सुरक्षित रखना; *-v. i.* to walk in procession. जुलूस में चलना; **In process of time** (in course of time.) कालचक्र से, समय आने पर।

Process - प्रो - सेंस् - *n.* preparation of printing blocks by photography. फोटो की रीति से छापने के ब्लॉक बनाने का कार्य; *-v. t.* to prepare such a block. ऐसा ब्लॉक बनाना; **Process block** (a printing block reproduced from a photograph.) फोटो द्वारा बना हुआ ब्लॉक।

Procession - प्रो - सेश्' - अन् - *n.* a train of persons proceeding in orderly succession. बारात (सवारी), जुलूस।

Processional - प्रो - सेश्' - अन् - अल् , **Processionary** (- शनरि) - *adjs.* pertaining to procession. बारात या जुलूस सम्बन्धी।

Processionist - प्रो - सेश्' - अन् - इस्ट् - *n.* one who walks in a procession. बारात या जुलूस में चलनेवाला।

Processionize - प्रो - सेश्'- अन् - आइज़् - *v. t.* to form a procession. बारात निकालना।

Prochain - प्रो - शेन्' - *adj.* nearest. सबसे समीप का।

Prochronism - प्रो'- कान् - इज्म् - *n.* an error in chronology. कालक्रम की अशुद्धि।

Prociduous - प्रो - सिड्'- यु - अस् - *adj.* falling from its place. अपने स्थान से गिरनेवाला।

Proclaim - प्रो - क्लेम्'- *v. t.* to declare, to announce publicly, to publish, to prohibit by declaration. घोषणा करना, प्रकाशित करना, प्रगट करना, ढिंढोरा पीटना।

Proclaimer - प्रो - क्लेम्' - अर् - *n.* one who publishes by authority. आज्ञानुसार घोषणा करनेवाला।

Proclamation - प्रोक्'- लॉम् - ए'- शन् - *n.* an official announcement. घोषणा, ढिंढोरा।

Proclamatory - प्रोक् - लॉम्'- ए - टरि - *adj.* pertaining to announcement. घोषणा का।

Proclivity - प्रो - क्लिव्'- इट् - इ - *n.* tendency, inclination. प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान।

Proclivous - प्रो - क्लिव्'- अस् - *adj.* inclined-प्रवणशील।

Pyromancy - पायर्' - ओ - मॉन् - सि - *n.* divination by fire. अग्नि द्वारा शकुन बतलाने की रीति।

Pyrometer - पायर् - ऑम्'- इट् - अर् - *n.* an instrument for measuring the expansion of bodies by heat. उष्णता के कारण वस्तुओं का प्रसार नापने का यन्त्र।

Pyrometry - पायर् - आम्'- इट् - रि - *n.* measurement of heat by expansion. किसी वस्तु के फैलने से उष्णता की नाप।

Pyronomics - पायर' - नाम् - इक्स् - *n.* the science of heat. उष्णता की विद्या।

Pyrophanous - पाइ - राफ्'- आन् - अस् - *adj.* made transparent by heat. उष्णता से पारदर्शक बनाया हुआ।

Pyrophorous - पाइ - राफ्'- अर् - अस् - *n.* substance which takes fire by exposure to air. हवा लगने से जल उठनेवाला पदार्थ।

Pyrosis - पायर् - ओ'- सिस् - *n.* indigestion accompanied by a burning sensation and diarrhoea. पेट में जलन और अधिक दस्त युक्त बदहजमी।

Pyrotechnic - पायर'- ओ - टेक'- निक् - *adj.* of the nature of fireworks. आतिशबाजी के ढंग का; **Pyrotechnics** (- स्) -*n.* the act of making fire works. आतिशबाज़ी बनाने की विद्या; **Pyrotechnical** (- अल्) -*adj.* pertaining to pyrotechnics. इस विद्या का; **Pyrotechnically** (- अलि) -*adv.* in the way of pyrotechnics. आतिशबाज़ी की विद्या के ढंग से।

Pyrotechnist - पाइ - रो - टेंक्' - निस्ट् - *n.* a maker of fireworks. आतिशबाजी बनानेवाला।

Pyrotic - पाइ - राट् - इक् - *n.* a caustic medicine. जलानेवाली एक औषधि।

Pyroxylin - पाइरॅ - आक्'- सिल् - इन् - *n.* a kind of explosive. एक प्रकार की बारूद।

Pyrrhic - पि'- रिक् - *n.* a metrical foot of two short syllables. छन्द में दो लघु वर्णों का गण।

Pyrrhonic - पाइ'- रो - निक् - *adj.* pertaining to pyrrhonism. नास्तिक मत से सम्बन्धित।

Pyrrhonism - पाइ - रॉन् - इज्म् - *n.* sceptic philosophy. नास्तिक मत; **Pyrrhonist** (- निस्ट्) -*n.* a sceptic. नास्तिक।

Pyrus - पाइ'- रस् - *n.* a kind of tree. एक प्रकार का वृक्ष।

Pythian - पिथ् - इ - अन् - *adj.* of Apollo's oracle. डेल्फ़ाई की भविष्यवाणी का।

Python - पाइ'- थॅन् - *n.* a very huge snake, a spirit, one possessed by a spirit, an utterer of oracles. बहुत बड़ा सर्प (अजगर), प्रेत, भूत, प्रेत के वश में पड़ा हुआ व्यक्ति, भविष्यवक्ता।

Pythoness - पाइ - थॅनेंस् - *n. fem.* a priestess, witch. अपोलो देवता की पुजारिन, जादूगरनी।

Pythonic - पाइ - थॉन्' - इक् - *adj.* pertaining to prophecy or a huge snake or a spirit. भविष्यवाणी, अजगर या प्रेत से सम्बन्धित।

Pythonist - पाइ - थॉन्'- इस्ट् - *n.* a magician, a foreteller. जादूगर, भविष्यवक्ता।

Pyx - पिक्स् - *n.* a box in which specimen coins are kept. सिक्कों के नमूने रखने का बक्स।

Pyxis - पिक्स्'- इस् - *n.* a small box. छोटी पेटी (बक्स)।

***

Q - क्यू - the seventeenth letter of the English alphabet, this letter was absent in the Anglo-Saxon alphabet, it is always followed by 'u' in English words, Roman numeral for 500. अंग्रेजी वर्णमाला का सत्रहवाँ अक्षर, अंग्रेजी की प्राचीन लिपि में इसका प्रयोग न था. *kw* से इस अक्षर का उच्चारण प्रकट होता था, अंग्रेज़ी के शब्दों में Q के बाद सर्वदा 'u' आता है, रोमन संख्या में ५०० के लिए संकेत।

Q-boat - क्यू' - बोट् - *n.* a warship distinguished as a merchant ship. व्यवसायी पोत (तिजारती जहाज़) का रूप धारण किये हुए लड़ाई का जहाज।

Qua - क्वें - *conj.* in the capacity of. योग्यता से या योग्यता के रूप में।

Quack - क्वॉक् - *v. t.* to make a harsh sound like a duck, to boast. बत्तक की तरह टर्राना, शेखी मारना; *-n.* the cry of a duck, an empty pretender of skill in medicine, a charlatan. बत्तख का शब्द, कुवैद्य, मिथ्या चिकित्सक, ठग-विद्या करनेवाला।

Quackery - क्वाक्'- अर् - इ - *n.* the pretensions or practices of a quack in medicine. चिकित्सा का ढोंग, झूठा या धोखे का इलाज करने का बहाना या अभ्यास।

Quackish - क्वॉक्'- इश् - *adj.* like a quack. झूठे या बुरे बैद्य के समान; **Quackism** (- इज़म्) *-n.* quack pretence. शेखी का बहाना।

Quacksalver - क्वॉक्'- सॉल् - व़र् - *n.* a quack doctor. कूटवैद्य, ढोंगी चिकित्सक।

Quadra - क्वॉड्रा - *n.* a square border or frame. चौकोर किनारा या ढाँचा।

Quadragenarian - क्वॉड्'- राज् - एन् - एअर्'- इ - अन् - *adj. & n.* a forty-year old person. चालीस वर्ष की आयु का मनुष्य।

Quadragesimal - क्वाड्'- राज् - एस्' - इमल् - *adj.* lasting forty days. चालीस दिन का (उपवास, व्रत इत्यादि)।

Quadrangle - क्वॉड् - रॉङ्ग्'- गल् - *n.* a four sided figure, an enclosed courtyard in a building. चतुर्भुज क्षेत्र, भवन का चौकोर आँगन।

Quadrangular - क्वॉड् - रॉङ्ग्'- ग्यू - लर् - *adj. & n.* having four angles and sides. चतुष्कोण; **Quad-rangularly** (- लि) - *adv.* in a quadrangular manner. चतुष्कोण रूप में।

Quadrant - क्वाड्'- रान्ट् - *n.* one-fourth of a circle's circumference, an instrument shaped like this for taking angular measurements. वृत्त-पाद, वृत्त का चतुर्थ भाग, इस आकार का यन्त्र जो कोण नापने में प्रयुक्त होता है; **Quadrantal** (- अल्) - *adj.* pertaining to a quadrant, वृत्त पाद का।


Quadrant.

Quadrate - क्वाड्'- रेट् - *adj.* square rectangular, सम चतुर्भुज के आकार का, चतुर्भुज; *-n.* a rectangular block or plate. चौकोर टुकड़ा या चद्दर; *-v. t. & i.* to square. चौकोर करना या बनाना।

Quadratic - क्वॉड् - राट्'- इक् - *adj.* of a square, involving only a second power of an unknown quantity. चतुर्वर्गीय, वर्गात्मक; **Quadratic equation** (- ई - क्वे '- शन्) *-n.* an equation in which the unknown quantity is no higher than square. वर्ग समीकरण।

Quadrature - क्वाड्'- रॉच् - अर् - *n.* the finding of square the point at which the moon is exactly at 90⁰ from the sun. वर्ग निकालना, (आकाश में का) वह स्थान जहाँ चन्द्रमा सूर्य ठीक समकोण पर हो।

Quadrel - क्वॉड्'- रेल - *n.* a square tile. चौकोर पत्थर (चौका)।

Quadrennial - क्वॉड् - रेन्'- इ - अल् - *adj.* occurring every four years. प्रत्येक चौथे वर्ष होनेवाला।

Quadrennium - क्वॉड् - रेन्'- नि - यम् - *n. pl.* a period of four years. चार वर्ष का काल।

Quadri - क्वॉड्रि - *pref.* in the sense of "four". उपसर्ग जिसका अर्थ "चार" होता है; **Quadriceps** (- सेंप्स) - *n. pl.* the large fourpart exterior muscle of the thigh. जाँघ की बाहरी मांसपेशी; **Quadricorn** (-कॉर्न्) - *n.* an animal with four horns. चार सींग- वाला पशु; **Quadricostate** (-कॅस् - टेंट्) - *adj.* having four ribs. चार पसलीवाला; **Quadridentate** (-डेंन्ट्'- एंट्) - *adj.* having four teeth. चार दाँतवाला; **Quadrifoliate** (- फ़ोल्'- इ - एंट्) *-adj.* having four leaves. चार पत्तीवाला; **Quadrigenarious** (-जेंनें - रि - अस्) - *adj.* consisting of four hundred. चार सौ का।

Quadriga - क्वॉड् - रि'- गा - *n.* (*pl.* **Quadrigae.**) a chariot with four horses abreast. रथ जिसमें एक पंक्ति में चार घोड़े जुते होते हैं।

Quadrilateral - क्वाड् - रि - लॉट्' - अर् - अल् - *adj. & n.* having four sides, a foursided figure. चार भुज का, चतुर्भुज क्षेत्र।

Quadrilingual - क्वॉड् - री' - लिङ्ग् - यु'- अल् - *adj.* of four languages. चार भाषा का।

Quadriliteral - क्वॉड्'- री - लिट्'- अर् - अल् - *adj.* consisting of four letters. चार अक्षरों का।

Quadrille - क्वॉड् - रिल्' - *n.* a game of card played by four persons, a kind of dance. चार मनुष्यों के खेलने का एक ताश का खेल, एक प्रकार का नाच।

Quadrillion - क्वॉड्' - रिल् - लि - अन् - *n.* the number represented by 1 followed by 24 zeroes. एक संख्या जो एक के बाद २४ शून्य से बनती है।

Quadrinomial - क्वॉड्'- रि - नो - मि'- अल् - *adj.* consisting of four terms. (बीजगणित में) चार अंक का।

Quadripartite - क्वॉड्'- रि - पार्ट'- इट् - *adj.*

divided into four parts. चार भाग किया हुआ; **Quadripartition** (-पार्टिशन्) - *n.* a division into four equal parts. चार बराबर अंशों का विभाग।

Quadripennate - क्वॉड्'- रि - पेंन्'- एट् - *adj.* having four wings. चार पंखवाला।

Quadrisyllable - क्वॉड्'- रि - सिल्'- एबल् - *adj.* consisting of four syllables. चार अक्षर या स्वर का।

Quadrumanous - क्वॉड् - रु' - मॉन् - अस् - *adj.* four- handed. चतुर्भुजी, चार हाथ का; **Quadruped** (क्वॉड्'- रु - पेंड्) -*n.* a four-footed animal. चतुष्पद, चौपाया; **Quadrupedal** (- अल्) -*adj.* relating to a quadruped. चौपाया सम्बन्धी।

Quadruple - क्वॉड्'- रुप्ल् - *adj & n.* fourfold. चतुर्गुण, चौगुनी संख्या; -*v. t.* to make four times. चौगुना करना; **Quadruply** (- प्लि) -*adv.* a fourfold manner. चतुर्गुण रीति से।

Quadruplet - क्वॉड्' रु'- प्लेट् - *n. pl.* four children born together, four things working together. चार बच्चों का एक साथ जन्म लेना, चार मनुष्यों या वस्तुओं का एक साथ काम करना।

Quadruplicate - क्वॉड् - रु' - प्लिक् - एट् - *v. t.* to multiply by four. चतुर्गुण करना।

Quadruplication - क्वॉड् - रु - प्लिक् - ए - शन् - *n.* the act of making fourfold. चतुर्गुण करने का कार्य।

Quadruplicity - क्वॉड्'- रु - प्लि - सि - टि - *n.* fourfoldness. चौगुनापन।

Quaere - क्वेअर् - इ - *v. t.* to enquire. अन्वेषण करना, पता लगाना; -*n.* a question. प्रश्न।

Quaff - क्वॉफ़् - *v. i. & t.* to drink copiously or in long draughts. बड़े-बड़े घूँट करके पीना, खूब पीना; **Quaffer** (- अर्) -*n.* one who quaffs. बड़े-बड़े घूँट पीनेवाला।

Quag - क्वॉग् - *n.* a marshy spot, a bog. दलदल; **Quaggy** (- इ) -*adj.* boggy. दलदली।

Quagga - क्वॅाग्'- आँ - *n.* quadruped of Africa like the zebra. गोरखर के सदृश अफ्रीका का एक चौपाया।

Quaggy - क्वॉ - गि - *adj.* like a marsh. दलदली।

Quagmire - क्वॉग्'-मायर् - *n.* a fen, a marshy ground. धँसाव, दलदल।

Quail - क्वेल् - *n.* a bird allied to the partridge. लवा, बटेर; -*v. i. & t.* to lose heart. साहस छोड़ना।

Quaint - क्वेन्ट् - *adj.* old fashioned, peculiar, nicely odd. पुराने ढंग का, विलक्षण, विचित्र; **Quaintly** (- लि) -*adv.* in a quaint manner. विलक्षणता से; **Quaintness** (- नेस्) -*n.* the quality of being quaint. विलक्षणता, अनोखापन।

Quake - क्वेक् - *v. t.* to shake, to shudder, to tremble. काँपना, हिलना, थर्राना; -*n.* a shudder, trembling. कँपकँपी, थरथराहट।

Quaker - क्वेक्'- अर् - *n.* (*fem.* **Quakeress.**) a member of the Society of Friends who advocated peace. शान्ति-प्रचारक मण्डली का (एक प्राचीन) सभासद; **Quakerdom** (- डम्) -*n.* the office of a quaker. उक्त सभासद का पद; **Quakeress** (- ऍस्) -*n. fem.* a female quaker. महिला सभासद या उक्त सभासद की पत्नी; **Quakerish** (- इश्) -*adj.* like a quaker. उक्त सभासद के समान।

Quaking - क्वेक्'- इङ्ग् - *n.* a shudder. कम्प; **Quakingly** (- लि) - *adv.* in a quaking manner. काँपते हुए; **Quaky** (- क्वे कि) - *adj.* pertaining to quaking. कम्प सम्बन्धी।

Qualifiable - क्वेल्' - इ - फ़ाइ'- एँ - बल् - *adj.* able to be qualified or modified. अनुकूल करने योग्य।

Qualification - क्वॉल् - इफ् - इक् - ए'- शन् - *n.* modification, legal ability or power, quality fitting a person for a post, attribution of a quality. योग्यता, अर्हता, नैतिक शक्ति, गुण, विशिष्टता, मर्यादा; **Qualificative** (- केटिव्) - *adj.* serving to qualify. निरूपण करने योग्य; **Qualificatory** (- कें - टरि) - *adj.* relating to qualification. योग्यता का।

Qualified - क्वॉल्' - इफ् - आइड् - *adj.* competent, modified. योग्य, गुणसम्पन्न, मर्यादायुक्त।

Qualifier - क्वॉल्' - इ - फ़ाइ - अर् - *n.* one who qualifies. योग्य बनने या बनानेवाला।

Qualify - क्वॉल्' - इ - फ़ाइ - *v. t. & i.* (*p. t.* **Qualified.**) to attribute a quality to, to make legally competent, to fulfil a condition, to modify, to make less. योग्य करना, नियम के अनुकूल बनाना, प्रतिबन्ध पूरा करना, कम करना।

Qualitative - क्वॉल्'- इट् - ऑट् - इव् - *adj.* relating to quality. जातिस्वभाव या गुण-सम्बन्धी।

Quality - क्वॉल्'- इट् - इ - *n.* a distinguishing attribute, character, degree of excellence, faculty, skill, high rank, accomplishment. विशिष्ट लक्षण या गुण, आचरण, उत्तमता, शक्ति, हुनर, ऊँचा पद, गुणता, गुणपूर्णता; **Bad quality** (bad character.) दुर्गुण; **Good quality** (good disposition.) सद्गुण; **Man of quality** (a man of superior rank.) कुलीन पुरुष।

Qualm - क्वॉम् - *n.* momentary feeling of sickness, feeling of nausea, scruple of conscience. बीमारी की क्षणिक भावना, वमन इच्छा, ओकाई, मन का ताप, पछतावा, आंतरिक ज्ञान का सिद्धान्त।

Qualmish - क्वॉम्'- इश् - *adj.* affected with nausea. ओकाई के रोग से पीड़ित।

Quandary - क्वान्'- डर् - इ - *n.* a state of perplexity, a difficult situation. व्याकुलता, आशङ्का (घबड़ाहट)।

Quant - क्वॉन्ट् - *n.* a long pole used to propel

a flat bottomed boat. एक चिपटे पेदी वाली नौका को आगे बढ़ाने की एक लम्बी बल्ली।

Quantitative - क्वॉन्ट्'- इट् - आट् - इव् - *adj.* concerned with quantity. परिमाण सम्बन्धी; **Quantitatively** (- लि) *-adv.* in a quantitative manner. परिमाण रूप में।

Quantity - क्वॉन्ट्'- इट् - इ - *n.* (*pl.* **Quantities.**) amount, extent, bulk, measure. परिमाण, मात्रा, अंश, राशि; **A great quantity** (a great sum.) बहुत अधिक धन; **Known quantity** (a fixed sum.) निश्चित धन; **Negative quantity** (a minus quantity) ऋण राशि; **Positive quantity** (a plus quantity.) धन राशि; **Small quantity** (a small amount.) अल्पभाग; **Unknown quantity** (a quantity which is not known.) अव्यक्त राशि।

Quantum - क्वॉन्ट्'- अम् - *n.* the amount or portion required. परिमाण, मात्रा।

Quaquaversal - क्वा'- क्वाय - अर्स् - अल् - *adj.* pointing in every direction. प्रत्येक दिशा में दिखानेवाला।

Quarantine - को - रान्ट् - एन्'- *n.* a prohibition imposed on persons infected with contagious diseases for mixing with other people. संक्रामक रोग से ग्रस्त लोगों के लिये दूसरों से मिलने की रुकावट, संगरोध।

Quarrel - क्वा'- रेल् - *n.* a brawl, a petty fight, a dispute. कलह, विवाद, झगड़ा; *-v. t.* (*p. t.* **Quarrelled.**) to dispute, to disagree, to squabble, झगड़ा करना, लड़ाई करना; **To pick a quarrel** (to begin a dispute.) झगड़ा आरम्भ करना; **To quarrel with one's bread and butter** (to leave off one's occupation.) अपना व्यवसाय त्याग देना; **Quarreller** (- अर्) *-n.* one who quarrels. झगड़नेवाला; **Quarrelling** (- इङ्ग्) *-n.* disputing with angry words. लड़ना, झगड़ना; **Quarrelsome** (- सम्) *-adj.* quarrelling, irritable. विवादी, झगड़ालू, लड़ाका; **Quarrelsomely** (- लि) *-adv.* in a quarrelsome manner. झगड़ालूपन से; **Quarrelsomeness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being quarrelsome. झगड़ालूपन।

Quarry - क्वॉ'- रि - *n.* (*pl.* **Quarries.**) a victim, prey, a place where excavations are made for stone. शिकार, मारा हुआ पशु, वह स्थान जहाँ पत्थर निकालने के लिये खुदाई होती है खदान; *-v. i.* (*p. t.* **Quarried.**) to dig from a quarry. उक्त खुदे हुए स्थान से पत्थर निकालना; **Quarryman** (- मॉन्) *-n.* a worker in quarry. खान से पत्थर निकालनेवाला, खदानकार।

Quart - क्वॉर्ट् - *n.* a quarter of a gallon or two pints. चौथाई गेलन, प्रायः तीन पाव तरल पदार्थ की नाप; *-v. t.* to draw back. पीछे को हटाना।

Quartan - क्वार्ट'- एन् - *n.* a paroxysm of fever &c. occurring every fourth day. चौथिया ज्वर, चौथे दिन आनेवाला बुखार।

Quartation - क्वार्ट् - ए'- शन् - *n.* mixing one part of gold with three parts of silver for purifying gold. सोना छानने के लिए, इसमें तिगुनी चाँदी का मेल देने की क्रिया।

Quarter - क्वार्ट'- अर् - *n.* a fourth part, one of the four parts into which a thing is divided, region, place, fourth part of a hundredweight, shelter given to an enemy. चतुर्थांश, चतुर्थ भाग, प्रदेश, मण्डल, स्थान, दिशा, अट्ठाइस पाउण्ड (चौदह सेर) का वजन, शत्रु को दी हुई शरण; **Quarters** *-n.* (*pl.*) lodgings, abode, (ब. व.) निवासस्थान, रहने की जगह; *-v. t. & i.* to divide into four equal parts, to separate. चार बराबर भागों में विभक्त करना, अलग करना; **From all quarters** (from all directions.) चारों ओर से; **Guardian of a quarter.** दिक्पाल; **Headquarters** (the office of the commander-in-chief.) सेनापति का स्थान, सदर; **In every quarter** (in every direction.) हर दिशा में; **Quarter of century** (twentyfive years.) पचीस वर्ष; **Quarter of an hour** (fifteen minutes.) पन्द्रह मिनट का समय; **Quarter past four** (fifteen minutes past four.) सवा चार बजे; **Quarter plate** (a quarter size photographic plate.) फोटो का प्लेट जो सवा चार इंच लम्बा और सवा तीन इंच चौड़ा होता है; **Quarter to three** (fifteen minutes to three o'clock.) पौने तीन बजे; **To come to close quarters** (to come in collision.) मुठभेड़ करना।

Quarterage - क्वॉर्ट'- अर् - एज् - *n.* quarterly allowance. त्रैमासिक भत्ता या भुगतान।

Quartering - क्वार्ट'- अर् - इङ्ग् - *n.* assignment of quarters to soliders. सिपाहियों को ठहरने का स्थान देने का काम।

Quarterly - क्वॉर्ट'- अर् - लि - *adj., adv. & n.* occurring every quarter of a year, a periodical published every quarter of a year. त्रैमासिक, तीसरे महीने होनेवाला, त्रैमासिक पत्रिका।

Quartermaster - क्वॉर्ट'- अर् - मास्ट्'- अर् - *n.* a commissioned officer of an army. सेना का प्रधान अफसर; **Quartermaster general** (the staff officer at the head of department controlling equipment.) रसद इत्यादि का प्रबन्ध करनेवाला प्रधान अधिकारी।

Quartern - क्वॉर्ट'- अर्न् - *n.* the fourth part of a pint. पाइन्ट का चौथाई भाग।

Quarto - क्वॉर्ट् - ओ - *n.* (*pl.* **Quartos.**) (written 4 to) a book consisting of sheets folded in four parts. चार तह किये हुए कागज़ पर छपी हुई पुस्तक।

Quartz - क्वॉर्ट्ज़् - *n.* a rock crystal. स्फटिक, एक

प्रकार का चमकीला पत्थर, बिल्लौर।

Quash - क्वॉश् - *v. t.* to subdue, to make void, to put an end to, to annul. जीतना, दबाना, समाप्त करना, मिटा देना।

Quasi - क्वॉ' - सि - *pref. & conj.* that is to say, as if, almost. अर्थात्, मानो, प्रायः।

Quassation - क्वॉ -से' - शन् - *n.* act of shaking. कम्प, हिलने का कार्य।

Quassia - क्वॉस्'- इ - आ - *n.* a kind of tree whose bark is used for medical purposes. एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि में प्रयुक्त होती है।

Quatern - क्वॉट् - अर्न्'- *adj.* four-fold. चौगुना।

Quaternary - क्वॉट् - अर्न'- इ - रि - *adj.* of four parts. चार भाग का; - *n.* a group of four things. चार अंकों का समुदाय।

Quaternion - - क्वॉट् - अर्न'- इ - अन् - *n.* a set or group of four. चतुष्क, चार का समुदाय।

Quaternity - क्वॉट् - अर्न'- इटि - *n.* a combination of four. चार का समूह।

Quatrain - क्वॉट्'- रेन् - *n.* a stanza of four lines with alternate lines rhyming. चतुष्पदी श्लोक, जिसके पहिले-तीसरे तथा दूसरे-चौथे चरण में अनुप्रास रहता है।

Quatrefoil - क्वॉट्'- रे - फायल् - *n.* an architectural opening resembling four leaves of a flower. इमारत में चौपतिया छिद्र।


Quatre-foil.

Quaver - क्वे - -वर् - *v. t.* to vibrate, to tremble, to shake, to sing in a trembling tone. काँपना, थर्राना, हिलाना, काँपते हुए स्वर में गाना; -*n.* rapid vibration of voice. स्वर का तीव्र कम्पन, थरथराहट, गिटकिरी; **Quavering** (- इङ्ग्) -*adj.* trembling or vibrating. काँपता हुआ; **Quaveringly** (- इङ्ग् - लि) -*adv.* tremblingly. काँपते हुए; **Quavery** (- इ) - *adj.* shaky, tremulous. कम्पमान, काँपनेवाली।

Quay - की - *n.* a landing place in the sea, wharf. समुद्र के किनारे जहाज़ से उतरने की जगह, घाट।

Quayage - की' - एज् - *n.* dues of a quay. घाट पर उतराई का भाड़ा।

Queachy - क्वीचि - *adj.* trembling under the feet. पैर के नीचे हिलता हुआ।

Quean - क्वीन् - *n.* an ill-behaved girl, a prostitute. भ्रष्टचरित्र लड़की, वेश्या, पतुरिया।

Queasiness - क्वेज् - इ - नेस् - *n.* delicateness. सुकुमारता, नज़ाकत।

Queasy - क्वेज्'- इ - *adj.* tending to sickness, weak of digestion, delicate. रोगी होनेवाला, कमज़ोर हाज़मे (पाचनशक्ति) वाला, कोमल (नाज़ुक)।

Queen - क्वीन् - *n.* (*mas.* **King.**) a king's wife, a female monarch, an adorned female, a sweetheart, the best example of a thing, a piece in chess. राजपत्नी, महारानी, सजाई हुई स्त्री या औरत, दुलारी या प्राणप्यारी, किसी वस्तु का सर्वोत्तम नमूना, शतरंज में का फ़र्ज़ी; -*v. t. & i.* to make a queen of, to act as a queen. रानी बनाना, शतरंज में फ़र्जी बनाना, रानी के समान व्यवहार करना; **Queen-bee** (the female bee of a hive.) रानी मधुमक्खी; **Queen-consort** (the wife of a ruling king.) शासन करनेवाले राजा की स्त्री; **Queen-dowager** (the widow of a king.) मृत राजा की पत्नी; **Queen-hood** (- हुड्) -*n.* queenly character. रानीपन; **Queen-like** (- लाइक्) - *adj.* like a queen. रानी के समान; **Queenly** (- लि) -*adj.* like a queen. रानी के समान; **Queen-mother** (the mother of a reigning king.) राजा की माता; **Queen's metal** (an alloy of tin, lead &c.) काँसा।

Queer - क्वीअर् - *adj.* strange, peculiar, eccentric, odd, singular. विलक्षण, अद्भुत, झक्की, सनकी, अपूर्व, विचित्र, अनूठा; **Queerish** (- इश्) - *adj.* somewhat peculiar. कुछ अनोखा; **Queerly** (- लि) -*adv.* in a strange manner. विलक्षण रूप से; **Queerness** (- नेस्)-*n.* singularity. विलक्षणता।

Quell - क्वेल् - *v. t.* to suppress, to crush, to subdue, to quiet. दबाना, कुचलना, जीतना, वश में करना, शान्त करना।

Queller - क्वेल्' - अर् - *n.* one who subdues. वश में करनेवाला।

Quench - क्वेन्च - *v. t.* to extinguish, to suppress, to allay, to silence. बुझाना, दबाना, ठण्ढा करना, चुप करना, शान्त करना; **Quenchable** (- एँ - बल्) - *adj.* extinguishable. शान्त करने योग्य; **Quencher** (- अर्) -*n.* a drink. पीने की वस्तु; **Quenching** (- इङ्ग्) -*n.* suppression. शमन, शान्ति; **Quenchless** (-लेस्) - *adj.* unextinguishable. न बुझाने योग्य।

Quenelle - केन् - एल्'- *n.* a ball of meat reduced to paste. पीसा हुआ मांस का लोंदा।

Querent - क्वेअर'- एन्ट् - *n.* an enquirer. अन्वेषक, जाँच-पड़ताल करनेवाला।

Querimonious - क्वेअर्'- इ - मो'- नि - अस् - *adj.* querulous. झगड़ालू।

Querist - क्वीअर्'- इस्ट् - *n.* a person who asks questions. प्रश्न पूछनेवाला।

Quern - क्वर्न् - *n.* a stone hand-mill for grinding corn. जाँता, चक्की।

Querulous - क्वे'- रु - लस् - *adj.* habitually complaining, peevish. सर्वदा शिकायत करनेवाला, विलापी, दुःखी; **Querulously** (- लि) -*adv.* in a querulous manner. शिकायत करते हुए; **Querulousness** (- नेस्) -*n.* complaining disposi-

tion. शिकायत करने की आदत।

Query - क्वेअर्' - इ - *v. t. & i.* (*p. t.* **Queried.**) to make an enquiry, to ask a question. जाँच करना, प्रश्न पूछना; *-n.* (*pl.* **Queries.**) a question, the mark of interrogation. प्रश्न, प्रश्नवाचक चिह्न (?)।

Quest - क्वेंस्ट् - *n.* a search, a request, an official inquiry, an examination. अन्वेषण, खोज, प्रार्थना, अनुसन्धान, परीक्षा; *-v. i. & t.* to make a search for. खोजना, खोज में जाना।

Question - क्वेस्'- चन् - *n.* an interrogation, inquiry, doubt, examination, a problem requiring a solution. प्रश्नवाचक शब्द या प्रश्न, अनुसन्धान, जाँच, सन्देह, परीक्षा, विवाद का विषय; *-v. t.* to ask a question, to interrogate, to doubt. प्रश्न करना, सन्देह उत्पन्न करना; **Out of question** (certainly, undoubtedly.) अवश्य, निःसन्देह; **Out of the question** (not to be considered.) न विचारा जानेवाला; **Popping the question** (proposing for marriage.) विवाह का प्रस्ताव करना; **The topic in question** (the matter of debate.) प्रस्तुत विषय; **To beg the question** (to take for granted what has to be proved.) सिद्ध करने के विषय को मान लेना; **To call in question** (to raise objections.) आपत्ति (एतराज़) उठाना।

Questionable - क्वेस्'- चन् - एबल् - *adj.* suspicious, doubtful. सन्देहयुक्त, अनिश्चित; **Questionably** (- लि) *-adv.* in a questionable manner. शंकायुक्त; **Questionary** (क्वेंस्' - चन् - अरि) *-n.* a series of questions. प्रश्नों का क्रम; **Questioner** (- अर) *-n.* one who asks questions. प्रश्न पूछनेवाला; **Questioningly** (- इङ्ग् - लि) *- adv.* in a questioning manner. प्रश्न करते हुए; **Questionless** (-लेंस्) *- adj.* doubtless. निःसंशय, निःसन्देह।

Questionnaire - क्वेश्'- चन् - ऐअर् - *n.* a series of questions submitted for answer. उत्तर देने के लिये प्रश्नों का समूह, प्रश्नावली।

Questor - क्वेस्ट्'- अर् - *n.* a treasurer कोषाध्यक्ष, खजानची; **Questorship** (- शिप) *-n.* the office of the treasurer. कोषाध्यक्ष का पद।

Questuary - क्वेंस्ट्'- यु - अरि - *n.* he who is employed to collect profits. मुनाफे की रकम इकट्ठा करने के लिये नियुक्त पुरुष।

Queue - क्यू - *n.* tail of hair, a file of persons awaiting their turn for taking something, the tail of a beast. चुटिया, चोटी, किसी वस्तु को पाने की प्रतीक्षा (इन्तेज़ार) करनेवालों की पंक्ति (क़तार), जानवर की दुम; *-v. t. & i.* to arrange in a line, to stand in a line, to trace like a dog. लाइन या पंक्ति में खड़ा करना या खड़ा होना, कुत्ते की तरह पैर का निशान देखकर पीछा करना।

Quibble - क्विब्ल् - *n.* an evasion, a play on words, equivocation. बाक्छल, वक्रोक्ति; *-v. i.* to play upon words. वाक्छल करना; **Quibbler** (- अर) *-n.* one who plays on words. प्रलापी; **Quibbling** (- इङ्ग) *-n.* a pun, an evasion. बकवाद, बात बनाना।

Quick - क्विक् - *adj.* living, sprightly, sharp, pregnant with child, vigorous, sensitive, prompt to act. सजीव, फुर्तीला, तीव्र, गर्भवती, शक्तिशाली, सूक्ष्मग्राही, काम करने में प्रस्तुत; *-n.* a living part of the body. शरीर का मर्मस्थान; *-adv.* without delay, rapidly, nimbly, soon. अविलम्ब, शीघ्रता से, तेजी से, फुर्ती से, तुरन्त; **Be quick** (make haste.) जल्दी करो; **Piercing to the quick** (penetrating the living flesh.) मर्म-भेदी; **Quick-firer** (a gun with a special mechanism for firing shots in quick succession.) तोप जिसमें जल्दी-जल्दी गोले छोड़ने के लिये यन्त्र लगे होते हैं; **Quick-tempered** (of irritable temper.) जल्दी क्रुद्ध होनेवाला; **Quick with child** (pregnant with child.) चलितगर्भ, गर्भवती।

Quicken - क्विक्'- एन् - *v. t.* to vivify, to sharpen, to excite, to make quick or alive. तीव्र करना, सचेत करना, उत्तेजित करना, सजीव करना; **Quickener** (- अर) - *n.* he who or that which quickens. तीव्र या उत्तेजित करनेवाला; **Quickening** (- इङ्ग) *-adj.* reviving. उद्दीपक, फिर जिलानेवाला।

Quick-eyed - क्विक्' - आइड् - *adj.* having acute sight. तीव्र दृष्टिवाला।

Quick-firer - क्विक्'- फ़ायर् - अर् - *n.* a quick-firing gun. तेजी से गोली छोड़ने की बंदूक।

Quicklime - क्विक्' - लाइम् - *n.* unslaked lime. बिना बुझाया हुआ चूना।

Quickly - क्विक्'- लि - *adv.* speedily without delay. तीव्रता से, झटपट; **Quickness** (- नेंस्) *-n.* sharpness, alertness, swiftness. तीव्रता, वेग, जल्दी।

Quicksand - क्विक्' - सॉन्ड् - *n.* watery sand. कछारी बालू।

Quickset - क्विक्' - सेंट् - *n.* a living plant. हरी वनस्पति।

Quick-sight - क्विक्' - साइट् - *n.* acute vision. तीक्ष्ण दृष्टि।

Quicksilver - क्विक्'- सिल् - वर् - *n.* mercury. पारद, पारा।

Quick-witted - क्विक्'- वि - टेंड् - *adj.* having a ready wit. हाजिर दिमाग़वाला, तत्काल बुद्धिवाला।

Quid - क्विड् - *n.* chewing tobacco, a sovereign. खाने की सुर्ती, अशर्फी।

Quidam - क्वाइ'- डाम् *-n.* somebody. कोई व्यक्ति।

Quiddity - क्विड्'- इटि - *n.* essence of a thing, quibble, subtlety. किसी पदार्थ की सूक्ष्मता, तत्त्व, पाखण्ड।

Quiddle - क्वि - ड्ल् - *v. t.* to waste time, to

twiddle. समय नष्ट करना, तुच्छ कार्य में समय लगाना।

Quidnunc - क्विड्'- नङ्क् - *n.* a person given to gossip, a newsmonger. बकवादी, समाचार फैलानेवाला।

Quiescence - क्वाइ - एस्'- एन्स् - *n.* repose, rest. शान्ति, विश्राम।

Quiescent - क्वाइ - एस्' - एन्ट् - *adj.* silent, calm, motionless, inert. निश्चल, स्थिर, अचल, मौन; **Quiescently** (- लि) - *adv.* in a quiescent manner. स्थिरता से।

Quiet - क्वाइ'- एट्, क्वायट् - *n.* tranquillity, silence, stillness, repose, peace of mind. स्थिरता, शान्ति, विश्राम, आनन्द (सुख); *-adj.* still, calm, uninterrupted, tranquil, retired. शान्त, निश्चल, निर्विघ्न, निश्चित, चुपचाप; *-v. t.* to allay, to calm. शान्त करना, स्थिर करना।

Quieten - क्वाइ'- एटन - *v. t. &. i.* to make or become quiet. शान्त करना या होना।

Quietly - क्वाइ' - एट् - लि - *adv.* in a quiet manner. शान्ति पूर्वक, चुपचाप; **Quietness** (- नेस्), **Quietude** (- ट्यूड) *-ns.* tranquillity, state of rest. शान्ति, सन्तोष, स्थिरता (वैराग्य)।

Quietus - क्वाइ - ई'- टस् - *n.* final settlement, death. अन्तिम निर्णय, मृत्यु।

Quill - क्विल् - *n.* the hollow stem of a feather, a large feather, musical pipe made of hollow stem, a pen made of this, the spine of a porcupine. पंख की खोखली डाँड़ी, बड़ा पर, बाँसुरी की नली, शल, पंख की कलम, साही का काँटा; *-v. t.* to pleat. मोड़ना, गूँथना; **Quilling** (- इङ्ग्) *-n.* pleating. गुथन।

Quillet - क्विल्' - एट् - *n.* nice distinction, quibble. सूक्ष्म अन्तर, वाक्छल।

Quilt - क्विल्ट् - *n.* a padded cover for a bed. गद्दा, तोशक (रजाई); *-v. t.* to stitch in the manner of quilt. तोशक या रजाई बनाना, दो तहों को जोड़ना।

Quilting - क्विल्ट्'- इङ्ग् - *n.* material employed to make quilt. तोशक या रजाई बनाने का सामान।

Quinary - क्विन्'- अ - रि - *adj.* consisting of five things, of five. पाँच वस्तुओंवाला, पाँच का।

Quinate - क्विन्'- एट् - *adj.* composed of five leaves. पाँच पत्तियों का, पँचपतिया।

Quince - क्विन्स् - *n.* a kind of pear-shaped fruit. श्रीफल, शरीफा।

Quincuncial - क्विन्' - कन्' - शल् - *adj.* of the form of a quincunx. पंजे का।

Quincunx - क्विन् - कङ्कस् - *n.* five at dice or cards. ताश या पासे का पंजा।

Quindecagon - क्विन् - डेक'- ऑग् - अन् - *n.* a figure of fifteen sides. पन्द्रह भुजाओं का क्षेत्र।

Quingentenary - क्विन् - जेन् - टि - न - रि - *adj.* of the 500th year. पाँच सौवें वर्ष का; *-n.* 500th anniversary. पाँच सौवें वर्ष का उत्सव।

Quinine - क्विन् - इन् - *n.* an alkaloid found in the cinchona bark. कुनेन की दवा।

Quinquagenarian - क्विन्'- क्वॉज् - एन् - इ - रि - अन् - *adj.* of fifty years of age. पचास वर्ष का; **Quinquagenary** (- अरि) *-adj.* relating to the fiftieth year. पचासवें वार्षिकोत्सव का।

Quinqua - क्विन्' - क्वाँ - *pref.* in the sense of 'five'. 'पाँच' अर्थ का उपसर्ग।

Quinquangular - क्विन् - क्वॉङ्'- ग्यू - लर् - *adj.* having five angles. पाँच कोण का।

Quinquedentate - क्विन्' -क्वि -डेन्' - टेट् - *adj.* with five teeth. पाँच दाँतवाला।

Quinquefoliated - क्विन् - क्वि - फ़ो'- लि - ए -टेड् - *adj.* having five leaves. पँचपतिया।

Quinqueliteral - क्विन्'- क्वि - लिट्'- अर् - अल् - *adj.* consisting of five letters. पंचाक्षरी, पाँच अक्षरों का।

Quinquennial - क्विन् - क्वेन्'- इ - अल् - *adj.* occurring once in five years. पंचवार्षिक, पाँच बरस का।

Quinquennium - क्विन् - क्वेँन्' - इ - अम् - *n.* a period of five years. पाँच वर्ष की अवधि।

Quinsy - क्विन्' -ज़ि - *n.* an inflammation of the tonsils. घाँटी की सूजन, कण्ठमाला।

Quintal - क्विन्ट्'- ल् - *n.* a weight of 100 kilograms. एक सौ किलोग्राम का वजन (२ मन २७ सेर)।

Quintan - क्विन्ट्'- ऑन् - *n. & adj.* a fever occurring every fifth day. प्रति पाँचवें दिन पर आने वाला ज्वर।

Quintessence - क्विन्ट् - एस् - एन्स् - *n.* most essential part, extract. सार, तत्त्व (हीर)।

Quintessential - क्विन्ट्' - इस् - एन् - शल् - *adj.* consisting of quintessence. तत्व या सारयुक्त।

Quintet - क्विन्ट्'- एट् - *n.* a series of five. पंचक।

Quintuple - क्विन्'- टू - प्ल् - *adj.* fivefold. पँचगुना; *-v. t.* to make fivefold. पँचगुना करना।

Quintuplicate - क्विन्'- ट्यु - प्लि - केट् - *v. t.* to fold five times. पाँच तह करना।

Quintuply - क्विन्' - ट्यु - प्लि - *adv.* in a five fold manner. पँचगुने रूप में।

Quip - क्विप् - *n.* a sarcastic remark, taunt. ताना, ठट्ठा; *-v. t.* (*p. t.* **Quipped**) to taunt. ताना मारना।

Quire - क्वायर् - *n.* a betch of twentyfour sheets of paper, old spelling of *choir.* (=a band of singers.) एक दिस्ता (चौबीस तख्ता) कागज, गायकगण।

Quirk - क्वर्क् - *n.* a quibble or trick, a flourish in writing. व्यवहार में छल, लिखावट का मोड़-तोड़।

Quisling - क्विज्'- लिङ्ग् - *n.* he who heeps the enemy of his native land and is thus a

traitor to his own country. अपनी मातृभूमि के शत्रु को सहायता देनेवाला, देशद्रोही मनुष्य।

Quit - क्विट् - *v. t.* (*p. t.* **Quitted**) to get rid of, to abandon, to leave, to repay. त्यागना, छोड़ना, छुटकारा देना, ऋण चुकाना; *-adj.* free, clear. स्वतन्त्र, शुद्ध, स्वच्छ; **Quittance** (- टन्स) *-n.* discharge from debt. मुक्ति, निस्तार।

Quite - क्वाइट् - *adv.* wholly, perfectly, entirely. सर्वथा, पूर्ण रूप से, बिलकुल; **Quite other** (very different.) बिलकुल भिन्न; **Quite so** (exactly so.) बहुत ठीक (मैं स्वीकार करता हूँ)।

Quittable - क्वि ट्' - एबल् - *adj.* able to be vacated. खाली करने लायक।

Quitter - क्विट्' - अर् - *n.* one who quits. छोड़नेवाला।

Quits - क्विट्स् - *n.* on equal terms by retaliation. चुकती, बदला; **To cry quits** (to agree, to stop further quarrel.) मेल कर लेना, झगड़ा तय करना।

Quiver - क्वि'- अर् - *n.* a case for holding arrows. तूणीर, तरकस; *-v. t. & i.* to tremble or vibrate. काँपना, फड़कना।

Quiveringly - क्वि'- अर् - इङ्ग् - लि - *adv.* with trembling. काँपते हुए; **Quiverish** (- क्विवर् - इश) *-adj.* trembling. काँपता हुआ।

Quivive - क्वि - व़ीव्' - *v. i.* to be on the alert. सचेत होना, चैतन्य होना।

Quixotic - क्विक्स - ऑट्'- इक् - *adj.* visionary, romantic, absurd. अद्भुत, विलक्षण, कल्पनायुक्त; **Quixotically** (- अलि) *-adv.* in a visionary manner. कल्पनायुक्त ढंग से।

Quixotism - क्विक्स्'- ऑट् - इज्म् - *n.* absurd and romantic notion. विवेकहीन विलक्षण विचार।

Quixotry - क्विक्स्' - ऑट् - रि - *n.* absurd notion. विवेकहीन कल्पना।

Quiz - क्विज़् - *n.* an eccentric person, ridicule, an old fellow, a hoax, an enquiry by means of questions. झक्की आदमी, पुरानी चाल-ढाल का मनुष्य, मसखरा, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी; *-v. t.* to puzzle. to mock. व्याकुल करना, हँसी उड़ाना।

Quizzable - क्विज्'- एबल् - *adj.* comical. हँसी के योग्य।

Quizzically - क्विज़्' - इक् - अलि - *adv.* comically. ठिठोलियापन से।

Quod - क्वॉड् - neuter of Latin word = which. जो; **Quod erat demonstrandum (Q.E.D.)** (which was the thing to be proved.) जो सिद्ध करना था; **Quod erat faciendum (Q.E.F.)** (which was the thing to be done.) जो निर्माण करना था। (इन शब्दों का प्रयोग रेखा गणित में होता है।)

Quoin - कॅइन् - *n.* the external angle of a building, wedge. इमारत का बाहरी कोना, फन्नी; **Quoining** (- इङ्ग) *-n.* internal corner of a room. कमरे का भीतरी कोना।

Quoit - क्वॅइट् - *n.* a heavy circular iron ring thrown to encircle an iron peg. लोहे का चक्र जो निशाने पर फेंका जाता है; *-v. t.* to fling like a quoit. ऐसा चक्र फेंकना।

Quondam - क्वॅन्' -डॉम् - *adj. & adv.* former, sometime. पहिले का, प्राचीन।

Quorum - क्वोर्'- अम् - *n.* (*pl.* **Quorums**) a fixed number of members required to be present in a meeting to pass a resolution. किसी कार्य को स्थिर करने के लिये सभासदों की निर्दिष्ट संख्या।

Quota - क्वो'- टॉ - *n. pl.* (*sing.* **Quotum.**) fixed proportion, share assigned to each. अंश, भाग।

Quotable - क्वोट् - ए - बल् - *adj.* able to be quoted. उद्धरण योग्य।

Quotation - क्वोट् - ए' - शन् - *n.* a passage quoted, current price. ग्रन्थ का प्रमाण (उद्धरण), किसी पदार्थ का प्रचलित मूल्य; **Quotation marks** (inverted commas used at the beginning and end of a quotation.) निर्धारित वाक्य के आगे-पीछे लगे हुए चिह्न " "।

Quotative - क्वो - टे'- टिव् - *adj.* pertaining to a quotation. उद्धरण सम्बन्धी।

Quote - क्वोट् - *v. t.* to cite, to repeat, to state the price of. किसी ग्रन्थ से उद्धरण करना, दुहराना, दाम बतलाना; *-n.* a passage quoted from a book. किसी ग्रन्थ से उद्धृत अंश।

Quoth - क्वोथ् - *v. t.* (*used only in past tense*) said, spoke. कहा, बोला।

Quotidian - क्वॉट् - इड्'- इ - अन् - *adj.* of everyday, daily, occurring each day. दैनिक, प्रतिदिन होनेवाला।

Quotient - क्वो' - शन्ट् - *n.* the number resulting from the division of one quantity by another. भजनफल, लब्धि।

Quotum - क्वो' - टम् - *n.* (*pl.* **Quota.**) share, proportion. अंश (भाग), हिस्सा।

***

R - आर् - the eighteenth letter of the English alphabet, Roman numeral or 80. अंग्रेज़ी वर्णमाला का अठारहवाँ अक्षर, अस्सी संख्या के लिए संकेत; **The three R's** (*reading, writing and arithmetic.*) पढ़ना, लिखना तथा अङ्कगणित-ये तीन "आर्स्" कहलाते हैं।

Ra - रा - *n.* the Egyptian sun-god. मिस्र वासियों के सूर्य देवता।

Rabbet - रॅब्' - इट् - *n.* a joint. जोड़; *-v. t.* (*p. t.* **Rabbeted.**) to fix with a joint. जोड़ बैठाना।

Rabbi - रॅबि, रॅबाइ - *n.* (*pl.* **Rabbis.**) a Jewish doctor of law. यहूदी धर्माधिकारी; **Rabbinate** (- बिनेट्)-*n.* the office of a Rabbi. यहूदी धर्माधिकारी का पद; **Rabbinical** (- बिनिकल्) *-adv.* pertaining to a Rabbi. यहूदी धर्माधिकारी सम्बन्धी; **Rabbinically** (- लि) *-adv.* in a Rabbinic manner. यहूदी धर्माधिकारी के रूप में।

Rabbit - रॅब्' - इट् - *n.* a rodent of the hare family. शशक, खरहा; *-v. t.* to hunt rabbits, to confuse or confound. खरहों का शिकार करना, घबड़ा देना, विकल कर देना।

Rabbitry - रॅब् - इट् - रि - *n.* an enclosure for rabbits. खरहा रखने का स्थान।

Rabble - रॅब्ल् - *n.* disorderly crowd, mob, the lowest class of people, a confused stream of words, a charcoal-burner's shovel. उपद्रवी मनुष्यों का समूह, भीड़भाड़, सबसे नीच वर्ग के लोग, निरर्थक शब्दों का प्रयोग, लकड़ी का कोयला फूँकनेवाले का विशेष प्रकार का फावड़ा; *-n.* a tool for skimming molten iron. गलाये हुए लोहे के हिलाने का डण्डा।

Rabblement - रॅ - बल्' - मेन्ट् - *n.* tumultuous conduct, disturbance. उपद्रव का व्यवहार, गोलमाल।

Rabid - रॅब्' - इड् - *adj.* violent, headstrong, furious, mad. उन्मत्त, हठी, विक्षिप्त, बावला; **Rabidity** (- इटि) *-n.* the state of being rabid. उन्मत्तता, बावलापन; **Rabidly** (- लि) *-adv.* in a furious manner. उन्माद से; **Rabidness** (-नेंस्) *-n.* madness. उन्माद।

Rabies - रॅब्' - एज़् - *n.* hydrophobia. पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न जलातङ्क (पानी से डरने) का रोग।

Race - रेस् - *n.* rapid current in the sea or river, course of life, career, channel, progress, contest of speed, family, tribe, breed, descent, kindred, root, a running. समुद्र या नदी की तीव्र धारा, जीवन-क्रम, जीविका, नाली, उन्नति, गति का द्वन्द्व, कुल, जाति, सन्तति, सन्तान, कुटुम्ब, मूल, दौड़; *-v. i. & t.* to run swiftly to run wildly. घुड़दौड़ करना, तेजी से दौड़ना, शीघ्र भागना; **Race-course** (- कोर्स्) *-n.* a. circular track on which a race is run. घुड़दौड़ का गोलाकार पथ; **Race-ground** (- ग्रॉउन्ड्)-*n.* the open ground on which a race is held. घड़दौड़ का मैदान; **Racehorse** (- हॉर्स्) *-n.* a horse bred for racing. घुड़दौड़ का घोड़ा; **Race-suicide** (limitation of total population due to voluntary restriction of birth-rate.) ऐच्छिक सन्तति-निरोध द्वारा देश की जनसंख्या को न्यून करने की विधि।

Raceme - रॉस् - एम्' - *n.* a flower cluster. फूल का गुच्छा।

Racemose - रॉस्'- एम् - ओस् - *adj.* growing in clusters. गुच्छों में उगनेवाला।

Racer - रेस्' - अर् - *n.* a competitor in a race, a racing horse. दौड़नेवाला, घुड़दौड़ का घोड़ा।

Rachis, Rhachis - रे'- किस् - *ns.* (*pl.* **Rachides.**) the stem of a plant in which flowers grow. पौधे की वह डाली जिसमें फूल उगते हैं।

Rachitis - रॅक् - इ' - टिस् - *n.* rickets. अदृढ़ सन्धि, शिथिल सन्धि।

Racial - रे' - श्यल् - *adj.* pertaining to race. कुल या वंश सम्बन्धी; **Racialism** (- इज़्म्) *-n.* characteristics of a race. किसी जाति की विशिष्टता; **Racially** (- लि) *-adj.* in a racy manner. वंश में।

Racily - रेसि - लि - *adv.* in a racy manner, strongly. दौड़ते हुए, मजबूती से; **Raciness** (-नेंस्) *-n.* pungency. तीक्ष्णता।

Rack - रॅक् - *n.* a frame for holding fodder, a framework for keeping articles, a cog-wheel, an instrument of torture, driving clouds, horse's trot, a young rabbit's soft skin. पशुओं को घास खिलाने का कठरा, सामान रखने का टाँड, दाँतेदार पहिया, सिकञ्जा, बादल का टुकड़ा, दुल्की चाल, खरहे के बच्चे का नरम चमड़ा; *-v. t.* to fill with straw, to stretch joints, to harass, to amble as a horse. कठरे में घास भरना, जोड़ तानना, अत्यन्त पीड़ा देना, दुल्की चलना; **Racker** (- अर्) *-n.* one who tortures. सतानेवाला व्यक्ति। **-rent** (रॅन्ट्) - *n.* high rent. अधिक लगान।

Racket, Racquet - रॉक्' - इट् - *ns.* a bat used in playing tennis, disturbance, uproar. टेनिस खेलने का बैट, शोर-गुल, कोलाहल; *-v. i.* to make an uproar. कोलाह ल मचाना; **Racket press** (an appliance for pressing a racket.) टेनिस के बैट का दाब (शिकंजा)।

Racketeer - रॉक्' - एट् - इअर - *n.* one who adopts evil practices in business or politics. व्यापार या राजनीति में छल करनेवाला।

Raconteur - रॉक्न्' - टेअर् - *n.* a person who tells anecdotes and stories. कछनीकार।

Racoon - रॉक्' - ऊन्' - *n.* a kind of American carnivore. अमेरिका देश का एक प्रकार का पशु।

Racy - रेस्' - इ - *adj.* of high degree, strong, of distinctive quality, spirited. तीक्ष्ण, उग्र, विशिष्ट, उत्तेजित।

Raddle - रॅ - ड्ल् - *n.* red ochre. गेरू; *-v. t.* to colour with raddle. गेरू से रँगना।

Radial - रे' - डि - अल् - *adj.* of the rays. किरण-सम्बन्धी, किरणों की तरह क्रम में रक्खी हुई।

Radialization - रे' - डि - ऑल् - एज् - ए' - शन् - *n.* state of being radialized. किरण-क्रम; **Radialized** (- अलाइज़्ड) *-adj.* arranged like the rays. किरण-क्रम में रक्खा हुआ; **Radially** (- ए-लि) - *adv.* in a radial manner. किरण-क्रम से।

Radian - रे' - डि - अन् - *n.* angle at the centre of a circle subtending an arc the length of which is equal to the radius. वृत्त के केन्द्र पर अर्द्धव्यास के तुल्य चाप से बना हुआ कोण।

Radiance - रे' - डि - अन्स् - *n.* the quality of being radiant, splendour. कांति (प्रकाश), चमक।

Radiancy - रे' - डि - आन् - सि - *n.* brilliant lustre. तीव्र प्रकाश।

Radiant - रे' - डि - आन्ट् - *adj.* giving out rays, shining, beaming with joy &c. किरणें फैलानेवाला, विकिरणी, दीप्तिमान्, आनन्द इत्यादि से प्रफुल्लित; *-n.* point from which light radiates. वह बिन्दु जहाँ से प्रकाश फैलता है; **Radiantly** (- लि) - *adv.* in a radiant manner. प्रकाश फैलाते हुए।

Radiate - रे' - डि - एँट् - *v. i. & t.* to emit rays of light, to spread from a central point, to sparkle. किरण फेंकना, केन्द्र से फैलना, जगमगाना; **Radiation** (- ए - शन्) - *n.* diffusion of rays of light. विकिरण, प्रकाश, ज्योति; **Radiative** (- ए - टिव्) *-adj.* having power of radiating. प्रकाश फैलानेवाला; **Radiator** (- ए - टर्) *-n.* a part of a heating apparatus for a room, that which radiates. कमरे में गर्मी फैलानेवाले यन्त्र का एक भाग, ज्योतिर्मय पदार्थ।

Radical - रॉड्' - इक् - अल् - *adj.* essential, original, fundamental, primary. तत्त्वरूप, मौलिक, स्वाभाविक, मूलक आदि का; *-n.* a main principle, a root or primitive word or letter. मौलिक सिद्धान्त, मूल शब्द; **Radicalism** (- इज़्म) - *n.* radical principles in politics. राजनीति का मौलिक सिद्धान्त; **Radicalization** (- आइज़् - एँ' - शन्) *-n.* the act of radicalizing. मौलिककरण; **Radicalize** (- आइज़्) *-v. t.* to cause to become radical. मौलिक बनाना **Radically** (- लि) *adv.* in a radical manner. मौलिक रूप से, जड़ से।

Radicate - रॉड्' - इक् - एट् - *adj.* deeply rooted. गहरी जड़वाला; **Radication** (- शन्) *-n.* the act of taking deep roots. गहरी जड़ फेंकने का काम।

Radicel - रॉड् - इस् - एल् - *n.* a small root. छोटी जड़।

Radicle - रॉडिक्‌ल् - *n.* a rootlet. पौधे की महीन जड़; **Radicular** (- क्यु - लर्) *-adj.* pertaining to a radicle. महीन जड़ का।

Radio - रे' - डि - ओ - *n.* wireless telegraphy and telephony, X-rays and their applications. बिना तार की तारवर्की या टेलिफ़ोन, शरीर के भीतर का चित्र खींचने का यन्त्र; *-v. t.* to transmit by wireless telegraphy, to take X-ray photographs. बिना तार से समाचार भेजना, शरीर के भीतर का चित्र उतारना।

Radio - रें' - डि - ओ - *pref.* in sense of "of radius or radium". उपसर्ग जिसका अर्थ ''अर्धव्यास अथवा रेडियम सम्बन्धी'' होता है; **Radio-active** (- ऑक्ट् - इव्) *-adj.* having the property of radium. विघटनाभिक, विकिरणशील, रेडियम का प्रभाव डालनेवाला; **Radio-activity** (- टिव्' - इ - टि) - *n.* the properties of radio-active substances. विघटनाभिकता; **Radio bombs** (- बाम्बस्) *-n. pl.* bombs which are exploded by radio-activity. ऐसे बम जिनका विस्फोट रेडियो द्वारा होता है; **Radiograph** (- ग्रॉफ़) - *n.* an X-ray photograph. एक्सरे द्वारा उतारा हुआ चित्र; **Radiology** (-लो - जी) *-n.* the science of the use of X-rays in the medicine. चिकित्सा में एक्स-रे का प्रयोग सम्बन्धी विज्ञान; **Radiotelegram** (-टेल् - इ -ग्रॉम्) *-n.* a telegram transmitted by wireless. बिना तार के सन्देश भेजने की क्रिया या काम या भेजा गया सन्देश।

Radish - रॉड्' - इश् - *n.* a point with pungent edible root. मूली, मुरई।

Radium - रे' - डि - अम् - *n.* a valuable metal which emits rays and produces electrical effect. एक बहुमूल्य धातु जिसमें से किरणें निकलती हैं और वैद्युतिक प्रभाव डालती हैं।

Radius - रे' - डि - अस् - *n.* (*pl.* **Radii.**) the shorter bone in the forearm of human beings, the straight line from the centre of a circle to its circumference, the spoke of a wheel. बाहु की छोटी पुष्ट अस्थि, व्यासाध, त्रिज्या, पहिये की तीली।

Radix - रे' - डिक्स् - *n.* (*pl.* **Radices.**) primitive word, source, origin. मौलिक शब्द, उद्‌गम, मूल।

Raff - रॉफ् - *n.* riff-raff, the rabble. नीच मनुष्यों का समुदाय, भीड़भाड़।

Raffia - रॉ' - फ़ि - आ - *n.* a kind of palm. एक प्रकार का नारियल या खजूर।

Raffish - रॉफ्' - इश् - *adj.* of bad reputation. दुर्नाम का, अपयश का; **Raffishly** (- लि) *-adv.* in a dissipated manner. दुर्नम से; **Raffishness** (- नेस्) *-n.* dissipation, ill-repute. दुर्नाम, अपयश।

Raffle - रॉफ़्ल् - *n.* the sale of an article by realising entrance fee from a number of persons and finally assigning it on one by casting lots, rubbish, refuse. चिट्ठी डालकर माल बेचने का ढंग, कूड़ा-करकट; *-v. t. & i.* to dispose by raffle. चिट्ठी डालकर वस्तु बेचना।

Raft - रॉफ़्ट् - *n.* a fleet made of logs or casks, a float of timber. लट्ठों का या पीपों का बेड़ा; *-v. t.* to transport by means of a raft. बेड़े पर माल-असबाब ले जाना, बेड़े पर नदी पार करना।

Rafter - रॉफ़्ट्' - अर् - *n.* one who makes a raft, a framework of beams on which slates &c. of a roof are laid. बेड़ा बनानेवाला, धरन, बल्ला; -

v. t. to furnish with rafters, to plough land. बल्ला बैठाना, हल जोतना।

Rafty - रॉफ्ट्' - इ - *adj.* dampy, musty. तर, गीला।

Rag - रॉग् - *n.* a torn piece of woven material, remnant, fragment, a scrap, roofing stone or tile. वस्त्रखंड, चीर, चिथड़ा, लत्ता, खपरैल; -*v. t.* (*p.t.* **Ragged.**) to tease, to play rough jokes upon. कष्ट देना, भद्दी हँसी करना; **Rag-fair** (- फ़ेअर्) -*n.* a market of old clothes. पुराने कपड़ों का बाज़ार; **Rag-paper** (- पे - पर्) -*n.* paper manufactured from rags. चिथड़ों से बना हुआ कागज़; **Rag-tag** (-टॉग्) -*n.* the lowest orders in society. समाज में सबसे नीच लोग।

Ragamuffin - रॉग्' - आ - मफ' - इन् - *n.* a ragged mean fellow. चिथड़ा पहिने दरिद्र मनुष्य; **Ragamuffinly** (- लि) -*adv.* like a ragamuffin. चिथड़ा पहिने हुए दरिद्र मनुष्य के समान।

Rage - रेज् - *n.* violent anger, violence, vehement desire, great fury. भीषण क्रोध, उत्पात, प्रबल इच्छा (लालसा), रोष; -*v. t.* to be angry. क्रोध करना; **Rageful** (- फुल्) -*adj.* full of rage. क्रोधपूर्ण।

Ragged - रॉग्'- एड् - *adj.* rough, shabby, rent, of uneven surface. रूक्ष, जीर्ण, फटा-पुराना, खुरखुरा; **Ragged school** (a school for poor boys.) गरीब लड़कों की पाठशाला; **Raggedly** (- लि) -*adv.* in a rough manner. रूक्षता से, जीर्णता से; **Raggedness** (-नेस्) -*n.* the state of being ragged. खुरखुरापन, जीर्णता।

Raging - रॉज्'- इङ्ग् - *adv.* violent furious. उग्र, प्रचण्ड; **Ragingly** (- लि) -*adv.* furiously. क्रोध से।

Ragman - रॉग्' - मॉन् - *n.* a man who collects rags, a devil. चिथड़ा इकट्ठा करनेवाला, शैतान।

Ragout - रॉ - गू' - *n.* a highly seasoned dish of meat and vegetables. मसालेदार चटपटी तरकारी (मांसयुक्त); -*v. t.* to cook food in this way. ऐसा भोजन बनाना।

Raguled - रॉग्यूल्ड्' - *adj.* notched. दाँतेदार।

Raid - रेड् - *n.* a hostile expedition, surprise incursion, sudden attack. आक्रमण, चढ़ाई, धावा; -*v. t.* to make an attack. धावा करना।

Raider - रेड्' - अर् - *n.* one who takes part in a raid. धावा करनेवाला।

Rail - रेंल् - *n.* a horizontal piece of iron or wood, iron line for running railway tracks, a barrier in a garden or race-course. लोहे या लकड़ी की अरगनी, लोहे की पटरी जिस पर रेलगाड़ी चलती है, बाग या घुड़दौड़ के मैदान का लोहे के छड़ों का घेरा; -*v. t.* to travel by rail, to furnish with rails, to enclose or separate with rails, to send by railway. रेलगाड़ी द्वारा यात्रा करना, (पीपे में) पटरी जड़ना, लोहे के बेड़े से घेरना या अलग करना, रेलपथ द्वारा भेजना; **By rail** (by railway) रेल द्वारा; **Off the rails** (disorganised.) क्रमहीन।

Rail - रेंल् - *v. i. & t.* (*p. t.* **Railed.**) to use bad language, to scoff. निन्दा करना, गाली देना, ताना मारना; **Railer** (- अर्) -*n.* one who insults or scoffs. ताना मारनेवाला; **Railing** (- इङ्ग्) -*n.* a fence of rails, an iron fencing. कठघरा, ढले हुए लोहे की आड़; - *adj.* scoffing. ताना मारनेवाला; **Railingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* in a railing manner. ताना मारते हुए।

Raillery - रेल्'- अर् - इ - *n.* banter, good humour, ridicule. हँसी, ठट्ठा, दिल्लगी।

Railless - रेंल्' -लेंस् - *adj.* without a rail. बिना रेल या लोहे की पटरी का।

Railway - रेंल्'- वें - *n.* road laid with rails for heavy waggons &c. भारी गाड़ियों के चलाने के लिए लोहे की पटरियों को बिछाकर बनाई गई सड़क, रेलपथ; **Railway-bridge** (a bridge on which railways run.) रेलगाड़ी के चलने का पुल।

Raiment - रे '-मेन्ट् - *n.* clothing, dress. वस्त्र, पोशाक; **Food and raiment** (food and clothing.) अन्न-वस्त्र।

Rain - रेंन् - *n.* drops of water which fall from the sky. वृष्टि, वर्षा; (*pl.*) showers of rain. (ब. व.) वर्षा की झड़ी; -*v. i. & t.* to pour down showers of rain. वर्षा होना या करना; **The rains** (the rainy season.) वर्षाऋतु; **To rain in torrents, To rain cats and dogs** (to rain in violent showers.) मूसलधार वृष्टि होना।

Rainbow - रेंन्' - बो - *n.* an arch of prismatic colours seen in the sky. इन्द्रधनुष; **Lunar rainbow** (a rainbow caused by the moon's rays.) चन्द्र-बिम्ब से उत्पन्न धनुष; -*v. t.* to brighten as a rainbow, to produce something like a rainbow. इन्द्रधनुष के समान चमकाना, इन्द्रधनुष के समान कोई वस्तु पैदा करना।

Raincoat - रेंन्' -कोट् - *n.* a waterproof coat. बरसाती (पानी से बचानेवाला) कोट।

Raindrop - रेंन्' - ड्रॉप् - *n.* one drop of rain, the dropping of rain, rain-water. वर्षा की एक बूँद, वर्षा का गिरना या होना, वर्षा का जल।

Rainfall - रेंन्' - फ़ॉल् - *n.* a shower of rain. वर्षा।

Raingauge - रेंन्' -गेज् - *n.* an instrument for measuring rainfall. वर्षा का जल नापने का यन्त्र।

Raininess - रेन्'- इ -नेंस् - *n.* the state of being rainy. बरसातीपन।

Rainless - रेंन्' - लेंस् - *adj.* destitute of rain. बिना वृष्टि का; **Rainproof** (- प्रूफ) -*adj.* impervious to rain. वर्षा का प्रभाव न पड़नेवाला; **Rainwater** (- वॉ - टर्) -*n.* water collected from rain. बरसाती पानी; **Rainworm** (- वर्म्)-*n.* earthworm. केंचुआ।

Rainy - रेंन्' - इ - *adj.* in which rain is falling, showery. वृष्टिमान्, बरसाती, बरसात का; **To provide against a rainy day** (to store up for times of emergency.) आपत्काल के लिये बचा रखना।

Raise - रेज़् - *v. t.* to lift upright, to rouse, to restore to life, to exalt, to increase, to construct, to cause disturbance, to breed, to elevate, to extract, to promote. खड़ा करना, उठाना, जागृत करना (जिलाना), ऊँचा करना, बढ़ाना, बनाना, निर्माण करना, उपद्रव खड़ा करना, उत्पन्न करना, ऊपर उठाना, निकालना, उन्नति करना; **To raise cry** (to make a broil.) शोरगुल मचाना; **To raise a dust** (to cause turmoil.) उपद्रव खड़ा करना; **To raise a laugh** (to make others laugh.) दूसरों को हँसाना; **To raise a siege** (to remove a besieging army.) घेरनेवाली सेना को हटाना; **To raise one's voice** (to shout on the top of one's voice.) जोर से चिल्लाना; **To raise bread** (to make yeast for making bread.) रोटी के लिये खमीर उठाना, **To raise one's hat** (to salute by raising hat.) टोपी उतार तथा उठाकर अभिवादन करना; **To raise the wind** (to procure money for some purpose.) किसी कार्य के लिए धन इकट्ठा करना।

Raisin - रेज़् - इन् - *n.* partially dried grape. दाख, मुनक्का, किशमिश।

Raising - रेज़्'- इङ्ग् - *n.* act of lifting. उठाने का कार्य।

Reimburse - री - इम् - बर्स् - *v. t.* to repay, to recompense. फिर अदा करना या चुकाना, बदला चुकाना या प्रतिफल देना; **Reimbursement** (-मेंन्ट्) - *n.* repayment. प्रतिपादन, प्रतिपूर्ति, वापसी।

Reimport - री - इम् - पोर्ट्- *v. t.* to import again. परदेश का माल फिर से देश में मँगाना।

Reimpress - री - इम् - प्रेस् - *v. t.* to impress again. दुबारा छापना; **Reimpression** (- शन्) -*n.* a second impression. दूसरी आवृत्ति।

Rein - रेंन् - *n.* a long narrow strap attached to the bit of a bridle, means of control, government. लगाम, राज्यशासन का अधिकार, शासन; -*v. t.* to restrain, to control. संयम करना, अधीन करना, रोकना; **To take the reins** (to take the guidance.) अधिकार में लेना, सहारा देना।

Reincarnate - री - इन् - कार्न् - एट् - *v. i.* to embody again. दुबारा अवतार लेना; **Reincarnation** (- शन्) -*n.* re-embodiment. दुबारा अवतार।

Reincite - री - इन् - साइट् - *v. t.* to incite again. फिर से उत्तेजित करना।

Reincorporate - री - इन् - कार्प - अर् - एट् - *v. t.* to incorporate again. दुबारा मिश्रित (या संयुक्त) करना।

Reincrease - री - इन् - क्रीज़् - *v. t.* to increase again. फिर से बढ़ाना।

Reindeer - रेंन् - डियर् - *n.* a kind of deer. एक प्रकार का बारहसिंगा।

Reinforce - री - इन् - फ़ोर्स् - *v. t.* to strengthen by additional force, to enforce again. सेना की संख्या बढ़ाना, सहारा देना; -*n.* the thick part of something. किसी पदार्थ का पुष्ट भाग; **Reinforced** (- ड्) -*adj.* strengthened. पुष्ट किया हुआ; **Reinforced concrete** (concrete with metal bars &c., embedded in it.) लोहे का छड़, गिट्टी इत्यादि डालकर पुष्ट किया हुआ मसाला; **Reinforcement** (- मेंन्ट्) -*n.* reinforcing. सेना की सामग्री, सेना में सैनिकों की भरती, कुमुक, प्रबलीकरण।

Reins - रेन्ज़् - *n. pl.* the kidneys, loins. वृक्क, गुर्दा, कमर।

Reinsert - री - इन् - सर्ट् - *v. t.* to insert again.

फिर से बैठाना; **Reinsertion** (- शन्) - *n.* inserting again. पुनः प्रवेश।

Reinspect - री - इन् - स्पेक्ट्' - *v. t.* to make a second inspection. दुबारा जाँच करना; **Reinspection** (- शन्) -*n.* inspection a second time. दुबारा जाँच।

Reinspire - री - इन् - स्पायर्' - *v. t.* to inspire again. फिर से उत्तेजित करना।

Reinstall - री - इन् - स्टॉल्' - *v. t.* to install again. दुबारा स्थापित करना।

Reinstate - री' - इन् - स्टेट्' - *v. t.* to replace, to restore to health. फिर से स्थापित करना, स्वास्थ्य प्राप्त करना; **Reinstatement** (- मेन्ट्) -*n.* act of reinstating, re-establishment. पुनः स्थापन करने का कार्य।

Reinsure - री - इन् - श्योर्'- *v. t.* to insure again. फिर से बीमा करना।

Reintegrate - री' - इन्'- टिग् - ग्रेट् - *v. t.* to renew. नया करना (सुधारना); **Reintegration** (- शन्) -*n.* restoration, a renewing. सुधार।

Reinvest - री' - इन् -वेस्ट्' - *v. t.* to invest again, to lay out money again for profit. फिर से नियुक्त करना, लाभ के लिये धन लगाना।

Reinvigorate - री' - इन् - विग्'- अर् - एट् - *v. t.* to invigorate or refresh again. फिर से बल देना या ताज़ा करना; **Reinvigoration** (- शन्) -*n.* the act of refreshing. पुनर्बल-प्राप्ति।

Reissue - री' - इश्' - यू - *v. t.* to issue again. दुबारा जारी करना; -*n.* second issue. दुबारा प्रकाशन।

Reiterate - री - इट्' - अर् - रेट् - *v. t. & i.* to repeat an action, a request, a word or a statement, to walk over a place again, to repeat. कोई काम या प्रार्थना या शब्द या बयान दोहराना, किसी जगह पर फिर चलना; **Reiterated** (- एड्) -*adj.* repeated. पुनरुक्त; **Reiteration** (- शन्) -*n.* repetition. पुनरुक्ति, दुहराव; **Reiterative** (- इव्) -*n.* part of a reduplicated word. दुहराया हुआ शब्द या शब्द खण्ड।

Reject - रि - जेक्ट्' - *v. t.* to put aside, to discard, to throw away, to decline. त्यागना, फेंकना, अस्वीकार करना; **Rejectable** (- एबल्) - *adj.* that may be rejected. अस्वीकार करने योग्य; **Rejection** (- शन्) -*n.* the act of rejecting, refusal. प्रत्यादेश, अस्वीकार; **Rejective** (- इव्) - *adj.* tending to reject. त्यागने में प्रवृत्तः **Rejector** (- अर्) -*n.* one who rejects. अस्वीकार करनेवाला।

Rejoice - रि - जॉ - अस्' - *v. t. & i.* to make glad, to cheer up, to feel joy, to gladden. प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना; **Rejoicer** (- अर्) -*n.* one who rejoices. आनन्द करनेवाला; **Rejoicing** (- इङ्ग्) -*adj. & n.* producing joy, expression of joy. आनन्दकर, आनन्द; **Rejoicingly** (- लि) -*adv.* with joy. आनन्दपूर्वक।

Rejoin - रि - जॉ - इन्' - *v. t. & i.* to join again, to say in answer (to retort.) फिर से मिलाना या जोड़ना, प्रत्युत्तर देना।

Rejoinder - रि - जॉइन्' - डर् - *n.* what is said in reply, an answer, a retort. प्रतिवादी का उत्तर, प्रत्युत्तर।

Rejoint - री - जॉ - इन्ट्' - *v. t.* to reunite joints. जोड़ों को फिर से मिलाना।

Rejolt - रि - जोल्ट्' - *n.* a shock. धक्का।

Rejudge - री' - जज्' - *v. t.* to try or examine again. पुनर्विचार या परीक्षा करना; **Rejudgment** (-मेन्ट्) -*n.* examining a second time. पुनर्विचार।

Rejuvenate - रि - जू'- विन - एट् - *v. t. & i.* to make or become young again. फिर से युवा करना या होना; **Rejuvenation** (- शन्) - *n.* the act of rejuvenating. नई जवानी।

Rejuvenescence - रि - जू' - विन् - एस' - एन्स् - *n.* renewal of youth. नई युवावस्था, नई जवानी; **Rejuvenescent** (-सेन्ट्) -*adj.* growing young again. दुबारा युवा होनेवाला।

Rejuvenize - रि - जू' - वेन् - इज़् - *v. t.* to make young again. फिर नया बनाना।

Rekindle - री - किन्ड्ल्' - *v. t.* to set on fire or kindle again. फिर से जलाना, फिर से बारना।

Relabel - री - लें' - बल् - *v. t.* to put a new label on. नया लेबुल या चिप्पी लगाना।

Reland - री' -लॉन्ड्' - *v. t. & i.* to land again. फिर से स्थल पर उतरना या उतारना।

Relapse - रि -लॉप्स्' - *v. t.* to fall back, to revert to error or illness &c. दुबारा गिरना, आरोग्य होकर फिर से रोगी होना; -*n.* a falling back to a bad state. बुरी दशा में पुनः पतन, पलटा।

Relapser - रि -लॉप्स्' - अर् - *n.* one who falls into error again. दुबारा अशुद्धि में पड़नेवाला।

Relate - रि - लेंट्'- *v. t. & i.* to narrate, to recount, to bring into relation. वर्णन करना, उद्देश्य करना, सम्बन्ध रखना; **Related** (- एड्) -*adj.* narrated, connected by blood. कथित (वर्णित), सम्बन्धी (सजातीय); **Relatedness** (-नेंस्) -*n.* relationship. सम्बन्ध; **Relater** (- अर्) -*n.* one who narrates. वर्णन करनेवाला; **Relating** (- इङ्ग्) -*adj.* having relation to concerning. सम्बन्ध में, विषय में, बारे में; **Relation** (- शन्) -*n.* narrative, detail, a relative reference, a kinsman. वर्णन, प्रमाण, सम्बन्धी (संसर्ग); **Mutual relation** (reciprocal connexion.) परस्पर सम्बन्ध; **Relational** (- शन्-अल्) - *adj.* having relation. सम्बन्ध रखनेवाला; **Relationally** (-शन्-अलि)-*adv.* by way of relation. सम्बन्ध के रूप में या ढंग से, सम्बन्ध रखते हुए; **Relationless** (- शन् - लेंस्) -*adj.* without relation. बिना सम्बन्ध का **Relationship** (- शन् - शिप) -*n.* affinity, alliance. बन्धुता, जातिभाव।

Relative - रेल' - एट् - इव् - *adj.* having a relation, referring to, connected with. सम्बन्ध रखनेवाला, सम्बन्धी, सगोत्र, बन्धु; -*n.* one who is

related by blood or marriage. सम्बन्धी, नातेदार; **Relatively** (- लि) - *adv.* in a relative manner. सम्बन्ध में।

Relativism - रेल' - एट् - इव् - इज्म् - *n.* the principle that knowledge is of relation only. यह सिद्धान्त कि मनुष्य को केवल सम्बन्ध का ज्ञान होता है; **Relativist** (- स्ट्) -*n.* an adherent of relativism. इस सिद्धान्त का अनुयायी।

Relativity - रेल'- एट् - इव'- इ - टि - *n.* quality or fact of being a relative, theory of mutual dependence of individual and society, the theory that all motion in the universe is relative. नातेदार या सम्बन्धी होने का गुण या तथ्य, व्यक्ति तथा समाज में आपसी निर्भरता के सम्बन्ध का सिद्धान्त, विश्व की कुल गतियों के आपस में सम्बन्धित रहने या मानने का सिद्धान्त।

Relator - री - लेंट्' - अर् - *n.* an informer. सूचना देनेवाला मनुष्य।

Relax - रि -लॉक्स्' - *v. t. & i.* to cause to become loose, to make less rigid or severe, to relieve from strain, to slacken, to abate, to mitigate. शिथिल करना या होना, कम होना, ढीला पड़ना; **Relaxable** (एँ - बल्) -*adj.* able to be relaxed. शिथिलनीय, शिथिल या ढीला करने योग्य।

Relaxant - री - लॉक्स्'- एन्ट् - *n.* soothing medicine. शान्तिप्रद औषधि।

Relaxation - री'- लॉक्स - ए'- शन् - *n.* the act of relaxing. छूट, रियायत, शिथिलता, विश्राम; **Relaxative** (- टिव्) -*adj.* having the quality of relaxing. कोमल करनेवाला, रेचक।

Relaxed - रि -लॉक्स्ड्' - *adj.* loose, slackened. शिथिल, ढीला; **Relaxing** (- इङ्ग्) -*adj.* tending to relieve from strain. शिथिल करनेवाला।

Relay - रि - लें - *n.* (*pl.* **Relays.**) a supply of horse substituted for tired ones, an instrument for reinfrecing electrical current. थके घोड़ों के बदले में नये घोड़ों की पूर्ति, बिजली की धारा को फिर ताजा तथा ताकतवर बनाने का यंत्र; -*v. t. & i.* to lay a second time, to replace. दुबारा बिठाना या जमाना, एक वस्तु की जगह पर दूसरी को रखना।

Releasable - री- लेस्'- एबल् - *adj.* able to be redeemed. निस्तार करने योग्य।

Release - रि - लीस्' - *v. t.* to set free, to make over to another, to discharge, to fasten. मुक्त करना, सौंपना, छुटकारा देना, खोलना; -*n.* restraint, redemption, liberation from pain. मुक्ति, मोक्ष, निस्तार, पीड़ा से छुटकारा।

Re-lease - री' - लीस् - *v. t.* to give a new lease to. नया सट्टा देना (लिखना)।

Releasee - री - लेस्' - इ - *n.* one who is liberated from restraint. मुक्ति पानेवाला।

Releaser - री - लेस्'- अर् - *n.* (also **Releasor.**) one who redeems. मुक्त करनेवाला।

Relegable - रें' - लिग् - एब्ल् - *adj.* transferable. बदलने योग्य।

Relegate - रेंल्' - इग् - एट् - *v. t.* to banish, to exile, to transfer for decision, to make, a reference to. बहिष्कार करना, देश से निकालना, निर्णय के लिये बदलना, संकेत करना; **Relegation** (- शन्) - *n.* the act of relegating, banishment. बहिष्कार, देश-निकाला।

Relent - रि -लेंन्ट्' - *v. i.* to become less stiff, to yield to compassion, to give up harsh intention. कोमल होना, दयायुक्त होना, कड़ाई त्यागना; **Relenting** (- इङ्ग्) -*adj.* compassionate दयावान्; **Relentingly** (- इङ्ग्- लि) -*adv.* in a relenting manner. कोमलता से; **Relentless** (-लेंस्) - *adj.* merciless. दयाहीन; **Relentlessly** (- लि) - *adv.* mercilessly. निर्दयता से; **Relentlessness** (- नेंस्) - *n.* the state of being merciless. निर्दयता।

Re-let - री'-लेंट्' - *v. t.* to let a house &c. again. मकान आदि को दुबारा किराये पर देना।

Relevance, Relevancy - रेल्' - इव् - आन्स्, (- इ) - *ns.* pertinence. अनुरूपता, योग्यता।

Relevant - रेल्'- इव् - ऑन्ट् - *adj.* bearing up or pertaining to the purpose in hand, applicable. प्रस्तुत, प्रासङ्गिक, अनुरूप; **Relevantly** (- लि) - *adv.* in a relevant manner. प्रासङ्गिक रूप में।

Reliability - री - ली'- आब् - इल्'- इ - टि - *n.* trustworthiness. विश्वसनीयता, विश्वस्तता।

Reliable - रि'- लाइ'- एबल् - *adj.* that may be relied upon, of trustworthy quality. विश्वास योग्य, प्रमाणित (विश्वस्त); **Reliably** (- इ) - *adv.* in a reliable manner. विश्वास से; **Reliableness** (- नेंस्) - *n.* the state of being reliable. प्रमाणिकता।

Reliance - री - लाइ'- एन्स् - *n.* trust confidence. विश्वास, श्रद्धा, भरोसा; **Reliant** (- अन्ट्) -*adj.* having reliance. विश्वास या भरोसावाला।

Relic - रेल्' - इक् - *n.* (also **Relique.**) the body or belongings of a holy person kept as an object of adoration after his death, memento, memorial. शेष-भाग, स्मारक चिह्न; **Relics** (- इक्स्) -*n. pl.* a dead body. (ब. व.) शव।

Relict - रेंल-इक्ट् - *n.* a widow, a remaining part, a survivor, a surviving trace. विधवा, अवशेष भाग, जीवित बचा हुआ, बचा हुआ चिह्न।

Relief - रि - लीफ्' - *n.* deliverance from pain, redress, assistance to the poor, a military post, assistance, carving in which the design is projected. दुःख से मुक्ति, राहत, अनुतोष, समाधान, दुरुस्ती, गरीबों को सहायता, फ़ौजी कार्यालय, सहायता, उभड़ी हुई नकाशी इत्यादि; **Relief fund** (money subscribed for helping the poor.) गरीबों की सहायता के लिये एकत्रित धन; **Relief-map**

(the model of a map in which elevation is moulded in relief.) उभड़ी आकृति का नकशा; **Relief-works** (buildings &c. started to give work to the unemployed.) व्यवसायहीन मनुष्यों की सहायता के लिये प्रारम्भ किया गया कार्य।

Relier - रि - लाइ' - अर् - *n.* one who relies. भरोसा करनेवाला।

Relievable - रि - लीव्' - एब्ल् - *adj.* capable of being relieved. उद्धार करने योग्य।

Relieve - रि - लीव्' - *v. t.* to ease, to give relief to, to assist, to alleviate, to redress. शान्ति देना, सहायता देना, दुःख हटाना, उद्धार करना; **Relieved** (- ड्) *adj.* redressed, शान्त, कष्ट से मुक्त किया हुआ; **Reliever** (- अर्) *-n.* one who relieves. मुक्त करनेवाला; **Relieving** (- इङ्ग्) *-adj.* helping to relieve. कष्ट हटानेवाला।

Relight - री' - लाइट्' - *v. t.* to rekindle. फिर से जलाना।

Religion - रि - लिज्'- अन् - *n.* a prevalent system of faith and worship, practice of sacred rites, recognition of God and duty towards Him. ईश्वर भक्ति, धर्म, ईश्वर के प्रति मनुष्य का कर्तव्य; **Religioner** (- अर्) *-n.* a member of a monastic order. कट्टर धार्मिक; **Religionism** (- इज़्म्) - *n.* excessive religious zeal. धर्म में अधिक उत्साह; **Religionist** (- इस्ट्) - *n.* one fanatically devoted to his religion. अपने धर्म में पक्का; **Religionize** (- आइज़्) -. *v. t.* to make religious. धार्मिक बनाना; **Religionless** (-लेंस्) *-adj.* heathen without religion. नास्तिक।

Religiosity - री - लिज्'- इ - आस - इ - टि - *n.* excessive religiousness. अधिक धार्मिकता।

Religious - री - लिज्'- अस् - *adj.* godfearing, pertaining to religion, devout, pious. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्तिमान्; **Religiously** (- लि) - *adv.* in a religious manner. धार्मिक ढंग से या रूप में; **Religiousness** (-नेंस्) - *n.* the state of being religious. धर्मनिष्ठा।

Relinquent - रि - लिङ्' - क्वेन्ट् - *adj.* relinquishing. त्यागनेवाला।

Relinquish - रि - लिङ्' - क्विश् - *v. t.* to abandon, to give up, to surrender, to leave hold of. छोड़ना, त्यागना, अलग करना, मुक्त करना; **Relinquishment** (- मेन्ट्) *-n.* the act of surrendering. त्याग, उत्सर्ग।

Reliquary - रेल्' - इक् - वर् - इ - *n.* (*pl.* **Reliquaries.**) a shrine for holding relics. (अवशिष्ट भाग) यादगार के पदार्थ रखने का मन्दिर।

Reliquiae - रीं'- लिक्' - वि - इ - *n. pl.* remains of animals or plants. पशु या वनस्पति के अवशिष्ट भाग।

Reliquidate - रीं'- लिक् - वि - डेट् - *v. t.* to liquidate a second time. फिर से अलग करना या अलगाना।

Relish - रेंल्' - इश् - *n.* flavour, taste, attractive quality, enjoyment of food, zest. रस, स्वाद, अभिरुचि, आनन्द, उत्साह; - *v. t. & i.* to get pleasure out of, to taste, to savour. आनन्द लेना, स्वाद लेना, स्वादिष्ट करना।

Relishable - रेल'- इश् - एबल् - *adj.* having an agreeable taste. स्वादिष्ट।

Relive - री - लिव्' - *v. i.* to live again. पुनर्जीवित होना।

Reload - री - लोड्' - *v. t.* to load again. फिर से भार देना, दुबारा बोझ लादना।

Relucent - री - लू' - सेंन्ट् - *adj.* bright, transparent shining. देदीप्यमान, चमकीला, पारदर्शक।

Reluct - रि - लक्ट्' - *v. i.* to feel reluctance, to show repugnance. अनिच्छा, असन्तोष या अरुचि प्रकट करना; **Reluctance** (-ऑन्स्) *-n.* unwillingness, repugnance. (अरुचि) अनिच्छा, विमुखता; **Reluctant** (-ऑन्ट्) *-adj.* unwilling, disinclined, offering resistance, unwillingly done. अनिच्छुक, असंतुष्ट, पराङ्मुख; **Reluctantly** (-ऑन्ट् - लि) *-adv.* in a reluctant manner. अनिच्छा से।

Reluctate - रि - लक्' - टेट् - *adj.* producing reluctance. अरुचि उत्पन्न करनेवाला; **Reluctation** (- शन्) *-n.* repugnance. असन्तोष, अरुचि।

Relume - रि - ल्यूम्' - *v. t.* to rekindle, to make bright again. फिर से जलाना, फिर से (स्वच्छ या) चमकीला करना।

Rely - रिल् - आइ' - *v. t.* (*p. t.* **Relied.**) to have trust in, to rest on, to depend upon. विश्वास करना, भरोसा (आश्रय) करना।

Remain - रि - मेंन्' - *v. i.* to continue, to exist, to be left over, to be left behind, to last, to depend on. रहना, होना, बच जाना, पीछे रहना, ठहरना, भरोसा करना; **Remains** (- स्) - *n. pl.* what remains over, relics, a corpse. अवशेष, बचा हुआ भाग, शव (मृतक शरीर); **Let it remain as it is** (let it continue as it is.) जैसा है वैसा छोड़ दो; **Remaining** (- इङ्ग्) - *adj.* what remains. बचा हुआ।

Remainder - रि -मेंन्' - डर् - *n.* residue, number left after subtraction, the rest. शेष, शेष भाग, बचा हुआ अंश।

Remake - री -मेंक्' - *v. t.* to make afresh. फिर से बनाना या मरम्मत करना; *-n.* a thing made afresh from old material. पुराने पदार्थों से फिर नई बनाई गई वस्तु (या चीज़)।

Reman - री - मॉन्' - *v. t.* (*p. t.* **Remanned.**) to furnish with fresh men. सेना आदि में नई भरती करना।

Remand - रि - मॉन्ड्' - *v. t.* to send back, to

order for a further inquiry. फिर से भेजना, दुबारा अन्वेषण के लिए आज्ञा देना; *-n.* a recommittal to custody. इस प्रकार की आज्ञा।

Remanent - री - मॉन्’- एन्ट् - *adj.* remaining, residue. अवशेष, बचा हुआ; *-n.* a remaining portion. बचा हुआ भाग।

Remargin - री’- मार्ज’ - इन् - *v. t.* to make a margin anew. फिर से हाशिया छोड़ना।

Remark - रि - मार्क्’ - *v. t. & i.* to take notice of, to perceive, to observe, to express by way of remark. ध्यान देना, लक्ष्य करना, विचारना, बोलना; *-n.* notice, observation. चर्चा, निरूपण, लेख; **Remarkable** (- ऍब्ल्) - *adj.* worthy of notice, extra-ordinary, peculiar. स्मरण करने योग्य, अद्भुत, विलक्षण; **Remarkableness** (- एब्ल् - नेंस्) *-n.* the quality of being remarkable. विलक्षणता, विचित्रता; **Remarkably** (- एब्लि) - *adv.* in a remarkable manner. विशेष रूप से; **Remarker** (- अर्) - *n.* one who makes remarks. आक्षेप करनेवाला।

Remarriage - री’ - मॉ’ - रिज् - *n.* the act of marrying again. पुनर्विवाह।

Remarry - री’ - मॉ’ - रि - *v. t.* (*p. t.* **Remarried.**) to marry a second time. दुबारा विवाह करना।

Remast - री - मास्ट्’ - *v. t.* to provide with new masts. नया मस्तूल लगाना।

Remasticate - री - मास्ट्’ - इक् - एट् - *v. t.* to chew again and again. बारम्बार चबाना, पागुर करना।

Remediable - रि - मी’- डी - ऍब्ल् - *adj.* able to be remedied. चिकित्सा करने योग्य।

Remedial - रि - मी’- डी - अल् - *adj.* pertaining to healing. चिकित्सा-सम्बन्धी; **Remedially** (-लि) *-adv.* by way of remedy. प्रतिकार या उपाय से।

Remediless - रेम’ - इड् - इ - लेंस् - *adj.* without a remedy, incurable. बिना चिकित्सा या उपाय का, निरुपाय; **Remedilessly** (- लि) *-adv.* so as to prevent remedy. बिना चिकित्सा के।

Remedy - रेम्’- इड् - इ - *n.* (*pl.* **Remedies.**) cure for a disease, healing medicine, redress, means of relieving an evil. औषधि, चिकित्सा; - *v. t.* (*p. t.* **Remedied.**) to cure, to make good, to rectify. चिकित्सा करना, प्रतिकार करना, उपाय करना।

Remember - रि - मेंम्’ - बर् - *v. t.* to retain in memory, to bear in mind, to recollect, to learn by heart, to make a present to. स्मरण रखना, याद करना, उपहार देना; **Rememberable** (- ऍ - बल्) - *adj.* able to be remembered. स्मरण करने या रखने योग्य।

Remembrance - री - मेम्’- ब्रेन्स् - *n.* the act of remembering recollection, keepsake, memorial, memento. स्मरण, स्मारक, यादगार, स्मारक वस्तु; - *pl.* greetings conveyed through a third person. (ब. व.) तृतीय पुरुष द्वारा भेजा गया शुभ समाचार; **To put in remembrance** (to remind) स्मरण कराना; **Remembrancer** (- अर्) *-n.* an officer of the exchequer, a reminder. राजकोष का अध्यक्ष, याद दिलानेवाला।

Remiform - रेम्’ - इ - फ़ॉर्म् - *adj.* of the shape of an oar. डाँड़े के आकार का।

Remigrate - री - माइ’ - ग्रेट्’ - *v. t.* to migrate a second time. दुबारा दूसरे देश में जाकर बसना।

Remind - रि - माइन्ड्’ - *v. t.* to put in mind, to cause to remember स्मरण कराना, याद दिलाना; **Reminder** (- अर्) *-n.* he, who or that which reminds. अनुस्मारक, याद दिलानेवाला मनुष्य या पदार्थ; **Remindful** (- फुल्) *-adj.* tending to remind retaining or reviving the memory of. स्मरण करानेवाला, स्मृति रखने या जगानेवाला।

Reminiscence - रेम्’- इन् - इस् - एन्स् - *n.* remembering, recollection, remembered fact, recovery of knowledge by the effort of the mind. स्मरण, स्मृति, स्मरण किया हुआ विषय, स्मरण द्वारा ज्ञान प्राप्ति; *-pl.* collection of incidents to be remembered. (ब. व.) घटनाओं का स्मरण; **Reminiscent** (-सेंन्ट्) - *adj.* remindful, having reminiscence of. स्मरण करानेवाला, स्मृति रखने या जगानेवाला; **Reminiscential** (-सेंन्’- शल्) *-adj.* memorial. स्मरण-सम्बन्धी।

Remint - री’ - मिन्ट् - *v. t.* to cast coins again in mint. टकसाल में फिर से मुद्रा ढालना।

Remise - रि - माइज़्’ - *v. t.* to make over or surrender a claim. अधिकार या सम्पत्ति त्याग देना।

Remiss - रि - मिस्’ - *adj.* careless of duty, sluggish, negligent, weakened, relaxed. कर्त्तव्य में शिथिल, असावधान, आलसी, दुर्बल, ढीला।

Remissible - रि - मिस्’ - एबल् - *adj.* what may be remitted. देने योग्य।

Remission - रि - मिश्’ - अन् - *n.* forgiveness of sins, abatement, remitting of debt, relaxation of force. पापों का प्रायश्चित्त, क्षमा, ऋण चुकाना, शक्ति का कम करना।

Remissive - रि - मिस्’ - इव् - *adj.* forgiving. क्षमायोग्य, क्षमा करनेवाला।

Remissly - रि - मिस्’- लि - *adv.* carelessly. असावधानी से।

Remissness - रि - मिस्’-नेंस् - *n.* carelessness. शिथिलता, आलस्य।

Remit - रि - मिट्’ - *v. t. & i.* (*p. t.* **Remitted.**) to pardon, to abate, to slacken, to transmit money, to put in the previous condition. क्षमा करना, कम करना या होना, शिथिल करना, रुपया अदा करना, पूर्वस्थिति में रखना।

Remittal - री - मिट्’- अल् - *n.* remittance. प्रेषण, त्याग।

Remittance - री - मिट्'- आन्स् - *n.* the sum remitted, the act of transmitting money. प्रेषित धन, भेजा हुआ धन, धन प्रेषण या प्रेरण, हुंडी।

Remittee - रि' - मिट - इ' - *n.* the receiver of a remittance. प्रेषित धन को पानेवाला व्यक्ति।

Remittent - रि - मिट' - एन्ट् - *adj.* of fever that abates temporarily. ऐसे ज्वर के विषय का जो कुछ काल के लिए हट जावे।

Remitter - रि - मिट्'- अर् - *n.* one who remits money. प्रेषक, रुपया भेजनेवाला।

Remitting - रि - मिट् - इङ्ग् - *adj.* relaxing, slackening शिथिल।

Remnant - रेंम्' - नेन्ट् - *n.* a small remaining, quantity, fragment, remainder. अवशेष, बचा हुआ अंश, बचत।

Remodel - री - मॉड्' - ल् - *v. t.* (*p. t.* **Remodelled.**) to model or fashion again. पुनर्निर्माण करना, फिर से तैयार करना या बनाना।

Remollient - रि - मॉल्'- इ - ऐन्ट् - *adj.* softening. मुलायम करनेवाला।

Remolten - री - मोल्ट्'- एन् - *adj.* melted again. दुबारा गलाया हुआ।

Remonstrance - रि - मॉन्' - स्ट्रान्स् - *n.* a formal representation of any grievance, expostulation. कष्ट के लिए किसी विषय की प्रार्थना, प्रबोध वचन; **Remonstrant** (- स्ट्रन्ट्) - *adj.* expostulatory. प्रतिवाद करनेवाला; **Remonstrantly** (- स्ट्रन्ट् - लि) - *adv.* in an expostulatory manner. प्रतिवाद करते हुए।

Remonstrate - रि - मॉन्सट्'- रेट् - *v. i. & t.* to make a protest, to expostulate. निवारण के लिए यत्न करना, प्रतिवाद या हुज्जत करना; **Remonstration** (- शन्) -*n.* act of remonstrating. प्रतिवादन, हुज्जत; **Remonstrative** (- वि) -*adj.* pertaining to remonstration. प्रतिवाद सम्बन्धी, हुज्जती; **Remonstrator** (- टर्) -*n.* one who remonstrates. हुज्जत करनेवाला।

Remontant - रि - मॉन्ट्'- एन्ट् - *adj. & n.* blooming a second time, a flower that blooms more than once in a year. वर्ष भर में एक बार से अधिक फूलनेवाले (फूल)।

Remora - रेम' - ओ - रॉ - *n.* a kind of fish, an obstacle, an impediment. एक प्रकार की मछली, विघ्न, रुकावट।

Remorse - रि - मॉर्स्' - *n.* bitter repentance, regret. पश्चात्ताप, पछतावा; **Remorseful** (- फुल्) -*adj.* full of remorse. पश्चात्तापपूर्ण; **Remorsefully** (- फुलि) - *adv.* in a remorseful manner. पश्चात्ताप से; **Remorseless** (- लेंस्) - *adj.* relentless. पश्चाताप-रहित; **Remorselessly** (-लेंस् - लि) - *adv.* relentlessly. बिना पछतावा के; **Remorselessness** (- नेंस्) - *n.* the state of being relentless. पश्चात्तापशून्यता, बिना पछतावे की हालत।

Remote - रि - मोट्' - *adj.* far apart, far off, distant, secluded, slight. दूरस्थ, दूरवर्ती, असमीप, गुप्त, अल्पमात्र; **Remotely** (- लि) -*adv.* in a remote degree. दूर से; **Remoteness** (- नेंस्) -*n.* the state of being remote. दूरता।

Remould - री - मोल्ड्' - *v. t.* to mould or shape a new. फिर से ढालना या बनाना।

Remount - री - माउन्ट्'- *v. t. & i.* to mount again, to ascend again. फिर से घोड़े पर सवार होना, दुबारा चढ़ना।

Removable - री - मूव्'- एबल् - *adj.* able to be removed. हटाने योग्य।

Removal - री - मूव्'- एल् - *n.* the act of removing. अपहरण, हटाव।

Remove - रि - मूव् - *v. t. & i.* to take away from a specified place, to change residence, to dismiss, to displace, to withdraw. दूसरे स्थान पर ले जाना, स्थान बदलना, दूर करना, बहिष्कार करना, हटाना; - *n.* removal, departure, a step in a scale of graduation. हटाव, प्रस्थान, पदवी, क्रम; **To remove mountains** (to perform extraordinary work.) विलक्षण कार्य करना; **Removed** (- ड) -*adj.* remote, separate from others. दूर का, दूसरों से पृथक्; **Remover** (- अर्) - *n.* one who removes. हटानेवाला।

Remunerable - री - म्यू' - नर् - एबल् - *adj.* fit for being rewarded. पुरस्कार या शुल्क देने के योग्य।

Remunerate - री - म्यू'- नर् - एट् - *v. t.* to make payments for the service rendered, to pay recompense for. प्रतिफल या पुरस्कार देना, मेहनत की मजदूरी देना; **Remuneration** (- शन्) -*n.* reward, requital, recompense. पारितोषिक, वेतन, प्रतिफल; **Remunerative** (- इव्) -*adj.* pertaining to remuneration. प्रतिदान या पारितोषिक सम्बन्धी; **Remuneratively** (- इव्-लि) -*adv.* by way of remuneration. पारितोषिक रूप में; **Remunerativeness** (- इव् - नेंस्) -*n.* the quality of being remunerative. प्रतिदान।

Remurmer - री - मर्म'- अर् - *v. i.* to 'murmur' again. दुबारा बड़बड़ाना।

Renaissance - रिने- (ना) सन्स् - *n.* the period of revival of arts and letters. कला-कौशल तथा विद्या की जागृति का काल।

Renal - री' - नल् - *adj.* of the kidneys. वृक (गुरदा) सम्बन्धी।

Rename - री - नेंम्' - *v. t.* to give a new name to. नया नाम देना या रखना।

Renascence - रि - नॉस्' - एन्स - *n.* rebirth. पुनर्जन्म; **Renascent** (- सेंन्ट्) - *adj.* being reborn. दुबारा जनमा हुआ।

Rencounter - रेन्'- काउण्ट् - अर्, **Rencontre** - रान् - कॉन्टर् - *ns.* encounter sudden conflict, casual meeting. द्वन्द्व युद्ध, झगड़ा, आकस्मिक भेंट।

Rend - रेंन्ड् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Rent.**) to tear, to split into two, to divide, खण्ड करना, फाड़ना (चीरना), टुकड़े-टुकड़े करना।

Rendezvous - रेंण्ड'- वू (**Fr.** - रान्डिवू) - *n.* (*pl.* **Rendezvous.**) a meeting place, a place appointed for the assembling of troops &c. मिलन स्थान, समागम का स्थान, सेना, जहाज इत्यादि का अड्डा; -*v. t.* to assemble at a fixed place. संकेत किये हुए स्थल पर जुटना।

Rending - रेन्ड्' - इङ्ग् - *n.* tearing, dividing. भङ्ग, भेद।

Rendition - रेन्ड् - इश्'- अन् - *n.* the act of surrendering, translation. सौंपने का कार्य, अनुवाद।

Renegade - रेन्' - इ - गेड् - *n.* one who deserts his party or faith, a turncoat. स्वधर्मत्यागी, पाखंडी।

Renegation - रेन्' - इग् - ए'- शन् - *n.* the act of deserting one's faith. स्वधर्मत्याग, पाखण्ड।

Renew - रि - न्यू' - *v. t. & i.* to bring to original state, to make new, to regenerate, to replace. पहले की अवस्था में लाना, नया करना या होना, नया कराना, पूर्व अवस्था में लाना।

Renewable - रि - न्यू' - एँ - बल् - *adj.* that may be renewed. नवीन करने योग्य।

Renewal - रि - न्यू' - अल् - *n.* the act of renewing, revival. नवीनीकरण, उद्धार।

Renewed - रि - न्यू - ड्'- *adj.* made new again. नवीकृत, नया किया हुआ।

Renewer - रि - न्यू' - अर् - *n.* one who renews. नया करनेवाला।

Renidification - री - निड्'- इ - फिक्'- ए'- शन् - *n.* the act of building a new nest. नया घोंसला बनाने की क्रिया।

Renidify - री - निड्'- इ - फाइ - *v. i.* (*p. t.* **Renidified.**) to build a new nest. नया घोंसला बनाना।

Reniform - रेन्' - इ - फार्म - *adj.* kidney-shaped. वृक्क (गुर्दे के आकार का)।

Renigation - रेन् - इग् - ए'- शन् - *n.* treachery. विश्वास घात।

Rennet - रेन्' - एट् - *n.* curdled milk, any thing used to curdle milk, a kind of sweet apple. जमा हुआ दूध, दूध जमाने के लिये प्रयुक्त पदार्थ, एक प्रकार का मीठा सेव।

Renominate - री - नॉम्'- इन् - एट् - *v. t.* to nominate again. दुबारा निर्धारण करना; **Renomination** (-शन्) -*n.* a nominating again. दुबारा निर्धारण।

Renounce - रि - नाउन्स्' -*v. t. & i.* to abandon, to give up, to decline. त्यागना, छोड़ना, अस्वीकार करना; **To renounce the world** (to follow the life of a hermit.) संसार छोड़कर संन्यास ग्रहण करना; **Renouncement** (- मेंन्ट्) -*n.* renunciation. त्याग।

Renouncer - री - नाउन्स्'- अर् - *n.* one who renounces. त्यागनेवाला।

Renovate - रेन्'- ओव - एट् - *v. t.* to make new again, to restore to a good condition. नया करना, अच्छी अवस्था में लाना; **Renovation** (- शन्) -*n.* the act of renewing. नूतन अवस्था, उद्धार; **Renovator** (- अर्) -*n.* one who renovates. नया करनेवाला।

Renown - रि - नाउन्' - *n.* reputation, celebrity, fame. यश, कीर्ति; **Renowned** (- ड्) - *adj.* famous, eminent, celebrated. प्रसिद्ध, नामी।

Rent - रेंन्ट् - *p. t.* of **Rend.**

Rent - रेंन्ट् - *n.* tear, cleft, gorge, a tenant's periodical payment to landlord, payment for hire. फटन, दर्रा, फाँक, मालगुज़ारी, भाड़ा (मासूल); -*v. t. & i.* to lease or let on rent. किराये पर या पट्टे पर देना।

Rentable - रेंन्ट्'- एँ - बल् - *adj.* able to be rented. किराये पर देने योग्य।

Rental - रेंन्ट्'- अल् - *n.* amount of rent. मालगुजारी, किराये से मिला हुआ धन।

Rented - रेन्ट्'- एड् - *adj.* given on rent. किराये पर दिया हुआ।

Renter - रेन्ट्' - अर् - *n.* a tenant, one who holds a lease by paying rent for. असामी, किरायेदार।

Renter - रेन्ट्' - अर् - *v. t.* to sew together the edges of cloth without folding. बिना मोड़े टक्करी सियन सीना।

Rent-free - रेंन्ट्' - फ्री' - *adj.* without rent. माफी, बिना देन या लगान की।

Renumber - री' - नम्' - बर् - *v. t.* to number or count again. फिर से गणना करना (गिनना)।

Renunciant - रि - नन्' - सि - एन्ट् - *adj.* relating to renunciation. त्याग-सम्बन्धी; **Renunciation** (- शन्) -*n.* the act of renouncing, self-denial, rejection. त्याग, आत्मत्याग, अस्वीकार; **Renunciative** (- शिएँ - टिव्), **Renunciatory** (- शिएँ - टरि) *adjs.* pertaining to renunciation. त्याग-सम्बन्धी।

Reobtain - री - अॅब् -टेंन्' - *v. t.* to get again. पुनः प्राप्त करना।

Reoccupy - री - आक्'- यु - पाइ - *v. t.* (*p. t.* **Reoccupied**) to occupy again. फिर से ग्रहण करना।

Reopen - री' - ओ - पन् - *v. t. & i.* to open again. फिर से खोलना या खुलना।

Reordain - री' - ऑर् - डेन् - *v. t.* to ordain again.

फिर से नियुक्त करना।

Reorder - री - ऑर्ड' - अर् - *v. t.* to repeat a command. फिर से आज्ञा देना।

Reordination - री' - ऑर्ड - इन - ए' - शन् - *n.* ordaining a second time. दुबारा नियुक्ति।

Reorganization - री' - ऑर्ग' - ऑन् - इज् - ए' - शन् - *n.* the act of organizing a second time. नवीन क्रम।

Reorganize, Reorganise - री - ऑर्ग' - ऑन् - इज् - *v. t.* to rearrange. फिर से क्रम में रखना।

Rep, Repp - रेंप् - *ns.* a kind of fine cloth. एक प्रकार का महीन वस्त्र।

Repacify - री' - पॉस्-इ-फ़ाइ - *v. t.* (*p.t.* **Repacified.**) to pacify again. पुनः शान्त करना या सान्त्वना देना।

Repack - री - पॉक्' - *v. t.* to pack again. फिर से गठरी बाँधना।

Repair - रि - पेंअर्' - *v. t. & i.* to go, to resort, to ake amends for, to build, to mend. जाना, शरण प्राप्त करना, बदला देना, बनाना, मरम्मत करना; *-n.* a haunt, restoring to sound health, good condition. स्थान, स्वास्थ्य, मरम्मत; **Repairable** (- ऍब्ल्) *-adj.* able to be mended. मरम्मती, मरम्मत करने योग्य; **Repairer** (- अर्) *-n.* one who repairs or mends. मरम्मत करनेवाला।

Repand - रि - पॉन्ड्' - *adj.* with wavy margin. लहरियादार किनारेवाला।

Reparable - रेप्' - अर् - एब्ल् - *adj.* that may be made good, satisfactory. पूर्ण करने या सुधारने योग्य, सन्तोषजनक।

Reparation - रेप' - अर् - ए' - शन् - *n.* repairing, compensation. हानि की पूर्ति (संशोधन), बदला।

Reparative - रें' - परें - टिव् - *adj.* restoring to a sound health. स्वस्थ करनेवाला।

Repartee - रेंप' - आर - टी - *n.* a quick witty reply or retort. क्षणिक उत्तर, व्यंग उक्ति; *-v. t.* to make a retort. व्यंग बोलना, तुरन्त उत्तर देना।

Repartition - री' - पार्ट - इश्' - अन् - *n.* a division into smaller parts. छोटे अंशों में विभाजन; *-v. t.* to make divisions again. ऐसा विभाजन करना।

Repast - रि - पास्ट्' - *n.* food supplied for being eaten, meal. भोजन, आहार।

Repatriate - री - पॉट्' - रि - एट् - *v. t. & i.* to return to one's own country. अपने देश को वापस जाना; **Repatriation** (- शन्) - *n.* the act of returning to one's own country. स्वदेशागमन, प्रत्यावसन।

Repay - रि - पें' - *v. t. & i.* (*p. t.* **Repaid.**) to pay back, to return, to retaliate. चुका देना, वापस करना, बदला देना; **Repayment** (-मेंन्ट्) *-n.* the act of paying back. वापसी।

Repeal - री - पील्' - *v. t.* to revoke, to annul, to abrogate. खण्डन करना, तोड़ना; - *n.* abrogation, revocation. प्रचारभंग, खंडन; **Repealable** (- ऍब्ल्) - *adj.* revocable, capable of being repealed. खंडन करने योग्य; **Repealer** (- अर्) *-n.* one who seeks a repeal, an advocate of repeal. खंडन करनेवाला, कानून को तोड़ने या सुधारनेवाला वकील; **Repealment** (- मेंन्ट्) *-n.* act of repealing. खण्डन करने का कार्य।

Repeat - रि - पीट्' - *v. t. & i.* to do or say again, to recite, to renew, to recur, to appear again. फिर से कहना या करना, दुहराना (पढ़ना), नया करना, आवृत्ति करना, फिर से उपस्थित होना; **Repeatable** (- ऍब्ल्) *-adj.* able to be repeated. दुहराने योग्य; **Repeated** (- ऍड्) - *adj.* done a second time. दुबारा किया हुआ; **Repeatedly** (- लि) - *adv.* again and again, frequently. बारम्बार, अनेक बार; **Repeater** (- अर्) - *n.* one who repeats. पुनरावर्तक, बार-बार होनेवाला, दुहरानेवाला; **Repeating** (- इङ्ग्) - *n.* saying or doing something again. दुहराना।

Repel - रि - पेंल्' - *v. t.* (*p. t.* **Repelled.**) to drive back, to ward off, to refuse acceptance to, to oppose. पीछे को हटाना, टालना, अस्वीकार करना, विरोध करना।

Repellent - रि - पेल्' - एन्ट् - *adj.* opposing. प्रतिकारक, पीछे हटनेवाला; **Repellently** (- लि) *-adv.* in a repellent manner. प्रतिकार या रुकावट से।

Repent - रि - पेंन्ट्' - *adj.* creeping along the ground. भूमि पर रेंगता हुआ; *-v. t. & i.* to feel regret for something, to be regretful about. पश्चात्ताप करना, पछताना।

Repentance - रि - पेंन्ट्' - एन्स् - *n.* sorrow, grief. खेद, पश्चात्ताप।

Repentant - रि - पेंन्ट्' - एन्ट् - *adj.* repenting, sorrowful. पछतावा करनेवाला, दुःखी; **Repentantly** (- लि) *-adv.* in a penitent manner. पछतावे से।

Repeople - री' - पीप्ल्' - *v. t.* to fill up with men again. फिर से बसाना।

Repercussion - री' - पर - कश्' - अन् - *n.* the act of driving behind. पीछे की ओर हटाव, प्रतिघात।

Repertory - रेप्' - अर् - टर् - इ - *n.* place for finding something, a store-house, treasury. कोष, भण्डार।

Reperusal - री' - पर् - उज्' - अल् - *n.* act of thinking or reading over again. पुनरावलोकन, पुनर्विचार, पुनर्पठन।

Reperuse - री' - पर् - उज् - *v. t.* to think or read over again. पुनर्विचार करना, दुबारा पढ़ना।

Repetend - रेप' - इट् - एन्ड् - *n.* a recurring word, refrain. पुनरावृत्ति का शब्द, टेक।

Repetition - रेप्' - इट् - इश् - अन् - *n.* the act of doing or uttering a second time. पुनरुक्ति, दुहराव, आवृत्ति; **Repetitional** (- अल्) - *adj.* repeating. पुनरुक्ति-सम्बन्धी; **Repetitionary** (- अरि) - *adj.* containing repetitions. आवृत्तियों से युक्त।

Repine - रि - पाइन्' - *v. i.* to be discontented, to complain, to fret. असन्तुष्ट होना, सन्ताप करना, खिन्न होना; **Repining** (- इङ्ग्) -*n.* discontentment. असन्तोष, शोक; **Repiningly** (-इङ्ग् - लि) -*adv.* with repining. शोक से।

Replace - रि - प्लेस्' - *v. t.* to put in place again, to substitute for, to fill up a place. पुनः स्थापित करना, बदले में रखना, भर्ती करना; **Replaceable** (- एँ-ब्ल्) -*adj.* capable of replacement, स्थापित करने योग्य; **Replacement** (- मेन्ट्) -*n.* act of replacing. प्रतिस्थापन, बदला, भरती; **Replacing-switch** -*n.* an appliance to set upon rails, a derailed locomotive. रेल लाइन से उतर गये हुए इंजन को फिर से चढ़ाने का यंत्र।

Replait - री - प्लेट्' - *v. t.* to plait or fold again. दुबारा तह करना।

Replant - री' - प्लॉन्ट्' - *v. t.* to plant again. पौधे को एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान में लगाना।

Replenish - रि - प्लेंन्' - इश् - *v. t.* to fill up again. फिर से भरना; **Replenished** (- ड्) -*adj.* filled up again. फिर से भरा हुआ; **Replenishment** (- मेन्ट्) -*n.* the act of filling up again. दुबारा पूर्ति।

Replete - रि - प्लीट्' - *adj.* fully filled, well stocked. परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ।

Repletion - रि - प्ली' - शन् - *n.* fullness. पूर्णता।

Repletive - रि - प्ली' - टिव् - *adj.* filling. परिपूरक।

Replevin - रि - प्लेव् - इन् - *n.* recovery of distrained goods on security submitted. जमानत देने पर कुर्क किये हुए माल की प्राप्ति; **Replevy** (- इ) -*n.* taking back what has been distrained. कुर्क किए माल को पुनः प्राप्त करना।

Replica - रेप्'- लिक् - आ - *n.* duplicate of an original painting made by the artist himself (who made the original.) किसी चित्रकार के बनाये हुए चित्र का प्रतिरूप (नकल) जिसको स्वयं उस चित्रकार ने बनाया हो।

Replicate - रेप्'- लिक् - एट् - *adj.* folded back on itself. अपने ही ऊपर मुड़ा हुआ; -*v. t.* to repeat, to fold back. दुहराना, मोड़ना; **Replication** (- शन्) - *n.* fold plaintiff's reply, echo. मोड़, वादी का प्रतिवादी को उत्तर, प्रतिध्वनि।

Replier - रि - प्लाइ'- अर् - *n.* one who replies. उत्तर देनेवाला।

Reply - रि - प्लाइ'- *v. t. & i.* (*p. t.* **Replied.**) to answer, to respond. उत्तर देना, जवाब देना; - *n.* (*pl.* **Replies.**) answer, response. उत्तर (प्रतिवाद), जवाब; **Reply paid (telegram)** a telegram for the reply of which payment has been made before. तार जिसके उत्तर के लिये रुपया जमा कर दिया गया हो।

Repoint - री - पॉएन्ट्' - *v. t.* to point again. फिर सूचित करना।

Repopulate - री' - पॉप्' - यू - लेट् - *v. t.* to populate afresh. नयी बस्ती बसाना, नये ढंग से जनपूर्ण बनाना।

Report - रि - पोर्ट' - *v. t. & i.* to submit an account of, to relate an ascertained fact, to narrate, to make official statement, to announce. वृतान्त उपस्थित करना, निश्चित की हुई बात का विवरण देना, वर्णन करना, सरकारी विज्ञप्ति जताना या बताना, घोषणा करना; -*n.* an account, a rumour, a loud noise. विज्ञापन, समाचार (जनश्रुति), प्रतिवेदन, चर्चा, तेज शब्द; **Bad report** (false rumour.) झूठी जनश्रुति या सूचना; **The report goes** (such is the rumour.) ऐसा सुना जाता है; **Written report** (written description.) लिखित विवरण, आवेदन-पत्र।

Reportable - रि - पोर्ट्' - एब्ल् - *adj.* able to be published. प्रकाशित करने योग्य; **Reporter** (- अर्) -*n.* one who makes a report. वृतान्त निवेदन करनेवाला; **Reporting** (- इङ्ग्) - *n.* act of making a report. सूचना देने का कार्य।

Reposal - रि - पो'- ज़ल् - *n.* rest. विश्राम।

Repose - रि - पोज़्' - *v. t. & i.* to deposit, to rest, to lie, to place trust in, to lay at rest. जमा करना, रखना, धरना, विश्वास दिलाना; - *n.* a rest or pause, tranquility. विराम, उपशमन, शान्ति; **Reposeful** (- फ़ुल्) - *adj.* inducing repose. विश्रामपूर्ण; **Reposefully** (- फ़ुलि) - *adv.* in a reposing manner. विश्रामपूर्वक।

Reposit - रि - पोज्'- इट् - *v. t.* (*p.t.* **Reposited.**) to lay in safety. सुरक्षित रखना।

Repository - रि - पोज्'- इट् - अर् - इ - *n.* a place where things are stored up for safety. सुरक्षा कोष, भण्डार।

Reposses - री' - पज् - एस' - *v. t.* to posses again. फिर से अधिकार प्राप्त करना।

Reposure - रि - पो'- जर् - *n.* peace, rest. शान्ति।

Reprehend - रेप्'- रि -हेन्ड्' - *v. t.* to rebuke, to censure, to find fault with. निन्दा करना, झिड़कना, कलंक लगाना; **Reprehender** (- अर्) -*n.* one who blames. निन्दक।

Reprehensible - रेप्'- रि -हेन्स् - इबल् - *adj.* blamable. निन्दनीय; **Reprehensibly** (- इ) - *adv.* blamably. निन्दा से; **Reprehension** (- शन्) - *n.* reproof, blame, censure. निन्दा, कलंक।

Represent - रेप्'- रिज् - एन्ट् - *v. t.* to call up before the mind, to describe or depict, to play the part of, to act or stand for, to fill the place of, to act as a substitute for. चित्त में लाना, वर्णन करना, चित्र बनाना, किसी व्यक्ति का अभिनय या नकल करना, प्रतिनिधि होना, स्थान पूर्ण करना; **To represent in writing** (to put in black and white.) लेखरूप में रखना।

Representable - रेप्'- रिज् - एन्ट्'- एबल् - *adj.* that may be represented. वर्णन करने योग्य;

Representation (- शन्) - *n.* the act of representing, likeness. अभ्यावेदन, प्रतिनिधित्व, वर्णन (प्रदर्शन), प्रतिरूप (मूर्ति); **Representaional** (- शन्-अल्) - *adj.* pertaining to representation. प्रदर्शन सम्बन्धी, प्रतिरूप का; **Representative** (- टिव्) - *adj. & n.* exhibiting a symbol of, typical, of a class, consisting of elected members. प्रतिनिधि, प्रतिरूप, प्रतिपुरुष; **Representatively** (- टिव् - लि) - *adv.* in a representative manner. प्रतिनिधिरूप में; **Representativeness** (- टिव् - नेंस) - *n.* the quality of being representative. प्रतिरूपता।

Repress - रि - प्रेंस्' - *v. t.* to suppress, to subdue, to restrain, to put under control. शमन करना, दबाना, रोकना, नियंत्रण में रखना; **Represser** (- अर्) - *n.* one who checks. रोकनेवाला; **Repression** (- शन्) - *n.* check, restraint. विरोध, दबाव; **Repressive** (- इव्) - *adj.* tending to restrain. निरोधी, दबानेवाला।

Reprieve - रि - प्रीव्' - *v. t.* to stop or delay a sentence of death. प्राणदण्ड को कुछ समय के लिये रोकना या स्थगित करना; *-n.* a temporary suspension of death sentence. प्राणदण्ड की अस्थायी रुकावट।

Reprimand - रेप्'- रि - मॉन्ड् - *v. t.* to rebuke for a fault. निन्दा करना, झिड़कना; *n.* a severe reproof. झिड़की, घुड़की।

Reprint - री - प्रिन्ट्'- *v. t.* to print or publish a second time. दुबारा छापना या प्रकाशित करना; *-n.* a new unaltered impression of a book. नया प्रकाशन या संस्करण।

Reprisal - रि - प्राइज् - अल् - *n.* the act of retaliation. बदला लेने का कार्य।

Reprise - रि - प्राइज़्' - *n.* yearly payment of rent, retaliation. वार्षिक देन, बदला।

Reproach - रि - प्रोच्' - *v. t.* to scold, to rebuke, to censure. गाली देना, तिरस्कार करना, धिक्कारना; *-n.* a censure, disgrace. धिक्कार, तिरस्कार, गाली; **Reproachable** (- ऐबल्) *-adj.* deserving censure. निन्दा के योग्य; **Reproachably** (- ऐब्लि) *-adv.* with reproaches. निन्दासहित; **Reproachful** (- फुल्) *-adv.* base, full of rebuke, shameful. नीच, निन्दनीय, लज्जापूर्ण; **Reproachfully** (- फुलि) *-adv.* shamefully. निन्दापूर्ण ढंग से; **Reproachfulness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being reproachful. लज्जापूर्णता, निन्दनीयता, नीचता; **Reproachingly** (- इङ्ग् - लि) *-adv.* in a reproaching manner. झिड़कते हुए।

Reprobate - रेप्'- रो - बेट् - *v. t.* to reject, to express disapproval for. अस्वीकार करना, धिक्कार प्रकट करना; *-adj. & n.* depraved, one who is cast off by God. दुष्ट, दुराचारी, पापी; **Reprobation** (- शन्) - *n.* the act of reprobating. अति दृष्टता, लम्पटता।

Reproduce - री'- प्रॉड् - यूस्'- *v. t.* to generate again, to renew the production of, to produce again. पुनः उत्पन्न करना, नई उत्पत्ति करना, नया करना।

Reproduction - री' - प्राड् - अक्'- शन् - *n.* the act of reproducing, propagation. पुनर्जन्म, दुबारा वंश या सन्तान की उत्पत्ति।

Reproductive - री' - प्राड् - अक्ट्' - इव् - *adj.* having power to produce. उत्पन्न करने की शक्तिवाला; **Reproductive system** (organs of reproduction.) जनन यन्त्र।

Reproof - रि - प्रूफ़' - *n.* blame, reproach, expression of blame. निन्दा, भर्त्सना, झिड़की।

Reprovable - रि - प्रूव - एब्ल् - *adj.* blamable. निन्दनीय, भर्त्सना के योग्य।

Reproval - रि - प्रूव्' - अल् - *n.* reproof. भर्त्सना, झिड़की।

Reprove - रि - प्रूव्' - *v. t.* to rebuke, to chide. झिड़की देना, डाँटना।

Reprovingly - रि - प्रूव्' - इङ्ग् - लि - *adv.* in a rebuking manner. दोष लगाते हुए, झिड़कते हुए।

Reptant - रेप्' - टॉन्ट् - *adj.* creeping रेंगनेवाला।

Reptile - रेप्'- टाइल् - *n.* a crawling animal. रेंगनेवाला जन्तु; *-adj.* creeping. रेंगनेवाला।

Reptilian - रेप् - टिल्'- इ - अन् - *adj.* pertaining to reptiles. रेंगनेवाले जन्तु का।

Republic - रि - पब्' - लिक् - *n.* a state in which the government is carried on by elected representatives, a commonwealth. प्रजातन्त्र राज्य, ऐसा राज्य जिसमें चुने हुए सदस्य सब प्रबन्ध करते हैं; **Republican** (- अन्) *-adj. & n.* pertaining to a republic, one who favours republicanism. लोक-प्रभुत्व-सम्बन्धी, लोकतंत्रवादी; **Republicanism** (- इज़्म्) *-n.* theory of the republican form of government. प्रजातंत्र राज्य का सिद्धान्त।

Republicanize - रि - पब्'- लिक् - ऑन् - आइज् - *v. t.* to convert into a republican form of government. प्रजातंत्र राज्यक्रम स्थापित करना।

Republication - री'- पब्'- लिक् - ए'- शन् - *n.* the publication of a work a second time. पुनरावृत्ति, पुनः प्रकाशन।

Republish - री' - पब्' - लिश् - *v. t.* to publish again. फिर से प्रकाशित करना।

Repudiate - रि - प्यू' - डि - एट् - *v. t.* to divorce one's wife, to disown or to reject, to refuse to obey. स्त्री का परित्याग करना, अस्वीकार करना, आज्ञा पालन न करना; **Repudiation** (- शन्) *-n.* divorce. पत्नी-परित्याग, तलाक; **Repudiator** (- अर्) *-n.* one who repudiates or divorces. पत्नी-परित्याग करनेवाला।

Repugn - रि - प्यून्' - *v. i. & t.* to offer opposi-

tion, to strive against. विरोध करना, सामना करना।

Repugnance - रि - पग्’- नान्स् - *n.* inconsistency, aversion, dislike. विरोध, अनिच्छा, घृणा; **Repugnancy** (- सि) - *n.* inconsistence. विरोध; **Repugnant** (- नन्ट्) - *adj.* contradictory. विरुद्ध, प्रतिकूल।

Repullulate - रि - पुल्यु - लेट्’ - *v. i.* to shoot out again. फिर से उभड़ आना; **Repullulation** (-लें - शन्) -*n.* the act of budding afresh. नया उभाड़।

Repulse - रि - पल्स्’ - *v. t.* to drive back, to refuse, to rebuff. हटा देना, अस्वीकार करना, भगा देना; -*n.* refusal, denial. निषेध, अस्वीकार।

Repulsion - रि - पल्’- शन् - *n.* the act of repulsing, aversion. हटा देने या हट जाने की क्रिया, पराजय, अस्वीकार, प्रतिकर्षण, प्रतिनिवृत्ति, वितृष्णा।

Repulsive - रि - पल्स्’ - इव् - *adj.* forbidding, offering resistance, unsympathetic. निषेधक, प्रतिघाती, सहानुभूति न रखने वाला; **Repulsively** (- लि) -*adv.* in a repulsive manner. अप्रियता से, घृणा से; **Repulsiveness** (- नेंस) -*n.* hatred. घृणा।

Repurchase - री - पर्’ - चेंज् - *v. t.* to buy again. दुबारा मोल लेना; -*n.* the act of buying again. दुबारा खरीद।

Repurify - री’- प्यूरि - फ़ाइ’- *v. t.* (*p. t.* **Repurified.**) to purify again. फिर से (दुबारा) शुद्ध करना।

Reputable - रेप्’ - यूट् - एब्ल् - *adj.* honourable, esteemed. प्रतिष्ठित, कीर्तियुक्त, सम्मान किया हुआ।

Reputation - रेप्’- यू - टे’ - शन् - *n.* good name, esteem, respectability. कीर्ति, यश, मान, प्रसिद्धि; **Bad reputation** (discredit) दुर्नाम; **Good reputation** (good name.) सुयश।

Repute - रि - प्यूट्’- *v. t.* to consider, to reckon. विचारना, गणना करना; - *n.* reputation, fame. कीर्ति, यश; **Reputed** (-ऍड) -*adj.* generally regarded. माना हुआ; **Reputedly** (- लि) - *adv.* with reputation. प्रसिद्धि से; **Reputeless** (-लेंस) - *adj.* disgraceful. निन्द्य, अप्रतिष्ठित।

Request - रि - क्वेस्ट्’- *n.* prayer, petition, demand, entreaty, desire, suit. प्रार्थना, आकांक्षा, इच्छा, निवेदन; -*v. t.* to petition, to demand for, to express desire for. प्रार्थना करना, (विनय सहित) माँगना।

Requicken - री’ - क्विक्’ - एन् - *v. t.* to make quick again. फिर से तीव्र करना।

Requiem - रेक्’ - वि - अम् - *n.* a prayer for the dead. मरे हुए लोगों के लिये ईश्वर से प्रार्थना।

Require - रि - क्वायर्’- *v. t.* & *i.* to demand as of right, to call for, to need, to stand in want of. प्रार्थना करना, आकांक्षा करना, माँगना, चाहना; **Requirement** (-मेंन्ट्) - *n.* demand, that which is required. आकांक्षा, माँग।

Requisite - रेक’- विज् - इट् - *adj.* & *n.* required, necessary, thing needed for some purpose. आवश्यक, प्रयोजनीय, आवश्यक वस्तु; **Requisiteness** (- नेंस) - *n.* necessity. आवश्यकता।

Requisition - रेक’ - विज् - इश् - अन् - *n.* application, demand. अधिग्रहण, प्रार्थना, माँग; -*v. t.* to request, to demand. प्रार्थना करना, माँगना; **Requisitive** (- टिव्) -*adj.* expressing demand. प्रार्थना-सूचक।

Requital - रि - क्विट्’- अल् - *n.* recompense. प्रतिकार, पूर्ति।

Requite - रि - क्वाइट्’- *v. t.* to make return to, to repay, to avenge. प्रतिफल देना, बदला देना, प्रतिकार करना; **Requitedly** (- ऍड् - लि) - *adv.* avengingly, in recompense. प्रतिकार में, बदले में।

Re-read - री - रीड्’- *v. t.* to read a second time. फिर से पढ़ना।

Res - रीज़् - *n.* a thing, property. वस्तु (पदार्थ), सम्पत्ति।

Resale - री’ - सेल् - *n.* a second sale. दुबारा की बिक्री।

Resalute - री’ -सॉल्’- यूट्’ - *v. t.* to salute anew or in return. फिर से या बदले में नमस्कार करना।

Rescind - रि - सिन्ड्’ - *v. t.* to annul, to cut off, to abrogate. खण्डन करना, लोप करना, काटना।

Rescission - रि - सिज़्’ - अन् - *n.* act of cancelling. खण्डन, कटाव।

Rescribe - री - स्क्राइब्’ - *v. t.* to write again. फिर से लिखना।

Rescript - री’ - स्क्रिप्ट् - *n.* a ruler's edict, what is rewritten. राजा का आज्ञापत्र, दुबारा लिखा हुआ लेख; **Rescription** (- शन्) - *n.* a writing back. पुनर्लेख।

Rescue - रेंस्’ - क्यू - *v. t.* to set free from custody, harm &c., to take back, to liberate. मुक्त करना, फेर लेना, छुटकारा देना; -*n.* deliverance, liberation. निस्तार, उद्धार; **Rescuer** (- अर्) -*n.* he who rescues. छुटकारा देनेवाला।

Research - रि - सर्च्’ - *n.* a careful inquiry, a critical investigation. अन्वेषण, अनुसन्धान; -*v. t.* to examine minutely, to search again. खोज करना, जिज्ञासा करना; **Researcher** (- अर्) -*n.* one who examines diligently. परिश्रम से अन्वेषण करनेवाला; **Researchful** (- फुल्) -*adj.* having capacity for research. अन्वेषण करने योग्य।

Reseat - री - सीट्’ - *v. t.* to seat again. फिर से बैठाना।

Resect - रि -सेंक्ट्’ - *v. t.* to cut down, to pare off. काटना, छाँटना; **Resection** (- शन्) -*n.* part of a bone cut off. हड्डी का कटाव।

Reseek - री’ - सीक् - *v. t.* to search again. फिर से खोजना।

Reseize - री - सीज़्’ - *v. t.* to seize again. फिर से पकड़ना।

Reseizure - री - सी’- ज़र् - *n.* a second seizure. दुबारा पकड़ या गिरफ्तारी।

Resell - री -सेंल्' - *v. t.* to sell again. फिर से बेचना।

Resemblance - रि -ज़ेंम्' - ब्लेंन्स् - *n.* similarity, what may be compared. सादृश्य, समानता, उपमा।

Resemble - रि -ज़ेंम्बल्' - *v. t.* to be like, to have similarity with. अनुकरण करना, सदृश होना।

Resembling - रि - ज़ेंम्' - ब्ल् - इङ्ग् - *adj.* similar. अनुरूप, तुल्य।

Resent - रि - जेन्ट्' - *v. i.* to feel indignation for, to be angry at. बुरा मानना, क्रोध करना; **Resentful** (- फ़ुल्) -*adj.* full of resentment, irritable. क्रोधी, रोष करनेवाला; **Resentfully** (- फ़ुलि) -*adv.* irritably. क्रोध से; **Resentment** (-मेंन्ट्) - *n.* anger, indignation. क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष।

Reservation - रिज़्' - अर् - वें '- शन् - *n.* limitation, reserve, anything reserved. निग्रह, रुकावट, अपवाद।

Reserve - रि - ज़र्व्' - *v. t.* to keep in store for later occasion, to retain possession of. (एकट्ठा करना) बचा रखना, सुरक्षित रखना, अलग करना; -*n.* extra stock, place reserved, limitation, restriction, self-restraint. संचय, निग्रह, पराङ्मुखता, शान्ति, आत्मसंयम; **Reserve Force** (troops withheld from action to reinforce the regular army and liable to be called out in emergencies.) ऐसी सेना जिसके सिपाही शान्ति काल में घर पर रहते हैं परन्तु युद्धकाल में आवश्यकता होने पर सेना में शामिल होने के लिये बुला लिये जाते हैं; **Reserve fund** (fund reserved for future use.) भविष्य के लिये सुरक्षित कोष; **Without reserve** (completely.) पूर्ण रूप से; **Reserved** (- ड्) -*adj.* not free, protected. रक्षित, गुप्त; **Reservedly** (- ड् - लि) - *adv.* in a reserved manner. गूढ़ भाव से, गम्भीरता से; **Reservedness** (- ड् -नेंस्) - *n.* the quality of being reserved. गम्भीरता।

Reservist - री'- जर् - विस्ट् - *n.* a member of the reserve forces. आरक्षित सैनिक।

Reservoir - रेज़्'- अर् - वॉयर् - *n.* a receptacle for storing water. जलाशय, कुंड, बावली; - *v. t.* to fill in a reservoir. जलाशय में भरना; **Reservoir pen** (a fountain-pen.) कलम जिसमें रोशनाई भरी जाती है।

Reset - री -सेंट्'- *v. t. & i.* to receive stolen goods, to set again. चोरी का माल लेना, फिर से जोड़ना या बैठना।

Resetter - री -सेंट्' - अर् - *n.* one who receives stolen goods. चोरी का माल लेने वाला।

Resettle - री' - सेंट्ल्' - *v. t.* to settle again. फिर से स्थिर करना या ठहराना; **Resettlement** (- मेंन्ट्) -*n.* act of resetling. पुनर्वास, दुबारा स्थिर करने का कार्य, पुनर्स्थिरीकरण।

Reshape - री' - शेप्' - *v. t.* to shape again. फिर से गढ़कर बनाना।

Reship - री' - शिप्' - *v. t.* to put again on board a ship. फिर से जहाज़ पर लादना।

Reshuffle - री' - शफ़्ल्' - *v. t.* to mix up again. फिर से फेटना।

Reside - रि - जाइड्'- *v. t.* to dwell permanently, to be inherent in, to rest, to sink or settle down as a deposit. बसना, सर्वदा रहना, विश्राम करना, संचयन या जमाव के रूप में नीचे बैठ या जम जाना।

Residence - रेज़्' - इड् - एन्स् - *n.* place where one lives or resides. निवासस्थान, घर; **Place of residence** (place of living.) वासस्थान; **Residency** (- इ) - *n.* an official residence of the representative of the British government. राजकीय अधिकारी के रहने का स्थान; **Resident** (- डेंन्ट्) - *adj.* residing, having quarters in a place, inherent. निवासी, रहनेवाला, आन्तरिक; - *n.* a political agent of the Indian government. देशी राज्यों में रहनेवाला भारत-सरकार का प्रतिनिधि।

Residential - रेज़् - इड् - एन् - शल् - *adj.* connected with residence. निवास-सम्बन्धी; **Residential college** (college where students read and stay.) आवासिक विद्यालय।

Residentiary - रेज़् - इड् - एन्' - शेर - इ - *n.* an official residence. सरकारी निवासस्थान; **Residentship** (- डेंन्ट् - शिप) - *n.* the office of a resident. सरकारी अधिकारी का पद।

Resider - रि - जाइड्' - अर् - *n.* a person who resides in a particular place. किसी विशेष स्थान का निवासी।

Residual - रिज़् - इड्'- यू - अल् - *adj. & n.* remaining after a part has been separated. बाकी बचा हुआ, शेष भाग।

Residuary - रिज़् - इड्' - यू - अर् - इ - *adj.* pertaining to the remaining part. शेष भाग का।

Residue - रेज़्' - इ - ड्यू - *n.* what remains, the remainder. अवशेष, बचत, छाँछ।

Residuous - रिज़् - इड्' - यू - अस् - *adj.* same as 'Residual.'

Residuum - रिज़् - इड्' - यू - अम् - *n.* remainder, dregs. बचा हुआ भाग, खूद।

Resign - रि - ज़ाइन्' - *v. t. & i.* to surrender, to hand over, to reconcile oneself. पद त्याग करना, छोड़ना, अधीन होना; **To resign one's claims** (to give up one's claims.) अपना अधिकार छोड़ देना; **To resign to fate** (to surrender to luck.) भाग्य के अधीन होना।

Re-sign - री' - साइन्' - *v. t.* to sign again. दुबारा हस्ताक्षर करना।

Resignation - रेज़्' - इग् - नें' - शन् - *n.* the act of resigning, submission, will of Providence. परित्याग, समर्पण, ईश्वरीय इच्छा।

Resigned - रि - ज़ाइन्ड्' - *adj.* submissive. समर्पित, छोड़ा हुआ; **Resignedly** (- लि) - *adv.* with resig-

nation. परित्याग से; **Resignee** (- इनी) - *n.* the person to whom a thing is resigned. जिसके लिए कोई सम्पत्ति छोड़ी जाती है।

Resile - रि - ज़ाइल्' - *v. t.* to rebound, to recoil, to resume former shape. उछलना, पीछे को हटना, पूर्व अवस्था धारण करना।

Resiliency - रि - ज़िल्' - इ - एन - सि - *n.* the act of rebounding. लौटाना, लचक; **Resilient** (- अन्ट) - *adj.* rebounding. उछलनेवाला।

Resin - रेंज़' - इन् - *n.* a kind of gum secreted by certain trees. राल, धूना; -*v. t.* to paint with resin. राल रगड़ना या लगाना।

Resinaceous - रेज़' - इन - ए' - शस् - *adj.* resinous. रालदार।

Resiniferous - रेज़्' - इन - इफ़' - अर - अस् - *adj.* yielding resin. धूना या राल निकालनेवाला।

Resiniform - रेज़् - इन्' - इ - फ़ॉर्म - *adj.* of the form of resin. राल के आकार का।

Resinify - रेंज़् - इन्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Resinified.**) to make resinous. राल बनाना, धूने में बदलना।

Resinous - रेंज़्' - इन् - अस् - *adj.* mixed with resin. राल मिला हुआ।

Resipiscence(y) - रेस्'- इप् - इस्' - एन्स् (इ) - *ns.* acceptance of error. अशुद्धि या भूल की स्वीकृति।

Resipiscent - रेंस् - इप् - इस्' - एन्ट् - *adj.* one who accepts an error. भूल स्वीकार करनेवाला।

Resist - रिज़् - इस्ट्' - *v. t. & i.* to oppose, to repel, to stand against, to abstain from, to withstand. अवरोध करना, प्रतिकार करना, बाधा डालना, रोकना; **Resistance** (- अन्स्) -*n.* refusal, opposition, hindrance. अवरोध, प्रतिबन्ध, रुकावट; **Resistant** (- अन्ट) - *adj. & n.* making resistance, he who or that which resists. रोकवाला, बाधक, रोकनेवाली वस्तु; **Resister** (- अर्) - *n.* one who resists. प्रतिबन्धक; **Resistibility** (- इ - बि - लि - टि) - *n.* resistibleness. अवरोध शक्ति **Resistible** (- इ - बल्) - *adj.* that may be resisted. बाधा डालने योग्य।

Resistive - रिज़् - इस्ट्'- इव् - *adj.* having the power to resist. रोकने की शक्तिवाला; **Resistless** (-लेंस्) - *adj.* irresistible. अटल, बिना रुकावट का; **Resistlessly** (- लेंस् - लि) - *adv.* irresistibly. बिना अवरोध के।

Resmooth - री - स्मूथ' - *v. t.* to smooth anew. फिर से चिकना करना।

Resolder - री' - सोल्' - डर् - *v. t.* to solder again. फिर से जोड़ना या टाका लगाना।

Resoluble - रेज़्' - ऑल् - यूबल् - *adj.* that can be disolved. फिर से घोलने योग्य।

Resolute - रेंज़्' - ऑल् - यूट् - *adj.* determined, firm, unshrinking. दृढ़, स्थिर, प्रौढ़; **Resolutely** (- लि) - *adv.* in a resolute manner. दृढ़ता से, स्थिरता से।

Resolution - रेंज़् - ऑल् - यू' - शन् - *n.* analysis, decomposition, formal expression of opinion, problem, resolve, firmness of temper. विश्लेषण, पृथक्करण, नियमानुसार मत या प्रस्ताव प्रकाशन, प्रतिज्ञा, समस्या, चित्त की दृढ़ता।

Resolutive - रेज़्'- ऑल् - यूट' - इव् - *adj.* having the power of dissolving. घोलने की शक्तिवाला।

Resolvable - री - ज़ाल्व्' - एब्ल् - *adj.* that may be resolved. निर्णय योग्य।

Resolve - रि - ज़ॉल्व्' - *v. t. & i.* to analyse, to break up into component parts, to explain, to determine, to settle, to make up one's mind. विश्लेषण करना, मौलिक भागों में अलगाना, व्याख्या करना, स्थिर करना, निश्चय करना, ठानना; - *n.* determination, resolution. स्थिरता, दृढ़ता; **Resolved** (- ड्) - *adj.* determined. निश्चित, स्थिर; **Resolvedly** (- ड् - लि) -*adv.* in a resolved manner. स्थिरता से; **Resolvedness** (- ड् -नेंस्) - *n.* fixedness of purpose. दृढ़ता, स्थिरता।

Resolvent - रि - ज़ॉल्व्'- एन्ट् - *adj.* having the power of resolving. किसी पदार्थ (यथा- फोड़ा इत्यादि) को गलानेवाली।

Resolver - रि - ज़ॉल्व्'- अर् - *n.* one who makes a resolve. संकल्प करनेवाला।

Resonance - रेज़्' - ऑन् - एन्स् - *n.* an echo. प्रतिध्वनि।

Resonant - रेज़' - ऑन् - एन्ट् - *adj.* resounding, echoing. प्रतिध्वनित, गूँजनेवाला; **Resonantly** (- लि) -*adv.* in an echoing manner. प्रतिध्वनित होते हुए।

Resonate - रेज़्' - ऑन - एट् - *v. t.* to produce resonance. लय उत्पन्न करनेवाला; **Resonator** (- अर्) - *n.* an instrument for giving resonance to sounds. प्रतिध्वनि उत्पन्न करने का यन्त्र।

Resorb - रि - सॉर्ब्' - *v. t.* to absorb again. फिर से सोखना या चूस लेना।

Resorbence - रि - सार्ब' - एन्स् - *n.* absorption. सोखन, चुसान; **Resorbent** (-बेन्ट्) - *adj.* absorbing again. फिर से सोखने या चूसनेवाला।

Resorption - रि - सार्प'- शन् - *n.* resorbing or being resorbed. सोखन, चुसान।

Re-sort - री' - सॉर्ट्' - *v. i.* to sort again. फिर से छाँटना।

Resort - रि - ज़ार्ट'- *v. t.* to have recourse, to turn for help to, to go. सहायता के लिए आश्रय देना, गमन करना, जाना; - *n.* recourse, frequented place. आश्रय (उपाय), (अखाड़ा) अड्डा।

Re-sorted - री' - सॉर्ट' - एड् - *adj.* sorted again. दुबारा छाँटा हुआ।

Resound - रि - ज़ाउन्ड्' - *v. i. & t.* to produce an echo, to repeat loudly, to fill with sound. प्रतिध्वनि उत्पन्न करना, तीव्र स्वर में दुहराना, शब्द से पूर्ण

करना; **Resounding** (- इङ्ग्) *-adj.* reverberating. प्रतिध्वनि करनेवाला।

Resource - रि - सोर्स् - *n.* means of support, an expedient, quick intelligence, possibility of help. उपाय, कल्पना, युक्ति, साधन (सहारा); **Resources** - *n. pl.* means of raising money, a country's collective means for support and defence (ब. व.) द्रव्यसाधन, संसाधन, संपदा, देश की रक्षा का साधन; **Resourceful** (- फुल्) - *adj.* expedient. उपाय-कुशल, साधनपूर्ण; **Resourcefulness** (- फुल् - नेंस्) - *n.* the state of being resourceful. साधनपूर्णता; **Resourcefully** (- फुलि) - *adj.* in a resourceful manner. साधनपूर्णता से; **Resourceless** (- लेंस्) - *adj.* without resources. साधन-रहित; **Resourcelessness** (- लेंस् - नेंस्) - *n.* state of being without resource. साधन का अभाव।

Respect - रि -स्पेक्ट्' - *n.* honour, estimation, due attention, partiality, particular, detail, aspect, relation. प्रतिष्ठा, मूल्य, उचित ध्यान, पक्षपात, सम्मान, विषय, प्रकरण, सम्बन्ध, अपेक्षा; *-v. t.* to regard, to honour, to esteem. पूजा करना, प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना; **In all respects** (completely.) सर्वथा; **In respect of** (in regard to.) विषय में; **Self-respect** (respect for one's self.) आत्म-सम्मान, आत्म-गौरव; **To pay one's respects to** (to salute.) प्रणाम करना।

Respectability - रिस् - पेक्ट्'- आब् - इल'- इ - टि - *n.* respectableness. प्रतिष्ठा, कुलीनता; **Respectable** (- ऍ - बल्) - *adj.* deserving respect, holding a fair social status. पूज्य, माननीय, कुलीन; **Respectably** (- ऍब्लि) - *adv.* in a respectable manner. प्रतिष्ठापूर्वक; **Respectful** (- फुल्) - *adj.* having respect. आदर-सहित, सम्मानपूर्वक; **Respectfully** (- फुलि) - *adv.* with respect, in a respectable manner. प्रतिष्ठा सहित; **Respectfulness** (- फुल् - नेंस्) *-n.* the quality of being respectful. आदर, सम्मान; **Respective** (- इव्) - *adj.* individual, several, particular, relating to. अपना, अलग-अलग, अन्योन्य, परस्पर-सम्बन्धी; **Respectively** (- इव् - लि) - *adv.* individually, relatively. क्रमानुसार प्रत्येक, हर एक; **Respectless** (-लेंस्) - *adj.* without respect. प्रतिष्ठाहीन।

Respell - री- सेल्' - *v. t.* (*p. t.* **Respelt**) to spell again. फिर से हिज्जे करना।

Resperse - रेस्' - पर्स् - *v. t.* to sprinkle. छिड़कना।

Respersion - रेस् - पर्श' - अन् - *n.* the act of sprinkling. छिड़काव।

Respirability - रिस् - पायर् - आब् - इल्' - इ - टि - *n.* respirableness. साँस लेने की योग्यता; **Respirable** (- बल्) - *adj.* fit to be breathed. साँस लेने योग्य।

Respiration - रेस्' - पिर् - ए' - शन् - *n.* the act of breathing. श्वासोछ्वास, साँस लेने की क्रिया।

Respirator - रेस्'- पि - रेट् - अर् *n.* an apparatus for filtering inhaled air. साँस लेने की वायु को शुद्ध करने का यन्त्र; **Respiratory** (रेस् - पि' - रेट् - अर् - इ) *-adj.* pertaining to respiration. श्वास-सम्बन्धी; **Respiratory organ** (the organ of breathing.) श्वासेन्द्रिय।

Respire - रिस् - पायर्' - *v. i. & t.* to breathe or inhale air. श्वास लेना।

Respite - रेस्' - पाइट् - *n.* delay, postponement, interval of rest. विराम, देर, विलम्ब, अवकाश; *-v. t.* to suspend the execution of, to postpone. दण्ड में विलम्ब करना, कुछ काल के लिए टालना।

Resplendence - रिस् - प्लेन्ड्'- एन्स्, **Resplendency** (- डेंन्सि) - *ns.* brilliance, lustre, तेज, ज्योति, चमक; **Resplendent** (- डेंन्ट्) *-adj.* brilliant, extremely bright. देदीप्यमान, बड़ा चमकीला; **Resplendently** (- लि) *-adv.* in a resplendent manner. चमकते हुए रूप में या ढंग से।

Re-split - री' - स्प्लिट्' - *v. t.* to split again. दुबारा फाड़ना या चीरना।

Respond - रिस् - पॉन्ड्' - *v. i.* to make answer to, to reply, to correspond. उत्तर देना, प्रतिवादन करना, अनुकूल होना।

Respondence - रिस् - पॉन्ड्' - एन्स्, **Respondency** (- इ) - *ns.* an answering प्रतिवादन, उत्तर; **Respondent** (-डेंन्ट्) - *adj. & n.* one who makes answer, a defendant. प्रतिवादी, उत्तर देनेवाला, मुद्दालेह।

Responsal - रिस् - पॉन्स्'- अल् - *adj.* answerable. उत्तरदायी।

Response - रिस् - पॉन्स्' - *n.* an answer given, a reply or retort, feeling. उत्तर, प्रतिवचन, जवाब, अनुक्रिया, अनुभव।

Responsibility - रिस् - पॉन्'- सिब् - इल्'- इट् - इ - *n.* (*pl.* **Responsibilities.**) a charge for which one is responsible. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Responsible** (- बल्) *-adj.* answerable, trustworthy, famous. उत्तरदाता, जवाबदेह (विश्वस्त), प्रसिद्ध; **Responsibleness** (- बल् -नेंस्) - *n.* the quality of being responsible. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Responsibly** (- ब्लि) - *adv.* in a responsible manner. जिम्मेदारी से।

Responsion - रिस् - पॉन्' - शन् - *n.* a reply, an answer. उत्तर।

Responsions - रिस् - पॉन्'- शन्ज् - *n. pl.* the first of the three examinations for the B.A. degree at Oxford. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बी. ए. की उपाधि परीक्षा का प्रथम खण्ड।

Responsive - रिस् - पॉन्' - सिव् - *adj.* answering, sympathetic. उत्तरदायी, सहानुभूति का: **Responsively** (- लि) - *adv.* in a responsive

manner. जवाबदेही से; **Responsiveness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being responsive. उत्तरदायित्व।

Responsory - रिस् - पॉन्' - सर् - इ - *adj.* containing answer, relating to answering. उत्तर-युक्त, उत्तर देने की क्रिया से सम्बन्धित।

Rest - रेंस्ट् - *v. i. & t.* to be still, to lie in sleep, to die, to cease temporarily, to give relief to, to depend, to be satisfied, to rely, to repose. स्थिर होना, सोना, मरना, ठहरना, शान्ति देना, आश्रय लेना, सन्तुष्ट होना, भरोसा करना, विश्राम करना; *-n.* repose faith, a short pause, ease, remainder. विश्राम, विश्वास, स्थिरता, शांति, अवशेष।

Restagnate - री' - स्टॅग्' - नेट् - *v. t.* to remain stagnant. निश्चल रहना।

Restamp - री' - स्टॉम्प्' - *v. t.* to stamp again. दुबारा मुहर लगाना।

Restart - री'- स्टार्ट् - *v. t.* to start again. पुनः आरम्भ (जारी) करना।

Restate - री' - स्टेट्' - *v. t.* to state a second time. दुबारा वर्णन करना; **Restatement** (-मेन्ट्) *-n.* restating a thing. दुबारा वर्णन।

Restaurant - रेंस्ट्'- अर् - एन्ट् (Fr. रेस्तराँ) - *n.* a place where refreshments are sold, an eating-house. होटल, भोजनालय।

Restful - रेंस्ट्' - फुल् - *adj.* free from disturbance उपद्रव-रहित; **Restfully** (- लि) *-adv.* quietly. शान्ति से; **Restfulness** (- नेंस्) *-n.* quietness. विश्राम, शान्ति।

Restiform - रेंस्ट्'- इ - फ़ॉर्म् - *adj.* formed like a rope. रस्से की बनावट का।

Resting - रेंस्ट्'- इङ्ग् - *adj.* relying. आश्रित, स्थिर; **Resting-place** (a place of rest.) विश्राम स्थान।

Restitute - रेंस्ट्' इ - ट्यूट् - *v. t. & i.* to make restitution for. बदला देना; **Restitution** (- शन्) *-n.* restoring a thing to its real owner. असली मालिक की वस्तु दे देना।

Restive, Restiff - रेंस्ट्' - इव्, (- फ़्) - *adjs.* refusing to go forward, refractory, obstinate. अड़ियल, उद्धत, हठी; **Restively** (- लि) - *adv.* in a restive manner. हठ से; **Restiveness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being restive. अड़ियलपन, हठ।

Restless - रेंस्ट्'-लेंस् - *adj.* sleepless, uneasy, turbulent, unsettled. अशान्त, व्यग्र, चंचल, अस्थिर; **Restlessness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being restless. व्यग्रता।

Restock - री' - स्टॉक्' - *v. t.* to store up again. भण्डारघर में फिर से रखना या भरना।

Restorable - रि - स्टोर्' - एब्ल् - *adj.* that may be restored. पूर्व अवस्था में लाने (सुधारने) योग्य।

Restoration - रेंस्ट्' - ऑर - ए' - शन् - *n.* recovery, renewal. पूर्ववस्था की प्राप्ति, आरोग्य; **Restorationism** (- इज़्म) - *n.* the principle that animate beings finally attain happiness. यह सिद्धान्त कि प्राणिमात्र अन्त में आनन्द प्राप्त करते हैं; **Restorationist** (- इस्ट्) - *n.* a follower of restorationism. इस सिद्धान्त का अनुयायी।

Restorative - रि - स्टोर'- एट् - इव् - *adj & n.* having power of renewing strength. पौष्टिक शक्ति बढ़ाने की औषधि; **Restoratively** (- लि) - *adv.* in a restorative manner. बल बढ़ाते हुए।

Restore - रि - स्टोर्' - *v. t.* to bring back to original condition, to renew, to return, to reestablish, to cure, to revive, to replace. पूर्व अवस्था में पहुँचाना, नया करना, फेर देना, पुनःस्थापित करना, चंगा करना, पुनर्जीवित करना, स्थान पूर्ण करना।

Re-store - री'- स्टोर्' - *v. t.* to store again. फिर से संग्रह करना; **Restorer** (- अर्') - *n.* one who restores. सुधारनेवाला, दुबारा संग्रह करनेवाला।

Restrain - रिस् - ट्रेन्' - *v. t.* to keep in check, to put under control, to press, to confine, to limit. रोकना, अधीन करना, दबाना, प्रतिबन्ध करना, सीमा बाँधना।

Restrainable - रिस् - ट्रेन्' - एबल् - *adj.* capable of being restrained. रोकने योग्य।

Restrainedly - रिस - ट्रेन्'- एड् - ली - *adv.* with restraint. प्रतिबन्ध से; **Restrainer** (- अर्) - *n.* one who restrains. रोकनेवाला।

Restraint - रिस् - ट्रेन्ट्' - *n.* prohibition, stoppage, check. प्रतिरोध, (बाधा) रुकावट, बन्धेज; **Restraint of speech** (control over speech.) वाक्संयम; **Self-restraint** (self-control.) आत्मसंयम; **Without restraint** (freely.) स्वतंत्र रूप से।

Restrict - रिस् - ट्रिक्ट् - *v. t.* to confine, to limit, to restrain within bounds. संयम करना, सीमाबद्ध करना, बन्धेज करना।

Restriction - रिस् - ट्रिक्'- शन् - *n.* limitation, restraint. निरोध, मर्यादा (बन्धेज)।

Restrictive - रिस् - ट्रिक्ट्' - इव् - *adj.* imposing restraint. रोकनेवला; **Restrictively** (- लि) - *adv.* in a restrictive manner. रुकावट से।

Restuff - री - स्टफ़्' - *v. t.* to fill up again. फिर से भरना।

Resty - रेंस्ट्' - इ - *adj.* indolent, restive. आलसी, अड़ियल।

Result - रि - ज़ल्ट्' - *v. i.* to come out, to follow. परिणाम होना, निकल आना; *-n.* issue, effect, consequence, decision. परिणाम, नतीजा, फल, सिद्धि; **Resultant** (- टन्ट्) *-adj. & n.* following a result. परिणाम का, सिद्धान्त; **Resultful** (- फ़ुल्) *-adj.* full of result. परिणामपूर्ण; **Resultless** (-लेंस्) - *adj.* effectless. निष्फल, व्यर्थ।

Resume - रिज़् - ग़्यूम्' - *v. t. & i.* to recover, to reoccupy, to begin again. पुनः प्राप्त करना, फिर से लेना, दुबारा आरम्भ करना; *-n.* (रेंज़्यू - मे) epitome, summary. संग्रह, सार, संक्षेप।

Resummon - री - सम'- अन् - *v. t.* to call again दुबारा बुलाना।

Resumption - रि - जम्प्'- शन् - *n.* resuming. पुनरारंभ, पुनर्ग्रहण।

Resumptive - रि - जम्पट्'- इव् - *adj.* taking back. पुनर्ग्रहण करनेवाला; **Resumptively** (- लि) -*adv.* resumably. पुनर्ग्रहण करते हुए।

Resurge - रि - सर्ज्' - *v. i.* to rise again from death, to revive. मृत्यु से फिर जी उठना, स्वस्थ होना।

Resurgence - रि - सर्ज्' - एन्स् - *n.* the act of resurging. फिर से उद्गम; **Resurgent** (- ऍन्ट्) - *adj.* rising from death. मृत्यु से उठनेवाला।

Resurrect - रेज्'- अर् - एक्ट्' - *v. t.* to take out from grave. कब्र से निकालना; **Resurrection** (- शन्) -*n.* rising up again, revival from the grave. फिर से उठना, मृत्यु से उत्थान; **Resurrectional** (- शनल्) -*adj.* pertaining to resurrection. पुनर्जीवन-सम्बन्धी; **Resurrectionist** (- शनिस्ट्) -*n.* an exhumer and stealer of corpses, a dealer in dead bodies, one who revives after death or believes in the theory of rebirth. मुर्दा खोदकर चुरा ले जानेवाला, मुर्दों का व्यापारी, पुनर्जन्म लेनेवाला या पुनर्जन्म के सिद्धान्त को माननेवाला।

Resurvey - री' - सर्' -व्रें - *v. t.* (*p. t.* **Resurveyed.**) to make a survey again. फिर से निरीक्षण (पैमाइश) करना।

Resuscitate - रि - सस्'- इट् - एट् - *v. t. & i.* to revive, to restore to life. पुनर्जीवित करना, फिर से जिलाना; **Resuscitation** (- शन्) - *n.* the act of reviving. पुनर्जीवन; **Resuscitative** (- टिव्) - *adj.* revivifying. पुनर्जीवन-सम्बन्धी; **Resuscitator** (- टर्) - *n.* one who resuscitates. फिर से जिलानेवाला।

Ret - रॅट्, **Rait, Rate** -रेंट् - *v. t. & i.* to soften hemp or flax. पटुआ या सन का मुलायम करना।

Retable - री - टे '- बल् - *n.* the frame at the back of an altar. वेदी के पीछे का चौखटा।

Retail - री' -टॅल् - *n.* sale of goods in small quantities. अल्पविक्रय, फुटकर बिक्री; -*v. t. & i.* to sell in small quantities, to relate details of. फुटकर बिक्री करना, ब्योरेवार वर्णन करना; **Retailer** (- अर्) -*n.* one who retails. खुदरा बेचनेवाला; **Retailment** (- मेंन्ट्) -*n.* act of retailing. फुटकर बेचने का कार्य।

Retain - रि -टेन्' - *v. t.* to keep in possession, to reserve, to allow to remain, to keep in-mind. अधिकार में रखना, रख लेना, स्थापित करना, धारण करना, चित्त में रखना; **Retainable** (-ऍ - बल्) -*adj.* capable of being retained. स्थापित करने योग्य; **Retainer** (- अर्) - *n.* fee paid to a counsel, dependant, a follower. वकील की फीस, सेवक, अनुगामी; **Retaining** (- इङ्ग्) - *adj.* keeping in possession. अधिकार में रखनेवाला।

Retake - री -टेंक्' - *v. t.* (*p. t.* **Retook,** *p. p.* **Retaken**) to take back. फिर से ले लेना।

Retaliate - रि - टॉल्' - इ - एट् - *v. t. &. i.* to repay, to retort, to revenge. चुकाना, प्रतिकार करना, पलटा देना, बदला लेना; **Retaliation** (- शन्) -*n.* return of like for like. प्रतिक्रिया, बदला; **Retaliative** (- टिव्) - *adj.* returning like for like. प्रतिकार-सम्बन्धी; **Retaliator** (- टर्) - *n.* one who retaliates. बदला लेनेवाला; **Retaliatory** (- अरि) -*adj.* pertaining to retaliation. बदला-सम्बन्धी।

Retard - रि - टार्ड' - *v. t. & i.* to make slow, to delay progess, to put off, to happen behind time. विलम्ब करना,देर करना, टालना, समय के बाद होना; - *n.* hindrance. रुकावट; **Retardation** (- ऍ - शन्) -*n.* hindrance, act of retarding. मंदन, प्रतिबन्ध, रुकावट; **Retardative** (- ऍ - टिव्) - *adj.* delaying. विलम्ब करनेवाला; **Retarder** (- अर्) - *n.* one who delays. टालने या देर करनेवाला; **Reta-rdment** (- मेंन्ट्) - *n.* obstruction. अटकाव, रुकावट।

Retaste - री -टेस्ट्' - *v. t.* to taste again. फिर से स्वाद लेना।

Retch - रेंच् - *v. i.* to make effort for vomiting, to strain. वमन करना, ओकाना; -*n.* the act of vomiting or sound of it. वमन, ओकाई।

Retecious - रें -टें' - शस् - *adj.* resembling a network. जाल के आकार का।

Retell - री' -टेंल्' - *v. t.* (*p. t.* **Retold.**) to tell again. फिर से कहना।

Retention - रि - टेन्' - शन् - *n.* power of retaining, failure to secrete. धारणा-शक्ति (स्मृति), मलमूत्र की रुकावट।

Retentive - रि - टेन्ट्' - इव् - *adj.* having power of retaining. धारणा-शक्तिवाला; **Retentively** (- लि) -*adv.* with retentiveness. धारणा-शक्ति से; **Retentiveness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being retentive. धारणा-शक्ति।

Retiary - री' - शी - अर् - इ - *n.* a net-making spider. जाल बनानेवाला मकड़ा।

Reticence(y) - रेट्' - इस् - एन्स् - (इ) - *ns.* reserve in speech, taciturnity. मूकभाव (मौन), चुप्पी; **Reticent** (-सेंन्ट्) - *adj.* taciturn. मौनव्रती, कम बोलनेवाला; **Reticently** (-सेन्ट् - लि) - *adv.* in a taciturn manner. मौनव्रत से।

Reticle - रेंट्' - इक्ल् - *n.* a network. जाल।

Reticular - रिटिक्युलर् - *adj.* of the form of a network. जाल के आकार का।

Reticulate - रि - टिक्' - यूल - एट् - *v. t. & i.* to divide into a network. जालियों में विभक्त करना; **Reticulated** (- ऍड्) - *adj.* netted. जालीदार बना हुआ; **Reticulately** (- लि) - *adv.* in a reticular manner. जाल की तरह; **Reticulation** (- शन्) - *n.* network. जाली का काम।

Reticule - रेट्'- इक् - यूल - *n.* a lady's netted bag. स्त्रियों का जालीदार बटुआ।

Reticulum - रि - टिक्'- यूल - अम् - *n.* (*pl.* **Reticula.**) a netlike structure. जाली की बनावट।

Retiform - रेट्'- इ - फॉर्म - *adj.* of the form of a net. जाल के समान (तरह)।


Retina - रेट्'- इन - आ - *n.* (*pl.* **Retinae.**) the layer at the back of the eyeball consisting of a fine network of optic nerves. दृष्टिपटल, आँख के पिछले भाग का चित्रपट; **Retinal** (- नल्) -*adj.* pertaining to the retina. चक्षु-चित्रपट सम्बन्धी।

Retinue - रेट्'- इन् -यू - *n.* a train of attendants upon some one. परिजन (भृत्यवर्ग), नौकर-चाकर।

Retire - रि - टायर्' - *v. i. & t.* to withdraw, to retreat, to go to bed, to seek shelter, to recede. अलग होना, पीछे को हटना, सोना, अधिकार इत्यादि त्यागना; **To retire from the world** (to withdraw from worldly affairs.) संसारी कार्यों से अलग होना, संन्यास लेना; **Retired** (- ड्) - *adj.* secluded from society, withdrawn from business, private. एकान्त, निर्जन, कर्म से अवकाश-प्राप्त, गुप्त, अलग; **Retiredness** (-नेंस्) - *n.* the state of being retired. एकान्तता; **Retirement** (मेन्ट्) -*n.* privacy, seclusion. निवृत्ति, एकान्त स्थान, एकान्तता; **Retiring** (- इङ्ग्) - *adj.* reserved, removing oneself from a public office or service. एकान्तप्रिय, उदासीन, सेवा कार्य से अलग होनेवाला; **Retiringly** (- इङ्ग् - लि) -*adv.* reservedly. उदासीनता से; **Retiringness** (-नेंस) - *n.* seclusion. एकान्तता।

Retort - रि - टार्ट' - *v. i. & t.* to trun, to throw back, to tell against. प्रत्युत्तर देना, उलटना, पीछे को फेंकना, कड़ा उत्तर देना; - *n.* a ready reply. प्रत्युत्तर, कड़ा उत्तर।

Retort - रि - टार्ट' - *n.* an apparatus for distillation. बकयन्त्र, अर्क खींचने का भबका, करमडेग; - *v. t.* to purify mercury. पारा शुद्ध करना।


Retort.

Retorter - रि - टार्ट' - अर् - *n.* one who retorts. प्रत्युत्तर देनेवाला; **Retortion** (- शन्) - *n.* act of retorting. प्रत्युत्तर; **Retortive** (- टिव्) - *adj.* containing a retort. प्रत्युत्तर-युक्त।

Retouch - री - टच्'(- श्') -*v. t.* to touch again, to improve by fine touches. फिर से छूना, महीन-महीन रेखाओं द्वारा चित्र इत्यादि को सुधारना।

Retrace - रि -ट्रेस्' - *v. t.* to trace back, to look over again, to renew the outline of a drawing. खोजना, याद करना, फिर से नकशा उतारना; **Retraceable** (- एँ - ब्ल्) - *adj.* able to be retraced. खोजने योग्य।

Retract - रि - ट्रॉक्ट्' - *v. t. & i.* to draw back, to shrink back,to withdraw. पीछे को हटना, ठमकना, हटाना; **Retractable** (- एँ - ब्ल्), **Retractible** (- इ - ब्ल्) - *adjs.* what may be retracted. फेरने योग्य; **Retractile** (- आइल्) - *adj.* capable of drawn back. सिकुड़ने लायक; **Retraction** (- शन्) - *n.* the act of driving back. त्याग, खिंचाव; **Retractive** (- इव्) - *adj.* retracting. लौटानेवाला; **Retractor** (- अर्) - *n.* one who retracts, a muscle for retracting. वापस लेनेवाला, खींचनेवाली पेशी।

Retral - रेट्'- रॉल् - *adj.* hinder. पिछला, पीछे का।

Retransfer - री -ट्रॉन्स् - फ़र्' - *v. t.* (*p. t.* **Retransferred.**) to transfer again. फिर से बदलना।

Retransform - री - ट्रॉन्स् - फ़ॉर्म् - *v. t.* to transform again. फिर से रूप बदलना।

Retranslate - री -ट्रॉन्स -लेट्' - *v. t.* to translate again. दुबारा अनुवाद करना।

Retransmission - री' - ट्रॉन्स् - मिश्' - अन् - *n.* a transmission again. दुबारा सौंपना।

Retraverse - री' - ट्रॉ - वर्स्' - *v. i.* to traverse again. फिर से यात्रा करना।

Retread - री - ट्रेड्' - *v. t.* to tread again. फिर से कुचलना या चलना।

Retreat - रि - ट्रीट्' - *v. i.* to go back, to recede, to relinquish a position. पीछे हटना, चले आना, स्थान छोड़ना; -*n.* a shelter, refuge, signal to withdraw, retirement, a place of privacy. शरण, आश्रय, हटने का संकेत, सेना का पीछे हटना, निर्जन स्थान।

Retrench - रि - ट्रेन्च्' - *v. t. & i.* to cut off, to deduct, to reduce the amount of, to lessen, to shorten, to economize, to furnish with inner line of defence usually consisting of trench and parapet. काटना, कम करना (खण्डन करना), छोटा करना, अल्प व्यय करना, मोर्चाबन्दी करना; **Retrenchment** (- मेंन्ट्) - *n.* curtailment, a work constructed within another to prolong the defence. छँटनी, कमी, व्यय का घटाव, सेना की मोर्चाबन्दी।

Retrial - री' - ट्रॉ - अल् - *n.* a fresh trial. नये सिरे से अन्वेषण या मुकदमे का विचार।

Retribute - रि - ट्रिब्'- यूट् - *v. t.* to pay back. फेर देना, पलट देना; **Retributer** (- अर्) - *n.* one who retributes. बदला देनेवाला; **Retribution** - *n.* recompense, vengeance. प्रतिकार, बदला; **Retributive** (- इव्) - *adj.* pertaining to retribution. प्रतिकार-सम्बन्धी; **Retributively** (- लि) - *adv.* in a retributive manner. प्रतिकार के ढंग से या रूप में।

Retrievable - रि - ट्रीव'- एब्ल् - *adj.* recoverable. सुधारने योग्य।

Retrieve - रि - ट्रीव्' - *v. t. & i.* to gain back, to recover by investigation, to restore, to regain possession of, to revive. पुनः प्राप्त होना, अन्वेषण से प्राप्त करना, चंगा करना, फिर से प्राप्त करना, मरम्मत करना।

Retriever - रि - ट्रीव्'- र् - *n.* a dog trained to fetch game. शिकार पकड़कर लानेवाला कुत्ता।

Retrim - री - ट्रिम्' - *v. t.* (*p. t.* **Retrimmed.**) to trim up again. काट-छाँट करके फिर से सुधारना।

Retro - रेट्रॅं, रीट्रॅं - *pref.* in the sense of "backwards". "behind". उपसर्ग जिसका अर्थ ''पीछे को'', ''पिछली ओर'' होता है; **Retroact** (- आक्ट्') - *v. i.* to act in opposition. विपरीत रूप में कार्य करना; **Retroaction** (- ऑक्-शन्) - *n.* operation of the past. ऐसा कार्य; **Retroactive** (-ऑक्-टिव्) - *adj.* retrospective. बीती हुई घटना पर कार्य करनेवाला; **Retroactively** (-ऑक् - टिव् - लि) - *adv.* ऐसा कार्य करते हुए; **Retroactivity** (-ऑक्-टि-विटि) - *n.* retrospection. इस प्रकार का कार्य; **Retrocede** (- सीड्) - *v. i.* to go back, to recede, to retire. पीछे हटना, अलग होना, स्थान त्यागना; **Retrocedence** (- सीडेंन्स्) -*n.* a going back, receding. प्रत्यागमन, पीछे को हटाव; **Retrocedent** (- सीडेंन्ट्) - *adj.* retiring, receding. पीछे हटनेवाला; **Retrocession** (-सेंशन्) -*n.* a going back. पीछे को हटाव; **Retrocessive** (- इव्) - *adj.* receding. पीछे को हटानेवाला।

Retroduct - रेट्'- रो - डक्ट् - *v. t.* to withdraw. पीछे को हटाना; **Retroduction** (- शन्) - *n.* act of receding. पीछे को हटाव; **Retroflected** (फ़्लेंक्ट् - ऍड्), **Retroflexed** (-फ़्लेंक्स्ड्) - *adjs.* turned backwards. पीछे की ओर मुड़ा हुआ; **Retroflexion** (- फ़्लेंक्श्' - अन्) - *n.* a bringing back. पीछे को मुड़ान।

Retrogradation - रेट्'- रो - ग्रॉड् - ए'- शन् - *n.* backward motion of a heavenly body. किसी नक्षत्र की पिछली ओर की (उलटी) गति।

Retrograde - रेट्' - रो - ग्रेड् - *adj.* retreating, inverted, tending backward. विपरीत, उलटा, पीछे को जानेवाला; - *n.* a degenerate person, backward tendency. नीच पुरुष, पिछली ओर जाने की रुचि; - *v. i.* (-ग्रेंड्') to go backwards. पीछे को जाना; **Retrogradely** (- लि) - *adv.* in a retreating manner. विपरीत भाव से।

Retrogress - रेंट्र' - रो - ग्रेंस्' - *v. i.* to move back-ward. पीछे की ओर चलना; **Retrogression** - (- अन्) - *n.* backward motion, decline. विपरीत गमन, पलटा; **Retrogressive** (- इव्) - *adj.* moving backwards. पीछे की ओर चलनेवाला; **Retrogressively** (- इव् - लि) - *adv.* towards the back part. पीछे की ओर।

Retroject - रेट्' - रो -जेंक्ट्' - *v. t.* to cast back. पीछे को हटाना।

Retropulsion - रेट्' - रो - पल्' - शन् - *n.* external disease in inner parts of the body, a tendency to walk backwards in the paralysis. शरीर के भीतरी भाग में बाहर की ओर का रोग, लकवा के रोगी की पीछे की ओर चलने की प्रवृत्ति।

Retrorse - रि - ट्रार्स'- *adj.* reverted. उलटा हुआ।

Retrospect - रेट्'- रो -स्पेंक्ट्' - *n.* backward view, review of past time, survey of past events. पश्चात् दृष्टि, सिंहावलोकन, बीती हुई बातों की जाँच; **Retrospection** (- शन्) - *n.* act of looking back. पश्चाद् दर्शन; **Retrospective** (- इव्) - *adj.* looking back on past action. पश्चाद्दर्शी, बीती हुई बातों पर विचार करनेवाला; **Retrospectively** (- लि) - *adv.* with retrospection. पश्चात् दर्शन से।

Retroversion - रेट्' - रो - वर्'- शन् - *n.* a turning back, पीछे की ओर का घुमाव; **Retrovert** (- वर्ट्) - *v. t.* to turn backwards. पीछे को घुमाना या मोड़ना।

Retrude - रि - ट्रूड्' - *v. t.* to thrust back. पीछे को ढकेलना।

Retruse - रि - ट्रूस्' - *adj.* hidden. गुप्त, छिपा हुआ।

Rettery - रेंट्' - अर् - इ - *n.* a place for softening hemp or flax. पटुआ या सन मुलायम करने का स्थान।

Return - रि - टर्न्' - *v. i. & t.* to come or go back, to bring, to send back, to retort, to mention, to say in reply. फिर जाना या आना, लाना, वापस करना, उलटना, पलट देना, पलटना, बताना, उत्तर देना; -*n.* the act of going back, renewal report or profit of business. पश्चात् (पीछे की ओर) गमन, वापसी, विवरणी, पुनर्नवीनीकरण, व्यापार का विवरण या लाभ; **Returns** (-स्) - *n. pl.* proceeds of profit. लाभ, मुनाफ़ा; **Return ticket** (a ticket for journey onward and back.) वापसी टिकट।

Return - रि - टर्न्' - *v. t.* to turn the edge, to make blunt. किनारा उलटना, भुथरा करना।

Returnable - रि - टर्न्' - एबल् - *adj.* able to be returned. फेरने योग्य।

Returning-officer - रि - टर्न् - इङ्ग्' - ऑ - फ़िसर् - *n.* an officer who counts votes in an election. चुनाव की गणना करनेवाला अधिकारी।

Returnless - रि - टर्न्' -लेंस् - *adj.* without returns. बिना वापसी या लाभ का।

Retuse - रि - ट्यूस्' - *adj.* with broad end and central cavity. बीच में दबा तथा किनारे पर चौड़ा।

Reunion - रि - यून'- इ - अन् - *n.* reunited condition, union after separation, social gathering. पुनः संयोग (समागम), दुबारा मेल, मण्डली; **Reunionism** (- इज़्म्) - *n.* reunionist theory. समागम, मेल; **Reunionist** (- इस्ट्) - *n.* a seeker of reunion. मेल करनेवाला या मेल की इच्छा रखनेवाला।

Reunite - री - यू - नाइट्' - *v. t. & i.* to unite again, to join after separation. पुनः संयोग करना, दुबारा मिलना या मेल करना।

Reurge - री - अर्ज्' - *v. t.* to urge again. पुनः प्रेरणा देना या उत्तेजित करना।

Revaluation - री - वॉल्' - यू - ए'- शन् - *n.* the act of revaluing. दुबारा मूल्य निर्धारण।

Revalue - रि - वॉल्' - यू - *v. t.* to value again. फिर से मूल्य लगाना।

Reveal - रि - व़ील्' - *v. t.* to make known in a supernatural manner, to disclose, to display. दैवी ढंग से प्रकाशित करना, प्रकट करना, दिखाना; *-n.* the inner opening of a door or window. खिड़की या दर्वाजे का भीतरी भाग; **Revealable** (- एॅ - ब्ल्) - *adj.* able to be disclosed. प्रत्यक्ष करने योग्य; **Revealed** (- ड्) - *n.* disclosed. उद्घाटित; **Revealer** (- अर्) - *n.* one who reveals secrets. भेद खोलनेवाला।

Reveille - रि - वॉल्'- इ - *n.* the bugle or drum call for the troops to get up in the morning. सिपाहियों को प्रातःकाल जगाने के लिये बिगुल या ढोल की आवाज़।

Revel - रेव्' - एल् - *v. i. & t.* (*pl.* **Revelled.**) to be riotously festive, to carouse, to take keen delight in. मद्यपान का उत्सव मनाना, पी-पीकर मतवाला होना, अति आनन्द लेना; *-n.* indulgence in merry-making. अति मद्यपान, मद्यपान का उत्सव।

Revelation - रेव्' - एल् - ए' - शन् - *n.* disclosing of knowledge by a supernatural agency. आकाशवाणी, दैवी प्रकाशन; **Revelational** (- अल्) - *adj.* pertaining to revelations. ईश्वरोक्ति या आकाशवाणी-सम्बन्धी; **Revelationist** (- इस्ट्) - *n.* a believer in revelation. ईश्वरीय वचन में विश्वास करनेवाला।

Revendication - रि - वेन्ड्' - इक् - ए' - शन् - *n.* claiming back in a formal way. नियमानुसार वापस माँगने की क्रिया।

Revenge - रि -वेंन्ज्' - *v. t. & i.* to retaliate, to return injury for injury. बैर साधन करना, बदला लेना; *-n.* the act of revenging. प्रतिद्रोह, बदला; **Revengeful** (- फुल्) *-adj.* full of revenge. प्रतिकार-परायण, बदला लेने में तत्पर; **Revengefully** (- फुलि) - *adj.* in a revengeful manner. बदला लेने के ढंग से; **Revengefulness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being revengeful. प्रतिकार या बदला लेने का गुण।

Revenue - रेव्'- एन् - यू - *n.* a state's annual income from different sources. राजस्व, राज्य की वार्षिक आय, सरकारी मालगुजारी।

Reverberate - रि - वर्'- बर् - एट् - *v. t. & i.* to strike back, to rebound, to echo. उछलना, प्रतिध्वनि करना, गूँजना; **Reverberation** (- शन्) - *n.* the act of reverberating प्रतिध्वनि, गुंजन; **Reverberative** (- इव़्) - *adj.* reverberating. गूँजनेवाला; **Reverberator** (- अर्) - *n.* that which reverberates. प्रतिध्वनि करनेवाला; **Reverberatory** (- इ) - *adj.* vibratory. प्रतिध्वनि सम्बन्धी।

Revere - रि - व़ीअर्'- *v. t.* to regard as sacred, to reverence. सत्कार करना, पूजा (आदर) करना।

Reverence - रेव्'- अर् - एन्स् *-n.* veneration, act of respect. आदर (मान), सत्कार; **Act of reverence** (salutation.) नमस्कार; **His Reverence** (a title of the clergy.) महामान्यवर, प्रभु; **Reverenced** (- रेंन्स्ड्) *-adj.* respected, esteemed. पूज्य, मान्य; **Reverend** (- रेंन्ड्) *-adj. & n.* deserving reverence, a title of respect for the clergy. माननीय (पूजनीय), पादरी की उपाधि; **Reverent** (- रेंन्ट्) - *adj.* expressing reverence. आदर दिखलानेवाला।

Reverential - रेव्'- अर् - एन्'- शल् - *adj.* proceeding from reverence. आदरपूर्वक, सम्मानपूर्ण; **Reverentially** (- लि) - *adv.* with esteem. सम्मानपूर्वक।

Reverently - रेव्' - अर - एॅन्ट् - लि - *adv.* with reverence. आदरपूर्वक।

Reverie - रेव्'- अर् -इ - *n.* (*pl.* **Reveries.**) musing, delusion, day-dreaming, a fantastic theory. चिन्तन, वृथा चिन्ता, मन की लहर, भावना।

Reversal - रि - वर्स'- अल् - *n.* the act of reversing. परिवर्तन, उलटाव।

Reverse - रि - व़र्स्' - *adj.* opposite, inverted. विपरीत, उत्क्रम पृष्ठभाग, उलटा; - *n.* the contrary, the back surface, misfortune. परिवर्तन (उलटफेर), उलटा भाग, आपत्ति; - *v. t. & i.* to turn the other way, to invert, to annul. अधोमुख करना, उलटना, खण्डन करना; **Reversely** (- लि) - *adv.* in a contrary manner. उलटी ओर से।

Reversibility - रि - व़र्स्' - इब् - इल् - इ - टि - *n.* the capacity of being reversed. व्यतिक्रम, उलटाव।

Reversible - रि - व़र्स्' - इब्ल् - *adj.* able to be reversed. परिवर्तनीय, उलटने योग्य।

Reversing - रि - व़र्स्' - इङ्ग् - *adj.* turning in the opposite direction. पलटनेवाला, प्रतिवर्ती; **Reversing-gear** *-n.* the gear by which the motion of an engine is reverted. इंजन की गति पलटने का साधन, यंत्र का भाग या दाँतेदार पहिया।

Reversion - रि - वर'- शन् - *n.* the right of succesion, the act of reverting. उत्तराधिकार, पदावनति; **Reversional** (- अल्) *-advs.* pertaining to a reversion. उत्तराधिकार सम्बन्धी; **Reversionally** (- अलि) - *adv.* in a reversionary manner. उत्तराधिकारित्व के साथ; **Reversionary** (- अरि) - *adj.* pertaining to a reversioner. उत्तराधिकारी से सम्बन्धित; **Reversioner** (- अर्) - *n.* one who is entitled to be an heir. उत्तराधिकारी बननेवाला।

Revert - रि - व़र्ट् - *v. i.* to turn back, to return to the original person, to fall back. पलटना, फिर आना, वापस जाना; *-n.* recurrence. उलटाव; **Reverter** (- अर्) - *n.* one who reverts. पलटनेवाला; **Revertible** (- इ - ब्ल्) - *adj.* able to be reverted. पलटने योग्य।

Revest - रि -व़ेस्ट्' - *v. t.* to clothe again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Revet - रि -व़ेट्' - *v. t.* to face a wall with a harder material. दीवार पर पलस्तर करना; **Revetment** (- मेंन्ट्) - *n.* the plastered wall of a fort. पलस्तर की हुई किले की दीवार।

Review - रि - व़्यू' - *n.* revision, inspection of troops, fleet &c., a survey of the past, a periodical publication of articles and essays, retrospect. पुनर्निरीक्षण, सेना या बेड़े का निरीक्षण, अतीत पर पुनर्विचार, किसी विषय पर सामयिक प्रकाशित लेख, गुण-दोष-निरूपण; - *v. t. & i.* to examine critically, to revise. गुण-दोष-निरूपण करते हुए परीक्षा करना, फिर से विचार करना।

Reviewable - रि - व़्यू'- एबल् - *adj.* that may be reviewed. समालोचना के योग्य।

Reviewal - रि - व़्यू' - अल् - *n.* a reviewing. पुनर्विचार; **Reviewer** (- अर्) -*n.* one who reviews. समालोचना करनेवाला।

Revigorate - रि - व़िग'- अर् - एट् - *v. t.* to invigorate, to add new energy to. नई शक्ति देना, ताजा करना।

Revile - रि - व़ाइल्' - *v. t. & i.* to call bad names, to abuse. बुरा भला कहना, निन्दा करना, गाली देना; **Revilement** (- मेंन्ट्) - *n.* contemptuous language, rebuke. झिड़की, गाली; **Reviler** (- अर्) - *n.* one who reviles another. निन्दक, गाली देनेवाला; **Reviling** (- इङ्ग्) -*n.* raillery. निन्दा, अपवाद।

Revisable - रि - वाइज़्' - एबल् - *adj.* able to be revised. संशोधन करने योग्य।

Revisal - रि - वाइज़्' - अल् - *n.* revision. संशोधन, दोहराव।

Revise - रि - व़ाइज़्' - *v. t.* to look over again, to re-examine, to reconsider and amend faults. दुबारा विचार करना (दुहराना), दुबारा जाँचना, पुनः संशोधन करना; - *n.* second correction. पुनर्निरीक्षण; **Revised** (-इज़्ड्) *adj.* re-examined. संशोधित, पुनरीक्षित; **Reviser** (- अर्) - *n.* one who revises. संशोधन करनेवाला; **Revision** (रि - विज़न्) -*n.* the act of re-examining. पुनरीक्षण, परिशोधन, दुबारा परीक्षा, संशोधन; **Revisional** (- अल्) - *adj.* pertaining to revision. संशोधन सम्बन्धी।

Revisit - रि - विज़्'- इट् - *v. t.* to visit again. फिर से दर्शन या भेंट करना।

Revisory - रि - व़ाइज़्' - अर् - इ - *adj.* having power to revise. पुनर्विचार का अधिकारी।

Revivable - रि - वाइव्'- एॅबल् - *adj.* what may be revived. ताज़ा करने लायक।

Revival - रि - वाइव्'- अल् - *n.* recovery to life. चेतना प्राप्ति, पुनः स्वास्थ्य-प्राप्ति, उद्धार।

Revive - रि - वाइव्' - *v. t & i.* to bring to consciousness, to reanimate, to restore to natural form. फिर से जीवित करना, चेतना प्राप्त करना, पूर्ण रूप में लाना; **Reviver** (- अर्) -*n.* he who or that which revives. सचेत करनेवाला, ताज़ा करनेवाला।

Revivification - रि - विव्' - इफ् - इक् - ए'- शन् - *n.* restoration to life. पुनर्जीवन।

Revivify - रि - विव्' - इ - फाइ - *v. t.* (*p. t.* **Revivified.**) to restore to life, to animate. पुनर्जीवित करना, फिर से जिलाना।

Reviviscence - रि - विव्' - इ - सेन्स् - *n.* return to life. पुनर्जीवन प्राप्ति; **Reviviscent** (- सेन्ट्) -*adj.* restoring life. फिर से जिलानेवाला।

Revocable - रेव्' - ऑक् - एबल् - *adj.* capable of being revoked. खण्डन करने (मेटने) योग्य।

Revocation - रेव्' - ऑक् - ए'- शन् - *n.* the act of revoking, repeal. खण्डन, लोप।

Revocatory - रेव्' - ऑक् - ऑट् - अर् - इ - *adj.* revoking. खण्डन करनेवाला।

Revoke - रि - व़ोक्' - *v. t. & i.* to repeal, to withdraw, to annul. खण्डन करना, हटाना, तोड़ना; **Revokement** (- मेंन्ट्) -*n.* a repeal. खण्डन।

Revolt - रि - व़ोल्ट्' - *v. i. & t.* to rise against a ruler, to rise to rebellion, to cast off allegiance. राजशासन के विरुद्ध (खिलाफ) उठना, बलवा करना, राजद्रोह करना; -*n.* a rebellion, an insurrection. राजद्रोह, बलवा; **Revolting** (- इङ्ग्) -*adj.* rebellious. राजद्रोही; **Revoltingly** (- लि) -*adv.* in a revolting manner. राजद्रोह से।

Revolute - रेव्' - ऑल् - यूट् - *adj.* with edge rolled backwards. किनारा मुड़ा हुआ; **Revolution** (- शन्) -*n.* revolving round a centre, rotation, complete change, reversal of condition, fundamental change in the government of a country, a revolt. केन्द्र पर घूमना, परिक्रमण, परिभ्रमण, चक्कर, प्रतिवर्तन, उलटफेर, राज्य-परिवर्तन; **Revolutionary** (- शन्-रि) - *n. & adj.* an instigator of a revolution, pertaining to revolution. क्रान्तिकारी, परिभ्रमण या राज्य-परिवर्तन सम्बन्धी।

Revolutionism - रेव्' - ऑल् - यू'- शन् - इज़्म् - *n.* the principle of revolution. राज्य-परिवर्तन का सिद्धान्त।

Revolutionist - रेव्' - ऑल् - यू'- शन् - इस्ट् - *n.* a revolutionary. राज्य-परिवर्तनवादी।

Revolutionize - रेव्' - ऑल् - यू'- शन् - आइज़् - *v. t.* to effect a thorough change. पूर्ण परिवर्तन करना।

Revolve - रि - व़ॉल्व़्' - *v. i. & t.* to turn round, to rotate, to cause to turn, to ponder over. चक्कर खाना, घूमना, घुमाना, मन में विचार करना।

Revolver - रि - वाल्व़्'- अर् - *n.* a pistol with revolving mechanism by which several shots can be fired without reloading. एक बार भरकर अनेक गोली चलाने की पिस्तौल।

Revulsion - रि - व़ल्' - शन् - *n.* a drawing away, sudden change of feeling, counter irritation. पीछे को खिंचाव, भाव में एकाएक परिवर्तन, विराग।

Revulsive - रि - वल्स'- इव् - *adj.* causing to revulse. पीछे को खिंचाव लानेवाला।

Reward - रि - वार्ड् - *n.* a return for services or for merit, recompense, retribution. पारितोषिक, इनाम, प्रतिफल, दक्षिणा; *-v. t.* to give for merit, to recompense. पारितोषिक या इनाम देना, प्रतिफल देना; **Rewardable** (- एँ - ब्ल्) - *adj.* able to be rewarded. पुरस्कार देने योग्य; **Rewardless** (- लैस्) - *adj.* having no reward. बिना पारितोषिक का।

Rewin - री - विन्'- *v. t.* (*p. t.* **Rewon.**) to win again. फिर से जीतना।

Rewrite - री - राइट्' - *v. t.* (*p. t.* **Rewrote,** *p.p.* **Rewritten**) to write again. फिर से लिखना।

Rex - *n.* a king. राजा।

Reynard - रें - नर्ड' - *n.* proper name for a fox. लोमड़ी के लिये व्यक्तिवाचक शब्द।

Rhabdomancy - रॅब्' - डो -मॅन् - सि - *n.* discovering of subterranean water or ore by divine means. दैवी शक्ति से पृथ्वी के भीतर के जलस्त्रोत या खान का पता बतलाना।

Rhadamanthine - रॉड्'- ऑम् - ऑन् - थिन् - *adj.* rigorous. कठोर दण्ड देनेवाला।

Rhadamanthus - रॉड्'- ऑ - मॉन्थ् - अस् - *n.* a stern judge. कठोर न्यायाधीश।

Rhapsode - रॉप्' - सोड् - *n.* one who recites epic poems. महाकाव्य बाँचनेवाला।

Rhapsodist - रॉप्' - शॉड् - इस्ट् - *n.* one who writes rhapsodies, one who has a confused, incoherent and excited style of writing. महाकाव्य लिखनेवाला, असंगत कहनेवाला।

Rhapsodize - रॉप्' - साड् - आइज् - *v. t. & i.* to utter rhapsodies. महाकाव्य की कथा कहनेवाला।

Rhapsody - रॉप्' - साड् - इ - *n.* an epic poem, an extravagant composition in high-flown style. महाकाव्य, असम्बन्द्ध कविता।

Rhea - री' - आ - *n.* a kind of American ostrich. अमेरिका देश का एक प्रकार का शुतुरमुर्ग पक्षी।

Rheo - री - ॲं - *pref.* in the sense of 'current'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'विद्युत धारा सम्बन्धी' होता है।

Rhetor - री - टर्' - *n.* a teacher of rhetoric, an orator. अलंकारशास्त्र का अध्यापक, व्याख्यान देनेवाला।

Rhetoric - रेट्' - अर् - इक् - *n.* the art of speaking or writing in an impressive style, elegance and force in language, persuasiveness. अलंकार शास्त्र, साहित्यशास्त्र, प्रभावशाली लेख या व्याख्यान; **Rhetorical** (- अल्) *-adj.* pertaining to rhetoric. आलंकारिक; **Rhetorically** (- लि) *-adv.* in a rhetorical manner. आलंकारिक रूप में।

Rhetorician - रेट्'- अर् - इश् - अन् - *n.* one who is expert in rhetoric. अलंकारशास्त्र का पण्डित, अलंकारशास्त्रज्ञ।

Rheum - रूम् - *n.* watery secretions from the body. शरीर से तरल पदार्थ का स्राव (यथा- आँसू, थूक, कफ इत्यादि); **Rheumy** (- इ) *-adj.* full of rheum. ऐसे तरल रस से पूर्ण।

Rheumatic - रुम्' - ऑट् - इक् - *adj.* pertaining to or suffering from pain in the joints. गठिया सम्बन्धी, जोड़ों की पीड़ा सम्बन्धी या उक्त पीड़ा से ग्रस्त; **Rheumatically** (- लि) *-adv.* in a rheumatic manner. वात रोग से पीड़ित अवस्था में।

Rheumatics - रू - मॉटिक्स् - *n. pl.* patients of rheumatism. गठिया के रोगी।

Rheumatism - रुम्'- ऑट् - इज्म् - *n.* a disease marked by pain and stiffness in the joints of the human body. सन्धिवात, गठिया।

Rhinal - राइ'- नल् - *adj.* pertaining to the nose. नासिका सम्बन्धी, नाक का।

Rhino - राइ' - नॅ - *pref.* in the sense of "pertaining to nose". उपसर्ग जिसका अर्थ ''नासिका सम्बन्धी'' होता है।

Rhinoceros - रि - नॉस्'- अर् - अस् - *n.* (*pl.* **Rhinoceroses.**) large quadruped with thick plated skin and strong horn on the nose. गण्डक, गैंडा।


Rhinoceros.

Rhodanic - रो' - डॉ - निक् - *adj.* producing a red colour. लाल रंग उत्पन्न करनेवाला।

Rhodium - रो' - डि - अम् - *n.* a kind of metal, a kind of scented wood. एक विशिष्ट धातु, एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी।

Rhododendron - रो' - डो - डेंन् - ड्रान् - *n.* an evergreen shrub with flowers like those of roses. एक प्रकार का गुलाब के समान फूलवाला पौधा।

Rhomb - रॅम्ब् - *n.* a quadrilateral figure with equal sides but unequal angles. विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र।

Rhombohedral - रॉम्ब्' - ओ - हें' - ड्रल् - *adj.* relating to a rhombohedron. विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्रयुक्त ठोस की शकल से संबंधित।

Rhombohedron - रॉम्ब्' - ओ - हें' - ड्रान् - *n.* a solid figure bounded by six equal rhombs. एक ठोस आकृति जिसके छहों मुख विषम कोण समचतुर्भुज हों।

Rhomboid - रॉम्ब्'- आएड् - *adj & n.* a figure like a rhomb with only the opposite sides equal. आयताकार विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र के समान या ऐसा क्षेत्र; **Rhomboidal** (-अल्) - *adj.* having the shape of rhomboid. उक्त क्षेत्र के समान आकृतिवाला; **Rhomboidally** (- अलि) - *adv.* in a rhomboidal manner. विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र की आकृति के रूप में।

Rhombus - रॉम्' - बस् - *n.* (*pl.* **Rhombuses.**) a rhomb. विषम कोण समचतुर्भुज।

Rhonchus - रॉन्' - कस् - *n.* a sharp whizzing sound. घरघराहट का शब्द।

Rhotacism - रो'- टास - इज्म् - *n.* erroneous

pronunciation of the letter 'r'. बोलने में 'ड़' की भरमार।

Rhotacize - रो' - टॉस् - आइज़् - *v. i.* to speak with harsh sound of 'r'. 'र' के स्थान में 'ड़' बोलना।

Rhubarb - रू'- बर्ब् - *n.* a kind of garden plant used in cookery. रेवतचीनी।

Rhumb - रम् , रम्ब् - *n.* the line followed by a ship in its course. जहाज़ के मार्ग की रेखा।

Rhyme, Rime - राइम् - *ns.* correspondence of sound at the end of verse lines, a poem with rhymes. अनुप्रास पद्यक, यमक कविता; *-v. t. & i.* to make verses, to put into rhyme. पद्य बनाना, कविता लिखना, पद बिठाना; **Without rhyme or reason** (without sense, improperly.) निरर्थक, अनुचित, अयोग्य रीति से; **Rhymeless** (-लेंस्) *-adj.* not rhyming. बिना अनुप्रास का; **Rhymelessness** (-लेंस् - नेंस्) *-n.* the state of being rhymeless. अनुप्रासहीनता; **Rhymer** (- अर्), **Rhymester** (- स्टर्) *-ns.* one who makes rhymes, a poor poet. पद्यकार, कविता लिखनेवाला, तुच्छ कविता लिखनेवाला।

Rhythm - रिद्म् - *n.* metre, measured flow of words (regular movements), periodical accent. छद-गति, ताल, लय, ठेका।

Rhythmical - रिद्' - मिक् - अल् - *adj.* pertaining to rhythm. लय का, ताल-सुरबद्ध; **Rhythmically** (- लि) - *adv.* in a rhythmical manner. ताल-सुर में।

Rhythmist - रिद्म्' - इस्ट् - *n.* one who makes use of rhythms. ताल-सुर का प्रयोग करनेवाला।

Rhythmless - रिद्म्' - लेंस् - *adj.* without rhythm. बिना ताल-सुर का।

Riant - रि - ऑन्ट् - *adj.* (Fr. - रिअन्) cheerful, smiling. प्रसन्न, मुस्कुराता हुआ।

Rib - रिब् - *n.* one of the curved bones joined from sternum to spine, vein of leaf, one of the ship's curved timbers, hinged rod of umbrella frame, the moulding inside the wing of an aeroplane. पसली, पत्ती की रीढ़, जहाज़ की मुड़ी हुई पटरी, छाते की तीली, हवाई जहाज के पंख के भीतर की रचना; *-v. t.* (*p. t.* **Ribbed**) to furnish with ribs. रीढ़ लगाना, तीली बैठाना; **Ribbed** (- ब्ड्) *-adj.* having ribs. रीढ़दार; **Ribless** (-लेंस्) -devoid of ribs. बिना पसली का।

Ribald - रिब्' - आल्ड् - *n. & adj.* a jester, one who uses indecent language, obscene. मसखरा, गाली देनेवाला, अशिष्ट, नीच।

Ribaldry - रिब्' - ऑल्ड् - रि - *n.* vulgar obscene language. गाली-गलौज।

Riband - रिब्' - आन्ड् - *n.* a ribbon. फ़ीता; *-v. t.* to fit ribbons. फीता लगाना।

Ribbands - रिब्' - आन्ड्स्' - *n.* strips of wood. लकड़ी के चिरे हुए लम्बे तख्ते।

Ribbon - रिब्' - अन् - *n.* a narrow woven band of silk or satin. साटन या रेशम का पतला फ़ीता; *-pl.* driving reins. (ब. व.) लगाम।

Ribes - राइ' - बीज़् - *n.* the plant of gooseberry. झरबेर का पौधा।

Ribston - रिब् - स्टन्' - *n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Rice - राइस् - *n.* the pearl white husked seeds of a plant grown in marshy places. तण्डुल, चावल; **Scum of rice** (liquid taken out of rice.) माँड़; **Parched rice** (fried rice.) लावा।

Rich - रिच् - *adj.* wealthy, valuable, fertile, costly, bright, vivid, splendid, containing a large quantity of fat &c. deep of colour, abounding, ample. धनी, बहुमूल्य, उपजाऊ, कीमती, चमकीला, स्पष्ट, अनोखा, बसा (चर्बी) पूर्ण, गहरे रंग का, परिपूर्ण, प्रचुर; **Riches** (- एँज्) *-n. pl.* wealth, abundance. धन, विभव, द्रव्य, सम्पत्ति; **Richly** (-लि) *-adv.* in a rich manner. बहुत धन से, बड़ी शोभा से, बड़े प्रताप से; **Richness** (-नेंस्) *-n.* wealth, splendour, fertility, abundance. धन, अति शोभा, उपजाऊपन, बहुतायत।

Rick - रिक् - *n.* a stack of hay or corn. सूखी घास या अनाज का ढेर।

Rickets - रिक्' - इट्स् - *n.* a disease of children in which the bones are softened. बच्चों का रोग जिसमें हड्डियाँ मुलायम हो जाती है, सुखंडी; **Rickety** (- एँट् - इ) *-adj.* feeble in joints, insecure. मुलायम जोड़ का, अस्थिर, जीर्ण।

Ricksha, Rickshaw - रिक्' - शा, रिक्' - शॉ - *ns.* a light two wheeled carriage drawn by man. आदमी से खींची जानेवाली दो पहियों की फिटिन गाड़ी।

Ricochet - रिक्'- ऑश् - एट् - *n.* skipping of cannonball on ground or water. भूमि अथवा जल पर तोप के गोले की उछाल; *- v. i. & t.* to skip, to subject to skipping cannon firing. उछालना, उछलनेवाले गोलों की मार में पड़ना।

Rictus - रिक्' - टस् - *n.* expanse of the mouth, bird's beak. मुख का फैलाव, चोंच।

Rid - रिड् - *v. t.* (*p. t.* **Rid, Ridden**) to make free, to clear away, to disencumber, to destroy. मुक्त करना, छोड़ना, निकाल देना, नष्ट करना; *adj.* free, clear. मुक्त, स्वतंत्र, साफ, स्वच्छ; **To get rid of** (to be free from.) छुटकारा पाना।

Riddance - रिड्' - ऑन्स् - *n.* deliverance. मुक्ति, उद्धार।

Riddel - रिड्' - एल् - *n.* the curtain of an altar. वेदी का पर्दा।

Ridden - रिड्न् - *p.p.* of the verb **Ride.** घुड़सवारी किया हुआ।

Riddle - रि' - ड्ल् - *n.* an enigma or puzzle, a mysterious question, a coarse sieve. कूट प्रश्न, पहेली, मोटी चलनी; *-v. i. & t.* to use a

riddle, to separate chaff from grain. पहेली कहना, भूसी अलगाना।

Riddling - रिड्' - लिङ्ग् - *adj.* perplexing. पेंचीला; **Riddlingly** (- लि) *-adv.* like a riddle. कूट प्रश्न के समान।

Ride - राइड् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Rode,** *p. p.* **Ridden;** also **rade** or **raid** and **rid** in Scotland.) to sit on horse back, to be carried by a horse, cycle, train &c. घोड़े पर सवार होकर चलना, घोड़े, सायकिल, रेलगाड़ी इत्यादि पर चढ़कर चलना; *-n.* a journey in a public conveyance. सार्वजनिक या आम सवारी पर यात्रा; **To ride on** (to tease.) कष्ट देना; **To ride one down** (to overtake a man by riding.) घोड़ा दौड़ाकर किसी को पकड़ लेना; **Rideable, Ridable** (- एॅब्ल्) *-adjs.* able to be ridden. सवारी करने योग्य; **Rider** (- अर्) *-n.* on who rides, a supplement, corollary, a problem to test the mastery of a mathematical principle. सवार, परिशिष्ट, उपसिद्धान्त, गणित के सिद्धान्त का स्पष्ट बोध करानेवाला प्रश्न; **Riderless** (-लेंस्) *-adj.* having no rider. बिना सवार का।

Ridge - रिज् - *n.* a mountain range, a line of junction in a roof, the rough top of anything, any narrow elevation. पर्वतपृष्ठ, कटक, छत का जोड़, खुरखुरा किनारा, ढालुआँ टीला; *-v. t. & i.* to form a ridge. मेड़ बनाना; **Ridgy** (- इ) *-adj.* rising in ridges.

Ridicule - रिड्' - इ - क्यूल् - *n.* derision, mockery. उपहास, हँसी-ठट्ठा; *-v. t.* make fun of, to mock. उपहास करना, ठिठोली करना; **Ridiculous** (- अस्) *-adj.* causing ridicule, funny. हास्यकर, हँसी उत्पन्न करनेवाला; **Ridiculously** (- लि) *-adv.* in a ridiculous manner हँसी करते हुए ढंग से; **Ridiculousness** (- नेंस्) *-n.* the quality of being ridiculous. उपहासयुक्त होने का गुण।

Riding - रिड्' - इङ्ग् - *n.* a road for riders. घुड़सवारी की सड़क; **Riding-breeches** (breeches used in riding.) घुड़सवारी का पायजामा; **Riding-clerk** *-n.* a commercial traveller. व्यावसायिक यात्री; **Riding-habit** (a woman"s riding dress.) स्त्रियों का घुड़सवारी का वस्त्र; **Riding-master** *-n.* one who teaches riding. घुड़सवारी सिखलानेवाला मनुष्य।

Rife - राइफ़् - *adv.* prevailing, current, numerous. प्रचलित, व्यापक, अधिक; **Rifeness** (-नेंस्) - *n.* prevalence, currency. व्यापकता।

Riff-raff - रिफ़्' - रॉफ़् - *n.* the rabble, persons of disrepute. अधम मनुष्य, निन्द्य लोग।

Rifle - राइ'- फ़्ल् - *v. t. & i.* to search and rob, to plunder, to injure, to break, to strip off, to make spiral grooves in the barrel of a gun. खोजकर लूटना, डाका डालना, चोट पहुँचाना, तोड़ना, नंगा करना, बन्दूक की नली में चक्करदार छेद बनाना; *-n.* a gun with grooved barrel. चक्करदार छेद की बन्दूक; **Riflecorps** (- कोर्) *-n.* volunteers armed with rifles. बन्दूक धारण करनेवाले स्वयंसेवक लोग; **Rifler** (- र्) *-n.* a plunderer. लुटेरा।

Rifle-grenade - राइ' - फ़ल् - ग्रेन - एड् - *n.* a bomb fired from a rifle by means of a rod. एक छड़ या डंडे की सहायता से बन्दूक की नली में से छोड़ा हुआ बम।

Rifleman - राइ' - फ़ल् - मेंन् - *n.* (*pt.* **Riflemen.**) an armed soldier. बन्दूकधारी सिपाही।

Rifle-range - राइ' - फ़ल् - रेंन्ज् - *n.* a place for practising shooting with a rifle. बन्दूक की गोली चलाना सीखने का स्थान।

Rift - रिफ़्ट् - *n.* a cleft, a fissure. फटन, दर्रा, दरार; *-v. t. & i.* to cleave, to burst open. दरार बनाना, फटना; **Riftless** (-लेंस्) *-adj.* without a cleft or fissure. बिना दरार का; **Rifty** (- इ) *-adj.* having cracks. दरारदार।

Rig - रिग् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Rigged.**) to provide a ship with ropes &c. to fit, to clothe to fit and adjust the wires of an aircraft. जहाज़ को रस्सा इत्यादि सामग्री से युक्त करना, सँवारना, वस्त्र पहिनना, हवाई जहाज के तारों को ठीक-ठीक स्थान में लगाना; *-n.* the method in which sails and riggings are arranged, a trick. जहाज़ के रस्से, पाल इत्यादि क्रम से रक्खे जाने का तरीका, छल, कपट।

Rigescence - रिज्'- इ - सेन्स् - *n.* stiffness, hardness. कठोरता, कड़ाहट।

Rigescent - रिज्'- इ - सेन्ट् - *adj.* growing hard and stiff. कड़ा होनेवाला।

Rigged - रिग्ड् - *adj.* furnished with rigs. रस्सों से सुसज्जित।

Rigging - रिग्' - इङ्ग् - *n.* the ropes of a ship, dress wires used in an aircraft. जहाज़ के रस्से, पाल इत्यादि, वस्त्र, हवाई जहाज में प्रयुक्त तार; **Rigging band** (reinforced band screwed to the envelope of an airship.) हवाई जहाज के आवरण में पेंच से कसे हुए मजबूत तार।

Riggish - रिग् - इश् - *adj.* wanton. लम्पट, विलासी।

Right - राइट् - *adj.* straight, just, fit, lawful, true, correct, most convenient, well performed, on the right hand. सीधा, उचित, योग्य, न्याय्य, सच्चा, सही, सबसे उपयुक्त, भली भाँति किया हुआ, दाहिनी ओर का; *-adv.* rightly, correctly. उचित रीति से, यथार्थता से; *-interj.* well done. ठीक; **Right angle** (- ऑङ् - ग्ल्) *-n.* angle of 90 degrees or of one fourth of a circle. समकोण, ऋजुकोण; **Right down** (completely.) पूर्ण रूप से; **Right to the bottom** (exactly up to the bottom.) ठीक पेंदी तक।

90°

Right angle.

Right - राइट् - *n.* justice, propriety, truth, authority, the side opposite to the left. न्याय, धर्म, नीति, यथार्थता, सत्यता, अधिकार, दाहिना भाग; *-n. pl.* authority (ब. व.) अधिकार; **Bill of rights** (a

declaration of the rights.) अधिकारपत्र; **Right and left** (in every direction. प्रत्येक दिशा में; **To put to rights** (to put in good order.) ठीक क्रम में रखना।

Right - राइट् - *v. t.* to do justice to, to put in a proper position, to set in a vertical position. न्याय करना, उचित स्थान में रखना, लम्बरूप में करना; **Rightable** (- ऍ - ब्ल्) *-adj.* able to be corrected. शुद्ध (ठीक) करने योग्य; **Righten** (- ऍन्) *-v. t.* to make right. ठीक करना।

Righteous - राइ' - टस् - *adj.* just, holy, equitable, virtuous, upright, honest. न्याय-परायण, धार्मिक, पवित्र, सच्चा; **Righteously** (- लि) *-adv.* in a righteous manner. पवित्रता से, धर्म से; **Righteousness** (- नेंस्) *-n.* holiness, justice, uprightness. साधुवृत्ति, धर्म-परायणता, सदाचार।

Rightful - राइट्' - फुल् - *adj.* just legitimate, lawful. न्याय्य, यथोचित, अधिकारी; **Rightfully** (- लि) *-adv.* in a rightful manner. अधिकार सहित; **Rightfulness** (- नेंस्) *-n.* justice, moral rectitude. सत्यता, परमार्थता।

Right-hand - राइट्' - हॉन्ड् - *adj.* towards the right hand. दाहिने हाथ की ओर का; **Right-handed** (- ऍड्) *-adj.* using the right hand more easily than the left. बायें हाथ की अपेक्षा दाहिने हाथ से अधिक सरलता से काम करनेवाला; **Right-handedness** (- नेंस्) *-n.* dexterity. होशियारी।

Right-hearted - राइट्'- हार'- टेड् - *adj.* having right disposition. सही प्रकृतिवाला, सुशील।

Rightless - राइट्'- लेंस् - *adj.* destitute of rights. अधिकार-रहित; **Rightly** (राइट् - लि) - *adv.* in a right manner. उचित रीति से।

Right-minded - राइट्'- माइन्ड्' - एड् - *adj.* well disposed. शुद्ध चित्त का।

Rightness - राइट्' - नेंस् - *n.* conformity to truth. यथार्थता, सचाई।

Rightwards - राइट्' - वर्ड्स् - *adv.* towards the right. दाहिनी ओर।

Rigid - रिज्' - इड् - *adj.* not flexible, harsh, severe, strict. कड़ा, कठोर, कर्कश, रूक्ष, दृढ़; **Rigid-airship** (an air ship having a stiff framework.) पुष्ट ढाँचे वाला हवाई जहाज; **Rigidity** (- इट् - इ), **Rigidness** (- नेंस्) - *ns.* stiffness, severity, कठोरता, दृढ़ता; **Rigidly** (- लि) - *adv.* in a rigid manner. कठोरता से, दृढ़ता से।

Riglet - रिग्' -लेंट् - *n.* a piece of wood used for picture frames. तस्वीर के चौखटा में लगाने की लकड़ी की पट्टी।

Rigmarole - रिग्' - मर् - ओल् - *n.* a meaningless or incoherent talk. अनर्थक कथा, बिना अर्थ की बातचीत।

Rigor - रिग्'- अर् - *n.* sudden chill and shivering appearing before certain fevers ज्वर के पूर्व की कँपकँपी और सर्दी; **Rigormortis** (stiffness that comes in a body shortly after death.) मरने के बाद शरीर में आनेवाली कड़ाहट; **Rigorism** (- इज्म्) - *n.* severity. कड़ाहट; **Rigorous** (- अस्) - *adj.* severe, strict. कठोर (कर्कश), कठिन; **Rigorously** (- लि) *-adv.* strictly, severely. कठोरता से, कठिनता से।

Regorousness - रिग्' - अर् - अस् - नेंस् - *n.* the quality of being rigorous, severity. कर्कशता, कड़ाहट।

Rigour - रिग्' - अर् - *n.* harshness, strictness, hardship, austerity of life, sense of chilliness accompanied with shivering. दृढ़ता, कठोरता, कष्ट, तपस्या, ठंढ से शरीर की कँपकँपाहट।

Rile - राइल् - *v. t.* to irritate, to make angry. उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Rill - रिल् - *n.* a small stream or rivulet. क्षुद्र नदी, छोटी नदी, नाला।

Rille - रिल् - *n.* a trench or narrow valley on the surface of the moon. चन्द्रमा के तल पर की छोटी खाईं या घाटी।

Rim - रिम् - *n.* the outer ring of a wheel, margin, border. पहिये की हाल, किनारा, कोर; - *v. t.* (*p.t.* **Rimmed.**) to put on a rim or tyre. किनारा लगाना, हाल चढ़ाना; **Rim-brake** (a brake acting on the rim of a wheel.) गाड़ी रोकने के लिए पहिये की हाल पर लगाई हुई रोक; **Rimmed** (- ड्) - *adj.* having a border. किनारदार; **Rimless** (-लेंस्) - *adj.* without a rim. बिना किनारे का।

Rime - राइम् - *n.* hoar-frost. पाला, जमी हुई ओस; - *v. t.* to congeal into frost. जमकर पाला हो जाना।

Rimose - रिम् - ऑस् - *adj.* consisting of chinks, full of fissures. छिद्र से भरा हुआ, दरारदार।

Rimosity - रिम् - ऑस्' - इट - इ - *n.* the state of being chinky. छेददार, दरारदार।

Rimous - रिम' - अस् - *adj.* abounding in clefts. दरारों से भरा हुआ।

Rimple - रिम् - प्ल् - *n.* a fold or wrinkle. तह, सिकुड़न, झुर्री।

Rimy - राइ'- मि - *adj.* frosty. पालेदार।

Rind - राइन्ड् - *n.* the bark of a tree, the external covering of a fruit. छाल, छिलका।

Rinderpest - रिन्'- डर् - पेंस्ट् - *n.* a malignant disease of cattle. पशुओं का एक भयंकर रोग।

Rindle - रिन्ड्ल् - *n.* a narrow water course. सँकरा नाला।

Ring - रिङ्ग् - *n.* a circlet of precious metal worn on the fingers, anything circular, a circular ripple in water, rim of a circular object, band of traders, a circular enclosure, metallic sound as of a bell. अँगूठी (मुँदरी), चक्राकार पदार्थ, जल की भँवर, पहिये की हाल, व्यापारियों का संघ, घण्टी का शब्द; **Ear-ring** (a ring worn on

the ears.) कर्णफूल, झुमका; **Nose-ring** (a ring worn on the nose.) नथिया, नथुनी।

Ring - रिङ्ग् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Rang**, *p.p.* **Rung**) to sound like a bell. घंटी की तरह बजना, ठनठनाना; **Ringing in the ears** (sound like a bell in the ears.) कान में झनझनाहट का शब्द; **To coin rings true** (or **false**) सिक्के की ठनकार ठीक (या बेठीक) है; **To ring off** (to finish talking on the telephone.) टेलीफोन पर बातचीत समाप्त करना; **To ring up** (to summon by ringing the bell of a telephone.) टेलीफोन पर घंटी बजाकर बुलाना; **Ring-finger** (- फिंगर्) *-n.* the third finger of the left hand. बाँये हाथ की बिचली अँगुली जिसमें अंग्रेज विवाह की अँगूठी पहनते हैं।

Ringing - रिङ्ग्' - इङ्ग् - *adj.* sounding like metal when struck. ठन-ठन शब्द करनेवाला; *-n.* the sound of a bell. घंटी का शब्द।

Ringworm - रिङ्ग्' - वर्म् - *n.* a skin disease in circular patches. दाद।

Rink - रिङ्क् - *n.* a sheet of ice used for skating. बरफ़ पर सरकने का मैदान; *v. t.* to skate on a rink. बरफ़ के मैदान पर दौड़ लगाना, **Rinker** (- अर्) *-n.* one who skates on a rink. इस प्रकार से दौड़ लगानेवाला।

Rinse - रिन्स् - *v. t.* to wash out or cleanse with water, to wash off soap from cloth. जल से धोना, पानी में डुबोकर कपड़े से साबुन हटाना; **Rinser** (- अर्) *-n.* one who rinses. धोनेवाला; **Rinsing** (- इङ्ग्) *-n.* washing. धुलाई।

Riot - राइ' - अट् - *n.* disorder, uproar, tumult, disturbance of peace, noisy festivity. उपद्रव, कोलाहल, विप्लव, प्रजा-क्षोभ (दंगा, बलवा), शराबियों का उत्सव; *-v. i. & t.* to revel, to raise an uproar. आनन्द मचाना, बलवा करना; **To run riot** (to act without restraint.) मर्यादा भङ्ग करना; **Rioter** (- अर्) *-n.* one who is guilty of rioting. उपद्रव करनेवाला, बलवाई; **Rioting** (- इङ्ग्) *- n.* disturbance. बलवा, उपद्रव; **Riotous** (- अस्) *-adj.* seditious, tumultuous, revelling. राजद्रोही, बलवाई, मद्य पीकर आनन्द मचानेवाला; **Riotously** (- लि) *-adv.* in a riotous manner. कोलाहल से, उपद्रव से; **Riotousness** (- नेंस्) *-n.* the state of being riotous. उपद्रव, बलवा।

Rip - रिप् - *n.* a worthless horse, a dissolute person, a tear or rent. निकम्मा घोड़ा, नीच पुरुष, फटन या दरार; *-v. i. & t.* (*p.t.* **Ripped.**) to tear up forcibly, to split, to rush along. चीरना, फाड़ना, झपटना।

Riparian - रिप् - आइर' - इ - अन् - *adj.* pertaining to the bank of a river. नदी-तट-सम्बन्धी।

Ripe - राइप् - *adj.* ready for being reaped, eaten or drunk, mature, developed. परिपक्व, पका हुआ, तैयार, प्रौढ़, सिद्ध, सम्पन्न, पूरा; *- v. i. & t.* to grow ripe, to ripen. पकना या पकाना; **Ripe age** (old age.) वृद्धावस्था, बुढ़ौती; **Ripe in years** (of old age.) वयोवृद्ध, बुज़ुर्ग; **Ripe opportunity** (good occasion.) उचित अवसर; **Ripely** (- लि) *-adv.* in a ripe manner. पकी अवस्था में; **Ripen** (- ऍन्) - *v. t.* to make ripe, to mature. पकाना, तैयार करना; **Ripeness** (- नेंस्) - *n.* the state of being ripe. पक्वावस्था, सिद्धि, पकावट।

Ripper - रिप्' - अर् - *n.* a tool for ripping. फाड़ने का शस्त्र, चीरने का हथियार।

Rippingly - रिप्' - इङ्ग् - लि - *adv.* in a ripping manner. फाड़ते या चीरते हुए।

Ripple - रिप्ल् - *n.* a small wave, a gentle sound. छोटी लहर, मृदु शब्द; *-v. i. &. t.* to curl or rise in ripples. लहराना, झकोरा मारना।

Ripplet - रिप्' -लेंट् - *n.* a small ripple. छोटी लहर।

Rippling - रिप्' - लिङ्ग् - *adj.* breaking of ripples. तरङ्गयुक्त; **Rippling noise** (sound of ripples.) लहरों का शब्द।

Ripply - रिप्'- लि - *adj.* having ripples. लहरदार।

Rise - राइज़् - *v. i.* (*p. t.* **Rose.** *p.p.* **Risen**) to get up from lying or sitting posture, to become erect, to grow up, to come to life, to abandon, to increase, to revolt. खड़ा होना, उठना (उदय होना), सीधा होना, उगना, जीवित होना, त्यागना, बढ़ना, बलवा करना; *-n.* ascent, elevation, origin, increase. चढ़ान, चढ़ाई, उन्नति (उदय), ऊँचाई, उत्पत्ति, अधिकता; **Rising generation** (the young.) नई पीढ़ी; **Spirits rise** (is extremely happy.) अति प्रसन्न है; **The pillar rises fifteen feet** (the height of the pillar is fifteen feet.) खम्भा पन्द्रह फ़ीट लम्बा है; **The river rises** (the river is flooded.) नदी में बाढ़ आई है; **To give rise to** (to cause.) उत्पन्न करना; **To rise against** (to rebel.) विद्रोह करना; **To rise betimes** (to rise early in the morning.) सबेरे उठना।

Risen - रिज़्न् - *p. p.* of **Rise.** उठा हुआ।

Riser - राई' - जर् - *n.* one who rises. उठनेवाला।

Risibility - रिज़् - इब् - इल्'- इट - इ - *n.* laughter. हँसाई, हँसी।

Risible - रिज़्' - इब्ल् - *adj.* inclined to laugh, ludicrous. हँसाने को उद्यत, हास्यप्रद; **Risibleness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being risible. हँसी; **Risibly** (- इ) - *adv.* in a risible manner. हँसते हुए।

Rising - राइ'- ज़िङ्ग् - *n.* the act of ascending, insurrection. उठान, बलवा; *-adj.* increasing. बढ़ानेवाला, उठने या उन्नति करनेवाला।

Risk - रिस्क् - *n.* hazard, danger, peril. सन्देह, शङ्का, सङ्कट; *-v. t.* to expose to injury or loss. संकट या आपत्ति में डालना; **To run a risk** (to encounter a danger.) आपत्ति का सामना करना;

Risker (- अर्) -*n.* one who hazards. आपत्ति का सामना करनेवाला; **Riskily** (- इ - लि) -*adv.* in a risky manner. संकट से; **Riskiness** (- इ -नेंस्) -*n.* peril, danger. आपत्ति भय, सङ्कट; **Riskless** (-लेंस्) -*adj.* devoid of danger. संकट या भयहीन; **Risky** (- इ) -*adj.* hazardous. आपत्तिपूर्ण, संकटमय।

Risorial - रिज़ें - ऑ'- रि - अल् - *adj.* concerning laughter. हास्य सम्बन्धी।

Rissole - रिस्'- ओल् - *n.* fried cake of meat mixed with crumbs of bread. रोटी के टुकड़े में मिलाया हुआ पके माँस का टुकड़ा।

Rite - राइट् - *n.* a religious ceremony, religious observance. आचार (रीति), संस्कार (नियम); **Rite of hospitality** (entertainment of a guest.) अतिथि-सत्कार; **Scriptural rite** (religious observance.) शास्त्र-विधि।

Ritual - रिट्'- यु - अल् - *adj.* of religious rites, ceremonial. शास्त्रोक्त, विधि-सम्बन्धी; - *n.* the manner of performing religious rites. क्रिया-पद्धति शास्त्रविधि; **Ritualism** (- इज़्म्) - *n.* the system of rituals. शास्त्रोक्त पद्धति; **Ritualist** (- इस्ट्) - *n.* one who is skilled in rituals. शास्त्र-विधि जाननेवाला; **Ritualistic** (- इस्ट् - इक्) - *adj.* pertaining to rituals. शास्त्र-पद्धति सम्बन्धी; **Ritualistically** (-इस्ट् - इक-लि) - *adv.* according to rituals. शास्त्र-पद्धति के अनुसार।

Ritualize - रिच्' - यू - ऑल् - आइज् - *v. t.* to perform religious rites. शास्त्र-क्रिया करना।

Ritually - रिच्'- यू - अल् - इ - *adv.* in a ritual manner. शास्त्र-पद्धति के अनुसार।

Rivage - राइ -व़ेंज् - *n.* a bank or coast. नदी का या समुद्र का किनारा।

Rival - राइ' - व्ल् - *n. & adj.* one who competes for the same prize as another. प्रतिस्पर्धी, प्रतिद्वन्द्वी; -*v. t.* (*p. t.* **Rivalled**) to emulate, to try to excel. स्पर्धा करना, बढ़ने का प्रयत्न करना; **Rivalry** (- रि) -*n.* competition. प्रतियोगिता (विरोध), स्पर्धा।

Rive - राइव़् - *v. t. & i.* ((*p. t.* **Reft.**, *p.p.* **Riven.**) to rend asunder, to split, to be rent. चीरना, फाड़ना, फटना; -*n.* a rent. फटन।

Rivel - रिव्' - ल् - *v. i. & t.* ((*p. t.* **Rivelled.**) to wrinkle. ऐंठना।

Riven - रिव्' - न् - *p. p.* of **Rive.** फटा हुआ।

River - राइ' - व़र् - *n.* one who rives. चीरनेवाला।

River - रिव़र् - *n.* a copious stream of flowing water. नदी; **River-horse** (the hippopotamus.) दरियाई घोड़ा।

Riverain - रिव्'- अर् - एन् - *adj. & n.* pertaining to a river, habitation near river. नदी का, नदी के किनारे का, नदी के समीप की बस्ती।

Rivet - रीव्' - इट् - *n.* a bolt for fastening together two pieces of metal. धातु की चद्दर या टुकड़ों को बाँधने की कीली; -*v. t.* (*p. t.* **Riveted**) to fasten with rivets. इस प्रकार की कील से जोड़ना; **Riveter** (- अर्) - *n.* one who or that which rivets. धातु के टुकड़ों को जोड़नेवाला।

Rivulet - रीव्'- यू - लेट् - *n.* a small stream. छोटी नदी, नाला।

Roach - रोच् - *n.* a small fresh-water fish. मीठे पानी की छोटी मछली।

Road - रोड् - *n.* a public passage, a higher way, shallow water near the shore where ships can lie at anchor. मार्ग, पथ, रास्ता, सड़क, समुद्र के किनारे के पास जहाज़ों के लङ्गर डालने का स्थान; - *v. t.* to follow up game by scent. कुत्तों का सूँघकर शिकार के पीछे दौड़ना; **High Road** (main road.) राजपथ, बड़ी सड़क; **Royal road to** (way of attaining an object without trouble.) किसी पदार्थ को सहज में प्राप्त करने का रास्ता (तरीका); **On the road** (travelling by the highway.) यात्रा करते हुए, बड़ी सड़क से; **Road book** (- बुक्) -*n.* a traveller's guide-book. यात्रा की पथदर्शक पुस्तक; **Road-hog** (- हॉग्) -*n.* dangerously driving motorist. भयङ्कर रूप से मोटर दौड़ानेवाला मनुष्य; **Roadman** (-मॉन्) -*n.* one who keeps a road in repair. सड़क की देखरेख करनेवाला मनुष्य; **Roadstead** (- स्टेंड्) -*n.* a place where ships lie at anchor. जहाज़ का लंगर डालकर ठहरने का स्थान; **Roadster** (- स्टर्) -*n.* one who is accustomed to driving, an experienced traveller. सड़क पर गाड़ी चलाने में कुशल, प्रवीण या अनुभवी यात्री।

Roadway - रोड्' - वें - *n.* highway. राजमार्ग, पक्की सड़क।

Roam - रोम् - *v. t. & i.* to wander, to ramble, to walk about in an unsystematic manner. घूमना, विचरना, भटकते फिरना; **To roam about** (to wander here and there.) इधर-उधर भटकना; **Roaming** (- इङ्ग्) -*n.* the act of wandering. घुमान, टहलान।

Roan - रोन् - *adj. & n.* bay or sorrel, mixed with white or grey colours, soft sheep skin used in book-binding. चितकबरे रंग का, जिल्द बाँधने के उपयोग का भेड़ का कोमल चमड़ा।

Roar - रोर् - *v. i. & t.* to utter a loud deep sound as of a lion, to make a loud sound, to talk very loudly. गरजना, गुर्राना, चिल्लाना; -*n.* the cry of a beast, outcry. गरज, चिल्लाहट, चीख; **Roarer** (- अर्) -*n.* one who or that which roars. गरजनेवाला; **Roaring** (- इङ्ग्) -*n.* a loud cry. गम्भीर शब्द, गर्जना; -*adj.* noisy. कोलाहल करनेवाला, गरजनेवाला; **Roaringly** (- इङ्ग् - लि) -*adv.* in a roaring manner. गरजते हुए।

Roast - रोस्ट् - *v. t.* to cook in open fire, to expose to fire, to ridicule. भूनना, सेंकना, हँसी करना; -*n.* roasted meat, operation of roasting. भूना हुआ मांस, भूनने की क्रिया; **Roaster** (- अर्) -*n.* one who roasts. भूननेवाला मनुष्य।

Rob - रॉब् - *v. t.* (*p.t.* **Robbed.**) to plunder, to take forcibly, to commit robbery. चुराना, मूसना,

लूटना; **Robber** (- ब्र्) *-n.* one who steals, a plunderer. तस्कर, लुटेरा; **Robbery** (- बर् - इ) *-n.* the act of plundering. चोरी लूट।

Robe - रोब् - *n.* a loose outer garment, gown, a lady's dress in one piece. जामा (लबादा), घाघरा; *-v. t. & i.* to dress with a robe. लबादा पहिनाना; **Gentleman of the robe** (a pleader or barrister.) वकील या बैरिस्टर।

Robin - रॉब् - इन् - *n.* (also **Robin-red-breast.**) a small singing bird with red breast. लाल छाती की एक प्रकार की छोटी गानेवाली चिड़िया।

Roborant - रो'- बोर - एन्ट् - *adj. & n.* renovating (medicine). शक्ति देनेवाली (औषध)।

Roboreus - रो - बोर् - इ - अस् - *adj.* made of oak. जैतून की लकड़ी का बना हुआ।

Robot - रो' - बोट् - *n.* a mechanical apparatus in the form of a man, which although heartless and souiless obeys the operator, a person who acts like a machine. मनुष्य के आकार का यन्त्र जिससे अनेक काम लिये जाते हैं, यन्त्र की तरह काम करनेवाला मनुष्य।

Roburite - रो'- बर् - इट् - *n.* a flameless explosive of high power. एक प्रकार की अति तीव्र बारूद।

Robust - रो - बस्ट्'- *adj.* of strong constitution, muscular, invigorating, vigorous. दृढांग, वज्रदेह, मांसल, पुष्टिकर, पुष्ट।

Robustious - रो - बस्'- टि - अस् - *adj.* boisterous, noisy. कोलाहल करनेवाला, उपद्रवी।

Robustly - रो - बस्ट्'- लि - *adv.* in a robust manner. पुष्टता से; **Robustness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being robust. अंग की दृढ़ता।

Roc - रॉक् - *n.* a gigantic bird of Eastern tales. पूर्वी देशों की कहानी की अति बलवान् चिड़िया, शार्दूल।

Rochet - रॉशें (चें) ट् - *n.* dress worn by the bishop and abbots. पादरियों का वस्त्र।

Rock - रॉक् - *v. t. & i.* to move gently to and fro, to shake, to oscillate. धीरे-धीरे इधर-उधर डोलना, दोलायमान होना, पेंग मारना, हिलाना, हिलना; *-n.* a moving position. झूलने की गति।

Rock - रॉक् - *n.* a solid mass of stony material projecting and forming a hill, a hard kind of sweetmeat. स्थूल शिला, चट्टान, कड़ी मिठाई; **Rock bed** (a bed of rock.) चट्टान की पेंदी; **Rock-bottom** (the very lowest.) सबसे नीचे का तल; **Rock bound** (surrounded by rocks.) चट्टानों से घिरा हुआ; **Rock-drill** (a drill for boring rocks.) चट्टान छेदने का यन्त्र; **Rock-hewn** (cut out from rocks.) चट्टानों में से काटकर निकाला हुआ; **Rock salt** (sodium chloride.) सेंधा नमक; **Rock-tar** (kerosene oil.) मिट्टी का तेल।

Rocker - रॉक्' - अर् - *n.* curving piece of a cradle. वह डण्डा जिस पर पालना झूलता है।

Rockery - रॉक्' - अर - इ - *n.* a rocky bank. चट्टानों से पूर्ण किनारा।

Rocket - रॉक्'- एट् - *n.* a kind of plant, a cylindrical piece propelled by ignition, a shell or bomb constructed on the principle of firework which intermittently projects through air. एक प्रकार का पौधा, हवाई बान, गोल टुकड़ा जो आग लगाने पर आगे को बढ़ता है, पटाखे के सिद्धान्त पर बना हुआ बम गोला; *- v. t.* to bombard with rockets. पलीते या बम गोले से उड़ाना; **Rocketer** (- अर्) - *n.* one who makes use of a rocket. पलीता लगानेवाला; **Rocketing** (- इङ्ग्) - *adj.* swiftly flying upwards. वेग से ऊपर उठता हुआ या उठानेवाला।

Rockily - रॉक्'- इ - लि - *adv.* in a shaky manner. हिलता हुआ।

Rockiness - रॉक्' - इ - नेंस् - *n.* the state of being rocky. चट्टानों की परिपूर्णता।

Rocking - रॉक्' - इङ्ग् - *adj.* moving backwards and forwards. आगे-पीछे हिलनेवाला; **Rocking-chair** (a chair mounted on rockers.) झूलनेवाली कुरसी।

Rockling - रॉक्' - लिङ्ग् - *n.* a kind of fish like the cod. कॉड मछली के प्रकार की एक मछली।

Rock - oil - रॉक्' - ऑ - इल् - *n.* petroleum. मिट्टी का तेल, किरासिन तेल।

Rock-salt - रॉक् - सॉल्ट् - *n.* chloride of sodium सेंधा नमक।

Rocktemple - रॉक्'-टेंम्पुल्' - *n.* a temple hewn out of a rock. चट्टान काटकर बना हुआ मन्दिर।

Rod - रॉड् - *n.* a slender, long, round shoot or twig of a plant, a wand, a bundle of twigs. दण्ड, डण्डा, छड़ी, लग्गी; **To kiss the rod** (to accept punishment meekly.) नम्रतापूर्वक दण्ड स्वीकार करना।

Rode - रोड् - *p. t.* of **Ride.** old spelling of **Road**; *-v. i.* to fly in the evening. 'Ride' का भूतकाल का रूप, 'Road' का प्राचीन शब्द-विन्यास (हिज्जे); अ. क्रि.-सायंकाल उड़ना; **Roding** (a wood-cock's evening flight.) जंगली मुर्गे का सायंकालीन उड़ान।

Rodent - रो'- डेंण्ट् - *n. & adj.* (*n. pl.* **Rodentia**) an animal with strong cutting teeth that gnaws its food. कुतरकर खानेवाला पशु।

Rodential - रो -डेंन्श्' - अल् - *adj.* pertaining to a rodent. कुतरकर खानेवाले पशु का।

Rodlet - रॉड्' - लेंट् - *n.* a small rod. छोटा डण्डा, छड़ी।

Rodman - रॉड्' - मॉन् - *n.* an angler. निषाद, मछलीमार।

Rodomont - रॉड्' - ओ - मान्ट् - *n.* a vain boaster. झूठी शेखी हाँकनेवाला मनुष्य; *-adj.* vainly boasting. झूठी शेखी हाँकनेवाला।

Rodomontade - रॉड्' - ओ - मॉन् - टेड् - *n. & adj.* a bragger, boastful. उद्धत वचन बोलनेवाला, शेखीबाज; *-v. t.* to boast, to brag. गर्व-सहित वाक्य बोलना; **Rodomontader** (- अर्) - *n.* a boaster. गर्वित वाक्य बोलनेवाला, शेखी करनेवाला।

Roe - रो - *n.* (*mas.* **Hart**) a kind of small deer, feminine of hart, the eggs of fishes. एक प्रकार की छोटी हिरनी, हरिणी (मृगी), मछलियों के अण्डे।

Roebuck - रो' - बक् - *n.* the male of roe-deer. नर हरिण।

Rogation - रो - गें' - शन् - *n.* application. प्रार्थना।

Rogatory - रो - गे' - टर् - इ - *adj.* relating to investigation. अन्वेषण-सम्बन्धी।

Rogue - रोग् - *n.* a vagrant, knave, rascal, a mischievous fellow, a dishonest person, a wild beast. धूर्त, शठ, दुर्जन, कपटी, जङ्गली पशु; **Roguery** (- अरि) -*n.* rascality. दुष्टता।

Roguish - रोग्' - इश् - *adj.* knavish, fraudulent. दुष्ट, कपटी; **Roguishly** (- लि) -*adv.* in a fraudulent manner. दुष्टता से; **Roguishness** (- नेस्) - *ns.* cheating, mischievousness. शठता, दुर्जनता।

Roister - रोयस्'- टर् - *v. i.* to revel in a noisy manner, to make an uproar. मद्य पीकर उपद्रव करना, शोर-गुल मचाना; **Roisterer** (- अर्) - *n.* a blustering fellow. उपद्रव करनेवाला; **Roistering** (- अर् - इङ्ग्) - *n.* blustering action. ऊधम, उपद्रव।

Role - रोल् - *n.* an actor's part, a man's appointed duty. नाटक के पात्र का अभिनय, मनुष्य का नियत कर्त्तव्य।

Roll - रोल् - *n.* a thing formed into a cylinder without folding, a document or record in such a form, a register or catalogue, list twist of tobacco. (गोलक) बेलन की तरह लपेटा हुआ पदार्थ, नाली, नामावली, तमाखू का ऐंठा या मुड़ा पत्ता; **Roll of honour** (a list of men killed in war.) युद्ध में मरे हुए की नामावली।

Roll - रोल् - *v. t. & i.* to move in the same direction over and over again, to go round, to go smoothly, to revolve on its axis, to beat a drum rapidly, to utter in a vibrating tone. एक ही दिशा में बारम्बार घूमना, चक्कर खाना, लुढ़कना, धुरे पर घूमना, ढोल पीटना, काँपते हुए शब्दों में बोलना; **Years roll on** (years pass by.) वर्ष बीतते जाते हैं।

Roll-call - रोल्'- कॉल् - *n.* calling over list of names. उपस्थित मनुष्यों के जानने के लिये पुकार, हाजिरी।

Rolled - रोल्ड् - *adj.* plated by rolling. लपेटकर चढ़ाया हुआ; **Rolled gold** (a thin gold film covered over a metal.) सोने का मुलम्मा।

Roller - रोल्' - अर् - *n.* rolling cylinder. बेलन, रोलर; **Rolling pin** (round bar for flattening dough.) रोटी बनाने का बेलन।

Rollick - रोल्' - इक् - *v. i.* to be jovial, to enjoy. आनन्द मचाना; -*n.* great enjoyment. अति आनन्द।

Rollicking - रोल' - इक् - इङ्ग् - *adj.* careless. विचार-शून्य, लापरवाह।

Roman - रो' - मन् - *n.* citizen of Rome, a kind of type. रोम देश-निवासी, एक प्रकार का टाइप; **Roman numerals** (letters used by Romans for numbers.) रोमन संख्या, यथा- पाँच के लिये V, दस के लिये X इत्यादि।

Romance - रो - मॉन्स्'- *n.* fabulous tale of adventure, a novel. साहसिक कार्य की कल्पित कथा या झूठी कहानी, उपन्यास; -*v. t.* to write or tell fictitious stories, to talk extravagantly, to build castle in the air. कल्पित कहानी लिखना अथवा कहना, व्यर्थ की बातचीत करना, अनहोनी बातों पर विचार करना; **Romancer** (- अर्) -*n.* a writer of romance. कल्पित कथा लिखनेवाला।

Romantic - रो - मॉन्' - टिक् - *adj.* pertaining to romance, fanciful, imaginative. औपन्यासिक, अद्भुत, विचित्र, आश्चर्यपूर्ण; **Romantically** (- अलि) - *adv.* in a romantic manner. अद्भुत रीति से; **Romanticism** (- सिज़्म्) -*n.* romantic feeling. विचित्र विचार; **Romanticize** (- साइज़्) -*v. t.* to impregnate with romance. कल्पित कथा भरना।

Romanticness - रो - मॉन्' - टिक् - नेंस - *n.* the quality of being romantic. आश्चर्यपूर्णता।

Romp - रॉम्प् - *v. i.* to play together boisterously, to wrestle. प्रगल्भता से खेलना, कुश्ती लड़ना; -*n.* a boy or girl who romps. अविनीत भाव से खेलनेवाला बालक या बालिका।

Romper - रॉम्' - पर् - *n.* an overall for a child. बच्चों का ऊपरी वस्त्र।

Rompish - रॉम्'- पिश् - *adj.* playful, inclined to romp. खेल-कूद करनेवाला; **Rompishly** (- लि) -*adv.* in a frolicsome manner. खेल-कूद करते हुए; **Rompishness** (- नेंस्) - *n.* playfulness. खेल-कूद।

Rondure - रॉन्' - ड्योर - *n.* round outline or object. गोल आकृति, गोल पदार्थ।

Rontgenogram - रान्ट् - जेन - ओ - ग्राम् - *n.* radiogram. ऍक्स - रे द्वारा उतारा हुआ चित्र।

Rontgenography - रॉन्ट्'- यन् - ग्रा'- फि - *n.* the process of taking photography by Rontgen rays. ऍक्स-रे द्वारा फोटो उतारने की विधि।

Rontgen-rays - रॉन्ट्'- जेन् - रेज् - *n.* (*pl.*) X-rays. ऍक्स-किरण।

Rontgenology - रॉन्ट्'- जेन् - ऑल् - इ - जि - *n.* the scientific study of Rontgen rays. ऍक्स-रे के विषय में शास्त्रीय अध्ययन।

Rontgenoscopy - रॉन्ट्'- जेन् - ऑस् - को - पि - *n.* the use of X-rays in surgical examination. जर्राही परीक्षा में ऍक्स-रे का उपयोग।

Rontgenotherapy - रॉन्ट्'-जेंन् - ओ - थेरें - ऑ - पि - *n.* treatment of diseases by X-rays. ऍक्स-रे द्वारा रोगों की चिकित्सा।

Rood - रूड् - *n.* the cross of Christ, quarter of an acre. ईसा मसीह के सूली पर चढ़ने का चित्र, एक एकड़ का चौथाई भाग।

Roody - रूड्' - इ - *adj.* coarse. भद्दा।

Roof - रूफ् - *n.* (*pl.* **Roofs**) the upper covering

of a building supported by its walls. घर की ऊपरी छत, पाटन; *-v. t.* to cover with a roof. छत पाटना; **Roof of the mouth** (the upper arch in the mouth.) तालू; **Roof of the world** (the Pamir Plateau.) पामीर का पठार (संसार की छत); **Under the same roof** (in the same house.) एक ही घर में।

Roofy - रूफ़्' - इ - *adj.* having roofs. छतदार।

Rook - रूक् - *n.* a bird of the crow kind, a cheat, a castle (in chess), an inexperienced gambler. एक प्रकार का कौवा, कपटी मनुष्य, शतरंज का 'हाथी' मोहरा, अनुभवहीन जुआरी; *-v. t.* to cheat or defraud. धोखा देना, ठगना।

Rookery - रुक'- अर् - इ - *n.* nests on trees occupied by rooks, a group of mean houses. कौवों के घोंसले बनाने का वृक्ष, छोटे-छोटे घरों का समुदाय।

Rooklet - रुक्' - लेंट्, **Rookling** - रूक्' - लिङ्ग् - *ns.* a small rook. छोटा कौवा।

Rooky - रुकि - *adj.* inhabited by rooks. कौवों से बसा हुआ।

Room - रूम् - *n.* an apartment in a house, ability to accommodate something, space, scope, opportunity, a seat. घर, कमरा, स्थान, प्रदेश, भूमि, अवसर, जगह; **Roomful** (- फ़ुल्) *-adj.* as much as a room can contain. कमरा भर; **Roomily** (- इ - लि) *-adv.* in a roomy manner. फैलाव से; **Roominess** (- इ - नेंस्) *-n.* spaciousness. फैलावट; **Roomy** (- इ) *-adj.* spacious. विशाल, विस्तीर्ण।

Roopy - रूपि - *adj.* hoarse. कर्कश स्वर का।

Roost - रूस्ट् - *n.* a bird's perching place, the pole on which a bird rests at night. अड्डा, बसेरा; *-v. i. & t.* to sit as bird on a pole. अड्डे पर बैठना, रात में बसेरा लेना; **To go to roost** (to take rest at night.) रात में विश्राम करना।

Rooster - रूस्टर् - *n.* male of the domestic fowl. मुर्गा।

Root - रूट् - *n.* the part of a plant below the surface of the earth, imbedded part of a structure, source, origin, basis, primitive word, a number multiplied by itself. (तरु मूल) जड़, आधार, उद्‌गम, कारण, हेतु, यौगिक शब्द, वर्गमूल; *-v. t. & i.* to fix by the root, to be firmly fixed. जड़ पकड़ना, स्थिर करना, जमा देना; **To root out** (to exterminate.) जड़ से उखाड़ना; **To strike root** (to become planted.) जड़ पकड़ना; **Rootage** (- एज़्) *-n.* a manner of rooting. जड़ फैलाने की रीति।

Rootery - रूटरि - *n.* pile of the roots of a tree. वृक्ष की जड़ों का ढेर; **Rootless** (-लेंस्) *-adj.* devoid of roots. बिना जड़ का, **Rootlet** (-लेंट्)*-n.* a small root. महीन जड़; **Rooty** (- इ) *-adj.* full of roots. जड़दार।

Ropalic - रॅ - पॉलिक् - *adj.* of the form of a club. गदा के आकार का।

Rope - रोप् - *n.* a stout cordage, a string. रस्सा, डोरी, रस्सी; **On the high ropes** (those engaged in prize fighting.) इनाम के लिये लड़नेवाले; **Rope-dancer** *-n.* (a performer of feats on a rope.) रस्से पर नाचनेवाला, नट; **Rope-ladder** (a ladder made of ropes.) रस्से की बनी हुई सीढ़ी; **Rope-maker.** रस्सी बनानेवाला; **Rope of sand** (delusive security.) माया, इन्द्रजाल; **Rope-strand** (strings which make up a rope.) रस्से का उकेला।

Rope-way - रोप्' - वें - *n.* an aerial rope used for transport. माल ले जाने के लिये लगाया हुआ रस्सा।

Ropiness - रो - पि - नेंस् - *n.* stringiness. लसलसाहट।

Ropy - रो - पि - *adj.* adhesive, viscous. रसदार, लसदार।

Roquefort - रॅक्' - फ़ॅर् - *n.* a kind of cheese prepared from goat's milk. बकरी के दूध से बना हुआ पनीर।

Roquelaure - रॉक् - एँ - लोर् - *n.* an old fashioned cloak. पुराने ढंग का लबादा या अंगरखा।

Roquet - रो'कें - *v. t. & i.* to strike another's ball with one's own. गेंद से गेंद मारना।

Roral - रो - रल् - *adj.* pertaining to dew. ओस का, ओस-सम्बन्धी।

Roric - रो' - रिक् - *adj.* dewy. ओसपूर्ण।

Rorid - रो' - रिड् - *adj.* dewy. ओसपूर्ण।

Rosaniline - रोज़ॉनिलाइन् - *n.* a kind of red-dye. एक प्रकार का लाल रंग।

Rosary - रोज़रि - *n.* (*pl.* **Rosaries.**) rose-bed, a rose-garden, a string of beads used for counting. गुलाब की क्यारी, गुलाब का बगीचा, जप करने की माला।

Rose - रोज़् - *n.* prickly bush bearing beautiful fragrant flowers, a delicate crimson colour. knot of ribbon like a rose. गुलाब का फूल, इसका पौधा, गुलाबी रंग, फीते का गुच्छा; **Life's roses** (delights of life.) जीवन के आनन्द; **Otto or roses** (scent of roses.) गुलाब का अतर; **Roseal** (- इअल्) *-adj.* rose-like. गुलाब के समान; **Roseate** (- इअट्) *-adj.* rosy. गुलाबी।

Rosemary - रोज़् - म - रि - *n.* (*pl.* **Rosemaries**) an evergreen fragrant shrub. एक प्रकार की सुगन्धित मेंहदी, दौना।

Roseola - रो - ज़ी'- अॅला - *n.* rosy rash on the skin in measles. शीतला रोग में शरीर पर के लाल चकते; **Roseolar** (- लर्) *-adj.* having a roseola. इस प्रकार के चकत्तेदार।

Rosette - रॅजेट् - *n.* imitation of rose made of ribbons. फ़ीते का बना हुआ गुच्छा या झब्बा।

Rosin - रॉज़िन् - *n.* solid residue or resin left after distilling oil from turpentine. धूना या राल, बिरोजा; *-v. t.* to rub the bow of a violin with rosin. सारङ्गी

इत्यादि की बजानेवाली ताँत में राल लगाना।

Rosiness - रोज़ि - नेंस् - *n.* the state of being rosy. गुलाबीपन।

Ross - रॉस् - *n.* the external bark of a tree, rubbish, refuse. वृक्ष की बाहरी छाल, कूड़ा-कर्कट, कतवार।

Roster - रोस्टर् - *n.* a list showing person who perform their duties in turn. पारी-पारी से कार्य करनेवालों की सूची।

Rostral - रॉस्ट्रल् - *adj.* adorned with beaks. चोंचदार।

Rostrate - रॉस्ट्रेट् - *adj.* having the form of a beak. चोंच के आकार का।

Rostriform - रॉस्ट्रिफ़ॉर्म् - *adj.* having the form of a beak चोंच के आकार का।

Rostrum - रॉस्ट्रम् - *n.* (*pl.* **Rostra, Rostrums.**) a pulpit or platform for public speaking, a beak. व्याख्यान देने का चबुतरा, पक्षी की चोंच।

Rosulate - रॉज़्यु - लेट् - *adj.* packed like the petals of a rose. गुलाब की पँखड़ी की तरह जड़ा हुआ।

Rosy - रोज़ि - *adj.* (*comp.* **Rosier,** *sup.* **Rosiest.**) of the colour of a rose, smelling like rose. गुलाबी रंग का, गुलाब की सुगन्ध का।

Rot - रॉट् - *n.* decay, rottenness. nonsense. दुर्गन्ध, सड़ाहट, निरर्थक वार्ता; -*v. i. & t.* (*p. t.* **Rotted,** *p.p.* **Rotten**) to undergo decay, to putrefy, to perish gradually. सड़ना, गलना, नाश होना।

Rota - रो' -टॉ - *n.* a list of person who work in rotation, rotation of persons, a round of duties. पारी-पारी से काम करनेवालों का सूची-पत्र, लोगों का चक्कर, काम का चक्कर।

Rotarian - रॉट् - ऐअर'- इ - अन् - *adj.* rotating. चक्कर खानेवाला।

Rotary - रॉट्' - अर् - इ - *adj.*acting by rotation, revolving. घूमनेवाला, चक्कर मारनेवाला; **Rotary Club** (a society of all kinds of traders.) हर प्रकार के व्यापारियों की मण्डली।

Rotate - रोट् - एट्' - *v. i. & t.* to revolve, to move round a centre or axis. चक्कर खाना, चूल पर घूमना; **Rotation** (- शन्) -*n.* the act of turning. चक्र के समान गति, चक्कर; **Rotational** (- शनल) - *adj.* pertaining to rotation. भ्रमण का, चक्कर का; **Rotative** (- टिव्), **Rotatory** (- टरि) -*adjs.* turning on its axis like a wheel. पहिये की तरह धुरी पर घूमनेवाला, चक्कर खानेवाला।

Rotator - रॉट् - एट्' - अर् - *n.* a muscle which gives a rotatory motion. अङ्ग को घुमानेवाली पेशी।

Rote - रोट् - *n.* a frequent repetition as a means of fixing some fact, speech &c. on memory. किसी बात या वक्तृता को याद रखने के लिए उसे बार-बार दोहराने का क्रम; **To learn by rote** (to commit to memory.) कण्ठस्थ करना।

Rotograph - रोटॅ' - ओ - ग्राफ़्' - *n.* an apparatus for taking copies of a written page. हस्तलिखित पत्र की प्रतिलिपि लेने का यन्त्र।

Rotometer - रो - टॅम्' - इट् - अर् - *n.* a device for measuring curved lines. घूमी हुई रेखाओ को नापने का यन्त्र।

Rotor - रोट' - आर् - *n.* the revolving part of a machine. किसी यन्त्र का चक्कर लगाने वाला भाग।

Rotten - रॉट्' - एन् - *adj.* decayed, putrid, decomposed, worthless. सड़ा हुआ, दुर्गन्धयुक्त, दूषित, निःसत्त्व; **Rottenly** (- लि) -*adv.* in a rotten manner. दुर्गन्ध से; **Rottenness** (-नेंस्) -*n.* the state of being rotten. दुर्गन्ध, सड़ाहट।

Rotund - रो - टन्ड्' - *adj.* circular, round. गोलाकार, गोल; **Rotunda** (- आ) - *n.* a round building. गोल घर; **Rotundity** (- इटि) - *n.* roundness. गोलाई; **Rotundly** (- लि) - *adv.* in a spherical manner. गोलाई में।

Rouble - रूब्ल् - *n.* a Russian silver coin worth 2s. 1½d. दो शिलिङ्ग डेढ़ पेंस के मूल्य का रूस देश का चाँदी का सिक्का।

Rouge - रूज़् - *n.* a red powder used for colouring lips and cheeks, oxide of iron used for polishing metal. गाल और ओठों पर लगाने का लाल रङ्ग, धातु पर चमक लाने के लिये कौसीस की महीन बुकनी; - *v. t. & i.* to paint with rouge. गाल या ओठों को लाल रँगना।

Rough - रफ़् - *adj.* of uneven or irregular surface, not smooth, shaggy, rugged, disorderly, rude, harsh, incomplete. ऊबड़-खाबड़, रूक्ष, विषम, असम, खुरखुरा, बेढङ्गा, अव्यवस्थित, असभ्य, कठोर, अपूर्ण; -*n.* rough ground, rowdy hooligans. ऊँची-नीची भूमि, अशिष्टजनता, गुंडों का दल; -*v. t.* to irritate, to break in horse. उत्तेजित करना (भड़काना), घोड़ा फेरना।

Rough-cast - रफ़्' - कास्ट् - *v. t.* to plaster in a rough manner. असम पलस्तर करना।

Rough-coat - रफ़्' - कोट् - *n.* first coat of plaster. दीवार इत्यादि पर का पहिला पलस्तर।

Rough-draft - रफ़्' - ड्राफ़्ट् - *n.* an imperfect draft. खाका, मसविदा।

Roughen - रफ़' - एन् - *v. t.* to make rough. खुरखुरा बनाना।

Rough-hew - रफ़्' - ह्यू' - *v. t.* to give rough form to. लकड़ी इत्यादि को मोटा या भद्दा काटना।

Rough-hewn - रफ़्' - ह्यून्' - *adj.* unpolished. बिना चिकना किया हुआ।

Rough-rice - रफ़्' - राइस् - *n.* unhusked paddy. बिना छिलका उतारा धान।

Rough-rider - रफ़्' - राइड' - अर् - *n.* a man who can ride an unbroken horse. बिना निकाले (फेरे) हुए घोड़े पर सवारी करनेवाला।

Roughshod - रफ़्' - शॉड्' - *adj.* shoes of a horse with projecting nail-heads. घोड़े की उभड़े

हुए काँटे की नाल।

Rough-tongue - रफ़' - टङ्ग् - *n.* rudeness. रूक्षता, रुखाई।

Roulade - रुल् - एड्' - *n.* a quick succession of several notes. अनेक रागों का बहुत जल्दी बजना (जो एक ही जान पड़े)।

Rouleau - रुल् - ओ' - *n.* (*pls.* **Rouleaux, Rouleaus, Rouleauz.**) a small roll of coins in paper. सिक्कों की कागज में लपेटी हुई बीड़ी या गड्डी।

Roulette - रुल् - एट्' - *n.* a kind of gambling game, a device for keeping hair curly, a toothed wheel used by engravers. एक प्रकार का जुवा, बालों को घुँघराला रखने की विधि, नकाशी करनेवालों का दाँतेदार पहिया।

Rouncival - राउन्' - सि - बल् - *n.* a kind of large pea. एक प्रकार की बड़ी मटर।

Round - राउन्ड् - *adj.* spherical, circular or cylindrical, smooth, plain, entire, altogether, whole. मण्डलाकार, चक्रवत्, गोल, चिकना, स्पष्ट, पूर्ण, बिल्कुल, पूरा; **Round numbers** (nearest multiple of tens or hundreds.) ऐसी संख्या जिसमें इकाई (या बड़ी संख्या में दहाई) का विचार नहीं होता; **Round sum** (a large sum of money, great wealth.) बहुत धन।

Round - राउन्ड् - *adv.* circularly, on all sides. चक्रवत्, चारों ओर; *-prep.* on every side of, about. चारों तरफ, चौफेर; **A turn round** (wandering.) परिभ्रमण; **All round** (on all sides.) सर्वत्र, चारों तरफ़, चौफेर; **All the year round** (throughout the year.) वर्षभर; **Right round** (exactly on all sides.) ठीक चारों ओर।

Round - राउन्ड् - *n.* a round object, circumference, extent, circular motion, regular course, series, stage. गोल वस्तु (मण्डल), चक्र, परिधि, विस्तार, गोलाई में घुमान, चक्रमार्ग, क्रम, स्थिति; -*v. t. & i.* to make circular, to form a spherical shape. गोल करना, गोल आकृति धारण करना; **Merry-go-round** (a circularly moving wheel.) चक्कर खानेवाला पहिया, फिरही; **Rounds of ladder** (the rungs of a ladder.) सीढ़ी के डण्डे; **The daily round** (ordinary work of the day.) प्रतिदिन का सामान्य कार्य; **To round off** (to make round by cutting off, to finish off neatly.) काटकर गोल करना, सफाई से पूरा करना।

Roundel - राउन्'- डेल् - *n.* a circle, a small round disk. वृत्त, छोटा गोल धातु का टुकड़ा।

Roundelay - राउन्' -डेल - ए - *n.* a bird's song, a country song. पक्षी की मधुर बोली, देहाती गान।

Roundly - राउन्ड्' - लि - *adv.* plainly, boldly. स्पष्ट रूप से, साहस से; **Roundness** (-नेंस्) *-n.* the quality of being round. गोलाई।

Roup - राउप् - *v. t.* to sell by auction. नीलाम करके बेंचना; *-n.* an auction. नीलाम।

Rouse - राउज़् - *n.* a revel, toast. मदिरापान का उत्सव; *-v. t. & i.* to wake from sleep, to stir up, to provoke temper of, to start. जगाना, उठाना, उत्तेजित करना, चौकन्ना करना; **Rouser** (- अर्) *-n.* he who or that which rouses. उत्तेजित करने (जगाने) वाला; **Rousing** (- इङ्ग्) *-adj.* stimulating. उत्तेजक।

Roust - राउस्ट् - *v. t.* To drive away. हँका देना, हटाना।

Rout - राउट् - *n.* an assembly of rioters or, revellers, uproar, disturbance, tumult, riot, disorderly retreat of defeated army or troops. शराबियों या बलवाइयों की मण्डली, उपद्रव, कोलाहल, बलवा, सिपाहियों की भगदड़; *-v. t. &. i.* to put to disorderly flight, to shout, to roar, to dig up with the snout, to rummage, to assemble, to herd together. भगदड़ करना, छितराना, चिल्लाना, गरजना, थूथुन से खोदकर बाहर निकालना, रत्ती-रत्ती ढूँढना, जमा होना, पशुओं को झुण्ड में जमा करना; **Routed** (- एँड्) - *adj.* rooted up. भग्न।

Route - रूट् - *n.* a way or road, passage taken to reach a destination. मार्ग, सड़क, रास्ता; *-v. t.* to settle course of travelling. यात्रा का मार्ग स्थिर करना।

Routine - रु - टीन्' - *n.* a regular course of action, custom. नियमित कार्यक्रम (अभ्यास), नियम; **Daily routine** (regular work of the day.) दैनिक कार्य की परिपाटी; **Routine work** (daily work.) नित्यकर्म; **Routinism** (- इज़्म्) *-n.* course of each day's work. नित्यकार्य करने की रीति; **Routinist** (- इस्ट्) *-n.* one who goes by routine. नियम से कार्य करनेवाला।

Rove - रोव् - *v. i.* to wander aimlessly, to roam. भ्रमण करना, भटकते फिरना, घूमना; *-n.* wandering. परिभ्रमण; **Rover** (- अर्) *-n.* a wanderer, a sea-robber or pirate, a free-booter, a pirate-ship. घूमनेवाला, समुद्री लुटेरा, समुद्री डाकू का जहाज़।

Roving - रोव्'- इङ्ग् - *n.* rambling, practice of shooting at random. घुमान, इधर-उधर निशाना लगाने का अभ्यास; **Rovingly** (- लि) - *adv.* in a roving manner. घूमते हुए; **Rovingness** (-नेंस्) - *n.* sambling. घुमान।

Row - रो - *n.* number of persons or things in a line, a line of seats, boat excursion, disturbance, noise. पंक्ति, पाँति, नाव की सैर, कोलाहल, कलह; - *v. i. & t.* to propel a boat by an oar, to convey passengers in a boat. डाँड़े से नाव खेना, खेकर यात्रियों को नदी पार उतारना; **Rowing** (- इङ्ग्) - *n.* the act of moving boats. नाव चलाना; **To kick up a row** (to make an uproar.) कोलाहल मचाना।

Rowdily - राउ'- डि - लि - *adv.* in a noisy manner. कोलाहल करते हुए; **Rowdiness** (- नेंस्) - *n.* an uproar, riotousness. उपद्रव, कोलाहल; **Rowdy** (- डि) *-adj.* (*comp.* **Rowdier,** *sup.* **Rowdiest.**) noisy, turbulent. कोलाहली, उपद्रवी; *-n.* noisy disorderly person. उपद्रवी पुरुष, बखेड़िया; **Rowdyism** (- डि - इज़्म्) *-n.* riotous conduct. उपद्रवी चरित्र।

Rowel - रो'- वल् - *n.* a revolving toothed wheel at the end of a spur. घुड़सवार की एँड़ के किनारे पर लगा हुआ दाँतेदार पहिया; - *v. t.* (*p. t.* **Rowelled.**) to insert a rowel in. एँड़ से इस पहिये को दबाना।

Rowlock - रुल्'- ऑक् - *n.* an appliance for fixing rowers. डाँड़ा लगाने का काँटा।

Roxburghe - रॉक्स्'- बर् - अ - *n.* a kind of bookbinding. एक विशेष प्रकार की जिल्दबन्दी।

Royal - रॉय' - अल् - *adj.* kingly, worth of a king, noble, majestic, stately, splendid. राजकीय, नृपयोग्य, शिष्ट, महत्त्वपूर्ण, अति प्रतापी; **Royal blue** (deep blue colour.) गहरा तेज़ नीला रंग; **Royalism** (- इज़्म्) - *n.* an attachment to kingly government. राजपक्ष का सिद्धान्त।

Royal paper - रॉयल् - पें - पर् - *n.* size of paper 25 x 20 inches. २५×२० इंच नाप का छापने का कागज।

Royalty - रॉय्'- ऑल् - टि - *n.* sovereignty, royal domains, members of the Royal family, the power of a king or queen, tax paid to the Crown, money paid to the owner of a patent for the sole use of it, a payment to the author proportional to the sale of the book. राजत्व, राजकुल, राज्याधिकार, किसी पदार्थ को सुरक्षित रखने के लिये प्रदत्त राज्यकर, ग्रन्थकर्ता की पुस्तक की बिक्री के अनुपात के अनुसार दिया गया शुल्क।

Rub - रब् - *v. t.* (*p. t.* **Rubbed.**) to subject a thing to friction, to clean, to polish, to smooth by friction, to erase, to grind, to sharpen, to chafe, to irritate, to fret, to meet a difficulty, to come in contact, to scour, to wipe. घिसना, रगड़कर साफ़ करना, चमकाना या चिकना बनाना, मिटाना, पीसना, सान देना, रगड़ना, नाराज़ होना या करना, नाक-भौ चढ़ाना, कठिनाई का सामना करना, भिड़ना, थूकना, पोंछना; *-n.* the act of rubbing, an impediment, a difficulty, inequality, uneven place, a hitch, an irritating remark, act of meeting an impediment or difficulty. रगड़, बाधा, कठिनाई, असमता, उबड़-खाबड़ जगह, हिचक, चिढ़ानेवाली बात, बाधा या कठिनाई का सामना।

Rub-a-dub - रब्' - ए - डब्' - *n.* the sound of a drum. ढोल पीटने का शब्द; *-v. i.* to make a rolling sound. ऐसा शब्द करना।

Rubbish - रब्' - इश् - *n.* waste material, a worthless thing, refuse, nonsense. तुच्छ पदार्थ, निःसार द्रव्य, मल, कूड़ा-करकट।

Rubble - रब्ल् - *n.* pieces of undressed stone, fragments of bricks or stone. बिना गढ़े हुए पत्थर के टुकड़े, अनगढ़ पत्थर, ढोका, ईंट या पत्थर के टुकड़े।

Rubefacient - रुब् - इ - फे - शि - एन्ट् - *adj.* turning or making red. लाल रंग होने या करनेवाला।

Rubefaction - रुब्' - इ - फॉक् - शन् - *n.* the work of rubefying. रगड़कर लाल करने की विधि।

Rubefy - रुब् - इ - फ़ाइ' - *v. t.* (*p.t.* **Rubefied.**) to make red by rubbing. रगड़कर लाल करना।

Rubeola - रुब् - इ - ऑल्' - ए - *n.* the measles. छोटी शीतला नामक रोग।

Rubescent - रुब् - एस'- एन्ट् - *adj.* growing or becoming red. लाल होनेवाला।

Rubicelle - रुब्'- इस - एल्' - *n.* kind of ruby. एक प्रकार का माणिक रत्न।

Rubicund - रुब्'- इक - एन्ड् - *adj.* ruddy. (लाल) गुलाबी रंग का (चेहरा); **Rubicundity** (- इंटि) - *n.* inclining to redness. लाली सुर्खी।

Rubidium - रुब् - इड्'- इ - अम् - *n.* a kind of metal. एक विशिष्ट प्रकार की धातु।

Rubification - रुब्'- इफ् - इक - ए - शन् - *n.* the act of making red. लाल करने का कार्य।

Rubiform - रुब्'- इ - फार्म् - *adj.* of red appearance. लाल रंग का।

Rubify - रुब्'- इ - फाइ - *v. t.* (*p. t.* **Rubified.**) to make red. लाल करना।

Rubiginous - रुब् - इज्'- इन - अस् - *adj.* of the colour of rust. मुर्चे के रंग का।

Rubric - रुब्'- रिक् - *n.* the heading of a chapter or special passages printed in red or in conspicuous types. अध्याय के विषय-सूचक शब्द अथवा विशेष वाक्य जो लाल रोशनाई में छपे हों।

Rubrical - रुब्'- रिक् - अल् - *adj.* marked with red letters, pertaining to red colour. लाल अक्षरों द्वारा अङ्कित, लाल-रंग-सम्बन्धी।

Rubricate - रुब्'- रिक् - एट् - *v. t.* to write in red ink. लाल रोशनाई से विशेष वाक्यों को लिखना; **Rubrication** (- शन्) - *n.* writing in red. लाल स्याही से लिखाई।

Ruby - रुब्'- इ - *n.* (*pl.* **Rubies.**) a precious stone of red colour, a kind of small type. लाल मणि, माणिक, एक प्रकार का छापे का महीन टाइप; *-v. t.* (*p.t.* **Rubies.**) to colour red. लाल रँगना।

Ruche - रूश् - *n.* a plaited frill. पट्टीदार झालर; *-v. t.* to trim with ruche. ऐसे झालर से सजाना।

Ruck - रक्' - *n.* a heap , a ruffle. ढेर, झालर; - *v. t.* to crease. झालर बनाना।

Ruckle - रक्ल् - *v. i.* to rattle, to gurgle. गड़गड़ाना; - *n.* the rattling or gurgling sound by a dying person. मरते हुए मनुष्य के गले का

गड़गड़ शब्द।

Rucksack - रक्' - सॉक् - *n.* a bag hung by straps for carrying necessary articles. सामान रखने के लिये कन्धे पर से तस्मों से लटकता हुआ बेग, पीठ थैला।

Ructation - रक् - टॉश् - अन् - *n.* act of belching wind from stomach. पेट से वायु निकालना, डकार।

Ruction - रक्' - शन् - *n.* an uproar, disturbance. कोलाहल, उपद्रव।

Rudd - रड् - *n.* a kind of fresh-water fish. मीठे पानी की एक प्रकार की मछली।

Rudder - रड्' - अर् - *n.* a wooden or metallic appliance for steering a ship or boat. दिक् नियंत्रक, नाव या जहाज़ की पतवार; **Rudder boat** (the foot rod by means of which the pilot of an aeroplane operates the rudder.) हवाई जहाज में का पावदान जिसके दबाने से चालक इसकी पतवार घुमाता है; **Rudderless** (-लेंस्) - *adj.* having no rudder. बिना पतवार का।

Ruddied - रु' - डिड् - *adj.* made red. लाल किया हुआ।

Ruddily - रड्' - इ - लि - *adv.* in a healthy manner. आरोग्य से।

Ruddiness - रड् - इ - नेंस् - *n.* the state of being ruddy. गुलाबीपन।

Ruddle - रड्ल् - *n.* red chalk, red ochre. लाल खड़िया, हिरौंजी मिट्टी।

Ruddock - रड्' - ऑक् - *n.* the red-breasted robin. लाल छाती की एक चिड़िया।

Ruddy - रु - डि - *adj.* (*comp.* **Ruddier,** *sup.* **Ruddiest.**) rosy, red, healthy. गुलाबी, लाल, आरोग्य।

Rude - रूड् - *adj.* (*comp.* **Ruder,** *sup.* **Rudest.**) rough, rugged, uncivilized, coarse, artless, savage, violent. अविनीत, उद्धत, असभ्य, अशिक्षित, रूक्ष, कठोर, धृष्ट।

Rudely - रूड्' - लि - *adv.* in a rude manner. असभ्यता से, धृष्टता से; **Rudeness** (-नेंस्) - *n.* coarseness of manners, ignorance. धृष्टता (अशिक्षितता), गँवारपन।

Rudiment - रुड्' - इ - मेंन्ट् - *n.* the first principles of a subject, imperfect beginning of something. मूल तत्व, प्रारम्भ।

Rudimental - रुड्'- इ - मेंन्ट्' - अल् - *adj.* pertaining to first principles. मूल, मूल सिद्धान्त या प्रारम्भ-सम्बन्धी।

Rue - रू - *v. i.* to repent, to regret, to lament. अनुताप करना, शोक करना, पछताना; *-n.* repentance, regret, sorrow, pity, a kind of evergreen shrub used in medicine. पछतावा, पश्चात्ताप, दुःख, दया, औषध (दवा) के रूप में प्रयुक्त एक प्रकार का सुगन्धित पौधा; **Rueful** (- फुल्) - *adj.* mournful. शोकार्त, उदास; **Ruefully** (- फुलि) - *adv.* mournfully. उदासीनता से, पछतावे से; **Ruefulness** (- फुल् - नेंस्) - *n.* the state of being mournful. पछतावा।

Ruff - रफ् - *n.* (*fem.* **Reeve.**) a frill of linen worn round the neck, a bird allied to the sandpiper, a kind of fish, a kind of card game. एक प्रकार का गुलुबन्द, कठफोड़वे की तरह की एक चिड़िया, एक प्रकार की मछली, ताश का एक प्रकार का खेल; *-v. t. & i.* to applaud by ruffling. पर पटककर आनन्द दिखलाना।

Ruffian - रफ्' - इ - अन् - *n.* a lawless brutal person, a robber, a murderer. आततायी, लुटेरा (डाकू), हत्यारा; **Ruffianism** (- इज़्म्) *-n.* lawless conduct. हत्यारापन; **Ruffianly** (- लि) *-adj.* violent. हत्यारा।

Ruffle - र - फ़्ल् - *v. t. & i.* to disturb the tranquillity of, to agitate, to lose calmness, to behave in an arrogant manner, to throw into disorder, to become rough. शान्ति में विघ्न डालना, व्याकुल करना, उद्विग्न करना, शान्ति खोना, रूखाई से व्यवहार करना, अव्यवस्थित कर देना, क्रोधित होना; *-n.* a frill of lace, disturbance, agitation, dispute, low beat of drum. झालर, अशान्ति, उद्वेग, ढोल का धीमा शब्द; **Ruffled** (- ड्) - *adj.* disturbed, agitated. व्याकुल।

Ruffler - रफल्' - अर् - *n.* a swaggerer, a beggar posing as a maimed soldier. उद्विग्न करनेवाला, लँगड़े या लूले सैनिक का बहाना करनेवाला भिखारी।

Ruffling - रफल्' - इङ्ग् - *n.* mental disturbance, low sound of a drum. उद्विग्नता, ढोल का मन्द शब्द।

Rufous - रुफ्' - अस् - *adj.* of reddish brown colour. लाल भूरे रंग का।

Rug - रग् - *n.* a coverlet of thick wool. कम्बल, लोई, धुस्सा।

Rugate - रुग्' - एट् - *adj.* wrinkled, with ridges. झुर्री पड़ा हुआ, किनारदार।

Rugged - रग्'- एड् - *adj.* rough, of uneven surface, harsh, shaggy. रूक्ष, ऊँचा-नीचा, कर्कश, विषम; **Ruggedly** (- लि) - *adv.* in a rugged manner. रुखाई से; **Ruggedness** (- नेंस्) - *n.* coarseness, roughness. रूक्षता, कर्कशता।

Rugose - रुग्' - ओस् - *adj.* wrinkled. झुर्रीदार; **Rugosely** (- लि) - *adv.* in a wrinkled form. झुर्रीदार रूप में से।

Rugosity - रुग् - ऑस्' - इ - टि - *n.* the state of being wrinkled. झुर्रीपन।

Ruin - रू'- इन् - *n.* downfall, ruined state, destruction, overthrow **Ruins** - *n. pl.* the remains of a building, structure &c. नाश (क्षय, विध्वंस), विनाश, बर्बादी, (ब. व.) घर इत्यादि का टूटा-फूटा अंश; *-v. t. & i.* to destroy, to impoverish, to demolish, to fall into ruins. नाश

करना, निर्धन बनाना, बिगाड़ना, नष्ट होना; **Ruined** (- ड्) - *adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ, क्षीण, जर्जर।

Ruinate - रू' - इन् - एट् - *v. t.* to destroy, to demolish. नष्ट करना, विध्वंस करना; **Ruination** (-नेशन्) -*n.* demolition, overthrow. विध्वंस, नाश।

Ruinous - रू'- इन् - अस् - *adj.* bringing to ruin, decayed. घातक, नाश करनेवाला; **Ruinously** (- लि) - *adv.* in a ruinous manner. क्षय अथवा नाश-सहित; **Ruinousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being ruinous. नाश, क्षय।

Rule - रूल् - *n.* sway, government, established form, standard, order, regulation, test, maxim, canon, a thin slip of metal. अधिकार, शासन, व्यवस्थित रूप, प्रमाण, क्रम, नियम परीक्षा, सिद्धान्त, धार्मिक विधि, धातु की पट्टी; -*v. t. & i.* to keep under control, to manage, to govern, to draw lines by the help of a ruler. अधीन या नियंत्रित रखना, व्यवस्था करना, राज्य करना, पटरी की मदद से लकीर खींचना; **According to rule** (according to established principle. निश्चित सिद्धान्त के अनुसार; **General rules** (established principles.) सामान्य विधि; **Golden rule** (good maxim.) सुन्दर नियम; **Moral rules** (rules of morality.) नैतिक या चरित्र सम्बन्धी नियम; **Rule of action** (system of work.) क्रिया विधान; **Rule of three** (the method of finding out a fourth proportional number when the other three are given. (गणित में) त्रैराशिक नियम; **Rule of thumb** (principles based on personal experience.) अनुभव-सिद्ध सिद्धान्त।

Ruler - रुल्'- अर् - *n.* one who rules, a sovereign, an instrument for drawing straight lines. राज्य करनेवाला, राजा, सीधी लकीर खींचने की पट्टी; **Rulership** (- शिप्) -*n.* the office of a ruler. राज्यपद।

Ruling - रुल्' - इङ्ग् - *n.* government, authoritative decision. शासन, फ़ैसला; - *adj.* governing, reigning. शासन करनेवाला, राज्य करनेवाला।

Rulley - रुल्' - इ - *n.* (*pl.* **Rulleys.**) a four-wheeled lorry. बोझा ढोनेवाली चौपहिया गाड़ी।

Rum - रम् - *n.* spirit distilled from sugarcane. ऊख की मदिरा; -*adj.* strange, peculiar. विलक्षण, अद्भुत; **Rumminess** (- इ - नेंस्), **Rumness** (-नेंस्) - *ns.* queerness. विलक्षणता।

Rumble - रम्ब्ल् - *v. t. & i.* to make a sound like thunder. गड़गड़ाहट का शब्द करना; -*n.* a rumbling sound, the hind part of a carriage. गड़गड़ाहट का शब्द, गाड़ी का पिछला भाग (जिस पर असबाब रक्खा जाता है)।

Rumbler - रम्' - ब्लर् - *n.* one who rumbles. गड़गड़ाहट का शब्द करनेवाला।

Rumbling - रम्ब्' - लिङ्ग् - *n.* a low, heavy continuous sound. घर्घरण, गड़गड़ाहट का शब्द; **Rumblingly** (-लि) *adv.* with a rumbling sound. गड़गड़ाहट का शब्द करते हुए।

Ruminant - रू'- मिन् - ऑन्ट् - *n. & adj.* an animal that chews the cud, contemplative. पागुर करनेवाला चौपाया, विचार करनेवाला।

Ruminate - रू'- मिन् - एट् - *v. i. & t.* to chew the cud, to contemplate, to muse or ponder. पागुर करना, बारम्बार विचार करना; **Rumination** (- शन्) - *n.* the act of ruminating, musing on a subject. पागुर, विचार, बारम्बार ध्यान; **Ruminative** (- टिव्) - *adj.* pertaining to ruminants. पागुर करनेवालों का; **Ruminatively** (- टिव् - लि) -*adv.* by chewing the cud. पागुर करते हुए; **Ruminator** (- अर्) - *n.* one who ruminates, one who muses deliberately on any subject. पागुर करनेवाला, किसी विषय पर अधिक विचार करनेवाला।

Rummage - रम्' - एज् - *v. t. & i.* to make a thorough search, to ransack. सूक्ष्म अन्वेषण करना, खोज करना (ढूँढ़ना); -*n.* a careful searching things got by rummaging, miscellaneous accumulation. खोज-खाज, खोजकर प्राप्त की हुई अनेक प्रकार की वस्तु।

Rummer - रम्'- अर् - *n.* a large drinking cup. बड़ा गिलास या कटोरा।

Rummy - रम्' - इ - *adj.* wonderful, queer. विलक्षण, विचित्र।

Rumness - रम्' -नेंस् - *n.* queerness. विलक्षणता, विचित्रता।

Rumour - रम्'- अर् - *n.* current talk, hearsay, unverified statement. जनप्रवाद, लोकवार्ता, अफवाह, बाज़ारू चर्चा; -*v. t.* to circulate a rumour. जनश्रुति फैलाना, गप्प उड़ाना; **Rumourer** (- अर्) -*n.* one who spreads news. समाचार फैलानेवाला मनुष्य।

Rump - रम्प् - *n.* the tail-end of a bird or beast, the buttock. पूँछ का भाग, चूतड़, पिछला भाग।

Rumple - रम्पल् - *v. t.* to crease, to wrinkle. तह लगाना, झुर्री डालना; -*n.* a fold or plait. झालर, तह, शिकन।

Rumpus - रम्प्'- अस् - *n.* an uproar, disturbance. उपद्रव, कोलाहल।

Rumpy - रम्प्'- इ - *n.* a kind of tailless cat. एक प्रकार की बिना पूँछ की बिल्ली।

Run - रन्' - *v. i. & t.* (*p. t.* **Ran,** *p.p.* **Run.**) to move swiftly, to gallop, to flee, to rush violently, to slide, to turn as a wheel, to move as a fluid, to pursue, to discharge, to thrust, to cause to be driven, to have a course, to discharge, matter, to spread, to be allowed to grow,to advance, to follow, to extend, to make way, to wander about. दौड़ना, तेजी से चलना, सरपट दौड़ना, भागना, तेजी से झपटना, सरकना, पहिये पर घूमना, तरल पदार्थ की तरह बहना, पीछा करना, बहना, छूटना, भोंकना, हटाया जाना, फैलना, बढ़ना, अनुसरण करना, फैलाना, छोड़ना, घूमना; -*n.* a course,

a flow, a ride, a journey. क्रम, प्रवाह, दौड़ान, यात्रा; **A run on** (rapid demand for a thing, carrying the sense on beyond end of the line of a verse.) किसी वस्तु की बड़ी माँग, कविता की एक पंक्ति के आगे उसका मतलब लिखना; **At a run** (running.) दौड़ता हुआ; **Common run of men** (ordinary people.) सामान्य मनुष्य; **His blood ran cold** (he was horrified.) वह बहुत डर गया; **His tongue runs** (he talks incessantly.) यह बकवाद करता है; **In the long run** (finally, in the end.) अन्त में; **News ran** (news spread wide.) समाचार फैल गया; **On the run** (fleeting.) भागता हुआ; **The run of mankind** (people in general.) सर्वसामान्य लोग; **To run about** (to hurry from place to place.) भटकना; **To run across** (to fall in with, to come in contact with.) टकराना; **To run after** (to pursue, to follow.) पीछा करना; **To run at** (to attack.) आक्रमण करना; **To run away** (to abscond.) भाग जाना; **To run away with** (to carry off stolen property.) माल लेकर भागना; **To run down** (to become enfeebled.) दुर्बल होना; **To run hard** (to press with sarcasm.) ताना मारना; **To run in** (to rush in.) झपटना; **To run in debt** (to incur a debt.) ऋणग्रस्त होना; **To run off** (to flee.) भाग जाना; **To run out** (to come to an end.) खतम या समाप्त हो जाना; **To run over** (to overflow.) उमड़ उठना; **To run over** (to review, to repeat quickly, to tell over again, to per- form quickly, to sing a song rapidly, to pass over or knock down a person in riding or driving.) अन्वेषण करना, जाँचना, जल्दी से दोहराना, किसी बात को फिर से कहना, जल्दी से कोई काम करना, जल्दी से गीत दोहराना, घुड़सवारी या गाड़ी चलाने में किसी आदमी को गिरा देना और उसे पार कर जाना; **To run riot** (to go to the utmost excess.) मर्यादा भंग करना; **To run sword into** (to pierce a sword in.) तलवार भोंकना; **To run through** (to peruse.) पढ़ना, मनन करना; **To run to** (to reach.) पहुँचना; **To run up** (to shoot up or grow rapidly.) तेजी से उगना या बढ़ना; **To run upon** (to be perplexed.) व्याकुल होना।

Runabout - रन्' - ए - बाउट् - *n.* a small open wagon or motor-car, a vagabond. छोटी खुली गाड़ी या मोटर गाड़ी, घुमक्कड़, आवारा।

Runagate - रन्' - ए - गेट् - *n.* a vagabond. इधर-उधर भटकनेवाला।

Runaway - रन्' - अ - वे - *n.* a deserter, fugitive. भगेड़ू, भागनेवाला।

Runcinate - रन्'- सिन् - एट् - *adj.* having saw-like teeth. आरी के समान दाँतोंवाला।

Rundle - रन्ड्ल् - *n.* the rung of a ladder. लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा।

Rung - रङ्ग् - *n.* the short stick attached at each end of a railing, spoke &c., a step or round of a ladder. कटघरे या आरे के किनारों पर लगाई हुई छोटी लकड़ी, सीढ़ी का डण्डा।

Rung - रङ्ग् - *p. p.* of **'Ring'**. 'रिङ्ग्' धातु का भूतकाल का रूप, बजाया गया।

Runlet - रन्' - लेट् - *n.* a small stream, a cask of wine. छोटी नदी, मदिरा का पीपा।

Runnel - रन्' - एल् - *n.* a small brook. छोटा नाला।

Runner - रन्' - अर् - *n.* one who runs, a messenger, a creeping stem that, issues from a main stem. दौड़नेवाला, धावक, संदेशवाहक, हरकारा, लता की पकड़नेवाली नोक।

Runner-up - रन्' - अर् - अप्' - *n.* the second in a race or competition. घुड़दौड़ या प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाने या दूसरा आनेवाला।

Runnet - रन्'- एट् - *n.* a fluid used for preparing curd from milk. जाँवन, जोरन।

Running - रन्'- इङ्ग् - *n.* the act of moving swiftly, discharge from a sore. दौड़ान, घाव या फोड़े का स्राव; *-adj.* succession. क्रमिक; **Running account** (current account.) चलता हिसाब; **Running Board** (the foot board along the side of a motor car.) मोटर गाड़ी के दोनों ओर बाहर की ओर लगा हुआ पावदान; **Running commentary** (notes on stray points only.) स्थान-स्थान पर की टिप्पणी; **Running fire** (successive shots.) गोलियों की लगातार बौछार; **Running hand** (mode of writing in which the pen is not lifted after each letter.) ऐसी लिखावट जिसमें कलम कागज़ पर से बहुत कम उठती है।

Runt - रन्ट् - *n.* an ox or cow of a very small breed. छोटी जाति का बैल या गाय।

Rupee - रु - पी' - *n.* the silver coin of India. भारतवर्ष का चाँदी का सिक्का, रुपया।

Rupestral - रूप् - ऐस्ट्'- रल् - *adj.* growing on rocks. चट्टानों पर उगनेवाला।

Ruption - रप्'-शन् - *n.* a bursting out. विस्फोट, फटन।

Rupture - रप्'-चर् - *n.* breach of relation, breaking, fracture, hernia. संविदरण, सम्बन्ध विच्छेद, बिगाड़, कलह (टूटन), आँत उतरना, भेद; *v. t. & i.* to burst. तोड़ना, टूटना।

Rural - रूर'- अल् - *adj.* pertaining to the country. ग्रामीण, देहाती, गँवार।

Ruralist - रूर' - अल् - इस्ट् - *n.* one who leads a rural life. ग्रामीण जीवन बितानेवाला।

Rurality - रूर'- ऑल् - इ - टि - *n.* ruralness. ग्रामीणता।

Ruralization - रूरलाइ ज़ेशन् - *n.* the act of making rural. ग्रामीण बनाने का काम।

Ruralize - रूर'- ऑल्'- आइज् - *v. t.* to make

rural. देहाती बनाना।

Rurally - रूर'- अल् - इ - *adv.* in a rural manner. गँवारूपन से।

Ruse - रूज़् - *n.* a trick, stratagem, fraud. छल, कपट, बहाना; *-adj.* crafty, artful. धूर्त, चालाक।

Rush - रश् - *n.* a marshy plant, a thing of no value, a swift movement, violent advance, charge, attack. सरहरी (पतली), क्षुद्र वस्तु, अति वेग, आक्रमण, झपट; *-v. t.* to scatter rushes on floor. छत पर घास फैलाना; *-v. t. & i.* to drag along, to make a sudden assault, to press forward, to charge exorbitant price. झपटना टूट पड़ना, दौड़ना, आक्रमण करना, ग्राहक से अधिक मूल्य लेना; **To rush a bill through** (to get a bill passed hurriedly.) जल्दी से नियम स्थिर करना; **To rush at** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To rush into print** (to publish quickly.) जल्दी से छाप देना।

Rusk - रस्क् - *n.* a piece of bread cut from loaf and rebaked. रोटी का टुकड़ा जो दुबारा पकाया गया हो।

Russ - रस् - *n.* the Russian language. रूस देश की भाषा।

Russell - रस्'- एल् - *n.* a ribbed fabric used for gowns &c. गाउन इत्यादि बनाने का धारीदार कपड़ा।

Russet - रस्' - एट् - *adj. & n.* of reddish-brown colour, a home-spun cloth. भूरे रङ्ग का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Russety - रस्' - इट् - इ - *adj.* of russet colour. धूमिल रङ्ग वाला।

Russian - रश्'- एन् - *adj.* pertaining to Russia. रूस देश का; *-n.* the language or native of Russia. रूस देश का निवासी, रूस देश की भाषा।

Russophobia - रस्' - ओ - फॉब्' -इ-आ- *n.* dread of Russia. रूस का भय।

Rust - रस्ट् - *n.* reddish crust formed on iron by oxidation, similar crust on other metals, impaired condition. मण्डूर, बुरी अवस्था, मुर्चा; *-v. t. & i.* to undergo oxidation. मुर्चा लगाना या लगना।

Rustic - रस्' - टिक् - *adj.* unpolished, unrefined, clownish, of the appearance or manners of the country folk. असभ्य, अशिष्ट, देहाती, गँवारू; **Rustically** (- अलि) - *adv.* in a rustic manner. ग्रामीण मनुष्य के ढंग से।

Rusticate - रस्' - टिक् - एट् - *v. i. & t.* to dwell in a country, to lead a rural life to turn out from a school or college. देहात में बसना, ग्रामीण जीवन बिताना, कालिज या पाठशाला से निकाल देना; **Rustication** (- शन्) *-n.* residence in the country, temporary banishment from school or college. ग्राम-निवास, पाठशाला से बहिष्कार (कुछ काल के लिए)।

Rusticity - रस् - टिस्'- इ - टि - *n.* rustic manners. ग्राम्यता, गँवारपन।

Rustle - रस्ल् - *v. i. & t.* to make a low sound as of dry leaves. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Rustling - रसल्'- इङ्ग् - *adj.* making a low sound as of leaves. खड़खड़ाता हुआ; **Rustlingly** (- लि) - *adv.* in a rustling manner. खड़खड़ाते हुए।

Rusty - रस्ट्'- इ - *adj.* (*comp.* **Rustier,** *sup.* **Rustiest.**) affected with rust, impaired, unfit with disuse. मुर्चा लगा हुआ, पुराना, अनुपयोग से भ्रष्ट।

Rut - रट् - *n.* the track made by a wheel, groove, periodical sexual excitement in some animals. चक्रमार्ग, पहिया चलने की लकीर, कुछ पशुओं में मैथुन की सामयिक उत्तेजना।

Ruth - रूथ् - *n.* pity, compassion, mercy, sorrow for the misery of others. दया, दूसरों के कष्ट पर तरस; **Ruthful** (- फुल्) - *adj.* compassionate. दयालु, कृपालु; **Ruthless** (-लेंस्) - *adj.* cruel, pitiless. निर्दय (निर्मोही), क्रूर; **Ruthlessly** (-लेंस् - लि) - *adv.* cruelly. निर्दयता से; **Ruthlessness** (-लेंस् - नेंस्) *-n.* the state of being ruthless. निर्दयता।

Rutilant - रू' - टिल् - एन्ट् - *adj.* shining, brilliant. चमकीला, देदीप्यमान।

Rutty - रट्' - इ - *adj.* filled with sexual desires. मैथुन की इच्छा से पूर्ण।

Rye - राइ - *n.* a cereal for bread in some parts of Europe. एक प्रकार का अन्न जिसकी रोटी योरोप में खाई जाती है।

Rye-grass - राइ'- ग्रास् - *n.* a kind of grass used for fodder. एक प्रकार की चरी जो पशुओं को खिलाई जाती है।

Rymer - राइ' - मर् - *n.* one of the posts used in paddle. पावदान में लगाने का काँटा।

Ryot - राइ' - अट् - *n.* an Indian peasant. रैयत (किसान), भारतवर्ष का खेतिहर।

***


- ऍस् - the nineteenth letter of the English alphabet, any object shaped like S. Roman numeral for 70 or 70,000. अंग्रेज़ी वर्णमाला का उन्नीसवाँ अक्षर, इस अक्षर के आकार का कोई पदार्थ, रोमन संख्या में ७० अथवा ७०,००० के लिये संकेत; **Collar of S** (a collar composed of links in the form of S.) जंजीर या पट्टा जिसमें S अक्षर के आकार की कड़ियाँ गुथी होती हैं।

Sabaism - सेब्' - ए - इज़्म् - *n.* star worship. तारों का पूजन।

Sabaoth - सॉब् - ए' - ओथ - *n. pl.* armies. सेनायें।

Sabbatarian - सॅब्' - आट् - एअर्' - इ - अन् - *n. & adj.* the Christian who observes Sunday as the Sabbath. क्रिस्तान जो रविवार को विश्राम-दिवस मनाता है; **Sabbatarianism** (- इज़्म्) - *n.* the principle of observing Sunday as the Sabbath. रविवार को विश्राम-दिवस मनाने का सिद्धान्त।

Sabbath - सॉब्'-ऑथ् - *n.* the seventh day of the week as day for religious rest, period of rest. सप्ताह का सातवाँ दिन जिसमें धार्मिक विश्राम लिया जाता है, विश्राम का समय; **Sabbathless** (- लॅस्) - *adj.* having no sabbath, without intermission of daily labour. बिना विश्राम का दैनिक कार्य।

Sabbatic, Sabbatical - सॉब् - ऑट्' - इक् (- अल्) - *adjs.* pertaining to sabbath. विश्राम-दिवस-सम्बन्धी; **Sabbatically** (-लि) -*adv.* in a sabbatic manner. विश्राम-दिवस मनाते हुए; **Sabbatize** (- आइज़्) - *v. t.* to make a day as a sabbath. किसी दिन को विश्राम-दिवस बनाना।

Sable - सेब्ल् - *n.* a small carnivorous quadruped, its fur. नेवले की तरह का एक मांसभक्षी पशु, उसका रोआँ; - *adj. & n.* black, mourning garments. काले रङ्ग का मातमी वस्त्र; **Sabled** (- ड्) - *adj.* wearing sable dress. काला वस्त्र पहिने हुए।

Sabot - सॉब्' - ओ -*n.* a kind of wooden shoe. एक प्रकार की खड़ाऊँ; **Saboted** (- टॅड्) - *adj.* wearing wooden shoes. खड़ाऊँ पहिने हुए।

Sabotage - सॉबॅ' - ऑट् - एज़् - *n.* wilful destruction of machinery, tools &c. by workmen, secretly inflicting a heavy loss by destroying enemys costly machines ships &c. हड़तालियों का जान-बूझकर यन्त्र इत्यादि तोड़ना, शत्रु के बहुमूल्य यन्त्र, जहाज इत्यादि को गुप्त रूप से नष्ट करके बड़ी हानि पहुँचाने का कार्य।

Saboteur - सॉब्' - ऑट् - यूर् - *n.* one who performs an act of sabotage. तोड़-फोड़ करनेवाला।

Sabre - सें'- वर् - *n.* a sword with a curved blade. कृपाण, तलवार; - *v. i.* to strike with sabre. तलवार से घायल करना।

Sabulous - सॉब्'- यू - लस् - *adj.* of sand, sandy. बालू का, पथरीला।

Saburra - सॉब्'-यू'-रा - *n.* foul matter deposited in stomach, sordes. पेट में जमी हुई पथरी।

Sac - सॉक् - *n.* a bag-like membrane in living organism. सजीव जन्तु के शरीर में थैलीनुमा झिल्ली।

Saccate - सॉक्' - एट् -*adj.* filled in a sac. झिल्ली की थैली में भरी हुई।

Sacciform - सॉक्स्' - इ - फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Saccular - सॉक्'- यू - लर्, **Sacculated** (- लें - टॅड्) - *adjs.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Sacculation - सॉक्'- यू - ले - शन् - *n.* forming a membrane. झिल्ली की थैली बनाना।

Saccule - सॉक्' - यूल् - *n.* (*pl.* **Sacculi.**) a small sac. छोटी थैली।

Sacerdotal - सॉस्' - अर् - डॉट् - एल् - *adj.* of priests, priestly. याजकीय, पुरोहित-सम्बन्धी; **Sacerdotalism** (- इज़्म्) - *n.* priestly system. पुरोहिती विधि; **Sacerdotalist** (- इस्ट्) - *n.* a supporter of priesthood. पुरोहिती विधि का समर्थक।

Sacerdotalize - सॉस्'- अर् - डॉट् - एल् - आइज् - *v. t.* to work as a priest. पुरोहित का कार्य करना।

Sacerdotally - सॉस्'- अर - डॉट्'- अल् - इ - *adv.* in a priestly manner. पौरोहित्य कर्म से।

Sachem - सॉ' - चॅम् - *n.* a chief of some American Indian tribes. अमेरिका देश के आदिवासियों का सरदार।

Sachet - सॉस्'- ए - *n.* a small perfumed bag for keeping in clothes. वस्त्रों में रखने का सुगन्धित छोटा झोला।

Sack - सॉक् - *n.* a large oblong bag of hemp or flax used for storing goods, a kind of loose garment, plunder, a kind of white wine. बोरा, थैला, लबादा, लूट-पाट, एक प्रकार की सफ़ेद मदिरा; -*v. t.* to fill in a sack, to plunder, to defeat in match or fight. बोरे में भरना, लूटना, लड़ाई में हराना।

Sackage - सॉक्'- एॅज् - *n.* the act of pillaging. लूटने का कार्य।

Sackbut - सॉक्'- बट् - *n.* a kind of trumpet. एक प्रकार का अलगोजा।

Sackcloth - सॉक्'- क्लॉथ् - *n.* coarse cloth. मोटा कपड़ा, टाट।

Sacker - सॉक्'- कर् - *n.* one who sacks a town. नगर को लूटनेवाला।

Sackful - सॉक्' - फुल् - *n.* as much as a sack can hold. बोराभर पदार्थ।

Sacking - सॉक्'- इङ्ग् - *n.* material for making sacks. बोरा बनाने का टाट।

Sackless - सॉक्'- लॅस् - *adj.* harmless, guiltless. निर्दोष, निरपराध।

Sackrace - सॉक्'- रेस् - *n.* a kind of race in which the body upto the neck is covered in a sack. गर्दन तक बोरे में बन्द होकर दौड़ना।

Sacrament - सॉक्'- रा - मेन्ट् - *n.* a religious ceremony, a thing of mysterious significance. धर्मविधि (संस्कार रूप), विलक्षण वस्तु या बात; - *v. t.* to bind by oath. शपथ द्वारा बाँधना; **Sacramental** (- अल्) - *adj.* pertaining to sacrament. संस्कार-सम्बन्धी; **Sacramentalism** (- अल् - इज़्म्) - *n.* appreciation of sacrament. धर्मविधि; **Sacramentalist** (- अल् - इस्ट्) - *n.* one who performs religious ceremony. धर्मविधि करनेवाला; **Sacramentality** (- अल् - इट् - इ) - *n.* sacramental rites. संस्कार; **Sacramentally** (- अलि) - *adv.* in a sacramental manner. धर्मविधि से।

Sacrarium - सॉक् - रार'- इ - अम् - *n.* (*pl.* **Sacraria.**) a shrine, a temple. देवमन्दिर।

Sacred - सॉक्'- रेड् - *adj.* consecrated to a deity, holy, divine, pertaining to the worship of God. पवित्र, अलौकिक, सुप्रतिष्ठित, ईश्वर-पूजा-सम्बन्धी; **Sacred-grove** (a place for a hermit's meditation. (specially a wood.) तपोवन; **Sacred knowledge** (knowledge of scriptures.) वेदज्ञान; **Sacred spot** (holy place.) पुण्यस्थान, तीर्थ; **Sacredly** (- लि) - *adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Sacredness** (- नेंस्) - *n.* the state of being holy. पवित्रता।

Sacrificant - सॉक्' - रिफ्' - इक - ऑन्ट् - *n.* one who offers a sacrifice. यज्ञ करनेवाला मनुष्य।

Sacrifice - सॉक्'- रि - फ़ाइस् - *n.* the slaughter of an animal for offering to a deity, victim, offering, abandonment, surrender, ruin. यज्ञ या होम के लिये बलिदान, बलि-पशु, अर्पण, त्याग, समर्पण, विनाश; - *v. t.* to offer to a god on an altar, to destroy, to kill. बलिदान करना (अर्पण करना), नष्ट करना, हत्या करना; **Sacrificer** (- अर्) - *n.* one who makes a sacrifice. यजमान, यज्ञ करनेवाला।

Sacrificial - सॉक्'- रि - फ़िश्'- अल् - *adj.* pertaining to sacrifice. यज्ञ (बलिदान) सम्बन्धी; **Sacrificially** (- लि) - *adv.* in a sacrificial manner. बलि कर्म से, बलिदान करते हुए।

Sacrilege - सॉक्'- री - लेंज् - *n.* profanation of sacred things, robbery of sacred things. पवित्र वस्तु को दूषित करने या देवस्व को लूटने का काम।

Sacrilegious - सॉक्'- री - लिज्'- अस् - *adj.* profane. देवत्व का अपहारी; **Sacrilegiously** (- लि) - *adv.* in a profane manner. ऐसा अपहरण करते हुए।

Sacrist - सॉक्'- रिस्ट् -*n.* one who keeps the property of a church sacred. गिरजाघर के सामान को पवित्र रखनेवाला।

Sacristy - सॉक्'- रिस्ट् - इ - *n.* the place in a church for keeping sacred utensils. गिरजाघर में पवित्र पात्रों को रखने का स्थान।

Sacrosanct - सॉक्' - रो - सॉङ्क्ट्' - *adj.* sacred, inviolable. पवित्र, पुण्यमय।

Sacrum - सॉक्'- रम् - *n.* the triangular bone at the back of pelvis. कमर के पीछे की तिकोनी हड्डी; **Sacral** (-क्रल्) -*adj.* pertaining to sacrum. इस हड्डी से सम्बन्धित।

Sad - सॉड् - *adj.* (*comp.* **Sadder,** *sup.* **Saddest.**) sorrowful, mournful, showing sorrow. शोकाकुल, उदासीन, खिन्न, दुःखी; - *v. t.* to make solid, firm or stiff, to compress, to make sorrowful. ठोस, पुष्ट (मज़बूत) या कड़ा बनाना, दबाना, दुःखी बनाना।

Sadden - सॉड्' - एन् - *v. t.* to make sorrowful. दुःखी करना।

Saddle - सॉड्ल् - *n.* a rider's seat to be placed on a horse's back, the seat of a bicycle, anything shaped like it. घोड़े की जीन या काठी, पैरगाड़ी की बैठकी, खोगीर; - *v.t.* to put a saddle on, to lead. घोड़े की पीठ पर ज़ीन कसना, किसी मनुष्य पर कार्य का भार देना; **Saddlebag** (the support of a saddle.) खुरजी; **Saddlecloth** (a cloth put under a saddle.) काठी के नीचे की गद्दी या नमदा; **Saddled** (- ड्) - *adj.* with a saddle fitted. काठी कसा हुआ; **Saddle-horse** (- हॉर्स्) - *n.* a horse for riding. घुड़सवारी का घोड़ा; **Saddleless** (- लेंस्) - *adj.* without a saddle. बिना काठी का; **Saddler** (- अर्) - *n.* one who makes saddles, a soldier-in-charge of cavalry saddles. काठी या साज बनानेवाला मोची, फौजी घोड़ों की काठी का प्रबन्धक सैनिक; **Saddlery** (- रि) - *n.* the material for making saddles, trade of a saddler. साज़ या जीन बनाने का सामान, ज़ीनसाज़ी।

Sadiron - सॉड्'- आयर्न् - *n.* an instrument for ironing. इस्तिरी करने का लोहा।

Sadism - सा - डिज़्म्' - *n.* love of cruelty arising from sexual perversion. परपीड़न रति, विकृत सम्भोग से क्रूर व्यवहार करने की लालसा।

Safe - सेफ़् - *n.*(*pl.* **Safes.**) a ventilated box for provisions, a fire-proof and burglar-proof chest for keeping valuables. भोजन रखने की जालीदार अलमारी, मूल्यवान् पदार्थ रखने की लोहे की सन्दूक; - *v. t.* to guard. रक्षा करना; - *adj.* secure, uninjured, out of danger. सुरक्षित, निःशंक, भय-रहित; **Safe and sound** (free from danger.) कुशल, स्वस्थ; **Safe-guard** (- गार्ड्) - *n.* defence, protection. रक्षा, बचाव; **Safely** (- लि) - *adv.* in a safe manner. निर्भयता से; **Safeness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being safe. सुरक्षित अवस्था; **Safety** (- टि) - *n.* (*pl.* **Safeties.**) freedom from danger, security. संरक्षा, रक्षा, (भय-मुक्ति), बचाव; **Safety-lamp** (a lamp covered with gauze to give light in mines.) खान में ले जाने का लम्प; **Safety-match** (a match that ignites only by being rubbed on a box.) केवल विशिष्ट प्रकार के मसाले पर रगड़ने से जलनेवाली दियासलाई; **Safety-pin** (a pin with a guarded point.)

कोना न चुभनेवाली आलपीन; **Safety-razor** (a razor with guard so that it may not pierce skin when shaving.) ऐसा उस्तरा जिससे हजामत बनाने में दाढ़ी न कटे; **Safety-valve** (a valve which opens automatically to relieve excessive pressure in an engine.) इंजन में का ऐसा डट्टा जो भाफ़ का दबाव अधिक बढ़ जाने पर स्वयं खुल जाता है।

Saffian - सॉफ'- इ- अन् - *n.* tanned and dyed leather of goatskin or sheepskin. बकरी या भेंड़ का कमाया और रँगा हुआ चमड़ा।

Safflower - सॉ'- फ़्लॉ- वर् - *n.* a plant which yields a red dye. कुसुम।

Saffron - सैफ'- रॉन् - *n.* the stigma of a plant of crocus family used for colouring. केशर, कुमकुम; - *v.t.* to colour with saffron. केशर से रँगना; **Saffrony** (- इ) - *adj.* of the colour of saffron. केसरिया।

Safranin - सॉफ'- रॉन् - इन् - *n.* the yellow colouring matter of saffron, coal-tar dye giving yellowish-red colour. केशर में पीला रँगनेवाला तत्व, अलकतरे का पीला-लाल रंग।

Sag - सॉग् - *v. i. & t. (p. t.* **Sagged.**) to sink under pressure, to decline in price, to bulge in a downward direction. दबाव से धँसना, दाम में कम होना, नीचे की ओर फूलना; - *n.* a drip, a droop. डुबाव, दबाव।

Sagacious - सॉग् - ए' - शस् - *adj.* gifted with acute discernment, acute-minded, practically wise. कुशाग्रबुद्धि (चतुर), मेधावी, तीक्ष्ण बुद्धि का; **Sagaciously** (-लि) -*adv.* in a sagacious manner. सूक्ष्म बुद्धि से, चतुराई से।

Sagacity - सॉग् - ऑस्' - इ - टि - *n.* quickness of discernment. सूक्ष्म बुद्धि से, चतुराई।

Sage - सेंज् - *n.* a kind of aromatic herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति; - *adj. & n.* wise, judicious, wise-looking, a wise man. पण्डित, ज्ञानी, महात्मा, मुनि, सिद्धजन; **Sagely** (- लि) - *adv.* in a wise manner. पण्डिताई से, बुद्धिमानी से; **Sageness** (- नेंस्) - *n.* wisdom, sagacity. पाण्डित्य, बुद्धिमानी।

Sagittal - सॉज्'- इट्- अल् - *adj.* resembling an arrow, arrow-shaped. बाण के समान।

Sagittarius - सॉज्'- इट् - एअर्' - इ - अस् - *n.* the Archer, the ninth sign of the zodiac. धनुर्धारी, धनुराशि।

Sagittate, Sagittated - सॉज्'- इट - एट, (- एँड) - *adjs.* shaped like an arrow-head. तीर की नोक की शकल के समान।

Sago - सॉ' - गो - *n.* a kind of palm which yields a dry granulated starch. साबूदाना का वृक्ष, सागू।

Said - सेंड् - *p. & p. p.* of Say. told. कहा।

Saiga - सें'- गा - *n.* a kind of antelope. एक प्रकार का बारहसिंगा।

Sail - सेंल् - *n.* a piece of stout cloth or canvas extended in a vessel to catch wind. वातवस्त्र, पाल; - (*pl.*) ships, a contrivance to catch wind. (ब0 व0) जहाज़, हवा को रोकने का कोई साधन; - *v. t. & i.* to travel in water, to navigate, to glide in air. जल पर यात्रा करना, जहाज़ पर चलना, आकाश में चलना; **Sail-cloth** (canvas for making sails.) टाट या किरमिच जिसका पाल बनता है; **Sailed** (- ड्) - *adj.* fitted with sails. पाल लगा हुआ।

Sailable - सेल्'- एब्ल् - *adj.* navigable. जहाज़ चलने योग्य।

Sailer - सेल्' - अर् - *n.* kind of vessel. एक विशेष प्रकार का जहाज़।

Sailing - सेल्'- इड्ग् - *n.* a sea-voyage. समुद्र-यात्रा।

Sailless - सेंल्' - लेंस् - *adj.* without sails. बिना पाल का।

Sail-loft - सेंल्'- लॉफ़्ट्' - *n.* house in which sails are made. पाल बनाने का घर।

Sailor - सेल्'- अर् - *n.* a seaman, a mariner. नाविक, मल्लाह; **Sailoring** (- इड्ग्) - *n.* seamanship. जहाज़ी कार्य; **Sailorless** (-लेंस्) - *adj.* devoid of sailors. बिना मल्लाह का; **Sailorly** (- लि) - *adv.* like a sailor. नाविक की तरह से।

Sail-plane - सेंल्'- प्लेंन्'- *n.* an aeroplane without an engine. बिना इंजन का हवाई जहाज़।

Sain - सेंन् - *v. t.* to protect by divine power. दैवी शक्ति द्वारा रक्षा करना।

Saint - सेन्ट् - *adj.* (*abbr.* **St.**) holy. पुण्य, पवित्र, सिद्ध; -*n.* one of the blessed, canonized person, one of God's chosen people, a person of great holiness. सिद्धजन, ऋषि, मुनि, सन्त; - *v. t.* to make a saint of. सिद्ध बनाना; **Sainthood** (- हुड्), **Saintship** (- शिप्) -*ns.* the qualities of a saint. ऋषि का पद; **Saintlike** (- लाइक्) - *adj.* similar to a saint. ऋषि-तुल्य; **Saintliness** (- लि - नेंस्) - *n.* the quality of being saintly. सिद्धजनत्व; **Saintly** (- लि) - *adj.* befitting a saint. पुण्यात्मा, पवित्र।

Saith - सेंथ् - *third per. sing.* of Say. कहता है।

Sake - सेंक् - *n.* cause, reason. कारण (हेतु), प्रयोजन; **For the sake of** (with the purpose of.) वास्ते, लिये।

Sake - सॉकें - *n.* Japanese liquor prepared from rice. चावल की बनी हुई जापानी मदिरा।

Sal - सॉल् - *n.* salt. (*in them.*) नमक (क्षार)।

Sal - साल् - *n.* a valuable timber tree of India. साखू का वृक्ष।

Salability - सेंल्'-ऑब् - इल् - इ - टि - *n.* state of being salable. बिक्री के योग्य स्थिति।

Salable - सेल्'- एबल् - *adj.* fit for sale. बेचने योग्य।

Salacious - सेल् - ए' - शस् - *adj.* lustful. कामातुर; **Salaciously** (- लि) - *adv.* Justfully. कामातुर ढंग से या रूप में; **Salaciousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being salacious. कामातुरता।

Salad - सॉल्'- ऑड् - *n.* a dish of uncooked vegetables. कच्चे साग का अचार, रायता, सलाद; **Salad-days** (inexperienced time of youth.) युवावस्था का अनुभवहीन काल; **Salad-oil** (pure olive oil.) शुद्ध जैतून का तेल।

Salamander - सॉल्'- ऑ - मॉन्ड् - अर - *n.* a lizard-like reptile supposed to live in fire, one who can endure great heat. छिपकली के प्रकार का एक जन्तु जो अग्नि में रहनेवाला माना जाता है, बड़ी गरमी सहनेवाला मनुष्य।

Sal-ammoniac - सॉल्'- ए - मो' - नि - अक् - *n.* ammonium chloride. नौसादर।

Salangane - सॉल्' - आड्ग् - एन् - *n.* a kind of swallow एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

Salaried - सॅाल' - ए - रिड् - *adj.* paid by salary. वेतन पानेवाला।

Salary - सॉल्'-अर्-इ - *n.* (*pl.* **Salaries.**) periodical payment for service, pay. वेतन (वृत्ति), तनख्वाह; - *v. t.* (*p.t.* **Salaried.**) to pay for service. नौकरी की तनख्वाह देना।

Sale - सेल् - *n.* exchange of commodity for money, act of selling, market, amount sold. धन के लिये वस्तुओं का विनिमय, बिक्री, बेची, बिका हुआ पदार्थ, बाजार; **Sale account** (account of sale made.) विक्रय लेखा।

Saleable - सेल'- एब्ल् - *adj.* able to be sold. बेचे जाने योग्य।

Salebrous - सॉल्'- इ - बस् - *adj.* rugged, rough. ऊँचा-नीचा, असमतल।

Salep - सॉल्'- एप् - *n.* dried orchis tubers, a kind of nutritive drug made from them. भूमिगत गाँठदार पौधे की सुखाई हुई गाँठ, उनसे बनाई गई एक प्रकार की पुष्टिकारक दवा।

Saleratus - सॉल्'- अर - ए'- टस् - *n.* bicarbonate of soda used in baking. कलमी शोरा।

Salesman - सेल्ज़्' - मॅन् - *n.* one who sells merchandise. बिक्रीकर, बिक्री करनेवाला; **Salesmanship** (- शिप्) - *n.* the work of a salesman. बेचने का कार्य।

Saleswoman - सेल्स्' - वु - मन् - *n.* a woman who sells goods. बेचनेवाली स्त्री; **Saleswork** (- वर्क्) - *n.* things made just good enough to be sold. चालू बिक्री के माल।

Salicin - सॉ'- लिस् - इन् - *n.* a kind of bitter medicine. एक प्रकार की कड़वी औषधि, चिरायता।

Salience - से'- लि - एन्स् - *n.* the state of being salient. उभाड़; **Saliency** (- सि) - *n.* prominence. विशिष्टता; **Salient** (- एॅन्ट) - *adj.* jetting forth, projecting. prominent, conspicuous, the jutting out portion of a fort. उभड़ा हुआ, निकला हुआ, प्रबल, प्रधान, मुख्य, किले का आगे की ओर बढ़ा हुआ भाग; **Saliently** (-एॅन्ट्-लि) - *adv.* in a salient manner. प्रधान ढंग से या रूप में।

Saliferous - सॉल् - इफ्'- अर् - अस् - *adj.* of strata containing a large quantity of salt. भूमि के भीतर की तह जिसमें नमक का अंश अधिक हो।

Salification - सॉल्'- इफ् - इक - ए'- शन् - *n.* changing into salt. नमक में परिणत हो जाना।

Salify - सॉल'- इ - फाइ - *v. t.* (*p.t.* **Salified.**) to convert into salt. नमक में परिणत करना।

Salimeter - सॉल'- इम'- इट् - अर् - *n.* an instrument for measuring the density of sea water. समुद्र के जल का घनत्व नापने का यन्त्र।

Salina - सॉल्' - इना - *n.* a salt lake or spring, salt works. नमक की झील या सोता, नमक बनाने का कार्यालय।

Saline - सॉ' - लिन् - *adj. & n.* filled with salt, containing salt, of the nature of salt. नमक से भरा हुआ, नमकीन, क्षारीय (खारा); - *n.* a salt lake, a factory for preparing salt. खारी झील, नमक बनाने का कारखाना; **Saline soil** (desert land.) ऊसर भूमि; **Salineness** (- नेंस्) - *n.* the state of being saline. खारापन।

Saliniferous - सॉल्'- इन - इफ'- अर् - अस् - *adj.* producing salt. नमक पैदा करनेवाला।

Salinity - सॉल्'- इन् - इ - टि - *n.* the quality of being salt. लवणता, नमकीनपन।

Saliva - सॉल् - इ'-वा - *n.* a colourless liquid secreted by certain glands in the mouth. लार, थूक; **Salival** (- व़ल्), **Salivary** (-. वरि) - *adjs.* pertaining to saliva. लार-सम्बन्धी; **Salivant** (- व़न्ट्) - *adj.* that which produces salivation. अधिक थूक निकालनेवाला।

Salivate - सॉल्'- इव - एट् - *v. t. & i.* to produce unusual quantity of saliva. अधिक लार बहाना, मुख में बारम्बार थूक आना; **Salivation** (- शन्) - *n.* act of producing excessive quantity of saliva. अधिक परिमाण में लार बहाने की क्रिया।

Sallenders - सॉल्'- एन् - डर्स - *n. pl.* eruption inside the hock of the hind leg of a horse. घोड़े की गुमटी में सूजन या फोड़ा।

Sallow - सॉल्'- ओ - *n.* the willow tree. एक प्रकार के बेंत का पौधा; - *adj.* of pale-brown colour. भूरे रंग का; **Sallowish** (- इश्) - *adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Sallowness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being sallow. भूरापन; **Sallowy** (- इ) *adj.* full of willows. बेंतदार।

Sally - सॉल् - इ - *n.* (*pl.* **Sallies.**) a leap, a sudden rush, sudden start into activity, excursion, outburst, witty remark, flight of fancy. छलाँग, झपट्टा (आक्रमण), शत्रु का एकाएक टूट पड़ना, विप्लव, भ्रमण, विहार, बुद्धि-विलास, कल्पना-

शक्ति की दौड़; - *v. i.* (*p. t.* **Sallied.**) to make an excursion, to rush out suddenly. यात्रा करना, घूमना, (क़िले से निकलकर) टूट पड़ना।

Sally-port - सॉल्'- इ - पोर्ट - *n.* a postern gate for troops. निर्गम-स्थान (द्वार)।

Salmagundi - सॉल्' - मॉग् - अन्' - डि - *n.* a dish of meat mixed with various ingredients, a miscellaneous collection. अनेक पदार्थों का मिश्रित भोजन, मिश्रित समुदाय।

Salmon - सॉम्' - ऑन् - *n.* a fresh water fish of silvery skin and orange flesh much prized for food. चाँदी के समान खाल और नारंगी रंग के मांसवाली नदी की मछली जो बड़े चाव से खाई जाती है; **Salmon-colour** (orange colour.) नारंगी रंग।

Saloon - सॉल् - उन्' - *n.* a spacious hall or large room, a large cabin, a railway carriage without compartments, a public-room for hairdressing or dancing. बड़ा कमरा या दालान, जहाज़ में यात्रियों का बड़ा कमरा, रेलगाड़ी का लम्बा डब्बा, बाल बनाने या नाचने का अभ्यास करने का सार्वजनिक कमरा; **Saloon pistol** (a kind of pistol.) थोड़ी दूर तक गोली फेंकनेवाली पिस्तौल।

Saloop - सॉल्' - उप् - *n.* a kind of hot drink as substitute for coffee. कहवा के बदले में पीने की गरम वस्तु।

Salpiglossis - सॉल्'- पि - ग्लॉ - सिस - *n.* a garden plant similar to petunias. एक सुन्दर फूलवाला बगीचे का पौधा।

Salse - सॉल्स् - *n.* a valcano which emits volumes of mud. कीचड़ फेंकनेवाला ज्वालामुखी पर्वत।

Salsify - सॉल्'- सिफ् - इ - *n.* a plant with fleshy edible roots. एक प्रकार का पौध जिसकी ठोस जड़ खाई जाती है।

Salt - सॉल्ट् - *n.* a substance having the taste of sea water used for seasoning and preserving food, chloride of sodium, pungency, wit. लवण, नमक, तीखापन, बुद्धि; - *v.t.* to sprinkle with salt, to impregnate with salt. नमक छिड़कना, नमक पोतना; - *adj.* abounding with salt, bitter, pungent. नमक भरा (लगाया) हुआ, तीखा, चटपटा; **Not worth his salt** (not worth keeping.) व्यर्थ, नमक-हराम; **The salt of the earth** (people of efficient classes.) संसार की अच्छी जाति के लोग; **To eat the master's salt** (to work honestly for the master.) नमकहलाली करना; **To eat one's salt** (to be a guest of.) अतिथि होना।

Saltant - सॉल्'-टॉन्ट् - *adj.* dancing. नाचता हुआ।

Saltation - सॉल्ट् - ए - शन् - *n.* a leaping. उछल-कूद नाच।

Saltatorial - सॉल्' - टॉट - आ - रि - अल् - *adj.* pertaining to dancing. नाच सम्बन्धी।

Salt-cellar - सॉल्ट् - सेल' - अर - *n.* a small salt vessel for the table. खांने की मेज़ पर का छोटा नमक का पात्र।

Saltern - सॉल्ट्' - अर्न - *n.* salt-works. नमक बनाने का कारखाना।

Saltigrade - सॉल्'- टी - ग्रेड् - *adj.* going by leaps. उछलकर चलनेवाला; - *n.* a kind of jumping spider. एक प्रकार का कूदनेवाला मकड़ा।

Salt-petre - सॉल्ट्'- पी - टर् - *n.* nitrate of potassium. सज्जीखार, शोरा।

Saltus - सॉल् - टस् - *n.* (*pl.* **Saltusus.**) a sudden change. एकाएक परिवर्तन।

Salubrious - सॉल् - यू' - ब्रि - अस् - *adj.* wholesome, healthy. स्वास्थ्यकर, आरोग्यकर; **Salubriously** (- लि) - *adv.* promoting health. स्वास्थ्यवर्धक रूप में; **Salubriousness** (-नेस्) - *n.* healthiness. आरोग्य।

Salubrity - सॉल् - यू' - ब्रि - टि - *n.* good health. अच्छा स्वास्थ्य, आरोग्य।

Salutary - सॉल्' - यू - टर - इ - *adj.* producing good effects, wholesome, beneficial. हितकर, शुभकर, कल्याणकर।

Salutation - साल्'-यू- टे'-शन् - *n.* courteous recognition, greeting. प्रणाम, नमस्कार; **Salutational** (- अल्), **Salutatory** (- टे - टरि) - *adjs.* greeting. प्रणाम-सम्बन्धी।

Salute - सॉल् - यूट्' - *v. t. & i.* to make salutation to, to greet, to kiss, to receive with a smile, to honour. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चूमना, प्रसन्नता से स्वागत करना, प्रतिष्ठा करना; -*n.* homage, discharge of cannons as a sign of respect. सत्कार, आदर के लिये तोप छूटना, अभिवादन; **Saluter** (- अर्) - *n.* he who salutes. नमस्कार करनेवाला।

Salutiferous - सॉल्'- यू - टिफ्'- अर् - अस् - *adj.* bringing health. स्वस्थ करनेवाला।

Salvable - सॉल्व्'- एबल् - *adj.* capable of being saved. बचाने योग्य; **Salvableness** (-नेंस्) - *n.* the state of being salvable. बचाने की योग्यता।

Salvage - सॉल्व् - एज् - *n.* payment for saving a ship or her cargo from loss by wreck or capture. जहाज अथवा उस पर की सामग्री को बचाने का पुरस्कार; -*v. t.* to protect from loss. क्षति (नुकसान) होने से बचाना।

Salvarsan - सॉल्व्' - आर्स' - अन् - *n.* an arsenic compound used as a medicine in syphilis. जननेन्द्रिय की गरमी या उपदंश रोग में औषधि के रूप में प्रयुक्त संखिया का यौगिक।

Salvation - सॉल्व् - ए' - शन् - *n.* deliverance from sin, preservation from calamity, saving of the soul. पापों से मुक्ति (मोक्ष, निस्तार); **Salvation Army** (an organized body for re-

vival of religion.) कठिन नियमों द्वारा धर्मस्थापन करने की संस्था (मुक्ति सेनादल); **Salvationism** (- इज़्म्) - *n.* such a principle. ऐसा सिद्धान्त; **Salvationist** (- इस्ट्) - *n.* a member of the Salvation Army. मुक्ति सेनादल का सदस्य।

Salve - साव़् (सॉल्व़्) - *n.* a healing ointment for wounds or sores. अनुलेप, मलहम; - *v. t.* to remove defects, to smooth, to rescue. दोष हटाना, चिकना करना, नाश से बचाना।

Salver - सॉल्व़्' - अर् - *n.* a tray on which refreshments are served or anything presented. थाली, तश्तरी, रिकावी।

Salvo - सॉल्व'- ओ - *n.* (*pl.* **Salvoes.**) reservation, bad excuse, an exception, discharge of guns as salute. निकासी, बहाना, अपवाद, अभिवादन के लिये तोप की सलामी।

Salvolatile - सॉल्व़्'- ऑल् - ए - टाइल् - *n.* ammonium carbonate, a medicine for faintness. अमोनियम कार्बोनेट, मूर्छा की एक औषधि।

Salvor - सॉल्व'- आर् - *n.* one who assists in salvage. जहाज़ को बचाने के लिये सहायता करनेवाला।

Sambo - सॉम्'- बो - *n.* (*pls.* **Sambos, Samboes.**) an offspring of a Negro and an American Indian. हबशी तथा अमरीका के आदिम निवासी की दोगली सन्तति।

Same - सेम् - *adj. & adv.* uniform, aforesaid. अभिन्न (समान), तुल्य (वही), पहिले कहा हुआ; **All the same** (nevertheless.) तो भी, तिस पर भी; **At the same time (exactly then).** उसी समय; **Just the same** (exactly so.) ठीक वही; **Of the same age** (identical in age.) एक ही वय (उम्र) का; **Sameliness** (- लि - नेंस्) - *n.* the act of being unvaried. अपरिवर्तनीयता; **Samely** (- लि) - *adj.* unvaried. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य; **Sameness** (- नेंस्) - *n.* identity, monotony. एकरूपता, समभाव।

Samel - सॉ'- मेंल् - *adj.* inperfectly baked. अधपका, अपक्व।

Samite - सॉ'- माइट् -*n.* silk fabric interwoven with gold. रेशमी वस्त्र जिस पर ज़री का काम बना हो।

Samlet - सॉम्'- लेट् - *n.* a young salmon. छोटी सामन मछली।

Sampan - सॉम्'- पॉन् - *n.* a small Chinese boat. चीन देश की छोटी नाव।

Samphire - सॉम्'- फायर् - *n.* a cliff plant with aromatic leaves. चट्टान पर उगनेवाला सुगन्धित पत्तियों का एक पौधा।

Sample - सॉम्प्ल् - *n.* a specimen, a pattern. आदर्श (प्रतिरूप), नमूना; - *v. t.* to make or take sample, to get an experience. नमूना लेना या देना, अनुभव प्राप्त करना।

Sampler - सॉम्'- लर् - *n.* a sample of needlework. सूई के काम का नमूना।

Samson - सॉम्'-शन् - *n.* a person of great strength. अति बलवान् मनुष्य।

Sanable - सॉन्'- एँ - ब्ल् - *adj.* able to be cured. आरोग्यकर।

Sanative - सॉन्'- ऑट् - इव् - *adj.* conducive to health, curative, healing. स्वास्थ्यकारी, रोग हरनेवाला, आरोग्यजनक; **Sanativeness** (- नेंस्) - *n.* the power of healing. रोग हटाने की शक्ति।

Sanatorium - सॉन्' - एट - ऑ' - रि - अम् - *n.* (*pl.* **Sanatoria.**) an establishment for the treatment of consumptives, a health station. क्षय के रोगियों का चिकित्सालय, आरोग्यशाला, स्वास्थ्यालय।

Sanatory - सॉन्'- आ - टर - इ - *adj.* healing, pertaining to health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Sanctification - सॉङ्क्'- टिफ् - इक् - ए'- शन् - *n.* the act of sanctifying. पवित्र करने का कार्य।

Sanctified - सॉङ्क्'- टिफ् - इड् - *adj.* made holy. पवित्र बनाया गया; **Sanctifiedly** (- लि) -*adv.* in a sanctified manner. पवित्र किये गये ढंग से।

Sanctifier - सॉङ्क्'- टिफ् - इ - अर् - *n.* one who sanctifies. पवित्र करनेवाला।

Sanctify - सॉङ्क्'- टि - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Sanctified.**) to purify from sin, to consecrate. पाप धोना, शुद्ध करना।

Sanctimonious - सॉङ्क्' - टिम् - ओ - नि - अस् -*adj.* hypocritically pious. पाखण्डी, धर्माभिमानी; **Sanctimoniously** (- लि) - *adv.* hypocritically. पाखण्ड से; **Sanctimoniousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being sanctimonious. कपटधर्म, पाखण्ड।

Sanctimony - सॉङ्क्' - टिम् - ऑन् - इ - *n.* show of sanctity, a pretence of devoutness or purity. पुण्यवेश धारण, पाखण्ड, बनावटी पवित्रता।

Sanction - सॉङ्क्'- शन् - *n.* confirmation of law by supreme authority, authoritative permission, support. संस्वीकृति, अनुमोदन, प्रमाण, आश्रय; - *v. t.* to authorize, to ratify, to confirm. आज्ञा देना, प्रमाणित करना, दृढ़ करना।

Sanctionless - सॉङ्क्' - शन् - लेंस् - *adj.* devoid of sanctions. प्रमाण-रहित।

Sanctitude - सॉङ्क्' - टि - ट्यूड् - *n.* saintliness. पवित्रता।

Sanctity - सॉङ्क्'- टि - टि - *n.* (*pl.* **Sanctities.**) holiness, sacredness, purity. पवित्रता, शुद्धि, निर्मलता।

Sanctuary - सॉङ्क् - चू - अर् - इ - *n.* (*pl.* **Sanctuaries.**) a sacred place, a place of refuge, a house of worship, a church or temple. पुण्यस्थान, शरणस्थान, देवालय, पूजन-स्थान।

Sanctum - सॉङ्क्'- टम् - *n.* a holy place, private room. पवित्र स्थान, एकान्त कमरा।

Sand - सॉन्ड् - *n.* minute fragments of stone. बालू, रेत; -*v. t.* to sprinkle with sand, to bury under sand. बालू छिड़कना, बालू में गाड़ना; **Sand-**

bank (shoal of sand.) बलुआ किनारा; **Sandbar** (a sandy bank on the mouth of a river.) नदी के मुहाने पर की रेत; **Sand-bath** (a bath made of warm sand for heating.) औषध इत्यादि पकाने का बालू का यन्त्र; **Sandblast** (a jet of sand forcibly driven for engraving.) काँच, धातु इत्यादि के चमकीले भाग को खुरखुरा करने का यन्त्र; **Sand-blind** (defective in sight.) चोंधर, कुछ अन्धा; **Sand-box** (a box for holding sand.) बालूदानी; **Sand-glass** (an hour glass of sand.) बालू-घड़ी; **Sand-paper** (- पे - पर्) - *n. & v. t.* paper covered with sand for polishing, to polish with sand-paper. लकड़ी पर पालिश करने का बालू लगा हुआ कागज, ऐसे कागज द्वारा पालिश करना; **Sand-piper** (a kind of bird.) टिटिहिरी; **Sand-shoes** (shoes for walking on sand.) बालू पर चलने का जूता; **Sandstone** (a kind of sandy stone.) बलुआ पत्थर; **The sands** (- स्) - *n. pl.* tracts of sandy land. रेतीली भूमि।

Sandal - सॉन्ड्' - अल् - *n.* a shoe without upper parts. चप्पल, चट्टी, खड़ाऊँ; - *v. t.* to put sandals on. चट्टी पहिनना।



Sandal.

Sandal (wood) - सॉन्ड्'-अल् (वुड्) - *n.* a kind of fragrant wood. चन्दन, गन्धसार, सन्दल।

Sandarac - सॉन्ड्'- ए - रॅक्' - *n.* a kind of resin used in the preparation of varnish. वार्निश बनाने की एक प्रकार की लाह।

Sanderling - सॉन्ड्'- अर् - लिङ्ग् - *n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

Sanders - सॉन्ड्' - अर्ज़ - *n.* red sandalwood. लाल चन्दन।

Sandish - सॉन्ड्' - इश् - *adj.* like sand, brittle. भुरभुरा, बालू के समान।

Sandwich - सॉन्ड्'- विच् - *n.* thin slices of bread with meat &c. inserted between. मेवा, मांस इत्यादि भरी हुई रोटी, कचौड़ी; - *v. t.* to place something between two objects. दो पदार्थों के बीच में कुछ रखना।

Sandy - सॉन्ड्'- इ - *adj.* (*comp.* **Sandier,** *sup.* **Sandiest.**) full of or like sand. बालू से भरा हुआ, बालू के समान।

Sane - सेंन् - *adj.* healthy, sensible, of sound mind. स्वस्थ, निरोग, स्वस्थ-चित्त का; **Sanely** (- लि) - *adv.* in a sane manner. स्वस्थ चित्त से।

Saneness - सेंन् - नेस् - *n.* the state of being sane. स्वस्थचित्तता।

Sang - सॉङ्ग् - *p. t.* of **Sing.** गाया।

Sangaree - सॉङ्ग्' - गा - री' - *n.* a kind of spiced wine. एक प्रकार की मसालेदार मदिरा।

Sanguiterous - सॉङ् - ग्विफ्'- अर् - अस् - *adj.* conveying blood. रक्तवाहिनी।

Sanguification - सॉङ्' - ग्वी - फिक् - ए' - शन् - *n.* formation of blood from food. भोजन से रुधिर का बनना।

Sanguinarily - सॉङ् - ग्विन् - ए - रि - लि - *adv.* in a cruel manner. क्रूरता से; **Sanguinariness** (- नेंस्) - *n.* cruelty. क्रूरता।

Sanguinary - सॉग्ङ्' - ग्विन् - अर् - इ - *adj.* attended by slaughter, bloody, blood-thirsty. हत्यारा, लोहू का प्यासा, क्रूर (निर्दय)।

Sanguine - सॉङ्ग्' - ग्विन् - *adj. & n.* of the colour of blood, hopeful, bright, ardent, confident, abounding with blood. रक्तपूर्ण, रक्त के वर्ण का, आशायुक्त, चमकीला, विश्वासयुक्त; - *v. t.* to stain with blood, to varnish with red colour. रुधिर से चिह्नित करना, लाल रंग की वार्निश करना; -*n.* a drawing in red chalk. लाल रंग की चित्रकारी; **Sanguinely** (- लि) - *adv.* in a hopeful manner. आशापूर्वक; **Sanguineness** (- नेंस्) - *n.* the state of being sanguine, fullness of blood, ardour. आशा, रुधिरपूर्णता, उत्कट विश्वास; **Sanguineous** (- अस्) - *adj.* abounding in blood, blood-red. रुधिर से पूर्ण, रुधिर के समान लाल रंग का।

Sanguinivorous - सॉङ्' - ग्विन् - इव्' - अर् - अस् - *adj.* subsisting on blood. लोहू पीकर जीनेवाला।

Sanguisuge - सॉङ्' - ग्वि - सूज् - *n.* a kind of leech. एक प्रकार की जोंक।

Sanhedrim - सॉन्'- इड् - रिम् - *n.* (also **Sanhedrin.**) the supreme council of the Jews. यहूदियों की बड़ी पंचायत।

Sanicle - सॉन्'- इकल् - *n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Sanies - सॉ - नि - एज़् - *n.* thin matter secreted from a wound. घाव में से बहनेवाला पानी, पंछा; **Sanious** (- अस्) - *adj.* thin and serous. पंछे के समान पतला।

Sanify - सॉन्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Sanified**) to improve health. स्वास्थ्य सुधारना, आरोग्य करना।

Sanitarian - सॉन्'- इट् - एअर्'- इ - अन् - *n.* an advocate of sanitary reforms. आरोग्य के सिद्धान्तों का प्रवर्तक।

Sanitary - सॉन्'- इट् - अर् - इ - *adj.* hygienic, pertaining to health, of the conditions that secure health, free from the influences that deteriorate health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Sanitas - सॉन्'- इट् - अस् - *n.* an antiseptic preparation. शुद्ध करनेवाली एक औषधि।

Sanitate - सॉन्'- इ - टेट् - *v. t.* to improve sanitary methods. आरोग्यकर विधि को सुधारना।

Sanitation - सॉन्'- इट - ए'- शन् - *n.* sanitary science. स्वास्थ्यविद्या, आरोग्यशास्त्र।

Sanitationist - सॉन्'- इट् - ए'- शन् - इस्ट् - *n.*

Seizin, Seisin - सीज़्'-इन् - *n.* legal possession of land. जमींदारी पर कानूनी अधिकार करण।

Seizing - सीज़्'- इङग् - *n.* act of catching. पकड़, अधिकार।

Seizor - सीज़्'-अर् - *n.* one who takes possession. हरण करनेवाला।

Seizure - सीज़्' - यर् - *n.* the act of seizing, sudden attack. पकड़, अचानक आक्रमण (रोग), धावा।

Sejugous - सी - जु' - गस् - *adj.* with six pairs of leaves. छः जोड़ा पत्तियोंवाला।

Sejunction - सी - जंक्-शन् - *n.* separation. वियोग, अलगाव।

Selah - सी' - ला - *n.* a pause in the recitation of Psalms. बाइबिल के भजन गाने में विश्राम।

Seldom - सेल्'-डम् - *adv.* rarely, not often. कदाचित्, बिरले ही।

Select - सिल-एक्ट्'- *v. t.* to choose as the best. कराना (छाँटना), चुनना; - *adj.* preferable. उत्कृष्ट, चुना हुआ।

Selected - सिल्-एक्'-टेड - *adj.* chosen. चुना हुआ; **Selectedly** (- लि) -*adv.* with care in selection. चुनते हुए।

Selection - सिल-एक्'-शन् - *n.* the act of selecting. सङ्कलन, चुनाव।

Selective - सिल् - एक्ट्'- इव् - *adj.* capable of selection. वरणात्मक, चुनने योग्य; **Selectively** (- लि) - *adv.* in a selective manner. चुनते हुए।

Selector - सिल् - एक्ट्'- अर् - *n.* one who makes a selection from a number of things. बहुत सी वस्तुओं में से चुननेवाला।

Selenite - सेल्'- इ - नाइट् - *n.* sulphate of lime in crystal form. (चन्द्रकान्त मणि में) दानेदार चूने का सल्फेट।

Selenite - सेल'- इ - नाइट् - *n.* a supposed inhabitant of the Moon. कल्पित चन्द्रलोकवासी।

Selenium - सेल् - एन्'- इ - अम् - *n.* a non metallic element similar to sulphur. गन्धक के प्रकार का एक अधातु द्रव्य।

Seleno - सि - ली - नें - *pref.* in sense of 'moon'. 'चन्द्रमा' अर्थ का उपसर्ग; **Selenographer** (- ग्रॉफ़र्) - *n.* one who photographs the moon. चन्द्रमा का आलोकचित्र खींचनेवाला; **Selenography** (- ग्रॉफ़ि) - *n.* description of the moon. चन्द्रमा के वर्णन की विद्या; **Selenotropic** (- ट्रॉपिक्) - *adj.* turning towards the moon. चन्द्रमा की ओर झुकने या मुड़ने वाला।

Self - सेॅल्फ् - *n.* (*pl.* **Selves**) a person's identity or individuality, one's own interest, sameness. निजी व्यक्तित्व, स्वयम्, अपनी निजी रुचि, अपना स्वार्थ, एकता; *adj.* same, own. अपना, निजी, वही;

Self-abandonment (- अ - वन् - डन् -मेंन्ट्) - *n.* disregard for one's self. आत्म-परित्याग; **Self-abasement** (- आॅ -बेंस् -मेंन्ट्) - *n.* abasement of one's self. अपना अपमान; **Self-absorbed** (-ऑब् - सॉर्बड्) - *adj.* deep in thought. ध्यान में लीन; **Self-abuse** (- ऑ - ब्यूस्) - *n.* abuse of one's powers, masturbation. स्वयं अपनी शक्ति का नाश करना, हस्त-मैथुन; **Self-accomplished** (-ऑ - कम्' - प्लिश्ड्) - *adj.* acquired by oneself. आत्म उपार्जित; **Self-acting** (-ऑक्ट् - इङ्ग्) - *adj.* acting of itself. स्वयं कार्य करनेवाला; **Self-admiration** (- ऑड् - मि - रें' - शन्) - *n.* praise of one's self. आत्मश्लाघा; **Self-applause** (- ऑप् - प्लॉज़्) - *n.* self praise. आत्म-प्रशंसा; **Self-assertion** (- ऑस् - सर्'- शन्) - *n.* assertion of one's self in a presumptuous manner. अपने अधिकार के विषय में श्लाघा; **Self-coloured** (- कलर्ड्) - *adj.* of the natural colour. स्वाभाविक रङ्ग का; **Self-command** (- क-मान्ड्') - *n.* self control. आत्मसंयम; **Self complacent** (- कम् - प्लें' -सेंन्ट्) - *adj.* possessing an attribute of satisfaction with one's self. आत्म-सन्तोष; **Self-conceit** (- कन् - सीट्) - *n.* pride, arrogance. स्वाभिमान, अहङ्कार; **Self-conscious** (- कॉन्' - शस्) - *adj.* conscious of one's self. अपने अस्तित्व को जाननेवाला; **Self-consciousness** (- कॉन् - शस् -नेंस्) - *adj.* self-conscious state. आत्म-ज्ञान; **Self-contained** (- कन् - टेंन्ड्) - *adj.* complete in itself. स्वयं परिपूर्ण; **Self-control** (- कन् - ट्रोल्) - *n.* restraint over self. आत्मसंयम; **Self-defence** (- डि - फेंन्स्) - *n.* defence of one's self. आत्मरक्षा, **Self-denial** (- डि - नाइ' - अल्) - *n.* forbearing to gratify one's desires. आत्म-परित्याग; **Self-destruction** (- डि - स्ट्रक' - शन्) - *n.* suicide. आत्महत्या; **Self-determination** (- डी - टर् - मिन् - ए - शन्) *n.* (the right of a people to determine their own policy.) प्रजा को आत्मीय सत्ता स्थापित करने का अधिकार; **Self-evident** (- ऍव् - इड् - ऍन्ट्) - *adj.* evident without proof. स्वतः (बिना प्रमाण के) सिद्ध; **Self-existence** (- ऍग् - ज़िस्ट्'- ऍन्स्) - *n.* existing by itself. स्वयंभू; **Self-government** (- गव्' - अर्न् - मेंन्ट्) - *n.* government of the people by themselves, self-control. स्वराज्य, आत्म संयम; **Self-help** (- हेंल्प्) - *n.* unaided effort. आत्म-सहाय्य, अपनी सहायता स्वयं करना; **Self-improvement** (- इम् - प्रूव्' -मेंन्ट्) - *n.* improvement of one's self. आत्मोन्नति; **Self-interest** (- इन् - टर् - ऍस्ट्) - *n.* one's own interest. स्वार्थ; **Selfish** (- इश्) - *adj.* devoted to personal profit appealing to self interest. स्वार्थपर, स्वार्थी, खुदगरज़; **Selfishly** (- इश् - लि) - *adv.* in a selfish manner. स्वार्थ से; **Selfishness** (- इश् -नेंस्) - *n.* the quality of being selfish. स्वार्थपरता, अपने लाभ की इच्छा; **Selfless** (- लेंस्) - *adj.* not selfish. बिना स्वार्थ का, स्वार्थहीन, बेगरज़; **Selflessness** (- लेंस् - नेंस्) - *n.* the quality of being selfless. स्वार्थहीनता; **Self-love** (- लव्) - *n.* regard for one's well being. ममता, अहङ्कार; **Self-made** (- मेंड्) - *adj.* risen to eminence by one's own exertions. अपने परिश्रम से उन्नति प्राप्त; **Self-opinionated** (- ओपि-निय-नें - टेंड्) - *adj.* obstinacy in one"s opinion. अपने विचार पर हठ करनेवाला; **Self-possessed** (- पॅ -ज़ेंस्ड्) - *adj.* composed in mind. स्वस्थचित्त; **Self-possession** (- पॅ -ज़ेंशन्) - *n.* composure of mind. चित्त की सावधानी; **Self-praise** (- प्रेंज़्) - *n.* praise of one's self. आत्माभिमान, **Self-registering** (- रें-जिस्टर् - इङ्ग्) - *adj.* automatically registering. आप से आप अंकित करनेवाला; **Self-sacrifice** (- सॉ-क्रि-फ़ाइस्) - *n.* sacrificing of self for the sake of others. दूसरों के लिये आत्मसमर्पण, आत्म बलिदान; **Self-same** (- सेंम्) - *adj.* the very same. वही; **Self-seeking** (- सीकिङ्ग्) - *adj.* seeking one's own benefit regardless of the advantage of others. दूसरों की सुविधा का विचार न करते हुए अपना ही हित खोजना; **Self-starter** (-स्टार्ट् - अर्) - *n.*(the device for starting an engine without the application of man power.) मनुष्य की शक्ति की सहायता बिना किसी इंजन को चालू करने का साधन; **Self-sufficiency** (- सफ़िश्यन्सि) -*n.* the quality of being self sufficient. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास होना; **Self-sufficient** (- सफ़िश्यन्ट्) - *adj.* having full confidence in one's abilities. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास करनेवाला; **Self-will** (- विल्) - *n.* obstinacy. हठ।

Sell - सेंल् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Sold**) to transfer to another in exchange for money, to part with for a price, to deliver for the sake of some reward. बेचना, बिक्री करना, बिकना, धन के लोभ से देना; **To sell off** (to dispose off everything.) सब सामान बेच डालना; **Sell-out** (- आउट्) - *n.* one who has betroyed principles. सिद्धान्तों का विश्वासघात करनेवाला।

Sellable - सेल्' - एब्ल् - *adj.* capable of being sold. बिक्री करने योग्य।

Seller - सेल्' - अर् - *n.* one who sells. बेचनेवाला।

Selling - सेल्' - इङ्ग् - *n.* act of being sold. बिक्री, बेंची।

Seltzer (-Water) - सेंल्ट्' - ज़र् (- वॉटर्) - *n.* a mineral water of Germany, soda water. जर्मनी का रासायनिक जल, सोडा वाटर।

Selvage - सेल्व्' - एज् - *n.* the edge of a cloth. गोंट, गोंटा, संजाफ; **Selvaged** (- ड्) - *adj.* having selvage. गोंटदार।

Selves - सेंल्व्ज़् - *pl.* of self.

Semantics - सेंमें' - ऑन् - टिक्स् - *n.* science of

the origin and evolution of language. भाषा की उत्पत्ति तथा विकास का शास्त्र।

Semaphore - सेम्' - आ - फ़ोर् - *n.* a signalling apparatus. संकेत द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र - *v. i.* to send messages by this apparatus. इस प्रकार के यन्त्र द्वारा समाचार भेजना; **Semaphoric** (- इक्) - *adj.* pertaining to semaphores. संकेत भेजने के यन्त्र का; **Semaphorically** (- लि) - *adv.* by means of this instrument. इस यन्त्र की विधि से।

Semasiology - सि - मॉज्' - इ - ऑल्' - ओ - जि - *n.* a branch of philology which treats of the meaning of words. भाषाविज्ञान शास्त्र का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ का वर्णन रहता है।

Sematic - सेम् - ऑट्'- इंक् - *adj.* of colour which serves protection from enemy. शत्रु से रक्षा करनेवाले रंग का।

Semblance - सेम्'-ब्लेन्स् - *n.* likeness, appearance. सादृश्य, आकार (स्वरूप); **Semblant** (सेंम् - ब्लॉन्ट) - *adj.* only seeming. केवल आकार मात्र का।

Semeiography - सेम् - इ - ऑग्'- रॉफ् - इ - *n.* a description of the symptorns of disease. रोग-निदान-विवरण; **Semeilogy** (- लॅजि) - *n.* knowledge or study of symptoms of diseases. रोग-निदान-ज्ञान या अध्ययन।

Semen - सी'- मेंन् - *n.* male generative fluid of animals. शुक्र, वीर्य; **Seminal** (सेंम्'- इ - नल्) *-adj.* of semen. वीर्य-सम्बन्धी।

Semester - सेम् - एस' - टर - *n.* a half year course in some European universites. यूरोप में कई विश्वविद्यालयों में छः महीने का अध्ययन-क्रम।

Semi - सें मि - *pref.* in sense of "half". उपसर्ग जिसका अर्थ ''आधा'' होता है; **Semi-annual** (- ऑन् - यु - अल्) - *adj.* recurring twice a year. अर्धवार्षिक, छमाही, छः महीने पर होनेवाला; **Semi-annular** (-ऑ - न्यु - लर्) - *adj.* semi-circular. अर्धवृत्ताकार; **Semi-articulate** (- आर् - टिक् - यु - लेंट्) - *adj.* joined loosely. ढीला बँधा हुआ; **Semi-barbarian** (- बार् -बेंर्' - इ - अन्) - *n.* a half civilized person. अर्ध -सभ्य मनुष्य; **Semi-barbarous** (- बार् - ब - रस्') - *adj.* half civilized. अर्ध-सभ्य; **Semi-circle** (- सर्' - कल्) - *n.* half of a circle. अर्धवृत्त; **Semi-circular** (- सर्' - क्यु - लर्) *-adj.* of the form of a half circle. अर्धवृत्ताकार; **Semi-circumference** (- सर् - कम्' - फ़र् - ऍन्स) *-n.* half of a circumference. वृत्त की अर्धपरिधि; **Semicolon** (- को - लन्) - *n.* the mark used in punctuation. अर्ध विराम का (;) चिह्न; **Semi-conscious** (- कॉन्' - शस्) *-adj.* half conscious. आधा सचेत; **Semi-crystalline** (- क्रिस्' - टल् - आइ - न्) *-adj.* partialiy crystalline. आंशिक रवेदार; **Semi-cylindrical** (- सिल् - इन्' - ड्रि - कल्) - *adj.* of the shape of a half cylinder. खड़े बल में आधे बेलन के आकार का; **Semi-detached** (- डी - टॉच्ड्) - *adj.* detached on one side. एक ओर अलगाया हुआ; **Semi-diameter** (- डाइ - ऑम्' - इट् - अर्) - *n.* half of the diameter of a circle, radius. वृत्त का अर्धव्यास; **Semi-diurnal** (- डाइ - अर्न् - अल) - *adj.* lasting half a day. आधे दिन का; **Semi-dome** (- डोम्) - *n.* half of a dome. आधा गुम्बज; **Semi-final** (- फ़ाइ - नल्) *-adj.* before completion. अन्त के पहिले का; **Semi-form** (- फ़ॉर्म्) - *n.* half of the appearance. अर्ध आकृति; **Semi-fluid** (- फ्लु' - इड्) - *adj.* imperfectly fluid. अर्धतरल, गाढ़ा; **Semi-lunar** (- ल्यू - नर्) *-adj.* of the shape of half moon. अर्ध-चन्द्राकार; **Semi-independent** (- इन् - डि - पेंन्ड्' - ऍन्ट्) - *adj.* partially independent. अर्ध-स्वतन्त्र, जो पूरी तरह स्वतन्त्र न हो; **Semi-menstrual** (-मेंन्' - स्टू - अल) - *adj.* half monthly. अर्धमासिक; **Semi-metal** (- मेंटल्) - *n.* a non-malleable metal. ऐसी धातु जो पीटने से नहीं बढ़ती, यथा-स्त्रोतोञ्जन, सुरमा; **Semi-rigid airship** (-रिज़्-इड्-एअर-शिप्) - *n.* an airship with a stiffened keel. कड़े पेंदेवाला हवाई जहाज।

Seminal - सेम्'- इन् - अल् - *adj.* pertaining to seed, propagative, rudimentary. शुक्र-सम्बन्धी, बीज-सम्बन्धी, प्राथमिक।

Seminally - सेम्'- इन - अल् - इ - *adv.* primarily. आदि अवस्था में।

Seminar - सेम्'- इन - आर - *n.* a meeting for an exchange of ideas in some area. गोष्ठी।

Seminary - सेम'-इन्-अर्-इ - *n.* (*pl.* **Seminaries.**) a place of education. academy. शिक्षालय, पाठशाला।

Seminate - सेम'- इन - एट् - *v. t.* to propagate, to sow. बढ़ाना, बीज बोना; **Semination** (-नें - शन्) - *n.* the act of sowing. बीज बोने की क्रिया; **Seminiferous** (- निफ़रस्) - *adj.* seed-growing. बीज उत्पन्न करनेवाला; **Seminific** (- निफ़िक्) - *adj.* producing seed. बीज उत्पन्न करनेवाला।

Seminude - सेम्' - इ - न्यूड्' - *adj.* half-naked. आधा नंगा।

Semiology, Semiotics - सेम्' - इ - ओ - लो - जी, (- ऑ - टिक्स्) - *ns.* the branch of medical science which deals with the symptoms of diseases. चिकित्सा शास्त्र का निदान खण्ड।

Semiopaque - सेम्' - इ - ओ - पेंक्' - *adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक; **Semi-osseous** (- ऑस्'- यस्) - *adj.* partially bony. जिसमें हड्डी के कुछ अंश हों, आंशिक-अस्थिमय; **Semi-pellucid** (- पेंल् - ल्यु'- सिड्) - *adj.* nearly transparent. प्रायः पारदर्शक; **Semi-savage** (- सॉव्' - ऍज्) - *adj.* partially wild. अर्ध जंगली; **Semi-**

transparent (-ट्रॉन् - स्पेअर् - ऐन्ट्) - *adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक; **Semi-vitreous** (- विट्रि - अस्) - *adj.* partially glossy. कुछ चमकीला।

Semi-vowels - सेम्' - इ - वॉव् - एल्स् - *n.* letters which are half vowels. अन्तःस्थ वर्ण।

Semi-weekly - सेम्' - इ - वीक् - लि - *adj.* half-weekly. अर्ध-साप्ताहिक।

Semolina -सेंम्' - ओ - लेन्' - आ - *n.* hard grains used in puddings, soups &c. दलिया, सूजी।

Sempervirent - सेम्प्'- अर् - वाइ' - रेन्ट् - *adj.* evergreen, always fresh. सर्वदा हरा रहनेवाला, सदाबहार।

Sempitern (al) - सेम्प्'-इट्-अर्न (- अल्) - *adjs.* everlasting eternal. अनन्त (नित्य), सर्वदा रहनेवाला।

Sempster - सेम्प' - स्टर् - *n.* (*fem.* **Sempstress**) one who sews. सीनेवाला, दर्जी।

Sen - सेंन् - *n.* Japanese copper coin. जापान का ताँबे का सिक्का।

Senary - सेन'-अर्-इ - *adj.* on the basis of six, containing six. छः के क्रम का, जिसमें छः हो।

Senate - सेन' - एट् - *n.* a state council, the governing body of a university, a legislative body. मंत्रिसभा, विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति, प्रबन्धकर्ता लोग।

Senator - सेन' - एट् - अर् - *n.* the member of a senate. मंत्रिसभा के सभासद।

Senatorial - सेन्' - ऑट् - ऑ - रि - अल् - *adj.* pertaining to senate. शिष्ट समाज-सम्बन्धी; **Senatorially** (- लि) - *adv.* in a senatorial manner. शिष्ट समाज के रूप में।

Senatorship - सेन्' - एट् - अर् - शिप् - *n.* the dignity of a senator. मंत्रि-सभा के सभासद का पद।

Send - सेंन्ड् - *v. t.* (*p. t. & p. p.* **Sent**) to cause to go, to dispatch, to cast or impel. फेंकना, भेजना, पठवाना; **To send away** (to dispatch.) प्रस्थान करना, रवाना करना; **To send bullet** (to shoot.) गोली चलाना; **To send for** (to cause to come.) बुलवाना; **To send forth** (to dispatch.) भेजना; **To send word** (to dispatch a message.) सन्देश भेजना।

Sendal - सेन्ड्'-अल् - *n.* a kind of silken fabric. एक प्रकार का रेशमी वस्त्र।

Sender - सेन्ड्'-अर् - *n.* one who or that which sends. भेजनेवाला।

Send-off -सेंन्ड्' - ऑफ़् - *n.* a start on a journey. बिदाई।

Senescence - सेन् - एस्' - एन्स् - *n.* the state of growing old, decay. वृद्धावस्था, नाश।

Senescent - सेन् - एस्' - एन्ट् - *adj.* growing old. वृद्ध होनेवाला।

Seneschal - सेन्'-ऐश-अल् - *n.* a steward. सरदार, कारिन्दा, अमीर का अनुचर।

Senile - सेन्' - इल् - *adj.* pertaining to old age. वृद्धावस्था-सम्बन्धी।

Senility - सेन्-इल्'-इट्-इ - *n.* old age. वृद्धत्व, बुढ़ापा।

Senior - सेन्' - इ - अर् - *adj.* more advanced or superior in age, elder of a higher degree or rank. वयोवृद्ध, आयुष्य (उम्र) में बड़ा, ज्येष्ठ, वरिष्ठ, प्रवर, बड़े पद का; - *n.* one older than another. जेठा, वृद्ध पुरुष; **Senior in office** (an officer who is superior in rank. अधिकार में बड़ा अफ़सर।

Seniority - सेन' - इ - ओ - रिट् - इ - *n.* priority in age or office. पद या वय का बड़ापन, वरिष्ठता।

Senna - सेन्' - आ - *n.* dried leaves of a plant used as a laxative. सनाय की पत्ती, एक रेचक औषधि।

Sennet - सेन्'- एट् - *n.* signal call or trumpet, तुरही बजाकर संकेत।

Sennight - सेन्'- इट् - *n.* seven nights, a week, सप्ताह, सात दिन।

Sennit - सेन' - इट् - *n.* a braided round or flat cord. चिपटा या गोल रस्सा।

Senocular - सेन् - ऑक्'- यूल - अर् - *adj.* having six eyes. छः आँखोंवाला।

Sensation - सेन्-से'-शन् - *n.* perception of the external objects by the senses, consciousness of perceiving, a feeing, a matter of excitement for the public. इन्द्रियजनित ज्ञान, चेतना (बोध), प्रत्यक्ष अनुभव, सर्वसाधारण के लिये उत्तेजक या सनसनीदार बात।

Sensational - सेन - से'- शन् - अल् - *adj.* pertaining to the sense of perception. चेतना-सम्बन्धी; **Sensationally** (- लि) - *adv.* in a sensational manner. प्रत्यक्ष रूप में; **Sensationalism** (- इज़्म) - *n.* the theory that ideas come through sense of impressions. यह सिद्धान्त कि सब ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा ही प्राप्त होते हैं; **Sensationalist** (- इस्ट्) - *n.* a follower of sensationalism. इन्द्रियजनित ज्ञान के सिद्धान्त का अनुयायी।

Sense - सेंन्स् - *n.* the faculty by which sensation is aroused, discernment, ability to perceive or feel, consciousness of understanding, meaning, prevailing sentiment, sensibility. इन्द्रिय-ज्ञान, चेतना, बुद्धि, अभिप्राय (अर्थ), तात्पर्य; **A man of sense** (a wise person.) बुद्धिमान् मनुष्य; **Commonsense** (practical wisdom.) विवेक-बुद्धि; **Literate sense** (meaning.) शब्दार्थ; **Out of senses** (mad.) बुद्धिभ्रष्ट, पागल; **Pleasures of senses** (pleasures depending on sensation.) विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; **Sense of action** (organ or limb of the body that functions.) कर्मेन्द्रिय; **Sense of obligation** (appreciation of obligation.) कृतज्ञता; **Sense of perception** (faculty of perceiv-

ing through the senses.) ज्ञानेन्द्रिय की शक्ति; **Sense of pleasure** (consciousness of pleasure.) सुख का अनुभव; **To bring to senses** (to bring to consciousness.) चैतन्य करना, होश में लाना।

Senseless - सेंन्स्' -लेंस् - *adj.* unreasonable, foolish. ज्ञानहीन, निर्बुद्धि; **Senslessly** (- लि) -*adv.* in a senseless manner. निर्बुद्धिता से; **Senselessness** (- नेंस्) - *n.* stupidity, absurdity. मूर्खता, ज्ञानशून्यता।

Sensibility - सेन्'- सिब् - इल् - इट् - इ - *n.* delicacy of feeling. सूक्ष्म बोध, चेतनता।

Sensible - सेन्'-सिब्ल् - *adj.* perceptible by the senses, appreciable, reasonable, practical, of good sense, intelligent, judicious. इन्द्रियग्राह्य (इन्द्रियों से जानने योग्य), युक्त, उचित, लौकिक, विचारवान्, सज्जन, बुद्धिमान, न्याय्य।

Sensibleness - सेन' - सिब्ल् - नेंस् - *n.* the state of being sensible ज्ञान, चेतनता।

Sensibly - सेन्' - सिब्-लि - *adv.* in a sensible manner. सद्बुद्धि से।

Sensific - सेन्'- सि - फिक् - *adj.* producing sensation. इन्द्रियजनित ज्ञान उत्पन्न करनेवाला।

Sensitive - सेन्'-सिट् - इव् - *adj.* having feeling, delicate, quick to the touch. सचेतन, कोमल-हृदय, संवेदी, सुग्राही, सूक्ष्मग्राही; **Sensitively** (- लि) - *adv.* in a sensitive manner. सूक्ष्म चेतना से; **Sensitive market** (a market which is liable to quick changes.) जल्दी-जल्दी भाव बदलने का बाजार; **Sensitiveness** (- नेंस्) - *n.* the state of being sensitive. संवदेनशीलता, शीघ्र-बोध; **Sensitive paper** (a paper which receives impressions from light.) प्रकाश का प्रभाव पड़नेवाला फ़ोटो का काग़ज़; **Sensitive plant** (a kind of shrinking mimosa.) लज्जावती. छुईमुई, ऐसा पौधा जिसकी पत्तियाँ छूने पर लटक जाती हैं; **Sensitivity** (- इ - टि) - *n.* sensitiveness. सूक्ष्मग्राही गुण, सूक्ष्मग्राहिता, संवेदनशीलता।

Sensitize - सेन्' - सिट् - आइज़् - *v. t.* to render sensitive. फोटो का कागज़ प्रकाश-ग्राही बनाना; **Sensitizer** (- अर्) - *n.* one who sensitizes. ऐसा कागज़ इत्यादि बनानेवाला।

Sensorial, Sensory - सेन् - सॉ' - रि - अल् (- रि) - *adjs.* pertaining to sensorium. मस्तिष्क-सम्बन्धी।

Sensorium -सेंन् - सॉ - रि - अम् - *n.* (*pl.* **Sensoria.**) seat of sensation, the brain with its appendages. ज्ञान-स्थान, मस्तिष्क।

Sensual - सेंन्स्यु' (शु) अल् - *adj.* of the senses, pleasing to the senses, voluptuous, licentious. इन्द्रियवश, शारीरिक सुख लेनेवाला, विषयासक्त, कामी; **Sensualism** (सेंन्स्यु (शु) - अलिज़्म) - *n.* subjection to sensual feelings. विषय या इन्द्रिय सुख की आसक्ति; **Sensualist** (- इस्ट्) - *n.* a voluptuary. विषय-सुख की लालसा करनेवाला; **Sensuality** (- इटि) - *n.* gratification of appetites. इन्द्रिय-सुख; **Sensualization** (- आइ - जे - शन्) - *n.* voluptuousness. विषय-सुख; **Sensualize** (- आइज़्) - *v. t.* to debase by carnal gratifications. विषयासक्त करना; **Sensually** (- लि) - *adv.* in a sensual manner. विषय-सुख में लीन होकर; **Sensualness** (- नेंस्) - *n.* the state of being sensual. विषय-सुख परायणता।

Sensuous - सेन्' - शु - अस् - *adj.* derived from the senses. इन्द्रिय (विषय) जनित; **Sensuously** (- लि) -*adv.* in a sensuous manner. इन्द्रिय-सुख लेते हुए; **Sensuousness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being sensuous. विषय-सुख परायणता।

Sent - सेंन्ट्'- *p. t. & p. p.* of **Send.**

Sentence - सेन्ट'-एन्स् - *n.* a man"s opinion on something, maxim, proverb, verdict of a judge, a set of words with a complete meaning. विचार-सूत्र, कहावत, दंडादेश, सजा, दण्ड की आज्ञा, पद-समूह, वाक्य; - *v. t.* to pass judgment on. दण्ड की आज्ञा देना; **Compound sentence** (a sentence containing more than one subject and predicate.) एक से अधिक उद्देश्य और विधेय का वाक्य, संयुक्त वाक्य; **Complex sentence** (a sentence containing several dependent clauses.) प्रधान तथा अप्रधान उपवाक्यों से बना हुआ वाक्य, मिश्रित वाक्य; **Simple sentence** (a sentence containing only one subject and one predicate.) साधारण या सरल वाक्य जिसमें एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय हो; **To sentence to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड की आज्ञा देना।

Sentential - सेन् - टेन्'- शल् - *adj.* pertaining to a sentence. वाक्य-सम्बन्धी।

Sententious - सेन् - टेन्' - शस - *adj.* abounding with axioms or clauses. सूत्रमय, छोटे वाक्यों से पूर्ण, **Sententiously** (- लि) - *adv.* in a sententious manner. सूत्र रूप में; **Sententiousness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being sententious. सूत्रपूर्णता।

Sentience - सेन्' - शि - एन्स् - *n.* consciousness. चेतना।

Sentient - सेन'- शि - एन्ट् - *adj.* having the power of perception by the senses. (चेतना) इन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की शक्ति रखनेवाला; **Sentiently** (- लि) - *adv.* in a conscious manner. चेतन रूप में।

Sentiment - सेन्ट् - इ -मेंन्ट् - *n.* thought which is prompted by emotion, sensibility, tendency to be led by feeling, emotion. मत, कल्पना, बुद्धि, भाव, रस; **Sentimental** (- अल्) - *adj.* abounding in sentiments. रसिक, हृदय में भावों को उत्पन्न करनेवाला; **Sentimentalism** (- अल् - इज़्म) - *n.* sentimentality. भावुकता, रसिकता; **Sentimentalist** (- अल् - इस्ट्) - *n.* one who

effect sentiment. भावों का प्रदर्शन करनेवाला।

Sentimentality - सेन्ट्'- इ - मेन्ट् - आल्'- इट् - इ - *n.* sensibility. भावना।

Sentimentalize - सेन्ट्'- इ - मेन्ट्'- आल् - इज़् - *v. t.* to affect sensibility. रसिकता या भाव उत्पन्न करना।

Sentimentally - सेन्ट्'- इ - मेन्ट्'- अल् - इ - *adv.* in a sentimental manner. रसिकता से।

Sentinel - सेन्ट्'-इन्-एल् - *n.* a soldier to keep guard, a watch. रक्षापुरुष, चौकीदार, सन्तरी; - *v.t.* to guard. पहरा देना।

Sentry - सेन्ट्'- री - *n.* (*pl.* **Sentries.**) a soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार, चौकीदार; **Sentry box** (a box to shelter a sentry.) सन्तरी के खड़े रहने का कटघरा।

Sepal -सेंप्' - अल् - *n.* a division of calyx. फूल की पँखड़ी का भाग।

Separability - सेप्'- अर् - आब् - इल्'- इ - टि - *n.* separableness. पृथकत्व।

Separable - सेंप्' - अर - एब्ल् - *adj.* that can be separated. अलगाने योग्य।

Separableness - same as **Separability**.

Separably - सेप्'- अर् - एब् - लि - *adv.* a separable manner. अलगाने योग्य ढंग से।

Separate - सेप्'- अर् - एट् - *v. i. & t.* to disunite, to divide into parts, to sever, to withdraw; अलग होना, पृथक् होना, अलगाना, विभाग करना; -*adj.* disconnected, distinct. पृथक, अलग; **Separate estate** (a married woman's personal property.) स्त्रीधन; **Separately** (- लि) - *adv.* in a separate manner. भिन्न, पृथक्, अलग-अलग; **Separateness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being separate. पृथकत्व, भिन्नता।

Separation - सेप्'- अर् - ए'- शन् - *n.* disjunction, disunion. वियोग, विरह, पृथक्करण।

Separative - सेंप्'- अर् - एट् - इव् - *adj.* pertaining to separation. अलगाव या पृथक्करण-सम्बन्धी।

Separator - सेप्'- अर् - ऐट् - अर् - *n.* one who or that which separates. पृथक् करनेवाला, अलगानेवाला।

Separatum - सेंप्'- रें - टम् - *n.* (*pl.* **Separata.**) a reprint from the proceedings of a society. किसी सभा की कार्यवाही का उपलेख।

Sepia - सेप' - इ - आ - *n.* a kind of fish, a black brown pigment used in painting. एक प्रकार की मछली, रंगसाज़ या चित्रकार का काला-भूरा रंग।

Sepoy - सी' - पॉय् - *n. (pl.* **Sepoys.**) a native Indian soldier. देशी या भारतीय सिपाही।

Seps - सेंप्स् - *n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Sepsis - सेप्'-सिस् - *n.* putrefaction, blood-poisoning. रुधिर दूषित होना, घाव इत्यादि का सड़ना।

Sept - सेंप्ट् - *n.* a clan. घराना, वंश।

Sept, Septem, Septi - सेंप्ट् -सेंप्टम्, सेंप्टि - *pref.* in the sense of "seven". 'सप्तम' या 'सात' अर्थ के उपसर्ग।

Septal - सेप्ट्'-अल् - *adj.* of a thing partitioned into many parts. कई भागों में विभक्त पदार्थ का।

Septan - सेप्ट्'-अन् - *n.* occurring every seventh day. प्रति सातवें दिन आनेवाला (ज्वर)।

Septangle - सेप्ट्'- आंग्ल्'- *n.* a figure having seven angles. सात कोण की कोई आकृति।

Septate - सेप्ट्'-एट् - *adj.* partitioned. दो भागों में किया हुआ।

Septation - सेप्ट्'-ए-शन् - *n.* division into two parts. दो अंशों में विभाग।

September - सेप्ट-एम्ब्'-अर् - *n.* the ninth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का नवाँ महीना।

Septempartite - सेप्ट्'- एम् - पार्ट'- इट् - *adj.* divided into seven parts. सात भागों में विभक्त।

Septemvir - सेप्ट् - एम्' - वर - *n.* one of the seven men forming a government. शासन करनेवाले सात मनुष्यों में से एक।

Septenary - सेप् - टेन्'- अर् - इ - *adj.* consisting of seven. सप्तक, सात का।

Septennate - सेप् - टेन्'- एट् - *n.* a period of seven years. सात वर्ष का काल।

Septennial - सेप् - टेन्'- इ - अल् - *adj.* occurring every seventh year. सात-सात वर्ष पर होनेवाला, **Septennially** (- लि) - *adv.* once in seven years. सात वर्ष में एक बार।

Septentrion - सेप् - टेन् - ट्रि - ऑन् - *adj.* northern. उत्तर दिशा-सम्बन्धी।

Septet - सेप्'- टेट' - *n.* a party of seven. सात का समुदाय।

Septfoil -सेंप्ट्' - फ़ॉएल् - *n.* having seven leaves. सतपतिया।

Septic - सेप'- टिक् - *adj. & n.* involving putrefaction or poisoning of blood. रक्त को विषैला करनेवाला पदार्थ।

Septicaemia - सेप्ट्' - इ - सेम्' - इ - आ - *n.* poisoning of the blood. रुधिर का विषैला होना; **Septicaemic** (- मिक्) - *adj.* producing blood poisoning. रक्त को विषैला करनेवाला।

Septicidal - सेप्'- टि - साइड'- अल् - *adj.* splitting through partitions. दरार या फाँक पर से फटनेवाला।

Septicity - सेप् - टिस्'- इट - इ - *n.* putrefaction. सड़ाहट।

Septifarious - सेप्ट्'- इफ - ऑर'- इ - अस् - *adj.* turned in seven different ways. सात भिन्न ओर मुड़ा हुआ।

Septifluous - सेप् - टिफ्'- लू - अस् - *adj.* flowing in seven streams. सात धाराओं में बहता हुआ।

Septiform - सेप्'-टि - फ़ॉर्म् - *adj.* having seven parts. सात भाग या अंश का।

Septilateral - सेप्'- टि - लॉट् - अर - अल् - *adj.* having seven sides. सात भुजाओं का।

Septimal - सेप्'- टि - मल् - *adj.* of the number seven. सात अंकवाला।

Septinsular - सेप्ट् - इन्स्'- यूल - अर् - *adj.* of seven islands. सात टापुओं का।

Septon - सेप्ट्'- अन् - *n.* that which promotes putrefaction. मलिनता उत्पन्न करनेवाला।

Septuagenarian - सेप्ट्'- यु - ए - जेन् - एअर' - इ - अन् - *n.* a person who is seventy years of age. सत्तर वर्ष की अवस्था का मनुष्य।

Septuagenary - सेप्ट्' - यु - ए - जेन' - अर - इ - *adj.* consisting of seventy. सत्तर अंक का।

Septuagesima - सेप्ट्'- यु - ए - जेस'- इम - आ - *n.* Sunday before Lent.लेंन्ट् नामक ईसाइयों के त्योहार के पहिले का रविवार।

Septuagint - सेप्ट्'- यू - ए - जिन्ट् - *n.* Greek version of the Old Testament. यूनानी भाषा में इञ्जील के उत्तरार्ध का उल्था।

Septum - सेप'- टम् - *n.* (*pl.* **Septa.**) partition between the chambers of some fruits. फलों के भीतर का विभाग करनेवाला पर्दा।

Septuple - सेप्'-ट्यूपल् - *adj.* sevenfold. सतगुना।

Sepulchral - सेप-उल्'- क्रल् - *adj.* pertaining to tomb, dismal, gloomy. समाधि या श्मशान का, अन्धकारमय, भयंकर।

Sepulchre - सेप्-उल्-कर् - *n.* a tomb, a grave, burial cave. समाधि, शवस्थान, कब्र; - *v. t.* to place in a tomb. समाधि में रखना, कब्र में गाड़ना।

Sepulture - सेप्'- उल् - चर - *n.* burial, putting in the tomb. प्रेत-क्रिया, समाधि में रखना।

Sequacious - सि-क्वे'-शस् - *adj.* inclined to follow, servile. अनुसरण करनेवाला, अनुयायी; **Sequaciously** (- लि) - *adv.* in a servile manner. अनुसरण करते हुए।

Sequacity - सि- क्वॉस'- इट् - इ - *n.* disposition to follow. अनुसरण करने की प्रवृत्ति।

Sequel - सीक्' - वेल् - *n.* what follows, a consequence, after-effects. उत्तर भाग, परिणाम, अन्त-फल।

Sequela - सिक् - वेल' - आ - *n.* (*pl.* **Sequelae.**) morbid symptoms following certain diseases. एक रोग के कारण दूसरा रोग उत्पन्न होने के लक्षण।

Sequence - सीक्' - वेन्स् - *n.* succession, consequence, order or series without gaps. अनुक्रम, परम्परा, श्रेणी।

Sequential - सि - क्वेन्'- शल् - *adj.* pertaining to sequence. परम्परा-सम्बन्धी; **Sequentiality** (- इटि) - *n.* sequence. अनुक्रमत्व; **Sequentially** (- लि) - *adv.* in succession. क्रम से।

Sequester - सि - क्वेस' - टर् - *v. t. & i.* to separate, to set apart, to retire,to take possession of a debtor's property till the payment of claim. पृथक् करना, अलगाना, एकान्त में रहना, ऋण चुक जाने तक सम्पत्ति पर अधिकार रखना।

Sequestrable - सि - क्वेस'- ट्रेबल् - *adj.* able to be separated. अलगाने योग्य।

Sequestrate - सि - क्वेस'- ट्रेट् - *v. t. & i.* to separate, to sequester. अलगाना, प्रतिभू (ज़मानत) की तरह सम्पत्ति पर अधिकार रखना; **Sequestration** (- शन्) - *n.* the act of sequestering. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार; **Sequestrator** (- टर्) - *n.* one who sequesters property. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार रखनेवाला व्यक्ति।

Sequestrum - सी' - क्वेस् - ट्रम् - *n.* (*pl.* **Sequestra.**) a piece of dead bone separated from living bone but allowed to remain in its place. जीवित अस्थि में से सड़ी या निर्जीव हड्डी के भाग को हटाकर वहीं रहने देने का काम।

Serafile - से'- रा - फिल् - *n.* the last soldier in a file. सेना की पंक्ति का अन्तिम सिपाही।

Seraglio - सेर्-ऑल्'-इ-ओ - *n.* the palace of the Sultan of Turkey, a harem. तुर्किस्तान के सुल्तान का महल, अन्तःपुर, रनिवास।

Serai - सेर'- आइ - *n.* an inn. सराय।

Seraph - से'- रॉफ् - *n.* (*pl.* **Seraphim, Seraphs**) a celestial being, an angel of the highest order. दैवी पुरुष, उच्च कोटि का देवदूत।

Seraphic - सेर - ऑफ्'- इक् - *adj.* angelic, pure. देवदूत-सम्बन्धी, पवित्र; **Seraphically** (- अलि) - *adv.* in a seraphic manner. देवदूत की तरह।

Seraphim - से' - राफ् - इम् - *n. pl.* of **Seraph.**

Seraphina, Seraphine - से'- रॉ - फिन् (- फ़िन्) - *ns.* a kind of wind instrument. भाथी से बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा।

Serb - सर्ब् - *n.* native or language of Serbia. सर्बिया देश का निवासी या इनकी भाषा।

Sere, Sear - सिअर् - *ns.* the catch of the hammer of a gun. बन्दूक के कुत्ते का रोक; - *adj.* dry, withered. सूखा, मुर्झाया हुआ।

Serein - सें - रीन्' - *n.* fine shower of rain. महीन वर्षा, झींसी।

Serenade - से' - रेन् - एड् - *n.* an evening song of a lover. प्रेमी का सन्ध्या का गीत; - *v. t.* to entertain with such a music. प्रेम का सान्ध्य गीत गाना; **Serenader** (- अर्) - *n.* one who entertains thus. प्रेम का सान्ध्य गीत गानेवाला।

Serene - सि - रीन्' - *adj.* calm, clear, undisturbed, tranquil, a title of certain princes. शान्त, स्वच्छ, स्थिर, निर्मल, एक उपाधि; -*n.* expanse of sea or sky unwholesome night-dew. समुद्र

या आकाश का फैलाव, कष्टकर रात का ओस।

Serenely - सि - रीन्'- लि - *adv.* in a serene manner. शान्त चित्त से।

Serenity - सि - रेन' - इट् - इ - *n.* calmness, stillness. शान्ति, निस्तब्धता, स्थिरता।

Serf - सर्फ़ - *n.* (*pl.* **Serfs.**) a slave employed to work in the field, a slave. कृषक दास, खेत जोतनेवाला दास।

Serfage - सर्' - फ़ेज़् - *n.* condition of a serf. दासत्व।

Serfdom - सर्फ़' - डम् - *n.* serfage. दासवृत्ति; **Serfhood** (- हुड्) -*n.* the office of a serf. दासत्व, दास का पद।

Serge - सर्ज् - *n.* a kind of durable woollen fabric. एक प्रकार का पुष्ट ऊनी वस्त्र, सर्ज।

Sergeant - सॉर्'-जेन्ट् - *n.* a lawyer of high rank, a non-commissioned officer in the army, a grade in the police next above a constable. उच्च श्रेणी का वकील, सेना का एक बेपदवीवाला अध्यक्ष, सार्जन्ट; **Lance sergeant** (a mounted police officer.) पुलिस का घुड़सवार सिपाही; **Sergeant major** (the highest non-commissioned army officer.) बिना पदवीवाला सबसे बड़ा सेनाध्यक्ष; **Sergeantship** (- शिप्) - *n.* the post of a sergeant. सार्जेन्ट नामक अध्यक्ष का पद।

Sergette - सर्'-जेट - *n.* a thin kind of serge. पतली सर्ज।

Serial - सीर'-इ-अल् - *adj.* pertaining to or forming a series. अनुक्रमी, क्रमानुसारी, क्रमिक; **Serialist** (- इस्ट्) -*n.* one following series. क्रम पर चलनेवाला **Seriality** (- टि) - *n.* series. क्रम; **Serially** (- लि) -*adv.* in series. क्रमानुसार।

Seriate, Seriated - सीअर्'- इ - एट् (- टेंड्) - *adjs.* in the form of series. क्रमिक रूप में, क्रमबद्ध; - *v. t.* to arrange in the form of series. क्रम में रखना।

Seriatim - सीअर्'- इ - एट्'- इम् - *adv.* one after another, in continuous order. एक के बाद दूसरा, क्रमानुसार।

Seriation - सीअर'- इ - ए'- शन् - *n.* arrangement in series. क्रमरूप व्यवस्था।

Sericeous - सी - रिस्'- इ- अस् - *adj.* soft and silky, pertaining to silk. रेशमी तथा कोमल, चिकना, रोवेंदार।

Sericultural - सीअर'- इ - कल् - चर् - अल् - *adj.* pertaining to silk-worm breeding. रेशम के कीड़ों को पालने के व्यवसाय से सम्बन्धित।

Sericulture, Sericiculture - सीअर्'- (सि) कल्' - चर् - *ns.* breeding of silk worms. रेशम के कीड़ों का पालन।

Sericulturist - सेरि'- इ - कल्'- चर् - इस्ट् - *n.* one who is occupied in sericulture. रेशम के कीड़ों को पालनेवाला व्यक्ति।

Series - सीअर'- इज़् - *n.* (*sing. & pl.*) number of similar things connected together, order, succession, set of books under a common title or edited by one person. श्रृंखला, क्रम, श्रेणी, परिपाटी, अनुक्रम, ग्रन्थमाला; **Arithmetical series** (a series which changes by regular addition or subtraction.) जोड़ने या घटाने से बनी हुई नियमित श्रेणी; **Geometrical series** (a series which changes by regular multiplication or division.) गुणा या भाग करने से बनी हुइ श्रेणी।

Serif - सें' - रिफ़् - *n.* the short line at the top or bottom of a printing type. छापे के टाइप के ऊपर या नीचे की छोटी लकीर।

Serin - सें' - रिन् - *n.* small singing bird. एक प्रकार की छोटी गानेवाली चिड़िया; **Serinette** (- ऍट्) - *n.* an instrument for training song-birds. पक्षियों को गाना सिखाने का यन्त्र।

Serings - से' - रिङ्ग्स् - *n.* a kind of rubber-tree. एक प्रकार का रबड़ का वृक्ष।

Serio-comic - सीअर'- इ - ओ - कॉम् - इक् - *adj.* having a mixture of gravity and humour. गंभीरता तथा हास्यरस के मिश्रण का।

Serious - सीअर'- इ - अस् - *adj.* earnest, grave, sober, solemn, sincere, religious minded. गंभीर वृत्ति का, धीर, विनोद या परिहास न करनेवाला, सच्चा, धार्मिक वृत्ति का; **Seriously** (- लि) - *adv.* in a serious manner. गम्भीरता से; **Seriousness** (-नेस्) - *n.* gravity of mind. गम्भीरता।

Serjeant - सॉर'- जेन्ट् - see **Sergeant.**

Sermon - सर'- मॉन् - *n.* a discourse delivered by a religious instructor, a moral reflection. धर्मोपदेश, धर्मविषयक व्याख्यान; **To lay a sermon** (to discourse on a religious subject.) धर्म-विषय पर उपदेश देना।

Sermoneer - सर्'- मॉन् - इअर् - *n.* (also **Sermoner.**) a sermonizer. धर्म-विषयक व्याख्यान देनेवाला; **Sermonette** - (-एट्) - *n.* a small sermon. धर्म विषय का छोटा व्याख्यान।

Sermonize - सर्'- मॉन्'- आइज़् - *v. t.* to preach. धर्मविषय को व्याख्यान के रूप में कहना; **Sermonizer** (- अर्) - *n.* one who sermonizes. धार्मिक विषय पर व्याख्यान देने या लिखनेवाला।

Seroon - सि - रून्' - *n.* a package used for dried fruits. सुखाये हुए फलों को रखने का झाबा।

Serotine - से'- रोट्-एन् - *n.* a brown European bat. यूरोप देश का भूरा चमगादड़।

Serotinous - से - राट्'-इन् - अस् - *adj.* appearing late in season. ऋतु में देर करके फलने-फूलनेवाला।

Serous - सीअर्' - अस् - *adj.* like serum, of the consistency of whey, watery. तरल, मठे के समान, जल-सदृश।

Serpent - सर्' - पेन्ट् - *n.* snake. सर्प, साँप; **Pharaoh's serpent** (a kind of chemical toy which when ignited assumes a serpentine

form.) एक प्रकार की बत्ती जो जलाने पर सर्प के आकार की हो जाती है; **Serpent charmer** (a person who charms a serpent.) मदारी; **The old serpent** (the devil). दैत्य।

Serpentine - सर्' - पेन्ट् - इन् - *adj. & v. i.* resembling a snake, spiral, crooked, to move circuitously, to meander. सर्पवत्, चक्करदार, पेंचदार, सर्प की तरह चक्कर खाना।

Serpigo - सर् - पिग्' - ओ - *n.* a dry eruption on the skin. सूखी खुजली।

Serpula - सेर - प्यू - ला - *n.* (*pl.* **Serpulae.**) a kind of sea worm. एक प्रकार का समुद्री कीड़ा।

Serra - सेर्' - रा - *n.* (*pl.* **Serrae.**) a serrated structure. दाँतेदार बनावट।

Serrate - सेर - एट्'- *adj.* notched on the edge like a saw. किनारे पर दाँतेदार; - *v. t.* to provide with an edge like saw. दाँतेदार बनाना।

Serrated - सेर - एट्'- एड् - *adj.* notched like a saw. आरी की तरह दाँतेदार बना हुआ।

Serration - सें - रें' - शन् - *n.* formation in the shape of a saw-like notch in the edge. किनारे पर आरी के दाँते के समान रचना।

Serried - सें' - रिड् - *adj.* without gaps, side by side. बिना गड्ढे का, पास-पास, सटा-सटा।

Serromotor - सेर्' - ओ - मो - टर् - *n.* a gear for reversing the motion of an engine. इञ्जिन की गति पलटने का दाँतेदार पहिया।

Serrulate - सें' - रूल् - एट् - *adj.* with fine notches. महीन दाँते का; **Serrulated** (- ऍड) - *adj.* finely serrated. महीन दाँता कटा हुआ।

Serrulation - सेर्' - उल - ए - शन् - *n.* the act of serrating. महीन दाँतेदार बनाने का काम।

Serum - सिअर्'- अम् - *n.* thin transparent portion of the blood, watery fluid in animal organism. रुधिर का पतला पारदर्शक अंश, भेदा।

Serval - सर्'- वल् - *n.* a kind of African wild cat. एक प्रकार की अफ्रीका देश की जंगली बिल्ली।

Servant - सर्व'- आन्ट् - *n.* one who is employed to carry out the orders of some one, a labourer, employee, a devoted follower. भृत्य, नौकर, सेवक, अनुचर (दास), उपासक; **Female servant** (maid servant.) चेरी, दास।

Serve - सर्व् - *n.* the act of serving the first stroke in tennis. सेवा, शुश्रूषा, टेनिस के खेल में गेंद को पहिली बार मारने की क्रिया; -*v. i. & t.* to be useful to, to be employed, to wait upon at the table, to labour, to obey, to accomplish an end, to meet the needs of, to perform. उपयोगी होना, काम में लगा रहना, सेवा करना, परोसना, श्रम करना, आज्ञा मानना, उद्देश्य पूर्ण करना, आवश्यकता की पूर्ति करना, कार्य करना; **It will serve** (it will suffice.) यह पर्याप्त होगा; **To serve a sentence** (to undergo sentence for full time.) पूरी अवधि तक दण्ड भोगना; **To serve one's time** (to hold office for normal period.) उचित समयानुसार पद पर काम करना; **To serve out** (to distribute.) बाँटना; **To serve the devil** (to turn cruel.) निर्दयी बनना या बनाना; **To serve the purpose of** (to be useful.) उपयोग का होना; **To serve two masters** (to be divided between two diversified principles.) द्विधा भाव में रहना; **To serve with the same sauce** (to retaliate.) बदला लेना या देना।

Server - सर्व'- अर् - *n.* one who serves. चाकरी या नौकरी करनेवाला, परोसनेवाला।

Service - सर्व' -इस् - *n.* the act of serving, servant's status, employment, use, assistance, meeting, congregation for worship, dishes required for serving meal, the legal delivery of a writ. सेवा, उपयोग, दासवृत्ति, व्यवसाय (कार्य), सहायता, भेंट, उपासना (पूजा), परोसने का पात्र,अदालत के सम्मन इत्यादि की तामीली; **At his service** (ready to his orders.) उसके अधीन; **To take service with** (to be employed in service.) नौकरी करना; **Service book** - *n.* a prayer book for public worship. स्तोत्रसमुच्चय।

Serviceable - सर्व' - इस - एब्ल् - *adj.* useful beneficial. सेवा-योग्य, उपयोगी, काम में आनेवाला; **Serviceably** (- लि) - *adv.* in a serviceable manner. उपयोगिता से; **Serviceableness** (-नेंस्) - *n.* usefulness for a work. उपयोगिता।

Serviette - सर्व'-इ-एट्' - *n.* a table napkin. अँगौछा, तौलिया, रूमाल।

Servile - सर्वाइल् - *adj.* of a slave, slavish, mean-spirited, completely dependent, cringing. दास का, दास के उचित, नीच, अति अनुरोधी, चापलूस; **Servilely** (- लि) - *adv.* in a servile manner. दासवत्।

Servility - सर्व - इल्'- इट - इ, **Servileness** (- नेंस्) - *ns.* slavishness, flattery. भृत्यभाव, चापलूसी।

Servitor - सर्व'-इट्-अर् - *n.* a servant, an attendant. सेवक, भृत्य, नौकर; **Servitorship** (- शिप्) - *n.* the office of a servitor. सेवक का पद।

Servitude - सर्व'- इ - ट्यूड् - *n.* slavery, bondage, भृत्यभाव, दासत्व।

Sesame - सेस'- एम्- इ - *n.* an annual herbaceous tropical plant with oily seeds. तिल।

Sesamoid - सेंस' - आम् - ओयड् - *adj.* of the form of sesame seeds. तिल के आकार का।

Seseli - सें -सेंलि - *n.* a perennial white flowered plant. एक बारहमासी सफेद फूल का पौधा।

Sesqui -सेंस्' - क्वि - *pref.* in sense of "one and

a half." "ड्योढ़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Sesquipedalian - सेंस् - क्वि - पि - डें - लि - अन् - *adj.* of many syllables. कई पद-खण्डों वाला; -*n.* a person or thing a foot & a half high or long. डेढ़ फुट लम्बा व्यक्ति या वस्तु।

Sessile - सेस्'- इल् - *adj.* without stal. बिना डण्ठल का, डण्ठल-रहित।

Session - सेश्'- अन् - *n.* the sitting of an assembly or court for transaction of business, period of such a meeting, university term. अदालत का सेशन, कार्य-काल, विश्वविद्यालय का नियम काल या सत्र।

Sessional - सेश्'- अन् - अल् - *adj.* pertaining to a session. सेशन-सम्बन्धी।

Sesspool - सेंस्'- पूल् - *n.* a cavity in the earth. चहबच्चा।

Sestet - सेस् - टेट'- *n.* the last six lines of a sonnet. गीत की अन्तिम छः पंक्तियाँ।

Sestina - सेस' - टि - ना - *n.* a poem of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Set - सेंट् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Set**) to lay, to seat, to assign, to adjust, to join, to display, to fix, to determine, to settle, to perplex, to establish, to harden. रखना, बैठाना, निर्देश करना, ठीक करना, जोड़ना, दरसाना, जमाना, संकल्प करना, निर्धारित करना, घबड़ाना, स्थापित करना, कड़ा होना; **Set speech** (a speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान; **To set about** (to begin, to take in hand, to attack, to circulate a report.) आरम्भ करना, हाथ में लेना, हमला करना, समाचार फैलाना; **To set abroad** (to spread.) फैलाना; **To set against** (to assail.) हमला करना; **To set agoing** (to cause to move.) चलाना; **To set apart** (to separate from the rest.) अलगाना; **To set aside** (to reject). हटाना, अस्वीकार करना; **To set at defiance** (to challenge.) ललकारना; **to set at ease** (to tranquillize.) शान्त करना; **To set at liberty** (to release from bondage.) स्वतंत्र करना; **To set at naught** (to undervalue.) तिरस्कार करना; **To set at work** (to engage in a work.) काम में लगाना; **To set back** (to retreat, to check the progress of, to put a clock to an earlier time, to flow in the reverse direction.) पीछे हटना, उन्नति में बाधा डालना, घड़ी पीछे करना, उल्टी दिशा में बहना; **To set before** (to exhibit.) दरसाना; **To set by** (to set apart.) बचा रखना; **To set down** (to register.) लिख लेना; **To set forth** (to show, to declare, to praise, to publish, to start on a journey.) दिखाना, प्रकट करना, घोषणा करना, प्रशंसा करना, प्रकाशित करना, यात्रा प्रारम्भ करना; **To set for ward** (to advance.) उन्नति करना, आगे बढ़ना; **To set foot on** (to tread on.) पैर रखना; **To set fire to** (to ignite.) आग लगाना; **To set free from** (to release from bondage.) बन्धन से निर्मुक्त करना; **To set gems** (to fix gems.) नगीना बैठाना; **To set in order** (to put in order.) क्रम में रखना; **To set heart on** (to aspire to.) मन लगाना; **To set in** (to begin.) आरम्भ करना; **To set in motion** (to start.) चालू करना; **To set off** (to mark, send or start off, to show in relief.) अंकित करना, भेज देना, यात्रा पर जाना, सुन्दर रूप में दिखाना; **To set on** (to incite, to move on, to set agoing, to start.) उसकाना, आगे बढ़ना, चलाना, रवाना होना; **To set one's hand** (to begin work.) कार्य आरम्भ करना; **To set on fire** (to ignite.) आग लगाना; **To set out** (to begin a journey, to fit out a ship for voyage, to equip for an expedition, to send out forces, to display wares for sale, to adorn, to arrange things or meal on a table, to begin a career.) प्रस्थान करना, समुद्री यात्रा के लिये जहाज़ को तैयार करना, साहसिक यात्रा की तैयारी करना, सेनायें बाहर भेजना, बिक्री का माल सजाकर दिखाना, सजाना, मेज़ पर चीजें या खाना सजाना, जीविका या व्यवसाय प्रारम्भ करना; **To set razor** (to give a keen edge to a razor.) उस्तरा तेज़ करना; **To set right** (to put in order.) क्रम में रखना; **To set sail** (to start on a sea voyage.) जहाज़ की यात्रा आरम्भ करना; **To set table** (to make preparations for dinner.) भोजन के लिए तैयारी करना; **To set the watch** (to put the hands to right time.) घड़ी मिलाना; **To set up** (to erect, to hoist a flag or sail, to raise a cry, to display for sale or auction, to post up a notice-paper, to advertise, to raise to power, to put on throne.) खड़ा करना, झंडा या पाल खड़ा करना, चिल्लाना, बिक्री या नीलाम के लिये प्रदर्शित करना, इश्तिहार चपकाना, विज्ञापन निकालना, शक्तिशाली बनाना, गद्दी पर बिठाना; **To set upon** (to incite.) उत्तेजित करना; **To set up type** (to compose.) टाइप बैठाना।

Set - सेंट् - *n.* group, collection, accessories, setting of sun or day, last coat of plaster, deflection of saw teeth. दल, समूह, संग्रह, आवश्यक सामग्रियाँ, सूर्य का अस्त होना, पलस्तर की अंतिम परत, आरी के दाँतों का घुमाव **Set-down** (- डाउन्) - *n.* a humiliating rebuke. अपमानपूर्वक भर्त्सना; **Set-off** (- ऑफ्) - *n.* the sum deducted, decoration. मोजरा, छूट, सजावट; **Set-ou**(- आउट्) - *n.* commencement. प्रारम्भ; **Set-up** (- अप्) - *n.* erectness. खड़ापन।


Setaceous - सिट् - ए'- शस् - *adj.* having bristlelike hair on the body. सुअर के कड़े बाल के समान बालवाला।

Setiferous - सेट् - इफ' - अर् - अस् - *adj.* producing bristles. सुअर के कड़े बाल के समान बाल पैदा करनेवाला।

Seton - सी' - टन् - *n.* a skein of thread on a wound to keep it open. घाव खुला रखने की बत्ती।

Set-speech - सेंट्’- स्पीच्’- *n.* a speech prepared beforehand. पहिले से रचा हुआ व्याख्यान।

Set-squares - सेंट्’- स्क्वेंअर्स्’- *n. pl.* triangular pieces of wood or other material having one of its angles a right angle, used in mechanical drawing. लकड़ी या कचकड़े के त्रिकोण टुकड़े जिनमें एक समकोण रहता है, जो नक़शा इत्यादि बनाने में उपयोग किये जाते हैं।


Set-squares.

Sett - सेंट् - *n.* same as **Set.**

Settee - सेट्’ - इ - *n.* a long seat with a back, double arm-chair, a kind of ship. तकियादार बेंच, दोहरी आराम कुरसी, एक प्रकार का छोटा जहाज़।

Setter - सेट्’- अर् - *n.* a kind of hunting dog, one who sets. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता, बैठानेवाला।

Setting - सेट्’ - इङ्ग् - *n.* the metal in which a gem is set, the act of setting, environment, accessories. अवस्थापन, विन्यास, समायोजन, जड़ाव, योजना, आरोपण, सामग्री; **Setting-rule** (a rule for setting types.) टाइप बैठाने की पटरी; **Setting-stick** (a stick used in setting types.) टाइप बैठाने की छड़।

Settle - सेंट्ल् - *n.* a seat with a high back. ऊँची पिछवई की बेंच या कुरसी।

Settle - सेंट्ल् - *v. t. & i.* to establish, to cease from wandering, to fix, to decide to colonize, to fix one's habitation, to appoint, to agree upon, to get clear. स्थापित करना, स्थिर करना, व्यवस्था करना, निर्णय करना, ठहराना, बैठना, बसना, नियुक्त करना, चुकाना; **To settle a quarrel** (to subside a dispute.) झगड़ा निबटाना; **To settle up** (to settle accounts.) हिसाब तय करना।

Settlement - सेटल्’- मेन्ट् - *n.* the act of settling, a colony, adjustment, jointure. निर्णय (व्यवस्था), आबादी, निबटारा, स्त्रीधन; **Marriage settlement** (marriage jointure.) वह सम्पत्ति जो विवाह के समय पति द्वारा पत्नी के लिये सुरक्षित कर दी जाती है जिसका उपयोग वह पति के न रहने पर कर सके।

Settler - सेट’- लर् - *n.* one who settles, a colonist. स्थिर करनेवाला, नया बसनेवाला।

Seven - सेव्ँ’ - एन् - *n.* one more than six. सात; **Sevenfold** (-फ़ोल्ड्) - *adj.* repeated seven times. सातगुना।

Seventeen - सेव’-एन् - टीन् - *adj. & n.* seven and ten. सत्रह।

Seventeenth - सेव’-एन् - टीन्थ् - *adj.* next after sixteenth. सत्रहवाँ।

Seventh - सेव’-एन्थ् - *adj.* next after sixth. सातवाँ; **In the seventh heaven** (in the greatest happiness.) परम सन्तोष और आनन्द से; **Seventh day** (Saturday.) शनिवार; **Seventhly** (- लि) - *adv.* in the seventh place. सातवें स्थान में।

Seventieth - सेव’- एन् - टि - एथ् - *adj.* the ordinal of seventy. सत्तरवाँ।

Seventy - सेव्’- एन् - टी - *adj. & n.* ten times seven. सत्तर।

Sever - सेव’- अर् - *v. t. & i.* to part or divide, to disunite, to be disjoined. काटकर अलग करना, अलगाना, पृथक् होना।

Severable - सेव’- अर् - एबल् - *adj.* separable. अलगाने योग्य।

Severance - सेंव्’ - अर् - ऑन्स् - *n.* separation. वियोग, पृथक्करण, अलगाव।

Several - सेव’ - अर् - अल् - *adj.* separate, distinct, various, consisting of a number. पृथक्, भिन्न, अनेक, कई एक; - *n.* each, particular. प्रत्येक; **Severally** (- लि) - *adv.* separately apart from others. अलग-अलग, प्रत्येक (स्वयं); **Severalty** (- टि) - *n.* the state of separation. भिन्नता।

Severe - सि - व़ीअर्’ - *adj.* strict, harsh, austere, extreme, violent, terse. तीक्ष्ण, कठोर, घोर, कष्टदायक, अत्यन्त।

Severely - सि - व़ीअर्’- लि - *adv.* sharply, painfully, rigorously. प्रचण्डता से, कठोरता से, निर्दयता से।

Severity - सि - विं’ - रि - टि, **Severeness** (- नेस्) - *ns.* harshness, rigour. कठोरता, तीव्रता।

Severy - सें’ - व़रि - *n.* a partition in vaulted ceiling. मेहराबदार छत का भाग।

Sew - सो - *v. t. & i.* (*p. t.* **Sewed,** *p. p.* **Sewn.**) to fasten by thread with the help of a needle or awl. सीना।

Sew - स्यू -*v. t. & i.* to drain off, to ooze out. पानी बहाना या बहना, पानी का धीरे-धीरे निकलना।

Sewage - स्यू’- ऍज् - *n.* matter carried in sewers. मल, मैला, पायखाना; - *v. t.* to manure with sewage. मैले की खाद देना।

Sewel - स्यू’ - ऍल् - *n.* a scarecrow. विभीषिका।

Sewer - स्यू’ - अर् - *n.* a channel for carrying off waste and filth, a public drain. नाली, मोरी, मलमार्ग; - *v. t.* to provide with drains. मोरियों का प्रबन्ध करना।

Sewerage - स्यू’- अर् - एज् - *n.* drainage. परनालियों का क्रम।

Sewing - सो’- इङ्ग् - *n. & adj.* occupation of using a needle. सियन, सीने का कार्य; **Sewing-machine** (a machine for sewing.) सीने की कल।

Sewn - सो’- न् - *adj.* joined by sewing. सिया गया।

Sex - सेंक्स् - *n.* the distinction between male or female. जाति, लिंग, स्त्री या पुरुष होना; **The fair sex** (women.) स्त्री जाति; **The male sex** (men.) पुरुष जाति।

Sex, Sexi - सेंक्स् (- इ) - *pref.* in sense of “six”.

"छः" अर्थ का उपसर्ग।

Sexagenarian - सेक्स्'- ए - जेन् - एअर्'- इ - अन् - *adj. & n.* a person of sixty years of age. साठ वर्ष की वय का मनुष्य।

Sexagenary - सेक्स्'- ए - जेन्'- अर - इ - *adj.* of sixty years. साठ वर्ष का।

Sexagesima - सेक्स्'- ए - जेस्' - इम् - आ - *n.* the second Sunday before Lent. ईसाइयों के लेन्ट त्योहार के पहिले का दूसरा रविवार।

Sexagesimal - सेक्स्'- ए - जेस्'- इम् - अल् - *adj. & n.* sixtieth, of sixty. साठवाँ, साठवें भाग का; **Sexagesimally** (- लि) - *adv.* in sixtieth part. साठवें अंश में।

Sex-angle - सेक्स्'- आंग्ल् - *n.* a figure having six angles. छः कोणों की आकृति।

Sexangular - सेक्स'- आंग् - ग्यू - लर् - *adj.* of six angles. छः कोणोंवाला।

Sexdigitate - सेंक्स्'- डि - जि - टेट् - *adj.* six fingered. छः अंगुलियों का।


Sexennial - सेक्स् - एन'- इ - अल् - *adj.* occurring once in every six years. प्रत्येक छठे वर्ष पर होनेवाला।

Sexless - सेंक्स्'- लेंस् - *adj.* having no sex. न मादा (स्त्री) न नर (पुरुष)।

Sextain - सेंक्स्' - टेन् - *n.* a stanza of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Sextan - सेंक्स्' - टॉन् -*adj.* occurring every sixth day. प्रत्येक छटे दिन होनेवाला।

Sextant - सेंक्स्' - टेन्ट् - *n.* the sixth part of a circle, an instrument for measuring angular distances. वृत्त का छठा भाग, कोण की दूरी नापने का एक यन्त्र।


Sextant

Sexto - सेंक्स्' - टॅ - *n.* a book formed by folding paper into six folds. कागज़ की छः परत मोड़कर बनी हुई पुस्तक।

Sextodecimo - सेक्स'- टो - डेस्'- इम् - ओ - *n.* (*abbr.* 16 mo.) folding a sheet of paper in sixteen leaves. एक तख्ते काग़ज को सोलह पन्ने में मोड़ने की क्रिया।

Sexton - सेक्स'-टन् -*n.* an officer of the church in charge of its property. गिर्जाघर की सामग्री संभालनेवाला अधिकारी।

Sextuple - सेंक्स्' - ट्युपल् - *adj.* sixfold. छगुना।

Sexual - सेक्'-शू - अल् - *adj.* of the sex or sexes. स्त्री या पुरुष जाति-सम्बन्धी; **Sexual affinity** (mutual attraction of two individuals of opposite sexes.) स्त्री-पुरुष का परस्पर आकर्षण; **Sexual appetite** (sexual indulgence.) कामुकता; **Sexual intercourse** (copulation.) मैथुन; **Sexual organs** (the organs of generation.) जननेन्द्रियाँ।

Sexualist - सेक्'- शू - अल् - इस्ट् - *n.* one who classifies ptants according to the differences of the sexes. पौधों का लिङ्ग के अनुसार विभाजन करनेवाला व्यक्ति।

Sexuality - सेक्'- शू - ऑल् - इ - टि - *n.* distinction by sex. लिङ्ग-भेद।

Sexualization - सेक्'- शू - ऑल् - आइज् - ए' - शन् - *n.* the act of sexualizing. लिङ्ग-निर्णय।

Sexualize - सेक्'- शू - ऑल् - आइज़ - *v. t.* to attribute sex to. लिङ्ग निर्धारित करना।

Sexually - सेक्'- शू - ऑल् - इ - *adv.* in a sexual manner. स्त्री-पुरुष के सम्बन्ध के रूप में।

Shabbily - शॉब् - इ - लि - *adv.* in a shabby manner. मलिनता से, कुत्सित रूप से।

Shabbiness - शॉब्' - इ - नेंस् - *n.* the state of being shabby. मलिनता।

Shabby - शॅाब - इ - *adj.* (*comp.* **Shabbier**, *sup.* **Shabbiest.**) threadbare, mean, paltry, dissipated. जर्जर (फटा पुराना), तुच्छ, अधम, कुत्सित।

Shabrack - शॉब्'- राक् - *n.* a saddle-cloth. काठी के नीचे का गद्दा।

Shack - शॉक् - *n.* a rough hut. फूहड़ झोपड़ी।

Shackle - शॉक्ल् - *n.* staple, a link for connecting chains, a coupling link. बन्धन, जंजीर जोड़ने की दुमुँही कड़ी; - *pl.* fetters, obstruction. (ब० व०) बेड़ी, अवरोध - *v. t.* to fetter, to chain. जंजीर से बाँधना, बेड़ी लगाना।

Shad - शॉड् - *n.* a kind of fish. एक प्रकार की मोटी मछली।

Shade - शेड् - *n.* a place sheltered from the sun, shadow, obscurity, darkness, shelter, gradation of colour, ghost, soul after death, darker part in a picture. सूर्य से आड़ की जगह, छाया, अन्धकार, शरण, रङ्ग का उतार-चढ़ाव, प्रेत, मृत्यु के बाद की आत्मा, चित्र में गहरा रंग; - *pl.* darker part of a picture, darkness of night or evening. (ब० व०) चित्र में गहरे रङ्ग का अंश, रात्रि का अन्धकार; - *v. t. & i.* to screen from light or heat. रोशनी या घाम से बचाना, अँधेरा करना; **Lamp shade** (the chimney for lamp.) दूधिया चिमनी; **Shade meaning** (slight difference in meaning.) अर्थ का सूक्ष्म भेद; **To cast into shade** (to blame.) तिरस्कार करना।

Shadeless - शेड्' - लेस् - *adj.* without shade. छायारहित।

Shadily - शेड्'- इ - लि - *adv.* in a shady manner. छाया रूप में।

Shadiness - शेड्'- इ - नेंस् - *n.* the state of being shady. छायापन, अन्धकार।

Shading - शेड्'- इङ्ग् - *n.* the act of making shades in painting. चित्र में रंग गहरा करके छाया दरसाना।

Shadoof - शें - डूफ़्'- *n.* a series of buckets used to raise water. पानी उठाने की रहट की बालटियाँ।

Shadow - शाड्'- ओ - *n.* the shade cast by an object, faint representation, one's constant companion, reflected image, an unsubstatial thing, phantom, obscurity. छाया, परछाईं, प्रतिबिम्ब, तुच्छ पदार्थ, आभास,एकान्तता; - *v. t.* to darken, to conceal. छाया (अन्धकार) करना, ढाँकना, छिपाना।

Shadowless - शॉड्'- ओ - लेस् - *adj.* without shadow. बिना छाया का।

Shadowy - शॉड्'- ओ - इ - *adj.* gloomy, dark. अन्धकारमय, छायादार।

Shady - शेड्'- इ - *adj.* (*comp.* **Shadier,** *sup.* **Shadiest.**) giving shade, situated in shade. छाया देनेवाला, छाया में स्थित।

Shaft - शॉफ़्ट् - *n.* a slender pole, stem (stalk), a long arrow, the rib of feather, long axle of a machine, the bar of a carriage to which a horse is harnessed, handle, access to a mine. पतला डण्डा, कूपक, डण्ठल, तीर पर की लम्बी डण्डी, पंख के बीच की नस, मशीन का लम्बा धुरा, गाड़ी का बम, मुठिया, खान का मार्ग।

Shafting - शॉफ़्ट्'- इङ्ग् - *n.* long shafts of machinery. यन्त्र के लम्बे धुरे।

Shag - शॅग् -*n.* rough growth of anything, a kind of rough cloth. किसी वस्तु की स्थूल रूप में उपज, एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Shaggily - शॅग्'- इ - लि - *adv.* in a shaggy manner, रूक्षता से; **Shagginess** (-नेंस्) - *n.* the quality of being shaggy. खुरखुरापन, रूक्षता।

Shaggy -शॅग्'- इ - *adj.* (*comp.* **Shaggier,** *sup.* **Shaggiest.**) rough, coarse, rough haired, with a wild overgrowth. रूक्ष, खुरखुरा, मोटे रोवें का, जंगल के झाड़ की उपज से पूर्ण।

Shagreen - शॅ - ग्रीन्'- *n.* untanned leather usually dyed green. हरे रङ्ग का बिना कमाया हुआ चमड़ा।

Shah - शाह् - *n.* the king of Persia. ईरान (फारस) देश के राजा की उपाधि।

Shake - शेंक् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shook,** *p. p.* **Shaken.**) to move, to agitate, to cause to tremble, to shiver, to disturb, to weaken, to make tremulous. हिलाना, हलचल मचाना, कँपाना, काँपना, व्याकुल करना, मन्द करना, गिटकरी करना; -*n.* a rapid motion, agitation, clasp of hands. तीव्र कम्प, हलचल, हाथ मिलाकर हिलाना; **To shake about** (to agitate.) हिला देना, अस्थिर करना; **To shake down** (to send or bring by shaking.) हिलाकर भेजना या मँगाना; **To shake in one's shoes** (to tremble with fear.) भय से काँपना; **To shake off** (to get rid of, to be relieved.) मुक्त होना, छुटकारा पाना; **To shake of the dust from one's feet** (to sever all connections with.) सब सम्बन्ध त्याग देना; **To shake one's confidence** (to create doubts.) शंका-युक्त करना; **To shake out** (to empty a vessel of its contents.) बर्तन खाली करना; **To shake up** (to mix together.) मिश्रित करना।

Shakable - शेक्'- एबल् - *adj.* capable of being shaken. हिलाने योग्य।

Shaker - शेक्' - अर् - *n.* one who or that which shakes. हिलानेवाला।

Shakespearian - शेक् - स्पीर्'-इ - अन् - *adj.* relating to Shakespeare or his works. महाकवि शेक्सपियर या इनकी रचनाओं से सम्बन्धित।

Shakily - शेक्'- इ - लि - *adv.* in a shaky manner. अस्थिरता से; **Shakiness** (- नेंस्) - *n.* the state of being shaky. ढीलापन, अस्थिरता।

Shaking - शेक्'- इङ्ग् -*n.* agitation, trembling. व्याकुलता, थर्राहट।

Shako - शॅक्'- ओ - *n.* a kind of military hat. एक प्रकार की फ़ौजी टोपी।

Shaky - शेक'- इ - *adj.* uncertain, fickle. अस्थिर, चंचल, ढीला।

Shale - शेंल् - *n.* a kind of stone which readily splits into thin plates. एक प्रकार का पत्थर जो सहज में परतों में टूट जाता है।

Shall - शॅल् - *v. aux.* (*p. t* **Should.**) an auxiliary verb indicating future tense. भविष्यकाल-सूचक सहायक क्रिया-गा।

Shalloon - शॅल् - उन्'- *n.* a light woollen fabric for coat linings. कोट के अस्तर का हल्का ऊनी कापड़ा।

Shallop - शॅल्' - आप् - *n.* a kind of small boat. एक प्रकार की हलकी छोटी नाव।

Shallot - शॅल्'- ऑट् - *n.* a plant like onion. प्याज की तरह का एक पौधा।

Shallow - शॅल्'- ओ - *adj.* having little depth, trivial, superficial, not wise. छिछला, तुच्छ, ओछा, मूर्ख; - *n.* a shoal, a place over which the water is not deep. मछलियों के टिकाव की जगह, छिछले जल का स्थान; **Shallow brained** (weak in intellect.) कम बुद्धि का।

Shallowly - शॅल्'- ओ - लि - *adv.* with little depth. कम गहराई में; **Shallowness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being shallow. छिछलापन, तुच्छता।

Shalt - शॅल्ट् - *second pers. sing.* of **Shall.**

Shaly - शॅल्'- इ - *adj.* folding. परतदार।

Sham - शॅम् - *v. t.* & i. (*p. t* **Shammed.**) to make false pretences, to feign, to cheat, झूठा बहाना करना, छलना, धोखा देना; - *n.* fraud, imposture, pretence. छल (कपट), पाखण्ड, बहाना; - *adj.* counterfeit, false, pretending. जाली, कपटी, झूठा बहाना करनेवाला।

Shamble - शॅम्ब्ल् - *v. i.* to walk or run in an

awkward manner. भद्दी तरह से चलना या दौड़ना; -*n.* a shambling gait. भद्दी चाल, लचककर चलना।

Shambles - शॉम्बल्ज् - *n. pl.* a place where butchers kill animals, a slaughter-house. वधस्थान, कसाईखाना।

Shambling - शॉम्ब्'- लिङ्ग् - *adj.* moving in an awkward manner. भद्दी चाल से चलनेवाला।

Shame - शेम् - *n.* feeling of humiliation, disgrace, restraint caused by humiliation. लज्जा, अपमान (कलंक), अपमान द्वारा उत्पन्न संयम की भावना; - *v. i. & t.* to cause to blush, to be ashamed. सकुचाना (लज्जित होना), लज्जित करना; **To put to shame** (to disgrace.) लज्जित करना।

Shamefaced - शेम्'- फ़ेस्ड् - *adj.* shy, bashful, modest. लज्जित, लज्जायुक्त, संकोची; **Shamefacedly** (- लि) - *adv.* in a shameful manner. लज्जा से, संकोच से; **Shamefacedness** (- नेंस्) - *n.* bashfulness. संकोच।

Shameful - शेम्'- फुल् - *adj.* causing shame, indecent. लज्जाकर, लज्जालु; **Shamefully** (- लि) - *adv.* in a shameful manner. लज्जा-सहित, **Shamefulness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being shameful. लज्जा।

Shameless - शेम्'- लेंस् - *adj.* wanting in modesty. निर्लज्ज; **Shamelessly** (- लि) - *adv.* in a shameless manner. लज्जा छोड़कर; **Shamelessness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being shameless. निर्लज्जता।

Shammer - शॉम्'- अर् - *n.* an impostor. छली।

Shammy, Shammoy - शॉम्'- इ (- मॉय) - *ns.* a leather prepared from the skin of chamois. पहाड़ी बकरे (साबर) का कमाया हुआ चमड़ा।

Shampoo - शॉम् - पू' - *v. t.* to rub, to massage and rub the body after hot bath, to wash the hair of the head. रगड़ना, मालिश करना, साबुन से मस्तक का बल धोना; -*n.* a shampooing of the head. मस्तक धोने का कार्य।

Shampooer - शॉम् - पू'- अर् - *n.* one who massages the limbs. मालिश करनेवाला।

Shampooing - शॉम् - पू'- इङ्ग् - *n.* the act of massaging. मालिश।

Shamrock - शॉम्'- रॉक् - *n.* a kind of trefoil. एक प्रकार की तिनपतिया घास।

Shandrydan - शॉन्'- ड्री - डन् - *n.* a kind of two wheeled vehicle. एक प्रकार की दोपहिया की गाड़ी।

Shank - शॉङ्क् - *n.* the part of leg from knee to ankle, shin-bone, vertical part of a bird's foot, footstalk of flower, shaft of a tool, the middle part of the sole of shoes. टाँग की नली, पिण्डली, पक्षी के पर का खड़ा भाग, फूल के डंठल का निचला भाग, औजार की मूठ, मध्यांग, जूते के तल्ले का मध्य भाग; **Shanked** (- ड्) - *adj.* having a shank. डंठलदार।

Shanny - शॉन्'- इ - *n.* a kind of fish found in Europe. एक प्रकार की यूरोप देश की मछली।

Shan't - शॉन्ट् - contracted form of **'Shall not'** 'शॉल् - नाट्' का छोटा रूप।

Shanty - शॉन्ट्'- इ - *n.* (*pl.* **Shanties.**) a hut, a mean dwelling. कुटी, झोपड़ी, मड़ई।

Shapable - शेप्'- एबल् - *adj.* able to be moulded. ढालने या गढ़ने योग्य।

Shape - शेप् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shaped,** *p.p.* **Shaped, Shapen.**) to construct, to mould, to form, to devise or regulate. आकार धारण करना, बनाना, ढालना, रचना, नियम पर चलना; - *n.* external form of a thing, appearance, sort, expression, proper condition. आकार, मूर्ति, प्रकार, रूप, उचित स्थिति।

Shapeless - शेप्' - लेस् - *adj.* devoid of regular form. निराकार, कुरूप; **Shapelessly** (- लि) - *adv.* in a shapeless manner. निराकार रूप में; **Shapelessness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being shapeless. निराकार अवस्था या गुण।

Shapeliness - शेप्' - लि - नेस् - *n.* well shaped form. सुरूपता।

Shapely - शेप' - लि - *adj.* (*comp.* **Shapelier,** *sup.* **Shapeliest.**) well-shaped, symmetrical. सुरूप, सुडौल।

Shaper - शेप्'-अर् - *n.* a turning machine. खरादने की कल।

Shard - शार्ड् (**Sherd**-शर्ड्) -*n.* a piece of cowdung. गोबर का चोंथ।

Share - शेंअर् - *n.* portion, part allotment, part which one gets, the blade of a plough. अंश, भाग, हिस्सा, हल का लोहे का फल (फार); - *v. t. & i.* to part among others in due proportion, to divide, to give away part of, to partake with others. विभाग करना, बाँटना, हिस्सा देना, सहकारी होना; **Fair share** (equitable portion.) उचित अंश; **Lion's share** (the largest portion.) सबसे अधिक भाग; **To share out** (to apportion.) बाँट देना।

Shareholder - शेंअर्' - होल्ड् - अर् - *n.* an owner of shares. अंशभागी, साझी, हिस्सेदार।

Sharer - शेंअर्' - अर् - *n.* one who participates with another. अंशभागी, हिस्सेदार।

Shark - शार्क् -*n.* a kind of sea-fish, a swindler, a cheat. एक प्रकार की समुद्री मछली, छली मनुष्य, धूर्त; - *v. i. & t.* to cheat, to act with fraud. ठगना, कपट-व्यवहार करना; **Shark's mouth** (the opening in a mast.) मस्तूल में का छिद्र।

Sharking - शार्क - इङ्ग् - *n. & v. t.* gathering up by dishonest means, to swallow voraciously. कपट से धन एकत्रित करना, मरभुख की तरह

गटकना।

Sharp - शार्प् - *adj.* having a fine edge or point, keen, acute, rugged, pungent, piercing, harsh, severe, clever, painful, sensitive, keen-witted. तीखा, चोखा, नुकीला, तीव्र, उग्र, ऊबड़-खाबड़, चरपरा, मर्मभेदी, कर्कश, कठोर, चतुर, पीड़ाकर, क्षिप्रग्राही, तीक्ष्णबुद्धि; - *n.* a fine pointed sewing needle, an acute or shrill sound. सीने की बड़ी नुकीली सुई, कर्कश शब्द; - *adv.* at the proper time. ठीक समय पर।

Sharp-cut - शार्प्' - कट् - *adj.* clearly defined. स्पष्ट रूप से निरूपित।

Sharpen - शॉर्प'- एन् - *v. t.* to make acute or sharp, to grow sharp. तीखा करना, तेज़ करना, सान रखना।

Sharpener - शॉर्प'- एन् - अर् - *n.* one who sharpens or excites. चोखा करनेवाला, उत्तेजित करनेवाला।

Sharper - शॉर्प'- अर् - *n.* a cheat. ठग, धूर्त।

Sharply - शार्प्' - लि - *adv.* in a sharp manner. तीक्ष्णता से, रूखेपन से; **Sharpness** (- नॅस्) - *n.* the quality of being sharp. तीखापन, चोखापन।

Sharp-set - शार्प्'- सेट् - *adj.* eager in appetite. भूखा; **Sharpshooter** (- शूट् - अर्) - *n.* a rifleman who shoots with exactness. अच्छा निशाना लगानेवाला; **Sharp-sighted** (- साइट् - ऍड्) - *adj.* of quick sight. तीक्ष्ण दृष्टिवाला; **Sharpwitted** (- विट् - टॅड्) - *adj.* of acute discerning mind. तीक्ष्ण बुद्धिवाला।

Shatter - शॉट्' - अर् -*v. t. & i.* to break suddenly into pieces, to split, to derange, to destroy. टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना, क्रम बिगाड़ देना, नष्ट करना।

Shatters - शॉ - टर्ज़् - *n. pl.* broken fragments. टूटे हुए अंश।

Shave - शेव् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shaved,** *p.p.* **Shaved, Shaven.**) to remove hair with razor, to pare the surface of, to cut in thin slices. उस्तरे से मूँड़ना, छीलना, टुकड़े करना; - *n.* having one's beard shaved, trick, deception, hoax. हजामत, मुँड़ाई, दाढ़ी घोंटाई, छल, कपट, धोखा।

Shaveling - शेव्' - लिङ्ग् - *n.* a shaven person, a monk or friar. सिर मुँड़ा हुआ मनुष्य, वैरागी।

Shaver - शेव्'-अर् - *n.* a barber, a youngster, a sharp or extortionate dealer. हजामत बनानेवाला, नाई, छोकरा, महँगा बेचनेवाला व्यापारी।

Shaving - शेव्'- इङ्ग् - *n.* the act of removing hair with razor, curled pieces of wood planed off. हजामत बनाने का काम, क्षौर कर्म, छीलन, कतरन; **Shaving-brush** (a brush used in shaving.) हजामत बनाने की कूची।

Shaw - शॉ - *n.* a small thicket. झाड़ी, छोटा जंगल।

Shawl - शॉल् - *n.* a woollen cloth worn on the shoulders. शाल, दुशाला; **Shawl pattern** (variegated design like that of oriental shawls.) दुशाले के समान बिनावट का।

Shawm - शॉम् - *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

She - शी - *pron. & fem.* (*obj.* **Her,** *poss.* **Hers, Her,** *pl.* **They.**) the female. वह स्त्री, यह स्त्री; **She-ass** (a female ass.) गदही; **She-goat** (a female goat, filly.) बकरी; **She-sparrow** (a female sparrow.) गौरैया।

Sheaf - शीफ् - *n.* (*pl.* **Sheaves.**) a bundle of stalks tied together lengthwise. गट्ठा, पुलिन्दा; - *v. t.* to make sheaves of. पुलिन्दा या गट्ठर बनाकर बाँधना।

Shealing - शेल्'-इङ्ग् - *n.* a small hut or a cottage. झोपड़ी, कुटी।

Shear - शिअर् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Sheared, Shore,** *p. p.* **Sheared, Shorn.**) to cut with a sword or shears, to clip with scissors. तलवार से काटना, कैंची से काटना, कतरना।

Shearing - शिअर्'- इङ्ग् - *n.* the act of clipping wool. ऊन कटाई।

Shear-bill - शिअर्'- बिल् - *n.* a kind of bird. एक प्रकार का पक्षी।

Shearer - शिअर्'- अर् - *n.* one who shears. रोवाँ या बाल काटनेवाला।

Shearling - शिअर्'- लिङ्ग् - *n.* a sheep once shorn. एक बार बाल कतरी हुई भेंड़।

Shears - शिअर्ज़् - *n. pl.* a cutting or clipping instrument with a pair of blades, a strain produced by pressure. कतरनी, कैंची, किसी वस्तु पर दबाव का प्रभाव।

Sheat-fish - शीट्'- फ़िश् - *n.* a kind of large fresh-water fish. एक प्रकार की मीठे जल की बड़ी मछली।

Sheath - शीथ् - *n.* a close-fitting case for the blade of tools or weapons, a covering membrane of body. मियान, खोली, शरीर का कोश।

Sheathe - शीद् - *v. t.* to encase, to put into a sheath, to cover. ढाँकना, मियान में रखना, बन्द करना; **Sheathed** (- ड्) - *adj.* fitted in a sheath. मियान में रक्खा हुआ; **Sheathing** (- इङ्ग्) - *n.* the act of encasing in a sheathe. मियान में रखने का कार्य।

Sheathless - शीथ्'- लॅस् - *adj.* destitute of sheath. बिना कोष या ढकनी का।

Sheave - शीव् - *n.* the groove in a pulley. पहिये में की गड़ारी।

Sheaves - शीव्ज़् - *n. pl.* of **Sheaf.**

Shebeen - शि - बेन्'- *n.* a house in which unlicensed liquors are made and sold. वह

मकान जहाँ बिना लाइसेंस की मदिरा बनती और बिकती है।

Shed - शेंड् - *v. t. (p. t. & p. p.* **Shed.**) to part with, to throw off, to spread abroad, to give forth, to diffuse. निकालना, फेंकना, फैलाना, बहाना, बिखराना; *-n.* a one-storeyed building for storing goods, cattle, vehicles &c. एक मंजिला मालगोदाम, पशुशाला या गाड़ीखाना।

Shedder - शेड्'- अर् - *n.* one who sheds. फैलानेवाला, गिरानेवाला।

Shedding - शेड्' - इङ्ग् - *n.* a shed. ओसारा, घर।

Sheen - शीन् - *n.* splendour, brightness, radiance. प्रभा, ज्योति, चमक।

Sheeny - शीन्'- इ - *adj.* bright, shining. चमकदार।

Sheep - शीप् - *n.* (*pl.* **Sheep.**) a wooily ruminant, timid animal (male called-**Ram,** female-**Ewe,** young one-**Lamb.**) मेष, भेड़; **Sheep without a shepherd** (a crowd without a leader.) बिना नेता की भीड़; **To cast sheep's eyes** (to glance amorously.) प्रेमदृष्टि डालना; **To follow like sheep** (to follow imitatively.) सर्वदा अनुसरण करना।

Sheep-cote - शीप्' - कोट् - *n.* an enclosure for sheep. भेड़ बन्द करने का बाड़ा; **Sheep-dog** (- डॉग्) - *n.* a dog trained to tend sheep. गड़ेरिये का कुत्ता; **Sheep-faced** (-फ़ेस्ड्) - *adj.* bashful. लज्जालू, लज्जावान्; **Sheep-farmer** (- फ़ार्मर्) - *n.* a shepherd. गड़ेरिया; **Sheep-fold** (- फ़ोल्ड्) - *n.* a place for confining sheep. भेड़ों का बाड़ा।

Sheepish - शीप्'-इश् - *adj.* like sheep, timid, bashful. भेड़ के सदृश, लज्जालू, डरपोक; **Sheepishly** (- लि) - *adv.* like a sheep, bashfully. भेड़ी की तरह, भेड़ के समान, लज्जा से; **Sheepishness** (- नेंस्) *-n.* bashfulness. भेड़पन, लज्जालुता।

Sheer - शिअर् *-adj. & adv.* mere, simple, absolute, outright, perpendicular. केवल, सामान्य, सादा, शुद्ध, निपट, सिधाई में, खड़े बल; - *n.* the curve of a ship's side. जहाज़ के तख्ते का झुकाव; - *v. i.* to move aside. घिसकना, अलग होना; **To sheer off** (to par company.) साथ छोड़ना।

Sheet - शीट् - *n.* a rectangular piece of linen used over a bed, a flat piece of any thin material, a wide expanse of water, snow &c., expanse, a piece of paper, a newspaper. शय्यावस्त्र, चादर (पत्तर), जल इत्यादि का विस्तार, पत्रक, कागज़ का तख्ता, पाल, समाचारपत्र; - *v. t.* to form into sheets, to cover with sheets. पाल लगाना, चादर से ढाँकना (कफ़नाना)।

Sheet-anchor - शीट् - ऑङ्क'- अर् - *n.* the largest anchor of a ship, chief support. जहाज़ का सबसे बड़ा लंगर, मुख्य आधार।

Sheet-glass - शीट्'- ग्लास् - *n.* a thin glass-plate. शीशे की पतली चद्दर।

Sheeting - शीट्'- इङ्ग् - *n.* material for sheets. चादर का कपड़ा।

Sheikh - शेंख् - *n.* chief of Arab tribe. अरब जाति का अध्यक्ष।

Shekel - शेंक्'- एल् - *n.* an ancient Jewish coin यहूदियों का एक प्राचीन सिक्का; (*-pl.*) riches, money. (ब० व०) धन, दौलत।

Sheldrake - शेंल्' - ड्रेक् - *n.* a kind of wild duck. एक प्रकार का जंगली बत्तख।

Shelf - शेंल्फ़् - *n.* (*pl.* **Shelves.**) a slab of stone or board projecting from the wall or hung on it for keeping things, a projecting cliff. अलमारी (टाँड़), उभड़ी हुई चट्टान।

Shelfful - शेंल्फ़्'- फ़ुल् - *adj.* full of shelves. अलमारियों से भरा हुआ।

Shell - शेंल् - *n.* the hard covering of anything, bomb, inner coffin, outline of a plan, a kind of light boat. कवच, कोष, छिलका (खोली), बम का गोला, भीतरी कफन, ढाँचा, एक प्रकार की नाव; - *v. t. & i.* to remove from shell, to bombard. छिलका उतारना, बम गोले से उड़ाना; **Shell-button** (a button made of a metal disk.) कपड़ा चढ़ा हुआ बटन; **Shell-proof** (- प्रूफ़्) - *adj.* proof against projectiles. गोली के वार से बचानेवाला।

Shellac - शेंल् - ऑक् - *n.* lac prepared in thin plates used in making varnish चपड़ा, लाह; - *v. t.* to varnish with shellac. चपड़े की वार्निश लगाना।

Shelled - शेंल्ड् - *adj.* having a shell. खोलीदार।

Shell-less - शेंल्'- लेंस्' - *adj.* without shells. बिना खोली का।

Shelling - शेल्'- इङ्ग् - *n.* the act of throwing shells. बम फेंकने का कार्य।

Shelter - शेल्'- टर् - *n.* refuge, protection, a place of safety, a defender. आश्रय, शरण, पनाहघर, रक्षास्थान, शरण देनेवाला; - *v. t. & i.* to defend to protect, to take shelter. रक्षा करना, आश्रय देना, शरण में जाना।

Shelterless - शेल्ट्'- अर् - लेस् - *adj.* protectionless. निराश्रय।

Shelty - शेल्'- टि - *n.* a kind of pony, a rude hut. एक प्रकार का टट्टू, छोटी झोपड़ी, मड़ई।

Shelve - शेंल्व् - *v. t.* to put on a shelf, to abandon or postpone. टाँड़ पर रखना, त्यागना या टालना; - *v. i.* to slope gently. धीरे-धीरे ढालुआँ होना।

Shelved - शेल्व्'- ड् - *adj.* fitted with shelves. तख्तेदार।

Shelving - शेल्व्'- इङ्ग् - *adj.* sloping. ढालुवाँ।

Shelvy - शेल्व'- इ - *adj.* full of rocks, sloping, shallow. चट्टानों से पूर्ण, ढालुआँ, छिछला।

Shelves - शेंल्व्ज़् - *n. pl.* of **Shelf.**

Sheol - शी' - ओल् - *n.* the place of the de-

parted spirits of the dead. प्रेतस्थान।

Shepherd - शेप'-अर्ड - *n.* (*fem.* **Shepherdess** - ऍस्) a man who tends sheep, a pastor. गड़ेरिया, चरवाहा; -*v. t.* to tend as a shepherd. गड़ेरिया की तरह भेड़ों की रखवाली करना।

Sheppy - शेप'- इ - *n.* a cote for sheep. भेड़ रखने का स्थान।

Sherbet - शर्' - बत् - *n.* a cooling drink composed of water, sugar and lemon juice. शर्बत।

Sherd - शर्ड् - same as **Shard.**

Sherif (-eef) - शे' - रिफ् - *n.* the chief magistrate of Mecca. मक्का का प्रधान मजिस्ट्रेट।

Sheriff - शे'- रिफ् - *n.* the chief officer of the crown in a country or shire who administers justice. ज़िले का प्रधान हाकिम।

Sheriffdom - शें- रिफ्' - डम्, **Sheriffhood** (- हुड्), **Sheriffship** (- शिप्) - *ns.* the office of a sheriff. ज़िले के प्रधान हाकिम का पद।

Sherry - शें' - रि - *n.* white wine of Spain. स्पेन् देश की सफ़ेद मदिरा।

Show - शो - same as **Shew.**

Shibboleth - शिब्' - ऑल् - एथ् - *n.* a test word, behaviour or watch-word of a party, old-fashioned doctrine. परीक्षा शब्द, किसी पन्थ का मुख्य व्यवहार, चिह्न इत्यादि, पुरानी रीति।

Shield - शील्ड् - *n.* an armour of defence, a protective part, one who protects, protection. ढाल, परिरक्षी, रक्षा करनेवाला भाग, आश्रय, शरण (आड़); - *v. t.* to protect. रक्षा करना, बचाना; **The other side of the shield** (less obvious aspect of a question.) प्रस्तुत विषय का अनावश्यक अंश।

Shieldless - शील्ड्'- लेंस् - *adj.* destitute of protection. निराश्रय।

Shier, Shiest - शाइ'- अर् (- ऍस्ट्) - *comp. & sup.* of **Shy.**

Shift - शिफ़्ट् - *v. t. & i.* to change from one position to another, to transfer, to substitute, to change form, to manage, to contrive, to put off. (अवस्था या) स्थान बदलना, दूसरे स्थान को जाना, बदलना, प्रयत्न करना, प्रबन्ध करना; - *n.* change, recourse, rotation. टालना, परिवर्तन, साधन, चक्र; **To shift about** (to change positions.) एक जगह से दूसरी जगह जाना; **To shift one's ground** (to take up a new position.) नई स्थिति धारण करना।

Shifter - शिफ्ट्'- अर् - *n.* one who plays tricks. कपटी मनुष्य।

Shiftily - शिफ्ट्' - इ - लि - *adv.* deceitfully. कपट से, छल से; **Shiftiness** (- नेंस्) - *n.* the state of being shifty, deceit. अस्थिरता, चंचलता, कपट, छल, धूर्तता; **Shifting** (- इङ्ग्) - *adj.* changing position. स्थान बदलनेवाला; **Shiftless** (- लेंस्) - *adj.* devoid of means. साधनहीन, निरुपाय; **Shiftlessly** (- लेंस् - लि) - *adv.* in a shiftless manner. बिना साधन के; **Shiftlessness** (- लेंस् - नेंस्) - *n.* the quality of being shiftless. साधनहीनता।

Shifty - शिफ़्ट'- इ - *adj.* capable of shifts, tricky. परिवर्तनशील, कपटी।

Shilling - शिल्'- इङ्ग् - *n.* a British silver coin worth twelve pence. इँग्लैण्ड का बारह पेंस का चाँदी का सिक्का, शिलिङ्ग।

Shilly-shally - शिल'- इ - शॉल - इ - *n.* inability to fix in the mind, vacillation. चित्त की अस्थिरता, डावाँडोल होना (आगा-पीछा); - *v. i.* to act in an irresolute manner. आगा-पीछा करना, डावाँडोल होना।

Shim - शिम् - *n.* a thin wedge of wood or metal used in machinery. लकड़ी या लोहे की फन्नी जो मशीनों में प्रयुक्त होती है।

Shimmer - शिम'- अर् - *v. i.* to shine with a quivering light. जगमगाना; - *n.* a faint gleam. जगमगाहट।

Shin - शिन् - *n.* the forepart of the leg below the knee. पिंडली, अग्रजंघा; - *v. i.* (*p. t.* **Shinned.**) to climb a tree. वृक्ष पर चढ़ना; **Shin-guard** (guard for the protection of shin.) पिंडली को आघात से बचाने का आवरण।

Shindy - शिन्ड्'- इ - *n.* noise, uproar, disturbance. उपद्रव, शोर-गुल, बलवा।

Shine - शाइन् - *v. i. & t.* (*p. t.* **Shone,** शोन्) to emit light, to reflect rays of light, to gleam, to be brilliant, to excel in something. प्रज्वलित होना, चमकाना, प्रकाशित करना, जगमगाना, महत्त्व प्राप्त करना; - *n.* light, brightness, lustre. प्रभा, चमक; **Shiner** (- अर्) - *n.* a new coin. चमकता हुआ (नया) सिक्का।

Shingle - शिङ्ग्'- ग्ल् - *n.* a thin slip of wood, a round pebble lying on seashore. लकड़ी का पतला तख्ता, समुद्र के किनारे पर पड़ा हुआ चिकना पत्थर या कङ्कड़; - *v. t.* to cover with shingle, to cut the hair of the head very close. तख्ते जमाकर छत बनाना, सिर के बाल महीन काटना।

Shingles - शिङ्ग्'- ग्लस् - *n. pl.* a kind of skin disease. एक प्रकार का चर्मरोग, दाद।

Shining - शाइन्'- इङ्ग् - *adj.* gleaming, brilliant. देदीप्यमान, कान्तियुक्त।

Shinto - शिन्ट्' - ओ - *n.* a religion of Japan. जापान देश का एक धर्म; **Shintoist** (- इस्ट्) - *n.* a follower of Shintoism. इस धर्म का अनुयायी।

Shiny - शाइन्'- इ - *adj.* (*com.* **Shinier,** *sup.* **Shiniest.**) bright, luminous. चमकीला, देदीप्यमान।

Ship - शिप् - *n.* a large vessel of three to five masts, any sea-going big vessel, (regarded

as *fem.*) पोत, जहाज़; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shippde.**) to embark, to put on board a ship. जहाज़ पर धरना; **Battleship** (a ship used in battle.) जंगी जहाज़; **Ship of the desert** (the camel.) ऊँट; **To take ship** (to embark.) जहाज़ पर सवार होना। **-ship** (- शिप्) - *suf.* forming abstract nouns. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय, यथा **- Kinship, Friendship.** इत्यादि।

Ship-breaker - शिप् - ब्रेक़र् - *n.* one who dismantles old ships. पुराने जहाज़ों को तोड़कर टुकड़े करनेवाला; **Ship-broker** (- ब्रोक़र्) - *n.* marine insurance agent. पुराने जहाज़ का बीमा करानेवाला दलाल; **Shipless** (- लेस्) - *adj.* without a ship. बिना जहाज़ का; **Ship-load** (- लोड्) - *n.* something forming the cargo of a ship. जहाज़ पर ले जाने का माल; **Shipmate** (- मेट्) - *n.* a person sailing at the same time with another. जहाज़ पर का साथी; **Shipment** (- मेन्ट्) - *n.* embarkation. जहाज़ पर माल की लदाई; **Ship-plane** (- प्लेन्) *n.* an aeroplane capable of taking its flight from the deck of a ship. जहाज की छत पर से उड़नेवाला हवाई जहाज़; **Shipper** (- अर्) - *n.* one who sends goods by ships. व्यापारी (आयात-निर्यातकारी); **Shipping** (- पिङ्ग्) - *n.* ships collectively. जहाज़ों का समूह; **Shipshape** (- शेप्) - *adj.* in a nice manner. अच्छी रीति से; **Shipwreck** (- रेक्) - *n.* destruction of a ship. जहाज़ का टूटकर नष्ट होना; **Shipwright** (- राइट्) - *n.* workman employed in building a ship. पोतकार, जहाज़ बनानेवाला; **Ship-yard** (- यार्ड) - *n.* yard in which ships are built. जहाज़ की मरम्मत करने का स्थान।

-shire - शायर् - *suf.* country. देश का भाग, जिला, यथा **Devonshire, Somersetshire.** इत्यादि।

Shirk - शर्क् - *v. t.* to avoid, to slink, to get out of. त्यागना, हटना, बचना, खसकना; - *n.* one who lives by tricks. ठगी की जीविका करनेवाला।

Shirker - शर्क्' - अर् - *n.* one who evades duty. काम से हटनेवाला।

Shir, Shirr - शर् - *n.* an elastic thread woven in fabrics. कपड़े में बुना हुआ रबड़ का सूत।

Shirring - शर्'- इङ्ग् - *n.* elastic construction. कपड़े में बुना हुआ रबड़ का सूत।

Shirt - शर्ट् - *n.* man's undergarment. कमीज, कुर्ता; **Shirted** (- एँड्) - *adj.* wearing a shirt कमीज पहिने हुए; **Shirting** (- इङ्ग्) - *n.* material for making shirts. कमीज बनाने का कपड़ा; **Shirtless** - (- लेस्) - *adj.* without a shirt. बिना कमीज का।

Shit - शिट् - *v. i.* to evacuate bowels. मल त्यागना; - *n.* abusive word. अपशब्द, गाली का शब्द।

Shiver - शिव्' - अर् -*v. i. & t.* to tremble, to shake, to break into small fragments, to shatter. काँपना, हिलाना, टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना; -*n.* a fragment, part. खंड, टुकड़ा।

Shivering - शिव'- अर् - इङ्ग् - *adj.* trembling. काँपता हुआ; **Shiveringly** (-लि) - *adv.* in a shivering manner. काँपते हुए।

Shoal - शोल् - *n.* shallow water, a sandbank, multitude, crowd, a heap of fishes. छिछला जल, बलुआ किनारा, झुण्ड, भीड़-भाड़, मछलियों का समुदाय; - *v. t.* to get shallower. रेती पड़ना, छिछला होना; **Shoaliness** (- इ - नेस्) - *n.* shallowness. छिछलापन; **Shoaly** (- इ) - *adj.* shallow. छिछला।

Shock - शॉक् - *n.* a sudden collision, a concussion, violent onset, disturbing influence, sudden attack, violent emotion. हठात् घात, आघात, धक्का, प्रचण्ड आक्रमण, हठात् आवेगकारी प्रभाव, टक्कर, उग्र संक्षोभ; - *v. t. & i.* to shake, to encounter, to horrify, to offend, to disgust. हिला देना, धक्का देना, मारना, टक्कर देना, भय दिखलाना, दुःखी करना, विरक्त करना; **Shock-absorber** (an appliance filled in an aeroplane to dimnish the shock of landing.) उतरते समय हवाई जहाज का धक्का कम करने का साधन।

Shock - शॉक् - *n.* corn-sheaves, shaggy hair. अन्न का गट्ठर, गुँथे बाल; - *v. t.* to arrange corn in sheaves. अनाज का गट्ठर बाँधना; **Shock-troops** (troops picked for difficult and dangerous attacks.) भयंकर आक्रमण करनेवाली सेना।

Shocker - शॉक्'- अर् - *n.* sensational cheap novel. उत्तेजित करनेवाला सस्ता उपन्यास।

Shock-headed - शॉक् - हे - डेड् - *adj.* having rough hair on the head. माथे पर मोटे खुरखुरे बालोंवाला।

Shocking - शॉक्' - इङ्ग् - *adj.* offensive or disgusting. उद्वेगकारी; **Shockingly** (- लि) - *adv.* in a shocking manner. उद्वेग से; **Shockingness** (- नेस्) - *n.* the state of being shocking. उद्वेग, उत्तेजना।

Shod - शॉड् - *p. t. & p. p.* of **Shoe.**

Shoddy - शॉड्' - इ - *n.* a kind of inferior cloth. पुराने सूत का बना हुआ वस्त्र; -*adj.* worthless, pretentious. निकम्मा, भ्रष्ट, बनावटी।

Shoe - शू - *n.* the outer covering for the foot, the metal plate nailed to the hoof of a horse, anything of the shape of a shoe. जूता, घोड़े का नाल, जूते के आकार की कोई वस्तु; - *v. t.* (*p. t.* **Shod.**) to furnish with shoes. जूता पहिनाना, नाल मढ़ना।

Shoeblack - शू'- ब्लॉक् - *n.* one who blackens shoes. जूते पालिश करनेवाला।

Shoer - शू' - अर् - *n.* a farrier. नालबन्द।

Shoehorn - शू' - हॉर्न् - *n.* an appliance for putting on shoes. जूता पहिनने का साधन।

Shoe-lace - शू - लेस् - *n.* a string for shoes.

जूते का फीता; **To die in one's shoes** (to be hanged.) फाँसी पड़कर मरना।

Shoeless - शू' - लेस् - *adj.* without shoes. बिना जूते का।

Shoemaker - शू'- मेंकर् - *n.* one who makes shoes. जूता बनानेवाला, मोची।

Shog - शॉग् - *n.* a jog, a shock. टक्कर, धक्का; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shogged.**) to shake, to move on. हिलाना, धक्का देना, हटना।

Shone - शॉन् - *p. t.* of **Shine.** चमका।

Shoo - शू - *interj.* begone! भाग जाओ; - *v. i & t.* to drive away. भाग जाना, भगाना।

Shook - शुक् - *p. t.* of **Shake.** हिलाया, हिला।

Shook - शुक् - *n.* staves of a barrel. पीपा बनाने की पट्टियाँ; - *v. t.* to make a barrel with staves. पट्टियों को मिलाकर पीपा बनाना।

Shoot - शूट् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.***Shot.**) to drive with force, to propel, to kill by a bullet or arrow &c., to pass with swiftness, to send forth branches, to project, to move with velocity. ढकेलना, हटाना, गोली, तीर इत्यादि मारना, वेग से चढ़ना, उगना, फलना, वेग से हटाना; -*n.* a young branch, a shooting party. नई डाली, निशानेबाजों की मण्डली।

Shooter - शूट्'- अर् - *n.* one who shoots. गोली चलानेवाला।

Shooting - शूट्'- इङ्ग् - *n.* the act of discharging arrows, shots &c., sensation of quick pain. तीर या गोली चलाना, तीव्र वेदना; **Shooting star** (a meteor) टूटनेवाला तारा; **Shooting range** - *n.* a place for practice at shooting. निशानेबाज़ी का अभ्यास करने का स्थान।

Shop - शॉप् - *n.* a place for retail sale of some commodities. दूकान; - *v. t.* (*p. t.* **Shopped.**) to go to shop for the sake of making purchases. सौदा लेने के लिये दूकान पर जाना; **Shopkeeper** (- कीपर्) - *n.* a retailer of goods in a shop. दूकानदार; **Shopping** (- इङ्ग्) - *n.* the act of purchasing. खरीद; **Workshop** (a factory, a place of manufacture.) उद्योगशाला, कारखाना।

Shore - शोर् - *n.* the border of the sea, beam of a ship, support. समुद्र-तट, जहाज़ की शहतीर, आधार; **Shoreless** (- लेंस्) - *adj.* having no shore. बिना किनारे का; **Shoreward** (- वर्ड) - *adv.* towards the shore. किनारे की ओर।

Shore, Shorn - *p. t. & p. p.* of **Shear.**

Short - शॉर्ट् - *adj.* measuring little in space or time, scanty, of small stature, insufficient, lacking. अल्प, थोड़ा, छोटा, कम, नाटा, अपूर्ण, हीन (रहित, कम); **A short cut** (an easy method, short route.) सरल विधि, छोटा मार्ग; **In short** (in brief, briefly.) संक्षेप में, थोड़े में।

Shortage - शॉर्ट् - एज् - *n.* deficiency. न्यूनता, कमी; **Short circuit**-*n.* a passage of current into the earth by a path of low resistance. बिजली की धारा के प्रवाह की वह स्थिति, जब धारा पृथ्वी में समा जाती है।

Shortcoming - शॉर्ट'- कम् - इङ्ग् - *n.* deficiency, failure in duty. न्यूनता, दोष।

Shorten - शार्ट्' - एन् - *v. t. & i.* to become or make short. कम होना, कम करना।

Shorthand - शॉर्ट् - हॉन्ड् -*n.* an abbreviated method of writing. संक्षिप्त लिपि, सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की विधि।

Short-lived - शार्ट्'- लिव्ड्'- *adj.* not living long. अल्पजीवी, अल्प आयुवाला।

Shortly - शॉर्ट्'- लि - *adv.* in a short way, soon. शीघ्र, झट से।

Shortness - शार्ट्'- नेंस् - *n.* the state of being short. अल्पता, लघुता।

Shorts - शॉर्ट् - स् - *n. pl.* short trousers. घुटने तक का पायजामा, जाँघिया।

Short-sighted - शॉर्ट्'- साइट्'- एड् - *adj.* not able to see far. अल्प दृष्टिवाला, दूर के पदार्थ स्पष्ट न देखनेवाला; **Short-sightedly** (- लि) - *adv.* in a short-sighted manner. अल्प दृष्टि से; **Short-sightedness** (- नेंस्) - *n.* the condition of being short-sighted. अदूरदर्शिता।

Short-spoken - शॉर्ट् - स्पोक'- एन् - *adj.* curt in speech. अल्पवक्ता।

Short-temper - शार्ट् - टेंम् - पर् - *n.* self-control that is soon lost. जल्द नष्ट हो जानेवाला आत्मसंयम।

Short-wind - शॉर्ट्'- विन्ड् - *adj.* easily exhausted. जल्दी से थकनेवाला।

Short-witted - शॉर्ट् - विट्'- एड् - *adj.* not very wise. कम बुद्धिवाला; **To come short** (to disappoint.) निराश करना; **To cut short** (to bring to an end, to finish soon.) संक्षेप करना, शीघ्र समाप्त करना; **To fall short** (to be insufficient.) कम होना; **To run short** (to have too little left.) कम बच जाना; **To stop short** (to stop suddenly.) एकाएक रुक जाना; **To take short views** (to consider only of the present.) केवल वर्तमान का विचार करना।

Shot - शॉट् - *n.* the act of shooting, a single missile for firearms, the discharge of a gun or cannon, a marksman, a try, an attempt to do something, an aim, reckoning. गोली मारने की क्रिया, बन्दूक या तोप की गोली (छर्रा), गोला छूटना, निशानेबाज, प्रयत्न, लक्ष्य, गणना; - *v. t.* to load with shots. गोली भरना।

Shot - शॉट् - *p. t.* of **Shoot.** गोली मारा।

Should - शुड् - *p. t.* of **Shall.** गा, चाहिये।

Shoulder - शोल्ड्'- अर् - *n.* the part of the body which joins the arm to the trunk, support. कन्धा, सहारा, आधार; - *v. t. & i.* to push

with shoulder, to take upon the shoulder. धक्का देना, कन्धा लगाना, भार लेना; **Of broad shoulders** (strong.) बलवान्, पुष्ट; **Old head on young shoulders** (a wise young person.) अल्प वय का बुद्धिमान् मनुष्य।

Shoulder-belt - शोल्ड्'- अर् - बेंल्ट् - *n.* a belt over shoulders. परतला; **Shoulderblade** (- ब्लेंड) - *n.* flat triangular bone of the shoulders. कन्धे पर की चिपटी तिकोनी हड्डी (पङ्खा)।

Shout - शाउट् - *v. i. & t.* to utter a loud cry, to speak loudly. कोलाहल करना, चिल्लाना; - *n.* a loud cry. चिल्लाहट, कोलाहल; **To shout at** (to speak loudly to.) चिल्लाकर बोलना।

Shouter - शाउट्'- अर् - *n.* one who shouts. चिल्लानेवाला।

Shove - शव् - *v. t. & i.* to push with a sudden motion, to propel, to push off, to press against. ढकेलना, हटाना, धक्का देना, दबाना; - *n.* the act of pushing, a strong push. धक्का, झोंका; **To shove off** (to start from shore in a boat.) किनारे से नाव पर प्रस्थान करना।

Shovel - शोव्'-एल् - *n.* a kind of spade, with a hollowed blade used in shifting coal, earth, &c. खनित्र, फावड़ा, बेलचा; - *v. t.* (*p. t.* **Shovelled.**) to remove with a shovel. फावड़े से मिट्टी, कोयला इत्यादि हटाना।

Shovel-board - शॉव्'-एल्- बोर्ड - *n.* a kind of game played on board a ship. जहाज़ की छत पर खेलने का एक खेल।

Shovelful - शॉव्'-एल्- फुल् - *n.* as much as a shovel can hold. फावड़ा भरकर।

Shoveller - शॉव्'- एल् - अर - *n.* one who shovels, a genus of ducks with mandibles very broad at the end. फावड़ा चलानेवाला, चौड़ी चोंचवाला एक प्रकार का बत्तख।

Show - शो - *n.* appearance, display, plausibility, pretence, an entertainment. दिखाव, प्रदर्शन, सम्भावना, बहाना, तमाशा, मनोरंजन।

Show, Shew - शो - *v. t. & i.* (*p. t.* **Showed,** *p. p.* **Shown.**) to present to view, to inform to prove, to appear, to make known. दरसाना, सूचित करना, सिद्ध करना, सम्मुख आना, जताना; **To show forth** (to proclaim.) घोषित करना; **To show off** (to exhibit ostentatiously.) सँवारना, आडम्बर से दिखलाना; **Show-case** (- केस) - *n.* a glass case for exhibition of articles to be sold. दुकानदार की शीशा लगी आलमारी जिसमें बिक्री का सामान सजाया रहता है।

Shower - शॉवर् - *n.* a fall of rain, arrows, dust, bullets &c. वर्षण, वृष्टि, धारा, प्रवाह, बौछार, झड़ी; - *v. t. & i.* to rain in showers. झड़ी लगाकर बरसाना; **Showerbath** (a bath in which water is showered upon the bather.) फ़ौवारे का स्नान।

Showeriness - शॉव्'- अर् - इ - नेंस् - *n.* the state of being showery. बौछारपन।

Showery - शॉव्'- अर् - इ - *adj.* raining in showers. बौछार में बरसता हुआ।

Showily - शो'- इ - लि - adv. in a showy manner. दिखाव में।

Showiness - शो'- इ - नेंस् - *n.* ostentation. दिखाव, आडंबर।

Showman - शो'- मॉन् - *n.* (*pl.* **Showmen.**) the exhibitor of a show. खेल दिखलानेवाला।

Shown - शोन् - *p. p.* of **Show.** दिखाया गया।

Showy - शो'- इ - *adj.* ostentatious. दिखावटी।

Shrag - श्रॉग् -*n.* a lopped off twig. काट ली गई टहनी; -*v. t.* to lop, to prune. काटना, छाँटना।

Shrank - श्रॉङ्क् - *p. t.* of **Shrink.** सिकुड़ा।

Shrapnel - श्रॉप्'- नेंल् - *n.* the entrails of a bomb which scatter on explosion. बमगोले के भीतर के पदार्थ जो फूटने पर छितरा जाते हैं।

Shred - श्रेंड् - *n.* a fragment, broken piece, strip. टुकड़ा, टूटा भाग, चिथड़ा; - *v. t.* (*p. t.* **Shred, shredded.**) to cut into fragments. टुकड़े-टुकड़े करना।

Shrew - श्रू - *n.* a peevish woman, a small mammal like a long-snouted mouse feeding on insects. कर्कशा (झगड़ालू स्त्री), छछूँदरी।

Shrewd - श्रूड् - *adj.* peevish, sagacious, judicious. धूर्त, चतुर, निपुण; **Shrewdly** (- लि) - *adv.* in a shrewd manner. चतुराई से, धूर्तता से; **Shrewdness** (- नेंस्) - *n.* slyness, cunning, sagacity. धूर्तता, चतुराई।

Shrewish - श्रू'- इश् - *adj.*ill-natured. कर्कश स्वभाववाली; **Shrewishly** (- लि) - *adv.* in a shrewish manner. कर्कश स्वभाव से; **Shrewishness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being shrewish. कर्कश स्वभाव।

Shrick - श्रीक्' - *v. i. & t.* to utter a shrill cry, to screech, to laugh loudly. ज़ोर से चिल्लाना, चीखना, ठहाका मारकर हँसना; - *n.* a sharp shrill scream. कर्कश शब्द, चिल्लाहट।

Shrift - श्रिफ्ट् - *n.* the confession of a crime before a priest. पादरी के सम्मुख पाप की स्वीकृति।

Shrike - श्राइक् - *n.* the butcher-bird. एक प्रकार की चिड़िया जो अपने शिकार को काँटों में बन्द कर देती है।

Shrill - श्रिल्' -*adj.* piercing, sharp, importunate. कर्कश, तीव्र, धृष्ट; -*v. t. & i.* to utter a piercing sound. कर्कश शब्द करना; **Shrillness** (-नेंस्) -*n.* acuteness of sound. कर्कशता; **Shrilly** (-लि) -*adv.* in a shrill manner. कर्कश शब्द में।

Shrimp - श्रिम्प् - *n.* a kind of long-tailed saltwater crustacean with ten feet. झींगा, दस पैर का समुद्री केकड़ा; -*v. t.* to fish for shrimps. समुद्री केकड़े

का शिकार करना; **Shrimper-** (- अर्) - *n.* one who catches shrimps. समुद्री केकड़े का शिकार करनेवाले।

Shrine - श्राइन् - *n.* a casket for holding sacred relics, the tomb of a saint, a sacred place, a temple. पवित्र राख रखने की डिबिया, महात्मा की समाधि, तीर्थस्थान, पवित्र स्थान, मन्दिर।

Shrink - श्रिङ्क् - *v. i. & t.* (*p. t.* **Shrank,** *p. p.* **Shrunken, Shrunk.**) to decrease in dimensions, to grow small, to recoil, to flinch from, to contract. छोटा होना, सिकुड़ना, ठिकना, अङ्ग सिकोड़ना, सकुचाना, कम करना।

Shrinkable - श्रिङ्क् - एबूल् - *adj.* able to contract. सिकुड़ने योग्य।

Shrinkage - श्रिङ्क्'- एँज् - *n.* reduction in bulk. सिकुड़न।

Shrinking - श्रिङ्क्'- इङ्ग् - *n.* contraction. सङ्कोच, सिकुड़न; **Shrinkingly** (- लि) - *adv.* in a shrinking manner. सिकुड़ते हुए।

Shrive - श्राइव् - *v. t.* (*p. t.* **Shrove,** *p.p.* **Shriven.**) to hear the confession of, to absolve. पाप की स्वीकृति सुनना, पाप से मुक्त करना।

Shrivel - श्रिव्ल् - *v. i.* (*p. t.* **Shrivelled.**) to contract into wrinkles or folds, to shrink. झुर्री पड़ना, सिकुड़ना; **Shrivelled** (- ड्) - *adj.* contracted, wrinkled. संकुचित, झुर्री पड़ा हुआ।

Shroff - श्राफ् - *n.* a man expert in testing good and bad coins. मुद्रा परीक्षक।

Shroud - श्राउड् - *n.* the winding sheet of a corpse, concealing object. शब लपेटने की चादर, कफ़न, ढक्कन; - *v. t.* to cover, to conceal, to dress for the grave. ढाँकना, छिपाना, कफ़नाना; **Shrouds** (- स्) - *n. pl.* a set of ropes to support masts. मस्तूल बाँधने के रस्से; **Shroudless** (-लेंस्) - *adj.* without a shroud. बिना कफ़न का।

Shrub - श्रब् -*n.* a small plant, a woody thorny plant, a kind of cordial. छोटा वृक्ष, झाड़ी, एक प्रकार की मदिरा।

Shrubbery - श्रब्'- अर - इ - *n.* plantation of shrubs. झाड़ी का जंगल।

Shrubby - श्रब' - इ - *adj.* full of shrubs. झाड़ीदार।

Shrug - श्रग् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shrugged**) to raise shoulders to express helplessness. बेबशी या लाचारी सूचित करने के लिये कन्धे सिकोड़ना या झटकारना; - *n.* shrugging motion of shoulders. इस प्रकार कन्धे की सिकुड़न।

Shrunken - श्रङ्क्'- कन् - *p. p.* of **Shrink**;-*adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ।

Shuck - शक् - *n.* husk or pod. छिलका, बोड़ी; - *v. t.* to remove husk. छिलका या भूसी हटाना।

Shudder - शड्'- अर् - *v. i.* to tremble, to quake, to feel repugnance. काँपना, थर्राना, घृणा दिखलाना; - *n.* shaking, tremor. स्फुरण, थर्राहट; **Shuddering** (- इङ्ग्) - *adj.* shaking with fear. भय से काँपता हुआ; **Shudderingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* in a shuddering manner. काँपते हुए।

Shuffle - शफ्ल् - *v. i. & t.* to move with a dragging motion, to change the position of cards in a pack, to evade, to confuse, to throw in disorder, to intermingle. घिसकते हुए चलना, ताश फेटना, टालना, गड़बड़ करना, पलटना, मिश्रित करना; - *n.* a general change of relative position, an evasion or artifice. हेरा-फेरी, जगह की अदला-बदली; **To shuffle the cards** (to turn a matter to one's advantage.) किसी बात को अपनी सुविधानुसार पलट देना; **Shuffler** (- अर्) - *n.* one who shuffles. फेरा-फेरी करनेवाला; **Shuffling** (-इङ्ग्) - *n.* shuffling movement, equivocation. संचालन, कपट; **Shufflingly**- *adv.* in a shuffling manner. संचालन से, कपट से।

Shun - शन् - *v. t.* (*p. t.* **Shunned.**) to avoid, to eschew, to try to keep clear. दूर रखना, त्यागना, छोड़ना, दूर करना, अलगाना।

Shunless - शन्'- लेंस्'- *adj.* inevitable, not to be avoided. आमन्त्रित करने योग्य, बिना त्याग का।

Shunt - शन्ट् - *v. t. & i.* to divert railway carriages, tram cars &c. to a side track, to keep aside. रेल, ट्रामगाड़ी इत्यादि का मार्ग बदलना, राह छोड़ना, हटाना; - *n.* a turning to one side or to another track, a diversion of an electric circuit from one wire to another. रेलगाड़ी का दूसरी लाइन पर गमन, बिजली की धारा के क्रम का परिवर्तन; **Shunter** (- अर्) - *n.* one who shunts. इस प्रकार की बदली करनेवाला।

Shut - शट् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Shut.**) to move so as to close, to confine, to become closed, to encircle, to separate, to desist, to imprison. बन्द करना, रोकना, बन्द होना, लपेटना, अलग करना, विरत होना, क़ैद करना; **To shut down** (to close firmly, to close a factory, to stop working, to be closed with a lid.) दृढ़तापूर्वक बन्द करना, कारखाना बन्द करना, काम बन्द करना, ढकने द्वारा बन्द किया जाना; **To shut off** (to check the flow, to exclude.) प्रवाह रोकना, अलग रखना; **To shut one's eyes** (to pretend not to see.) अनदेखी करना; **To shut out** (to exclude.) निकाल देना; **To shut the door upon** (to refuse to consider to make impossible.) विचार न करना, असम्भव करना।

Shutter - शट्' - अर् - *n.* wooden panels or iron plates for closing a window, anything for shutting. बंडील, कपाट, झिलमिली, बन्द करने का साधन (झाँप); **Camera-shutter** (the piece that opens and shuts a photographic lens.) फ़ोटो के कमरा का ताला खुलने तथा बन्द होने का साधन; **To put up the shutters** (to stop business of

the day.) दिन भर के लिये व्यवसाय बन्द करना।

Shuttle - शट्ल् - *n.* a weaving implement by which weft thread is carried across the warp threads, a small drawer in a shelf. ढरकी, बिनाई की नली, अलमारी का छोटा दराज; **Shuttle-cock** (- कॉक्) - *n.* a piece of cork pierced with feathers used in the game of bad-minton. पर लगा हुआ काग का टुकड़ा जो जालीदार रैकेट से गेंद की तरह खेला जाता है।


Shuttlecock

Shy - शाइ - *adj.* (*comp.* **Shier,** *sup.* **Shiest.**) timid, bashful, coy, reserved in society. डरपोक, लज्जालु, भड़कनेवाला, समाज में अलग रहनेवाला; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Shied.**) to start suddenly with fear. लजाना, भड़कना।

Shyly - शाइ'- लि - *adv.* in a shy manner. लज्जा से; **Shyness** (- नेंस्) - *n.* timidity. भीरुता, लज्जा, भड़क।

Shylock - शाइ'- लॉक् - *n.* a cruel moneylender. निर्दय महाजन।

Si - सी - *n.* the seventh note in an octave. सप्तम स्वर "नि"।

Siamang - साइ' - ऑम् - ऑङ्ग् - *n.* a kind of big ape. एक प्रकार का बड़ा वनमानुष।

Siamese - स्या'- ऑम् - इज़् - *n. & adj.* the native or language of Siam. स्याम देश के रहनेवाले या वहाँ की भाषा।

Siberian - साइ - बिअर्'- इ - अन् - *adj.* the inhabitant of Siberia. साइबीरिया देश का निवासी।

Sibilance - सिब्'- इल् - एन्स् - *n.* a hissing sound. सिसकार का शब्द।

Sibiliant - सिब्'- इल् - एन्ट् - *adj. & n.* hissing, sounded by a hiss, a letter uttered with a hissing sound. सिसकार के उच्चारण का, ऊष्म वर्ण, इस उच्चारण का अक्षर 'स'।

Sibilate - सिब्'- इल - एट् - *v. t. & i.* to pronounce with a hissing sound. सिसकारते हुए उच्चारण करना; **Sibilation** (- शन्) - *n.* hissing. सिसकार।

Sibyl - सिब्' - इल् - *n. fem.* a sorceress, a prophetess. जादूगरनी, भविष्य कहनेवाली।

Sibylline - सिब - इल्'- इन् - *adj.* pertaining to sibyl. भविष्य कहनेवाली से संबंधित, जादूगरनी का।

Sic - सिक् -*adv.* so, thus. इस प्रकार से।

Siccation - सि - कें - शन् - *n.* the act of drying. सुखाने का कार्य।

Siccative - सिक्' - कें - टिव् - *adj.* having the property of drying. सूखनेवाली।

Sice - साइस् - *n.* the six at dice. पासे में का छक्का।

Sice, Syce - साइस् - *n.* a groom. साईस।


Sick - सिक् - *adj.* affected with a disease, ill, disturbed, disgusted, tired, inclined to vomit. रोगग्रस्त, अस्वस्थ, व्याकुल, विरक्त, पीड़ित, दुःखी, क्लान्त, जी मचलाता हुआ; - *v. t.* to urge a dog for killing a rat. चूहा मारने के लिए कुत्ते को ललकारना; **Sick-bed** (a bed of an invalid.) रोगी की शय्या; **Sick leave** (a leave of absence owing to ill-health.) अस्वास्थ्य की छुट्टी; **Sick of fever** (suffering from fever.) ज्वर से पीड़ित; **Sick of love** (lovesick.) प्रेमातुर; **Sick of the world** (feeling dissatisfied with worldly affairs.) संसार से विरक्त; **Sick-room** (a room occupied by a sick person.) रोगी का कमरा; **To feel sick** (to feel nausea.) जी मचलाना।

Sicken - सिक्'- एन् - *v. i. & t.* to grow ill, to show symptoms of illness, to grow weak and languid, to feel nausea, to feel disgust at. रोगी होना, व्यथित होना, दुर्बल होना, वमन करने की इच्छा करना, घृणा का अनुभव करना।

Sickener - सिक'- एन् - अर् - *n.* the cause of disgust. घृणा का कारण।

Sickening - सिक्'- एन् - इङ्ग् - *adj.* making sick, disgusting. मचली पैदा करनेवाला, घृणा उत्पन्न करनेवाला; **Sickeningly** (- लि) - *adv.* in a sickening condition. मचली या घृणा पैदा करते हुए।

Sickle - सिक्ल् - *n.* a reaping hook. हँसिया, हँसुआ; **Sickle-feather** (the long curved feather in cock's tail.) मुर्गे की दुम का बिचला बड़ा टेढ़ा पर।


Sickle.

Sickliness - सिक्' - लि - नेंस् - *n.* the state of being sickly. अस्वास्थ्य।

Sickly - सिक्'- लि - *adj.* (*comp.* **Sicklier,** *sup.* **Sickliest.**) prone to be ill, not healthy, weak, connected with nausea. रोगीवत्, अशक्त, दुर्बल, वान्ति या मचली सम्बन्धी।

Sickness - सिक्'- नेंस् - *n.* the state of being sick, disease. रोग, व्याधि।

Side - साइड् - *n. & adj.* one of the surfaces of an object, visible surface, margin, bounding line of a figure, part of ribs, arm, party. किनारा, ओर (तरफ, बगल), किसी आकृति की परिधि, पसली का भाग, भुजा, पक्षपात, दल; - *v. i. & t.* to embrace the opinion of a party, to stand at the side of. पक्ष लेना, भाग लेना; - *adj.* lateral, of the opposite party. बगल का, दूसरे पक्ष का; **On all sides** (in all directions.) चारों ओर; **On both sides** (fully surrounded.) दोनों ओर; **On the other side** (on the opposite side.) उस पार; **On the side of the grave** (in the world, in life.) संसार में, जीवन में; **Opposite side** (opposite party.) विपक्ष; **Outer side** (outer portion.) बाहरी भाग; **Side by side** (standing close together.) आसपास; **Side-car** (- कार्) - *n.* a vehicle attached to a motor-cycle. मोटर

Solecist - सॉल' - इ - सिस्ट् - *n.* one who commits solecism. बोलने या लिखने में अशुद्ध प्रयोग करनेवाला; **Solecistic** (- इक्), **Solecistical** (- इकल्) - *adjs.* of incorrect speech or writing. अशुद्ध वाणी या लेख सम्बन्धी।

Solely - सोल्'- लि - *adv.* alone, singly. अकेला, पृथक्।

Solemn - सॉल्' - एम् - *adj.* sacred, performed in due form, full of importance, grave, deliberate, pompous. पवित्र, विधि (संस्कार), पूर्ण, महत्त्वपूर्ण, गम्भीर, निश्चयपूर्वक, ऐश्वर्ययुक्त; **Solemnness** (- नेंस्) also **Solemness**-*n.* gravity. गम्भीरता; **Solemn occasion** (serious occasion, time of festivity.) महत्त्वपूर्ण अवसर, उत्सव का दिन; **Solemn promise** (serious promise.) दृढ़ प्रतिज्ञा।

Solemnity - सॅल् - एम्'- निट् - इ - *n.* gravity, seriousness, a religious ceremony, impressiveness. गुरुता, गम्भीरता, धार्मिक क्रिया, प्रभावपूर्णता।

Solemnization - सॉल् - इम् - निज़् - ए' - शन् - *n.* the act of solemnizing. उत्सव, धूमधाम।

Solemnize - सॉल्' - एम् - नाइज़् - *v. t.* to make solemn, to celebrate. शास्त्र के अनुसार अनुष्ठान करना, उत्सव मनाना; **Solemnizer** (- अर्) - *n.* one who performs a solemn rite. धार्मिक संस्कार करनेवाला।

Solemnly - सॉल्' - एम् - लि - *adv.* in a solemn manner. गम्भीरता से।

Solen - सो'- लेंन् - *n.* a kind of mollusc. एक प्रकार का घोंघा।

Solenoid - सॉल्' - इन - आयड् - *n.* a magnet made by coiling a wire round a cylinder and passing electricity through it. गड़ारी पर लपेटा हुआ तार जिसमें से बिजली की धारा दौड़ाने पर इसमें चुम्बक की शक्ति आ जाती है।

Solferino - सॉल्'- फेर - इ'- नो - *n.* a kind of red colour. एक प्रकार का लाल रङ्ग।

Solicit - सॉल् - इस - इट् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Solicited.**) to make request to, to importune, to try to obtain, to entice. सविनय प्रार्थना करना, माँगना, इच्छा करना, ललचाना।

Solicitant - सॉल्' - इस - इट् - आन्ट् - *n.* one who solicits. प्रार्थी, विनती करनेवाला।

Solicitation - सॉल् - इस - इट - एट् - ए'- शन् - *n.* earnest request. प्रार्थना, याचना, विनती।

Solicitor - सॉल् - इस'- एट् - अर् - *n.* a legal adviser. क़ानूनी सलाह देनेवाला, सालिसिटर; **Solicitorship** (- शिप्) - *n.* the office of a solicitor. सालिसिटर का पद।

Solicitous - साल् - इस'- इट - अस् - *adj.* anxious, desirous. उत्सुक, उत्कण्ठित; **Solicitously** (- लि) - *adv.* in a solicitous manner. उत्कण्ठा सहित, व्यग्रता से।

Solicitude - सॉ - लि - सि - ट्यूड् - *n.* anxiety, carefulness. (उत्कण्ठा) चिन्ता, सावधानी।

Solid - सॉ - लिड् - *adj.* whole, compact, uninterrupted, firm, strong, valid, profound, substantial, undivided, reliable, genuine. समूचा, घना, ठोस, अबाध, बिना रुकावट का, दृढ़, पुष्ट, सप्रमाण, गम्भीर, तत्त्व-पूर्ण, अविभक्त, विश्वास के योग्य, सच्चा, शुद्ध, खरा; - *n.* a solid figure. ठोस आकृति; **Solid angle** (an angle formed by three or more plane angles in different planes meeting at one point.) घनकोण, ठोस कोना; **Solid contents** (compact matter.) घना या अविभक्त पदार्थ; **Solid number** (integer with three prime factors, number concerned with solids.) पूर्णाङ्क।

Solidarity - सॉल्'- इड - ए'- रि - टि - *n.* consolidation of interests. रुचियों की घनिष्ठता।

Solidifiable - सॉल् - इड'- इ - फाइ - एब्ल् - *adj.* able to be solidified. ठोस बनाने योग्य।

Solidification - साल् - इड् - इफ् - इक - ए'- शन् - *n.* the act of solidifying. घनीकरण, ठोस बनाने का कार्य।

Solidify - सॉल् - इड्'- फाइ- *v. t. & i.* (*p. t.* **Solidified**) to make or become solid. ठोस बनाना या होना।

Solidity - सॉल् - इड्' - इ - टि - *n.* compactness. घनता, ठोसपन।

Solidly - सॉल्' - इड् - लि - *adv.* in a solid manner. घनता से, दृढ़ता से।

Solidness - सॉल्'- इड् - नेस् - *n.* solidity. ठोसपन।

Solidungular - सॉल् - इड् - उंग - ग्यु - लर्, **Solidungulate** (- लेंट्), **Solidungulous** (- लस्) - *adjs.* having uncloven hoofs. ठोस खुरवाला।

Solifidian - सॉल'- इफ - इड् - इ - अन् - *n.* one who holds that faith alone suffices for justification. यह माननेवाला कि विश्वास से ही पाप से छुटकारा

मिलता है।

Soliloquize - सॉल् - इल्' - आक् - विज़् - *v. i.* to utter soliloquies. स्वगत भाषण करना।

Soliloquist - सॉल् - इल्'- आक् - क्विस्ट् - *n.* one who soliloquizes. स्वगत-भाषण करनेवाला।

Soliloquy - सॉल्-इल्'-आक्-वि - *n.* (*pl.* **Soliloquies.**) talking to oneself, with no regard to the presence of others. स्वगत भाषण, अपने आप बकना।

Soliped - सॉल्'- इ - पेंड् - *adj. & n.* an animal with solid hoofs. ठोस खुरवाला पशु।

Solipsism - सॉल्' - इप्स् - इज़्म् - *n.* the doctrine that self alone is the object or source of real knowledge. यह सिद्धान्त कि आत्मा ही सच्चे ज्ञान की वस्तु या साधन है।

Solitaire - सॉल्'- इट् - एअर'- *n.* ear-ring or stud of a shirt with only one gem. एक रत्न का कान इत्यादि का आभूषण।

Solitarian - सॉल्'- इट् - एअर - इ - अन् - *n.* a hermit. यति, संन्यासी।

Solitarily - साल् - इट् - अर् - इ - लि - *adv.* in a solitary manner. निर्जनता से; **Solitariness** (- टरि - नेंस्) - *n.* the state of being solitary. निर्जनता, अकेलापन; **Solitary** (- टरि) - *adj.* lonely, secluded, single. निर्जन, एकान्त, असहाय (अकेला); **Solitary confinement** (isolation in a separate cell in prison.) बन्दीगृह में अकेले बन्द करना।

Solitude - सॉल्'- इ - टयूड् - *n.* a lonely place, seclusion from society. निर्जनता, एकान्तवास, अकेलापन।

Solivagant - सॉल्'- इव् -गॉन्ट् - *adj.* wandering alone. अकेला घूमनेवाला।

Solo - सो'- लो - *n.* (*pl.* **Solos.**) a song sung by one person, a musical performance by one man. अकेले का गीत, अकेले बाजे का राग।

Soloist - सो'- लो - इस्ट् - *n.* the performer of solo. अकेला गाने-बजानेवाला।

Solo-flight - सो'- लो - फ़्लाइट् - *n.* flying alone in an aeroplane. हवाई जहाज़ पर अकेले उड़ना।

Solon - सो'- लोन् - *n.* a wise legislator. बुद्धिमान न्यायाधीश।

Solstice - सॉल्'- स्टिस् - *n.* the point at which the sun is farthest from the equator and appear to pause before receding. अयनान्त, अयनकाल; **Summer solstice.** उत्तरायण सूर्य, कर्क संक्रान्ति; **Winter solstice.** दक्षिणायन सूर्य, मकर संक्रान्ति।

Solstitial - सॉल् - स्टिश्'- अल् - *adj.* pertaining to solstice. अयनान्त-सम्बन्धी।

Solubility - सॉल्'- यू - बिल्'- इ - टि - *n.* solubleness. गलने की योग्यता, गलाव।

Soluble - सॉल्'- यूब्ल् - *adj.* capable of being dissolved in some liquid. किसी द्रव में घुलने या घुलाने योग्य; **Solubleness** (- नेंस्) - *n.* the state of being soluble. घुलने या घुलाने की योग्यता।

Solus - साल्' - अस् - *adj.* (*fem.* **Sola.**) alone. अकेला, बिना किसी दूसरे के साथ।

Solution - साल्' - यू' - शन् - *n.* the act of dissolving or being dissolved, separation, resolution, removal of doubt, explanation, method of solving a puzzle or question. घुलाव या घोल, अलगाव, साधन, संयोग, विलयन, सन्देह-निवृत्ति, व्याख्या, उपपत्ति; **Chemical solution** (that involving change in chemical properties.) पिघलाव जिसमें रासायनिक परिवर्तन होता है; **In solution** (in the act of dissolving.) घुलनशील अवस्था में।

Solutive - सॉ - ल्यु - टिव् - *adj.* loosening, laxative. ढीला या मुलायम करनेवाला।

Solvability - सॉल' - वा - बिल्' - इ - टि - *n.* solvableness. साधन योग्यता।

Solvable - सॉल्व्' - एबल् - *adv.* that may be solved. व्याख्या करने योग्य, उत्तर निकालने योग्य।

Solve - सॉल्व् - *v. t.* to dissolve, to loosen, to explain, to separate the parts, to find answer to a problem. घुलना, घुलाना, ढीला करना, व्याख्या करना, अंशों को अलगाना, साधना; **To solve a doubt** (to remove a doubt.) सन्देह दूर करना; **To solve a question** (to find an answer to a problem.) प्रश्न का उत्तर निकालना।

Solvency - सॉल्व - एन्' - सी - *n.* the ability to pay all debts. सब ऋण चुकाने की योग्यता।

Solvent - सॉल्'-व्रेन्ट् - *adj.* having the power of dissolving or forming a solution, having money enough to pay off debts or claims. घुलाने की शक्तिवाला, ऋण चुकाने के योग्य; - *n.* anything that dissolves another. द्रावक।

Solver - सॉल्व' - अर् - *n.* one who solves. साधनेवाला।

Somatic - सो-मॉट्'-इक् - *adj.* physical, corporeal. शारीरिक (दैहिक), शरीर-सम्बन्धी।

Somato - सो' - मॉ - टॅ - *pref.* in sense of 'bodily'. 'शारीरिक' अर्थ का उपसर्ग।

Somatogenic - सो' - मॉ - टो -जें' - निक् - *adj.* producing in the body. शरीर में उत्पन्न करनेवाला; **Somatology** (- लॅजि) - *n.* the doctrine of material substance. भौतिक विज्ञान।

Sombre - सॉम् - बर् - *adj.* dark, gloomy, dismal, melancholy. काला, अँधेरा, मलिन, उदासीन; - *v. t. & i.* to make gloomy and dark. उदासीन बनाना, अँधेरा करना; **Sombrely** (- लि) - *adv.* in a gloomy manner. मलिनता से; **Sombreness** (- नेंस्) - *n.* the state of being gloomy. श्यामता, अँधेरापन।

Sombrero - सॉम् - ब्रेअर्' - ओ - *n.* a kind of felt hat with broad rim. चौड़े किनारे की एक प्रकार की अँग्रेज़ी टोपी।

Sombrous - सॉम्'- ब्रस् - *adj.* gloomy. काला,

धुँधला; **Sombrously** (- लि) - *adv.* in a sombrous manner. धुँधलेपन से; **Sombrousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being gloomy. धुँधलापन।

-som,-some - सम् - *suf.* forming adjectives in the sense of "productive of." "उत्पन्न करनेवाला" अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय।

Some - सम् - *adj. & adv.* a certain quantity or number, a little, about, a particular person or thing, to a certain extent, not quite. कुछ, थोड़ा, प्रायः, अमुक, कोई, अल्प; **Somebody** (- बॉडि) - *n.* an unknown person. कोई एक व्यक्ति; **Somehow** (- हाउ) - *adv.* one way or the other. किसी न किसी प्रकार से; **Somehow or other** (in some form.) किसी न किसी रीति से।

Somersault - सम्' - अर् - सॉल्ट् - *n.* a leap in which a person turns heels over head in the air. कुदान, कलैया; - *v. i.* to turn somersault. हवा में कलैया खाना; **Somerset** (- सेंट्) - *v. t.* to cause to somersault. हवा में कलैया खिलाना।

Something - सम्'- थिङ्ग् - *n.* an unknown event, an unknown substance, a portion. अज्ञात घटना, अज्ञात वस्तु, अंश; - *adv.* in some degree. कुछ, थोड़ा-सा; **Thinks himself something** (thinks highly of himself.) आत्माभिमान रखता है।

Sometime - सम्'- टाइम् - *adv.* once, for sometime formerly. एक बार, पूर्वकाल में, पहिले, किसी समय; **Sometimes** (- स्) - *adv.* now and then, at intervals. कभी-कभी, कदाचित्; **Somewhat** (- व्हाट्) - *adj. & n.* more or less, something. किञ्चित्, थोड़ा, किसी अंश में, कुछ; **Somewhere** (- व्हेंअर्) - *adv.* in some unknown place. कहीं पर।

Somite - सो'- माइट् - *n.* segment of animal body. जंतु के शरीर का अंश या भाग।

Somnambulate - सॉम् - नॉम्' - ब्युल - एट् - *v. i.* to walk in sleep. नींद में चलना-फिरना; **Somnambulation** (- लें - शन्) - *n.* walking during sleep. निद्रा-भ्रमण, नींद में चलना-फिरना; **Somnambulator** (- लें -टर्) - *n.* a sleep-walker. निद्रा में घूमने-फिरनेवाला; **Somnambulism** (- लिज़्म्) - *n.* habit of walking during sleep. निद्रा-भ्रमण की आदत, नींद में चलने-फिरने लगना; **Somnambulist** (- लिस्ट्) - *n.* one who has the habit of walking in sleep. नींद में चलने-फिरने की आदतवाला, स्वप्नचारी।

Somni - सॉम्' - नि - *pref.* in sense of 'sleep' 'निद्रा' अर्थ का उपसर्ग; **Somniferous** (- फ़रस्) - *adj.* causing sleep. निद्राजनक, नींद लानेवाला; **Somnific** (- फ़िक्) - *adj.* tending to induce sleep. नींद लानेवाला; **Somniloquism** (- लॅ - क्विज़्म्) - *n.* habit of talking in sleep. नींद में बातें करने की आदत; **Somniloquist** (- लॅ - क्विस्ट्) -*n.* one who talks in sleep. निद्रा में बातें करनेवाला; **Somniloquy** (- लॅ - कि) - *n.* habit of talking in sleep. निद्रा में बाते करने की आदत; **Somnipathy** (- पॅ - थि) - *n.* hypnotic sleep. मनःप्रेरित निद्रा।

Somnolence - सॉम्' - नॉल् - एन्स् - *n.* drowsiness. नींद, तन्द्रा; **Somnolent** (- लेंन्ट्) - *adj.* inducing sleep. निद्रा लानेवाला; **Somnolently** (-लेंन्ट् - लि) - *adv.* drowsily. झपकी या नींद में।

Son - सन् - *n.* (*fem.* **Daughter.**) male descendant. पुत्र, बेटा; **Son-in-law** (daughter's husband.) जामाता, दामाद; **Son of the soil** (inhabitant of a country.) देशनिवासी।

Sonancy - सो' - नॉन् - सि - *n.* the quality of being sonant. उच्चारणत्व।

Sonant - सो' - नॉन्ट् -*adj. & n.* able to be continuously sounded, a sonant letter. उच्चारण करने योग्य, ऐसा अक्षर।

Song - सॉङ्ग् - *n.* vocal music, singing, the musical cry of certain birds, a short rhymed poem. गायन, गीत (राग), पक्षियों का मधुर शब्द, अनुप्रासयुक्त कविता; **Song-craft** (- क्राफ्ट्) - *n.* the art of song making. गाना बनाने की कला; **Songless** (- लेंस्) - *adj.* without song. बिना राग का; **Songster** (- स्टर्) - *n.* a singer, a poet. गानेवाला (गवैया), कवि; **Songstress** (- स्ट्रेंस्) - *n. fem.* a female singer. गानेवाली स्त्री।

Soniferous - सॉन् - इफ'- अर् - अस् - *adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाली।

Sonless - सन्'-लेंस् - *adj.* devoid of sons. पुत्रहीन, बिना सन्तान का।

Sonnet - सॉन्'- एट् - *n.* a poem of fourteen lines, a short lyric. चौदह पंक्तियों का गीत (लघुकाव्य), गीत (गाथा); **Sonneteer** (- इ - अर्) - *n.* the composer of sonnets. चौदह पंक्तियों की कविता बनानेवाला।

Sonny - सन् - इ - *n.* a familiar term for a boy. लड़के को पुकारने का शब्द, बेटा।

Sonometer - सॅान् - ऑम्' - इट - अर् - *n.* an instrument for testing the hearing power of a deaf person. बहरे मनुष्य की श्रवण-शक्ति नापने का यन्त्र।

Sonorific - सो' - नो- रो - फ़िक् - *adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला।

Sonority - सोन् - ओ - रिट् - इ - *n.* melodious quality. सुरीलापन।

Sonorous - सोन् - आ' - रस् - *adj.* resonant, producing sound when struck by something imposing. शब्द या ध्वनि करनेवाला, शब्द निकालनेवाला, स्पष्ट (मधुर); **Sonorously** (- लि) - *adv.* in a sonorous manner. ऊँचे स्वर से, स्पष्टता से; **Sonorousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being

sonorous. स्पष्टता, मधुरता।

Soon - सून् - *adv.* (*comp.* **Sooner,** *sup.* **Soonest.**) in a short time, not long after, quickly, easily. थोड़े समय में, झटपट, अभी, शीघ्र, तुरत, आसानी से; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Soon as** (shortly, immediately after.) ज्यों ही, शीघ्र ही; **Sooner or later** (early or late.) देर-सबेर, किसी न किसी समय; **Too soon** (very soon.) अति शीघ्र।

Soot - सूट् - *n.* the black substance rising in the smoke of wood, coal &c. in the process of combustion. काजल, कज्जली, कालिख; - *v. t.* to cover with soot. काजल से ढाँकना, काजल लगाना।

Sooth - सूथ् - *n.* truth, fact. सत्य, यथार्थता; **In sooth** (truly.) वास्तव में, सचमुच।

Soothe - सूद् - *v. t.* to calm, to mitigate, to please with soft words, to flatter. शान्त्र करना, (पीड़ा) कम करना, प्रसन्न करना, चापलूसी करना; **Soother** (- अर्) - *n.* one who pacifies, a rubber teat for soothing babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने का रबड़; **Soothfast** (- फ़ास्ट्) *-adj.* steadfast, truthful. स्थिर, सच्चा; **Soothing** (- इङ्ग्) - *adj.* pacifying. शान्त करनेवाला; **Soothingly** (- इङ्ग् - लि) *-adv.* in a soothing manner. शान्त करते हुए; **Soothsay** (- सें) - *v. t.* to foretell. भविष्य कहना; **Soothsayer** (- सेंअर्) - *n.* one who foretells the future. दैवज्ञ, भविष्यवक्ता; **Soothsaying** (- सें - इङ्ग्) - *n.* foretelling. भविष्य-कथन।

Sootily - सूट्' - इ - लि - *adv.* in a sooty manner. कालिख से; **Sootiness** (- नेंस्) - *n.* the state of being sooty. कालिख; **Sootless** (- लेंस्) - *adj.* devoid of soot. बिना कालिख का; **Sooty** (- इ) - *adj.* full of soot. कालिख से भरा हुआ।

Sop - सॉप् - *n.* anything dipped in liquor, something given to pacify. भिगाई हुई वस्तु, शान्त करने के लिये दी हुई वस्तु; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Sopped.**) to steep in a liquid. गीला करना, भिगोना, तर होना।

Soppy - सॉ - पि - *adj.* wet. गीला।

Sophism - सॅ - फ़िज़्म् - *n.* a false argument or statement with a view to deceive. मिथ्यावाद, वाक्छल, हेत्वाभास; **Sophist** (- इस्ट्) - *n.* a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी, वाक्छल करनेवाला।

Sophister - सा - फिस्ट्' - अर - *n.* a senior student of some universities. कुछ विश्वविद्यालयों की उच्च कक्षा का विद्यार्थी।

Sophistic - सा - फिस् - टिक् - *adj.* pertaining to sophism. मिथ्यावाद-सम्बन्धी।

Sophisticate - सॅ - फ़िस् - टि - केंट्' - *v. t. & i.* to mislead, to corrupt, to adulterate, to tamper. छलना, बिगड़ना, भ्रष्ट करना, मिलावट करना; **Sophistication** (- केंशन्) - *n.* the act of debasing purity of something. कपट, छल, मिलावट।

Sophistry - सॉफ् - इस्ट् - री - *n.* fallacious reasoning. हेत्वाभास, मिथ्या वादानुवाद, सत्य का आभास।

Soporiferous - सॉप्'- आर - इफ'- अर - अस् - *adj.* tending to produce sleep. निद्राकारी।

Soporific - सॉप् - आर - इफ'- इक - *adj.* sleep producing. निद्राजनक, नींद लानेवाली।

Sopranist - सो'- प्रान् - इस्ट् - *n.* a soprano-singer. तीव्र स्वर का गायक।

Soprano - सो - प्रा'- नो - *n.* (*pl.* **Sopranos, Soprani.**) the highest singing voice in women & boys, a music in highest voice. औरतों और लड़कों का गाने का सबसे ऊँचा गला या स्वर, सबसे ऊँचे सुर का गीत।

Sora - सो' - रॉ - *n.* a short-billed marshy bird. दलदल पर विचरनेवाली छोटी चोंच की चिड़िया।

Sorb - सॉर्ब् - *n.* an apple-like tree. सेव के समान एक वृक्ष।

Sorbefacient - सार' - बि - फा' - शि - एन्ट् - *adj. & n.* a medicine which tends to absorb. सोखनेवाली औषधि।

Sorcerer - सो' - सॉर'- सर् - अर - *n.* an enchanter, a wizard, a magician. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर।

Sorceress - सॉर'- सर् - ऐस - *n. fem.* a female sorcerer. जादूगरनी, टोना करनेवाली स्त्री।

Sorcery - सॉर' - सर् - इ - *n.* witchcraft. इन्द्रजाल, जादू, टोना, अभिचार।

Sordes - सॉर्' - डीज़् - *n.* foul matter, dregs. मलिन पदार्थ, गन्दगी।

Sordid - सॉर्' - डिड् - *adj.* base, mean, dirty, impure, niggardly, squalid. नीच, अधम, मलिन, मैला, लालची, कंजूस; **Sordidly** (- लि) - *adv.* meanly, niggardly. मलिनता से, नीचता से; **Sordidness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being sordid, meanness, filthiness. नीचता, कंजूसी, मलिनता।

Sore - सोर् - *adj.* severe, distressing, painful. पीड़ायुक्त, क्लेशप्रद, दुःखदायी, कष्ट देनेवाला; - *n.* an ulcer, a boil. घाव, फोड़ा; - *adv.* severely, grievously. अत्यन्त कष्ट से, दुःख से; **Sorely** (- लि) - *adv.* severely. अत्यन्त (नितान्त), बहुत; **Soreness** (-नेंस्) - *n.* painfulness. पीड़ा, व्यथा, कष्ट।

Sorghum - सॉर्'- गम् - *n.* a kind of plant used as fodder. चारा, चरी।

Sorites - सॉर्' - राइ - टीज़् - *n.* a syllogism in the form of a chain leading to absurdity. मालाकार तर्क जो अशुद्ध बात स्थिर करता है।

Soritical - सॅ - राइ - टि - कल् - *adj.* pertaining

to sorites. मालाकार तर्क-सम्बन्धी।

Sorosis - सो - रो' - सिस् - *n.* fleshy soft fruit. मुलायम गुदेदार फल।

Sorrel - सॉ - रे - ल् - *n.* a kind of shrub. एक प्रकार की वनस्पति, चुक्, अम्लबेत; - *adj.* of a reddish brown colour. भूरे लाल रंग का।

Sorrily - सॉ - रि - लि -*adv.* in a sorry manner. उदासीनता से; **Sorriness** (-नेंस्) - *n.* the state of being sorry. उदासीनता।

Sorrow - सॉ' - रो - *n.* grief or sadness caused by some loss, regret, trouble, misfortune. शोक, खेद, व्यथा, सन्ताप; - *v. i.* to feel sorrow, to grieve. शोक करना, खेद करना।

Sorrower - सॉ' - रो - अर् - *n.* one who grieves. दुःख करनेवाला।

Sorrowful - सॉ' - रो - फुल् - *adj.* full of sorrow. दुःखी (उद्विग्न), उदास; **Sorrowfully** (- लि) - *adv.* in a sorrowful manner. उद्वेग या दुःख से; **Sorrowfulness** (- नेंस्) - *n.* the state of being sorrowful. उदासीनता।

Sorrowing - सॉ' - रो - इङ्ग् - *adj.* grieving. दुःख करनेवाला।

Sorry - सॉ' - रि - *adj.* regretful, melancholy, wretched, worthless, of poor quality. शोकाकुल, खिन्न, दुःखी, उदास, दीन; **In a sorry plight** (in a miserable condition.) शोचनीय अवस्था में।

Sort - सॉर्ट् - *n.* kind, species, manner. प्रकार (भेद, जाति), ढंग (रीति); - *v. t. & i.* to separate into classes, to select. क्रम में अलगाना, चुनना (मेल मिलाना); **A sort of animal** (an unknown species of creature.) प्राणी विशेष; **Out of sorts** (out of order, unwell.) अस्वस्थ, बीमार।

Sorter - सार्ट - अर - *n.* one who separates or sorts. छाँटनेवाला।

Sortie - सॉर्टि - *n.* a sally of troops. धावा, आक्रमण।

Sortition - सॉर्ट' - इ - शन् - *n.* casting of lots. चिट्ठी डालकर स्थिर करना।

Sorus - सॉ - रस् - *n.* (*pl.* **Sori.**) a cluster or heap. गुच्छा।

S. O. S. - एस' - ओ - एस् - *n.* the signal used by mariners when a ship is in danger. संकटग्रस्त जलपोत (जहाज) द्वारा प्रयुक्त भय-सूचक संकेत।

Sot - सॉट् - *n.* a fool, one stupefied by drinking, a habitual drunkard. मूर्ख व्यक्ति, शराब पीकर अचेत पड़ा हुआ व्यक्ति, मदोन्मत्त (मतवाला), पियक्कड़; **Sottish** (- इश) - *adj.* given to drinking. मदिरा पीने की आदत या व्यसनवाला; **Sottishly** (- लि) - *adv.* in a sottish manner. मदोन्मत्तता से; **Sottishness** (- इश् - नेंस्) - *n.* stupidity from intoxication. मद्य पीकर मूढ़ता या मूर्खता।

Sou - सू (*pl.* **Sous.**) - *n.* a French coin. एक फ्रांसीसी सिक्का।

Souffle - सू - फ़्ल् - *n.* a low sound heard in some parts of the body. शरीर के कुछ अंशों में का मन्द शब्द।

Sough - साउ, सफ़् - *n.* a whistling sound made by wind. वायु की सनसनाहट; - *v. i.* to sigh as wind. सन्-सन् शब्द करना।

Sought - सॉट् - *p. t. & p. p.* of **Seek.** *adj.* searched for, desired. ढूँढ़ा गया, इच्छित।

Soul - सोल् - *n.* the immaterial part of man, intellect, vital principle, essential part, a person, a pattern. शरीरात्मा (प्राण, जीव), बुद्धि, तेज, बल, सार, व्यक्ति, आदर्श; **Animating soul** (immaterial part of man.) जीवात्मा; **Departed soul** (soul of the dead.) प्रेत; **Heart and soul** (all and all, completely, with one's entire energy.) सर्वस्व, पूर्ण रूप से, अपनी पूरी शक्ति या ताकत से; **Souled** (- ड) - *adj.* furnished with a soul. आत्मा-युक्त; **Supreme soul** (Immortal Soul.) परमात्मा, ब्रह्म।

Soulful - सोल्' - फुल् - *adj.* appealing to higher emotions. भावपूर्ण; **Soulfully** (- लि) - *adv.* in a soulful manner. भावपूर्णता से; **Soulfulness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being soulful. भावपूर्णता; **Soulless** (- लेंस्) - *adj.* devoid of soul. उत्साहहीन; **Soullessly** (- लेंस् - लि) - *a.* spiritlessly. तेजहीनता से; **Soullessness** (-लेंस् - नेंस्) - *n.* spiritlessness. सारहीनता।

Sound - साउन्ड् - *adj.* whole, entire, perfect, healthy, solid, right, stout, not deranged. पूर्ण, अखण्ड (समूचा), ठीक, स्वस्थ, ठोस, सत्य, भला-चङ्गा; **Confused sound** (tumult.) कोलाहल; **Sound argument** (valid argument.) दृढ़ तर्क; **Sound flogging** (stout flogging.) गहरी मार; **Sound sleep** (unbroken sleep.) गाढ़ (गहरी) निद्रा; **Sound views** (right opinions.) सच्चे सिद्धान्त।

Sound - साउन्ड् - *n.* the sensation perceived by the ear, noise, articulate utterance. शब्द, ध्वनि, कोलाहल, सार्थक शब्द; - *v. t. & i.* to cause to make a noise, to utter audibly, to play on, to make sign by a sound, to publish. कोलाहल करना, बोलना, बजाना, शब्दों से संकेत करना, प्रकाशित करना।

Sound - साउन्ड् - *n.* a shallow sea. छिछला समुद्र; - *v. t. & i.* to test the depth of the sea, to test, to examine the depth of wound. समुद्र की गहराई नापना, परीक्षा करना, घाव की गहराई नापना।

Sounder - साउन्ड्' - अर् - *n.* a young wild bear, telegraphic receiving instrument, a sounding apparatus. जङ्गली सूअर का बच्चा, तारबर्की का यन्त्र।

Sounding - साउन्ड्'- इङ्ग् - *adj.* making a noise. शोर करनेवाला; - *n.* ascertaining the depth of the sea. समुद्र की गहराई नापना; **Soundingline** (a line for sounding seas.) समुद्र की गहराई नापने का रस्सा।

Soundings - साउन्ड्'- इङ्ग्ज़् - *n. pl.* the place in the sea which can be sounded. समुद्र का वह भाग जहाँ की थाह लग सके।

Soundless - साउन्ड्'- लेंस् - *adj.* incapable of being sounded, unfathomable. थाह न लगाने योग्य; **Soundly** (- लि) - *adv.* heartily, truly. सुख से, सचाई से, दृढ़ता से; **Soundness** (- नेंस्) - *n.* the state of being healthy. आरोग्य, स्वास्थ्य।

Soup - सूप् - *n.* a liquid food prepared from flesh, fish or vegetables. जूस, झोल; **Souphouse or kitchen** (an establishment for supplying soup to the poor.) गरीबों को बिना मूल्य भोजन देने का कार्यालय; **Soupy** (- इ) - *adj.* like soup. जूसदार।

Sour - सावर् - *adj.* of acid taste, pungent, peevish, harsh. खट्टा, चटपटा, चिड़चिड़ा, रूक्ष; - *v. i. & t.* to make acid, to make harsh, to turn peevish. खट्टा करना, कर्कश करना, खट्टा होना, चिड़चिड़ा होना।

Source - सोर्स् - *n.* a spring or fountain-head, a place from which something is got, origin, first cause. सोता, उद्गमस्थान, मूल कारण, आदि कारण।

Sourdine - सॉर्ड' - आइन - *n.* the stop of a harmonium. हारमोनियम बाजे का शब्द धीमा करने की कुञ्जी।

Sourish - सावर' - इश् - *adj.* somewhat sour. कुछ खट्टा; **Sourly** (- लि) - *adv.* acidly, discontentedly. खट्टेपन से, रुखाई से।

Sourness - सावर्' - नेंस् - *n.* tartness. खट्टापन, रुखाई।

Souse - साउस् - *n.* a pickle prepared with salt, a dip or plunge. नमकीन अँचार, पानी की डुबकी; - *v. t. & i.* to steep in pickle. अँचार में डालना, डुबकी लगाना; - *adv.* headlong. आगे की ओर।

Soutache - सु' - टॉश् - *n.* a braid used for sewing tenon fabrics. कपड़े में सीने की झालर।

South - साउथ् - *n.* one of the cardinal points opposite to the north. दक्षिण, दक्खिन; *-adj.* situated or looking towards the south. दक्खिन की ओर, दक्षिण दिशा में; **South-east** (the direction between South and East.) पूर्व दक्षिण का कोण, आग्नेय दिशा; **South-west** (the direction equally distant from the south and west.) दक्षिण-पश्चिम का कोण, नैर्ऋत्य दिशा; **Southern** (सदर्न्), **Southernly** (- लि) - *adj.* belonging to the south. दक्षिण दिशा का; **Southernmost** (- मोस्ट्) - *adj.* farthest south. सुदूर दक्षिण भाग में।

Southward (s) - साउथ्' - वर्ड् (स) *-adv.* towards the south. दक्षिण दिशा में।

Souvenir - सू'- वेन - इअर् - *n.* a thing given or kept as a memento, keepsake. स्मारक पदार्थ, यादगार के लिए दी हुई या रक्खी हुई वस्तु।

Sovereign - सॉव़्'- रेंन् - *adj.* possessing supreme power, lofty, chief, predominant. विशिष्ट गुण का, प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य; *-n* a supreme ruler, a monarch, an English gold coin worth one pound. राजा, सम्राट्, महाराज, इँगलैंड की सुवर्णमुद्रा, पाउण्ड; **Sovereign authority** (supreme domain.) श्रेष्ठ अधिकार; **Sovereign medicine** (the most effectual medicine.) परम प्रभावकारी औषधि।

Sovereignly - सॉव़्' - रेंन् - लि - *adv.* supremely. विशिष्ट रूप से, श्रेष्ठता से।

Sovereignty - सॉव़्' - रिन् - टी - *n.* supreme power, dominion. प्रभुत्व (श्रेष्ठत्व), साम्राज्य।

Soviet - सोव्' - इ - अट् - *n.* one of the party of revolutionaries in Russia. रूस देश के क्रान्तिकारी दल का एक सदस्य।

Sow - सो - *v. t.* (*p. t.* **Sowed,** *p. p.* **Sown.**) to scatter seeds on earth for growing, to plant by sowing, to spread. बीज बोना या जमाना, फैलाना।

Sow - सो - *n.* a female hog (*mas.* **Boar.**) शूकरी, सुअरी।

Sowback - सो' - बॉक् - *n.* low sandy bank. बालू का नीचा किनारा।

Sower - सो' - अर् - *n.* one who scatters seeds for sowing. बीज बोनेवाला।

Sowing - सो'- इङ्ग् - *n.* the act of sowing seeds. बीजों की बुआई।

Soy - सॉय् - *n.* (also **Soya.**) a kind of sauce made from soya-bean. सोवे से बना हुआ झोल।

Spa - स्पा - *n.* place of mineral spring. खनिज जल की धारा (स्रोत) निकलने का स्थान।

Space - स्पेस् - *n.* distance, interval between points, blank between types or words, interval in time. दूरी, स्थान (अन्तर), टाइप या शब्दों के बीच का स्थान, अवकाश; - *v. t. & i.* to arrange intervals between, to put spaces between. अन्तर लगाना, बीच-बीच में खाली स्थान रखना; **Infinite space** (infinite sky,) अनन्त आकाश; **Intervening space** (middle space.) बीच का स्थान; **Pervading all space** (filling all around.) सब दिशाओं में व्यापक; **Space of time** (interval of time.) कालान्तर, अवधि; **To space out** (to expand space.) अधिक स्थान फैलाना।

Spacer - स्पेस्' - अर् - *n.* a device for spacing words in printing, a piece of metal for making a space, one who spaces. छपाई में शब्दों के बीच स्थान या दूरी छोड़ने का साधन या धातु का टुकड़ा, इस प्रकार दूरी छोड़नेवाला।

Spaceless - स्पेस्' - लेंस् - *adj.* without space. बिना अन्तर का।

Spacial - स्पेस्' - अल् - *adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spacious - स्पे' - शस् - *adj.* extensive, enclosing a large space. विस्तीर्ण (विशाल); **Spaciously** (- लि) - *adv.* extensively. विस्तीर्ण रूप में, फैलावट से; **Spaciousness** (- नेस्) - *n.* the quality of being spacious. विस्तार, फैलावट।

Spaddle - स्पॉ - ड्ल् - *n.* a small spade. छोटा फरसा।

Spade - स्पेड् - *n.* a shovel, a tool for digging ground, a suit of cards shaped like a heart with a small handle. फावड़ा, कुदाली, ताश में हुकुम का रंग; -*v. t.* to dig with a shovel. कुदाली से खोदना; **To call a spade a spade** (to speak very plainly.) स्पष्ट बोलना।

Spadeful - स्पेड्' - फुल् - *adj.* as much as a spade can hold. कुदाली भरकर।

Spadework - स्पेड्' - वर्क् - *n.* hard labour. कठिन परिश्रम।

Spadille - स्पॉड्' - इल् - *n.* the ace of spades. हुकुम की एक्की।

Spadix - स्पे'- डिक्स् - *n.* (*pl.* **Spadices.**) a fleshy spike of flowers. कँटीले गुच्छों में जमे हुए फूल।

Spado - स्पे - डो - *n.* a eunuch. क्लीब, हिजड़ा।

Spake - स्पेक् - *p. t. (arch.)* of **Speak.** बोला।

Spalder - स्पॉल्ड्'-अर् - *n.* one who clips. चिप्पड़ उखाड़नेवाला।

Spall - स्पॉल् - *v. t. & i.* to clip. चिप्पड़ निकालना; - *n.* clippings. चिप्पड़।

Span - स्पॉन् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Spanned.**) to stretch from one side to the other, to extend across, to bridge. बित्ते से नापना, फैलाना, मेहराब लगाना, पुल बाँधना; - *n.* full extent, short distance, measure of nine inches, space from end of thumb to the end of little finger when extended, the spread of an arch, the distance between the tips of the wings of an aeroplane. विस्तार, फैलाव, नौ इञ्च की लम्बाई, बित्ता, मेहराब की चौड़ाई, हवाई जहाज़ के पंखों के किनारे की दूरी; **Span of life** (the full extent of life.) जीवन की अवधि।

Span - स्पॉन् - *p. t. & p. p.* of **Spin,** काता।

Spanless - स्पॉन्' - लेस् - *adj.* without extent. संकुचित, बिना विस्तार का।

Spangle - स्पॉङ्ग्'- ग्ल् - *n.* a small piece of anything sparkling. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा; - *v. t.* to adorn with spangles. चमकीली वस्तु से आभूषित करना; **Spangly** (- लि) - *adj.* bright. चमकीला।

Spaniard - स्पॉन्' - यर्ड् - *n.* a native of Spain. स्पेन देश का निवासी।


Spaniel - स्पॉन्' - एल् - *n.* a kind of dog with long hairs and ears. एक प्रकार का झबरा कुत्ता।

Spanish - स्पॉन्' - इश् - *adj. & n.* of Spain, language of Spain. स्पेन देश का, इस देश की भाषा।

Spank - स्पॉङ्क् - *v. t. & i.* to strike with open hand on buttocks. चूतड़ पर थप्पड़ मारना; -*n.* a blow. थप्पड़।

Spanker - स्पॉङ्क्' - अर् - *n.* a fast-going horse. तेज दौड़नेवाला घोड़ा; **Spanking** (-इङ्ग्) -*adj.* dashing. पीट-पाटकर आगे बढ़ता हुआ।

Spanner - स्पॉन' - अर् - *n.* one who spans, an instrument for turning nuts on screws. नापनेवाला, हथकल, ढिबरी कसने या खोलने का औजार या यंत्र।



Spanners.

Spar - स्पार् - *n.* a crystalline of mineral, a rafter, a stout pole, a boxing match, cockfight. स्फटिक के सदृश एक खनिज पदार्थ, जहाज़ का मस्तूल, धरन, बल्ला, मुक्केबाजी, मुरगे की लड़ाई; - *v. t.* (*p. t.* **Sparred.**) to fit with spars, to box, to dispute. मस्तूल लगाना, मुक्की लड़ना, झगड़ा करना; **Spar-deck** (- डेक्) - *n.* upper deck of a ship. जहाज़ की ऊपरी छत; **Sparring** (- रिङ्ग) - *n.* preliminary strokes in boxing. मुक्केबाजी, मुठभेड़; **Sparry** (- रि) - *adj.* abounding in spar. स्फटिक के सदृश खनिज पदार्थ से पूर्ण।

Sparable - स्पार'- एब्ल् - *n.* (also **Sparrow-bill.**) a headless nail used in the soles and heels of shoes and boots. जूते के तल्ले में जड़ने की बिना माथे की कील।

Spare - स्पे - अर् - *adj. & n.* scanty, frugal, lean. अल्प (थोड़ा), अल्पव्ययी, दुर्बल; - *n.* a small part, a slit at the top of a skirt. अल्प भाग, घाघरे के ऊपरी भाग की दरार।

Spare - स्पेअर् - *v. t. & i.* to be frugal, to abstain from hurting or killing, to save, to forgive, to forbear. अल्प व्यय करना, रक्षा करना, बचाना, क्षमा करना, सहन करना।

Sparely - स्पेअर् - लि - *adv.* sparingly. अल्प व्यय से।

Spareness - स्पेअर्' - नेस् - *n.* leanness. अल्पता, दुर्बलता।

Sparger - स्पार्ज्' - अर् - *n.* an apparatus for sprinkling. छिड़कने का यन्त्र।

Sparing - स्पेअर' - इङ्ग् - *adj.* not plentiful, scanty. अल्पव्ययी, परिमित व्यय करनेवाला; **Sparingness** (- नेस्) - *n.* the quality of being sparing. क्षीणता, कृशता।

Spark - स्पार्क् - *n.* a particle of fire thrown off from a burning substance, a small bright object. अग्निकण, चिनगारी, चमकीला छोटा पदार्थ; - *v. t.* to emit sparks. चिनगारी निकालना।

Spark - स्पार्क् - *n.* a gay fellow, a lover, a woman of great beauty. बाँका छैला, प्रेमी, बहुत

सुन्दर स्त्री; *-v. i.* to play the gallant or lover. प्रेमी की तरह व्यवहार करना।

Sparkful - स्पार्क्' - फुल् - *adj.* lively, brisk, gay. तीव्र, फुर्तीला, आनन्दपूर्ण।

Sparking - स्पार्क् - इङ्ग् - *adj.* generating sparks. चिनगारी निकलनेवाला; **Sparking plug** (an appliance for generating electric sparks.) बिजली की चिनगारी निकालने का यन्त्र; **Sparking wit** (keen intelligence.) स्फूर्तिमान् बुद्धि।

Sparkish - स्पार्क्' - इश् - *adj.* showy, gay. दिखावा, भड़कीला।

Sparkle - स्पार्क्ल् - *v. i.* to emit sparks, to glitter. चिनगारी फेंकना, चमकना; *- n.* a spark. प्रभा, चमक।

Sparkless - स्पार्क्' - लेंस् - *adj.* without sparks. बिना चिनगारी का।

Sparkler - स्पार्क' - लर् - *n.* a luminous particle. चमकनेवाला कण।

Sparklet - स्पार्क्'- लेंट् - *n.* a small sparkle, a charge of carbonic acid. छोटी चिनगारी, कार्बोनिक एसिड भरी हुई गोली।

Sparkling - स्पार्क्' - लिङ्ग् - *adj.* shining, glittering with sparks. चमकता या जगमगाता हुआ; **Sparklingly** (- लि) *- adv.* in a sparkling manner. चमकते हुए ढंग से।

Sparks - स्पार्क् - स् - *n.* a wireless operator. बेतार के तारबर्की के यन्त्र को चलानेवाला; **Fairy sparks** (phosphorescent light.) हड्डी इत्यादि से निकलनेवाला प्रकाश-कण।

Sparrow - स्पॅ' - रो - *n.* a kind of small bird. चटक गौरैया; **House sparrow** (domestic sparrow.) घरेलू गौरैया; **Sparrow-hawk** (a kind of small hawk.) गौरैया का शिकार करनेवाला बाज़ पक्षी।

Sparse - स्पार्स् - *adj.* thin, scattered, not dense. पतला, विरल, दूर-दूर पर का; **Sparsely** (- लि) *- adv.* in a scattered manner. विरलता से; **Sparseness, Sparsity** (- नेंस्,- इ - टि) *- ns.* thinness. विरलता, छरहरापन।

Spartan - स्पार्ट्' - एन् - *adj.* pertaining to Sparta, brave and hardy. स्पार्टा नगर-सम्बन्धी, वीर, साहसी।

Spasm - स्पॅज़्म् - *n.* strain, a sudden fit, excessive muscular contraction. सङ्कोच, मरोड़, ऐंठन; **Functional spasm** (nervous disorder caused by occupation.) किसी व्यवसाय के कारण नाड़ियों में ऐंठन आ जाना।

Spasmodical - स्पाज़् - माड' - इक - अल् - *adj.* relating to spasm, convulsive. मरोड़ या ऐंठन-सम्बन्धी, अङ्ग-सङ्कोच करनेवाला, ऐंठने (अकड़ने) वाला; **Spasmodically** (- लि) *- adv.* in a spasmodic manner. सङ्कोच से, ऐंठन से।

Spasmology - स्पाज़् - माल् - ओ - जि - *n.* a treatise on convulsions. ऐंठन के रोग का शास्त्र।

Spat - स्पॅाट् - *n.* the egg of fish or oyster. मछली या घोंघे का अण्डा।

Spat - स्पॅाट् - *p. t. & p. p.* of **Spit.** थूका।

Spatchcock - स्पॅाच् - कॉक् - *v. t. & n.* to insert words in a telegram hastily, fowl killed and cooked hastily. जल्दी से तार की खबर में शब्द भरना, जल्दी से मारकर पकाया हुआ मुर्गा।

Spate - स्पेट् - *n.* flood in a river. नदी का बाढ़।

Spatial - स्पे' - शल् - *adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spatiality - स्पे'- शाल् - इ - टि - *n.* spaciousness. विस्तार, फैलाव।

Spatially - स्पे'- शॉल् - इ - *adv.* in a spacious manner. विस्तृत ढंग से।

Spatter - स्पॅाट' - अर् - *v. t. & i.* to splash, to scatter in small drops. छितराना, छिड़कना *- n.* splashing. छितराव, छिड़कन।

Spatula - स्पॉट्'- यु - ला - *n.* an instrument with broad blade for spreading pigments, plaster &c., an instrument for pressing tongue. रङ्ग, मलहम इत्यादि फैलाने का औजार, जीभ दबाने का यन्त्र।

Spatular - स्पॉट्'- यु - लर् - *adj.* of the shape of a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatulate - स्पॉट् - यू - लेट् - *adj.* shaped like a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatule - स्पॉट्'- यूल् - *n.* broad spoon-shaped formation. चम्मच की तरह का चौड़ा आकार।

Spavin - स्पॅाव्' - इन् - *n.* a disease in horses. घोड़ों का एक रोग, हड्डा।

Spawn - स्पॉन् - *n.* eggs of fish or frog, (in contempt.) human offspring. मछली या मेढक का अण्डा, (तिरस्कार में) मनुष्य का बच्चा; *- v. t. & i.* to produce eggs, to generate. अण्डा देना, बच्चा जनना; **Spawner** (- अर्) *- n.* a female fish or frog. मादा मछली या मेढक।

Spay - स्पें - *v. t.* to castrate, to remove the ovaries. बधिया करना (आख्ता करना), स्त्रियों का डिम्बकोष या पुरुषों का अण्डकोष हटाना।

Speak - स्पीक् - *v. i. & t..* (*p. t.* **Spoke, Spake;** *p. p.* **Spoken.**) to utter words, to hold conversation (with a person about something), to deliver speech, to pronounce, to make known. बोलना (कहना), वार्तालाप करना, व्याख्यान देना, उच्चारण करना, जताना; **So to speak** (to speak in the way as.) यदि ऐसा प्रयोग किया जा सके; **To speak fair** (to speak in a fair language.) शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; **To speak for** (to speak for another.) किसी के लिये बोलना; **To speak ill of** (to abuse.) निन्दा करना; **To speak one's mind** (to express one's thoughts.) अपना विचार प्रकट करना; **To speak out** (to proclaim.) घोषित करना, स्पष्ट रूप से करना; **To speak up** (to speak loudly.) जोर से बोलना।

Speaker - स्पीक्'-अर् - *n.* one who makes dis-

course, the president of a deliberative assembly. बोलनेवाला (व्याख्यान देनेवाला), सभापति; **Speakership** (- शिप्) - *n.* the office of a speaker वक्ता का पद।

Speaking - स्पीक्' - इङ्ग् - *n. & adj.* act of expressing ideas in words, discourse, seeming to speak. भाषण (उक्ति), बातचीत, बोलती हुई; **Speaking trumpet** (a magaphone.) दूर तक शब्द फेंकनेवाली तुरही; **Speaking tube** (a pipe for speaking through.) बोलने की नली जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक शब्द पहुँच सकता है।

Spear - स्पिअर् - *n.* a long pointed hurling weapon, a lance. बरछी, भाला; **Spearman** (- मॉन्) - *n.* one armed with a spear. भाला धारण करनेवाला सिपाही; - *v. i. & t.* to kill with a spear. भाला या बरछी से मारना; **Spear head** (the part of an army where in all the resources are concentrated.) सेना का वह भाग जिसमें सारी शक्तियाँ केन्द्रीभूत होकर शत्रु पर आक्रमण करती है।

Spec - स्पेंक् - *n.* speculation, enterprise. कल्पना, विचार, युक्ति।

Special - स्पें - श्ल् - *adj.* particular, not general, peculiar, extraordinary, chief in excellence, uncommon. विशेष, असाधारण, विचित्र, असामान्य, प्रधान, अनोखा; -*n.* something specialiy appointed. असाधारण या विशिष्ट वस्तु; **Special characteristics** (distinctive quality.) विशिष्ट धर्म।

Specialism - स्पे'- शल् - इज़्म - *n.* devotion to a special branch of study. विशेष-विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति।

Specialist - स्पे'- शल् - इस्ट् - *n.* one who devotes himself to a special branch of knowledge. किसी व्यवसाय या शास्त्र के मुख्य अङ्ग में प्रवीण व्यक्ति; **Specialistic** (- इक्) - *adj.* pertaining to specialism. विशेष विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति से सम्बन्धित।

Speciality - स्पेंश' - एल् - टी - *n.* particular talent, a special contract, a special pursuit. विशेष धर्म, विशिष्टता, विशेष या साधारण शर्त, विशिष्ट नियम-पत्र।

Specialization - स्पेश'- अल् - आज़ - ए - शन् - *n.* the act of specializing. विशिष्टीकरण।

Specialize - स्पेंश'- अल् - आइज़् - *v. t. & i.* to make specific, to limit, to differentiate, to be a specialist. सीमा बाँधना, अलगाना, विशिष्ट करना, विशेषज्ञ बनना।

Specially - स्पेश' - अल् - इ - *adv.* in a special manner. विशेष रूप से।

Specie - स्पी'- शी - *n.* money in form of coins. नगद रुपया, सिक्का।

Species - स्पी' - शीज़् - *n.* (*sing. & pl.*) kind, sort, class. जाति, प्रकार, भेद, वर्ग; **A species of animal** (a class of animal.) प्राणि-विशेष; **Of the same species** (of similar class.) एक जाति का।

Specifiable - स्पेश्' - इ - फाइ - एबल् - *adj.* able to be specified. विशिष्ट वर्णन करने योग्य।

Specific - स्पेस - इफ' - इक् - *adj.* definite, distinct, possessing the qualities which characterize a species, peculiar. विशिष्ट, असामान्य, विशेष जाति का, विलक्षण; **Specific character** (distinct character.) विशेष लक्षण; **Specific gravity** (specific weight.) विशिष्ट गुरुत्व; **Specific medicine** (medicine having distinct effect in curing a particular disease.) किसी रोग के हटाने की विशिष्ट औषधि।

Specifically - स्पेस - इफ' - इक् - अल - इ - *adv.* in a specific manner. विशेष रूप से।

Specification - स्पेंस्' - इफ - इक - एं-शन् - *n.* the act of specifying, detailed description of anything. विशेष वर्णन, किसी पदार्थ की विस्तारपूर्वक व्याख्या।

Specificness - स्पेंस् - इफ' - इक् - नेंस् - *n.* distinctness. विशेषता।

Specified - स्पेंस्- इफ'- आइड् - *adj.* specially designated. निर्दिष्ट किया हुआ।

Specify - स्पेंस्' - इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Specified.**) to mention definitely, to name particularly. विशेष रूप से कहना, एक-एक करके वर्णन करना।

Specimen - स्पेंस्' - इ - मेन् -*n.* sample, pattern. आदर्श, प्रतिरूप, नमूना, प्रतिदर्श, बानगी।

Speciological - स्पेस' - इ - ओ - लॉज् - इक - अल् - *adj.* pertaining to speciology. जाति मूल शास्त्र सम्बन्धी।

Speciology - स्पेस' - इ - ओ - लाजि - *n.* the science of species. जाति के मूल का शास्त्र।

Speciosity - स्पेश् - इ - ऑस - इट - इ - *n.* good appearance. सुन्दर आकृति।

Specious - स्पी'- शस् - *adj.* obvious, showy, plausible, of good appearance, fair on the surface. स्पष्ट, दिखौवा, सदृश, देखाव में सुन्दर, अच्छी आकृति का; **Speciously** (- लि) - *adv.* in a specious manner. सुन्दर आकृति से; **Speciousness** (- नेंस्) - *n.* plausible appearance. दिखावटी सुन्दरता।

Speck - स्पेंक् - *n.* a small spot, stain, dot, mark of rottenness. सूक्ष्म बिन्दु, चिह्न, कलंक, बिन्दु, (फल में) सड़ाहट का चिह्न।

Speckle - स्पेंक्ल् - *n.* a small spot or speek. बिन्दु, चित्ती, धब्बा; -*v. t.* to cover with specks. धब्बा डालना।

Speckled - स्पेंक्ल्'- ड् - *adj.* spotted, variegated. चितकबरा चित्तीदार।

Speckless - स्पेंक् - लेंस् - *adj.* spotless. बिना धब्बे का, स्वच्छ।

Specs - स्पेंक्स् - *n. pl.* pair of spectacles. उपनेत्र, चश्मा।

Spectacle - स्पें - क्ट् - कुल् - *n.* public show or

exhibition. प्रदर्शनी, कौतुक (चमत्कार), तमाशा।

Spectacled - स्पें - क्ट् - कल् - ड् - *adj.* wearing spectacles. चश्मा पहिने हुए।

Spectacles - स्पें - क्ट् - कल् - स् - *n. pl.* pair of lenses set in a frame used for defective vision. उपनेत्र, चश्मा, ऐनक।

Spectacular - स्पेक - टॉक् - यू - लर - *adj.* pertaining to shows. प्रदर्शनी या कौतुक सम्बन्धी; **Spectacularly** (- लि) - *adv.* in a spectacular manner. चमत्कार से, प्रदर्शन करते हुए।

Spectator - स्पेक् - टेट' - अर् - *n.* (*fem.* **Spectatress** - ट्रेस्) a looker-on, a beholder. प्रेक्षक, देखनेवाला, तमाशबीन, दर्शक।

Spectral - स्पेंक्' - ट्रल् - *adj.* like a ghost, of ghost, resembling a spectre. प्रेत-तुल्य, भूत-प्रेत से सम्बन्ध रखनेवाला, भूत-प्रेत के समान; **Spectrally** (- लि) - *adv.* in a spectral manner. प्रेतवत्।

Spectre - स्पेक्ट्' - अर् - *n.* an apparition, a ghost. भूत, पिशाच (बेताल)।

Spectro - स्पेंक्ट्रॅ - *pref.* in sense of "spectrum". उपसर्ग जिसका अर्थ "दृश्य-सम्बन्धी" होता है; **Spectrograph** (- ग्रॉफ़्) - *n.* an apparatus for photographing the spectrum. दृश्य रूप का छायाचित्र खींचने का यन्त्र; **Spectroscope** (- स्कोप्) - *n.* an instrument for analysing the rays reflected by a spectrum. किरण के दृश्य-रूप को पृथक्-पृथक् देखने का यन्त्र; **Spectroscopic** (- स्कॉप् - इक्), **Spectroscopical** (- स्कॉप् - इकल्) - *adjs.* pertaining to spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र सम्बन्धी; **Spectroscopically** (- स्कॉप् - इक्लि) - *adv.* by means of spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र द्वारा विवरण करते हुए; **Spectroscopist** (- स्कॉ - पिस्ट्) -*n.* one who works with a spectroscope. स्पेक्स्ट्रोस्कोप यन्त्र का व्यवहार करनेवाला।

Spectrum - स्पेंक् - ट्रम् - *n.* (*pl.* **Spectra.**) an image of something presented to the eyes when the eyes are closed or turned away, an image formed by the rays of light,the seven coloured band formed by passing a light through a glass prism. आँख बन्द करने या फेर लेने पर जो रूप किसी पदार्थ का आँख में अंकित रह जाता है, प्रकाश की किरणों से बना हुआ आकार जो प्रकाश के न्यूनाधिक होने से गहरा या हलका देख पड़ता है, शीशे की त्रिभुजाकृति के बीच से सूर्य-किरण के जाने पर उसकी सतरंगी विश्लेषित पट्टी, मानावली।

Specular - स्पेक'- यू - लर - *adj.* having the qualities of a mirror. दर्पण के गुणवाला।

Speculate - स्पेंक्' - यु - लेंट् - *v. i.* to make an enquiry, to meditate, to form an opinion, to make investment, to make a purchase in expectation of a rise in value. विचार करना, सोचना, कल्पना करना, लाभ की आशा से व्यवसाय में धन लगाना या बेंचा-बिक्री करना।

Speculation - स्पेंक् - यु - लें - शन् - *n.* contemplation, mental view, theory. विचार, कल्पना, सिद्धान्त।

Speculative - स्पेंक' - यू - लें - टिव् - *adj.* contemplative. काल्पनिक, विचारवान्, विचार योग्य; **Speculatively** (- लि) - *adv.* theoretically. काल्पनिक रूप से; **Speculativeness** (- नेंस्) - *n.* the state of being speculative. कल्पना, विचार; **Speculator** (- अर्) - *n.* one who speculates. कल्पना करनेवाला, विचार करनेवाला।

Speculum - स्पेंक्'- यू - लम् - *n.* (*pl.* **Specula.**) a surgical mirror. शरीर के भीतर का भाग देखने का दर्पण।

Sped - स्पेंड् - *p. t. & p. p.* of **Speed.** went quickly. शीघ्रता से गया।

Speech - स्पीच् - *n.* the faculty of speaking, anything said, a particular language, public address, an oration. वाणी, वचन, भाषा, बोलचाल, व्याख्यान; **Eloquence of speech** (beautiful language.) पदलालित्य; **Figure of speech** (rhetorical abnormal expression.) अलंकार; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) व्याख्यानदाता का पहिला भाषण; **Part of speech** (grammatical division of words.) शब्द-भेद; **Set speech** (speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान।

Speechifier - स्पीच' - इ - फ़ायर् - *n.* one who speechifies. व्याख्यान देनेवाला।

Speechify - स्पीच'- इ-फ़ाइ - *v. t.* to make a speech. व्याख्यान देना।

Speechless - स्पीच्'- लेंस् - *adj.* deprived of speech, dumb. अवाक्, गूँगा; **Speechlessly** (- लि) - *adv.* mutely. मूकता से, बिना बोले हुए; **Speechlessness** (- नेंस्) - *n.* muteness, dumbness. मूकता, गूँगापन।

Speed - स्पीड् - *n.* rapidity or quickness of movement, success. वेग, शीघ्रता, गति, ऐश्वर्य, सफलता; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Sped.**) to go fast, to hasten, to make success, to aid. तेज़ चलना, जल्दी करना, सफल होना, सहायता देना; **God speed** (may God give prosperity.) ईश्वर मार्ग में कल्याण करें।

Speeder - स्पीड' - अर् - *n.* that which speeds motion. यन्त्र की गति बढ़ाने का साधन; **Speedily** (- इ - लि) - *adv.* with speed. झट, बिना विलम्ब के; **Speedometer** (स्पीड'- ओ - मिटर्) - *n.* speed indicator. किसी यन्त्र की गति बतलानेवाला यन्त्र या साधन।

Speedy - स्पीड'- इ - *adj.* rapid, prompt. शीघ्र गति का, वेगवान्।

Spelaean - स्पि - ली - अन् - *adj.* pertaining to caves, dwelling in caves. गुफ़ा-सम्बन्धी, गुफ़ा में

रहनेवाला।

Spell - स्पेल् - *n.* words used as a charm, fascination, attraction. यन्त्र (टोना, जादू), मोहन, आकर्षण; -*v. t.* to charm. मन्त्र द्वारा वशीभूत करना।

Spell - स्पेल् - *v. t.* (*p. t. & p. p.* **Spelled, Spelt.**) to write or name the letters that form a word, to take the place of. किसी शब्द के अक्षरों को यथास्थान बतलाना, शब्द-विन्यास करना, पारी से काम करना; **To spell backwards** (to change meaning.) अर्थ बदलना; **To spell out** (to make out words letter by letter.) हिज्जे करना, शब्द-विन्यास बताना।

Spell-bound - स्पेल्' - बाउन्ड् - *adj.* fascinated. अभिमन्त्रित, मन्त्र द्वारा रोका हुआ।

Speller - स्पेल्' - अर् - *n.* one who is skilled in spellng. शब्द में अक्षरों को यथास्थान बतलानेवाला।

Spelling - स्पेंल्' - इङ्ग् - *n.* the act of naming the letters of a word. शब्द-विन्यास, हिज्जे; **Double spelling** (two forms of a word.) शब्द का दो रूप; **Spelling book** (a book for teaching children to spell and read.) बच्चों को शब्दों का हिज्जे करना तथा पढ़ना सिखलाने की पुस्तक; **Variation in spelling** (different spellings.) शब्द-विन्यास का अन्तर।

Spelt - स्पेल्ट् - *p. p.* of **Spell.** हिज्जे बताया गया।

Spelt - स्पेल्ट् - *n.* German wheat. जर्मनी का गेहूँ।

Spelter - स्पेल्' - टर् - *n.* zinc. जस्ता।

Spencer - स्पेन्सर् - *n.* a short overcoat for men of women. पुरुष या स्त्री का छोटा ऊपरी कोट।

Spend - स्पेन्ड् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Spent.**) to pay for a purchase, to lay out, to consume, to wear out, to waste. व्यय करना, लगाना, उपयोग करना (उड़ाना), लुटाना, क्षय करना; **Spent with toil** (exhausted owing to labour.) परिश्रम से थका हुआ।

Spendable - स्पेन्ड्'-ए-ब्ल् - *adj.* able to be spent. व्यय करने योग्य।

Spender - स्पेन्ड्' - अर् - *n.* one who spends. व्यय करनेवाला।

Spending - स्पेन्डिङ्ग् - *n.* expense, waste. व्यय, त्याग।

Spendthrift - स्पेन्ड्' - थ्रिफ़्ट् - *n.* one who spends lavishly. अतिव्ययी, मुक्तहस्त धन उड़ानेवाला।

Spent - स्पेन्ट् - *p. t. & p. p.* of **Spend.** व्यय किया।

Sperm - स्पर्म् - *n.* the male generative cell, spermaceti. शुक्राणु, शुक्र, वीर्य, मछली के सिर में से निकाली हुई चर्बी।

Spermaceti - स्पेर्' - माँ - सेंटि - *n.* a white fatty substance obtained from the head of sperm, whale &c. शुक्राणु या ह्वेल मछली के सिर का तेल।

Spermary - स्पर' - मरि - *n.* the gland which contains sperm. शुक्राशय।

Spermatic - स्पर् - माँ - टिक् - *adj.* pertaining to sperm. शुक्राणु या शुक्र सम्बन्धी।

Spermato - स्पर्माँ - टॅ - *pref.* in sense of 'sperm' 'शुक्र' अर्थ का उपसर्ग; **Spermatology** (- लॅ - जि) - *n.* the study of sperm. शुक्र के अध्ययन का शास्त्र; **Spermatorrhoea** (- रि - आ) - *n.* involuntary emission of semen. अज्ञात में शुक्रपात; **Spermatozoa** (- ज़ो - आ) - *n. pl.* (*sing.* **Spermatozoon.**) sperm-cells. शुक्राणु।

Spermo - स्पर् - मॅ - *pref.* in sense of 'seed'. 'बीज' अर्थ का उपसर्ग।

Spew, Spu - स्प्यू - *v. t. & i.* to vomit, to droop very quickly. वमन करना, जल्दी से गिरना।

Sphagnum - स्फग्' - नम् - *n.* (*pl.* **Sphagna.**) a kind of moss which grows in marshes. दलदल में उगनेवाली एक प्रकार की सेवार।

Sphenoid - स्फी - नॉ - इड् - *adj.* of the shape of a wedge. फन्नी के आकार की।

Sphenoidal - स्फ़ी - नॉ - इ - ड् - अल् - *adj.* of a form of a sphenoid. फन्नी की आकृति का।

Sphere - स्फ़ि - अर् - *n.* ball, globe, the heavens, a heavenly body, province, one's field of action. गेंद, पोलक, आकाश, ग्रह, अधिकार (पद), कार्य, स्थिति; - *v. t.* to form into roundness. मण्डल के आकार का बनाना, चक्र में लपेटना; **Celestial sphere** (heavenly body.) ग्रह मण्डल।

Spheric - स्फ़ें - रिक् - *adj.* celestial, of the heavens. आकाश-सम्बन्धी, दैवी; **Spherical** (- अल्) -*adj.* globular, shaped like a sphere. वर्तुल, गोल, गोलाकार; **Spherically** (- लि) - *adv.* in a spherical manner. गोलाकार रूप में।

Sphericity - स्फे - रिस्' - इट् - इ - *n.* rotundity. गोलाई।

Spherograph - स्फिर' - ओ - ग्राफ़् - *n.* an instrument for projecting the relative positions of the earth on a disk. किसी गोल वस्तु पर पृथ्वी का छायाचित्र बनाना।

Spheroid - स्फ़ि - रॉ - इड् - *n.* a sphere-like solid. उपगोल, अण्डाकार आकृति; **Spheroidical** (- इ - कल्) - *adj.* in the form of a spheroid. अण्डाकार आकृति के रूप में।

Spherometer - स्फ़ि (- स्फें) - रो - मी - टर - *n.* an instrument for finding out the radius of a sphere. गोलक का अर्धव्यास ठीक-ठीक नापने का यन्त्र।

Spherular - स्फे'- र्‌युलर् - *adj.* pertaining to a spherule. छोटे गोलक का।

Spherule - स्फ़ेंर्' - युल् - *n.* a small sphere. छोटा गोलक।

Sphery - स्फ़ीयर' - इ - *adj.* spherical. गोलाकार।

Stock-exchange - स्टॉक्' - एँक्स् - चेंन्ज् - *n.* the place where stocks and shares are bought and sold. सरकारी हुन्डी बेचने या खरीदने का स्थान।

Stock-farmer - स्टॉक्' - फ़ार्मर् - *n.* he who breeds live-stock. पशुओं की सन्तति बढ़ानेवाला किसान।

Stockily - स्टॉक्' - इ - लि - *adv.* in a thick man-

ner. गठीलेपन से।

Stockiness - स्टॉक्'- इ - नेंस् - *n.* the quality of being stocky. गठीलापन।

Stockinette - स्टॉक् - इ - नेंट्'- *n.* a kind of material for underclothing. भीतरी वस्त्र बनाने का एक प्रकार का कपड़ा।

Stocking - स्टॉक्' - इङ्ग् - *n.* a close-fitting knitted covering for the legs or feet. पैर का मोजा; **Stocking-loom, Stocking-machine** (a knitting machine.) मोजा बुनने का यन्त्र।

Stock-jobber - स्टॉक्'- जाब'- अर् - *n.* one who deals in stocks and shares. लाभ के निमित्त सरकारी हुंडी खरीदने या बेचनेवाला।

Stockless - स्टॉक्'- लेंस् - *adj.* without stock. बिना पशु या वृक्ष-स्तम्भ या कुटुम्ब या सामग्री का।

Stock-pot - स्टॉक्'- पॉट् - *n.* a pot in which soup is prepared. झोल या तरकारी बनाने का बड़ा पात्र।

Stocks & dies - स्टॉक्स्' - ऑन्ड् - डाइज़् - *n.* instruments for making threads on bolts and in nuts. छड़ तथा ढिबरी में पेंच बनाने का यन्त्र।


Stocks & dies.

Stock-still - स्टॉक्'- स्टिल् - *adj.* motionless. स्थिर, निश्चल, अचल।

Stock-yard - स्टॉक्' - यार्ड् - *n.* a pen for cattle. पशुओं को बन्द करने का बाड़ा।

Stocky - स्टॉक् - इ - *adj.* strongly built. नाटा, गठीले शरीर का।

Stodge - स्टॉज् - *n.* a heavy food, one who eats greedily. भारी भोजन, भुक्खड़ मनुष्य; - *v. t.* to eat greedily, to stuff. भुक्खड़ की तरह खाना, भकोसना।

Stodginess - स्टॉज़ - इ - नेंस् - *n.* the state of being stodgy. फुलाहट, परिपूर्णता।

Stodgy - स्टॉज़ - इ - *adj.* indigestible, bulging out. न पचनेवाला, फूला हुआ, परिपूर्ण।

Stoic - स्टो' - इक् - *n.* a disciple of the philosopher Zeno of Athens, one who has control over his passions and to whom pleasure and pain are indifferent. तत्ववेत्ता ज़ीनो का शिष्य, जितेन्द्रिय, सुख-दुःख को समान समझने वाला (निःस्पृह, उदासी), वैरागी।

Stoical - स्टो'- इक'- अल् - *adj.* pertaining to the doctrine of Stoics. उदासीन (निःस्पृह), समबुद्धि; **Stoically** (- लि) - *adv.* in a stoical manner. उदासीनता या वैराग्य से।

Stoicism - स्टो'- इ - सिज़्म् - *n.* indifference to pleasure or pain. आत्मसंयम, सुख-दुःख की समता।

Stoke - स्टोक् -*v. t. & i.* to feed the fire of an engine. इंजन में कोयला झोंकना।

Stoke-hole - स्टोक्' - होल् - *n.* the part of a ship's hold containing the boilers. जहाज़ का वह स्थान जहाँ वाष्प-यन्त्र रहते हैं।

Stoker - स्टॉक - अर् - *n.* one who manages a furnace. इञ्जन की भट्ठी में कोयला झोंकनेवाला।

Stole - स्टोल् - *n.* a hanging garment. ओढ़नी, उपरना; **Stoled** (-ड्) - *adj.* wearing a stole. ओढ़नी ओढ़े हुए।

Stole - स्टोल्, **Stolen**- स्टोलन् -*p. t. & p. p.* of **Steal.** चुराया, चुराया गया।

Stolid - स्टोल्'- इड् - *adj.* phlegmatic, obstinate, not easily agitated, foolish. कफ निकलने वाला, हठी, शीघ्र उत्तेजित न होनेवाला, मूर्ख।

Stolidity - स्टॉल् - इड् - इटि - *n.* dullness. मूर्खता।

Stolidly - स्टॉल्' - इड् - लि - *adv.* in a dull manner. हठ से, मूर्खता से।

Stolon - स्टो' - लॅन, **Stole** - स्टोल् - *ns.* prostrate branch of some trees that strikes root and develops into a new plant. विरोह।

Stoloniferous - स्टो - लान - इफ'- अर - अस् - *adj.* putting forth stolons. विरोह उत्पन्न करने वाले।

Stoma - स्टोमॉं - *n.* (*pl.* **Stomata.**) a minute hole on the epidermis of a leaf. पत्ररंध्र।

Stomach - स्टम'- एक् - *n.* the internal cavity of an animal trunk in which there are the chief organs of digestion, belly, abdomen appetite for a thing. पक्वाशय, जठर, पेट (आमाशय), इच्छा (कामना); - *v. t.* to eat with relish, to put up with resentment. खाद से भोजन करना, क्रोध से सहन करना; **High stomach** (haughtiness.) दृढ़ता, हठ, दर्प; **Stomachache** (- एक्') - *n.* pain in the stomach. पेट का दर्द, उदरशूल; **Stomachal** (- अल्) - *adj.* pertaining to the stomach. उदर-सम्बन्धी; **Stomacher** (- अर्) - *n.* a kind of female dress covering stomach and breast. अँगिया, चोली; **Stomachful** (- फुल्) - *n.* the stomach being full, angry, haughty, spirited, bold. पेटभर, क्रोधी, घमंडी, उत्साही, साहसी; **Stomachless** (- लेंस्) - *adj.* having no appetite. बिना क्षुधा का; **Stomach-tooth** (- टूथ्) - *n.* a lower canine milk tooth in infants. बच्चों के नीचे का सुआ दाँत।

Stomachic - स्टोम'- आक् - इक् - *adj.* of the stomach, increasing appetite. उदर-सम्बन्धी, अग्निवर्धक, भूख बढ़ानेवाला; - *n.* a medicine that stimulates appetite. अग्निवर्धक औषधि।

Stomato - स्टॅ -मॉं - टॅ - *pref.* meaning "mouth." "मुख" अर्थ का उपसर्ग; **Stomato-gastric** (- गॉस्' - ट्रिक्) - *adj.* pertaining to the mouth and stomach. मुख तथा उदर-सम्बन्धी।

Stone - स्टोन् - *n.* a piece of rock, a gem,anything hard and brittle, calculous in the bladder of kidney, a hard seed of fruits, a weight of 14 lbs. (शिला) पत्थर, रत्न, ढेला (ढोंका), अश्मरी (पथरी जो मूत्राशय में पड़ जाती है), फलों की गुठली, सात सेर की तौल; - *v. t.* to face with stones, to obstruct, to pelt with stones. पत्थर बैठाना, रोकना, पत्थर के टुकड़े से मारना; **A heart of stone** (extremely cruel.) कठोरहृदय, वज्रहृदय; **The stone age** (the period of stone implements.) पाषाण काल या वह युग जिसमें मनुष्य पत्थर के शस्त्रों का व्यवहार करते थे; **Grind-stone** (a revolving circular stone for grinding tools.) सान; **Stones will cry out** (a wrong so great as to move even inanimate objects.) ऐसी निर्दयता जो प्राणहीन को भी हिला देती है; **To free from stones** (to remove stones from fruits.) फलों में से गुठली अलगाना; **To give a stone for bread** (to offer mocking help.) दिखावटी सहायता करना; **To kill two birds with one stone** (to try every possible means.) एक पन्थ दो काज; **To leave no stone unturnee** (to spare no pains.) सब प्रकार के उपाय करना; **To stone to death** (to pelt by stone to death.) ढेलों से मार डालना।

Stone-blind - स्टोन्'- ब्लाइन्ड् - *adj.* blind as a stone. पूरी तरह से अन्धा; **Stone-butter** (- बट्र्) -*n.* a kind of alum. एक प्रकार की फिटकिरी; **Stone cutter** (- कटर्) - *n.* one who hews stone by profession. पत्थर गढ़नेवाला, संगतराश; **Stone-deaf** (- डेंफ्) - *adj.* perfectly deaf. बिलकुल बहिरा; **Stoned** (- ड्) - *adj.* made of stone. पत्थर लगा हुआ; **Stone-fruit** (- फ्रूट्) - *n.* a fruit with a hard stone. गुठलीदार फल; **Stone-hearted** (- हार्ट् - एँड्) - *adj.* cruel. निर्दयी; **Stoneless** (- लेंस्) - *adj.* devoid of stone. बिना पत्थर का; **Stonemason** (- में '- सन्) - *n.* a worker in stone. संगतराश; **Stone-mill** (- मिल्) - *n.* a machine for breaking stone. जाँता, पत्थर तोड़ने की चक्की; **Stone-pit** (- पिट्) - *n.* a stone mine. पत्थर की खान; **Stoneware** (- वेअर्) - *n.* articles made of stone. पत्थर के पात्र।

Stonily - स्टोन - इ - लि - *adv.* in a stony manner. कठोरता से; **Stoniness** (- नेंस्) - *n.* hardness of heart. कठोरता, निर्दयता; **Stony** (- इ) - *adj.* (*comp.* **Stonier,** *sup.* **Stoniest.**) full of stones, hard, rigid. शिलामय, पथरीला, पत्थरों से भरा हुआ।

Stood - स्टुड् - *p. t. & p. p.* of **Stand.** खड़ा हुआ।

Stook - स्टूक् - *n.* a stock of bundles of stalks. अनाज की डंठलों के गाँठों का ढेर।

Stool - स्टूल् - *n.* a seat without back, window-sill, place for evacuation of bowels faeces. तिपाई, मचिया, खिड़की की देहली, मल-मूत्र त्यागने का स्थान, विष्ठा; - *v. i. & t.* to evacuate bowels, to throw up shoots from a root. विष्ठा करना, जड़ में अँखुआ फूटना; **To go to stool** (to go evacuate bowels.) पायखाना फिरने जाना।


Stoop - स्टूप् - *v. t. & i.* to bend down so as to bring the head near the ground, to submit, to condescend, to incline, to swoop. शरीर आगे को झुकाना, नवना, निहुरना, अधीन होना, झपटना; - *n.* a swoop of the body. शरीर का झुकाव।

Stooping - स्टूप् - इङ्ग् - *n.* bending. नमन; **Stoopingly** (- लि) - *adv.* in a stooping manner. मस्तक झुकाकर।

Stop - स्टॉप् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Stopped.**) to put a stop to, to prevent passage through, to obstruct, to close,to suspend, to put an end to, to decline permission, to cease from motion. डट्टा लगाना, अवरोध करना, रोकना, बन्द करना, रुकावट डालना, समाप्त करना, बाधा डालना (ठहराना, रुकना), गति बन्द करना; **To stop a bullet** (to be shot.) गोली खाना; **To stop down** (to decrease the apperture of a photographic camera.) फ़ोटो के केमरा के ताल का छिद्र कम करना; **To stop one's ears** (to refuse to listen.) कान बन्द करना, बातें न सुनना; **To stop one's mouth** (to induce by bribery, to remain silent.) घूस देना, मुख बन्द करना; **To stop out** (to cover up.) ढाँक रखना; **To stop short** (to stop all of a sudden.) एकाएक रुक जाना; **to stop up** (to remainawake.) जागते रहना।

Stop - स्टॉप् - *n.* cessation of motion, check, punctuation mark. प्रतिबन्ध, रुकावट, विश्राम, विराम के चिह्न; **Full-stop** (the punctuation mark (.) पूर्ण विराम का चिह्न (.); **Stop-cylinder** (a kind of printing-press.) एक प्रकार की छापे की कल; **To put a ful-stop to** (to finish speaking.) वाक्य समाप्त करना।

Stop-cock - स्टॉप्'- कॉक् - *n.* the tap of a pipe for letting lIquids flow. पानी निकलने की टोंटी।


Stop-cock.

Stopless - स्टॉप' - लेस् - *adj.* devoid of any check. बिना रुकावट का।

Stop-motion - स्टॉप्'- मो - शन् - *n.* an appliance for stopping motion. गति रोकने का साधन।

Stoppage - स्टॉप्'-एज् - *n.* obstruction. अवरोध, रुकावट।

Stopper - स्टॉप् - अर् - *n.* anything that stops, a piece of rope for fastening anchor. रोकनेवाला डट्टा, लंगर इत्यादि बाँधने का रस्सा।

Stopping - स्टॉप्'- इङ्ग् - *n.* something that stops. बन्द करने का साधन।

Stopple - स्टॉप्ल् - *n.* the stopper of a bottle, a plug. बोतल का डट्टा; - *v. t.* to close with a stopper. डट्टा लगाना।

Stop-press - स्टॉप्'- प्रेस् - *n.* news inserted in a paper after the printing has begun. समाचारपत्र के छपते-छपते समय का समाचार।

Stop-valve - स्टॉप्'- व़ॉल्व् - *n.* a plug closing the passage of a pipe. तरल पदार्थ के रोकने का डट्टा।

Storable - स्टॉर'- एब्ल् - *adj.* able to be stored. इकट्ठा या जमा करने योग्य।

Storage - स्टॉर - एज् - *n.* the safe storing of goods, charges paid for this. संग्रह, सामग्री का भण्डार में संग्रह या संचय, भराई का भाड़ा या कर; **Coldstorage** (storing in ice.) बरफ़ में सुरक्षण।

Storax - स्टोर' - एक्स् - *n.* a resinous balsam used in medicine. शिलाजीत।

Store - स्टोर् - *n.* a great quantity or number, abundance, plenty, a place where things are kept, warehouse, commercial establishment. सञ्चय, सामग्री, अधिकता, भण्डार, कोठी, कारखाना; -.*v. t.* to furnish with some thing, to lay up in store. संग्रह (इकट्ठा) करना, भण्डार में रखना (बटोरना), ढेर लगाना; **In store** (ready.) प्रस्तुत, तैयार।

Store-clothes - स्टोर्'- क्लोद्स् - *n.* prepared clothes. तैयार (बने हुए) कपड़े।

Stored - स्टोर्ड् - *adj.* laid in store. इकट्ठा किया हुआ, सञ्चय किया हुआ।

Store-house - स्टोर्'- हा - उस् - *n.* a house in which stores are kept. भण्डारघर, कोष।

Store-keeper - स्टोर्'- कीप् - अर् - *n.* one who is in charge of stores. भण्डार का अध्यक्ष, भण्डारी।

Store-room - स्टोर्'- रूम् - *n.* a room in which articles are stored. घर में भण्डार का कमरा।

Stores - स्टोर्स - *n. pl.* a shop with many departments, articles of a particular sort. कारखाना, विशेष प्रकार की सामग्री।

Storey, Story - स्टोरि - *n.* (*pl.* **Storeys, Stories.**) the horizontal divisions of a building, the rooms &c. in one floor. मकान का खण्ड, मंजिल।

Storeyed, Storied - स्टो'- रिड् - *adj.* having several storeys. अनेक खण्डों या मंजिलोंवाला।

Storge - स्टॉर्ज् - *adj.* love for one's progeny, parental affection. पैतृक स्नेह, माता-पिता का बच्चों का प्यार।

Storiated - स्टा'- रि - एट् - एड् - *adj.* with elaborate embellishments. चित्र इत्यादि से सुशोभित किया हुआ।

Storied - स्टा'- रिड् - *adj.* celebrated in stories, told in legends. कथा में वर्णन किया हुआ, ऐतिहासिक कथाओं का।

Storiologist - स्टा - री - आल् - ओ - जिस्ट् - *n.* a student of folklore. ग्रामीण गाथा का अध्ययन करनेवाला।

Stork - स्टॉर्क् - *n.* a tall wading bird similar to a heron. क्रोञ्च पक्षी, सारस।

Storm - स्टॉर्म् - *n.* a violent tempest, great excitement, tumult, commotion, agitation, violent attack, a shower of missiles. प्रचण्ड वायु, आँधी या तूफान, संक्षोभ, बलवा, झगड़ा, भयङ्कर आक्रमण (धावा), शस्त्रों की बौछार; - *v. i. & t.* to be violent, to talk furiously, to scold, to bluster. झकोरा होना, क्रोध से बोलना, गाली देना, क्रोध करना; **Storm-belt** (- बेल्ट्) - *n.* the track in which storms are frequent. भूमण्डल पर के वे स्थान जहाँ प्रचण्ड वायु चला करती है; **Storm-bound** (- बाउन्ड्) - *adj.* prevented from leaving port. आँधी के कारण रुका हुआ जहाज़; **Storm-cloud** (- क्लाउड्) - *n.* disturbing affairs. विप्लव करनेवाली घटना; **Storm-door** (- डोर्) - *n.* additional outer door for protection from bad weather. आँधी से बचाव के लिये खिड़की का दुहरा पल्ला; **Stormer** (- अर्) - *n.* one who assaults. आक्रमण करनेवाला; **Stormful** (- फुल्) - *adj.* full of storms. आँधी से पूर्ण; **Stormfulness** (- फुल् - नेस्) - *n.* the state of being stormful. आँधी से पूर्णता; **Stormily** (- इ - लि) - *adv.* angrily. तीव्रता से, क्रोध से; **Storminess** (- इ - नेस्) - *n.* tumultuousness. प्रचण्डता; **Storming party** (- इङ्ग् - पार्टि) - *n.* the party which leads an assault on a fortified place. किले पर आक्रमण करनेवाली सेना; **Stormless** (-लेस्) - *adj.* devoid of storm. बिना आँधी का; **Storm-proof** (- प्रूफ़्) - *n.* protecting from storm. आँधी से बचाव करनेवाला साधन; **Stormy** (- इ) - *adj.* tempestuous, vehement, violent, boisterous. प्रचण्ड वायु का, क्रोधी, तीव्र, उद्दण्ड।

Story - स्टोरि - *n.* (*pl.* **Stories.**) a place between two floors, the history of one's life, the account of an incident, a short narrative, tale, the loft of a house, the plot of a drama. मकान का खंड, जीवनी, कथा, वृत्तान्त, कहानी, घर का ऊपरी भाग, कथानक, नाटक की कथा का आधार या ढाँचा; **Historical story** (story based on history.) ऐतिहासिक कथा; **Quite another story** (quite a different narrative.) दूसरा ही वृत्तान्त; **Story-book** (- बुक्) - *n.* a book containing short tales or stories. कथा-कहानी की पुस्तक; **The story goes** (it is said.) ऐसा कहा जाता है; **Story-teller** (-टेलर्) - *n.* a historian, one who narrates stories. कथा कहनेवाला।

Stoup - स्टूप् - *n.* a vessel for holy waters, a kind of drinking pot. पवित्र जल का पात्र, पानी पीने का बर्तन।

Stout - स्टाउट् - *adj.* strong, resolute, brave,

sturdy, strongly built. स्थूल शरीर का, पुष्ट, दृढ़, वीर, प्रबल; **Stout-hearted** (- हार्‌टेंड्) - *adj.* brave. वीर हृदय का; **Stout-heartedly** (- लि) - *adv.* bravely. वीर हृदयता से; **Stout-heartedness** (- हार्‌टेंड् - नेंस्) - *n.* the state of being brave. वीरहृदयता; **Stoutish** (- इश्) - *adj.* somewhat stout. थोड़ा पुष्ट; **Stoutly** (- लि) - *adv.* boldly. साहस से; **Stoutness** (- नेंस्) - *n.* fortitude, boldness. प्रबलता, वीरता, साहस।

Stove - स्टोव् - *n.* an apparatus for heating, a hot-house, a cooking apparatus. अँगीठी, पौधों को गरम रखने का कमरा, चूल्हा, भट्ठी; **Stove-pipe** (- पाइप्) - *n.* a pipe that conducts smoke from a stove. अँगीठी से धुवाँकश तक धुवाँ ले जानेवाली नली।

Stover - स्टोव् - अर् -*n.* fodder for cattle. पशुओं का चारा।

Stow - स्टो - *v. t.* to pack goods in a compact form, to fill things in a well-arranged manner. कसकर माल बाँधना, ठिकाने से सामग्री रखना; **To stow things away** (to place things where they may not intrude.) ऐसे प्रकार से सामग्री रखना जिसमें किसी प्रकार का विघ्न न हो।

Stowage - स्टो' - एॅज् - *n.* a room for stowing things. सामग्री रखने का स्थान।

Stowaway - स्टो' - अ - वे - *n.* one who hides himself in a ship for the sake of securing a free passage. वह जो बिना महसूल दिये यात्रा करने के लिये जहाज़ पर अपने को छिपा लेता है।

Strabismic - स्‌ट्रें - बिज़' - मिक् - *adj.* squinting. ऐंचा।

Strabismus - स्ट्राब - इज़ - मस - *n.* a squinting person. ऐंची आँख का मनुष्य।

Strabotomy - स्ट्राब - ऑट्'- ऑम् - इ - *n.* the operation of the eyes for removing squinting. आँख की ऐंचन हटाने के लिये इसकी ज़र्राही।

Straddle - स्ट्रॉ' - ड्ल् - *v. i. & t.* to stand or sit with legs wide apart, to part one's legs widely. पैर फैलाकर बैठना या खड़े होना, पैर दूर-दूर करना; - *n.* the act of straddling. पैर का फैलाव।

Stradivarius - स्ट्राड - इ - वेअर - इ - अस् - *n.* a kind of stringed instrument. एक प्रकार की वीणा या सारङ्गी।

Strafe - स्ट्राफ़् - *v. t.* to thrash, to abuse, to attack, to punish. पीटना, गाली देना, हमला करना, दण्ड देना; - *n.* abusive language. गाली-गलौज।

Straggle - स्ट्रॉग्ल् - *v. i.* to be scattered, to get dispersed. छितराना, अलग होना।

Straggler - स्ट्रॉग् - लर् - *n.* one who straggles, a rover or wanderer, a vagabond. भ्रमणशील, घुमक्कड़, छितरानेवाला; **Straggling** (- गिलङ्ग्) - *adj.* wandering. घूमनेवाला; **Stragglingly** (- गिलङ्ग्' - लि) - *adv.* in a straggling manner. घूमते हुए, छितराते हुए।

Straight - स्ट्रेट् - *adj.* without bend, not crooked, extending in one direction, without curves, honest, candid. बिना मोड़ का, अकुटिल, सीधा (खड़ा), सादा, सरल, ईमानदार।

Straightaway - स्ट्रेट्' - अ - वे - *adj.* straightfor ward. स्पष्टवक्ता।

Straight-cut - स्ट्रेट्' - कट् - *adv.* cut lengthwise. खड़े बल में काटा हुआ।

Straighten - स्ट्रेट्'- न् - *v. t.* to make straight. सीधा करना; **Straightener** (- नर्) - *n.* he who or that which straightens. फैलाने या सीधा करनेवाला।

Straightforth - स्ट्रेट्' - फ़ोर्थ् - *adv.* henceforth. अब से आगे; **Straightforward** (- फ़ॉर्' - वर्ड्) - *adj.* upright, open. सरल, सरल प्रकृति का; **Straightforwardly** (- फ़ॉर्'- वर्ड् - लि) - *adv.* in a straightforward manner. सीधे-सीधे, स्पष्ट रूप से; **Straightforwardness** (- फ़ॉर्' - वर्ड् - नेंस्) - *n.* uprightness, openness. खरापन, सीधापन; **Straightly** (- लि) - *adv.* in a right line. सीधी रेखा में; **Straightness** (- नेंस्) -*n.* the quality of being straight. सीधापन।

Straight off - स्ट्रेट्' - ऑफ़् - *adv.* without a hitch. बिना हिचक के।

Straight-thinking - स्ट्रेट्'- थिक् - इङ्ग् - *n.* candid thought. न्यायपूर्वक विचार।

Straightway - स्ट्रेट्'- वें - *adv.* immediately. तुरंत, झटपट।

Strain - स्ट्रेन् - *v. t.& i.* to stretch to the utmost, to stretch tightly, to sprain, to distort the meaning, to do one's utmost, to constrain, to pass through a sieve. तानना, कसकर फैलाना, ऐंठना, खींच-खींचकर अर्थ निकालना, अधिक प्रयत्न करना, शोधना (विमल करना), छानना, निचोड़ना; -*n.* a violent effort, tension, music. श्रम, तनाव, तीव्र उद्योग, झुकाव, ऐंठन, गीत; **In another strain** (in a different tune.) दूसरे लय में; **To strain a point** (to go beyond limit.) सीमा से बाहर जाना।

Strainable - स्ट्रेन' - एब्ल् -*adj.* able to be strained. तानने या छानने योग्य; **Strained** (- न्ड्) - *adj.* artificial, constrained. कृत्रिम, खिंचा हुआ, तना हुआ; **Strainer** (- नर्) - *n.* an instrument for filtering. छानने का यन्त्र; **Straining** (- निङ्ग्) - *n.* pressure, difficulty. दबाव, कठिनाई।

Strait - स्ट्रेट् - *adj.* narrow, confined, strict. संकुचित, सँकरा, कठिन; -*n.* a narrow pass of water, difficulty. जलडमरूमध्य, जलसंयोगी, आबनाय, संकुचित मार्ग, सङ्कट (आपत्ति, दुर्दशा); **Straits** (- स्) - *n.pl.* a difficult position. (ब० व०) संकट की अवस्था।

Straiten - स्ट्रेट्'- अन् - *v. t.* to make narrow, to distress. संकुचित करना (कष्ट देना), व्याकुल करना; **Straitened circumstances** (times of dis-

tress.) दुर्गति, कठिन अवस्था।

Straitly - स्ट्रेट्'- लि - *adv.* narrowly. संकुचित रूप से।

Straiteness - स्ट्रेट्'- नेंस् - *n.* a distress, want. आपत्ति, कष्ट, अभाव।

Strake - स्ट्रेक् - *n.* the iron band of a wheel. पहिये की लोहे की हाल।

Stramineous - स्ट्रॉ - मिन् - इ - अस् - *adj.* chaffy, similar to straw. भूसा भरा हुआ, भूसे के समान।

Stramonium - स्ट्रॉ - मो' - नि - अम् - *n.* a plant whose seeds are used in medicine. एक प्रकार का धूतरा।

Strand - स्ट्रॉन्ड् - *n.* the margin of sea or lake, beach, one of the component strings of a rope. तीर, किनारा, रस्से का बल (भाँज); - *v. t. & i.* to drift on shore, to run aground, to break up a rope in strands. रेती या घाट पर लगाना, भूमि पर लग जाना; रस्से की भाँज अलगाना।

Stranded - स्ट्रॉन्ड्' - ऍड् -*adj.* without resources. निःसहाय।

Strange - स्ट्रे - न्ज् - *adj.* foreign, unfamiliar, new, wonderful, peculiar, surprising, queer. अपूर्व, परदेशी, अपरिचित, विचित्र, अद्भुत, अनोखा (अलौकिक), असम्भव; **Strangely** (- लि) - *adv.* in a peculiar manner. विलक्षण प्रकार से; **Strangeness** (- नेंस्) - *n.* the state of being peculiar. विलक्षणता, विचित्रता।

Stranger - स्ट्रेन्ज्'- अर् - *n.* an unknown person, a foreigner, a guest. अज्ञात, परदेशी, अनजान (पराया), अतिथि; **The little stranger** (a newborn babe.) नवजात शिशु।

Strangle - स्ट्रांङ्ग्'- ल् - *v. t.* to kill by pressing the neck, to suppress, to suffocate. गला ऐंठकर या दबाकर मार डालना, दबाना, गला घोंटना।

Strangler - स्ट्रांङ्ग्'- लर् - *n.* one who strangles. गला घोंटनेवाला।

Strangles - स्ट्रॉङ्ग्'- ल्ज़् - *n.* an infectious disease in cattle. पशुओं का एक संक्रामक रोग।

Strangulate - स्ट्रॉङ्ग् - ग्यु - लेंट् - *v. t.* to strangle, to stop circulation of blood by compression. गला घोंटना, अङ्ग बाँधकर रुधिर की गति रोकना।

Strangulation - स्ट्रॉङ्ग्' - ग्यु - लें '- शन् - *n.* constriction of the throat. गला घोंटने का काम।

Strangurious - see **Strangury.**

Strangury - स्ट्रॉङ्'- ग्यू - रि - *n.* a disease in which urine passes with difficulty or in drops. अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, बूँद-बूँद करके कष्ट से पेशाब होने का रोग; **Strangurious** (- अस) - *adj.* pertaining to strangury. अश्मरी या मूत्र-कृच्छ्र रोग से संबंधित।

Strap - स्ट्रॉप् - *n.* a long narrow strip of leather, cloth or other flexible material used for binding. चर्मपट, पट्टी, तस्मा; - *v. t.* (*p. t.* **Strapped.**) to fasten with a strap, to sharpen razor on a strap. तस्मे से बाँधना, चमोटे पर उस्तरा तेज करना; **The strap** (chastisement with a strap.) चमड़े के तस्मे की मार द्वारा दण्ड।

Strappado - स्ट्राप - आ'- डो - *n.* a kind of torture. एक प्रकार का दुर्दशा का दण्ड।

Strapper - स्ट्रॉप्'- अर् - *n.* one who strikes with a strap. चाबुक से मारनेवाला।

Strapping - स्ट्रॉप् - इङ्ग् - *n.* flogging with a strap. तस्मे (चाबुक) की मार।

Strap-work - स्ट्रॅाप'- वर्क् - *n.* work of plaited straps. पट्टे की गूँथन।

Strata - स्ट्रे - टॉ - *n.* (*pl.* of **Stratum.**) layers. तहें।

Stratagem - स्ट्रॉट्' - अ - जेंम् - *n.* an artifice, a trick, a means of deceiving an enemy. युक्ति, छल, कपट (षड्यन्त्र), शत्रु को ठगने का उपाय।

Stratal - स्ट्रे' - टल् - *adj.* pertaining to stratum. परत का।

Strategic - स्ट्राट - एज़'- इक - *adj.* pertaining to a stratagem. युद्ध की कूटनीति से संबंधित; **Strategical** (- अल्) - *adj.* pertaining to strategy. कपट उपाय का; **Strategically** (- लि) - *adv.* in a strategic manner. कपट-रचना से; **Strategics** (- स) - *n.* strategical science. कपट विद्या; **Strategist** (- जिस्ट्) - *n.* one who is skilled in military science. युद्धविद्या में निपुण।

Strategy - स्ट्राट'- एज़् - इ - *n.* (*pl.* **Strategies.**) the art of war, the science of military tactics. युद्धकौशल, युद्धनीति, व्यूह-रचना।

Strath - स्ट्रॉथ - *n.* a broad mountain valley, a stretch of flat land by the river side. पहाड़ की चौड़ी घाटी (दर्रा), नदी के किनारे का समतल क्षेत्र।

Straticulate - स्ट्रॉट - इक - यूल - एट - *adj.* having thin layers. पतली तहवाला।

Stratification - स्ट्राट'- इफ - इक - ए' - शन् - *n.* process of stratifying. तहों का अलगाव।

Stratified - स्ट्राट'- इ - फ़ाइड् - *adj.* arranged in layers. परतों में व्यवस्थित।

Stratiform - स्ट्रेट' - इ - फ़ार्म - *adj.* of the form of strata. तहों के रूप का।

Stratify - स्ट्राट'- इ - फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Stratified.**) to arrange in layers. तह या परत लगाना।

Stratigraphy - स्ट्राट' - इ - ग्राफ - इ - *n.* the science of the geological arrangement of strata. भूतत्व विज्ञान का वह भाग जिसमें भूमि की तहों के क्रम का वर्णन रहता है।

Stratocracy - स्ट्राट' - ए - क्रा - सी - *n.* military despotism. सैनिक प्रबन्ध।

Stratography - स्ट्राट - आग्'- राफ - इ - *n.* description of an army. सेना का वर्णन।

Stratonic - स्ट्राट'- ऑन् - इक - *adj.* pertaining to an army. सेना-सम्बन्धी।

Stratotic - स्ट्रॉटॅ - टिक् - *adj.* military. सैनिक, सेना सम्बन्धी।

Stratum - स्ट्रे - टम् - *n.* a bed of sedimentary rock. तहदार चट्टान की एक परत।

Stratus - स्ट्रेटस् - *n.* (*pl.* **Strati.**) a continuous expanse of cloud. फैला हुआ बादल।

Straw - स्ट्रॉ - *n.* the dry stalks or stems of certain kinds of grain. भूसा, पुआल, सूखी घास, तिनका, फूस; - *v. t.* to strew. छितराना, बिखेरना; **Man of straw** (a person without substantial means.) तृणमूर्ति, निःसत्त्व मनुष्य; **To catch at a straw** (to resort to an inadequate expedient.) शक्तिहीन वस्तु का सराहा लेना; **To make a straw of** (to consider of no value.) तृण-समान जानना।

Strawberry - स्ट्रॉ - बें - रि - *n.* (*pl.* **Strawberries.**) a kind of perennial plant. एक प्रकार की झरबेर।

Strawboard - स्ट्रॉ - बोर्ड् - *n.* a thick paper made of straw. कागज की रूखी दफ्ती।

Straw-coloured - स्ट्रॉ - कल् - अर्ड् - *adj.* of the colour of straw. पीले रङ्ग का।

Strawcutter - स्ट्रॉ- कट् - अर् - *n.* an instrument for cutting fodder. चारा काटने की कल।

Strawy - स्ट्रॉ- इ - *adj.* full of straw. तिनके से पूर्ण।

Stray - स्ट्रे - *v. i.* (*p.t.* **Strayed.**) to wander without aim, to ramble, to lose one's ways. विचरना, भटकना, रास्ता भूल जाना; - *n.* strayed animal. भटका हुआ पशु; - *adj.* scattered, meeting now and then. बिखरा हुआ, कभी-कभी भेंट करनेवाला।

Strayed - स्ट्रे - ड् - *adj.* losing one's way. पथभ्रष्ट, भटका हुआ।

Streak - स्ट्रीक् - *n.* a long narrow irregular line or strip of colour. लकीर, रेखा, धारी; - *v. t.* to mark with streaks, to stripe. धारी डालना, रेखा से चिह्नित करना, लकीर करना; **Streaked** (- ड्) - *adj.* variegated, with stripes of various colours. अनके रङ्गों की रेखाओं से चिह्नित; **Streakily** (- लि) - *adv.* by way of streaks. धारी के रूप में।

Streakiness - स्ट्रीक्' - इ - नेंस् - *n.* the state of being streaked. धारीपन; **Streak of lightning** (a flash of lightning.) विद्युत्-रेखा, बिजली की चमक।

Streaky - स्ट्रीक् - इ - *adj.* streaked. धारीदार।

Stream - स्ट्रीम् - *n.* a body of running water, a current, flowing, direction of flow. स्रोत, धारा, नदी (नाला), प्रवाह, प्रवाह की दिशा; - *v. i. & t.* to flow like a stream, to send forth, to emit a stream. धारा में बहना, निकलना या निकालना, फेंकना।

Streamer - स्ट्रीमर् - *n.* a flag, a ribbon attached at one end with the other end waving in the air, a beam of light. पताका, फ़ीता जिसका एक छोर बँधा हो तथा दूसरा छोर वायु में फहराता हो, प्रकाश की किरण।

Streamless - स्ट्रीम्' -लेंस् - *adj.* without streams. बिना धारा का।

Streamlet - स्ट्रीम्'- लेंट् - *n.* a small stream. छोटी धारा।

Streamy - स्ट्रीम्'- इ - *adj.* abounding in streams, flowing in a stream. धारायुक्त, धारा में बहनेवाला।

Street - स्ट्रीट् - *n.* a paved way in a town or village. (सड़क) गली, पथ; **The man in the street** (a man of ordinary intelligence.) सामान्य मनुष्य; **On the street** (living by prostitution.) वेश्यावृत्तिवाली स्त्री; **Royal street** (a public road, main road.) राजमार्ग, बड़ी सड़क; **Street door** (a door opening towards the street.) सड़क की ओर खुलनेवाला दरवाजा; **Street-sweeper** (- स्वीप् - अर्) - *n.* he who sweeps the streets. सड़क पर झाड़ू देनेवाला।

Street-walker - स्ट्रीट्'- वॉक् -अर् - *n.* a prostitute. वेश्या; **Street-ward** (- वर्ड्) - *adv.* towards the street. सड़क की ओर।

Strength - स्ट्रेंन्ग्थ् - *n.* vigour, power, that which makes strong, force, that which is encouraged by argument, robustness. शक्ति, बल (पुष्टता), प्राबल्य, भरोसा, प्रभाव (पराक्रम;) **On the strength of** (encouraged by, relying on.) प्रोत्साहन से, अवलम्बन कर के; **Strength of mind** (intellectual strength.) बुद्धि की शक्ति (ताकत)।

Strengthen - स्ट्रेन्ग्थ'- एन - *v. t. & i.* to make or grow strong, to confirm. प्रबल (दृढ़) करना, पुष्ट करना, पक्का करना; **Strengthener** (-अर्) -*n.* that which increases strength. शक्तिवर्धन औषध आदि; **Strengthening** (-इङ्ग्) -*adj.* increasing strength. शक्तिवर्धक, बलकारक; **Strengthless** (-लेंस्) -*adj.* wanting in strength. दुर्बल, शक्तिहीन।

Strenuous - स्ट्रेंन' - यू - अस् - *adj.* energetic, earnest, persistent. अति उत्साही, उद्योगी, हठी (दृढ़); **Strenuously** (- लि) - *adv.* ardently, zealously. उत्साह से, प्रयत्न से; **Strenuousness** (- नेंस्) - *n.* eagerness. उद्योग, उत्साह।

Strepent - स्ट्रेंप' - एन्ट् - *adj.* noisy. कोलाहली।

Streperous -स्ट्रेप - अर् - अस - *adj.* boisterous. कोलाहल करनेवाला।

Strephon - स्ट्रे'- फ़न् - *n.* a love-sick farmer or shepherd. प्रेमासक्त कृषक (किसान) या गड़ेरिया।

Stress - स्ट्रेंस् - *n.* pressure, urgency, impelling force, weight, effort, importance, emphasis on a syllable or word, the force exerted on a body. दबाव, बल, भार, प्रयत्न, गुरुत्व, किसी शब्द या अक्षर पर भार देना (जोर डालना), प्रभाव;

- *v. t.* to lay stress onto lay emphasis on. प्रभाव डालना, जोर देना; **Stressless** (- लेंस्) - *adj.* without stress. बिना दबाव का।

Stretch - स्ट्रेंच् - *v. t. & i.* to straighten, to lengthen, to spread, to tighten, to extend, to exert to the utmost. सीधा करना, लम्बा करना, फैलाना, कसना, बढ़ाना, तानना, सबसे अधिक श्रम करना; - *n.* stretching or being stretched, effort, struggle, extension. फैलाव, प्रयत्न, संघर्ष, विस्तार, बृद्धि; **To stretch one on the ground** (to knock a man sprawling.) मारकर भूमि पर लिटा देना; **To stretch out** (to expand.) फैलाना, पसारना; **To stretch the truth** (to exaggerate.) अत्युक्ति (अतिशयोक्ति) करना।

Stretcher - स्ट्रेंच्'- अर् - *n.* an appliance for carrying the sick and disabled persons. डोली, टिकठी।

Stretchiness - स्ट्रेंच् - इ'- नेंस् - *n.* extent, expanse. विस्तार, फैलावट।

Stretchy - स्ट्रें च' - इ - *adj.* liable to stretch. फैलनेवाला।

Strew - स्ट्रू - *v. t.* (*p. t.* **Strewed,** *p. p.* **Strewn.**) to scatter on surface, to cover with small objects. छितराना (फैलाना), बिखेरना; **Strewing** (- इङ्ग्) - *n.* act of scattering or spreading. छितराने या फैलाने का कार्य।

Stria - स्ट्राइ - ऑ - *n.* (*pl.* **Striae.**) the mark of lines on a surface, a slight furrow. समतल पर डोरी (लकीर) के चिह्न, हलकी लीक।

Striate - स्ट्राइ'- एँट् - *adj.* striated. डोरीदार; **Striately** (- लि) - *adv.* in a striated manner. लकीरपन से; **Striation** (- शन्) - *n.* the state of being striated. डोरी पड़ने की अवस्था।

Stricken - स्ट्रिक्'- एन् - *adj. (p. p.* of **Strike**) wounded in the chase, afflicted with a disease, struck with a blow. शिकार में जख्मी, रोगग्रस्त, चोट खाये हुए।

Strict - स्ट्रिक्ट् - *adj.* accurate, tense, severe, rigid, requiring exact performance. नियत, दृढ़, कठोर, तीक्ष्ण, अलंघनीय, निपुण; **Strictly** (- लि) - *adv.* exactly, literally. ठीक-ठीक, दृढ़ता से, वस्तुतः; **Strictness** (- नेंस्) - *n.* harshness. कठोरता, दृढ़ता।

Stricture - स्ट्रिक् - चर् - *n.* a critical remark, censure, morbid contraction of any duct in the body. गुण-दोष की व्याख्या, निन्दा, शरीर के किसी स्रोत का अवरोध; **Strictured** (- ड्) - *adj.* censured, obstructed. निन्दा किया हुआ, स्रोत का अवरोध किया हुआ।

Stride - स्ट्राइड् - *v. i. & t.* (*p. t.* **Strode,** *p. p.* **Stridden, Strid.**) to walk with long steps, to bestride. लंबे-लंबे डग से चलना, लाँघना, डाँकना; - *n.* a single long step. लंबा डग, (डकान) छलाँग।

Strident - स्ट्रिड्'- एन्ट् - *adj.* loud in sound. तेज़ शब्द का, कर्कश; **Stridently** (- लि) - *adv.* with a loud sound. चिल्लाहट से।

Stridulant - स्ट्रिड् - यूल - एन्ट् - *adj.* making a shrill cry. कर्कश शब्द निकालनेवाला।

Stridulate - स्ट्रिड्'- यू - लेंट् - *v. i.* to make a shrill cry by rubbing the parts of the body. शरीर के अङ्ग को रगड़कर झनझन शब्द निकालना; **Stridulation** (- लेशन्) - *n.* the act of stridulating. झनझन शब्द; **Stridulator** (-लेंट् - अर्) - *n.* one who makes a shrill cry. झनझन शब्द करनेवाला; **Stridulous** (स्ट्रिड्'- यु - लस्) - *adj.* making a harsh sound. कर्कश शब्द करनेवाला।

Strife - स्ट्राइफ् - *n.* a struggle, contention, discord. कलह (विवाद, झगड़ा), राढ़, विरोध; **Strifeful** (- फुल्) - *adj.* contentious. विरोध करनेवाला।

Strigil - स्ट्रिज् - इल् - *n.* an appliance for scraping the skin at the bath. स्नान करते समय शरीर को रगड़ने का झावाँ।

Strigose - स्ट्रिग् - ऑस्, (**Strigous** - गस्) - *adjs.* having short stiff hair. छोटे कड़े बालोंवाला।

Strike - स्ट्राइक् - *v. t. & i.* (*p. t* **Struck,** *p. p.* **Struck, Stricken.**) to hit, to deliver a blow, to dash against, to punish, to bring into specified condition by striking, to stamp, to arrest attention of, to lower, to find, to refuse to work unless some demands are accepted, to notify by sound. मारना, पीटना, धक्का देना, पटकना, टकराना, दण्ड देना, पीट कर निश्चित दशा पर लाना, छापना, माँगों की स्वीकृति न होने तक हड़ताल करना, शब्द द्वारा सूचित करना; **A stricken heart** (greatly worried heart.) चिन्ताग्रस्त चित्त; **Stricken with fever** (suffering from fever.) ज्वरग्रस्त; **Struck with wonder** (greatly astonished.) विस्मित, चकित; **The clock strikes.** (it produces a sound.) घड़ी बजती है; **The hour has struck** (the clock has struck.) घण्टा बजा, समय आ गया; **The plant strikes roots** (the plant grows.) पौधा जड़ फेंकता है; **To strike accounts** (to make accounts.) हिसाब करना; **To strike a match** (to light a match.) दियासलाई जलाना; **To strike at** (to threaten by the fist.) मुक्का तानना; **To strike at the root of** (to destroy completely.) जड़ से नष्ट करना; **To strike back** (to return blows.) मुक्के का बदला चुकाना; **To strike balance** (to take out balance.) रोकड़ निकालना; **To strike bargain** (to make bargain.) सौदा करना; **To strike blind** (to make blind.) अन्धा करना; **To strike fear in the mind** (to create fear in the mind.) चित्त में भय उत्पन्न करना; **To strike for** (to depart.) प्रस्थान करना; **To strike in** (to enter suddenly.) बीच में आना; **To**

strike off (to remove, to erase.) हटाना, काटना, मिटाना; **To strike off head** (to sever head from body.) सिर काट लेना; **To strike one's flag** (to surrender a fortress or ship to an enemy.) किला या जहाज़ शत्रु को अर्पण करना; **To strike out** (to throw up hands and feet.) हाथ-पैर फेंकना; **To strike out plan** (to devise.) तदबीर दिखलाना; **To strike sail** (to spread sail.) पाल फैलाना; **To strike tents** (to pitch camps.) खेमा गाड़ना; **To strike through** (to remove by cutting off.) काटकर निकाल देना; **To strike up acquaintance** (to start acquaintance readily.) जल्दी से जान-पहिचान करना; **To strike up a tune** (to start playing a tune.) राग निकालना; **To strike upon a plan** (to occur luckily.) विधि सूझ जाना; **To strike while the iron is hot** (to work when there is energy in the mind and body, to make an effort on getting a chance.) उत्साह के समय काम करना, मौका पाकर प्रयत्न करना।

Strike - स्ट्राइक् - *n.* a refusal of employees to work unless their grievances are remedied. हड़ताल; **General strike** (complete cessation from work.) किसी सामान्य लक्ष्य से सभी व्यवसाय में पूरी हड़ताल; **Strike-breakers** (those who work and do not follow the strikers.) हड़तालियों में से काम करनेवाले; **Sympathetic strike** (a strike in token of sympathy.) सहानुभूति दिखलाने के लिये हड़ताल।

Striker - स्ट्राइक्'- अर् - *n.* one who strikes. हड़ताल करनेवाला।

Striking - स्ट्राइक् - इङ्ग् - adj. wonderful, peculiar, impressive. विचित्र, आश्चर्यजनक, अद्भुत, चित्त को आकर्षित करनेवाला; **Strikingly** (- लि) - *adv.* in a striking manner. विचित्रता से, विलक्षणता से; **Strikingness** (- नेंस्) - *n.* peculiarity. विलक्षणता, अनोखापन।

String - स्ट्रिङ्ग् - *n.* a slender rope or fine cord used for tying, stretched piece of wire, catgut &c., objects strung together. रस्सी, डोरी, ताँत, तार, सुतली पंक्ति, माला (श्रेणी); - *v. t. & i.* to furnish with strings, to put on a string, to thread pearls &c. in a string. ताँत लगाना, डोरी लगाना, तार चढ़ाना, तागे में गूँथना या पिरोना; **Second string** (a dependent person.) आश्रयभूत मनुष्य; **String alphabet** (an appliance with special knots for teaching the blind.) अन्धे को अक्षर सिखलाने की भिन्न-भिन्न आकार की ग्रन्थियाँ; **String of pearls** (pearls strung together to form a rosary.) मोती की माला; **To harp on one (the same) string** (to dwell on a single subject.) एक ही विषय में लीन होना, एक धुन में लगे रहना; **To have two strings to one's bow** (to have two expedients.) दुहरा लाभ उठाना; **To pull the strings** (to be the chief actuator.) किसी कार्य का प्रधान उत्तेजक होना; **To touch the strings** (to begin playing.) सारङ्गी बजाना आरम्भ करना।

Stringed - स्ट्रिङ्ग् - ड् - *adj.* having strings. ताँत या तारवाला, तन्तुयुक्त।

Stringency - स्ट्रिन्' - जेंन् - सि - *n.* severe pressure. कठोरता; **Stringent** (- जेंन्ट्) - *adj.* severe, strict, urgent, tight, hard to operate. कठोर, दृढ़, आवश्यक, कसा हुआ, अशिथिल; **Stringently** (- जेंन्ट् - लि) - *adv.* in a strict manner. कठोरता से।

Stringer - स्ट्रिङ्ग्'- अर् - *n.* a supporting timber in which the steps of a staircase are set. धरन जिसमें सीढ़ी के डण्डे लगाये जाते हैं।

Stringiness - स्ट्रिङ्गि - नेंस् - *n.* the state of being stringy. रेशापन।

Stringless - स्ट्रिङ्ग्'- लेंस् - *adj.* without strings. बिना तार या ताँत का।

Stringy - स्ट्रिङ्ग् - इ - *adj.* like a string, fibrous. तार के समान, सूतदार (रेशेदार)।

Strip - स्ट्रिप् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Stripped.**) to lay bare, to deprive of covering &c., to remove the bark, to tear off, to undress. नङ्गा करना, खाल उधेड़ना, कपड़ा उतारना, छिलका उतारना, छाल हटाना; -*n.* a long narrow piece of anything. धज्जी, पट्टी; **Stripped** (- ड) - *adj.* naked. नङ्गा; **To strip a cow** (to press out all milk from a cow.) गाय का सब दूध दुह लेना; **To strip off** (to remove all clothes from.) सब कपड़े उतारना।

Stripe - स्ट्राइप् - *n.* a long narrow band generally of equal breadth attached to a surface of a different colour, a mark made by a lash. पट्टी (धारी, लकीर), कोड़े की मार का चिह्न; - *v. t.* to make stripes on. लकीर या रेखा डालना; **Striped** (- ड्) - *adj.* having stripes. लकीरदार, धारीदार।

Stripling - स्ट्रिप्'- लिङ्ग् - *n.* a lad, a young man. शिशु, बालक, किशोर।

Stripper - स्ट्रिप्'- अर् - *n.* one who strips. छिलका उतारनेवाला, खाल उधेड़नेवाला।

Stripy - स्ट्राइपि - *adj.* resembling a stripe. पट्टी की तरह का।

Strive - स्ट्राइव् - *v. i.* (*p. t.* **Strove,** *p. p.* **Striven.**) to endeavour, to try hard, to struggle, to contend. प्रयत्न करना, उद्यम करना, कलह करना, झगड़ना; **To strive against** (to struggle against an enemy.) झगड़ा करना, कलह करना।

Striver - स्ट्राइव्'- अर् - *n.* one who makes bodily or metal efforts. शारीरिक या मानसिक परिश्रम करनेवाला।

Striving - स्ट्राइ'- विङ्ग् - *n.* contention. झगड़ा, कलह; **Strivingly** (- लि) - *adv.* with great effort. अधिक परिश्रम से।

Strobiliform - स्ट्राब्'- इल - इ - फार्म - *adj.* (also

Strobiline or **Strobiloid)** cone-shaped. शंकु की आकृति का।

Strocal - स्ट्रोकल् - *n.* a shovel used by glass-makers. काँच बनानेवालों का फरसा।

Strode - स्ट्रोड् - *p. t.* of **Stride.** लम्बे लम्बे डग से चला।

Stroke - स्ट्रोक् - *n.* a blow, a sudden attack, a single performance, a successful attempt, calamity, an original idea, a mark made by a pen of brush, the sound made by the striking of a clock. आघात, प्रहार, चोट, आकस्मिक आक्रमण, कृति, सफल प्रयत्न, विपत्ति, अनोखा, विचार, कलम या बुरुस से बनी हुई लकीर, घड़ी के बजने का शब्द; **Finishing strokes** (finishing touches.) अन्तिम सुधार; **On the stroke** (at the right time.) ठीक समय पर; **Stroke of business** (a profitable transaction.) लाभ का व्यापार; **Stroke of policy** (diplomacy) नीति की निपुणता; **Stroke of thunderbolt** (a stroke of lightning.) वज्रपात; **Sunstroke** (prostration caused by exposure to excessive heat of the sun.) लू लग जाना।

Stroke - स्ट्रोक् - *v. t.* to pass the hand gently in one direction. थपथपाना (सहलाना), एक ओर हाथ फेरना; - *n.* the act of stroking. थपथपाहट; **To stroke one down** (to pacify.) शान्त करना, ठण्ढा करना; **To stroke one's hair the wrong way** (to irritate.) उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Stroker - स्ट्रोकर् - *n.* one who strokes. सहलानेवाला।

Strokingly - स्ट्रोक्'- इङ्ग् - लि - *adv.* in a stroking manner. थपथपाते हुए।

Stroll - स्ट्रोल् - *v. i. & t.* to ramble, to saunter, to walk leisurely, to wander on foot. बिचरना, घूमना, इधर-उधर भटकना, पैदल घूमना; - *n.* a rambling saunter, a leisurely walk. परिभ्रमण, घूमना, टहलान।

Stroller - स्ट्रोलर् - *adj.* a wanderer, a vagrant. इच्छानुसार घूमनेवाला, घुमक्कड़।

Stroma - स्ट्रो' - माँ -*n.* (*pl.* **Stromata.**) the frame work of an organ. किसी अंग का ढाँचा।

Stromatic - स्ट्रो' - माँ' - टिक् - *adj.* (also **Stromal.**) miscellaneous. भिन्न आकार का।

Strombuliform - स्ट्रॉम्' - ब्यू - लि - फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of a top. लट्टू के आकार का।

Strong - स्ट्रॉङ्ग् - *adj.* having physical power to endure, energetic, tough, healthy, firm effective, vigorous, vivid, muscular, fortified, forcible, full of spirit, stout, zealous. समर्थ, प्रबल, पुष्ट, चिमड़ा, स्वस्थ, दृढ़, प्रभावकारी, उत्तेजक, स्पष्ट, मांसल (दृढ़ अङ्गवाला), किलेबन्द, शक्तिशाली, तीव्र, उत्साही, बलवान्; **A company of 500 strong** (a company composed of five hundred soldiers.) पाँच सौ सिपाहियों का रिसाला; **Of strong smell** (bitter-smelling.) उग्र गन्ध का; **Of strong mind** (capable of strong reasoning.) तीक्ष्ण बुद्धिवाला; **Strong character** (sound character.) दृढ़ चरित्र; **Strong drink** (very intoxicating liquor.) तीखी मदिरा; **Strong fortress** (an unconquerable fortress.) अजेय दुर्ग; **Strong inclination** (a keen desire.) उत्कट इच्छा; **Strong market** (a rising market.) भाव बढ़ने का बाजार; **Strong meat** (solid food.) ठोस भोजन; **Strong medicine** (an effective medicine.) गुणकारी औषध; **Strong-minded** (having a sound mind.) मनस्वी; **Strong support** (support with full power.) पूर्णरूप की सहायता; **Strong style** (forcible expression.) प्रभावशाली लेख; **Strong verbs** (verbs forming inflexion by change of vowel within the stem and not by suffixes.) वह क्रिया जिसका भूतकाल का रूप शब्द के भीतरी स्वर के बदलने से बनता है; **Strong voice** (a harsh voice.) तेज बोली; **To grow-strong** (to be powerful.) प्रबल होना।

Stronghold - स्ट्रॉङ्ग्'- होल्ड् - *n.* a fortress. क़िला, गढ़, दुर्ग।

Strongly - स्ट्रॉङ्ग्'- लि - *adv.* forcibly, firmly, दृढ़ता से, कठोरता से।

Strong-room - स्ट्रॉङ्ग्' - रूम् - *n.* a strong room in which valuables are kept. बहुमूल्य पदार्थों के रखने का मज़बूत कमरा।

Strong-set - स्ट्रॉङ्ग्'- सेट् - *adj.* firmly fixed. कसकर लगाया हुआ।

Strontia - स्ट्रॉन्'- शॉ - *n.* an ingredient of fire-works. आतिशबाजी बनाने का एक मसाला।

Strontium - स्ट्रॉन्'- शम् - *n.* a kind of yellow metal. एक प्रकार के पीले रंग की धातु।

Strop - स्ट्रॉप् - *n.* a strip of leather on which razors &c. are sharpened. उस्तरा तेज़ करने का चमोटा; - *v. t.* (*p. t.* **Stropped.**) to sharpen on a strop. चमोटे पर रगड़कर तेज़ करना।

Strophe - स्ट्रो' - फि - *n.* a stanza. श्लोक, छन्द।

Strophiolate - स्ट्रॅ' - फि - ऑ - लेंट्, **Strophiolated** (- ऍड) - *adjs.* furnished with a garland. माला पहिनाया हुआ।

Strophulus - स्ट्रॉफ़्' - यु - लस् - *n.* tooth-rash. बच्चों का मसूड़ा फूलने का रोग।

Strove - स्टोव् - *p. t.* of **Strive.** प्रयत्न किया।

Struck - स्ट्रक् - *p. t.* of **Strike.** मारा।

Structural - स्ट्रक्' - चर - अल् - *adj.* pertaining to structure. बनावट का, रचना-सम्बन्धी; **Structurally** (- लि) - *adv.* by way of structure. बनावट के रूप में।

Structure - स्ट्रक्' - चर् - *n.* the manner in which anything is constructed, supporting framwork of something, construction, form building. निर्माण (रचना), संरचना, ढंग, ढाँचा, आकार, बनावट, भवन; गृह।

Structured - स्ट्रक्'- चर्ड् - *adj.* constructed. निर्माण किया हुआ।

Structureless - स्ट्रक्'- चर् -लेस् - *adj.* without organization. बिना व्यवस्थित रचना का।

Struggle - स्ट्रग्ल् - *v. i.* to make a violent effort, to contend with, to strive hard. अधिक परिश्रम करना, संघर्ष करना, उद्योग करना; *-n.* a violent effort, hard contest, strife, effort under difficulties. परिश्रम, संघर्ष, प्रयत्न, कलह, लड़ाई-झगड़ा; **Struggler** (- अर्) - *n.* one who struggles or strives. संघर्ष करनेवाला, झगड़ालू; **Strugglingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* in a struggling manner. संघर्ष करते हुए, झगड़ते हुए।

Strum - स्ट्रम् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Strummed.**) to twang the strings of a musical instrument. बीन, सितार इत्यादि के तारों को झनकारना; - *n.* the sound made by strumming. झनकार।

Struma - स्ट्रू - मॉ - *n.* (*pl.* **Strumae.**) scrofula. गण्डमाला।

Strumous - स्ट्रूम् - अस् - *adj.* scrofulous. गण्डमाला-सम्बन्धी।

Strumpet - स्ट्रम्प् - इट् - *n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी, पतुरिया।

Strung - स्ट्रङ्ग् - *p. t. & p. p.* of **String.**

Strut - स्ट्रट् - *v. i.* (*p. t.* **Strutted.**) to walk with a pompous gait. गर्व से (अकड़कर) चलना; *-n.* an affected gait. अकड़ की चाल; **Strutter** (- टर्) - *n.* one who struts. अकड़कर चलनेवाला।

Struthious - स्ट्रूथ'- अस् - *adj.* pertaining to or like the ostrich. शुतुरमुर्ग की तरह का।

Struttingly - स्ट्रट्'- इङ्ग् - लि - *adv.* in a strutting manner. अकड़कर चलते हुए।

Strychnia - स्ट्रिक्'- नि - आ, **Strychnine** - स्ट्रिक्' - नीन् - *ns.* a poisonous alkaloid obtained from certain plants. वत्सनाभ (बच्छनाग)।

Strychnic - स्ट्रिक्'- निक् - *adj.* pertaining to strychnia. वत्सनाभ सम्बन्धी।

Stub - स्टब् - *n.* the stump of a tree, tooth &c., remanent of cigar, pencil &c. ठूँठा, बचा हुआ छोटा टुकड़ा; *-v. t* (*p. t.* **Stubbed.**) to clear land of stubs. भूमि में से ठूँठ हटाना।

Stubble - स्ट - ब्ल् - *n.* a stalk of grain, cropped hair. अन्न के पौधे की खूँटी, कटा हुआ बाल।

Stubbly - स्टब्'- लि - adj. stubbled. खूँटीदार।

Stubborn - स्टब्' - अर्न् - *adj.* obstinate, inflexible, refractory, not yielding. हठी, दुर्दान्त, अड़ियल; **Stubbornly** (- लि) - *adv.* in a refractory manner. हठ से; **Subbornness** (- नेस्) - *n.* obstinacy. हठ, ज़िद्‌द।

Stubby - स्टब्'- इ - *adj.* abounding with stubs. ठूँठदार।

Stub-nail - स्टब्'- नेल् - *n.* a short thick nail. छोटी मोटी काँटी।

Stucco - स्ट - कॅ - *n.* (*pl.* **Stuccoes.**) a fine plaster or cement. महीन चूना या सिलिमट; - *v. t.* to coat with stucco. महीन चूने या सीमेन्ट की दीवार इत्यादि पर पलस्तर लगाना।

Stuck - स्टक् - *p.t.* of **Stick.** चिपकाया, चिपका।

Stud - स्टड् - *n.* a nail with a large knob, rivet, a two-headed button, a small post, horses and mares kept for breeding or hunting. बड़े माथे का काँटा, कील, खूँटा, दुहरे सिरे का बटन, थूनी, प्रजनन या शिकार के लिये पाले गये घोड़े-घोड़ियों का झुण्ड; - *v.t.* (*p.t.* **Studded.**) to adorn with studs. खूँटा लगाना, फूलदार काँटा जड़ना; **Collar-stud** (a collar-button.) कालर में लगाने का बटन; **Studded** (- डेड्) - *adj.* thickly set. घना जड़ा हुआ, छितराया हुआ; **Studded with stars** (ornamented with stars.) तारे जड़े हुए।

Studbolt - स्टड्'- बोल्ट् - *n.* a bolt which is threaded at both ends. दोनों ओर पेंच बनी हुई लोहे की छड़।

Stud-farm - स्टड्' - फ़ार्म् - *n.* a place where horses are bred. घोड़ा पालने का स्थान।

Stud-horse - स्टड्' - हॉर्स् *-n.* a stallion. साँड़, घोड़ा।

Student - स्ट्यू'- डेंन्ट् - *n.* a person who studies for some occupation, one who studies some branch of learning, a scholar. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी, विश्वविद्यालय का छात्र; **Studentship** (- शिप्) - *n.* scholarship. विद्यार्थी का पद।

Studied - स्टड'- इड् - *adj.* carefully examined, pre-planned, deliberate, intentional. सावधानी से परीक्षा किया हुआ, अध्ययन किया हुआ, पूर्व-कल्पित या नियोजित, भली-भाँति विचारा या समझा हुआ, इच्छानुरूप; **Studiedly** (- लि) - *adv.* in a studied manner. अध्ययन किये हुए।

Studier - स्टड'- इ - अर् - *n.* one who studies, a student. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी।

Studio - स्ट्यू'- डि - ओ - *n.* (*pl.* **Studios.**) the working room of an artist or photographer. चित्रकार या फ़ोटो खींचनेवाले का काम करने का कमरा।

Studious - स्ट्यू'- डि - अस् - *adj.* given to study, diligent anxious, deliberate, painstaking. अध्ययनपरायण, व्यवसायी, उत्सुक (विद्याभ्यासी), अति कष्ट करनेवाला; **Studiously** (- लि) - *adv.* in a studious manner. परिश्रम से, अभ्यास से; **Studiousness** (- नेस्) - *n.* the habit of study. परिश्रम, अध्ययन में आसक्ति।

Studwork - स्टड्'- वर्क् - *n.* brickwork between the intermediate posts of a partition. अलगाव की दीवार के बीच की ईंटें की जुड़ाई।

Study - स्टड'- इ - *n.* (*pl.* **Studies.**) medita-

tion, devotion of time and mind to books, pursuit of knowledge, investigation, sketch of a picture, a room used for study or for transacting any business. चिन्तन, अध्ययन, ज्ञानार्जन, अनुसन्धान, चित्र का खाका, कोई व्यवसाय करने या पढ़ने का कमरा; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Studied.**) to take pains for acquiring knowledge, to contemplate. परिश्रम से पढ़ना (अभ्यास करना), ध्यान देना (चिन्तन करना); **Close study** (persistent study.) निरन्तर अध्ययन; **In brown study** (intent on thoughts.) विचार में लीन; **To study for the bar** (to study law.) कानून पढ़ना; **To make a study of** (to make a thorough investigation.) भली- भाँति अन्वेषण करना; **To study out** (to succeed in an investigation.) ध्यान देकर अन्वेषण करना; **To study up** (to prepare for an examination.) परीक्षा के लिये तैयारी करना।

Stuff - स्टफ् - *n.* the material of which any thing is made, a woven fabric, refuse, worthless matter, nonsense. सामग्री, पदार्थ, कूड़ा, वस्त्र, तुच्छ पदार्थ, अनर्थक बकवाद; -*v. t. & i.* to pack, to stop up, to fill up with something, to press, to eat greedily. भरना, रोकना, परिपूर्ण करना, दबाना, भकोसना; **A good stuff** (a good material.) अच्छा माल; **Doctor's stuff** (medicine.) औषध, दवा।

Stuffer - स्टफ़' - अर् - *n.* he who or that which stuffs. भरनेवाला।

Stuffing - स्टफ्' - इङ्ग् - *n.* that which is used for filling anything. पूर्ति या भराव की वस्तु।

Stuffing-box - स्टफ्' - इङ्ग् - बॉक्स् - *n.* a contri vance in an engine which prevents leakage of air or water through the action of a moving part. यन्त्र (इंजन) में का वह भाग जो हवा या पानी को नहीं निकलने देता या रोके रहता है।

Stuffy - स्टफ्'- इ - *adj.* packed up, difficult to breathe. भर हुआ, गला घोंटनेवाली (वायु)।

Stultifier - स्टल्' - टि - फ़ाइ - अर् -*n.* one who befools another person. किसी मनुष्य को मूर्ख बनानेवाला।

Stultification - स्टल्ट - इफ - इक - ए - शन् - *n.* the act of reducing to absurdity. मूर्ख आचरण, मूर्ख बनाने का काम, निरर्थक उद्योग।

Stultify - स्टल्ट्'- इ - फि - *v. t.* (*p. t.* **Stultified.**) to reduce to absurdity, to make useless, to make foolish. मूर्खवत् आचरण करना, वृथा करना, मूर्ख बनाना।

Stultiloquy - स्टल - टिल'- ओ - क्वी - *n.* a silly or foolish talk. मूर्खतापूर्ण बातचीत।

Stum - स्टम् - *n.* unfermented juice of grapes. अंगूर का ताज़ा रस; - *v. t.* (*p. t.* **Stummed.**) to prevent juice from fermentation. अंगूर के रस को सड़ने से रोकना, अरक़ न बनने देना।

Stumble - स्टम्'- बल् - *v. i. & t.* to lurch, to trip in walking, to have partial fall, to make mistakes, to come accidentally upon. ठमकना, ठोकर खाना, गिर पड़ना, अशुद्धि करना, चूक जाना; -*n.* the act of stumbling. ठोकर, भूल-चूक।

Stumbler - स्टम्' - ब्लर् -*n.* one who stumbles. ठोकर खानेवाला।

Swine - स्वाइन् - *n.* (*pl.* **Swine.**) a pig, a person of beastly nature. शूकर, सुअर, पशुवत् आचरण करनेवाला मनुष्य; **Swine-bread** - *n.* a kind of fungus. एक प्रकार का कुकुरमुत्ता; **Swinecoat** (- कोट्) - *n.* a pen for swine. सुअरबाड़ा; **Swine-herd** (- हर्ड्) - *n.* a keeper of pigs. सुअर पालनेवाला; **Swine-pox** (- पॉक्स्) - *n.* a kind of chickenpox. एक प्रकार का शीतला रोग; **Swinery** (- अरि) - *n.* a pig-form. सुअरबाड़ा।

Swinish - स्वाइन्' - इश् - *adj.* like swine. सुअर की तरह का।

Swinishly - स्वाइन्'- इश् - लि - *adv.* in the manner of swine. शूकर की तरह से।

Swinishness - स्वाइन्' - इश् - नेस् - *n.* pigginess. शूकरपन।

Swing - स्विङ्ग् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Swung.**) to move to and fro, to vibrate, to turn round an anchor, to oscillate, to rock, to be hanged. इधर-उधर हिलना, झूलना, लङ्गर पर घूमना, लहराना, फाँसी पड़ना; - *n.* an oscillation, a contrivance for swinging. झुकाव, दोलन, झूला, पालना; **In full swing** (fully active.) पूर्ण रूप से कार्य में परिणत; **To swing a child** (to oscillate a child in a swing.) बच्चे को पालने में झुलाना।

Swinge - स्विन्ज् - *v. t.* to beat soundly, to chastise. खूब पीटना, दण्ड देना।

Swinger - स्विन्जर् - *n.* a great liar. बड़ा झूठा।

Swinging - स्विङ्गिङ्ग् - *n.* oscillation. झूला; **Swingingly** (- लि) - *adv.* in a swinging manner. झूलते हुए।

Swingle - स्विङ्ग्' - गल् - *n.* a wooden mallet used for beating flax. पटुआ या सन् पीटने की मुँगरी; *-v. t.* to clean flax with a swingle. मुँगरी से पीटकर पटुआ का गुद्दा निकालना।)

Swink - स्विङ्क् - *v. t. & i.* to labour, to drudge. परिश्रम करना, कष्ट करना; - *n.* drudgery. कठिन परिश्रम।

Swipe - स्वाइप् - *n.* a hard blow. कड़ा आघात, कड़ी चोट; *-v. t.* to hit with a swinging motion of the arms. हाथ झुलाकर मारना।

Swiper - स्वाइपर् - *n.* one who swipes. हाथ झुलाकर मारनेवाला।


Swirl - स्वर्ल् - *v. i. & t.* to move in a whirling motion. चक्कर खाना, घुमाना; *-n.* an eddying motion of water. जल का भँवर।

Swish - स्विश् - *n.* a stroke with a whip or cane. बेंत या चाबुक की मार; - *v. t.* to flog with a whip so quickly as to make a whistling sound. चाबुक फटकारते हुए और शब्द करते हुए मारना।

Swiss - स्विस् - *n. & adj.* a native of Switzerland, of Switzerland. स्विट्जरलैण्ड देशवासी, इस देश का।

Switch - स्विच् - *n.* a small flexible twig of a tree, a tress of hair used for hair-dressing, a movable rail for transferring a railway train from one line to the other, an appliance for connecting or disconnecting electrical current. छड़ी, खमाची, परान्दा, रेल की गाड़ी को एक लाइन पर से दूसरी पर ले जाने का साधन, बिजली की धारा चालू करने या रोकने का साधन या बटन; - *v. t.* to strike with a switch, to direct thoughts on a different subject. रोक लगाना, अन्य विषय पर चित्त लगाना; **Switch-board** (- बोर्ड) - *n.* a board with electric switches. बिजली की अनेक धाराओं का सम्बन्ध बदलने वाली पट्टी; **Switch-man** (- मॉन्) - *n.* a pointsman. रेलगाड़ी को एक लाइन से दूसरी लाइन पर ले जानेवाला मनुष्य; **To switch off** (to cut off electric current.) बिजली की धारा काट देना; **To switch on** (to join electric current.) बिजली की धारा मिलाना।

Swivel - स्विव्'- ल् - *n.* a ring that revolves freely on a staple. कुण्डा, घूर्णमान, भँवर-कड़ी; - *v. t.* to turn on a pivot. चूल पर घूमना; **Swivel-eyed** (- आइड्) - *adj.* of squinting eye. ऐंची निगाह का; **Swivel-joint** (- जॉइन्ट्) - *n.* a joint provided with swivel links. घूमनेवाला कड़ी का जोड़।


Swivel-joint.

Swollen - स्वोल्'- न् - (*p. p.* of **Swell**) - *adj.* inflated. फूला हुआ।

Swoon - स्वून् *-v. i.* to sink into a fainting fit, to faint. मूर्च्छित होना, अचेत होना; *-n.* a fainting fit,

syncope. मूर्च्छा, बेहोशी; **Swooning** (- इङ्ग्) - *n. & adj.* the act of fainting, that faints. मूर्च्छा, मूर्च्छित होनेवाला।

Swoop - स्वूप् - *n.* carrying off many things at once, falling on and seizing. एकाएक उठा ले जाना; *-v. i. & t.* to come with a rush, to descend with a sweep. एकाएक टूट पड़ना, झूलकर उतरना।

Swop - स्वॉप् - *v. t.* (*p. t.* **Swopped.**) to exchange, to barter. अदल-बदल करना; *-n.* an exchange. बदला, विनिमय।

Sword - सोर्ड् - *n.* a keen-edged cutting or thrusting weapon, destruction by war, strife, emblem of power or justice. खड्ग (कृपाण, तलवार), युद्ध द्वारा संहार, कलह, युद्ध, शक्ति या न्याय का चिह्न; **Sword-arm** (- आर्म्) - *n.* the right arm. दाहिना हाथ; **Sword-cane** (- केंन्) - *n.* (a walking stick containing within it a sword.) गुप्ती छड़ी; **Sword-cut** (- कट्) - *n.* wound of a sword. तलवार का घाव; **Sword-law** (- लॉ) - *n.* military domination. सैनिक नियम; **Swordless** (- लेंस्) - *adj.* devoid of a sword. बिना तलवार का; **Swordlike** (- लाइक्) - *adj.* of the form of a sword. तलवार के आकार का; **Sword-proof** (-प्रूफ़्) - *n.* protection against sword. तलवार की चोट बचानेवाला; **Swordsman** (- मॅन्) - *n.* a person with skill in using sword. तलवार चलाने में निपुण व्यक्ति; **Sword-stick** (- स्टिक्) - *n.* sword concealed within a walking-stick. गुप्ती छड़ी, छड़ी जिसके भीतर तलवार रहती है; **The Sword of justice** (judicial authority.) न्याय का अधिकार; **To sheathe the sword** (to stop a fight.) युद्ध समाप्त करना।

Swore - स्वोर् - *p. t.* of **Swear**. शपथ खाया।

Sworn - स्वोर्न् - *adj.* (*p. p.* of **Swear**) having taken an oath, bound by an oath, resolute, promised by an oath. शपथ लिये हुए, शपथ द्वारा बँधा हुआ या बाध्य, दृढ़, निश्चित, शपथपूर्वक प्रतिज्ञा-बद्ध।

Swot - स्वॉट् - *v. i.* (*p. t.* **Swotted.**) to study hard. परिश्रम से अध्ययन करना; *-n.* an ardent student. परिश्रमी विद्यार्थी।

Swum - स्वम् - *p. p.*of **Swim.** तैरा हुआ।

Swung - स्वङ्ग् - *p. p.* of **Swing.** झूला हुआ।

Sybarite - सिब' - राइट् - *n.* one devoted to luxury and pleasure. विलासी, विषयी।

Sybaritic - सिब' - अर् - इट्'- इक - *adj.* luxurious. विलास प्रिय।

Sybaritism - सिब्' - अर् - इट् - इज़्म् - *n.* luxuriousness. विलासिता।

Sycamine - सिक्' - आ - मिन् - *n.* the black mulberry tree. काले शहतूत का वृक्ष।

Sycamore - सिक्'- अ - मोर् - *n.* a kind of fig tree of Egypt. मिस्र देश का एक प्रकार का अञ्जीर का वृक्ष।

Syce - साइस् *-n.* an Indian groom. सईस।

Sychnocarpous - सिक् - एन् - कार्प - अस् - *adj.* bearing fruit many times before perishing. नष्ट होने (सूख जाने) के पूर्व कई बार फलनेवाला।

Sycoma - सिक्' - ओ - मा - *n.* a fig-shaped tumour. अञ्जीर के आकार की गिलटी।

Sycophancy - सिक - ओ - फॉन् - सि - *n.* obsequious flattery. चाटूक्ति, गहरी चापलूसी।

Sycophant - सिकॅ - ओ - फ़ॉन्ट् - *n.* a parasite, a mean flatterer, a blackmailer. अति अनुरोधी, चुगलखोर, नीच, चापलूस; **Sycophantic** (- इक्) - *adj.* like a flatterer. चापलूस की तरह।

Sycophantry - सिकॅ - ओ - फ़ॉन्ट्रि - *n.* flattery. चापलूसी।

Sycosis - साइ - कों' - सिस् - *n.* a disease on the scalp of the face. चेहरे पर का एक प्रकार का चर्मरोग।

Syke - साइक् *-n.* a small brook. छोटी नदी।

Syllabic - सिल् - आब'- इक - *adj.* pertaining to a syllable. शब्दांश का; **Syllabically** (- अलि) - *adv.* in a syllabic manner. एक अक्षर के योग में।

Syllabicate - सिल् - आब् - इक - एट् - *v. t.* to form into syllables. शब्दांश में विभक्त करना; **Syllabication** (- शन्), **Syllabification** (- फ़ि - के -शन्) - *ns.* the act of forming syllables. शब्दांशों में विभाग करने का कार्य।

Syllabify - सिल् - ऑब' - इ - फाइ - *v. t.* to form into syllables. शब्दांशों में विभक्त करना।

Syllable - सिल्' - एब्ल् - *n.* a letter or combination of letters uttered by one articulation. एक अक्षर अथवा अनेक अक्षरों का समुदाय जो एक साँस में बोला जाय।

Syllabus - सिल' - आ - बस् - *n.* (*pl.* **Syllabuses, Syllabi.**) a compendium an abstract containing the heads of a discourse, course of teaching &c. संक्षेप, सारांश, व्याख्यान, पाठ्य पुस्तक इत्यादि को निर्धारित करने की पुस्तक, पाठ्य विवरण।

Syllogism - सिलॅ - आ - जिज़्म् - *n.* form of logical reasoning consisting of three propositions. अवयव-घटित वाक्य, न्याय; **False syllogism** (one in which the conclusion does not follow the premises.) अयुक्त न्याय; **Syllogistic** (- जिस्ट्'- इक्) - *adj.* pertaining to a syllogism. न्यायसङ्गत; **Syllogistically** (- जिस्ट् - इक् - अलि) - *adv.* in a syllogistic manner. न्याय रीति से।

Syllogize - सिलॅ' - आ - जाइज़् - *v. t.* to reason by syllogisms. अवयवों द्वारा न्याय निरूपण करना।

Sylph - सिल्फ़् - *n.* spirit of the air, a slender graceful girl, a humming bird with a long forked tail. वायु में रहनेवाले दैवी लोग, पतली सुन्दर लड़की, लम्बी शाखादार दुमवाली गुनगुनानेवाली चिड़िया।

Sylvan - सिल'- वान् - *n.* one who lives in a forest, a forest god, a forester, a rustic, an animal or a bird of a forest. बनवासी, वनदेवता,

जंगल का अफसर, ग्रामीण व्यक्ति, बन पशु या पक्षी।

Symbol - सिम्ब्' - आल् - *n.* sign, representation, an emblem of something, letters standing for chemical elements. चिह्न, लक्षण, प्रतिरूप, रासायनिक तत्त्वों के लिए लाक्षणिक संकेत; **Symbolic** (- इक्) - *adj.* symbolical. लाक्षणिक संकेत का; **Symbolical** (-इकल्) - *adj.* serving as a symbol. लाक्षणिक, लक्षण की तरह प्रयोग में आनेवाला; **Symbolically** (- इक् - अलि) - *adv.* by symbols or signs. लाक्षणिक रूप से; **Symbolics** (- इक्स्) - *n.* the science of symbols. संकेतों की विद्या; **Symbolism** (-इज़्म्) - *n.* the imparting of a symbolic meaning to an object or action. किसी पदार्थ या क्रिया के लाक्षणिक अर्थ का प्रयोग, प्रतिकात्मकता, लाक्षणिकता; **Symbolist** (- इस्ट्) - *n.* one who uses symbols. संकेतों का प्रयोग करनेवाला; **Symbolistic** (- इस्ट् - इक्) - *adj.* one who uses symbols. संकेतों का प्रयोग करनेवाला; **Symbolization** (- आइज् - ऍ - शन्) - *n.* resemblance in properties. गुणों का सादृश्य; **Symbolize** (- आइज़्) - *v. t.* to have a typical resemblance, to represent by symbols, to unite, to formulate into a creed, to agree. विशिष्ट समानता रखना, संकेत द्वारा प्रकट करना, संयुक्त करना, धार्मिक श्रद्धा का निरूपण करना, सहमत होना।

Symbology - सिम् - बाल'- ओ - जि - *n.* the art of expressing by symbols. संकेतों द्वारा प्रकट करने की कला।

Symmetrical - सिम् - एट्'- रिक - अल् - *adj.* proportional in parts. यथाप्रमाण, सुडौल; **Symmetrically** (- लि) - *adv.* in a symmetrical manner. सुडौल रूप से; **Symmetricalness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being symmetrical. सुडौलपन, समरूपता।

Symmetrize - सिम्' - इट् - राइज़् - *v. i.* to make proportional in parts. अङ्गों को समरूप करना, सुडौल बनाना।

Symmetry - सिम' - एट् - री - *n.* right proportion of the several parts of a body to each other, harmony, congruity. समरूपता, अवयवों की सङ्गति, सुडौलपन।

Sympathetic - सिम् - पाथ् - एट् - इक - *adj.* having common feeling with another, inducing sympathy. समदुःखी (दयायुक्त), सहानुभूति का; **Sympathetic ink** (an ink the marks of which are not visible until heated.) ऐसी रोशनाई जिसकी लिखावट बिना काग़ज गरम किये देख नहीं पड़ती; **Sympathetically** (- अलि) - *adv.* in a sympathetic manner. सहानुभूति से।

Sympathize - सिम' - पाथ् - आइज़ - *v. t.* to feel or express sympathy for, to feel with another. समवेदना प्रकट करना, सहानुभूति प्रकट करना; **Sympathizer** (- अर्) - *n.* one who sympathizes. सहानुभूति प्रकट करनेवाला।

Sympathy - सिम' - पाथ - इ - *n.* fellow-feeling, compassion, the quality of being affected by the affection of another. समवेदना, कृपा (अनुकम्पा), सहानुभूति।

Symphonic - सिम् - फॉन्' - इक् - *adj.* resembling a symphony. स्वर की समता का।

Symphonious - सिम - फो' - नि - अस् - *adj.* agreeing in sound, harmonious. एक स्वर का, एक तान का।

Symphonize - सिम् - फान् - आइज़् - *v. t.* to be in unison with. एक सुर में होना।

Symphony - सिम' - फानि - *n.* harmony of sounds agreeable to the ear. स्वर की समता, स्वर का मिलान।

Symptom - सिम्प्' - टम् - *n.* a token or sign, that which indicates disease. लक्षण (चिह्न), रोग के लक्षण।

Symptomatic - सिम्प् - टॉम्' - एट - इक् - *adj.* pertaining to symptoms. लक्षण-सम्बन्धी; **Symptomatically** (- अलि) - *adv.* by means of symptoms. लक्षण या चिह्नों द्वारा।

Symptomatology - सिम्प्' -टाम - एट् - आल' - ओ - जी - *n.* the science of the symptoms of diseases. रोगों के लक्षणों की विद्या।

Syn - सिन् - *pref.* in the sense of "with", together." 'साथ' अर्थ का उपसर्ग।

Synagogical - सिन् - ए - गाग - इक् - अल् - *adj.* pertaining to the Jewish assembly for worship. यहूदियों की पूजा-समिति से सम्बन्धित।

Synagogue - सिन्' - अ - गॉग् - *n.* an assembly of Jews for the purpose of worship. यहूदियों का पूजा के लिये जमघट।

Synarchy - सिन् - आर्क् - कि - *n.* joint sovereignty. संयुक्त राज्य का शासन।

Synchronal - सिन्' - क्रान् - अल् - *adj.* happening at the same time, simultaneous. समकालीन, एक समय होनेवाला।

Synchronism - सिन्' - क्रान - इज़्म - *n.* occurrence of two or more events at a time. एक ही समय में अनेक घटनाओं का होना।

Synchronize - सिन' - क्रान् - आइज़् - *v. i. & t.* to occur at the same time, to cause to agree in time. एक ही समय में कई कामों का होना, समय में सहमत करना।

Synchronous - सिन्' - क्रोन - अस् - *adj.* simultaneous. एक साथ होनेवाला; **Synchronously** (-लि) -*adv.* at the same time. एक ही समय में।

Synchysis - सिन् - किस् - इस - *n.* confusion of words in a sentence. वाक्य में शब्दों का व्युत्क्रम या विप्लव।

Syncopate - सिन्' - कॉप - एट् - *v. t.* to contract or shorten by omitting the letters or syllables of a word. शब्द में एक या अनेक अक्षरों को

निकालकर छोटा करना; **Syncopation** (- शन्) - *n.* the act of syncopating. अक्षर निकाल कर शब्द को छोटा करने की क्रिया, शब्द संकोचन।

Syncope - सिन्' - कोप - इ - *n.* the cutting short of one or more letters from a word, loss of consciousness. शब्द के भीतर से एक अथवा अनेक अक्षर निकालकर छोटा करने की क्रिया, शब्द-संकुचन, मूर्छा।

Syncopist - सिन्' - कॉप् - इस्ट् - *n.* one who contracts words. शब्द के भीतर से अक्षर निकाल कर शब्द को छोटा करनेवाला व्यक्ति।

Syncopize - सिन्' - कॉप् - आइज़् - *v. t.* to contract a word. शब्द छोटा करना।

Syncretic - सिन्' - क्री - टिक् - *adj.* combining different religious systems into one. भिन्न धार्मिक रीतियों को एक में मिलानेवाला।

Syndic - सिन्' - डिक - *n.* a municipal officer, a chief magistrate. नगरपालिका का एक अधिकारी, प्रधान मजिस्ट्रेट।

Syndicate - सिन्' - डिक - एट् - *n.* a body of syndics, a council, a managing body, a committee of persons engaged in commercial speculation &c. सभा, प्रबन्धकर्ता लोगों की मण्डली, अभिषद।

Syndrome - सिन्' - ड्राम - इ - *n.* a combination of symptoms in a disease. रोग में अनेक लक्षणों का समावेश।

Synecdoche - सिन् - इक्' - डो - कि - *n.* a figure of speech in which a whole is put for a part or vice versa. उपलक्ष्य अलंकार जिसमें अंश के लिए पूर्ण अथवा पूर्ण के लिए अंश का प्रयोग होता है; **Synecdochical** (- कॉल्) - *adj.* pertaining to synecdoche. उपलक्ष्य सम्बन्धी।

Synochus - सिन्' - ऑक् - अस् - *n.* continuous fever. सतत या लगातार ज्वर।

Synod - सिन्' - ऑड् - *n.* an ecclesiastical assembly. पादरियों की सभा; **Synodal** (- अल्), **Synodic** (- इक्) - *adjs.* pertaining to such an assembly. धार्मिक सभा-सम्बन्धी; **Synodically** (- इकलि) - *adv.* by the order of a synod. धर्मसभा की आज्ञा से।

Synomosy - सिन् - आम्' - ओ - सि - *n.* sworn brotherhood. शपथ लेकर भ्रातृवत् व्यवहार।

Synonym - सिन्' - ऑन् - इम -*n.* a word having the same meaning and signification as another. पर्याय (तुल्यार्थ) शब्द, पर्याय; **Synonymic** (- इक्) - *adj.* pertaining to similar meaning. पर्यायवाची; **Synonymist** (- मिस्ट्) - *n.* one who collects synonymous words. पर्यायवाची शब्दों का संग्रह करनेवाला; **Synonymity** (- मिटि) - *n.* the state of being synonymous. तुल्यार्थता; **Synonymize** (- आइज़्) - *v. t.* to express the same meaning in different words. अनेक शब्दों में समान अर्थ प्रकाशित करना; **Synonymous** (- अस्) - *adj.* conveying the same idea. समानार्थवाला, पर्यायवाची; **Synonymously** (अस् - लि) - *adv.* in a synonymous manner. पर्याय अर्थ में; **Synonymy** (- इ) - *n.* amplification by synonyms. पर्याय शब्दों का व्यवहार करके सामान्य अर्थ पुष्ट करने का कार्य।

Synopsis - सिन् - ऑप - सिस् - *n.* (*pl.* **Synopses** सीज़्) a general view, abstract, summary. संकलित दृश्य, सार, संग्रह, संक्षेप; **Synoptic** (- टिक्) -*adj & n.* a general survey. सामान्य अवलोकन; **Synoptical** (- टिक् - अल्) - *adj.* affording a general view of a thing. सार प्रकाशक; **Synontically** (- टिकलि) - *adv.* in a synoptical manner. सामान्य अवलोकन द्वारा।

Synovia - सि (साइ) - नोविआ - *n.* the lubricating fluid in the joints of the body. शरीर के जोड़ों को तर रखनेवाला द्रव पदार्थ; **Synovial** (- अल्) - *adj.* pertaining to synovia. इस पदार्थ से संबंधित।

Syntactical - सिन् - टॉक् - टिक् - अल् - *adj.* according to the rules of syntax. वाक्य-रचना के नियमों के अनुसार; **Syntactically** (- लि) - *adv.* in conformity with syntax. कारक-नियमानुसार।

Syntax - सिन्' - टॉक्स - *n.* the grammatical and due arrangement of words in a sentence, sentence construction. वाक्य-रचना-विचार, वाक्य-रचना।

Syntectic - सिन् - टेंक - टिक् - *adj.* wasting with consumption. क्षय रोग से नाश होनेवाला।

Synteretic - सिन्' - टर् - रे - टिक् - *adj.* preserving health. आरोग्य रखनेवाला।

Synthesis - सिन्' - थेस् - इस - *n.* (*pl.* **Syntheses**- सीज़्) putting several things together, combination, composition of elements into one, artificial production. संयोग, संकलन, मिलावट, कृत्रिम रचना।

Synthesist - सिन्' - थेस - इस्ट् - *n.* one who works synthetically. समन्वय या संश्लेषण करनेवाला।

Synthesize - सिन्' - थिस् - इज़् - *v. t.* to produce natural objects artificially. प्राकृतिक पदार्थों को कृत्रिम क्रिया से तैयार करना।

Synthetic - सिन्' - थेट् - इक्, **Synthetical** (- अल्) - *adjs.* pertaining to synthesis. संयोग, मिलावट या कृत्रिम रचना सम्बन्धी।

Synthetically - सिन् - थेट्' - इक - अल - इ - *adj.* in a synthetic manner. मिलावट के ढङ्ग से।

Syntonic - सिन् - टॉन् - इक् - *adj.* sharp, intense. तीव्र, तेज।

Syntonin - सिन् - टान' - इन् - *n.* muscle fibrin. पेशी में का एक तत्त्व।

Syntonize - सिन्' - टान - आइज़ - *v. t.* to tune a wireless set. रेडियों के यन्त्र को सुर में लाना।

Syntony - सिन्' - टान् - इ - *n.* the tuning of a wireless set. बिना तार की तारबर्की के यन्त्र को सुर में

करने की क्रिया।

Syphilis - सिफ्' - इल् - इस - *n.* a venereal disease. उपदंश रोग, गरमी या आतशक।

Syphilitic - सिफ्' - इल - इट् - इक - *adj.* pertaining to syphilis. उपदंश रोग-सम्बन्धी।

Syphon - साइ'फ़न् - *n.* a bent pipe or tube with unequal legs for conveying liquids from a higher to a lower level. तरल पदार्थ को ऊपरी तल से निचले तल में ले जाने की मुड़ी हुई नलिका।



Syphon.

Syrian - सि' - रि - अन् - *adj.* pertaining to the natives of Syria. सीरिया देश के निवासी का।

Syringe - सि - रिन्ज् - *n.* a pipe furnished with piston by which liquids are sucked and then ejected in a fine stream. वस्ति, पिचकारी; - *v. t.* to spray with a syringe. पिचकारी देना।

Syrtis - सर्टिस् - *n.* name of two large quicksands off the northern coast of Africs. अफ्रीका के उत्तरी तट से दूर हटकर दो ढीले, तर बलुए मैदानों का नाम।

Syrup - सि - रप् - *n.* a saturated solution of sugar, vegetable juice saturated with sugar, चाशनी, शर्बत; **Syrupy** (- इ) - *adj.* like syrup. शर्बत के समान।

Systaltic - सिस' - टॉल् - टिक् - *adj.* capable of contracting and expanding alternately. पारी-पारी से सिकुड़ने तथा फैलने के योग्य।

Systasis - सिस्टॉ' - सिस् - *n.* political union. राजनीतिक मिलाप या संगठन।

System - सिस' - टम् - *n.* assemblage of things in regular order, principles in art or science, an arranged scheme, method, classification. पद्धति (रीति,क्रम), कल्पना, प्रयोग, उपाय, प्रबंध; **Mountain system** (connected ranges of mountains.) पर्वत-श्रेणी; **Solar system** (the sun and planets.) सौर जगत, सूर्य और इसके आस-पास के नक्षत्र; **System of government** (procedure of government.) राज्य शासन-पद्धति; **System of philosophy** (co-ordinated doctrines of philosophy.) दर्शन, तत्त्वज्ञान; **The system** (body as a functional whole.) शरीर-रचना (कायव्यूह), शरीर का क्रम।

Systematic - सिस - टम् - आट्' - इक् - *adj.* pertaining to system, methodical. यथाक्रम, क्रम के अनुसार; **Systematically** (-अलि) -*adv.* in a regular manner. पद्धति या क्रम के अनुसार।

Systematist - सिस' - टम् - आट् - इस्ट् - *n.* one who reduces anything to system. सब पदार्थों को क्रमानुसार रखनेवाला।

Systematization - सिस' - टेम - ऑट - इज़् - ए' - शन् - *n.* the act of systematizing. क्रमबद्धता।

Systematize - सिस्' - टेम - आट् - आइज़् - *v. t.* to reduce to a system. क्रमबद्ध करना, व्यवस्था करना; **Systematizer** (- अर्) - *n.* one who systematizes. क्रमबद्ध (व्यवस्था) करनेवाला व्यक्ति।

Systemless - सिस्' - टम् - लेंस् - *adj.* without system. बिना क्रम या व्यवस्था का।

System-maker - सिस्' - टम - में - कर - *n.* one who forms a system. व्यवस्था करनेवाला व्यक्ति।

System-monger - सिस' - टम् - मङ्ग्' - गर -*n.* one given to forming systems. सर्वदा क्रम रचनेवाला।

Systole - सिस' - टाल - इ -*n.* the shortening of a long syllable, the contraction of the heart and arteries. अक्षर या पद को छोटा करना, हृदय या धमनी का संकुचन।

Systolic - सिस् - टॉल्' - इक -*adj.* pertaining to systole. हृदय या धमनी के सिकुड़ने से सम्बन्धित।

Systyle - सिस्' - टिल् -*n. & adj.* placing of columns near each other. खम्भों को प्रायः मिलाते हुए बैठाने की व्यवस्था का।

Systylous - सिस्' - टिल् - अस् -*adj.* with united styles. मिले हुए खम्भों के साथ या खम्भों से युक्त।

Syzygy - सिज़' - इज् - इ -*n.* conjunction or opposition of a planet with the sun, the period of new and full moon when the sun, moon and earth are in one line. किसी नक्षत्र का सूर्य के ठीक सामने या ठीक पीछे होना, नवीन चन्द्रमा या पूर्ण चन्द्रमा का समय जब पृथ्वी, सूर्य तथा चन्द्रमा एक पंक्ति में रहते हैं।

***

T - टी - the twentieth letter of the English alphabet, anything shaped like the letter T. अंग्रेजी वर्णमाला का बीसवाँ अक्षर, इस अक्षर के आकार का कोई पदार्थ; **To cross the T's** (to be very precise.) निश्चित या स्पष्ट होना।

T- square - टी - स्क्वेंअर् - *n.* a ruler like the letter T, used in mechanical or architectural drawing. नकशा बनाने के काम में आनेवाली 'टी' अक्षर के आकार की पटरी।


T-square.

Ta - टा - *n.* a childish word for 'Thank you'. धन्यवाद अर्थ का शब्द जिसको बच्चे प्रयोग करते हैं।

Tab - टॅब् - *n.* a tab, the end of a lace, the flap of a garment, the metallic binding at the end of a shoe-lace. फ़ीता, किनारा, जूते के फ़ीते के किनारे की वस्तु की नोक।

Tabard - टॅब' - अर्ड - *n.* herald's coat, a garment worn over armour. योद्धा की पोशाक, कवच के ऊपर पहिनने का जामा; **Tabarder** (-अर्) - *n.* one who wears a tabard. कवच के ऊपर पहिननेवाला।

Tabaret - टॅब्' - अर् - एट्' - *n.* an upholstery fabric lined with silk. गद्दे इत्यादि में जड़ने का धारीदार रेशमी वस्त्र।

Tabasheer - टॅब्' - ऑश' - इअर - *n.* a kind of opal found in the joints of certain kinds of bamboos. वंशलोचन, तबाशीर।

Tabbinet - टॅब् - इन - एट् - *n.* a fabric of silk and wool used for curtains. परदा बनाने का ऊन मिला हुआ रेशमी कपड़ा।

Tabby - टॉ - बि - *adj.* (*comp.* **Tabbier,** *sup.* **Tabbiest.**) having a variegated appearance, of different colours. रङ्ग-बिरङ्गा, धारीदार, चितकबरा; -*n.* a cat of mottled colour. चितकबरी बिल्ली; -*v. t.* to give a wavy appearance to, to cause to look wavy. लहियादार बनाना या करना।

Tabbying - टॅ - बि - इङ्ग् - *n.* the watering of fabrics. पानी में भिगोकर रेशमी वस्त्र को लहरिया बनाना।

Tabefaction - टॅब्' - इ - फाक्'- शन् - *n.* wasting of the body of disease. रोग के कारण शरीर के क्षय या क्षीण होने की क्रिया।

Tabernacle - टॅब्' - अर - नॉकल्' - *n.* a tent, a movable building, a place of worship, the human body. (पट, मण्डप) खेमा, तंबू, जगह से हटनेवाली इमारत, पूजा का मन्दिर, मनुष्य का शरीर; - *v. t. & i* to dwell for a short time, to put or enshrine in a place of worship. थोड़े समय के लिये निवास करना, पूजागृह में स्थापित करना; **Tabernacled** (- ड्) - *adj.* having obtained a temporary shelter. अस्थायी आश्रय पाये हुए।

Tabernacular - टॅब् - अर् - नॉक्' - यु - लर् - *adj.* latticed. जालीदार।

Tabes - टें - बीज़् -*n.* wasting disease of the spinal cord. वात-सम्बन्धी क्षय रोग।

Tabic - टॉब् - इक् - *adj.* pertaining to tabes. वात-जनित क्षय रोग-सम्बन्धी।

Tabetic - टॉब् - एट् - इक् - *adj.* affected with tabes. वात क्षय रोग से ग्रस्त।

Tabinet - टॉब् - इ - नेट् - *n.* a watered silk fabric. पानी से लहरियादार बना हुआ रेशमी वस्त्र।

Tablature - टॉब' - लेचर् - *n.* a painting on a wall graphic description. दीवार पर का चित्र, विस्तृत वर्णन।

Table - टें - बल् -*n.* a flat surface, a slab, an article of furniture consisting of a flat surface of wood, marble etc., raised on legs, tablet, entertainment, index of matters, synopsis. समतल स्थान, फलक, पटल, लेखनाधार, मेज़, मंच, टिकिया, उत्सव, तालिका, सारिणी, सूची, सूचीपत्र;- *v.t.* to tabulate, to supply with food. सूचीपत्र बनाना, अङ्क-पञ्जी पर अङ्क चढ़ाना, भोजन देना; **At table** (while taking one's meal.) भोजन करते हुए; **Table of contents** (Index.) विषय-सूची; **Table-bell** (- बेंल्) - *n.* a small bell which is used for calling servants. नौकर को पुकारने के लिये टेबुल पर बजाने की घंटी; **Table-book** (- बुक्) - *n.* a book containing arithmetical tables, a book to lie on the table. पहाड़े की पोथी, टेबुल पर रखने की छोटी पुस्तक; **Table-clamp** (- क्लॉम्प्) - *n.* a clamp for fastening things to a table. किसी पदार्थ को टेबुल में कसने का शिकञ्जा; **Table-cloth** (- क्लॉथ्) - *n.* a piece of cloth used for covering a table. टेबुल पर बिछाने का वस्त्र, मेज़पोश; **Tablecut** (- कट्) - *n.* rectangularly cut. चौरस कटा हुआ; **Table-knife** (- नाइफ्) - *n.* a knife to be used at the dinner-table. भोजन के समय व्यवहार करने का चाकू; **To lay on the table** (to postpone.) टालना; **To turn the tables** (to change the status of something.) अवस्था या स्थिति बदलना।

Tableau - टॉब' - लो - *n.* (*pl.* **Tableaux-** ज़्) a picture, a silent and motionless group of persons arranged as in a picture. चित्र, चित्रवत् बैठे हुए मनुष्य।

Tableland - टें - बल् - लॅन्ड् - *n.* an extent of flat land. ऊँची भूमि, पठार; **Table-money** (- मनि) - *n.* an allowance to officers. अधिकारियों का भत्ता; **Table-spoon** (- स्पून्) - *n.* a large spoon for the table which contains half an ounce of a liquid. बड़ा चम्मच जिसमें आधा आउन्स तरल पदार्थ अँटता है।

Tablet - टॅब्'- लेट् - *n.* a thin sheet of anything on which to write, a small table, a small flat cake of medicine. पटरी, पटिया, छोटा टेबुल, औषधि की छोटी टिकिया।

Table-talk - टेबल्' - टॉक् - *n.* conversation on different topics. भिन्न विषयों पर वार्तालाप।

Table-turning - टें'- बल् - टर्न - इङ्ग् - *n.* the moving of a table apparently without physical force. बिना शारीरिक शक्ति लगाये टेबुल के हिलने की क्रिया।

Tabling - टेबल्' - इङ्ग् - *n.* a setting in order. क्रम में रखने का कार्य।

Tabloid - टाब्' - लॉइड् - *n.* a small round medicinal lozenge. दवा की छोटी टिकिया।

Taboo, Tabu - टॉ - बू - *n.* a ban, a prohibition by general consent. अवरोध, रुकावट; - *v. t.* to prohibit by authority. अधिकार से रोकना।

Tabor - टें - बर् - *n.* a small drum. छोटा ढोल या मृदङ्ग; **Taborer** (- अर्) - *n.* one who plays on a tabor. ढोलक बजानेवाला; - *v. t.* to play on the tabor. ढोलक बजाना।

Taborine - टेब'- आर - इन् - *n.* a small shallow drum. ढोलकी।

Tabouret - टॉब्' - उ - रेंट् [Fr. टबुर] - *n.* a small seat or stool. बिना पिछवई की बैठने की तिपाई; a small chair, without arms or the back. बिना बाँह और पिछवई की छोटी कुरसी।

Tabular - टॉब्' - यु - लर् - *adj.* in the form of a table, set down in a table, flat, arranged and classified in tables. टेबुल के आकार का चिपटा, सूचीबद्ध, चौरस, सूची की तरह क्रम में लिखा हुआ।

Tabularize - टॉब्' - यू - लेर - आइज़् - *v. t.* to tabulate. क्रमबद्ध करना।

Tabularly - टॉब्' यू - लर् - ली - *adv.* in a tabular form. सूची या तालिका के रूप में।

Tabulate - टॉब्' - यू - लेंट् - *adj.* shaped like a table. टेबुल के आकार का; - *v. t.* to reduce to tables or synopses. सूचीपत्र बनाना।

Tache - टॉच् (- श्) - *n.* (also **Tach**) a catch, a loop or button. खटका, बटन।

Tachometer - टॉकें - ऑम् - इट् - अर् - *n.* an instrument for measuring the velocity of currents. धाराओं की गति नापने का यन्त्र।

Tachycardia - टॉक्'- इ - कार'- डि - आ - *n.* the abnormal rapid beating of the heart. हृदय की असाधारण तीव्र गति।

Tachygraphy - टॉक् - इग्'- राफ - इ - *n.* stenography, shorthand writing. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की कला।

Tachygrapher - टॉक्' - इग्'- राफ - अर - *n.* a stenographer. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखनेवाला।

Tachygraphic - टॉक्' - इ - ग्राफ'- इक् - *adj.* written in shorthand. सांकेतिक चिह्नों में लिखा हुआ।

Tachymeter - टॉक्' - इम - इट् अर - *n.* a surveying instrument. सर्वे (नाप) करने का एक यन्त्र।

Tacit - टॉस्' - इट् - *adj.* understood, implied, not expressed. चुपचाप, मौन, प्रकट न किया हुआ; **Tacit consent** (consent by silence.) मौन स्वीकृति; **Tacitly** (- लि) - *adv.* by implication. मूक भाव से, निर्विकल्प रूप से।

Taciturn - टॉस्'- इ - टर्न - *adj.* not talkative, reserved, silent. अल्पभाषी, भाषणविरक्त, कम बोलनेवाला; **Taciturnity** (- इटि) - *n.* reserve in speaking. मूकभाव, कम बोलने का गुण।

Taciturnly - टॉस्'- इ - टर्न - ली - *adv.* in a reserved manner. मूकभाव से।

Tack - टॉक् - *n.* a small nail with a broad head, term of a lease, a rope for fastening sails. चौड़े माथे की छोटी काँटी, पट्टे की शर्त, पाल बाँधने का रस्सा; - *v. t.* to fasten, to append, to divert a ship's course. काँटे से बाँधना, जोड़ना, जहाज़ का मार्ग बदलना; *(pl.)* long stitches. (ब0व0) लम्बी सियन; **Tack-driver** (a machine for driving nails.) काँटी ठोकने का यन्त्र; **Tacker** (- अर्) - *n.* one who tacks. जोड़नेवाला, काँटी ठोंकनेवाला।

Tacket - टॉक्'- इट् - *n.* a small nail with large head. बड़े माथे की छोटी काँटी।

Tackle - टॉक्ल् - *n.* a mechanism for lifting or lowering heavy weights. भारी वस्तुओं के चढ़ाने-उतारने का यन्त्र; - *v. t. & i.* to seize or lay hold of, to fall to work. पकड़ना, काम में लग जाना।

Tackling - टॉक्' - लिङ्ग् - *n.* furniture of the masts and yards of a ship, harness. जहाज के मस्तूल इत्यादि की सामग्री, घोड़े का साज।

Tacky - टॉक' - इ -*adj.* sticky, slightly adhesive. थोड़ा चपकनेवाला, चिपचिपा।

Tact - टॉक्ट् - *n.* peculiar skill or adroitness, nice perception, skill in doing the right thing at the right time in the right way. कुशलता (निपुणता, चातुरी), सूक्ष्म विचार, व्यवहार, कौशल, उचित समय पर उचित ढंग से उचित कार्य करने की युक्ति; **Tactful** (- फुल्) - *adj.* gifted with tack. उक्त युक्ति में निपुण; **Tactfully** (फ़ुलि) - *adv.* skilfully. चतुराई से; **Tactical** (टॉक्टिकल्) - *adj.* skilfully planning. निपुणता या युक्ति से योजना बनानेवाला सामरिक।

Tactician - टॉक् - टिश्' - अन् - *n.* one skilled in tactics. युद्धविद्या में चतुर।

Tactics - टॉक् - टिक्स् - *n.* (*sing. & pl.*) the art and science of disposing forces for battle: - (*pl.*) skilful device, व्यूहरचना, युद्धविद्या, (ब0 व0) युक्ति, कुशलता, सामरिकी।

Tactile - टॉक्ट्' - इल् - *adj.* tangible, pertaining to the sense of touch. छूने योग्य, स्पर्शज्ञान-सम्बन्धी।

Tactility - टॉक्ट् - इल्'- इ - टि - *n.* tangibleness. स्पर्शयोग्यता, स्पर्शनीयता।

Taction - टॉक'- शन् - *n.* the act of touching. स्पर्श क्रिया।

Tactless - टॉक्ट्' - लेस् - *adj.* destitute of tact. बिना कुशलता (युक्ति) का; **Tactlessness** (- नेस्) - *n.* the quality of being tactless. अकुशलता।

Tactual - टॉक्ट्'- यु - अल् - *adj.* pertaining to touch. स्पर्श-सम्बन्धी; **Tactually** - *adv.* in a tactual manner. स्पर्श करते हुए।

Tadpole - टॉड्'- पोल् - *n.* the frog in its first stage after leaving the egg. अंडे से निकला हुआ मेढक का बच्चा।

Ta'en - टन् - contraction of 'taken', 'टेक्न्' शब्द का छोटा रूप।

Taenia - टे - नि - आ - *n.* a tapeworm, a band-like form. चिपटा केंचुआ, फ़ीते के आकार का पदार्थ।

Taffeta - टॉफ'- इट - आ - *n.* a fine smooth stuff of silk &c. ताफता, चेलिसिल्क।

Taffrail - टॉफ़' - रेल् - *n.* the rail round the stern of a ship. जहाज़ के पिछले भाग में लगा हुआ कटघरा।

Tag - टॉग् - *n.* a flap of garment, a small thread with pointed metal pieces for binding pieces of paper, the metal point at the end of a lace or string, something mean, an appendage. कपड़े का लटकनेवाला ढीला सिरा, कागज़ के टुकड़ों को बाँधने के लिये धातु की पतली नोक लगे सिरोंवाला तागा, रस्सी या फ़ीते के किनारे पर की धातु की नोंक, तुच्छ वस्तु, पुछिल्ला; - *v.t.* (*p. t.* **Tagged.**) to fit with a tag, to join. जोड़ना, पुछिल्ला लगाना।

Taglia - टॉग्'- लिया - *n.* a combination of pulleys for hoisting. घिरनियों की पंक्ति।

Tag-rag - टॉग्'- रॉग् - *n.* the lowest class of people. नीच जाति के लोग।

Tag-tail - टॉग्' - टेल् - *n.* a worm the tail of which is different in colour from the colour of the body. कीड़ा जिसकी पूँछ का रङ्ग शरीर के रंग से भिन्न होता है।

Taigle - टेग्ल् - *v. t. & i.* to entangle, to hinder, to delay, to loiter, to trudge. फँसाना, रोकना, देर करना, इधर-उधर घूमना, पैर घसीट कर चलना।

Tail - टेल् - *n.* the hindmost part of an animal, the back part of anything, the end. पूँछ, किसी वस्तु का पिछला भाग, अन्त; - *v. t.* to fasten something to the back part of a thing. किसी पदार्थ के पिछले भाग में कुछ बाँधना; **To tail after** (to follow closely.) पीछे-पीछे चलना, अनुसरण करना; **To tail in** (to tie by the end.) पूँछ बाँधना; **To turn tail** (to turn one's back.) भाग जाना, पीछे फिरना।

Tailboard - टेल्' - बोर्ड् - *n.* the board at the hinder part of a car. गाड़ी के पीछे का पावदान; **Tail-boom** (the main spar carrying the tail of a pusher aeroplane.) हवाई जहाज़ का वह प्रधान डंडा जिसमें इसकी पूँछ का भाग लगा होता है; **Tail-coat** (- कोट) - *n.* a coat with a long back part. कोट जिसका निचला भाग लम्बा होता है।

Tailed - टेल्'-ड् - *adj.* having a tail. दुमदार, पूँछवाला।

Tail-end - टेल्' - एन्ड्' - *n.* the extreme end. अन्तिम छोर।

Tailing - टेल्' - इङ्ग् - *n.* the part of a projecting stone inserted in a wall. दीवार में लगाये हुए पत्थर का उभड़ा हुआ भाग।

Tailless - टेल्'-लेस् - *adj.* without a tail. बिना पूँछ का।

Taillight - टेल्' - लाइट् - *n.* the light at the back of a train or motor car. रेल तथा मोटर गाड़ी के पीछे की रोशनी।

Tailor - टेलर् - *n.* (*pl.* **Tailors.**) a maker of garments. दर्जी; - *v. t.* to make outer garments. पोशाक बनाना, कपड़ा सीना।

Tailor-bird - टेलर् - बर्ड् - *n.* a kind of small bird which makes its nests by sewing up leaves &c. बया पक्षी।

Tailoress -टे'- लर् - एस्' - *n.* fem. a female tailor. दरजिन।

Tailoring -टे'- लर् - इङ्ग् - *n.* the occupation of a tailor. दर्जी का काम।

Tailpiece - टेल्' - पीस् - *n.* an ornamental engraving or block printed at the end of a book or chapter. पुस्तक के अन्त में अथवा अध्याय के नीचे छपा हुआ चित्र।

Tailrace - टेल्' - रेस् - *n.* the stream of water which runs from a mill after turning its wheel. पनचक्की की जल की धारा जो इसके पहिये को घुमाने पर बहती है।

Tailrope - टेल्' - रोप् -*n.* a rope which is attached behind. पीछे की ओर लगा हुआ रस्सा।

Tain -टेन् - *n.* the thin plate of tin. राँगे का पतला पत्तर।

Taint - टेन्ट् - *n.* stain, corruption, blemish on reputation. धब्बा, दोष, कलंक; - *v. t. & i.* to stain, to corrupt, to poison. धब्बा डालना, कलंकित करना, विषैला बनाना।

Taintless - टेन्ट्' - लेस् - *adj.* free from taint or tarnish. कलंक या दोष-रहित; **Taintlessly** (- लि) - *adv.* in a taintless manner. बिना कलंक के।

Take - टेक् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Took,** *p. p.* **Taken.**) to get hold of, to grasp, to seize, to receive, to captivate, to choose, to swallow, to agree to, to copy, to please, to understand, to rent or hire. पकड़ना, थामना, ग्रहण करना, अङ्गीकार करना, मुग्ध करना, पसन्द करना, निगलना, लेना, सहमत होना, अनुकरण करना, समझना, किराये पर लेना; **Take your time** (do not hurry.) शीघ्रता मत करो; **To take a course** (to resort to.) अनुसरण करना; **To take a photograph** (to photograph.) फ़ोटो उतारना; **To take after** (to follow in

resemblance.) अनुसरण करना; **To take away** (to deprive of.) अलग करना; **To take breath** (to rest.) विश्राम करना; **To take care of** (to be careful.) सावधान होना; **To take down** (to write down, to pull down, to lower.) लिख लेना, गिराना, नीचा करना; **To take effect** (to be successful.) सफल होना; **To take fire** (to catch fire.) आग लग जाना; **To take for** (to mistake.) अशुद्धि करना; **To take for granted** (to accept as true.) सच्चा मान लेना; **To take heed** (to be careful.) सावधान होना; **To take hold of** (to grasp.) पकड़ना; **To take in** (to inclose, to receive.) बन्द करना, प्राप्त करना; **To take in hand** (to undertake.) कार्य में लग जाना; **To take in with** (to assemble.) एकत्रित होना; **To take leave** (to bid adieu.) विदाई लेना; **To take off** (to remove.) उतारना, हटाना; **To take one's way** (to depart.) प्रस्थान करना; **To take out** (to remove.) हटाना; **To take over** (to succeed.) सफल होना; **To take place** (to come to pass.) होना; **To take the field** (to be engaged in battle.) युद्ध में लग जाना; **To take to** (to begin.) आरम्भ करना; **To take to task** (to call to account, to reprove.) जवाब तलब करना, घुड़कना, डपटना; **To take up** (to raise, to engross, to arrest, to pick up in a carriage or on horseback, to accept, to resume.) उठाना, लग जाना, पकड़ना, गाड़ी या घोड़े पर चढ़ा लेना, स्वीकार करना, पुनः चालू करना।

Taken - टें - क्न् - *p. p.* of **Take**; *adj.* accepted. स्वीकृत।

Taker - टेंकर् - *n.* one who takes. ग्रहण करनेवाला।

Taking - टेंक्' - इङ्ग् -*adj.* attracting, captivating, alluring, infectious. मनोहारी, मोहनी, रम्य, रोग उत्पन्न करनेवाला; **Takingly** (-लि) -*adv.* in a captivating manner. आकर्षक रूप से।

Take-off - टेंक' - ऑफ् - *n.* airship's leaving the ground or water for a flight, the spot from which an aeroplane leaves the ground or water. हवाई जहाज का उड़ने के लिये भूमि या जल को छोड़ना, वह स्थान जहाँ से हवाई जहाज उड़ता है।

Talbot - टॉल् - बॉट् - *n.* a kind of hound. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता।

Talc - टॉल्क् - *n.* a very soft, pliable, silvery white transparent mineral, magnesium silicate. बहुत नरम, लचीला, रुपहला, पारदर्शक खनिज, अबरक, सेतखड़ी।

Talcose - टॉल्'- कें - स् - *adj.* abounding in talc. सेतखड़ी या अबरक से पूर्ण।

Tale - टेंल् - *n.* a narrative, a fictitious story or legend, information, malicious report reckoning. कथा, कहानी, समाचार (सूचना), बुरी खबर, गणना।

Tale-bearer - टेंल्' - बेंअरर् -*n.* one who tells tales or gives information. कथा कहनेवाला, सूचना-वाहक।

Tale-bearing - टेंल् - बेंअर् - इङ्ग् - *n.* telling of tales with mischievous intention. बुरे इरादे से कहानी कहने का काम।

Taleful - टेंल् - फुल् - *adj.* full of stories. कथाओं से परिपूर्ण।

Talent - टेंल - एन्ट् - *n.* a standard weight, superior genius, skill, disposition, faculty. प्रामाणिक परिमाण, बुद्धि, चातुरी, गुण; **Talented** (- एंड्) - *adj.* possessing skill. गुणी, बुद्धिमान्; **Talentless** (- लेंस्) - *adj.* without talent. बुद्धिहीन, गुणहीन।

Tales - टें' - लीज़् - *n. pl.* writ for summoning jurors. जूरियों को बुलाने का सम्मन।

Talesman - टेंल्ज़्' - मॉन् - *n.* a person summoned to act as a juror. जूरी का काम करने के लिये बुलाया हुआ मनुष्य।

Tale-teller - टेंल्' - टेंल - अर् - *n.* one who tells stories. कहानी कहनेवाला व्यक्ति।

Talion - टेंल' - इ - ऑन् - *n.* the law of retaliation. बदला लेने का नियम।

Taliped - टॉलि' - पेंड् - *adj.* club-footed. जुड़ी हुई अँगुलियों का।

Talipes - टॉल्' - इ - पेज् - *n.* a club-footed creature. जुड़े हुए पंजेवाला प्राणी।

Talisman - टॉल्' - इज़् - मेन् - *n.* (*pl.* **Talismans.**) an amulet or charm, something that produces wonders. कवच, यन्त्र, ताबीज़; **Talismanic** (- इक्) - *adj.* magical. जादू का।

Talk - टॉक् - *v.i.* to converse, to prate, to speak, to discuss in words. बोलना, बकवाद करना, बातचीत करना, बहस करना; - *n.* a mutual discourse, a rumour, report. परस्पर भाषण (बोलचाल), जनप्रवाद, समाचार; **Idle talk** (useless gossip.) प्रलाप, बकवाद; **Popular talk** (rumour.) जनप्रवाद; **To talk about** (to discuss.) शास्त्रार्थ करना; **To talk at** (to address on a subject critically.) किसी विषय में कटु आक्षेप करना; **To talk away** (to while away time in talking.) बकवाद में समय नष्ट करना; **To talk down** (to silence.) चुप कर देना; **To talk of** (to converse on a subject.) किसी विषय पर बातचीत करना; **To talk over** (to discuss at length.) विस्तारपूर्वक शास्त्रार्थ करना; **To talk round** (to discuss without reaching any conclusion.) बिना लक्ष्य के बकबक करना; **To talk to** (to speak to, to rebuke, to scold.) बात करना, झिड़कना, बिगड़ना, बुरा-भला कहना।

Talkative - टॉक्' - ऑट् - इव् - *adj.* given to much talking, loquacious. बहुभाषी, बकवादी; **Talkatively** (- लि) - *adv.* in a talkative man-

ner. बकवाद करते हुए; **Talkativeness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being talkative. बकवाद।

Talker - टॉक' - अर् - *n.* a loquacious person. बकवादी मनुष्य।

Talkies - टॉकीज़् - *n. pl.* talking cinematographic pictures. बोलती-चालती तसवीर।

Talking - टॉक् - इङ्ग् - *n.* conversation, speaking. वार्तालाप, बातचीत।

Talky - टॉकी - *adj.* full of talk. वाचाल।

Tall - टॉल् - *adj.* long in height, of more than average height, big. उन्नत, ऊँचा, लम्बा।

Tallboy - टॉल्' - बॉय् - *n.* a high chest of drawers. दराजदार ऊँचा बक्स; **Tall of stature** (of tall built.) लम्बे शरीरवाला, दीर्घकाय; **To talk tall** (to boast, to brag.) शेखी मारना।

Tallish - टॉल्' - इश् - *adj.* rather tall. प्रायः ऊँचा।

Tallness - टॉल्' - नेंस् - *n.* the state of being tail. ऊँचापन, लम्बाई।

Tallow - टॉल्' - ओ - *n.* animal fat melted down. वसा, चर्बी; - *v. t.* to grease with tallow, to fatten. चर्बी से चिकनाना, मोटा करना; **Tallow-chandler** (- शॉन्ड् - लर्) - *n.* one who makes and sells tallow candles. चर्बी की बत्ती (मोमबत्ती) बनाने तथा बेचनेवाला; **Tallow-faced** (- फेस्ड्) - *adj.* having a pale complexion. पीत मुखवाला; **Tallowing** (- इङ्ग्) - *n.* the art of increasing fat in cattle. पशुओं के शरीर में चर्बी बढ़ाने की कला; **Tallowish** (- इश्) - *adj.* greasy. चर्बीदार; **Tallowy** (- इ) - *adj.* like tallow. चर्बी के सदृश।

Tally - टॉल् - इ - *n.* (*pl.* **Tallies.**) one of two pieces of wood marked with notches before it is cut into halves, reckoning, label. लकड़ी का टुकड़ा जिस पर काटने के पहिले चिह्न बनाये गये हों, गणना, चिह्न करने के टिकट; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Tallied.**) to record, to reckon, to fit, to correspond, to identify & compare, to deal on credit. (लकीर इत्यादि से) अंकित करना, गणना करना, समान होना या करना, अनुकूल होना, पहिचानकर मिलान करना, उधार का व्यवहार करना।

Tally-ho - टॉल्' - इ - हो - *n.* a huntsman's cry to hounds. कुत्तों को पुकारने की शिकारी की बोली, - *v. t. & i.* to utter sound like this. 'लूहा', 'लूहा', 'लूहा', 'लूहा' का शब्द बोलना।

Tallyman - टॉल्' - इ - मॉन् - *n.* (*pl.* **Tallymen.**) a pedlar who carries his goods on a stick. बहँगी पर सामग्री रखकर बेचनेवाला।

Tallyshop - टॉल्' - इ - शॉप् - *n.* a shop at which goods are sold to be paid for by instalments. दूकान जिसमें वस्तु किस्तों में दाम चुकाने की शर्त पर बेची जाती है।

Talma - टॉल्' - मा - *n.* a long robe. लम्बा अँगरखा या लबादा।

Talmi-gold - टॉल् - मि'- गोल्ड् - *n.* an article of brass with a thin coating of gold on it. सोने का मुलम्मा किया हुआ पीतल का पात्र।

Talmud - टॉल्' - मूड् - *n.* the code of Jewish law. यहूदियों के धर्मशास्त्र की पुस्तक; **Talmudist** (- इस्ट्) - *n.* one versed in the Talmud. यहूदी धर्म पुस्तक का ज्ञाता।

Talon - टॉल् - अन् - *n.* the claw of a bird of prey, the heel of a sword blade. शिकारी पक्षियों का नख, चंगुल, तलवार की धार का पिछला भाग।

Taloned - टॉल्' - आन्ड् - *adj.* furnished with claws. चंगुलदार।

Talpa - टॉल्पॉ - *n.* the genus which includes the mole. छछूँदर जाति के पशु।

Talus - टे' - लस् - *n.* the bone of the foot which is articulated to the leg, a rampart. पैर की हड्डी, धुस।

Tamability - टॅम् - ए - बिल' - इ - टि - *n.* (also **Tameability**) tamableness. पलुआपन।

Tamable - टेम - एब्ल् - *adj.* (also **Tameable.**) that may be tamed or subdued. पालने या अधीन करने योग्य; **Tamableness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being tamable. पलुआपन।

Tamandua - टेम् - आन्'- ड्यू - ए - *n.* a kind of ant-eating animal. एक प्रकार की चींटी खानेवाला पशु।

Tamarin - टेम्' - आ - रिन - *n.* a kind of South African squirrel monkey. दक्षिण अफ्रिका का एक प्रकार का गिलहरी की शकल का बन्दर।

Tamarind - टॅम्' - ए - रिन्ड् - *n.* a tropical leguminous tree. इमली का पेड़।

Tamarisk - टॅम्'- ए - रिस्क् - *n.* an evergreen shrub. झाऊ का पेड़।

Tambac - टॅाम्बक् - *n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते के मेल से बनी हुई धातु।

Tambour - टॅम्' - बूर् - *n.* a small sieve-like drum, a circular frame in which cloth &c. is stretched to be embroidered. चलनी के आकार की छोटी खँजड़ी, कसीदा काढ़ने के लिये कपड़ा तानने का गोल फ्रेम (ढाँचा); -*v. t.* to decorate or embroider. कसीदा काढ़ना।

Tambourine - टॅम् - बोर् - एन्' - *n.* a small shallow drum with loose jingling metal disks. झाँझ लगा हुआ डफ़, खँजड़ी, चङ्ग।



Tambourine.

Tame टेम् - *adj.* domesticated, not wild, spiritless पलुआ, पालतू, निःसत्त्व (निस्तेज, मन्द); - *v. t.* to subdue, to domesticate, to humble. वश में करना, पलुआ बनाना, विनीत करना; **Tameless** (- लेंस्) - *adj.* untamable, wild. जंगली, पलुआ न बनाया हुआ; **Tamely** (- लि) - *adv.* in a tame manner. पलुएपन से, निःसत्त्व से; **Tame-**

ness - (- नेस्) - *n.* want of spirit. तेजहीनता, पलुआपन; **Tamer** (- अर्) - *n.* one who tames. पालनेवाला।

Tamin (e-) - टॉमिन् - *n.* a fine thin glazed mixed woollen & silken stuff. बढ़िया पतला चमकदार ऊन और रेशम की मिलावट का कपड़ा।

Tamkin - टॉम्' - किन् - *n.* a cannon stopper. तोप का डट्टा।

Tam-o'shanter - टॉम्' - ओ - शान्ट्' - अर् - *n.* a broad cap of knitted wool. बिने हुए ऊन की चौड़ी टोपी।

Tampan - टॉम् - पॉन्' -*n.* a kind of venomous snake. एक प्रकार का विषैला सर्प।

Tamper - टॉम्प्' - अर् -*v. t. & i.* to meddle, to make unauthorized changes in a document, to practise secretly. दूषित करना, लिखित पत्र में चोरी से अदल-बदल करना, गुप्त व्यवहार करना; **Tamperer** (-अर्) -*n.* one who tampers. दूषित करनेवाला, लेख में चोरी से हेर-फेर करनेवाला।

Tampion - टॉम्' - पि - अन् - *n.* a plug for the muzzle of a cannon. तोप का डट्टा।

Tampon - टॉम् पॉन् - *n.* a plug used to stop the flow of blood. रुधिर के प्रवाह को रोकने का गद्दा; - *v. t.* to check the flow of blood by a tampon. इस प्रकार के गद्दे से रुधिर का प्रवाह रोकना।

Tamponade - टॉम्' - पॉन् - एड् - *n.* the use of a tampon for a wound. घाव के लिये रुधिर रोकने के गद्दे का प्रयोग।


Tan - टॉन् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Tanned.**) to convert raw hide into leather, to make or become brown. चमड़े को कमाना, धूप से भूरा होना या करना; - *n.* the bark used in the process of tanning. चमड़ा कमाने की (बबूल इत्यादि की) छाल -*adj.* brown. भूरा; **Tan-bed** (- बेंड्) - *n.* a bed made of tan-bark. चमड़ा कमाने की छाल की बनी हुई चटाई।

Tandem - टॉन्' -डेंम् - *adj. & n.* with two horses one behind the other, a two wheeled carriage with a pair of horses harnessed one behind the other. टमटम गाड़ी जिसमें दो घोड़े एक के पीछे दूसरे जुते होते हैं; **Tandem aeroplane** (an aeroplane which has propellers both in front and behind the wings.) हवाई जहाज जिसमें संचालक चर्खी पंखों के आगे तथा पीछे रहती है।

Tang - टॉङ्ग् - *n.* a point or projection, tapering part of a tool which fits into a handle, a strong taste, flavour, a twanging sound. नोक, हथियार की डाँस, तीव्र स्वाद या गन्ध, झनझनाहट का शब्द; - *v. t.* to furnish with a tang, to twang. डाँस बैठाना, झनकार का शब्द करना।

Tangency - टॉन्'-जेन्-सि - *n.* the state of being a tangent. सम्पर्क, स्पर्श रेखिता।

Tangent - टॉन्-जेन्ट् - *n.* a straight line which touches a circle but being produced does not cut it. स्पर्शन्या, स्पर्श-रेखा, सम्पाति रेखा।



Tangent.

Tangential - टॉन् - जेंन्' - शल् - *adj.* pertaining to tangent. स्पर्श-रेखा-सम्बन्धी, **Tangentially** (- लि) - *adv.* in the direction of a tangent. स्पर्श रेखा की दिशा में।

Tangibility - see **Tangible.**

Tangible - टॉन्ज्' - इब्ल् - *adj.* perceptible by touch that may be realized, clearly intelligible, corporal. स्पर्शनीय, स्पष्ट, प्रकट (व्यक्त), शारीरिक; **Tangibility** (- बिलिटि), **Tangibleness** (-नेस्) -*ns.* the quality of being tangible. स्पर्शनीयता; **Tangibly** (- ब्लि) - *adv.* in a tangible manner. स्पष्ट रूप से।

Tangle - टॉङ्ग् - गल् - *v. t. & i.* to knit together confusedly, to interweave, to be entangled. उलझन के साथ बुनना या फँसाना, उलझना; - *n.* a knot of things united confusedly. उलझन, लट।

Tangled - टॉङ्ग्' - ल्ड् - *adj.* knitted. उलझा हुआ।

Tanglingly - टॉङ्ग्' - लिङ्ग् - लि -*adv.* in a tangling manner. उलझा हुआ, फँसा हुआ।

Tangly - टॉङ्ग्' -लि - *adj.* tangled. उलझनदार।

Tango -टॉङ्गॅ - *n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Tangram - टॉङ्ग्' - ग्रॅम् - *n.* a square cut into seven pieces which may be combined to form various shapes. एक चतुर्भुज जिसको सात टुकड़ों में काटने पर इनसे अनेक आकृतियाँ बनती हैं।

Tan-house - टॉन्'- हाउस् - *n.* a building in which tanner's bark is stored. मकान जिसमें चमड़ा कमानेवाले की छाल रक्खी हो।

Tank - टॉङ्क् - *n.* a large wooden or metal basin, a reservoir, a locomotive boiler, an armoured car. लकड़ी या धातु का बड़ा पात्र, जलाशय, बावली, तालाब, इंजन की टंकी, सब सामग्री-युक्त फौजी मोटर गाड़ी।

Tankage - टॉङ्क्'- एज् - *n.* storing in tanks, charge for this storage, the capacity of a tank, residue from tanks. तालाब में पानी जमा करने का काम, इस जमाव के लिये कर या शुल्क, तालाब की जलशक्ति, तालाबों की छाँछ।

Tankard - टॉङ्क्' - अर्ड् - *n.* a large drinking vessel. चषक, जल पीने का बड़ा बर्तन।

Tanker - टॉङ्कर् -*n.* a ship with a tank for carrying petroleum. मिट्टी का तेल ले जाने का जहाज़।

Tannable - टॉन्'- ऍब्ल् - *adj.* able to be tanned. चमड़ा कमाने योग्य।

Tannage - टॉन्' - ऍज् - *n.* materials used in tanning. चमड़ा कमाने का समान।

Tanner - टॉन् - अर - *n.* one whose occupation is to tan hides. चमड़ा कमानेवाला।

Tannery - टॉन्' - अर - इ - *n.* a tanning manu-

factory. चमड़ा कमाने का कारखाना।

Tannic - टॉन्' - इक् - *adj.* pertaining to tannin. चमड़ा कमानेवाले वानस्पतिक पदार्थ से सम्बन्धित; **Tannic acid** (tannin.) उक्त पदार्थ का तेज़ाब।

Tanning - टॉन् - इङ्ग् - *n.* the art of converting raw hide into leather. कच्चे चमड़े को कमाने की कला।

Tansy - टॉन्' - ज़ि - *n.* a kind of bitter aromatic plant. एक प्रकार का पौधा।

Tantalism - टॉन् - टॉ - लिज्म् - *n.* punishment of Tantalus, son of Zeus, teasing, act of tantalizing. जीअस् के पुत्र टॉन्टलस का दण्ड, तरसाने, चिढ़ाने या तंग करने का काम।

Tantalization - टॉन्ट' - आल् - इज् - ए' - शन् - *n.* the act of tantalizing. तरसाव, ललचाव, चिढ़ाव।

Tantalize - टॉन्ट' - आल् - आइज़् - *v. t.* to torment, to tease with vain hopes. सताना, चिढ़ाना, तरसाना (ललचाना), आशा बढ़ाकर पूर्ण न करना।

Tantalizer - टॉन्ट'- लाइज़र् - *n.* one who tantalizes. तरसानेवाला; **Tantalizing** (- इङ्ग्) - *adj. & n.* teasing, act of tormenting. कष्टकर, दिक करने का काम।

Tantalum - टॅन्ट्' - अल् - अम् - *n.* a precious metal. एक बहुमूल्य धातु।

Tantamount - टॉन्ट्' - अमाउन्ट् - *adj.* equivalent. समान, तुल्य।

Tantivy - टॉन्' - टिव - इ - *n.* a hunting cry, a swift movement. शिकारियों का शब्द, तीव्र गति; - *v.i.* to hurry. तेजी करना; - *adv.* with great speed. तीव्र गति से।

Tantrum - टॉन्'- ट्रम् - *n.* a fit of ill-temper. आवेश, क्रोध।

Tanyard - टॉन्'- यार्ड् - *n.* an enclosure where hides are tanned. चमड़ा कमाने का बाड़ा।

Veto - व़ेट्' - ओ - *n.* (*pl.* **Vetoes.**) an authoritative prohibition, power of rejection. प्रतिनिषेध, अस्वीकार करने का अधिकार; - *v.t.* to withhold.

निषेध करना (रोकना), अस्वीकार करना।

Vex - व़ेंक्स् - *v.t.* to provoke, to irritate, to harass, to torment, to trouble. उद्विग्न करना, खिजलाना, पीड़ा देना, क्लेश देना, दुःख देना।

Vexation - व़ेंक्स् - एँ - शन् - *n.* irritation, disquiet, harassing. क्लेश, दुःख, पीड़ा (सन्ताप), घबड़ाहट।

Vaxatious - व़ेंक्स् - ए'- शस् - *adj.* distressing irritating, teasing. उद्वेगकर, सन्ताप देनेवाला, दुःखदायी; **Vexatiously** (- लि) - *adv.* in a vexatious manner. उद्वेग-सहित; **Vaxatiousness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being vaxatious. उद्विग्नता; **Vexed** (- ड्) - *adj.* perplexed, tormented. घबड़ाया हुआ; **Vexer** (- अर्) - *n.* one who gives trouble. सन्ताप देनेवाला।

Vexil - व़ेंक्स्'- इल् - *n.* a standard. पताका, झण्डा।

Vexillation - व़ेंक्स' - इल - ए'- शन् - *n.* a company of soldiers under one standard. सैन्यदल जो एक पताका के नीचे हो।

Vexing - व़ेंक्स्' - इङ्ग् - *adj.* provoking. सन्तापकर; **Vexingly** (- लि) - *adv.* in a vexing manner. उद्विग्न करते हुए।

Via - व़ाइ' - आँ - *n.* a way. मार्ग, रास्ता; - *adv.* by way of. मार्ग से।

Viability - व़ाइ - ए -बिल्'- इट्-इ - *n.* the state of being viable. जीवन योग्यता।

Viable - व़ाइ'- एँब्ल् - *adj.* capable of living. जीने योग्य।

Viaduct - व़ाइ'- आँ - डक्ट् - *n.* a long overbridge. लम्बी मेहराबों का बना हुआ पुल, मार्ग, सेतु।

Viage - व़ाइ' - एँज् - *n.* a sea-journey. समुद्री यात्रा।

Vial - व़ाइ' -ऑल् - *n.* a small glass bottle, a phial. छोटी बोतल, काँच की शीशी; **Vialful** (- फुल्) - *adj.* as much as a vial will hold. शीशीभर; **Vialled** (- ड्) - *adj.* filled in a vial. शीशी में भरा हुआ; **To pour out vials of wrath** (to storm in rage.) क्रोध में गरजना या तड़पना।

Viamedia - व़ाइ'- अ - मिड् - इया - *n.* middle course. मध्य मार्ग।

Viameter - व़ाइ'- ऑम्' - इट् - अर् - *n.* an instrument attached to the wheel of a vehicle to measure distance. गाड़ी की पहिया में लगाया हुआ दूरीमापक यंत्र।

Viand - व़ाइ' - ऑन्ड् - *n. pl.* food, articles of food necessary for life. (ब0 व0) जीवनोपयोगी भोज्य-पदार्थ, पक्वात्र इत्यादि; **Viander** (- अर्) - *n.* (one who supplies viands, an entertainer, a host. पक्वात्र की पूर्ति करनेवाला, खिलानेवाला, अतिथि-सत्कार करनेवाला; **Viandry** (- रि) - *n.* a store of viands. पक्वात्र का भण्डार।

Viarian - व़ाइ' - एँअर् - इ - अन् - *adj.* pertaining to roads. सड़क-सम्बन्धी।

Viatic - व़ाइ'- ऑट्'- इक् - *adj.* pertaining to a journey. यात्रा-सम्बन्धी; **Viaticals** (- अल्स्) - *adj.* baggage. यात्रा का सामान।

Viaticum - व़ाइ' - ऑट्' - इ - कम् - *n.* provisions for a journey. यात्रा-सामग्री।

Viator - व़ाइ - एँ' - टर् - *n.* a wayfarer, a traveller. यात्री, यात्रा करनेवाला; **Viatorial** (- टोरि - अल्) - *adj.* pertaining to a traveller. यात्री-सम्बन्धी।

Vibex - व़ाइ' - बेंक्स् - *n.* (*pl.* **Vibices.**) a streak on the skin due to subcutaneous flow of blood. धमनी के रक्त के बहाव की त्वचा पर पड़ी हुई धारी।

Vibraculum - व़ाइ' - ब्रॉक् - यू - लम् - *n.* a long bristle in the body of a polyzoa. प्याले की शकल के समुद्री जन्तु के शरीर से निकला हुआ लम्बा काँटा।

Vibrancy - व़ाइ' - ब्रान् - सि - *n.* quivering. कम्पन।

Vibrant - व़ाइ' -ब्रॉन्ट् - *adj.* virbrating. थर्रानेवाला, काँपनेवाला।

Vibrate - व़ाइ' - ब्रेंट् - *v. i. & t.* to quiver, to oscillate, to swing, to move to and fro. काँपना, हिलना (थर्राना), फरकना, झूलना, इधर-उधर घूमना; **Vibratile** (- टाइल्) - *adj.* capable of vibrating. कम्पन के योग्य; **Vibratility** (- टि-लिटि) - *n.* vibratile quality. काँपने योग्य गुण; **Vibration** (- ब्रें - शन्) - *n.* the act of oscillating, alternate motion. कम्पन (स्फुरण), कँपकँपी (थरथरी); **Vibrational** (- अल्) - *adj.* of vibration. कम्पन का; **Vibrationless** (- लेंस्) - *adj.* without vibration. बिना कम्पन का; **Vibratiuncle** (- शि - अङ् - क् - ल्) - *n.* a slight vibration. हलकी कँपकँपी; **Vibrative** (- ब्रेंटिव़्) - *adj.* quivering, oscillating. थर्रानेवाला; **Vibrato** (- टो) - *adv.* with much vibration of tone. स्वर के अधिक कम्पन के साथ; **Vibrato** (- टॅ) - *n.* a trembling tone. काँपनेवाला स्वर; **Vibrator** (- टर्) - *n.* that which vibrates. काँपनेवाला पदार्थ; **Vibratory** (- टरि) - *adj.* vibrating. काँपता हुआ, थर्राता हुआ।

Vibrissa - व़ाइ - ब्रिस्' - सा - *n.* a whisker. गलमुच्छा।

Vicar - व़िक्' - अर् - *n.* a deputy, a substitute in office, the priest of a parish. प्रतिनिधि, स्थानापन्न, नगर का पादरी; **Vicarage** (- एँज़्) - *n.* the benefice or residence of a vicar. पादरी की वृत्ति, इसके रहने का घर; **Vicarial** (- इ - अल्) - *adj.* pertaining to a vicar. पादरी-सम्बन्धी; **Vicarious** (व़ाइ - केंर्' - इ - अस्) - *adj.* substituted, deputed. प्रतिनिधि बनाया हुआ, निर्धारित; **Vicariously** (इ - अस् - लि) - *adv.* in place of another. दूसरे के स्थान में।

Vice - व़ाइस् - *n.* defect, blemish, wickendness, a screwed tool for firmly grasping. अधर्म, पाप दोष, बाँक (शिकञ्जा); - *pref.* signifying 'second in rank.' 'पद में द्वितीय' अर्थ का उपसर्ग; - *prep.* in place of. स्थान में, बदले में।



Vice.

Vice-admiral - व़ाइस् - आड् - मि - रल् - *n.* the second commanding officer of a fleet. जहाज सेना का द्वितीय अधिकारी; **Vice-chancellor** (- सेल् - लंर्) - *n.* an officer of a university next in rank to a chancellor. विश्वविद्यालय का उपकुलपति या द्वितीय अध्यक्ष; **Vicegerency** (- जी - रें - न्सि) - *n.* the office of a deputy. उप-पदाधिकारी का पद; **Vicegerent** (- जी'- रेन्ट्) - *n.* an office deputed by a superior to act for another. उपपदाधिकारी।

Vicenary - विस'- एन् - अर - इ - *adj.* based on the number twenty. बीस की संख्या पर आधारित।

Viceregal - व़ाइस् - री'- गल् - *adj.* pertaining to a viceroy. राज-प्रतिनिधि-सम्बन्धी; **Vicereine** (- व़िस् - रेंन्) - *n.* the wife of a viceroy. राजप्रतिनिधि की पत्नी; **Viceroy** (- रॉय्) - *n.* the governor of a kingdom who rules as the substitute of the king. राजप्रतिनिधि; **Viceroyalty** (- रॉ - यल् - टि), **Viceroyship** (- रॉय - शिप्) - *n.* the office of a viceroy. राजप्रतिनिधि का पद।

Vicinage - विस्'- इन - एज् - *n.* neighbourhood. पड़ोस, सन्निकट; **Vicinal** (- अल्) - *adj.* neighbouring. समीप का; **Vicinity** (- इटि) - *n.* (*pl.* **Vicinities.**) nearness in place. समीपता, पड़ोस।

Vicious - व़िश्' - अस् - *adj.* corrupt, wicked, depraved, defective, दुराचारी, दुष्ट, दुश्चरित्र, पापी; **Viciously** (- लि) - *adv.* in a corrupt manner. दुष्टता से; **Viciousness** (-नेंस्) - *n.* wickedness. दुष्टता।

Vicissitude - वि - सिस'- इ - ट्यूड् - *n.* variation, change, revolution. विपर्यय, परिवर्तन, उलट-फेर; **Vicissitudinary** (- इनरि) - *adj.* successively changing. क्रम से बदलता हुआ; **Vicissitudinous** (- इन्'- अस्) - *adj.* changeful. बदलनेवाला।

Victim - विक्' - टिम् - *n.* a living animal sacrified to a deity, one who suffers some injury; बलि (यज्ञपशु, शिकार), पीड़ित व्यक्ति; **Victimize** (- आइज़्) - *v.t.* to make a victim of, to cheat. बलि देना, ठगना (शिकार बनाना), **Victimizer** (- आइज़र्) - *n.* a cheater. ठगनेवाला मनुष्य।

Victor - विक'- टर् - *n.* one who conquers in war, a winner. युद्ध में जीतनेवाला, विजयी; **Victoress** (- ऍस्) - *n. fem.* a woman who conquers. विजयिनी, जीतनेवाली।

Victoria - विक् - टॉ' - रि - आ - *n.* a kind of four-wheeled carriage. एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी; **Victoria cross** (a bronze cross awarded to a soldier for conspicuous act of bravery. सैनिक को असाधारण वीरता के लिये दिया हुआ पदक।

Victorious - विक् - टो'- रि - अस् - *adj.* conquering, triumphant, vanquishing. जीतनेवाला, विजयी, जयप्राप्त; **Victoriously** (- लि) - *adv.* in a victorious manner. विजय करते हुए; **Victoriousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being victorious. विजयत्व।

Victory - विक्'- टर - इ - *n.* (*p.i.* **Victories.**) conquest, triumph, defeat of an enemy in battle. विजय, जीत, युद्ध में शत्रु की हार।

Victual - विट्'- अल् - *n.* (*p.t.* **Victualled.**) to supply with food, to store with provisions. खाने की सामग्री पहुँचाना, रसद जुटाना; **Victualler** (- अर्) - *n.* a supplier of provisions. भोजन (रसद) पहुँचानेवाला; **Victuals** (- ज़्) - *n. pl.* food for human beings, provisions. (ब०व०) खाद्य-सामग्री, भोजन-द्रव्य।

Vide - वाइड् - *v.t.* see look at. देखो।

Videlicet - वाइड - एल्'- इ - सेट् - *adv.* (*abbr.* **viz.**) namely, to wit. अर्थात्।

Vidimus - विड' - इ - मस् - *n.* inspection. अन्वेषण, खोज।

Viduage - व़िड्'- यु - ऍज़् - *n.* widowhood. वैधव्य, राँड़पन, रँड़ापा।

Vidual - व़िड्'- यु - अल् - *adj.* pertaining to widowhood. वैधव्य-सम्बन्धी।

Vie - व़ाइ - *v.i.* to contend, to long for superiority, स्पर्धा करना, बड़ा होने की चेष्टा करना।

View - व्यू - *n.* prospect, scene, sight, intellectual or mental sight, display, show, appearance, purpose, design. दृश्य, दृष्टि, वृद्धि, प्रदर्शन, आकृति, अभिप्राय, उद्देश्य, (अर्थ) हेतु; - *v. t.* to examine, to consider, to look with attention. परीक्षा करना, विचारना, ध्यान से देखना; **In view of** (having regard to.) विचार से; **Of liberal views** (of free opinion.) उदार विचारोंवाला; **Of narrow views** (prejudiced.) संकुचित बुद्धि का, पक्षपाती; **Point of view** (standpoint.) दृष्टि, पक्ष; **Viewer** (- अर्) - *n.* one who views. प्रेक्षक, परीक्षा करनेवाला, ध्यान से देखने या विचारनेवाला; **Viewing** (- इङ्ग्) examination, surveying. अन्वेषण, परीक्षा; **Viewless** (-लेंस्) - *adj.* invisible. अदृश्य; **Viewly** (- लि) - *adv.* sightly. दृष्टि द्वारा; **Viewpoint** (- पॉइन्ट्) - *n.* point of view. विचारणीय विषय; **Viewsome** (- सम्) - *adj.* pleasant to the eye. देखने में मनोहर।

Vigesimal - वाइ - जेस'- इम् - अल् - *adj.* twentieth. बीसवाँ।

Vigesimation - वि - जेंस् - इ - में' - शन् - *n.*

murdering every twentieth man. प्रत्येक बीस मनुष्यों में से एक की हत्या करना।

Vigia - व़िज्'- इ - आ - *n.* a warning of hidden danger. अप्रत्यक्ष भय या गुप्त आशंका की चेतावनी।

Vigil - व़िज' - इल् - *n.* a watching, waking for religious exercises, the evening before any fast day. रात्रिजागरण, रात्रि की उपासना, उपवास के पहिले की रात्रि; **Vigilance** (- ऑन्स्) - *n.* the state of being vigilant, watchfulness. सतर्कता, जागरण, सावधानी; **Vigilance officer** (an officer deputed for watching.) चौकसी अधिकारी; **Vigilant** (- ऑन्ट्) - *adj.* watchful. अप्रमत्त, सावधान, चौकन्ना; **Vigilantly** (- ऑ - न्ट् - लि) - *adv.* with vigilance. सावधानी से, चौकसी से।

Vigneron - वेन्'- अर् - आन् - *n.* a vine-grower. अंगूर की खेती करनेवाला।

Vignette - विन्'- एट् - *n.* a small ornamental engraving on the title page of a book, a picture in which the edges fade up. पुस्तक के पहिले पृष्ठ पर का सुन्दर छोटा चित्र, ऐसा चित्र जिसके किनारे के भाग का रङ्ग हलका होता जाता है।

Vigorous - व़िग'- अर - अस् - *adj.* full of physical strength, strong, energetic. प्रबल, बलवान्, पुष्ट (ओजस्वी); **Vigorously** (- लि) - *adv.* with vigour. उत्साह से, प्रयत्न से, उद्यम से; **Vigorousness** (- नेस्) - *n.* the state of being vigorous. पुष्टता, उत्साह।

Vigour - व़िग' अर् - *n.* physical or intellectual force, energy. शक्ति (तेज), प्रभाव (पौरुष)।

Viking - वाइ'- किङ्ग् - *n.* the chief of pirates. समुद्री डाकुओं का नेता।

Vile - व़ाइल् - *adj.* worthless, mean, wicked. अधम, नीच, दुष्ट; **Vilely** (- लि) - *adv.* in a wicked manner. नीचता से; **Vileness** (- नेस्) - *n.* baseness. नीचता, दुष्टता।

Vilification - विल'- इ - फिक् - ए'- शन् - *n* a defaming. कलंकित करने का कार्य; **Vilifier** (- फ़ाइ - अर्) - *n.* one who defames. कलंक लगानेवाला, दुर्नाम करनेवाला; **Vilify** (- फ़ाइ - *v.t.*) (*p.t.* **Vilified.**) to defame, to debase, to make vile. निन्दा करना, कलंक लगाना, तुच्छ करना।

Villa - व़िल्' - आ - *n.* a country residence. ग्राम्य-गृह, विनोदस्थान; **Villadom** (- डम्) - *n.* a collection of villas. ग्राम्य गृहों का समूह।

Village - विल्'- एज् - *n.* an assemblage of house smaller than a town. ग्राम, गाँव; **Villager** (- अर्) - *n.* an inhabitant of a village. ग्राम निवासी, देहाती।

Villain - विल'- एन् - *n.* a wicked person, a depraved man, one who holds a tenure in service. दुष्ट, चांडाल (अधम), खिदमती असामी; **Villainous** (- अस्) - *adj.* wicked, depraved, vile, mischievous. दुष्ट, नीच, अधम, उपद्रवी; **Villainously** (- अस् - लि) - *adv.* in a villain ous manner. निचता से, दुष्टता से; **Villainousness** (- अस् - नेंस्) - *n.* wickedness. नीचता, अधमता; **Villainy** (- इ) - *n.* extreme wickedness. अधमता, नीचता।

Villarsia - विल् - आर्'- जि - आ - *n.* an acquatic plant. जल का एक पौधा।

Villatic - विल् - आट'- इक् - *adj.* pertaining to a village. ग्राम-सम्बन्धी।

Villi - व़िल' - इ - *n. pl.* fine fibres. सूक्ष्म तन्तु, रोवें।

Villous - व़िल' - अस् - *adj.* covered with long fire hair, shaggy. रोवेंदार, खुरखुरा।

Vim - व़िम् - *n.* energy. शक्ति, बल।

Viminal - व़िम' - इन - अल् - *adj.* pertaining to twigs. डण्ठल-सम्बन्धी।

Vimineous - विम - इन'- इ - अस् - *adj.* made of twigs. टहनियों का बना हुआ।

Vinaceous - व़ाइ - नें' - शस् - *adj.* of the red-colour of grapewine. अंगूरी शराब के लाल रंग का।

Vincibility - विन'- सी - बिल्'- इट - इ - *n.* the quality of being conquerable. विजय किये जाने योग्य गुण; **Vincible** (- ब्ल्) - *adj.* conquerable, able to be brought under submission. जीतने या अधीन करने योग्य।

Vinculum - व़िन्'- क्यु - लम् - *n.* a bond of union, a straight line placed over figures which are subject to the same operation. मिलाप का बन्धन, गणित में अङ्कों के ऊपर खींची हुई रेखा जिससे इनको परस्पर सम्बद्ध करने का अभिप्राय होता है।

Vindicable - विन्'- डिक् - एबल् - *adj.* able to be supported. समर्थन करने योग्य।

Vindicate - विन्' - डि - केंट्'- *v.t.* to defend, to justify, to maintain, to avenge. बचाना, प्रमाणित करना, स्थिर करना, बदला लेना; **Vindication** (- के - शन्) - *n.* defence, justification. रक्षा, (पुष्टि) दोष-मुक्ति; **Vindicative** (- कें - टिव़्) - *adj.* tending to justify, revengeful. समर्थन करने योग्य, बदला लेने योग्य, बदला लेनेवाला; **Vindicatively** (- इव़् - लि) - *adv.* revengefully, by way of revenge, बदला लेते हुए; **Vindicativeness** (- इव़ - नेंस्) - *n.* revengeful temper. बदला लेने की इच्छा।

Vindicative - विन्' - डि - केट् - इव् - *adj.* revengeful. बदला लेनेवाला।

Vindicator - विन्'- डि - केट् - अर् - *n.* one who defends. समर्थक, रक्षक; **Vindicatory** (- अरि) - *adj.* defensive, avenging, inflicting punishment. बचानेवाला, रक्षा करनेवाला, बदला लेनेवाला, दण्ड देनेवाला।

Vine - व़ाइन् - *n.* the creeper which bears grapes. अंगूर की लता; **Vine-clad** (covered with vines.) अंगूर की लता से ढँका हुआ; **Vine-dresser** (one who trims vines.) अंगूर की लता को छाँटनेवाला;

Vine-grub (an insect that infests vines.) अंगूर की लता को खानेवाला क्रीड़ा; **Vinery** (- अरि) - *n.* a house for growing vines. अंगूर की टट्टी लगाने का घर; **Vineyard** (- याई) - *n.* a plantation of vines. अंगूर का खेत, अंगूर का बगीचा।

Vinegar - विन्'- इ - गर् - *n.* an acid liquor used as a condiment. सिरका।

Vinic - वाइन'- इक् - *adj.* obtained from alcohol. मद्यसार से प्राप्त।

Viniculture - विन'- इ - कल्' - चर् - *n.* cultivation of vines. अंगूर की खेती; **Viniculturist** (- इस्ट्) - *n.* a cultivator of vines. अंगूर की खेती करनेवाला।

Vinometer - विन् - आम'- इट - अर - *n.* an instrument for measuring the strength of wine. अंगूर की मदिरा की शक्ति नापने का यन्त्र।

Vinous - विन्'- अस् - *adj.* having the qualities of wine, addicted to wine. अंगूरी मदिरा के गुण का, शराब पीने की आदतवाला।

Vintage - विन्ट्'- एज् - *n.* the time of gathering the crop of grapes. (अंगूर की फसल) इकट्ठा करने का समय; **Vintager** (- अर्) - *n.* one who gathers the vintage. अंगूर की फसल इकट्ठा करनेवाला; **Vintner** (- नर्) - *n.* one who sells wine. अंगूरी मदिरा बेचनेवाला।

Viny - व़ाइ'- नि - *adj.* belonging to vine, producing grapes. अंगूरी, अंगूर उत्पन्न करनेवाला।

Viol - व़ाइ' - अल् - *n.* a stringed musical instrument played by means of a bow. एक प्रकार की सारङ्गी।

Violable - व़ाइ' - ऑल' - एबल् - *adj.* capable of being violated or outraged or corrupted or treated violently. नियम तोड़ने या स्त्री का सतीत्व नष्ट करने, भ्रष्ट करने, बलात्कार करने योग्य।

Violate - व़ाइ - ॲ - लेट्' - *v.t.* to break, to transgress, to injure, to ravish. तोड़ना, उल्लङ्घन करना (भङ्ग करना), बिगाड़ना, भ्रष्ट (अपवित्र) करना; **Violation** (- शन्) - *n.* transgression, infringement. भङ्ग (उल्लङ्घन), खंडन; **Violative** (- लें - टिव़्) - *adj.* tending to violate. उल्लङ्घन करने योग्य; **Violator** (- अर्) - *n.* one who transgresses. उल्लङ्घन करनेवाला।

Violence - वाइ'- ओ - लेन्स् - *n.* vehemence, injury, outrage, rape, crime. बल, नाश, उत्पात, बलात्कार, साहस, अपराध; **To do violence to** (to attack.) आक्रमण करना; **Violent** (- लैन्ट्) - *adj.* fierce, vehement, outrageous. प्रबल, तीव्र, हिंस्र, साहसी (तीखा); **Violent death** (fierce death.) अपमृत्यु; **Violently** (- लैन्ट् - लि) - *adv.* in a violent manner. प्रचण्डता से, वेग से, बलात्कार से।

Violescent - वाइ'- ओ - लेस्'- एन्ट् - *adj.* tending to a violet colour. पाटल (बैंगनी) वर्ण का।

Violet - वाइ'- ओल् - एट् - *n.* a kind of plant, the colour produced by a mixture of red and blue. बनफ़शा, बैगनी रङ्ग; - *adj.* dark blue. गहरे नीले रङ्ग का।


Violin.

Violin - वाइ'- ओल् - इन् - *n.* a fiddle, a musical instrument with four strings. सारङ्गी, चिकारा, वेला; **Violinist** (- इस्ट्) - *n.* person skilled in playing on a violin, चिकारा बजानेवाला।

Violoncello - वाइ - ओ - लान् - चेल - ओ - *n.* a kind of violin. एक प्रकार का बेला बाजा।

VIP - वि'- आई - पी - *n.* A dignitary or celebrity person. प्रसिद्ध व्यक्ति।

Viper - व़ाइ'- पर् - *n.* a poisonous snake, an adder, a malignant person. विषैला सर्प, साँप, दुर्जन, दुष्ट मनुष्य; **Viperine** (- इन्) - *adj.* pertaining to a viper. सर्प-सम्बन्धी; **Viperous** (- अस्) - *adj.* venomous. विषैला, विषमय।

Viraginian - वि'- रा - जिन्'- इ - अन् - *adj.* having the quality of a virago. कर्कशा-गुणवाली।

Viraginity - वि'- रा - जिन्'- इ - टि - *n.* the state of being a virago. कर्कशापन।

Virago - वि'- रा - गो - *n.* (*pl.* **Viragoes.**) a musculine woman, a termagant. अत्यन्त वलिष्ठ स्त्री, कर्कशा।

Virent - वायर'- एन्ट् - *adj.* green, fresh. हरा, ताजा।

Vireo - व़ि' - रि - ओ - *n.* a kind of American bird. अमेरिका देश की एक प्रकार की चिड़िया।

Virescence - वि - रेस'- एन्स् - *n.* greenness. हरापन; **Virescent** (- सेन्ट्) - *adj.* slightly green. कुछ हरा।

Virgate - व़र्' - गेट् - *adj.* of the shape of a rod. डण्डे के आकार का।

Virgin - वर'- जिन् - *n.* a maiden, a female having no carnal knowledge of man. कुमारी, कन्या; - *adj.* pure, chaste, undefiled. निर्मल, पवित्र, शुद्ध; **Virginal** (- अल्) - *adj.* maidenly कुमारी-सम्बन्धी; **Virginhood** (- हुड्), **Virginity** (- इ - टि) - *n.s.* the state of being a virgin, maidenhood. कुमारीत्व, कुमारीपन।

Virginia - वर - जिन'- इ - आ - *n.* a kind of American tobacco. एक प्रकार का अमरीका देश का तमाखू।

Virgo - वर' - गो - *n.* the sixth sign of the Zodiac. कन्या-राशि।

Virgule - वर्ग'- यूल - *n.* a small rod, a comma. छोटा डण्डा, अल्प विराम (,) का चिह्न।

Virid - व़ि' - रिड् - *adj.* green. हरा; **Viridescent** (- डेस् - सेन्ट्) - *adj.* turning green. हरा होनेवाला।

Viridity - व़ि - रिड' - इट - इ - *n.* greenness. हरापन।

Virile - वि'- रिल् - *adj.* pertaining to the male sex, masculine. पौरुषेय, पुरुष-सम्बन्धी।

Virility - व्रि - रिल'- इट - इ - *n.* manhood, male power, power of procreation. मनुष्यत्व, पौरुषत्व, सन्तान उत्पन्न करने की शक्ति।

Virology - व्रिर् - आ - ला - जी - *n.* the study of viral diseases. कीटाणु से उत्पन्न रोग का अध्ययन।

Virose - व्राइ - रोस्' - *adj.* poisonous. विषैला।

Virtu - व्रर' - टू - *n.* love for fine arts, objects of art. ललित कलाओं का प्रेम, कला की वस्तुएँ।

Virtual - वर्'- चू - अल् - *adj.* potential, being in effect. वास्तविक, गुणकारी; **Virtuality** (-इ - टि) - *n.* the quality of being virtual. यथार्थता; **Virtually** (- लि) - *adv.* in an efficacious manner. वस्तुतः, वास्तव में।

Virtue - वर'- चू - *n.* moral goodness, chastity, valour, bravery, worth, efficacy. धर्म, सदाचार, प्रभाव, बल, गुण, सामर्थ्य; **In virtue of** (in consequence of.) प्रभाव से, वश में; **Virtueless** (- लेस्) - *adj.* destitute of excellence. प्रभावहीन, निर्गुण।

Virtuosity - वर'- चू - ऑस'- इट - इ - *n.* those who have a taste for the fine arts. ललित कला के प्रेमी।

Virtuoso - वर'- चू - ओ' - सो - *n.* one skilled in fine arts. शिल्पविद्या में निपुण; **Virtuosoship** (- शिप्) - *n.* occupation of a virtuoso. शिल्पी का व्यवसाय।

Virtuous - वर'- चू - अस् - *adj.* morally good, chaste, blameless, righteous. धर्मपरायण, सदाचारी, सच्चरित्र, धार्मिक; **Virtuously** (- लि) - *adv.* righteously धर्म से, सदाचारेण; **Virtuousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being virtuous, सदाचरण, धर्मपरायणता।

Virulence - वि'- र्यु - लेन्स् - *n.* extreme malignity, acrimony of temper. प्रकृति की तीक्ष्णता, प्रचण्डता; **Virulency** (- इ) - *n.* malignity. द्रोह, प्रचण्डता; **Virulent** (- लेंन्ट्) - *adj.* poisonous, malignant. विषमय, उग्र, प्रचण्ड; **Virulently** (- लेंन्ट् - लि) - *adv.* in a malignant manner. प्रचण्डता से, द्रोह से।

Virus - व्रायर'- अस् - *n.* poisonous matter. विषैला तत्व, विषाणु।

Vis - व्रिस् - *n.* force, power. शक्ति, बल।

Visage - विज्'- इज - *n.* face, countenance. मुख, चेहरा, आनन; **Visaged** (- ड्) - *adj.* having a visage. छवि-युक्त।

Vis-a-vis - वेज्'- आ - वि' - *adv. & n.* face to face, the opposite party. आमने-सामने, विपक्ष।

Viscera - व्रिस्'- अर - आ - *n. pl.* the contents of the abdomen. अन्त्र, आँत; **Visceral** (- अल्) - *adj.* pertaining to the viscera. आँत-सम्बन्धी।

Viscerate - व्रिस्'- अर् - एट् - *v.t.* to deprive of the viscera. आँत निकालना।

Viscid - व्रिस' - इड् - *adj.* sticky, adhesive. चिपचिपा (स्निग्ध), लसलसा; **Viscidity** (- इ - टि) - *n.* stickiness. लसलसाहट, स्निग्धता।

Viscosity - विस् - कास'- इट - इ - *n.* stickiness. लसलसाहट, श्यानता।

Viscount - वाइ'- काउन्ट् - *n.* a title of nobility next in rank below in earl. इङ्गलैण्ड के अर्ल से नीचे के अमीर की पदवी; **Viscountess** (- ऍस्) - *n. fem.* the wife of a viscount. वाइकाउन्ट की पत्नी; **Viscountship** (- शिप्) - *n.* the rank or office of a viscount. वाइकाउन्ट का पद।

Viscous - विस'- कस् - *adj.* adhesive, glutinous. स्निग्ध, चिपचिपा; **Viscousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being adhesive. चिपचिपाहट।

Viscus - विस'- कस् - *n.* an entrail. अन्त्र, अँतड़ी।

Visibility - विज'- इ - बिल्'- इट - इ - *n.* the extent of vision. दृष्टिविषयता, प्रत्यक्षता।

Visible - विज्'- इबल् - *adj.* perceptible by the eye, apparent, open, clear. दृष्टिविषयक, दृष्टिगोचर, प्रत्यक्ष, **Visibleness** (- नेंस्) - *n.* the state of being visible. दृष्टिगोचरता; **Visibly** (- इब् - लि) - *adv.* perceptibly. प्रत्यक्ष रूप से, साक्षात्, देखने में।

Vision - विज्' - अन् - *n.* the act of seeing sight, object seen in imagination only, a phantom. चक्षुरिन्द्रिय, दृष्टि (आभास), कल्पना, अनुमान, स्वप्न (छाया); **Visional** (- अल्) - *adj.* pertaining to a vision. दृष्टि-सम्बन्धी। **Visionariness** (- अरि - नेंस्) - *n.* the quality of being visionary. दृष्टिगोचरता; **Visionary** (- अरि) - *adj.* imaginary, unreal. मानसिक, काल्पनिक; - *n.* one who forms imaginary schemes. काल्पनिक विचार करनेवाला; **Visionist** (- इस्ट्) - *n.* one who believes in phantoms. प्रेत में विश्वास करनेवाला; **Visionless** (- लेंस्) - *adj.* destitute of visions. दृष्टिहीन।

Visit - विज़' - इट् - *n.* the act of going to see another person. दर्शन, साक्षात्कार, भेंट; - *v.t. & i.* to go or come to see, to comfort, to practise going to see others. भेंट करना, मिलना, देखने जाना; **Visitable** (- ऍ - ब्ल्) - *adj.* liable to be visited. भेंट करने योग्य; **Visitant** (- ऑन्ट्), **Visitor** (- अर्) - *ns.* one who visits. अभ्यागत, दर्शक, भेंट करनेवाला; **Visitation** (-ऐ - शन्) - *n.* the act of visiting. भेंट, देखभाल; **Visiting** (- इङ्ग्) -*adj.* the act of going to see. भेंट करने की क्रिया।

Visive - विज़' - इव् - *adj.* pertaining to the power of seeing. दृष्टि-सम्बन्धी।

Visor - विज़'- अर - *n.* the movable face-guard of helmet, the head piece of a mask. कवच

का अगला भाग, घूँघट; **Visored** (- अर्ड्) - *adj.* masked, disguised. घूँघट लगाये हुए।

Vista - विस्ट्' - आ - *n.* the view through an avenue. तरुपंक्ति, वृक्षों के बीच का दृश्य।

Visual - विज़्' - यू - अल् - *adj.* pertaining to sight. दृष्टिगत, दृष्टि-सम्बन्धी, नेत्रीय; **Visualize** (- आइज़्) - *v.t.* to see in imagination. कल्पना में देखना; **Visualizer** (- आइज़र्) - *n.* one who visualizes. कल्पना करनेवाला।

Vita-glass - वाइटा'- ग्लास् - *n.* glass which allows the passage of ultra-violet rays. काँच जिसमें से केवल बैगनी किरणों के पार की अदृश्य किरणें ही पार हो सकती है।

Vital - वाइट्' - अल् - *adj.* pertaining to life, most important, essential. (प्राणभूत), जीव-सम्बन्धी, अति आवश्यक; **Vital air** (the air necessary for life.) प्राणवायु; **Vital part** (the most important part of life.) मर्मस्थान; **Vital principal** (essential principle.) जीवात्मा; **Vital statistics** (figures about life.) जीवन सम्बन्धी आँकड़े; **Vitality** (- इ - टि) - *n.* the principle of animation. जीवन (प्राण), जीवशक्ति, चेतनत्व; **Vitalization** (- आइज़ेशन्) - *n.* act of infusing the vital principle. जीवनशक्ति प्रवेश करने का काम; **Vitalize** (- आइज़्) - *v.t.* to give life to. जीवन प्रदान करना; **Vitally** (- लि) - *adv.* essentially. आवश्यक रूप से; **Vitals** (- स्) - *n. pl.* parts of an animal body essential to life. मर्मस्थान।

Vitamin - व़ि - ट्' - आ - मिन् - *n.* the essential constituent of food plants. खाने योग्य वनस्पतियों का जीवतत्व, खाद्योज।

Vitascope - व़ाइ' - टॉ - स्कोप् - *n.* a cinematograph. चलते हुए चित्र का प्रदर्शन।

Vitiate - विश'- इ - एट् - *v.t.* to destroy, to make defective, to corrupt or spoil. नष्ट करना, दूषित करना, बिगाड़ना; **Vitiation** (- शन्) - *n.* corruption. भ्रष्टता, बिगाड़।

Viticulture - विट'- इ - कल्' - चर् - *n.* the culture of the vine. अंगूर की खेती।

Vitiosity - विश' - इ - आस'- इट - इ - *n.* corrupted state. भ्रष्टता।

Vitreous - विट'- री - अस् - *adj.* consisting of or pertaining to glass. काँचमय, काँच-सम्बन्धी, काँच का।

Vitrescent - व़िट् -ट्रेस् - ऐन्ट् - *adj.* capable of being formed into glass. काँच बनाने योग्य।

Vitrifiable - व़िट'- री - फाइ - ऐब्ल् - *adj.* capable of being turned into glass. काँच बनाने योग्य; **Vitrification** (- क्रे - शन्) - *n.* the act of vitrifying. काँच बनाने की क्रिया; **Vitrified** (- फ़ाइड्) - *adj.* converted in to glass. काँच बनाया हुआ; **Vitrify** (- फ़ाइ) - *v.t. & i.* (*p.t.* **Vitrified.**) to convert into glass. काँच बनाना।

Vitriol - व़िट'- री - ऑल् - *n.* sulphuric acid. गन्धक का तेज़ाब; **Blue vitriol** (sulphate of copper.) तुत्थ, तूतिया; **Green vitriol** (sulphate of iron.) कौसीस; **Oil of Vitriol** (sulphuric acid). गंधक का तेज़ाब; **White Vitriol** (sulphate of zinc.) सफ़ेदा; **Vitriolate** (- लेट्) - *v.t.* to convert into a vitriol. तूतिया इत्यादि में परिणत करना; **Vitriolic** (-इक्) - *adj.* pertaining to sulphuric acid. गन्धक के तेजाब से सम्बन्धित।

Vituline - व़ि'- चू - लिन् - *adj.* belonging to a calf. बछड़ा-सम्बन्धी।

Vituperable - व़ि - ट्यूप'- अर् - एब्ल् - *adj.* blameworthy. निन्दा के योग्य।

Vituperate - व़ि - ट्यूप' - अर् - एट् - *v.t.* to censure, to blame, to reproach. दूषित करना, निन्दा करना, कलंकित करना; **Vituperation** (- शन्) - *n.* blame, censure. निन्दा, दोष, कलंक; **Vituperative** (- टिव़्) - *adj.* uttering abuse. गाली देनेवाला; **Vituperatively** (- टिव़् - लि) - *adv.* in a vituperative manner. गाली देते या निन्दा कराते हुए; **Vituperator** (- टर्) - *n.* one who censures. निन्दा करनेवाला।

Viva - व़ाइवा - *n.* An examination consisting of an interview. साक्षातकार द्वारा परीक्षा।

Vivacious - व़ाइव - ए' - शस् - *adj.* lively, animated, having great vitality, sportive, active. रोचक, प्रफुल्ल, सजीव, उत्साहयुक्त, खिलाड़ी, फुरतीला; **Vivaciously** (- लि) - *adv.* with spirit. प्रफुल्लता से, उत्साह से; **Vivaciousness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being vivacious प्रफुल्लता, सजीवता, रोचकता।

Vivacity - वाइव - आस'- इट - इ - *n.* liveliness, animation. उत्साह, प्रफुल्लता।

Vivarium - वि - वेअर - इ - अम् - *n.* a place for keeping living animals. जीवित पशुओं को रखने का स्थान।

Viva-voce - व़ाइव'- ए - वास'- इ - *adv.* orally, by word of mouth. मौखिक, ज़बानी।

Vivency - वाइव'- एन् - सि - *n.* the manner of supporting life. जीवन स्थापित रखने की रीति।

Vivid - व़िव' - इड् - *adj.* bright, intense, lifelike, striking. स्पष्ट, तीव्र, सजीव (प्रबल), भड़कीला; **Vividity** (- इ - टि) - *n.* vividness. स्पष्टता; **Vividly** (- लि) - *adv.* in a vivid manner. प्रबलता से, स्पष्टता से, **Vividness** (- नेंस्) - *n.* the quality of being vivid. भड़कीलापन।

Vivific, Vivifical - व़िव' - इफ' - इक (- अल्) - *adjs.* reviving, enlivening. जीवित करनेवाला, प्राणदाता; **Vivificate** (- फ़िकेंट्') - *v.t.* to animate, to give life to. प्राण देना, जीवित करना; **Vivification** (- फ़ि - कें - शन्) - *n.* revival, restoration. प्राणदान; **Vivificative** (- फ़िकें - टिव़्)

- *adj.* able to give life. प्राणदान देनेवाला; **Vivify** (- फ़ाइ) - *v. t.* (*p. t.* **Vivified.**) to animate, to quicken. सजीव करना, तीव्र करना।

Viviparous - वि - विप' - अर - अस् - *adj.* producing young in a living state. जरायुज, सजीव प्रजक, सजीव बच्चा देनेवाली; **Viviparously** (- लि) - *adv.* in a viviparous manner. जरायुज रीति से; **Viviparousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being viviparous. जरायुजता।

Vivisect - विव' - इ -सेंक्ट् -*v.t.* to dissect living animals for scientific purposes. जीवित पशुओं की वैज्ञानिक कार्यों के लिये चीर-फाड़ करना; **Vivisection** (- शन्) - *n.* the dissection of living animals. जीवित प्राणियों की चीर-फाड़; **Vivisectionist** (- शन् - इस्ट्) - *n.* one who practises such a dissection. जीवित प्राणियों की चीर-फाड़ करनेवाला।

Vixen - विक्स' - एन् - *n.* a female fox, a quarrel- some woman. मादा लोमड़ी, कर्कशा (झगड़ालू) स्त्री, **Vixenish** (- इश्) - *adj.* like a vixen. कर्कशा के समान; **Vixenly** (-लि) -*adv.* snappishly. झगड़ालू स्त्री की तरह।

Viz - विज़् -*contraction* of **Videlicet** - that is, namely. अर्थात्।

Vizard - विज़्' - अर्ड् - *n.* a mask. घूँघट।

Vocable - व़ोक' - एब्ल् - *adj. & n.* capable of utterance, a term, a name. बोलने या उच्चारण करने योग्य, पद, शब्द।

Vocabulary - वॉक - ऑब्'- यू - लर - इ - *n.* (*pl.* **Vocabularies.**) a collection of words arranged in an alphabetical order and explained. शब्दकोश, कोष; **Vocabulist** (- लिस्ट्) - *n.* the maker of a vocabulary. कोश बनानेवाला।

Vocal - व़ो - कल् - *adj.* pertaining to voice or speech. वाचिक (वाक्युक्त), वाणीमय, वाणी-सम्बन्धी; **Vocalism** (- इज्म्) - *n.* the use of voice. ध्वनि-व्यवहार; **Vocal music** (music made by the voice.) कण्ठगीत; **Vocalist** (- इस्ट्) - *n.* a speaker, a singer. वक्ता, गायक, गानेवाला; **Vocalization** (- आइज़ेशन्) - *n.* vocalizing. शब्दों में परिणत करने का कार्य; **Vocalize** (- आइज़्) - *v.t.* to form into voice, to make vocal. शब्दयुक्त करना, स्वर का उच्चारण करना; **Vocally** (- लि) - *adv.* in words. शब्दों में।

Vocation - व़ो - कें' - शन् - *n.* designation of a profession, employment or calling, occupation. व्यवसाय, व्यापार, वृत्ति, काम; **Vocational** (- अल्) - *adj.* pertaining to ones vocation. जीविका-सम्बन्धी; **Vocative** (- टिव्) - *adj.* relating to an occupation. व्यवसाय-सम्बन्धी।

Vociference - वॉस् - इफ'- अर - एन्स् - *n.* clamour. कोलाहल; **Vociferant** (- अन्ट्) - *adj.* clamorous. कोलाहल युक्त; **Vociferate** (- एंट्) - *v.i.* to clamour, to cry with vehemence. जोर से चिल्लाना, कोलाहल करना; **Vociferation** (- एं - शन्) - *n.* exclamation, clamour. कोलाहल, कलरव; **Vociferator** (- अर्) - *n.* clamourer. कोलाहल करनेवाला; **Vociferous** (- अस्) - *adj.* noisy, turbulent. कोलाहलकारी, उपद्रवी; **Vociferously** (- अस् - लि) - *adv.* clamourously. कोलाहल करते हुए; **Vociferousness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being vociferous. कोलाहलपूर्णता।

Vocule - व़ो' - क्यूल् - *n.* a feeble vocal sound. धीमा शब्द।

Vogle - व़ोग्ल् - *n.* a cavity in a mineral vein. धातु के बीच का छिद्र या गर्त या गड़हा।

Vogue - व़ोग् - *n.* the fashion of a particular time, a custom or practice. प्रचार, व्यवहार, रीति, ढंग; **In vogue** (to be current.) प्रचलित होना।

Voice - व़ॉइस् - *n.* the power of speech, sound, language, expression, command, precept, vote. वाणी, स्वर, वचन, कण्ठध्वनि, सम्मति, आज्ञा, अभिप्राय, मत; - *v.i.* to regulate the tone of, to rumour. स्वर मिलाना, समाचार फैलाना, सम्मति देना; **Active voice.** कर्तृवाच्य; **Passive voice**. कर्मवाच्य; **Voiceless** (- लेंस्) - *adj.* having no voice. स्वरहीन; **With one voice** (with one opinion.) एकमत होकर।

Void - व़ॉइड् - *adj.* empty, vacant, destitute unsubstantial, unoccupied, wanting, having no binding force. शून्य, रिक्त, हीन, निःसत्व, रसहीन, अप्रमाणार्थक; - *n.* an empty space. शून्य स्थान; - *v.t.* to quit, to leave, to render useless. त्यागना, छोड़ना, व्यर्थ करना; **To make void** (to make useless.) निरर्थक करना; **Voidable** (- एब्ल्) - *adj.* that may be made void. परित्याग करने योग्य; **Voidance** (- ऑन्स्) - *n.* vacancy, the act of emptying. शून्यता, रिक्तता; **Voider** (- अर्) - *n.* one who or that which voids, a basket for carrying waste meal from table. शून्य करनेवाला, जूठन उठाने की डलिया; **Voidness** (- नेंस्) - *n.* emptiness. शून्यता।

Volant - व़ो' - लन्ट् - *adj.* flying, active, nimble. उड़नेवाला, तीव्र, चंचल।

Volatile - व़ोल्' - ए - टाइल् - *adj.* flying, capable or vanishing or readily evaporating, lively, apt to change. उड़नेवाला, चंचल, वाष्पशील, परिवर्तनशील; **Volatility** (- इटि) - *n.* the quality of being volatile. जल्दी से उड़ने की शक्ति, चंचलता; **Volatilizable** (- लाइ - ज़ें - ब्ल्) - *adj.* that may be volatilized. उड़ाने योग्य।

Volcanic - वॉल्' - कॉन - इक् - *adj.* pertaining to a volcano. ज्वालामुखी पर्वत सम्बन्धी।

Volcanicity - वॉल'- कान् - इस् - इ - टि - *n.* the power of a volcano. ज्वालामुखी पर्वत की शक्ति; **Volcanize** (- आइज) - *v.t.* to subject to exces-

sive heat. तेज़ आँच लगाना।

Volcano - व़ॉल् - कें' - नो - *n.* (*pl.* **Volcanoes.**) a conical hill which emits fire and lava. ज्वालामुखी पर्वत।

Volery - व़ोल् - अरि - *n.* a flight of birds, a large bird-cage. चिड़ियों का झुण्ड, चिड़िया रखने का बड़ा पिंजड़ा।

Volitant - वॉल्'- इट् - आन्ट् - *adj.* able to fly. उड़ने योग्य; **Volitation** (- एॅशन्) - *n.* the act of flying. उड़ने की क्रिया।

Volition - वॉल् - इश्'- अन् - *n.* the act of willing, the power of determining. इच्छा, संकल्प; **Volitive** (- टिव़्) - *adj.* having the power of will. इच्छाशक्ति सम्बन्धी।

Volley - व़ॉल्' - इ - *n.* (*pl.* **Volleys.**) simultaneous discharge of missiles, a shower of hail or rain, shouting of words in rapid succession, the flight of a ball in a game. शस्त्रों की वर्षा, ओले या वर्षा की झड़ी, तीव्र गति की बार-बार की चिल्लाहट, गेंद की खेल में गेंद की उड़ान।

Volplane - व़ोल्' - प्लेंन् - *v. i. & t.* to glide of itself. बिना इंजन की सहायता से चलना।

Volt - व़ोल्ट् - *n.* the unit of electro-motive force. बिजली की शक्ति की नाप की इकाई।

Voltage - व़ोल्ट्' - एॅज् - *n.* measurement in volts. वोल्टों की नाप; **Voltameter** (- मिटर्) - *n.* an instrument for measuring electrical current. बिजली की धारा नापने का यन्त्र।

Volubility - व़ॉल्' - यू - बिलि - टि -*n.* fluency of speech. वाचालता।

Voluble - वॉल् - यूबल - *adj.* apt to roll, having quick motion, having fluency of speech. लुढ़कनेवाला, चंचल (वाचाल), बकवादी; **Volubleness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being voluble. बकवादीपन; **Volubly** (- ब्लि) - *adv.* in a voluble manner. चंचलता से।

Volucrine - वॉल्' - यू - क्रिन् - *adj.* pertaining to birds. पक्षी सम्बन्धी।

Volume - वॉल्'- यूम - *n.* bulk, dimensions, space occupied, a book. राशि (फैलाव), विस्तार, आयतन, विपुलता; घनफल, पुस्तक; **Volumetric** (- मेंट्'- रिक्) - *adj.* pertaining to volume. घनफल सम्बन्धी; **Voluminous** (- मिन् - अस) - *adj.* consisting of many volumes. विस्तीर्ण, बहुत-सी पुस्तकों का; **Voluminously** (- मिन् - अस् - लि) - *adv.* copiously. विस्तारपूर्वक; **Voluminousness** (- मिन् - अस् - नेंस्) - *n.* the state of being voluminous. विस्तीर्ण अवस्था, विस्तार, फैलाव; **Volumist** (-मिस्ट्) - *n.* one who writes a volume. ग्रन्थकार।

Voluntarily - वॉल्'- अन्ट - अर् - इ - लि - *adv.* in a voluntary manner. स्वतन्त्र रूप से, इच्छापूर्वक; **Voluntariness** (-इ - नेंस्) - *n.*the quality of being voluntary. ऐच्छिकता; **Voluntary** (- रि) - *adj.* acting by choice, unrestrained, free, done with design, spontaneous. ऐच्छिक, इच्छापूर्वक, स्वयं, आप ही आप।

Volunteer - वॉल्'- अन्ट् - इअर' - *n.* one who joins military service out of his own free will. स्वेच्छा सैनिक, अपनी इच्छा से सेना में भरती होनेवाला; - *v.t. & i.* to offer voluntary service, to enter into a service with one's own free will. स्वयंसेवक बनना, अपनी इच्छा से किसी काम में हाथ डालना।

Voluptuary - वॉल- अप्'- चू - अर् - इ - *n. & adj.* one addicted to luxury, a sensualist, an epicure, voluptuous. इन्द्रिय-सुख की लालसा करनेवाला, व्यसनी, भोगी, विलासी।

Voluptuous - वॉल् - अप्'- चू - अस् - *adj.* sensual, given to enjoyment. विषयी, भोगी, विलासी; **Voluptuously** (- लि) - *adv.* luxuriously. विलासिता से, भोग की लालसा से; **Voluptuousness** (- नेंस्) - *n.* the state of being voluptuous. विलासिता।

Volute - व़ॉल्' - यूट् - *n.* a kind of spiral scroll used in capitals. खम्भे के सिर पर का घुमौवा अलङ्कार; **Voluted** (- एॅड्) - *adj.* spiral. लहरियादार।

Volution - वॉल् - यू'- शन् - *n.* a spiral wreath. घुमौवा माला।

Volvulus - वॉल्व'- यूल - अस् - *n.* a twisting of the intestines. आँतों की ऐंठन।

Vomer - व़ोम्'- अर् - *n.* ploughshare, a bone of this form in the skull. हल का फार, खोपड़ी में इस आकृति की हड्डी।

Vomit - व़ोम्' - इट् - *n.* matter ejected from the stomach. वमन द्वारा पेट से निकला हुआ पदार्थ; - *v.t. & i.* (*p. t.* **Vomited.**) to eject from the mouth, to discharge from the mouth. वमन करना, कय करना, उल्टी करना; **Vomiting** (- इङ्ग्) - *n.* the act of throwing out the contents of the stomach. वमन, कय।

Voracious - व़ो - रें' - शस् - *adj.* greedy for eating, ravenous. अतिलोलुप, भुक्खड़, पेटू; **Voraciously** (- लि) - *adv.* with greedy appetite. लोभपूर्ण भूख से; **Voraciousness** (- नेंस्) - *n.* greediness of appetite. भुक्खड़पन; **Voracity** (- रॉ - सिटि) - *n.* greediness. अति लोलुपता।

Vortex - व़ॉर्' - टेंक्स् - *n.* (*pl.* **Vortices, Vortexes.**) a circular motion in water, a whirlwind. जल-भँवर, चक्रवात (बवंडर); **Vortical** (- टिकल्) -*adj.* whirling, turning. घूमनेवाला, चक्कर खानेवाला; **Vortically** (- टिकलि) - *adv.* in a whirling manner. चक्कर खाते हुए।

Votarist - वों'- टर् - इस्ट् - *n.* a votary. भक्त, उपासक; **Votaress** (- रेंस्) - *n. fem.* a devoted woman. भक्तिन, उपासिका; **Votary** (- अरि) - *adj.* devoted, consecrated. भक्त, उपासक; - *n.* one who is devoted or engaged by a vow. पूजक, उपासक, भक्त।

Vote - व़ोट् - *n.* an expression of desire, choice &c. in regard to any measure proposed, a ballot, an expression of majority. सम्मति, अनुमोदन, राय, सम्मतिपत्र, बहुमत का प्रकटीकरण; - *v.i & t.* to choose by vote, to elect, to express the mind. मतदान द्वारा चुनना, निर्वाचन करना, मत प्रकट करना; **Voter** (- अर्) - *n.* one who votes. वोट देनेवाला; **Voting paper** (- इङ्ग् - पे - पर्) - *n.*the paper on which an elector submits his vote. राय (वोट) देने का पत्र।

Votive - व़ो' - टिव् - *adj.* devoted, given as a result of some vow. संकल्प किया हुआ, मन्नत माना हुआ; **Votively** (- लि) - *adv.* by way of a vow. संकल्प द्वारा।

Vouch - व़ाउच् - *v.t.* to declare, to establish, to attest, to support, to call upon solemnly to witness. घोषित करना, प्रकट करना, प्रमाणित करना, दृढ़ करना, स्थापित करना, साक्षी के लिये बुलाना; **Voucher** (- अर्) - *n.* one who bears witness, a document which serves to attest the truth of accounts. गवाह, प्रमाणपत्र (साधनपत्र), हिसाब की लिखित रसीद; **Vouchment** (- मेंन्ट्) - *n.* a solemn declaration. दृढ़ प्रमाण।

Vouchsafe - व़ाउच्' - सेंफ़्' - *v. t. & i.* to guarantee, to be done without danger, to condescend, to grant. जिम्मेदारी लेना, बिना भय के होने देना, कृपा करके देना; **Vouchsafement** (- मेंन्ट्) - *n.* condescension, security. कृपापूर्वक दान, जिम्मेदारी, जमानत।

Vow - व़ाउ - *n.* a solemn promise made to a deity, a solemn pledge. व्रत (प्रतिज्ञा), संकल्प; - *v.t. & i.* to consecrate to god by a solemn promise, to devote. शपथपूर्वक प्रतिज्ञा करना, वचन देना।

Vowel - व़ाव' - एल् - *n.* a letter which can be sounded by itself. स्वर (अक्षर); **Vowelled** (- एँल्ड्) - *adj.* furnished with vowels. स्वरपूर्ण।

Vower - वाउ' - अर् - *n.* one who makes a vow. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Voyage - वॉय्'- एज् - *n.* a passage by water from one place to another. जलयात्रा, समुद्रयात्रा; **Voyager** (- अर्) - *n.* one who makes a voyage by sea. समुद्रयात्रा करनेवाला।

Vulcan - व़ल्' - कान् - *n.* the god of fire. अग्निदेवता।

Vulcanian - वल् - कान्'- इ - अन् - *adj.* of a volcano, pertaining to work of iron. ज्वालामुखी पर्वत का, लोहे के काम का; **Vulcanic** (- इक्) - *adj.* pertaining to volcanoes. ज्वालामुखी पर्वत-सम्बन्धी।

Vulcanite - वल्' - कॉन् - इट् - *n.* rubber in which there is a large proportion of sulphur. अधिक गन्धकवाला रबड़; **Vulcanization** (- नाइ - जें - शन्) - *n.* the process of vulcanizing. गन्धकपूर्ण रबड़ बनाने की विधि; **Vulcanize** (- नाइज़्) - *v.i.* to change the properties of rubber. रबड़ के गुण बदलने की विधि।

Vulgur - व़ल्ङ' - गर् - *adj.* common, boorish, rude, unrefined, native, public, mean or low. सामान्य, गँवार, रूखा, अशिष्ट, ग्राम्य, देहाती, लौकिक, असभ्य; - *n.* the common people, the common language of a country. सामान्य लोग, किसी देश की सामान्य भाषा।

Vulgarian - वल - गेअर्'- इ अन् - *n.* a well-to-do person of rude manners. असभ्य व्यवहारवाला धनी पुरुष; **Vulgarianism** (- इज़्म्), **Vulgarity** (- रिटि) - *ns.* grossness of manners or language. व्यवहार या भाषा की रूक्षता, गँवारपन, भद्दापन; **Vulgarize** (- राइज़्') - *v.t.* to make vulgar. असभ्य बनाना; **Vulgarly** (- लि) - *adv.* in a vulgar manner. गँवारपन से; **Vulgarness** (- नेंस्) - *n.* vulgarity. असभ्यता, गँवारपन।

Vulgate - वल'- गेट् - *n.* Latin translation of the Scriptures. वाइबिल का लैटिन भाषान्तर।

Vulnerable - वल्'- नेअर - एब्ल् - *adj.* liable to injury, that may be wounded. भेद्य, घाव पहुँचाने योग्य; **Vulnerableness** (- नेंस्) - *n.* the state of being vulnerable. भेद्यता, घाव पहुँचाने योग्य अवस्था; **Vulnerary** (- अरि) - *adj.* useful in healing wounds. व्रण (घाव) को अच्छा करने योग्य; **Vulnerate** (- एँट्') - *v.t.* to wound, to hurt. घाव पहुँचाना; **Vulneration** (- एँ - शन्) - *n.* the act of wounding. घाव पहुँचाने की क्रिया; **Vulnerose** (- ओस्) - *adj.* full of wounds. घावों से भरा हुआ।

Vulpicide - वल्प'- इ - साइड् - *n.* the killing of a fox. लोमड़ी की हत्या।

Vulpine - वल्प'- इन् - *adj.* pertaining to foxes, cunning. लोमड़ी-सम्बन्धी, धूर्त।

Vulpinism - वल्प'- इन् - इज्म् - *n.* cunningness. धूर्तता।

Vulture - व़ल् - चर् - *n.* a carrion-eating bird of prey. गृध्र, गिद्ध; **Vulturine** (- आइन्) - *adj.* pertaining to the vulture. गिद्ध सम्बन्धी; **Vulturous** (- अस्) - *adj.* rapacious. अतिलुब्ध, बहुत लालची, अपहारी।

Vulviform - व़ल'- वि - फॉर्म् - *adj.* of the form of a cleft. दर्रे के आकार का।

Vying - व़ाइ' - इङ्ग् - *adj.* competing. स्पर्धा करनेवाला।



W - डब्ल्यू - the twenty third letter of the English alphabet, with the sound of a consonant when beginning a syllable and of a vowel if it does not begin a syllable. अंग्रेज़ी वर्णमाला का तेईसवाँ अक्षर, इसका उच्चारण किसी सिलेबल् या मात्रा के आदि में व्यंजन अन्यथा स्वर होता है।

Wabble - वॉ' - बल् - *v.i.* to move to and fro. इधर-उधर घूमना, चक्कर खाना; **Wabbly** (-लि) - *adj.* wobbly. चक्कर खाते हुए।

Wad - वॉड् - *n.* a pad of loose soft matter, such as hay, paper etc, used to stop the charge of gun, a bundle of hay, a roll of bank notes. सूखी घास, कागज़ इत्यादि का तोप का डट्टा, सूखी घास का गट्ठर, बैंक के नोटों का पुलिन्दा; - *v.t.* (*p.t.* **Wadded.**) to stuff with a wad, to form a bundle. डट्टा लगाना, गठरी बनाना, डट्टे से बन्द करना; **Wadded** (-एँड्) - *adj.* formed into a mass. गद्दा या डट्टा बनाया हुआ; **Wadding** (- इङ्ग्) - *n.* a soft stuff used in stuffing garments. पोशाक के भीतर देने की गद्दी; **Wadding-hook** (a screw for drawing out wads.) तोप का डट्टा निकालने की अँकुसी; **Wad-ding hook** (a screw to drawout the wads remaining in guns.) बन्दूक में फँसी हुई कारतूस निकालने की पेंच।

Waddle - वॉड् - ड्ल् - *v.i.* to walk with short steps. to walk like a duck. डगमगाते हुए चलना, हंस के समान चलना; **Waddler** (अर्) - *n.* one who waddles. हंस के समान चलनेवाला; **Waddling** (इङ्ग्) - *adj.* rocking. डगमगाते हुए।

Wade - वेड् - *v. i.* to walk through water, to go with difficulty or labour. पानी में हलकर चलना, कठिनता या श्रम से जाना; **Wader** (- अर्) - *n.* one who wades. पानी में हलकर चलनेवाला व्यक्ति।

Wafer - वें' - फ़र् - *n.* a small thin sweet cake, a thin paste used in sealing letters; मालपुआ (पतली रोटी), लिफ़ाफ़ा बन्द करने की लेई; - *v.t.* to seal with a wafer. इस प्रकार की लेई से बन्द करना; **Wafery** (- इ) - *n.* a room for making wafers. मीठी पतली रोटियों के बनाने का कमरा; - *adj.* thin like wafer. लेई के समान पतला।

Waffle - वाफल् - *n.* a light crisp batter cake. छोटी रोटी - *v.t.* to talk vague nonsense. अस्पष्ट अनर्गल वार्ता करना।

Waft - वॉफ़्ट् - *n.* a floating body. तैरनेवाला पदार्थ; - *v.t. & i.* to convey or drift through water or air, beckon. जल या वायु द्वारा ले जाना या बहाना. संकेत करना; **Waftage** (एँज्) - *n.* conveyance through air or water. जल अथवा वायु द्वारा गमन; **Wafter** (- अर्) - *n.* a passage boat. पार उतारने की नाव; **Wafting** (- इङ्ग्) - *n.* floating in a fluid. किसी तरल पदार्थ में तैरना।

Wafture - वॉफ्' - चर् - *n.* the act of waving or beckoning. हिलाने या संकेत करने की क्रिया।

Wag - वॉग् - *n.* one who is fond of jokes. परिहासी, हँसी करनेवाला; - *v.t. & i.* (*p.t.* **Wagged.**) to move quickly one why and the other, to vibrate. हिलाना, काँपना।

Wage - वेंज् -*v.t.* to stake, to bet. दाँव लगाना, साहस करना; **Wager** (-अर्) -*n.* a stake, a bet. दाँव, प्रण; -*v.i.* to stake. दाँव लगाना; **Wagerer** (-अरर्) -*n.* one who lays a bet. दाँव लगानेवाला।

Wage (s) - वेंज़् (-एँज़्) -*n.* reward for services, hire. काम की मजदूरी, वेतन (तनख्वाह), किराया।

Waggery - वॉग्' - अर् - इ - *n.* a sportive trick, mischievous merriment. ठिठोली, ठट्ठा।

Waggish - वॉग्' - इश् - *adj.* humorous, frolicksome. ठिठोलिया, मसखरा; **Waggishly** (-लि) - *adj.* humorously. ठिठोली करते हुए; **Waggishness** (-नेस्) - *n.* humorousness. मसखरापन।

Waggle - वॉ - गल् -*v.t. & i.* to move from side to side, to waddle, to sway about. हिलाना, घुमाना, उचकते हुए चलना।

Waggon, Wagon - वॉग्' - अन् - *ns.* a heavy vehicle on four wheels used for carrying bulky goods. चार पहिये का छकड़ा; **Waggonage** (- एँज्) - *n.* money paid for carrying on a wagon. छकड़े का किराया; **Waggoner** (- अर्) - *n.* one who drives a wagon. छकड़ा हाँकनेवाला।

Wagonette - वॉग्' - आन् - एँट्' - *n.* an open four wheeled carriage with seats facing each other. आमने-सामने की गद्दी की चौपहिया हलकी गाड़ी।

Wagtail - वॉग्' -टेल् - *n.* a small bird which frequently shakes its tail. बारम्बार पूँछ हिलानेवाली एक छोटी चिड़िया, खन्जन पक्षी।

Wagwant - वॉग्' - वॉन्ट्' - *n.* a kind of quaking grass. सर्वदा काँपनेवाली घास।

Waif - वेंफ़् - *n.* anything found without the owner, a neglected child. पड़ी हुई वस्तु जिसके मालिक का पता न हो, फ़ेका हुआ बालक।

Wail - वेंल् - *v.t. & i.* to lament, to express sorrow for. विलाप करना, रोना, दुःख प्रकट करना; - *n.* loud weeping, lamentation, विलाप, रुलाई; **Wailer** (- अर्) - *n.* one who wails. विलाप करनेवाला; **Wailful** (- फुल्) - *adj.* sorrowful, mournful. विलापयुक्त; दुःखमय; **Wailing** (- इङ्ग्) *n.* deep lamentation. दुःख, विलाप; **Wailingly** (- इङ्ग्-लि) -*adv.* in a mournful manner. विलाप करते हुए।

Wain - वेंन् - *n.* a wagon, a carriage for the transport of goods. छकड़ा गाड़ी; **Wain-house** (- हाउस्) - *n.* a shed for carts and wagons. छकड़ा या गाड़ी रखने का घर; **Wainrope** (- रोप्) - *n.*

a rope for fastening a load on a wagon. छकड़े पर के सामान को बाँधने का रस्सा; **Wainwright** (- राइट्) - *n.* a wagon maker. छकड़ा बनानेवाला।

Wainscot - वेंन्' - स्कॉट् - *n.* wooden lining of walls in a room. दीवार से लकड़ी की पट्टियों का जड़ाव; -*v.t.* to line with boards. पटरे जड़ना, तख्तबन्दी करना; **Wainscoting, Wainscotting** (-इङ्ग्) -*n.* the material used for a wainscot. तख्तबन्दी में जड़ने का पटरा।

Waist - वेंस्ट् - *n.* the part of a human body below the ribs and above the hips, the widest part of a ship. (कटिदेश) कमर, जहाज़ का सबसे चौड़ा भाग; **Waistband** (- बॉण्ड्) - *n.* the band which encompasses the waist. कमरबंद, इज़ारबन्द; **Waistbelt** (-वेंल्ट्) - *n.* a belt for the waist. कमरपेटी; **Waistcloth** (- क्लॉथ्) - *n.* a loin-cloth. लुंगी, कमर पर का वस्त्र, **Waistcoat** (- कोट्) - *n.* a short close fitting sleeveless garment. फतुही, कुरती, वासकट; **Waistdeep** (- डीप्) - *adj.* reaching up to the waist. कमर तक गहरा।

Wait - वेंट् - *v.i.* to stay in expectation, to stay, to attend, to remain stationary. प्रतीक्षा करना, ठहरना, राह देखना; स्थिर रहना; **To lie in wait** (to remain in ambush.) घात में लगे रहना; **To wait at** (to perform service at.) चाकरी बजाना; **To wait for** (to watch.) घात में रहना; **To wait upon** (to follow, to attend, to visit, to carryout duty.) अनुसरण करना, नौकरी करना, भेंट करने जाना, कर्त्तव्य पालन करना; **Waiter** (अर्) - *n.* a servant, a salver. भृत्य (सेवक), नौकर, परात (थाली); **Waiting** (इङ्ग्) - *adj. & n.* attending, the act of staying. सेवा करनेवाला, सेवा, ठहराव, रुकावट; **Waitingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* by waiting. ठहरते हुए; **Waiting list** (a list of names of persons waiting their turn.) प्रतीक्षा सूची; **Waiting-maid** (- इङ्ग् - मेंड्) - *n.* a maid-servant. दासी; **Waiting-room** (- इङ्ग् - रूम्) - *n.* a room to wait in. ठहरने का कमरा, प्रतीक्षालय, प्रतीक्षा कक्षा।

Waitress - वेट' - रेस् - *n. fem.* a female waiter in a hotel. होटल में की दासी।

Waive - वेंव् - *v.t.* to put off, to relinquish. टालना, दूर रखना, त्यागना (छोड़ना), परित्याग करना; **Waiver** (अर्) - *n.* the act of relinquishing. परित्याग।

Wake - वेंक् - *v.i. & t.* (*p.t.* **Woke** or **Waked.**) to cease to sleep, to awake, to revive, to put in motion. नींद से उठना, जागना, जागते रहना, जगाना, गतियुक्त करना; - *n.* vigil, the state of forbearing sleep. पहरा, जागरण; **To follow in the wake of** (to achieve a position immediately after.) पदवी को तुरत प्राप्त करना; **Wakeful** (- फुल्) - *adj.* vigilant, not sleeping, watchful. जागरण करनेवाला, निद्राविमुख, सावधान; **Wakefulness** (- फुल् - नेंस्) - *n.* indisposition to sleep. जागरण, अनिद्रा; **Wakefully** (- फुल् - लि) - *adv.* with sleeplessness जागरण करते हुए।

Waken - वेंक्' - एन् - *v.t.* to wake, to rouse from sleep, to excite. जगाना, उत्तेजित करना, उसकाना; **Wakener** (- अर्) - *n.* one who rouses from sleep. निद्रा से जगानेवाला।

Waking - वेंक्' - इङ्ग् -*n.* the period of being awake. जाग्रत अवस्था।

Wale - वेंल् - *n.* a streak in cloth, the mark of a whip or rod on flesh. कपड़े की धारी, कोड़े या डंडे की मार का चिह्न; - *v.t.* to mark with stripes. साट डालना, धारियों का चिह्न करना।

Waler - वेंल्र् - *n.* a kind of horse imported from New South Wales. न्यू साउथ वेल्स से नियीतित (वेलर) घोड़ा।

Walk - वॉक् - *v.t.* to travel on foot, to step, to move off. पैदल चलना, टहलना, हटाना; - *n.* the manner of walking, gait, range, avenue of trees, place of wandering, works in life. गमन, चाल, क्रम, वृक्षों की पंक्ति, मार्ग, रास्ता, जीवन का कार्य; **To walk away** (off) (to run away.) भाग जाना; **To walk over** (to gain victory over.) विजय प्राप्त करना; **Walkable** (- ऍब्ल्) - *adj.* fit to be walked on. टहलने योग्य; **Walker** (- अर्) - *n.* one who walks, a forester. पैदल चलनेवाला, जंगल का अफसर; **Walking** (इङ्ग्) - *n.* a slow pace. मन्दगति, टहलना; **Walking fan** (a fan used as a sun shade.) पंखा जो छाते का काम देता है; **Walking stick** (a stick carried in a pleasure walk.) टहलते समय ले जाने की छड़ी।

Walk-over - वाक् - ओ' - व्र् -*n.* an easy victory without contest. बिना लड़ाई या मुकाबिले के ही सहज में विजय।

Wall - वॉल् -*n.* a structure of brick or stone, the side of a building, (*pl.*) fortifications. भीत, दीवार, (ब०व०) किलाबन्दी; -*v.t.* to enclose with a wall. भीत से घेरना; **Goes to the wall** (is pushed aside.) हटा दिया जाता है।

Wall-barley - वॉल्' - बार्लि -*n.* wild, barley. जंगली जव; **Wallcress** (क्रेंस्) -*n.* a plant growing in stony places. पथरफोड़िया।

Walled - वॉल्ड् -*adj.* enclosed with a wall. दीवार से घिरा हुआ।

Waller - वॉल्' - अर् -*n.* one who makes walls. दीवार बनानेवाला।

Wallet - वॉल्' - एट् -*n.* a knapsack, a bag for carrying necessities. झोला, थैली, बटुआ।

Wall-eyed - वॉल्' - आइड् -*n.* having iris of the eye of light-grey colour. कंजी आँखवाला।

Wall-flower - वॉल्' - फ़्लाउ' - अर् -*n.* a kind of flower. एक प्रकार का फूल; **Wall-knot** (- नॉट्) - *n.* a knot formed at the end of a rope. रस्से के किनारे पर गुँथी हुई गाँठ; **Wall-paper** (- पें - पर्) - *n.* paper usually coloured and decorated for pasting on the walls of a room. दीवार पर चिपकाने का कागज़।

Wallop - वॉल्' - अप् - *v.t. & i. (p. t.* **Walloped.**) to beat soundly, to boil with a bubbling noise. कोड़ा मारना, खदबदाते हुए उबलना।

Wallow - वॉल्' - ओ - *n.* a rolling walk. लुढ़कती हुई चाल; - *v.i & t.* to tumble and roll, to roll one's body. लोटना (लुढ़कना), शरीर को लुढ़काना; **Wallower** (- अर्) - *n.* one who rolls in mire. कीचड़ में लोटनेवाला आदमी।

Walnut - वॉल्' - नट् - *n.* a tree with edible fruits. अखरोट।

Walrus - वॉल्' - रस् -*n.* a large tusked carnivorous sea-animal. बड़े दाँतवाला मांसाहारी समुद्री जंतु।

Walt - वॉल्ट् - *adj.* tottering. लुढ़कता हुआ।

Waltz - वॉल्ट्ज़् - *n.* a German dance. जर्मनी का एक प्रकार का नाच; **Waltzer** (ज़र्) - *n.* one who waltzes. इस प्रकार से नाचनेवाला व्यक्ति।

Wamble - वॉम् - बल् - *n.* uneasiness or feeling of nausea in the stomach, rolling or staggering of the body. पेट में बेचैनी या मिचली की भावना, शरीर की लुढ़कती या लड़खड़ाती हुई दशा; - *v.t.* to feel nausea, to roll or stagger. मिचली का अनुभव करना, जी मचलाना, लुढ़कना या लोटना या लड़खड़ाना; **Wamble-cropped** (sick at stomach.) पेट की ऐंठन से पीड़ित।

Wan - वॉन् - *adj.* pale, sickly, pallid, having a sickly hue. पीला, रुग्ण, बीमार, पीले रंग का; - *v.i.* (*p. t.* **Wanned.**) to become wan. पीला होना; **Wanly** (- लि) - *adv.* languidly. पीलेपन से; **Wanned** (- न्ड्) - *adj.* made yellow. पीला किया हुआ; **Wanness** (- नेंस्) - *n.* the state of being wan. पीलापन।

Wanchancy - वॉन्' - चॉन् - सि - *adj.* unfortunate, wicked. दुष्ट, अभागा।

Wand - वॉन्ड् - *n.* a small stick or rod, the rod of conjurors. डण्डा, सोंटा, जादूगर की छड़ी।

Wander - वाण्ड्' - अर् - *v. i.* to ramble, to roam, to depart, to migrate, to travel aimlessly. घूमना, विचरना, स्थान छोड़कर जाना, भटकना; **Wanderer** (- अरर्) - *n.* a rambler. बिना मतलब के विचरनेवाला, भटकनेवाला, आवारा; **Wandering** - (इङ्ग्) - *adj. & n.* roving, uncertainty. परिभ्रमण, अस्थिरता, विचलन, चक्कर; **Wanderingly** (इङ्ग्-लि) - *adv.* in a wandering manner. विचरते हुए; **Wander lust** (craving for travel.) यात्रा करने की उत्कृष्ट इच्छा।

Wander-plug - वॉन्ड्' - अर् - प्लग् - *n.* the connecting plug of a dry battery. बिजली की बैटरी को बाँधने का पेंच।

Wanderoo - वॉन्ड्' - अर् - उ - *n.* a monkey of Sri Lanka. लंका का एक प्रकार का बन्दर।

Wandy - वॉन्ड्' - इ - *adj.* like a wand. छड़ी के आकार का।

Wane - वेंन् - *n.* decline, diminution. क्षय, घटाव, कमी; - *v.i.* to decrease, to diminish. कम होना, घटाना; **Waned** (-ड्) - *adj.* decreased. क्षयप्राप्त; **Waning** (-इङ्ग्) - *adj.* diminishing. क्षयी; **Waning period** (- पिअरि - अड्) - *n.* time of diminution. क्षय काल।

Wang - वॉङ्ग् - *n.* the jaw bone. दाढ़ की हड्डी; **Wang-tooth** (- टूथ्) - *n.* a jaw tooth. दाढ़ का दाँत, चव।

Wangle - वॉङ्ग' - गल् - *v.t.* to secure favour astutely. चालाकी से कृपा प्राप्त करना।

Wankle - वॉङ्क्ल् - *adj.* weak, changeable. दुर्बल, बदलनेवाला।

Want - वॉन्ट् - *n.* defect, deficiency, necessity, need, poverty. कमी, खराबी, अभाव, न्यूनता, आवश्यकता, जरूरत, दरिद्रता; - *v.t. & i.* to be destitute of, to need, to wish for, to be lacking in, to fall short. कमी का अनुभव करना, आवश्यकता का अनुभव करना, इच्छा करना, चाहना, अभाव होना, न्यून होना, कम होना; **Wantage** (- ऍज्) - *n.* deficiency. न्यूनता, अभाव; **Wanting** (इङ्ग्) - *adj.* deficient, absent, missing. कम, थोड़ा, अनुपस्थित (गैरहाजिर), गायब।

Wanton - वॉन्ट्' - अन् - *adj.* wandering, sportive, frolicsome, unchaste, licentious. चंचल, खिलाड़ी, लम्पट, मर्यादाहीन, विलासी; - *v.i.* to sport, to revel, to live amorously, to ramble without restraint, क्रीड़ा करना, मौज उड़ाना, बे-रोक-टोक इधर-उधर भटकना, कामुक की भाँति जीवन बिताना; **Wantonly** (लि.) - *adv.* in a wanton manner. विलासपूर्वक, इच्छानुरूप, बिना रुकावट के; **Wantonness** (- नेंस्) - *n.* sportiveness, levity. लम्पटता, चंचलता, ढिठाई।

Wantwit - वॉन्ट्' - विट् - *n.* one who is destitute of wit, a fool. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, मूर्ख।

Wanty - वान्ट्'- इ - *n.* a strap of leather for binding a load on the back of a beast. पशु की पीठ पर बोझ बाँधने का चमड़े का तस्मा।

Wapiti - वॉप् - इ - टि - *n.* the American stag. अमेरिका देश का बारहसिंगा।

Wapper - वॉ - पर् - *v.i.* to move quickly, to totter. हिलना, काँपना।

War - वॉर् - *n.* a contest between nations, fighting, hostility, enmity. राष्ट्रों के बीच युद्ध, समर या जंग, युद्ध, संग्राम, लड़ाई, बैर, बुराई, शत्रुता: *v. i. & t.* (*p. t.* **Warred.**) to make war, to carry on a contest. युद्ध करना, लड़ना, झगड़ना;

War cry (a shout for mutual encouragement.) आपसी प्रोत्साहन का युद्ध का शब्द।

Warble - वॉर् - ब्ल् - *v.t. & i.* to quaver the voice, to sing, to be modulated. गिटकिरी भरना, कूकना, चहचहाना; - *n.* song, melody. गायन, कूजन।

Warbler - वार्ब' - लर् - *n.* a songster, a small songbird. गानेवाला, कूकनेवाली छोटी चिड़िया; **Warbling** (इङ्ग्) - *adj. & n.* quavering the voice, singing. कूकता हुआ, गायन; **Warblingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* in a warbling manner. कूकते हुए।

Ward - वॉर्ड् - *n.* a stronghold or fortress, one who guards, one under the care of a guardian, watch, a ridge in a lock or key, a division of a hospital, town or district, garrison. क़िला, गढ़, रक्षक, रखवाली करनेवाला, रक्षित व्यक्ति, चौकी, पहरा, ताले की झरी, अस्पताल, नगर, जिले का विभाग या भाग, दुर्गस्थ सेना; - *v.t.* to repel, to defend, to watch. टालना, बचाना, चौकसी करना, पहरा देना।

-Ward - वर्ड् - *n.a.* suffix denoting direction. 'दिशा' सूचक प्रत्यय।

Wardage - वॉर्' -डेंज् - *n.* a tax paid for watching. चौकसी करने का कर; **Wardship** (- शिप्) - *n.* guardianship. रक्षा का पद।

Warden - वॉर्ड' - एन् - *n.* a guardian. संरक्षक, छात्रपाल, प्रतिपालक, रक्षापुरुष।

Wardenship - वॉर्ड' - अन् - शिप - *n.* the office of a warden. संरक्षण, संरक्षकत्व, रक्षापुरुष का पद।

Warder - वॉर्' - डर् - *n.* a guard, a keeper, रक्षक (द्वारपाल), पहरेदार।

Wardian - वॉर्' - डि - अन् - *n.* a glass case for delicate plants. कोमल पौधों के रखने का काँच का बक्स।

Wardrobe - वॉर्ड' - रोब् - *n.* a room or cupboard where clothes are kept. वस्त्र रखने की कोठरी या आलमारी; **Ward-room** (-रूम्) *-n.* the mess-room of the officers in a warship. जंगी जहाज़ में अफ़सरों के भोजन करने का कमरा।

Ward-staff - वॉर्ड् - स्टाफ़् - *n.*a constable's staff. पुलिस के सिपाही का डण्डा।

Ware - वेंअर् - *n.* an article of merchandise. पण्य द्रव्य, विक्रय-सामग्री, सौदा, व्यापार का माल।

Wareful - वेंअर्' - फुल् - *adj.* watchful, cautious. सावधान, चैतन्य; **Warefulness** (-नेंस्) - *n.* cautiousness. सावधानी।

Warehouse - वेंअर्' - हाउस् - *n. & v. t.* a store house for goods, to deposit in a warehouse. भण्डारागार, गोदाम, गोदाम में सुरक्षित रखना; **Warehousing** (इङ्ग्) - *n.* the act of placing of goods in a warehouse. गोदाम में माल रखने का कार्य; **Ware-room** (- रूम्) - *n.* a show-room. सजी दूकान।

Warely - वेंअर्' - लि *-adv.* cautiously. सावधानी से।

Wares - वें - अर्स् *-n.pl.* goods, commodities. (ब0 व0) माल-असवाब।

Warfare - वॉर्' - फ़ेंअर् - *n.* contest, (hostility). युद्ध, संग्राम; **Warfarer** (one engaged in war.) योद्धा; **War-field** (- फ़ील्ड्) - *n.a.* field of battle. युद्ध-क्षेत्र, रण-क्षेत्र; **War-horse** (-हॉर्स) - *n.* a charger. लड़ाई का घोड़ा; **Warlike** (- लाइक्) - *adj.* martial, fit for war. रणप्रिय, युद्ध-सम्बन्धी, संग्राम के योग्य; **Warlikeness** (नेंस्) - *n.* warlike state. रण-प्रिय या रण के योग्य अवस्था; **Warsong** - (सॉङ्ग्) - *n.* a song inciting war. युद्ध के लिये प्रेरित करने का गायन।

Warily - वेंअर'- इ -लि-*adv.* cautiously. सावधानी से।

Wariness -वेंअर्' - इ -नेंस् - *n.* caution. सावधानी।

Warlock - वॉर्' - लॉक् *-n.* a wizard. जादूगर।

Warm - वॉर्म् - *adj.* having a moderate degree of heat, ardent, zealous, sympathetic, animated, keen, vigorous, enthusiastic. साधारण गरम, उष्ण, तीव्र, उत्साह-युक्त, सहानुभूतिपूर्ण, सजीव, चैतन्य, शक्तिपूर्ण, उत्तेजनापूर्ण; - *v.t. & i.* to heat to a moderate degree, to interest, to excite, to become heated or animated. उष्ण या साधारण गरम करना, उत्साह उत्पन्न करना, उत्तेजित होना, गरम होना।

Warm-blooded - वॉर्म्' - ब्लड् - एँड् - *adj.* having warm blood. गरम रुधिरवाले (प्राणी)।

Warm-colours - वॉर्म्' - कलर्स् - *n.* colours having yellow and red as their basis. लाल-पीले आधार के रंग; **Warm welcome** (-वेंल् - कम्) - *n.* an ardent reception. उत्साह सहित स्वागत; **Warmer** (- अर्) - *n.* one who or that which warms. गरम करनेवाला; **Warmhearted** (-हार्ट्-एँड्) - *adj.* showing warmth of affection, cordial. अति स्नेह दिखलानेवाला, अनुरागी; **Warmheartedness** (- हार्ट् - एँड् - नेंस्) - *n.* the state of being warm-hearted. स्नेहातिशयता; **Warming** (इङ्ग्) - *adj.* making moderately hot. थोड़ा गरम करनेवाला; *-n.* the act of warming up. गरम करने का काम; **Warmly** (लि) - *adv.* with gentle heat, affectionately. थोड़ी गरमी से, स्नेह से, प्रेम से; **Warmness** (नेंस्) - *n.* the state of being warm. साधारण गरमी, उष्णता, **Warmth** (-थ्) - *n.* gentle heat, zeal, ardour, earnestness. मन्द उष्णता, उत्ताप, तीक्ष्णता, उत्साह, सच्चाई, सच्ची लगन।

Warn - वॉर्न् - *v.t.* to inform of probable danger, to caution, to notify beforehand. सम्भावित संकट की पहिले से सूचना देना, पहले से जता देना, सावधान करना (चेतावनी देना)।

Warner - वॉर्न्' - अर् - *n.* one who warns. सावधान करनेवाला।

Warning -वॉर्न्' - इङ्ग् - *n.* previous notice, caution. प्रबोधन, चेतावनी; **Warningly** - *adv.* with caution चेतावनी देते हुए।

Warp - वॉर्प् - *n.* the threads which are extended lengthwise while weaving, the rope employed in drawing a boat. बुनाई का ताना, नाव खींचने का रस्सा (गोन); - *v.i. & t.* to twist, to turn from the true direction, to pervert, to deviate, ऐंठना, मोड़ना, नष्ट करना, बिगाड़ना; **Warped** (- ड्) - *adj.* twisted. ऐंठा हुआ; **Warper** (अर्) - *n.* one who forms the warp. ताना बनानेवाला; **Warping** -*n.* fertilizing of land by flooding it with water. जल से भरकर भूमि को उपजाऊ करने की क्रिया; **Warping-hook** (-इङ्ग् - हुक्) - *n.* a hook used for hanging yarn. धागा तानने का हुक।

War plane - वॉर्' - प्लेन् - *n.* a military aeroplane. फौजी हवाई जहाज।

Warrant - वॉर् - अन्ट् - *n.* authority, power that authorizes an act, right, security, a writ of authority अधिकार, प्रमाण, अधिकारपत्र, ज़मानत, पकड़ने का हुक्मनामा (वारन्ट); - *v.t.* to authorize, to secure, to justify, to maintain. अधिकार देना, सुरक्षित रूप में पाना, प्रमाणित करना, स्थिर करना, स्थापित करना; **Warrant of attorney** (a written authority given by a client to an attorney to appear for him in the court.) वकालतनामा, मुख्तारनामा।

Warrantable - वॉ' - रान्ट् - एॅबल् - *adj.* capable of being authorized by right, justifiable. प्रमाणित करने योग्य, उचित; **Warrantableness** (-नेस्) - *n.* the quality of being warrantable. प्रामाणिकता; **Warrantably** - (एॅ - ब्लि) - *adv.* justifiably. योग्यरूप से; **Warranted** (-एॅड्) - *adj.* authorized. प्रमाणित; **Warrantee** (-ई) - *n.* one to whom anything is warranted. जिसके प्रति कुछ प्रमाणित किया गया हो; **Warranter** (-अर्) - *n.* one who empowers or assures. प्रमाणित करनेवाला, अधिकार देनेवाला; **Warranty** (-इ) - *n.* authority, security, guarantee. अधिकार, प्रतिभू, प्रतिज्ञा।

Warren - वॉ - रेन् - *n.* a place or ground for the breeding or rabbits. खरहों के पालने का बाड़ा।

Warrener - वॉ' - रेन् - अर् - *n.* one who breeds rabbits. खरहा पालनेवाला।

Warrior - वॉ' - रि - अर् - *n.* a soldier, a brave man. (सैनिक) सिपाही, योद्धा; **Warrioress** (-एॅस्) -*n. fem.* a female warrior. स्त्री सिपाही।

Warship - वॉर्' - शिप् - *n.* a vessel for war. युद्ध का जहाज़।

Wart - वॉर्ट् - *n.* a hard firm excrescence on the skin. अधिमास, मस्सा; **Warted** (- एॅड्) - *adj.* having little knobs. मस्सेदार; **Wartless** (- लेॅस्) - *adj.* having no warts. बिना मस्से का; **Warty** (- इ) - *adj.* full of warts. मस्सों से पूर्ण।

Wary - वेॅअर्' - इ - *adj.* (*comp.* **Warier**, *sup.* **Wariest.**) cautious of danger. सावधान, सतर्क, होशियार।

Was - वॉज़् - first and third person singular of the verb 'be'. था।

Wase - वेॅज़् - *n.* a pad of straw or cloth placed on the head to relieve pressure of burden. बोझा ढोनेवालों के सिर पर रखने की कपड़े की गद्दी, बिड़वा।

Wash - वॉश् - *v. t. & i.* to cleanse by means of water, to wet, to overflow, to rub with some liquid substance, to perform ablution. पानी से धोना, गीला करना, बहाना, द्रव से रगड़ना, स्नान करना (नहाना); - *n.* a bog, a lotion, the act of washing, the blade or an oar, break of waves on the shore, thin coat of paint on metal. दलदल, नहाने-धोने का जल, स्नान, पतवार का पत्ता, लहरों की टकरान, धातु की चद्दर पर पतला रंग; **Washable** (- एॅ - बल्) - *adj.* that may be washed. धोने योग्य; **Wash-away** (- अ - वे) - *n.* a breach caused by a flood. बाढ़ से उत्पन्न दर्रा; **Wash-ball** (बॉल्) - *n.* a ball of soap used for washing the hands and face. हाथ-मुँह धोने का साबुन का गोला; **Wash-board** (- बोर्ड्) - *n.* a ribbed board for washing clothes. कपड़ा धोने का पटरा, पाट; **Washbottle** (- बॉ'- ट्ल्) - *n.* a bottle used for washing chemical apparatus. काँच के रासायनिक यन्त्रों को धोने की बोतल; **Washing** (- इङ्ग्) - *n.* the act of cleaning or washing. मार्जन, धावन; **Washer** (- अर्) - *n.* one who or that which washes, a ring placed at the base of a screw to tighten it up. धोनेवाला, पेंच के ऊपर रक्खी हुई मुँदरी जिससे ढिबरी कसकर ठहरी रहती है; **Washerman** (- अर् - मॉन्) - *n.* (*pl.* **Washermen**) a man who washes clothes. रजक, धावक, धोबी; **Washerwoman** (-अर् - वु - मन्) - *n.* (*pl.* **Washerwomen**) a woman who washes clothes. धोबिन; **Wash-house** (- हॉउस्) - *n.* a house or room where clothes are washed. कपड़ा धोने का घर; **Washleather** (-लैद् - अर्) - *n.* a soft leather for cleaning household articles. घर की सामग्री धोने का मुलायम चमड़ा; **Washout** (- आउट्) - *n.* a failure, damage by flood. असफलता, बाढ़ से हुई हानि; **Washpot** (- पॉट्) - *n.* a vessell in which anything is washed. धोने का पात्र; **Washstand** (- स्टॉन्ड्) - *n.* a stand for holding basin of water in which face and hands are washed. हाथ-मुँह धोने के पानी का टब रखने की तिपाई; **Washtub** (- टब्) - *n.* a tub in which clothes are washed. कपड़ा धोने की कठवत या नाँद; **Washy** - (इ) - *adj.* damp, watery, weak. नम, तर, दुर्बल, अपुष्ट।

Wasn't - वॉज़ - न् - ट् - *v. i.* short form of was not. अंग्रेज़ी के 'was not' का छोटा रूप = नही था।

Wasp - वॉस्प् - *n.* a stinging insect. वरट, हड्डा, बर्रे; **Waspish** (- इश्) - *adj.* having a very slender waist, peevish, petulant. पतली कमर का, कर्कश स्वभाव का, चिड़चिड़ा; **Waspishly** (- इश्

- लि) - *adv.* in a waspish manner. कर्कश स्वभाव से, चिड़चिड़ाते हुए; **Waspishness** - (इश् - नेंस्) - *n.* petulance. कर्कश स्वभाव।

Wassail - वॉसेंल् - *n.* a festive occasion, a drinking bout, a merry song, health drinking. उत्सव का समय, मदिरा-पान का उत्सव, आनन्द का गीत, किसी के आरोग्य के लिए मदिरापान; **Wassailer** (-अर्) - *n.* a reveller. drunkard. मद्यपान करनेवाला, पियक्कड़।

Wast - वॉस्ट् - second person singular of 'Be' (तू) था।

Wastage - वेस्ट्' - एज् - *n.* loss by waste. क्षय से हानि।

Waste - वेंस्ट् - *adj.* ruined, devastated, untilled, desolate, lying unused, useless, vain, worthless, superfluous. नष्ट-भ्रष्ट, परती, शून्य, व्यर्थ पड़ा हुआ, निर्गुण, निरर्थक, अपशिष्ट, रद्दी, उत्सर्ग, बेकाम, निष्प्रयोजन; - *n.*extravagance, an uncultivated country, destruction, spoil, refuse. फ़ज़ूलखर्ची, बिना जोता-बोया प्रदेश, नाश, हरण, (उड़ाव), कूड़ा-करकट; - *v.t. & i.* to squander, to desolate, to spend, to water out, to consume. उड़ा देना, नाश करना, व्यय करना, क्षय होना, नष्ट होना; **Waste-basket** (a basket for waste paper.) रद्दी काग़ज़ रखने की टोकरी; **Waste-book** (a book for recording daily transactions.) रोजनामचा, बही; **Wasted** - (ऐंड्) - *adj.* weak, destroyed, ruined. क्षीण, नष्ट किया हुआ; **Wasteful** (- फ़ुल्) - *adj.* causing waste, destructive, prodigal, ruinous. अपव्ययी, हानिकारक, उड़ाऊ, नष्टकारी; **Wastefully** (- फ़ुलि) - *adv.* in a wasteful manner. बर्बाद या व्यर्थ खर्च करते हुए ढंग से; **Wastefulness** (- फ़ुल् - नेंस्) - *n.* lavishness. अपव्ययिता, उड़ाऊपन; **Waste-gate** (-गेंट्) - *n.* a gate for letting the extra water of a tank to run out टंकी (होज़) में का अधिक जल बहाने का फाटक; **Waste of time** (useless loss of time.) व्यर्थ समय की बर्बादी; **Waste-pipe** (- पाइप्) - *n.* a pipe for conveying waste water. मैला जल बहाने की नली; **Wasteness** (नेंस्) - *n.* desolate state. निर्जनता; **Waster** (अर्) - *n.* one who squanders property, one who lives in idleness & extravagance. सम्पत्ति नष्ट करनेवाला, सुस्ती या काहिली और फ़ज़ूलखर्ची का जीवन बितानेवाला; **Wasting** (इङ्ग्) - *adj.* diminishing, reducing. क्षयी, नष्ट करने या हीन करनेवाला।

Wastel - वॉस'- सल् - *n.* fine sort of bread. अच्छे प्रकार की रोटी।

Wastrel - वेंस्ट्'- रेंल् - *n.* state of waste, anything cast away as bad. नाश की अवस्था, फेका हुआ पदार्थ।

Watch - वॉच् - *v.i. & t.* to keep awake, to be attentive, to keep guard, to be vigilant, to guard, to tend. जागना, ध्यान देना, रक्षा करना, चौकसी करना, चराना, पालना; - *n.* the act of watching, guard, close observation, the place where a guard is kept, a small timepiece for the pocket. आवेक्षण, चौकसी, रक्षा, सावधानी से निरीक्षण, पहरेदार का स्थान, जेबी घड़ी; **To be on the watch** (to wait for.) राह देखना, **To keep watch** (to be on guard.) रखवाली करना; **To watch over** (to be cautious of.) सचेत होना; **Watchbox** (-बॉक्स्) - *n.* a sentry box. पहरेदार के खड़े रहने का स्थान; **Watchcase** (केंस्) - *n.* the outer case of a watch. जेबी घड़ी का ढकना, **Watchdog** (-डॉग्) - *n.* the dog kept to guard houses &c. रखवाली करनेवाला कुत्ता; **Watcher** (-अर्) - *n.* one who attends the sick at night. रात्रि में बीमार की परिचर्या करनेवाला; **Watchfire** (-फ़ायर्) - *n.* a fire lit at night for the use of the guard. पहरुवे के लिए रात में जलाई हुई आग; **Watchful** (-फ़ुल्) -*adj.* careful, cautious, vigilant. सावधान, चौकन्ना, जाग्रत; **Watchfully** (-फ़ुली) -*adv.* cautiously. सावधानी से; **Watchfulness** (- फ़ुल् - नेंस्) - *n.* the state of being watchful. जागरण; **Watchguard** (-गार्ड्) - *n.* the chain attached to a watch. जेबी घड़ी की चेन (जंजीर); **Watch-house** (- हाउस्) - *n.*a house in which a guard is placed. पहरुआ नियुक्त किया हुआ घर; **Watch-key** (- की) - *n.* the key for winding a watch. जेबी घड़ी कूकने की कुञ्जी; **Watchmaker** (- मेंक् - अर्) - *n.* one who repairs watches. घड़ीसाज़, घड़ियों की मरम्मत करनेवाला; **Watchman** (- मॅन्) - *n.* a guard, a sentinel. रक्षक, पहरेदार, रखवाला, प्रतिहारी; **Watch-tower** (- टावर्) - *n.* a tower to watch from. मीनार जिस पर से निरीक्षण किया जाता है; **Watchword** (- वर्ड्) - *n.* a password, the secret word used as a signal by which a friend is known from an enemy. गुज़रने देने का शब्द, पहरेवालों का सांकेतिक शब्द जिसके प्रयोग से वे मित्र या शत्रु को पहिचान लेते हैं।

Water - वॉ' - टर् - *n.* a transparent liquid, a lake, a river, urine, lustre of a precious stone. जल, पानी, झील, नदी, मूत्र, रत्नों की चमक (आब); - *v.t. & i.* to irrigate, to supply with water, to drink, to get or take in water. जल से सींचना, जल पीना या पिलाना, जल में डबडबाना; **Of the first water** (of the finest excellence.) बड़े आब का, अमूल्य; **To hold water** (to be correct.) शुद्ध होना; **Water-bath** (- बाथ्) - *n.* an arrangement for heating substances. पदार्थों को गरम करने का यन्त्र; **Water-bearer** (- बेंअर्' - अर्) - *n.* one who carries water for domestic use, the eleventh sign of Zodiac. घरेलू काम के लिये पानी ढोनेवाला आदमी, कुम्भ राशि; **Waterbird** (-बर्ड्) -*n.* an aquatic bird. जल का पक्षी। **Water-blob** (- ब्लॉब्) - *n.* a kind of marigold. एक प्रकार का गेंदे का फूल; **Waterbutt** (- बट्) - *n.* a cask for collecting rain water. वर्षा का जल इकट्ठा करने का पीपा; **Water-can** (- कॅन्) - *n.* a portable tin

vessel for holding water, the yellow waterlily. पानी ढोने का टिन का पात्र, पीली कमलिनी (कोईं) का फूल; **Water carrier** (- का - री - अर) one who carries water. जलवाहक; **Watercart** (- कार्ट्) - *n.* a cart for watering roads. सड़क पर पानी छिड़कने की गाड़ी; **Water channel** (-चॉन्-एल्) channel for letting out water. जल प्रवाहिका; **Water-clock** (- क्लॉक्) - *n.* an appliance to know time by the flow of water. जलघड़ी; **Water-closet** (- क्लॉ - ज़ेट्) -*n.* a closet used as a privy. परनाला, शौचकूप, नाबदान; **Water-colour** (- कलर्) - *n.* a colour mixed with gum water. पानी मिलाकर लगाने का रंग; **Water-course** (- कोर्स्) - *n.* a stream of water. जलमार्ग, प्रवाह; **Watercraft** (- क्रॉफ़्ट्) - *n.* vessels boats &c. जहाज़, नाव इत्यादि; **Water-crane** (-क्रेन्) - *n.* a contrivance for supplying water to locomotives. इंजन में पानी भरने का खड़ा बम्बा; **Water-cress** (-क्रेस्) - *n.* a kind of creeper. जलकुम्भी; **Water-cure** (- क्यूर्')- *n.*hydropathy. जलचिकित्सा; **Water-dog** (- डॉग्) - *n.* a dog trained to catch water-fowls, a good swimmer, a sailor, the otter, a floating rain-bearing cloud. जल-पक्षियों को पकड़ने के लिये सिखाया गया कुत्ता, अच्छा तैराक, मल्लाह, ऊदबिलाव, वर्षावाहक उड़नेवाला बादल; **Water-engine** (-ऍन् - जिन्) - *n.* an engine to raise water. जल उठाने का इंजन; **Waterer** (- अर्) - *n.* one who waters. पानी छिड़कनेवाला; **Water-fall** (- फ़ॉल्) - *n.* a cataract. जल-प्रपात, झरना; **Water-furrow** (- फ़र्'-रो) - *n.* an open drain. खुली नाली; **Water-gauge** (- गेज़्) - *n.* an instrument for ascertaining the depth of water in a boiler. इञ्जन में पानी की गहराई नापने का यन्त्र; **Wateriness** (- इ -नेंस्) - *n.* the state of being watery. जलपूर्ण होने की स्थिति; **Watering** (- इङ्ग्) - *n.* the act of supplying with water. पानी देने या पहुँचाने की क्रिया; **Watering-place** (a place where water is obtained.) जल प्राप्त करने का स्थान; **Waterish** (- इश्) - *adj.* thin as water, insipid. जल के समान तरल, स्वाद-रहित; **Water-ishness** (- इश् - नेंस्) - *n.* the state of being waterish. तरलता; **Water-jacket** (- जॉक् - ऍट्) - *n.* a water-tank for keeping machinery cool. यन्त्र को ठण्डा करने की पानी की टंकी; **Water-less** (- लेंस्) - *adj.* destitute of water. जलहीन; **Water-level** (-लेंब्ल्) - *n.* a levelling instrument. समतल जाँचने का पानी का बटाम; **Waterman** (- मॉन्) - *n.* a boatman. मल्लाह, माँझी; **Water-mark** (- मार्क्) - *n.* a mark to show the rise and fall of tide, a distinguishing mark in paper. बाढ़ का चिह्न, कागज में का (पानी का) विशिष्ट चिह्न; **Water-melon** (-मेंल्' - ऑन्) *n.* a kind of sweet fruit. तरबूज, कालिंग; **Water-meter** (- मि' - टर्) - *n.* an instrument for measuring the quantity of water passing through a pipe. नल से बहनेवाले जल का परिणाम नापने का यन्त्र; **Watermill** (-मिल्) - *n.* a mill worked by water. जलयन्त्र, पनचक्की; **Water-pitcher** (- पिच् - अर्) - *n.* a vessel for water. कलश, घड़ा; **Waterplane** (- प्लेन्) - *n.* an aeroplane fitted with floats. पानी पर उतरनेवाला हवाई जहाज़; **Waterpool** (- पूल) - *n.* a small pond. पोखरा, तालाब; **Water-pot** (- पॉट्) - *n.* a vessel for holding water. कलसा, घड़ा; **Water-power** (-पावर्) - *n.* the power of water in moving machinery. जल की शक्ति से यन्त्र का चलना, पनचक्की; **Waterpox** (- पॉक्स्) - *n.* a kind of chickenpox. एक प्रकार का चेचक का रोग; **Water-proof** (- प्रूफ़्) - *adj.* impervious to water. जल प्रवेश न होने योग्य; -*v.t.* to render waterproof. जल न घुसने योग्य बनाना; **Waterrot** (- रॉट्) - *v.t.* to rot in water जल में सड़ना; **Waterside** (- साइड्) - *n.* land by the edge of water. जल के समीप की भूमि; **Watersnake** (- स्नेक्) - *n.* a snake that lives in water. जलसर्प, डेंड़हा; **Waterspout** (- स्पाउट्) - *n.* a column of water reaching from a cloud to the sea. जलवज़, जलस्तम्भ; **Watertable** (- टे'-ब्ल्) - *n.* a projection in a wall to throw off water. छज्जा; **Watertight** (- टाइट्) - *adj.* so tight as not to admit water. जल को रोकनेवाला, जल का प्रवेश न होने देनेवाला; **Water-tower** (- टावर्) - *n.* a tower supporting a tank of water. जल की टङ्की की मीनार; **Water-way** (- वे) - *n.* a canal, a navigable river. नहर, नाव चलने योग्य नदी; **Water-wheel** (- व्हील्) - *n.* a wheel moved by a current of water. जल की धारा से चलनेवाला पहिया; **Water-wings** (- वि - ङ्ग्ज़्) - *n.* walls erected on the banks of a river to minimize the current. नदी की धारा का वेग कम करने के लिए बनी हुई दीवार; **Water-works** (-वर्क्स्) - *n.* the headquarters of water-supply. जल पहुँचाने का प्रधान कार्यालय, पानी-घर, पानी कल का कारखाना; **Water-worn** (- वोर्न्) - *adj.* worn by the action of water, जल के प्रभाव से घिसा हुआ; **Watery** (- इ) - *adj.* pertaining to water, transparent, consisting of water, insipid. जल-सम्बन्धी, पारदर्शक, जलमय, जलरूप, पतला, फीका।



Water-wheel.

Watt - वॉट् - *n.* the electrical unit of power. बिजली की शक्ति की नाप की इकाई; **Watt-meter** (- मि - टर्) - *n.* an electrical instrument. बिजली की शक्ति नापने का एक यन्त्र।

Wattle - वॉट्ल् - *n.* Australian acacia tree, a

twig or flexible rod, a rod to support thatch, a pant. ऑस्ट्रेलिया का बबूल का वृक्ष, टहनी, टट्टर सँभालने का डंडा (बँड़ेरी), पतली सरपत; - *v.t.* to bind with twigs. डालियों से बाँधना; **Wattled** (- ड्) - *adj.* interwoven with twigs. डालियों या टहनियों से गुँथा हुआ।

Waul, Wawl - वॉल् - *v.i.* to cry as a cat. बिल्ली की तरह म्याऊँ-म्याऊँ करना।

Wave - वेव् - *n.* the swelling on the surface of water, movement in ether, unevenness. तरंग, लहर, असमता; - *v.t. & i.* to move like a wave, to waft, to brandish, to beckon, to reject. लहराना, हिलना, फिराना, संकेत करना, त्यागना (छोड़ना); **Wave length** (-लेंङ्ग्थ्) - *n.* the distance between the crests of two successive waves of air. वायु की दो लहरों के शिखर पर का अन्तर; **Waveless** (- लेस्) - *adj.* undisturbed, free from waves. बिना लहर का, शान्त; **Wavelet** (-लेट्) - *n.* a small wave, a ripple. छोटी लहर, तरंगिणी; **Wavelike** (- लाइक्) - *adj.* like a wave. तरंग के समान; **Waveline** (- लाइन्) - *n.* the line made by waves on shore. किनारे के तरंगों का चिह्न; **Wave trap** (- ट्रॅप्) - *n.* an instrument in a wireless set for cutting out an undesired station. रेडियो के यन्त्र का वह भाग जो अनिच्छित स्थान से आनेवाले समाचार को पृथक् कर देता है।

Waver - वेव' - अर् - *v.i.* to move to and fro, to fluctuate, to totter, to hesitate. आगे-पीछे हिलना, लहराना, डगमगाना, संशयित होना; **Waverer** (- अर्) - *n.* one who has unsettled opinions. अनिश्चित विचारोंवाला; **Wavering** (- इङ्ग्) - *adj.* fluctuating. सन्दिग्ध, अनिश्चित; **Waveringly** (- लि) - *adv.* in a hesitating manner. अनिश्चित रूप से; **Waveringness** (- नेस्) - *n.* hesitation. सन्दिग्धता।

Waverson - वे' - वर् - सन् - *n.* articles floating on the sea after shipwreck. जहाज़ डूबने पर तैरनेवाला सामान।

Wave-worn - वेव' - वोर्न् - *adj.* worn by waves. लहरों से घिसा हुआ; **Waviness** (- इ - नेस्) - *n.* the state of being wavy. लहरदार; **Waving** (- इङ्ग्) - *adj.* rippling, moving like a wave. लहराता हुआ; **Wavy** (- इ) - *adj.* (*comp.* **Wavier,** *sup.* **Waviest.**) full of waves, arising the falling like waves. तरंगमय, लहराता हुआ।

Wawl - वॉल् - *v.i.* to howl or cry. चिल्लाना, शब्द करना।

Wax - वॉक्स् - *n.* a viscid substance excreted by bees, a tenacious substance excreted in the ear, a substance used in sealing letters. मोम, कान की मैल, खूँट, मुहर करने की लाह; -*v.t.& i.* to smear or join with wax, to stop a hole with wax, to grow, to increase in size, to become large. लाह लगाना, मोम लगाना या मोम से जोड़ना, मोम से छेद बन्द करना, बढ़ना या बढ़ाना, वृद्धि प्राप्त करना; **To wax hot** (to become angry.) क्रुद्ध होना; **Wax-candle** (candle made of wax.) मोमबत्ती; **Wax-cloth** (waxed floor-cloth.) मोमजामा; **Waxen** (- न्) - *adj.* made of wax, grown. मोम का बना हुआ, बढ़ा हुआ; **Waxy** (- इ) - *adj.* soft like wax, viscid. मोम के सदृश मुलायम, चिपचिपा।

Way - वे - *n.* passage, street, road, path, route, method, means of doing a thing, mode, plan, general scheme of action. मार्ग, गली, सड़क, पथ, पद्धति, विधि, रीति, उन्नति, (द्वार) योजना, कार्य-प्रणाली; **A good way** (good path). सुपथ; **A little way** (a short distance.) कुछ दूर; **A long way off** (at a great distance.) बहुत दूर; **By the way** (incidentally.) प्रसंगवश; **By way of** (through, by means of.) द्वारा, साधन से; **In another way** (in other respects, under other conditions, otherwise.) अन्यथा, दूसरी विधि से; **In every way** (by all means, in all ways.) सर्वथा; **In the way** (in the middle.) बीच ही में; **In two ways** (in both ways.) द्विधा भाव से, दो रूप से; **Milky way** (the galaxy.) आकाशगंगा; **This way** (on this side.) इस ओर; **To give way** (to recede.) पीछे को हटाना, स्थान देना; **To go one's way.** अपने रास्ते से जाना; **To make one's way** (to make efforts.) प्रयत्न करना; **Way-bill** (- बिल्) - *n.* a list of passengers of goods. यात्रियों की सामग्री, खत्रा बिल्टी; **Wayfarer** (- फ़ेअर् - अर्) - *n.* one who travels on foot. पथिक, बटोही, यात्री; **Wayfaring** (- फ़ेअर् - इङ्ग्) - *adj. & n.* travelling. यात्रा करनेवाला, यात्रा; **Waygone** (- गॉन्) - *adj.* tired by travelling. यात्रा करने से थका हुआ; **Waylay** (- ले) - *v.t.* (*p. t.* **Waylaid,** *p.p.* **Waylain.**) to watch with the aim of stealing, to lie in ambush. लूटने के लिये प्रतीक्षा करना, घात में रहना; **Waylayer** (- लेंअर्) - *n.* one who waits for another in ambush with hostile intentions. घात में रहनेवाला मनुष्य, लुटेरा; **Wayless** (-लेस्) - *adj.* pathless, trackless. बिना सड़क या गली का, मार्गहीन; **Waymaker** (- मेंकर्) - *n.* a precursor. मार्ग बनानेवाला; **Waymark** (- मार्क्) - *n.* a guide-post. मार्ग सूचित करने का चिह्न, **Wayside** (- साइड्) - *n.* the edge of a road. सड़क का किनारा; **Waystation** (- स्टें-शन्) - *n.* an intermediate station. बीच का स्टेशन; **Wayward** (- वर्ड्) - *adj.* perverse, wilful. स्वेच्छाचारी, हठधर्मी; **Waywardly** (- वर्ड् - लि) - *adj.* perversely. हठ से; **Waywardness** (- वर्ड् - नेस्) - *n.* the quality of being wayward. हठ; **Wayworn** (- वोर्न्) - *adj.* wearied by journey. यात्रा से थका हुआ।

We - वी - *pron.* first person plural of 'I', men in general. हम सब, हम लोग।

Weak - वीक् - *adj.* feeble, frail, not strong,

soft, unfortified, spiritless, slight, irresolute. अशक्त, दुर्बल, बलहीन, कोमल, अस्थिर, निस्तेज, धीमा, मन्द (मूर्ख)।

Weaken - वीक् - एन् - *v.t. & i.* to reduce in strength, to enfeeble, to grow weak. दुर्बल करना या होना, शक्तिहीन करना, कोमल करना; **Weakener** (- अर्) - *n.* one who or that which weakens. दुर्बल करनेवाला; **Weak-headed** (- हेंड् - ऍड्) - *adj.* of weak intellect. बुद्धिहीन, कम बुद्धिवाला; **Weak-hearted** (- हॉर्ट् - ऍड्) - *adj.* having little courage. असाहसी, भीरू; **Weakling** (-लिङ्ग्) - *n.* a feeble creature. दुर्बल प्राणी; **Weakly** (- लि) - *adj.* infirm, of weak constitution. दुर्बल, शक्तिहीन; **Weak-minded** (- माइन्ड् - ऍड्) - *adj.* irresolute. दुर्बल या अस्थिर चित्तवाला; **Weakness** (- नेंस्) - *n.* want of physical strength, defect, feebleness, शारीरिक बल की कमी, दोष, दुर्बलता; **Weak-sighted** (- साइटेंड्) - *adj.* having little strength of sight. मन्द दृष्टि का।

Weal - वील् - *n.* happiness, welfare, public interest. सुख, हित, कल्याण (भलाई, आनन्द), सर्वसामान्य का हित; **Weal and woe** (happiness and misery.) हिताहित।

Wealth - वेल्थ् - *n.* prosperity, riches, large possession of money. ऐश्वर्य, धन, अधिक धन-सम्पन्नता; **Wealthily** (- इ - लि) - *adv.* richly. वैभव से, ऐश्वर्य से, धन से; **Wealthiness** (- इ -नेंस्) - *n.* riches. धन, ऐश्वर्य; **Wealthy** (- इ) - *adj.* (*comp.* **Wealthier**, *sup.* **Wealthiest.**) opulent, rich धनी (धनाढ्य), धनवान्।

Wean - वीन् - *n.* an infant. बच्चा; - *v.t.* to deprive a child of the breast, to detach from object of desire. बच्चे का माँ का दूध छुड़ाना, विमुख (विरक्त) करना; **Weanling** (- लिङ्ग्) - *n.* a child newly weaned. जिस बालक का दूध थोड़े ही दिन हुए छुड़ाया गया हो।

Weapon - वेंप् - एन् - *n.* an instrument of offence or defence, (*pl.*) stings. शस्त्र, आयुध, हथियार, (ब0 व0) काँटा, डंक; **Weaponed** (- ड्) - *adj.* equipped with arms. शस्त्रयुक्त; **Weaponless** (- लेंस्) - *adj.* unarmed. शस्त्ररहित।

Wear - वें - अर् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Wore**, *p. p.* **Worn.**) to waste, to diminish, to carry on the body, to be wasted or consumed, to endure. नाश करना, क्षय करना, पहिनना, घिसना, थकना; - *n.* the act of wearing thing worn, diminution by friction. वस्त्र (कपड़ा), घिसाव (क्षय), **To wear away** (to diminish.) घिसकर कम होना; **To wear out** (to consume.) जर्जर होना, घिस जाना; **Wear and tear** (loss by wearing.) काम करने से (यन्त्र इत्यादि का) घिस जाना; **Wearable** (- ऍ - बल्) - *adj.* able to be worn. पहिनने योग्य; **Wearer** (- अर्) - *n.* one who wears. पहिननेवाला।

Wearied - वीअर' - इड् - *adj.* tired, fatigued. थका हुआ; **Weariful** (- फुल्) - *adj.* wearisome. थकानेवाला; **Weariless** (- लेंस्) - *adj.* continual, unweary. निरन्तर, थकानरहित, न थका हुआ; **Wearily** (- लि) - *adv.* in a tired manner. थकावट से; **Weariness** (- नेंस्) - *n.* the state of being wearied. थकावट; **Wearish** (-इश्) - *adj.* weak, somewhat weary. दुर्बल, कुछ-कुछ थका हुआ; **Wearisome** (- सम्) - *adj.* tiresome, redious. थकानेवाला; खेदजनक, कष्टकारक; **Weary** (- इ) - *adj.* tired, fatigued, causing, weariness. म्लान, परिश्रान्त, थका हुआ (घबड़ाया हुआ); - *v.t.* (*p.t.* **Wearied.**) to exhaust, to tire or fatigue, to harass. थकाना, कष्ट देना; **To weary out** (to exhaust.) थका देना।

Weasand - वीज़' - एन्ड् - *n.* the wind pipe, the tube through which air passes in the lungs. वायु-प्रणाली, नरेटी, गला।

Weasel - वीज़'- एल् - *n.* a small carnivorous animal. नकुल, नेवला।

Weather - वेंद' - अर् - *n.* the state of the atmosphere, change in the state of the wind, season. (समय, काल) वायु की अवस्था, दिन, ऋतु, मौसम; - *v.t.* to expose to the air, to bear up against, to sail to the windward. वायु के सम्मुख करना या रखना, सहन करना, वायु की ओर जहाज़ ले जाना; **Bad weather** (unpleasant weather, bad time.) अरुचिकर ऋतु, दुर्दिन; **Good Weather**- अच्छी ऋतु; **Stress of weather** (strong wind.) तीव्र वायु; **Weather-anchor** (- ऑङ्' - कॅर्) - *n.* an anchor lying to the windward. वायु की ओर पड़ा हुआ लंगर; **Weather-beaten** (- वीट्'- एन्) - *adj.* browned or tarnished by weather. जलवायु से नष्ट; **Weather-board** (- बोर्ड्) - *adj.* side of a ship towards the wind. हवा के रुख का जहाज़ का किनारा; **Weather-bound** (- वाउन्ड्) - *adj.* delayed by rough weather. दुर्दिन या प्रतिकूल मौसम के कारण रुका हुआ; **Weather-cock** (- कॉक्) - *n.* a vane for showing the direction of the wind, a fickle person. वायु की दिशा बतलाने की पंखी, अस्थिर मनुष्य; **Weather-driven** (- ड्रिव् - न्) - *adj.* driven away by storm. प्रचण्ड वायु से हटाया हुआ; **Weather-glass** (- ग्लास्) - *n.* a barometer. वायु की स्थिति जानने का यन्त्र; **Weather-proof** (- प्रूफ़्) - *adj.* strong against rough weather. बुरे ऋतु के लिए पुष्ट; **Weather-prophet** (- प्रॉफ़् - ऍट्) - *n.* one who foretells about weather. ऋतु के विषय में भविष्य बतानेवाला; **Weatherwise** (- वाइज़्) - *n.* one who is proficient in fore-telling the changes of weather. ऋतु के परिवर्तन की पहिले से सूचना देनेवाला।

Weave - (- व़ीव्) - *v.t. & i.* (*p. t.* **Wove**, *p. p.* **Woven.**) to interlace threads in a loom, to

unite by intermixing, to insert, to practise weaving. कपड़ा बुनना, जाली बनाना, मिश्रित करना, मिलाना, बैठाना; **Weaver** (- अर्) - *n.* one who weaves. कपड़ा बुननेवाला, जुलाहा; **Weaver-bird** (- वर्ड्) - *n.* a bird that weaves its nest. बया पक्षी; **Weaving** (- इङ्ग्) - *n.* the act of preparing cloth in a loom. करघे में कपड़ा बुनने का काम।

Weazen - वीं' - ज़न् -*adj.* thin, sharp. दुबला-पतला, सूखा हुआ।

Web - वेॅब् -*n.* a texture of threads, the plexus of spider, blade of a sword, the membrane which unites the toes of aquatic bird, dusky film formed over the eye. जाल, मकड़े का जाला, तलवार का फलक, जलपक्षियों के पंजे की झिल्ली, आँखों का माड़ा; **Webbed** (-ड्) - *adj.* having toes united. झिल्लीदार पंजेवाला; **Webbing** (- बिङ्ग्) - *n.* fabric of hemp for stuffing. सन का जाला; **Web-footed** (-फु-ट्-ऍड्) - *adj.* having webbed feet. झिल्लीदार पंजेवाला; **Webby** (- बि) - *adj.* like a web. झिल्लीवाला, झिल्ली के समान।

Webster - वेब्' - स्टर - *n.* a weaver. कपड़े बुननेवाला, जुलाहा।

Wed - वेॅड् -*v. i. & t.* (*p. t.* **Wedded.**) to marry, to take for husband or wife, to espouse. विवाह करना, व्याहना, मिलना; **Wedded** (- डेॅड्) - *adj.* married. परिणीत, विवाहित; **Wedding** (- डिङ्ग्) - *n. & adj.* marriage ceremony, pertaining to marriage. विवाह-संस्कार या विवाह का उत्सव, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी; **Wedding-card** (a card announcing an approaching marriage.) विवाह का निमन्त्रण-पत्र; **Wedding-favour** (a white rosette worn by the bridegroom.) विवाह के समय वर के पहिनने की माला; **Wedding-feast** (a feast in honour of marriage.) विवाह-सम्बन्धी भोज; **Wedding-ring** (a ring given at marriage by the bridegroom to the bride.) विवाह के समय वर द्वारा कन्या को दी हुई अंगूठी; **Wedlock** (- लॉक्) - *n.* marriage, matrimony. विवाह।

Wedge - वेॅज् - *n.* a piece of metal or wood thick at one end and sloping at the other, a solid of five sides. पच्चड़, फन्नी, खूँटा, पाँच भुज की ठोस आकृति; - *v.t.* to fasten with a wedge, to cleave with a wedge. पच्चड़ ठोंकना, पच्चड़ से कसना या फाड़ना।

Wednesday - वेॅन्ज़्' -डे - *n.* the fourth day of the week. बुधवार।

Wee - वी - *adj.* small, छोटा, नन्हा।

Weed - वीड् - *n.* a plant growing wild, anything useless, tobacco, a cigar. घास, मोथा, कूड़ा-करकट, तमाखू, सिगार; - *v.t.* to free from weeds. मोथा या घास-पात हटाना। **Weeder** (-अर्) - *n.* one who weeds. घास-पात हटानेवाला; **Weed-hook** (- हुक्) - *n.* a hook for cutting weeds. मोथा काटने का हँसुआ; **Weeding** (- इङ्ग्) - *n.* the operation of removing weeds. घास-पात हटाने की क्रिया; **Weedless** (- लेस्) - *adj.* free from weeds. बिना घास-पात का; **Weedy** (- इ) - *adj.* abounding in weeds. घास-पात से भरा हुआ।

Weeds - वीड्स् - *n. pl.* a widow's mourning dress. (ब० व०) विधवा का शोक-वस्त्र।

Week - वीक् - *n.* the space of seven days. सप्ताह, हफ़्ता, सात दिन; **Weekday** (-डे) - *n.* any day of the week except Sunday. रविवार के अतिरिक्त सप्ताह का कोई दिन; **Weekend** (-ऍन्ड्) - *n.* from Friday night to Monday morning. शुक्रवार की रात्रि से सोमवार के प्रातःकाल तक का समय; **Weekly** (- लि) - *adj. & adv.* happening once a week. साप्ताहिक, प्रति सप्ताह।

Weel - वील् - *n.* a snare for fish. मछली पकड़ने का जाल या टोकरी।

Weem - वीम् - *n.* an underground dwelling. कंदरा, खोह।

Ween - वीन् - *v.t.* to think, to imagine. विचारना, अनुमान करना।

Weep - वीप् - *v. i.* (*p. t. & p. p.* **Wept.**) to express sorrow, to shed tears, to lament, to complain. रोना, विलाप करना, आँसू बहाना; **Weeper** (- अर्) - *n.* one who sheds tears. विलाप करनेवाला, रोनेवाला; **Weeping** (- इङ्ग्) - *n.* lamentation. विलाप, रुलाई, अश्रुपात; **Weepingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* in tears. रोते हुए; **Weeping-rock** (a rock from which water oozes.) रसकर पानी बहनेवाली चट्टान; **Weeping-spring** (a spring from which water flows slowly.) धीरे-धीरे बहनेवाली जल की धारा; **Weeping-willow** (a kind of plant.) एक प्रकार का वृक्ष जिसकी डालियाँ ऊपर से नीचे को झूलती रहती है।

Weetless - वीट्' - लेंस् - *adj.* not knowing. न जाननेवाला।

Weevil - वीव' - इल् - *n.* a plant-eating beetle. पौधा खानेवाला झींगुर।

Weft - वेॅफ़्ट् - *n.* the threads that cross the warp. (कपड़े का) बाना; **Weftage** (- ऍज़्) - *n.* texture. कपड़े का पोत।

Weigh - वें - *v.t.* to ascertain the weight of, to raise or lift, to ponder in mind, to consider, to regard. तौलना, उठाना, विचार करना, मनन करना, समझना; **To weigh anchor** (to raise anchor & to sail out of a port.) लंगर उठाकर बन्दरगाह से यात्रा करना; **To weigh down** (to depress.) दबाना; **To weigh upon** (to harass.) पीड़ा देना; **Weighable** (- ऍब्ल्) - *adj.* that may be weighed. तौलने योग्य; **Weigh-bridge** (ब्रिज्) - *n.* a machine for weighing laden carts &c. लदी हुई गाड़ी तौलने का यन्त्र; **Weigher** (- अर्) - *n.* one who weighs. तौलनेवाला; **Weighing** (- इङ्ग्)

- *n.* the act of ascertaining weight. तौलने की क्रिया; **Weighing-machine** (an appliance for weighing heavy articles.) भारी पदार्थों को तौलने का यन्त्र।

Weight - वेट् - *n.* heaviness of a body ascertained in a balance, mass of metal &c. used in ascertaining weight of other bodies, pressure, burden, power, influence. भार, तौल (परिमाण), बोझ, दबाव, शक्ति, प्रभाव; **Weightily** (- इ - लि) - *adv.* heavily. भारीपन से; **Weightiness** (- इ - नेंस्) - *n.* force, heaviness. भार, बोझ; **Weightless** (- लेंस्) - *adj.* having little or no weight. कम भार का, हलका; **Weighty** (- इ) - *adj.* having great weight, ponderous, important, अधिक भार का, भारी, विचार पूर्ण, प्रभावशाली, आवश्यक।

Weir - वी - अर् - *n.* a dam in a river. नदी का बाँध।

Weird - वी - अर्ड् - *n.* fate, destiny, spell. प्रारब्ध, जादू; *-adj.* acquainted with fate, queer. भाग्य से परिचित या अवगत, विलक्षय; **Weirdness** (-नेंस्) - *n.* the state of being weird. जादूपन, विलक्षणता।

Welcome - वेंल्' - कम् - *adj.* received with gladness, agreeable, causing gladness, admitted willingly, free to enjoy. स्वागत, मनोरंजक (रमणीय), आनन्ददायक, इच्छापूर्वक भरती किया गया, सुख भोगने के लिये स्वतन्त्र; - *n.* the reception of a guest. स्वागत, अभिनन्दन; - *v.t.* to receive and entertain hospitably. स्वागत करना, अभिनन्दन करना, शिष्टाचार करना; **To bid welcome** (to receive cordially.) स्वागत करना; **Welcomeness** (- नेंस्) *-n.* welcome state. स्वागत की गई व्यवस्था; **Welcomer** - (अर्) - *n.* one who receives hospitably. स्वागत करनेवाला।

Weld - वेंल्ड् - *v.t.* to join metal by hammering or pressure after heating to redness. लाल गरम करके पीटकर या दबाव से धातु को जोड़ना या टाँका लगाना; - *n.* a kind of plant from which yellow dye is made. एक प्रकार का टेसू का वृक्ष; **Weldable** (- ऍ - बल्) - *adj.* that may be welded. उक्त ढंग से जोड़ने या टाँका लगाने योग्य; **Welder** (- अर्) - *n.* one who welds. उक्त ढंग से जोड़ने या टाँका लगानेवाला।

Welfare - वेंल्' - फ़ेंअर् - *n.* exemption from calamity, enjoyment of health, prosperity, enjoyment, happiness. दुःख से छुटकारा, स्वास्थ्य का आनन्द या सुख, उन्नति, ऐश्वर्य, कुशलता, सुख, क्षेम, आनन्द।

Welkin - वेल्'- किन् - *n.* the sky. नभ, आकाश।

Well - वेंल् - *adj.* (*comp.* **Better,** *rup.* **Best.**) haveing a sound body, happy, fortunate, advantageous. स्वस्थ (नीरोग), सुखी, भाग्यवान्, हितकर; - *n.* a fountain, a spring of water, a pit in the earth for water supply. स्रोत, झरना, कुआँ; *interj.* good ! बहुत ठीक ! अच्छा ! - *adv.* properly rightly, abundantly, suitably. अच्छी तरह से, भले प्रकार से, अधिकता से, योग्यता से; **As well as** (together with.) साथ-साथ; **Very well** (all right.) बहुत ठीक; **Well enough** (in a moderate degree.) पर्याप्त मात्रा में; **Well of** (rich.) धनवान्; **Well said** (nicely said.) खूब कहा; **Well then.** तब तो; **Welladay** (- अ - डे्') - *interj.* alas ! अफसोस; **Well-appointed** (- ए - पाइन्ट् - एड्) - *adj.* well equipped. सुसज्जित, भली-भाँति नियुक्त; **Well-authenticated** (- ऑ - थेंन्' - इक् - एट् - ऍड्) - *adj.* supported by good authority. प्रमाणयुक्त; **Well-behaved** (- बि - हेंव्ड्) - *adj.* of good character, prolite. विनीत, शिष्ट (सुचरित्र); **Wellbeing** (- बी - इङ्ग्) - *n.* welfare, prosperity. हित, कुशलता; **Well-boring** (- वोर् - इङ्ग्) *-n.* sinking wells by drills. बरमे से छेदकर कूप बनाने का काम; **Well-born** (-बॉर्न्) - *adj.* of good birth. कुलीन, सत्कुल में उत्पन्न, अच्छे कुल का; **Well-bred** (-ब्रेड्) - *adj.* of a good birth, elegant in manners. शिष्ट, कुलीन, सुशील; **Wellcurb** (- कर्ब्) - *n.* a brick work round the mouth of a well. कुएँ का ईंट का पक्का मुँहड़ा; **Well-doing** (- डू - इङ्ग्) *-n.* honest conduct. सुचरित्र, ईमानदारी का व्यवहार; **Well-favoured** (- फ़े - व़र्ड्) - *adj.* pleasing to the eye, beautiful. सुन्दर, सुहावना; **Well-founded** (- फ़ाउन्ड्' - ऍड्) - *adj.* built on sound foundation, founded on good reasons. मजबूत बुनियाद पर बना हुआ, अच्छे प्रमाणों से स्थापित; **Well-head** (- हेंड्) - *n.* the source of a spring, the top of a draw-well. झरने का उद्गम, पानी के कुएँ का सिरा या मथेला; **Well-knit** (- निट्) - *adj.* compactly built. गठीला, ठस बना हुआ; **Well-meaning** (- मीन' - इङ्ग्) - *adj.* of good intentions. अच्छे (भले) अभिप्राय का; **Well-meant** (- मेंन्ट्) - *adj.* kindly. कृपालु; **Well-nigh** (- नाइ) - *adv.* almost, nearly. प्रायः, लगभग; **Well-read** (- रेंड्) - *adj.* having studied a lot of books. सर्वशास्त्र-पारंगत, बहुत पढ़ा हुआ; **Well-set** (सेंट्) - *adj.* firmly set, handsome. गठीला, सुन्दर; **Well-spoken** (- स्पोक्' - एन्) - *adj.* spoken properly. उचित रीति से कहा हुआ; **Well-spring** (- स्प्रिङ्ग्) *-n.* source of water supply. जल का स्रोत (सोता); **Well-timed** (- टाइम्ड्) - *adj.* opportune, keeping accurate time. उपयुक्त, उचित समय का; **Well-to- do** (- टु - डू) - *adj.* in good circumstances, well off, prosperous. धनी, अमीर, सौभाग्यवान्; **Wellwisher** (- विश् - अर्) - *n.* one who wishes good of another. हितैषी, दूसरे का कल्याण चाहनेवाला व्यक्ति; **Well-worn** (- वोर्न्) - *adj.* threadbare. तागे-तागे हो गया हुआ।

Wellington - वेंल्' - इङ्ग् - टन् *-n.* a knee high military boot. घुटने तक का फौजी बूट, जूता।

Welsh - वेंल्श् - *adj.* pertaining to the inhabitant or language of Wales. वेल्स देशवासी, इनकी भाषा।

Welsh - वेंल्श् - *v.i.* to decamp without paying bet for horserace. घुड़दौड़ के दाँव का रुपया बिना दिये भाग जाना।

Welt - वेंल्ट् - *n.* a border, a kind of hem or edging. किनारा, गोंट, मगज़ी (डोरी); - *v.t.* to furnish with a border. मगज़ी या गोंट लगाना; **Welted** (- एँड्) - *adj.* furnished with border. गोंट लगा हुआ; **Welter** (- अर्) - *v. t.* to roll, to wallow in some foul matter. लुढ़कना, लोटना, कीच में मेल्हना।

Wen - वेंन् - *n.* a movable fleshy tumour. गतिशील या चलनेवाली गिल्टी, मांस का गाँठ; **Wenny** (- नि) - *adj.* tumourous. गँठीली।

Wench - वेन्श् - *n.* a young woman, a maid-servant, a woman of bad character. युवा स्त्री, दाई, दुष्टा स्त्री, बदचलन औरत; **Wencher** (- अर्) - *n.* a lewd man. व्यसनी, लम्पट पुरुष।

Wend - वेंन्ड् - *v.t.* to go, to wander. घूमना, चलना, जाना।

Went - वेंन्ट् - *p.t.* of **Go.** गया।

Wept - वेंप्ट् -*p.t. & p. p.* of **Weep.** रोया।

Were - वर् - *1st, 2nd & 3rd person pl.* of the verb **'Be'**. (वे, तुम, हम) थे।

Wernerite - वर्न' - अर - इट् - *n.* a kind of mineral containing aluminium, calcium silicate. अल्युमिनियम-केल्सिअम सिलिकेट युक्त एक प्रकार का खनिज।

Wert - वर्ट् - *2nd. pers. sing.* of the verb **'Be'**. (तू) था।

West - वेंस्ट् - *n.* the direction in which the sun sets. पश्चिम दिशा, पश्चिम; - *adj.* pertaining to the west. पश्चिमी; **West end** (the fashionable quarter in London.) लंदन नगर में अमीरों का मुहल्ला; **Westering** (- अर् - इङ्ग्) - *adj.* passing to the west. पश्चिम को जानेवाला; **Westerly** (- अर् - लि) - *adj. & adv.* situated on west, tending towards the west. पश्चिमी, पश्चिम की ओर; **Western** (- अर्न) - *adj.* the direction of the west. पाश्चात्य, पश्चिमाभिमुख, पश्चिमी; **Westerner** (- टर्न् - अर्) - *n.* a native of the west. पश्चिम प्रदेश का निवासी; **Westernmost** (- अर्न् - मोस्ट्) - *adj.* (*sup. degree.*) of the extreme west. सबसे पश्चिम प्रदेश का; **Westward** (- वर्ड्) - *adv.* towards the west. पश्चिम की ओर; **Westwardly** (- वर्ड् - लि) - *adv.* towards the west. पश्चिमोत्तर तथा दक्षिणोत्तर प्रदेश का।

Wet - वेंट् - *adj.* (*comp.* **Wetter** *sup.* **Wettest.**) containing water, rainy, damp. आर्द्र (ओदा, भींगा), गीला, बरसाती, तर; - *n.* moiststate, moisture, standing water, storm, downpour of rain, liquor, drink. ओदापन, गीलापन, रुका हुआ पानी, आँधी, तीव्र वर्षा, मदिरा, शराब, पेय, पीने की वस्तु; - *v. t.* to moisten with water. जल से भिगोना, पानी छिड़कना; **Wet-dock** (- डॉक्) -*n.* a dock in which vessels are always kept afloat. जहाज़ मरम्मत करने का स्थान जिसमें जहाज़ सर्वदा पानी पर रहते हैं।

Wether - वेंद्' - र् -*n.* castrated ram. बधिया किया हुआ भेड़ा।

Wetness - वेंट्' - नेंस् -*n.* the state of being wet. गीलापन।

Wet-nurse - वेंट्' - नर्स् - *n.* a nurse who suckles a baby. दूध पिलानेवाली धाय; **Wet-shod** (- शॉड्) - *adj.* having wet shoes of feet. भींगे हुए जूतों का पैरोंवाला; **Wettish** (- टिश्) - *adj.* somewhat wet. कुछ भींगा हुआ।

Whack - ह्वॉक् - *n.* a resounding hard blow. धमाका, जोर की चोट - *v.t.* to thwack, to give a smart blow. जोर से चोट देना, पीटना।

Whale - ह्वेंल् - *n.* the largest of marine animals. तिमिंगिल, सबसे बड़ी (दूध पिलानेवाली) मछली, ह्वेल मछली; **Whaleman** (- मॉन्) - *n.* a man employed in whale fishery. ह्वेल मछली पकड़नेवाला मनुष्य; **Whaler** (- अर्) - *n.* a ship employed in catching whales. a whale-catcher. ह्वेल मछली पकड़ने का जहाज, ह्वेल मछली पकड़नेवाला आदमी।

Whall - ह्वॉल् - *n.* a disease of the eyes. आँखों का एक रोग।

